DOWN THE MEMORY LANE

स्मृति वीथी











SHANTIPEETH
INDIA



Reverence to

प.पू. राजाधिराज श्री योगीराज सद्गुरू वामनदत्त गुळवणीजी माहाराज



प.पू. परमहंस राजयोगी स्वामी सुगंधेश्वरानंद 'प्रभु बा'



ॐ द्यौः शान्तिरन्तरिक्ष ँ शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः
शान्तिरोषधयः शान्तिः । वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः ।
शान्तिर्ब्रह्मशान्तिः सर्व ँ
शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सामा शान्तिरेधि ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

If the mad race for armament continues, it is bound to result in the slaughter such as has never occurred in history.If there is a victor left the very victory will be a living death for the nation that emerges victorius.There is no escape from the impending doom save through a bold and unconditional acceptance of the non- violent method with all its glorious implications.

MAHATMA GANDHI





Padma Vibhushan
Dr.Karan Singh
Chief Patron
Shantipeeth-India



Padma Vibhushan
Late Prof.D.S. Kothari
Guardian Angel & Inspiration
Shantipeeth-India



Shri Anant Ganesh Trivedi
Founder-Secy.General
Shantipeeth-India



Dr. Karan Singh
MEMBER OF PARLIAMENT
(RAJYA SABHA)

सत्यमेव जयते

3, NYAYA MARG
CHANAKYAPURI
NEW DELHI - 110 021

Preface

Shantipeeth, a Rajasthan based NGO headed by Anant Ganesh Trivedi, has for a quarter of a century been working in the field of environmental conservation, peace and disarmament studies and the interaction between science and culture. The organisation has mounted several civil society initiatives to serve and improve the environment in and around the historic city of Udaipur. Such social activism is indeed welcome as an adjunct and balance to governmental activities.

In this compilation ***Down the Memory Lane***, Trivedi has brought together an interesting collection of letters, press clippings and other documents pertaining to the activities of Shantipeeth over 25 years. This represents an interesting and valuable collection which, on the one hand, documents their work and, on the other, clearly delineates the tasks and challenges that lie ahead. I would like to commend Anant Ganesh Trivedi and his colleagues for the significant work that they are doing in Udaipur and to wish them well for the future.

Karan Singh

Deepavali
17 Oct 2009

स्मृति वीथी DOWN THE MEMORY LANE

Index

	Page No.
A few important letters	05 to 45
Promoting and stimulating interaction and complementarity between science and Ahimsa	46 to 145
Education for Peace and International understanding	146 to 396
Interfaith Dialogue and Communal Harmony	397 to 481
Conservation of the Udaipur Lake System	482 to 521
Protection and conservation of the Udaipur Valleys	522 to 566
Conservation of Environment as a Divine Heritage	567 to 616





DOWN THE MEMORY LANE

स्मृति वीथी

SHANTIPEETH INDIA

स्मृति वीथी DOWN THE MEMORY LANE

Shantipeeth is a voluntary organization dedicated to the cause of Environment and Heritage Conservation, Promotion of Human Values and Education for Peace and International understanding. The organization has been striving for Peace and Nuclear Disarmament and educating youth specially the school children since its inception in 1984. The institution has been engaged in promoting and stimulating interaction and complementarity between Science and Ahimsa. The enclosed press coverage is self explanatory.



SHANTIPEETH
INDIA

Enlightened citizenship can assure Environmental Conservation and Nuclear Disarmament

If the mad race for armaments continues, it is bound to result in the slaughter such as has never occurred in history. If there is a victor left the very victory will be a living death for the nation that emerges victorious. There is no escape from the impending doom save through a bold and unconditional acceptance of the non-violent method with all its glorious implications.

MAHATMA GANDHI

Most of the grave and vital challenges and problems we face today-individually, collectively and globally on a scale, and of intensity never known before, have their roots in the imbalance, increasing at a frightening pace, between advancement of Science & Technology on the one hand and the dismal lack of concern generally for the true welfare of human kind on the other hand. Think of rapidly mounting arsenals of nuclear weapons and the armament race, of the vital environmental hazards (global warming & climate change), of the population explosion, unemployment, inflation, ill health & under nutrition and so on. All these arise from the frightening gap between too much pre-occupation with development of science & technology and too little concern generally speaking, about its application to problems mentioned above.

Human kind today is at crossroads. One path leads to despair and annihilation, the other to possibilities of boundless advancement and enrichment - material, cultural and moral-spiritual. The latter path is of "Science and Ahimsa (non-violence)". In this situation of extreme concern for humankind's future every single step in the direction of strengthening the interaction and complementarity of Science and Ahimsa counts.

The advancement of science and technology and its use for human welfare - economic, science and cultural - will be in jeopardy unless there is a moral advancement of man - a strengthening of the human spirit. Science and technology without self-control and Ahimsa can only result in widening the frightening gap still further widening beyond repair the gap between the poor and the rich countries, and the gap between the poor and the rich within a country. It would only multiply tensions, mistrust and fear, and lead rapidly to disaster and

doom. That way lies utter ruination. The survival of man depends on science and self-control, on 'Atom' and 'Gandhi'. That can be a road to a glorious future. It is worth quoting Gandhi "we have to make truth and non-violence not matters for mere individual practice but for practice by groups and communities and nations.

That at any rate is my dream. I shall live and die in trying to realize it. My truth helps me to discover new truths every day. Ahimsa is the attribute of the soul and therefore to be practised by everybody in all affairs of life."

What is required at the present juncture is to link non-violence with education. It is worth noting and encouraging that in India and abroad there is now a growing concern and awareness in educational institutions to take effective steps to enable them to contribute towards promotion of moral values and building of character in students and teachers. In Einstein's deeply inspiring words: " The most important human endeavor is the striving for morality in our actions. Our inner balance and even our very existence depend on it. Only morality in our actions can give beauty and dignity to life. To make this a living force and bring it to clear consciousness is perhaps the foremost task of education."

It is all the more required to enlighten an individual to a person. As an individual one is genetically limited entity, confined to his or her own likes or dislikes, his own desires, his own ambitions. But as soon as one becomes a person, he expands; he is able to enter into the life of other people and also gets response from the other people. There is a beautiful scientific definition of 'person' and 'personality' given by the late British biologist and humanist Sir Julian Huxley: "Persons are individuals who transcend their organic individuality in conscious social participation." Individuality represents the ego as genetically limited, and personality represents the ego as expanding beyond that genetic limitation.

Enlightenment is a great word; it connotes seeing things and oneself in a new light. We speak of Buddha attaining enlightenment, that light that was lit by one man in him self in the sixth century B.C. eventually lit up the whole of Asia; and the heart of that enlightenment was compassion. Enlightenment with respect to political citizenship is of the same category, but only comparatively limited in range and power. All enlightenment is an awakening to man's larger self, behind his genetically conditioned smaller self. 'Uttisthat', 'Jagrat,'- Arise, Awake! is, therefore, the clarion call of the Upnishads and Buddha to all humanity!

The very concept of citizenship presupposes that we are aware of the fact that we live in a society. In this society others also live, besides oneself. And everyone is intrinsically important. There are the basic facts. Remember, man, by and large, has not yet proved by his conduct that he considers everyone as intrinsically important as himself. In India at least we have not proved it. It is in this context that some Vedic concepts would appear to be simply amazing. Take, for example, the Vedic idea of 'parasparambhav' mutuality of concern. This idea has its root in a highly developed social consciousness,

which is not so much in evidence in our times, as it should have been good for us to have. Enlightened citizenship is an emerging social philosophy getting shaped for training us to usher in a new world order, for making it possible for every human being to live a meaningful life.

Here, it is worth quoting Swami Vivekanand: "You are part of the infinite. This is your nature. Hence you are your brother's keeper. Not one can be happy until all are happy. When you hurt anyone, you hurt yourself, for you and your brother are one. One atom of this universe cannot move without dragging the whole world along with it. There can not be any progress without the whole world following in the wake, and it is becoming every day clearer that the solution of any problem can never be attained on racial or national or narrow grounds. Each is responsible for the evil anywhere in the world. He is indeed a yogi who sees himself in the whole universe and the universe within himself.

Such are bold thoughts about the individual's responsibility uttered by Swami Vivekanand. Enlightened citizenship is very much a homegrown affair, in the sense that your home can become a lighthouse. The light that is within you, when that shines without also, that is enlightened citizenship.

Enlightened citizenship can lead us to Harmony, Integrity and Peace and make us conscious of immediate dangers of our global society. Perhaps, the gravest and most immediate of all is the danger of global warming and nuclear armaments. The stockpile of nuclear weapons is equivalent to more than a million Hiroshima bombs with a total explosive power of about 20,000 megatons of TNT- more than enough to annihilate human civilization many times over. The stockpile is still increasing in quantity and quality.

The doyen of historians, Arnold Toynbee writes: "At this supremely dangerous moment in human history, the only way of salvation for mankind is an Indian way. The emperor Ashoka's and Mahatma Gandhi's principle of non-violence and Shri RamKrishna's testimony to the harmony of religions; here we have the attitude and the spirit that can make it possible for the human race, to grow together in to a single family and, in the atomic age, this is the only alternative to destroying ourselves.



Anant Ganesh Trivedi
Secy. General
Shantipeeth India
Udaipur



Mother Teresa

+

MISSIONARIES OF CHARITY
54A A.J.C. BOSE ROAD
CALCUTTA — 700016
March 20, '90

Mr Anant Trivedi
Shantipeeth
Udaipur

Dear Mr Trivedi,

I am sending for your publication a copy of St Francis of Assisi's PRAYER FOR PEACE which we have made our own:

"
LORD MAKE ME A CHANNEL OF YOUR PEACE THAT:

where there is hatred, I may bring love;
where there is wrong, I may bring the spirit of forgiveness;
where there is discord, I may bring harmony;
where there is error, I may bring truth;
where there is doubt, I may bring faith;
where there is despair, I may bring hope;
where there are shadows, I may bring light;
where there is sadness, I may bring joy;

Lord, grant that I may seek rather:
to comfort than to be comforted;
to understand than to be understood;
to love than to be loved;
for it is by forgetting self, that one finds;
It is by forgivig that one is forgiven; "
it is by dying that one awakens to eternal life.

Praying that God's blessing may abide with you in your work for peace.

God bless you
Mc Teresa MC



Prof. D.S. Kothari

[A-3 Chhatra Marg
Delhi].

I offer my felicitations and best wishes to the Shantipeeth, Udaipur, and to Shri Ananta Ganesh Trivedi, for their devoted work in the cause of education, peace and Ahimsa.

Nothing in the world today is more important than to strive for linking education with Ahimsa, and in this every step however modest counts.

With all good wishes

D. S. Kothari
28/7/1989



Prof. D.S. Kothari

A-3 Chhatra Marg
Delhi 110 007
June 27/1988

My dear Trivedi ji,

I have your letter of the 23rd June. It is always a pleasure and so nice to hear from you. If I remember right I replied to your earlier letters, and I am surprised that you have not received them. Please drop me a line when you receive this letter — is the address correct?

I wish you all the best in your dedicated work inspired by faith and courage.

I expect to be in Udaipur at an early date.

Please convey my warm regards to all the friends — Col Bakhtawar Singh Saab, Master Saab, Bhatnagar Saab, K.S. Mehta Saab, Sharma Saab, etc. with all good wishes and affection.

Yours sincerely
D. S. Kothari



Prof. D.S. Kothari

A-3 छात्र मार्ग
दिल्ली 110-007
16-11-1986

प्रिय त्रिवेदीजी

पत्र दि. 10/11 का प्राप्त हुआ - आपके निष्ठामय कार्य और सेवा में आपकी सफलता के लिए मेरी हार्दिक शुभकामना है - और बधाई। अगले महिने उदयपुर आने का है - पक्का तो अभी नहीं कह सकता। आप से तब विस्तार से बात करूंगा। काम में "छोटा बड़ा" का महत्व नहीं - महत्व तो इसमें है की उसमें श्रद्धा और सात्विकता कितनी है - मैंने लिख दीया पर आप तो यह सब अच्छी तरह जानते हैं - और करने का पूरा प्रयत्न करते हैं।

आप कुशल मंगल होंगे।
डा. शर्मा साहब को सस्नेह याद करावें।

सस्नेह -
दौलतसिंह कोठारी।

Quotations from A Thought for the Day by M.K. Gandhi (collected by A.T. Hingorani) Publications Div., Govt. of India 1982

महात्मा गांधी :

"बगैर सत्संग के (स्व:) आत्मा सूख जाती है" 31/5/1946

"चित्त की अशान्ति में जो रामनाम का आश्रय लेता है वह जीत जाता है"

"जो मेरे छिपे कर्तव्य में है, सो दूसरे में नहीं है।

"रामनाम रूपी अमृत आत्मा को आनन्द देता है, शरीर की व्याधी दूर करता है" 9/7/1946



Shri. Ashok Gahlot

मुख्य मंत्री
राजस्थान

अ.शा. पत्र क्रमांक प्रनिस/मु.मं./2000/9237
जयपुर, दिनांक 31 जुलाई, 2000

प्रिय श्री त्रिवेदी जी,

आपका पत्र दिनांक 20–7–2000 मिला। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि शान्तिपीठ, उदयपुर द्वारा दिनांक 5–6 अगस्त, 2000 को हिरोशिमा स्मृति दिवस पर शान्ति मार्ग एवं शान्ति सभा का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में आमंत्रण के लिए मैं आपका आभारी हूँ। किन्तु पूर्व निर्धारित आवश्यक कार्यक्रमों में व्यस्तता के कारण मेरा उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होना संभव नहीं हो पाएँगा। मैं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मेरी हार्दिक शुभ कामनाएँ ज्ञापित करता हूँ।

सद्भावी,

(अशोक गहलोत)

श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी,
महासचिव,
शान्तिपीठ, पोस्ट बॉक्स नं0 40,
गुमानीवेला, सरदारपुरा,
उदयपुर– 313001 (राज0)



Shri G. Madhavan

Dear Shri Anant Trivedi,

It has been an wonderfull experience. visiting Bharatipeeth, interacting with the students and delivering Kothari Memorial lecture. Bharatipeeth is doing yomen service to the society especially the young generation. Sensitising young generation on spiritually and science will go a long way in moulding the youth for the future. Let me wish you and your team all success in the exemplary venture.

G. Madhavan Nair
Chairman ISRO.



Prof. M.G.K. Menon

8th September 1995

This is my first visit to Shantipeeth : to give the Second Prof D.S. Kothari Memorial Lecture on "Science, Values, Ethics and Peace" This is a very good initiative and a lot of groundwork has already been done - to establish a centre for thinking, analysis, meditation, education, public awareness and actual programmes of action - to lead to a just, peaceful human order. It has been a pleasure to see the efforts put in by the Sec. Gen. Shri Anant Ganesh Trivedi, backed by many in Udaipur to achieve this. Udaipur is a good place to do this with the number of thinkers who live in its calm peaceful and original surroundings without the din of modern growing urban Centres. I wish Shanti Peeth all Success.

M G K Menon

Prof M.G.K. MENON
FRS. MP.



Prof. U.R. Rao

भारत सरकार
अन्तरिक्ष विभाग
अन्तरिक्ष भवन, न्यू बी ई एल रोड
बेंगलूर -560 094 भारत

तार : स्पेस
दूरभाष : 3334406
दू प्रतिचित्रण : 3333328
टेलेक्स : 0845-2499 DOS IN
0845-2326 ISRO IN

सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMENT OF SPACE
ANTARIKSH BHAVAN, NEW BEL ROAD
BANGALORE - 560 094. INDIA

Grams : SPACE
Telephone : 3334406
Fax : 3333328
Telex : 0845-2499 DOS IN
0845-2326 ISRO IN

Prof. U.R. Rao
Member, Space Commission &
Dr. Vikram Sarabhai Distinguished Professor

SC/CH/I.19 September 6, 1996

Dear Shri Trivediji,

I was extremely happy to note that Shantipeeth is attempting to do a great service to the nation by trying to propagate the importance of combining moral and ethical values with scientific and technological advancements. I am fully convinced that benefits from the advancements in science and technology can only reach the grass-roots of our society when the socio-political system of the country is able to integrate value system into our cultural fabric. It is, therefore, extremely important that the society is able to demand total accountability from our political and administrative set up to ensure that the scarce resources of the country are wisely utilised and the developmental plans are fully integrated with environmental concerns without which we will not be able to achieve sustainable development to improve the quality of life of our people. In this regard, the initiative shown by Shantipeeth is of great importance, as it is aimed at integration of the value system into our day to day life along with the development through optimal utilisation of science and technology. Attempt of Shantipeeth to awaken the dormant society to the needs of the country and bring back moral values into our daily conduct are indeed commendable. I wish Shantipeeth great success in its endeavour.

I once again thank you for your kind hospitability during my memorable visit to Udaipur.

With warm regards,

Yours sincerely

(U R Rao)

Dr Anant Ganesh Trivedi
Secretary Gen.
Shantipeeth India
Post Box No.40
Gumania Vala, Saradarpura
Udaipur 313 001



Shri R.A.Mashelkar

र. अ. माशेलकर, एफ.आर.एस
महानिदेशक, वै.औ.अ.प.,
एवं सचिव, भारत सरकार
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान विभाग

R.A. Mashelkar, F.R.S
Director General, CSIR
& Secretary, Government of India
Department of Scientific & Industrial Research

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001
COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESEARCH
Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg, New Delhi-110001

D.O. No.DG/PS/[22]/2006 [831]
6th June 2006

Dear Shri Trivedi,

Thank you for your warm letter. Congratulations for the success of this great event!

I truly enjoyed my participation and I am glad that people appreciated it.

With warm regards,

Sincerely yours,

(R A Mashelkar)

Shri Anant Ganesh Trivedi
Secy. General
Shantipeeth
Gumaniawala, Sardarpura
Udaipur – 313 001



Shri Mourad Wahda

UNITED NATIONS NATIONS UNIES

POSTAL ADDRESS—ADRESSE POSTALE: UNITED NATIONS, N.Y. 10017
CABLE ADDRESS—ADRESSE TELEGRAPHIQUE: UNATIONS NEWYORK

EXECUTIVE OFFICE OF THE SECRETARY-GENERAL
CABINET DU SECRETAIRE GENERAL

REFERENCE:

20 June 1994

Dear Mr. Trivedi,

I am writing, on behalf of the Secretary-General, to congratulate you on the publication of Call for Global Peace.

The Secretary-General asks me to convey to you his very best wishes in your endeavour to promote global peace.

In your work for global peace, it is especially important to reach out to youth, who represent our hopes for a future of peace and development.

Please accept the Secretary-General's best wishes.

Yours sincerely,

Mourad Wahba
Senior Officer

Mr. Anant G. Trivedi
General Secretary
Shantipeeth India
Post Office Box 40
Gumania Vala
Saradarpura, Udaipur 313 001

Shri Naseem Mirza

UNITED NATIONS NATIONS UNIES

POSTAL ADDRESS—ADRESSE POSTALE: UNITED NATIONS, N.Y. 10017
CABLE ADDRESS—ADRESSE TELEGRAPHIQUE: UNATIONS NEWYORK

REFERENCE:

9 March 1988

Dear Mr. Trivedi,

I wish to acknowledge receipt of your recent letter transmitting the text of the resolution adopted by your organization protesting the Israeli policies and practices in the occupied Palestinian territories. The United Nations is following developments in the area with grave concern and redoubling its efforts to alleviate the suffering of the Palestinian people, and to bring about a comprehensive, just and lasting solution of the question of Palestine, in accordance with internationally recognized principles and with United Nations resolutions.

I thank you for your support for the work of the United Nations on behalf of the Palestinian people.

Yours sincerely,

Naseem Mirza
Chief
Division for Palestinian Rights

Mr. Anant Ganesh Trivedi
General Secretary
Shantipeeth
15, Sushilwatika
Saranqmarq
Udaipur (Raj.)
India

Shri Arvind Dave

Arvind Dave
Governor of Arunachal Pradesh

RAJ BHAWAN
ITANAGAR-791111

By Speed Post

July 27, 2000

Dear Shri Trivedi,

It is heartening to see that the "Shantipeeth" under your able and enlightened leadership is credited with initiating commendable work towards the preservation of Indian Culture, Human Values, Environmental Conservation and World Peace with the aim of contributing to the evolution of a progressive and non-violent society. I am also happy to see that "Shantipeeth", apart from conducting numerous symposia, seminars and conferences, has been devoting its efforts and time calling for "Total Nuclear Disarmament", which is a cardinal feature of the country's national policy.

Best wishes,

Yours sincerely,

(Arvind Dave)

Shri Anant Ganesh Trivedi,
Secretary General,
Shantipeeth India,
Post Box No.40, Gumanivela,
Sardarpura,Udaipur-313001,
Rajasthan.



Shri Sunil Dutt

सत्यमेव जयते

sunil dutt

MEMBER OF PARLIAMENT (LOK SABHA)

5th June, 1990

Shri.Anant G.Trivedi
General Secretary
Shantipeeth
Post Box No.40
323 L-1 Road
Bhupalpura
UDAIPUR 313 001

Dear Shri Trivedi Ji

I am in receipt of your letter No.SPU/0072/90 of 27th May, 1990 and thank you for the same.

I am glad to note that you have been extending a great service to humanity. I am in the process of making a film on Dowry deaths and Bride burning. The said film is titled "Yeh Aag Kab Bujegi" and depicts a burning problem of our Society. This will keep me busy till October, 1990.

Thereafter, I may have plenty of time to discuss and participate in your mission of peace and human development.

-With best regards,

Sincerely Yours,

Sunil Dutt, MP

"SUNRISE" 24th ROAD, BANDRA, BOMBAY-400 050 TEL. OFF. 640 45 83 • 640 45 96 • 640 97 99



Shri Sunil Dutt

सत्यमेव जयते

Sunil Dutt
MEMBER OF PARLIAMENT
LOK SABHA

9th October, 2001.

Mr.Anant Ganesh Trivedi,
Shantipeeth,
Gumanivela,
Sardarpura,
Udaipur-313 001.

Dear Shri. TRivedi ji.

Thank you very much for your letter dated 7th September 2001. I am glad to know that you have completed the first phase of the construction work for Shantipeeth premises. The photograph shows a very elegant outlook of the building.

You are doing a great humanitarian work and the work that you have undertaken like tolerance and interfaith understanding, the institution has made a mark in the field of environmental conservation, cultural heritage and sacred groves conservation.

All these ~~needs~~ LEADS TO peace of mind and peace. I am sure this is the right way to educate people.

I wish you all the best for the good work you are doing.

Thanking you,

Yours Sincerely,

(SUNIL DUTT)

"SUNRISE" 24th ROAD, BANDRA, MUMBAI - 400 050. TEL. : 22 - 600 4583 FAX : 22 - 600 5823

Shri Bhaichand Patel

UNITED NATIONS INFORMATION CENTRE

55 Lodi Estate New Delhi-110 003 Telephones 623439 690410 Cable OMNIPRESS

22 November 1988

Dear Mr. Trivedi,

Thank you for your letter of 11 November. I am very happy to learn that your organization is very much involved in some of the goals which the United Nations is pursuing viz., global peace and humane world. You have not suggested any date for my next visit. Should you still wish me to come, please let me know well in advance since it is very difficult to obtain air ticket to Udaipur at short notice.

Yours sincerely,

Bhaichand Patel
Director

Mr. Anant Ganesh Trivedi
General Secretary
Shanti Peeth
Sushil Vatika
15 Sarang Marg
Udaipur-313 001

"सरस्वतीं देवयन्तो हवन्ते"

निवास-27703

राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर

जनार्दनराय नागर
चान्सलर

No 4511

दिनांक 18-2-93

[illegible]

सादर वन्दे । आपकी शान्तिपीठ का श्रीमद् रामकृष्ण परमहंस महोत्सव का निमंत्रण आप द्वारा मिला । मेरा सौभाग्य ! आपका बड़ा आभारी हूँ । अब मैं शरीर से हिल चल करने में विवश हो जाता हूँ । किन्तु मैं आपके इस प्रयास को विश्व शान्ति तथा मानव मंगल के लिये सत्यत् मानता हूँ ।

हिंसा, भय तथा असत्य की कृति से मुक्ति हाँसिल होने पर ही मानव जाति का उत्कर्ष सध सकता है तथा प्राणियों का योगक्षेम हो सकता है । आपका यह प्रयास धन्य हो ।

विनीत-

[illegible]

जनार्दन राय नागर

Shri Balvantsing Mehta

"योग : कर्मसुकौशलम्"

स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सेवी

बलवन्तसिंह महता

पूर्व मंत्री राजस्थान उद्योग, व्यापार, खान, खादी
प्रथम लोक सभा सदस्य

161, रैन बसेरा, अस्पताल रोड़,
उदयपुर-313 001 (राज.)
✆ : 527134, 528976

दिनांक 25-9-2001

❀

पूर्व अध्यक्ष :

नगर विकास प्रन्यास उदयपुर
राजस्थान भारत सेवक समाज
भूपाल को-आपरेटिव सोसायटी
सरस्वती पुस्तकालय सुरक्षा समिति,
उत्तर रक्षा गृह

❀

पूर्व सदस्य :

संविधान निर्मात्री सभा
केन्द्रिय विधान सभा
संसदीय लेखा समिति
राष्ट्रीय खनिज विकास निगम
राजस्थान विद्युत मण्डल
राजस्थान देवस्थान मण्डल
नाथद्वारा मन्दिर मण्डल
संयोजक भारत साधु समाज
सम्मेलन नाथद्वारा
गुडविल मिशन नेपाल, कश्मीर

❀

स्थापना :

प्रताप स्मारक, मोतीमगरी
वनवासी सेवा संघ
शास्त्री कॉलेज, जयपुर
गाँधी स्मृति मन्दिर

❀

संस्थापक सदस्य

अध्यक्ष मेवाड़ प्रजा मण्डल
उपाध्यक्ष लोक कला मण्डल
राजस्थान महिला विद्यालय
राजस्थान भूदान यज्ञ बोर्ड
कस्तुर बा मातृ मन्दिर उदयपुर
सं. खादी लघु-उद्योग समिति

विश्वशान्ति व नि:श्स्त्रीकरण, अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से मानव मूल्यों का समुन्नयन तथा पर्यावरण व सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण जैसे उद्देश्यों को लेकर चल रहे संस्थान शान्तिपीठ से मैं इसके आरम्भ से ही जुड़ा रहा हूँ। संस्थान की स्थापना कर श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी ने अपना जीवन ऐसे उद्देश्यों के लिये समर्पित किया है यह प्रशंसनीय ही नहीं युवा वर्ग के लिये अनुकरणीय भी है । हजारों की तादाद में युवा समुदाय और विद्यार्थी वर्ग को शान्ति, अहिंसा व पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे प्रेरित कर इन्होंने शान्ति शिक्षा का कार्य किया है जिसकी वर्तमान समय में बहुत ही आवश्यकता है । यह कार्य शिक्षा से ही सम्भव हो सकता है ।

सांस्कृतिक विरासत के अन्तर्गत इन्होंने पुरा वैभव के संरक्षण का महत्वपूर्ण कार्य किया है और इसकी मुहिम इन्होंने मेवाड़ संभाग में चलाई है। मेवाड़ शौर्य, भक्ति और त्याग की पावन भूमि है। यहाँ की जीवन्त संस्कृति से उठे शान्ति आन्दोलन की ऊर्जा दुनियाँ भर में फैल रही है। संकल्प के धनी श्री त्रिवेदी के प्रयास सार्थक सिद्ध होंगे चूंकि इनके अभियान में निष्ठा, समर्पण व सात्विकता है ।

डॉ. कोठारी की पुण्य स्मृति में अध्यात्म और विज्ञान के सूत्र को आगे बढ़ाने के सद्कार्य में ये पूरे मनोयोग से लगे है।

शान्तिपीठ व श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ ।

बलवन्त सिंह मेहता

(बलवन्त सिंह मेहता)



दूरभाष : 27703

राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर

जनार्दनराय नागर
चांसलर

दिनांक 8-7-94

NO: 1338

प्रिय भाई श्री अनन्त गणेशजी,
शान्तिपीठ, उदयपुर

सादर वन्दे । भारत ज्योति स्व. डॉ. डी. एस. कोठारीजी की पुण्य स्मृति में आरंभ व्याख्यान माला का निमंत्रण मिला । मैं स्वयं इस प्रकार की बात सोच रहा था । आपने इस बारे में पहल की है यह देखकर मुझे बड़ा सन्तोष हुआ है ।

डॉ0 डी. एस. कोठारी स्मृति व्याख्यान माला का उत्कर्ष राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर होना चाहिये और उनकी स्मृति व्याख्यान माला द्वारा हमें मनुष्य की ज्ञान-विज्ञान से संभृत संस्कृति के चैतन्य का ही सन्देश देना है । स्व. डॉ. दौलतसिंहजी कोठारी राजस्थान के रत्न भारत की ज्योति और विश्व के मनीषी थे उनकी दिव्य पुण्य स्मृति को मेरे और राजस्थान विद्यापीठ उदयपुर के शतकोटि प्रणाम है ।

आपका विनीत-

जनार्दन राय नागर

वसुधैव कुटुम्बकम्

'अनुशासन और विवेक युक्त जनतन्त्र दुनिया की सबसे सुंदर वस्तु है।'

–महात्मा गांधी

'मानव-संरक्षण मानव-मात्रका स्वयं-सिद्ध अधिकार है।'

यह चिरस्थाई सत्य अब विश्व में यथाशीघ्र प्रमाणित हो।

–मां जानकीदेवी

सत्यम्
शिवम्
सुंदरम्

उत्तिष्ठत
जाग्रत
प्राप्य वरान् निबोधत

सत्यं वद
धर्मं चर

राष्ट्रदेवो भव
मातृदेवो भव
पितृदेवो भव
आचार्यदेवो भव
अतिथिदेवो भव

स्वतन्त्र भारतमें
संस्थापित -
सार्वभौम
प्रभुत्व-सम्पन्न
लोकतन्त्रात्मक
गणराज्य
सुप्रतिष्ठित हो।

भारतीय
जनतन्त्र
विजयते!

मदालसा नारायण

दिनांक 6.3.85
जीवन कुटीर
वर्धा, 442001

अनंत,

खुश रहो। प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते चलो! अपने देश में परस्पर विश्वास और सहयोग की भावना बढ़े और ऐसा वातावरण बनने लग जावे यही सतत सजगता से प्रयत्न करना है। मेरा रात दिन यही चिंतन और प्रयत्न चल रहा है।

श्रद्धेय डॉ. डी. एस. कोठारी जी को सादर प्रणाम सूचित करना। उनकी याद आती रहती है। मिलने का बहुत मन होता है। विज्ञान और अध्यात्म के समायोजन के संबंध में उनका चिंतन बड़ा समयानुकूल और प्रेरक है। उसका सार मुझे जरूर लिख कर भेजो। वहां की गतिविधियों के समाचार भी। सौ० बहू को अनेक शुभकामनाएं। सस्नेह

सुपरिचितों को शुभचिंतन वंदन

मदालसा के वन्देमातरम्

RUSSIAN CENTRE OF SCIENCE & CULTURE

24, Ferozeshah Road, New Delhi-110001, India. Tel.: 23329100 (01, 02, 03) Fax : 2373-7786. E-mail:delhi@rcsc.org.in
Website:www.rcsc.org.in

Ref. 354 Date: 05.10.04

Mr. Anant Ganesh Trivedi,
Secretary General,
Shantipeeth,
Gumaniawala,
Sardarpura,
Udaipur-313001.,
Rajasthan

Dear Mr. Trivedi,

We gratefully acknowledge receipt of your kind and warm letter, along with the Resolution, addressed to H.E. the Ambassador of the Russian Federation to India, dated September 8, 2004. We are deeply moved by your gesture in expressing the heartfelt condolence and profound sorrow with regard to the great tragedy in Beslan, Russia. We take this opportunity to thank the people of Udaipur in general and each and every member of your esteemed organisation—Shantipeeth—and students belonging to various government and non-government schools who shared with our national grief. We also do hereby appreciate your resolve to condemn terrorism and commitment to peace and non-violence.

With warm regards,
Yours sincerely,

(Dr. Sergey V. Cherkas)
Head, Information & Culture Section,
Russian Centre of Science & Culture



Ramakrishna Math

RAMAKRISHNA MATH
RAMAKRISHNA MATH MARG, DOMALGUDA
HYDERABAD - 500 029
PHONE : 63936, 63937

28-1-1997

Dear Sri Trivedi,

Thanks for your letter of Makara Sankranti inviting me to your Sri Ramakrishna birthday celebration on 18 February.

The desire is there in the heart but the body will not allow such a long journey, even by air. I have to cancel about 90% of the invitations. Nowadays another Swamiji accompanies me always to look after me and my diet.

Also, I have to be there on the occasion of the birthdays of Sri Ramakrishna, Ma, and Swamiji.

I hope you will appreciate my inability to join your celebrations, for the success of which I convey my best wishes.

Yours in the Lord,
Ranganathananda

करुणा परमो धर्मः

प्रिय अनंत !

विश्व की उदीयमान युवा पीढ़ी का
'ज्योतिर्मय हो जीवन उज्ज्वल' और वे अपने
सुख, शांति एवं समृद्धी के लक्ष्य की ओर
तेजी से अग्रसर हों !

'नवयुग का दर्शन, दिग्दर्शन, जन-जन का उत्थान
नूतन वर्ष सुभग शुभ दर्शन, जग का अभ्युत्थान!

'मानव तू पहचान ले, अपना सत्य स्वरूप,
कितना विशद विशाल है, उज्ज्वल अमर अनूप!

'कहते हैं ईश्वरने तुझको, रूप दिया निज रूप समान,
मानव तेरी शक्ति अतुल, तू ढाल सके नूतन भगवान!'

'हम ही अपने दीप हैं, अपने अंतिम साध्य,
हम ही साधन, साधना, है स्वधर्म आराध्य!

श्रीमन्नारायण

आपकी ज्योतिर्मयी शुभ कामना प्राप्त
कर प्रसन्नता हुई। नागरी लिपि की अधिक मोहक लगी।

'ऋण मुक्त बने भारत प्यारा, जय किसान! संजीवनधारा,'

ऐसी सकल मंगल कामनाओं सहित -
'सुजलां, सुफलां, मलयज शीतलाम्
सस्य श्यामलाम् मातरम्! वंदे मातरम्!

इति शुभम्

मदालसा नारायण

जीवन कुटीर, वर्धा
12 दिसंबर '91

Ambassador of Japan
New Delhi

July 28, 1993

Dear Mr. Anant G. Trivedi,

I acknowledge the receipt of your letter dated July 15th inviting Ambassador Kobayashi to the observance ceremony of Hiroshima Day in Udaipur on 6th August. Upon Completion of his mission in India, Ambassador Kobayashi went back to Tokyo. , I succeeded his post in early July this year. Since I will not be able to attend the ceremony due to my duties in Delhi, I would appreciate it if you could convey the following message to the members of your organization as well as to the people who will be present there.

"On the occasion of the observance of Hiroshima Day in Udaipur, I wish to congraturate the SHANTIPEETH India and people of Udaipur on their continued valuable efforts for the preservation of global peace and environment. I agree and it is also my belief the experience of Hiroshima should always be remembered by the people of the world to reaffirm their resolve to strive for peace and disarmament. Viewed in this light, it is most opportune that SHANTIPEETH India organizes the Hiroshima Day to renew the resolve. I wish every success for the noble endeavour of the organization and people of Udaipur, and may I also take this opportunity to express my sincere wishes for further enhancement of Japan-India relations to be promoted by you all."

Sincerely,

Chusei Yamada
Ambassador of Japan

Mr. Anant G. Trivedi
Secretary General,
SHANTIPEETH India,
Post Box NO.40, 323 L-1 Road,
Bhupalpura, Udaipur-313001.



Ambassador of Japan
New Delhi

29 July 1992

Dear Mr. Secretary-General,

I wish to acknowledge with many thanks the receipt of your letter of 24 July 1992, inviting me to participate in the Hiroshima Day events that your institution is organizing in Udaipur.

I have visited your famed city more than once in the past and the charm of the city has never failed to please me profoundly each time. It is therefore my pleasure to take advantage of every possible opportunity to return there. Nevertheless at this time I regret that several engagements previously scheduled prevent me from accepting your kind invitation.

As you have rightly stated in your letter, the name of Hiroshima and the date of 6 August 1945 have a truly global meaning. They indeed transcend the domain of Japanese affairs. I am convinced that as such the absence of Japanese representatives would detract in no way from the significance of your events.

Moreover, the drastically changed world situation appears to have greatly lessened the threat of world wars. This has definitely positive implications for India's security as well. For India today, if I may say so, the immediate problem is internal peace based upon communal harmony, rather than external threat. I have no doubt that if the noble cause of your organization, i.e. "love and peace for one and all", was directed at this aspect, your peace rally and assembly would give the Hiroshima Day in Udaipur even greater significance.

With regards,

Yours sincerely,

Shunji Kobayashi
Ambassador of Japan

Mr. Anant G. Trivedi,
Secretary General,
Shantipeeth,
Udiapur.

SHIV CHARAN MATHUR

CHIEF MINISTER
RAJASTHAN
JAIPUR

Dated: Dec. 22, 1988

MESSAGE

It was heartening to hear that the Shanti Peeth is observing the next Hiroshima Day at Udaipur to focus attention of all men and women to the fact that disarmament is imperative for human survival and it is only through peaceful coexistence that mankind can flourish and prosper. The first responsibility for preserving global peace is that of the possessors of nuclear weapons with destructive capabilities beyond imagination.

It is therefore, the paramount need of the hour that an atmosphere is created in every nook and corner of the world to promote peace, friendliness and universal brotherhood.

I am sure, the observance of Hiroshima Day would have an emotive appeal towards achieving this end.

I send my good wishes for the success of the endeavours of the Shanti Peeth for this noble cause.

(Shiv Charan Mathur)

D.O. No. D.M. (E & C) 94/3187

Km. Selja

शिक्षा एवं संस्कृति उप मंत्री
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली - ११० ००१

DEPUTY MINISTER FOR EDUCATION & CULTURE
MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI - 110001

15 December, 1994.

M E S S A G E

It gives me immense pleasure to learn that Shantipeeth, Udaipur, a voluntary organisation set up for the cause of promoting global peace and harmony through education and mass communication is bringing out a Souvenir by name "Call for Global Peace" which would highlight its achievements since inception. I am also happy to know that the Shantipeeth has recently organised a Conference on "The Role of Youth for the Revival of Ancient Indian Values Conducive to World Peace". Indian culture itself is a symbol of peace, love and harmony. More than 2500 years ago Lord Buddha and in modern times Mahatma Gandhi gave this message to the world. The principles enunciated by Lord Buddha and Mahatma Gandhi are as relevant today if the humanity has to survive. It is a matter of great satisfaction that Shantipeeth, Udaipur is engaged in spreading the message of love, peace and human values throughout the world. I hope the Shantipeeth, Udaipur would continue to pursue its objectives with greater enthusiasm and commitment.

I send my best wishes to the Shantipeeth, Udaipur for continued success in its future endeavours.

Selja

(Km. Selja)
Deputy Minister of
Education & Culture

Shri Anant G. Trivedi
Secretary General
Shantipeeth
Post Box No.40
Gumania Vala
Saradarpura
UDAIPUR-313 001.



Shri K.P. Singh Deo

सूचना और प्रसारण मंत्री
नई दिल्ली-110001
MINISTER OF
INFORMATION & BROADCASTING
NEW DELHI-110001

MESSAGE

The issue of nuclear disarmament is one of the major topics for the comity of nations to amicably resolve and arrive at a settlement. Since we are located in an age when the complete annihilation of human civilization through weapons of mass destruction continues to be a possibility more than ever, it is imperative that new concepts of conflict resolution are evolved between sovereign nations as well as between different sections within a nation.

In this regard, India can show the way with its age old traditions of "non-violence" and "middlepath".

I am happy to learn that 'Shantipeeth' is organising a two-day observance of the 50th Anniversary of Hiroshima catastrophe at Udaipur on August 6th, 1995. Function such as this, I am sure, will contribute to spread the message of non-proliferation in a big way.

I wish the function all success.

(K.P. SINGH DEO)

Fax-41
2/2

High Commissioner for India
Colombo, Sri Lanka.

February 13, 1992.

MESSAGE

I was glad to learn that the Shantipeeth, Udaipur, is going to bring out a publication "Call For Global Peace" on 18th February 1992. I am confident that it will make a significant contribution to the universal urge for peace and stability. This is even more so, now, in the light of the fact that the earlier politically bipolar world has given way, with the end of the cold war, to another kind of bipolarism in terms of which the gap between the rich and the disadvantaged or the deprived shows up even more glaringly. It should be the common endeavour of all peace-loving peoples, throughout the world, to exert their utmost to bridge and, indeed, rapidly narrow this gap so that true peace and stability can rest more solidly on a foundation where economic and social inequities have been considerably narrowed. The resources for such an effort at the redressal of economic and social injustices and discrepancies between countries - between the rich "North" and the poor "South" - are already there and can be made available through nuclear non-proliferation and decreased military expenditure on the part, initially, of the high spending countries in this regard. Resources accruing from such savings can also be directed towards the preservation and enhancement of the environment which is yet another pre-requisite for ensuring a higher quality of life to the economically disadvantaged peoples of what is popularly known as the Third World.

Thus, it needs to be reiterated that mere political and security relaxations cannot ensure an enduring global peace. It is of paramount importance that it should be accompanied by a significantly increased global cooperation and sustained efforts towards narrowing the enormous gap between the rich and the poor countries.

I would like to, once again, wish every success to the Shantipeeth and its publication in this regard.

(N. N. Jha)



Shri Bhairosingh Shekhavat

सत्यमेव जयते

मुख्य मंत्री
राजस्थान

जयपुर, २० जून, ९२.

सन्देश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि शांतिपीठ, भूपालपुरा (उदयपुर) द्वारा अगले माह "विश्वशांति के लिए आह्वान" स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है।

विश्वशांति आज की महत्ती आवश्यकता है तथा इस दिशा में सभी स्तर पर अधिकाधिक प्रयास किये जाने की जरूरत है। इस दृष्टि से शांतिपीठ द्वारा किया जा रहा प्रयास अनुकरणीय है।

मुझे विश्वास है कि प्रकाश्य स्मारिका विश्वशांति के आधारभूत मूल्य, उनका अनुशीलन एवं इसके लिए व्यापक वातावरण तैयार करने की दिशा में उपयोगी एवं उद्देश्यपूर्ण प्रकाशन सिद्ध होगा।

मेरी शुभकामनाएं,

भैरों सिंह शेखावत

UNITED NATIONS NATIONS UNIES

POSTAL ADDRESS—ADRESSE POSTALE: UNITED NATIONS, N.Y. 10017
CABLE ADDRESS—ADRESSE TELEGRAPHIQUE: UNATIONS NEWYORK

EXECUTIVE OFFICE OF THE SECRETARY-GENERAL
CABINET DU SECRETAIRE GENERAL

REFERENCE:

Dear Mr. Trivedi,

In response to your letter of 19 May addressed to the Secretary-General, I am pleased to send you herewith his message for your publication "Call for Global Peace".

With best wishes.

Yours Sincerely

Virendra Dayal
Chef de Cabinet

Mr. Anant G. Trivedi
General Secretary
Shantipeeth
Bhupalpura, Udaipur 313 001

Message of the Secretary-General of the United Nations for the Shantipeeth publication "Call for Global Peace"

The United Nations has, as one of its main goals, the maintenance of international peace and security. Its Charter calls on the peoples of the world to practive tolerance and live together in peace with one another as good neighbours.

I welcome your efforts to promote peace and human understanding through education and communication, and wish you success in your endeavours for global peace.

Javier Pérez de Cuéllar



Shri Raj singh Dungarpur

Phone : (0294) 23783

SHANTIPEETH
INDIA
Post Box No- 40, Gumania Vala, Saradarpura, UDAIPUR-313 001

18. 2. 1999

In an ancient land of ours we have been a Nation of Peace. No country in Human history has practised and preached peace more than what we have done in India.

Just a page from the history of mankind reveals to us how utmost efforts were made by Ashoka the Great to achieve a lasting peace. After his heroic victory at Kalinga he realized and felt that war made People Cruel and brutalized their instincts and he proclaimed peace to be the only Categorical Imperative.

Peace has been preached and practised by medium of religion. Perhaps, now with multi-faceted society of 20th Century marching into 21st Century this may not be possible, not because religion is not relevant but because every religion is more relevant than it has been ever before.

It is horrifying and rather shocking to visualize happenings even in the second half of this century e.g. bloodshed, bombs in war or in streets, hunger, poverty, environmental pollution, one man fighting against another etc. All this could be reasoned out in the fact that we talk of peace a good deal but unfortunately don't practise it ourselves. The only solution to all these problems could be that henceforth we would first practise peace and then preach and propagate it to others. Shantipeeth is an organisation, which wishes and proposes to do just this that with the help of our ancient culture, and in totality, we have got to 'Save the Human' race against Catastrophe of war so that at least in the next century man ceases to be animal, protects his own environment and eventually cares for a lasting 'Peace which is the only Solace to this war-weary world of ours'.

(RAJ SINGH DUNGARPUR)
PRESIDENT.

A DECADE OF MEMORIES : HIROSHIMA DAY

The Celebrations of the Twelfth Asiad in October, 1994 at Hiroshima is an event of immense historic significance. The members of Shantipeeth, Udaipur feel elevated with all the nostalgic memories about the place and the incidents linked up with it, being especially and consciously awrae of the catastrophe that had occurred half a century ago. The message from Hiroshima would certainly keep on ringing out loudly and clearly into the ears of humankind in the years to come so that we are all well and fully awakened, never to get oblivious of the anti nuclear echoes even for the very survival of humanity.

Hiroshima- the very name creates sensations and is symbolically indicative of the human will to live and thrive in the universe along with a stubborn resolution that mankind will never be wiped out from this great globe of ours. Perhaps from Hiroshima we are very humbly attempting to verbalize the message to be spread over the war-weary wrold. The administrative director of the Hiroshima Peace Memorial Museum, Hajime Fukumoto, getting reminiscent of Hiroshima's horrible past appropriately stated :

"We have an important message and we want as many people to hear it as possible". A noble message indeed touching atonce our heads and our hearts.

It has well been said that those who don't learn from history are condemned to repeat it.

We have got to learn fast and learn well and learn for ever the lessons of love, fraternity and peace and we would firmly proclaim from the peaks of the Himalayas that history would not repeat itself.

It is with a sense of profound joy that we would like to acquaint the world's humanity with our value- oriented organisation, Shantipeeth, which has been fully dedicated to the cause of world peace, human values and environmental conservation for about a decade. This organisation has been nurtured in the most natural surroundings of Udaipur, a historic city of courage, beauty and splendor emanating from its lakes, gardens, fountains and mountains, a place msot fondly frequented by the tourists and pilgrims from all over the world. This sufficiently vindicates how even a young organisation born in 1984, such as ours, would be privileged to promulgate, with all the strength and intensity, the message of love and peace, the message of a perfect reconciliation of sciene and spirituality most conducive for the welfare of humanity.

Shantipeeth visualizes how the world sociey could be completely reorganized on the foundation of eternal human values of love, peace, truth and non-violence. We would boldly face all the challnges of the war mongers who jeopardize the cause of world peace, and we are bound to succeed in our pious and sacred endeavour because we believe that the human instinct, for sensible survival would ultimately override all other tendencies.

It would indeed be a blunder if the historic tragedy of Hiroshima is considered to be inflicted upon and confined only to Japan. To be crystal clear it would be most pertinent to say that what all had happened at Hiroshima is not merely the concern of Japan, but it is also very definitely the concern of the entire world, the entire human race. That amply justifies how we have been observing year after year for about a decade the

Anniversary of Hiroshima Catastrophe with a sense of deep concern conforming to seriousness and gravity of the occasion. The year-wise observances have been appended herewith alongwith brief footnotes for the sake of clarity and comprehension.

We are fully confident in propounding this fact that we have succeeded in ample measure in disseminating an awareness of world peace and we hereby with a strong sense of commitment propose to keep on doing so with an every increasing vigour and vitality alongwith a persistent yearning to add new dimensions to our programmes so as to make them most relevant in conformity with the fast changing facets of the world.

In the year 1995 which also simultaneously happens to be the fiftieth anniversary of the UN Day, we observe the fiftieth anniversary of the Hiroshima Catastrophe and hopefully believe that the people of the world would realize at the turning point and the critical juncture of the turn of the century that peace is just a grinding necesstiy, the very condition for our existence and as we step into the twenty first century, our ideas would gain strength and momentum, so much so, that the world fraternity would find their fond dream fulfilled : **LOVE AND PEACE ARE IDENTICAL WITH EACH OTHER.**

Published on the occasion of the 125th Birth Anniversary of Mahatma Gandhi and the Auspicious opening of 12th Asian Games at Hiroshima, Japan, 2nd October 1994

(Anant G.Trivedi)
Secretary General



Science & Nonviolence

Science & Nonviolence



Promoting and Stimulating Interaction and Complementarity between Science and Non-Violence

Most of the grave and vital challenges and problems we face today - individually, collectively and globally on a scale and of an intensity never known before, have their roots in the imbalance, increasing at a frightening pace, between advancement of science and technology on the one hand and the dismal lack of concern generally for the true welfare of humankind on the other. Think of the rapidly mounting arsenals of nuclear weapons and armament race, of the vital environmental hazards (global warming & climate change), of the population explosion, unemployment, inflation, ill health and under-nutrition and many other related problems. All these arise from the frightening gap between too much preoccupation with development of science and technology and too little concern, generally speaking, about its application to the major problems mentioned above. In this situation, which is of great concern for man's future, every single step in the direction of strengthening the interaction and complementarity of Science and human values, which arise form the principle of Ahimsa, counts.

Prof. D. S. Kothari inspired and directed Shantipeeth to bring the concept of such complementarity in practice. In this regard eminent scientists have further guided our endeavour towards the humane order in society. They have strengthened and promoted the concept of synergy between science and human values. They have explained how to link the advancement of science and technology to human welfare at large. People in general and youth in particular have been greatly inspired for the last two decades.

It is verry clear that Shantipeeth is doing a yeomen's service, spreading the message of peace and trying to establish a correlation between spirituality and science.

As you know, Ancient India had a rich heritage in science. We are all proud of the Vedic literature, which very vividly brings out the details of the achievements, which we had. Even it was known from the physical evidence that before 2000 BC we were having properly laid out townships and we were having proper metro compositions. It all shows that a very fine civilization with a very good knowledge base existed in the Indian continent in those days. Even up to the Sixth Century AD, we had to our credit a very proud contribution in the scientific field. Aryabhatta and Bhaskara – remarkably contributed to astronomy and the computations associated with the planetary movement. They were all present in Sanskrit literature. But, today, there are many agencies doing research on this topic and then trying to pick out some of the fine principles, which can be put into practice for the benefit of the people. So, the effort of the unique organization like Shantipeeth is really commendable and I congratulate the entire team for this magnificent effort.

... Dr. G. Madhavan Nair, Chairman ISRO

From Dr. D.S. Kothari Memorial Lecture

delivered by him no Feb. 20, 2007

Shantipeeth is an institution formulated with a vision. Vision of Shri Ramakrishna Paramhanmsa as well as, I am sure, his student. It is when I went through a small document given to me by Anant Trivedi just on the way from the airport I felt 'it is a very interesting organization', an institution primarily providing a dimension to the science and scientific culture through certain elements in addition to a value system in the context of society, in the context of morals, in the context of ethics and what you really see is something like when Edison discovered the electrical bulb and when he wanted to put several bulbs and ignited together he had to keep a generator and when he switched on the generator all the bulbs blew off. Then he thought 'this is not the way'. So, then he had to put a governor to the generator and then the bulbs came on. There was no way in which it could explode because of surge of certain energy. Science today is in that state. It moves and it really runs, and it extremely overtakes and understands what its implications are. And, therefore, something like what Thomas Alwa Edison worked 'there has to be governor to control the pace of science so that you understand the implications of science and, therefore, you know what to do about science'. This is precisely the governor that Anant Trivedi has created with his colleagues here. I am sure that in the years to come it will have a role which is very unique and which is a must if we have to ensure that we have a just and fair society that uses the knowledge through science and technology in the proper way. So, I congratulate you - Anant Trivedi and all those who are with you in this very unique endeavour.

... Dr. K. Kasturi Rangan

From Dr. D.S. Kothari Memorial Lecture

delivered by him on March 4, 2004

उदयपुर



उदयपुर। डा. दौलतसिंह कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला में उपस्थित प्रबुद्धजन। -भास्कर

स्पेस टेक्नोलॉजी में नहीं मिल रहे हैं योग्य स्टूडेंट्स

इसरो अध्यक्ष ने 'दैनिक भास्कर' से बातचीत में कहा कि सेलेरी और ट्रेनिंग सेंटर्स के जरिए मानव संसाधन बढाएंगे।

नगर संवाददाता. उदयपुर

भारत जैसे जनसंख्या प्रधान राष्ट्र में स्पेस टेक्नोलॉजी के अध्ययन के लिए आवश्यकता के अनुपात में विद्यार्थियों की संख्या बहुत कम है। हर साल स्पेस डिपार्टमेंट की ओर से ऑल इंडिया टेलेंट सर्च के जरिए लिखित परीक्षा करवाई जाती है जिसमें 300 विद्यार्थियों का चयन होता है लेकिन अफसोस की बात है कि टेलेंट हंट में बामुश्किल 200 ही चयनित होते हैं।

इसरो के अध्यक्ष डा.माधवन नायर ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि अन्य कैरियर विकल्पों की तरह स्पेस स्टडी में मोटा वेतन नहीं होने से विद्यार्थियों का इस ओर रूझान कम है। मानव संसाधन की इस कमी को निपटने के लिए इसरो ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। हम अच्छी सेलेरी दे रहे हैं लेकिन भ्रम के चलते अभिभावक अभी भी अपने बच्चों को स्पेस टेक्नॉलोजी की शिक्षा नहीं देना चाहते। इसलिए हम अच्छे ट्रेनिंग सेंटर्स की भी स्थापना कर रहे हैं। स्कूल कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए भी अंतरिक्ष विज्ञान को रोचक विषय के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि शीघ्र ही पीरू से इनसेट चार-बी कम्युनिकेशन सेटेलाइट की लांचिंग होनी है। श्री हरिकोटा से इटली के लिए एक अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण भी मार्च में होगा। अगले साल मार्च-अप्रैल में चन्द्रायान भी लांच होगा। अंतरिक्ष विज्ञान में काफी प्रगति के बावजूद इसरो संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार ही व्यवहार करता है।

खाली वक्त में कॉमिक कहानियों का शौक

अंतरिक्ष के गंभीर रहस्यों-रॉकेट्स की रूखी दुनिया के गुरु को खाली वक्त में संगीत सुनना या हास्य लेखन का शौक है। रॉकेट मैन डा.नायर से जब एक बालक ने उनकी हॉबी को लेकर सवाल किया तो उन्होंने हंसते हुए बताया कि उनसे ये सवाल कई बार पूछे गए लेकिन कभी इसका जवाब नहीं दे सके। मुझे खाली वक्त कम ही मिलता है लेकिन ऐसे समय में संगीत सुनना, कुछ लिखना या फिर हास्य कहानियां पढना पसंद करता हूं।

...इसलिए चुना मैंने स्पेस फील्ड

मुझे कुछ अलग काम करने की तमन्ना थी। किसी वस्तु को अलग नजरिए से देखना मेरी फितरत रही क्योंकि उसे पारंपरिक रूप में स्वीकार करना मुझे मंजूर नहीं था। 60 के दशक में मैंने पढ़ाई पूरी की तो उस वक्त स्पेस टेक्नॉलोजी एकदम नया फील्ड था जिसमें बहुत कुछ सीखने की गुंजाइश थी। मैं अभी भी सीख रहा हूं, मुझे यहां आज बच्चों ने दो बातें सीखा दी- एक सौर मंडल में आठ ग्रह और दूसरा ब्लैक होल्स की तरह व्हाइट रॉक होते हैं।

अंतरिक्ष यात्रा करती हैं तन-मन को हैरान

अंतरिक्ष जाने वाले यात्रियों को किस कदर परेशानी से गुजरना पड़ता है, इसका हम अंदाजा नहीं लगा सकते महीनों वहां रहने पर मस्तिष्क कार्य प्रभावित होता है, वे पूरी तरह टूट जाते हैं-चल फिर नहीं पाते। डा.नायर ने बच्चों से बातचीत में यह जानकारी दी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष में ग्रेविटी नहीं होने से शरीर का पूरा सिस्टम गड़बड़ा जाता है। वहां यात्री चलते नहीं बल्कि उड़ते हैं। उल्टा लटकने से कई बार रक्त संचार बिगड़ जाता है, शरीर में बराबर ब्लड फ्लो नहीं होने से ब्रेन का कामकाज प्रभावित होता है। ऐसे में जब यात्री पृथ्वी पर लौटते हैं तो पूरी तरह कोलेप्स हो जाते हैं। इस पर भी शोध व प्रयोग चल रहे हैं।

स्पेस लीडरशिप के साथ विकास में भागीदार बनेगा इसरो : डॉ.नायर

डा.दौलतसिंह कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला में इसरो के अध्यक्ष डा.माधवन नायर ने संस्थान द्वारा स्पेस टेक्नॉलाजी का आम लोगों के जीवन स्तर सुधार के लिए हो रहे इस्तेमाल व प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी।

नगर संवाददाता. उदयपुर

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. माधवन नायर ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान के अप्लाइड एस्पेक्ट में भारत विकसित देशों की बराबरी में है। स्पेस टेक्नोलॉजी का समाज व देशहित में किस तरह उपयोग कर नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाया जाए यह अब इसरो का ध्येय है। उन्होंने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल शांति व विकास के लिए जो देश कर रहे हैं, उनमें भारत अव्वल है।

डॉ. नायर मंगलवार को यहां शांतिपीठ संस्थान की ओर से जोनल रेल्वे ट्रेनिंग स्कूल सभागार में आयोजित डॉ. दौलतसिंह कोठारी स्मृति सातवीं व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के तौर पर बोल रहे थे।

गौरतलब है कि डॉ. नायर देश में रॉकेट टेक्नॉलोजी के सूत्रधार माने जाते हैं। जीएसएलवी-पीएसएलवी सहित कई रॉकेट प्रक्षेपण उन्हीं के निर्देशन में हुए हैं।

डॉ. नायर ने भारत को प्राचीन काल से ही विज्ञान व तकनीकी क्षेत्र में आला मानते हुए आर्यभट्ट व विक्रमसाराभाई सरीखी प्रतिभाओं के योगदान को अद्वितीय बताया। उन्होंने कहा कि साराभाई का मिशन था कि उच्च तकनीक को आम आदमी के हितार्थ काम में लिया जाए। इसी कड़ी में इसरो रिमोट सेंसिंग व सेटेलाइट तकनीक का इस्तेमाल विकास कार्यों के लिए कर रहा है।

भविष्य में रिमोट सेंसिंग के माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व सूचना की दिशा में महत्वपूर्ण अनुसंधान चल रहे हैं, इससे काफी हद तक हम डिजास्टर मैनेजमेंट में सफल हो सकेंगे जिससे मानव सभ्यता को राहत मिलेगी। टेलीमेडिसिन व टेली एज्यूकेशन आने वाले समय में काफी महत्वपूर्ण हो जाएंगे। करीब 180 अस्पतालों में टेलीमेडिसिन सुविधाएं चल रही हैं जिसमें से 32 सुपर स्पेशालिटी श्रेणी के हैं। अब ग्रामीण स्तर तक इस सुविधा के प्रसार की कोशिश होगी।

इससे पहले शांतिपीठ के संस्थापक श्री अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया कि मानव जगत के हित व विकास में विज्ञान व आध्यात्म का समन्वय के उद्देश्य से हर साल यह व्याख्यानमाला आयोजित होती है। रेल्वे ट्रेनिंग स्कूल के प्रिंसीपल श्री जेएस मीणा ने अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता पूर्व विदेश सचिव श्री जगत मेहता ने की। अंत में मोहनसिंह कोठारी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के बाद डॉ. नायर ने ट्रेनिंग स्कूल में बने मॉडल रूम का भी अवलोकन किया।



डा. दौलतसिंह व्याख्यानमाला में मंच पर दाएं से अनंतगणेश त्रिवेदी, इसरो के अध्यक्ष डा. जी माधवन नायर, पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता आदि। -भास्कर

दैनिक नवज्योति अजमेर, शुक्रवार, 23 [illegible], 2007 17



शांतिपीठ उदयपुर द्वारा आयोजित डॉ. डी.एस.कोठारी स्मृति व्याख्यान देते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. जी.माधवन नायर। फोटो-नवज्योति

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान ने विश्व स्तरीय उपलब्धियां हासिल की- डॉ. नायर

डॉ. डी.एस. कोठारी स्मृति व्याख्यान की श्रृंखला में सप्तम व्याख्यान

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 22 फरवरी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. जी.माधवन नायर ने कहा है कि भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान ने वो उपलब्धियां अर्जित कर ली है कि यह विश्व समुदाय के लिए कई तरह की सेवाएं प्रस्तुत कर सकता है। अंतरिक्ष विज्ञान के अप्लाईड एसपेक्ट में भारत विकसित देशों की बराबरी में है। स्पेस तकनीकी का उपयोग नागरिकों के जीवन को उन्नत बनाया जाये यह इसका ध्येय है। उन्होंने कहा कि तकनीकी का उपयोग शांति एवं विकास के लिए जो देश कर रहे है उनमें भारत प्रथम है। डॉ. माधवन नायर ने यहां विश्व शांति की दिशा में कार्य कर रहे संस्थान शांतिपीठ की ओर से जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में आयोजित डॉ. डी.एस. कोठारी स्मृति व्याख्यान की श्रृंखला में सप्तम व्याख्यान दे रहे थे। राकेटमेन डॉ. नायर ने भारत को प्राचीनकाल से ही विज्ञान के क्षेत्र में उन्नत मानते हुए आर्यभट्ट से लेकर विक्रम साराभाई तथा भारत प्रतिरक्षा विज्ञान के जनक डॉ. दौलतसिंह कोठारी सरीखी प्रतिभाओं के योगदान को अद्वितीय बताया। उन्होंने कहा कि साराभाई का मिशन था कि उच्च तकनीक को आम आदमी के हितार्थ काम में लिया जाये। उन्होंने कहा कि भविष्य में रिमोट सेंसिंग के माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व सूचना की दिशा में खास अनुसंधान चल रहे है जिससे आपदा प्रबंधन में सफल हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसरो के कार्यक्रमों ने ग्रामीण जनजीवन, कृषि, शित्रा एवं सूचना के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला दिया है। उपग्रह प्रणाली से जुडने वाली टेली मेडिसिन सेवा लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश तथा अण्डमान निकोबार द्वीप समूह जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित चिकित्सा केन्द्र सीधे देश के आधुनिक चिकित्सा केन्द्रों से जुड गये है। इसी तरह टेली शिक्षा प्रणाली से ग्रामीण क्षेत्रों तक विद्यार्थी लाभ उठा रहे है।

करीब 180 अस्पतालों में टेली चिकित्सा सुविधाएं चल रही है जिसमें से 32 उच्च गुणवता के है। प्रारम्भ में शांतिपीठ के संस्थापक महामहिम अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विज्ञान, तकनीकी के विकास का मानव कल्याण में उपयोग तथा अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वय से शांतिमय वातावरण के निर्माण के उद्देश्य से प्रति वर्ष व्याख्यान का आयोजन होता है। अध्यक्षता करते हुए पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत एस.मेहता ने कहा कि शांति का मुख्य खतरा गरीबी एवं आतंकवाद है। उन्होंने समझौता एक्सप्रेस पर आतंकवादी हमले की भर्त्सना की।

दैनिक भास्कर
उदयपुर ■ मंगलवार, 5 फरवरी 2002

विद्यार्थियों का दिल जीत लिया मिसाइल मैन ने...

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 4 फरवरी। भारत के मिसाइल मैन के नाम से विख्यात प्रो. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने सोमवार को शहर के कई विद्यार्थियों से सीधे मुखातिब होकर दिल ही जीत लिया। कलाम को तब बहुत अच्छा लगा जब एक के बाद एक विद्यार्थियों ने उनसे सवाल पूछे। कलाम ने बहुत सहजता से विद्यार्थियों को जवाब दिए। श्री कलाम ने जब एक विद्यार्थी से पूछा कि वह क्या बनना चाहता है तो वह तपाक से बोला 'आइएएस' कलाम ने पूछा क्यों ? तो विद्यार्थी ने कहा वह शहर का राजा होता है। विद्यार्थी का यह जवाब सुन श्री कलाम जोर से हंस दिए।

यहां शांतिपीठ के आमंत्रण पर उदयपुर आए श्री कलाम ने अपने कार्यक्रम में सबसे पहले विद्यार्थियों से ही मुलाकात की। श्री कलाम दोपहर करीब ढाई बजे जब रेलवे ट्रेनिंग स्कूल में पहुंचे तब वहां उनका इंतजार कर रहे शहर के करीब एक दर्जन विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने करतल ध्वनि के साथ उनका स्वागत किया। सभागार में प्रवेश करते ही विद्यार्थियों में कलाम के पास पहुंचने की होड़ मच गई। श्री कलाम ने बच्चों की इच्छा पूरी की, वे उनके पास गए और पूछा किस स्कूल में पढ़ते हो ? किस कक्षा में हो ? क्या बनना चाहते हो और क्यों बनना चाहते हो? अधिकांश विद्यार्थियों से श्री कलाम ये ही सवाल पूछ कर आगे बढ़ते रहे लेकिन, सेंटपाल स्कूल के एक छात्र अनुग्रह पाटोदिया ने जब कहा 'मैं आइएएस बनना चाहता हूं' तो श्री कलाम ठिठके और उसके पास रूक कर बोले, क्यों बनना चाहते हो आइएएस, तो छात्र बोला 'वह शहर का राजा होता है' जवाब सुनते ही श्री कलाम जोर से हंसे और आगे बढ़ गए। विद्यार्थियों से मुखातिब होने के बाद श्री कलाम ने करीब पौन घंटे तक विद्यार्थियों को संबोधित किया और अपने जीवन के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि नए और मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए युवा विद्यार्थियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। संबोधन के बाद श्री कलाम ने विद्यार्थियों को उनसे प्रश्न करने का मौका दिया जिस पर विद्यार्थियों में होड़ मच गई। श्री कलाम भी बच्चों को पूरा मौका देने के मूड में थे मगर समय की कमी के कारण कुछ बच्चों को ही उत्तर दे पाए। बाकी को उन्होंने कहा कि वे उनसे ई-मेल से सवाल कर सकते हैं। एक छात्र ने पूछा 'क्या हम पीछे जा सकते हैं ?' श्री कलाम ने कहा पृथ्वी घूमती है तो रात और दिन होते हैं, इसी तरह दिन चलते हैं और वर्ष बदलते हैं, यानि सब आगे जाते हैं पीछे जाने के बारे में कोई नहीं सोचता। उन्होंने छात्र से कहा कि वह क्या अपने बचपन में जाना चाहेगा? छात्र को निरूत्तर पाकर उन्होंने कहा, तो कोई भी पीछे नहीं जाना चाहेगा। बाल वैज्ञानिक के एवार्ड से सम्मानित एक छात्र ने पूछा ' शोध व पढ़ाई एक साथ कैसे जारी रखूं, इस पर श्री कलाम ने उससे कहा 'हर सफलता के पीछे मेहनत होती है और मेहनत के लिए पसीना बहाना पड़ता है, पसीना बहाओगे तो अपने आप सब होगा।'



उदयपुर के रेलवे ट्रेनिंग स्कूल में सोमवार को विद्यार्थियों में प्रो. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के पास पहुंचने की होड़ मच गई।

एक छात्र ने पूछा 'मिसाईल में हम जितना खर्च करते हैं वह देश के विकास में क्यों नहीं लगा सकते' श्री कलाम ने जवाब दिया 'जब पूर्व और पश्चिम में दोनों तरफ परमाणु मिसाइलें हों तो मैं शांति से कैसे सो सकता हूं, उन्होंने कहा, हालांकि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि हम इनका प्रयोग पहले नहीं करेंगे।' एक छात्रा ने पूछा '15 वर्ष में जब एक मिसाइल एक्सपायर होती है तो उसके खतरे व खर्च के बारे में हमे नहीं सोचना चाहिए' श्री कलाम ने कहा 'हमारे पास कई तरह की तकनीक हैं, जैसे लिक्विड प्रोपेलेन्ट, सॉलिड प्रोपेलेन्ट व अन्य पदार्थों से बनाए मिसाइल को नष्ट करना जरूरी नहीं है और उनका पुनर्उपयोग भी हो सकता है। एक छात्र ने पूछा 'देश के विकास के लिए मैं आपकी तरह क्या कर सकता हूं' श्री कलाम ने छात्र को अपने स्कूल जीवन का एक किस्सा सुनाया, उन्होंने कहा 'छात्र जीवन में मैरे प्रोफेसर ने एक बार एक वरिष्ठ राजनीतिज्ञ से मिलवाया तो मैंने भी उनसे यही सवाल किया तब उन्होंने कहा के मेरे काम मैं ही कर सकता हूं और तूम्हारा काम तुम कर सकते हो इसलिए यह सोचने की उम्र अभी तूम्हारी नहीं है, अच्छा है तुम निरंतर पढो और यहीं पढाई तूम्हारी उपलब्धि होगी, उन्नति में साथ देगी।' 'शोध कब से शुरू करना चाहिए, स्कूल में कालेज में या कभी भी' एक छात्र के इस प्रश्न पर श्री कलाम ने कहा 'शोध के लिए जिज्ञासा, लगन और और मिशन होना चाहिए, फिर यह मायने नहीं रखती कि आप शोध कब शुरू करें।' श्री कलाम ने अपने सभी जवाबों से विद्यार्थियों को संतुष्ट किया पर वे ज्यादा को जवाब नहीं दे पाए इसलिए प्रस्थान करने से पूर्व मंच पर लौटे और विद्यार्थियों को अपना ई-मेल का पता बताया।

प्रारंभ में श्री कलाम ने विद्यार्थियों से कहा कि वे दो भाषा जानते हैं- उनकी मातृभाषा, जो तमिल है और अंग्रेजी। उन्होंने विद्यार्थियों से पूछा वे उनसे किस भाषा में बात करना चाहेंगे तो विद्यार्थी जोर से बोले 'सर इन इंग्लिश', श्री कलाम जोर से हंसे और अंग्रेजी में अपनी बात शुरू कर दी।

विज्ञान की व्यथा यह है कि श्रेष्ठतम आविष्कारों के भी भयावह परिणाम हो सकते हैं।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर > 21 फरवरी 2007



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष जी माधवन नायर उदयपुर के क्षेत्रिय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को डा दौलत सिंह कोठारी व्याख्यानमाला में व्याख्यान देते हुए। पत्रिका फोटो

अंतरिक्ष की उड़ान

धरती पुत्रों के कल्याण के लिए

- डा दौलत सिंह व्याख्यानमाला में जी माधवन नायर का उद्बोधन
- राजस्थान में सूखे से निपटने में इसरो सहयोग करेगा

उदयपुर, 20 फरवरी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष जी. माधवन नायर का कहना है कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों का मुख्य लक्ष्य आमजन के जीवन स्तर में सुधार लाना है। इसरो अपनी तकनीक का सर्वाधिक उपयोग करोड़ों लोगों की गरीबी एवं भूखमरी मिटाने की दिशा में कर रहा है। उसके इन प्रयासों से कुछ क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव आया है। राजस्थान में सूखे से निपटने में इसरो सहयोग करेगा।

वे मंगलवार को यहां शांतिपीठ की ओर से आयोजित स्वर्गीय दौलतसिंह कोठारी व्याख्यानमाला में उद्बोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इसरो के कार्यक्रमों ने ग्रामीण जन जीवन, कृषि, शिक्षा एवं सूचना के क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन ला दिया जिसके द्वारा सूखे की स्थिति से उबरने में मदद मिल सके। इसमें इसरो सहयोग करेगा।

उन्होंने कहा कि इसरो का उद्देश्य अंतरिक्ष कार्यक्रमों में अन्य विकसित देशों से प्रतिस्पर्धा करना ही नहीं है बल्कि इस वैज्ञानिक प्रतिस्पर्धा में सबसे आगे रहना भी है। आज भारत अंतरिक्ष में उपग्रह ही स्थापित नहीं कर रहा है बल्कि अन्य देशों के उपग्रहों को भी अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करने मे सक्षम हो गया है। ये उपग्रह पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए उसके धरातल पर स्थित एक मीटर की वस्तु का चित्र लेने में सक्षम हैं। ऐसी कई तकनीक हमने विकसित कर ली है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने कहा कि भय युद्ध से टेलीमेडिसिन सेवा से लद्दाख, अरूणाचल प्रदेश तथा अंडमान निकोबार द्वीप समूह जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित चिकित्सा केन्द्र सीधे देश के आधुनिक चिकित्सा केन्द्रों से जुड़ गए हैं। इसी तरह टेलीशिक्षा प्रणाली द्वारा विषय विशेषज्ञों के व्याख्यानों का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के कई विद्यार्थी उठा रहे हैं।

इसरो कार्यक्रमों की सबसे बड़ी उपलब्धि मौसम की भविष्यवाणी के क्षेत्र में हुई है। इसरो का जोधपुर स्थित दूरसंवेदी केन्द्र इस दिशा में कार्य कर रहा है। निकट भविष्य में न केवल सूखे की पूर्व चेतावनी देना संभव हो सकेगा अपितु यह भी सलाह दी जा सकेगी कि किन परिस्थितियों में सूखे से निपटने के लिए कौन सी विधि उपयुक्त होगी। डा. नायर ने राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे की इस बात के लिए सराहना की, कि वे प्रदेश की समस्याओं के हल में इसरो से मदद ले रही है। वसुंधरा की ऐसा डेटा बेस स्थापित करने में रूचि है

प्रारम्भ में जयरामन ने जी. माधवन का परिचय दिया। क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जे. एस. मीणा ने उनके संस्थान के बारे में बताया। शांतिपीठ के अध्यक्ष अनन्त गणेश त्रिवेदी नेअतिथियों का स्वागत किया और कहा कि विज्ञान का चरमोत्कर्ष उपनिषद के चरम को स्पर्श कर रहा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने कहा कि भय युद्ध से नहीं भूखमरी एवं गरीब से है।

तीन माह और सिर्फ तीन घंटे

उदयपुर, 20 फरवरी। मिशन चन्द्रयान मार्च-अप्रेल में पूरा हो जाएगा। इस अभियान में इसरो के अध्यक्ष जी माधवन नायर कितने व्यस्त हैं। यह उनकी पत्नी से ज्यादा अच्छा कौन जान सकता है और अनुभव कर सकता है। मंगलवार को यहां माधवन नायर जब रानी विलेज में दोपहर का भोजन करने पहुंचे तब वहां मौजूद उनकी पत्नी श्रीमती राधा नायर ने संक्षिप्त बातचीत में उनकी व्यस्तता को बयां करते हुए कहा पिछले तीन माह में पति के साथ मुश्किल से तीन घंटे बिताए। उन्हे गर्व है कि उनके पति इसरो के अध्यक्ष पद का जिम्मा संभालकर देश के लिए योगदान कर रहे हैं। श्रीमती नायर ने कहा कि इसरो अध्यक्ष की पत्नी होने के नाते गर्व तो होता ही है। पति के पास समय नहीं होने से कई समस्याएं आती ही है लेकिन वे अपने स्तर पर उन्हें सुलझा लेती हैं। विक्रम साराभाई संस्थान से छह वर्ष पहले उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। माधवन को गाना उन्हें नहीं आता लेकिन पढ़ना एवं मजाकिया उपन्यास लिखना उन्हें अच्छा लगता है। नौ मार्च को वे फिर दक्षिण अमरीका जा रहे हैं। 10 मार्च को फ्रेंच गुयाना से अंतरिक्ष यान इनसेट-4 ई प्रक्षेपित होना है। इसका उपयोग डाइरेक्ट टू होम टेलीविजन (डीटीएच) में किया जाएगा।

दैनिक नवज्योति | अजमेर, गुरुवार, 8 जुलाई, 2004 | 12



गोष्ठी वैज्ञानिक डॉ. दौलत सिंह कोठारी की 98वीं जयन्ती पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्रो. एस.एन. जोशी। फोटो : नवज्योति

कोठारी ने समाज को जो दिशा दी वह मार्गदर्शन करेगी

शिक्षाविद् वैज्ञानिक डॉ. दौलत सिंह कोठारी की 98वीं जयन्ती मनाई

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 7 जुलाई। भारतीय आध्यात्मिक वांगमय और आधुनिक विज्ञान से ससमन्वित विज्ञान ऋषि डॉ. दौलत सिंह कोठारी ने समाज को जो दिशा दी वह आने वाली शताब्दियों में मनुष्य मात्र का मार्गदर्शन करती रहेगी। शिक्षा, सुरक्षा, विज्ञान एवं मानव कल्याण जैसे क्षेत्रों में हुई अभिव्यक्तियां उनके आध्यात्मिक उद्भव का ही परिणाम थी। डॉ. कोठारी असल में भारत ज्योति और विश्व मनीषी थे। यह विचार आज प्रख्यात शिक्षाविद् वैज्ञानिक डॉ. दौलत सिंह कोठारी की 98वीं जयन्ती के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किए। प्रमुख अतिथि के रूप में बोलते हुए मो.सु. विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. आर.के. राय ने कहा कि डॉ. कोठारी पर वैज्ञानिक आईन्टाईन व महात्मा गांधी का समान रूप से प्रभाव था। वे उन दोनों की समन्वित अभिव्यक्ति थे। कोठारी ने गांधी को अपने चरित्र में जीया और पूर्ण रूप से निरहंकारी हो गए।चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि भारत सुरक्षा, शिक्षा एवं विज्ञान जैसे क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियां उनकी आध्यात्मिक चेतना की ही परिणाम थी। उन्होंने भारतीय मनीषा को यथार्थ में जीया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे भारत ईस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पी.एल. अग्रवाल ने कहा कि मेवाड़ के सपूत पर पूरे राष्ट्र को गर्व है। वे हमेशा यश एवं कीर्ति से दूर रहे तथा जीवन को एक साधक की तरह जीया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रोफेसर एस.एन. जोशी ने कहा कि वे दूरदर्शी व दार्शनिक थे। उन्होंने भगवद् गीता को जीवन में उतारा। उन्होंने ज्ञान-विज्ञान के अभेद को सुन्दर अभिव्यक्ति दी।

मोलासुविवि के भौतिक शास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. यू.एन. उपाध्याय ने कहा कि पश्चिम जगत विचारों में पूर्णता नहीं ला पाया, किन्तु भारतीय आध्यात्मिक दृष्टि ने इसे पूर्णता दी। उन्होंने सुझाव दिया कि राजस्थान शिक्षा बोर्ड में डॉ. कोठारी को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी मानव कल्याण के महान अन्वेषक थे। उनके ज्ञान-विज्ञान की समन्वित संस्कृति का मंत्र विश्व समुदाय को संकट से पार ले जाकर सुन्दर विश्व का निर्माण कर ससकता है। उन्होंने कहा कि अहिंसा और विज्ञान का समन्वय भविष्य को सुनिश्चित करता है जिसे डॉ. कोठारी ने हमेशा रेखांकित किया।

झीलों की नगरी

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 5 फरवरी, 2002





पुर के रवीन्द्रनाथ टैगोर महाविद्यालय के सभागार में सोमवार को आयोजित डॉ. दौलतसिंह कोठारी चतुर्थ व्याख्यानमाला में सम्भागियों से संवाद करते हुए देश के ख्यातिनाम वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम व वेन्द सिंह मेवाड़। -पत्रिका फोटो

.. तब उनकी खुशी का कोई ठिकाना न

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 4 फरवरी। उदयपुर के रेलवे ट्रेनिंग स्कूट के अंधियारे से सभागार में भारी उत्सुकता जिज्ञासा लिए बड़ी संख्या में जमा स्कूली उनके मंच पर प्रकट होने की प्रतीक्षा में थे न वे सभागार में प्रविष्ट हुए और मंद-मंद ान लिए मंथर गति से बच्चों से तरफ बढ़ने ड़े बच्चों की खुशी का कोई ठिकाना न रहा।

हाज और सरल महान और मझे हुए और कोई नहीं ीय प्रक्षेपास्त्र ोंकी के जनक डा. ल कलाम थे ो अपने बीच ही ल्कुल पास पाकर च्चा चहक उठा। बच्चे अपना आपा पाते इससे पहले क सवाल निकल डा. कलाम के ने मुखारबिंद से

क्या बनना चाहोगी' अगली पंक्ति में बैठी र्डा स्कूल की बालिका भाग्यश्री ने पहले खा फिर विश्वास हो गया कि ये सवाल मुखातिब है तो अचकचा गई फिर कुछ तो बोली 'नासा जाना चाहती है।' डा. ने अपनी मीठी सी मुस्कान स्वीकृति भरे में बिखेरी और आगे भी कुछ छात्रों से वाल करते हुए मंच तरफ बढ़ गए। मंच पीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने लाम का परिचय ब्रह्मास्त्रधारी गांधी के दिया। इसके बाद डा. कलाम के गत् 15 सहयोग एवं डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ फिजीयोलोजी एण्ड एलाइड साइंस के निदेशक डा. डब्ल्यू सेल्वामूर्ति ने विचार व्यक्त किए। सन् 2003 तक देश के एक लाख स्कूली बच्चों से मिलने के अपने मिशन के तहत उदयपुर की एक दिवसीय यात्रा पर आए डा. अब्दुल कलाम ने स्कूली बच्चों की करतल ध्वनि के बीच कहा कि वे सपने देखें। उन्हें विचारों का रूप दें और विचार को कृत्य में बदलें।

एक लाख बच्चों से मिलने के मिशन के तहत उदयपुर आए डा. कलाम

प्रधानमंत्री के पूर्व रक्षा सलाहकार ने शहर के स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हमारा एक ही ध्येय है कि देश को विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में खड़ा किया जाए। डा. कलाम ने कहा कि सन् 1857 में जब पहला स्वतंत्रता संग्राम छेड़ा गया था तो सबका एक ही ध्येय था कि देश को आजाद कराना है। नब्बे वर्ष बाद 1947 में देश आजाद हुआ। लेकिन तबसे हम विकासशील राष्ट्रों की पंक्ति में ही खड़े है। देश में अब भी 30 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि हमारा अब एक ही ध्येय होना चाहिए कि देश को विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में खड़ा किया जाए। उन्होंने कहा कि आजादी के साथ हमें हर क्षेत्र में प्रखर नेतृत्व मिला। चाहे राजनीतिक हो या आर्थिक क्षेत्र। विज्ञान में हमें सन् 1925 से 1935 के बीच ही रामानुजन, मेघनाथ साहा, जे.सी. बोस, श्रीनिवास रामानुज व चन्द्रशेखर जैसे प्रबुद्ध वैज्ञानिक मिले लेकिन बावजूद इसके हम आज विकासशील राष्ट्रों की पंक्ति में खड़े हैं।

डा. कलाम ने कहा कि देश को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाना है तो हमें विचारों में नवीनता लानी होगी, उससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, प्रतिस्पर्धा से ज्ञान शक्ति उत्पन्न होगी और ज्ञान शक्ति से नई तकनीक जन्म लेगी। उन्होंने कहा कि नई तकनीक ही देश को आर्थिक समृद्धि प्रदान करेगी। डा. कलाम ने मंच से भी 'मी एण्ड माई नेशन' के माध्यम से बच्चों को संकल्प दिलाया कि वे भारत को विकसित देश व आर्थिक शक्ति बनाने के लिए ज्ञान का दीपक हमेशा जलाए रखेंगे।

उन्होंने बताया कि उनके मिशन का उद्देश्य अगस्त 2003 तक एक लाख स्कूली बच्चों से बातचीत कर विकासशील भारत के लिए जागृत मस्तिष्क तैयार करने व किशोरों की कल्पनाशीलता को कार्यरूप दिलाना है। डा. कलाम के संबोधन के बाद मंच से ही बच्चों के सवालों के जवाब दिए। एक छात्र ने जब उनसे पूछा 'क्या वह समय में पीछे जा सकता है तो उन्होंने कहा कि सूर्य के तुमने अब तक 15 चक्कर लगा लिए हैं, यानी तुम 15 वर्ष के हो। क्या यह चाहते हो कि तुम पहले चक्कर में चले जाओ।' इसके बा

राष्ट्रीय स्तर के एक बाल विज्ञ से पूछा कि वह अपनी पढ़ाई कैसे साथ-साथ करें तो उन्हों पसीना बहाओगे तो जवाब छात्रा ने पूछा कि प्रक्षेपास्त्र वि की बुनियादी जरूरतों को पूरा व की बात क्यों नहीं करते तो उन पूर्व और पश्चिम में प्रक्षेपास्त्र फिर हम कैसे चुपचाप सो शक्ति सम्पन्न होने के बावजूद इसका उपयोग हम पहले नहीं

प्रक्षेपास्त्रों की कम उम्र के इसे गलत जानकारी बताया प्रोपलेन्ट (ईंधन) की अवस्था उम्र बढ़ाई जा सकती है। मैं अप कैसे बनाऊं इस सवाल के कहा कि अपना यानी पढ़ाई

से उत्पन्न हो तभी से शोध की चाहिए और बच्चा तो सबसे शोधार्थी होता है जिसके पास स होते हैं।

एक और कार्यक्रम में ज जब डा. कलाम ने बच्चों के प्रश्नों बंद किया और कुछ ही देर में लगे तो सभागार में इकट्ठे बच्चों की ओर उमड़ पड़ा। इस पर डा. मंच पर चढ़े व माईक संभालते हु अपने प्रश्नों के मुझे ई-मेल करें। हस्ताक्षर भी मिलेगा। तब जाकर जाने दिया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 5 फरवरी 2002



पत्रिका फोटो

आप क्या बनना चाहोगे? देश के प्रख्यात रक्षा वैज्ञानिक व 'मिसाइल मैन' डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सोमवार को उदयपुर के रेलवे ट्रेनिंग सभागार में स्कूली बच्चों से सवाल पूछते हुए।

प्रक्षेपास्त्र प्रौद्योगिकी का व्यावसायिक दोहन सुरक्षा की कीमत पर न हो

डा. अब्दुल कलाम से बातचीत

- घनेन्द्र सिंह सरोहा -

उदयपुर, 4 फरवरी। भारत में मिसाइल तकनीक के जनक भारतरत्न डा. अब्दुल पकीर जैनुल आबेदिन कलाम देश की वैज्ञानिक एवं सामरिक प्रौद्योगिकी क्षमता के व्यावसायिक दोहन के पक्षधर हैं और उनका कहना है कि भारत को विकसित देशों की पंक्ति में आने के लिए अपने अनुसंधान और उपलब्धियों का व्यावसायिक दोहन करने में हिचकना नहीं चाहिए सिर्फ इतना ध्यान रखा जाए कि ऐसा कोई काम देश की सुरक्षा की कीमत पर नहीं हो।

उदयपुर के गौरव प्रमुख वैज्ञानिक डा. दौलत सिंह कोठारी की स्मृति में सोमवार को यहां आयोजित चतुर्थ व्याख्यानमाला में प्रमुख वक्ता के रूप में भाग लेने आए डा. कलाम ने 'राजस्थान पत्रिका' के साथ एक विशेष भेंट में मिसाइल तकनीक का अन्य देशों के साथ व्यापारिक गठबन्धन करने की देश की मौजूदा नीति का समर्थन करते हुए कहा कि बदले विश्व परिदृश्य में भारत को नई संभावनाओं का दोहन करने में अब पीछे नहीं रहना चाहिए।

अग्नि, आकाश, पृथ्वी, नाग और त्रिशूल मिसाइल परियोजना के जनक डॉ. कलाम से जब यह सवाल किया गया कि करीब पन्द्रह वर्ष बीत जाने के बाद भी देश में इनका बड़े स्तर पर उत्पादन नहीं होना क्या दर्शाता है, तो

(शेष पृष्ठ 7 पर)

कलाम.....

(पृष्ठ एक का शेष)

उन्होंने कहा इनमें से दो का तो उत्पादन हो रहा है जबकि अन्य तीन के प्रायोगिक चरण शीघ्र ही पूरे कर लिए जाएंगे। अग्नि 'तीन' की भावी संभावनाओं के बारे में उन्होंने कहा कि फिलहाल वे देश की इस परियोजना से नहीं जुड़े हुए हैं इसलिए इस बारे में कुछ नहीं कह सकते।

डा. कलाम ने एक सवाल के जवाब में दृढ़तापूर्वक कहा कि मौजूदा परिप्रेक्ष्य में देश सामरिक दृष्टि से मजबूत है। सन् 2003 तक देश के एक लाख स्कूली बच्चों से मिलने के लक्ष्य के बाद आगे का उनका क्या 'मिशन' इस सवाल पर उन्होंने कहा बच्चों से जो कुछ मिलेगा उसे संग्रहित करके एक बार फिर से बच्चों के पास जाऊंगा।

दैनिक भास्कर
उदयपुर विक्रम संवत २०५८, माघ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, मंगलवार, 5 फरवरी, २००२

फिल्म 'नाच नागिन गली गली' रहा। 27 फरवरी को होने वाले उपचुनाव के लिए



उदयपुर में सोमवार को रेलवे ट्रेनिंग स्कूल सभागार में बच्चों से मुखातिब प्रो. अब्दुल कलाम। भास्कर

कलाम का नई पीढ़ी से दृष्टि, मिशन व श्रेष्ठता का आह्वान

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 4 फरवरी। विश्व में भारतीय प्रक्षेपास्त्रों की गर्जना और गौरव का गुंजार करने के बाद 'अग्नि-पिता' प्रो.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में देखने के सपने को साकार करने के लिए युवा पीढ़ी का दृष्टि, मिशन और श्रेष्ठता के लिए आह्वान किया है। प्रो.कलाम सोमवार को यहां रेलवे ट्रेनिंग स्कूल में विद्यालयी छात्र-छात्राओं तथा रवींद्रनाथ टैगोर आयुर्विज्ञान महाविद्यालय में शांतिपीठ संस्था की डा.दौलतसिंह कोठारी व्याख्यानमाला को संबोधित कर रहे थे।

प्रो.कलाम ने 'क्या हम कर सकते हैं' विषय पर केन्द्रित अपने उद्बोधन में दो मूल प्रश्न उठाए और उनके तत्काल जवाब की बजाए सुविचारित उत्तर अपने ई-मेल apjabdulkalam@yahoo.com पर मांगे। उन्होंने प्रथम प्रश्न ऐतिहासिक संदर्भ में उठाया कि तीन हजार वर्ष के भारतीय इतिहास में जहां हमपर अनेकों आक्रमण हुए, हम आक्रांत हुए और शासित भी हुए, किंतु हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया, न आक्रांत किया। इसकी क्या वजह रही? उनका दूसरा प्रश्न था कि स्वाधीनता के बाद 1947 से हम एक विकासशील राष्ट्र ही हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हम क्या योगदान दे सकते हैं? अपना उद्बोधन सन् 1857 से शुरू करते हुए प्रो.कलाम ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 16 अगस्त, 1947 के समाचार पत्र के मुख्य पृष्ठ पर पंडित नेहरू की भारतीय ध्वज फहराते और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की नंगे पैर नवाखाली की सड़क पर शांति की अपील करते तस्वीरें छपीं। यह विचारणीय है कि स्वाधीनता संग्राम के संचालक, राष्ट्रपिता वहां नहीं थे जहां हर नेतृत्वकर्ता होना चाहता है।

श्री कलाम ने कहा कि स्वाधीनता आंदोलन के दौरान सामने आए भारतीय नेतृत्व की यही श्रेष्ठता थी। सर्वोच्च व्यक्ति ने नई पीढ़ी को आगे लाकर स्वयं को आमजन के कष्टों के निवारण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने नेतृत्व के एक श्रेष्ठ कर्म को सातत्य प्रदान किया। प्रो.कलाम ने कहा कि महात्मा गांधी की प्रबंधन और नेतृत्व की श्रेष्ठता प्रेरणास्पद है। प्रो.कलाम ने कहा कि स्वाधीनता हमारा प्रथम मिशन था, अब दूसरा मिशन देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। इसके लिए मुख्य आवश्यकता भारत की आर्थिक मजबूती है। (शेष पृष्ठ 13 पर)

■ राजस्थान ■ [illegible] ■ हिमाचल ■ चंडीगढ़ के साथ

कलाम का नई पीढ़ी से दृष्टि, मिशन व श्रेष्ठता का आह्वान

अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता, भूखे लोग और अनाज को समुद्र में बहाने की विडंबना को इंगित करते हुए उन्होंने कृषि के साथ खाद्य प्रसंस्करण पर जोर दिया। प्रो.कलाम ने कहा कि आर्थिक शक्ति बनने के लिए नवाचार जरूरी है, जो प्रतिस्पर्द्धात्मकता से प्राप्त होगा। इसके लिए ज्ञान की जरूरत है, जो टेक्नोलाजी से विकसित होगा। नवाचार को स्पष्ट करते हुए प्रो.कलाम ने लिली पुष्प के हर प्रकार के जल में खिलने पर तमिल भाषा में रचित पंक्तियां उद्धृत कीं। डा.कोठारी, होमी जहांगीर भाभा और विक्रम साराभाई का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन वैज्ञानिकों ने क्रमशः रक्षा, नाभिकीय ऊर्जा और अंतरीक्ष में भारत को नई दृष्टि दी। उन्होंने विज्ञान के प्रसार और आर्थिक उपयोग की राह दी, जो देश को आर्थिक शक्ति बनने के लिए जरूरी है। अब हमें इस क्षेत्र में वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा पर खरा उतरने की जरूरत है। विकसित भारत के लिए उन्होंने कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार तकनीक तथा मूलभूत क्षेत्रों में विकास की आवश्यकता जताई और कहा कि इसका दायित्व युवा पीढ़ी पर है। देश भर में स्कूली विद्यार्थियों से मुलाकात के अपने अभियान को स्पष्ट करते हुए प्रो.कलाम ने बताया कि उनका लक्ष्य 2003 तक एक लाख हाई स्कूली बच्चों से मिलने का है। बच्चों से संवाद के लिए पंद्रह अक्टूबर, 2000 को 'सूर्य की 69वीं परिक्रमा पूर्ण करने' (जन्मदिन) के अवसर पर अपने मित्रों द्वारा शुरू की गई वेबसाइट का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि वे अब तक त्रिपुरा, आसाम, झारखंड, गुजरात तथा राजस्थान व तमिलनाडु में बीस हजार से अधिक बच्चों से मिल चुके हैं। प्रो.कलाम ने बच्चों से ई-मेल संवाद से चयनित चार संदेशों, विचार की उत्कृष्टता, राष्ट्र के लिए कार्य, शिक्षा व राष्ट्र की सुरक्षा को उद्धृत किया। प्रो.कलाम ने विकसित एवं शक्तिशाली राष्ट्र के लिए 'विजन, मिशन और नोबेलिटी आफ मैनेजमेंट'का युवाओं का आह्वान किया। शांतिपीठ के कार्यक्रम में संभागियों से प्रश्नोत्तर में प्रो.कलाम ने भारत से 'ब्रेन ड्रेन' को कपोल कल्पना बता। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष दो लाख इंजीनियर, एक लाख वैज्ञानिक (बीएससी, एमएससी) उत्तीर्ण होते हैं, जिनका एक छोटा हिस्सा विदेशों में जाता है। इनमें भी भारतीयता की भावना रहती है और वे देश में भी संस्थाओं, उद्योगों में मदद देते हैं। अमेरिका की विश्वप्रसिद्ध सिलिकोन वैली चीनवासियों और भारतीयों से ही आबाद है। उन्होंने अपनी उपलब्धियों को 'शिक्षकों की देन' बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों की रुचि अनुसार विषय चयन कराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं अपितु माता, पिता और शिक्षक ही देश से भ्रष्टाचार खत्म कर सकते हैं। मिसाइल कार्यक्रम के वृहद् खर्च पर उन्होंने कहा कि पूर्व और पश्चिम में परमाणु मिसाइल संपन्न राष्ट्रों से घिरे होने पर हमारा परमाणु कार्यक्रम जरूरी है। यद्यपि विश्व में भारत का परमाणु कार्यक्रम पर खर्च सबसे कम है। उन्होंने कहा कि हमें एक कमजोर राष्ट्र के मानस से उबरना होगा। श्री कलाम दोपहर बारह बजे उदयपुर पहुंचे और सबसे पहले शांतिपीठ आश्रम गए, जहां संस्थापक अध्यक्ष अनंतगणेश त्रिवेदी व अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वहां से वे शिवनिवास पैलेस गए। हवाई अड्डा पर शांतिपीठ के पदाधिकारियों के साथ ही प्रोटोकाल अधिकारी तारिक खान ने प्रो.कलाम को विदाई दी।

एक हजार पर मात्र 7 वैज्ञानिक

दैनिक भास्कर
उदयपुर, सोमवार 7 जुलाई, 2008

प्रो.डी.एस. कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला में रक्षामंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार एम. नटराजन ने देश में कमजोर साइंस बेस पर चिंता जताई

नगर संवाददाता. उदयपुर

कनाडा में प्रति एक हजार की आबादी पर साइंस और टेक्नॉलोजी से जुड़े 180.66 कार्मिक हैं। रशिया में यह अनुपात 112.77 है, जबकि अमेरिका में 21.15 है। इनके बनिस्पत भारत में केवल 7.8 कार्मिक प्रति हजार की आबादी पर उपलब्ध है। साइंस बेस में यह कमी एक बड़ी चुनौती है। साइंस को बतौर कैरियर अपनाने के लिए प्रोत्साहन देना चाहिए।

शांतिपीठ की ओर से रविवार को आरएनटी मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित 8वीं प्रो.डी.एस.कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला में रक्षामंत्री के वैज्ञानिक सलाहकर व रक्षा विभाग के रिसर्च एंड डेवलपमेंट विभाग के सचिव एम.नटराजन ने यह उद्‌बोधन दिया। उन्होंने आगे कहा कि करीब 100 विदेशी कंपनियों ने देशभर में अपने रिसर्च और विकास यूनिट स्थापित किए हैं जो यह दर्शाता है कि भारत में साइंटिफिक टेलेंट की कमी नहीं। लेकिन इसका लाभ देश को नहीं, विदेशियों को मिल रहा है। श्रोताओं ने व्याख्यान के बाद सवाल-जवाब भी किए। आरंभ में शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने स्वागत किया।



■ आरएनटी मेडिकल कॉलेज सभागार में रविवार को आयोजित व्याख्यान माला में डा. सेल्वामर्क ने वैज्ञानिक डा. कोठारी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया।

विश्वविद्यालयों की बड़ी भूमिका

नटराजन ने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि देश में 302 यूनिवर्सिटी, 13 राष्ट्रीय उच्च शिक्षण केन्द्र और 16 हजार कॉलेज पर क्वालिटी शिक्षा का भार है। युवा पीढ़ी को मूल्य आधारित गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने का दायित्व शिक्षकों पर है। डीआरडीओ के चीफ कंट्रोलर डा. डब्ल्यू सेल्वामूर्ति ने कहा कि संस्थान अपनी क्षमताओं का इस्तेमाल सामुदायिक सेवा के लिए कर रहा है।

हंसते रहो, अच्छे से पढ़ो

डीआरडीओ के वैज्ञानिकों ने लेकसिटी के विद्यार्थियों को खुश रहने की सीख दी। शांतिपीठ परिसर में बच्चों से संवाद करते हुए चीफ कंट्रोलर डा.सेल्वामूर्ति ने कहा मानव जन्म लेकर दुखी होने की कोई वजह नहीं है। भगवान ने कुत्ते-बंदर बनाए, लेकिन उसने तुम्हें 6 इन्द्रियों वाला समझदार मनुष्य बनाया। इतना सुंदर शरीर दिया। 6 बिलियन लोगों में 26 प्रतिशत विमंदित श्रेणी में हैं। बाकी में 27 प्रतिशत निरक्षर हैं। बच्चों, तुम भाग्यशाली हो कि तुम्हें स्वस्थ शरीर और शिक्षा का अवसर मिल रहा है।

वैज्ञानिकों के लिए अनिवार्य किया योग

नटराजन ने बताया कि डीआरडीओ में वैज्ञानिकों के लिए छह महीने योग प्रशिक्षण अनिवार्य है। सैन्य बलों के लिए योग प्रारंभ किया गया है। विकट परिस्थितियों में काम से थके जवानों का तनाव मिटाने व भावनात्मक समस्याओं के नियंत्रण में यह कारगार तकनीक है। मिलिट्री व्हीकल टेक्नॉलोजी में दक्ष नटराजन डीआरडीओ के अनुसंधान को आर्थिक व सामाजिक सरोकारों से जोड़ने के पक्षधर हैं।

इसके लिए डीआरडीओ कई राज्यों में विश्वविद्यालयों व वैज्ञानिक संस्थाओं की साझेदारी में काम कर रहा है। इस कड़ी में राजस्थान में जोधपुर में मरूस्थल को हरा भरा करने, सौर ऊर्जा के उपयोग पर प्रोजेक्ट चल रहे हैं। डीआरडीओ ने प्लेग, एंथ्रेक्स, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारियों के डायग्नोस्टिक किट बनाए हैं। 2050 में डिफेंस का परिदृश्य कैसा होगा, इस सवाल पर श्री नटराजन का जवाब था कि शायद तब डिफेंस की जरूरत ही न पड़े। कोई ज्योतिष अगर बता दे कि अमुक साल में युद्ध होगा तो निश्चित रूप से रक्षा का स्वरूप तय किया जाएगा।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर » 7 जुलाई 2008

आठवां प्रो.दौलतसिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान

विज्ञान + तकनीक + शोध + विकास = तरक्की

परमाणु शक्ति कार्यक्रम विकसित तकनीक का उदाहरण

देश को संवारने की जिम्मेदारी शिक्षकों पर

रक्षा तकनीकों में प्राप्त हो रहीं नई उपलब्धियां

जस्ट रिपोर्टर
उदयपुर, 6 जुलाई



आरएनटी मेडिकल कॉलेज सभागार में रविवार को आयोजित डॉ. डी.एस. कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला में उपस्थित गणमान्य लोग। *पत्रिका*

भारत का परमाणु शक्ति व अंतरिक्ष कार्यक्रम विकसित हो रही तकनीक के जीवंत उदाहरण हैं। विज्ञान, तकनीकी, शोध व विकास मिल कर ही देश को आगे बढ़ाने की दिशा में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। यह बात रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार व रक्षा सचिव एम.नटराजन ने कही। वे रविवार को शांतिपीठ की ओर से आरएनटी मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित आठवें प्रो.दौलतसिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि उदबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश का विकास उसके नागरिकों व उनकी शिक्षा से प्रारंभ होता है। शिक्षकों को यह जिम्मेदारी समझते हुए भविष्य को गुणवत्तायुक्त नागरिक सौंपने होंगे। उन्हीं के कंधों पर देश को सुनहरा भविष्य देने की चुनौती है। उन्होंने कहा कि आज सौ से भी अधिक वैश्विक कंपनियों ने भारत में अनुसंधान व विकास इकाइयां स्थापित की हैं जिससे देश की वैज्ञानिक क्षमता व प्रतिभा साबित हो रही है।

नटराजन ने कहा कि रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन (डीआरडीओ) खुद को नई-नई तकनीक व अन्वेषण के माध्यम से समृद्ध करने में लगा हुआ है। संगठन से जुड़ी 50 प्रयोगशालाएं एरोनोटिक्स, आरमामेंट्स (युद्ध सामग्री), इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग सिस्टम्स, मिसाइल, नेवल सिस्टम्स जैसी रक्षा तकनीक विकसित करने में सहयोग कर रही हैं।

नटराजन ने कहा कि संगठन अपनी वैज्ञानिक क्षमताओं का सामाजिक विकास के लिए भी उपयोग करता है। डीआरडीओ ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन से जुड़ कर लातूर व भुज में भूकंप, तमिलनाडु में सुनामी और राजस्थान के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विकसित तकनीकों के माध्यम से राहत पहुंचाने का कार्य भी किया है।

इससे पूर्व विशिष्ट अतिथि वैज्ञानिक डॉ. डब्ल्यू सिल्वामूर्ति ने कोठारी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला और एम. नटराजन की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.एस.के. कौशिक व शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने भी उद्बोधन दिया। इस अवसर पर आयोजित प्रश्न सत्र में एम.नटराजन से उपस्थित लोगों के प्रश्नों के रोचक व ज्ञानवर्द्धक उत्तर दे कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। अंत में एम.एस कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ. अरुण जकारिया ने किया।

एक लाख रुपए देने की घोषणा

फील्ड क्लब सचिव दलपत सुराणा ने प्रश्न सत्र के दौरान आरएनटी मेडिकल कॉलेज में प्रो.डी.एस कोठारी की प्रतिमा लगवाने के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, बुधवार, 8 जुलाई 2009



उदयपुर में मंगलवार को डॉ. दौलतसिंह कोठारी की जयंती पर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते मोहनसिंह कोठारी। फोटो-नवज्योति

वर्तमान युग के ऋषि थे डॉ. कोठारी

जयंती पर श्रद्धा स्मृति सभा

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 7 जुलाई। भारतीय संस्कृति में सर्वोत्तम स्थिति में पहुंचे व्यक्ति को ऋषि कहा है। ऋषि वह है जिसमें विज्ञान और ज्ञान दोनों विधाओं का शीर्षस्थ समन्वय हो। आधुनिक काल में यह बात डॉ. दौलत सिंह कोठारी के व्यक्तित्व में मिलती है।

यह विचार मंगलवार को प्रख्यात वैज्ञानिक-शिक्षाविद डॉ. दौलतसिंह कोठारी की 103 वीं जयंती के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित श्रद्धा-स्मृति सभा में अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए चिन्तक मोहनसिंह कोठारी ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी वर्तमान युग के ऋषि थे। सभा में बोलते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी ने मानव मात्र के परित्राण के लिए विज्ञान व अध्यात्म के अभाज्य उत्कर्ष का प्रतिपादन किया। वे विवेक प्रधान विश्व विकास के दृष्टा थे। त्रिवेदी वे कहा विज्ञान के साथ ही आत्म विवेक के समानान्तर उन्नयन से ही वर्तमान में उपस्थित विषम हालात को नियंत्रित किया जा सकता है।

इस अवसर पर शिक्षाविद कैलाशबिहारी वाजपेयी ने कहा कि डॉ. कोठारी सत्यम, शिवम, सुन्दरम का समन्वय थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में समस्याओं का समाधान कोठारी आयोग में खोजा जा सकता है। गोष्ठी में पूर्व सांसद जयनारायण रोत, डॉ. पी.एल.शर्मा, के.एल.बापना, विनय कोठारी, एडवोकेट धर्मराज एवं मदन बोकडिया ने भी विचार व्यक्त किये। सभा में सर्वसम्मत राय थी कि विश्व विख्यात मेवाड़ के व्यक्तित्व की स्मृति अक्षुण्ण बनाए रखने के पुख्ता इन्तजाम होने चाहिए तथा किसी मुख्य मार्ग पर डॉ. कोठारी की प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिये। सभा का संचालन गोपाल नागदा ने किया तथा आभार गिरीश उपाध्याय ने व्यक्त किया।

उदयपुर



■ उदयपुर। डा. दौलतसिंह कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला में उपस्थित प्रबुद्धजन। -भास्कर

स्पेस टेक्नोलॉजी में नहीं मिल रहे हैं योग्य स्टूडेंट्स

इसरो अध्यक्ष ने 'दैनिक भास्कर' से बातचीत में कहा कि सेलेरी और ट्रेनिंग सेंटर्स के जरिए मानव संसाधन बढाएंगे।

नगर संवाददाता. उदयपुर

भारत जैसे जनसंख्या प्रधान राष्ट्र में स्पेस टेक्नोलॉजी के अध्ययन के लिए आवश्यकता के अनुपात में विद्यार्थियों की संख्या बहुत कम है। हर साल स्पेस डिपार्टमेंट की ओर से ऑल इंडिया टेलेंट सर्च के जरिए लिखित परीक्षा करवाई जाती है जिसमें 300 विद्यार्थियों का चयन होता है लेकिन अफसोस की बात है कि टेलेंट हंट में बामुश्किल 200 ही चयनित होते हैं।

इसरो के अध्यक्ष डा.माधवन नायर ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि अन्य कैरियर विकल्पों की तरह स्पेस स्टडी में मोटा वेतन नहीं होने से विद्यार्थियों का इस ओर रूझान कम है। मानव संसाधन की इस कमी को निपटने के लिए इसरो ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। हम अच्छी सेलेरी दे रहे हैं लेकिन भ्रम के चलते अभिभावक अभी भी अपने बच्चों को स्पेस टेक्नॉलोजी की शिक्षा नहीं देना चाहते। इसलिए हम अच्छे ट्रेनिंग सेंटर्स की भी स्थापना कर रहे हैं। स्कूल कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए भी अंतरिक्ष विज्ञान को रोचक विषय के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि शीघ्र ही पीरू में इनसेट चार-की कम्यूनिकेशन सेटेलाइट की लांचिंग होनी है। श्री हरिकोटा से इटली के लिए एक अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण भी मार्च में होगा। अगले साल मार्च-अप्रैल में चन्द्रायान भी लांच होगा। अंतरिक्ष विज्ञान में काफी प्रगति के बावजूद इसरो संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार ही व्यवहार करता है।

खाली वक्त में कॉमिक कहानियों का शौक

अंतरिक्ष के गंभीर रहस्यों-रॉकेट्स की रूखी दुनिया के गुरु को खाली वक्त में संगीत सुनना या हास्य लेखन का शौक है। राकेट मैन डा.नायर से जब एक बालक ने उनकी हॉबी को लेकर सवाल किया तो उन्होंने हंसते हुए बताया कि उनसे ये सवाल कई बार पूछे गए लेकिन कभी इसका जवाब नहीं दे सके। मुझे खाली वक्त कम ही मिलता है लेकिन ऐसे समय में संगीत सुनना, कुछ लिखना या फिर हास्य कहानियां पढ़ना पसंद करता हूं।

...इसलिए चुना मैंने स्पेस फील्ड

मुझे कुछ अलग काम करने की तमन्ना थी। किसी वस्तु को अलग नजरिए से देखना मेरी फितरत रही क्योंकि उसे पारंपरिक रूप में स्वीकार करना मुझे मंजूर नहीं था। 60 के दशक में मैंने पढ़ाई पूरी की तो उस वक्त स्पेस टेक्नॉलोजी एकदम नया फील्ड था जिसमें बहुत कुछ सीखने की गुंजाइश थी। मैं अभी भी सीख रहा हूं, मुझे यहां आज बच्चों ने दो बातें सीखा दी- एक सौर मंडल में आठ ग्रह और दूसरा ब्लैक होल्स की तरह व्हाइट रॉक होते हैं।

अंतरिक्ष यात्रा करती हैं तन-मन को हैरान

अंतरिक्ष जाने वाले यात्रियों को किस कदर परेशानी से गुजरना पड़ता है, इसका हम अंदाजा नहीं लगा सकते महीनों वहां रहने पर मस्तिष्क कार्य प्रभावित होता है, वे पूरी तरह टूट जाते हैं-चल फिर नहीं पाते। डा.नायर ने बच्चों से बातचीत में यह जानकारी दी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष में ग्रेविटी नहीं होने से शरीर का पूरा सिस्टम गड़बड़ा जाता है। वहां यात्री चलते नहीं बल्कि उड़ते हैं। उल्टा लटकने से कई बार रक्त संचार बिगड़ जाता है, शरीर में बराबर ब्लड फ्लो नहीं होने से ब्रेन का कामकाज प्रभावित होता है। ऐसे में जब यात्री पृथ्वी पर लौटते हैं तो पूरी तरह कोलेप्स हो जाते हैं। इस पर भी शोध व प्रयोग चल रहे हैं।

स्पेस लीडरशिप के साथ विकास में भागीदार बनेगा इसरो : डॉ.नायर

डा.दौलतसिंह कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला में इसरो के अध्यक्ष डा.माधवन नायर ने संस्थान द्वारा स्पेस टेक्नॉलाजी का आम लोगों के जीवन स्तर सुधार के लिए हो रहे इस्तेमाल व प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी।

नगर संवाददाता. उदयपुर

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. माधवन नायर ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान के अप्लाइड एस्पेक्ट में भारत विकसित देशों की बराबरी में है। स्पेस टेक्नोलॉजी का समाज व देशहित में किस तरह उपयोग कर नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाया जाए यह अब इसरो का ध्येय है। उन्होंने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल शांति व विकास के लिए जो देश कर रहे हैं, उनमें भारत अव्वल है।

डॉ. नायर मंगलवार को यहां शांतिपीठ संस्थान की ओर से जोनल रेल्वे ट्रेनिंग स्कूल सभागार में आयोजित डॉ. दौलतसिंह कोठारी स्मृति सातवीं व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के तौर पर बोल रहे थे।

गौरतलब है कि डॉ. नायर देश में रॉकेट टेक्नॉलोजी के सूत्रधार माने जाते हैं। जीएसएलवी-पीएसएलवी सहित कई रॉकेट प्रक्षेपण उन्हीं के निर्देशन में हुए हैं।

डॉ. नायर ने भारत को प्राचीन काल से ही विज्ञान व तकनीकी क्षेत्र में आला मानते हुए आर्यभट्ट व विक्रमसाराभाई सरीखी प्रतिभाओं के योगदान को अद्वितीय बताया। उन्होंने कहा कि साराभाई का मिशन था कि उच्च तकनीक को आम आदमी के हितार्थ काम में लिया जाए। इसी कड़ी में इसरो रिमोट सेंसिंग व सेटेलाइट तकनीक का इस्तेमाल विकास कार्यों के लिए कर रहा है।

भविष्य में रिमोट सेंसिंग के माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व सूचना की दिशा में महत्वपूर्ण अनुसंधान चल रहे हैं, इससे काफी हद तक हम डिजास्टर मैनेजमेंट में सफल हो सकेंगे जिससे मानव सभ्यता को राहत मिलेगी। टेलीमेडिसिन व टेली एज्यूकेशन आने वाले समय में काफी महत्वपूर्ण हो जाएंगे। करीब 180 अस्पतालों में टेलीमेडिसिन सुविधाएं चल रही हैं जिसमें से 32 सुपर स्पेशालिटी श्रेणी के हैं। अब ग्रामीण स्तर तक इस सुविधा के प्रसार की कोशिश होगी।

इससे पहले शांतिपीठ के संस्थापक श्री अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया कि मानव जगत के हित व विकास में विज्ञान व आध्यात्म का समन्वय के उद्देश्य से हर साल यह व्याख्यानमाला आयोजित होती है। रेल्वे ट्रेनिंग स्कूल के प्रिंसीपल श्री जेएस मीणा ने अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता पूर्व विदेश सचिव श्री जगत मेहता ने की। अंत में मोहनसिंह कोठारी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के बाद डॉ. नायर ने ट्रेनिंग स्कूल में बने मॉडल रूम का भी अवलोकन किया।



■ डा. दौलतसिंह व्याख्यानमाला में मंच पर दाएं से अनंतगणेश त्रिवेदी, इसरो के अध्यक्ष डा. जी माधवन नायर, पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता आदि। -भास्कर

दैनिक नवज्योति
20 मई 06
अजमेर, शनिवार

निर्धन को ऊपर उठाने को इनोवेशन की आवश्यकता : मशेलकर



शान्तिपीठ उदयपुर द्वारा आयोजित डॉ. दौलत सिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान में बोलते हुए डॉ. मशेल्कर। फोटो : नवज्योति

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 19 मई। समाज के निर्धन तबके के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए नवीनीकरण (इनोवेशन) की आवश्यकता है और इसके लिए तकनीकी, सामाजिक व नीति स्तर पर ठोस कार्य करना होगा। यह विचार गुरूवार शाम को शान्तिपीठ के तत्वावधान में रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में वैज्ञानिक शिक्षाविद डॉ. दौलत सिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान में बोलते हुए सीएसआईआर के महानिदेशक डॉ. रघुनाथ आनंद मशेल्कर ने व्यक्त किए। उन्होंने अशिक्षा, गरीबी, निरक्षरता, गिरता स्वास्थ्य, पानी की कमी, जैस अनेक समस्याओं केस्थाई समाधान के लिए इनोवेशन के सशक्त आधार की पेशकश की। उन्होंने पावर पोइंट प्रोजेक्टर से गरीबी के चक्रव्यूह की संख्यात्मक अभिव्यक्ति देते हुए बताया कि तकनीक का बखूबी इस्तेमाल करते हुए गरीबी व अशिक्षा की पीड़ा से आमजन को

कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन

निजात दिलाई जा सकती है। उन्होंने उलेख किया कि जब टाटा को लाईसेंस मिला तो क्रान्तिकारी परिणाम सामने आए। ब्रिटेन की सड़कों पर इंडिका सिटी रोअर के नाम से दौड़ने लगी। उन्होंने चित्रावलोकन कराते हुए बताया कि दुनिया में 20 करोड़ लोगों के पास पीने का स्वच्छ जल नहीं है। 80 करोड़ हर रोज भूखे सोते है। उन्होंने सेनिटेशन की पुख्ता व्यवस्था की जरूरत बताई तथा सस्ते दामों पर गांवें को कम्पीटर से जोड़ने की बात भी कही। प्रारम्भ में उन्होंने डॉ. कोठारी को वैज्ञाकिनों में संत कहा। उन्होंने बताया कि डॉ. कोठारी का चिंतन वर्तमान में कहीं ज्यादा प्रासंगिक है। समारोह की अध्यक्षता करते सुखाड़िया विवि के कुलपति प्रो. बी.एल. चौधरी ने डॉ. मशेल्कर को तकनीकी विकास और नव निर्माण की प्रेरक शक्ति बताया। नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष शिवकिशोर सनाढ्य ने कहा कि यदि कोठारी कमीशन की रिपोर्ट शिक्षा में लागू की होती तो आज शिक्षा केनए-नए प्रयोगों के नाम पर यह दुर्दशा नहीं होती। प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने डॉ. मशेल्कर का परिचय देते हुए बताया कि निर्धन स्थिति में पलकर मशेल्कर ने पढ़ाई कर उच्च कीर्तिमान स्थापित किए है जो अनुकरणीय है। उन्होंने डॉ. कोठारी व्याख्यानमाला स्थापित किए है जो अनुकरणीय है। त्रिवेदी ने डॉ. मशेल्कर को स्मृति चिन्ह भेंट किया। मोहन सिंह कोठारी ने आभार व्यक्त किया, जबकि मनीषा शेखावत ने कार्यक्रम का संचालन किया।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, शुक्रवार, 6 फरवरी, 2009

अहिंसा के नजरिये से उपयोग में लें विज्ञान की उपलब्धियां

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 5 फरवरी। जो रास्ता जीवन को शाश्वत से जोड़े और समाज में एकता कायम करे वह रास्ता शांति और विकास की तरफ गमन करता है। आज आवश्यकता है विज्ञान की उपलब्धियों को आत्मज्ञान और अहिंसा के नजरिये से इस्तेमाल करने की तब ही जाकर समाज को आतंक और हिंसा के कुचक्र से बचाया जा सकता है।

वैज्ञानिक शिक्षाविद कोठारी की स्मृति में चिन्तन सभा संपन्न

यह विचार गुरुवार को विख्यात वैज्ञानिक-शिक्षाविद डॉ. दौलतसिंह कोठारी की पुण्य स्मृति में शांतिपीठ द्वारा आयोजित चिन्तन सभा में कई वक्ताओं ने व्यक्त किए। सभा की अध्यक्षता करते हुए पूर्व भारतीय प्रशासनिक अधिकारी एवं चिन्तक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि डॉ. कोठारी ने आणविक शक्ति के गलत हाथों में जाने व दुरुपयोग होने की संभावना पर चिन्ता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा जिसके पास आणविक शक्ति है, वह सर्वकल्याण की भावना रखे यह उसके लिए नितान्त आवश्यक है।



उदयपुर में गुरुवार को शांतिपीठ द्वारा आयोजित चिन्तन सभा में मंचासीन अतिथि। फोटो-नवज्योति

सभा में बोलते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि जो मार्ग जीवन को शाश्वत से जोड़कर विकास की ओर अग्रसर हो, वहां समाज को कमजोर करने की ताकतें ज्यादा वक्त टिक नहीं पाती। उन्होंने अहिंसामूलक खुले समाज की संस्थापना हेतु नैतिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता प्रतिपादित की। त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी ने विज्ञान और अध्यात्म के योग को आत्मसात करने का मार्ग बताकर वे नूतन शताब्दी के दृष्टा बन गए। असल में वे विज्ञान का उत्कर्ष और अध्यात्म की गहराई की अद्वैत अभिव्यक्ति थे। उन्होंने गांधीवादी वैज्ञानिक के रूप में राष्ट्र निर्माण की नूतन अवधारणा प्रस्तुत की थी।

शिक्षावद कैलाश बिहारी वाजपेयी ने कहा कि दर्शन और विज्ञान का एकत्व सदैव कल्याणकारी है जिसका समावेश डॉ. कोठारी ने अपनी शिक्षा नीति में किया था। उन्होंने कहा कि यदि कोठारी कमीशन का यथावत पालन किया जाता तो आज देश में शिक्षा का चित्र कुछ और ही होता। सभा में एच.एस. भंसाली, भोपालसिंह कोठारी ने भी विचार व्यक्त किए। सभा का संचालन शांतिपीठ डॉ. इन्द्रदेव जोशी ने किया।

विज्ञान अहिंसा के लिए काम करे

डॉ. कोठारी की स्मृति में
शांतिपीठ की चिंतन सभा

उदयपुर. जीवन को शाश्वत से जोड़े और समाज में एकता कायम करे। यह रास्ता शांति व विकास की तरफ गमन करता है। आज जरूरत है विज्ञान की उपलब्धियों को आत्मज्ञान और अहिंसा के नजरिए से इस्तेमाल करने की।

यह उद्‌गार बुधवार को विख्यात वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद् डॉ. दौलतसिंह कोठारी की स्मृति में शांतिपीठ की ओर से आयोजित चिंतन सभा में वक्ताओं ने व्यक्त किए। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि डॉ. कोठारी ने आणविक शक्ति के गलत हाथों में जाने व दुरुपयोग होने की आशंका पर चिंता व्यक्त की थी। पीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी, शिक्षाविद् कैलाशबिहारी वाजपेयी, एचएस भंसाली, भोपालसिंह कोठारी आदि ने भी विचार रखे। संचालन डॉ. इंद्रदेव जोशी ने किया।


शांति पीठ में डॉ. दौलत सिंह कोठारी की स्मृति में आयोजित चिंतन सभा में मंचासीन अतिथि।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, गुरुवार 5 फरवरी, 2009
विक्रम संवत 2065, माघ शुक्ल पक्ष, दशमी

प्रातःकाल

उदयपुर, मंगलवार 7 जुलाई, 2009

डा. दौलत सिंह की जयंती मनाई

उदयपुर, 6 जुलाई (वि)। भारतीय संस्कृति में सर्वोत्तम स्थिति में पहुंचे व्यक्ति को ऋषि कहा है। ऋषि वह है जिसमें विज्ञान और ज्ञान दोनों विद्याओं का शीर्षस्थ समन्वय हो। आधुनिक काल में यह बात डा. दौलत सिंह कोठारी के व्यक्तित्व में मिलती है। ये विचार शिक्षाविद डा. दौलतसिंह कोठारी की 103 वीं जयंती के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित श्रद्धा- स्मृति सभा में अध्यक्षीय उद्‌बोधन देते हुए चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने व्यक्त किये ।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विज्ञान के साथ ही आत्म विवेक के समानान्तर उन्नयन से ही वर्तमान में उपस्थित विषम हालात को नियन्त्रित किया जा सकता है।

इस अवसर पर शिक्षाविद कैलाश बिहारी वाजपेयी , पूर्व सांसद जयनारायण रोत, डा. पी.एल. शर्मा, के. एल. बापना, विनय कोठारी, धर्मराज एवं मदन बोकडिया ने भी विचार व्यक्त किये।

समाचार जगत
samachar jagat
जयपुर 7 फरवरी 2009

विज्ञान की उपलब्धियों को अहिंसा के नजरिये से उपयोग में लें

उदयपुर, (निसं)। जो रास्ता जीवन को शाश्वत से जोडे और समाज में एकता कायम करे वह रास्ता शांति और विकास की तरफ गमन करता है। आज आवश्यकता है विज्ञान की उपलब्धियों को आत्म ज्ञान और अहिंसा के नजरिये से इस्तेमाल करने की तब ही जाकर समाज को आतंक और हिंसा के कुचक्र से बचाया जा सकता है।

यह विचार विख्यात वैज्ञानिक-शिक्षाविद डॉ. दौलतसिंह कोठारी की पुण्य स्मृति में शांतिपीठ द्वारा आयोजित चिन्तन सभा में कई वक्ताओं ने व्यक्त किये। सभा की अध्यक्षता करते हुए पूर्व भारतीय प्रशासनिक अधिकारी एवं चिन्तक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि डॉ. कोठारी ने आणविक शक्ति के गलत हाथों में जाने व दुरुपयोग होने की संभावना पर चिन्ता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा जिसके पास आणविक शक्ति है, वह सर्वकल्याण की भावना रखे यह उसके लिए नितान्त आवश्यक है।



शांतिपीठ द्वारा आयोजित चिन्तन सभा में मंचासीन अतिथि।

प्रातःकाल
माघ शुक्ला 10, गुरुवार 5 फरवरी, 2009



उदयपुर। शांतिपीठ में आयोजित चिंतन सभा में मंचासीन वक्ता।

विज्ञान की उपलब्धियों को आत्मज्ञान से इस्तेमाल करें

उदयपुर, 4 फर. (वि.)। जो रास्ता जीवन को शाश्वत से जोड़ें और समाज में एकता कायम करें वह रास्ता शान्ति और विकास की तरफ़ गमन करता हैं। आज आश्यकता है विज्ञान की उपलब्धियों को आत्म ज्ञान और अहिंसा के नजरिये से इस्तेमाल करने की, तब ही जाकर समाज को आतंक ओर हिंसा के कुचक्र से बचाया जा सकता है।

ये विचार बुधवार को शिक्षाविद् डॉ. दौलत सिंह कोठारी की पुण्य स्मृति में शान्तिपीठ द्वारा आयोजित चिन्तन सभा में कई वक्ताओं ने व्यक्त किये।

सभा की अध्यक्षता करते हुए चिन्तक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि डॉ. कोठारी ने आणविक शक्ति के गलत हाथों में जाने व दुरूपयोग होने की संभावना पर चिन्ता व्यक्त की थी।

सभा में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने अहिंसा मूलक खुले समाज की संस्थापना हेतु नैतिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता प्रतिपादित की। त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी ने विज्ञान और अध्यात्म के योग को आत्मसात करने का मार्ग बताकर वे नूतन शताब्दी के दृष्टा बन गये। उन्होंने गांधीवादी वैज्ञानिक के रूप में राष्ट्र निर्माण की नूतन अवधारणा प्रस्तुत की थी।

शिक्षाविद् कैलाश बिहारी वाजपेयी ने कहा कि दर्शन और विज्ञान का एकत्व सदैव कल्याणकारी है जिसका समावेश डॉ. कोठारी ने अपनी शिक्षा नीति में किया था। सभा में एच.एस. भंसाली, भोपाल सिंह कोठारी ने भी विचार रखे। संचालन शान्तिपीठ डॉ. इन्द्रदेव जोशी ने किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, गुरुवार, 5 फरवरी 2009

'ज्ञान व अहिंसा से ही आतंक पर काबू संभव'

दौलतसिंह कोठारी की स्मृति में चिंतन सभा

कार्यालय संवाददाता
उदयपुर, 4 फरवरी

जो रास्ता जीवन को शाश्वत से जोड़े और समाज में एकता कायम करे, वह रास्ता शांति और विकास की तरफ गमन करता है। आज विज्ञान की उपलब्धियों को आत्मज्ञान और अहिंसा के आवश्यकता है। तब कहीं जाकर ही समाज को आतंक और हिंसा के कुचक्र से बचाया जा सकता है। प्रख्यात वैज्ञानिक व शिक्षाविद डा. दौलतसिंह कोठारी की पुण्य स्मृति में शांतिपीठ में बुधवार को आयोजित चिन्तन सभा में कई वक्ताओं के विचारों से यह स्वर मुखर हुआ।

भारतीय प्रशासनिक के पूर्व अधिकारी मोहनसिंह कोठारी ने अध्यक्षीय उदबोधन में आणविक शक्ति से सम्पन्न देशों से सर्वकल्याण की भावना रखते हुए शक्ति का उपयोग करने की अपील की। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि अहिंसामूलक खुले समाज की स्थापना के लिए नैतिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए कहा कि डा. कोठारी विज्ञान और अध्यात्म के योग को आत्मसात करने का मार्ग बताकर वे नूतन शताब्दी के दृष्टा बन गए। असल में वे विज्ञान का उत्कर्ष और अध्यात्म की गहराई की अद्वैत अभिव्यक्ति थे। उन्होंने गांधीवादी वैज्ञानिक के रूप में राष्ट्र निर्माण की नूतन अवधारणा प्रस्तुत की थी। शिक्षाविद कैलाशबिहारी वाजपेयी ने कहा कि दर्शन व विज्ञान का एकत्व सदैव कल्याणकारी है जिसका डा. कोठारी ने अपनी शिक्षा नीति में समावेश किया था। त्रिवेदी ने कहा कि यदि कोठारी कमीशन का यथावत पालन किया जाता तो आज देश में शिक्षा का चित्र कुछ और ही होता। सभा में एच.एस.भंसाली व भोपालसिंह कोठारी ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन शांतिपीठ के डा. इंद्रदेव जोशी ने किया।

ऑफेंस के लिए नहीं डिफेंस : एम. नटराजन

मुलाकात



रक्षामंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार और डीआरडीओ के महानिदेशक एम. नटराजन से भास्कर की खास बातचीत

गीता सुनील. उदयपुर

युद्ध दुश्मनी निकालने का साधन नहीं है। किसी भी देश को अपना डिफेंस सिस्टम इसलिए मजबूत बनाना चाहिए ताकि वह उसकी आर्थिक प्रगति में सहायक बनें। प्राकृतिक आपदा के समय रक्षा महकमा लोगों की जान बचाएं, रोग नियंत्रण में सहायक बने।

एमबीटी (मैन बैटल टैंक) 'अर्जुन', गन सिस्टम, 'भीम' सहित मिसाइल आकाश, अग्नि व नाग आदि के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले देश के प्रमुख रक्षा विशेषज्ञ एम. नटराजन का रक्षा और युद्ध को लेकर कुछ ऐसा ही नजरिया है। रविवार को उदयपुर आए नटराजन से 'दैनिक भास्कर' ने जब बात की तो एक रक्षा वैज्ञानिक का आध्यात्मिक स्वरूप उजागर हुआ। स्वयं उन्होंने माना कि वे वैज्ञानिक की बजाय आध्यात्मिक व्यक्ति के तौर पर पहचान पसंद करते हैं। करीब 40 सालों से डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) में सेवारत नटराजन सुबह व शाम को नियमित एक घंटा ध्यान करते हैं। विज्ञान और आध्यात्म के संगम से मानव कल्याण व देशहित उनका लक्ष्य है। नटराजन कहते हैं डिफेंस का मकसद आत्मरक्षा और सकारात्मक कार्य होना चाहिए न कि शक्ति प्राप्त करके ऑफेंस यानी अपराध करना। एक चाकू से सब्जियां काटकर आप स्वादिष्ट व्यंजन बना सकते हो और उसी चाकू से आप किसी का गला काट सकते हो।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर • सोमवार • 7 जुलाई, 2008

भारत 2020 तक बनेगा महाशक्ति

चीन की मिसाइल तकनीक से भयभीत होने की कोई आवश्यकता नहीं

विज्ञान के अधिकतर कार्य विश्वविद्यालय स्तर पर किए जाने चाहिए

जस्ट रिपोर्टर
उदयपुर, 6 जुलाई

देश उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकी के दम पर किसी भी स्थिति का मुकाबला करने में सक्षम है। वर्ष 2020 तक ग्लोबल कॉलोनीज बन जाएंगी और भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरेगा। यह बात रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार व रक्षा सचिव एम.नटराजन ने पत्रिका से एक विशेष मुलाकात में कही। उन्होंने कहा कि भले ही चीन ने ऐसी मिसाइल विकसित कर ली हो जिससे वह उपग्रह पर निशाना साध सकता है, लेकिन भारत को इस बात से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है।



रक्षा सचिव एम.नटराजन से पत्रिका की विशेष मुलाकात

■ तीनों सेनाओं के लिए नेटवर्किंग टेक्नोलॉजी

उन्होंने बताया कि भारतीय सेना के तीनों प्रमुख अंगों- जल, थल व वायु सेनाओं को एक-दूसरे से जोड़े रखने के लिए नेटवर्किंग टेक्नोलॉजी विकसित की जा रही है जिसके माध्यम से ये तीनों अंग इंटरकनेक्टेड हो जाएंगे। इस दिशा में अभी प्रारंभिक स्तर पर कार्य चल रहा है।

■ तलाश करने होंगे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत

परमाणु करार पर किए गए प्रश्न का सीधा उत्तर न देकर उन्होंने कहा कि भारत को अपने ऊर्जा स्रोत तलाश करने पड़ेंगे और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत तलाश करना आवश्यक है।

■ नई तकनीकों से आएगी क्रांति

नटराजन ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत का विज्ञान व प्रौद्यागिकी विभाग नैनो टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, हाइपरसोनिक प्रोपल्शन आदि नई तकनीकों का रक्षा क्षेत्र में उपयोग कर रहा है। इन तकनीकों के माध्यम से क्रांति आ जाएगी। वैसे विज्ञान के अधिकतर कार्य विश्वविद्यालय के स्तर पर किए जाने चाहिए। इससे विद्यार्थियों को एक मजबूत आधार मिलता है।

बच्चों के सवाल नटराजन के जवाब

रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार व रक्षा सचिव एम.नटराजन रविवार को कलाम अंकल की भूमिका में नजर आए। बच्चों ने उनसे सवाल पूछने की झड़ी लगा दी। वे रविवार को शांतिपीठ की ओर से आरएनटी मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित आठवें प्रो.दौलतसिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि उदबोधन के बाद बच्चों के सवालों के जवाब दे रहे थे। बच्चों ने वैज्ञानिक राजनीतिक व सामरिक परिस्थितियों पर कई समीचीन प्रश्न पूछ कर एकबारगी नटराजन को भी आश्चर्यचकित कर डाला।

प्रश्न- विमान दुर्घटनाओं में कई पायलट्स की जानें जा चुकी हैं, इन दुर्घटनाओं के लिए वैज्ञानिक कितने जिम्मेदार हैं?

नटराजन- ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए तकनीक विकसित की जा चुकी है। अब पायलट्स को विमान देने से पूर्व सिमल्टर में प्रशिक्षण दिया जाता है।

प्रश्न- अमरीका ने आधुनिक तकनीक का एफ-22 नामक एक विमान विकसित कर लिया है जो रेडार पर दिखता नहीं है, भारत को यह विमान बनाने में कितना समय लगेगा?

नटराजन- अमरीका को यह अत्याधुनिक तकनीक का विमान विकसित करने में लगभग 20 वर्ष लगे हैं। इसलिए यह तो नहीं कहा जा सकता कि भारत भी तुरंत ऐसा ही कुछ करेगा, अलबत्ता इसके शोध में समय लगेगा।

प्रश्न- आज देश में बांग्लादेशी घुसपैठ तेजी से हो रही है, इसे रोकने के क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

नटराजन- यह काम रक्षा मंत्रालय का है फिर भी मैं इतना कहना चाहूंगा कि यदि वहां का जीवनस्तर सुधर जाए तो घुसपैठ बंद हो सकती है।

प्रश्न सत्र में सेंट पॉल्स, सेंट मैरीज, तख्यबा व आलोक आदि स्कूलों के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भाग लिया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, सोमवार 7 जुलाई 2008
विक्रम संवत 2065, आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी



■ **उदयपुर.** एन. नटराजन और डा. सेल्वामूर्ति बच्चों से चर्चा करते हुए

ज्यादा रक्षा बजट ठीक नहीं : नटराजन

रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार से मेवाड़ के स्कूली बच्चे हुए रूबरू

नगर संवाददाता. उदयपुर

प्रमुख रक्षा वैज्ञानिक और रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार एन.नटराजन ने कहा कि रक्षा बजट पर अधिक धन राशि व्यय करना उचित नहीं है। यह इसलिए है ताकि राष्ट्र शक्ति की परस्पर होड़ में ना लगकर जन कल्याणकारी कार्य में अधिकाधिक व्यय कर सके। वे यहां शांतिपीठ की ओर से आयोजित व्याख्यानमाल में भाग लेने आए थे। स्कूली बच्चों से बतियाते हुए उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ की गाइडलाइंस के मुताबिक कोई भी देश अपनी जीडीपी का 3 फीसदी हिस्सा ही रक्षा बजट पर खर्च कर सकता है। एक विद्यार्थी ने पूछा क्या लड़ाकू टैंक अर्जुन का प्रोडक्शन बंद हो रहा है? नटराजन ने बताया जब तक अर्जुन से बेहतर तकनीकी युक्त टैंक नहीं आ जाता, तब तक अर्जुन भारतीय सेना का अहम हिस्सा बना रहेगा। ...शेष पेज 11 पर

वैज्ञानिकों के लिए अनिवार्य किया योग

नटराजन ने बताया कि डीआरडीओ में वैज्ञानिकों के लिए छह महीने योग प्रशिक्षण अनिवार्य है। सैन्य बलों के लिए योग प्रारंभ किया गया है। विकट परिस्थितियों में काम से थके जवानों का तनाव मिटाने व भावनात्मक समस्याओं के नियंत्रण में यह कारगार तकनीक है। मिलिट्री व्हीकल टेक्नॉलोजी में दक्ष नटराजन डीआरडीओ के अनुसंधान को आर्थिक व सामाजिक सरोकारों से जोड़ने के पक्षधर हैं।

इसके लिए डीआरडीओ कई राज्यों में विश्वविद्यालयों व वैज्ञानिक संस्थाओं की साझेदारी में काम कर रहा है। इस कड़ी में राजस्थान में जोधपुर में मरूस्थल को हरा भरा करने, सौर ऊर्जा के उपयोग पर प्रोजेक्ट चल रहे हैं। डीआरडीओ ने प्लेग, एंथ्रेक्स, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारियों के डायग्नोस्टिक किट बनाए हैं। 2050 में डिफेंस का परिदृश्य कैसा होगा, इस सवाल पर श्री नटराजन का जवाब था कि शायद तब डिफेंस की जरूरत ही न पड़े। कोई ज्योतिष अगर बता दे कि अमुक साल में युद्ध होगा तो निश्चित रूप से रक्षा का स्वरूप तय किया जाएगा।

ज्यादा रक्षा बजट ठीक नहीं: नटराजन

'क्या भारत तीसरे विश्व युद्ध के लिए तैयार है?' टैंक टेक्नालॉजी के जनक व प्रमुख रक्षा वैज्ञानिक एन.नटराजन से जब लेकसिटी के विद्यार्थी ने यह सवाल पूछा तो वे मुस्कुराए बिना नहीं रह सके।

एक पल सोचा और कहा- हां, हम तैयार हैं, लेकिन यह निर्भर करता है कि किन मुद्दों पर युद्ध की स्थिति बनती है। तीसरा विश्व युद्ध छिड़ जाए तो मानव सभ्यता को बसाने के लिए दूसरा ग्रह खोजना होगा। युद्ध के गंभीर परिणाम राष्ट्र समझ चुके हैं, इसलिए यह स्थिति अब नहीं बनेगी। करीब सवा घंटे चले इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी जिज्ञासाएं सामने रखी। इस अवसर पर डीआरडीओ के चीफ कंट्रोलर डा. सेल्वामूर्ति भी मौजूद थे।

तो कश्मीर अटैक क्यों नहीं रूकते : अगर हमारा रक्षा विभाग संसाधन संपन्न है, ट्रेंड मैन पॉवर भी है तो हम कश्मीर पर आए दिन होने वाले अक्रमणों को क्यों नहीं रोक पाते? एक छात्रा के इस सवाल पर नटराजन हंसे और जवाब दिया-आप अपने घर की बाउंड्री वॉल बनाते हो ताकि जानवर नहीं घुसे, लेकिन कोई आदमी दीवार फांद कर आता है तो क्या करोगे? हमारा सिस्टम भी ऐसा ही है। कड़ी सुरक्षा में भी सेंध हो सकती है, लेकिन यह मुद्दा रक्षा की बजाय डिप्लोमेसी और राजनीतिक पटुता से जीता जाना चाहिए।



■ शांतिपीठ में बच्चों ने रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार एम नटराजन से सवाल पूछे।

दैनिक भास्कर उदयपुर, रविवार 6 जुलाई, 2008

दुनिया को नाज है डॉ. दौलतसिंह पर

उदयपुर. शहर के पानी की तासीर जिन शख्सियत में उम्दा तौर पर उभरी उनमें एक नाम है डॉ. दौततसिंह कोठारी का। उन पर देश ही नहीं, विश्व के विज्ञान को अभिमान होता है क्योंकि वे विज्ञान को प्रयोग तंत्र ही सीमित नहीं रखकर अध्यात्म के साथ उसके तारतम्य के विचार प्रवर्तक थे। उनका कई क्षेत्रों में अवदान रहा। यह जरूर है कि शहरवाले जितने आयोजन परंपराओं के नाम पर करते हैं, वैसे आयोजन उनके नाम पर नहीं हुए। शांतिपीठ यह मौन तोड़ने का प्रयास करती है। वे मानते थे कि ज्ञान विज्ञान के संयुक्त संस्कृति का निर्माण विश्व को आसन्न संकट से बचा सकता है।

यह गौर तलब है कि डॉ. कोठारी मेघनाद साहा के शिष्य थे। साहा की अनुशंसा पर सितंबर 1930 में वे इंग्लैंड गए और अर्नस्ट रदरफोर्ड के निर्देशन में हेनरी केवेंडिश प्रयोगशाला में कार्य किया। वहीं कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त करके लौटे। वे ऐसी प्रतिभा के धनी थे जिसके आगे डॉ. अल्बर्ट आइंस्टीन सहित दुनियाभर के वैज्ञानिक कायल थे। उदयपुर क्या, राज्य में ऐसी प्रतिभा अपूर्व, बेजोड है।

दैनिक भास्कर उदयपुर, रविवार 6 जुलाई, 2008 02

प्रो. कोठारी स्मृति व्याख्यान आज

रक्षा सचिव एम नटराजन होंगे मुख्य वक्ता

उदयपुर. शांतिपीठ की ओर से प्रोफेसर डीएस कोठारी की स्मृति में 8वां व्याख्यान रविवार को सुबह 11.30 बजे आरएनटी मेडिकल कालेज सभागार में होगा। मुख्य वक्ता रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार एवं रक्षा सचिव एम नटराजन होंगे। वैज्ञानिक डॉ. डब्ल्यू सिल्वामूर्ति बतौर अतिथि भाग लेंगे।



अध्यक्षता गृहमंत्री गुलाबचंद कटारिया करेंगे। आरएनटी मेकिडल कालेज के प्राचार्य डॉ. एसके कौशिक स्वागत उद्बोधन देंगे। इससे पूर्व सुबह 10 बजे शांतिपीठ पर चुनिंदा स्कूलों के छात्रों से नटराजन संवाद करेंगे।

राजस्थान पत्रिका उदयपुर, रविवार, 6 जुलाई,

प्रो. कोठारी स्मृति व्याख्यान आज

उदयपुर, 5 जुलाई (कासं)। शांतिपीठ की ओर से आठवां प्रो. डी.एस.कोठारी स्मृति व्याख्यान का आयोजन रविवार को 11.30 बजे आर.एन.टी.मेडिकल कॉलेज सभागार में होगा। शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया गृहमंत्री गुलाबचंद कटारिया की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में केन्द्रीय रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार एवं रक्षा मंत्रालय के सचिव एम.नटराजन मुख्य वक्ता होंगे जबकि वैज्ञानिक डॉ.डब्ल्यू सिल्वामूर्ति बतौर अतिथि भाग लेंगे। आर.एन.टी.मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा.एस.के.कौशिक स्वागत उद्बोधन देंगे।

जीवन परिचय

डॉ. दौलत सिंह कोठारी का जन्म उदयपुर में 1905 में हुआ। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा उदयपुर व इन्दौर में हुई। उन्होंने एम.एस.सी की डिग्री इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 1928 में प्राप्त की। उसके बाद 1934 से 1961 तक दिल्ली



विश्वविद्यालय में रीडर, प्रोफेसर व भौतिक विभाग के मुखिया के रूप में काम किया। साथ ही 1948 से 1961 तक रक्षा मंत्रालय के वैज्ञानिक सलाहकार रहे। 1961 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के चेयरपर्सन नियुक्त हुए व 1973 तक बने रहे। 1963 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस के स्वर्ण जयंती सत्र अध्यक्ष बने। 1973 में वे भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। भारत सरकार ने इस महान वैज्ञानिक को 1962 में पदम भूषण व 1973 में पदम विभूषण से सम्मानित किया। 1993 में भारत के इस महान सपूत ने अंतिम सांस ली।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर 5 फरवरी 2008



सम्बोधन शिक्षाविद् डॉ. दौलत सिंह कोठारी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते अनंत गणेश त्रिवेदी (इनसेट में)।

डॉ. दौलतसिंह कोठारी को श्रद्धांजलि

'समाज के लिए जीए कोठारी'

उदयपुर,4 फरवरी

वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद् डॉ. दौलत सिंह कोठारी की 14 वीं पुण्य तिथि पर सोमवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शिक्षा व विज्ञान में उनके योगदान को याद किया गया।

शांतिपीठ संस्थान एवं विज्ञान महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हुई सभा में विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. एम.सी. भट्ट ने कहा कि डॉ. कोठारी ने समाजोत्थान के लिए जीवन जीया और राष्ट्र की अस्मिता और मानव मूल्यों के उन्नयन में भरपूर योगदान के साथ वे महामना हो गए। शिक्षा,प्रशासन एवं प्रतिरक्षा विज्ञान में उनका योगदान अविस्मरणीय है। सभा की अध्यक्षता करते हुए मोहन सिंह कोठारी ने उन्हें राष्ट्र निर्माता बताया।

शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी ने भारतीय मनीषा और तत्व चिंतन से जुड़े रह कर आधुनिक विज्ञान को मानव मंगल की दिशा दी। प्रो.के. वेणुगोपाल ने अतिथियों स्वागत व संचालन महेश शर्मा ने किया।

राष्ट्रदूत
राष्ट्रदूत उदयपुर, 5 फरवरी 2008

'डॉ. कोठारी ने दी आधुनिक विज्ञान को मानव मंगल की दिशा'

- विश्वविद्यालय परिसर में डॉ. कोठारी की मूर्ति स्थापित करने की मांग की छात्रों ने
- प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ.कोठारी की पुण्यतिथि पर हुई गोष्ठी

उदयपुर, 4 फरवरी (का.सं.)। 'आज राष्ट्र निर्माता वैज्ञानिक डॉ.दौलत सिंह कोठारी जैसे महामनाओं की आवश्यकता है जो न केवल राष्ट्र की गरिमा को नया आयाम दे सकें अपितु मानव मंगल के भविष्य को भी आश्वस्त कर सकें"। यह विचार सोमवार को प्रख्यात वैज्ञानिक शिक्षाविद् डॉ.दौलत सिंह कोठारी की 14 वीं पुण्यतिथि पर शांतिपीठ संस्थान एवं मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के विज्ञान महाविद्यालय द्वारा विवेकानन्द सभागार में आयोजित श्रद्धा स्मरण सभा में बोलते हुए अनेक वक्ताओं ने व्यक्त किये। सभा की अध्यक्षता करते हुए चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि विज्ञान मनुष्य की शक्ति एवं सामर्थ्य देता है। आधुनिक विज्ञान की अद्वितीय उपलब्धियों से हमने जो दिशा और रफ्तार पकड़ी है वह विवेक शक्ति के अभाव में सामूहिक आत्मघात की ओर ले जाती है। श्रद्धा स्मरण में बोलते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहाकि भारतीय तत्वचिन्तकों ने सदैव ही शांति एवं प्राणी मात्र के कल्याण को लक्ष्य रखा है किन्तु आज विज्ञान के सामने इन आदर्शों को उपलब्ध कर पाना चुनौती बन चुका है। उन्होंने कहा कि डॉ.कोठारी आज के विज्ञान के वैज्ञानिक थे किन्तु उन्होंने भारतीय मनीषा और तत्व चिंतन के जुड़े रहकर आधुनिक विज्ञान को मानव मंगल की दिशा दी। उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध में हुए परमाणु नरसंहार के बाद स्पष्ट किया कि परमाणु बम के गिराये जाने का निर्णय गोपनीय था। जबकि लोकतंत्र में पब्लिक डिबेट के पूर्व ऐसा निर्णय अवांछनीय है। डॉ.कोठारी ने वैज्ञानिकों को सत्याग्रह की शक्ति अर्जित करने का आहवान किया था। विज्ञान महाविद्यालय के डीन प्रो.एम.सी.भट्ट ने कहा कि डॉ.कोठारी ने समुदाय उत्थान के लिए जीवन जीया और राष्ट्र की अस्मिता और मूल्यों के उन्नयन की दिशा में देकर वे महामना हो गये। प्रो.के.वेणुगोपालन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कोठारी की उपलब्धियों के प्रति डा. अब्दुल कलाम की अभिव्यक्ति एवं श्रद्धा को रेखांकित किया। इस अवसर पर भौतिक शास्त्र के प्रो.वेग ने कई संस्मरण सुनाते हुए डा.कोठारी के निरहंकारी एवं मानवोचित सौन्दर्य पर विचार व्यक्त किये। डॉ.कोठारी के व्यक्तित्व पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध करने पर सभा में उपस्थित विद्यार्थी वर्ग को नूतन प्रेरणा मिली तथा एम एस एस के छात्र कुलभूषण मिश्रा ने विचार व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में डॉ.कोठारी जैसे महान वैज्ञानिक की मूर्ति स्थापना की मांग की। इस अवसर पर डॉ.दीपक धींग एवं प्रो.महेश शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, मंगलवार 5 फरवरी 2008
विक्रम संवत 2064, माघ कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी

डा. कोठारी राष्ट्र निर्माता वैज्ञानिक थे : मोहनसिंह



■ डा. दौलतसिंह कोठारी व्याख्यानमाला में बोलते वक्ता।

उदयपुर. आधुनिक विज्ञान की अद्वितीय उपलब्धियों से हमने जो दिशा और रफ्तार पकड़ी है वह विवेक शक्ति के अभाव में सामूहिक आत्मघात की ओर ले जाती है। भारत की सुरक्षा शक्ति डा. दौलतसिंह कोठारी की देन है। वे राष्ट्र निर्माता वैज्ञानिक थे। आज डा. कोठारी जैसे महामनाओं की आवश्यकता है। ये विचार प्रख्यात वैज्ञानिक-शिक्षाविद् डा. दौलतसिंह की 14वीं पुण्यतिथि पर शांतिपीठ संस्थान एवं मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की ओर से विवेकानंद सभागार में सोमवार को आयोजित श्रद्धा स्मरण सभा की अध्यक्षता करते हुए चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने व्यक्त किए।

शांतिपीठ के महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि डा. कोठारी ने भारतीय मनीषा और तत्व चिंतन से जुड़े रहकर आधुनिक विज्ञान को मानव मंगल की दिशा दी। उन्होंने वैज्ञानिकों से सत्याग्रह की शक्ति अर्जित करने का आह्वान किया था।

साइंस कॉलेज के डीन प्रो. एमसी भट्ट ने कहा कि डा. कोठारी ने समुदाय उत्थान के लिए जीवन जीया और राष्ट्र की अस्मिता और मानव मूल्यों के उन्नयन की दिशा देकर वे महामना हो गए। प्रो. के. वेणुगोपालन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कोठारी की उपलब्धियों के प्रति डा. अब्दुल कलाम की अभिव्यक्ति एवं श्रद्धा को रेखांकित किया। प्रसार अधिकारी राजीव लोढ़ा के अनुसार इस अवसर पर एमएससी छात्र कुलभूषण मिश्रा, डा. दिलीप धींग आदि ने विचार व्यक्त किए। सभा का संचालन प्रो. महेश शर्मा ने किया तथा विनय कोठारी ने आभार व्यक्त किया।

डॉ. कोठारी की पुण्यतिथि पर श्रृद्धा स्मरण सभा

7-2-08 जनसत्ता

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 6 फरवरी। आज राष्ट्र निर्माता वैज्ञानिक डॉ. दौलत सिंह कोठारी जैसे महामनाओं की आवश्यकता है जो न केवल राष्ट्र की गरिमा को नया आयाम दे सके अपितु मानव मंगल के भविष्य को भी आश्वस्त कर सकें। उक्त विचार आज प्रख्यात वैज्ञानिक शिक्षाविद् डॉ. दौलत सिंह कोठारी की 14वीं पुण्यतिथि पर शांतिपीठ संस्थान एवं मोहनलाल सुखाड़िया विवि के विज्ञान महाविद्यालय द्वारा विवेकानंद सभागार में आयोजित श्रृद्धा स्मरण सभा में बोलते हुए अनेक वक्ताओं ने व्यक्त किए। सभा की अध्यक्षता करते हुए चिंतक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि विज्ञान मनुष्य को शक्ति एवं सामर्थ्य देता है। आधुनिक विज्ञान की अद्वितीय उपलब्धियों से हमने जो दिशा [illegible] में सामूहिक आत्मघात की ओर ले जाती है। शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय तत्व चिंतकों ने सदैव ही शांति एवं प्राणी मात्र के कल्याण को लक्ष्य रखा है किंतु आज विज्ञान के सामने इन आदर्शों को उपलब्ध कर पाना चुनौती बन चुका है। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी आज के विज्ञान के वैज्ञानिक थे किंतु उन्होंने भारतीय मनीषा और तत्व विज्ञान को मानव मंगल की दिशा दी। उन्होंने द्वितीय महायुद्ध में हुए परमाणु नरसंहार के बाद स्पष्ट किया कि परमाणु बम के गिराये जाने का निर्णय गोपनीय था तकि लोकतंत्र में पब्लिक डिबेट के पूर्व ऐसा निर्णय अवांछनीय है। डॉ. कोठारी ने वैज्ञानिकों को सत्याग्रह की शक्ति अर्जित करने का आह्वान किया था। समारोह में प्रो. एम.सी. भट्ट ने भी सम्बोधित किया।

राष्ट्रदूत

उदयपुर शनिवार, 7 जुलाई 2007

डॉ. कोठारी की जयंती पर गोष्ठी

उदयपुर, 6 जुलाई (वि)। "विज्ञान का उत्कर्ष प्राणी मात्र के कल्याण का महान जरिया बन सकता है यदि वह अध्यात्म के आश्रय में चले।

विज्ञान मनीषि शिक्षाविद डॉ.दौलत सिंह कोठारी ने ज्ञान विज्ञान के सहत संस्कृति की नूतन भूमिका प्रस्तुत की जिस पर चलकर विश्व समाज का सुखद भविष्य सुनिश्चित हो सकता है तथा सार्वभौमिक मृत्यु के आसन्न खतरों से न केवल उबरा ही जा सकताहै अपितु पृथ्वी को स्वर्गतुल्य स्वरूप में लाया जा सकता है '। यह विचार आज शांतिपीठ के तत्वावधान में तत्वदर्शी वैज्ञानिक डा.दौलत सिंह कोठारी की 101 वीं जयंती पर एसआईईआरटी के सभागार में आयोजित सभा में उभर कर सामने आये। सभा में नगर के प्रबुद्ध

- **डॉ. कोठारी के कार्यों को सराहा**

वर्ग के साथ ही चुनिन्दा विज्ञान संकाय के छात्र छात्राएं भी उपस्थित थे। सभा की अध्यक्षता मोहन सिंह कोठारी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए उदयपुर सौर वैद्यशाला के निदेशक डा.वैकट कृष्णन ने 'ग्लोबल वार्मिंग' के परिप्रेक्ष्य में सूर्य की चुम्बकीय क्रिया की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा कि पृथ्वी के वायु मंडल में जो परिवर्तन आ रहे है उसमे सूर्य का योगदान कितना है ओर मनुष्य का कितना यह स्पष्ट नहीं है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के निदेशक डा.देवेन्द्र धोदावत ने कहा कि प्राणी मात्र का सम्मान व उसके पति कल्याण का भाव हमारी संस्कृति में विद्यमान है जिसे डा.कोठारी ने व्यवहार में जीया।

राजस्थान पत्रिका उदयपुर, > बुधवार > 21 फरवरी, 2007



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष जी माधवन नायर मंगलवार को उदयपुर के शांतिपीठ में सवाल जवाब के दौरान स्कूली बच्चों की जिज्ञासाएं शांत करते हुए। *पत्रिका फोटो*

'अपने ज्ञान का कद बढ़ाओ'

इसरो अध्यक्ष डॉ. नायर की स्कूली बच्चों को नसीहत, खूब चला बच्चों ने सवालों की झड़ी लगाई

कार्यालय संवाददाता

उदयपुर, 20 फरवरी। स्कूली बच्चों की आसमान को निहारते समय अंतरिक्ष को लेकर दिलोदिमाग में उमड़ने घूमड़ने वाली जिज्ञासाएं मंगलवार को शब्दों के रुप में रॉकेटमैन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष जी. माधवन नायर के सामने जैसे ज्वार की तरह उफन पड़ी। बच्चों ने जिज्ञासा शांत करने का हाथ आए मौके को जाने नहीं दिया और एक के बाद एक सवालों की झड़ी लगाकर अपना मन शांत किया। बच्चों ने मंगल ग्रह पर जीवन को लेकर सवाल किए वहीं उन्होंने अन्य देशों के अंतरिक्ष कार्यक्रम से देश की सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी प्रकट की और अंतरिक्ष विज्ञान में अपना भविष्य खोजने का प्रयास किया। नायर ने इस अवसर पर बच्चों से कहा कि देश की तरक्की के लिए वे अपनी बुद्धि का कद बढ़ाएं। अनुसंधान में रुचि दिखाएं व गांव के गरीबों के लिए कुछ कर दिखाएं।

नायर यहां शांतिपीठ के तत्वावधान में डॉ. दौलत सिंह कोठारी मेमोरियल व्याख्यानमाला को संबोधित करने आए थे और इस दौरान शांतिपीठ परिसर में बच्चों के सवालों के जवाब दिए।

प्र: चीन की एंटी सेटेलाइट मिसाइल से भारत को क्या खतरा है?

नायर : भारत के पास भी ऐसी तकनीक है लेकिन हम उसका कभी इस रूप में उपयोग नहीं करेंगे।

प्र: भारत के मिशन मून का क्या हुआ?

मार्च-अप्रेल, 2007 में हम यान भेजेंगे। इससे पहले इसी वर्ष मार्च में हमारा अंतरिक्ष यान फ्रेंच गुयाना अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित होगा। चंद्रयान पहले पृथ्वी की परिक्रमा करेगा या नहीं, इस पर विचार चल रहा है।

प्र: अंतरिक्ष विज्ञान में अध्ययन के अवसर क्या हैं?

अखिल भारतीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा होती है जिसमें विज्ञान स्नातकों को अवसर मिलता है। प्रतिवर्ष करीब 300 विद्यार्थियों को प्रवेश मिलता है लेकिन यह चिंता का विषय है कि हाल के वर्षों में हम औसतन 200 विद्यार्थियों का ही चुनाव कर सके हैं। हमें बेस्ट टैलेंट चाहिए व मापदंडों से समझौता नहीं करेंगे। इस क्षेत्र में सम्मान व अच्छी तनख्वाह भी है। युवाओं को इसमें रुचि लेनी चाहिए।

प्र: प्लूटो को सौरमंडल से क्यों निकाला गया?

क्योंकि उसका द्रव्यमान व उसकी परिक्रमण व परिभ्रमण कक्षा अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरी नहीं उतर रही थी।

प्र: अंतरिक्ष अनुसंधान में भारत की स्थिति?

हमारा देश चौथे स्थान पर है। अनुसंधान जारी है। गर्व इस बात का है कि हम नई तकनीक व प्रणालियां विकसित कर धीरे-धीरे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। अंतरिक्ष यान के वैकल्पिक ईंधन पर भी प्रयोग चल रहे हैं। यान छेदक लेजर बीम पर भी अनुसंधान हो रहा है लेकिन इसका उपयोग सकारात्मक कार्यों में ही होगा।

प्र: ब्लेक हॉल की तरह क्या व्हाइट हॉल भी होते हैं?

व्हाइट हॉल नहीं होते, व्हाइट ड्वार्फ होते हैं। कोई तारा जब अत्यधिक सिकुड़कर असीम गुरुत्वाकर्षण से भरपूर हो जाता है तो उसे ब्लैक हॉल कहते है और जो तारा फैल जाता है तो उसे व्हाइट ड्वार्फ कहते हैं।

प्र: क्या मंगल ग्रह पर जीवन है?

लोग कहते हैं, पर मैं मानता हूं कि वहां पानी के जो अंश मिले हैं उससे ऐसा लगता है कि शायद कभी जीवन का अस्तित्व रहा हो। आज रेडिएशन इतना बढ़ गया है कि वहां जीवन नामुमकिन है।

प्र: अंतरिक्ष में ट्रॉफिक बढ़ रहा है?

करीब दो हजार 'पार्टिकल्स' हर रोज पृथ्वी के चक्कर लगा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के नियमों के अनुसार अब सब देश मिलकर इस पर विचार कर रहे हैं। दुनिया के 12 देश मिलकर एक सेलेटाइट स्टेशन की भी स्थापना करने वाले हैं।

प्र: आपकी रुचि क्या है?

विज्ञान और सिर्फ विज्ञान। मुझे मजाकिया उपन्यास लिखना व पढ़ना भी पसंद है।

प्र: क्या समानांतर ब्रह्माण्ड हैं?

हां, कई। हर रोज नए ब्रह्माण्ड खोजे जा रहे हैं।

प्र: अंतरिक्ष यात्री को क्या परेशानियां आती हैं?

अंतरिक्ष में वायुदाब से बचने के लिए स्पेस सूट पहनना होता है। वहां दिन-रात का अंतर गड़बड़ा जाता है। ऐसे में यात्रियों को कुछ मानसिक व शारीरिक परेशानियों का सामाना करना पड़ता है।

प्र: क्या अंतरिक्ष अनुसंधान के दौरान अंतरिक्ष प्रदूषण नहीं होता?

हां, होता है लेकिन उतना नहीं जितना आप अपने घर पर रोज करते हो। मजे की बात बताऊं तो ब्रह्माण्ड खुद हमारे वायुमंडल में उल्काएं भेजकर उसे प्रदूषित कर रहा है।

प्र: रडार पर एलसीए (लाइट काम्बेट एयरक्राफ्ट) को क्यों नहीं पकड़ा जा सकता?

इस प्रकार के यान की सतह उस विशेष धातु से डिजाइन की जाती है कि रडार की ओर से भेजी किरणें प्रत्यावर्तित नहीं हो पातीं। वे सतह से टकराने के बाद इधर-उधर फैल कर दिशाभ्रम उत्पन्न करती हैं।

राजस्थान को याद किया

राजस्थान के गौरवमय इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप की वीरता हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने दौलत सिंह कोठारी को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए कहा कि डा. कोठारी सदैव विज्ञान एवं आध्यात्म के समन्वय के लिए समर्पित रहे। उदयपुर को याद करते हुए कहा कि वह दूसरी बार आए हैं। यह खूबसूरत शहर है। पहली बार उदयपुर में चांद पर आयोजित अन्तरराष्ट्रीय सेमिनार के अवसर पर आए थे।

व्याख्यानमाला में सवाल-जवाब

1-स्वर्गीय दौलत सिंह कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला के समापन पर एक श्रोता ने पूछा कि क्या सूचना तंत्र का उपयोग अधिकारियों के माइण्ड सेट चेंज करने के लिए हो सकता है? उनके इस सवाल

दैनिक भास्कर
उदयपुर, बुधवार 21 फरवरी 2007
विक्रम संवत 2063, फाल्गुन शुक्ल चतुर्थी-पंचमी

इसरो के अध्यक्ष को स्कूली बच्चों ने किया निरुत्तर, टॉप पर टिके रहने के लिए एक्सीलेंस और इनोवेशन जरूरी

सड़कों की तरह अंतरिक्ष में भी जाम लग जाए तो?

नगर संवाददाता. उदयपुर

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. जी. माधवन नायर को उदयपुर के नौनिहालों ने मंगलवार को निरुत्तर कर दिया। सैफी सीनियर सेकंडरी स्कूल की एक छात्रा ने नायर से सवाल किया कि प्लूटो को निकालने के बाद सौर मंडल में कितने ग्रह शेष रह गए व उनके क्या नाम हैं, नायर को इसका जवाब नहीं सूझा। वे इतना कह पाए कि-आप नौ में से एक माइनस कर दो उतने ही ग्रह बचे। बच्चों ने पूछा, टॉप पर बने रहने के लिए किसकी आवश्यकता होती है? नायर ने जवाब दिया, टॉप वाली जगह बदलती रहती है, उस पर टिके रहने व एक्सीलेंस के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। इनोवेशन और एक्सीलेंस ही आपको अव्वल रख सकते हैं।

डॉ. दौलतसिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान में भाग लेने के लिए एक दिन की यात्रा पर उदयपुर आए नायर शांतिपीठ संस्थान प्रांगण में स्कूली बच्चों से रूबरू हो रहे थे। बच्चों ने उनसे एक से बढ़कर एक रोचक सवाल किए। इसरो अध्यक्ष ने उनकी जिज्ञासु प्रवृत्ति पर खुशी जाहिर की। एक बालक ने प्रश्न किया कि ब्लैक होल्स की तरह व्हाइट होल्स भी होते हैं क्या? इस पर नायर ने कहा कि उन्हें इस सवाल का जवाब भी नहीं मालूम, शायद उनके साथी डॉ. जयरामन इसका जवाब दे सकें। इस पर जयरामन ने जवाब दिया।



सवाल जवाब के दौरान एक बच्चे ने कहा कि हमारी दुनिया में ओवर पॉपुलेशन की वजह से सड़कों पर भीड़ बढ़ती जा रही है। दुनिया भर के देश जिस रफ्तार से अंतरिक्ष में यान व सेटेलाइट भेज रहे हैं, उससे क्या वहां कभी जाम या एक्सीडेंट्स की स्थिति नहीं बनेगी? इस पर नायर ने कहा कि अंतरिक्ष का सरफेस एरिया करीब एक हजार किमी व इससे भी ज्यादा होने का अनुमान है। फिलहाल अंतरिक्ष में 9 हजार आब्जेक्ट्स रिकार्ड में हैं, जिससे धरती जैसी हालत खराब नहीं है। हां, अगर इसी तरह अंतरिक्ष में वस्तुएं भेजी जाती रहीं तो आने वाले समय में वहां भी टकराव की स्थिति बन सकती है। एक बालिका ने नायर से पूछा कि हम बच्चे अंतरिक्ष अनुसंधान में किस प्रकार योगदान दे सकते हैं। ...*शेष पेज 11 पर*
(पेज 2 भी देखें)

www.bhaskar.com भास्कर समूह : नौ राज्य, 35 संस्करण ■ मध्यप्रदेश ■ छत्तीसगढ़ ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ गुजरात ■ चंडीगढ़ ■ पंजाब ■ महाराष्ट्र ■ उत्तरप्रदेश

सड़कों की तरह अंतरिक्ष में भी जाम लग जाए तो?

उनका जवाब था कि आप लोग किसी भी पसंदीदा विषय पर गहन अध्ययन करें, नए पहलू से उस पर विचार करें। अपनी प्रयोगशालाओं में नया प्रयोग करके अपने घर, शहर या समाज के लिए उपयोगी आविष्कार करने की कोशिश करें तो देश हित में यह बड़ी पहल हो सकती है। एक छात्रा ने इसरो अध्यक्ष से जानना चाहा कि अंतरिक्ष पर लगातार हो रहे प्रयोग से क्या पर्यावरण को हानि नहीं हो रही? उन्होंने जवाब दिया कि जितना इंसान झील-नदियों में कचरा डालकर या प्रदूषण से पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है,उतना नुकसान अंतरिक्ष को नहीं हो रहा, क्योंकि विशाल एरिया होने से सोखने की शक्ति कहीं ज्यादा है।



एक छात्रा ने सवाल किया कि चीन के किलर सेटेलाइट का जवाब क्या भारत के पास नहीं है? इस पर नायर ने कहा कि भारत के पास तमाम तकनीक का जवाब है, लेकिन हमारे सभी प्रयोग शांतिपूर्ण विकास व मानव हित के लिए है, इसलिए ऐसी मारक तकनीक को इस्तेमाल करने का हमारा इरादा नहीं है। इस संवाद में उदयपुर के सेंट्रल एकेडेमी, आलोक, सेंट मेरीज, सेंट पॉल्स, सैफी सीनियर सैकंडरी स्कूल, जयदीप स्कूल आदि के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी, इसरो के एक अन्य वैज्ञानिक वी जयरामन, श्रीमती माधवन नायर और शहर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर 16 फरवरी 2007

इसरो के अध्यक्ष 20 को उदयपुर में

डा. दौलत सिंह कोठारी व्याख्यान माला व्याख्यान देंगे



उदयपुर,15 फरवरी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष जी माधवन नायर बीस फरवरी को उदयपुर आएंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार नायर शांतिपीठ की ओर से आयोजित ज्ञान विज्ञानविद् डा दौलत सिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान श्रृंखला के तहत सप्तम व्याख्यान देंगे। शांतिपीठ के संस्थापक अनत गणेश त्रिवेदी के अनुसार इसरो अध्यक्ष सुबह साढ़े दस बजे शेष पेज 2 पर

इसरो के... शांतिपीठ संस्थान में नगर के चुनींदा स्कूलों के छात्रों के समूह से सीधा संवाद करेंगे जिसमें वे भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान की नवीनतम उपलब्धियों के बारे में छात्रों की जिज्ञासा शात करेंगे। इसके बाद वे साढ़े ग्यारह बजे क्षेत्रिय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में व्याख्यान देंगे। एक अन्य जानकारी के अनुसार वे 21 फरवरी को वे जोधपुर और जैसलमेर का दौरा करेंगे।

दैनिक भास्कर

इसरो के अध्यक्ष डॉ. माधवन 20 को आएंगे

नगर संवाददाता. उदयपुर

भारतीय अंतरिक्ष शोध संस्थान (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. जी. माधवन नायर 20 फरवरी को उदयपुर आएंगे और प्रसिद्ध आध्यात्मिक वैज्ञानिक डॉ. दौलतसिंह कोठारी व्याख्यानमाला को संबोधित करेंगे। शांतिपीठ संस्थान की ओर से आयोज्य इस 7वीं व्याख्यान माला में वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान के विभिन्न पक्षों सहित विज्ञान और मानवता पर भी प्रकाश डालेंगे। शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी के अनुसार डॉ. माधवन इस दिन सुबह 10.30 बजे शांतिपीठ में ...शेष पेज 9 पर



इसरो के अध्यक्ष डॉ. माधवन 20 को आएंगे
चुनिंदा विद्यालयों के विद्यार्थियों से अंतरिक्ष अनुसंधान की उपलब्धियों पर संवाद करेंगे व उनकी जिज्ञासाओं का जवाब देंगे। बाद में 11.30 बजे रेलवे ट्रेनिंग सभागार में व्याख्यान देंगे।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, मंगलवार 20 फरवरी, 2007

इसरो अध्यक्ष डा. माधवन का व्याख्यान आज

नगर संवाददाता. उदयपुर

भारतीय अंतरिक्ष शोध संस्थान (इसरो) के अध्यक्ष डा. जी. माधवन नायर मंगलवार को उदयपुर आएंगे। वे यहां शांतिपीठ संस्थान की ओर से रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट सभागार में आयोजित सातवीं व्याख्यानमाला में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान के विभिन्न पक्षों सहित विज्ञान और मानवता पर विचार व्यक्त करेंगे। शांतिपीठ के संस्थापक अनंतगणेश त्रिवेदी के अनुसार डा. माधवन सुबह 10.30 बजे शांतिपीठ में स्कूल के विद्यार्थियों से भेंट करेंगे और उसके बाद व्याख्यानमाला में शिरकत करेंगे।



राजस्थान पत्रिका
उदयपुर 20 फरवरी 2007

इसरो अध्यक्ष डॉ. माधवन का व्याख्यान आज

कार्यालय संवाददाता

उदयपुर, 19 फरवरी। भारतीय अन्तरिक्ष शोध संगठन [इसरो] के अध्यक्ष डॉ. जी माधवन नायर मंगलवार सुबह विमान से डबोक हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे।

शांतिपीठ के प्रसार अधिकारी राजीव सोढ़ा ने बताया कि वे सुबह साढे दस बजे शांतिपीठ प्रांगण में चुनिंदा विद्यालयों के विद्यार्थियों से अन्तरिक्ष विज्ञान की नूतन उपलब्धियों पर सीधा संवाद करेंगे।

बाद में सुबह साढ़े ग्यारह बजे जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में डॉ. दौलतसिंह कोठारी व्याख्यानमाला की श्रृंखला में सातवां व्याख्यान देंगे। अध्यक्षता पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता करेंगे। डॉ. नायर दोपहर को जोधपुर प्रस्थान करेंगे।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, शुक्रवार 19 मई 2006
विक्रम संवत 2063, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, षष्ठी



यपुर के रेलवे ट्रेनिंग स्कूल में शांतिपीठ की ओर से समारोह में संभागीगण। इनसेट : माशेलकर

इनोवेटिव सोच से दूर होगी गरीबी

डॉ. दौलत कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला में प्रो. माशेलकर ने कहा

उदयपुर, 18 मई • नसं। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के महानिदेशक प्रो. आर.एन. माशेलकर ने कहा कि गरीबों की समस्याओं पर मंथन व काम करने वाले दुनिया के श्रेष्ठ दिमागों की खोज सबसे बड़ी चुनौती है। देश में गरीबी दूर करने के लिए इनोवेटिव सोच की जरूरत है। वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों को चाहिए कि इनोवेशन को ध्यान में रखते हुए चिन्तन करें।

प्रो. माशेलकर गुरुवार को यहां रेलवे ट्रेनिंग सभागार में शांतिपीठ भारत की ओर से आयोजित डॉ. दौलत सिंह कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला में उच्च तकनीकी को गरीबों के लिए कैसे कारगर बनाई जाए विषय पर बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज के निर्धन तबके के जीवन स्तर को उपर उठाने के लिए नवाचार व नवीनीकरण की जरूरत है। इसके लिए तकनीकी, सामाजिक व नीति स्तर पर कार्य करना होगा। उन्होंने अशिक्षा ,गरीबी ,गिरता स्वास्थ्य, पानी की कमी जैसी नाना समस्याओं के स्थायी निदान के लिए सशक्त इनोवेशन के आधार बताते हुए तकनीक, सामाजिक व व्यवस्था सुधार पर जोर दिया।

उन्होंने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से कहा कि उच्च तकनीक विज्ञान पर आधारित है और उच्च तकनीक को कैसे कारगर बनाया जाए यह भी विज्ञान है, लेकिन गरीबों के लिए उच्च तकनीकी को कारगर बनाने के लिए विज्ञान और आध्यात्म का समन्वय आवश्यक है। देश में गरीबी, निरक्षता, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रो. माशेलकर ने इनोवेशन को तीन श्रेणियों में लागू करने की बात कही। पहली तकनीकी स्तर पर इनोवेशन, दूसरी सामाजिक स्तर पर इनोवेशन तथा तीसरी व्यवस्था में सुधार स्तर पर इनोवेशन की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बिजली गरीबों के लिए उपलब्ध नहीं है इसके लिए विकल्प ढूंढना होगा। सामाजिक स्तर पर इस प्रकार की व्यवस्था पर ध्यान देने की जरूरत है जिसके माध्यम से एक ही स्थान पर एक से अधिक लोगों का इलाज संभव हो। निरक्षरता को दूर करने के लिए इस प्रकार की व्यवस्था हो जो लोगों को रुचि के साथ जोड़ सके। पुराने कंप्यूटरों का उपयोग इस दिशा में करना कारगर होगा।

इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बी.एल. चौधरी ने कहा कि डॉ. कोठारी का नाम भारतीय रक्षा विज्ञान में अमर है। प्रो. माशेलकर से आग्रह किया कि वे यहां उच्च तकनीकी प्रयोगशाला बनाए। विशिष्ट अतिथि नगर विकास प्रन्यास के चेयरमेन शिवकिशोर सनाढ्य ने कहा कि डॉ. दौलतसिंह कोठारी उच्च शिक्षाविद थे। उनकी दौलत कमीशन की रिपोर्ट केवल राजनीतिक इच्छा शक्ति के कारण लागू नहीं हो पाई। प्रारंभ में शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. कोठारी के स्मृति में होने वाली व्याख्यान मालाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने डॉ. कोठारी को शिक्षा जगत का संत बताया। सेवा मंदिर के ट्रस्टी मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि प्रो. माशेलकर ऊर्जावान व्यक्तित्व है।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर » 7 जुलाई 2006

'डॉ. कोठारी ने अहिंसा मूलक विश्व निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया'

उदयपुर, 6 जुलाई। डॉ. दौलतसिंह कोठारी देश के ऐसे मनीषी हैं जिन्होंने आधुनिक विज्ञान से जो उपलब्ध हुआ उसे अध्यात्म के अधीन किया और जगत को सुनिश्चित भविष्य की दिशा दी तथा अहिंसा मूलक विश्व निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। ये विचार गुरुवार को यहां शान्तिपीठ के तत्वावधान में डॉ. दौलतसिंह कोठारी शताब्दी समारोह-06 के तहत उनके जन्मशति दिवस पर धर्म दर्शन एवं विज्ञान विषय आयोजित संगोष्ठी में उभरकर आए।



मुख्य अतिथि पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत एस. मेहता ने कहा कि विज्ञान मृत्यु के लिए नहीं है, यह विकास और कल्याण के लिए है। डॉ. कोठारी ने इस यथार्थ को व्यक्त किया। मेवाड़ महामण्डलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि यज्ञ का सृजन विज्ञान करता है तथा आनंद की मूल पीठ विज्ञान है। उन्होंने कहा कि परमात्मा विज्ञान में हैं, जीवात्मा ज्ञान में है। उन्होंने कहा डॉ. कोठारी मेवाड़ की विभूति थे जिन्होंने देश को गौरवान्वित किया। प्रमुख वक्ता प्रो. एस.एन. जोशी ने कहा कि विज्ञान एवं अध्यात्म में अंतर्विरोध पश्चिम जगत में ही सर्वाधिक मुखरित हो रहा है। ऋग्वेद का नासदीय सूक्त ही चिन्तन की इस परम्परा का मूल है कि सत्य की कोई एक पक्षीय व्याख्या नहीं हो सकती। क्वानट्म फिजिक्स का सिद्धान्त तथा अनिश्चितता का सिद्धान्त इस तथ्य को रेखांकित करते हैं। आप पश्चिम जगत के विज्ञान एवं स्वयं ज्ञान के मूलभूत सिद्धान्तों का पुनर्निरीक्षण कर रहे हैं, एक नया चिंतन प्रारम्भ हुआ है। शान्तिपीठ के संस्थापक महा सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी भारत प्रतिरक्षा विज्ञान के जनक एवं नूतन शिक्षा नीति के नियामक थे। अध्यात्म और विज्ञान के अद्वैत की बात विश्व में आइन्टाइन के बाद डॉ. कोठारी ने की। उन्होंने आधुनिक विज्ञान की नूतन उपलब्धियों को अध्यात्म के आश्रय में रखते हुए वह दिशा दी जिससे चल कर भारत का सशक्त नवोदय भारत की मनीषा को सार्थकता प्रधान कर सकता है तथा विश्व शान्ति के स्वप्न को साकार कर सकता है।

अध्यक्ष मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि डॉ. कोठारी के ज्ञान-विज्ञान के सूत्र से समग्र मानव का निर्माण होता है। उन्होंने मनुष्यत्व, मुमुक्षत्व एवं महापुरुष संसर्ग की व्याख्या की। प्रो. ओ.पी. मेहता, एस.एस. राणावत ने भी विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में डॉ. कोठारी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वल किया गया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, शुक्रवार 7 जुलाई 2006
विक्रम संवत 2063, आषाढ़ शुक्ल एकादशी

'डा. कोठारी नूतन विश्व निर्माण मार्ग के प्रणेता'

जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में व्याख्यानमाला

उदयपुर, 6 जुलाई • डॉ. दौलत सिंह कोठारी वह मनीषी है जिसने आधुनिक विज्ञान से जो उपलब्ध हुआ उसे अध्यात्म के अधीन कर दिया और विश्व को सुनिश्चित भविष्य की दिशा दी। उन्होंने अहिंसा मूलक नूतन विश्व निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया।



डा. दौलतसिंह कोठारी व्याख्यानमाला में मंच पर अनंत गणेश, जगत मेहता, महंतजी आदि।

ये विचार शांतिपीठ के तत्वाधान में डॉ. दौलत सिंह कोठारी शताब्दी समारोह-2006 के उपलक्ष्य में हुई गोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत एस मेहता ने व्यक्त किए। मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि यज्ञ का सृजन विज्ञान करता है तथा आनंद की मूल पीठ विज्ञान है। प्रमुख वक्ता के रूप में प्रो. एसएन जोशी ने कहा कि विज्ञान अध्यात्म में अंतर्विरोध पश्चिम जगत में मुखरित हो रहा है। संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी भारतीय

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर » 19 मई 2006

ज्ञान से लड़ सकते हैं हर जंग

सीएसआई आर के महानिदेशक डा. माशेलकर से बातचीत

उदयपुर, 18 मई। प्रख्यात पॉलिमर वैज्ञानिक व आद्यौगिक अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डा. आर. ए. माशेलकर का कहना है कि हमारे पास ज्ञान की विराट धरोहर है। इस धरोहर से हम हर मुद्दे पर लड़ सकते हैं और जीत सकते हैं। हमें ज्ञान से सम्पत्ति बनाना सीखना होगा, एसा करके हम भारत में कई सिलिकोन वैली खड़ी कर सकेंगे। उदयपुर में डा. दौलतसिंह कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला में शिरकत करने आए डा. माशेलकर ने गुरूवार को राजस्थान पत्रिका से विशेष बातचीत में कहा कि हमें अपने शोध, कल्पना एवं आइडिया को संरक्षित कर उनका उपयोग करना नहीं आया है, लेकिन इतना जरूर है कि 21 वीं सदी भारत की होगी। यहां डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी और डाइवरसिटी है, जो कहीं नहीं है।



बजट नहीं, आइडिया महत्वपूर्ण

शोध पर बहुत कम बजट के सवाल पर वह बोले गत वर्ष भारत का बजट 30 हजार करोड़ [छह बिलियन डॉलर] जबकि अमरीका का बजट 200 बिलियन डॉलर था, लेकिन कम पैसे में हम कुछ नहीं कर पाएंगे, यह सच नहीं है। इस देश में जो है वह दुनिया के किसी देश में नहीं है। आज अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत विश्व के पांच अग्रणी देशों में शामिल है। हम स्वयं के उपग्रह बना रहे हैं। जर्मनी एवं कोरिया के उपग्रह को हम अपने प्रक्षेपण यान से भेज रहे हैं, जबकि देश का अंतरिक्ष का बजट तीन हजार करोड़ से भी कम है, जो कि अमरीका के शोध एवं विकास पर खर्च किए जाने वाले बजट का आधा प्रतिशत ही है। गर्वित मुस्कान से वह कहते हैं कि इस आधे प्रतिशत में हम जो कर सकते हैं, वह दुनिया का कोई देश नहीं कर सकता।

पेटेंट के लिए लड़ते भी हैं और बेचते भी हैं ?

हल्दी और बासमति के पेटेंट की की जंग मैंने कैसे जीती, दुनिया जानती है। इस पेटेंट को रद्द करने में जो लड़ाई लड़नी पड़ी उसे वह हल्दीघाटी का दूसरा य द्ध कहते हैं। जनहित में पेटेंट बेचने का समर्थक हूं। इसका लाभ सभी को मिले इसके लिए बौद्धिक सम्पदा अधिकार (आईपीआर) ने एक आयोग 'इनोवशन एण्ड पब्लिक हेल्थ' बनाया है जिसके वह उपाध्यक्ष हैं। 24 मई को जिनेवा में वह इस बारे में रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।

पेटेंट को सुरक्षित कर लेने से भारत पर प्रभाव?

देश का आत्मविश्वास बढ़ा कि अमरीका से हम लड़ सकते हैं और जीत सकते हैं। विदेशियों को पारम्परिक ज्ञान की पहचान हुई। और इस देश में इस ज्ञान को महत्व दिया जाने लगा, जो हमारे पूर्वजों ने अपनी जीवन की प्रयोगशाला में तैयार किया।

इस जंग से उत्साहित आपने ट्रेडिशन नोलेज डिजिटल लेब (टीकेडीएल) बनाई?

जी हां, इस लेब में सभी आयुर्वेदिक औषधियों का मानकीकरण का कार्य शुरू किया है। इंटरनेट में गूगल में जाने पर आयुर्वेद आएगा उसमें 20 लाख साइट है। इस आयुर्वेद में टीकेडीएल टाइप करने पर तीन करोड़ साइट आएगी, जिसका लाभ कोई भी उठा सकता है।

सबसे ज्यादा शोध छात्र

अभी उनकी नेशनल केमिकल लेबोरेट्री में 1800 से 2000 शोध छात्र हैं। हर वर्ष 300 से 400 पीएचडी छात्र निकलते हैं। 4500 से ज्यादा ई-जर्नल उनके पास हैं।

अमरीकन नेशनल एकेडमी साइन्स फैलो

यह सम्मान 140 वर्षों में अब तक सात भारतीयों को ही मिल सका है। गत 22 अप्रेल को उन्हें इसके लिए चुना गया। गुरूत्वाकर्षण व गति के नियम देने वाले महान वैज्ञानिक न्यूटन के हस्ताक्षर के नीचे जब उन्हें हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया, तब उनके ऊपर भारत का झण्डा फहरा रहा था। उनकी बेटी शुभा ने उन्हें झण्डे के साथ फोटो में कैद किया क्योंकि उसे पता है पापा को हर पल उनका राष्ट्र चाहिए। वह पल ओलम्पिक में मेडल पाने जैसा था।

सोराइसिस के इलाज के करीब पहुंचे वैज्ञानिक

उदयपुर, 18 मई (कासं)। चर्म रोग की लाइलाज बीमारी सोराइसिस का इलाज खोजने में वैज्ञानिक सफलता के करीब पहुंच गए हैं। टीबी के इलाज के लिए रासायनिक अणु बना लिया गया है।

औद्योगिक अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. आर.ए. माशेलकर ने राजस्थान पत्रिका से बातचीत में बताया कि शरीर से त्वचा की परत उतरने की भयंकर बीमारी सोराइसिस पर उनका संस्थान एवं देशबंधु गुप्ता की ल्यूपिन कम्पनी तीन वर्ष से शोध कर रही हैं और अभी द्वितीय चरण की क्लीनिकल ट्रायल चल रही है। इसमें सफलता के संकेत से लगता है कि वर्ष 2008-09 तक इसकी दवा अथवा इंजेक्शन बाजार में आ जाएगा। अभी धनी लोग इस बीमारी के इलाज के लिए अमरीका पर निर्भर हैं। वहां से 'एम-जेन' नामक इंजेक्शन मंगाते हैं जिसकी कीमत 1000 डॉलर है। इसके 20 इंजेक्शन लेने पड़ते हैं। इसी तरह टीबी के इलाज की अवधि को घटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस शोध में सफलता के बाद नौ माह में ठीक होने वाली टीबी एक माह में ठीक हो सकेगी। इसके लिए सूडो टर्ब अणु बना लिया गया है। पिछला रासायनिक अणु रिफार्म पायसिन वर्ष 1963 में बना था।

पारम्परिक औषधियों को धरातल देने के लिए उन्होंने गोल्डन ट्राइएंगल बनाया है जिसमें पारम्परिक औषधियां, आधुनिक औषधियां एवं आधुनिक विज्ञान को मिला कर प्रत्येक दवा को कितनी मात्रा में लेनी है। किस बीमारी के लिए कितनी लाभप्रद है और कहां इसके दुष्प्रभाव हो सकते हैं, इसका अध्ययन किया जा रहा है।

प्रातःकाल
ज्येष्ठ कृष्णा 8 शनिवार, दिनांक 20 मई, 2006

जीवन स्तर को ऊपर उठाने नवीनीकरण की जरूरत : मशेलकर

उदयपुर, 19 मई (वि.)। समाज के निर्धन तबके के जीवन स्तर को ऊपर ऊठाने के लिए नवीनीकरण की आवश्यकता है और इसके लिए तकनीकी, समाजिक व नीति स्तर पर ठोस कार्य करना होगा। ये विचार शान्तिपीठ के तत्वावधान में रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में वैज्ञानिक डा. दौलत सिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान में बोलते हुए सी.एस.आई.आर. के महानिदेशक डा. रघुनाथ आनंद मशेल्कर ने व्यक्त किये।

उन्होंने अशिक्षा, गरीबी, निरक्षरता, स्वास्थ्य, पानी की कमी जैसी अनेकों समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए इनोवेशन के सशक्त आधार पर पेशकश की। उन्होंने पावर-पोइन्ट प्रोजेक्टर से गरीबी के चक्रव्यूह की संख्यात्मक अभिव्यक्ति देते हुए बताया कि तकनीकी का बखूबी इस्तेमाल करते हुए गरीबी व अशिक्षा की पीड़ा से आमजन को निजात दिलायी जा सकती है।

प्रारंभ में उन्होंने डा. कोठारी को वैज्ञानिकों में संत कहा। उन्होने बताया कि डा. कोठारी का चिन्तन वर्तमान में कहीं ज्यादा प्रासंगिक है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए सुविवि के कुलपति डा. बी. एल. चौधरी ने डा. मशेल्कर को तकनीकी विकास और नव-निर्माण की प्रेरक शक्ति बताया।

नगर-विकास प्रन्यास के अध्यक्ष शिव किशोर सनाढ्य ने कहा कि यदि कोठारी कमीशन की रिपोर्ट शिक्षा में लागू की होती तो आज शिक्षा की नये-नये प्रयोगों के नाम पर यह दुर्दशा नहीं होती।

उन्होंने कहा 1986 में राजीव गांवी ने छी भी उसी रिपोर्ट के अनुसार नयी शिक्षा नीति बनाई। प्रारंभ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने डा. मशेल्कर का परिचय दिया।

त्रिवेदी ने डा. मशेल्कर को स्मृति चिन्ह भेंट किया। मोहन सिंह कोठारी ने आभार व्यक्त किया जबकि मनीष शेखावत ने कार्यक्रम का संचालन किया।



उदयपुर। दौलत कोठारी स्मृति व्याख्यान में संबोधित करते डा. मशेलकर।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर » 20 अप्रेल 2006

डॉ. दौलत सिंह कोठारी के नाम पर प्रतिमा हो

उदयपुर, 19 अप्रेल। प्रख्यात वैज्ञानिक-शिक्षाविद् डॉ. दौलत सिंह कोठारी की आदमकद प्रतिमा का निर्माण करने के लिए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष को आग्रह किया है। त्रिवेदी ने उनसे भेंट कर बताया कि भारत के प्रतिरक्षा विज्ञान के जनक एवं विश्व के महान शिक्षाविद् के रूप में जो योगदान डॉ. कोटारी का देश एवं मानव जाति को मिला है। यह उदयपुर के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने पत्र प्रेषित करते हुए आग्रह किया है कि यह डॉ. कोठारी का जन्मशति वर्ष है और उनकी दिव्य स्मृति को अश्रुण्ण बनाए रखने के आदमकद प्रतिमा का निर्माण कराकर उनकी गरिमा के अनुकूल नगर में किसी उपयुक्त स्थल पर इसे स्थापित कराया जाना चाहिए। नगरवासियों की श्रद्धांजलि तो अर्पित होगी ही यह नई पीढ़ी को संस्कृति और विज्ञान की नूतन प्रेरणा देगी।

डॉ. कोठारी की प्रतिमा निर्माण की मांग

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष शिवकिशोर सनाढ्य से वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद् डॉ. दौलतसिंह कोठारी की आदमकद प्रतिमा निर्माण कराने का आग्रह किया है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी के योगदान से देश एवं उदयपुर का गौरव बढ़ा है। यह जानकारी शांतिपीठ के प्रसार अधिकारी राजीव लोढ़ा ने दी।

दैनिक नवज्योति
6 फरवरी, 2006

भारतीय चिंतकों ने जीवन के सूक्ष्म रहस्य उद्घाटित किए-महंत

चिन्तन सभा आयोजित

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 5 फरवरी। भारतीय चिन्तकों की उपलब्धि है तन्मात्रा विज्ञान। सूक्ष्माती सूक्ष्म का चिंतन देकर उन्होंने जीवन के रहस्यों को उदघाटित किया। यह विचार विज्ञान मनीषी डॉ. दौलत सिंह कोठारी की पुण्य स्मृति में शांतिपीठ के तत्वावधान में निम्बार्क शिक्षक महाविद्यालय के सभागार में आयोजित चिन्तन सभा में बोलते हुए मेवाड महामण्डलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि विज्ञान का उद्देश्य प्राणी मात्र के आनन्द की प्राप्ति है, ज्ञान-विज्ञान में कोई भेद नही हैं और इसी विचार को वैज्ञानिक डॉ. दौलतसिंह कोठारी ने पृष्ठ पोषित किया। महंत ने अन्नमय कोष, मनोमय कोष, प्राणमय, विज्ञानमय एवं आनन्दमय कोष के विज्ञान का विस्तार से विश्लेषण किया। सभा की अध्यक्षता करते हुए सुखाडिया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ.आर.के.राय ने कहा कि डॉ. कोठारी ने शोधकार्य पर कभी पूर्ण विराम नहीं लगाया। उनकी मान्यता थी कि शोध की निरन्तर पुनः समीक्षा होती रहनी चाहिये तथा अध्ययन-अध्यापन में नित नूतनता बनी रहनी चाहिये।

उन्होंने कहा कि भारत का विज्ञान सदियों पूर्व विकसित विज्ञान रहा है जिसके कई उदाहरण भारत व रामायण में मिलते है। उन्होंने धृतराष्ट्र व संजय के संवाद जैसे उदाहरणों से तत्कालीन समय में रहे उन्नत विज्ञान पर दृष्टिपात किया। विशिष्ट अतिथि महाराणा कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. वीर बहादुर सिंह ने कहा कि मेवाड में अध्यात्म और विज्ञान का दृष्टिकोण सदियों से रहा है और डॉ. कोठारी राजस्थान व उदयपुर के रहे है यह गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि माध्यमिक विद्यालय के पाठयक्रमों में डॉ. कोठारी के जीवन संबंधित विषय वस्तु होनी चाहिये, जिससे आने वाली पीढी को नई प्रेरणा मिले। उन्होंने कहा रक्षा वैज्ञानिक के रुप में उन्होंने जो योगदान दिया है, उसे देश कभी नही भुला पायेगा। सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि डॉ. कोठारी महान वैज्ञानिक के साथ ही महान दार्शनिक भी थे। उन्होंने विश्व के उच्चतम स्तर के वैज्ञानिकों के साथ विज्ञान में कार्य किया तथा अपनी उपलब्धियों से राष्ट्र को महान योगदान दिया। प्रारम्भ में शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि डॉ. कोठारी ज्ञान विज्ञान से संहत संस्कृतिक के प्रवर्तक थे। उनकी मान्यता थी कि विज्ञान को आत्म ज्ञान से जोडकर विकास की ओर बढने से विज्ञान की समुन्नति तथा मानवता के कल्याण दोनों ही महान देन है किन्तु हम इसका सदुपयोग तक नही कर पाये। डॉ. चन्द्रा भण्डारी, डॉ. के.डी. शर्मा ने उनके जीवन संस्मरण सुनाये। प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा डॉ. कोठारी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। सभा का संचालन शांतिपीठ के एम.एस. राणावत ने किया।



शांतिपीठ उदयपुर द्वारा आयोजित चिंतन सभा में बाएं से डॉ. सिंह, डॉ. राय एवं अनन्त गणेश त्रिवेदी।
फोटो-नवज्योति

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, रविवार 5 फरवरी, 2006



निम्बार्क शिक्षक महाविद्यालय सभागार में शनिवार को डॉ. दौलतसिंह कोठारी की पुण्य स्मृति में आयोजित चिंतन सभा को संबोधित करते सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. आर.के. राय।

भारतीय चिंतकों की उपलब्धि तन्मात्रा विज्ञान - शास्त्री

डॉ. कोठारी की पुण्यतिथि पर चिंतन सभा

उदयपुर, 4 फरवरी। भारतीय चिन्तकों की उपलब्धि है तन्मात्रा विज्ञान। सूक्ष्मातीं सूक्ष्म का चिंतन देकर उन्होंने जीवन के रहस्यों को उद्घाटित किया। उक्त विचार महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने शनिवार को विज्ञान मनीषी डॉ. दौलतसिंह कोठारी की पुण्य स्मृति में शान्तिपीठ के तत्वावधान में निम्बार्क शिक्षक महाविद्यालय के सभागार में आयोजित चिन्तन सभा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विज्ञान का उद्देश्य प्राणी मात्र के आनन्द की प्राप्ति है। ज्ञान-विज्ञान में कोई भेद नहीं है और इसी विचार को डॉ. कोठारी ने पृष्ठ पोषित किया। महन्त ने अन्नमय कोष, मनोमय, प्राणमय, विज्ञानमय एवं आनन्दमय कोष के विज्ञान का बिस्तार से विश्लेषण किया। सभा की अध्यक्षता करते हुए सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. आर.के. राय ने कहा कि डॉ. कोठरी ने शोधकार्य पर भी पूर्ण विराम नहीं लगाया। उनकी मान्यता थी कि शोध की निरन्तर पुनः समीक्षा होती रहनी चाहिए तथा अध्ययन-अध्यापन में नित नूतनता बनी रहनी चाहिए।

विशिष्ट अतिथि महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. वीर बहादुरसिंह ने कहा कि मेवाड़ में अध्यात्म और विज्ञान का दृष्टिकोण सदियों से रहा है। डॉ. कोठारी राजस्थान व उदयपुर के रहे हैं यह गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि माध्यमिक विद्यालय के पाठ्यक्रमों में डॉ. कोठारी के जीवन सम्बन्धित विषय वस्तु होनी चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ी को नई प्रेरणा मिले।

सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि डॉ. कोठारी महान वैज्ञानिक के साथ ही महान दार्शनिक भी थे। उन्होंने विश्व के उच्चतम स्तर के वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि डॉ. कोठारी महान वैज्ञानिक के साथ ही महान दार्शनिक भी थे। उन्होंने विश्व के उच्चतम स्तर के वैज्ञानिकों के साथ विज्ञान में शोध कार्य किया तथा अपनी उपलब्धियों से राष्ट्र को महान योगदान दिया। उनकी सादगी उनकी महानता को परिलक्षित भी करती थी।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि डॉ. कोठारी ज्ञान विज्ञान से संहत सांस्कृतिक के प्रवर्तक थे। उनकी मान्यता थी कि विज्ञान को आत्म ज्ञान से जोड़कर विकास की ओर बढ़ने से विज्ञान की समुन्नति तथा मानवता का कल्याण दोनों ही आश्वस्त रहेंगे। उन्होंने कहा कि असल में डॉ. कोठारी अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से बनने वाले नूतन मानव समाज के नियामक हैं। शिक्षाविद् कैलाश बिहारी वाजपेयी ने कहा कि शिक्षा नीति डॉ. कोठारी की इस देश को महान देन है, किन्तु हम इसका सदुपयोग तक नहीं कर पाये। डॉ. डॉ. चन्द्रा भण्डारी, डॉ. के.डी. शर्मा ने उनके जीवन संस्मरण सुनाये। सभा का संचालन शान्तिपीठ के एम.एस. राणावत ने किया।

प्रातःकाल
उदयपुर, रविवार, दिनांक 5 फरवरी, 2006

डा. कोठारी का स्मरण

उदयपुर, 4 फर. (वि.)। शांति पीठ के तत्वावधान में शनिवार को निम्बार्क शिक्षक महाविद्यालय में प्रख्यात वैज्ञानिक डा. दौलतसिंह कोठारी की पुण्यतिथि अवसर पर उसकी स्मृति में चिंतन सभा आयोजित की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महंत मुरली मनोहर शहर शास्त्री ने कहा कि विज्ञान का उद्देश्य प्राप्ती मात्र के आनंद प्राप्ति का है। ज्ञान विज्ञान में कोई भेद नहीं है। इसी विचार धारा को डा. दौलत सिंह कोठारी ने पोषित किया था। उन्होंने अन्तमाया कोष, मनोमय, प्राण मय, विज्ञान मय एवं आनंद मय, कोष के विज्ञान का विश्लेषण प्रस्तुत किया।

सभा के विशिष्ट अतिथि कृषि विवि के पूर्व कुलपति डा. वीर बहादुर सिंह ने कहा कि मेवाड़ में अध्यात्म व विज्ञान का दृष्टिकोण सदियों से रहा है। सौर वैज्ञानिक डा. अरविंद भटनागर ने कहा कि डा. कोठारी महान वैज्ञानिक के अलावा दार्शनिक भी थे। सुविवि के पूर्व कुलपति डा. आर. के. राय के कहा कि डा. कोठारी ने शोध कार्य पर कभी विराम नहीं लगाया। शांति पीठ के संस्थापक सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डा. कोठारी ज्ञान विज्ञान व संस्कृति के प्रवर्तक थे। कैलाश बिहारी वाजपेयी, डा. चन्द्रा भण्डारी व डा. के. डी. शर्मा ने डा. डी. एस. कोठारी के जीवन से जुड़े संस्मरण सुनाए।

प्रारंभ में अतिथियों ने डा. कोठारी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। संचालन शांति पीठ के एम. एस. राणावत ने किया।



उदयपुर। डा. दौलतसिंह कोठारी की पुण्य तिथि पर आयोजित चिन्तन सभा में मंचासीन वक्ता। कमल कुमावत

दैनिक भास्कर

उदयपुर, शनिवार 4 फरवरी 2006
विक्रम संवत 2062, माघ शुक्ल पक्ष, सप्तमी

जन्म शताब्दी पर विशेष

जब डॉ. कोठारी ने मंत्री पद ठुकराया

6 जुलाई, 1906 में उदयपुर में जन्मे डॉ. दौलतसिंह कोठारी 4 फरवरी, 1993 को जयपुर में पंचतत्व में विलीन हो गए। यह वर्ष डॉ. कोठारी का जन्म शताब्दी वर्ष है। हम उस चैतन्य का स्मरण कर रहे हैं जिसकी वर्तमान व भविष्य के समाज को नितांत आवश्यकता है। डॉ. कोठारी सरल थे। उनका जीवन विज्ञान व अध्यात्म की अद्वैत अभिव्यक्ति है। वे गांधी व आइन्सटाइन के समन्वय का स्वरूप थे। विज्ञान, शिक्षा, प्रतिरक्षा तथा मानव मूल्यों के क्षेत्र में उनका जो योगदान है वह अविस्मरणीय रहेगा, राष्ट्र इसके लिए कृतज्ञ रहेगा।

डॉ. कोठारी की प्रारंभिक शिक्षा उदयपुर व इंदौर में हुई। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से भौतिकी में एमएससी की। यहां उनके गुरु विख्यात भौतिकी शिक्षक मेघनाथ साहा थे जिनका मार्गदर्शन उन्हें आगे तक मिला। 1933 में डाक्टरेट की उपाधि उन्होंने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय की प्रसिद्ध केवेंडिश प्रयोगशाला में तीन वर्ष तक वैज्ञानिक लार्ड अरनेस्ट रदरफोर्ड, प्रो. आरएच फाउलर और प्रो. पीटर केपिट्जा के साथ अनुसंधान कर प्राप्त की थी। यहां उल्लेखनीय है कि डॉ. कोठारी से मिल कर वैज्ञानिक रदरफोर्ड अत्यंत खुश हुए थे। यहां उनकी मित्रता डॉ. एस. चंद्रशेखर से हुई थी जो शोध कार्यों के समापन तक बनी रही। भारत लौटकर उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय में रीडर के पद पर कार्य शुरू किया।

12 जुलाई, 1948 को डॉ. कोठारी ने भारत के रक्षा मंत्रालय में प्रथम वैज्ञानिक सलाहकार का पद संभाला तथा 1961 तक कार्यरत रहे। उन्होंने भारत के समस्त प्रतिरक्षा वैज्ञानिक प्रतिष्ठानों का पुनर्गठन किया तथा देश में रक्षा प्रयोगशालाओं की एक शृंखला स्थापित की। इस कार्यकाल में डॉ. होमी जहांगीर भाभा, डॉ. केएस कृष्णन और डॉ. शांतिस्वरूप भटनागर भी वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड के सदस्यों के रूप में उनको सहयोग देते रहे। डॉ. कोठारी के संरक्षण में रक्षा अनुसंधान संगठन ने रक्षा विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिकी, शरीर क्रिया विज्ञान, धातु कर्म, भू-स्थायित्व, खाद्य संरक्षण, वैमानिकी, गैस टरबाइन एवं मिसाइल जैसे अनेक विषयों पर कार्य किया। उनकी पुस्तक 'न्यूक्लियर एक्सप्लोजन एंड देअर इफेक्ट्स' (नाभिकीय विस्फोट तथा उनके प्रभाव) है जो उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के आग्रह पर लिखी थी। पुस्तक में परमाणु विखंडन की प्रक्रिया सरल भाषा में समझाई गई है एवं उनके दुष्परिणामों का विवेचन किया गया है। पुस्तक का अनुवाद रूसी, जापानी तथा जर्मन भाषाओं में हो चुका है।

डॉ. कोठारी के शिक्षा के क्षेत्र में अवदान अविस्मरणीय रहेंगे। स्वाधीनता के बाद 1948 में विश्वविद्यालय आयोग सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित हुआ और फिर माध्यमिक शिक्षा आयोग 1952-53 में प्रो. मुदालियर की अध्यक्षता में। इन आयोगों के सुझावों के बाद भी शिक्षा की एकरूपता दिखाई नहीं दी। बाद में भारत सरकार ने 14 जुलाई 1964 को कोठारी आयोग का गठन किया जिसके अध्यक्ष डॉ. कोठारी बने।

1961 में वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रथम अध्यक्ष बने। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवाओं का वर्तमान स्वरूप डॉ. कोठारी के सुझाव पर बना। डॉ. कोठारी ने भारत में न्यूक्लियर मेडिसिन की नींव रखी। उनका कहना था कि विज्ञान व मानव मूल्यों अथवा अहिंसा के अंतरसंबंधों को पृष्ठ पोषित करना दोनों के लिए लाभकारी है।

जब लालबहादुर शास्त्री ने डॉ. कोठारी व डॉ. भाभा को अपनी कैबिनेट में मंत्री पद का प्रस्ताव दिया तो दोनों ने ही विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया। कोठारी व भाभा जानते थे कि वे देश को कहीं अधिक प्रभावी योगदान दे पाएंगे, जहां वे थे। जब 1973 में पद्मविभूषण का सम्मान उन्हें दिया गया तो डॉ. कोठारी से पूछा नहीं गया। डॉ. कोठारी ग्रीष्मकाल में उदयपुर आया करते थे। जीव विज्ञान के वैज्ञानिक नॉबल लॉरियट डॉ. जार्ज वॉल्ड ने कहा कि मैं अबतक जितने भारतीयों से मिला हूं, डॉ. कोठारी ने मुझे अत्यंत प्रभावित किया है। मैं उनसे अनन्य प्रेम करता हूं। बरट्रेंड रसैल व आइन्सटाइन जैसे वैज्ञानिकों ने डॉ. कोठारी की सराहना की है। उनकी पहल पर ही चंद्रशेखर ने वह खोज की थी जिसके लिए उन्हें नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया।

अनंत गणेश त्रिवेदी, संस्थापक
महासचिव
शांतिपीठ-भारत, उदयपुर

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 4 फरवरी 2006

डॉ. कोठारी एक विराट व्यक्तित्व

पुण्यतिथि पर विशेष



उदयपुर। वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद डॉ दौलतसिंह कोठारी देश की विलक्षण प्रतिभाओं में से एक थे। विराट व्यक्तित्व के धनी डॉ. कोठारी ने देशवासियों को भारत की आत्मा के दर्शन करवाए। उन्होंने पश्चिमी देशों के विज्ञान जगत से जो लिया उसे अपने स्वधर्म के अनुरूप कर लिया। उन्होंने आधुनिक विज्ञान के सापेक्षता वाद एवं पूरकता के सिद्धान्तों को श्रीमद् भगवद गीता, उपनिषदों एवं ब्राह्मण ग्रन्थों के साथ संदर्भित कर विज्ञान व तकनीकी को मानव कल्याण की दिशा देने में नए आयाम स्थापित किए।

छह जुलाई 1906 में उदयपुर में जन्मे डॉ. कोठारी का इस वर्ष जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। उनका चार फरवरी 1993 में देहावसान हो गया था।

उनका जीवन विज्ञान एवं आध्यात्म की अद्वैत अभिव्यक्ति था। डॉ कोठारी की प्रारम्भिक शिक्षा उदयपुर व इंदौर में हुई। उन्होंने इलाहाबाद से भौतिकी में एमएससी की, जहां उनके गुरु विश्वविख्यात भौतिकी शिक्षक मेघनाद साहा थे। कोठारी ने डाक्टरेट की उपाधि वर्ष 1933 में केम्ब्रिज विश्वविद्यालय की केवेंडिश प्रयोगशाला से प्राप्त की, जहां उन्हें वैज्ञानिक लार्ड अर्नेस्ट रदरफोर्ड, प्रो. आर.एच. फाउलर और प्रो. पीटर केपिट्जा का साथ मिला। वहीं उनकी मित्रता डॉ. एस. चन्द्रशेखर से हुई। उनके वैज्ञानिक अनुसंधानों में स्टेटिस्टिकल थर्मोडायनेमिक्स, क्वांटम स्टेटिक्स, इंटरनल कांस्टीट्यूशन आव द स्टार्स, एप्लीकेशन ऑव रामानुजनम्स पार्टिशन थ्योरी ऑव नम्बर्स टू स्टेटिस्टिकल्स, मैकेनिक्स एंड टू हाईपालीमर्स, थ्योरी ऑव फ्रेग्मेंटेशन ऑव लार्ज मासेस इनटू स्टाम्स, इफेक्ट ऑव रेडिएशन ऑन द लेम्ब शिफ्ट प्रमुख हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके अवदान अविस्मरणीय हैं। विश्वविद्यालय एवं माध्यमिक शिक्षा आयोग के बावजूद जब देश की शिक्षा में एकरूपता नहीं आ पाई तो डॉ कोठारी की अध्यक्षता में वर्ष 1964 में आयोग का गठन हुआ। उनकी रिपोर्ट की प्रमुख विशेषताएं यथा समान प्रारम्भिक शिक्षा, चरित्र निर्माण शिक्षण, क्षेत्रीय भाषाओं का विकास, त्रिभाषी फार्मूला, दस जमा दो जमा तीन योजना, नारी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, विभिन्न प्रांतों में समान स्तरीय शिक्षा पद्धति, अध्यापकों की विभिन्न श्रेणियां, शैक्षणिक योग्यता में विकास आदि है। वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रथम अध्यक्ष, वैज्ञानिक शब्दावली आयोग के अध्यक्ष, भारत में न्यूक्लियर मेडिसन के जनक, भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्तमान स्वरूप के प्रवर्तक, रक्षा अनुसंधान एंव विकास संगठन के प्रथम अध्यक्ष रहे। इसके अलावा विभिन्न वैज्ञानिक संगठनों एवं सलाहकार बोर्डों के अध्यक्ष एवं सदस्य रहे।

कोठारी के व्यक्तित्व-कृतित्व पर चिंतन सभा आज

उदयपुर, 3 फरवरी। शांतिपीठ के तत्वावधान में शनिवार सुबह 11 बजे निम्बार्क महाविद्यालय में शिक्षाविद् डॉ. दौलतसिंह कोठारी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चिंतन सभा का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष उनका जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है।

जय राजस्थान
शुक्रवार 8 जुलाई 2005

प्रख्यात शिक्षाविद्, वैज्ञानिक स्व. कोठारी की 99वी जयंती पर चिंतन सभा

उदयपुर, 7 जुलाई। तत्वदर्शी वैज्ञानिक डॉ. दौलत सिंह् कोठारी की प्रेरणा मनुष्य मात्र के सुरक्षित भविष्य को आश्वस्त करती है बशर्ते व्यक्ति और समुदाय जीवन का आचरण विज्ञान को मानव मूल्यों से जोड कर करे । ये विचार प्रख्यात शिक्षाविद् वैज्ञानिक डॉ. दौलत सिंह कोठारी की 99 वीं जयंती के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित चिंतन सभा में बोलते हुए कई वक्ताओं ने व्यक्त किये। सभा की अध्यक्षता मोहन सिंह कोठारी ने की।

प्रमुख अतिथि के रूप में बोलते हुए मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बी.आर.चौधरी ने कहा कि डॉ. कोठारी ज्ञान के शिखर पर पहुंच कर सरल और निर्भिक बन गये। गंभीर मसलों को सहज सुलजाना उनके व्यक्तित्व का गुण था। वे विज्ञान प्रज्ञा पुरूष थे जिन्हें आज जनमानस तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.आर.के.राय ने कहा कि उनका जीवन प्रेरणास्पद रहा है। विज्ञान हो अथवा शिक्षा का अन्य आयाम सभी पर उन्होंने सच्चे शोध की आवश्यकता प्रतिपादित की है। उन्होंने कहा कि जीन आदर्शो को लेकर कोठारी चले उन्हें आवाम तक पहुंचाने की आज आवश्यकता है।

सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि विज्ञान जगत में ऐसे तत्वदर्शी महापुरूष कम ही मिलते है जिन पर विज्ञान जगत को गर्व है। साहित्यकार औंकार श्री ने कहा कि कोठारी अध्यात्म, विज्ञान व संस्कृति के सेतु पुरूष थे। शिक्षाविद् अरविन्द फाटक ने कहा कि डॉ. कोठारी द्वारा प्रतिपादित विज्ञान व राम के समुच्चय मंत्र को शिक्षा जगत द्वारा आत्मसात करने की आवश्यकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि अध्यात्म, विज्ञान व संस्कृति का समुन्नयन दार्शनिक दृष्टि से एक शिखर प्रश्न है जिस पर मानव का भविष्य निर्भर करेगा।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी नूतन शताब्दी का दिव्य निर्देशन है, उनकी प्रेरणा मानवता के सुखद भविष्य का आश्वासन है। उन्होंने कहा आज 100 वें जन्म दिवस पर उनका शताब्दी वर्ष शुरू होता है।

इस अवसर पर उन्होंने डॉ. कोठारी शताब्दी वर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि इस काल में डॉ. कोठारी की स्मृति में स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर पर कई कार्यक्रम प्रस्तावित किये गये है जिनमें देश के कई स्थानों पर स्मृति व्याख्यान विस्तार भाषण, सेमिनार आदि प्रमुख हैं।

सभा के प्रारंभ में दीप प्रज्वलित कर डॉ. कोठारी की तस्वीर पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा प्रतिभागियों द्वारा पुष्पाजंलि अर्पित की गई। सभा का संचालन एम.एस.राणावत ने किया जबकि जी.एल.पाटीदार ने आभार व्यक्त किया।

प्रातःकाल

पृष्ठ

डा. कोठारी की जयन्ती पर चिन्तन सभा सम्पन्न

उदयपुर, 6 जुलाई (वि) । डा. दौलत सिंह कोठारी की 99वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में बुधवार को शान्तिपीठ द्वारा चिन्तन सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मोहन सिंह कोठारी ने की तथा मुख्य अतिथि मोसुविवि के कुलपति बी.एल. चौधरी थे ।

इस अवसर पर साहित्यकार ओंकारश्री ने कहा कि डा. कोठारी अध्यात्म, विज्ञान एवं संस्कृति के सेतु पुरूष थे ।

शान्तिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डा. कोठारी नूतन शताब्दी का दिव्य निदेशन हैं, उनकी प्रेरणा मानवता के सुखद भविष्य का आश्वासन हैं ।

सभा को प्रो. आर. के. राय, डा. अरविन्द भटनागर ने भी सम्बोधित किया । सभा का संचालन एम.एस. राणावत ने एवं धन्यवाद जी.एल. पाटीदार ने ज्ञापित किया ।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 7 जुलाई 2005

विज्ञान प्रज्ञा पुरुष थे कोठारी- प्रो. चौधरी

उदयपुर, 6 जुलाई। तत्वदर्शी वैज्ञानिक डॉ. दौलत सिंह कोठारी की प्रेरणा मनुष्य मात्र के सुरक्षित भविष्य को आश्वस्त करती है, बशर्ते व्यक्ति और समुदाय जीवन में विज्ञान को मानव मूल्यों से जोड़ें।ये विचार बुधवार को शिक्षाविद्-वैज्ञानिक डॉ. दौलत सिंह कोठारी की 99वीं जयन्ती पर शान्तिपीठ की ओर से आयोजित चिन्तन सभा में वक्ताओं ने व्यक्त किए। सभा की अध्यक्षता मोहन सिंह कोठारी ने की। प्रमुख अतिथि सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. चौधरी ने कहा कि डॉ. कोठारी ज्ञान के शिखर पर पहुंच कर सरल और निर्भीक बन गए। वे विज्ञान प्रज्ञा पुरुष थे जिन्हें आज जनमानस तक पहुंचाने की आवश्यकता है।पूर्व कुलपति प्रो. आर.के. राय ने कहा कि उनका जीवन प्रेरणास्पद रहा है। विज्ञान हो अथवा शिक्षा का अन्य आयाम सभी पर उन्होंने सच्चे शोध की आवश्यकता प्रतिपादित की है। सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि विज्ञान जगत में ऐसे तत्वदर्शी महापुरुष कम ही मिलते हैं जिन पर विज्ञान जगत को गर्व है। साहित्यकार ओंकार श्री ने कहा कि डॉ. कोठारी अध्यात्म, विज्ञान व संस्कृति के सेतु पुरुष थे। शिक्षाविद् अरविन्द फाटक ने कहा कि डॉ. कोठारी द्वारा प्रतिपादित विज्ञान व राम के समुच्चय मंत्र को शिक्षा जगत द्वारा आत्मसात करने की आवश्यकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि अध्यात्म, विज्ञान व संस्कृति का समुन्नयन दार्शनिक दृष्टि से एक शिखर प्रश्न है जिस पर मानव का भविष्य निर्भर करेगा।शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी नूतन शताब्दी का दिव्य निदेशन हैं उनकी प्रेरणा मानवता के सुखद भविष्य का आश्वासन है। उन्होंने कहा कि अगस्त माह में कोठारी शताब्दी वर्ष का विधिवत शुभारम्भ स्मृति व्याख्यान से होगा। इसमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. कर्ण सिंह व्याख्यान देंगे।प्रारम्भ में डॉ. कोठारी की तस्वीर पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया। सभा का संचालन एम.एस. राणावत ने किया जबकि जी.एल. पाटीदार ने आभार व्यक्त किया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, गुरुवार 7 जुलाई 2005

विक्रम संवत 2062 आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा

कोठारी जन्मशती व्याख्यान में कर्णसिंह आएंगे

उदयपुर, 6 जुलाई • तत्वदर्शी वैज्ञानिक डॉ. दौलतसिंह कोठारी के जन्म शताब्दी वर्ष में यहां 'उदयपुर शांति सम्मेलन' नाम से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होगा। शताब्दी समारोह की शुरुआत व्याख्यान से होगी जिसकी अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्य सभा सदस्य डॉ. कर्णसिंह करेंगे। इसकी तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

यह जानकारी बुधवार को यहां डॉ. कोठारी की 99वीं जयंती पर शांतिपीठ संस्था की ओर से आयोजित सभा में संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने दी। उन्होंने डॉ. कोठारी के योगदान को कालजयी बताते हुए कहा कि उनके शताब्दी वर्ष में विभिन्न आयोजन होंगे। राष्ट्रीय स्तर पर बनने वाली आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. कर्णसिंह होंगे। समारोह का उत्कर्ष अंतरराष्ट्रीय आयोजन के साथ होगा। सभा में मोसुविवि के कुलपति प्रो. बीएल चौधरी ने कहा कि डॉ. कोठारी ज्ञान के शिखर पर पहुंचकर सरल और निर्भीक बन गए थे। पूर्व कुलपति डॉ. आरके राय ने कहा कि उनका जीवन प्रेरणास्पद रहा है। सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविंद भटनागर ने कहा कि विज्ञान जगत में ऐसे तत्वदर्शी लोग कम ही मिलते हैं, जिन पर जगत को गर्व होता है। साहित्यकार ओंकारश्री, शिक्षाविद् अरविंद फाटक ने उनके योगदान को सराहा। अध्यक्ष पद से मोहनसिंह कोठारी ने भी विचार रखे।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 7 जुलाई 2004



उदयपुर में मंगलवार को वैज्ञानिक डॉ. दौलत सिंह कोठारी की ९८वीं जयन्ती पर विचार गोष्ठी अतिथि।

अहिंसा और विज्ञान की समन्वित अभिव्यक्ति थे डॉ. कोठारी

उदयपुर, 6 जुलाई। भारतीय आध्यात्मिक वांगमय ओर आधुनिक विज्ञान से डॉ. दौलत सिंह कोठारी ने समाज को जो दिशा दी वह आने वाली शताब्दियों में मनुष्य मात्र का मार्गदर्शन करती रहेगी।

■ पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी ■

शिक्षा सुरक्षा, विज्ञान एवं मानव कल्याण जैसे क्षेत्रों में हुई अभिव्यक्तियां उनके आध्यात्मिक उद्भव का ही परिणाम थी।

शिक्षाविद्-वैज्ञानिक डॉ. दौलत सिंह कोठारी की 98वीं जयंती पर शान्तीपीठ के तत्वावधान में मंगलवार को आयोजित विचारगोष्ठी में कई वक्ताओं ने उक्त विचार व्यक्त किये।

मुख्य अतिथि डॉ. के. राय ने कहा डॉ. कोठारी पर वैज्ञानिक आईन्सटाईन व महात्मा गांधी का समान रूप से प्रभाव था। वे उन दोनों की समन्वित अभिव्यक्ति थे।

चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि उन्होंने भारतीय मनीषा को यथार्थ में जीया कार्यक्रम अध्यक्षता भारत इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पी.एल. अग्रवाल ने कहा कि मेवाड़ के सपूत पर पूरे राष्ट्र को गर्व है। वे हमेशा यश व कीर्ति से दूर रहे तथा जीवन को एक साधक की तरह जीया।

प्रोफेसर एस.एन. जोशी ने कहा कि दूरदर्शी व दार्शनिक थे। सुझाव दिया कि राजस्थान शिक्षा बोर्ड में डॉ. कोठारी को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाना चाहिए। डॉ. कोठारी अहिंसा और विज्ञान का समन्वय भविष्य को सुनिश्चित करता है जिसे डॉ. कोठारी ने हमेशा रेखांकित किया।

वरिष्ठ साहित्यकार ओंकारश्री के अलावा भंवरलाल व्यास, चन्द्रा भण्डारी, हेरनाथ सिंह भंसाली, रविन्द्र भंडारी व प्रतापसिंह कोठारी ने भी विचार व्यक्त किये। प्रारम्भ में अतिथियों ने डॉ. कोठारी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, विक्रम संवत 2061, श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी, बुधवार 7 जुलाई 2004

डॉ. कोठारी की जयंती पर विचार गोंष्ठी

उदयपुर, 6 जुलाई (नसं)। शांतिपीठ की ओर से डॉ. दौलतसिंह कोठारी की 98 वीं जयंती के अवसर पर विचारगोष्ठी आयोजित की गई।

पीठ के प्रसार अधिकारी राजीव लोढ़ा ने बताया कि गोष्ठी में मुख्य अतिथि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. आर. के. राय ने कोठारी को वैज्ञानिक व दार्शनिक विचारधारा की समन्वित अभिव्यक्ति बताया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे भारत इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष. डॉ. पी.एल. अग्रवाल ने कोठारी को निःस्वार्थ सेवा साधक व मेवाड़ का सच्चा सपूत बताया। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कोठारी को मानव कल्याण का अन्वेषक बताते हुए उनके समन्वयक दृष्टिकोण की प्रशंसा की।



इस अवसर पर मौजूद वरिष्ठ साहित्यकार ओंकारश्री ने विश्व शांति के प्रति चिन्ता को दर्शाती उनकी पुस्तक 'नाभिकीय विस्फोट तथा उनके परिणाम' को प्रासंगिक बताया। इस अवसर पर मोहनसिंह कोठारी, सुखाड़िया विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर यू.एन.उपाध्याय, एडवोकेट भंवरलाल व्यास, चंद्रा भंडारी आदि भी उपस्थित थे। आभार पीठ के पंडित मुरलीधर जोशी ने जताया।

विज्ञान को नियामक की जरूरत- डॉ. कस्तूरीरंगन

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 5 मार्च 2004

उदयपुर, 4 मार्च। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. कस्तूरीरंगन ने कहा है कि विज्ञान के क्षेत्र में होने वाली प्रगति के लाभ सर्वविदित हैं लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि इसके दुष्परिणाम समाज के वंचित वर्ग को ही भुगतने पड़ते हैं। ऐसे में वैज्ञानिक प्रगति बड़ा नैतिक सवाल खड़ा करती है। कौनसी वैज्ञानिक उपलब्धि नैतिकता की दृष्टि से स्वीकार्य है और कौनसी नहीं इसके लिए वास्तव में अब विज्ञान को भी एक नियामक सत्ता (गवर्नर) की आवश्यकता है। डॉ. कस्तूरीरंगन गुरूवार को यहां रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के सभागार में देश के प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. डी.एस. कोठारी की स्मृति में शांतिपीठ द्वारा आयोजित व्याख्यानमाला का पंचम व्याख्यान दे रहे थे। विज्ञान और नैतिकता विषय पर बोलते हुए डॉ. कस्तूरीरंगन ने अंतरिक्ष विज्ञान, मानवीय मूल्यों, नैतिकता एवं समाज पर उसका प्रभाव जैसे कई संवेदनशील बिंदुओं को छुआ और डॉ. कोठारी के इन शब्दों उद्धृत किया कि विज्ञान के उत्कर्ष का चरम बिन्दू उसी दिन आएगा जब विज्ञान उपनिषदों में प्रतिपादित ज्ञान को आत्मसात कर लेगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल उत्कृष्टता को ही मान्यता देता है। इस शब्द ने वैज्ञानिकों पर बड़ी जिम्मेदारी डाल दी है। विकास के हर क्षेत्र में अब विज्ञान की पवित्रता को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि वैज्ञानिक उपलब्धियां समाजोपयोगी बनें।

विज्ञान को नियामक की जरूरत- डॉ. कस्तूरीरंगन

वैज्ञानिकों को मूल्य निरपेक्ष विज्ञान के स्थान पर मूल्य अनुप्राणित विज्ञान की दिशा में प्रयास करने होंगे। आज वैज्ञानिक शोध व्यक्तिगत न रह कर सामूहिक प्रयास बन गए है इसलिए नैतिक उत्तरदायित्व भी सामूहिक होना चाहिए। ऐसे सामूहिक शोध के लिए उपलब्ध वित्तीय संसाधन सीमित है। इन सामूहिक शोधकार्यों के लिए धन तथा अन्य संसाधन उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं पर निर्भरता बढ़ गई है। इन कठिन परिस्थितियों में वैज्ञानिको को ध्यान में रखना है कि उनकी शोध के परिणाम सामूहिक क्षेत्र में न्यायसंगत बने। विज्ञान के विभिन्न विषयों को छूते हुए उन्होंने कहा कि जैव अनुवांशिकी में स्टेम कोशिका से क्लोन तैयार किए जा रहे है। डॉ. कस्तूरीरंगन ने जीन्स तथा आनुवांशिकी के क्षेत्र में प्रगति के हवाले से बताया कि ह्यूगो मानवीय जीन्स का संरचना तंत्र है। मानव क्लोन पहले से नियंत्रित आनुवांशिक तत्वों से नियंत्रित हैं। इस प्राकर यह भी संभव है कि हमारी चेतना भी पूर्व निर्धारित तथा प्रायोजित अंशों का एक संगठन मात्र बन कर रह जाए। इसको लेकर ही समाज में कई नैतिक सवाल उठ खड़े हुए है। इस पद्धति को विकसित करने वाले वैज्ञानिक स्वयं नहीं जानते की इसके 15-20 साल बाद क्या परिणाम होंगे। इसमें जो विसंगतियां विकसित होंगी उन्हें कैसे दूर किया जाएगा। ट्रांसजैनिक बीज से फसलें तो तैयार की जा रही है। लेकिन उसका मानव जीवन के जीन्स पर क्या अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा और उसका निराकरण कैसे होगा। ये सारे सवाल आज मुंह बायें खड़े हैं। इसी तरह सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सूचना का प्रचुर भण्डार डेटा बेस उपलब्ध करा दिया गया है, जो प्रत्येक कन्ट्रोल सिस्टम के लिए जरूरी हो गया है लेकिन उस पर अगर नियंत्रण नहीं होगा तो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को कभी भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में गंभीर चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. कस्तूरीरंगन ने अंतरिक्ष में क्षेत्राधिकार के प्रश्न पर कहा कि जब कई देश अंतरिक्ष में शोध करने के लिए सक्षम हो जाएंगे तो क्षेत्राधिकार की समस्या संघर्ष का रूप धर सकती है। इसी तरह उपग्रह फोटोग्राफी तकनीक से हम उपग्रह के माध्यम से बहुत छोटे से भू भाग का स्पष्ट छायांकन कर सकते हैं। इससे अनेक लाभ है लेकिन इस प्रणाली से व्यक्ति के अपने निवास की गोपनीयता भंग होती है। उसके व्यक्तिगत क्षेत्र का उल्लंघन होता है। संचार वृत्त की समस्या पर उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में चक्कर लगा रहे संचार उपग्रह एक वृत्त में उपस्थित हैं। अभी तो इस अंतरिक्ष वृत्त में और उपग्रहों के लिए स्थान उपलब्ध है लेकिन भविष्य में यहां भी रिक्त स्थान भर जाने से संचार उपग्रह की समस्या अंतरिक्ष में एक नए संघर्ष को जन्म दे सकती है। इसी तरह ग्रीन हाउस के प्रभाव को लेकर डॉ. कस्तूरीरंगन ने कहा कि धनी देशों की औद्योगिक इकाईयों द्वारा वातावरण में छोड़ी जाने वाली अनेक जहरीली गैसों से वायुमंडल की रक्षक ओजोन परत में छिद्र हो गया है। इसका दुष्परिणाम गरीब जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विडम्बना यही है कि विज्ञान की प्रगति का बुरा प्रभाव वंचित वर्ग को ज्यादा भुगतना पड़ रहा है इसलिए यह प्रगति एक बड़े नैतिक प्रश्न को रेखांकित करती है जिसका हल विज्ञान को नैतिकता से आबद्ध करना ही हो सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सार्वजनिक निर्माण मंत्री गुलाबचन्द कटारिया ने कहा कि विज्ञान व्यक्ति के विकास में है। उन्होंने एक अनसुलझे प्रश्न को सभागार में रखते हुए कहा कि विज्ञान कहता है कि खानों से पर्यावरण दूषित होता है लेकिन मेवाड़ जैसे आदिवासी क्षेत्र में रोजगार का अहम साधन ही खान एवं खनन है। बार-बार इन पर प्रतिबन्ध की बात करके गरीब की रोटी छीन कर हम किस पर्यावरण की बात कर रहे है। बिना रोजगार के अच्छे पर्यावरण को लेकर कौन चलेगा। प्रारम्भ में शांतिपीठ के अध्यक्ष अनन्त गणेश त्रिवेदी ने डॉ. दौलत सिंह कोठारी का श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए शांतिपीठ के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। घनश्याम सिंह कृष्णावत ने कहा कि अब समाज ही विज्ञान एवं अनुसंधान का सकारात्मक उपयोग करें। रेलवे ट्रेनिंग स्कूल के प्राचार्य आर.एस. मीणा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन शांतिपीठ की सलाहकार समिति के सदस्य मोहनसिंह कोठारी ने दिया। संचालन अरूण जकारिया ने किया। समारोह में पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता, सौर वैज्ञानिक अरविन्द भटनागर, रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के छात्र, अध्यापक, अधिकारी सहित कई प्रबुद्ध नागरिकगण उपस्थित थे।(कासं)



देश के प्रख्यात अंतरिक्ष विज्ञानी एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. के. कस्तूरीरंगन गुरुवार को उदयपुर के रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में डॉ. दौलतसिंह कोठारी की स्मृति व्याख्यान देते हुए। पत्रिका फोटो

देश में 'मिशन टू मून' के बारे में कोई दो राय नहीं

उदयपुर, 4 मार्च। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. कस्तूरीरंगन ने कहा कि 'मिशन टू मून' के बारे में देश में एक राय है। भले ही इसके वैज्ञानिक, सामरिक और राजनीतिक समेत कई पहलू हों। उन्होंने कहा कि देश में ऐसे अवसर तैयार हो गए हैं कि बचपन में दीवाली के पटाखों में रॉकेट चलाने वाला बच्चा बड़ा होकर असली रॉकेट लॉन्च करे। उदयपुर में डॉ. डी.एस. कोठारी व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेने आए डॉ. कस्तूरीरंगन ने यह बात 'राजस्थान पत्रिका' से खास बातचीत में कही। राज्यसभा के सदस्य डॉ. कस्तूरीरंगन ने कहा कि सन् 2007 में शुरू होने वाले 'मिशन टू मून' को सभी पहलुओं पर विचार करके ही मंजूरी दी गई है। यह पूछे जाने पर कि तीन सौ करोड़ रुपए के इस अभियान के अंतरिक्ष विज्ञान से ज्यादा क्या राजनीतिक उद्देश्य नहीं हैं, डॉ. कस्तूरीरंगन ने कहा कि इसके राजनीतिक ही नहीं सामरिक और शैक्षणिक पहलू भी हैं। साथ ही वे बोले वैसे तो आज से 40 वर्ष पहले जब भारत में अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरूआत की गई तब यह सवाल भी उठा था कि भारत जैसे गरीब देश को अंतरिक्ष कार्यक्रमों की जरूरत क्या है। लेकिन आज हम दुनिया में अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में छठी महाशक्ति हैं। अमरीका और यूरोप के कई विकसित देश तो आज सूचनाओं और आंकड़ों के मामले में भारत पर निर्भर हैं। उन्होंने बताया कि दो वर्ष के इस अभियान को अन्जाम देने के लिए इसरो, भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद समेत देश के शीर्षस्थ अंतरिक्ष विज्ञानी तथा विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत शोधार्थियों में समन्वय स्थापित किया जा रहा है। इस अभियान को अंजाम देने से पहले इसरो चन्द्रमा के वातावरण और उसके धरातल की रासायनिक जांच के लिए चन्द्रमा का चक्कर लगाने के लिए एक उपग्रह प्रक्षेपित करेगा। चन्द्र अभियान के उद्देश्य के सवाल के बारे में उन्होंने कहा कि इस अभियान के

डॉ. के.कस्तूरीरंगन से खास बातचीत

तहत भेजा जाने वाला मानव रहित अंतरिक्ष यान चन्द्रमा के धरातल का भौतिक और रासायनिक विश्लेषण करेगा और दो वर्ष तक महत्वपूर्ण जानकारियां हमें देगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बचपन में रॉकेट चलाने वाला बच्चा अगर चाहता है कि वह बड़ा होकर अंतरिक्ष में रॉकेट लान्च करे तो आज देश में ऐसे कई अवसर है कि वह अपने लक्ष्य को अजाम दे सके। उन्होंने बताया कि बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान से जोड़ने के लिए इसरो समेत बहुत से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठन काम कर रहे हैं। अमरीका की प्लेनेट्री सोसायटी ने भी उदयपुर के बाल विज्ञानी शालिन हरलालका को मार्स अभियान में जोड़ा। हम पांच से 16 वर्ष की आयु के बालकों के लिए 'कन्सेप्ट ऑफ साइन्स' नामक पुस्तिका का प्रकाशन कर रहे हैं। गत फरवरी माह में इसरो ने देश के अपने सभी केन्द्रों पर देशभर के पांच हजार बच्चों की वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, संवाद कार्यक्रम कराए और उन्हें सभी केन्द्रों का अवलोकन करा कर अंतरिक्ष विज्ञान की जानकारी दी। क्या फील गुड देश के अंतरिक्ष क्षेत्र में महसूस किया जा रहा है के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारे यहां तो जब कोई उपग्रह सफलतापूर्वक प्रक्षेपित हो अंतरिक्ष की निर्धारित कक्षा में स्थापित हो जाता है वही क्षण फील गुड का होता है। इसके बावजूद उनका मानना है कि अंतरिक्ष विज्ञान के विकास के कारण आज देश में मेडिकल, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, मौसम विज्ञान आदि क्षेत्रों में बहुत विकास हुआ है। (कासं)

मुसीबत में मददगार

उदयपुर, 4 मार्च। देश के अग्रगण्य अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. अब्दुल कलाम आजाद के राष्ट्रपति बनने से अंतरिक्ष विज्ञान घर-घर में पहुंच गया है। इससे इस विज्ञान के प्रति जागरूकता आई है। डॉ. कलाम का राष्ट्रपति बनना दे के वैज्ञानिक जगत के लिए गौरव की बात है। यह बात प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक एव कलाम के सहयोगी डॉ. के. कस्तुरीरंगन ने गुरुवार को यहां 'राजस्थान पत्रिका' से बातचीत में कही। उनका कहना था कि कहा यह जाता है कि कलाम के राष्ट्रपति बनने से अंतरिक्ष विज्ञान में शोध कार्यों को वित्तीय सहूलियत बढ़ गई है लेकिन सच्चाई यह है कि पिछले 25 वर्षों में कभी भी किसी बड़े शोध या किसी उपग्रह के प्रक्षेपण में वित्तीय संसाधन के लिए भारत सरकार की चिरौरी नहीं करनी पड़ी। न किसी शोध के लिए हमारे बजट में कटौती की गई। हमारा कार्य ही हमारी सफलता है। इसके लिए किसी पहुंच या सम्बल की जरूरत नहीं है। साथ ही हंसते हुए वे यह भी बोले कि हां, आज भी कभी तकनीकी रूप से समस्या में होते हैं तो वे अपने मित्र कलाम से सलाह जरूर लेते हैं, तब वे जरूर राष्ट्रपति ही सही हमारे लिए उपयोगी साबित हो जाते हैं।

जनराजस्थान - उदयपुर

जय राजस्थान 6 फरवरी, 2004

विज्ञान को कल्याणकारी बनाने के लिये आध्यात्मिक आश्रय नितांत आवश्यक

उदयपुर, 5 फर.(वि.)। विज्ञान के उत्तरोत्तर विकास और समाज के लिये इसे कल्याणकारी बनाने के लिये आध्यात्मिक नितांत आवश्यक है। अध्यात्म और विज्ञान के अद्वेत को साधकर डा. कोठारी ने सत्य को खोजा तथा अहिंसा व गीता के निष्काम कर्मयोग के रास्ते चलकर देश को रक्षा कवच दिया।

उक्त विचार आज प्रख्यात शिक्षाविद् वैज्ञानिक डा. दौलत सिंह कोठारी की ग्यारहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित पुण्य स्मृति सभा मे अनेकों वक्ताओं ने व्यक्त किये। सभा की अध्यक्षता चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने की।

विचार व्यक्त करते हुए भौतिकविद् प्रो. यू.एन. उपाध्याय ने कहा कि डा. कोठारी असल में विज्ञान का शिखर पुरूष आईन्सटाईन व गांधी का समन्वय थे। उन्होने कहा कि डा. कोठारी ने विज्ञान को नये तरीके से समाज के सामने रखा जिससे जीवन मूल्यों को नयी ताकत मिली।

अध्यक्षता करत हुए मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि महापुरूषों का चिंतन समाज के लिये महत्वपूर्ण होता है। जीवन रहते जो परमसत्ता से जुड जाये वह महापुरूष होता है ओर वह सत्य को व्यापक रूप से देख पाता हैं अध्यात्मक हो या विज्ञान की खोज सत्य ही है।

श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि अध्यात्म विज्ञान से समन्वित मूल्य नित नूतन की सृष्टि करते है ओर जीवन को पूर्णता प्रदान करते है। उन्होने कहा अहिंसा ओर निरहंकार के शिखर पुरूष डा. कोठारी ने गीता के तत्व को आत्मसात किया तथा भावी भारत को दिशा दी।

इस अवसर पर भूगोलवक्ता डा. आर.एन.लोढा, विनय कोठारी, पं. मुरलीधर जोशी, जी.एल. पाटीदार ने भी विचार व्यक्त किये। शांतिपीठ के इन्द्रदेव जोशी ने आभार व्यक्त किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 5 फरवरी, 2004

विज्ञान को कल्याणकारी बनाने के लिए आध्यात्मिक आश्रय जरूरी

उदयपुर, 4 फरवरी

विज्ञान के उत्तरोत्तर विकास और समाज के लिए इसे कल्याणकारी बनाने को आध्यात्मिक आश्रय नितान्त आवश्यक है। अध्यात्म और विज्ञान के अद्वैत को साधकर डा. कोठारी ने सत्य को खोजा तथा अहिंसा व गीता के निष्काम कर्मयोग के रास्ते चलकर देश को रक्षा कवच दिया। प्रख्यात शिक्षाविद् एवं वैज्ञानिक डा. दौलत सिंह कोठारी की ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर बुधवार को शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित पुण्य स्मृति सभा में वक्ताओं ने यह उद्‌गार व्यक्त किए। सभा की अध्यक्षता चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने की। भौतिकविद् प्रो. यू.एन. उपाध्याय ने कहा कि डा. कोठारी असल में विज्ञान का शिखर पुरुष आईन्सटाईन व गांधी का समन्वय थे। डा. कोठारी ने विज्ञान को नए तरीके से समाज के सामने रखा, जिससे जीवन मूल्यों को नई ताकत मिली। मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि महापुरुषों का चिन्तन समाज के लिए महत्वपूर्ण है। शान्तिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि अध्यात्म विज्ञान से समन्वित मूल्य नित नूतन की सृष्टि करते हैं और जीवन को पूर्णता प्रदान करते हैं। इस अवसर पर भूगोल वेत्ता डा. आर.एन. लोढ़ा, विनय कोठारी, पंडित मुरलीधर जोशी, जी.एल. पाटीदार ने भी विचार व्यक्त किए। शान्ति पीठ के इन्द्रदेव जोशी ने आभार व्यक्त किया।

डा. डी.एस. कोठारी की ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर सभा



उदयपुर में बुधवार को वैज्ञानिक डॉ. दौलत सिंह कोठारी की ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर मोहन सिंह कोठारी तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, विक्रम संवत 2060 माघ, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, गुरुवार 5 फरवरी 2004

'आध्यात्मिक आश्रय से ही विज्ञान कल्याणकारी बनेगी'

नसं, उदयपुर, 4 फरवरी।

विज्ञान के उत्तरोत्तर विकास, समाज के लिए इसे कल्याणकारी बनाने के लिए आध्यात्मिक आश्रय आवश्यक है। अध्यात्म तथा विज्ञान के अद्वैत को साध डॉ. कोठारी ने सत्य को खोजा और अहिंसा व गीता के निष्काम कर्मयोग के जरिये देश को रक्षा कवच दिया।

ये विचार प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. दौलतसिंह कोठारी की पुण्यतिथि पर बुधवार को शांतिपीठ की ओर से हुई स्मृति सभा में उभरे। भौतिकविद प्रो. यू.एन. उपाध्याय ने डॉ. कोठारी को आइंसटाइन व गांधी का समन्वय बताया। उन्होंने कहा कि कोठारी विज्ञान को नए तरीके से समाज के सामने पेश किया जिससे जीवन मूल्यों को नई ताकत मिली। सभा के अध्यक्ष मोहनसिंह कोठारी ने महापुरुषों का चिंतन समाज के लिए अहम होता है। अध्यात्म या विज्ञान दोनों की खोज सत्य है और इसकी तह तक पहुंचने वाले ही महापुरुष होते हैं। शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने डॉ. कोठारी को शिखर पुरुष बताया तथा उनके कृतित्व पर चर्चा की। सभा में भूगोलवेत्ता डॉ. आर.एन. लोढ़ा, विनय कोठारी, मुरलीधर जोशी, जी.एल. पाटीदार ने भी विचार रखे।

राष्ट्रदूत
उदयपुर, शुक्रवार, 5 मार्च, 2004

विज्ञान सृजनशीलता की सर्वोत्कृष्ट अभिव्यक्ति है- डा. कस्तूरी रंजन

उदयपुर, 4 मार्च(कासं.)। शांतिपीठ जैसी संस्थाओंको विज्ञान की प्रगति के तनियायव बनाना चाहिये तब ही विज्ञान का नेतिकता के साथ सामंजस्य हो सकेगा। उक्त विचार प्रसिद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक डा. के कस्तुरी रंजन ने डा. दौलतसिंह कोठारी के पंचम स्मृति व्याख्यान पर मुख्य अतिथि के रूप में रेलवे प्रशिक्षण संस्थान सभागार में व्यक्त किये।

डा. दौलतसिंह कोठारी को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि डा. कोठारी ने सौर उर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध कार्य किया है। डा. कोठारी की शोध के अनुसार सूर्य अपनी उर्जा लगातार खो रहा है तथा एक समय वह एक सफेद बौना तारा मात्र रह जाएगा। नोबेल पुरस्कार विजेता डा. चन्द्रशेखर ने इसी दिशा में शोध जारी रखते हुएसमय के उस बिन्दु का पता लगया जब सूर्य सफेद बौना तारा रह जाएगा। एक विज्ञानवेत्ता के रूप में इतनी प्रतिष्ठा अर्जित करने के उपरान्त भी डा. कोठारी ने कभी विज्ञान के नैतिक मूल्यों को दृष्टि से ओझल नहीं होने दिया। अपने उद्बोधन के बाद पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में रंजन ने डा. कोठारी के शब्दों को दुहराते हुए कहा कि विज्ञान के उत्कर्ष का चरम बिन्दु उस दिन आएगा जब विज्ञान, उपनिषदों में प्रतिपादित ज्ञान को आत्मसात कर लेगा।

विज्ञान तथा नैतिकता विषय का प्रतिपादन करते हुए डा. कस्तुरी रंजन ने कहा कि विज्ञान सृजनशीलता की सर्वोत्कृष्ट अभिव्यक्ति है। विज्ञान में दुहरे मापदंड के लिए अवकाश नहीं है। विज्ञान केवल उत्कृष्टता को ही मान्यता देता है। किन्तु इसी बात ने वैज्ञानिकों पर बडी जिम्मेदारी भी डाल दी है। वैज्ञानिकों को विकास के हर क्षेत्र में विज्ञान की पवित्रता बनाए रखना है। वैज्ञानिककों को यह भी ध्यान रखना है कि जनता यह अपेक्षा करती है कि वैज्ञानिक विज्ञान की उपलब्धियों का जनता के उपयोग के अनुकुल बनाएं। वैज्ञानिकों को मूल्य निरपेक्ष विज्ञान के स्थान पर मूल्य अनुप्रमाणित विज्ञान इन्फार्म्ड साइन्स की दिशा में प्रमाणरत रहना है।

एक समय था जब वैज्ञानिक एक व्यक्ति के रूप में शोध करते थे उस परिस्थिति में वैज्ञानिक का व्यक्तिगत नैतिक उत्तरदायित्व बनता था। आज वैज्ञानिक शोध व्यक्तिगत न रह कर सामूहिक प्रयास बन गया है। ऐसे सामूहिक शोध के लिए उपलब्ध धन राशि सीमीत है। इसी कारण सरकार अथवा शोधकार्य के लिए धन तथा अन्य संसाधन उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं का वैज्ञानिक शोध पर नियंत्रण बढ गया है। इसिलिए अब वैज्ञानिकों के सामने एक कठिन चुनौती है। वैज्ञानिकों को ध्यान रखना चाहिए कि उनकी शोध क्षमता आर्थिक संसाधनों को ध्यान में रखें किन्तु साथ ही उसके परिणाम सामूहिक क्षेत्र में न्याय संगत है। डा. रंजन ने वैज्ञानिक प्रगति के दो क्षेत्रों का विशेष रूप से उल्लेख किया पहला सूचना पौद्योगिकी का क्षेत्र तथा दूसरा अंतरिक्ष अनुसंधान का क्षेत्र जिससे वे व्यक्तिगत रूप में संबंधित है।

अंतरिक्ष अनुसंधान क्षेत्र में प्रयोगरत वैज्ञानिकों को भविष्य के संघर्ष को इन संभावनाओं को अपने अनुसंधान में ध्यान रखना होगा। डा. रंजन ने कहा कि एक और आसन्न संकट को ओर फिर ध्यान आकर्षित किया यह है ग्रीन हाऊस प्रभाव। धनी देशों को औद्योगिक इकाइयों के द्वारा वातावरण में छोडी जाने वाली अनेक जहरीली गैसों के कारण वायुमंडल की रक्षक ओजोन परत में छिद्र हो गया है। वातावरण में यद्यपि इस प्रभाव के कारण संपन्न देश है किन्तु इसका दुष्परिणाम गरीब देशें को गरीब जनता को भुगतना पड रहा है।

प्रो. कस्तूरीरंगन उदयपुर आएंगे

उदयपुर, 19 फरवरी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व चेयरमैन तथा राज्यसभा सांसद प्रो. के. कस्तूरीरंगन 5 मार्च को उदयपुर आएंगे। यहां शांतिपीठ संस्था की ओर से प्रसिद्ध अध्यात्म वैज्ञानिक डॉ. दौलतसिंह कोठारी की स्मृति में आयोज्य पांचवें व्याख्यान में प्रो. कस्तूरीरंगन 'वैज्ञानिक उपलब्धियां और मानव मूल्य' विषय पर संबोधित करेंगे। शांतिपीठ के संस्थापक अनंतगणेश त्रिवेदी के अनुसार संस्था की ओर से आरंभ की गई इस व्याख्यानमाला की शुरूआत तत्कालीन विधानसभाध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा के व्याख्यान से हुई थी। दूसरी व्याख्यानमाला में एमजीके मेनन, तीसरी व्याख्यानमाला में प्रो. यूआर राव तथा चौथी व्याख्यानमाला में वर्तमान राष्ट्रपति अब्दुल कलाम का संबोधन हुआ था।

प्रो. कस्तूरीरंगन चार मार्च को उदयपुर आएंगे

उदयपुर, 19 फरवरी। राज्यसभा सदस्य एवं देश के प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक प्रो. के. कस्तूरीरंगन चार मार्च को उदयपुर आएंगे।

शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रो. कस्तूरीरंगन यहां पंचम डॉ. दौलतसिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान देंगे। यह आयोजन चार फरवरी को होना था लेकिन प्रो. कस्तूरीरंगन की व्यस्तता के चलते चार मार्च को होगा। उल्लेखनीय है कि देश के मौजूदा राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम भी कोठारी स्मृति व्याख्यान दे चुके हैं।

डॉ. कोठारी स्मृति व्याख्यान आज, डॉ. कस्तूरीरंगन आएंगे

नसं, उदयपुर, 3 मार्च।

जाने-माने आध्यात्मिक वैज्ञानिक तथा शिक्षाविद डॉ. दौलतसिंह कोठारी की स्मृति में पंचम व्याख्यान यहां गुरुवार पूर्वाह्न आयोजित होगा जिसे प्रसिद्ध अन्तरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन संबोधित करेंगे।

शान्तिपीठ संस्थान की ओर से आयोज्य इस आयोजन के सम्बन्ध में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने बताया कि यह व्याख्यान यहां रेलवे ट्रेनिंग प्रशिक्षण संस्थान में सुबह 11.30 बजे रखा गया है। अध्यक्षता सार्वजनिक निर्माण विभाग के मंत्री गुलाबचंद कटारिया करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि सांसद डॉ. गिरिजा व्यास होंगी।

श्री त्रिवेदी ने बताया कि डा. कस्तूरीरंगन मानवीय मूल्यों की दरकार के इस दौर में विज्ञान और अध्यात्म समन्वय पर अपने विचार रखेंगे। श्रोताओं के लिए इस आयोजन में विशेष व्यवस्था की गई है। श्री कस्तूरीरंगन बाद में फतहसागर के किनारे स्थित सौरवेध शाला को भी देखने जाएंगे।

डॉ. दौलत सिंह कोठारी व्याख्यानमाला आज

उदयपुर,3 मार्च।

अंतरिक्ष वैज्ञानिक पद्मविभूषण डॉ के. कस्तूरीरंगन गुरुवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे यहां रेलवे ट्रेनिंग स्कूल में डॉ. दौलत सिंह कोठारी पंचम स्मृति व्याख्यानमाला के तहत व्याख्यान देंगे।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बताया कि छह जुलाई 2006 में डॉ. कोठारी का शतायु वर्ष पूर्ण होगा। शतायु वर्ष के मद्देनजर छह जुलाई 2005 से शताब्दी वर्ष के राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजन शुरू होंगे।

राज्यसभा सदस्य, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. कृष्णस्वामी कस्तूरीरंगन का देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम को बुलन्दियों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। [कासं]

प्रातःकाल
फाल्गुन शुक्ला 14 शुक्रवार दिनांक 5 मार्च, 2004

'मूल्य निरपेक्ष नहीं, मूल्य अनुप्राणित विज्ञान चाहिए'

डा. कोठारी स्मृति व्याख्यान माला आयोजित

उदयपुर, 4 मार्च (कासं.)। विज्ञान सृजनशीलता की सर्वोत्कृष्ट अभिव्यक्ति हैं। विज्ञान में दुहरे मापदण्ड के लिए स्थान नहीं है। विज्ञान केवल उत्कृष्टता को ही मान्यता देता है। यह विचार यहां रेल्वे ट्रेनिंग स्कूल सभागार में शांतिपीठ संस्थान द्वारा आयोजित पांचवी प्रोफेसर डा. डी. एस. कोठारी व्याख्यान माला के तहत मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सदस्य डा. के. कस्तुरी रंगन ने प्रस्तुत किए।

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों को विकास के प्रत्येक क्षेत्र में विज्ञान की पवित्रता बनाए रखना है। वैज्ञानिकों को यह ध्यान में रखना होगा कि आम जनता उनसे यह अपेक्षा करती है कि वे विज्ञान की उपलब्धियों को जन उपयोगी बनाएं। वैज्ञानिकों को 'मूल्य निरपेक्ष' विज्ञान के स्थान पर 'मूल्य अनुप्राणित विज्ञान' की दिशा में प्रयासरत रहना है।

डा. दौलतसिंह कोठारी को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि डा. कोठारी ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध कार्य किया है। डा. कोठारी की शोध के अनुसार सूर्य अपनी ऊर्जा लगातार खो रहा है तथा एक समय वह एक 'सफेद बौना तारा' मात्र रह जाएगा। नोबेल पुरस्कार विजेता डा. चन्द्रशेखर ने इसी दिशा में शोध जारी रखते हुए समय के उस बिन्दु का पता लगाया जब सूर्य सफेद बौना तारा रह जाएगा। एक विज्ञानवेत्ता के रूप में इतनी प्रतिष्ठा अर्जित करने के उपरांत भी डा. कोठारी ने कभी विज्ञान के नैतिक मूल्यों को दृष्टि से ओझल नहीं होने दिया। डा. रंगन ने डा. कोठारी के शब्दों को दुहराते हुए कहा कि विज्ञान के उत्कर्ष का चरम बिन्दु उस दिन आएगा जब विज्ञान उपनिषदों में प्रतिपादित ज्ञान को आत्मसात कर लेगा।



उदयपुर। डॉ. डी. एस. कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. कस्तुरी रंगन को स्मृति चिन्ह भेंट करते, शांतिपीठ संस्थान के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी।

व्याख्यान माला के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सार्वजनिक निर्माण मंत्री गुलाबचन्द कटारिया ने की व मुख्य अतिथि डा. गिरिजा व्यास थी। उद्योगपति घनश्याम सिंह कृष्णावत व रेल्वे ट्रेनिंग स्कूल के प्राचार्य आर. एस. मीणा विशिष्ट अतिथि थे।

आरम्भ में अतिथि स्वागत करते हुए शांतिपीठ संस्थान के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने अतिथि स्वागत करते हुए डा. डी. एस. कोठारी के जीवन वृतांत एवं व्याख्यान माला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संचालन डा. अरूण जकारिया ने किया। अंत में धन्यवाद शांतिपीठ के मोहनसिंह कोठारी ने ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर » 7 जुलाई 2007



एसआईईआरटी सभागार में सभा को संबोधित करते वक्ता।

डॉ. कोठारी की जयंती पर सभा

उदयपुर, 6 जुलाई

शांतिपीठ के तत्वावधान में तत्वदर्शी वैज्ञानिक डॉ. दौलतसिंह कोठारी की 101वीं जयंती पर एसआईईआरटी सभागार में शुक्रवार को सभा हुई। मुख्य वक्ता उदयपुर सौर वैधशाला के निदेशक डॉ. वेंकटकृष्णन ने ग्लोबल वार्मिंग के परिप्रेक्ष्य में चुम्बकीय क्रिया की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा कि पृथ्वी के वायुमंडल में जो परिवर्तन आ रहे हैं, उसमें सूर्य का योगदान कितना है और मनुष्य का कितना? यह स्पष्ट नहीं है। अध्यक्षता मोहनसिंह कोठारी ने की। विशिष्ट अतिथि पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के निदेशक डॉ. देवेन्द्र धोंदावत, प्रो. एस. एन. जोशी थे। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने भी संबोधित किया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, शनिवार 7 जुलाई 2007
विक्रम संवत 2064, आषाढ कृष्ण पक्ष, सप्तमी

डॉ. डीएस कोठारी की जयंती मनाई

कॉस्मिक किरणें कर रही हैं वायुमंडल में हलचल

उदयपुर. सूर्य की कॉस्मिक किरणें वायु मंडल में बड़ी हलचल पैदा करती है और मौसम में परिवर्तन घटित होते हैं। उदयपुर सहित देश में छह प्रयोगशालाएं हैं जिनसे सूर्य की चुंबकीय क्रियाओं पर बराबर निगाह रखी जाती है।

उक्त विचार सौर वेधशाला के निदेशक डॉ. वैंकटकृष्णन ने शुक्रवार को यहां एसआईईआरटी में विज्ञान मनीषी, शिक्षाविद् डॉ. दौलतसिंह कोठारी की 101वीं जयंती पर शांतिपीठ की ओर से आयोजित विशेष संगोष्ठी में व्यक्त किए। इसमें वक्ताओं का मत था कि विज्ञान का उत्कर्ष प्राणी मात्र के कल्याण का महान जरिया बन सकता है, यदि वह अध्यात्म के आश्रय से चले। डॉ. वैंकटकृष्णन ने नगर के प्रबुद्धवर्ग व चुनिंदा विज्ञान संकाय के छात्रों को 'ग्लोबल वार्मिंग' के परिप्रेक्ष्य में सूर्य की चुंबकीय क्रिया की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा कि पृथ्वी के वायु मंडल में तब्दिलियां आ रही हैं, उसमें सूर्य का योगदान कितना है और मनुष्य का कितना, यह अभी स्पष्ट नहीं है। उन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि सूर्य की चुंबकीय क्रियाएं घटती-बढ़ती रहती है। विशिष्ट अतिथि पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक डॉ. देवेंद्र धोदावत ने कहा कि एप्लाईड साइंटिस्ट के रूप में डॉ. कोठारी का योगदान रक्षा प्रयोगशालाओं, भारतीय प्रतिरक्षा विज्ञान व शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय रहेगा। शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी ज्ञान-विज्ञान से संहत संस्कृति के प्रवर्तक थे। अहिंसा और विज्ञान के समन्वय का जो सूत्र उन्होंने दिया, उसे विश्व के वैज्ञानिकों ने अद्वितीय माना है। अध्यक्ष पद से मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि विज्ञान भी सत्य है और अध्यात्म भी। दोनों के अभेद में समग्रता है, विज्ञान अनियंत्रित रहा तो विध्वंस हो सकता है। प्रो. एसएन जोशी का मत था कि प्रश्नों व समस्याओं के समाधान की दिशा में डॉ. कोठारी ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण दिया। संचालन करते हुए प्रो. चंद्रशेखर शर्मा ने कहा सृष्टि और परमात्मा के गूढ़ रहस्यों को प्राप्त करने के लिए विज्ञान बहिर्यात्रा है जबकि अध्यात्म अंतरयात्रा। विज्ञान प्रकृति के रहस्य खोलता है प्रकृति स्वयं, यह प्रश्न विचारणीय है।



संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर दीप जलाते अतिथि।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 8 जुलाई 2000

डॉ. कोठारी पर मार्ग के नामकरण की मांग

'वैज्ञानिक प्रगति के साथ आध्यात्मिक आदर्शों को बढ़ावा मिले'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 7 जुलाई। विज्ञान के क्षेत्र में हो रही प्रगति के अनुरूप आध्यात्मिक आदर्शों को भी गति देने से ही मानव समुदाय का सुखद भविष्य आश्वस्त हो सकता है। इसी से मानव सभ्यता के अस्तित्व के संकट की आशंका को भी निष्प्रभावी किया जा सकता है।

उक्त विचार शुक्रवार को यहां वैज्ञानिक शिक्षाविद् डॉ. दौलत सिंह कोठारी की जन्मतिथि के उपलक्ष्य में 'शांतिपीठ' संस्था की ओर से आयोजित विचार गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने रखे।

वयोवृद्ध स्वाधीनता सेनानी मास्टर बलवंत सिंह मेहता ने डॉ. कोठारी को सच्चा अहिंसावादी तथा विश्व का महान वैज्ञानिक बताया। उन्होंने कहा पाकिस्तान के साथ द्वितीय युद्ध की विजय के लिए कोठारी को सदैव याद रखा जाएगा जिन्होंने ऐसे आयुध का आविष्कार किया जिसने पाक के पेटेंट टैंकों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा डॉ. कोठारी ने गांधी और गीता के चिन्तन को जीवन में उतारा। अंतिम समय में भगवत गीता की प्रति ही उनके सिरहाने मिली।

अध्यक्ष पद से मोहन सिंह कोठारी ने कहा- डॉ. कोठारी पूर्ण वैज्ञानिक थे। आधुनिक विज्ञान आज जहां पहुंचा है और जहां तक पहुंचने की संभावना बन चुकी है, इसकी परिकल्पना डॉ. कोठारी के चिन्तन में व्यक्त है। उन्होंने कहा, आधुनिक विज्ञान की ऊंचाई ने उपनिषदों के चिन्तन के द्वार में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा कोठारी को यथार्थ में समझने से बहुआयामी समस्याएं स्वतः हल होंगी।

सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि मेवाड़ ने विश्वविख्यात वैज्ञानिक पैदा कर हमें गौरवान्वित किया है। उन्होंने विज्ञान को अध्यात्म से जोड़ कर इसे मानव कल्याण की ओर दिशा दी है। डॉ. भटनागर ने नगरपरिषद से आग्रह किया कि किसी प्रमुख चौराहे पर डॉ. कोठारी की आदमकद प्रतिमा लगाई जानी चाहिए। इस आशय का बैठक में एक सर्वसम्मत प्रस्ताव भी पारित किया गया। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि मानव समाज आज रूपान्तरण की प्रक्रिया के दौर से गुजर रहा है और इस दिशा में डॉ. कोठारी ने सावचेत करते हुए कहा था कि मानव जाति चाहे तो उस मार्ग को चुन सकती है जो विज्ञान और अहिंसा के समन्वय से बनने वाली सुन्दर दुनियां की ओर ले जाता है जबकि दूसरा रास्ता सामूहिक आत्मघात की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक प्रगति से ही विज्ञान को कल्याणकारी बनाया जा सकता है। डॉ. कोठारी ने दोनों को एक दूसरे का पूरक ही कहा है। त्रिवेदी ने कहा कि वैश्वीकरण और आणविक निःशस्त्रीकरण के अभियान को वसुधैव कुटुम्बकम् के आदर्श को अपनाने की आवश्यकता है। अन्यथा यह विकसित राष्ट्रों का नारा मात्र बन कर रह सकता है। प्रो. बी.एल. समदानी ने कहा, डॉ. कोठारी ने गांधी चिन्तन को ही आगे बढ़ाया है। समाजसेवी भोपाल सिंह कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

हज यात्रा के आवेदन पत्र उपलब्ध

उदयपुर, 7 जुलाई [वि]। अगले वर्ष हज यात्रा पर जाने के इच्छुक लोगों के लिए आवेदन पत्र अंजुमन तालीमुल इस्लाम के चूड़ीगरों की मुस्जिद स्थित कार्यालय में उपलब्ध है। संस्था के सचिव हाजी करीमुद्दीन शेक ने बताया कि आवेदन पत्र चौखला बाजार में जुल्फिकार कुरैशी के यहां से भी लिए जा सकतें हैं। आवेदन पत्र 8 जुलाई से सुबह 10 से 12 और शाम 4 से 6 बजे तक बीच-प्राप्त किया जा सकता है। ये आवेदन पत्र 5 अगस्त तक भरे जाएंगे।

दैनिक नवज्योति
8 जुलाई, 2000

विज्ञान के साथ आध्यात्मिक आदर्शों को गति देने से मानव समुदाय का भविष्य सुखद

स्व. दौलतसिंह कोठारी को श्रद्धा सुमन अर्पित

उदयपुर, 7 जुलाई (न्यूज सर्विस)। विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति के अनुरूप आध्यात्मिक आदर्शों को भी गति देने से ही मानव समुदाय का सुखदभविष्य आश्वस्त हो सकता है तथा अस्तित्व के संकट की आशंका को निर्मूल किया जा सकता है।

यह विचार वैज्ञानिक, शिक्षाविद स्व. दौलत सिंह कोठारी की जन्मतिथि पर शान्तिपीठ द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में व्यक्त किए गए। श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए वयोवृद्ध स्वाधीनता सैनानी मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने डॉ. कोठारी को सच्चा अहिंसावादी वैज्ञानिक तथा विश्व का महान वैज्ञानिक बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ द्वितीय युद्ध की विजय के लिए कोठारी को सदैव याद रखा जाएगा, जिन्होंने ऐसा आयुध का आविष्कार किया जिसने पाक के पेटेंट टैंकों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी ने गांधी और गीता के चिन्तन को जीवन में उतारा। अन्तिम समय में गीता की प्रति ही उनके सिराहने मिली। अध्यक्षीय उद्बोधन में चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि डॉ. कोठारी पूर्ण वैज्ञानिक थे। आधुनिक विज्ञान आज जहां पहुंचा है और जहां तक पहुंचने की सम्भावना बन चुकी है, इसकी परिकल्पना डॉ. कोठारी के चिन्तन में व्यक्त है। उन्होंने कहा आधुनिक विज्ञान की ऊंचाई ने उपनिषदों के चिन्तन के द्वार में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा कि कोठारी को यथार्थ में समझने से बहुआयामी समस्याएं स्वत: हल होगी।

सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि मेवाड़ ने विश्वविख्यात वैज्ञानिक पैदा कर हमें गौरवान्वित किया है। उन्होंने विज्ञान को अध्यात्म से जोड़कर इसे मानव कल्याण की ओर दिशा दी है। डॉ. भटनागर ने नगर परिषद से आग्रह किया है कि किसी प्रमुख चौराहे पर डॉ. कोठारी की आदमकद प्रतिमा लगाई जानी चाहिए। प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि मानव समाज आज रूपान्तरण की प्रक्रिया के दौर से गुजर रहा है और इस दिशा में डॉ. कोठारी ने सावचेत करते हुए कहा था कि मानव जाति चाहे तो उस मार्ग को चुन सकती है जो विज्ञान और अहिंसा के समन्वय से बनने वाली सुन्दर दुनिया की ओर ले जाती है, जबकि दूसरा रास्ता सामूहिक आत्मघात की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक प्रगति से ही विज्ञान को कल्याणकारी बनाया जा सकता है। डॉ. कोठारी ने दोनों को एक-दूसरे का पूरक ही कहा है।

त्रिवेदी ने कहा है कि वैश्वीकरण और आणविक निशस्त्रीकरण के अभियान को वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श को अपनाने की आवश्यकता है अन्यथा यह विकसित राष्ट्रों का नारा मात्र बनकर रह सकता है। प्रो. बी.एल. समदानी ने कहा कि डॉ. कोठारी ने गांधी चिन्तन को ही आगे बढ़ाया है। इस अवसर पर सर्व सम्मति से नगर परिषद उदयपुर को आग्रह किया गया कि किसी प्रमुख मार्ग का नाम डॉ. कोठारी से किया जाए। समाजसेवी भोपाल सिंह कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

राष्ट्रदूत
उदयपुर बुधवार 4 सितम्बर 1996



उदयपुर में मंगलवार को अंतरिक्ष विज्ञानवेत्ता प्रो.यू.आर.राव डा.एस.कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला के अंतर्गत बोलते हुए। फोटो-अंशराफुदीन फाजी।

सौर वैधशाला में प्रयोगशला भवन का उद्घाटन

नैतिक मूल्यों की स्थापना करने का दायित्व संस्कृति का: राव

(कार्यालय संवाददाता)

उदयपुर, 3 सितम्बर। हम शंकराचार्य, बुद्ध व गांधी के सिद्धान्तों व आदर्शों की चर्चा तो भारत में प्रचुरता से करते है, किन्तु उनको व्यवहार में लाना हम लोगो के लिये एक दुष्कर कार्य हो गया है एवं यह वास्तव में विडम्बनाजनक है।

यह विचार प्रसिद्ध अन्तरिक्ष विज्ञानवेत्ता प्रोफेसर यू.आर.राव ने रवीन्द्रनाथ टैगोर मेडिकल कालेज के सभागार में शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित डाक्टर डी.एस.कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला के तीसरे व्याख्यान विषय विज्ञान, संस्कृति और समाज पर व्यक्त किये। प्रो. राव ने कहा कि समाज का कल्याण इसी में है कि वह विज्ञान और संस्कृति की दिशा में कदम बढ़ाता रहे। विज्ञान अपने आप में वस्तुपरक है। नैतिक मूल्यों की स्थापना करने का दायित्व संस्कृति का है। विज्ञान गुण का कोई विकल्प नहीं है और नैतिकता के प्रति वह तटस्थवृति वाला होता है। विज्ञान समाज की आवश्यक्ताओं की पूर्ति के साधन प्रदान करता है और इसके माध्यम से समाज के अभावों की पूर्ति हेतु संकल्पबद्ध मानवीय प्रयासों की महत्ती आवश्यक्ता है। संस्कृति विज्ञान का प्राण है और संस्कृति की संरक्षक और आध्यात्म में रची बची विभूतियां ही समाज को दिशाबोध दे सकती है। उन्होंने कहा कि विज्ञान ने शांतिपूर्ण प्रयोजनों के हेतु राकेट निर्माण किये, किन्तु यदि मानव उनका एवं रसायनिक शस्त्रार्थों का उपयोग विनाश के लिये करें, उसमें विज्ञान का कोई दोष नहीं है। विज्ञान और विवेक का सामंजस्य ही अन्ततोगत्वा मानवजाति को विनाश से बचा सकता है।

उन्होंने कहा कि जनसंख्या की विस्फोटक स्थिति इस सीमा तक पहुंच गई है कि पाइंट एक हैक्टर भूमि भी रहने के लिये नहीं बची है। ऐसी स्थिति में संस्कृति के उदात्त आध्यात्मिक, विचारक ही नैतिक मूल्यों की संस्थापना पर बल देकर नया दिशा बोध दे सकता है। उन्होंने यह कहा कि विज्ञान संस्कृति एवं समाज एक नैतिक चिन्तम के ताने बाने से ही संस्कृति का वस्त्र बुना जा सकता है।

व्याख्यानमाला की अध्यक्षता करते हुये सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आर.के.राय ने डा. कोठारी को महान विचारक, शिक्षाविद एवं विज्ञानवेत्ता बताया और यह कहा कि वे विज्ञान एवं संस्कृति के सुदृढ़ सेतु थे।

जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर एम.एस.अगवानी ने डा. कोठारी को प्रसिद्ध विज्ञानवेत्ता, संस्कृति का उन्नायक एवं समाज का प्रणेता बताया।

शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संस्था के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि डा. कोठारी द्वारा प्रस्थापित मानव मूल्यों को लेकर ही हम इक्कीसवीं सदी में प्रवेश करेंगे।

सौरवैधशाला के निदेशक प्रो. अरविन्द भटनागर ने प्रो. यू.आर.राव का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफेसर राव ने डा. कोठारी के चित्र का माल्यार्पण करके किया। अनन्त गणेश त्रिवेदी ने प्रो. राव को प्रकाश का प्रतीक सूर्य का स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी के सहायक निदेशक श्री इन्द्र प्रकाश श्रीमाली ने किया। धन्यवाद शिक्षाविद् श्री वी.पी.जोशी ने ज्ञापित किया।

इससे पूर्व देवाली स्थित सौर वैद्यशाला में 80 लाख रु. की लागत से निर्मित प्रयोगशाला भवन के उद्घाटन किया।

इस मौके पर उन्होंने विज्ञान को अन्ध विश्वासों से दूर रखने पर बल देते हुए वैद्यशाला के वैज्ञानिकों से आव्हान किया कि वे सौर भौतिकी के क्षेत्र में नये-नये सिद्धान्त प्रतिपादित कर उदयपुर का गौरव अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाने हेतु संकल्पबद्ध होकर कार्य करें क्योंकि यह वैद्यशाला विश्व की 6 और वैद्यशालाओं में से एक है।

सुखाड़िया विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. आर. के. राय ने वैद्यशाला के विकास के लिये सुस्पष्ट कार्य संस्कृति एवं समर्पण भावना को प्रबल बनाने की आवश्यता प्रतिवादित करते हुए आशा व्यक्त की कि उदयपुर की यह सौर वद्यशाला सौर भौतिकी के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करेंगी और यहां के वैज्ञानिक आविष्कारों हेतु और तत्परता से कार्य करेंगे।

जिला कलक्टर डा. अशोक सिंघवी ने सौर वैद्यशाला के विकास में आवश्यक सहयोग देने के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए इसके कार्यों के बारे में छात्र-छात्राओं को अधिकतम जानकारी से अवगत कराने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की कि खगोल विद्या के क्षेत्र में उदयपुर का नाम विश्व के मानचित्र पर अंकित है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में यह वैद्यशाला विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनकर विकसित होगी।

अहमदाबाद अंतरिक्ष विभाग के निदेशक प्रो. जी. एस. अग्रवाल ने उदयपुर की सौर वैद्यशाला में डा. अरविन्द भटनागर के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा इसके निर्माण व स्थापना के दिशा में उठाये गये कदम स्मरणीय रहेंगे। इस अवसर पर डा. अशोक सिंघवी अवस्थी, सुखदेव व्यास ने भी विचार रखे।

जय राजस्थान दैनिक
6 फरवरी 2003 : वार — गुरूवार

अधुरी वैज्ञानिक मानसिकता ही समस्या है

उदयपुर, 5 फरवरी। अध्यात्म, विज्ञान व संस्कृति के अविभाज्य प्रयासों से ही एक खुशहाल विश्व निर्माण का स्वप्न साकार किया जा सकता है और मानवता का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उक्त विचार आज अध्यात्म- विज्ञान मनिशि डॉ. दौलत सिंह कोठारी की दसवीं पुण्य तिथि पर शांतिपीठ में आयोजित विचार गोष्ठी में कई वक्ताओं ने व्यक्त किये तथा कोठारी का पुष्पांजलि अर्पित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता भौतिकविद् प्रो. यू.एन. उपाध्याय ने की।

विचार व्यक्त करते हुए चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि आज वैज्ञानिक मानसिकता का युग है समस्या यह नहीं है कि वैज्ञानिक मानसिकता से संस्कृति का लोप हो रहा है। अपितु समस्या का कारण अधुरी वैज्ञानिक मानसिकता है। उन्होंने कहा आईन्सटाइन, डॉ. कोठारी ओर प्रो. कलाम जेस महापुरूष पूर्ण वैज्ञानिक मानसिकता के उदाहरण है। उन्होंने कहा अध्यात्म की आवश्यकता आयु के अंत में नहीं अपितु किशोरावस्था से है तबही जाकर जीवन की सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि जो विज्ञान मनुष्य जाति को सुरक्षित भविष्य की गारन्टी दे और आनन्द में अभीवृद्धि करे वह विज्ञान है, अन्यथा वह विनाश की तैयारी है। हम विज्ञान को अध्यात्म से अलग करके नये विश्व निर्माण की कल्पना नहीं कर सकते। डॉ. कोठारी ने मानव जाति को आगाह किया था कि एक रास्ता परमाणु अस्त्रों के भंवर में फंसकर विनाश की और ले जाता है जबकि अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय वाला रास्ता स्वर्णिम विश्व निर्माण की ओर ले जाता है।

सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि डॉ. कोठारी सैद्धांतिक भौतिकी के प्रकाण्ड विद्वान थे। वैज्ञानिक वर्ग डॉ. कोठारी का सदैव ऋणी होगा। वरिष्ठ साहित्यकार ओंकार ने कहा कि डॉ. कोठारी की मान्यता थी कि संस्कृति विहीन विकास का भविष्य असुरक्षित है। उन्होंने नीति निर्धारण की आवश्यकता की। विनय कोठारी ने कहा कि डॉ. कोठारी जैसा कहते थे वैसा जीते थे। कोठारी के इस आर्दश को विद्यार्थीयों के जीवन से जोड़ना चाहिए। इस अवसर पर हरनाथ सिंह भंसाली, श्रीमती सुधा, शिक्षाविद् एस.एस. माथुर, पण्डित मुरलीधर जोशी, श्रीमती उपाध्याय, श्रीमती निर्मला माथुर, अनिल चतुर्वेदी ने भी विचार व्यक्त किये। शांतिपीठ की ओर से अश्विनि सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य मास्टर बलवंत सिंह मेहता व अंतरिक्ष युवा वैज्ञानिक कल्पना चावला को श्रृद्धाजंलि अर्पित की गई।



डा. कोठारी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते अतिथि।

डा. कोठारी की पुण्य-तिथि पर विचार गोष्ठी

प्रातःकाल
माघ शुक्ला 4 बुधवार दिनांक 5 फरवरी 2003

उदयपुर, 4 फर. (वि.)। विज्ञान मनिषी डा. दौलत सिंह कोठारी की 10 वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को सरदारपुरा स्थित शांतिपीठ में विचार गोष्ठी तथा पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता भौतिकविद प्रो. यू. एस. उपाध्याय ने की। शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि हम विज्ञान को अध्यात्म से अलग कर के नये विश्व निर्माण की कल्पना नहीं कर सकते। डा. कोठारी ने मानव जाति को आगाह किया था कि एक रास्ता परमाणु अस्त्रों के भंवर में फंसकर विनाश की ओर ले जाता है, जबकि अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय वाला रास्ता स्वर्णिम विश्व निर्माण की ओर ले जाता है।

सौर वैज्ञानिक डा. अरविंद भटनागर ने डा. कोठारी की शिक्षा को लागू करने का प्रयास आज की प्रमुख आवश्यक बताया।

चिंतक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि "आज वैज्ञानिक मानसिकता का युग है। समस्या यह नहीं है कि वैज्ञानिक मानसिकता से संस्कृति का लोप हो रहा है अपितु समस्या का कारण अधूरी वैज्ञानिक मानसिकता है।" उन्होंने कहा आइन्सटाइन, डॉ. कोठारी और प्रो. कलाम जैसे महापुरूष पूर्ण वैज्ञानिक मानसिकता के उदाहरण है। उन्होंने कहा अध्यात्म की आवश्यकता आयु के अंत में नहीं अपितु किशोरावस्था से है, तब ही जाकर जीवन की सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

इस अवसर पर हरनाथ सिंह भंसाली, सुधा, एस.एस. माथुर, पंडित मुरलीधर जोशी, निर्मला माथुर तथा अनिल चतुर्वेदी ने भी विचार व्यक्त किये। अंत में अश्विनी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका ▸ उदयपुर ▸ बुधवार ▸ 21 फरवरी, 2007

भारत- अमरीकी परमाणु समझौता

'स्वायत्तता के साथ कोई समझौता नहीं'



जी माधवन

डॉ. सुधा कावड़िया

उदयपुर, 20 फरवरी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के अध्यक्ष जी. माधवन नायर का कहना है कि भारत-अमरीका परमाणु समझौता देश के हितों की कुर्बानी देकर पूरा नहीं किया जाएगा।

अंतरिक्ष के क्षेत्र में अनुसंधानों के प्रति आशान्वित रॉकेटमैन नायर ने कहा कि चीन की एंटी सेटेलाइट मिसाइल से भारत कोई खतरा नहीं है। हम अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों का उपयोग लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए करेंगे। नायर मंगलवार को यहां क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में डॉ दौलतसिंह कोठारी व्याख्यानमाला के बाद राजस्थान पत्रिका से बातचीत कर रहे थे।

भारत-अमरीकी परमाणु समझौता के परिणामों के बारे में कहा कि यह तो भविष्य बताएगा। इसमें जो बातें हमारे हित में हैं, केवल उन्हीं को ग्रहण किया जाएगा। देश के हितों की कुर्बानी नहीं दी जाएगी। **शेष पेज 2 पर**

'स्वायत्तता के साथ...

समझौते से स्वायत्तता को खतरे के प्रश्न पर माधवन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संसद में इन शंकाओं को निर्मूल करते हुए कहा कि हम समझौते का अक्षरशः पालन करने को बाध्य नहीं है। अंतरिक्ष कार्यक्रम साथ-साथ शुरू करने के बावजूद हम चीन से क्यूं पिछड़ गए, इस प्रश्न पर उन्होंने कहा कि प्रारम्भ में भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में शोध में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। विकसित देश अपना ज्ञान भारत के साथ बांटने में हिचकिचाते थे, तो भारत ने अपने उपकरण एवं अपनी तकनीक विकसित कर ली। अभी तक हम अपनी अधिकतम आवश्यकताएं पारंपरिक स्रोत से ही पूरी कर रहे हैं। मौसम भविष्यवाणी तंत्र विकसित करने की दिशा में प्रगति के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि यह एक जटिल विषय है और इसरो ने इसके लिए एक विशेष उपग्रह प्रणाली विकसित की है, जो सौर ऊर्जा की उपलब्धि का भी सही अनुमान लगा सकेगी। भौगोलिक स्थितियों के कारण भारत का क्षेत्र सर्वाधिक सौर ऊर्जा प्राप्त करता है किन्तु इसके समुचित उपयोग के लिए अभी कोई मॉडल विकसित नहीं हुआ है। इसके लिए हम प्रयासरत हैं।

नारी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत राष्ट्रपति

राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा ने कहा है कि देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने और हमारे प्राचीन गौरव की वापसी के लिए नारी शिक्षा पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शिक्षा से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ने के साथ साथ आर्थिक स्वावलम्बन की भावना बढ़ेगी साथ ही उनसे जुड़ी अनेक सामाजिक बुराइयां भी दूर हो सकेगी।

डा. शर्मा भीलवाड़ा में महिला आश्रम के स्वर्ण जयंती समारोह में उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जन संख्या वृद्धि गरीबी एवं अशिक्षा जैसी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए नारी शिक्षा अनिवार्य है। उन्होंने विश्वास प्रकट किया कि इससे दहेज और बाल विवाह जैसी कुरीतियां भी मिट सकेगी। राष्ट्रपति ने भीलवाड़ा जिले को एक वर्ष में सम्पूर्ण साक्षर बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि साक्षरता प्रसार से अनेक समस्याओं का स्वयमेव समाधान होता है। साक्षरता प्रसार में जन सहयोग की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्य में सरकारी प्रयासों के साथ जन सहयोग भी आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं का आव्हान किया कि वे अपने नजदीकी सभी अशिक्षित महिलाओं को साक्षर बनाने का व्रत ले जिससे उनमें शिक्षा के प्रति लगन बढ़ सके।

आजादी की लड़ाई में महिलाओं के योगदान की चर्चा करते हुए डा. शर्मा ने कहा कि बापू को महिलाओं की क्षमता और शक्ति पर पूरा भरोसा था इसीलिए उन्होंने शराब और विदेशी वस्त्रों की दुकानों पर पिकेटिंग जैसा मुश्किल कार्य उन्हें सौंपा था। उन्होंने कहा कि वैदिक काल से ही हमारे समाज में महिलाओं का गौरवपूर्ण स्थान रहा है। ऋगवेद में लोपा, घोषा तथा मुद्रा जैसी विदूषियां हुई है जो वैदिक मंत्रों की द्रष्टा थी। राजस्थानी वीरांगनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने शक्ति और त्याग का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। आजादी के बाद शिक्षा के माध्यम से महिलाओं की शक्ति और क्षमता को पहचान कर उन्हें आगे लाने के प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इस क्षेत्र में अभी और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है।

राजस्थान की शौर्य और प्रेम की धरती को देश के आकर्षण का केन्द्र बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां की संस्कृति अब राष्ट्रीय सीमाओं को लांघकर अंतराष्ट्रीय प्रशंसा प्राप्त कर रही हैं। अपनी बुल्गारिया और रोमानिया यात्रा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहाकि वहां उनसे राजस्थानी मिनियेचर्स की मांग की गयी थी।

उन्होंने कहा कि शासन को यहां की कला व संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए।

भीलवाड़ा के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यहां अनेक प्राचीन अभिलेख और अवशेष मिले है जो पाषाण

(शेष पृष्ठ 2 पर)

डा. दौलत सिंह कोठारी को 'भारत-रत्न' हेतु राष्ट्रपति ने सहमति जताई

भारत के महामहिम राष्ट्रपति ने विश्वविख्यात वैज्ञानिक- शिक्षाविद् डा. दौलतसिंह कोठारी को



"भारत रत्न" के लिये एक आदर्श व्यक्तित्व बताया। इस प्रकार की सहमति उन्होंने उस समय व्यक्त की जब भारत के नागरिकों की तरफ से शांतिपीठ के तत्वावधान में उनसे भेंट करने गये एक प्रतिनिधि मण्डल द्वारा जब इस आशय का एक 'अनुरोध पत्र' उन्हें प्रस्तुत किया गया।

डा. दौलतसिंह कोठारी जैसे अध्यात्मकवादी वैज्ञानिक व विज्ञानवादी आध्यात्मिक व्यक्तित्व को भारत रत्न दिलाये जाने के लिये इस अनुरोध में हस्ताक्षर करने वालों में राजस्थान विद्यापीठ के कुलाधिपति पंडित जनार्दन राय नागर, स्वतंत्रता सेनानी और संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य मा. बलवंत सिंह मेहता, पू. केन्द्रीय मंत्री डा. के. एल. श्रीमाली पूर्व विदेश सचिव डा. जगत मेहता, राजस्थान शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष के. एल. बोर्दिया, भारत इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डा. पी. एल अग्रवाल, मोहनलाल सुखाड़िया विश्व विद्यालय के कुलपति डा. आर. के. राय, इतिहासविद् डा. गोपीनाथ शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. नंद चतुर्वेदी, प्रसिद्ध उद्योगपति एन. के. छाजेड़,

(शेष पृष्ठ 2 पर)

अनाम आत्मा

- नाम के सम्मान को मैं अपना सम्मान समझता तथा गर्व से फूल उठता हूं।
- परन्तु नाम का सम्मान मेरा सम्मान है? मैं देहोपरान्त एक चैतन्य रहस्य हूं और मेरे भव-देह के नाम मेरे नाम हो नहीं सकते।
- रूप का नाम जगत की पुकार के लिये है; आत्मा के आव्हान के लिये नहीं।
- आत्मा का सम्मान जगत का कोई भी नाम वाणी समस्त नहीं कर सकता। चिदानन्द रुप आत्मा का सम्मान तो परमात्मा के श्रीचरणों में अपना सम्पूर्ण करना है।
- अनाम आत्मा अरुप भी हैं। देह का स्वरुप तो भव यात्रा के लिये एक वेश मात्र है।
- मैं चिदानन्द आत्मन् देह द्वारा प्रत्येक भव में अलग अलग नामों से पुकारा जाता तथा देहों से जाना जाता हूं।
- हे देव! मुझे मेरा अरुप और अनाम दिल सौन्दर्य प्रदान कर।

-जनार्दनराय नागर

सरस्वती देवयन्तो हवन्ते
जन-मङ्गल
साप्ताहिक
राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर (राज.)
फोन : 529003 आर. एन. आई. 7263/62
संस्थापक- पं. जनार्दन राय नागर अध्यक्ष- भवानीशंकर शर्मा
(वर्ष 33) शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, विकास एवं जनतन्त्रीय (वार्षिक 50 रु.)
का साप्ताहिक (एक प्रति 1 रुपया)

उदयपुर
Rashtradoot
उदयपुर शनिवार 8 जुलाई 2000

डा. कोठारी ने गांधी और गीता के चिंतन को जीवन में उतारा-मेहता

उदयपुर. 7 जुलाई. (का.सं.)। विज्ञान की क्षेत्र में द्रुत गति से हो रही प्रगति के अनुरुप अध्यात्मिक आदर्शो को भी गति देने से ही मानव समुदाय का सुखद भविष्य आश्वस्त हो सकता हैं तथा अस्तित्व के संकट की आशंका को निर्मूल किया जा सकता हैं। ये विचार गुरुवार को वैज्ञानिक शिक्षाविद् डा. दौलतसिंह कोठारी की जन्मतिथि पर शान्तिपीठ द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में व्यक्त किये गये।

डा. कोठारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वपयोवृद्ध स्वाधीनता सैनानी मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने डा. कोठारी को सच्चा अहिंसावादी वैज्ञानिक तथा विश्व का महान वैज्ञानिक बताया। उन्होंने कहा पाकिस्तान के साथ द्वितीय युद्ध की विजय के लिये कोठारी को सदैव याद रखा जायगा जिन्होंने ऐसा आयुध का आविष्कार किया जिसने पाक के पेटेंट टैंकों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा डा. कोठारी ने गांधी और गीता के चिन्तन को जीवन में उतारा। अन्तिम समय में भगवत गीता की प्रति ही उनके सिराहने मिली।

अध्यक्षीय उद्बोधन में चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने कहा डा. कोठारी पूर्ण वैज्ञानिक थे। आधुनिक विज्ञान आज जहां पहुंचा हैं और जहां तक पहुंचने की सम्भावना बन चुकी हैं इसकी परिकल्पना डा. कोठारी के चिन्तन में व्यक्त हैं। उन्होंने कहा आधुनिक विज्ञान की ऊंचाई ने उपनिषदों के चिन्तन के द्वार में प्रवेश कर लिया हैं। उन्होंने कहा कोठारी को यथार्थ में समझने से बहुआयामी समस्याएं स्वत: हल होगी।

सौर वैज्ञानिक डा. अरविन्द भटनागर ने कहा कि मेवाड़ ने विश्वविख्यात वैज्ञानिक पैदा कर हमें गौरवान्वित किया हैं। उन्होंने विज्ञान को अध्यात्म से जोड़ कर इसे मानव कल्याण की ओर दिशा दी हैं। डा. भटनागर ने नगर परिषद् से आग्रह किया कि किसी प्रमुख चौराहे पर डा. कोठारी की आदमकद प्रतिमा लगाई जानी चाहिये।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि मानव समाज आज रुपान्तरण की प्रक्रिया के दौर से गुजर रहा हैं और इस दिशा में डा. कोठारी ने सावचेत करते हुए कहा था कि मानव जाति चाहे तो उस मार्ग को चुन सकती हैं जो विज्ञान और अहिंसा के समन्वय से बनने वाली सुन्दर दुनियां की ओर ले जाता हैं जबकि दूसरा सामूहिक आत्मघात की ओर ले जाता हैं। उन्होंने कहा आध्यात्मिक प्रगति से ही विज्ञान को कल्याणकारी बनाया जा सकता हैं। त्रिवेदी ने कहा कि वैश्वीकरण और आणविक नि:शस्त्रीकरण के अभियान को वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श को अपनाने की आवश्यकता हैं अन्यथा यह विकसित राष्ट्रों का नारा मात्र बन कर रह सकता हैं। प्रो. बी. एल. समदानी ने कहा डा. कोठारी ने गांधी चिन्तन को ही आगे बढाया हैं। इस अवसर पर सर्व सम्मति से नगर परिषद् उदयपुर को आग्रह किया गया कि किसी प्रमुख मार्ग का नाम डा. कोठारी से किया जाय। समाज सेवी भोपाल सिंह कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, आषाढ़, शुक्ला सप्तमी, विक्रम संवत 2057, शनिवार 8 जुलाई 2000

विज्ञान के साथ आध्यात्मिक प्रगति भी जरूरी

नगर संवाददाता

उदयपुर, 7 जुलाई। विज्ञान के क्षेत्र में द्रुत गति से हो रही प्रगति के अनुरूप आध्यात्मिक आदर्शों को भी गति देने से ही मानव समुदाय का सुखद भविष्य आश्वस्त हो सकता है तथा अस्तित्व के संकट की आशंका को निर्मूल किया जा सकता है। ये विचार गुरुवार को वैज्ञानिक तथा शिक्षाविद डा. दौलतसिंह कोठारी की जन्मतिथि पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में उभर कर आए।

गोष्ठी में वयोवृद्ध स्वाधीनता सेनानी मास्टर बलवंतसिंह महता ने डा. कोठारी को सच्चा अहिंसावादी तथा विश्व का महान वैज्ञानिक बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ द्वितीय युद्ध की विजय के लिए कोठारी को सदैव याद रखा जाएगा, जिन्होंने आयुध का आविष्कार किया, जिसने पाक के पेटेंट टैंकों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा डा. कोठारी ने गांधी और गीता के चिंतन को जीवन में उतारा। अंतिम समय में भागवत गीता की प्रति ही उनके सिरहाने मिली। अध्यक्षीय उद्बोधन में मोहनसिंह कोठरी ने कहा कि डा. कोठारी पूर्ण वैज्ञानिक थे। आधुनिक विज्ञान आज जहां पहुंचा है और जहां तक पहुंचने की संभावना बन चुकी है, इसकी परिकल्पना डा. कोठारी के चिंतन में व्यक्त है। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान की ऊंचाई ने उपनिषदों के चिंतन के द्वार में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा, कोठारी को यथार्थ में समझने से बहुआयामी समस्याएं स्वत: हल होंगी।

सौर वैज्ञानिक डा. अरविंद भटनागर ने कहा कि मेवाड़ ने विश्वविख्यात वैज्ञानिक पैदा कर हमें गौरवान्वित किया है। उन्होंने विज्ञान को अध्यात्म से जोड़ कर इसे मानव कल्याण की ओर दिशा दी है। डा. भटनागर ने नगर परिषद से आग्रह किया कि किसी प्रमुख चौराहे पर डा. कोठारी की आदमकद प्रतिमा लगाई जाए।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि मानव समाज आज रूपांतरण की प्रक्रिया के दौर से गुजर रहा है और इस दिशा में डा. कोठारी ने सावचेत करते हुए कहा था कि मानव जाति चाहे तो उस मार्ग को चुन सकती है, जो विज्ञान और अहिंसा के समन्वय से बनने वाली सुंदर दुनिया की ओर ले जाता है, जबकि दूसरा रास्ता सामूहिक आत्मघात की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक प्रगति से ही विज्ञान को कल्याणकारी बनाया जा सकता है। डा. कोठारी ने दोनों को एक-दूसरे का पूरक कहा है। त्रिवेदी ने कहा कि वैश्वीकरण और आणविक नि:शस्त्रीकरण के अभियान को वसुधैव कुटुंबकम के आदर्श के साथ अपनाने की आवश्यकता है

दैनिक भास्कर
उदयपुर, बुधवार 3 मार्च, 2004
खोजखबर 7

अंतरिक्ष विज्ञानी कस्तूरीरंगन का उद्‌बोधन कल

नसं, उदयपुर, 2 मार्च।

प्रसिद्ध आध्यत्मिक वैज्ञानिक तथा शिक्षाविद डॉ. दौलतसिंह कोठारी की स्मृति में पंचम व्याख्यान यहां 4 मार्च को आयोजित होगा जिसे जाने माने अन्तरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन संबोधित करेंगे।

डॉ. कोठारी स्मृति व्याख्यान

यह आयोजन शान्तिपीठ संस्थान की ओर से आयोज्य है। पीठ के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी के अनुसार यहां व्याख्यान यहां रेलवे ट्रेनिंग प्रशिक्षण संस्थान में सुबह 11.30 बजे आयोजित होगा। श्री त्रिवेदी के अनुसार ज्ञान विज्ञान से संहत संस्कृति का उन्नयन आज जगत की प्राथमिक आवश्यकता है, इस दिशा में शांतिपीठ के कार्यक्रमों में व्याख्यानों का क्रम एक प्रमुख कार्य रहा है। आधुनिक विज्ञान के शीर्षस्थ वैज्ञानिक आईन्सटाईन ने स्वीकारा था कि धर्म व विज्ञान एक दूसरे के बिना अपूर्ण है।

वैज्ञानिकों ने स्वीकारा है कि विज्ञान व अध्यात्म दोनों ही सत्य की खोज में हैं और दोनों एक दूजे के पूरक हैं। डॉ. कोठारी ने इसी चिंतन को आगे बढ़ाते हुए कहा कि विज्ञान के विकास के साथ ही आध्यात्मिक विकास भी आवश्यक है अन्यथा असंतुलन की स्थिति भयावह त्रासदी पैदा कर सकती है और इसमें मनुष्य समाज की शांति का खतरे में पड़ना अवश्यंभावी है।

कोठारी के चिंतन को अधिक गति देने का व्यापक प्रस्ताव शांतिपीठ बना रहा है जिसे कोठारी के जन्मशती वर्ष में पूर्ण रूप देना प्रस्तावित है। डॉ. कोठारी का 6 जुलाई 2006 में शतायु वर्ष पूर्ण होगा।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 3 मार्च 2004

डॉ. दौलत सिंह कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला कल

उदयपुर, 2 मार्च

विश्व शान्ति का ध्येय तभी पूर्ण हो सकता है जब विज्ञान आध्यात्म के नियंत्रण में विकास का मार्ग तय करें। यदि मनुष्य अपने को परमाणु अस्त्रों के भंवर में फंसने से बचा सका तो वह अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियों से धरती पर स्वर्ग की परिकल्पना को साकार कर सकता हैं।

प्रख्यात वैज्ञानिक, आध्यात्म तत्वदर्शी एवं शिक्षाविद् डॉ. दौलत सिंह कोठारी के इन् विचारों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए गुरुवार को यहां डॉ. दौलत सिंह कोठारी पंचम स्मृति व्याख्यानमाला आयोजित की जाएगी।

शान्तिपीठ उदयपुर के क्षत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर में 11.30 बजे से होने वाले कार्यक्रम में अंतरिक्ष वैज्ञानिक पद्मविभूषण डॉ. के. कस्तूरीरंगन उद्‌बोधन देंगे। शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बताया कि छह जुलाई 2006 में डॉ. कोठारी का शतायु वर्ष पूर्ण होगा। शतायु वर्ष के मद्देनजर छह जुलाई

राज्यसभा सदस्य, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. कृष्णस्वामी कस्तूरीरंगन वह हस्ती है जिसने देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम को बुलन्दियों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं। विज्ञान [आनर्स] विषय में स्नातक, तत्पश्चात मुम्बई विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री हासिल की। वर्ष 1971 में उच्च ऊर्जा खगोल अनुप्रयोग में डॉक्टरेट की उपाधि धारण की अपने अंतरिक्ष अभियान की शुरुआत की। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में अपने नौ वर्षीय अध्यक्षीय कार्यकाल में उन्होंने कई महत्वपूर्ण योजनाओं को साकार किया। वे राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर की कई विज्ञान अकादमियों के सदस्य भी हैं। डॉ. कस्तूरीरंगन के राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर के 200 से अधिक पत्र विभिन्न प्रतिष्ठित जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। [कासं]



Dr. Kalam being welcomed



Dr. Kalam being welcomed



Shriji Arvind Singh Mewar delivering presidential address at Dr. Kothari Memorial Lecture





Dr. Kalam in informal discusstions











Dr. K. Kasturirangan
in the function





Dr. Kasturirangan
in entering the venue



Shri Anant G Trivedi introducing Dr. D. S. Kothari Memorial Lecture Series (1995)



Shri M. S. Kothari welcoming Prof. Menon



Prof. M.G.K. Menon delivering Dr. Kothati Memorial Oration



Dr. W. Selwamurthy addressing the students



Shri A. G. Trivedi welcoming Shri M. Natrajan (2008)



Shri Trivedi presenting memento to Shri Natrajan



Dr. A.P.J. Abdul Kalam with members of Shantipeeth (2002)



Shri Trivedi discussing activities of Shantipeeth with Dr. Kalam



Shri Trivedi discussing activities of Shantipeeth with Dr. Kalam



Dr Kalam delivering
Dr. D. S. Kothari
Memorial lecture (2002)



Dr Kalam delivering
Dr. D. S. Kothari
Memorial lecture (2002)



Shri Trivedi giving Thanks
to Dr. Kalam





Dr. K. Kasturirangan addressing the audience (2004)





Dr. Kasturirangan
at Shantipeeth



Dr. Kasturirangan
at Shantipeeth



Dr. Kasturirangan
Lighting the Candle (2004)



Dr. G. Madhavan Nair having interaction with the students at Shantipeeth Campus



Dr. G. Madhavan Nair having interaction with the students at Shantipeeth Campus



The audience at memorial Lecture (2007)



Mr. and Mrs. Nair,
Dr. Jagat S. Mehta,
Shri Trivedi and
Prof. S.N. Joshi at the lunch





Dr. Nair at Shantipeeth



From left Dr. R.K. Rai,
VC ML Sukhadia University,
Dr. Laxman Singh Kothari and
Shri Rakesh Shrivashtava,
Dist. Collector, Udaipur



Dr. Jagat S. Mehta ,VC
Maharana Pratap Agriculture
University look on



From left.. Shri A.G. Trivedi ,
Dr Jagat S Mehta ,
Mahant Murli Manohar Sharan Shashtri
and Shri M.S Kothari at the
birth anniversary of Dr. D.S. Kothari



Shri H.S. Bhabhra,
Speaker Rajasthan Vidhansabha
delivering Dr. Kothari
inaugural memorial lecture



Dr. U.R. Rao interacting
the members, Shantipeeth (2001)



Dr. Rao with group of Shantipeeth



Dr. Jagat S Mehta, Shri MS Kothari and Shri AG Trivedi



Shri Balvant Singh Mehta, Mahant Murli Manohar Sharan Shashtri and Shri AG Trivedi in seminar on Science and Human Values



Shri AG Trivedi and Shri Mangal Saxena at informal discussion



Dr. Kasturirangan
with member, Shantipeeth



Shri AG Trivedi, Dr. UR Rao,
and Dr. Arvind Bhatnagar





Dr. U.R. Rao addressing the audience (1996)



Dr. U.R. Rao addressing the audience



Shri Trivedi presenting Memento to Dr. Rao



Dr. R.A. Mashelkar lighting candle prior to the function (2006)



Welcome by Shri Trivedi





Conference on Science and Nonviolence







Dr. Nair and other Scientists interacting the youth



Dr. Nair and other Scientists interacting the youth



Dr. U.R. Rao discussing with Members, Shantipeeth



Prof. S.N. Joshi welcoming Dr. Nair






शान्ति पीठ - भारत
उदयपुर


शान्तिपीठ
भारत, उदयपुर (राज.)





Reverence to Dr. Kothari



Shri Vinay Kothari
welcoming Prof. Menon





Seminar on Education and Nonviolence





राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 7 जुलाई 2003

विज्ञान को आध्यात्मिक अर्थ देने की जरूरत

उदयपुर, 6 जुलाई

डा. कोठारी की जयंती

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर के सचिव सुमतिलाल बोहरा ने कहा कि विज्ञान को यदि आध्यात्मिक अर्थ दिए जाएं तो विनाश की संभावनाएं निर्मूल हो सकती है। बोहरा रविवार को यहां शांतिपीठ की ओर से वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद् डा. दौलतसिंह कोठारी की 97वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज शिक्षक ने अपने आपको नौकरी तक सीमित कर लिया है जबकि शिक्षक की जिम्मेदारी का क्षेत्र व्यापक है। मुख्य वक्ता प्रो. एस.एन. जोशी ने कहा कि विज्ञान को आध्यात्मिक धरातल पर प्रतिष्ठित करने पर डा. कोठारी ने हमेशा जोर दिया तथा उपनिषद व गीता से लेकर भौतिक विज्ञान के आधुनिक, सिद्धान्त क्वान्टम फिजिक्स में भी इसके महत्व पर बल दिया गया है। नेत्र चिकित्सक डा. हरिसिंह चूण्डावत ने कहा कि विज्ञान जीवन को दीर्घजीवी बनाता है लेकिन धर्म उसे गरिमामय रूप प्रदान करता है।

अध्यक्षता कर रहे मोहन सिंह कोठारी ने विज्ञान से आध्यात्मिक के विखंडन की बात पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने डा. कोठारी को मेवाड़ की महान संस्कृति का प्रतिफल बताया।इस अवसर पर सौ वैज्ञानिक डा. अरविन्द भटनागर ने कहा कि डा. कोठारी की स्मृति तभी अक्षुण्ण बनी रह सकती है जब हम उनके चिन्तन को मूर्त रूप दे पाएं। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डा. कोठारी नई शताब्दी के प्रज्ञाभूषण थे, जिन्होंने ज्ञान विज्ञान की समन्वित संस्कृति की परिकल्पना से नए विश्व निर्माण की भूमिका की। शल्य चिकित्सक डा. आर.के. अग्रवाल ने डा. कोठारी जैसे महापुरुषों की स्मृति अक्षुण्ण बनाए रखने का विशेष कार्य करने की आवश्यकता जताई।

संगोष्ठी में सामाजिक कार्यकर्ता किशोर संत, प्रो. बी.एल. समदानी, प्रो. आर.एम. लोढ़ा आदि ने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी का संचालन डा. उदय पालीवाल ने किया। प्रारम्भ में डा. कोठारी की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई।

Rashtradoot

उदयपुर, सोमवार 7 जुलाई, 2003

शिक्षाविद् डा. कोठारी की 97वीं जयन्ती पर संगोष्ठी का आयोजन

उदयपुर, 6 जुलाई (वि.)। विज्ञान का उत्कर्ष सर्व मंगल का संवाहक हो सकता है यदि इसे अध्यात्म के आधार पर प्रतिष्ठित रखा जाय अन्यथा भस्मासुर की तरह यह आत्मघाती हो सकता है। डा. कोठारी ने आध्यात्म और विज्ञान के एकत्व को नई दिशा देने में सार्थक भूमिका देते हुए शिक्षा के माध्यम से परिवर्तन की सकारात्मक परिकल्पना प्रस्तुत की।

उक्त विचार आज प्रख्यात वैज्ञानिक शिक्षाविद डा. दौलत सिंह कोठारी की 97वीं जयन्ती के अवसर पर शांतिपीठ संस्थान के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किये। संगोष्ठी की अध्यक्षता मोहन सिंह कोठारी ने की।

मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए राजस्थान शिक्षा बोर्ड के चिव सुमति लाल बोहरा ने कहा जहां विकास है वहां विनाश है किन्तु यदि विज्ञान को आध्यात्मिक अर्घ दिए जाए तो विनाश की संभावनाए निर्मूल हो सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक तभी शिक्षक है तब तक वह पढने पढाने से जुडा रहता है। बोहरा ने वर्तमान में शिक्षा में आ रही विकृत्यों एवं अव्यवस्थाओं के आलम पर अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक ने अपने आपको नौकरी तक सीमित कर लिया है जबकि शिक्षक की जिम्मेदारी का विस्तार बहुत व्यापक है। उन्होंने कहा कि डा. कोठारी में सभी विशेषताएं थी किन्तु सबसे पहले वे एक आदर्श शिक्षक थे।प्रमुख वक्ता के रुप में बोलते हुए प्रो. एस एन जोशी ने कहा कि डा. कोठारी की मान्यता थी कि विज्ञान को आध्यात्मिक धरातल पर प्रतिष्ठित करना आज की महती आवश्यकता है। इस अवसर पर सौर वैज्ञानिक डा. अरविन्द भटनागर ने कहा कि डा. कोठारी की स्मृति तभी अक्षुण्ण बनी रह सकती है जब तक हम उनके चिन्तन को मूर्त रुप दे पाये। उन्होंने कहा डा. कोठारी एक महान वैज्ञानिक थे उतने ही सरल थे, उन्होंने विज्ञान और अध्यात्मक के योग को समझा और शिक्षा से जोडने की जरुरत बताई।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डा. कोठारी नई शताब्दी के प्रज्ञाभूषण थे। इस अवसर पर शल्य चिकित्सक डा. आर के अग्रवाल ने कहा कि जो धर्म व्याख्याता तक सीमित न रहकर क्रियाशीलता में आ जाए वहीं धर्म धर्म है, उन्होंने डा. कोठारी जैसे महापुरुषों की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के कुछ विशेष कार्य करने की आवश्यकता बताई। अध्यक्षीय उदबोधन में मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि सब कुछ अखण्ड है। खण्ड हमने मात्र अपनी सीखने की सुविधा के लिए बनाए किन्तु वास्तव में अखण्ड ही शास्वत है। उन्होंने विज्ञान के अध्यात्म कसे विखंडन की बात पर चिंता व्यक्त की उन्होंने कहा कि विज्ञान जैसी शक्ति किसी को देने से पहले उसकी पात्रता देखी जानी चाहिए और वह मिल सकती है अध्यात्म से।

इस अवसर पर प्रो. बी एल समदानी, प्रोफ्र आर एम लोढा ने भी विचार व्यक्त किया। गोष्ठी में यह अपेक्षा की गई कि उदयपुर के प्रमुख मार्ग पर डा. कोठारी की प्रतिमा स्थापित की जाए। संगोष्ठी का संचालन डा. उदय पालीवाल ने किया। प्रारंभ में डा. कोठारी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया व पुष्पांजली अर्पित की गई।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, सोमवार, 7 जुलाई, 2003

आध्यात्म के आधार पर विज्ञान का उत्कर्ष सर्वमंगलकारी वरना आत्मघाती

डॉ. कोठारी की 97वीं जयन्ती पर गोष्ठी सम्पन्न

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 6 जुलाई। विज्ञान का उत्कर्ष सर्वमंगल का संवाहक हो सकता है। यदि इसे अध्यात्म के आधार पर प्रतिष्ठित रखा जाए अन्यथा भस्मासुर की तरह यह आत्मघाती हो सकता है। डॉ. कोठारी ने अध्यात्म और विज्ञान के एकत्व को नई दिशा में सार्थक भूमिका देते हुए शिक्षा के माध्यम से परिवर्तन की सकारात्मक परिकल्पना प्रस्तुत की। उक्त विचार रविवार को प्रख्यात वैज्ञानिक शिक्षाविद् डॉ. दौलत सिंह कोठारी की 97वीं जयन्ती के अवसर पर शान्तिपीठ संस्थान के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किए। संगोष्ठी की अध्यक्षता मोहन सिंह कोठारी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव सुमतिलाल बोहरा ने कहा कि जहां विकास है वहां विनाश है, किन्तु यदि विज्ञान को आध्यात्मिक अर्थ दिए जाए तो विनाश की सम्भावनाएं निर्मूल हो सकती है।

उन्होंने कहा कि शिक्षक तभी शिक्षक है जब तक वह पढ़ने-पढ़ाने से जुड़ा रहता है। बोहरा ने वर्तमान में शिक्षा में आ रही विकृतियों एवं अव्यवस्थाओं के आलम पर अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक ने अपने आपको मात्र नौकरी तक सीमित कर लिया है, जबकि शिक्षक की जिम्मेदारी का विस्तार बहुत व्यापक है। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी में सभी विशेषताएं थी, किन्तु सबसे पहले वे एक आदर्श शिक्षक थे।

प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रो. एस.एन. जोशी ने कहा कि डॉ. कोठारी की मान्यता थी कि विज्ञान को आध्यात्मिक धरातल पर प्रतिष्ठित करना आज की महत्ती आवश्यकता है।

इस अवसर पर सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि डॉ. कोठारी एक महान वैज्ञानिक थे, उतने ही सरल थे। उन्होंने विज्ञान और अध्यात्म के योग को समझा और शिक्षा से जोड़ने की जरूरत बताई।

प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी नई शताब्दी के प्रज्ञाभूषण थे, जिन्होंने ज्ञान विज्ञान की समन्वित संस्कृति की परिकल्पना से नूतन विश्व निर्माण की भूमिका प्रस्तुत की। उन्होंने सावचेत किया कि एक रास्ता आत्मघात की ओर जाता है और दूसरा सर्वमंगलकारी बनाने की ओर। यदि विज्ञान को आध्यात्मिक आश्रय में बढ़ने की दिशा दी जाए तो यह कल्याणकारी होगा। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी ने गीता को आत्मसात करते हुए देश के प्रतिरक्षा सलाहकार की भूमिका में अद्वितीय कार्य किया, जिस पर देश के शीर्षस्थ वैज्ञानिकों को गर्व और सन्तोष है।

इस अवसर पर शल्य चिकित्सक डॉ. आर.के. अग्रवाल ने कहा कि जो धर्म व्याख्यान तक सीमित न रहकर क्रियाशीलता में आ जाए वहीं धर्म धर्म है।

सामाजिक कार्यकर्ता किशोर सन्त ने कहा कि अर्थ प्रधानता के साथ बदलते विश्व परिदृश्य में भारत विकल्प दे सकता है, जिसमें मनुष्य को स्वराज और स्वाधीनता के साथ अर्थ प्राप्त हो सकते हैं।

अध्यक्षीय उद्बोधन में मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि सब कुछ अखण्ड है। खण्ड हमने मात्र अपनी सीखने की सुविधा के लिए बनाए, किन्तु वास्तव में अखण्ड ही शाश्वत है। उन्होंने कहा कि विज्ञान जैसी शक्ति किसी को देने से पहले उसकी पात्रता देखी जानी चाहिए और वह मिल सकती है। आध्यात्म से विद्या विनय देती है और विनय पात्रता। किन्तु यदि विद्या अहंकार देने लग जाए तो परिणाम भयंकर आते हैं, इसे आज हम देख रहे हैं।

इस अवसर पर प्रो. बी.एल. समदानी, प्रो. आर.एम. लोढ़ा ने भी विचार व्यक्त किए। गोष्ठी में यह अपेक्षा की गई कि उदयपुर के प्रमुख मार्ग पर डॉ. कोठारी की प्रतिमा स्थापित की जाए। संगोष्ठी का संचालन डॉ. उदय पालीवाल ने किया। प्रारम्भ में डॉ. कोठारी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत 2060
आषाढ़, शुक्ल पक्ष अष्टमी, सोमवार
7 जुलाई 2003

प्रासंगिक है विज्ञान-अध्यात्म के एका पर कोठारी का चिंतन

डा. दौलतसिंह कोठारी की जयंती पर संगोष्ठी

नस, उदयपुर, 6 जुलाई।

विज्ञान और अध्यात्म के बीच एकत्व, सामंजस्य की दिशा में डॉ. दौलतसिंह कोठारी की भूमिका अद्वितीय है। शिक्षा के माध्यम में परिवर्तन की उनकी परिकल्पना सकारात्मक परिणामों वाली है।

ये विचार डॉ. दौलतसिंह गांधी की 97वीं जयंती पर रविवार को यहां शांतिपीठ संस्थान में आयोजित एक संगोष्ठी के दौरान उभरे। गोष्ठी के मुख्य अतिथि राजस्थान शिक्षा बोर्ड के सचिव सुमतिलाल बोहरा ने कहा कि विज्ञान के साथ विकास और विकास के साथ विनाश भी प्रत्याशित है किंतु यदि विज्ञान में अध्यात्म का समामेलन हो तो विनाश की सम्भावनाएं निर्मूल हो सकती हैं। शिक्षक का औचित्य तभी है जब तक कि वह अध्ययन-अध्यापन से जुड़ा है। मौजूदा दौर में शैक्षिक परिदृश्य में विकृतियों, अव्यवस्थाओं पर चर्चा कर श्री बोहरा ने शिक्षकों से अपने दायित्वों में विस्तार का आग्रह किया। इस संदर्भ में उन्होंने डॉ. कोठारी को आदर्श शिक्षक बताया। मुख्य वक्ता प्रो. एस.एन. जोशी ने विज्ञान तथा अध्यात्म के संदर्भ में डॉ. कोठारी की मान्यताओं को प्रासंगिक बताया। उन्होंने आध्यात्मिक धरातल पर विज्ञान की प्रतिस्थापना पर प्रकाश डाला। शांतिपीठ के संस्थापक अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी ने ज्ञान-विज्ञान में समन्वय से नवीन विश्व निर्माण की भूमिका रखी। डॉ. कोठारी ने गीता को आत्मसात किया और सर्वमंगल के लिए विज्ञान को अध्यात्म मार्ग पर अग्रसर करने को कहा था। शल्य चिकित्सक डॉ. आर.के. अग्रवाल, सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविंद भटनागर, नेत्र चिकित्सक डॉ. हरिसिंह चुंडावत ने डॉ. कोठारी की स्मृतियों को अक्षुण्ण बनाने के लिए विज्ञान तथा अध्यात्म में सामंजस्य पर चर्चा की। गोष्ठी के अध्यक्ष मोहनसिंह कोठारी ने विज्ञान के अध्यात्म के विखंडन पर चिंता की तथा डॉ. कोठारी के उद्भव को मेवाड़ की संस्कृति का प्रतिफल बताया। शिक्षाविद नियाज बेग मिर्जा ने कहा कि डॉ. कोठारी ने शिक्षा के सर्वांगीण विकास की रूपरेखा प्रस्तुत कर इसे विश्वभर में विशिष्टता दी। प्राथमिक से विश्वविद्यालयी, प्रौढ़ शिक्षा व अन्यान्य उपक्रमों का समावेश कर डॉ. कोठारी ने शिक्षा क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया। इस बीच प्रो. बी.एल. समदानी, प्रो. आर.एम. लोढ़ा, सामाजिक कार्यकर्ता किशोर संत ने भी विचार रखे। वक्ताओं ने शहर में डॉ. कोठारी की प्रतिमा की स्थापना को अपेक्षित माना। गोष्ठी का संचालन डॉ. उदय पालीवाल ने किया।



राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 7 जुलाई 2003

विज्ञान को आध्यात्मिक अर्थ देने की जरूरत

उदयपुर, 6 जुलाई

डा. कोठारी की जयंती

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर के सचिव सुमतिलाल बोहरा ने कहा कि विज्ञान को यदि आध्यात्मिक अर्थ दिए जाएं तो विनाश की संभावनाएं निर्मूल हो सकती हैं। बोहरा रविवार को यहां शांतिपीठ की ओर से वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद् डा. दौलतसिंह कोठारी की 97वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज शिक्षक ने अपने आपको नौकरी तक सीमित कर लिया है जबकि शिक्षक की जिम्मेदारी का क्षेत्र व्यापक है। मुख्य वक्ता प्रो. एस.एन. जोशी ने कहा कि विज्ञान को आध्यात्मिक धरातल पर प्रतिष्ठित करने पर डा. कोठारी ने हमेशा जोर दिया तथा उपनिषद व गीता से लेकर भौतिक विज्ञान के आधुनिक, सिद्धान्त क्वान्टम फिजिक्स में भी इसके महत्व पर बल दिया गया है। नेत्र चिकित्सक डा. हरिसिंह चूण्डावत ने कहा कि विज्ञान जीवन को दीर्घजीवी बनाता है लेकिन धर्म उसे गरिमामय रूप प्रदान करता है।

अध्यक्षता कर रहे मोहन सिंह कोठारी ने विज्ञान से आध्यात्मिक के विखंडन की बात पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने डा. कोठारी को मेवाड़ की महान संस्कृति का प्रतिफल बताया।इस अवसर पर सौ वैज्ञानिक डा. अरविन्द भटनागर ने कहा कि डा. कोठारी की स्मृति तभी अक्षुण्ण बनी रह सकती है जब हम उनके चिन्तन को मूर्त रूप दे पाएं। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डा. कोठारी नई शताब्दी के प्रज्ञाभूषण थे, जिन्होंने ज्ञान विज्ञान की समन्वित संस्कृति की परिकल्पना से नए विश्व निर्माण की भूमिका की। शल्य चिकित्सक डा. आर.के. अग्रवाल ने डा. कोठारी जैसे महापुरुषों की स्मृति अक्षुण्ण बनाए रखने का विशेष कार्य करने की आवश्यकता जताई।

संगोष्ठी में सामाजिक कार्यकर्ता किशोर सत, प्रो. बी.एल. समदानी, प्रो. आर.एम. लोढ़ा आदि ने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी का संचालन डा. उदय पालीवाल ने किया। प्रारम्भ में डा. कोठारी की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई।

Rashtradoot

उदयपुर, सोमवार 7 जुलाई, 2003

शिक्षाविद् डा. कोठारी की 97वीं जयन्ती पर संगोष्ठी का आयोजन

उदयपुर, 6 जुलाई (वि.)। विज्ञान का उत्कर्ष सर्व मंगल का संवाहक हो सकता है यदि इसे अध्यात्म के आधार पर प्रतिष्ठित रखा जाय अन्यथा भस्मासुर की तरह यह आत्मघाती हो सकता है। डा. कोठारी ने आध्यात्म और विज्ञान के एकत्व को नई दिशा देने में सार्थक भूमिका देते हुए शिक्षा के माध्यम से परिवर्तन की सकारात्मक परिकल्पना प्रस्तुत की।

उक्त विचार आज प्रख्यात वैज्ञानिक शिक्षाविद डा. दौलत सिंह कोठारी की 97वीं जयन्ती के अवसर पर शांतिपीठ संस्थान के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किये। संगोष्ठी की अध्यक्षता मोहन सिंह कोठारी ने की।

मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए राजस्थान शिक्षा बोर्ड के चिव सुमति लाल बोहरा ने कहा जहां विकास है वहां विनाश है किन्तु यदि विज्ञान को आध्यात्मिक अर्थ दिए जाए तो विनाश की संभावनाए निर्मूल हो सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक तभी शिक्षक है तब तक वह पढने पढाने से जुडा रहता है। बोहरा ने वर्तमान में शिक्षा में आ रही विकृत्यों एवं अव्यवस्थाओं के आलम पर अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक ने अपने आपको नौकरी तक सीमित कर लिया है जबकि शिक्षक की जिम्मेदारी का विस्तार बहुत व्यापक है। उन्होंने कहा कि डा. कोठारी में सभी विशेषताएं थी किन्तु सबसे पहले वे एक आदर्श शिक्षक थे।प्रमुख वक्ता के रुप में बोलते हुए प्रो. एस एन जोशी ने कहा कि डा. कोठारी की मान्यता थी कि विज्ञान को आध्यात्मिक धरातल पर प्रतिष्ठित करना आज की महती आवश्यकता है। इस अवसर पर सौर वैज्ञानिक डा. अरविन्द भटनागर ने कहा कि डा. कोठारी की स्मृति तभी अक्षुण्ण बनी रह सकती है जब तक हम उनके चिन्तन को मूर्त रुप दे पाये। उन्होंने कहा डा. कोठारी एक महान वैज्ञानिक थे उतने ही सरल थे, उन्होंने विज्ञान और अध्यात्मक के योग को समझा और शिक्षा से जोडने की जरुरत बताई।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डा. कोठारी नई शताब्दी के प्रज्ञाभूषण थे। इस अवसर पर शल्य चिकित्सक डा. आर के अग्रवाल ने कहा कि जो धर्म व्याख्याता तक सीमित न रहकर क्रियाशीलता में आ जाए वहीं धर्म धर्म है, उन्होंने डा. कोठारी जैसे महापुरुषों की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के कुछ विशेष कार्य करने की आवश्यकता बताई। अध्यक्षीय उदबोधन में मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि सब कुछ अखण्ड है। खण्ड हमने मात्र अपनी सीखने की सुविधा के लिए बनाए किन्तु वास्तव में अखण्ड ही शास्वत है। उन्होंने विज्ञान के अध्यात्म कसे विखंडन की बात पर चिंता व्यक्त की उन्होंने कहा कि विज्ञान जैसी शक्ति किसी को देने से पहले उसकी पात्रता देखी जानी चाहिए और वह मिल सकती है अध्यात्म से।

इस अवसर पर प्रो. बी एल समदानी, प्रोफ्र आर एम लोढा ने भी विचार व्यक्त किया। गोष्ठी में यह अपेक्षा की गई कि उदयपुर के प्रमुख मार्ग पर डा. कोठारी की प्रतिमा स्थापित की जाए संगोष्ठी का संचालन डा. उदय पालीवाल ने किया। प्रारंभ में डा. कोठारी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया व पुष्पांजली अर्पित की गई।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, सोमवार, 7 जुलाई, 2003

आध्यात्म के आधार पर विज्ञान का उत्कर्ष सर्वमंगलकारी वरना आत्मघाती

डॉ. कोठारी की 97वीं जयन्ती पर गोष्ठी सम्पन्न

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 6 जुलाई। विज्ञान का उत्कर्ष सर्वमंगल का संवाहक हो सकता है। यदि इसे अध्यात्म के आधार पर प्रतिष्ठित न रखा जाए अन्यथा भस्मासुर की तरह यह आत्मघाती हो सकता है। डॉ. कोठारी ने अध्यात्म और विज्ञान के एकत्व को नई दिशा में सार्थक भूमिका देते हुए शिक्षा के माध्यम से परिवर्तन की सकारात्मक परिकल्पना प्रस्तुत की। उक्त विचार रविवार को प्रख्यात वैज्ञानिक शिक्षाविद् डॉ. दौलत सिंह कोठारी की 97वीं जयन्ती के अवसर पर शान्तिपीठ संस्थान के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किए। संगोष्ठी की अध्यक्षता मोहन सिंह कोठारी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव सुमतिलाल बोहरा ने कहा कि जहां विकास है वहां विनाश है, किन्तु यदि विज्ञान को आध्यात्मिक अर्थ दिए जाए तो विनाश की सम्भावनाएं निर्मूल हो सकती है।

उन्होंने कहा कि शिक्षक तभी शिक्षक है जब तक वह पढ़ने-पढ़ाने से जुड़ा रहता है। बोहरा ने वर्तमान में शिक्षा में आ रही विकृतियों एवं अव्यवस्थाओं के आलम पर अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक ने अपने आपको मात्र नौकरी तक सीमित कर लिया है, जबकि शिक्षक की जिम्मेदारी का विस्तार बहुत व्यापक है। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी में सभी विशेषताएं थी, किन्तु सबसे पहले वे एक आदर्श शिक्षक थे।

प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रो. एस.एन. जोशी ने कहा कि डॉ. कोठारी की मान्यता थी कि विज्ञान को आध्यात्मिक धरातल पर प्रतिष्ठत करना आज की महत्ती आवश्यकता है।

इस अवसर पर सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि डॉ. कोठारी एक महान वैज्ञानिक थे, उतने ही सरल थे। उन्होंने विज्ञान और अध्यात्म के योग को समझा और शिक्षा से जोड़ने की जरूरत बताई।

प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी नई शताब्दी के प्रज्ञाभूषण थे, जिन्होंने ज्ञान विज्ञान की समन्वित संस्कृति की परिकल्पना से नूतन विश्व निर्माण की भूमिका प्रस्तुत की। उन्होंने सावचेत किया कि एक रास्ता आत्मघात की ओर जाता है और दूसरा सर्वमंगलकारी बनाने की ओर। यदि विज्ञान को आध्यात्मिक आश्रय में बढ़ने की दिशा दी जाए तो यह कल्याणकारी होगा। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी ने गीता को आत्मसात करते हुए देश के प्रतिरक्षा सलाहकार की भूमिका में अद्वितीय कार्य किया, जिस पर देश के शीर्षस्थ वैज्ञानिकों को गर्व और सन्तोष है।

इस अवसर पर शल्प चिकित्सक डॉ. आर.के. अग्रवाल ने कहा कि जो धर्म व्याख्यान तक सीमित न रहकर क्रियाशीलता में आ जाए वहीं धर्म धर्म है।

सामाजिक कार्यकर्ता किशोर सन्त ने कहा कि अर्थ प्रधानता के साथ बदलते विश्व परिदृश्य में भारत विकल्प दे सकता है, जिसमें मनुष्य को स्वराज और स्वाधीनता के सार्थक अर्थ प्राप्त हो सकते है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि सब कुछ अखण्ड है। खण्ड हमने मात्र अपनी सीखने की सुविधा के लिए बनाए, किन्तु वास्तव में अखण्ड ही शास्वत है। उन्होंने कहा कि विज्ञान जैसी शक्ति किसी को देने से पहले उसकी पात्रता देखी जानी चाहिए और वह मिल सकती है। आध्यात्म से विद्या विनय देती है और विनय पात्रता। किन्तु यदि विद्या अहंकार देने लग जाए तो परिणाम भयंकर आते है, इसे आज हम देख रहे है।

इस अवसर पर प्रो. बी.एल. समदानी, प्रो. आर.एम. लोढ़ा ने भी विचार व्यक्त किए। गोष्ठी में यह अपेक्षा की गई कि उदयपुर के प्रमुख मार्ग पर डॉ. कोठारी की प्रतिमा स्थापित की जाए। संगोष्ठी का संचालन डॉ. उदय पालीवाल ने किया। प्रारम्भ में डॉ. कोठारी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत 2060
आषाढ़, शुक्ल पक्ष अष्टमी, सोमवार
7 जुलाई 2003

प्रासंगिक है विज्ञान-अध्यात्म के एका पर कोठारी का चिंतन

डा. दौलतसिंह कोठारी की जयंती पर संगोष्ठी

नस, उदयपुर, 6 जुलाई।

विज्ञान और अध्यात्म के बीच एकत्व, सामंजस्य की दिशा में डॉ. दौलतसिंह कोठारी की भूमिका अद्वितीय है। शिक्षा के माध्यम में परिवर्तन की उनकी परिकल्पना सकारात्मक परिणामों वाली है।

ये विचार डॉ. दौलतसिंह गांधी की 97वीं जयंती पर रविवार को यहां शांतिपीठ संस्थान में आयोजित एक संगोष्ठी के दौरान उभरे। गोष्ठी के मुख्य अतिथि राजस्थान शिक्षा बोर्ड के सचिव सुमतिलाल बोहरा ने कहा कि विज्ञान के साथ विकास और विकास के साथ विनाश भी प्रत्याशित है किंतु यदि विज्ञान में अध्यात्म का समामेलन हो तो विनाश की सम्भावनाएं निर्मूल हो सकती हैं। शिक्षक का औचित्य तभी है जब तक कि वह अध्ययन-अध्यापन से जुड़ा है। मौजूदा दौर में शैक्षिक परिदृश्य में विकृतियों, अव्यवस्थाओं पर चर्चा कर श्री बोहरा ने शिक्षकों से अपने दायित्वों में विस्तार का आग्रह किया। इस संदर्भ में उन्होंने डॉ. कोठारी को आदर्श शिक्षक बताया।



मुख्य वक्ता प्रो. एस.एन. जोशी ने विज्ञान तथा अध्यात्म के संदर्भ में डॉ. कोठारी की मान्यताओं को प्रासंगिक बताया। उन्होंने आध्यात्मिक धरातल पर विज्ञान की प्रतिस्थापना पर प्रकाश डाला। शांतिपीठ के संस्थापक अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी ने ज्ञान-विज्ञान में समन्वय से नवीन विश्व निर्माण की भूमिका रखी। डॉ. कोठारी ने गीता को आत्मसात किया और सर्वमंगल के लिए विज्ञान को अध्यात्म मार्ग पर अग्रसर करने को कहा था। शल्य चिकित्सक डॉ. आर.के. अग्रवाल, सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविंद भटनागर, नेत्र चिकित्सक डॉ. हरिसिंह चुंडावत ने डॉ. कोठारी की स्मृतियों को अक्षुण्ण बनाने के लिए विज्ञान तथा अध्यात्म में सामंजस्य पर चर्चा की। गोष्ठी के अध्यक्ष मोहनसिंह कोठारी ने विज्ञान के अध्यात्म के विखंडन पर चिंता की तथा डॉ. कोठारी के उद्भव को मेवाड़ की संस्कृति का प्रतिफल बताया। शिक्षाविद नियाज बेग मिर्जा ने कहा कि डॉ. कोठारी ने शिक्षा के सर्वांगीण विकास की रूपरेखा प्रस्तुत कर इसे विश्वभर में विशिष्टता दी। प्राथमिक से विश्वविद्यालयी, प्रौढ़ शिक्षा व अन्यान्य उपक्रमों का समावेश कर डॉ. कोठारी ने शिक्षा क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया। इस बीच प्रो. बी.एल. समदानी, प्रो. आर.एम. लोढ़ा, सामाजिक कार्यकर्ता किशोर संत ने भी विचार रखे। वक्ताओं ने शहर में डॉ. कोठारी की प्रतिमा की स्थापना को अपेक्षित माना। गोष्ठी का संचालन डॉ. उदय पालीवाल ने किया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर विक्रम संवत 2059
माघ, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, बुधवार
5 फरवरी 2003

'विज्ञान के अभाज्य प्रयासों से विश्व निर्माण संभव'

पुण्यस्मरण **डॉ. कोठारी की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी**

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 4 फरवरी। अध्यात्म, विज्ञान व संस्कृति के अविभाज्य प्रयासों से ही समृद्ध विश्व निर्माण का स्वप्न साकार किया जा सकता है। इसी मार्ग से मानवता का सुरक्षित भविष्य भी सुनिश्चित किया जा सकता है। यह बात मंगलवार को यहां सरदारपुरा स्थित शांतिपीठ में अध्यात्म-विज्ञान मनीषी डॉ. दौलतसिंह कोठारी की दसवीं पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी में डॉ. मोहनसिंह कोठारी ने कही। डॉ. कोठारी ने कहा कि वैज्ञानिक मानसिकता के मौजूदा दौर में समस्या यही नहीं है कि इससे संस्कृति का लोप हो रहा है। अधूरी वैज्ञानिक मानसिकता इससे बड़ी समस्या है। आइंस्टीन, डॉ. कोठारी व डॉ. अब्दुल कलाम पूर्ण वैज्ञानिक मानसिकता के उदाहरण हैं। इस पूर्णता के लिए अध्यात्म की जरूरत किशोरावस्था में ही महसूस होने पर ही जीवन सार्थक हो सकता है। शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि जो मनुष्य जाति को सुरक्षित भविष्य की गारंटी दे वही विज्ञान है। इसके विपरीत स्थिति विनाश की तैयारी है। अध्यात्म को विज्ञान से पृथक कर नवीन विश्व निर्माण की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने डॉ. कलाम के आह्वान को रेखांकित किया जिसमें उन्होंने स्वर्णिम भारत के निर्माण में विज्ञान, अध्यात्म का सामंजस्य अपरिहार्य बताया था। सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविंद भटनागर ने डॉ. कोठारी की शिक्षा को अमल में लाने के प्रयासों की आवश्यकता प्रतिपादित की। गोष्ठी के अध्यक्ष प्रो. यू.एन. उपाध्याय ने वैज्ञानिक वर्ग को डॉ. कोठारी का ऋणी बताया। साहित्यकार ओंकारश्री, हरनाथसिंह भंसाली, शिक्षाविद एस.एन. माथुर, पंडित मुरलीधर जोशी, निर्मला माथुर, श्रीमती सुधा, अनिल चतुर्वेदी आदि ने विचार रखे। शांतिपीठ के अश्विनीसिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्रद्धांजलि : गोष्ठी के बाद संभागियों ने संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य मास्टर बलवंतसिंह मेहता, अंतरिक्ष युवा वैज्ञानिक कल्पना चावला को श्रद्धांजलि दी।



डॉ. कोठारी की पुण्यतिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी में विद्वत्जन। भास्कर

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 5 फरवरी 2003

अध्यात्म को विज्ञान से जोड़े रखने में ही समझदारी

उदयपुर

डॉ. डी.एस. कोठारी की पुण्यतिथि

'अध्यात्म, विज्ञान व संस्कृति के अविभाज्य प्रयासों से ही खुशहाल विश्व के निर्माण का स्वप्न साकार किया जा सकता है। मानवता का सुरक्षित भविष्य भी तभी सुनिश्चित हो सकेगा।' ये विचार मंगलवार को शांतिपीठ में वैज्ञानिक डॉ. दौलतसिंह कोठारी की दसवीं पुण्यतिथि पर आयोजित गोष्ठी में उभर कर आए। चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि समस्या यह नहीं है कि वैज्ञानिक मानसिकता से संस्कृति का लोप रहा है अपितु समस्या का कारण अधकचरी वैज्ञानिक मानसिकता है। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी की ही तरह आईन्सटाइन और राष्ट्रपति अब्दुल कलाम पूर्ण वैज्ञानिक मानसिकता के धनी है। सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि डॉ. कोठारी वैज्ञानिक होने के साथ ही आध्यात्मिकता से परिपूर्ण थे। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो. यू.एन. उपाध्याय ने कहा कि डॉ. कोठारी की यह स्पष्ट मान्यता थी कि विज्ञान, अध्यात्म और संस्कृति अविभाज्य हैं, जिन्हें अलग करने के दुष्परिणाम ही हो सकते है। उन्होंने सैद्धान्तिक भौतिकी के क्षेत्र में डॉ. कोठारी के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी के विचारों के अनुसार अध्यात्म और विज्ञान के अद्वैत को समझने की प्रक्रिया शिक्षा का अंग बननी चाहिए। साहित्यकार औंकारश्री ने कहा कि संस्कृति विहीन विकास कोई अर्थ नहीं रखता। विनय कोठारी, हरनाथसिंह भंसाली, पण्डित मुरलीधर जोशी, अनिल चतुर्वेदी आदि ने भी विचार व्यक्त किए। गोष्ठी के आरम्भ में डॉ. कोठारी के चित्र पर पष्पांजलि अर्पित

दैनिक नवज्योति

अजमेर, सोमवार, 8 जुलाई 2002

कोठारी को भारत रत्न से सम्मानित करने की अपील

उदयपुर, 7 जुलाई (न्यूज सर्विस)। प्रख्यात वैज्ञानिक अध्यात्म तत्वदर्शी डॉ. दौलत सिंह कोठारी को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने पर देश गौरवान्वित होगा। विज्ञान, भारत की सुरक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में डॉ. कोठारी का योगदान अक्षुण रहेगा। उक्त अपील एवं विचार शांतिपीठ के तत्वावधान में डॉ. डी.एस.कोठारी की 96 वीं जयन्ती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किये गये।

प्रमुख अतिथि के रुप में बोलते हुए संभागीय आयुक्त ओ.पी.सैनी ने कहा कि अध्यात्म और विज्ञान मार्ग पर चल कर ही वर्तमान की समस्याओं का शमन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारत की सुरक्षा के क्षेत्र में जो क्रांति हुई उसकी आधार शिला डॉ. कोठारी ने रखी और देश सुरक्षा में आत्मनिर्भर हो गया। सैनी ने कहा कि संत, वैज्ञानिक, कलाविद, साहित्यकार, रचनाधर्मी आदि समाज की धरोहर है इनके जीवन संदेश को अक्षुण्ण बनाये रखने के पूरे प्रयास होने चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी को नोबल पुरस्कार भले ही किन्ही कारणों से न मिला हो किन्तु वे विश्व मनीषी है और उनकी प्रेरणा से विद्यार्थी व युवा समुदाय को परिचित कराया जाना चाहिए। संगोष्ठी में डॉ. कोठारी को भारत रत्न दिये जाने की अपील की गई और नगर के किसी मुख्य मार्ग को डॉ. कोठारी के नाम पर किये जाने तथा प्रतिमा स्थापित करने की मांग प्रशासन व सरकार से की गई।

अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए मो. सु. विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. आर.के.राय ने कहा कि चरम सीमा पर पहुंचने के बाद वैज्ञानिक आस्तिक बन ही जाता है। उन्होंने कहा कि अध्यात्म के अनुसरण से जीवन में सरलता उपलब्ध होती है। डॉ. कोठारी सरल और निरहंकार के शिखर पर पहुंच चुके थे। जिस-जिस क्षेत्र में उन्होंने राष्ट्र को जो सेवाएं दी वहां विशेष छाप छोडी। शांतिपीठ द्वारा डॉ. कोठारी की स्मृति को अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु किये जा रहे प्रयासों में पूर्ण सहयोग देने की बात कही तथा प्रशासन से इसमें पूर्ण सहयोग की अपील की। शांतिपीठ के संस्थापक के महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने डॉ. कोठारी को अध्यात्म और विज्ञान के अद्वैत की प्रेरक शक्ति बताते हुए कहा कि विज्ञान और तकनीकी का विकास और आध्यात्मिक गहराई एक साथ चलने से ही मानव कल्याण का रास्ता सुदृढ हो सकता है। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी ने विज्ञान और अहिंसा के जोड को शिक्षा में समावेश किये जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से ही विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त बन सकता है। इस अवसर पर चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि ऋषि ने अपने शिष्य को ज्ञानवान बनाने के बाद विज्ञानवान भव का आशीर्वाद दिया। समुन्नत विकास के लिए ज्ञान-विज्ञान का साथ आवश्यक है। उन्होंने कोठारी के डिफेन्स नेटवर्क के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर रक प्रोफेसर जे.वर्मा, विनय कोठारी, बार एसोसियेशन, उदयपुर के अध्यक्ष एडवोकेट प्रकाश पानेरी, प्रो. राधा गोविन्द आचार्य, प्रो. वी.एल. समदानी. हरनाथसिंह भंसाली ने भी विचार व्यक्त किये। प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवल तथा डॉ. कोठारी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। अन्त में इन्द्रदेव जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रातःकाल
उदयपुर-जयपुर-मुंबई
उदयपुर, रविवार दिनांक 7 जुलाई, 2002



डॉ. डी.एस. कोठारी की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित संभागीय आयुक्त ओ.पी. सैनी व अन्य।

डॉ. कोठारी को भारत रत्न देने की अपील

उदयपुर, 6 जुलाई (वि.)। प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. दौलत सिंह कोठारी की 96वीं जयंती पर शनिवार को शांतिपीठ के तत्वावधान में संगोष्ठी आयोजित की गई।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त ओ.पी. सैनी ने कहा कि आजादी के बाद भारत की सुरक्षा के क्षेत्र में जो क्रांति हुई उसकी आधार शिला डॉ. कोठारी ने रखी और देश सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गया। अध्यक्षीय पद से बोलते हुए सुविवि के पूर्व कुलपति डॉ. आर.के. राय ने शांतिपीठ द्वारा डॉ. कोठारी की स्मृति को अक्षुण बनाये रखने हेतु किये जा रहे प्रयासों में पूर्ण सहयोग देने की बात कही।

संगोष्ठी में शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी, संगोष्ठी में शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी, मोहन सिंह कोठारी, प्रो. जे. वर्मा, विनय कोठारी, बार एसोसिएशन, उदयपुर के अध्यक्ष प्रकाश पानेरी, प्रो. राधा गोविन्द आचार्य, प्रो. बी.एल. समदानी तथा हरनाथ सिंह भंसाली ने विचार व्यक्त किये। अन्त में धन्यवाद इन्द्रदेव जोशी ने ज्ञापित किया। संगोष्ठी में डॉ. कोठारी को भारत रत्न दिये जाने की अपील की गई और नगर के किसी मुख्य मार्ग को डॉ. कोठारी के नाम पर कर वहां उनकी प्रतिमा स्थापित करने की मांग स्थानीय प्रशासन व सरकार से की गई।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, रविवार, 7 जुलाई, 2002

अध्यात्म व विज्ञान के सहारे ही समस्याओं का निराकरण संभव

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर 6 जुलाई। संभागीय आयुक्त ओ.पी. सैनी ने कहा कि अध्यात्म और विज्ञान के मार्ग पर चलकर ही वर्तमान समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है। वे शनिवार को शांतिपीठ के तत्वावधान में डा. डी.एस. कोठारी की जयन्ती पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

सैनी ने कहा कि आजादी के बाद भारत की सुरक्षा के क्षत्र में जो क्रांति हुई उसकी आधारशिला डा. कोठारी ने रखी। उन्होंने कहा कि संत, वैज्ञानिक कलाविद, साहित्यकार, रचनाधर्मी आदि समाज की धरोहर है। इनके जीवन संदेश को अक्षुण्ण बनाए रखने के पूरे प्रया होने चाहिए। संगोष्ठी में डा. कोठारी को भारत रत्न दिए जाने की अपील की गई और नगर के किसी मुख्य मार्ग को डा. कोठारी के नाम पर किए जाने तथा प्रतिमा स्थापित करने की मांग प्रशासन व सरकार से की गई।

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा. आर.के. राय ने कहा कि चरम सीमा पर पहुंचने के बाद वैज्ञानिक आस्तिक बन ही जाता है। उन्होंने कहा कि अध्यात्म के अनुसरण से जीवन में सरलता उपलब्ध होती है। डा. राय ने कहा कि डा. कोठारी सरल और निरहंकार के शिखर पर पहुंच चुके थे। जिस-जिस क्षेत्र में उन्होंने राष्ट्र को सेवाएं दी, वहीं विशेष छाप छोड़ी।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने डा. कोठारी को अध्यात्म और विज्ञान के अद्वैत की प्रेरक शक्ति बताते हुए कहा कि विज्ञान और तकनीकी का विकास और आध्यात्मिक गहराई एक साथ चलने से ही मानव कल्याण का रास्ता सुदृढ़ हो सकता है। उन्होंने कहा कि डा. कोठारी ने विज्ञान और अहिंसा के जोड़ को शिक्षा में समावेश किए जाने की महती आवश्यकता प्रतिपादित की।



शक्तिपीठ की ओर से शनिवार को डॉ. डी.एस. कोठारी की जयन्ती पर आयोजित संगोष्ठी में मंच पर बैठे मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त ओ.पी. सैनी, सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. आर.के. राय तथा शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी।

इस अवसर पर चिंतक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि ऋषि ने अपने शिष्य को ज्ञानवान बनाने के बाद विज्ञानवान भव का आशीर्वाद दिया। समुन्नत विकास के लिए ज्ञान विज्ञान का साथ आवश्यक है। उन्होंने डा. कोठारी के 'डिफेन्स नेटवर्क' के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। संगोष्ठी में प्रोफेसर जे. वर्मा, विनय कोठारी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट प्रकाश पानेरी, प्रो. राधा गोविन्द आचार्य, प्रो. वी.एल. समदानी, हरनाथ सिंह भंसाली ने भी विचार व्यक्त किए। प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा डा. कोठारी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। अन्त में इन्द्रदेव जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर • रविवार 7 जुलाई, 2002

अध्यात्म, विज्ञान के बूते समस्याओं से निजात संभव : सैनी

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 6 जुलाई। सुप्रसिद्ध अध्यात्मिक वैज्ञानिक दौलतसिंह कोठारी की 96वीं जयंती यहां शांतिपीठ संस्थान की ओर से शनिवार को समारोहपूर्वक मनाई गई जिसमें वक्ताओं ने डॉ. कोठारी को भारत रत्न से सम्मानित करने पर जोर दिया और कहा कि इससे देश गौरवान्वित होगा।

मुख्य अतिथि के रूप संभागीय आयुक्त ओ.पी. सैनी ने कहा कि अध्यात्म और विज्ञान के मार्ग पर चल कर ही वर्तमान की समस्याओं का शमन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारत की सुरक्षा के क्षेत्र में जो क्रांति हुई, उसकी आधारशिला डॉ. कोठारी ने रखी। सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. आर.के. राय ने कहा कि डॉ. कोठारी सरल और निरहंकार शिखर पर पहुंच चुके थे। उनके कार्यों ने विशेष छाप छोड़ी। उन्होंने शांतिपीठ द्वारा कोठारी की स्मृति को अक्षुण्ण बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को सराहा और इन प्रयासों में सबके सहयोग की बात कही। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने डॉ. कोठारी को अध्यात्म विज्ञान के अद्वैत की प्रेरक शक्ति निरूपित करते हुए इनके परस्पर संचालन को मानव कल्याण का मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी ने विज्ञान और अहिंसा के शिक्षा में समावेश की आवश्यकता प्रदिपादित की।



शांतिपीट की गोष्ठी में अनंत गणेश त्रिवेदी, प्रो. आर. के. रॉय, ओ.पी. सैनी।

डॉ. कोठारी के 'डिफेन्स नेटवर्क' में योगदान पर प्रकाश डालते हुए चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने विद्यार्थियों के लिए ऋषि-मुनियों की विज्ञानवान भव परिकल्पना की बात कही। प्रो. जे. वर्मा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश पानेरी, प्रो. राधागोविंद आचार्य, प्रो. वी.एल. समदानी, हरनाथसिंह भंसाली ने भी विचार रखे। इन्द्रदेव जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

5 फरवरी, 2002 उदयपुर एक्सप्रेस दैनिक

कलाम ने बच्चों से बड़े स्वप्न दृष्टा बनने को कहा

उदयपुर, 4 फरवरी (काप्र)। भारत रत्न डा अब्दुल कलाम ने बच्चों से आग्रह किया कि वे बडे स्वप्न दृष्टा बनें तभी उनमें आविष्कार करने की लालसा आगे बढ सकेगी

डा कलाम आज यहां रेल्वे प्रशिक्षण में उदयपुर की विभिन्न स्कूलों से आये स्कूली बच्चों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रायः छोटे छोटे स्वप्न देखने एवं उनके पूरा होने पर संतोष कर लेना उचित नहीं हैं। बल्कि बच्चों को बड़े सपने देखने चाहिये ताकि उसको पूरा करने की सोच विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि बच्चों में होने वाली इन सोचों को तकनीक एवं ज्ञान को सहारा मिल जाय तो उनकी विज्ञासा शांत होती हैं और यही जिज्ञासा बच्चों को आविष्कार के लिये प्रेरित करती हैं।

डा॰ कलाम ने कहा कि उनके पास देश के विभिन्न जगहों से काफी बच्चों के प्रश्न आते हैं। उन्होंने कहा कि इन बच्चों में काफी जिज्ञासा है तथा वह हर प्रकार से उनके बारे में अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिये झुझते रहते हैं।

उन्होंने कहा कि नयी पीढी में बहुत ज्यादा संभावनायें हैं। जिनके लिये जरूरी हैं कि हम उन्हें उच्च शिक्षा देने का प्रयास करें और उनके ज्ञान को बढ़ाने में सहभागी बनें। उन्होंने इस दौरान बच्चों को राष्ट्र के नव निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका निभाने के लिये सोंगंध भी दिलायी।

डा॰ कलाम ने इस दौरान छात्रों द्वारा पुछे गये प्रश्नों के उत्तर भी दिये। एक बालक द्वारा परमाणु हथियारों की दौड़ में भारत के शामिल होने पर प्रश्न किया तो उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास शांति प्रिय राष्ट्र का रहा हैं लेकिन अपने को शक्तिसंपन्न बनाने के लिये यह जरूरी हैं कि हम परमाणु हथियारों को बनावें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया हैं कि हम पहले इनका उपयोग नहीं करेंगे। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि बच्चों को विकसित राष्ट्र का स्पप्न देखना होगा जहां सदैव ज्ञान का दीपक जलता रहना चाहिये।

इस अवसर पर डा॰ अब्दुल कलाम के सहयोगी श्री सिल्वामूर्ति ने कहा कि डा॰ अब्दुल कलाम का लक्ष्य हैं कि वह आगामी 2003 तक देश के एक लाख बच्चों से मिले इसलिये वे जगह जगह जाकर जहां भी संभव हैं बच्चों से मिलते हैं तथा विकसित राष्ट्र निर्माण के लिये बच्चों को प्रेरित करते रहे हैं।

उदयपुर, मंगलवार 5 फरवरी 2002 उदयपुर एक्सप्रेस दैनिक

शक्ति संपन्न होने पर ही युद्ध के खतरे से बचाव : कलाम

उदयपुर, 4 फरवरी (एन्यू)। मिसाइल तकनीक के जनक एवं भारत रत्न डा अब्दुल कलाम ने कहा कि देश के सर्वोत्तम विकास के लिये यह जरूरी है कि हर क्षेत्र के सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को एक साथ आकर आंदोलन चलाने की जरूरत है।

डा कलाम आज यहां शांतिपीठ द्वारा आयोजित मूर्धन्य शिक्षाविद डा दौलत सिंह कोठारी को चतुर्थ व्याख्यान माला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के संघर्ष में देश के हर क्षेत्र के उच्चतम पदों पर आसीन लोगों ने एकजुट होकर गांधीजी के नेतृत्व में उतरे थे तभी देश को आजादी मिली। उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थितियों में वैज्ञानिक, राजनेता, शिक्षाविद एवं समाजसेवी को आगे आकर कार्य करना होगा और इसे आंदोलन का रूप देना होगा।

डा कलाम ने कहा कि आजादी के बाद भारत ने कई क्षेत्रों में अनुसंधान कर अपनी पहचान बनायी हैं लेकिन खेद की बात हैं कि वैज्ञानिकों द्वारा दिये गये अपने सर्वोत्कृष्ट के विपणन की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि आज हमें अपनी अनुसंधान को तकनीक के रूप में परिवर्तित करने के साथ ही उसके द्वारा विकसित की जाने वाली तकनीकी के लिए विपणन नीति को विकसित करना होगा।

उन्होंने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धाओं के दौर में भारत आज भी विश्व के 64 देशों में 59वें स्थान पर है। परमाणु हथियारों की चर्चा करते हुए डा अब्दुल कलाम ने कहा कि भारत का लख्य सदैव हथियार विहिन समाज निर्माण का रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में कहीं भी यह उल्लेख नहीं है कि भारत कभी आक्रांता रहा है। लेकिन भारत पर सदैव ही हमले होते रहे है। अतः वर्तमान वैश्विक स्थिति को देखते हुए परमाणु हथियार बनाना भारत के हित में ही है। उन्होंने कहा कि जब भारत सर्वशक्तिसंपन्न होगा। तभी युद्ध जैसे खतरों से बचा जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि आज भारत को कृषि- खाद्य, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सूचना तकनीक एवं कम्प्यूटर, आधारभूत ढांचा विकसित करने तथा परमाणु, अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट तकनीक की तरफ विशेष ध्यान देना होगा।

उन्होंने डा डीएस कोठारी के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि रक्षा मंत्री के सलाहकार के रूप में उनके द्वारा रक्षा अनुसंधान में किया गया कार्य सदैव याद रहेगा। उन्होंने कहा कि इस इसी तरह के परमाणु अनुसंधान अविस्मरणीय रहेगी।

उन्होंने कहा कि मेरा स्वप्न आगामी 20 सालों में भारत को आर्थिक दृष्टि से सर्वशक्ति संपन्न राष्ट्र के रूप में विकसित करना है। अतः इसके लिए लिये जरूरी हैं कि राष्ट्र निर्माण के इस कार्य में हर क्षेत्र से जुड़े उच्चतम स्तर पर पंहुचे व्यक्तियों को आगे आकर इसका बीडा उठाना होगा।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद सिंह मेवाड़ ने कहा कि भारत को शक्तिशाली एवं शांति समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिये जरूरी हैं कि इस कार्य में सभी को जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व तक विश्व में दो ही शक्तियां हावी थी। जिसका वर्चस्व अब टूट गया है। उन्होंने कहा कि इसको देखते हुए हमें वर्तमान में आप सी सौहार्द एवं बेहतर संबंधों के साथ ही आपसी समझ को व्यापक बनाना होगा। (शेष पृष्ठ चार पर)

शक्ति संपन्न होने पर....

(शेष पृष्ठ एक का)

उन्होंने राष्ट्र निर्माण में महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन की चर्चा करते हुए कहा कि फाउंडेशन ने सदैव राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ठ सेवा करने वाले लोगों को सम्मान देता रहा है। उन्होंने कहा कि हाकिम खां सूरी एवं पन्नाधाय सम्मान दोनों ऐसे सम्मान है जो राष्ट्र सेवा में समर्पित लोगों का दिये जाते है।

उन्होंने इस अवसर पर मिसाइल के जनक एवं भारत रत्न डा अब्दुल कलाम को राष्ट्रीय निर्माण में अपने अमूल्य योगदान के लिये फाउंडेशन की ओर से 'पन्नाधाय सम्मान' स्वीकार करने का आग्रह किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। प्रारंभ में शांतिपीठ के अध्यक्ष अनंत गणेश त्रिवेदी ने अपने विचार व्यक्त किये।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 5 फरवरी 2002

माता-पिता और शिक्षक ही मिटा सकते हैं भ्रष्टाचार

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 4 फरवरी। भारत रत्न से सम्मानित डा. अब्दुल कलाम ने कहा कि इस देश से भ्रष्टाचार माता-पिता व शिक्षक ही मिटा सकते हैं। वे सोमवार को यहां रवीन्द्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित चतुर्थ डी.एस. कोठारी व्याख्यानमाला में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

शांतिपीठ संस्था द्वारा आयोजित इस व्याख्यानमाला के मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस देश में भ्रष्टाचार को कोई भी सरकार नहीं मिटा सकती है। यह तो माता-पिता व शिक्षक ही हैं तो देश के बच्चों को ऐसी परवरिश दें कि भ्रष्टाचार कभी पनप ही नहीं पाए।

अपने तीन आदर्श गुरुओं में से एक डा. दौलतसिंह कोठारी के बारे में उन्होंने कहा कि देश के पहले प्रतिरक्षा मंत्री के रक्षा सलाहकार रहे डा. कोठारी ने इस देश में रक्षा व वैज्ञानिक शोधशालाओं की स्थापना की। दूसरे आदर्श डा. होमीभाभा ने परमाणु संस्थानों व गणित के अनुसंधान केन्द्रों की स्थापना की व तीसरे आदर्श डा. विक्रम साराभाई ने फिजिकल रिसर्च लेबोरेट्री जैसे अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्रों की स्थापना की।

डा. कलाम ने कहा कि इन तीनों के योगदान से आज देश रक्षा परमाणु व अंतरिक्ष के क्षेत्र में आत्मनिर्भर है और हर वर्ष देश में एक लाख वैज्ञानिक व दो लाख इंजीनियर तैयार होते हैं। उन्होंने कहा कि देश को और हमें अब ऐसा वातावरण तैयार करना होगा ताकि ये लोग इसी देश में रहकर अपनी सेवाएं दे सकें।

प्रो. दौलतसिंह कोठारी स्मृति व्याख्यान

डा. कलाम को पन्नाधाय पुरस्कार की पेशकश

सकल घरेलू उत्पाद की आर्थिक वृद्धि दर दस फीसदी होने पर देश के 30 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने वाले आर्थिक विश्लेषकों की भविष्यवाणी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस वृद्धि दर में अगर कृषि खाद्य प्रसंस्करणों में बढ़ोतरी, हरेक को शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो, आधारभूत औद्योगिक विकास व सूचना व संवाद प्रौद्योगिकी तथा क्लिष्ट तकनीक के विकास को शामिल नहीं किया गया तो यह बेमानी होगी।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन के अध्यक्ष अरविंदसिंह मेवाड़ ने कहा कि डा. कलाम ने रक्षा मंत्रालय के प्रमुख सलाहकार का पद त्याग कर एक विशेष अभियान आरंभ किया है जो प्रशंसनीय है। राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के प्रतीक के रूप में यद्यपि उन्हें हकीम खां सूर सम्मान प्रदान किया जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने शांति के लिए जो नवीन अभियान आरंभ किया है वह अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने डा. कलाम को समाज व देश के लिए बच्चों को साथ रखकर अपने निर्धारित कर्त्तव्यों के दायरे में बाहर जाकर समाजसेवा के लिए उन्हें राष्ट्रीय स्तर का महाराणा मेवाड़ पन्नाधाय अलंकरण की पेशकश की। उन्होंने कहा कि डा. कलाम की स्वीकृति प्राप्त होने पर उन्हें यह पुरस्कार 14 अप्रैल को सिटी पैलेस प्रांगण में आयोजित वार्षिक सम्मान समर्पण समारोह में प्रदान किया जाएगा।

समारोह में डा. कलाम के सहयोगी व डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ फिजीयोलॉजी एंड एलाइज साइंस के निदेशक डॉ. डब्ल्यू सेल्वामूर्ति व शांतिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने भी विचार व्यक्त किए। समारोह के अंत में डा. कलाम ने शहर के प्रबुद्धजनों, शिक्षाविदों व विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए। डा. कलाम व डा. सेल्वामूर्ति की इस एक दिवसीय यात्रा का प्रबंध महाराणा ऑफ मेवाड़ चेरिटेबल फाउण्डेशन ने किया। समारोह के बाद वे सीधे डबोक हवाई अड्डे के लिए रवाना हो गए। माउंट आबू से सोमवार दोपहर सड़क मार्ग से उदयपुर पहुंचे डा. कलाम ने शांतिपीठ के स्थानीय शाखा कार्यालय का अवलोकन किया व उनकी गतिविधियों का जायजा लिया।

अनमोल मोती
अपना जीवन लेने के लिए नहीं, देने के लिए है। - विवेकानंद
प्रातःकाल
माघ कृष्णा 8 मंगलवार दिनांक 5 फरवरी, 2002



शांतिपीठ की ओर से स्व. दौलतसिंह कोठारी की स्मृति में आयोजित व्याख्यानमाला को संबोधित करते हुए भारत रत्न एपीजे अब्दुल कलाम । फोटो : कैलाश टांक

खतरों से बचने सर्वशक्ति सम्पन्न होना जरूरी

कलाम का हर क्षेत्र के उच्च पदस्थ लोगों से एकजुटता का आह्वान

उदयपुर, 4 फर. (नसं.)। भारत में मिसाइल तकनीक के जनक भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए परमाणु हथियार बनाना ही भारत के हित में है। उनका मानना है कि जब भारत सर्वशक्ति सम्पन्न होगा तभी युद्ध जैसे खतरों से बचा जा सकेगा।

प्रख्यात वैज्ञानिक कलाम सोमवार को यहां रविन्द्रनाथ टैगोर आयुर्विज्ञान महाविद्यालय सभागार में शांतिपीठ की ओर से उदयपुर के वैज्ञानिक शिक्षाविद डॉ. दौलतसिंह कोठारी की नौवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में आयोजित चौथी व्याख्यानमाला को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे।

मिसाइल मैन के नाम से पहचाने जाने वाले वैज्ञानिक कलाम ने परमाणु हथियारों की चर्चा करते कहा कि भारत का लक्ष्य सदैव हथियार विहिन समाज के निर्माण का रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में यह कहीं उल्लेख नहीं मिलता कि भारत कभी आक्रांता रहा है। भारत पर हमले होते रहे है, इसलिए यह जरूरी हो गया है कि हम सर्वशक्ति सम्पन्न बनें।

कलाम ने देश के सर्वोतम विकास को आवश्यक बताते हुए आव्हान किया कि हर क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ठ कार्य करने वाले लोगों को एक साथ मिलकर इसके लिए आन्दोलन चलाना होगा। उन्होंने वैज्ञानिक, राजनेता, शिक्षाविद् एवं समाजसेवियों को आगे आने की बात कहीं। उन्होंने उदाहरण दिया कि आजादी के संघर्ष में देश के हर क्षेत्र के उच्चतम पदों पर आसीन लोग एकजुट होकर गांधीजी के नेतृत्व में उतरे थे तभी देश को आजादी मिली।

डॉ. कलाम ने कहा कि आजादी के बाद भारत ने कई क्षेत्रों में अनुसंधान कर अपनी पहचान बनायी है। लेकिन खेद की बात यह है कि वैज्ञानिकों की उपलब्धियों के बाद विपणन की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने अनुसंधान को तकनीक के रूप में परिवर्तित करने के साथ ही उसकी विपणित नीति की जरूरत जताई।

उन्होंने कहा कि आज भारत को कृषि, खाद्य, शिक्षा एवं स्वास्थ्य, सूचना तकनीक एवं कम्प्यूटर, आधारभूत ढांचा विकसित करने तथा परमाणु व अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट तकनीक की तरफ विशेष ध्यान देना होगा।

कलाम ने अगले 20 सालों में भारत को आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न राष्ट्र के रूप में देखना अपना स्वप्न बताया तथा इसके लिए उच्च स्तर पर पहुंचे लोगों को आगे आने का आव्हान किया। (शेष पृष्ठ 6 पर)



रवीन्द्र नाथ टैगोर आयुविज्ञान महाविद्यालय, उदयपुर के सभागार में सोमवार को आयोजित स्व.कोठारी स्मति व्याख्यान मे व्याख्यान देते हुए मिसाइल मेन डा.अब्दुल कलाम आजाद। फोटो-राष्ट्रदूत

भारत की अधिसंख्य निर्धन जनता को आत्मनिर्भर बनाना ही हमारा लक्ष्य है - डा. कलाम

- कार्यालय संवाददाता -

उदयपुर, 4 फर.। वैज्ञानिक ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने कहा कि इस देश का नेता ऐसा हो जो जनहित करें। आदर्श नेता का नेतृत्व होने से भावी पीढी को स्वाधीनता का अर्थ समझाया जा सकता है।

डा. अब्दुल कलाम सोमवार को शान्तिपीठ द्वारा दौलत सिंह कोठारी की नवीं पुण्यतिथि पर आर. एन. टी. मेडिकल कालेज सभागार में आयोजित चतुर्थ व्याख्यान माला में मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए यह विचार रखे। उनके सम्बोधन मे हर तरह से देश की समृद्ध बनाने की बात छायी रही।

उन्होंने कहा कि भारतीय विज्ञान एवं तकनोलोजी का विपणनन विश्वभर में हो जिससे देश सुख - समृद्धि से परिपूर्ण हो। उन्होंने अपने सम्बोधन का विषय रखा कि क्या हम इस दुनिया में रह सकते है हथियार व शान्ति के साथ। आर्थिक रुप से समृद्ध 64 देश है उनमें 59 वां नम्बर भारत का है।

मिसाइल मेन ने देश की समृद्धि नेताओं पर निर्भर बताते हुए कहा कि इस देश में नेता को जनता का हितैषी होना चाहिए। स्वहित का हितैषी नहीं। हमारा उद्धेश्य भविष्य में देश को नोबल लीडर (आदर्श नेता) का नेतृत्व तैयार करना है जो स्वाधीनता का अर्थ स्वयं भी समझे और भावी पीढी को भी समझा सके।

उन्होंने कहा कि भारत में रहने वाली 30 करोड़ गरीब व असहाय जनता को समृद्ध व आत्मनिर्भर बनाना हमारा पहला लक्ष्य है। 1857 से 1947 तक के 90 वर्ष का स्वाधीनता संग्राम इस देश को उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान कर गया। जिसमें उद्योग, शिक्षा, तकनोलोजी के अभूतपूर्व प्रयोग हुए। इस आधुनिकता ने देश को समृद्धि के शिखर तक पहुंचाया है।

उन्होंने कहा कि विविध विधाओं से युक्त वैज्ञानिकों ने देश को एक नयी अन्तरिक्षीय दृष्टि भविष्य के लिए दी।

अब्दुल कलाम 2003 तक देशभर में एक लाख स्कूली बच्चों से वार्ता करने का लक्ष्य ठाने है। इसी सन्दर्भ में उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं युवा पीढी से इसलिए मिलता हूं क्योंकि वे ही भविष्य में देश के निर्माण का सशक्त माध्यम है। इस देश में भ्रष्टाचार का सफाया माता - पिता व गुरु का मार्गदर्शन ही कर सकता है। इसके अलावा और कोई प्रभावी नहीं है।

इस अवसर पर अध्यक्षता करते हुए अरविन्द सिंह मेवाड़ ने कहा कि विश्व में अशान्ति व आतंकवाद के बीच में शान्ति का संदेश अब्दुल कलाम जैसे कर्मयोगी ही दे सकते है। उन्होंने महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन की ओर से पत्राधाय से अब्दुल कलाम को पुरस्कृत करने की पेशकश की है।

शांन्ति पीठ के आनन्द गणेश त्रिवेदी ने प्रारम्भ में परिचय प्रस्तुत किया तथा डा. शलवा मूर्ति ने भी अपना सम्बोधन दिया। अन्त में अब्दुल कलाम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

स्कूली बालकों से रुबरु हुए डा.कलाम

उदयपुर 4 फरवरी (कासं)।वैज्ञानिक ए.पी.जे.अब्दुल कलाम ने अपने उदेश्य के तहत सोमवार को स्थानीय रेलवे ट्रेनिंग स्कूल प्रांगण मे स्कूली बच्चों से वार्ता व सवाल-जवाब किए।

उन्होने अपने सवाल मे बच्चों से देश का विकास अन्तराष्ट्रीय जगत मे किस तरह से किया जाए पर उत्तर पूछे। इस पर अलग-अलग तरह के जबाब प्राप्त हुए। उन्होने अपने सवाल-जवाब पूछने के दौरान बच्चों को विज्ञान एवं तकनोलोजी मे रुचि जागृत करने पर जोर दिया। उन्होने अपेन ई-मेल कोड भी बताए तथा कभी भी ई-मेल से सवाल पूछने को कहा।

उनका उदेश्य एक वर्ष मे देशभर मे एक लाख बच्चों से भेट करना व उनके सवालों का जवाब देना है।

अब्दुल कलाम रेलवे ट्रेनिंग स्कूल प्रांगण मे करीब पौन घण्टा रुकेे। वे आर.एन.टी.मेडीकल कालेज प्रांगण मे आयोजित व्याख्यानमाला मे भाग लेकर वापस सडक मार्ग से रवाना हो गए।

Rashtradoot

उदयपुर मंगलवार 5 फरवरी 2002

प्रातःकाल

उदयपुर, मंगलवार दिनांक 5 फरवरी, 2002

बच्चे बड़े स्वप्नदृष्टा बनें : कलाम

उदयपुर, 4 फर. (नसं)। भारत रत्न डा. अब्दुल कलाम ने बच्चों से आग्रह किया कि वे बड़े स्वप्न दृष्टा बनें तभी उनमें आविष्कार करने की लालसा आगे बढ़ सकेगी।

डा. कलाम आज यहां रेल्वे प्रशिक्षण स्कूल में उदयपुर की विभिन्न स्कूलों से आये बच्चों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रायः छोटे-छोटे स्वप्न देख लेने एवं उनके पूरा होने पर संतोष कर लेना उचित नहीं हैं। बल्कि बच्चों को बड़े सपने देखने चाहिये ताकि उसको पूरा करने की सोच विकसित हो सके। उन्होनें कहा कि बच्चों में होने वाली इन सोचों को तकनीक एवं ज्ञान को सहारा मिल जाय तो उनकी जिज्ञासा शांत होती हैं और जिज्ञासा बच्चों को आविष्कार के लिये प्रेरित करती हैं।



बच्चों से बतियाते डा. अब्दुल कलाम। फोटो : कैलाश टांक

डा. कलाम ने कहा कि उनके पास देश के विभिन्न जगहों से काफी बच्चों के प्रश्न आते है। उन्होंने कहा कि इन बच्चों में काफी जिज्ञासा है तथा वह हर प्रकार से उनके बारे में अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिये लगे रहते हैं।

उन्होंने कहा कि नयी पीढ़ी में बहुत ज्यादा संभावनायें हैं। जिनके लिये जरुरी है कि हम उन्हें उच्च शिक्षा देने का प्रयास करें और उनके ज्ञान को बढ़ाने में सहभागी बनें।

उन्होंने इस दौरान बच्चों को राष्ट्र के नव निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका निभाने के लिये संकल भी दिलाया।

डा. कलाम ने इस दौरान छात्रों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उतर भी दिये। एक बालक द्वारा परमाणु हथियारों की दौड़ में भारत के शामिल होने का प्रश्न किया तो, उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास शांतिप्रिय राष्ट्र का रहा है, लेकिन अपने को शक्तिसंपन्न बनाने के लिये यह जरुरी है कि हम परमाणु हथियारों को बनावें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया हैं कि हम पहले इनका उपयोग नहीं करेंगे।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि बच्चों को विकसित राष्ट्र का स्वप्न देखना होगा, जहां सदैव ज्ञान का दीपक जलता रहना चाहिये।

इस अवसर पर डा. अब्दुल कलाम के सहयोगी सिल्वामूर्ति ने कहा कि डा. अब्दुल कलाम का लक्ष्य हैं कि वह आगामी 2003 तक देश के एक लाख बच्चों से मिलें इसलिये वे जगह-जगह जाकर जहां भी संभव हैं बच्चों से मिलते है तथा विकसित राष्ट निर्माण के लिये छः बच्चों को प्ररित करते रहे हैं। शांतिपीठ के अनंत गणेश ने उनका स्वागत किया।

खतरों से.....

(पृष्ठ 1 का शेष)

कलाम ने डॉ. दौलतसिंह कोठारी के योगदान की चर्चा करते कहा कि देश के प्रथम रक्षामंत्री के सलाहकार के रुप में उनके द्वारा रक्षा अनुसंधान में किया गया कार्य सदैव याद रहेगा । उन्होंने कहा कि इसी तरह परमाणु अनुसंधान में डॉ. होमी भाभा व फिजिकल अनुसंधान में डॉ. विक्रम साराभाई की भूमिका अविस्मरणीय रहेगी ।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाराणा मेवाड़ फाउन्डेशन के अध्यक्ष अरविन्द सिंह मेवाड़ ने कहा कि भारत को शक्तिशाली एवं शांति समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिये यह जरुरी है कि इस कार्य में सभी को जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व तक विश्व में दो ही शक्तियां होती थी जिसका वर्चस्व अब टूट गया है । उन्होंने कहा कि इसको देखते हुए हमें वर्तमान में आपसी सौहार्द एवं बेहतर संबंधों के साथ ही आपसी समझ को व्यापक बनाना होगा।

उन्होंने महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन की चर्चा करते हुए कहा कि फाउण्डेशन सदैव राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट सेवा करने वाले लोगों को सम्मान देता रहा है। उन्होंने कहा कि हाकिम खां सूर एवं पन्नाधाय सम्मान दोनों ऐसे सम्मान है जो राष्ट्र सेवा में समर्पित लोगों को दिये जाते है । उन्होंने कलाम को राष्ट्र निर्माण में अपने अमूल्य योगदान के लिए फाउण्डेशन की ओर से 'पन्नाधाय सम्मान' स्वीकार करने का आग्रह किया। प्रारंभ में शांतिपीठ के अध्यक्ष अनन्त गणेश त्रिवेदी ने अपने विचार रखे।

कलाम ने इस अवसर पर व्याख्यानमाला में मौजूद लोगों के सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया । प्रारंभ में शांतिपीठ के अध्यक्ष अनंत गणेश त्रिवेदी ने अपने स्वागत उदबोधन में कलाम को उनके सरल व्यक्तित्व व शांति संदेश के लिए गांधी की संज्ञा देते हुए संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एम.एल. नागदा ने किया ।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 4 फरवरी 2002

'मिसाइल मैन' डा. कलाम आज उदयपुर में

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 3 फरवरी। भारत के 'मिसाइल मैन' व शीर्ष वैज्ञानिक ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सोमवार दोपहर उदयपुर आ रहे हैं। वे अपराह्न 3.30 बजे यहां रनाटै आयुर्विज्ञान महाविद्यालय सभागार में देश की सुरक्षा को निरुपित व्याख्यान देंगे।

शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया कि डा. कलाम को यहां के मूर्धन्य शिक्षाविद एवं वैज्ञानिक डा. डी.एस. कोठारी की स्मृति में आयोजित व्याख्यानमाला के लिए आमंत्रित किया गया है। डा. कोठारी की स्मृति में यह चतुर्थ व्याख्यानमाला है। इस कार्यक्रम से पूर्व डा. कलाम दो बजे रेलवे ट्रेनिंग स्कूल सभागार में शहर के एक दर्जन विद्यालयों के चुनिंदा विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। त्रिवेदी ने बताया कि डा. कलाम आबू से सड़क मार्ग से उदयपुर आएंगे। वे शाम को दिल्ली प्रस्थान कर जाएंगे।

दैनिक भास्कर

उदयपुर ■ सोमवार, 4 फरवरी 2002

उदयपुर

स्व. कोठारी स्मृति चतुर्थ व्याख्यानमाला आज

उदयपुर,3 फरवरी (नसं)। शिक्षाविद् व वैज्ञानिक दौलत सिंह कोठारी की नवीं पुण्यतिथि पर सोमवार दोपहर साढ़े तीन बजे यहां आरएनटी मेडिकल कालेज सभागार में स्व. कोठारी स्मृति चतुर्थ व्याख्यानमाला में भारत रत्न डा. एपीजे अब्दुल कलाम व्याख्यान देंगे। शांतिपीठ के अनंतगणेश त्रिवेदी के अनुसार ज्ञान-विज्ञान के समंवय से मानव चेतना की परिष्कृति, उच्च जीवन मूल्यों के उन्नयन, विश्व शांति के उद्देश्य से यह व्याख्यानमाला शुरु की गई। व्याख्यानमाला में अब तक इसरो अध्यक्ष यूआर राव, प्रो. एमजीके मैनन, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा व्याख्यान दे चुके हैं। श्री त्रिवेदी के अनुसार डा. कलाम इससे पूर्व दोपहर ढ़ाई बजे यहां रेलवे ट्रेनिंग स्कूल सभागार में नगर के 10 विद्यालयों के चुनिंदा विद्यार्थियों से देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने में व भारत के नवनिर्माण में भारत की नई पीढ़ी को प्रखर मानते हुए संवाद करेंगे।

जय राजस्थान
18 अक्टूबर 2001 वार - गुरूवार

नैतिकता व विज्ञान जुड़कर ही संतुलित विकास: प्रो. राव

उदयपुर, 17 अक्टूबर। नैतिकता और विज्ञान जुड़ कर ही संतुलित विकास कर सकते हैं। आज असन्तुलन के चलते समाज केक हालात भयावह बने हैं। उक्त विचार जानेमाने अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रो. यू. आर. राव ने शांति पीठ में आयोजित गोष्ठी में व्यक्त किये।

प्रो. राव ने कहा कि लालच व शक्ति प्रदर्शन के साथ आदमी अनुशासनहीन हो चुका है जबकि पशु अपनी सीमाओं में अनुशासित है। विज्ञान हमें यथार्थ का बोध कराता है जबकि नैतिकता का हमें आत्मा से बोध करना होता है और दोनों का समन्वय हमेशा समाधानकारक होता है। प्रो. राव ने कहा कि प्राकृतिक दुखान्तिका हो चाहे मानव निर्मित, निर्दोष ही मारे जाते हैं।

लाखों निर्दोषों के मरते मानवता की बातें सराहनीय लगती है। उन्होंने विश्व में परमाणु, रसायनिक व जैविक अस्त्रों के भंडारण पर चिन्ता व्यक्त की। उन्होंने कहा शक्ति प्रदर्शन का भाव जब तक व्यक्ति और राष्ट्रों में रहेगा तब तक शांति स्थापना में कठिनाई बनी रहेगी।

बैठक में प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए प्रो. राव ने कहा कि नैतिकता के भी नए मापदंड तय करने होंगे। वैज्ञानिक प्रयोगों और मानवों के लिए पशुओं के अंगों का प्रत्यारोपण की नैतिक सीमा तय करनी होगी। मूल्यों व आदर्शों में निरन्तर हो रहे ह्रास पर चिन्ता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चे हमारा भविष्य है। युवा पीढ़ी में मूल्यों के संस्का दृढ़ किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में टीवी से हिंसा का प्रदर्शन तथा एकल परिवार होना भी अशांति का कारण है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले कई वर्षों से हमारे सांसकृतिक विरासत का अवमूल्यन किया है। हमारे पास क्षमता है, मेधा है फिर भी संयुक्त रूप से हम अपेक्षित उपलब्धि नहीं कर पा रहे हैं। इसके लिए आवश्यक है हमें हमारी धरोहर पर गर्व करना चाहिये। उन्होंने क्षोभ व्यक्त किया है कि जो त्याग का भाव आजादी के पूर्व हमारे नेतृत्व से जुड़े लोगों में था। शनैः शनैः उसका अवमूल्यन होता गया। त्याग की भावना से ही राष्ट्र निर्माण होता है।

महान संस्कृति व शास्त्रों के होते हुए भी विज्ञान के क्षेत्र में देश अपेक्षित उन्नति कयों नहीं कर पाया तथा लोगों की सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण क्यों नहीं विकसित हो पाया। जबकि पश्चिम में ऐसा हुआ।

इस अवसर पर शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विज्ञान, अध्यात्मक व संस्कृति सम्बन्धी शोध व प्रशिक्षण योजना को विस्तृत रूप से व्यक्त किया। उन्होंने शांति, संस्कृति व अहिंसा दशाब्दि के कार्यक्रम पर भी विचार रखे।

प्रारंभ में प्रो. राव का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संवाद- गोष्ठी में सविंत अभियन्ता ए.के. शर्मा, साहित्यकार ओंकार प्रो. जी.एल. मेनारिया, प्रो. बी.एल. शर्मा, इन्द्रदेव जोशी ने भी विचार व्यक्त किये।



अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रो. यू.आर.राव विचार व्यक्त करते हुये।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत २०५८, शुद्ध आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, गुरुवार, १८ अक्टूबर, २००१

'विज्ञान से यथार्थ, आत्मा से नैतिकता का बोध'

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 17 अक्टूबर। प्रसिद्ध अंतरीक्ष विज्ञानी एवं इसरो के पूर्व अध्यक्ष प्रो.यू.आर. राव ने कहा कि विज्ञान से यथार्थ का बोध होता है, जबकि नैतिकता का बोध हमें आत्मा से करना होता है। दोनों का समन्वय हमेशा समाधानकारक होता है। यहां बुधवार को शांतिपीठ की गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रो.राव ने विश्व में परमाणु, रासायनिक व जैविक अस्त्रों के भंडारण पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि [illegible] हो चुका है, जबकि पशु अपनी सीमाओं में अनुशासित है। प्रतिभागियों के प्रश्नों के जवाब में उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक प्रयोगों और मानव अंगों के प्रत्यारोपण की नैतिक सीमा तय होनी चाहिए। हमारे शास्त्रों में विज्ञान व कथा का समन्वय था। लोगों ने इसे अंतिम सत्य मान लिया, जबकि विज्ञान में अंतिम सत्य नहीं होता। हमारा दृष्टिकोण नहीं बदला और यह धरोहर पश्चिम चली गई। हमारा महान आध्यात्मिक सत्य रूढ़ियों में फंस गया। जिज्ञासा प्रवाह, तार्किक विश्लेषण व कहा कि विज्ञान स्वयं कुछ नहीं कहता, वह प्रकृति का अवलोकन कर अपनी सीमाओं में ही व्यक्त करता है। सौर वैज्ञानिक प्रो.अरविंद भटनागर ने कहा कि वैज्ञानिक नास्तिक नहीं अपितु प्रकृति का उपासक होता है। वक्ताओं ने डा.डी.एस.कोठारी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया। संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने संस्था के कार्यों की जानकारी दी।

दीपक नवज्योति
19 अक्टूबर, 2001
अजमेर, जयपुर, कोटा से एक साथ प्रकाशित

नैतिकता और विज्ञान के विलय से ही संतुलित विकास संभव

उदयपुर, 18 अक्टूबर (न्यूज सर्विस)। नैतिकता और विज्ञान जुड़कर ही सन्तुलित विकास कर सकते हैं। आज असन्तुलन के चलते समाज के हालात भयावह बने हैं। यह विचार जाने माने अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रो. यू.आर.राव ने शान्तिपीठ में आयोजित गोष्ठी में व्यक्त किए। अध्यात्म, विज्ञान और संस्कृति विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि लालच व शक्ति प्रदर्शन के साथ आदमी अनुशासनहीन हो चुका है जबकि पशु अपनी सीमाओं में अनुशासित है। विज्ञान हमें यथार्थ का बोध कराता है जबकि नैतिकता का हमें आत्मा से बोध करना होता है और दोनों का समन्वय हमेशा समाधानकारक होता है।

प्रो. राव ने कहा कि प्राकृतिक दुखान्तिका हो चाहे मानव निर्मित, निर्दोष ही मारे जाते है। लाखों निर्दोषों के मरते मानवता की बातें सारहीन लगती है। उन्होंने विश्व में परमाणु, रासायनिक व जैविक अस्त्रों के भण्डारण पर चिन्ता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शक्ति प्रदर्शन का भाव जब तक व्यक्ति और राष्ट्रों में रहेगा तब तक शान्ति स्थापना में कठिनाई बनी रहेगी। बैठक में प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए प्रो. राव ने कहा कि नैतिकता के भी नए मापदण्ड तय करने होंगे। वैज्ञानिक प्रयोगों और मानवों के लिए पशुओं के अंगों का प्रत्यारोपण की नैतिक सीमा तय करनी होगी। मूल्यों व आदर्शों में निरन्तर हो रहे ह्रास पर चिन्ता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चे हमारा भविष्य है। युवा पीढ़ी में मूल्यों के संस्कार दृढ़ किए जाएं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में टीवी से हिंसा का प्रदर्शन तथा एकल परिवार होना भी अशान्ति का कारण है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले कई वर्षों से हमारे सांस्कृतिक विरासत का अवमूल्यन किया है। हमारे पास क्षमता है, मेधा है फिर भी संयुक्त रूप से हम अपेक्षित उपलब्धि नहीं कर पा रहे है। इसके लिए आवश्यक है हमें हमारी धरोहर पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने क्षोभ व्यक्त किया है कि जो त्याग का भाव आजादी के पूर्व हमारे नेतृत्व से जुड़े लोगों में था। शनैः शनैः उसका अवमूल्यन होता गया। त्याग की भावना से ही राष्ट्र निर्माण होता है। महान संस्कृति व शास्त्रों के होते हुए भी विज्ञान के क्षेत्र में देश अपेक्षित उन्नति क्यों नहीं कर पाया तथा लोगों की सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण क्यों नहीं विकसित हो पाया, जबकि पश्चिम में ऐसा हुआ? इस प्रश्न के उत्तर में प्रो. राव ने कहा कि हमारे शास्त्रों में विज्ञान व कथा का समन्वय है। वह उस समय के सोच को व्यक्त करता था। लोगों ने इसे अन्तिम सत्य मान लिया; जबकि विज्ञान में अन्तिम नहीं होता। हमने बदलती परिस्थिति में दृष्टिकोण नहीं बदला। समय के साथ विश्लेषण नहीं हुआ, न हम समय के साथ बदले। यह धरोहर पश्चिम की ओर चली गई, जिसका उन्होंने परिशोधन कर आगे विकसित किया। हमारा महान आध्यात्मिक सत्य रूढ़ियों में फंस गया। जिज्ञासा प्रवाह, तार्किक विश्लेषण तथा गुरू-शिष्यों के बीच प्रति प्रश्नों के अभाव ने वैज्ञानिक उद्दीपन को क्षीण कर दिया। तर्क व शोध पर अधिक ध्यान नहीं दिया गया न ही प्रोत्साहन मिला। प्रो. राव ने कहा कि विज्ञान स्वयं कोई बात नहीं करता वह प्रकृति का अवलोकन कर अपनी सीमाओं से ही व्यक्त करता है, इससे पे परे नहीं। उन्होंने कहा बीब बेंग के पूर्व की स्थिति रहस्य है। कुदरत का सौन्दर्य व्यक्त करते हुए कहा मकड़ी के जाले की संरचना बड़ी कठिन गुत्थी है तथा एक सुन्दर कृति है। उन्होंने वर्तमान हालात पर भी आशावादी बने रहना आवश्यक माना चूंकि यह मनुष्य धर्म है।

प्रो. राव ने डॉ. डी.एस. कोठारी का स्मरण करते हुए अपने संस्मरण का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके व्यक्तित्व की छाप मेरे मस्तिष्क पर अमिट है। प्रो. राव ने अध्यात्म और विज्ञान को लेकर शान्तिपीठ के कार्यक्रमों में सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि वैज्ञानिक नास्तिक नहीं होता, वह प्रकृति का उपासक होता है। उन्होंने डॉ. कोठारी का उल्लेख करते हुए कहा कि वे अध्यात्म और विज्ञान के महान समन्वयक थे। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों में विज्ञान को जीवन मूल्यों से जोड़कर सतत कार्य करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। इस अवसर पर शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विज्ञान, अध्यात्मक व संस्कृति सम्बन्धी शोध व प्रशिक्षण योजना को विस्तृत रूप से व्यक्त किया। उन्होंने शान्ति, संस्कृति व अहिंसा दशाब्दि के कार्यक्रम पर भी विचार रखें। प्रारम्भ में प्रो. राव का स्वागत किया गया। संवाद-गोष्ठी में अभियन्ता ए.के. शर्मा, साहित्यकार औंकारश्री, प्रो. जी.एल. मेनारिया, प्रो. बी.एल. शर्मा, इन्द्रदेव जोशी ने भी विचार व्यक्त किए। शान्तिपीठ के मंजूर अहमद ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

उदयपुर-जयपुर-मुंबई
प्रायः संकट का क लियन
प्रातःकाल
द्वि. आश्विन शुक्ला 2 गुरूवार दिनांक 18 अक्टूबर 2001

शक्ति प्रदर्शन की होड़ में विश्व शांति की कल्पना निरर्थक -प्रो. राव

उदयपुर, 17 अक्टू. (नसं.)। प्रसिद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रो. यू.आर.राव ने परमाणु रासायनिक व जैविक अस्त्रों के भण्डारण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शक्ति प्रदर्शन की होड़ में विश्व में शांति स्थापित नहीं हो सकती।

प्रो. राव आज यहां शांतिपीठ में अध्यात्म विज्ञान और संस्कृति विषयक संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नैतिकता और विज्ञान जुड़कर ही संतुलित विकास कर सकते है क्योंकि आज असंतुलन के कारण ही समाज के हालात भयावह बने है।

उन्होंने कहा कि नैतिकता के भी नये मापदण्ड निर्धारित करने होंगे। मूल्यों व आदर्शों में निरंतर हो रहे ह्रास पर चिंता जताते हुए प्रो. राव ने कहा कि हमने पिछले कई वर्षों से सांस्कृतिक विरासत का अवमूल्यन किया है हमारे पास क्षमता है फिर भी हम अपेक्षित उपलब्धि हासिल नहीं कर पा रहे है।

इस अवसर पर सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि वैज्ञानिक नास्तिक नहीं होता वह प्रकृति का उपासक होता है उन्होने वर्तमान

(शेष पृष्ठ 6 पर)

(पृष्ठ 3 का शेष)

परिस्थितियों में विज्ञान को जीवन मूल्यों से जोड़कर सतत कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। इससे पूर्व शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने विज्ञान, अध्यात्म और

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत २०५८, श्रावण, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, शनिवार, ७ जुलाई, २००१

डा. कोठारी ने दिया ज्ञान-विज्ञान, दर्शन का समन्वय सूत्र : महंत

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 6 जुलाई। शांतिपीठ की ओर से प्रख्यात शिक्षाविद डा. दौलतसिंह कोठारी की 96वीं जयंती पर शुक्रवार को यहां सभा हुई।

मुख्य वक्ता महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि डा. कोठारी ने ज्ञान, विज्ञान और दर्शन के समन्वय का सूत्र दिया, जिसे आत्मसात कर समाज भयमुक्त हो सकता है। जो सूत्र शंकराचार्य ने दिया उसे कोठारी ने आत्मसात किया। आज समाज भयभीत है। कोठारी का मत अभय का है। उन्होंने कहा कि ज्ञान और दर्शन जब आत्मा में संस्कारित होते हैं, तब अध्यात्म का जन्म होता है। आज समाज में अध्यात्म की व्याख्याएं बहुत हो रही हैं, किंतु आवश्यकता है एकत्व को धारण करने की। अलग-अलग धारणाएं देश को बांटती हैं, उनमें समन्वय तत्त्वदर्शन से संभव है।

विशिष्ट अतिथि स्वाधीनता सेनानी मास्टर बलवंतसिंह महता ने कहा कि मेवाड़ शताब्दियों पूर्व विज्ञान व तकनीकी क्षेत्र में दुनिया में अग्रणी रहा है और उस बीज ने इस धरती पर डा. कोठारी जैसे विज्ञान आधारित सोच के परंपरा पुरुष को जन्म दिया। मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि आज मूल्यों के संघर्ष का काल है। हम गांधी के मूल्य भुला बैठे हैं। शांतिपीठ महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विज्ञान व तकनीकी के उत्कर्ष को डा. कोठारी ने मानव-मंगल की दिशा दी। उनकी मान्यता थी कि विश्व में शांति स्थापना में आ रही समस्याओं का शमन अहिंसा और सत्याग्रह से ही संभव है।



उदयपुर में शुक्रवार को शांतिपीठ की ओर से डा. डी.एस. कोठारी की जन्मतिथि पर सभा में बोलते सौर वैज्ञानिक डा. अरविंद भटनागर। मंच पर बैठे हैं मास्टर बलवंतसिंह महता, महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री एवं अनंत गणेश त्रिवेदी।

सौर वैज्ञानिक डा. अरविंद भटनागर ने कहा कि ऐसे कम ही उदाहरण मिलते हैं, जो विज्ञान के शिखर पर पहुंचकर तत्त्वदर्शी बन गए। अध्यक्षीय उद्बोधन में भौतिकविद् प्रो. जे. वर्मा ने डा. कोठारी के कई संस्मरण सुनाए। साहित्यकार ओंकार श्री ने भी विचार रखे। प्रारंभ में मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित किया। अतिथियों का माल्यार्पण प्रतापसिंह कोठारी, इंद्रदेव जोशी, विनय कोठारी ने किया। धन्यवाद प्रो. बी.एल. समदानी ने ज्ञापित किया।

दैनिक नवज्योति
□ अजमेर, रविवार 8 जुलाई 2001

डॉ. कोठारी का भावभीना स्मरण

उदयपुर, 7 जुलाई (न्यूज सर्विस)। विश्व प्रख्यात वैज्ञानिक शिक्षाविद् डॉ. दौलत सिंह कोठारी को शान्तिपीठ द्वारा उनकी 96 वीं जन्मतिथि पर आयोजित सभा में भावपूर्ण याद किया गया।

प्रमुख उद्बोधन देते हुए मेवाड़ मण्डलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि डॉ. कोठारी ने ज्ञान, विज्ञान और दर्शन के समन्वय का सूत्र दिया जिसे आत्मसात् कर समाज भय मुक्त हो सकता है। जो सूत्र शंकराचार्य ने दिया उसे कोठारी ने आत्मसात किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान और दर्शन जब आत्मा में संस्कारित होते हैं तब अध्यात्म का जन्म होता है। आज समाज में अध्यात्म की व्याख्याएं बहुत हो रही हैं किन्तु आवश्यकता है एकत्व को धारण करने की। अलग-अलग धारणाएं देश को बांटती हैं। उनमें समन्वय तत्व दर्शन से सम्भव है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए वयोवृद्ध स्वाधीनता सैनानी मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने कहा कि मेवाड़ शताब्दियों पूर्व विज्ञान व तकनीकी क्षेत्र में दुनिया में अग्रणी रहा है और इसी बीच डॉ. कोठारी जैसे विज्ञान के परम्परा पुरूष के जन्म लिया। सभा में बोलते हुए मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि आज मूल्यों के संघर्ष का काल है। हम गांधी के मूल्य भुला बैठे हैं।

शान्तिपीठ के महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने कहा कि विज्ञान व तकनीक के उत्कर्ष को डॉ. कोठारी ने मानव मंगल की दिशा दी। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी की मान्यता थी कि विश्व में शान्ति स्थापना में आ रही समस्याओं का शमन अहिंसा और सत्याग्रह के रास्ते चलकर ही सम्भव हो सकता है। सभा में बोलते हुए सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि विश्व में ऐसे कम ही उदाहरण मिलते हैं जो विद्वता के शिखर पर पहुंचकर तत्वदर्शी सन्त बन जाएं। डॉ. कोठारी ने विज्ञान और आध्यात्म में समन्वय स्थापित करने का आदर्श प्रस्तुत किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में भौतिकविद प्रो. जे. वर्मा ने कहा कि डॉ. कोठारी भौतिकी के गूढ़ रहस्यों को सरलतम बनाकर प्रस्तुत करते थे। साहित्यकार औंकारश्री ने भी विचार व्यक्त किए। प्रारम्भ में महन्त ने दीप प्रज्ज्वलित किया। अतिथियों का माल्यार्पण प्रताप सिंह कोठारी, इन्द्रदेव जोशी तथा विनय कोठारी ने किया।

जय राजस्थान
7 जुलाई 2001 वार - शनिवार



प्रसिद्ध वैज्ञानिक व शिक्षाविद् डा. दौलत सिंह कोठारी की जन्मतिथि पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित समारोह में विचार व्यक्त करते हुये प्रो. जे. वर्मा।

डॉ. कोठारी को याद किया

उदयपुर, 6 जुलाई (नसं)। विश्व प्रख्यात वैज्ञानिक शिक्षाविद डॉ. दौलतसिंह कोठारी को आज संध्यावेला में शांतिपीठ द्वारा उनका 96वीं जन्म तिथि पर आयोजित सभा में भावमय वातावरण में याद किया गया।

प्रमुख उद्बोधन देते हुए मेवाड़ मंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि डॉ. कोठारी ने ज्ञान विज्ञान और दर्शन के समन्वय का सूत्र दिया जिसे आत्मसात कर समाज भय मुक्त हो सकता है। जो सूत्र शंकराचार्य ने दिया। उसे कोठारी ने आत्मसात किया।

इस अवर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में बोलते हुए वयोवृद्ध स्वाधीनता सैनानी मास्टर बलवन्तसिंह मेहता ने कहा कि मेवाड़ शताब्दियों पूर्व विज्ञान व तकनीकी क्षेत्रों में दुनिया में अग्रणी रहा है और उसी बीज ने इस धरती पर डॉ. कोठारी जैसे विद्वान के परंपरा पुरुष को जन्म दिया। सभा में बोलते हुए मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि हम गांधी के मुल्य भूला बैठे हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने कहा कि विज्ञान व तकनीकी के उत्कर्ष को डॉ. कोठारीन ने मानव मंगल की दिशा दी।

इस अवसर पर बोलते हुए सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि विश्व में ऐसे कम ही उदाहरण मिलते हैं जो विद्वान के शिखर पर पहुंच कर तत्वदर्शी सन्त बन जायेंगे।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 7 जुलाई 2001

डॉ. कोठारी की जयन्ती पर गोष्ठी

उदयपुर, 6 जुलाई [नसं]। प्रख्यात वैज्ञानिक व शिक्षाविद् डा. दौलतसिंह कोठारी की जयन्ती पर शुक्रवार को शान्तिपीठ की ओर से एक गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में मेवाड़ महामण्डलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि डा. कोठारी ने ज्ञान, विज्ञान और दर्शन के समन्वय का जो सूत्र दिया उसे आत्मसात कर समाज भयमुक्त हो सकता है।

उन्होंने कहा कि ऐसा ही सूत्र शंकराचार्य ने दिया उसे कोठारी ने आत्मसात किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान और दर्शन जब आत्मा में संस्कारित होते है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वयोवृद्ध स्वाधीनता सैनानी मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने कहा कि मेवाड़ शताब्दियों पूर्व विज्ञान व तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी रहा है। इस धरती ने डा. कोठारी जैसे विद्वान को जन्म दिया। सभा में मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि आज मूल्यों के संघर्ष का काल है।

हम गांधी के मूल्य भुला बैठे है। उन्होंने कहा कि कोठारी जैसे मनीषियों ने मूल्य प्रतिस्थापना की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विज्ञान व तकनीकी के उत्कर्ष को डा. कोठारी ने मानव मंगल की दिशा दी। सौर वैज्ञानिक डा. अरविन्द भटनागर ने कहा कि विश्व में ऐसे कम ही उदाहरण मिलते है, जो विद्वान के शिखर पर पहुंचकर तत्वदर्शी सन्त बन जाएं।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत २०५७, माघ शुक्ल, द्वादशी, सोमवार ५ फरवरी २००१

डा. कोठारी की स्मृति में गोष्ठी

उदयपुर, 4 फरवरी। डा. दौलतसिंह कोठारी की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर शांतिपीठ के तत्त्वावधान में गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता स्वतंत्रता सेनानी मास्टर बलवंतसिंह मेहता ने की।

साहित्यकार ओंकारश्री ने डा. कोठारी को आध्यात्म विज्ञान एवं संस्कृति का प्रज्ञा पुरुष बताते हुए उनके जीवन दर्शन एवं विचारों को सुलभ साहित्य के जरिए प्रचारित करने की आवश्यकता बताई। गोष्ठी में डा. एल.एल. शर्मा, पंडित मुरलीधर जोशी, पी.एस. श्रीमाली, ललिताशंकर दवे आदि ने डा. कोठारी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। प्रारंभ में शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने वैज्ञानिकों से विश्व शांति के लिए डा. कोठारी की अवधारणा को साकार करने का आग्रह किया। इस अवसर पर मौन रखा गया एवं पुष्पांजलि भी अर्पित की गई।



डा. कोठारी के चित्र पर माल्यार्पण करते स्वतंत्रता सैनानी बलवंत सिंह महता।

दानिक नवज्योति
6 फरवरी, 2001

ऊर्जा की रक्षा के लिए लोक शिक्षा के शौर्य को जगाएं

उदयपुर, 5 फरवरी (न्यूज सर्विस)। शतायु स्वतन्त्रता सैनानी मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने कहा कि हमें अपनी ऊर्जा की रक्षा करनी है तो लोक शिक्षा के शौर्य को जगाना होगा। मेहता यहां शान्तिपीठ के तत्वावधान में डॉ. दौलत सिंह कोठारी की आठवीं पुण्य स्मृति सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप एवं डॉ. दौलत सिंह कोठारी दोनों ऊर्जा पुरूष थे। आज हमें उनके पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है।

स्वतन्त्र पत्रकार एवं साहित्कार औंकारश्री ने अध्यात्म विज्ञान एवं संस्कृति के प्रज्ञा पुरूष डॉ. कोठारी को ऊर्जा का प्रतीक मानते हुए कहा कि मेवाड़ विभूति डॉ. कोठारी की स्मृति को जनप्रेरक बनाने के लिए उनके विचार दर्शन पर लोक सुलभ साहित्य प्रकाशित किया जाए। प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने डॉ. कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला तथा उनके विचार दर्शन को जन-जन तक सम्प्रेषित करने की भूमिका प्रस्तुत की। उन्होंने यह कार्य शिक्षक समुदाय को धरातल पर प्रारम्भ करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने वैज्ञानिकों से अपील की कि वे शान्ति स्थापना की डॉ. कोठारी विज्ञान अवधारणा को साकार स्वरूप प्रदान करने में रचनात्मक भूमिका अदा करें। स्मृति सभा में डॉ. एल.एल. शर्मा, पं. मुरलीधर जोशी, पी.एस. श्रीमाली एवं ललित शंकर दवे ने भी विचार व्यक्त किए। सभा में यह संकल्प सर्वानुमति से पारित किया कि भारत सरकार राष्ट्र का सर्वोच्च अलंकरण "भारत रत्न" से डॉ. दौलत सिंह कोठारी को मरणोपरान्त सम्मान प्रदान कर अध्यात्म विज्ञान व संस्कृति की प्रतिष्ठा करें।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, आषाढ़ शुक्ला, चतुर्दशी, विक्रम संवत 2055, बुधवार 8 जुलाई 1998

आणविक नि:शस्त्रीकरण का आधार नैतिक और मानवीय हो

डॉ. कोठारी जयंती पर हुई गोष्ठी का निष्कर्ष

भास्कर समाचार सेवा

उदयपुर, 7 जुलाई। 'विश्व समाज में आध्यात्मिक मूल्यों के उन्नयन की महत्ती आवश्यकता है, इसके अभाव में विज्ञान और तकनीकी का उत्कर्ष मानव समाज के लिए आत्मघाती हो सकता है। विज्ञान और आध्यात्म सृष्टि में एक-दूसरे के पूरक हैं, इनका सहगमन ही शांति की दिशा है। आणविक नि:शस्त्रीकरण मात्र कूटनीतिक आधारों से संभव नहीं है, आवश्यकता है कि इसका आधार नैतिक तथा मानवीय बनाया जाए।' ये विचार महान वैज्ञानिक, शिक्षाविद् डॉ. दौलतसिंह कोठारी की 92वीं जयंती पर, स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित 'विश्व शांति की दिशा में आध्यात्म और विज्ञान का समन्वय' विषयक संगोष्ठी में उभरे।

संगोष्ठी में बोलते हुए स्वतंत्रता सेनानी **मास्टर बलवंतसिंह मेहता** ने गांधी मार्ग के अनुसरण की आवश्यकता बताई और कहा कि डॉ. कोठारी जैसे महान वैज्ञानिक ने सदैव अहिंसा के मूल्यों की स्थापना पर जोर दिया। वर्तमान में उपस्थित समस्याओं का निदान गांधी मार्ग को अपनाने से ही माना।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव **अनंत गणेश त्रिवेदी** ने कहा कि विश्व में जब तक आणविक नि:शस्त्रीकरण का आधार कूटनीतिक रहेगा, शीत युद्ध किसी न किसी रूप में मौजूद रहेगा, जो अनुकूल समय व परिस्थिति पाकर पुन: उभर आएगा।

पूर्व प्रशासनिक अधिकारी **मोहनसिंह कोठारी** ने कहा कि विज्ञान प्रकृति के नियमों को खोजता है, जबकि आध्यात्म मनुष्य का प्रकृति के साथ तादाम्य स्थापित कर जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करता है।

प्रो. जे. वर्मा ने कहा कि आणविक युद्ध के परिणामों को सारा विश्व जानता है, इसलिए विश्व महायुद्ध नहीं हो सकता। विज्ञान का दुरुपयोग वैज्ञानिकों ने नहीं बल्कि सत्ताधीशों ने किया है।



डॉ. कोठारी की स्मृति में आयोजित संगोष्ठी में शरीक वक्तागण।

साहित्यकार **ओंकार श्री** ने कहा कि शस्त्र और शास्त्र दोनों के दुरुपयोग होने से वे घातक बन जाते हैं। उन्होंने मनुष्यत्व पर आधारित समाज की अवधारणा को रेखांकित किया।

इतिहासकार **डॉ. पी.एल. मेनारिया** ने गांधी विचारधारा विश्वव्यापी बनाने की आवश्यकता बताते हुए आत्मबल वृद्धि पर जोर दिया। एडवोकेट **भंवरलाल व्यास** ने अस्त्रों के निर्माण व प्रयोग के साथ-साथ उपसंहार की क्षमता विकसित करने की जरूरत बताई, ताकि विनाश से बचा जा सके। विद्याभवन उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान के प्राचार्य **डॉ. एम.के. शर्मा** ने हिरोशिमा व नागासाकी त्रासदी का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. अरविंद भटनागर ने की। डॉ. जे.सी. दूबे, पर्यावरणविद् एस.के. वर्मा, प्रो. बी.एल. समदानी तथा सरदार जसपालसिंह मक्कड़ ने भी विचार व्यक्त किए।

आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग

वक्ताओं ने नगर परिषद से आग्रह किया कि वो डॉ. कोठारी की एक आदमकद प्रतिमा स्थापित कराए। देवीशंकर चौबीसा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक नवज्योति
अजमेर
9 जुलाई, 1998

आध्यात्मिक वैश्वीकरण जरूरी, वैज्ञानिक उत्कर्ष आत्मघाती

'विश्व शांति के लिए आध्यात्म और विज्ञान का समन्वय' पर गोष्ठी सम्पन्न

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 8 जुलाई।

विश्व समाज में आध्यात्मिक मूल्यों के उन्नयन की महत्ती आवश्यकता है, इसके अभाव में विज्ञान और तकनीकी का उत्कर्ष मानव समाज के लिए आत्माघाती हो सकता है। विज्ञान सहगमन की शान्ति की दिशा है। आणविक निशस्त्रीकरण मात्र कूटनीतिक आधारों से संभव नही है, आवश्यकता है कि इसका आधार नैतिक तथा मानवीय बनाया जाए तथा राष्ट्रों के मध्य भेदभाव के नजरिए से उपर उठकर समता स्थापित करने की ठोस भावना के साथ कार्य किए जाए।

यह विचार महान वैज्ञानिक, शिक्षाविद डॉ. दौलत सिंह कोठारी की बरानवीं (92) जन्म तिथि पर स्वैच्छिक संस्था शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित ''विश्व शांति की दिशा में अध्यात्म और विज्ञान का समन्वय'' विषयक संगोष्ठी में व्यक्त किए गए। संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि आणविक परीक्षणों और अस्त्र संग्रहण की बढ़ती प्रवृति की भर्त्सना की गई तथा बड़े राष्ट्रों द्वारा आणविक निशस्त्रीकरण के नाम पर थोपी जा रही नीतियों को पक्षपातपूर्ण बताया गया। साथ ही भारत द्वारा भविष्य में आणविक परीक्षण नही किए जाने की घोषणा को उचित करार दिया गया। संगोष्ठी में बोलते हुए वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने गांधी मार्ग के अनुसरण की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी जैसे महान वैज्ञानिक ने सदैव अहिंसा के मूल्यों की स्थापना पर जोर दिया तथा वर्तमान में उपस्थित समस्याओं का निदान गांधी मार्ग को अपनाने से ही माना।

इस अवसर पर बोलते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व में जब तक आणविक निशस्त्रीकरण का आधार कूटनीतिक रहेगा, तब तक शीत युद्ध किसी न किसी रूप में मौजूद रहेगा। जो आधार अध्यात्मिक एवं मानवीय संवेदना बनाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी ने भगवदगीता तथा उपनिषद को आधार रख विज्ञान को नए रूप में परिभाषित किया, उनकी मान्यता थी कि विज्ञान का चरमोत्कर्ष उपनिषद की चेतना तक पहुंच चुका है। वैज्ञानिक आइन्सटाईन ने भी वेदान्त के ईश्वर (गॉड ऑफ स्पिनोजा) तो सिद्धान्त स्वरूप स्वीकार किया।

इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि विज्ञान प्रकृति के नियमों को खोजता है जबकि आध्यात्म मनुष्य का प्रकृति के साथ तादाम्य स्थापित कर जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करता है।

प्रो. जे.वर्मा ने कहा कि आणविक युद्ध के परिणामों को सम्पूर्ण विश्व जानता है इसलिए विश्व महायुद्ध नही हो सकता। उन्होंने कहा कि विज्ञान का दुरूपयोग वैज्ञानिकों ने नहीं बल्कि सत्ताधीशों ने किया है।

साहित्यकार ओंकार श्री ने कहा कि शस्त्र और शास्त्र दोनों के दुरुपयोग होने से वे घातक बन जाते हैं। उन्होंने मनुष्यत्व पर आधारित समाज की अवधारणा को रेखांकित किया। इतिहासकार डॉ. पी.एल.मेनारिया ने गांधी विचारधारा विश्वव्यापी बनाने की आवश्यकता बताते हुए आत्मबल वृद्धि पर जोर दिया। एडवोकेट भंवर लाल व्यास ने अस्त्रों के निर्माण व प्रयोग के साथ-साथ उपसंहार की क्षमता विकसित करने की जरूरत बताई, ताकि विनाश से बचा जा सके। विद्या भवन उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान के प्राचार्य डॉ. एम.के.शर्मा ने हिरोशिमा व नागासाकी त्रासदी का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने की। डॉ. जे.सी.दूबे, पर्यावरणविद एस.के.वर्मा, प्रो. बी.एल.समदानी तथा सरदार जसपाल सिंह मक्कड ने भी विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने नगर परिषद से आग्रह किया कि वह डॉ. कोठारी की एक आदमकद

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 8 जुलाई 1998

डा. डी.एस. कोठारी के जन्म दिन पर गोष्ठी

'विश्व समाज में आध्यात्मिक मूल्यों का उन्नयन आवश्यक'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 7 जुलाई। विश्व समाज में आध्यात्मिक मूल्यों के उन्नयन की महती जरूरत है। इसके अभाव में विज्ञान और तकनीकी का उत्कर्ष मानव समाज के लिए आत्माघाती हो सकता है।

ये विचार मंगलवार को यहां जाने माने शिक्षाविद् स्व. डा. दौलत सिंह कोठारी की 92वीं जन्म तिथि पर 'विश्व शांति की दिशा में आध्यात्म और विज्ञान का समन्वय' विषयक गोष्ठी में उभरे। गोष्ठी में यह राय भी बनी कि विज्ञान और अध्यात्म सृष्टि से एक-दूसरे के पूरक हैं। इनका सहगायन ही शांति की दिशा है। आणविक निरस्त्रीकरण मात्र कूटनीतिक आधारों से संभव नहीं है। ये आधार नैतिक व मानवीय बनाए जाएं।

संगोष्ठी में ज्ञान विज्ञान के सम्यक मार्ग, आणविक निरस्त्रीकरण पर हुई व्यापक परिचर्चा में विश्व स्तर पर आणविक परीक्षणों और अस्त्र संग्रहण की बढ़ती प्रवृति की भर्त्सना की गई तथा बड़े राष्ट्रों द्वारा आणविक निशस्त्रीकरण के नाम पर थोपी जा रही नीतियों को पक्षपातपूर्ण बताया गया। भारत द्वारा भविष्य में आणविक परीक्षण नहीं किए जाने की घोषणा को उचित करार दिया गया।

संगोष्ठी में वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी, मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने गांधी मार्ग के अनुसरण की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि डा. कोठारी जैसे महान वैज्ञानिक ने सदैव अहिंसा के मूल्यों की स्थापना पर जोर दिया तथा वर्तमान में उपस्थित समस्याओं का निदान गांधी मार्ग को अपनाने में ही संभव है। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व में जब तक आणविक शिस्त्रीकरण का आधार कूटनीतिक रहेगा, शीतयुद्ध किसी न किसी रूप में मौजूद रहेगा, जो अनुकूल समय व परिस्थिति पाकर पुनः उभर आएगा।

पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि विज्ञान प्रकृति के नियमों को खोजता है, जबकि आध्यात्म मनुष्य का प्रकृति के साथ तादाम्य स्थापित कर जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रो. जे. वर्मा ने कहा कि आणविक युद्ध के परिणामों को सम्पूर्ण विश्व जानता है इसलिए विश्व महायुद्ध नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि विज्ञान का दुरपयोग वैज्ञानिकों ने नहीं बल्कि सत्ताधीशों ने किया है। साहित्यकार औंकारश्री ने मनुष्यत्व पर आधारित समाज की अवधारणा को रेखांकित किया। इतिहासकार डा. पी.एल. मेनारिया ने गांधी विचाराधारा को विश्वव्यापी बनाने की आवश्यकता बताते हुए आत्मबल वृद्धि पर जोर दिया। एडवोकेट भंवर लाल व्यास ने अस्त्रों के निर्माण व प्रयोग के साथ-साथ उपसंहार की क्षमता विकसित करने की जरुरत बताई। डा. एम.के. शर्मा ने हिरोशिमा व नागासाकी त्रासदी का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रख्यात वैज्ञानिक डा. अरविन्द भटनागर ने की। डा. जे.सी. दुबे, पर्यावरणविद् एस.के. वर्मा, प्रो. बी.एल. समदानी तथा सरदार जसपाल सिंह मक्कड़ ने भी विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने नगर परिषद से आग्रह किया कि वह डा. कोठारी की एक आदमकद प्रतिमा स्थापित कराएं।

युग की प्रति दिन सेवा

संवत् 2055 शाके 1920 आषाढ़ सुदी 14 बुधवार दिनांक 8-7-98

दौलत सिंह कोठारी की प्रतिमा लगाने की मांग

उदयपुर, 7 जुलाई (वि)। विश्व समाज में आध्यात्मिक मूल्यों के उन्नयन की महत्ती आवश्यकता है, इसके अभाव में विज्ञान और तकनीकी का उत्कर्ष मानव समाज के लिए आत्मघाती हो सकता है विज्ञान और अध्यात्म सृष्टि में एक के लिए दूसरे के पूरक है इनका सहगमन ही शान्ति की दिशा है आणविक निशस्त्रीकरण मात्र कूटनैतिक आधारों से संभव नही है, आवश्यकता है कि इसका आधार नैतिक तथा मानवीय बनाया जाए तथा राष्ट्रो के मध्य भेदभाव के नजरिए से उपर उठकर समता स्थापित करने की ठोस भावना के साथ कार्य किए जाए।

उक्त विचार आज महान वैज्ञानिक, शिक्षाविद डा. दौलत सिंह कोठारी की बरानवीं जन्मतिथि पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित विश्व शान्ति की दिशा में अध्यात्म और विज्ञान का समन्वय विषयक संगोष्ठी में उभरे संगोष्ठी में ज्ञान विज्ञान के सम्यक मार्ग, आणविक निशस्त्रीकरण पर हुई व्यापक परिचर्चा में विश्व स्तर पर आणविक परीक्षणो और अस्त्र संग्रहण में जब तक आणविक निशस्त्रीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति की भर्त्सना की गई। का आधार कूटनैतिक रहेगा, शीत तथा बड़े राष्ट्रो द्वारा आणविक युद्ध किसी ने किसी रूप मे मौजूद निशस्त्रीकरण के नाम पर थोपी जा रहेगा। जो अनुकूल समय व परिस्थिति रही नीतियों को पक्षपात पूर्ण बताया पाकर पुनः आएगा। त्रिवेदी ने आणविक गया तथा भारत द्वारा भविष्य में निशस्त्रीकरण का आधार आध्यात्मिक आणविक परीक्षण नही किए जाने की एवं मानवीय संवेदना बनाने की घोषणा को उचित करार दिया गया। आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने

संगोष्ठी, में बोलते हुए वयोवृद्ध कहा कि डा. कोठारी ने भगवदगीता स्वतन्त्रता सैनानी मास्टर बलवन्त सिंह तथा उपनिषद की आधार रख वेज्ञान मेहता ने गांधी मार्ग के अनुसरण की को नए रूप में परिभाषित किया, आवश्यकता बताई, उन्होंने कहा कि उनकी मान्यता थी कि विज्ञान का डा. कोठारी जैसे महान वैज्ञानिक ने चरमोत्कर्ष उपनिषद की चेतना तक सदैव अहिंसा के मूल्य की स्थापना पर पहुंच चुका है। वैज्ञानिक आइन्सटाईन जोर दिया तथा वर्तमान में उपस्थित ने भी वेदान्त के ईश्वर को सिद्धान्त समस्याओं का निदान गांधी मार्ग को स्वरूप स्वीकार किया। अपनाने से ही माना।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव ओंकारश्री, डा. पी.एल. मेनारिया, अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व डा.एम.के. शर्मा, डा.जे.सी. दूबे, एस. के. वर्मा, प्रो.बी.एल. समदानी, जसपाल सिंह मक्कड़ ने भी संगोष्ठी में विचार व्यक्त किये। इन्होंने नगर परिषद से आग्रह किया कि शहर में डा. कोठारी की आदमकद प्रतिमा लगाई जाये।

मोहन सिंह कोठारी, प्रो.जे.वर्मा,

दैनिक नवज्योति
8 जुलाई 1997

नैतिक आदर्शों को अपनाए बगैर राष्ट्र निर्माण असंभव

न्यूज सर्विस
उदयपुर, 7 जुलाई।

नैतिक आदर्शो को अपनाए बगैर राष्ट्र का निर्माण और विश्व शांति का ध्येय पूरा नही हो सकता। आज समाज अमानवीयकरण के अभिशाप से ग्रसित है, आध्यात्मिक उन्नयन से ही इसे पराभूत किया जा सकता है।

यह विचार प्रख्यात वैज्ञानिक-दार्शनिक डॉ. दौलत सिंह कोठारी की 91 वीं जयंती के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित गोष्ठी में व्यक्त किए गए। वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी मास्टर बलवंत सिंह मेहता ने डॉ. कोठारी को ऋषि परम्परा की एक कडी बताया और कहा कि उन्होंने गांधी चरित्र को व्यवहार में जिया। मेहता ने कहा डॉ. कोठारी ने विज्ञान के विश्लेषण से भगवतगीता समझने का एक नया रास्ता समाज को दिया।

इस अवसर पर शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी ने नए युग की भूमिका प्रस्तुत की है, जिसमें विज्ञान की ऊंचाईयों और अध्यात्म की गहराईयों को एक दूसरे का पूरक माना गया है। डॉ. कोठारी ने कहा था कि अब विज्ञान कई युगों को पारकर अध्यात्म के युग मे प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा समाज में व्याप्त अमानवीय करण को डॉ. कोठारी ने वर्तमान का सबसे बडा दोष बताया ।

त्रिवेदी ने कहा नैतिक आदर्शो के अभाव में समाज अवसाद की स्थिति में है और विडम्बना यह है कि आज की शिक्षा भी संवेदनशील आचरण की ओर प्रवृत नही करती। ऐसी स्थिति से उबरने के लिए डॉ. कोठारी ने धर्म व विज्ञान के यथार्थ तक पहुंचने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा धर्म और विज्ञान में प्रदूषण उन्माद व आतंक पैदा करता है जबकि इसके यथार्थ का ज्ञान एक सनातन तत्व तक पहुंचाता है।

प्रारम्भ में शांतिपीठ के ए.के.शर्मा ने स्वागत किया तथा बताया कि डॉ. डी.एस.कोठारी चतुर्थ स्मृति व्याख्यानमाला अगस्त माह के अन्तिम सप्ताह में आयोजित की जाएगी। समाजसेवी गोकुल चन्द्र वर्मा, प्रो. बी. एल.समदानी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। राजीव लोढा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 7 जुलाई. 1997

डॉ. डी.एस. कोठारी की जयंती मनाई

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 6 जुलाई। नैतिक आदर्शों को अपनाए बिना राष्ट्र निर्माण और विश्व शांति का ध्येय पूरा नहीं हो सकता। आज समाज अमानवीयकरण के अभिशाप से ग्रसित हो चला है, आध्यात्मिक उन्नयन से ही इसे पराभूत किया जा सकता है।

उक्त विचार रविवार को यहां जाने माने वैज्ञानिक- दार्शनिक स्व. डॉ. दौलतसिंह कोठारी की 91वीं जयन्ती के अवसर पर शांति पीठ द्वारा आयोजित गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने रखे।

वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने डॉ. कोठारी को ऋषि परम्परा की एक कड़ी बताया और कहा, उन्होंने गांधी-चरित्र को व्यवहार में जिया। डॉ. कोठारी ने विज्ञान के विश्लेषण से भगवद्गीता समझने का एक नया रास्ता समाज को दिया।

शान्ति पीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी ने नये युग की भूमिका प्रस्तुत की है जिसमें विज्ञान की ऊंचाईयों और अध्यात्म की गहराईयों को एक दूसरे का पूरक माना गया है। डॉ. कोठारी ने कहा था अब विज्ञान कई युगों को पार कर अध्यात्म के युग में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा समाज में व्याप्त अमानवीयकरण को डॉ. कोठारी ने वर्तमान का सबसे बड़ा दोष बताया। त्रिवेदी ने कहा धर्म और विज्ञान में प्रदूषण, उन्माद व आतंक पैदा करता है जबकि इसके यथार्थ का ज्ञान एक सनातन तत्व तक पहुंचाता है।

प्रारम्भ में शान्ति पीठ के ए.के. शर्मा ने सभी का स्वागत किया तथा बताया कि डॉ. डी.एस. कोठारी चतुर्थ स्मृति व्याख्यान माला अगस्त माह के अन्तिम सप्ताह में आयोजित होगी। समाजसेवी गोकुलचन्द वर्मा, प्रोफेसर बी.एल. समदानी ने भी

हावीर

समता संदेश

गैर बराबरी के विरूद्ध समता का आन्दोलन

पोस्टल नं. आर. जे. 7183 आर. एन. 56132/92

10 सितम्बर - 26 सितम्बर 1996

विज्ञान को उत्पादकता से जोड़ने पर ही मानव कल्याण होगा

प्रो. राव

उदयपुर। हम शंकराचार्य, बुध्द व गांधी के सिद्वांतो एंव आदर्शों की चर्चा तो भारत में प्रचुरता से करते हैं, किन्तु उनको व्यवहार में लाना हम लोगों के लिए एक दुष्कर कार्य हो गया हैं। यह वास्तव में विडम्बना ही है।

उक्त विचार प्रसिद्ध अन्तरिक्ष विज्ञानवेता प्रो. यू.आर. राव. ने रविन्द्रनाथ टैगोर मेडिकल कालेज के सभागार में शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित डा. डी.एस. कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला के तीसरे व्याख्यान विषय विज्ञान, संस्कृति और समाज पर व्यक्त किए। प्रो. राव. ने कहा कि समाज का कल्याण इसी में है कि वह विज्ञान और संस्कृति के समन्वय की दिशा में कदम बढ़ाता रहे। विज्ञान अपने आप में वस्तुपरक है। नैतिक मूल्यों की स्थापना करने का दायित्व संस्कृति का है। विज्ञान गुण का कोई विकल्प नहीं है। नैतिकता के प्रति वह तटस्थ वृति वाला होता है। विज्ञान समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति के साधन प्रदान करता है और इसके माध्यम से समाज के अभावों की पूर्ति हेतु संकल्पबध्द मानवीय प्रयासों की महती आवश्यकता है। संस्कृति विज्ञान का प्राण है और संस्कृति की संरक्षक और आध्यात्म में रची बसी विभूतियां ही समाज को दिशाबोध दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान ने शांतिपूर्ण प्रयोजनों के हेतु राकेट निर्माण किए, किन्तु यदि मानव उनका एवं रसायनिक शस्त्राथों का उपयोग विनाश के लिए करे, उसमें विज्ञान का कोई दोष अन्ततोगत्वा मानव जाति को विनाश से बचा सकता है।

उन्होंने कहा कि जनसंख्या की विस्फोटक स्थिति इस सीमा तक पहुंच गई है कि पाइंट एक हैक्टर भूमि भी रहने के लिए नहीं बची है। इस स्थिति में संस्कृति के उदात्त आध्यात्मिक, विचारक ही नैतिक मूल्यों की संस्थापना पर बल देकर नया दिशाबोध दे सकते हैं। उन्होंने यह कहा कि विज्ञान संस्कृति एवं समाज एक दूसरे के पूरक हैं। विज्ञान को उत्पादकता से जोड़ने पर ही मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता एवं नैतिक चिन्तन के ताने बाने से ही संस्कृति का वस्त्र बुना जा सकता है।

व्याख्यानमाला की अध्यक्षता करते हुए सुखाड़िया विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के राय. ने डॉ. कोठारी को महान विचारक शिक्षाविद एवं विज्ञानवेत्ता बताया और कहा कि वे विज्ञान एवं संस्कृति के सुदृढ सेतु थे।

जवाहर लाल नेहरू विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एम.एस. अगवानी ने डॉ. कोठारी को प्रसिद्ध विज्ञानवेत्ता, संस्कृति का उन्नायक एवं समाज का प्रणेता बताया।

शांति पीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संस्था के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि डा. कोठारी द्वारा प्रस्थापित मानव मूल्यों को लेकर ही हम इक्कीसवीं सदी में प्रवेश करेंगे।

सौर वैधशाला के निदेशक प्रो. अरविन्द भटनागर ने प्रो. यू. आर. राव का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रो. राव ने डॉ. कोठारी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।

जय राजस्थान

उदयपुर, बुधवार 4 सितम्बर, 1996

विज्ञान और संस्कृति का संगम समाज के लिए श्रेयस्कर- प्रो. राव

उदयपुर, 3 सितम्बर। "हम शंकराचार्य, बुद्ध व गांधी के सिद्धान्तों एवं आदर्शों की चर्चा भारत में प्रचुरता से करते हैं, किन्तु उनको व्यवहार में लाना हम लोगों के लिए एक दुष्कर कार्य हो गया है। यह वास्तव में विडम्बनाजनक है।"

यह विचार प्रसिद्ध अन्तरिक्ष विज्ञानवेत्ता प्रोफेसर यू.आर.राव ने रविन्द्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज के सभागार में शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित डॉक्टर डी.एस. कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला के तीसरे व्याख्यान विषय 'विज्ञान, संस्कृति और समाज' पर व्यक्त किए। प्रो. राव ने कहा कि समाज काकल्याण इसी में है कि यह विज्ञान और संस्कृति के समन्वय की दिशा में कदम बढ़ाता रहे। विज्ञान अपने आप में वस्तुवरक है।

शांतिपीठ ने महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संस्था के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि डॉ. कोठारी द्वारा प्रस्थापित मानव मूल्यों को लेकर ही हम इक्कीसवीं सदी में प्रवेश करेंगे।

सौर वैधशाला के निदेशक प्रो. अरविन्द भटनागर ने प्रो. यू.आर. राव का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रोफेसर राव ने डॉ. कोठारी के चित्र का माल्यार्पण करके किया। अनन्त गणेश त्रिवेदी ने प्रो. राव को प्रकाश का प्रतीक 'सूर्य का स्मृति चिन्ह' भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी के सहायक निदेशक इन्द्रप्रकाश श्रीमाली ने किया। धन्यवाद शिक्षाविद् बी.पी. जोशी ने ज्ञापित किया।



★ डॉ. डी.एस. कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला का एक दृश्य।

प्रयोगशाला उद्घाटन– अंतरिक्ष आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. यू.आर. राव ने कहा कि वैज्ञानिकों को खगोल विद्या के क्षेत्र में नए आविष्करों के प्रतिमान स्थापित करने में आगे आकर विज्ञान के शोध कार्यों में गुणवत्ता लाने की आवश्यकता है। डॉ. राव मंगलवार को देवाली स्थित सौर वैधशाला में 80 लाख रु. की लागत से निर्मित प्रयोगशाला भवन के उद्घाटन समारोह में वैज्ञानिकों एवं शिक्षाविदों को मुख्य अतिथि के पद से सम्बोधित कर रहे थे। अहमदाबाद अंतरिक्ष विभाग के निदेशक प्रो.जी.एस. अग्रवाल ने उदयपुर की सौर वैधशाला म डा. अरविन्द भटनागर के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा इसके निर्माण व स्थापना के दिशा में उठाए गए कदम स्मरणीय रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. अशोक अवस्थी, सुखदेव व्यास ने भी विचार रखे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने वैधशाला की प्रयोगशाला भवन का फीता काटकर अनावरण कर उद्घाटन किया।

SHANTIPEETH INDIA ■ 129 ■

■ स्मृति DOWN THE MEMORY LANE ■

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 4 सितम्बर, 1996

'महान विभूतियों का देश अपराधियों व भ्रष्ट लोगों का स्वर्ग बना'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 3 सितम्बर। यह विडम्बना है कि बुद्ध, शंकराचार्य, विवेकानन्द और महात्मा गांधी जैसी महान विभूतियों का देश आज अपराधियों व भ्रष्ट लोगों का स्वर्ग बन गया है। इन हालात को बदलने के लिए जरूरी है कि हम सांस्कृतिक मूल्यों को ईमानदारी से दैनिक जीवन में उतारें। हमें उत्कृष्टता, गुणवत्ता को अंगीकार करना होगा, हर बुराई को 'चलता है' कहकर मान्यता देने की प्रवृत्ति त्यागनी होगी।

ये विचार अंतरिक्ष आयोग के सदस्य प्रोफेसर राव ने मंगलवार को यहां आर.एन.टी. मेडिकल कालेज सभागार में तृतीय डा. दौलत सिंह कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला के तहत विज्ञान, संस्कृति एवं समाज' विषय पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज को हीनता की भावना से उबरना होगा। राज्य कोष का सदुपयोग सुनिश्चित करने को सम्पूर्ण पारदर्शिता की आवश्यकता बताते हुए उन्होंने कहा कि हमें मंत्री व जन प्रतिनिधियों के चयन में उनकी ईमानदारी व कार्यक्षमता का ध्यान पहले रखना होगा। इसके लिए जरूरी है कि आम आदमी लापरवाही का भाव त्यागे। ऐसी व्यवस्था के प्रयास किए जाएं कि चुनींदा प्रतिनिधि अक्षमा है तो उसे उसके पद से हटाने, उस पर कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान हो।

उन्होंने कहा कि विज्ञान व संस्कृति एक सिक्के के दो पहलु है और वर्तमान में समाज में गिरावट के लिए विज्ञान को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

उन्होंने कहा, समाज का कल्याण इसी में है कि यह विज्ञान और संस्कृति के समन्वय की दिशा में कदम बढ़ाता रहे। विज्ञान वस्तुपरक है, नैतिक मूल्यों की स्थापना करने का दायित्व संस्कृति का है। विज्ञान गुण का कोई विकल्प नहीं है। विज्ञान समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति के साधन प्रदान करता है और इसके माध्यम से समाज के अभावों की पूर्ति के लिए संकल्पबद्ध मानवीय प्रयासों की महत्ती आवश्यकता है जबकि संस्कृति विज्ञान का प्राण है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और विवेक का सामंजस्य ही अन्ततोगत्वा मानव जाति को विनाश से बचा सकता है।

प्रो. राव ने कहा, जनसंख्या की विस्फोटक स्थिति इस सीमा तक पहुंच गई है कि रहने के लिए भूमि नहीं बची है। ऐसी स्थिति में संस्कृति के उदात्त, आध्यात्मिक, विचार ही नैतिक मूल्यों की स्थापना के साथ दिशा बोध दे सकते है। उन्होंने यह कहा विज्ञान को उत्पादकता से जोड़ने पर ही मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के. राव ने डा. कोठारी को महान विचारक, शिक्षाविद एवं विज्ञानवेत्ता बताया और यह कहा कि वे विज्ञान एवं संस्कृति के सुदृढ़ सेतु थे। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर एम.एस. अगवानी ने डा. कोठारी को प्रसिद्ध विज्ञानवेत्ता, संस्कृति का उन्नायक एवं समाज का प्रणेता बताया।

सौर वैद्य शाला के निदेशक डा. अरविंद भटनागर ने प्रोफेसर राव की वैज्ञानिक उपलब्धियों का परिचय दिया।

प्रारंभ में शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने स्व. डा. दौलतसिंह कोठारी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और शांतिपीठ के कार्यकलाप की जानकारी दी। शुरुआत में प्रो. राव ने डा. दौलत सिंह कोठारी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया।

युग की प्रतिदिन सेवा
सम्वत् 2053 शाके 1981 भाद्रपद 7 दिनांक 4-9-96



दैनिक नवज्योति

जयपुर कोटा अजमेर उदयपुर संस्करण अजमेर, सोमवार 8 जुलाई 1996 12

भारतीय जीवन पद्धति विश्व में स्वीकार की जाने लगी-सिंह

उदयपुर, 7 जुलाई (न्यूज सर्विस)। मानव मंगल और विश्व शांति के लिए भारतीय जीवन पद्धति को विश्व में बगैर पूर्वाग्रह के स्वीकार किया जाने लगा है और इस पर गहन वैज्ञानिक चिन्तन चल रहा है। ऐसे में आवश्यकता और बढ़ जाती है, कि हम शिक्षा में भारतीय मूल्यों का मौलिक आधार प्रति स्थापित कर राष्ट्रीय पहचान की नई पीढ़ी का निर्माण करें।

यह विचार प्रख्यात वैज्ञानिक, चिन्तक एवं शिक्षा विद् डॉ. दौलतसिंह कोठारी की 90वीं जयन्ती के अवसर पर शांति-पीठ द्वारा आयोजित समारोह में व्यक्त किये गये। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी मास्टर बलवंतसिंह मेहता ने कहा कि डॉ. कोठारी ने अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से मानव कल्याण को दिशा देकर लोक मंगल के विकास को नया क्षितिज प्रदान किया है। बैठक में उदयपुर में प्रस्तावित "रिज़नल साइन्स सैन्टर" में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए विज्ञान एवं तकनीकी विभाग से पहल करने की अपील की गई।

उल्लेखनीय है कि 1992 में तत्कालीन जिला कलक्टर, कुलपति मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय एवं नगर के कई प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति में इस महत्वकांक्षी योजना को अंतिम रूप दिया गया था तथा शिल्प ग्राम के पास 25 बीघा भूमि भी विज्ञान एवं तकनीकी विभाग को आवंटित की गई। "नेशनल कौंसिल ऑफ साइन्स म्यूजियम", कलकत्ता के अन्तर्गत देश में इस प्रकार के 6 केन्द्रों के स्थापित किए जाने की प्रस्तावना है। 2 वर्ष पूर्व तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा ने केन्द्र कोठारी के नाम से करने की सरकारी अनुशंसा करने का आश्वासन दिया था। केन्द्र की स्थापना के सिलसिले में विज्ञान और तकनीकी विभाग, उदयपुर द्वारा अग्रिम कार्यवाही किया जाना अपेक्षित था। बैठक में सौ वैधशाला के डॉ. अरविन्द- भटनागर से विज्ञान केन्द्र की स्थापना में नई पहल करने का आग्रह किया गया।

श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने कहा कि विज्ञान की नवीन उपलब्धियां भारतीय चिन्तन को समझने की भूमिका प्रस्तुत करती हैं। इसलिए डॉ. कोठारी प्राय: कहा करते थे "विज्ञान का चरमोत्कर्ष उपनिषद के चैतन्य कोस स्पर्श कर रहा है।" त्रिवेदी ने बताया कि डॉ. डी.एस.कोठारी व्याख्यान माला की श्रृंखला में तीसरा व्याख्यान प्रख्यात वैज्ञानिक एवं ईसरो के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर यू.आर. राव देंगे। व्याख्यान का आयोजन इसी माह के अन्तिम सप्ताह में रखा जाना प्रस्तावित है।

राजस्थान पत्रिका, 6.2.93

विभिन्न संस्थाओं में श्रद्धांजलि सभाएं हुईं

कोठारी की स्मृति में व्याख्यानमाला के आयोजन की घोषणा

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 5 फरवरी। जान-माने शिक्षाविद् एवं वैज्ञानिक डा. दौलत सिंह कोठारी के निधन पर शुक्रवार को यहां नगर की अनेक संस्थाओं की ओर से शोक सभाएं आयोजित की गई व श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

शुक्रवार की शाम सूचना केन्द्र सभागार में शांति पीठ की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राजस्थान विद्यापीठ के कुलाधिपति पंडित जनार्दन राय नागर ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यह कहा कि मुंशी प्रेमचंद और स्वयं की मां के निधन के बाद उन्हें डा. कोठारी के निधन पर गहरा सदमा लगा है। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि ऐसे महान व्यक्ति को भारत रत्न देकर सम्मानित किया जाना चाहिए। नागर ने घोषणा की कि राजस्थान विद्यापीठ डा. कोठारी के सम्मान में प्रति वर्ष व्याख्यानमाला आयोजित करेगी। शोक सभा में संभागीय आयुक्त धर्मसिंह सागर, जवाहर लाल नेहरू वि.वि. के पूर्व कुलपति डा. शफी अगवानी, स्टील आथोरिटी आफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष पी.एल. अग्रवाल तथा पूर्व सांसद गुलाबचंद कटारिया, बिहारी पुरस्कार विजेता नंद चतुर्वेदी, नगर विकास प्रन्यास के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह लिखारी तथा शांति पीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी, डा. महेन्द्र भाणावत, डा. बी.एल. धाकड़, राजेन्द्र सक्सेना, डा. आर.के. अग्रवाल, किशोर संत, डा. आर.एम. लोढ़ा आदि ने डा. कोठारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा का संयोजन बी.एल. समधानी ने किया।

राजस्थान साहित्य अकादमी कार्यालय में आयोजित शोकसभा में डा. डी.एस. कोठारी और सरस्वती सभा के पूर्व सदस्य देवीशंकर तिवारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इंस्टिट्यूट ऑफ राजस्थान स्टडीज [साहित्य संस्थान] राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर द्वारा शोक सभा का आयोजन कर डा. कोठारी को संस्थान निदेशक डा. देव कोठारी ने अपनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा डा. कोठारी ने ज्ञान और राम के प्रचार प्रसार को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया था और उसी की साधना में अपने जीवन को समर्पित भी किया था।

सेवामंदिर कार्यकर्ता समुदाय ने डा. कोठारी के निधन पर हार्दिक शोक तथा उनके शोकाकुल परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट की है। आगम अहिंसा समता एवं प्राकृत संस्थान, परिसर में एक शोकसभा कर डा. कोठारी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

विज्ञान महाविद्यालय में डा. के.सी. भण्डारी की अध्यक्षता में एक शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें विज्ञान महाविद्यालय के प्रो. एस.के. पण्ड्या ने डा. कोठारी के जीवन पर प्रकाश डाला। डा. एस.एल. शर्मा, डा. एस.एल. कालरा व प्रो. ओ.पी. मेहता ने डा. कोठारी को महान वैज्ञानिक बताया। मोहनलाल सुखाड़िया विद्यालय के भौतिक विज्ञान के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने डा. कोठारी के आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

राजस्थान विद्यापीठ लोकंमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, डबोक में शोकसभा आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जगदीश प्रसाद वर्मा ने डा. कोठारी के असामयिक निधन को देश के शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. सतगुरु शरण ने डा. कोठारी को विज्ञान और अध्यात्म का समन्वयक बताया। छात्राध्यापकों की ओर से अनिल ढेला ने डा. कोठारी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। अंत में शिक्षक महाविद्यालय तथा श्रीमन्नारायण उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों ने शोक प्रस्ताव पारित किया।

राजस्थान शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन मंत्री ने डा. कोठारी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा है कि राष्ट्र एक महान सपूत खो दिया है। महिला मंडल परिवार ने एक शोकसभा में प्रधानाचार्य विमला कोठारी, मदनलाल जोशी ने डा. कोठारी के बहुआयामी वयक्तित्व की चर्चा की।

राजकीय माध्यमिक विद्यालय धानमंडी परिवार की ओर से डा. कोठारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इसी प्रकार राजकीय माध्यमिक विद्यालय जसवंतगढ़ में प्रधानाध्यापक यमुनालाल विजावत, अन्तः सेवा शिक्षालय के निदेशक भंवर सेठ, सचिव वीरेन्द्र पंचोली, राजस्थान शिक्षक संघ की प्रान्तीय उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मयूरनी भट्ट, आलोक संस्थान के प्रशासक प्रदीप कुमावत ने डा. कोठारी को अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

...में जनसंस्थाओं के

प्रातःकाल - 6 फरवरी 1993

डा. कोठारी जैसी विभूति को भारत-रत्न देने का आग्रह

प्रातःकाल - 6 फरवरी 1993

उदयपुर, 5 फर. । सुविख्यात वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद पद्मभूषण डा. दौलत सिंह कोठारी के निधन पर आज शहर की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं, संगठनों व शिक्षाविदों ने शोक प्रस्ताव पारित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी ।

शांतिपीठ की ओर से यहां सूचना केन्द्र में पंडित जनार्दनराय नागर की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई । इस मौके पर नागर ने भारत सरकार से आग्रह किया कि ऐसे महान व्यक्ति को भारत रत्न देकर सम्मानित किया जाए । उन्होंने घोषणा की कि राज. विद्यापीठ डा. कोठारी के सम्मान में प्रतिवर्ष व्याख्यानमाला आयोजित करेगी।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में संभागीत आयुक्त धर्मसिंह सागर, जवाहर लाल नेहरु वि. वि. के पूर्व कुलपति डा. शफी अगवानी, स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष पी. एल. अग्रवाल तथा गुलाबचंद कटारिया, ... आर. के. अग्रवाल, किशोर संत, डा. आर. एम. लोढा आदि प्रमुख थे । सभा का संयोजन बी. एल. समधानी ने किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 8 जुलाई, 1993

डॉ. कोठारी की प्रतिमा स्थापना, व्याख्यानमाला शुरू करने की योजना

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 7 जुलाई। जाने माने शिक्षाविद् स्वर्गीय दौलत सिंह कोठारी की स्मृति को चिर स्थायी बनाने के उद्देश्य से विज्ञान महाविद्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा की स्थापना करने तथा सुखाड़िया विश्वविद्यालय में व्याख्यानमाला आरंभ करने की योजना को शीघ्र ही मूर्तरूप दिया जाएगा।

इस संबंध मे यहां मंगलवार को कृषि विस्तार निदेशालय में सुखाड़िया विश्वविद्यालय, जिला प्रशासन व स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ की ओर से आयोजित गोष्ठी में सांसद डा. गिरिजा व्यास के सुझाव पर एक प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त आशय का प्रस्ताव साहित्यकार मंगल सक्सेना ने रखा जो सर्व सम्मति से पारित हो गया। यह गोष्ठी डा. कोठारी के 87वें जन्म दिन पर रखी गई थी।

डा. गिरिजा ने कहा कि प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद् डा. डी.एस. कोठारी की स्मृति को चिर स्थायी बनाने के लिए सुखाड़िया विश्वविद्यालय में प्रतिवर्ष उनके नाम से एक आसन माला आयोजित की जानी चाहिए तथा विज्ञान के छात्रों के लिए स्कॉलरशिप भी आरंभ की जाए। उन्होंने कहा कि डा. कोठारी की स्मृति में कैम्ब्रिज एवं लंदन विश्वविद्यालय में आसन माला आरंभ कर दी गई है। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के चांसलर पं. जनार्दन राय नागर ने कहा कि डा. कोठारी 21वीं शताब्दी का आरंभ हैं, 20वीं शताब्दी का अंत नहीं। उन्होंने डा. कोठारी के साथ 50 वर्षों के अपने संबंधों के जिक्र में कहा कि विज्ञान के साथ-साथ आध्यात्म का समन्वय सिर्फ उनमें ही दिखाई पड़ता था। साहित्यकार डा. राजेन्द्र सक्सेना, दीनदयाल दशोत्तर, डा. कोठारी के ज्येष्ठ पुत्र डा. लक्ष्मण सिंह कोठारी, कर्नल बख्तावर सिंह, डा. समदानी, बी.पी. जोशी आदि ने डा. कोठारी को गांधी युग का जीवन्त व्यक्तित्व बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के. राय ने की व डा. कोठारी की स्मृति को स्थाई रखने के लिए बनी योजना को कार्य रूप देने के लिए एक समिति बनाने का सुझाव दिया जो 9 जुलाई से पूर्व अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

जिला कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव ने सुझाव दिया कि इस समिति के अध्यक्ष प्रो. आर.के. राय हो तथा जिला प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में सी.एस. बेनीवाल समिति के सदस्य होंगे। अन्य सदस्यों में डा. जे. वर्मा, उद्योगपति पी.एस. मुर्डिया, प्रो. यू.एन. उपाध्याय, डा. ओजस्वी शर्मा, मंगल सक्सेना एवं डा. लक्ष्मण सिंह कोठारी होंगे। कार्यक्रम का संयोजन शांति पीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 5 जुलाई, 1993

स्व. डी.एस. कोठारी की स्मृति में गोष्ठी कल

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 4 जुलाई। जाने माने शिक्षाविद् स्व. डी.एस. कोठारी के 87वें जन्मदिन पर आगामी मंगलवार को गोष्ठी का आयोजन होगा।

स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ, सुखाड़िया विश्वविद्यालय तथा जिला प्रशासन के तत्वाधान में कृषि विस्तार निदेशालय सभागार में होने वाली इस गोष्ठी के मुख्य अतिथि स्वतंत्रता सेनानी बलवंत सिंह मेहता, विशिष्ट अतिथि जिला कलक्टर राकेश श्रीवास्तव होंगे तथा अध्यक्षता कुलपति प्रो. आर.के. राय करेंगे।

राजस्थान पत्रिका

34,610, कुल योग- 3,47,900 उदयपुर, शुक्रवार, 8 जुलाई, 1994

वैज्ञानिक विकास के साथ ही मनुष्य के विवेक का विकास भी जरूरी- भाभड़ा

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 7 जुलाई। राज्य विधानसभा के अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा ने कहा है कि आधुनिक युग में जिस तेजी से विज्ञान का विकास हो रहा है उसी तेजी से मनुष्य के विवेक का भी विकास होना चाहिए वरना यही वैज्ञानिक विकास मानवता के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। वह गुरुवार को यहां सूचना केन्द्र सभागार में शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित डॉ.डी.एस. कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला के अन्तर्गत 'अध्यात्म और विज्ञान के संदर्भ में शिक्षा के नूतन आयाम व सामाजिक मूल्य' विषय पर प्रथम व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे।

इस मौके पर भाभड़ा ने कहा कि वर्तमान में ब्रह्माण्ड का विश्लषेण करना असंभव है, लेकिन विज्ञान का तेजी से विकास हो रहा है और उसी तेजी के साथ व्यक्ति के विवेक को भी विकसित किया जाना चाहिए, क्योंकि यदि विवेक का विकास नहीं हुआ तो विज्ञान व्यक्ति का काल भी बन सकती है।

भाभड़ा ने कहा कि विवेक के विकास में अध्यात्म और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। अध्यात्म सिद्धान्त ही मनुष्य के चरित्र को बनाता है, उसके जीवन को उन्नत करता है। उन्होंने कहा कि अणुबम का उपयोग संहार के लिए नहीं किया जाना चाहिए और यह तभी संभव है जब व्यक्ति आध्यात्मिक विचारों को अपने जीवन में उतार ले और उन पर अमल करे। उन्होंने भौतिक अनुसंधानों पर नियंत्रण के लिए मन, इच्छा व आत्मा पर नियंत्रण पाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि प्रबल इच्छा शक्ति हो तो मनुष्य अपना आध्यात्मिक विकास करके ब्रह्माण्ड को अपने वश में कर सकता है।

विधानसभाध्यक्ष ने कहा कि अध्यात्म और विज्ञान एक-दूसरे के पूरक हैं तथा शिक्षा इन्हें परिमार्जित करती है। शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भाभड़ा ने कहा कि शिक्षा मनुष्य को सही अर्थों में मनुष्य बनाती है। शिक्षा के अभाव में मनुष्य का आध्यात्मिक व बौद्धिक विकास संभव नहीं है। उनका मानना है कि साहित्य, कला और संगीत में जिनकी रुचि नहीं है वे मानव बिना पूंछ के पशु तुल्य हैं। शिक्षा से संस्कारों का निर्माण होता है और संस्कारी मनुष्य ही समाज में सम्मानजनक स्थान हासिल करता है।

भाजपा ने इस मौके पर कहा कि डॉ. डी.एस. कोठारी न केवल राजस्थान वरन् सम्पूर्ण देश के गौरव थे। उन्होंने जिन सिद्धान्तों और जीवन मूल्यों की स्थापना की उनकी जानकारी जन-जन तक पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

भाभड़ा ने आधुनिक विज्ञान की उन्नत स्थिति में आए बदलाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भौतिकी की नवीन उपलब्धियां अन्तर्जगत की अनुभूतियों से जुड़ी हुई हैं। डॉ. कोठारी द्वारा लिखित 'एटम और सेल्फ' का उद्धरण देते हुए बताया कि अणु को भी हम इन आंखों से देख नहीं सकते और सेल्फ को भी नहीं देख सकते। इन्हें अनुभव किया जाता है। उन्होंने बताया कि परमात्मा स्वयं भी जब धरती पर शरीर धारण करता है तो उसे भी प्रकृति के नियमों के अन्तर्गत ही जीना पड़ता है। किन्तु प्रकृति को आत्मसात कर इच्छाशक्ति द्वारा भारतीय ऋषि-मुनियों ने प्रकृति में भी दखल किया है। यह आध्यात्मिक साधना से ही संभव हुआ है और अब जाकर आधुनिक जीवन ने भी इसे स्वीकार किया है। भाभड़ा ने डॉ. कोठारी की स्मृति में विश्वविद्यालय में आसन स्थापित करने के संबंध में आवश्यक औपचारिकता पूरी करने के लिए कुलपति से आग्रह किया।

व्याख्यानमाला की अध्यक्षता करते हुए मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के. राँय ने वैज्ञानिक भाभा, साराभाई एवं डी.एस. कोठारी की विज्ञान के क्षेत्र में बहुत बड़ी देन बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी का जीवन पूर्णतया विज्ञान एवं आध्यात्म को समर्पित रहा है।

शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने व्याख्यानमाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. कोठारी का जीवन परिचय कराया।

अंत में साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। व्याख्यान माला में नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष एन.के. लिखारी, देवस्थान आयुक्त सी.पी. व्यास, स्टील अथिरिटी ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष पी.एल. अग्रवाल, पूर्व सांसद दीनबन्धु वर्मा, पूर्व विदेश सचिव

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 6 जुलाई, 1994

डी.एस. कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला 7 को

उदयपुर, 5 जुलाई [वि.]। शिक्षाविद् डा. दौलतसिंह कोठारी की स्मृति में स्वैच्छिक संस्थान शान्तिपीठ द्वारा उदयपुर में व्याख्यानमाला की शुरुआत की जा रही है।

शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बताया कि 'अध्यात्म और विज्ञान के संदर्भ में शिक्षा के नूतन आयाम व सामाजिक मूल्य' विषय पर प्रथम व्याख्यान राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा गुरुवार को देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहनलाल सुखाड़िया

जय राजस्थान दैनिक
8 जुलाई 2004 वार – गुरूवार उदयपुर
जय राजस्थान
पेज नम्बर- 4

कोठारी ने गांधी को अपने चरित्र में जीया : राय

उदयपुर, 7 जुलाई। भारतीय आध्यात्मिक वांगमय और आधुनिक विज्ञान से समन्वित विज्ञान ऋषि दौलत सिंह कोठारी ने समाज को जो दिशा दी वह आने वाली शताब्दियों में मनुष्य मात्र का मार्गदर्शन करती रहेगी। शिक्षा, सुरक्षा, विज्ञान एवं मानव कल्याण जैसे क्षेत्रों में हुई अभिव्यक्तियां उनके आध्यात्मिक उद्भव का ही परिणाम थी। डा. कोठारी असल में भारत ज्योति और विश्व मनीषी थे।

उक्त उद्गार प्रख्यात वैज्ञानिक डा. दौलत सिंह कोठारी की 98 वीं जयंति के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी में कई वक्ताओं ने व्यक्त किये।

प्रमुख अतिथि के रूप में बोलते हुए मोहन लाल सुखाड़िया के पूर्व कुलपति डा. आर.के.राय ने कहा कि कोठारी पर वैज्ञानिक आईन्सटाईन व महात्मा गांधी का समान रूप से प्रभाव था। वे दोनो की समन्वित अभिव्यक्ति थे। कोठारी ने गांधी को अपने चरित्र में जीया और पूर्ण से निरहंकारी हो गये।

चिंतक मोहन सिह कोठारी ने कहा कि भारत सुरक्षा, शिक्षा एवं विज्ञान जैसे क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियां उनकी आध्यात्मिक चेतना की ही परिणाम थी। उन्होने भारतीय मनिषा को यथार्थ में जीया।

गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे इस्पात के पूर्व अध्यक्ष डा. पी.एल. अग्रवाल ने कहा कि मेवाड़ के सपूत पर पूरे राष्ट्र को गर्व है। वे हमेशा यश व कीर्ति से दूर रहे तथा जीवन को एक साधक की तरह जीया।

इस अवसर पर बोलते हुए एस. एन. जोशी ने कहा कि वे दूरदर्शी व दार्शनिक थे। उन्होने भगवद गीता को जीवन ने उतारा। उन्होने ज्ञान-विज्ञान के अभेद को सुन्दर अभिव्यक्ति दी।

मोहनलाल सुखाड़िया के भौतिक शास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. यु.एन. उपाध्याय ने कहा कि पश्चिम जगत विचारों में पूर्णता नही ला पाया, किन्तु भारतीय आध्यात्मिक दृष्टि से इसे पूर्णता दी। उन्होने सुझाव दिया कि राजस्थान शिक्षा बोर्ड में डा. कोठारी को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाना चाहिये।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने कहा कि डा. कोठारी मानव कल्याण के महान अन्वेक्षक थे। उनके ज्ञान-विज्ञानप की समन्वित संस्कृति का मंत्र विश्व समुदाय को संकटों से पार ले जाकर सुन्दर विश्व का निर्माण कर सकता है। उन्होने कहा कि अहिंसा और विज्ञान का समन्वयक भविष्य को सुनिश्चित करता है। जिसे डा. कोठारी ने हमेशा रेखांकित किया।

वरिष्ठ साहित्यकार ओंकारश्री ने कहा कि उनकी विख्यात पुस्तक ''नाभिकीय विस्फोट तथा उनके परिणाम'' पंडित जवाहरलाल नेहरू के सुझाव पर लिखी जो विश्व विख्यात हुई। जिसका जर्मन, रूसी तथा जापानी भाषाओं में अनुवाद हुए। यह कोठारी की विश्व शांति के प्रति चिंता को दर्शाता है।इस अवसर पर वेद विद् एडवोकेट भंवरलाल व्यास, चन्द्रा भंडारी, हरनाथ सिंह भंसाली, ध्रुविन्द्र भंडारी व प्रताप सिंह कोठारी ने भी विचार व्यक्त किये प्रारंभ में अतिथियों द्वारा डा. कोठारी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया गया। शांतिपीठ के पंडित मुरलीधर जोशी ने आभार व्यक्त किया।



प्रख्यात शिक्षाविद् वैज्ञानिक डॉ. दौलत सिंह कोठारी की 98वीं जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते हुए अतिथिगण।

उदयपुर Rashtradoot उदयपुर, बुधवार 7 जुलाई, 2004

डॉ.कोठारी की जयंती मनाई

उदयपुर, 6 जुलाई (का.सं.)। भारतीय आध्यात्मिक वांगमय और आधुनिक विज्ञान से समन्वित विज्ञान ऋषि डा दौलत सिंह कोठारी ने समाज को जो दिशा दी वह आने वाली शताब्दियों में मनुष्य मात्र का मार्गदर्शन करती रहेगी। शिक्षा, सुरक्षा, विज्ञान एवं मानव कल्याण जैसे क्षेत्रों में हुई अभिव्यक्तियों उनके आध्यात्मिक उदभव का ही परिणाम थी। डा कोठारी असल में भारत ज्योति और विश्व मनिषी थे।

उक्त विचार आज प्रख्यात शिक्षाविद वैज्ञानिक डा दौलत सिंह कोठारी की 98वीं जयंती के अवसर पर शांतीपीठ के तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी में कई वक्ताओं ने व्यक्त किये। प्रमुख रूप से प्रभाव था। वे उन दोनों की समन्वित अभिव्यक्ति थे। कोठारी ने गांधी को अपने चरित्र में जीया और पूर्ण रूप से निरहंकारी हो गये। चिंतक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि भारत सुरक्षा, शिक्षा एवं विज्ञान जैसे क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियां उनकी आध्यात्मिक चेतना की ही परिणाम थी। उन्होंने भारतीय मनीषा को यथार्थ में जीया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे भारत ईस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डा पी एल अग्रवाल ने कहा कि मेवाड के सपूत पर पुरे राष्ट्र को गव्र है। वे हमेशा यश व कीर्ति से दूर रहे तथा जीवन को एक साधक की तरह जीया। इस अवसर पर वेद विद एडवोकेट भंवरलाल व्यास, चन्द्रा भण्डारी, हरनाथ सिंह भंसाली,

प्रात:काल
मार्गशीर्ष शुक्ला 14 दिनांक 16 दिसम्बर 1994

डा. दौलतसिंह कोठारी को 'भारत रत्न' हेतु राष्ट्रपति ने सहमति जताई

उदयपुर, 15 दिस. (वि.) । राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा ने प्रख्यात वैज्ञानिक एवं शिक्षा विद् स्व. डा. दौलतसिंह कोठारी को मरणोपरांत 'भारत- रत्न' देने के लिए एक आदर्श व्यक्तित्व बताया । भारतीय नागरिकों की ओर से शांतिपीठ के तत्वावधान में राष्ट्रपति से गुरुवार को भेंट करने गए एक प्रतिनिधि मंडल के समक्ष राष्ट्रपति ने इस बाबत सहमति जताते हुए प्रतिनिधि मंडल की ओर से दिए गए 'अनुरोध- पत्र' को स्वीकार किया ।

आध्यात्म, विज्ञान एवं शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी पहचान रखने वाले स्व. डा. दौलतसिंह को 'भारत- रत्न' से सम्मानित किए जाने के लिए 'अनुरोध- पत्र' में राजस्थान विद्यापीठ के कुलाधिपति पंडित जनार्दन राय नागर, स्वतंत्रता सैनानी मा. बलवंतसिंह मेहता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. के. एल. श्रीमाली, पूर्व विदेश सचिव डा. जगत मेहता, राज्य शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष के.एल. बोर्दिया, भारत इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डा. पी.एल. अग्रवाल, सुखाड़िया वि.वि. के कुलपति डा. आर.के. राय, इतिहासविद् डा. गोपीनाथ शर्मा, प्रो. नंद चतुर्वेदी, एन.के. छाजेड़ बी.पी. जोशी, डा. अरुण बोर्दिया व एस.के. शर्मा तथा कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे ।

उक्त 'अनुरोध पत्र' के साथ-साथ प्रतिनिधि मंडल के प्रवक्ता शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने डा. कोठारी के व्यक्तित्व का संक्षिप्त ब्योरा भी राष्ट्रपति को भेंट किया । इस भेंट के दौरान सांसद डा. गिरिजा व्यास भी उपस्थित थी ।

प्रतिनिधिमंडल में प्रो. बी.एल. समदानी व ए.के. शर्मा भी सम्मिलित थे ।

राजस्थान पत्रिका

दौलत सिंह कोठारी को भारत रत्न देने का आग्रह

उदयपुर, 16 दिसम्बर [वि.]। राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा को गुरुवार को यहां शांतिपीठ के तत्वावधान में मिले एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रसिद्ध वैज्ञानिक- शिक्षाविद् डा. दौलत सिंह कोठारी को 'भारत रत्न' देने का अनुरोध किया।

अनुरोध पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति पंडित जनार्दन राय नागर, स्वतंत्रता सेनानी मास्टर बलवंत सिंह मेहता, सांसद डा. गिरिजा व्यास, पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. कालूलाल श्रीमाली, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष के.एल. बोर्दिया, भारतीय इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डा. पी.एल. अग्रवाल, सुखाड़िया वि.वि. कुलपति डा. आर.के. राय, इतिहासकार डा. गोपीनाथ शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार प्रो नंद चतुर्वेदी, उद्योगपति एन.के. छाजेड़, पूर्व मुख्य वन संरक्षक एस.के. वर्मा, शिक्षाविद् डा. वी.पी. जोशी, हृदय रोग विशेषज्ञ डा. अरुण बोर्दिया आदि लोग शामिल हैं।



प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं सांसद प्रोफेसर एम.जी.के. मेनन उदयपुर के विस्तार निदेशालय में गुरुवार को डॉ. डी.एस. कोठारी व्याख्यानमाला में उद्बोधन देते हुए।

भेदभाव के जरिए भारत को परमाणु बम बनाने से रोकना गलतः मेनन

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 7 सितम्बर। देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक और राज्यसभा सदस्य प्रोफेसर माबली कलित गोविंद कुमार [एम.जी.के.] मेनन ने कहा है कि भारत दुनिया में परमाणु अप्रसार का समर्थक है लेकिन भेदभावपूर्ण नीति अपनाते हुए उसे परमाणु बम बनाने से रोकना गलत है।

प्रो. मेनन यहां गुरुवार को प्रसार निदेशालय के सभागार में डा. दौलत सिंह कोठारी द्वितीय स्मृति व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। मेनन ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण यह है कि दुनिया को परमाणु विहीन किया जाए। जिनके पास परमाणु बम हैं वे उन्हें नष्ट करें पर ऐसा हो नहीं रहा है। बल्कि कहा यह जा रहा है कि जिनके पास हैं उनके पास रहने दिया जाए और जो परमाणु बम विहीन हैं उन्हें इसे न बनाने दिया जाए। परमाणु अप्रसार संधि में ऐसी ही व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि यह विभेदकारी व्यवस्था है। भारत अपनी सुरक्षा जरूरतों की अनदेखी नहीं कर सकता। अगर चीन परमाणु बम बनाता है तो भारत को इससे कैसे रोका जा सकता है। बुधवार को फ्रांस द्वारा परमाणु परीक्षण किए जाने को मेनन ने एक राजनीतिक मामला बताया।

पद्मश्री, पद्म विभूषण, सर सी.बी. रमन पुरस्कार, शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार और पहले आशुतोष मुखर्जी पुरस्कार से सम्मानित प्रो. मेनन ने कहा कि विज्ञान का विकास और विनाश दोनों में ही प्रयोग हो सकता है और हो रहा है। इसलिए जरूरी है कि मनुष्य को जितनी ताकत हासिल हो उसी अनुपात में उसमें समझ और विवेक विकसित होना चाहिए। यानी ये दोनों सह-विस्तारी है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह घातक साबित हो सकता है।

देश-विदेश के विभिन्न वैज्ञानिक संगठनों से जुड़े और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रो. मेनन ने विकास और विनाश के संदर्भ में विज्ञान की व्यापक चर्चा करते हुए कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध में तो महाशक्तियों ने अपनी सुविधा के अनुसार वैज्ञानिकों का उपयोग किया और उनसे अपेक्षित हथियार बनवाए। वैज्ञानिकों में बहस चलती रही कि परमाणु बम छोड़ा जाना चाहिए या नहीं और उधर हिरोशिमा और नागासाकी पर बमबारी कर दी गई। प्रो. मेनन ने एक प्रश्नकर्ता के इस सवाल को अप्रासंगिक बताया कि दुनिया के वैज्ञानिकों को अपनी खोजों का मानवीय विनाश में उपयोग होने से रोकना चाहिए और इस आशय का एक संकल्प पारित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह व्यावहारिक बात नहीं है। वैज्ञानिक अपनी रुचि और व्यवसाय के कारण उपयोगी खोज करते हैं पर राजनीतिक उसका अपने मकसद में उपयोग करते हैं भले ही वह प्रयोग मानव समाज के लिए विनाशक्त ही क्यों न हो? उन्होंने कहा कि हिरोशिमा पर 20 किलो टन का बम गिराया गया था। अब महाशक्तियों के पास दस हजार मेगा टन एटमी क्षमता है और इस पर वे बराबर खर्चा कर रहे हैं। यह विज्ञान का एक आयाम है। दूसरी ओर डी.एन.ए. फिंगर प्रिंट और आनुवंशिकी इंजीनियरिंग का विकास हुआ है जिससे क्षत विक्षत शव से मृतक की पहचान की जा सकती है और एक पीढ़ी का रोग दूसरी पीढ़ी में फैलने से रोका जा सकता है। यह विज्ञान का दूसरा आयाम है।

प्रो. मेनन ने इस बात पर जोर दिया कि वैज्ञानिक खोजों का उपयोग करने से पहले यह सोचा जाना चाहिए कि आखिर उसके नतीजे क्या होंगे। उसका समझदारी पूर्ण उपयोग किया जाना चाहिए।

जोधपुर के जसवंत कालेज में पढ़े प्रो. मेनन ने इस बात पर पीड़ा जताई कि आज की समस्या ही उपभोग वाद है। जिसके पास जितना है वह उतने में संतोष ही नहीं कर पा रहा। डा. कोठारी ने सीमित साधनों से दुर्लभ कार्य कर दिखाए। वे हर दृष्टि से आज के गांधी थे। मितव्ययी, सरल और सामान्य ढंग से रहते हुए सादे जीवन का उन्होंने पूरा आनंद लिया। अपनी जरूरतें सीमित रखते हुए दूसरों के हित के लिए वैज्ञानिक चिंतन में लगे रहे।

से प्रस्तुत करते हुए कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा किए गए आविष्कारों व उपलब्धियों को सामाजिक चेतना से जोड़ना होगा। जापान के हिरोशिमा शहर पर परमाणु बम गिराने के बाद पंडित नेहरू के कहने पर डा. कोठारी द्वारा परमाणु विस्फोट को लेकर लिखी गई पुस्तक का जिक्र करते हुए प्रो. मेनन ने कहा कि उस पुस्तक में परमाणु शक्ति के दुरुपयोग से होने वाली विनाशलीला को साधारण तरीके से व्यक्त किया गया। इस पुस्तक में परमाणु बम विस्फोट के दीर्घकालीन व तात्कालिक प्रभावों का भी ब्यौरा दिया गया। यह पुस्तक विश्व की ऐसी पहली पुस्तक थी, जो कई भाषाओं में छपी। गांधी चरित्र की वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए मेनन ने कहा कि आज की समस्याओं का हल इसी से संभव है।

इस अवसर पर अध्यक्षीय भाषण में सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आर.के. राय ने कहा कि प्रो. कोठारी के युग और आज के युग में एक खास परिवर्तन आया है। उन्होंने तो सीमित साधनों से उच्चकोटि की उपलब्धियां अर्जित कीं पर आज जब साधन सुलभ हो गए हैं तो प्रयोगशालाएं प्रतिभाहीन होती जा रही है। जो प्रतिभाशाली हैं वे प्रबंधन आदि विषय लेकर अपना कैरियर बना रहे हैं। प्रयोगशालाओं में संख्यात्मक वृद्धि हो रही है पर इनकी गुणात्मकता की वृद्धि कम हो रही है।

शुरू में स्थानीय सौर वैद्यशाला के निदेशक डा. अरविन्द भटनागर ने प्रो. मेनन का परिचय दिया। शांतिपीठ उदयपुर के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने विषय प्रवर्तन किया। प्रारंभ में प्रो. मेनन का पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता व अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

उदयपुर शुक्रवार दिनांक 8 सितम्बर 1995



प्रो. एम. जी. के. मेनन डा.'कोठारी व्याख्यानमाला के तहत उद्‌बोधन देते हुए

प्रो. एम. जी. के. मेनन द्वारा कोठारी व्याख्यान

'विज्ञान को विनाश की चरम सीमा तक पहुंचाने में कोई कमी नहीं छोड़ी'

उदयपुर, 7 सित. । विज्ञान की जानकारी से शक्ति के अधिग्रहण के बाद मनुष्य ने उसके चरम विकास के साथ साथ विज्ञान को विनाश की चरम सीमा तक पहुंचाने में भी कोई कमी नहीं रखी है । विज्ञान का विकास गत सौ वर्षो में गुणित क्रम में हुआ है । जिससे मानव की भौतिक सुख सुविधाओं में अद्वितीय बढ़ोतरी हुई है । प्रख्यात वैज्ञानिक एवं सांसद प्रो. एम. जी. के. मेनन ने गुरूवार को यहां विस्तार निदेशालय के सभागार में शान्ति पीठ के तत्वावधान में आयोजित डा. डी. एस. कोठारी व्याख्यान माला के तहत अपना मुख्य उद्‌बोधन देते हुए उक्त विचार व्यक्त किए ।

प्रो. मेनन ने विज्ञान में गांधी दर्शन की प्रासंगिकता पर डा. कोठारी के चिन्तन को विस्तृत रूप से प्रस्तुत करते हुए कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा किए गये नये आविष्कारों एवं उपलब्धियों को सामाजिक चेतना से जोड़ना होगा । उन्होंने कहा कि जापान के हिरोशिमा पर परमाणु हादसे के बाद पंडित नेहरू के कहने पर डा. कोठारी द्वारा परमाणु विस्फोट पर लिखी गई पुस्तक का हवाला देते हुए कहा कि उस पुस्तक में डा. कोठारी ने परमाणु शक्ति के दुरूपयोग से होने वाली विनाशलीला को लिया है । और उसका सम्पूर्ण नियंत्रण अपने हाथों में ले लिया है परिणाम स्वरूप मानव के विकास का रास्ता ही न रह कर विनाश का भी रास्ता खोल दिया है ।

प्रो. मेनन ने विज्ञान के अविष्कारों को महज बच्चों के खेल न बनाए जाने के लिए सावचेत करते हुए कहा कि परमाणु बम को माचिस व पटाखों की तरह काम लेने वाले हाथों में दुनिया सुरक्षित नही रहेगी ।

प्रारम्भ में शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विषय प्रवर्तन किया । सौर वैधशाला के निदेशक डा. अरविन्द भटनागर ने प्रो. मेनन का परिचय दिया । अध्यक्षता मोहन सु.वि.वि. के कुलपति डा. आर के राय ने की । कार्यक्रम का संचालन शान्तिपीठ के प्रो. एस.एम. नैय्यर ने

नारी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरुरत राष्ट्रपति

राष्ट्रपति डा. शकर दयाल शर्मा ने कहा है कि देश को विकास के पथ पर आगे बढाने और हमारे प्राचीन गौरव की वापसी के लिए नारी शिक्षा पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शिक्षा से महिलाओं मे आत्मविश्वास बढने के साथ साथ आर्थिक स्वावलम्बन की भावना बढेगी साथ ही उनसे जुडी अनेक सामाजिक बुराइया भी दूर हो सकेगी।

डा. शर्मा भीलवाडा में महिला आश्रम के स्वर्ण जयंती समारोह में उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जन सख्या वृद्धि गरीबी एव अशिक्षा जैसी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए नारी शिक्षा अनिवार्य है। उन्होंने विश्वास प्रकट किया कि इससे दहेज और बाल विवाह जैसी कुरीतियां भी मिट सकेगी। राष्ट्रपति ने भीलवाडा जिले को एक वर्ष में सम्पूर्ण साक्षर बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि साक्षरता प्रसार से अनेक समस्याओं का स्वयमेव समाधान होता है। साक्षरता प्रसार में जन सहयोग की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्य में सरकारी प्रयासों के साथ जन सहयोग भी आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं का आव्हान किया कि वे अपने नजदीकी सभी अशिक्षित महिलाओं को साक्षर बनाने का व्रत ले जिससे उनमें शिक्षा के प्रति लगन बढ सके।

आजादी की लडाई में महिलाओं के योगदान की चर्चा करते हुए डा. शर्मा ने कहा कि बापू को महिलाओं की क्षमता और शक्ति पर पूरा भरोसा था इसीलिए उन्होंने शराब और विदेशी वस्त्रों की दुकानों पर पिकेटिंग जैसा मुश्किल कार्य उन्हें सौंपा था। उन्होंने कहा कि वैदिक काल से ही हमारे समाज में महिलाओं का गौरवपूर्ण स्थान रहा है। ऋगवेद में लोपा, घोषा तथा मुद्रा जैसी विदूषियां हुई है जो वैदिक मंत्रों की ष्टा थी। राजस्थानी वीरांगनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने शक्ति और त्याग का अतूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। आजादी के बाद शिक्षा के माध्यम से महिलाओं की शक्ति और क्षमता को पहचान कर उन्हें आगे लाने के प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इस क्षेत्र में अभी और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है।

राजस्थान की शौर्य और प्रेम की धरती को देश के आकर्षण का केन्द्र बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां की सस्कृति अब राष्ट्रीय सीमाओं को लाघकर अंतराष्ट्रीय प्रशंसा प्राप्त कर रही है। अपनी बुल्गारिया और रोमानिया यात्रा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहाकि वहां उनसे राजस्थानी मिनियेचर्स की मांग की गयी थी।

उन्होंने कहा कि शासन को यहां की कला व संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए।

भीलवाडा के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यहां अनेक प्राचीन अभिलेख और अवशेष मिले है जो पाषाण

(शेष पृष्ठ 2 पर)

डा. दौलत सिंह कोठारी को 'भारत-रत्न' हेतु राष्ट्रपति ने सहमति जताई

भारत के महामहिम राष्ट्रपति ने विश्वविख्यात वैज्ञानिक- शिक्षाविद् डा. दौलतसिह कोठारी को



"भारत रत्न" के लिये एक आदर्श व्यक्तित्व बताया। इस प्रकार की सहमति उन्होंने उस समय व्यक्त की जब भारत के नागरिकों की तरफ से शांतिपीठ के तत्वावधान में उनसे भेंट करने गये एक प्रतिनिधि मण्डल द्वारा जब इस आशय का एक 'अनुरोध पत्र' उन्हें प्रस्तुत किया गया।

डा. दौलतसिह कोठारी जैसे अध्यात्मकवादी वैज्ञानिक व विज्ञानवादी आध्यात्मिक व्यक्तित्व को भारत रत्न दिलाये जाने के लिये इस अनुरोध में हस्ताक्षर करने वालों में राजस्थान विद्यापीठ के कुलाधिपति पंण्डित जनार्दन राय नागर, स्वतंत्रता सेनानी और संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य मा. बलवंत सिंह मेहता, पू. केन्द्रीय मत्री डा. के. एल. श्रीमाली पूर्व विदेश सचिव डा. जगत मेहता, राजस्थान शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष के. एल. बोर्दिया, भारत इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डा. पी. एल अग्रवाल, मोहनलाल सुखाड़िया विश्व विद्यालय के कुलपति डा. आर. के. राय, इतिहासविद् डा. गोपीनाथ शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. नंद चतुर्वेदी, प्रसिद्ध उद्योगपति एन. के. छाजेड़,

(शेष पृष्ठ 2 पर)

अनाम आत्मा

- नाम के सम्मान को मैं अपना सम्मान समझता तथा गर्व से फूल उठता हूं।
- परन्तु नाम का सम्मान मेरा सम्मान है? मैं देहोपरान्त एक चैतन्य रहस्य हूं और मेरे भव-देह के नाम मेरे नाम हो नहीं सकते।
- रूप का नाम जगत की पुकार के लिये है; आत्मा के आव्हान के लिये नहीं।
- आत्मा का सम्मान जगत का कोई भी नाम वाणी समस्त नहीं कर सकता। चिदानन्द रुप आत्मा का सम्मान तो परमात्मा के श्रीचरणों में अपना सम्पूर्ण करना है।
- अनाम आत्मा अरुप भी हैं। देह का स्वरुप तो भव यात्रा के लिये एक वेश मात्र है।
- मैं चिदानन्द आत्मन् देह द्वारा प्रत्येक भव में अलग अलग नामों से पुकारा जाता तथा देहों से जाना जाता हूं।
- हे देव! मुझे मेरा अरुप और अनाम दिल सौन्दर्य प्रदान कर।

-जनार्दनराय नागर

सरस्वती देवयन्तो हवन्ते

जन-मङ्गल

साप्ताहिक

राजस्थान विद्यापीठ उदयपुर (राज.)

फोन : 529003 आर. एन. आई. 7263/62

संस्थापक- पं. जनार्दन राय नागर अध्यक्ष- भवानीशंकर शर्मा

(वर्ष 33) शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, विकास एवं जनतन्त्रीय (वार्षिक 50 रु.)

का साप्ताहिक (एक प्रति 1 रुपया)

राष्ट्रदूत
उदयपुर बुधवार 4 सितम्बर 1996



उदयपुर में मंगलवार को अंतरिक्ष विज्ञानवेत्ता प्रो.यू.आर.राव डा.एस.कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला के अंतर्गत बोलते हुए। फोटो-अशराफुदीन फाजी।

सौर वैधशाला में प्रयोगशाला भवन का उद्घाटन

नैतिक मूल्यों की स्थापना करने का दायित्व संस्कृति का: राव

(कार्यालय संवाददाता)

उदयपुर, 3 सितम्बर। हम शंकराचार्य, बुद्ध व गांधी के सिद्धान्तों व आदर्शों की चर्चा तो भारत में प्रचुरता से करते है, किन्तु उनको व्यवहार में लाना हम लोगो के लिये एक दुष्कर कार्य हो गया है एवं यह वास्तव में विडम्बनाजनक है।

यह विचार प्रसिद्ध अन्तरिक्ष विज्ञानवेत्ता प्रोफेसर यू.आर.राव ने रवीन्द्रनाथ टैगोर मेडिकल कालेज के सभागार में शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित डाक्टर डी.एस.कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला के तीसरे व्याख्यान विषय 'विज्ञान, संस्कृति और समाज' पर व्यक्त किये। प्रो. राव ने कहा कि समाज का कल्याण इसी में है कि वह विज्ञान और संस्कृति की दिशा में कदम बढ़ाता रहे। विज्ञान अपने आप में वस्तुपरक है। नैतिक मूल्यों की स्थापना करने का दायित्व संस्कृति का है। विज्ञान गुण का कोई विकल्प नहीं है और नैतिकता के प्रति वह तटस्थवृत्ति वाला होता है। विज्ञान समाज की आवश्यक्ताओं की पूर्ति के साधन प्रदान करता है और इसके माध्यम से समाज के अभावों की पूर्ति हेतु संकल्पबद्ध मानवीय प्रयासों की महत्ती आवश्यक्ता है। संस्कृति विज्ञान को प्राण है और संस्कृति की संरक्षक और आध्यात्म में रची बची विभूतियां ही समाज को दिशाबोध दे सकती है। उन्होंने कहा कि विज्ञान ने शांतिपूर्ण प्रयोजनों के हेतु राकेट निर्माण किये, किन्तु यदि मानव उनका एवं रसायनिक शस्त्रार्थो का उपयोग विनाश के लिये करें, उसमें विज्ञान का कोई दोष नहीं है। विज्ञान और विवेक का सामंजस्य ही अन्ततोगत्वा मानवजाति को विनाश से बचा सकता है।

उन्होंने कहा कि जनसंख्या की विस्फोटक स्थिति इस सीमा तक पहुंच गई है कि पाइंट एक हैक्टर भूमि भी रहने के लिये नहीं बची है। ऐसी स्थिति में संस्कृति के उदात्त आध्यात्मिक, विचारक ही नैतिक मूल्यों की संस्थापना पर बल देकर नया दिशा बोध दे सकता है। उन्होंने यह कहा कि विज्ञान संस्कृति एवं समाज एक नैतिक चिन्तन के ताने बाने से ही संस्कृति का वस्त्र बुना जा सकता है।

व्याख्यानमाला की अध्यक्षता करते हुये सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आर.के.राय ने डा. कोठारी को महान विचारक, शिक्षाविद एवं विज्ञानवेत्ता बताया और यह कहा कि वे विज्ञान एवं संस्कृति के सुदृढ़ सेतु थे।

जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर एम.एस.अगवानी ने डा. कोठारी को प्रसिद्ध विज्ञानवेत्ता, संस्कृति का उन्नायक एवं समाज का प्रणेता बताया।

शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संस्था के कार्यो की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि डा. कोठारी द्वारा प्रस्थापित मानव मूल्यों को लेकर ही हम इक्कीसवीं सदी में प्रवेश करेंगे।

सौरवैधशाला के निदेशक प्रो. अरविन्द भटनागर ने प्रो. यू.आर.राव का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफेसर राव ने डा. कोठारी के चित्र का माल्यार्पण करके किया। अनन्त गणेश त्रिवेदी ने प्रो. राव को प्रकाश का प्रतीक सूर्य का स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी के सहायक निदेशक श्री इन्द्र प्रकाश श्रीमाली ने किया। धन्यवाद शिक्षाविद् श्री वी.पी.जोशी ने ज्ञापित किया।

इससे पूर्व देवाली स्थित सौर वैद्यशाला में 80 लाख रु. की लागत से निर्मित प्रयोगशाला भवन के उद्घाटन किया।

इस मौके पर उन्होंने विज्ञान को अन्ध विश्वासों से दूर रखने पर बल देते हुए वैद्यशाला के वैज्ञानिकों से आव्हान किया कि वे सौर भौतिकी के क्षेत्र में नये-नये सिद्धान्त प्रतिपादित कर उदयपुर का गौरव अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाने हेतु संकल्पबद्ध होकर कार्य करें क्योंकि यह वैद्यशाला विश्व की 6 और वैद्यशालाओं में से एक है।

सुखाड़िया विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. आर. के. राय ने वैद्यशाला के विकास के लिये सुस्पष्ट कार्य संस्कृति एवं समर्पण भावना को प्रबल बनाने की आवश्यता प्रतिवादित करते हुए आशा व्यक्त की कि उदयपुर की यह सौर वेद्यशाला सौर भौतिकी के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करेंगी और यहां के वैज्ञानिक आविष्कारों हेतु और तत्परता से कार्य करेंगे।

जिला कलक्टर डा. अशोक सिंघवी ने सौर वैद्यशाला के विकास में आवश्यक सहयोग देने के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए इसके कार्यो के बारे में छात्र-छात्राओं को अधिकतम जानकारी से अवगत कराने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होने इस बात पर खुशी जाहिर की कि खगोल विद्या के क्षेत्र में उदयपुर का नाम विश्व के मानचित्र पर अंकित है। उन्होने आशा व्यक्त की कि भविष्य में यह वैद्यशाला विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनकर विकसित होगी।

अहमदाबाद अंतरिक्ष विभाग के निदेशक प्रो. जी. एस. अग्रवाल ने उदयपुर की सौर वैद्यशाला में डा. अरविन्द भटनागर के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा इसके निर्माण व स्थापना के दिशा में उठाये गये कदम स्मरणीय रहेंगे। इस अवसर पर डा. अशोक सिंघवी अवस्थी, सुखदेव व्यास ने भी विचार रखे।

Rashtradoot
उदयपुर गुरुवार 18 अक्टूबर 2001
जयपुर . कोटा . बीकानेर . उदयपुर . अजमेर

असंतुलन के चलते समाज के हालात भयावह : प्रो. राव

-कार्यालय संवाददाता-

उदयपुर, 17 अक्टूबर। नैतिकता और विज्ञान जुड़कर ही संतुलित विकास कर सकते है। आज असंतुलन के चलते समाज के हालात भयावह बने है। यह विचार जाने माने अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रो. यू.आर. राव ने शांतिपीठ में आयोजित गोष्ठी में व्यक्त किये।

आध्यात्म, विज्ञान और संस्कृति विषय पर बोलते हुए उन्होने कहा कि लालच एव शक्ति प्रदर्शन के साथ आदमी अनुशासनहीनता हो चुका है जबकि पशु अपनी सीमाओं में अनुशासित है। विज्ञान हमें यथार्थ का बोध कराता है जबकि नैतिकता का हमें आत्मा से बोध करना होता है और दोनों का समन्वय हमेशा समाधानकारक होता है। प्रो. राव ने कहा कि प्राकृतिक दुखान्तिका हो चाहे मानव निर्मित, निर्दोष हीमारे जाते है। लाखों निर्दोषों के मरते मानवता की बाते सारहीन लगती है। उन्होने विश्व में परमाणु, रासायनिक व जैविक अस्त्रों के भण्डारण पर चिंता व्यक्त की। उन्होने कहा शक्ति प्रदर्शन का भाव जब तक व्यक्ति और राष्ट्रों में रहेगा तब तक शांति स्थापना में कठिनाई बनी रहेगी। बैठक में प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए प्रो. राव ने कहा कि नैतिकता के भी नये मापदण्ड तय करने होंगे। वैज्ञानिक प्रयोगों और मानवों के लिए पशुओं के अंगों का प्रत्यारोपण की नैतिक सीमा तय करनी होगी। मूल्यों व आदर्शों में निरन्तर हो रहे ह्रास पर चिन्ता व्यक्त करते हुए उन्होने कहा कि बच्चे हमारा भविष्य है। युवा पीढ़ी में मूल्यों के संस्कार दृढ़ किए जाएं। उन्होने कहा कि वर्तमान में टी. वी. से हिंसा का प्रदर्शन तथा एकल परिवार होना भी अशांति का कारण है। उन्होने कहा कि हमने पिछले कई वर्षों से हमारे सांस्कृतिक विरासत का अवमूल्यन किया है। हमारे पास क्षमता है, मेधा है फिर भी संयुक्त रुप से हम अपेक्षित उपलब्धि नहीं कर पा रहे है। इसके लिए आवश्यक है हमें हमारी धरोहर पर गर्व होना चाहिए। उन्होने क्षोभ व्यक्त किया है कि जो त्याग का भाव आजादी के पूर्व हमारे नेतृत्व से जुडेर लोगों में था। शनैः शनै उसका अवमूल्यन होता गया। त्याग की भावना से ही राष्ट्र निर्माण होता है।

महान संस्कृति व शास्त्रों के होते हुए भी विज्ञान के क्षेत्र में देश अपेक्षित उन्नति क्यों नही कर पाया तथा लोगों की सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण क्यों नहीं विकसित हो पाया जबकि पश्चिम में ऐसा हुआ। इस प्रश्न के उत्तर मे प्रो. राव ने कहा कि हमारे शास्त्रों में विज्ञान व कथा का समन्वय है। वह उस समय के सोच को व्यक्त करता था। लोगों ने इसे अंतिम सत्य मान लिया जबकि विज्ञान में अंतिम नहीं होता। हमने बदलती परिस्थिति में दृष्टिकोण नहीं बदला। समय के साथ विश्लेषण नहीं हुआ न हम समय के साथ बदले। यह धरोहर पश्चिम की ओर चली गई जिसका उन्होने परिशोधन कर आगे विकसित किया।

प्रो. राव ने कहा कि विज्ञान स्वयं कोई बात नही करता वह प्रकृति का अवलोकन कर अपनी सीमाओं में ही व्यक्त करता है इससे परे नही। उन्होने कहा बीग-बैंग के पूर्व की स्थिति रहस्य है। कुदरत का सौन्दर्य व्यक्त करते हुए कहा मकड़ी के जाले की संरचना बड़ी कठिन गुत्थी है तथा एक सुन्दर कृति है। उन्होने वर्तमान हालात पर भी आशावादी बने रहना आवश्यक माना चूंकि यह मनुष्य धर्म है। प्रो. राव ने डा. डी.एस. कोठारी का स्मरण करते हुए अपने संस्मरण का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके व्यक्तित्व की छाप मेरे मस्तिष्क पर अमिट है। प्रो. राव ने अध्यात्म और विज्ञान को लेकर शांतिपीठ के कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा इस दिशा में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

इससअवसर पर विचार व्यक्त करते हुए सौर वैज्ञानिक डा. अरविन्द भटनागर ने कहा कि वैज्ञानिक नास्तिक नहीं होता वह प्रकृति का उपासक होता है। उन्होने डा. कोठारी का उल्लेख करते हुए कहा कि वे आध्यात्म और विज्ञान के महान समन्वयक थे। उन्होने वर्तमान परिस्थितियों में विज्ञान को जीवन मूल्यों से जोड़कर सतत कार्य करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। इस अवसरपर शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विज्ञान, अध्यात्मक व संस्कृति संबंधी शोध व प्रशिक्षण योजना को विस्तृत रुप से व्यक्त किया। उन्होने शांति, संस्कृति व अहिंसा दशाब्दि के कार्यक्रम पर भी विचार रखे।

संवाद गोष्ठी में सिविल अभियंता ए. के. शर्मा, साहित्यकार ओंकार, प्रो.जी. एल. मेनारिया, प्रो. बी. एल. शर्मा, इन्द्रदेव जोशी ने भी विचार व्यक्त किये।

नैतिकता और विज्ञान के समन्वय से ही संतुलित विकास : राव

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 17 अक्टूबर। नैतिकता और विज्ञान जुड़कर ही संतुलित विकास कर सकते है। आज असंतुलन के चलते समाज के हालात भयावह बने है। यह विचार जाने माने अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रो. यू.आर. राव ने शांतिपीठ में आयोजित गोष्ठी में व्यक्त किए। आध्यात्म, विज्ञान और संस्कृति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि लालच व शक्ति प्रदर्शन के साथ आदमी अनुशासनहीन हो चुका है, जबकि पशु अपनी सीमाओं में अनुशासित है। विज्ञान हमें यथार्थ बोध कराता है जबकि नैतिकता का हमें आत्मा से बोध करना होता है और दोनों का समन्वय हमेशा समाधानकारक होता है। महान संस्कृति व शास्त्रों के होते हुए भी विज्ञान के क्षेत्र में देश अपेक्षित उन्नति क्यों नहीं कर पाया तथा लोगों की सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण क्यों नहीं विकसित हो पाया, जबकि पश्चिम में ऐसा हुआ। इस प्रश्न के उत्तर में प्रो. राव ने कहा कि हमारे शास्त्रों में विज्ञान व कथा का समन्वय है। वह उस समय के सोच को व्यक्त करता था। लोगो ने इसे अंतिम सत्य मान लिया, जबकि विज्ञान में अंतिम नहीं होता। हमने बदलती परिस्थिति में दृष्टिकोण नहीं बदला। समय के साथ विश्लेषण नहीं हुआ, न हम समय के साथ बदले। यह धरोहर पश्चिम की ओर चली गई। जिसका उन्होंने परिशोधन कर आगे विकसित किया। हमारा महान आध्यात्मिक सत्य रूढ़ियों में फंस गया। जिज्ञासा प्रवाह, तार्किक विश्लेषण तथा गुरु-शिष्यों के बीच प्रति प्रश्नों के अभाव में वैज्ञानिक उद्दीपन को क्षीण कर दिया। तर्क व शोध पर अधिक ध्यान नहीं दिया गया न ही प्रोत्साहन मिला। इस अवसर विचार व्यक्त करते हुए सौर वैज्ञानिक डा. अरविंद भटनागर ने कहा कि वैज्ञानिक नास्तिक नहीं होता वह प्रकृति का उपासक होता है। उन्होंने डा. कोठारी का उल्लेख करते हुए कहा कि वे अध्यात्म और विज्ञान के महान समन्वयक थे। इस अवसर पर शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विज्ञान, अध्यात्मक व संस्कृति संबंधी शोध व प्रशिक्षण योजना का विस्तृत रूप से व्यक्त किया। प्रारंभ में प्रो. राव का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संवाद गोष्ठी में ए.के. शर्मा, साहित्यकार ओंकार श्री, प्रो. जी.एल. मेनारिया, प्रो. बी.एल. शर्मा, इन्द्रदेव जोशी ने भी विचार व्यक्त किए। शांतिपीठ के मंजूर अहमद ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 18 अक्टूबर 2001

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 8 जुलाई 2000

डॉ. कोठारी पर मार्ग के नामकरण की मांग

'वैज्ञानिक प्रगति के साथ आध्यात्मिक आदर्शों को बढ़ावा मिले'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 7 जुलाई। विज्ञान के क्षेत्र में हो रही प्रगति के अनुरूप आध्यात्मिक आदर्शों को भी गति देने से ही मानव समुदाय का सुखद भविष्य आश्वस्त हो सकता है। इसी से मानव सभ्यता के अस्तित्व के संकट की आशंका को भी निष्प्रभावी किया जा सकता है।

उक्त विचार शुक्रवार को यहां वैज्ञानिक शिक्षाविद् डॉ. दौलत सिंह कोठारी की जन्मतिथि के उपलक्ष्य में 'शांतिपीठ' संस्था की ओर से आयोजित विचार गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने रखे।

वयोवृद्ध स्वाधीनता सेनानी मास्टर बलवंत सिंह मेहता ने डॉ. कोठारी को सच्चा अहिंसावादी तथा विश्व का महान वैज्ञानिक बताया। उन्होंने कहा पाकिस्तान के साथ द्वितीय युद्ध की विजय के लिए कोठारी को सदैव याद रखा जाएगा जिन्होंने ऐसे आयुध का आविष्कार किया जिसने पाक के पेटेंट टैंकों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा डॉ. कोठारी ने गांधी और गीता के चिन्तन को जीवन में उतारा। अंतिम समय में भगवत गीता की प्रति ही उनके सिरहाने मिली।

अध्यक्ष पद से मोहन सिंह कोठारी ने कहा- डॉ. कोठारी पूर्ण वैज्ञानिक थे। आधुनिक विज्ञान आज जहां पहुंचा है और जहां तक पहुंचने की संभावना बन चुकी है, इसकी परिकल्पना डॉ. कोठारी के चिन्तन में व्यक्त है। उन्होंने कहा, आधुनिक विज्ञान की ऊंचाई ने उपनिषदों के चिन्तन के द्वार में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा कोठारी को यथार्थ में समझने से बहुआयामी समस्याएं स्वतः हल होंगी।

सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि मेवाड़ ने विश्वविख्यात वैज्ञानिक पैदा कर हमें गौरवान्वित किया है। उन्होंने विज्ञान को अध्यात्म से जोड़ कर इसे मानव कल्याण की ओर दिशा दी है। भटनागर ने नगर परिषद से आग्रह किया कि किसी प्रमुख चौराहे पर डॉ. कोठारी की आदमकद प्रतिमा लगाई जानी चाहिए। इस आशय का बैठक में एक सर्वसम्मत प्रस्ताव भी पारित किया गया। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि मानव समाज आज रूपान्तरण की प्रक्रिया के दौर से गुजर रहा है और इस दिशा में डॉ. कोठारी ने सावचेत करते हुए कहा था कि मानव जाति चाहे तो उस मार्ग को चुन सकती है जो विज्ञान और अहिंसा के समन्वय से बनने वाली सुन्दर दुनियां की ओर ले जाता है जबकि दूसरा रास्ता सामूहिक आत्मघात की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक प्रगति से ही विज्ञान को कल्याणकारी बनाया जा सकता है। डॉ. कोठारी ने दोनों को एक दूसरे का पूरक ही कहा है। त्रिवेदी ने कहा कि वैश्वीकरण और आणविक निःशस्त्रीकरण के अभियान को वसुधैव कुटुम्बकम् के आदर्श को अपनाने की आवश्यकता है। अन्यथा यह विकसित राष्ट्रों का नारा मात्र बन कर रह सकता है। प्रो. बी.एल. समदानी ने कहा, डॉ. कोठारी ने गांधी चिन्तन को ही आगे बढ़ाया है। समाजसेवी भोपाल सिंह कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

हज यात्रा के आवेदन पत्र उपलब्ध

उदयपुर, 7 जुलाई [वि]। अगले वर्ष हज यात्रा पर जाने के इच्छुक लोगों के लिए आवेदन पत्र अंजुमन तालीमुल इस्लाम के चूड़ीगरों की मुस्जिद स्थित कार्यालय में उपलब्ध है। संस्था के सचिव हाजी करीमुद्दीन शेख ने बताया कि आवेदन पत्र चौखला बाजार में जुल्फिकार कुरैशी के यहां से भी लिए जा सकते हैं। आवेदन पत्र 8 जुलाई से सुबह 10 से 12 और शाम 4 से 6 बजे तक बीच-प्राप्त किया जा सकता है। ये आवेदन पत्र 5 अगस्त तक भरे जाएंगे।

दैनिक नवज्योति
8 जुलाई, 2000

विज्ञान के साथ आध्यात्मिक आदर्शों को गति देने से मानव समुदाय का भविष्य सुखद

उदयपुर, 7 जुलाई (न्यूज सर्विस)। विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति के अनुरूप आध्यात्मिक आदर्शों को भी गति देने से ही मानव समुदाय का सुखदभविष्य आश्वस्त हो सकता है तथा अस्तित्व के संकट की आशंका को निर्मूल किया जा सकता है।

यह विचार वैज्ञानिक, शिक्षाविद स्व. दौलत सिंह कोठारी की जन्मतिथि पर शान्तिपीठ द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में व्यक्त किए गए। श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए वयोवृद्ध स्वाधीनता सैनानी मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने डॉ. कोठारी को सच्चा अहिंसावादी वैज्ञानिक तथा विश्व का महान वैज्ञानिक बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ द्वितीय युद्ध की विजय के लिए कोठारी को सदैव याद रखा जाएगा, जिन्होंने ऐसा आयुध का आविष्कार किया जिसने पाक के पेटेंट टैंकों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. कोठारी ने गांधी और गीता के चिन्तन को जीवन मे उतारा। अन्तिम समय में गीता की प्रति ही उनके सिराहने मिली। अध्यक्षीय उद्बोधन में चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि डॉ. कोठारी पूर्ण वैज्ञानिक थे। आधुनिक

स्व. दौलतसिंह कोठारी को श्रद्धा सुमन अर्पित

विज्ञान आज जहां पहुंचा है और जहां तक पहुंचने की सम्भावना बन चुकी है, इसकी परिकल्पना डॉ. कोठारी के चिन्तन में व्यक्त है। उन्होंने कहा आधुनिक विज्ञान की ऊंचाई ने उपनिषदों के चिन्तन के द्वार में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा कि कोठारी को यथार्थ में समझने से बहुआयामी समस्याएं स्वत: हल होगी।

सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि मेवाड़ ने विश्वविख्यात वैज्ञानिक पैदा कर हमें गौरवान्वित किया है। उन्होंने विज्ञान को अध्यात्मक से जोड़कर इसे मानव कल्याण की ओर दिशा दी है। डॉ. भटनागर ने नगर परिषद से आग्रह किया है कि किसी प्रमुख चौराहे पर डॉ. कोठारी की आदमकद प्रतिमा लगाई जानी चाहिए। प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि मानव समाज आज रूपान्तरण की प्रक्रिया के दौर से गुजर रहा है और इस दिशा में डॉ. कोठारी ने सावचेत करते हुए कहा था कि मानव जाति चाहे तो उस मार्ग को चुन सकती है जो विज्ञान और अहिंसा के समन्वय से बनने वाली सुन्दर दुनिया की ओर ले जाती है, जबकि दूसरा रास्ता सामूहिक आत्मघात की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक प्रगति से ही विज्ञान को कल्याणकारी बनाया जा सकता है। डॉ. कोठारी ने दोनों को एक-दूसरे का पूरक ही कहा है।

त्रिवेदी ने कहा है कि वैश्वीकरण और आणविक निशस्त्रीकरण के अभियान को वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श को अपनाने की आवश्यकता है अन्यथा यह विकसित राष्ट्रों का नारा मात्र बनकर रह सकता है। प्रो. बी.एल. समदानी ने कहा कि डॉ. कोठारी ने गांधी चिन्तन को ही आगे बढ़ाया है। इस अवसर पर सर्व सम्मति से नगर परिषद उदयपुर को आग्रह किया गया कि किसी प्रमुख मार्ग का नाम डॉ. कोठारी से किया जाए। समाजसेवी भोपाल सिंह कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

उदयपुर
Rashtradoot
उदयपुर शनिवार 8 जुलाई 2000

डा. कोठारी ने गांधी और गीता के चिंतन को जीवन में उतारा-मेहता

उदयपुर, 7 जुलाई, (का.सं.)। विज्ञान की क्षेत्र में द्रुत गति से हो रही प्रगति के अनुरुप अध्यात्मिक आदर्शो को भी गति देने से ही मानव समुदाय का सुखद भविष्य आश्वस्त हो सकता हैं तथा अस्तित्व के संकट की आशंका को निर्मूल किया जा सकता हैं। ये विचार गुरुवार को वैज्ञानिक शिक्षाविद् डा. दौलतसिंह कोठारी की जन्मतिथि पर शान्तिपीठ द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में व्यक्त किये गये।

डा. कोठारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वयोवृद्ध स्वाधीनता सैनानी मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने डा. कोठारी को सच्चा अहिंसावादी वैज्ञानिक तथा विश्व का महान वैज्ञानिक बताया। उन्होंने कहा पाकिस्तान के साथ द्वितीय युद्ध की विजय के लिये कोठारी को सदैव याद रखा जायगा जिन्होंने ऐसा आयुध का आविष्कार किया जिसने पाक के पेटेंट टैंकों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा डा. कोठारी ने गांधी और गीता के चिन्तन को जीवन में उतारा। अन्तिम समय में भगवत गीता को प्रति ही उनके सिराहने मिली।

अध्यक्षीय उद्‌बोधन में चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने कहा डा. कोठारी पूर्ण वैज्ञानिक थे। आधुनिक विज्ञान आज जहां पहुंचा हैं और जहां तक पहुंचने की सम्भावना बन चुकी हैं इसकी परिकल्पना डा. कोठारी के चिन्तन में व्यक्त हैं। उन्होंने कहा आधुनिक विज्ञान की ऊंचाई ने उपनिषदों के चिन्तन के द्वार में प्रवेश कर लिया हैं। उन्होंने कहा कोठारी को यथार्थ में समझने से बहुआयामी समस्याएं स्वतः हल होगी।

सौर वैज्ञानिक डा. अरविन्द भटनागर ने कहा कि मेवाड़ ने विश्वविख्यात वैज्ञानिक पैदा कर हमें गौरवान्वित किया हैं। उन्होंने विज्ञान को अध्यात्म से जोड़ कर इसे मानव कल्याण की ओर दिशा दी हैं। डा. भटनागर ने नगर परिषद् से आग्रह किया कि किसी प्रमुख चौराहे पर डा. कोठारी की आदमकद प्रतिमा लगाई जानी चाहिये।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि मानव समाज आज रुपान्तरण की प्रक्रिया के दौर से गुजर रहा हैं और इस दिशा में डा. कोठारी ने सावचेत करते हुए कहा था कि मानव जाति चाहे तो उस मार्ग को चुन सकती हैं जो विज्ञान और अहिंसा के समन्वय से बनने वाली सुन्दर दुनियां की ओर ले जाता हैं जबकि दूसरा सामूहिक आत्मघात की ओर ले जाता हैं। उन्होंने कहा आध्यात्मिक प्रगति से ही विज्ञान को कल्याणकारी बनाया जा सकता हैं। त्रिवेदी ने कहा कि वैश्वीकरण और आणविक निःशस्त्रीकरण के अभियान को वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श को अपनाने की आवश्यकता हैं अन्यथा यह विकसित राष्ट्रों का नारा मात्र बन कर रह सकता हैं। प्रो. बी. एल. समदानी ने कहा डा. कोठारी ने गांधी चिन्तन को ही आगे बढाया हैं। इस अवसर पर सर्व सम्मति से नगर परिषद् उदयपुर को आग्रह किया गया कि किसी प्रमुख मार्ग का नाम डा. कोठारी से किया जाय। समाज सेवी भोपाल सिंह कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, आषाढ़, शुक्ला सप्तमी, विक्रम संवत 2057, शनिवार 8 जुलाई 2000

विज्ञान के साथ आध्यात्मिक प्रगति भी जरूरी

नगर संवाददाता

उदयपुर, 7 जुलाई। विज्ञान के क्षेत्र में द्रुत गति से हो रही प्रगति के अनुरूप आध्यात्मिक आदर्शों को भी गति देने से ही मानव समुदाय का सुखद भविष्य आश्वस्त हो सकता है तथा अस्तित्व के संकट की आशंका को निर्मूल किया जा सकता है। ये विचार गुरुवार को वैज्ञानिक तथा शिक्षाविद डा. दौलतसिंह कोठारी की जन्मतिथि पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में उभर कर आए।

गोष्ठी में वयोवृद्ध स्वाधीनता सेनानी मास्टर बलवतसिंह महता ने डा. कोठारी को सच्चा अहिंसावादी तथा विश्व का महान वैज्ञानिक बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ द्वितीय युद्ध की विजय के लिए कोठारी को सदैव याद रखा जाएगा, जिन्होंने आयुध का आविष्कार किया, जिसने पाक के पेटेंट टैंकों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा डा. कोठारी ने गांधी और गीता के चिंतन को जीवन में उतारा। अंतिम समय में भागवत गीता की प्रति ही उनके सिराहने मिली। अध्यक्षीय उदबोधन में मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि डा. कोठारी पूर्ण वैज्ञानिक थे। आधुनिक विज्ञान आज जहां पहुंचा है और जहां तक पहुंचने की संभावना बन चुकी है, इसकी परिकल्पना डा. कोठारी के चिंतन में व्यक्त है। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान की ऊंचाई ने उपनिषदों के चिंतन के द्वार में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा, कोठारी को यथार्थ में समझने से बहुआयामी समस्याएं स्वत: हल होंगी।

सौर वैज्ञानिक डा. अरविंद भटनागर ने कहा कि मेवाड़ ने विश्वविख्यात वैज्ञानिक पैदा कर हमें गौरवान्वित किया है। उन्होंने विज्ञान को अध्यात्म से जोड़ कर इसे मानव कल्याण की ओर दिशा दी है। डा. भटनागर ने नगर परिषद से आग्रह किया कि किसी प्रमुख चौराहे पर डा. कोठारी की आदमकद प्रतिमा लगाई जाए।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि मानव समाज आज रूपांतरण की प्रक्रिया के दौर से गुजर रहा है और इस दिशा में डा. कोठारी ने सावचेत करते हुए कहा था कि मानव जाति चाहे तो उस मार्ग को चुन सकती है, जो विज्ञान और अहिंसा के समन्वय से बनने वाली सुंदर दुनिया की ओर ले जाता है, जबकि दूसरा रास्ता सामूहिक आत्मघात की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक प्रगति से ही विज्ञान को कल्याणकारी बनाया जा सकता है। डा. कोठारी ने दोनों को एक-दूसरे का पूरक कहा है। त्रिवेदी ने कहा कि वैश्वीकरण और आणविक निःशस्त्रीकरण के अभियान को वसुधैव कुटुंबकम के आदर्श के साथ अपनाने की आवश्यकता है

जय राजस्थान दैनिक
6 फरवरी 2003 : वार – गुरूवार

अधुरी वैज्ञानिक मानसिकता ही समस्या है

उदयपुर, 5 फरवरी। अध्यात्म, विज्ञान व संस्कृति के अविभाज्य प्रयासा से हो एक खुशहाल विश्व निर्माण का स्वप्न साकार किया जा सकता है और मानवता का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उक्त विचार आज अध्यात्म- विज्ञान मनिशि डॉ. दौलत सिंह कोठारी की दसवीं पुण्य तिथि पर शांतिपीठ में आयोजित विचार गोष्ठी में कई वक्ताओं ने व्यक्त किये तथा कोठारी का पुष्पांजलि अर्पित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता भौतिकविद् प्रो. यू.एन. उपाध्याय ने की।

विचार व्यक्त करते हुए चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि आज वैज्ञानिक मानसिकता का युग है समस्या यह नहीं है कि वैज्ञानिक मानसिकता से संस्कृति का लोप हो रहा है। अपितु समस्या का कारण अधुरी वैज्ञानिक मानसिकता है। उन्होंने कहा आईन्सटाइन, डॉ.कोठारी ओर प्रो. कलाम जेस महापुरूष पूर्ण वैज्ञानिक मानसिकता के उदाहरण है। उन्होंने कहा अध्यात्म की आवश्यकता आयु के अंत में नहीं अपितु किशोरावस्था से है तबही जाकर जीवन की सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि जो विज्ञान मनुष्य जाति को सुरक्षित भविष्य की गारन्टी दे और आनन्द में अभीवृद्धि करे वह विज्ञान है, अन्यथा वह विनाश की तैयारी है। हम विज्ञान को अध्यात्म से अलग करके नये विश्व निर्माण की कल्पना नहीं कर सकते। डॉ. कोठारी ने मानव जाति को आगाह किया था कि एक रास्ता परमाणु अस्त्रों के भंवर में फंसकर विनाश की और ले जाता है जबकि अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय वाला रास्ता स्वर्णिम विश्व निर्माण की ओर ले जाता है।

सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने कहा कि डॉ. कोठारी सैद्धांतिक भौतिकी के प्रकाण्ड विद्वान थे। वैज्ञानिक वर्ग डॉ. कोठारी का सदैव ऋणी होगा। वरिष्ठ साहित्यकार ओंकार ने कहा कि डॉ. कोठारी की मान्यता थी कि संस्कृति विहीन विकास का भविष्य असुरक्षित है। उन्होंने नीति निर्धारण की आवश्यकता की। विनय कोठारी ने कहा कि डॉ. कोठारी जैसा कहते थे वैसा जीते थे। कोठारी के इस आर्दश को विद्यार्थीयों के जीवन से जोड़ना चाहिए। इस अवसर पर हरनाथ सिंह भंसाली, श्रीमती सुधा, शिक्षाविद् एस.एस. माथुर, पण्डित मुरलीधर जोशी, श्रीमती उपाध्याय, श्रीमती निर्मला माथुर, अनिल चतुर्वेदी ने भी विचार व्यक्त किये। शांतिपीठ की ओर से अश्विनि सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य मास्टर बलवंत सिंह मेहता व अंतरिक्ष युवा वैज्ञानिक कल्पना चावला को श्रृद्धाजंलि अर्पित की गई।



डा. कोठारी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते अतिथि।

डा. कोठारी की पुण्य-तिथि पर विचार गोष्ठी

उदयपुर, 4 फर. (वि.)। विज्ञान मनिषी डा. दौलत सिंह कोठारी की 10 वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को सरदारपुरा स्थित शांतिपीठ में विचार गोष्ठी तथा पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता भौतिकविद प्रो. यू. एस. उपाध्याय ने की। शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि हम विज्ञान को अध्यात्म से अलग कर के नये विश्व निर्माण की कल्पना नहीं कर सकते। डा. कोठारी ने मानव जाति को आगाह किया था कि एक रास्ता परमाणु अस्त्रों के भंवर में फंसकर विनाश की ओर ले जाता है, जबकि अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय वाला रास्ता स्वर्णिम विश्व निर्माण की ओर ले जाता है।

सौर वैज्ञानिक डा. अरविंद भटनागर ने डा. कोठारी की शिक्षा को लागू करने का प्रयास आज की प्रमुख आवश्यक बताया।

चिंतक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि "आज वैज्ञानिक मानसिकता का युग है। समस्या यह नहीं है कि वैज्ञानिक मानसिकता से संस्कृति का लोप हो रहा है अपितु समस्या का कारण अधूरी वैज्ञानिक मानसिकता है।" उन्होंने कहा आइन्सटाइन, डॉ. कोठारी और प्रो. कलाम जैसे महापुरुष पूर्ण वैज्ञानिक मानसिकता के उदाहरण है। उन्होंने कहा अध्यात्म की आवश्यकता आयु के अंत में नही अपितु किशोरावस्था से है, तब ही जाकर जीवन की सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

इस अवसर पर हरनाथ सिंह भंसाली, सुधा, एस.एस. माथुर, पंडित मुरलीधर जोशी, निर्मला माथुर तथा अनिल चतुर्वेदी ने भी विचार व्यक्त किये। अंत में अश्विनी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रातःकाल
माघ शुक्ला 4 बुधवार दिनांक 5 फरवरी 2003

विज्ञान को नियामक की जरूरत- डॉ. कस्तूरीरंगन

उदयपुर, 4 मार्च। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. कस्तूरीरंगन ने कहा है कि विज्ञान के क्षेत्र में होने वाली प्रगति के लाभ सर्वविदित हैं लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि इसके दुष्परिणाम समाज के वंचित वर्ग को ही भुगतने पड़ते हैं। ऐसे में वैज्ञानिक प्रगति बड़ा नैतिक सवाल खड़ा करती है। कौनसी वैज्ञानिक उपलब्धि नैतिकता की दृष्टि से स्वीकार्य है और कौनसी नहीं इसके लिए वास्तव में अब विज्ञान को भी एक नियामक सत्ता (गवर्नर) की आवश्यकता है। डॉ. कस्तूरीरंगन गुरूवार को यहां रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के सभागार में देश के प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. डी.एस. कोठारी की स्मृति में शांतिपीठ द्वारा आयोजित व्याख्यानमाला का पंचम व्याख्यान दे रहे थे। विज्ञान और नैतिकता विषय पर बोलते हुए डॉ. कस्तूरीरंगन ने अंतरिक्ष विज्ञान, मानवीय मूल्यों, नैतिकता एवं समाज पर उसका प्रभाव जैसे कई संवेदनशील बिंदुओं को छुआ और डॉ. कोठारी के इन शब्दों उद्धृत किया कि विज्ञान के उत्कर्ष का चरम बिन्दू उसी दिन आएगा जब विज्ञान उपनिषदों में प्रतिपादित ज्ञान को आत्मसात कर लेगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल उत्कृष्टता को ही मान्यता देता है। इस शब्द ने वैज्ञानिकों पर बड़ी जिम्मेदारी डाल दी है। विकास के हर क्षेत्र में अब विज्ञान की पवित्रता को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि वैज्ञानिक उपलब्धियां समाजोपयोगी बनें।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 5 मार्च 2004

विज्ञान को नियामक की जरूरत- डॉ. कस्तूरीरंगन

वैज्ञानिकों को मूल्य निरपेक्ष विज्ञान के स्थान पर मूल्य अनुप्राणित विज्ञान की दिशा में प्रयास करने होंगे। आज वैज्ञानिक शोध व्यक्तिगत न रह कर सामूहिक प्रयास बन गए है इसलिए नैतिक उत्तरदायित्व भी सामूहिक होना चाहिए। ऐसे सामूहिक शोध के लिए उपलब्ध वित्तीय संसाधन सीमित है। इन सामूहिक शोधकार्यों के लिए धन तथा अन्य संसाधन उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं पर निर्भरता बढ़ गई है। इन कठिन परिस्थितियों में वैज्ञानिकों को ध्यान में रखना है कि उनकी शोध के परिणाम सामूहिक क्षेत्र में न्यायसंगत बने। विज्ञान के विभिन्न विषयों को छूते हुए उन्होंने कहा कि जैव अनुवांशिकी में स्टेम कोशिका से क्लोन तैयार किए जा रहे हैं। डॉ. कस्तूरीरंगन ने जीन्स तथा आनुवांशिकी के क्षेत्र में प्रगति के हवाले से बताया कि हमारे मानवीय जीन्स का संरचना तंत्र है। मानव क्लोन पहले से नियंत्रित आनुवांशिक तत्वों से नियंत्रित है। इस प्रकार यह भी संभव है कि हमारी चेतना भी पूर्व निर्धारित तथा प्रायोजित अंशों का एक संगठन मात्र बन कर रह जाए। इसको लेकर ही समाज में कई नैतिक सवाल उठ खड़े हुए हैं। इस पद्धति को विकसित करने वाले वैज्ञानिक स्वयं नहीं जानते की इसके 15-20 साल बाद क्या परिणाम होंगे। इसमें जो विसंगतियां विकसित होंगी उन्हें कैसे दूर किया जाएगा। ट्रांसजैनिक बीज से फसलें तो तैयार की जा रही है। लेकिन उसका मानव जीवन के जीन्स पर क्या अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा और उसका निराकरण कैसे होगा। ये सारे सवाल आज मुंह बाये खड़े है। इसी तरह सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सूचना का प्रचुर भण्डार डेटा बेस उपलब्ध करा दिया गया है, जो प्रत्येक कन्ट्रोल सिस्टम के लिए जरूरी हो गया है लेकिन उस पर अगर नियंत्रण नहीं होगा तो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को कभी भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में गंभीर चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. कस्तूरीरंगन ने अंतरिक्ष में क्षेत्राधिकार के प्रश्न पर कहा कि जब कई देश अंतरिक्ष में शोध करने के लिए सक्षम हो जाएंगे तो क्षेत्राधिकार की समस्या संघर्ष का रूप धर सकती है। इसी तरह उपग्रह फोटोग्राफी तकनीक से हम उपग्रह के माध्यम से बहुत छोटे से भू भाग का स्पष्ट छायांकन कर सकते हैं। इससे अनेक लाभ है लेकिन इस प्रणाली से व्यक्ति के अपने निवास की गोपनीयता भंग होती है। उसके व्यक्तिगत क्षेत्र का उल्लंघन होता है। संचार वृत्त की समस्या पर उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में चक्कर लगा रहे संचार उपग्रह एक वृत्त में उपस्थित हैं। अभी तो इस अंतरिक्ष वृत्त में और उपग्रहों के लिए स्थान उपलब्ध है लेकिन भविष्य में यहां भी रिक्त स्थान भर जाने से संचार उपग्रह की समस्या अंतरिक्ष में एक नए संघर्ष को जन्म दे सकती है। इसी तरह ग्रीन हाउस के प्रभाव को लेकर डॉ. कस्तूरीरंगन ने कहा कि धनी देशों की औद्योगिक इकाईयों द्वारा वातावरण में छोड़ी जाने वाली अनेक जहरीली गैसों से वायुमंडल की रक्षक ओजोन परत में छिद्र हो गया है। इसका दुष्परिणाम गरीब जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विडम्बना यही है कि विज्ञान की प्रगति का बुरा प्रभाव वंचित वर्ग को ज्यादा भुगतना पड़ रहा है इसलिए यह प्रगति एक बड़े नैतिक प्रश्न को रेखांकित करती है जिसका हल विज्ञान को नैतिकता से आबद्ध करना ही हो सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सार्वजनिक निर्माण मंत्री गुलाबचन्द कटारिया ने कहा कि विज्ञान व्यक्ति के विकास में है। उन्होंने एक अनसुलझे प्रश्न को सभागार में रखते हुए कहा कि विज्ञान कहता है कि खानों से पर्यावरण दूषित होता है लेकिन मेवाड़ जैसे आदिवासी क्षेत्र में रोजगार का अहम साधन ही खान एवं खनन है। बार-बार इन पर प्रतिबन्ध की बात करके गरीब की रोटी छीन कर हम किस पर्यावरण की बात कर रहे हैं। बिना रोजगार के अच्छे पर्यावरण को लेकर कौन चलेगा। प्रारम्भ में शांतिपीठ के अध्यक्ष अनन्त गणेश त्रिवेदी ने डॉ. दौलत सिंह कोठारी का श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए शांतिपीठ के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। घनश्याम सिंह कृष्णावत ने कहा कि अब समाज ही विज्ञान एवं अनुसंधान का सकारात्मक उपयोग करें। रेलवे ट्रेनिंग स्कूल के प्राचार्य आर.एस. मीणा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन शांतिपीठ की सलाहकार समिति के सदस्य मोहनसिंह कोठारी ने दिया। संचालन अरूण जकारिया ने किया। समारोह में पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता, सौर वैज्ञानिक अरविन्द भटनागर, रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के छात्र, अध्यापक, अधिकारी सहित कई प्रबुद्ध नागरिकगण उपस्थित थे।(कासं)



Peace prayer at Gulab-bag on conflict between Iraq and Quait (1991)





Peace Rally



Observance of the Hiroshima Catastrophe







Peace March by the students from various Govt. and non Govt. schools of Udaipur 1994



The participants committing their resolve for Environmental Care, Nuclear Disarmament and Peace



The Peace assembly



Youth (collage and school students) on Peace March from Gujrat Vidyapeeth to Sabarmati Ashram, Ahmedabad



Peace conference at Sabarmati Ashram





Shri Anant Ganesh discussing peace activities with Dr. Karan Singh (5th Jan. 1991) at Udaipur, Shri Rajiv Lodha looks on



Dr. Karan Singh addressing conference on "Terror Free World" at Gandhi Smriti 6th August 2008



Shri Anant Ganesh welcoming Dr. Karan Singh in the conference



Shri Vasant Sathe addressing
UNO Foundation Day conference





The Audience



Hiroshima Day Peace March led by the youth from Japan and Dist. Collector Shri Prem Singh Mehra (1999)



The Peace assembly





Shri Anant Ganesh Trivedi
paying homage to Mahatama Gandhi
with the participants of
"Atank Vimukti Chetana Yatra"
from Udaipur to Rajghat
and praying for peace on 06.08.2008.







Peace March participated by students, teachers and people from variour walks of life (1989)







Praying for Peace





Peace Rally



Shri AG Trivedi addressing the peace conference



Shri AG Trivedi addressing the peace conference






शान्तिपीठ भारत
उदयपुर





UN Day conference at Shantipeeth in 2003







Hiroshima Day (1998)



Observance of
Hiroshima Day (2009)



Prof. Goswami from
Delhi University addressing
the Peace assembly



Shri Anant Ganesh discussing peace endeavours with Shri Sunil Dutt (1990)





Shri Dutt with members, Shantipeeth



Shri Sunil Dutt on the 50th anniversary of Hiroshima Holocaust observed at Udaipur







Smt. Sandhya welcoming
Dr. Girja Vyas at the
UNO foundation Day celebration



Shri Anant Ganesh in
some informal conversation
with Dr. Girja Vyas



Prof. DS Kothari amdist
the 'Satsang Mandal'



Peace March led by chairman
municipal council,
Shri Ravindra Shrimali and
Jila Pramuka Shri KC Labana (2007)



Shri Anant Ganesh addressing
peace seminar (2003)









Shri Mahantji and Amil Saheb, Udaipur addressing the participants of 'Atank Vimukti Chetna Yatra' from Udaiupur to Sabarmati Ashram, Ahmedabad (5th August 2006)


शान्तिपीठ, भारत
हिरोशिमा स्मृति दिवस


हिरोशिमा स्मृति दिवस
शांति-कच


सद्भाव एवं आतंक मुक्ति यात्रा
उदयपुर से साबरमती
शान्तिपीठ, भारत



Shri Sunil Dutt on Peace March at Udaipur 6th August 1995



Shri Sunil Dutt at Shantipeth, planting a sapling with Dr. Sangam Mishra and Shri A.G. Trivedi



Shri Sunil Dutt at Moti Magri



Shri Dutt at Shantipeeth





Dr. Girja Vyas addressing the Peace Conference (1989)



Peace March led by Dist. Collector, Shri VC Sharma (1996)





Observance of the Hiroshima Day (1992)



The students presenting Peace Song





Hiroshima Day (2002)



Peace March 1999





Observance of Hiroshima Day 1989






YOUNG ENVIRONMENT CONGRESS-2006
23 FEB.2006
उत्तर पश्चिम रेलवे
NORTH WESTERN RAILWAY
क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान
ZONAL RAILWAY TRAINING INSTI




शान्तिपीठ
उदयपुर
UN- Day



Dr. PL Agarwal, Ex. Chairman, Steel Authority of India addressing the youth Peace conference



The participants



Former foreign Secretary Dr. Jagat S. Mehta addressing the youth



Shri AG Trivedi welcoming Shri Bhaichand Patel, Chief of UN Mission in India and Dr. Jagat S. Mehta in the Peace Conference 1989









Hirishima Day 2005







The peace assembly of the youths



Shri Anant G. Trivedi having informal discussion with Chairman Municipal Council, Shri Ravindra Shrimali and Jila Pramukh Shri KC Labana prior to the Peace March



UNO Day conference



Children Day celebration



Prayer meeting for the children kiled in the terrorist attack in Beslan, Rusia (8th September 2004)

Education for Peace and International Understanding

Education for Peace and International Understanding



Education for Peace and International Understanding

Shantipeeth has been zealously striving to create awareness for Peace and Nuclear Disarmament specially among the youth since its inception. The organization has endeavoured to educate the youth for peaceful co-existence, world fraternity, human rights and sense of development as enlightened and responsible citizens since 1986. More than a million youth specially the school children have participated in various conferences, training camps, workshops, field visits, rallies, etc. organized under the auspices of Shantipeeth for the last twenty five years. The youth have tried to learn public participation in the efforts to maintain world peace and in understanding UN's role and its initiatives in sustainable development, environment and heritage conservation, harmony and conflict resolutions world over. They have become aware that perhaps the gravest and most immediate danger is that of a nuclear war. The stock pile of nuclear weapons is equivalent to more than a million Hiroshima bombs with a total explosive power of about 20,000 megatons of TNT - more than enough to annihilate human civilization many times over. The stockpile is still increasing in quantity and quality. The youth have appealed to the Govt. of India, the USA, Russia and the other countries and the UN to augment the way towards Nuclear Disarmament.

On various international conflicts and events Shantipeeth has taken initiative to gather the strength of public opinion and eloquently communicated its well considered and widely supported views to various organisaitions and agencies including the UNO.

Shantipeeth organized Awareness 'Yatras' against Terrorism in 2006 in Gujrat state and from Udaipur to Raj Ghat, New Delhi in 2008. It has spread the Mission of Peace in the various parts of India and abroad too.

As an important part of the Mission, the organization has developed a platform where the youth have got the opportunity to interact with the eminent personages specially the scientists to explore the new dimensions of scientific advancements towards human welfare and peace. Scientists - Dr. A.P.J. Abdul Kalam, Prof. M.G.K. Menon, Dr. U.R. Rao, Dr. K.Kasturirangan, Dr. R.A. Mashelkar, Dr. G. Madhavan Nair, Shri M. Natrajan and others have visited the Mission to inspire the youth towards the noble goal.



दैनिक नवज्योति

अजमेर, रविवार, 25 अक्टूबर, 2009

संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुशासन में ही मानवता सुरक्षित

संयुक्त राष्ट्र के स्थापना दिवस पर विचार गोष्ठी

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 24 अक्टूबर। संयुक्त राष्ट्र संघ एक ऐसी नियामक संस्था का स्थान ले सकती है जिसके अनुशासन में विश्व के राष्ट्र ा'य एकता, सम-वय एवं समरसता के साथ चलकर वर्तमान में खड़ी बहुआयामी चुनौतियों का मुकाबला कर सकते हैं और मानवता का भविष्य सुरक्षित हो सकता है। आवश्यकता है संयुक्त राष्ट्र जैसी विश्व संस्था के बुनियादी ढांचे में परिवर्तन की। उक्त विचार शनिवार को संयुक्त राष्ट्र के स्थापना दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ में आयोजित विचार गोष्ठी में बोलते हुए कई वक्ताओं ने व्यक्त किए।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए आबकारी अतिरिक्त आयुक्त सुमतिलाल बोहरा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की उपादेयता तो सिद्ध हुई है किन्तु जरूरत है समन्वय एवं समरसता का माहौल बनाकर आगे बढ़ने की। उन्होंने कहा कि कितनी भी बड़ी संस्था हो नैतिक मूल्यों के प्रति प्रतिद्धता के बिना वांछित उद्धेश्यों की प्राप्ति सम्भव नहीं है। संगोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए राजनीति विज्ञानी प्रो. अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्र रा'यों के संगठन तभी सार्थक है जब इनकी भी कोई नियामक संस्था हो और संयुक्त राष्ट्र ही प्रमुख भूमिका में हो सकती है। उन्होंने कहा कि अन्तरराष्ट्रीय संबंधों में कई बार दबाव बनाने की आवश्यकता होती है और इसके लिए बेहतर कोई मंच नहीं हो सकता।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि 64 वर्ष बाद अब 21वीं शताब्दी के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र के बुनियादी स्वरूप में बदलाव नितान्त आवश्यक है। तब ही जाकर वर्तमान की बहुआयामी समस्याओं का शमन हो सकता है। त्रिवेदी ने कहा कि 20वीं शताब्दी में परमाणु बम की चिंता थी अब जलवायु परिवर्तन का बम तथा आर्थिक विकृति के बम की अतिरिक्त समस्या पैदा हो गई है जो गम्भीर चिंता का कारण है। गोष्ठी में एडवोकेट मदन पुरोहित, समाजसेवी कन्हैयालाल बापना, रोशनलाल आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कमांडर पी.एस. श्रीमाली ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



संयुक्त राष्ट्र के स्थापना दिवस पर आयोजित गोष्ठी में बाएं से अनत गणेश त्रिवेदी, सुमतिलाल बोहरा, प्रो. अरूण चतुर्वेदी, कन्हैयालाल बापना।

फोटो : नवज्योति

दैनिक नवज्योति
अजमेर, शुक्रवार, 7 अगस्त, 2009

जड़ और चेतन की एकता से ही विश्व शान्ति

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 6 अगस्त। जड़ और चेतन की समग्र एकता को व्यवहार में लाने पर ही विश्व शान्ति के खतरों से निजात पाई जा सकती है। वर्तमान में आणविक अस्त्रों का भण्डारण इतनी तादाद में किया जा चुका है कि सारी दुनिया को कई बार नष्ट किया जा सके, ऐसे में आणविक निशस्त्रीकरण की कूटनीतिक बातें बेमानी ही कही जाएगी।

हिरोशिमा दुखान्तिका वार्षिकी

यह विचार आज हिरोशिमा दुखान्तिका की 64वीं वार्षिकी पर शान्तिपीठ संस्थान के तत्वावधान में सूचना केन्द्र के खुले रंगमंच पर आयोजित शान्ति सभा में प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान के प्रोफेसर रह चुके वैज्ञानिक डॉ. सुरेश गोस्वामी ने कही।

उन्होंने कहा कि 1901 में वैज्ञानिक जगदीशचन्द्र बोस ने प्रमाणिक तौर पर सिद्ध कर दिया था कि ब्रह्माण्ड में जड़ और प्राणीमात्र एक ही तत्व का विस्तार है। उनहोंने कहा कि हम गांधी के बताए सार्वभौमिक मार्ग से चलकर ही विश्व शान्ति और आणविक निशस्त्रीकरण का स्वप्न साकार कर सकते है।

सभा में बोलते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आज विश्व ग्लोबल वार्मिंग और रोजगार जैसी समस्याओं से अवश्य गुजर रहा है, किन्तु आणविक अस्त्र भण्डार की समस्या की गम्भीरता को दूसरी प्राथमिकता पर नहीं आंका जा सकता है। उन्होंने कहा कि हिरोशिमा पर गिराए गए बम से दस लाख गुना विस्फोटक सामग्री जो 20 हजार मेगाटन टीएनटी से अधिक है, चिंता का विषय है।



शान्तिपीठ उदयपुर के द्वारा हिरोशिमा दुखान्तिका की 64वी वार्षिकी पर शान्ति मार्च एवं शान्ति सभा मै भाग लेते स्कूली बच्चे। फोटो : नवज्योति

प्रारम्भ में उन्होंने हिरोशिमा-नागासाकी दुर्घटना पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा विश्व शान्ति एवं पृथ्वी संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता हेतु युवा समुदाय का आह्वान किया।

इससे पूर्व टाऊन हॉल प्रांगण से जिला प्रमुख केवलचंद लबाना की अगुवाई में शान्ति मार्च का शुभारम्भ किया गया जो देहलीगेट, अश्विनी बाजार, हाथीपोल, चेतक सर्कल होते हुए सूचना केन्द्र के खुले रंगमंच पर जाकर सभा में बदल गया। शान्ति मार्च में स्कूली छात्र-छात्राओं ने आतंक मुक्ति, आणविक निशस्त्रीकरण, पर्यावरण संरक्षण आदि के चार्ट व बैनर हाथों में ले रखे थे। शान्ति मार्च में रा.वि. खेरादीवाड़ा, मॉडल स्कूल, सेन्टर स्कूल प्रतापनगर, गुरूनानक पब्लिक स्कूल, रा.बा.वि. सूरजपोल, सेन्ट टेरेसा, सैफी स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, रा. धानमण्डी स्कूल, रा.उ.प्रा.वि. पंचवटी, रेजीडेन्सी, सेन्ट्रल एकेडमी, रा. विशिष्ट विद्यालय आदि के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

सभा का संचालन पं. भूपेन्द्र शर्मा ने किया तथा आभार डॉ. देवेन्द्र जोशी ने व्यक्त किया। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दुखान्तिका में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई तथा राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

दैनिक भास्कर
उदयपुर · शुक्रवार · 7 अगस्त 2009

समता से ही आणविक अस्त्रों पर रोक संभव

नगर संवाददाता | उदयपुर

हिरोशिमा दुखांतिका की 64वीं वार्षिकी पर गुरुवार को यहां शांतिपीठ संस्थान की ओर से बच्चों की रैली और सूचना केंद्र परिसर में सभा रखी गई।

यह रैली टाऊनहॉल से शुरू हुई। जिला प्रमुख केवलचंद लबाना ने इसकी अगवाई की जो देहलीगेट, अश्विनी बाजार, हाथीपोल होते हुए चेटक पहुंची। स्कूली छात्र शांति, सद्भावना की अपील करने वाली तख्तियां हाथों में लिए हुए थे। सूचना केंद्र परिसर में हुई सभा में दिल्ली विवि में रसायन के पूर्व प्रोफेसर डॉ. सुरेश गोस्वामी ने कहा कि हम गांधीजी के बताए सार्वभौमिक मार्ग से चलकर ही विश्व शांति और आणविक निशस्त्रीकरण का स्वप्न साकार कर सकते हैं।

शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने हमें आणविक अस्त्रों पर रोक के लिए समता के सिद्धांत पर चलना होगा। यह हमारे आध्यात्मिक मूल्यों के उन्नयन से ही संभव हो सकता है। उन्होंने अपने मंतव्य की छात्रों से प्रतिज्ञा भी करवाई। बाद में दो मिनट का मौन रखा गया। संचालन भूपेंद्र शर्मा ने किया।



हिरोशिमा दिवस के मौके पर स्कूली बच्चों ने रैली निकाली।

डॉ. मोहनसिंह मेहता मेमोरियल ट्रस्ट में हिरोशिमा दिवस मनाया गया। कोटा खुला विवि के निदेशक प्रो. अरूण चतुर्वेदी एवं सुविवि के प्रो. संजय लोढ़ा ने आतंकी समूहों के जिगोइस्म से बचने के लिए सार्थक संवाद जरूरी माना। ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय एस. मेहता ने भी अपने विचार रखे। साहू पब्लिक स्कूल में भी हिरोशिमा दिवस पर प्राचार्य बी.एल. डूंगरवाल ने अपने विचार रखे। संचालन प्रियंका जैसवाल और मंजू राठौड़ ने किया। शांतिपीठ के तत्वाधान में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने शांतिमार्च किया और सभा आयोजित की। सभा में डॉ. सुरेश गोस्वामी ने विचार रखे। भूपेंद्र शर्मा ने संचालन और डॉ. इंद्रदेव जोशी ने आभार व्यक्त किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर • गुरुवार • 11 दिसम्बर, 2008

व्यक्तिगत कर्त्तव्यों का पालन जरूरी



शान्ति पीठ में मानवाधिकार व आतंकवाद विषय पर गोष्ठी

जस्ट रिपोर्टर
उदयपुर, 10 दिसम्बर

कर्त्तव्यों की प्रतिबद्धता और निष्ठा के अभाव में मानवाधिकारों घोषणाओं के लक्ष्य कल्पना मात्र रह गया है। जन्म लेने के साथ ही नैसर्गिक अधिकारों से वंचित होना तब ही बन्द होगा जब सबको अपने अधिकारों का बोध होगा।

यह विचार मानवाधिकार दिवस पर शान्ति पीठ में मानवाधिकर व आतंकवाद विषय पर आयोजित गोष्ठी में उभर कर आए। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो. एस.एन. जोशी ने कहा कि मानवाधिकारों का मूल लक्ष्य मनुष्य का मनुष्य जो शोषण कर रहा है, उसे बन्द करना है। आतंकवाद के कारण ही मानवाधिकारों का हनन नहीं हो रहा है। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश ने कहा कि व्यक्तिगत व सामूहिक कर्त्तव्यों के पालन से ही मानवाधिकार सुरक्षित हो सकते हैं। नामीबिया विश्वविद्यालय के प्रो. उदयलाल पालीवाल ने मानवाधिकार घोषणा का पत्र वाचन किया और गोष्ठी का संचालन किया।

एमडीएस सीनियर सैकण्डरी स्कूल की हिरणमगरी व प्रतापनगर शाखा में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा छह से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। संस्था प्रधान नीता पुरी ने विद्यार्थियों को दिवस की महत्ता की जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक शैलेन्द्र सोमानी भी मौजूद थे।

बदलाव संस्थान में विचार गोष्ठी हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मीनारायण मिश्रा ने की। संस्थान अध्यक्ष डा. श्रीराम आर्य ने कहा कि सर्वाधिक मानव अधिकारों का हनन उन्हीं का हुआ है, जिन्होंने शोषण का प्रतिकार नहीं किया। इसलिए भूमण्डलीकरण के इस दौर में जनवादी विचार व मूल्यों की ज्यादा आवश्यकता है। **मीरा कन्या महाविद्यालय** की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों ने भी मानवाधिकार दिवस मनाया। प्राचार्य आर एल व्यास ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद के दौर में मानवाधिकारों की प्रासंगिकता बढ़ी है। **राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद** की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रमेशचन्द्र टांक ने कार्यकर्ताओं को मानव अधिकारों के बारे में जानकारी दी।



उदयपुर। जम्मू कश्मीर से आए कलाकारों के दल के स्वागत में बुधवार को यहां टीआरआई सभागार में सेंट्रल एकेडमी स्कूल की छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। - ताराचंद गवारिया

युवा वर्ग शांति भंग करने वालों का मुकाबला करें

राजस्थान के कश्मीर उदयपुर घूमने आए कश्मीर के 31 युवक-युवतियों ने सद्भावना की शपथ लेकर देश में शांति कायम करने की प्रतिज्ञा ली।

नगर संवाददाता. उदयपुर

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. गिरिजा व्यास ने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश में शांति भंग करने वाले समाजकंटकों का डटकर मुकाबला करें। वे बुधवार को यहां टीआरआई सभागार में नेहरू युवा केंद्र एवं शांतिपीठ द्वारा जम्मू कश्मीर सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत 31 सदस्यीय दल के स्वागत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं।

डॉ. गिरिजा ने कहा कि देश के युवाओं में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने की जरूरत है। 21वीं सदी युवाओं की है, युवा ही शांति के अग्रदूत बनें। उन्होंने कश्मीर युवाओं को देश का सिरमौर बताते हुए कहा कि वे मेवाड़ से शांति और राष्ट्रप्रेम का संदेश लेकर जाएं। अध्यक्षता करते हुए पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने कहा कि जहां दुनिया में आतंकवाद का टेंशन बढ़ रहा है वहीं भारत में कम हुआ है। अकेले कश्मीर में एक लाख से अधिक पर्यटक आए हैं। जिला प्रमुख केवलचंद लबाना ने कहा कि युवा वर्ग देश के कोने-कोने से आपसी सद्भाव एवं सौहार्द का वातावरण बनाएं। पूर्व उप-जिला प्रमुख लक्ष्मीनारायण पंड्या ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने युवाओं को 21वीं सदी का जो सपना दिखाया था वह आज साकार होने लगा है। प्रो. एस.एन. जोशी ने कश्मीर और राजस्थान के बारे में जानकारी दी। प्रारंभ में शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने स्वागत किया। नेहरू युवा केंद्र के समन्वयक पवनकुमार अमरावत ने दल के सदस्यों का परिचय कराया। इस मौके पर दल के नायक साधुराम ने कहा कि कश्मीर में आतंकवाद से युवा सहमे हैं। डॉ. व्यास ने कश्मीर से आए युवक-युवतियों को सद्भावना की शपथ दिलाई। **सेंट्रल एकेडमी की सावन प्रस्तुति :** कश्मीर से आए युवक-युवतियों के स्वागत में सेंट्रल एकेडमी, सरदारपुरा के विद्यार्थियों की नृत्य प्रस्तुति सावन आकर्षक रही। छात्र-छात्राओं ने एक ही भगवान है, एक ही इंसान ..... गीत प्रस्तुत किया। सावन प्रस्तुति में छात्राओं ने अल्ला मेघ दे.... अल्ला मेघ दे ....., सावन में मैं तो मोरनी बनकर छम-छम नांचू ....पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुति पर कश्मीरी दल के युवक-युवतियां भी झूम उठे।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, गुरुवार 24 अगस्त 2006
विक्रम संवत 2063, भाद्रपद शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा

राजस्थान पत्रिका उदयपुर >> शुक्रवार >> अगस्त 11 >> 2006

युवाओं ने दिया विश्व शांति का संदेश

उदयपुर, 10 अगस्त। हममें से अधिकतर लोग भूल चुके हैं कि छह अगस्त का दिन इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाता है। इस दिन परमाणु बम हिरोशिमा स्मृति दिवस पर उदयपुर के युवाओं का दल सद्भाव एवं आनन्द मुक्ति यात्रा पर अहमदबाद गया। दल में शामिल सदस्यों ने अहमदाबाद में नई चेतना जगाई व विश्वशांति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा प्रस्फुटित की। उन्होंने कहा कि विद्यापीठ के अहिंसा शोध संस्थान,



की शक्ति ने विश्व को थर्रा दिया था। जापान तबाह हो गया। यह दिन दोबारा कभी न आए और विश्व में सभी देश मैत्री भाव से रहें। इसी संदेश के साथ गुजरात विद्यापीठ से गांधी आश्रम (साबरमती) तक शांति मार्च किया।

युवाओं ने बताया कि इस यात्रा ने उनके अंतर्मन को प्रभावित किया। उनमें शांति संशोधन केन्द्र सहित अन्य प्रकल्पों के छात्रों व शिक्षक प्रतिभागियों से उन्हें एकता व भाईचारे की सीख मिली।

उदयपुर से यात्रा पर रवाना होने से पहले मन में कुछ प्रश्न थे। हम नहीं जानते थे कि अहमदाबाद में हमें कैसा रेस्पोंस मिलेगा। मगर ज्यों-ज्यों कारवां आगे बढ़ता गया, हमें पता चला कि लोग हमसे ज्यादा आत्मीय व मिलनसार हैं। हमने शांति संदेश लिखा बैनर थामे। घंटेभर के पदयात्रा में नारों ने उत्साह इतना बढ़ाया कि हमने किसी और को बैनर नहीं सौंपा।

- शरद श्रीमाली, करणसिंह राठौड़,
आलोक विद्यालय, हिरण मगरी

शांति मार्च के दौरान लोगों का जुड़ाव देखने लायक था। सब कुछ स्वचालित था, किसी ने किसी को गाइड नहीं किया। अहमदाबाद में साथियों ने हमें बताया कि वहां आज भी लोग भाईचारे को जाति, प्रांत से परे रखकर रिश्ते निभाते हैं। गांधी आश्रम में हुई सभा में अस्त्रों के खात्मे की असंतुलित नीतियों पर प्रश्न उठाया। होस्टल में रह रहे एम.ए., पीएचडी कर रहे छात्रों का स्वयं सफाई करना व खाना बनाना अच्छा लगा। छात्रों ने हमें भोजन कराया तथा झूठे बर्तन नहीं उठाने दिए। उनका यह निःस्वार्थ श्रम शांति संदेश ही था।

- कपिल साहनी, गजेन्द्रसिंह चौहान व नीरज जैन

दैनिक नवज्योति • अजमेर, मंगलवार, 8 अगस्त, 2006



हिरोशिमा वार्षिकी पर उदयपुर में सोमवार को साबरमती की ओर से शांतिपीठ भारत द्वारा निकाला गया शांति मार्च। फोटो : नवज्योति

जहां परमाणु संयंत्र स्थापित, वहां जन स्वास्थ्य खतरे में

हिरोशिमा दुखांतिका की वार्षिकी पर शांति सभा आयोजित

उदयपुर, 7 अगस्त। आतंक और अणु अस्त्रों से मुक्ति पाने, सघन और सतत प्रयासों की आवश्यकता है और इस दिशा में कामयाबी हांसिल करने युक्त पीढ़ी गीता और गांधी दर्शन को आत्मसात करें। उक्त विचार हिरोशिमा दुखांतिका की 61वीं वार्षिकी पर शांतिपीठ भारत और गुजरात विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में गांधी आश्रम, साबरमती में आयोजित शांति सभा में अनेक वक्ताओं ने व्यक्त किए। पांच अगस्त को शांतिपीठ द्वारा सद्भाव और आतंक मुक्ति यात्रा का शुभारम्भ मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री एवं दादी बोहरा समाज उदयपुर के धर्म प्रमुख आमील जनाब मुस्तफा के उद्बोधन से हुआ। यात्रा बस द्वारा गुजरात विद्यापीठ पहुंची। यात्रा में स्कूली छात्रों के अलावा शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सम्मिलित थे। 6 अगस्त को विद्यापीठ से शांति मार्च का आरम्भ उदयपुर से पहुंची आतंक मुक्ति यात्रा की अगुवाई में हुआ, जिसमें गुजरात विद्यापीठ विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रकल्पों के छात्रों के साथ हही एकपरिमेंटल कॉलेज ऑफ एज्युकेशन, प्रान्तीय एवं पास के विद्यालयों तथा आतंक एवं अणु अस्त्रों के खात्मे को लेकर बने बैनर, चार्ट, पोस्टर आदि लेकर प्रतिभाग चल रहे थे। शांतिमार्च गांधी आश्रम पहुंच कर सभा में बदल गया। सभा को सम्बोधित करते हुए सम्पूर्ण शांति विद्यालय के संचालक सुरेंद्र गड़कर ने कहा कि अणु ऊर्जा सारी ऊर्जा केंद्रों का विकल्प हैं यह कहना भ्रामक है। इसी आंदोलन से जुड़ी जानी-मानी सामाजिक कार्यकर्ता संगमित्रा ने कहा कि विभिन्न अध्ययनों से जाहिर हो चुका है कि जहां जहां परमाणु संयंत्र स्थापित है वहां जन स्वास्थ्य खतरे में पड़ा हुआ है। शांतिपीठ के संथापक सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि शांति परक नूतन क्रांति की जंग छेड़ें। उन्होंने कहा कि आज युद्ध कहर भौतिकवाद एवं मूल्यों के बीच है और इससे उत्पन्न सामाजितक विकृतियों का दुष्परिणाम आतंकवाद है। सभा को दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो.नानू भाई जोशी, गुजरात विद्यापीठ की निदेशक डॉ. साधना वोरा, प्रान्तीय कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जी.एल. मेनारिया ने भी सम्बोधित किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 9 सितम्बर 2004



रूस के बेसलान शहर में मारे गए निर्दोष लोगों और मासूम बच्चों की स्मृति में उदयपुर के सरदारपुरा स्थित शांतिपीठ में बुधवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल बच्चे। पत्रिका फोटो

'आतंकवाद समाप्ति के लिए युवा कृष्ण चरित्र को आत्मसात करें'

उदयपुर, 8 सितम्बर। रूस के बेसलान कस्बे में मारे गए निर्दोष लोगों व मासूम बच्चों की स्मृति में बुधवार को शांतिपीठ संस्थान के तत्वावधान में श्रद्धाजंलि सभा रखी गई। सभा की अध्यक्षता मोहनसिंह कोठारी ने की। सभा में नगर के सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों से प्रतिनिधि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कुछ विद्यालयों ने शोक प्रस्ताव भेजे, शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने प्रस्ताव पारित किया कि सभा शोक प्रस्ताव भारत तथा रूस के राष्ट्रपति एवं संयुक्त राष्ट्र के महासचिव को भेजा जाएगा। प्रस्ताव में त्रासदी पर गहरा क्षोभ व्यक्त करने की बात कही गई है।

सभा में मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि कृष्ण ने आतंकवाद को कभी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने आह्वाहन किया कि आज का युवा आतंकवाद समाप्ति के लिए कृष्ण चरित्र को आत्मसात करे। अन्याय के खिलाफ वाजिब तरीका अपनाएं बिना संघर्ष अपराध बन जाता है। वरिष्ठ अभियन्ता व आर्किटेक्ट ए.के. शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी वर्ग की निष्पाप शक्ति को संगठित होकर विश्व निर्माण की पहल करनी चाहिए।

रेजीडेन्सी स्कूल की छात्रा लीला प्रजापत ने आतंकवाद से निर्भीक होकर विद्यार्थियों को आत्म शक्ति जगाने की आवश्यकता बताई। सेंट पॉल के छात्र ने सरकारों द्वारा जन सुरक्षा के पुख्ता उपाय करने के नए मार्ग खोजने की जरूरत बताई। राजकीय बालिका विद्यालय, भूपालपुरा व सेफी स्कूल के छात्रों ने भी विचार व्यक्त किए। प्रारम्भ में आलोक विद्यालय पंचवटी की छात्राओं ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया। सभा के अन्त में दो मिनट का मौन रखकर शान्ति की प्रार्थना की गई। संचालन जी.एल. पाटीदार ने किया

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत २०५८, भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, नवमी, सोमवार, १३ अगस्त, २००१

दैनिक भास्कर



उदयपुर में रविवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर भूपाल स्टेडियम में आयोजित समारोह में बोलते विधायक त्रिलोक पूर्बिया।

युवा दिवस पर लक्ष्यपरक प्रयासों का आह्वान

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 12 अगस्त। संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से घोषित अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रविवार को यहां शहर के युवाओं से संकल्पबद्ध होकर लक्ष्यपरक प्रयासों का आह्वान किया गया।

शांतिपीठ की ओर से भंडारी दर्शक मंडप में हुए कार्यक्रम में शहर की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थी एकत्र हुए। मुख्य अतिथि विधायक त्रिलोक पूर्बिया ने कहा कि युवाओं में देश, समाज व मानवजाति का रचनात्मक कार्यों के लिए नेतृत्व की अपार शक्ति है, बशर्ते उन्हें सही दिशाबोध हो। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आज की युवा शक्ति दुनिया को आणविक युग की विकृतियों से उबारने में कामयाब होगी।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने राष्ट्र नायकों का उदाहरण देते हुए बताया कि विवेकानंद, टैगोर, महात्मा गांधी, बाजीराव पेशवा, बिस्मार्क सरीखों ने युवावस्था में ही राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया था। श्रीकृष्ण के चरित्र से प्रेरणा लेकर युवा वैयक्तिक व सामाजिक समस्याओं से निजात पाकर अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति परमाणु शक्ति से कहीं अधिक शक्तिशाली व मूल्यवान है। विद्याभवन के डा. जी.एल. मेनारिया ने युवाओं से विवेकसम्मत मार्ग अपनाते हुए विश्व एकता और शांति के प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। अध्यक्षता जिला जनसंपर्क अधिकारी हरीश व्यास ने की। प्रारंभ में पी.एस. श्रीमाली और सेराराम ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संचालन विजयसिंह पंवार ने किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, शनिवार, 7 अगस्त 1999



उदयपुर में शुक्रवार को हिरोशिमा दिवस पर आयोजित शान्ति रैली के बाद सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी मंच पर सभा आयोजित हुई। -पत्रिका फोटो

निरस्त्रीकरण में भेदभाव की गुंजाइश नहीं- प्रो. सिंह

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 6 अगस्त। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति डा. आर्य कुमार सिंह ने कहा कि विश्व में भेदभाव की नीति से निरस्त्रीकरण संभव नहीं है, एक राष्ट्र आवणिक हथियारों का जखीरा अपने पास रखे और अन्य राष्ट्रों को निरस्त्रीकरण की हिदायते दे तो शांति की बात बेमानी होगी।

डा. सिंह शुक्रवार को स्थानीय सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर शांतिपीठ की ओर से 'हिरोशिमा स्मृति दिवस' पर आयोजित शांति सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शांति ही एक ऐसा मंत्र है जिसे साधकर विश्व को मौजूदा स्वरूप में बनाए रखा जा सकता है, लेकिन इसके लिए ईमानदारी से बिना शर्त निरस्त्रीकरण नितांत जरूरी है।आणविक अस्त्रों के भण्डार पर चिंता प्रकट करते हुए डा. सिंह ने कहा कि कोई भी राष्ट्र भयग्रस्त अथवा आतंकित होकर आणविक अस्त्रों का सहारा ले तो विश्व शांति खतरे में पड़ सकती है, युद्ध एवं विनाश से बचने के लिए सभी राष्ट्रों के बीच परस्पर विश्वास बढ़ाते हुए उन्हें प्रतिबद्ध होकर निरस्त्रीकरण को व्यावहारिक रूप देना होगा।

शांति पीठ के संस्थापक सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सभी राष्ट्र आत्मिक संबंधों की पहल करें, अपने देश में उच्च जीवन मूल्यों के शैक्षिक प्रयत्न करें तो इक्कीसवी शताब्दी शांति की सदी बन सकती है। उन्होंने कहा कि भारत आक्राकम देश नही रहा है, उसने न्याय एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए अवश्य हथियार उठाए, करगिल संघर्ष इसका ताजा उदाहरण है। यह देश शांति एवं अहिंसा की अपनी शाश्वत सत्ता से कभी विचलित नहीं हुआ।

इस अवसर पर जापान से आई सुश्री ऐरिको नाकाशा और आयकिमोटो ने जापान के खूबसूरत शहरों नागासाकी एवं हिरोशिमा के वीभत्स हादसे

हिरोशिमा दिवस पर शांति मार्च

का स्मरण दिलाते हुए छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से दुखांतिका के प्रभावों को स्पष्ट किया। उन्होंने विश्व के देशों में शांति, सद्भाव एवं निरस्त्रीकरण की जन प्रतियोगिताओं की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। समाजसेवी मोतीलाल डांगी ने शांति के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन शांति पीठ के राजीव लोढ़ा ने किया। कार्यक्रम के अन्त में हीरोशिमा एवं नागासाकी नरसंहारों तथा करगिल संघर्ष में खेत रहे राष्ट्र भक्तों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

मौन जुलूस: इससे पूर्व शहर के तीस सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के बच्चों का मौन जुलूस टाउनहाल से रवाना हुआ। जिला कलक्टर प्रेमसिंह मेहरा ने झण्डी दिखाकर जुलूस को रवाना किया। यह जुलूस टाउनहाल से देहलीगेट, कलेक्ट्रेट तथा चेतक सर्किल होता हुआ सूचना केन्द्र पहुंचा जहां एक सभा में परिवर्तित हो गया।

जिला कलक्टर मेहरा स्वयं शांति की तख्ती हाथ में लेकर जुलूस में बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट तक चले तथा जुलूस का नेतृत्व किया। जुलूस में जापान से आई युवतियों सहित विद्यालयी शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा प्रबुद्ध नागरिक भी थे। रैली में विद्यार्थीगण ''हमें शांति चाहिए; युद्ध नहीं'' तथा शांति, मैत्री, अहिंसा तथा पर्यावरण पर आधारित तकरीरों की तख्तियां लिए मौन साधे चल रहे थे। सभी विद्यार्थी अपनी अपनी स्कूल गणवेश में थे। उनके हाथों में शांति के ध्वज तथा बैनर भी थे। कुल मिलाकर शांति एवं विश्व बंधुत्व के लिए निकाली गई यह रैली काफी प्रभावशाली रही।

1999

दैनिक भास्कर

भारत का सबसे तेज बढ़ता अखबार

राजस्थान : उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर, म.प्र. : भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, रायपुर, बिलासपुर, जबलपुर, सतना, उ.प्र. : झांसी

उदयपुर, बुधवार 12 मई 1999





हैंड्स एक्रॉस द बोर्डर यात्रा दल के उदयपुर पहुंचने पर रेलवे ट्रेनिंग स्कूल में आयोजित सभा को संबोधित करते सुनील दत्त।

छाया : भास्कर

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 7 अगस्त 2001



हिरोशिमा स्मृति दिवस पर सोमवार को उदयपुर के सुखाड़िया रंगमंच पर आयोजित सभा में पर्यावरण और शांति के संदेश युक्त पट्टिकाएं लिए छात्राएं। -पत्रिका फोटो

शान्ति के लिए आक्रांताओं पर नियंत्रण जरुरी- झुनझुनवाला

हिरोशिमा दिवस पर स्मृति सभा

उदयपुर, 6 अगस्त [कासं]। अपराधी को सजा देने और दुराचारी पर नियंत्रण के लिए जो युद्ध होते हैं वे धर्म युद्ध होते हैं और इससे समाज में शान्ति की स्थापना होती है। ये विचार शान्तिपीठ के तत्वावधान में हिरोशिमा स्मृति दिवस के अवसर पर सोमवार को नगर परिषद के मोहन लाल सुखाड़िया रंगमंच पर आयोजित शान्तिसभा में मुख्य वक्ता के प्रख्यात पत्रकार व स्तम्भकार भरत झुनझुनवाला ने व्यक्त किए।

उन्होंने युद्ध और धर्म युद्ध में विभेद करते हुए राम और कृष्णकालीन घटनाओं का जिक्र किया और कहा कि राम और कृष्ण की आराधना हम शान्ति के लिए करते हैं।

डा. झुनझुनवाला ने हिरोशिमा दुखान्तिका का स्मरण दिलाते हुए कहा कि वहां आम जनता को मारा गया। यह युद्ध, युद्ध के नियमों के विपरीत था। उन्होंने कहा कि विश्व शान्ति की बात करते समय आक्राताओं को नियंत्रण में करने की महता समझना जरुरी है। सभा के विशिष्ट अतिथि नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष रूप कुमार खुराना ने हिरोशिमा दुखान्तिका की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि शांति के लिए भारत द्वारा परम्परागत रूप से किए जाने वाले प्रयासों को और भी अधिक व्यापक रूप देने की आवश्यकता है। सभा की अध्यक्षता करते हुए नगर परिषद सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने हिरोशिमा दिवस के औचित्य को बताते हुए बालकों के भावी जीवन के लिए नए विचारों की आवश्यकता बताई। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देकर कहा कि जहां धर्म है वहीं विजय है। आयोजन की प्रासंगिकता पर व्यक्तव्य देते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विनाश सामूहिक रूप से आत्मघाती है। उन्होंने कहा कि विश्वशांति की नई पहल मेवाड़ से शुरू हुई है। मेवाड़ कई धर्म युद्ध लड़कर शान्त है। सेन्टपाल के छात्र सौरभ कोठारी ने शान्ति और सद्भाव पर अपने विचार व्यक्त किए। सेंट्रल अकेडमी के छात्रों ने शान्ति संगीत प्रस्तुत किया।

प्रातःकाल
द्वि. श्रावण कृष्णा 7 शनिवार, दिनांक 7 अगस्त, 2004
उदयपुर ▸▸ जयपुर ▸▸ मुंबई
उदयपुर, शनिवार, दिनांक 7 अगस्त, 2004

भारत विश्वशांति की दिशा में पहल करे - गोदिका

हिरोशिमा दुखांतिका की 59वीं वर्षगांठ

उदयपुर, 6 अग. (नसं)। 'शांति आज जितनी प्रासंगिक है उतनी पूर्व में कभी नहीं रही, क्योंकि वर्तमान में युद्ध और आंतक के संकट को नकारा नहीं जा सकता। आज भारत को विश्वशांति की दिशा में पहल करने की आवश्यकता है।

पुलिस महानिरीक्षक वी.के. गोदिका ने शुक्रवार को यहां रेल्वे ट्रेनिंग स्कूल के सभागार में शांतिपीठ द्वारा हिरोशिमा दुखांतिका की 59वीं वार्षिकी पर आयोजित एक शांति सभा में ये उद्गार व्यक्त किए।

जापान के हिरोशिमा व नागासाकी शहर पर परमाणु बम के बाद की विभीषिका को स्मरण कराते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक गोदिका ने कहा कि विज्ञान का विकास उसके दुरूपयोग के लिए नहीं हुआ है, अतः युद्ध को नियंत्रित कर शांति को चिर स्थाई बनाना ही श्रेयस्कर है।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि हिंसा के आगोश से समाज को मुक्त करने व्यक्ति के अन्तर्जगत में समाई अहिंसा शक्ति को जागृत करना होगा। किसी भी कोने में उपजी अशांति सारे विश्व को प्रभावित करती है तो किसी का कोने में किये गए शांति प्रयास भी सारे विश्व में फैलते है। उन्होंने कहा आज आवश्यकता है हर विद्यालय, महाविद्यालय ज्ञान-विज्ञान व शांति संस्कृति के केन्द्र बनें। अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से जो रास्ता बनेगा वह मानव समाज को मनुष्यत्व की गरिमा देगा।

सभा में विशिष्ट अतिथि घनश्याम सिंह कृष्णावत ने इस अवसर पर कहा कि सम्पूर्ण विश्व की संरचना को अपना शरीर मानकर पहले स्वयं में समाये दैत्य गुणों का नाश कर दैव गुणों का विकास करने की जरूरत है। अर्थात् व्यक्ति को स्वयं बदलने की जरूरत है, सम्पूर्ण विश्व स्वतः ही बदल जाएगा।

इस अवसर पर कवि श्रेणीदान चारण ने कहा जहां अहंकार होगा, वहीं टकराहट होगी। उन्होंने शांति और सृजन पर कविता सुनाकर खचाखच भरे सभागार को प्रफुल्लित कर दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के उपप्राचार्य रजनीश अग्रवाल ने विद्यार्थी वर्ग का आह्वान किया कि वे अहिंसा व शांति का रास्ता स्वयं से और अपने घर से प्रारम्भ करें।

विद्यार्थी वर्ग की ओर से प्रतिभागिता करते हुए जयदीप सी.से. विद्यालय के छात्र श्रीपाल व अमित कुमार ने कविता पाठ

(शेष पृष्ठ 6 पर)



उदयपुर। शांति पीठ संस्थान के तत्वावधान में हिरोशिमा दुखांतिका की 59वीं वार्षिकी पर शुक्रवार को रेल्वे ट्रेनिंग स्कूल सभागार में मौन रख कर शांति प्रार्थनारत विद्यार्थीवृंद व उपस्थित जन। फोटो : प्रातःकाल

भारत विश्व....

(पृष्ठ 8 का शेष)

किया जबकि सेन्ट मेरीज, गुरूनानक पब्लिक स्कूल व सेन्ट्रल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने शांतिगीत प्रस्तुत किए जिसका निर्देशन हारमोनियम व तबले के साथ डॉ. कुसुम शाह व रफीक अहमद ने किया।

आलोक विद्यालय पंचवटी ने ईशवन्दना प्रस्तुत की। सभा में कई विद्यालय अपने स्कूलों में मौन जुलूस के रूप में चलकर पहुंचे। शांति, मैत्री एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित तख्ती बैनर आदि अपने हाथों में लिए हुए थे।

प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण किया व दीप प्रज्जवलित किया गया। मुख्य अतिथि ने सदन को शपथपूर्वक प्रतिज्ञा करवाई जिसमें शांति, मैत्री, निःशस्त्रीकरण के साथ ही सार्वभौमिक एकता, स्वाधीनता व न्याय के लिए प्रतिबद्धता थी। सभा में हिरोशिमा-नागासाकी में दिवंगत आत्माओं तथा हाल ही में तमिलनाडु में अग्नि से अकाल मृत्यु का प्रापत विद्यार्थी वर्ग के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम का संचालन भुपेन्द्र शर्मा ने किया तथा धन्यवाद शांतिपीठ के इन्द्रदेव जोशी ने ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का विसर्जन हुआ।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 7 अगस्त, 2004

हिरोशिमा स्मृति दिवस पर शांतिसभा

उदयपुर, 6 अगस्त

हिरोशिमा दुखांतिका की 59 वीं वार्षिकी पर शांतिपीठ इण्डिया संस्था की ओर से शुक्रवार को जोनल रेलवे ट्रेनिंग संस्थान में शांतिसभा का आयोजन किया गया। शांतिसभा में हिरोशिमा-नागासाकी दुखातिका में मारे गए हजारों लोगों व हाल ही तमिलनाडु के एक विद्यालय में मारे गए विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक वी.के.गोदिका ने छात्र-छात्राओं और उपस्थित लोगों को शांति, मैत्री, निरस्त्रीकरण, के साथ सार्वभौमिक एकता, स्वाधीनता व न्याय की प्रतिबद्धता की प्रतिज्ञा करवाई।

इससे पूर्व कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से छात्र-छात्राएं मौन जुलूस के रुप में सभा स्थल पर पहुंचे। पुलिस महानिरीक्षक वी.के.गोदिका ने कहा कि वर्तमान में शांति की प्रासंगिकता अधिक है। वर्तमान में युद्ध और आतंक की विभीषिका ज्यादा है जिसे नकारा नहीं जा सकता है। वर्तमान समय में युद्ध टोटल वार में बदल गया है। युद्ध के दौरान इससे दूर रहने वाले भी परोक्ष व अपरोक्ष रुप से जुड़े होते हैं इस कारण इसकी बहुत अधिक कीमत चुकानी पड़ती है।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि हिंसा के आगोश से समाज को मुक्त करने के लिए व्यक्ति में समाई अहिंसा शक्ति को जागृत करना होगा। उन्होंने विद्यार्थी समुदाय से आह्वान किया कि वे पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण, शांति व अहिंसा मूलक समाज के निर्माण के लिए आगे आएं। रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के अध्यक्ष उपप्राचार्य रजनीश अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि घनश्याम सिंह कृष्णावत ने भी विचार व्यक्त किए। विद्यार्थी वर्ग की ओर से जयदीप सीनियर सैकण्डरी स्कूल के छात्र श्रीपाल व अमित कुमार ने कविता पाठ किया। सेन्ट मेरीज, गुरुनानक पब्लिक स्कूल, सेन्ट्रल एकेडमी की छात्र-छात्राओं ने शांतिगीत, आलोक विद्यालय पंचवटी के विद्यार्थियों ने ईशवंदना तथा कवि श्रेणीदान चारण ने शांति एवं सृजन पर कविता सुनाई। संचालन भूपेन्द्र शर्मा ने किया।

इसी प्रकार गुलाब बाग रोड स्थित साहू पब्लिक स्कूल में प्राचार्य बी.एल.डूंगरवाल के निर्देशन में श्रद्धांजलि सभा में मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर अलख नयन मंदिर नैत्र संस्थान की ओर से छात्रों की आँखों की जांच की गई।

आलोक उच्च माध्यमिक विद्यालय फतहपुरा में प्राचार्य नारायण लाल शर्मा के निर्देशन में मृत्त आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। समन्वयक प्रवीण चौबीसा ने विभीषिका के बारे में जानकारी दी। संचालन प्रदीप पानेरी ने किया।

उदयपुर जिला कांग्रेस मीडिया महामंत्री राजेश नागोरी के नेतृत्व में हिरोशिमा-नागासाकी के मृत्तकों को श्रद्धांजलि देते हुए विश्वशांति के लिए अमन चैन की ज्योत जगाने का संकल्प लिया गया।



उदयपुर के रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को हिरोशिमा स्मृति दिवस पर आयोजित सभा में मंचासीन अतिथि [ऊपर] तथा उपस्थित लोग। -पत्रिका फोटो

SHANTIPEETH INDIA 160

DOWN THE MEMORY LANE



शान्तिपीठ उदयपुर द्वारा आयोजित विश्व शान्ति के बदलते समीकरण और भारत विषयक गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए प्रो. एस.एन. जोशी।
फोटो : नवज्योति

भारत प्रामाणिक जीवन मूल्यों को पुनर्जीवित करे

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 25 अक्टूबर। विश्व के बदलते परिदृश्य में भारत शताब्दियों पूर्व से प्रामाणिक जीवन मूल्यों को पुनर्जीवित करे और आर्थिक शक्ति सम्पन्न बने तो अपनी लोकतान्त्रिक परम्परा के बूते विश्व शान्ति की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। आज संयुक्त राष्ट्र के प्रजातान्त्रिक स्वरूप की नितान्त आवश्यकता है, जिससे वह नए अन्तरराष्ट्रीय मीकरणों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर सके।

यह विचार संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में 'विश्व शान्ति के बदलते समीकरण और भारत' विषयक आयोजित विचार गोष्ठी में शिरकत करते हुए कई वक्ताओं ने व्यक्त किए। प्रमुख अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत मेहता ने कहा कि अब 21वीं शताब्दी के संघर्ष को समझने की आवश्यकता है। पुरानी अवधारणाओं का परित्याग करना होगा।

अमेरिका विरोधी और इस्लामिक फोबिया 21वीं शताब्दी का कोनफ्लिक्ट है। उन्होंने कहा कि आज आतंकवाद का कारण सामाजिक न्याय के प्रति अन्याय है। शोषण है।

- *'विश्व शान्ति के बदलते समीकरण और भारत' विषयक विचार गोष्ठी*
- *एक करोड़ भूख से मर रहे हैं दक्षिण अफ्रीका में*

उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में दो करोड़ शरणार्थी हैं उसमें से एक करोड़ भूख से मर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो क्रियात्मक संबंध भारत-पाकिस्तान में आज बन रहे हैं। ऐसे पिछले 57 वर्षों में नहीं बन पाए। हमें अपने उपमहाद्वीप में एकता कायम करनी चाहिए, जिससे विश्व एकता को भी बल मिलेगा।

अध्यक्षता करते हुए प्रो. एस.एन. जोशी ने कहा कि राजनैतिक व गैर राजनैतिक दोनों क्षेत्रों में विश्व शान्ति के पोषक तथा शान्ति विरोधी तत्व सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि इस्लामी आतंकवाद को रोकने के लिए चीन भी प्रयत्नशील है, उसी उद्देश्य से उसने रूस तथा मध्य एशिया के राष्ट्रों का शंघाई में सम्मेलन किया था। राजनीति शास्त्र के प्रो. डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने शान्ति की चेतना विकति करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के उद्धेश्यानुसार राष्ट्र एक-दूसरे के मामलों में हस्तक्षेप न करें और इसे विश्व शान्ति को खतरा है।

साहित्यकार औंकारश्री ने कहा कि आज विश्व का मानस अशान्त है। समाजवाद का विकृतिकरण, पूंजीवाद का विकेन्द्रीकरण व शान्ति की शक्तियों का विखण्डन की समस्याओं में शान्ति सैनिक की भूमिका चुनौतीपूर्ण है। शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विश्व के युवा वर्ग को संस्कारित करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि शान्ति का संघर्ष अनवरत चलने वाला अभियान है। इस अवसर पर प्रो. परमेश्वर दशोरा ने जनमत शक्ति की आवश्यकता प्रतिपादित की। एडवोकेट प्रकाश पानेरी ने भी विचार व्यक्त किए। गोष्ठी में महाराणा भूपाल के छात्रों ने प्रश्नोत्तर किए। शान्तिपीठ के एम.एस. राणावत ने आभार व्यक्त किया।

SHANTIPEETH INDIA - 161 -
स्मृति झरोखा DOWN THE MEMORY LANE

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, रविवार, 6 अगस्त, 2000



हिरोशिमा दिवस पर शनिवार को भारतीय लोक कला मंडल में आयोजित शांति सभा में स्कूली बालक-बालिकाएं। पत्रिका फोटो

'परमाणु मुद्दे पर दोहरे मापदंड विश्व के लिए खतरा'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 5 अगस्त। शांतिपीठ के तत्वावधान में शनिवार को यहां भारतीय लोक कला मंडल के मुक्ताकाशी रंगमंच पर शांति सभा का आयोजन किया गया, इसमें सरकारी, गैर सरकारी विद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर हिरोशिमा त्रासदी में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी।

मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने विश्व शांति के लिए भारत द्वारा की गई

हिरोशिमा दिवस पर रैली, शांति सभा

पहल को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि भारत के पास सक्षम परमाणु आयुध होने के बावजूद उसने अन्य देशों को कभी नुकसान नहीं पहुंचाया। शास्त्री ने दुनिया में चौधराहट करने वाले देशों का हवाला देते हुए कहा कि एक ओर वे शांति की बात करते हैं और दूसरी ओर एक मिनिट में लाखों गोले बरसाने वाली तोपों का निर्माण करते हैं। ऐसे दोहरे मापदंड विश्व शांति के लिए खतरा है। महंत ने दुनिया में परमाणु हथियार पूरी तरह समाप्त करने की जरूरत बताई। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विगत 15 वर्षों से उदयपुर में हिरोशिमा स्मृति दिवस पर किए जा रहे कार्यक्रमों की प्रासंगिकता बताई। शीत युद्ध समाप्ति के बाद भी वांछित लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाने तथा आणविक अस्त्रों के भंडार को समाप्त करने की सर्वमान्य नीति के अभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि आज शांति के देश भारत को पहल करनी चाहिए। उन्होंने विज्ञान को मानव कल्याण की ओर मोड़ने की आवश्यकता प्रतिपादित की। विशिष्ट अतिथि नगर विधायक त्रिलोक पूंबिया ने युवा पीढी को सही दिशा देकर सन्मार्ग के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता के तहत इसे सामाजिक दायित्व बताया।

नगर परिषद सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने कहा कि भारतीय संस्कृति से ही विश्व शांति संभव होगी। उन्होंने शांति सभा में नागरिकों एवं बालकों को विश्व शांति के लिए प्रयासरत रहने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शांति गीत प्रस्तुत किए, जबकि गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्र आनंद शर्मा ने 'हम होंगे कामयाब' की प्रस्तुति दी। ज्ञान शिखर पब्लिक स्कूल की नन्हीं बालिका विनी ने 'हमें शांति चाहिए' का उद्बोधन किया। इससे पूर्व शांतिसभा में भाग लेने छात्र-छात्राओं के समूह विद्यालयों से रैलियों के रूप में लोक कला मंडल पहुंचे।

राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. बी.पी. भटनागर ने अध्यक्ष पद से वर्तमान अर्थनीति को धनोपार्जन पर केन्द्रित बताते हुए इससे उपजी असंतोष और अतृप्ति के कारण पैदा हो रही विषमताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि विकसित देश प्रयोगशालाओं में परमाणु विस्फोट करने में जुटे हैं, जिससे विश्व में अन्य देशों को पता नहीं चले। अंत में हिरोशिमा त्रासदी पर दिवंगत लोगों की स्मृति में 2 मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। संयोजन राजीव लोढ़ा ने किया।

'2000'



हिरोशिमा दिवस पर शनिवार को भारतीय लोक कला मण्डल में शांतिपीठ की ओर से एक शांतिसभा आयोजित की गई। संस्था अध्यक्ष अनन्त गणेश त्रिवेदी सभा को संबोधित करते हुए। मुख्य अतिथि महंत मुरली मनोहर

दैनिक भास्कर
उदयपुर, श्रावण शुक्ला, चतुर्दशी, विक्रम संवत 2055, शुक्रवार 7 अगस्त 1998



उदयपुर में गुरुवार को युद्धोन्माद विरोधी मंच की रैली तथा शांतिपीठ की शांतिसभा ।

हिरोशिमा स्मृति दिवस के अवसर पर शांतिपीठ संस्थान के तत्वावधान में सूचना केन्द्र सभागार में शांति सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि जो विज्ञान आनंद प्रदान करे वही विज्ञान है, हमें विनाश का विज्ञान स्वीकार नहीं है। भारतीय ऋषियों ने आनंद के विज्ञान की खोज की और मानव जाति को जीवन के उद्देश्य का मार्ग दिया। शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने आणविक युद्धोन्माद से संभावित विनाश से दुनिया को बचाने प्रखर जनमत जागृत करने की जरूरत बताई। विद्या भवन शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.के. शर्मा ने भी विचार रखे।

सभा में संत तरेसा व सेंट्रल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने शांति गीत प्रस्तुत किए। सभा में प्रतिभागियों ने एक स्वर में प्रतिज्ञा की कि वे अहिंसा व सत्य के रास्ते चलकर पूरी दुनिया को आणविक अस्त्रों से मुक्त करने के प्रयास करेंगे तथा अहंकार व हिंसा से प्रेरित होकर युद्ध की भावना उत्पन्न करने वाली शक्तियों का प्रबल विरोध करेंगे। सभा में डॉ. एल.एल. शर्मा ने धन्यवाद दिया।

संयोजन राजीव लौढ़ा ने किया। सभा में नगर के कई विद्यालयों से विद्यार्थी मौन जुलूस के रूप में चलकर आए। विभिन्न विद्यालयों से आने वाली रैलियों में बच्चे अनुशासित रूप से कतारों में चल रहे थे। वे हाथों में आणविक नि:शस्त्रीकरण, पर्यावरण संरक्षण, युद्ध नहीं शांति, हिरोशिमा व नागासाकी की पुनरावृत्ति न हो आदि नारे लिखी तख्तियां व बैनर लेकर चल रहे थे। करीब दो दर्जन सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों ने शांति सभा में हिस्सा लिया। विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी इस दौरान मौजूद थे। युवक कांग्रेस की ओर से हिरोशिमा दिवस को 'शांति दिवस' के रूप में मनाया गया। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में कृष्णकुमार हरिव्यासी, राजेश नागौरी, कल्याणसिंह राव ने विचार रखे।

राजस्थान पत्रिका अगस्त 24 2006



हमारी नज़र से देखो कश्मीर

उदयपुर आए कश्मीर के युवाओं के दल ने कहा, आतंकवाद का नज़ारा वैसा नहीं जैसा आप सुनते हैं

उदयपुर, 23 अगस्त। एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता की बयार कश्मीर से ही चलती है। आतंकवाद के हर दौर को झेलने के बाद भी कश्मीर के युवाओं ने हमेशा देश का मस्तक गर्व से ऊंचा रखा है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. गिरिजा के खिलाफ लड़ाई में साथ दें। उन्होंने कहा कि कश्मीर में जब हवाएं चलती हैं, घटाएं उठती हैं तो हम उदयपुर के मौसम का अनुमान लगा लेते हैं। वहां पर कोई घटना होती है तो हमारा भी दिल भी जार-जार हो जाता है। युवाओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि वे अपनी संवेदनाओं के पंख पसारकर दहशतगर्दों के

अपने पास बुलाती है। उन्होंने कहा कि हम दूर से उनके दर्द को बयां नहीं कर सकते। कश्मीर के लोग धन्य हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को स्वस्थ तबादला-ए-खयालात करने को कहा। शांतिपीठ के अनंत गणेश त्रिवेदी ने कश्मीर के युवाओं को शांति का योद्धा बताया। कार्यक्रम में सेंट्रल

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत २०५८, भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, तृतीया, मंगलवार, ७ अगस्त, २००१

आक्रांता पर काबू से ही शांति संभव : झुनझुनवाला

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 6 अगस्त। वरिष्ठ पत्रकार डा. भरत झुनझुनवाला की राय में दुष्ट को सजा देने और दुराचारी पर काबू के लिए होने वाला यह युद्ध धर्मयुद्ध कहलाता है।

उन्होंने कहा, विश्व शांति के लिए जरूरी हो तो आक्रांताओं को समुचित ढंग से नियंत्रित भी करना चाहिए। वे सोमवार को शांतिपीठ के तत्त्वावधान में हिरोशिमा स्मृति दिवस के अवसर पर नगर परिषद के सुखाड़िया रंगमंच पर आयोजित शांतिसभा में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने युद्ध और धर्मयुद्ध में विभेद करते हुए राम और कृष्णकालीन घटनाओं का जिक्र किया और कहा कि राम और कृष्ण की आराधना हम शांति के लिए करते हैं, किंतु उन्होंने युद्ध लड़े और ये युद्ध अत्याचार के पाप का नाश करने के लिए लड़े गए। धर्मयुद्ध की इसी कड़ी में द्वितीय महायुद्ध के काल में भारत की ओर से सेना भेजने में अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी की सहमति रही। डा. भरत ने हिरोशिमा दु:खांतिका का स्मरण दिलाते हुए कहा कि वहां निर्बाध और आम जनता को मारा गया, चूंकि यह युद्ध, युद्ध के नियमों के विपरीत था। निर्बाध मारे गए इसलिए अमेरिका की गलती थी। वह हिटलर जैसी गलती थी। उन्होंने कहा कि विश्व शांति की बात करते समय आक्रांताओं को नियंत्रण में करने की जरूरत समझी जाए।

विशिष्ट अतिथि, नगर विकास प्रन्यास अध्यक्ष रूपकुमार खुराना ने हिरोशिमा दु:खांतिका की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि शांति के लिए भारत द्वारा परंपरागत रूप से किए जाने वाले प्रयासों को और भी अधिक व्यापक रूप देने की आवश्यकता है। अध्यक्षता करते हुए नगर परिषद के सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने हिरोशिमा दिवस के औचित्य को बताते हुए बालकों के भावी जीवन के लिए नए विचारों की आवश्यकता बताई। आयोजन की प्रासंगिकता पर वक्तव्य देते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि युद्ध तो निर्णायक होता है, किंतु विनाश सामूहिक रूप से आत्मघाती है। उन्होंने कहा कि विश्व शांति की नई पहल मेवाड़ से शुरू हुई है। मेवाड़ कई धर्मयुद्ध लड़कर शांत है। सभा में सेंटपाल के छात्र सौरभ कोठारी ने शांति और सद्भाव पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में सेंट्रल एकेडमी के छात्रों ने संगीत अध्यापक रफीक भाई के निर्देशन में शांति संगीत प्रस्तुत किया। वहां एक दर्जन विद्यालयों के छात्र-छात्राएं सभा में उपस्थित हुए। इससे पूर्व अपने-अपने विद्यालयों से मौन जुलूस में छात्र-शांति, नि:शस्त्रीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में नारे लिखी पट्टियां, बैनर, पोस्टर लेकर चल रहे थे। कार्यक्रम के अंत में शांतिपीठ के प्रसार अधिकारी राजीव लोढ़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन श्याम पंवार ने किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ।



हिरोशिमा दिवस पर सोमवार को हुई शांति सभा में स्कूली बालिकाएं शांति विषयक नारे लिखी तख्तियां लेकर पहुंची। *भास्कर*

SHANTIPEETH INDIA ■ 167 ■
DOWN THE MEMORY LANE

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 12 मई 1999



फिल्म अभिनेता सुनील दत्त उदयपुर के रेलवे ट्रेनिंग स्कूल सभागार में मंगलवार को आयोजित 'वसुधैव कुटुम्बकम एवं स्वयं सेवी संस्थाएं' विषयक गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए। -पत्रिका फोटो

युवा शक्ति शान्ति के लिए कार्य करे-सुनील दत्त

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 11 मई। जाने माने फिल्म अभिनेता सुनील दत्त ने कहा है कि शान्ति के जरिए कई मुश्किलों का हल संभव है और विकास के पथ पर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों ने लोगों को बांटने का कार्य किया है। उन्होंने युवा शक्ति का आह्वान किया कि एकजुट होकर शान्ति के लिए कार्य करे। दत्त मंगलवार को यहां विभिन्न कार्यक्रमों में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। दत्त 'हैण्ड्स एक्रोस दी बार्डर एक्सपीडिशन' दल के पांच देशों के भ्रमण के तहत सोमवार रात यहां पहुंचे थे। दल में भारत के अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान के सदस्यों सहित 17 सदस्य हैं। यह दल अपने सद्भावना मोटर अभियान के तहत चार वाहनों में सवार होकर 15 हजार किलोमीटर लम्बे सफर पर निकला है। दल के सदस्य दक्षिण एशिया के लोगों को शान्ति, एकता व मैत्री का संदेश दे रहे हैं।यहां रेलवे ट्रेनिंग स्कूल सभागार में शान्तिपीठ व नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 'वसुधैव कुटुम्बकम एवं स्वयं सेवी संस्थाएं' विषयक गोष्ठी में सुनील दत्त ने कहा कि बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, नेपाल की यात्रा के दौरान युवा का एक ही प्रश्न होता था कि उनके देशों के साथ तो कोई समस्या नहीं है लेकिन पाकिस्तान के साथ समस्या का हल सोचें। उन्होंने कहा कि अभियान दल ने इस दिशा में पहल की है और जहां कहीं भी शुरूआत होती है (शेष पृष्ठ 12 पर)

युवा शक्ति.....

(पृष्ठ एक कालम 5 का शेष)

तो वह सरहद के बाहर भी पहुंचती है। निश्चित रूप से अभियान दल का शान्ति का संदेश पाक तक पहुंच रहा होगा। उन्होंने कहा कि हाथ तभी मिल सकते है जब हाथ में हथियार न हो। उन्होंने कहा कि कि अभियान दल शान्ति की भावना जागृत करने का प्रयास कर रहा है क्यों कि शान्ति के बिना विकास संभव नहीं है। उन्होंने जापन व जर्मनी का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय उनके अस्तित्व पर संकट आ गया था लेकिन देश भक्ति के बूते वे आज फिर से बुलंदियों पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि देश को आजादी मिली, जमीन आजाद हो गई लेकिन अंतरात्मा आजाद नहीं हुई। शान्ति के जजबात पैदा नहीं हुए। उन्होंने युवकों का आह्वान किया कि वे अपनी शक्ति देश को ऊपर उठाने में लगाएं। तोड़फोड़ व अन्य विध्वंसकारी गतिविधियों को छोड़ें। उन्होंने कहा कि आज वक्त आ गया है कि हम युवाओं को बांध की तरह बांधे। यह बांध ऐसा हो, जिसमें शान्ति, प्यार व विश्वास भरा हो और जब इस बांध की नहरें निकलेंगी तो शान्ति का वातावरण पैदा होगा, तब धर्म जांत पांत का सवाल नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसा हुआ तो पाकिस्तान हथियार छोड़कर हाथ मिलाएगा। सुनील दत्त ने कहा कि यह यात्रा आज से तीन वर्ष पूर्व हो जाती लेकिन पाकिस्तान से क्लीरेंस नहीं मिली। उन्होंने कहा कि शान्ति के रास्ते पर चलने वाले उम्मीद नहीं छोड़ते। एक दिन पाक से मंजूरी आएगी और पाकिस्तान जाएंगे।

पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने कहा कि 35 वर्ष पूर्व जब वे विदेश मंत्रालय में थे तभी से इस बात पर जोर देते रहे है कि देश का कल्याण तभी होगा जब पड़ौसियों को दोस्त बनाएंगे। यदि हम पड़ौसियों का विश्वास जीत सके तो बड़े देश भी नुकसान पहुंचाने की हिम्मत नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया की एकता से ही विकास संभव है। इस सन्दर्भ में उन्होंने कहा कि पोकरण परमाणु परीक्षण से लाहौर की बस यात्रा ज्यादा जरूरी थी। अभियान दल के प्रमुख अखिल बत्रा ने कहा कि अभियान दल दक्षिण के लोगों का इतिहास, संस्कृति व समस्याएं एक है और अभिया दल लोगों में यह संदेश लें जाना चाहता है कि यहां कोई मतभेद नहीं है। सभी शान्ति चाहते है, विकास चाहते है।

शान्ति पीठ के अनन्त गणेश त्रिवेदी ने यूगोस्लाविया के हालात का उल्लेख करते हुए कहा कि शान्ति खण्ड-खण्ड नहीं हो सकती। शान्ति एक साथ होगी। उन्होंने कहा कि अभियान दल शान्ति की चेतना प्रेषित कर रहा है। कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र के युथ कॉर्डिनेटर श्याम सिंह ने अभियान दल का स्वागत किया। रेलवे ट्रेनिंग स्कूल के प्राचार्य आर.एस. मीणा व ब्रह्मकुमारी रीता बहन ने भी विचार व्यक्त किए।

दैनिक नवज्योति

अजमेर, शुक्रवार, 20 फरवरी, 2009

संगोष्ठी

उदयपुर शांतिपीठ में सर्वधर्म समभाव के मार्गदृष्टा परमहंस विषयक सत्संग-संगोष्ठी में मंचासीन अतिथिगण। फोटो : नवज्योति



परमहंस योग भक्ति एवं वेदांत के समन्वित स्वरूप

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 19 फरवरी। रामकृष्ण परमहंस योग भक्ति, वेदांत और सेवा का समन्वित स्वरूप हैं जो जाति, वर्ण, सम्प्रदाय अथवा राष्ट्रीयता से ऊपर उठकर मानव मात्र को अज्ञान के अंधकार से प्रकाश की ओर चलने की दिशा देते है। यह विचार परमहंस की जयंती के अवसर पर शांतिपीठ में सर्वधर्म समभाव के मार्गदृष्टा परमहंस विषयक सत्संग-संगोष्ठी में बोलते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किए। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पं. भंवरलाल व्यास ने वेद के चतुष्टयं वा इदं सर्वम सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हुए कहा कि देह, मन, बुद्धि साधन मात्र है, केवल चेतन्य ही ऐसा तत्व है जो विकारों से प्रतिपादन करते हुए कहा कि देह, मन, बुद्धि साधन मात्र है, केवल चेतन्य ही ऐसा तत्व है जो विकारों से मुक्त कर परम तत्व से जोड़ता है। हम चेतन तत्व की परिष्कृति करते हुए एकता को आत्मसात कर सकते हैं। प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व के सारे धर्मों की मर्यादाएं एक ही है, जिन्हें रामकृष्ण ने पहचाना और धार्मिक समन्वयक का कार्य किया। उन्होंने कहा कि संत

शांतिपीठ में सत्संग संगोष्ठी

स्वधर्म की पहचान कराता है। स्वधर्म विहीन आचरण समाज में उच्छृंखलता पैदा करता है। त्रिवेदी ने कहा कि हमने धर्म के स्थूल रूप को पकड़ा और उसकी आत्मा को खो दिया, यही कारण है कि समाज, आतंक, अविश्वास और अशांति के बीहड़ में पहुंच गया। इस अवसर पर बोलते हुए रामकृष्ण भावधारा से जुड़े चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि रामकृष्ण एक ही परम सत्य का प्रतिनिधित्व करते है, जिसे आत्मसात कर मानव विकास के उस परम तत्व तक पहुंच सकता है जहां ईश्वर से एकात्मकता का अनुभव हो सके। उन्होंने कहा कि परमहंस ने आधुनिक काल में भारत के पुनर्जागरण के सूत्रधार बनकर विश्व कल्याण का मार्ग दिया। शिक्षाविद् कैलाश वाजपेयी ने कहा कि परमहंस सेवा, प्रेम और त्याग का निरापद मार्ग है। इस अवसर पर उदयपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट त्रिभुवन पुरोहित ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दूसरे लम्बे सत्र में भजन संध्या में रामकृष्ण-विवेकानन्द भाव धारा से जुड़े गीत प्रस्तुत करते हुए पं. रामकृष्ण बोस ने मातृस्रोत, यह कैसी करूणाकाली समझ न आये, चलो मन जाये घर अपने, हरिनाम संकीर्तन प्रस्तुत किए तथा अंत में ध्यान के समय कृष्णतंत्री वीणा में राग भैरवी प्रस्तुत किया। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के गिरधारी गर्ग की उपस्थिति में रजनी जोशी और नेहा जोशी ने गुरू कृपा, ओम नमो भगवते वासुदेवाय के साथ ही कई भजन प्रस्तुत कर सभागार में संगीतमय बना दिया।

हैलो डाक्टर कार्यक्रम में आज रू-ब-रू होंगे डॉ. शर्मा

उदयपुर, 19 फरवरी। आकाशवाणी उदयपुर के 'हैलो डॉक्टर' कार्यक्रम में शुक्रवार 20 फरवरी को प्रातः 9.20 से 10.20 बजे तक डॉ. डी.सी. शर्मा श्रोताओं से सीधा संवाद कर उनकी थायराइड व संबंधित बीमारियों, समस्याओं का निदान व उपचार प्रस्तुत करेंगे। आकाशवाणी केन्द्र निदेशक माणिक आर्य ने बताया कि श्रोता फोन नम्बर 2428684 व 2428685 पर बीमारियों के बारे में पूछ सकते हैं।

प्रातःकाल
उदयपुर रविवार दिनांक 6 अगस्त 2000



शांतिसभा में शांति गीत प्रस्तुत करते बच्चे व सभा में मौजूद स्कूली छात्र-छात्राएं। फोटो : कैलाश टांक

हिरोशिमा दिवस के उपलक्ष में शांति सभा का आयोजन

उदयपुर, 5 अग. (कासं)। शांतिपीठ के तत्वावधान में आज लोक कला मंडल में एक शांतिसभा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर हिरोशिमा त्रासदी में दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि दी।

सभा में मुख्य उद्‌बोधन देते हुए महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने विश्व शांति के लिये भारत द्वारा की गई पहल को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भारत के पास सक्षम परमाणु आयुध होने के बावजूद उसने अन्य देशों को कभी नुकसान नहीं पहुंचाया। महंत ने दुनिया में चौधराहट करने वाले देशों का हवाला देते हुए कहा कि एक ओर वे शांति की बात करते हैं और दूसरी ओर एक मिनिट में दो लाख गोले बरसाने वाली तोपे निर्माण करते हैं, ऐसे दोहरे मापदण्ड विश्व शांति के लिये खतरा है।

इससे पूर्व शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विगत 15 वर्षों से उदयपुर में हिरोशिमा स्मृति दिवस पर किये जा रहे कार्यक्रमों की प्रासंगिकता पर विचार रखे।

विशिष्ट अतिथि विधायक त्रिलोक पूर्बिया ने युवा पीढ़ी को सही दिशा देकर सन्मार्ग के लिये प्रेरित करने की आवश्यकता बताते इसे सामाजिक दायित्व बताया। नगर परिषद सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने हिरोशिमा त्रासदी का मार्मिक वर्णन करते बताया कि भारतीय संस्कृति से ही विश्व शांति संभव होगी।

इस अवसर पर नगर के करीब डेढ दर्जन छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभागिता की। सेन्ट्रल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने संगीत अध्यापक रफीक अहमद व कुसुम शाह के निर्देशन में शांति गीत प्रस्तुत किये, जबकि गुरू नानक पब्लिक स्कूल के छात्र आनंद शर्मा ने "हम होंगे कामयाब" की हारमोनियम पर अच्छी प्रस्तुती दी। ज्ञान शिखर पब्लिक स्कूल की एक नन्हीं बालिका विभि ने माइक पर आकर "हमें शांति चाहिये" का तीन बार उद्घोषन किया।

इससे पूर्व हिरोशिमा स्मृति दिवस के लिये आयोजित शांतिसभा में भाग लेने के लिये छात्र-छात्राओं के समूह अपने अपने विद्यालयों से रैलियों के रूप में कला मंडल पहुंचे थे।

राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. बी. पी. भटनागर ने शांतिसभा की अध्यक्षता करते हुए वर्तमान अर्थनीति को धनोपार्जन पर केन्द्रित बताते इससे उपजी असंतोष और अतृप्ति के कारण पैदा हो रही विषमताओं की ओर ध्यान दिलाया।

कार्यक्रम के अंत में 2 मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राजीव लोढ़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को समाजसेवी जगत भाई की ओर से फल वितरित किये गये।

जय राजस्थान
उदयपुर, शनिवार 7 अगस्त 1999



उदयपुर में हिरोशिमा दिवस पर आयोजित गोष्ठी व रैली का दृश्य। छाया : राजेन्द्र हिलोरिया

हिरोशिमा स्मृति दिवस पर शांति सभा व विशाल रैली

उदयपुर, 6 अगस्त। मोहनलाल सुखाड़िया वि.वि. के कुलपति डॉ. आर्य कुमार सिंह ने कहा कि विश्व में भेदभाव की निति से निशस्त्रीकरण संभव नहीं है, एक राष्ट्र आणविक हथियारों का जखीरा अपने पास रखे औ अन्य राष्ट्रों को निशस्त्रीकरण की हिदायते दे तो शांति की बात बेमानी मानी जायेगी।

डॉ. सिंह शुक्रवार सुबह स्थानीय सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर शांति पीठ की ओर से हिरोशिमा स्मृति दिवस पर आयोजित शांति सभा को सम्बोधित कर रहे थे। आणविक अस्त्रों के भण्डार पर चिन्ता प्रकट करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि कोई भी राष्ट्र भय ग्रस्त अथवा आतंकित होकर आणविक अस्त्रों का सहारा ले तो विश्व शांति खतरे में पड़ सकती है, युद्ध एवं विनाश से बचने के लिए सभी राष्ट्रों के बीच परस्पर विश्वास बढ़ाते हुए उन्हें प्रतिबद्ध होकर निशस्त्रीकरण को व्यवहारिक रूप देना होगा। शांति पीठ के संस्थापक सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सभी राष्ट्र आत्मिक सम्बन्धों की पहल करें, अपने देश में उच्च जीवन मूल्यों के शैक्षिक प्रयत्न करें तो इक्कीसवीं शताब्दी शांति की सदी बन सकती है।

इस अवसर पर जापान से आई सुश्री ऐरिको नाकाशा और आया किमोटो ने जापान के खूबसूरत शहरों नागासाकी एवं हिरोशिमा के वीभत्स हादसे का स्मरण दिलाते हुए छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से दुखान्तिका के प्रभावों को स्पष्ट किया। उन्होंने विश्व के देशों में शांति सद्भाव एवं निशस्त्रीकरण की जन प्रतियोगिताओं की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। समाज सेवी मोतीलाल डांगी ने शांति के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन शांति पीठ के राजीव लोढा ने किया।

एक किलोमीटर लम्बा मौन जुलूस:- इससे पूर्व शहर के तीस सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के बच्चों का मौन जुलूस टाउन हॉल से रवाना हुआ। जिला कलेक्टर प्रेमसिंह मेहरा ने झण्डी दिखाकर जुलूस को रवाना किया। यह जुलूस टाउन हॉल से देहली गेट, कलेक्ट्रेट तथा चेतक सर्किल होता हुआ सूचना केन्द्र पहुंचा जहां एक सभा के रूप में परिवर्तित हो गया। जुलूस में जापान से आई युवतियों सहित विद्यालयी शिक्षकों, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा प्रबुद्ध नागरिक भी थे। रैली में विद्यार्थीगण 'हमें शांति चाहिये' युद्ध नहीं तथा शांति, मैत्री, अहिंसा तथा पर्यावरण पर आधारित तकरीरों की तख्तियां लिये बिलकुल मौन साधे चल रहे थे।

राष्ट्रदूत
उदयपुर शनिवार 7 अगस्त 1999

हिरोशिमा दिवस पर शांति सभा, जुलूस

- कार्यालय संवाददाता-

उदयपुर 6 अगस्त। मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के कुलपति डा. आर्य कुमार सिंह ने कहा कि विश्व मे भेदभाव की नीति से निशस्त्रीकरण संभव नहीं है, एक राष्ट्र आणविक हथियारों का जखीरा अपने पास रखे और अन्य राष्ट्रों को निशस्त्रीकरण की हिदायते दे तो शांति की बात बेमानी मानी जायेगी।

डा. सिंह शुक्रवार सुबह स्थानीय सूचना केन्द्र मे मुक्ताकाशी रंगमंच पर शांति पीठ की ओर से हिरोशिमा स्मृति दिवस पर आयोजित शांति सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि शांति पीठ ही एक ऐसा मंत्र है जिसे साधकर विश्व को मौजूदा स्वरुप में बनाये रखा जा सकता है लेकिन इसके लिए ईमानदारी से बिना शर्त निशस्त्रीकरण नितान्त जरुरी है।

शांति पीठ के संस्थापक सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सभी राष्ट्र आत्मिक संबधों की पहल करें, अपने देश मे उच्च जीवन मूल्यों के शैक्षिक प्रयत्न करें तो इक्कीसवीं सदी शांति की सदी बन सकती है। उन्होने कहा कि भारत आक्रामक देश नहीं रहा है उसने न्याय एवं मातृ भूमि की रक्षा के ल लिए अवश्य हथियार उठाये, कारगिल संघर्ष इसका ताजा उदाहरण है।

इस अवसर पर जापान से आई सुश्री ऐरेकों नाकाशा और आयाकिमोटों ने जापान के खूबसूरत शहरों नाकासाकी एंव हिरोशिमा के वीभत्स हादसे का स्मरण दिलाते हुए छोटी छोटी कहानियों के माध्यम से दुखान्तिका के प्रभावों को स्पष्ट किया। उन्होने विश्व के देशों में शांति सदभाव एवं निशस्त्रीकरण की जन प्रतियोगिताओं की आवश्यकता की भी रेखांकित किया। समाजसेवी मोती लाल डांगी ने शांति के संदर्भ मे संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन शांति पीठ के राजीव लोढा ने किया।

कार्यक्रम के अन्त में हिरोशिमा एवं नाकासाकी नर संहारों तथा कारगिल संघर्ष मे खेत रहे राष्ट्र भक्तों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली दी गई।

इससे पूर्व शहर के तीस सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के बच्चों का मौन जुलूस रवाना हुआ। जिला कलेक्टर प्रेम सिंह मेहरा ने झण्डी दिखाकर जुलूस को रवाना किया। यह जुलूस टाउन हाल से देहलीगेट कलेक्ट्रेट तथा चेतक सर्कल होता हुआ सूचना केन्द्र पहुंचा जहां एक सभा के रूप में परिवर्तित हो गया।

जिला कलेक्टर मेहरा स्वयं शांति की तख्ती हाथ में लेकर जुलूस में बच्चों के साथ चल रहे थे।

युग की प्रति-दिन सेवा
संवत् 2056 शाके 1919 आषाढ़ बदी 11 शनिवार दिनांक 7-8-99

भेदभाव के चलते नि:शस्त्रीकरण असंभव : सिंह

उदयपुर, ७ अगस्त (नस)। मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के कुलपति डा. आर्य कुमार सिह ने कहा कि विश्व मे भेदभाव की नीति से निशस्त्रीकरण सभव नही है. एक राष्ट्र आणविक हथियारो का जखीरा अपने पास रखे और अन्य राष्ट्रो को निशस्त्रीकरण की हिदायत दे तो शाति की बात बेमानी मानी जाएगी।

डा. सिह शुक्रवार सुबह स्थानीय सूचना केंद्र के मुक्ताकाशी रगमच पर शातिपीठ की ओर से हिरोशिमा स्मृति दिवस पर आयोजित शाति सभा को सबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि शाति ही एक ऐसा मत्र है जिसे साधकर विश्व की मौजूदा स्वरूप मे बनाए रखा जा सकता है लेकिन इसके लिए ईमानदारी से बिना शर्त निशस्त्रीकरण नितात जरूरी है।

आणविक अस्त्रो के भण्डार पर चिता प्रकट करते हुए डा. सिह ने कहा कि कोई भी राष्ट्र भयग्रस्त अथवा आतकित होकर आणविक अस्त्रो का सहारा ले तो विश्व शाति खतरे मे पड सकती है. युद्ध एव विनाश से बचने के लिए सभी राष्ट्रो के बीच परस्पर विश्वास करते हुए उन्हे प्रतिबद्ध होकर निशस्त्रीकरण को व्यावहारिक रूप देना होगा।

शातिपीठ के सस्थापक सचिव, अनत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सभी राष्ट्र आत्मिक सबधो की पहल करे, अपने देश मे उच्चजीवन मूल्यो के शैक्षिक प्रयत्न करे तो इक्कीसवी शताब्दी शाति की सदी बन सकती है। उन्होने कहा कि भारत आक्रामक देश नही रहा है, उसने न्याय एव मातृभूमि की रक्षा के लिए अवश्य हथियार उठाए. कारगिल सघर्ष इसका ताजा उदाहरण है। यह देश शाति एव अहिसा की अपनी शाश्वत सत्ता से कभी विचलित नही हुआ।

इस अवसर पर जापान से आई सुश्री ऐरिको नाकाशा और आयाकिमोटो ने जापान के खूबसूरत शहरो नागासाकी एवं हिरोशिमा के वीभत्स हादसे का स्मरण दिलाते हुए छोटी छोटी कहानियो के माध्यत से दुखान्तिका के प्रभावो को स्पष्ट किया। उन्होंने विश्व के देशो को

हिरोशिमा दिवस

भी रेखाकित किया। समाजसेवी मोतीलाल डागी ने शाति के सदर्भ मे सयुक्त राष्ट्र सघ की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सयोजन शातिपीठ के राजीव लोढ़ा ने किया।

कार्यक्रम के अत मे हिरोशिमा एव नागासाकी नरसहारो तथा कारगिल सघर्ष मे खेल रहे राष्ट्रभक्तो को दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धाजलि दी गई।

मौन जुलूस : इससे पूर्व शहर के तीस सरकारी एव गैर सरकारी विद्यालयो के बच्चो का मौन जुलूस टाउन हॉल से रवाना हुआ। जिला कलेक्टर प्रेमसिह मेहरा ने झण्डी दिखाकर जुलूस को रवाना किया। यह जुलूस टाउन हॉल से देहलीगेट कलेक्ट्रेट तथा चेतक सर्किल होता हुआ सूचना केंद्र पहुचा जहा एक सभा के रूप मे परिवर्तित हो गया।

जिला कलेक्टर मेहरा स्वय शाति की तख्ती हाथ मे लेकर जुलूस मे बच्चो के साथ कलेक्ट्रेट तक चले तथा जुलूस का नेतृत्व किया। जुलूस मे जापान से आई युवतियो सहित विद्यालयी शिक्षको, स्वयसेवी सस्थाओ के प्रतिनिधि तथा प्रबुद्ध नागरिक भी थे रैली मे विद्यार्थीगण 'हमे शाति चाहिए युद्ध नही' तथा शाति, मैत्री, अहिसा तथा पर्यावरण पर आधारित तकरीरो की तख्तिया लिए बिल्कुल मौन साधे चल रहे थे। सभी विद्यार्थी अपनी अपनी स्कूलो के गणवेश मे थे। उनके हाथो मे शाति के ध्वज तथा बैनर भी थे। कुल मिलाकर शाति एव विश्व बधुत्व के लिए निकाली गई यह रैली काफी प्रभावशाली रही।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, श्रावण कृष्णा एकादशी, विक्रम संवत 2056, शनिवार 7 अगस्त 1999

'भेदभाव की नीति से निरस्त्रीकरण असंभव'

उदयपुर, 6 अगस्त। सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर्य कुमारसिंह ने कहा कि विश्व में भेदभाव की नीति से निरस्त्रीकरण संभव नहीं है। एक राष्ट्र आणविक हथियारों का जखीरा अपने पास रखे और अन्य राष्ट्रों को निरस्त्रीकरण की हिदायत दे, तो शांति की बात बेमानी होगी।

डॉ. सिंह शुक्रवार सुबह सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर शांति पीठ की ओर से हिरोशिमा स्मृति दिवस पर आयोजित शांतिसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शांति ही एक ऐसा मंत्र है जिसे साधकर विश्व को मौजूदा स्वरूप में बनाए रखा जा सकता है, लेकिन इसके लिए ईमानदारी से बिना शर्त निरस्त्रीकरण नितांत जरूरी है।

युद्ध एवं विनाश से बचने के लिए सभी राष्ट्रों के बीच परस्पर विश्वास बढ़ाते हुए उन्हें प्रतिबद्ध होकर निरस्त्रीकरण को व्यावहारिक रूप देना होगा। शांति पीठ के संस्थापक सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सभी राष्ट्र आत्मिक संबंधों की पहल करें, अपने देश में उच्च जीवन मूल्यों के शैक्षिक प्रयत्न करें तो इक्कीसवीं शताब्दी शांति की सदी बन सकती है। इस अवसर पर जापान से आई एरिको नाकाशा और आयाकिमोटो ने जापान के खूबसूरत शहरों नागासाकी एवं हिरोशिमा के वीभत्स हादसे का स्मरण दिलाते हुए छोटी-छोटी

हिरोशिमा दिवस पर रैली और शांतिसभा

कहानियों के माध्यम से दुखांतिका के प्रभावों को स्पष्ट किया। समाजसेवी मोतीलाल डांगी ने शांति के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन शांति पीठ के राजीव लोढ़ा ने किया। कार्यक्रम के अंत में हिरोशिमा एवं नागासाकी नरसंहारों तथा कारगिल संघर्ष में शहीद राष्ट्र भक्तों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

मौन जुलूस : इससे पूर्व शहर के तीस सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के बच्चों का मौन जुलूस टाउन हॉल से रवाना हुआ। जिला कलेक्टर प्रेमसिंह मेहरा ने झंडी दिखाकर जुलूस को रवाना किया। यह जुलूस टाउन हॉल से देहलीगेट, कलेक्ट्रेट, चेतक सर्किल होता हुआ सूचना केन्द्र पहुंचा, जहां एक सभा के रूप में परिवर्तित हो गया।

जिला कलेक्टर मेहरा स्वयं शांति की तख्ती हाथ में लेकर जुलूस में बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट तक चले तथा जुलूस का नेतृत्व किया। रैली में विद्यार्थीगण 'हमें शांति चाहिए, युद्ध नहीं' तथा शांति, मैत्री, अहिंसा तथा पर्यावरण पर आधारित तकरीरों की तख्तियां लिए मौन चल रहे थे। सभी विद्यार्थी अपनी-अपनी स्कूलों के गणवेष में थे। उनके हाथों में शांति के ध्वज तथा बैनर भी थे।

प्रातःकाल
श्रावण कृष्णा 11 शनिवार दिनांक 7 अगस्त 1999



हिरोशिमा दिवस पर उदयपुर में विद्यार्थियों द्वारा आयोजित मौन जुलूस ।
फोटो : प्रमोद सोनी

हिरोशिमा दिवस पर विविध आयोजन

'हमें शांति चाहिये, युद्ध नहीं' की तख्तियां लेकर विद्यार्थियों ने मौन जुलूस निकाला

उदयपुर, 6 अग. (नसं) । हिरोशिमा स्मृति दिवस के मौके पर शुक्रवार को शहर में विद्यार्थियों ने मौन जुलूस निकाला तथा बाद में शांति सभा आयोजित हुई । सेवामंदिर में इस अवसर पर गोष्ठी आयोजित हुई ।

शांतिपीठ के तत्वावधान में शहर के 30 सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के बच्चों का करीब एक किलोमीटर लम्बा मौन जुलूस सुबह टाऊन हाल से रवाना हुआ । जिला कलक्टर प्रेम सिंह मेहरा ने हरी झण्डी दिखाकर जुलूस को रवाना किया । जुलूस टाऊन हॉल से देहलीगेट; कलेक्ट्रेट तथा चेतक सर्कल होता हुआ सूचना केन्द्र पहुंचा जहां शांतिसभा आयोजित हुई । जिला कलक्टर मेहरा स्वयं शांति की तख्ती हाथ में लेकर बच्चों के साथ चले ।

जुलूस में जापान से आई युवतियों सहित विद्यालयी शिक्षकों, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा प्रबुद्ध नागरिक भी थे । रैली में विद्यार्थीगण 'हमें शांति चाहिए युद्ध नहीं' तथा शांति, मैत्री, अहिंसा तथा पर्यावरण पर आधारित तकरीरों की तख्तियां लिए बिल्कुल मौन साधे चल रहे थे । सभी विद्यार्थी अपनी-अपनी स्कूलों के गणवेश में थे । उनके हाथों में शांति के ध्वज तथा बैनर भी थे ।

शांति सभा में सुखाड़िया विश्व विद्यालय के कुलपति डा. आर्य कुमार सिंह ने कहा कि विश्व में भेदभाव की नीति से निशस्त्रीकरण संभव नहीं है, एक राष्ट्र आणविक हथियारों का जखीरा अपने पास रखे और अन्य राष्ट्रों को निशस्त्रीकरण की हिदायतें दे तो शांति की बात बेमानी मानी जाएगी ।

डा. सिंह शुक्रवार सुबह स्थानीय सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर शांति पीठ की ओर से 'हिरोशिमा स्मृति दिवस' पर आयोजित शांति सभा को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि शांति ही एक ऐसा मंत्र है जिसे साधकर विश्व को मौजूदा स्वरूप में बनाए रखा जा सकता है, लेकिन इसके लिए ईमानदारी से बिना शर्त निशस्त्रीकरण नितांत जरुरी है ।

शांति पीठ के संस्थापक सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सभी राष्ट्र आत्मिक संबंधों की पहल करें, अपने देश में उच्च जीवन मूल्यों के शैक्षिक प्रयत्न करें तो इक्कीसवीं शताब्दी शांति की देवी बन सकती है।

इस अवसर पर जापान से आई सुश्री ऐरिको नाकाशा और माया-किमोटो ने जापान के खूबसूरत शहरों नागासाकी एवं हिरोशिमा के वीभत्स हादसे का स्मरण दिलाते हुए छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से दुखान्तिका के प्रभावों को स्पष्ट किया। उन्होंने विश्व के देशों में शांति सद्भाव एवं निशस्त्रीकरण की जन-प्रतियोगिताओं की आवश्यकता को भी रेखांकित किया । समाज सेवी मोतीलाल डांगी ने शांति के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम का संयोजन

(शेष पृष्ठ 6 कालम 1 पर)

'हमें शांति चाहिये.....

(पृष्ठ 3 का शेष)

शांति पीठ के राजीव लोढ़ा ने किया ।

कार्यक्रम के अंत में हिरोशिमा एवं नागासाकी नर संहारों तथा कारगिल संघर्ष में शहीद राष्ट्र भक्ति को दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई ।

उदयपुर
Rashtradoot
उदयपुर रविवार 13 अगस्त 2000

उदयपुर

प्रथम अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

युवा वर्ग से विश्व शांति के लिए आगे आने का आह्वान

उदयपुर, 12 अगस्त (वि.)। विद्याभवन उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान के सभागार में आज आर. एस. एम. एम. के प्रबन्ध निदेशक के. एस. मणि के मुख्य आतिथ्य एवं विद्याभवन शिक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम. पी. शर्मा की अध्यक्षता में शान्तिपीठ के तत्वाधान में प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।

प्रारम्भ में शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने 12 अगस्त को मनाये जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित उक्त दिवस के उद्देश्यों एवं कार्यक्रम की संक्षिप्त रुप रेखा पर विचार व्यक्त किए। त्रिवेदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ को प्रेषित करने हेतु एक प्रस्ताव को पढ कर सुनाया। प्रस्ताव में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 12 अगस्त के दिन को अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित करने का स्वागत करते हुए बदलते वैश्विक परिदृश्य में युवाओं की सक्रिय सहभागिता के लिए प्रयासरत रहने की प्रतिबद्धता बताई गई।

इससे पूर्व महाविद्यालय की प्राध्यापिका डा. दया दवे ने प्रकृति वंदना प्रस्तुत की तथा छात्रसंघ अध्यक्ष हरदयाल सिंह जेतावत ने ऐसे कार्यक्रमों में युवाओं की सक्रिय सहभागिता आवश्यक बताई।

मुख्य अतिथि मणि ने युवा वर्ग को सुसंगठित हो भाषावाद, जातिवाद, क्षेत्रियता एवं अन्ध राष्ट्रवाद से ऊपर उठकर वैश्वीकरण की दिशा से सोचने समझने एवं विश्व शान्ति के प्रयास के लिए आगे आने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग अपने आस - पास की वस्तुस्थिति के बारे में जागरुक रहते हुए बदलते परिवेश में भ्रमित न होते हुए इस परिस्थितियों का ठीक से विश्लेषण कर अपनी अंतः चेतना से स्वयं का विकास कर समाज एवं राष्ट्र के लिए उपयोगी सिद्ध हो।

प्रो. एम. पी. शर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में युनेस्को की डेलोस रिपोर्ट का हवाला देते हुए युवा वर्ग को इस महाद्वीप में अमन - शांति के लिए रचनात्मक कार्यक्रम हाथ में लेने की सलाह दी। आपने कहा कि पंचशील ही एक मात्र मार्ग है जिस पर चल कर भारत का युवा वर्ग आज के इस बदलते परिवेश में दुनिया को नई दिशा दे सकता हैं।

इस अवसर पर प्राध्यापक भगवती प्रसाद शर्मा ने स्वरचित कविता पाठ कर युवाओं को मानव जाति के विकास में योगदान देने का आ ान किया। डा. जी. एल. मेनारिया ने सभी आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डा. एल. एल. शर्मा ने किया।

अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर जयप्रकाश विचार मंच द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्यवक्ता भारतीय दलित साहित्य अकादमी के कार्यकारी अध्यक्ष मुनव्वर राही ने कहा कि हथियारों की होडके बजाय संवाद और नीयत की जरुरत हैं।

गोष्ठी के अध्यक्ष वयोवद्ध साहित्यकार प्रहलाद नारायण बाजपेयी ने कहा कि दक्षिण एशिया में स्थाई शान्ति के लिए भारत के नौजवानों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती हैं। मंच के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिरोया ने भी विचार रखें।

प्रारम्भ में मुजफ्फर जमील ने विश्वशान्ति पर गीत सुनाया संयोजन इनाम शेख ने किया।

जय राजस्थान
दिनांक :- 13 अगस्त, 2000

प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

उदयपुर, 12 अगस्त (वि)। आज विद्याभवन उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान के सभागार में आर.एस. एम.एम के प्रबन्ध निदेशक के.एस. मणि के मुख्य आतिथ्य एवं विद्याभवन शिक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम.पी. शर्मा की अध्यक्षता में शांतिपीठ के तत्वावधान में प्रथम अनतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया।

प्रारंभ में शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने 12 अगस्त को मनाये जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ घोषित उक्त दिवस के उद्देश्य एवं कार्यक्रम की संक्षिप्त रूप पर विचार वयक्त किया।

इससे पूर्व महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. दया दव न सुमधुर प्रकृति वन्दना प्रकृति वन्दना प्रस्तुत की तथा छात्र संघ अध्यक्ष हरदायल सिंह जेतावत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए ऐसे कार्यक्रमों में युवाओं की सक्रिय सहभागिता आवश्यक बताई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के.एस. मणि ने अपने उद्बोधन में युवा वर्ग को सुसंगठित हो भाषावाद, जातिवाद, क्षेत्रीयता एवं अन्ध राष्ट्रवाद से ऊपर उठकर वैश्वीकरण की दिशा में सोचने समझने एवं विश्वशांति के प्रयास के लिए आगे आने का आव्हान किया।

प्रो. एम.पी. शर्मा ने अपने अध्यक्ष्यीय भाषण में युनेस्को की डलोस रिपोर्ट का हवाला देते हुए युवा वर्ग को इस महाद्वीप में अमन शांति के लिए रचनात्मक कार्यक्रम हाथ में लेनी की सलाह दी। आपने कहा कि पंचशील ही एक मात्र मार्ग है जिस पर चल कर भारत काय ुवा वर्ग आज के इस बदलते परिवेश में दुनिया को नई दिशा दे सकता है।

इस अवसर पर प्राध्यापक भगवती प्रसाद शर्मा ने स्वरचित कविता पाठ कर युवकों को मानव जाति के विकास में योगदान देने का आव्हान किया। डॉ. जीएल मेनारिया ने

दैनिक भास्कर
उदयपुर विक्रम संवत २०५९, कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, शुक्रवार, २५ अक्टूबर, २००२

भेदभाव रहने तक विश्वशांति दिवास्वप्न

उदयपुर, 24 अक्टूबर। जब तक विकसित तथा विकासशील देशों में भेद तथा समुदायों में अलगाव की स्थिति रहेगी, विश्व शांति की स्थापना का स्वप्न अधूरा ही रहेगा।

यह बात गुरुवार को यहां रेलवे ट्रेनिंग स्कूल में शांतिपीठ, भारत के तत्वावधान में आयोजित बाल संसद सेमिनार के समापन समारोह में सांसद डॉ. गिरिजा व्यास ने कही। संयुक्त राष्ट्र दिवस पर यह आयोजन अपने ढंग की अनूठी पहल थी। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने आपात धर्म की व्याख्या की है और सर्वधर्म समभाव का रास्ता दिया है जो आंतकवाद से मुक्त कर सके। आज ऐसे ही विचारों की आवश्यकता है जिसके तहत 'आत्मवत सर्वभूतेषु' की अवधारणा का समावेश हो।

कार्यक्रम के अध्यक्ष मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपित प्रो. आर.के. राय ने कहा कि विश्व शांति के लिए विश्व समाज को समानता के सिद्धांत से व्यवहार करना होगा। अधिग्रहण और भेदभाव का मार्ग शांति की दिशा में सबसे बड़ा अवरोध है। उन्होंने शांतिपीठ के आयोजन की सार्थकता, आवश्यकता पर बल दिया तथा विश्व बंधुत्व की चेतना जगाने की बात कही। संस्थान के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने शांति, अहिंसा के संयुक्त राष्ट्र के घोषित कार्यक्रम को देश की संस्कृति का अंग बताया। इससे पूर्व जिला पुलिस अधीक्षक एम.एम. अत्रे ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन सत्र की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि शांति का पहला संदेश ऋषि-मुनियों की वाणी से विश्व को मिला। सृष्टि अंत:करण से शांति की पक्षधर है और जब इस अनुशासन का उल्लंघन होता है तब स्थितियां विकट होती हैं। उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष शिक्षाविद् प्रो. ए.बी. फाटक ने विश्वशांति में शिक्षा की अपरिहार्यता प्रतिपादित की। प्रो. रवींद्र वर्मा ने विषय प्रवर्तन किया और संयुक्त राष्ट्र के उद्भव से वर्तमान तक के सफर, कार्य प्रणाली, गठन व गतिविधियों पर प्रकाश डाला। भारतीय इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष पी.एल. अग्रवाल ने बालकों के हाथों में भविष्य की शांति को सुरक्षित बताया। शिक्षांतर संस्था के मनीष जैन, प्रेम राही, अनिल चतुर्वेदी, आर.एस. मीणा आदि ने भी विचार रखे। संवाद सम्मेलन में सेंट्रल एकेडमी, आलोक स्कूल, सैफी स्कूल, शिक्षांतर, पैसिफिक कॉलेज के विद्यार्थियों ने विश्व की ज्वलंत समस्याओं पर टिप्पणियां कीं। शांतिपीठ की सदस्य रेणु माहेश्वरी को जापान में पीठ की प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत करने पर सम्मानित किया गया। संचालन मंजूषा गोस्वामी ने किया।



बाल संसद में बोलतीं डॉ. गिरिजा। भास्कर

प्रातःकाल
कार्तिक कृष्णा 4 शुक्रवार दिनांक 25 अक्टूबर 2002

बाल संसद सेमीनार सम्पन्न

उदयपुर, 24 अक्टू (वि.)। संयुक्त राष्ट्र संघ के 58वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को शांतिपीठ के तत्वावधान में स्थानीय जोतल रेल्वे ट्रेनिंग सेन्टर के सभागार में बाल संसद सेमीनार का आयोजन किया गया।

समारोह की मुख्य अतिथि सांसद डॉ. गिरिजा व्यास ने विश्व में अलगाव को मिटाकर मनुष्य में प्यार स्नेह सहानुभूति संवेदनशीलता की आवश्यकता बताई। समारोह की अध्यक्षता करते हुए सुविवि के पूर्व कुलपति प्रो. आर.के. राय ने विश्व शांति के लिए अधिग्रहण और भेदभाव की भावना को त्यागने का आव्हान किया।



बाल संसद को संबोधित करती सांसद डॉ. गिरिजा व्यास।

उद्घाटन सत्र का शुभारंभ जिला पुलिस अधीक्षक एम.एम.अत्रे ने दीप प्रज्वलित कर किया। अत्रे ने अपने उद्बोधन में शांति के साम्राज्य को अधिक सबल व शाश्वत बताया।

इस अवसर पर संस्थान संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने बालकों को [illegible] में प्रो. ए.बी. फाटक, प्रो. रविन्द्र वर्मा, डॉ. पी.एल. अग्रवाल, मनीष जैन ने भी विचार व्यक्त किये।

छात्र-छात्राओं के संवाद सम्मेलन में दिनेश चौधरी, वीना राठी, गोपाल शर्मा, समीना व निधि बाफना को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।

समारोह में जापान में शांतिपीठ की प्रतिनिधि मनोनीत होने पर रेणु माहेश्वरी को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य आर.एस. मीणा ने किया। कार्यक्रम का संचालन मंजूषा गोस्वामी ने तथा आभार पी.सी. राठी ने व्यक्त किया।

संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस रा.उ.मा.वि., अम्बामाता में समारोहपूर्वक मनाया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य नरेन्द्र प्रकाश श्रीमाली की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में जगदीश टांक व शकुंतला पण्ड्या ने संघ की स्थापना, उसकी विशिष्ट समितियां तथा महत्व के बारे में वार्ता

दैनिक नवज्योति
7 अगस्त, 2004
अजमेर, शनिवार, 7 अगस्त, 2004

शान्ति आज जितनी प्रासंगिक उतनी पूर्व में कभी नहीं रही : गोदिका

हिरोशिमा दुखान्तिका पर शान्ति सभा

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 5 अगस्त। हिरोशिमा दुखान्तिका की 59वीं वार्षिकी के अवसर पर आज शान्तिपीठ भारत के तत्वावधान में स्थानीय जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्था के सभागार में शान्तिसभा आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पुलिस महानिरीक्षक वी.के. गोदिका ने कहा कि शान्ति जितनी आज प्रासंगिक है, उतनी पूर्व में कभी नहीं रही, क्योंकि वर्तमान में युद्ध और आतंक के संकट को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि अब युद्ध पहले की तरह सीमित नहीं है बल्कि सम्पूर्ण युद्ध है क्योंकि जो इसे दूर है वह भी विवश है परोक्ष या अपरोक्ष रूप से युद्ध के लिए। उन्होंने कहा कि कभी विश्व दो गुटों में बंटा था। ऐसे में हमारे प्रधानमन्त्री ने गुट निरपेक्ष आन्दोलन को जन्म दिया तब विश्व का ध्यान हिन्दुस्तान की तरफ आया। आज फिर से भारत को विश्व शान्ति की दिशा में पहल करने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए समाजसेवी उद्योगपति घनश्याम सिंह कृष्णावत ने कहा कि युद्ध की विजय कभी नहीं होती, अन्तिम विजय शान्ति की ही होती है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 1945 में मानव संस्कृति पर जो कलंक लगा था, उकी पुनरावृत्ति कभी न हो। इस अवसर पर कवि श्रेणीदान चारण ने कहा जहां अहंकार होगा वहीं टकरारहट होगी। उन्होंने शान्ति और सृजन पर कविता सुनाकर खचाखच भरे सभागार को प्रफुल्लित कर दिया। अध्यक्षीय भाषण में बोलते हुए जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के उप प्राचार्य रजनीश अग्रवाल ने विद्यार्थी वर्ग को आह्वान किया कि वे अहिंसा व शान्ति का राता स्वयं से और अपने घर से प्रारम्भ करें। विद्यार्थी वर्ग की ओर से प्रतिभागिता करते हुए जयदीप सीनियर सैकण्डरी विद्यालय के छात्र श्रीपाल व अमित कुमार ने कविता पाठ किया, जबकि सेंट मेरीज, गुरू नानक पब्लिक कूल व सेन्ट्रल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने शान्ति गीत प्रस्तुत किए।



शांति सभा

शान्तिपीठ उदयपुर द्वारा आयोजित हिरोशिमा दुखान्तिका की 59वीं वार्षिकी के अवसर पर आयोजित शान्ति सभा को सम्बोधित करते हुए पुलिस महानिरीक्षक वी.के. गोदिका।

समाचार जगत
जयपुर, 10 सितम्बर, 2004

रूस के बेसलाना में मरे लोगों को श्रद्धांजलि

उदयपुर, ब्यूरो। अंतिम जीत शन्ति की शक्ति की ही होगी और इसमें विश्व विद्यार्थी समुदाय की आस्था फलेगी। अक्त भावोभिव्यक्ति बुधवार को यहां शन्तिपीठ संस्थान के तत्वावधन में रुस के बेसलाना कस्बे में मारे गये निर्दोष लोगों व मासूम बच्चों की स्मृति में रखी गई श्रद्धान्जलि सभा में छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत की। सभा की अध्यक्षता चिंतक व शन्तिपीठ सलाहकार मण्डल के सदस्य मोहनसिंह कोठारी ने की। पूर्वाह्न 11 बजे नगर के सरकारी व गैर सरकारी विद्याालयों से प्रतिनिधि छात्र छात्राऐं शन्तिपीठ पहुंचकर सभा में सम्मिलित हुए।

कुछ विद्यालयों ने पारित शेक प्रस्ताव भी भेजे जिनके आशय को लेते हुयेशन्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने प्रस्ताव रखा व पारित कियागया जिसे भारत तथा रुस के राष्ट्रपतियों एवं संयुक्त राष्ट्र के महासचिव को भेजा जायेगा।प्रस्ताव में त्रासदी पर गहराक्षोभ व्यक्त करने के साथ ही रुसी नागरिकों के प्रति पूर्ण संवेदनशीलता से साथ रहने की बात कही है। अमानवीय कृत्य की घोर भर्त्सना करते हुउ विश्व में आतंकवाद को महामारी बनने से पूर्व ही जड़ से उखाड़ फेकने के कार्य को प्राथमिकता से किये जाने के लिए विश्व की सरकारों को आग्रह किया गया है।

सभा में विचार व्यक्त करते हुए कोठारी ने कहा कि कृष्ण ने आतंकवाद को कभी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने आह्वान किया कि आज का युवा आंतकवाद समाप्ति के लिए कृष्ण चरित्र को आत्मसात करें।

दैनिक नवज्योति
9 सितम्बर, 2004

उदयपुर

अन्तिम जीत शान्ति की-शक्ति की होगी

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 8 सितम्बर। अन्तिम जीत शांति की ही होगी और इसमें विश्व समुदाय की आस्था फलेगी। उक्त भावोभिव्यक्ति बुधवार को यहां शांतिपीठ संस्थान के तत्वावधान में रुस के बेसलाना कस्बे में मारे गये निर्दोष लोगों व मासूम बच्चों की स्मृति में रखी गई श्रद्धांजलि सभा में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत की। सभा की अध्यक्षता चिंतक व शांतिपीठ सलाहकार मण्डल के सदस्य मोहनसिंह कोठारी ने की। पूर्वान्ह 11 बजे नगर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों से प्रतिनिधि छात्र छात्राएं शांतिपीठ पहुंचकर सभा में सम्मिलित हुए। कुछ विद्यालयों ने पारित शोक प्रस्ताव भी भेजे, जिनके आशय को लेते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने प्रस्ताव रखा व पारित किया गया जिसे भारत और रुस के राष्ट्रपतियों एवं संयुक्त राष्ट्र के महासचिव को भेजा जायेगा। प्रस्ताव में त्रासदी पर गहरा क्षोभ व्यक्त करने के साथ ही रुसी नागरिकों के प्रति पूर्ण संवेदनशीलता के साथ रहने की बात कही गई है। अमानवीय कृत्य की घोर भर्त्सना करते हुए विश्व में आतंकवाद को महामारी बनने से पूर्व ही जड से उखाड फेकने के कार्य को प्राथमिकता से किये जाने के लिए विश्व की सरकारों को आग्रह किया गया है।

रूस के बेसलाना में मारे लोगों को श्रृद्धांजलि

सभा में विचार व्यक्त करते हुए कोठारी ने कहा कि कृष्ण ने आतंकवाद को कभी स्वीकार नही किया। उन्होंने आह्वान किया कि आज का युवा आतंकवाद समाप्ति के लिए कृष्ण चरित्र को आत्मसात करे। उन्होंने कहा अन्याय के खिलाफ वाजिब तरीका अपनाये बिना संघर्ष अपराध बन जाता है। न्याय के लिए संघर्ष गांधी व मार्टिन लुथर किंग जैसो ने किया जिसे आदर्श में रखा जाना चाहिये। वरिष्ठ अभियन्ता व आर्किटेक्ट ए.के.शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी वर्ग की निष्पाप शक्ति को संगठित होकर विश्व निर्माण की पहल करनी चाहिये। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने हिंसा व अनाचार के बढते विकृत रुप पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि आतंकवाद के कारणों को नष्ट करने के उपाय करने होंगे। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने विश्व बाल मुदाय के लिए अहिंसा व शान्ति संस्कृति के दशाब्दी काल में कई कार्यक्रम घोषित किए है, किन्तु यह विडम्बना है कि मासूम बच्चे अपराधियों के लक्ष्य बने है। उन्होंने शान्ति व अहिंसा के संस्कार निर्माण के शाश्वत नियमों की अनुपालना की आवश्यकता बताई।

रेजीडेन्सी स्कूल की छात्रा लीला प्रजापत ने आतंकवाद से निर्भिक होकर विद्यार्थियों को आत्मशक्ति जगाने की आवश्यकता जताई। सेन्ट पॉल के छात्र ने सरकारों द्वारा जन सुरक्षा के पुख्ता उपाय करने के नए मार्ग खोजने की जरूरत बताई। राजकीय बालिका विद्यालय भूपालपुरा व सेफी स्कूल के छात्रों ने भी विचार व्यक्त किए। प्रारम्भ में आलोक विद्यालय पंचवटी की छात्राओं ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया। सभा के अन्त में दो मिनट का मौन रखकर शान्ति की प्रार्थना की गई। सभा का संचालन जी.एल. पाटीदार ने किया तथा शान्तिपीठ के दिलीप उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



उदयपुर के शान्तिपीठ संस्थान द्वारा आयोजित श्रृद्धांजलि सभा में मंचासीन अतिथिगण व छात्र-छात्राएं।
फोटो : नवज्योति

भारत अहिंसा के कारण ताकतवर

उदयपुर, 24 अक्टूबर। आज पूरा विश्व अहिंसा और सत्याग्रह की ताकत से आजादी के लिए गांधी को याद करता है। विश्व में भारत की प्रतिष्ठा उसके अणुशक्ति सम्पन्न होने नहीं बल्कि मानवतावादी दृष्टिकोण व अहिंसा के कारण है।

ये विचार शांतिपीठ के तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्र दिवस पर मंगलवार को आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत मेहता ने व्यक्त किए। अध्यक्षता मोहनसिंह कोठारी ने की। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का लोकतंत्रीकरण होना चाहिए। आरंभ में शांतिपीठ संस्थापक महासचिव अनंतगणेश ने कोफी अन्नान के एक दशक के योगदान को याद किया। प्रो. महेश शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र दिवस 2006 की थीम 'मातृत्व स्वास्थ्य एवं खुशहाली : सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्य में नींव का पत्थर' विषय पर विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी को नंदकिशोर शर्मा, पी.एस. श्रीमाली ने भी सम्बोधित किया।



गोष्ठी में मुख्य अतिथि।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, 25 अक्टूबर 2006

राष्ट्रदूत
उदयपुर, बुधवार 25 अक्टूबर, 2006

भारत अणुशक्ति से नही अहिंसा के कारण ताकतवर: डॉ. मेहता

उदयपुर, 24 अक्टूबर (वि.)। "आज पूरा विश्व अहिंसा और सत्याग्रह की ताकत से आजादी की उपलब्धि के लिए गांधी को याद करता है। भारत की विश्व में प्रतिष्ठा उसके अणुशक्ति सम्पन्न होने के कारण नही बल्कि मानवतावादी दृष्टिकोण के कारण है।" शांतिपीठ के तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व विदेश सचिव डा. जगत मेहता ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज नेतृत्व के मायने बदल गये है हमें अपनी गलतियों को स्वीकार करना होगा तभी हमारी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निर्गुट आंदोलन पर बोलते हुए मेहता ने कहा कि सोवियत संघ के पतन के बाद निर्गुट आंदोलन मर चुका था किन्तु आज भी हम उसकी लाश को ढोये जा रहे है, उसे दफन करने की हिम्मत नही कर पा रहा है। संयुक्त राष्ट्र का चार्टर मानव चेतना की अभिव्यक्ति है और इसी के अनुरूप होने चाहिये जिसमें भारत की विशेष भूमिका होनी चाहिए। अध्यक्षता करते हुए कोठारी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का लोकतांत्रिकरण होना चाहिए। जहां तक संयुक्त राष्ट्र की खामियों का सवाल है यह प्रकारान्तर में लोकतांत्रिक सरकारों में पायी जाने वाली कमजोरियों का ही परिणाम है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के वर्चस्व को स्वीकार किन्तु इसकी सराहना प्रतिपादित करते हुए कहा कि इसके अभाव में तीसरा विश्व युद्ध कभी का हो चुका होता। प्रारंभ में शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कोफी अन्नान के एक दशक के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के लोकतांत्रिक स्वरूप से पुनर्गठन की दिशा में जो पहल की है इसे आगे बढ़ाने में विश्व को नये महासचिव से बहुत अपेक्षाएं है। उन्होंने कहा कि इस विश्व संस्था के 61 वर्षीय यात्रा में कई विवाद अवश्य उभरे तथापि इसकी सार्थकता को भी नकारा नही जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में जब भी कोई लोकतांत्रिक विश्व सरकार की अवधारणा मूर्तरूप लेगी, संयुक्त राष्ट्र उसकी प्रखर भूमिका के रूप में याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर प्रो. महेश शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र दिवस 2006 की थीम मातृत्व स्वास्थ्य व खुशहाली : सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्य में नींव का पत्थर और विचार व्यक्त हुए कहा कि विभिन्न मानवीय दशाओं से संबंधित 8 लक्ष्य रखे गये हैं जो गरीबी, बीमारी, शिक्षा आदि से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष 210 मिलियन महिलाएं गर्भधारण करती हैं किन्तु उनमें से 5 लाख महिलाएं नवजीवन के उदय के समय अन्तिम सांस लेती हैं। विश्व समुदाय से 2015 तक इन मौतों में तीन चौथाई कमी लाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि भारत में हर वर्ष 1,20,000 महिलाए प्रसव के दौरान मर जाती है जिनमें से अधिकतम जाने बचाई जा सकती है। संगोष्ठी में नंदकिशोर शर्मा, पी.एस. श्रीमाली ने भी विचार व्यक्त किये। शांतिपीठ के जी.एल. पाटीदार ने आभार व्यक्त किया।

विश्व में भारत की प्रतिष्ठा मानवतावादी दृष्टिकोण के कारण -मेहता

संयुक्त राष्ट्र दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

उदयपुर, 25 अक्टूबर। आज पूरा विश्व अहिंसा और सत्याग्रह की ताकत से आजादी को उपलब्धी के लिए गांधी को याद करता है। भारत की विश्व में प्रतिष्ठा उसके अणुशक्ति सम्पन्न होने के कारण से नहीं बल्कि मानवतावादी दृष्टिकोण के कारण है। शांतिपीठ के संयुक्त तत्वानधान में संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत एस. मेहता ने उपरोक्त बात कही। उन्होंने कहा कि आज नेतृत्व के मायने बदल गये हैं। हमें अपनी गलतियों को स्वीकार करना होगा तभी हमारी प्रतिष्ठा बढेगी। निर्गुट आन्दोलन पर बोलते हुए मेहता ने कहा कि सोवियत संघ के पतन के बाद निर्गुट आन्दोलन मर चुका था किन्तु आज भी हम उसकी लाश को ढोये जा रहे हैं, उसे दफन करने की हिम्मत कोई नहीं कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र का चार्टर मानव चेतना की अभिव्यक्ति है और इसी के अनुरुप हर देश के प्रयास होने चाहिये जिसमें भारत की विशेष भूमिका होनी चाहिए। अध्यक्षता करते हुए मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का लोकतांत्रिकरण होना चाहिये। जहां तक संयुक्त राष्ट्र की खामियों का सवाल है यह प्रकारान्तर में लोकतांत्रिक सरकारों में पायी जाने वाली कमजोरियों का ही परिणाम है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के वर्चस्व को स्वीकारा किन्तु इसकी महता प्रतिपादित करते हुए कहा कि इसके अभाव में तीसरा विश्व युद्ध कभी का हो चुका होता। प्रारम्भ में शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कोफी अन्नान के एक दशक के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के लोकतांत्रिक स्वरुप से पुनर्गठन की दिशा में जो पहल की है इसे आगे बढाने में विश्व को नये महासचिव से बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस विश्व संस्था के 61 वर्षीय यात्रा में कई विवाद अवश्य उभरे तथापि इसकी सार्थकता को कभी नकारा नहीं जा सका। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में जब भी कोई लोकतांत्रिक विश्व सरकार की अवधारणा मूर्तरूप लेगी, संयुक्त राष्ट्र उसकी प्रखर भूमिका के रूप में याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर प्रो. महेश शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र दिवस 2006 की थीम मातृत्व स्वास्थ्य व खुशहाली : सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्य में नींव का पत्थर और विचार व्यक्त हुए कहा कि विभिन्न मानवीय दशाओं से संबंधित 8 लक्ष्य रखे गये हैं जो गरीबी, बीमारी, शिक्षा आदि से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष 210 मिलियन महिलाएं गर्भधारण करती हैं किन्तु उनमें से 5 लाख महिलाएं नवजीवन के उदय के समय अन्तिम सांस लेती हैं। विश्व समुदाय से 2015 तक इन मौतों में तीन चौथाई कमी लाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि भारत में हर वर्ष 1,20,000 महिलाए प्रसव के दौरान मर जाती है जिनमें से अधिकतम जाने बचाई जा सकती है। संगोष्ठी में नंदकिशोर शर्मा, पी.एस. श्रीमाली ने भी विचार व्यक्त किये। शांतिपीठ के जी.एल. पाटीदार ने आभार व्यक्त किया।


शांतिपीठ उदयपुर द्वारा संयुक्त राष्ट्र दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में बायें से पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत एस मेहता, मोहन सिंह कोठारी एवं अनन्त गणेश त्रिवेदी।

दैनिक नवज्योति
• अजमेर, गुरुवार 26 अक्टूबर, 2006

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 11 दिसम्बर 1998

मानवाधिकार दिवस पर गोष्ठियां, सम्मेलन

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 10 दिसम्बर। अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर गुरुवार को जिले में अनेक संस्थाओं की ओर से विचार गोष्ठियों व सम्मेलनों का आयोजन किया गया।

एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन राइट्स एजुकेशन एवं राजस्थान कौंसिल ऑफ एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मैनेजमेन्ट के संयुक्त तत्वावधान में फतहपुरा के ज्योति माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि विधायक त्रिलोक पूर्बिया ने कहा कि वितरण में असमानता से मानवाधिकारों का हनन होता है, अतः अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों पर अमल कर लिया जाए तो श्रेष्ठ समाज की संरचना संभव है।

उन्होंने कहा कि किसान खेत में अनाज पैदा करता है, मजदूर मजदूरी करता है, उसे भी टी.वी. चाहिए। आधुनिक सुविधा चाहिए, समाज को इस ओर सोचना है। गोष्ठी के प्रमुख अतिथि पूर्व विधायक शिवकिशोर सनाढ्य ने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा ताकत से नहीं हो सकती। हम अपनी संस्कृति व राष्ट्र की भावना के अनुसार कार्यक्रमों के रचना करें। उन्होंने भावनात्मक एकता को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

प्रारम्भ में समारोह के स्वागताध्यक्ष जी.एल. कुमावत ने आगन्तुकों का स्वागत करते हुए कहा कि मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए सभी शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा अभियान चलाया जाना चाहिए। एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन राइट्स एज्यूकेशन के प्रदेश अध्यक्ष भंवर सेठ ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए अत्यन्त गौरव है क्यों कि मानवाधिकार के स्वर्ण जयन्ती वर्ष पर राजस्थान सरकार ने आयोग के गठन की घोषणा की है।

इतिहासविद् डा. के.एस. गुप्ता ने सभी मनुष्यों को समान अधिकार पर जोर देते हुए कहा कि अब राजनीतिक अधिकार की अपेक्षा सामाजिक व आर्थिक अधिकारों के लिए अधिक संघर्ष की आवश्यकता है। शिक्षाविद् नियाज बेग मिर्जा ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से बालक में यह विचार आना चाहिए कि यदि आधारभूत सुविधाओं का अभाव है तो क्यूं तभी मानवाधिकार शिक्षा सार्थक होगी। शिक्षाविद् चन्द्रकान्ता दवे व आर.सी.ई.ए.एम. की अध्यक्षता डा. हेमलता तलेसरा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के संयोजक दिलीप दक के बारे में बताया।

मानवाधिकार दिवस पर शांतिपीठ की ओर से एस.बी.बी.जे. प्रशिक्षण केन्द्र सभागार में संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में साहित्यकार ओंकारश्री ने कहा कि मानवाधिकारों के प्रथम उद्घोषक कृष्ण जिन्होंने



उदयपुर में गुरुवार को एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन राइट्स की ओर से विश्व मानवाधिकार दिवस पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते विधायक त्रिलोक पूर्बिया।

थे। दक के अनुसार दिसम्बर 1999 में उदयपुर में मानवाधिकार दिवस पर अन्तरराष्ट्रीय सेमिनार आयोजित की जाएगी। राजस्थान महिला गेलढा उच्च माध्यमिक विद्यालय में भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या रजनी कुलश्रेष्ठ ने नाइजीरिया के मानवाधिकार वादी नाटककार 'केन सारो वीवा' को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य उषा किरण दशोरा ने मानवाधिकार के साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूकता पर बल दिया। तजविन्दर भाटिया ने विकास, प्रचार-प्रसार विभिन्न संस्थाओं द्वारा इस क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला।

राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय अम्बामाता में आयोजित समारोह में संस्था प्रधान श्रीमती दीक्षित ने छात्राओं को मानवाधिकार दिवस शस्त्र छोड़ने का अर्जुन को कोई अधिकार नहीं दिया बल्कि 'कर्मण्ये वाधिकारस्ते' का उपदेश किया। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि मानवाधिकार की व्याख्या को भारतीय दृष्टिकोण से समझने ओर अपनाने की जरूरत है। प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशासक एस.एस. पोद्दार ने व्यक्ति स्वातंत्र्य की रक्षा के लिए आंतरिक प्रदूषण से मुक्त की आवश्यकता बताई। विद्या भवन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्राचार्य डा. एम.के. शर्मा ने मानवाधिकारों की रक्षा के लिए शिक्षा के जरिए निश्चित कार्यक्रम अपनाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। अध्यक्षता सहायक महाप्रबंधक आर.एन. शर्मा ने की जबकि शान्तिपीठ के प्रो. एस.एम. नैय्यर ने आगन्तुकों का आभार प्रकट किया।

असमानता के कारण मानव अधिकारों का हनन : पूर्बिया

उदयपुर, 10 दिसंबर (भाससे)। मानवाधिकार दिवस पर गुरुवार को आयोजित एक समारोह में विधायक त्रिलोक पूर्बिया ने कहा कि वितरण में असमानता से मानवाधिकारों का हनन होता है, अतः अधिकारों के साथ कर्तव्यों पर अमल से ही श्रेष्ठ समाज की संरचना संभव है। समारोह अध्यक्ष पूर्बिया ने कहा कि देश के किसान एवं मजदूर को भी आधुनिक सुविधा मुहैया कराना लक्ष्य होना चाहिए। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवकिशोर सनाढ्य ने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा ताकत से नहीं हो सकती। उन्होंने भावात्मक एकता को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उक्त समारोह राजस्थान कौंसिल ऑफ एज्युकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट तथा एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन राइट्स एज्युकेशन के संयुक्त तत्त्वावधान में फतहपुरा स्थित ज्योति माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ।

विश्व मानवाधिकार दिवस पर गुरुवार को शांतिपीठ द्वारा स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एवं जयपुर के प्रशिक्षण केन्द्र सभागार में एक संगोष्ठी में बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार ओंकारश्री ने कहा कि मानवाधिकार के प्रथम उद्घोषक कृष्ण थे, जिन्होंने शस्त्र छोड़ते अर्जुन को कर्मण्ये वाधिकारस्ते का उपदेश दिया। उन्होंने कहा आजादी के बाद भी भारत को तीन युद्ध झेलने पड़े और युद्ध के बाद हम गीता पर केन्द्रित हो गए। पशु-पक्षी आदि पर अत्याचार जैसे क्रूरतापूर्ण आचरण की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा 'नहीं मिलेंगे अधिकार चूंकि भूल गए हैं हम यह मंत्र जियो और जीने दो।'

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने मानवाधिकार की व्याख्या को भारतीय दृष्टिकोण से समझने और अपनाने की जरूरत पर बल दिया। प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशासक एस.एस. पोद्दार ने वैयक्तिक स्वातंत्र्य की रक्षा के लिए आंतरिक प्रदूषण से मुक्त होने की आवश्यकता बताई। विद्याभवन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्रिंसिपल डॉ. एम.के. शर्मा ने मानवाधिकारों की रक्षा के लिए शिक्षा के जरिये निश्चित कार्यक्रम अपनाए जाने की जरूरत प्रतिपादित की। अध्यक्षता सहायक महाप्रबंधक आर.एन. शर्मा ने की। संचालन डॉ. जे.सी. दुबे ने किया। धन्यवाद प्रो. एस.एम. नैय्यर ने दिया।

नवज्योति
उदयपुर, पौष कृष्णा अष्टमी विक्रम संवत 2055, शुक्रवार 11 दिसंबर 1998

राजस्थान पत्रिका उदयपुर, 25 अक्टूबर,1998

'जनचेतना व आदर्श नेतृत्व आधारित संयुक्त राष्ट्र की पुनर्संरचना जरूरी'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 24 अक्टूबर। समता, न्याय, लोकतंत्र, पारस्परिक विश्वास और आम सहमति के बुनियादी सिद्धांतों पर चल कर ही संयुक्त राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। परोक्ष और अपरोक्ष रूप से नव उपनिवेशवाद का सृजन, नीतियां थोपने की प्रवृत्ति तथा आर्थिक और सामाजिक भेदभाव के रहते संयुक्त राष्ट्र की उपादेयता और औचित्य पर सवाल खड़ा किया जा रहा है। ऐसे में आज जनचेतना और आदर्श नेतृत्व आधारित संयुक्त राष्ट्र के पुनर्संरचना की जरूरत है।

ये विचार संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के अवसर पर शनिवार को शांतिपीठ के तत्वावधान में ''कूटनीतिक चुनौतियों के बीच संयुक्त राष्ट्र संघ के सार्थक प्रयास'' विषयक पर आयोजित संगोष्ठी में उभर कर आए। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार ओंकार श्री ने कहा कि अशांति का मूल अर्थ का अभाव नहीं है अपितु सांस्कृतिक विघटन है। ईस्ट इंडिया कंपनी के उस समय भी भारत नहीं टूटा चूंकि सांस्कृतिक रूप से संगठित बना रहा। आज संस्कृति की बात दलालों के हाथों सौंपकरर हम सुरक्षित नहीं रह सकते। पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि पिछले 1 वर्ष के काल पर दृष्टिपात करें तो उदारीकरण के नाम पर नवउपनिवेशवाद उत्पन्न किया जा रहा है जो सारी व्यवस्था को चोपट कर गरीब को अधिक गरीबी की ओर ले जाएगा।

आज भारत ही नहीं जापान जैसे राष्ट्र की आर्थिक हालात विकट है। दक्षिण कोरिया में कई लोग आत्महत्या कर चुके है और बेरोजगारी चरम पर है। राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर आर.के. वर्मा ने कहा कि विश्व व्यवस्था को लोकतंत्र की दिशा देने की बात बताकर पंडित नेहरू ने गुटनिरपेक्षता का नारा दिया। उन्होंने छोटे राष्ट्रों की आवाज सुने जाने की वकालात की। अंसल में आज इसकी कहीं अधिक आवश्यकता है। डॉ. वर्मा ने अफसोस व्यक्त किया कि 6 प्रतिशत लोग दुनिया भर की दौलत की आधी दौलत अपने पास रखते हैं और सारी उर्जा का 35 प्रतिशत उपभोग करते है। पांच देशों के पास अणु परमाणु शक्ति का एकाधिकार है। सारी व्यवस्था अधूरी है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ को सही दिशा दिए जाने की आवश्यकता जताई।

विष्य प्रवर्तन करते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को लोकतंत्र आधारित नया स्वरूप देने की आवश्यकता है। विश्व शांति और सुरक्षा के लिए जनचेतना के बुनियादी सिद्धांतों को अपनाने की जरूरत है और सह अस्तित्व के लिए गांधी का मार्ग सही दिशा दे सकता है। भारत को इसके लिए पहल करनी चाहिए। संगोष्ठी में शिक्षाविद् सुरेन्द्रदत्त बहुगुणा ने भारत की कूटनीतिक पहल पर अफसोस व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्व मंच पर भारत ने कभी शक्तिपूर्वक दखल नहीं किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को अमेरिकी जैसी साम्राज्यवादी शक्तियों के दबाव से मुक्त करने की जरूरत बताई। भूगोलवेत्ता डॉ. आर.एम. लोढ़ा ने भारत के पंचशील के सिद्धांत को अपनाने पर बल दिया। गोष्ठी में सरदार जसपाल सिंह, एडवोकेट जमनालाल सुवालका, अनिल मेहता, संपतराय आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, 25 अक्टूबर 1998 रविवार

'आदर्श नेतृत्व के आधार पर संयुक्त राष्ट्र की पुनर्संरचना हो'

प्लस प्रतिनिधि

उदयपुर, 24 अक्टूबर। समता, न्याय, लोकतंत्र, पारस्परिक विश्वास और आम सहमति के बुनियादी सिद्धांतों पर चल कर ही संयुक्त राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से नव उपनिवेशवाद का सृजन, नीतियां थोपने की प्रवृत्ति तथा आर्थिक और सामाजिक भेदभाव के रहते संयुक्त राष्ट्र की उपादेयता और औचित्य पर सवाल खड़ा किया जा रहा है। ऐसे में आवश्यकता है जनचेतना और आदर्श नेतृत्व पर आधारित संयुक्त राष्ट्र की पुनर्संरचना की। उक्त विचार शनिवार को संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित 'कूटनीतिक चुनौतियों के मध्य संयुक्त राष्ट्र संघ के सार्थक प्रयास' विषयक संगोष्ठी में उभरकर आए। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार ओंकारश्री ने कहा कि अशांति का मूल अर्थ अभाव नहीं है, अपितु सांस्कृतिक विघटन है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि पिछले एक वर्ष पर दृष्टिपात करें तो उदारीकरण के नाम पर नव उपनिवेशवाद उत्पन्न किया जा रहा है, जो सारी व्यवस्था को चौपट कर गरीब को अधिक गरीबी की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि आज भारत ही नहीं जापान जैसे राष्ट्र भी आर्थिक संकटों से गुजर रहे हैं, जबकि दक्षिण कोरिया में कई लोग आत्महत्या कर चुके हैं। संगोष्ठी में राजनीतिशास्त्र के प्रो. आर.के. वर्मा ने कहा कि विश्व व्यवस्था को लोकतंत्र की दिशा देने की बात कहकर पंडित नेहरू ने गुटनिरपेक्षता का नारा दिया। डॉ. वर्मा ने अफसोस व्यक्त किया कि छह प्रतिशत लोग दुनियाभर की आधी दौलत अपने पास रखते हैं और सारी ऊर्जा का पैंतीस प्रतिशत उपभोग करते हैं? पांच देशों के पास अणु-परमाणु शक्ति का एकाधिकार है। सारी व्यवस्था अधूरी है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ को सही दिशा दिए जाने की आवश्यकता जताई। विषय प्रवर्तन करते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने संयुक्त राष्ट्र को लोकतंत्र आधारित नया स्वरूप दिए जाने को समय की मांग बताया। उन्होंने कहा कि विश्व शांति और सुरक्षा के लिए जनचेतना के बुनियादी सिद्धांतों को अपनाने की आवश्यकता है और सह-अस्तित्व के लिए गांधी का मार्ग सही दिशा दे सकता है। भारत को इसके लिए पहल करनी चाहिए। संगोष्ठी में शिक्षाविद् सुरेंद्र दत्त बहुगुणा ने भारत की कूटनीतिक पहल पर अफसोस व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्व मंच पर भारत ने कभी शक्तिपूर्वक हस्तक्षेप नहीं किया। भूगोलवेत्ता डॉ. आर.एम. लोढ़ा ने भारत के पंचशील के सिद्धांत को अपनाने पर बल दिया। गोष्ठी में सरदार जसपालसिंह मक्कड़, एडवोकेट जमनालाल सुवालका, अनिल मेहता, संपतराज आदि ने विचार व्यक्त किए।

जयपुर · कोटा · बीकानेर · उदयपुर · अजमेर

राष्ट्रदूत

उदयपुर

जय राजस्थान

उदयपुर, गुरूवार, 19 फरवरी 1998

उदयपुर, गुरुवार 19 फरवरी 1998

संसार से विरक्ति ही मुक्ति- रुप मुनि

उदयपुर, 18 फरवरी(कास)। शांतिपीठ के तत्वाधान में बुधवार को रामकृष्ण परमहंस की 162 वीं जयन्ती के अवसर पर सर्वधर्म समारोह आयोजित हुआ जिसमे उदबोधन लोकमान्य संत वरिष्ठ प्रवर्तक रुप मुनि महाराज ने दिया तथा अध्यक्षता मेवाड महाबलेश्वर महन्त मुरली शरण शास्त्री ने की।

इस अवसर पर सभी धर्मो की मंजिल एक बताते हुए रुप मुनि ने कहा कि राम ओर कृष्ण दोनों मिलकर रामकृष्ण हुए। इस अदभुत सामंजस्य से बढकर और महान घटना क्या हो सकती है जिसमे दोनों अवतार एक हो गए। आत्मोप्लबध को भारतीय संस्कृति का परम लक्ष्य बताते हुए कहा कि विद्या दूसरे के द्वारा दी जाती हे किन्तु आत्म ज्ञान स्वयं की अनुभूति से किया जाता है। जो आत्मज्ञानी हो जाए उसे सभी विधाए प्राप्त हो जाती है ओर वह परमहंस बन जाता है। उन्होंने संसार से आसक्ति को बंधर का कारण बताया और कहा कि संसार से विरक्ति ही मुक्ति है। वर्तमान में समाज मे हो रहे नैतिक अवमूल्यन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मानव समाज और राष्ट्र के चरित्र का नाम ही सीता है। इसकी रक्षा की आज आवश्यकता है। उन्होंने सारे भेदाभेद से ऊपर उठकर राष्ट्र की सेवा करने की आवश्यकता बताई।

अपने अध्यक्षीय उदबोधन में मेवाड महाबलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण ने कहा कि सारी संत परम्परा में रामकृष्ण परमहंस ही ऐसे संत है जिन्होंने हर धर्म का साक्षात्कार कर बताया कि सभी मार्गो से समान रुप से परम तत्व तक पहुचा जा सकता है। महन्त ने कहा कि जिस तरह रेत में मिले मिश्री के कणों को ग्रहण लेती है और रेत छोड देती है इसी तरह संत हंस के समान सार तत्व को ग्रहण कर लेते हे। संत समाज के विकारों को दूर करते हे। उन्होनें कहा कि संतों के बचनों को समाज तक पहुचाने की आज आवश्यकता हे।

समारोह में विचार व्यक्त करते हुए डा. भुवनेश मुनि ने कहा कि इस देश कि पहचान ऋषि मुनियों के द्वारा स्थापित है और इस संत परम्परा के पुरोधा परमहंस, राम औरकृष्ण दोनों महाशक्तिश्सें का योग है। उन्होंने कहा विवेकानंद रामकृष्ण की अभिव्यक्ति है। संत की व्याख्या करते हुए भुवनेश मुनि ने कहा कि जो स्वाभाविक मे जीता है और प्रभाव से दूर रहता है वह संत है, परमहंस अपने स्वभाव को जीये और हर धर्म के उदघाटन बने। संत संसार की विश्व संपति है जो किसी पंत या जाति तक सीमित नहीं रह सकती । जाति धर्म की सोच नहीं है वस्तु का स्वभाव ही धर्म है। संत में विश्वास होना चाहीए पंत में नही। उन्होने कहा जो समस्या अंत करे वह संत है।या

इस अवसर पर बोलते हुए मोहम्मद हेदरी ने कहा कि समाज में पंत अनेक है किन्तु धर्म एक है, सभीन इबादत एक मकाम तक पहुचाती है, इसी बात को रामकृष्ण ने प्रमाणित किया।

समारोह के प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने आयोजन के उदेश्यों पर प्रकाश डालते हुंए कहा कि सर्वधर्म संवर्द्धन का उदेश्य आध्यात्मिक आश्रय में ही चलकर उन्होनें श्वेत वस्त्र भेट कर रुप मुनि महाराज का स्वागत किया। समाजसेवी कैलाश जी और घनश्याम सिंह कृष्णावत ने महन्त मुरली मनोहर शरण को श्री फल भेट कर स्वागत किया।

संतों के उदबोधन के पूर्व मोहनसिंह कोठारी ने रामकृष्ण परमहंस पर भजन प्रस्तुत किया तथा विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि रामकृष्ण ने देश की तत्कालीन परिस्थितियों में मार्गदर्शन देकर आने वाली शताब्दियों के लिए दिशा दी है। वे भविष्य के रचनाकार है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. यदु गोपाल ने कियाय

रामकृष्ण परमहंस जयन्ती मनाई

आत्मोप्लब्धि भारतीय संस्कृति का परम लक्ष्य : रूपमुनि

उदयपुर, 18 फरवरी (वि.)। शान्तिपीठ के तत्वावधान में आज रामकृष्ण परमहंस की 162 वीं जयन्ती के अवसर पर सर्वधर्म संवर्द्धन समारोह आयोजित हुआ जिसमें मुख्य उद्बोधन रूप मुनि महाराज ने दिया।

सभी धर्मों की मंजिल एक बताते हुए रूप मुनि ने कहा कि राम और कृष्ण दोनों मिलकर रामकृष्ण हुए। इस अद्भूत सामंजस्य से बढकर और महान घटना क्या हो सकती है जिसमें दोनों अवतार एक हो गए। आत्मोप्लब्धि को भारतीय संस्कृति का परम लक्ष्य बाते हुए कहा कि विद्या दूसरे के द्वारा दी जाती है किन्तु आत्म ज्ञान स्वयं की अनुभूति से किया जाता है। जो आत्मज्ञानी हो जाए उसे सभी विद्याएं प्राप्त हो जाती है और वह परमहंस बन जाता है। उन्होंने संसार से आसक्ति को बंधन का कारण बताया और कहा कि संसार से विरक्ति ही मुक्ति है।

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए मेवाड़ महामण्डलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण ने कहा कि सारी संत परम्परा में रामकृष्ण परमहंस ही ऐसे संत है जिन्होंने हर धर्म का साक्षात्कार कर बताया कि सभी मार्गों से समान रूप से परम तत्व तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने ईश्वर का साक्षात्कार प्रमाणिक तौर पर करा देने की बात विवेकानंद से की।

संत की व्याख्या करते हुए भुवनेश मुनि ने कहा कि जो स्वभाव में जीता है और प्रभाव से दूर रहता है। वह संत है। परमहंस अपने स्वभाव को जीये और हर धर्म के उद्घाटक बने।

इस अवसर पर बोलते हुए मोहम्मद हेदरी ने कहा कि समाज में पत अनेक हैं किन्तु धर्म एक है। सभी की इबादत एक मुकाम तक पहुंचाती है, इसी बात को रामकृष्ण ने प्रमाणित किया।

समारोह के प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सर्वधम संवर्द्धन का उद्देश्य आध्यात्मिक आश्रय में ही चलकर पूर्ण हो सकता है और इसी परिप्रेक्ष्य में शान्तिपीठ का सारा अभियान गतिशील है।

संतो के उद्बोधन के पूर्व मोहनसिंह कोठारी ने रामकृष्ण परमहंस पर भवन प्रस्तुत किया संचालन प्रो. यदु गोपाल ने किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 19 फरवरी 1998

रामकृष्ण परमहंस जयन्ती पर सर्वधर्म संवर्धन समारोह

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 18 फरवरी। शान्तिपीठ के तत्वावधान में स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 162वी जयन्ती पर बुधवार को यहां सर्वधर्म संवर्द्धन समारोह आयोजित हुआ।

इस अवसर पर क्षेत्र प्रवर्तक रूप मुनि ने आत्मोपलब्धि को भारतीय संस्कृति का परम लक्ष्य बताया व कहा कि विद्या दूसरे के द्वारा दी जाती है किन्तु आत्म ज्ञान स्वयं की अनुभूति से किया जाता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में मेवाड़ महामण्डलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण ने कहा कि सारी संत परम्परा में रामकृष्ण परमहंस ही ऐसे संत हैं, जिन्होंने हर धर्म का साक्षात्कार कर बताया कि सभी मार्गों से समान रूप से परम तत्व तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संतों के वचनों को समाज तक पहुंचाने की आज आवश्यकता है। डा. भुवनेश मुनि ने कहा कि इस देश की पहचान ऋषि मुनियों द्वारा स्थापित है।

इस अवसर पर थियोसोफिकल सोसायटी के मोहम्मद हैदरी ने कहा कि समाज में पंथ अनेक हैं गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सर्वधर्म संवर्द्धन का उद्देश्य आध्यात्मिक आश्रय में हो चलकर पूर्ण हो सकता है और इसी परिप्रेक्ष्य में शान्तिपीठ का सारा अभियान गतिशील है। उन्होंने रूप मुनि महाराज का स्वागत किया। समाज सेवी कैलाश और घनश्याम सिंह कृणावत ने महन्त मुरली मनोहर शरण का श्रीफल से स्वागत किया।

जय राजस्थान - उदयपुर - गुरुवार 7 अगस्त, 1997

हिरोशिमा स्मृति दिवस पर रैली व सभा

शांति के मार्ग पर चलने का संकल्प प्रत्येक राष्ट्र का कर्तव्यः महन्त

उदयपुर 6 अगस्त (नसं)। पूर्ण आणविक निःशस्त्रीकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं नैतिक आदर्शों के उन्नयन के आग्रह के साथ आज हिरोशिमा स्मृति दिवस की 52वीं वर्षगांठ के अवसर पर शान्तिपीठ केतत्वावधान में सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वयोवृद्ध स्वाधीनता सेनानी एवं संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने कहा कि गांधीजी की 'करो या मरो' जैसे संकल्प के साथ राष्ट्र के नव निर्माण एवं विश्व शान्ति के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की आज महती आवश्यकता है।

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए मेहता ने देश के हालात पर चिंता व्यक्त की और कहा कि गांधीजी ने स्वाधीन भारत का सुन्दर सपना देखा था, किन्तु हम उस ओर कुछ खास नहीं कर पाए।

प्रमुख उद्बोधन देते हुए मेवाड़ महामण्डलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शास्त्री ने कहा कि प्रार्थना में शक्ति है। उन्होंने प्रार्थना को शान्ति का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि प्रार्थना से शान्ति और शान्ति सेआनंद की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि शान्तिपीठ के इस आयोजन में बच्चों की अहम् भूमिका होती है। बच्चे निष्पाप होते हैं, उनकी प्रार्थना भगवान अवश्य सुनते हैं। यह कार्य बड़े लोगों के जरिये नहीं बल्कि विद्यार्थी वर्ग ही अपने संकल्प और प्रार्थना से विश्व में शान्ति की स्थापना पर सकता है।

महन्त ने कहा कि विश्व शान्ति के लिए शान्तिपीठ का प्रयास एक शक्ति के रूप में सामने आ रहा है। जो शान्ति का आलोक विश्व भर में फैलाएगा। आज मानव मात्र और प्रत्येक राष्ट्र का कर्तव्य है कि वे शांति के मार्ग पर चलने का संकल्प लें।

सभा को संबोधित करते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व बन्धुत्व और मानव समुदायों में एकता स्थापित करने की पहले भारत ने हमेशा की है व भविष्य में भी करता रहेगा। उन्होंने व्यापक अणु अप्रसार संधि के हवाले से कहा कि भेदभाव व असमानता के जरिये निःशस्त्रीकरण के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। अस्त्रों के जखीरे को रखकर निःशस्त्रीकरण की बातें ईमानदार प्रयास नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्तर पर शुरू किए गए प्रयासों से समूह के साथ चल पड़ना भारतीय ऋषि परम्परा है और यह शान्ति का मार्ग है।

प्रारम्भ में नगर की कोई सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राएं कतारों में चल कर अपने विद्यालयी झण्डे के साथ टाउनहॉल नगर परिषद परिसर में उपस्थित हुए तथा ठीक प्रातः 9.30 बजे जिला कलेक्टर श्रीमत पाण्डे ने शान्ति के आग्रह की प्रतीक एक तख्ती अपने हाथ में लेकर कुछ कदम चलते हुए रैली का शुभारम्भ किया। विद्यार्थी समुदाय का यह मौन जुलूस हाथों में शान्ति, पर्यावरण, राष्ट्रीय आदर्शों एवं मानवीय मूल्यों के अर्थ लिखे बेनर, तख्ती, पोस्टर आदि लेकर चल रहा

(शेष पृष्ठ 4 पर)



★ हिरोशिमा स्मृति दिवस पर आयोजित रैली। दूसरे चित्र में सभा को सम्बोधित करते हुए महन्त मुरली मनोहर 'रण'। छाया- हरीश (सोनी)

शांति के मार्ग पर चलने----------

(शेष पृष्ठ 1 का)

था। रैली के अग्रिम भाग में दो नन्हीं बालिकाएं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के प्रतीक स्वरूप हाथों में फूलों के गुलदस्ते लेकर चल रही थीं।

बापू बाजार, देहलीगेट, अश्विनी मार्केट, चेटक सर्कल होते हुए यह रैली सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर जाकर शान्तिसभा में बदल गई। सभा में सेन्ट्रल एकेडमी की छात्राओं ने संगीत शिक्षक रफीक खान के निर्देशन में 'आत्म चिंतन से ही होगा आत्म परिवर्तन' शान्ति गीत प्रस्तुत किया जबकि अन्य छात्रा कविता शुक्ला ने आतंकवाद से विनाश पर अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर राष्ट्रीय आदर्श, विश्व शान्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यार्थी वर्ग ने एक स्वर में प्रतिज्ञा ली। स्वाधीनता की स्वर्ण जयन्ती के संदर्भ में देश के शहीदों एवं हिरोशिमा नागासाकी की दुखान्तिका की मुक्तात्माओं को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। अंत में शान्तिपीठ के राजीव लोढ़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया संचालन विपिन गांधी ने किया।

प्रातःकाल
उदयपुर, रविवार 25 अक्टूबर, 2009

संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थापना दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

उदयपुर, 24 अक्टू. (कासं)। संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थापना दिवस पर शनिवार को शहर में अनेक जगहों पर गोष्ठियों का आयोजन किया गया जिसमें सयुंक्त राष्ट्र की उपादेयता पर प्रकाश डाला गया।

शांतिपीठ संस्था द्वारा ओयोजित बैठक में अतिरिक्त आबकारी आयुक्त सुमतिलाल बोहरा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ की उपादेयता तो सिद्ध हुई है किंतु जरूरत है समन्वय एवं समरसता का माहौल बनाकर आगे बढ़न की। संगोष्ठी में राजनीति विज्ञान के प्रो. अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों में कई बार दबाव बनाने की आवश्यकता होती है । इसके लिए संयुक्त राष्ट्र से बेहतर कोई मंच नहीं हो सकता है।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अंनत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि 21वीं सदी के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र संघ के बुनियादी स्वरूप में बदलाव नितांत आवश्यक है तब जाकर वर्तमान की बहुआयामी समस्याओं का शमन हो सकता है। उन्होने कहा कि विश्वशांति, सुरक्षा एवं मानव कल्याण का स्वप्न तब ही जाकर साकार हो सकता है जब इस विश्व संस्था को जनतांत्रिक स्वरूप में रूपांतरित किया जाए। गोष्ठी में मदन पुरोहित, कन्हैयालाल बापना, रोशनलाल, पी.एस. श्रीमाली ने अपने विचार प्रकट किए।



उदयपुर। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना दिवस पर आयोजित गोष्ठी में मंचासीन अतिथि।

जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के माणिक्यलाल श्रमजीवी महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा सयुंक्त राष्ट्र पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता कोटा खुला विश्वविद्यालय के सह आचार्य प्रो. अशोक शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना से लेकर आज तक के विश्व शांति में दिए गए योगदान को बताया। राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बी भूमिन ने वर्तमान एक ध्रुवीय व्यवस्था में संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता का वर्णन किया।

उदयपुर | 25 अक्टूबर 2009 दैनिक भास्कर

संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस मनाया



परिसर में संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस पर हुई संगोष्ठी में मौजूद अनंत गणेश, सुमतिलाल बोहरा, अरुण चतुर्वेदी।

उदयपुर. संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस शनिवार को यहां विभिन्न संस्थाओं की ओर से समारोहपूर्वक मनाया गया। शिक्षण संस्थाओं में संगोष्ठिया, प्रतियोगिताएं आदि हुईं।

शांतिपीठ प्रतिष्ठान की ओर से गुमानिया बाला स्थित संस्था परिसर में संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस पर हुई संगोष्ठी में वक्ताओं का मत था कि आज के दौर में इस महा संस्था की भूमिका और महत्वपूर्ण हो गई है। इसके अनुशासन में विश्व के राष्ट्रराज्य एकता, समन्वय एवं समरसता के साथ चलकर वर्तमान में खड़ी चुनौतियों का मुकाबला कर सकते हैं। वह मानवता की सुरक्षा के लिए मजबूत पहल करे। अध्यक्षता आबकारी आयुक्त सुमतीलाल बोहरा ने की। प्रो. अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में कई बार दबाव की जरूरत होती है और इसके लिए इससे बेहतर कोई विकल्प नहीं हो सकता। संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने इसके बुनियादी स्वरूप को बदलने की नितांत आवश्यकता बताई व कहा कि बहुआयामी समस्याओं के शमन के लिए ऐसा विचार करना जरूरी है। मदन पुरोहित, कन्हैयालाल बापना, रोशनलाल आदि ने भी विचार रखे। पीएस श्रीमाली ने आभार माना।

सेक्टर 6 स्थित जीएसएस सैकंडरी स्कूल में यूएनओ के स्थापना दिवस पर छात्रसंघ द्वारा संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में छात्रों ने सयुंक्त राष्ट्रसंघ के उद्देश्य, महत्व, कार्यों व राष्ट्र की आवश्यकता पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत मे सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई।

सुंदरवास के उच्च प्राथमिक विद्यालय में विश्वशांति और संयुक्त राष्ट्र संघ विषय पर निबंध प्रतियोगिता संस्था प्रधान पुष्कर त्रिपाठी के निर्देशन में हुई। संगोष्ठी में सुशीला व्यास, यशोदा किशनानी, पवन जैन आदि ने विचार रखे। गुदिया भैरू स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में ललिता जोशी ने विद्यार्थियों को संयुक्त राष्ट्रसंघ की उपलब्धियों की जानकारी दी। गीता बारबर, अनिता त्रिपाठी, सुनीता बोर्दिया ने भी विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बतुलराज ने की। सेक्टर 11 स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता संस्था प्रधान कन्हैयालाल नागदा ने की। अनिता मेहता ने यूएनओ की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। आभार पन्नालाल शर्मा ने व्यक्त किया।

मीरा कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं को कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. निर्मला गोदिका ने संबोधित करते हुए कहा कि यूएनओ द्वारा विभिन्न राष्ट्रों के बीच शैक्षिक, सामाजिक, सास्कृतिक व आर्थिक सहयोग की अच्छी पहल हुई है। धन्यवाद डॉ. प्रमिला सिंघवी ने दिया। धानमंडी स्थित कंप्यूटर चाइल्ड एकेडमी में विद्यार्थियों ने नाटक, कविता व विचार प्रस्तुत किए। समारोह की विशिष्ट अतिथि आशा सोनी व मुख्य अतिथि सोनलता व्यास थी। अध्यक्षता प्रधानाचार्य परवीन बानू ने की। संचालन उमेरा बानू ने किया।

माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय के राजनीति विभाग की ओर से संगोष्ठी रखी गई। मुख्यवक्ता वर्धमान महावीर कोटा खुला विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अशोक शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के बाद से विश्व शांति के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

दैनिक भास्कर
उदयपुर · बुधवार · 23 सितंबर 2009

आणविक युग में मानव समाज को स्वयं से ही खतरा : गणेश

सिटी रिपोर्टर | उदयपुर

आतंक के बल पर आतंकवादी जीवित है। जरूरत है मानसिक आतंक से मुक्त होने की एवं अहिंसा मूलक विश्व समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होने की। यह विचार प्रो. एसएन जोशी ने शांतिपीठ की ओर से अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस पर सोमवार को आयोजित गोष्ठी में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि युद्ध के भय से मुक्त होने पर संभावित विभीषिका टल जाती है। चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि कई बार आर्थिक आपदा भी युद्ध पैदा करती है। लेकिन वर्तमान आर्थिक मंदी में कोई अंतरराष्ट्रीय युद्ध नहीं हुआ, यह विश्व के लिए शुभ संकेत है। विश्व आर्थिक विपत्ति झेल गया, यह मानसिक परिपक्वता की निशानी है। उन्होंने कहा कि दो राष्ट्रों के बीच युद्ध नहीं होने के समीकरण को पुष्ट करने की आवश्यकता है। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि अभिप्सा मनुष्य की सनातन संस्कृति है आज इसकी महत्ता सर्वविदित है। उन्होंने कहा कि आणविक युग में मानव समाज को स्वयं से ही खतरा है और इससे उबरने का रास्ता नैतिक आध्यात्मिक व वैज्ञानिक जीवन अपनाने से संभव है। आध्यात्म हर समस्या का समाधान है। गोष्ठी में एके शर्मा, गोपाल नागद ने भी विचार रखे। डॉ. इंद्रदेव जोशी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

प्रातःकाल
उदयपुर, मंगलवार 22 सितम्बर, 2009

मानसिक आतंक से मुक्त होने की जरूरत : जोशी

उदयपुर, 21 सित.। अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो. एस.एन. जोशी ने कहा कि आतंक के बल पर आतंकवादी जीवित हैं। जरूरत है मानसिक आतंक से मुक्त होने की। चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि कई बार आर्थिक आपदा भी युद्ध पैदा करती है किन्तु वर्तमान ईकॉनोमिक रेसेशन में कोई अन्तर्राष्ट्रीय युद्ध नहीं हुआ, यह विश्व के लिए शुभ संकेत है। शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि शान्ति की अभिप्सा मनुष्य की सनातन संस्कृति है, आज इसकी महत्ता सर्वविदित है। उन्होंने कहा कि आणविक युग में मानव समाज को स्वयं से ही खतरा है और इससे उबरने का रास्ता नैतिक, आध्यात्मिक व वैज्ञानिक जीवन अपनाने से संभव है। गोष्ठी में ए.के. शर्मा, गोपाल नागदा ने भी विचार व्यक्त किये।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, मंगलवार, 22 सितंबर 2009

अन्तरराष्ट्रीय शान्ति दिवस मनाया

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 21 सितम्बर। विश्व शान्ति के आदर्श को व्यवहार में लाने के प्रयास सनातन रहे है किन्तु वर्तमान के आणविक युग में इसके अर्थ मानव समाज के अस्तित्व मात्र से जुड़े हुए है और यही कारण है कि आज राष्ट्र एक-दूसरे के अस्तित्व को स्वीकार करने में ही भविष्य को सुरक्षित देख रहे है। आवश्यकता इससे भी कहीं आगे बढ़कर अहिंसामूलक विश्व समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होने की है और इसक लिए विश्व को नियामक संस्थन की जरूरत है।

उक्त विचार आज अन्तरराष्ट्रीय शान्ति दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित गोष्ठी में व्यक्त किए गए।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो. एस.एन. जोशी ने कहा कि आतंक के बल पर आतंकवादी जीवित है। जरूरत है मानसिक आतंक से मुक्त होने की। युद्ध के भय से मुक्त होने पर सम्भावित विभीषिका टल जाती है। उन्होंने कहा कि युद्ध शान्ति की आकांक्षा पैदा करता है, हमें इससे ऊपर उठने की आवश्यकता है। चिंतक मोहन सिंह कौठारी ने कहा कि ई बार आर्थिक आपदा भी युद्ध पैदा करती है, किन्तु वर्तमान के इकॉनोमिक रेसेशन में कोई अन्तरराष्ट्रीय युद्ध नहीं हुआ, यह विश्व के लिए शुभ संकेत है। शान्तिपीठ के संसीपक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि शान्ति की अभिप्सा मनुष्य की सनातन संस्कृति है, आज इसकी महत्ता सर्वविदित है।

उन्होंने कहा कि आणविक युग में मानव समाज को स्वयं से ही खतरा है और इससे उबरने का रास्ता नैतिक, आध्यात्मिक व वैज्ञानिक जीव अपनाने से सम्भव है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जैसी विश्व संस्था को नए विश्व निर्माण के लिए अपने आपको एक नियामक संस्थान के रूप में रूपान्तरित करना चाहिए, जिससे वह जनतांत्रिक और समतामूलक आदर्शों को व्यवहार में ला सके। गोष्ठी में ए.के. शर्मा, गोपाल नागदा ने भी विचार व्यक्त किए। डॉ. इन्द्रदेव जोशी ने आभार व्यक्त किया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, गुरुवार 11 दिसंबर, 2008

विश्व मानवाधिकार दिवस पर गोष्ठी सहित कई प्रतियोगिताएं हुईं, छात्रों को मानवाधिकारों की सूची बांटी

अधिकारों के लिए जागरूकता का संदेश





विश्व मानवाधिकार दिवस पर बुधवार को शांतिपीठ में आयोजित गोष्ठी में मौजूद नागरिक एवं विचार व्यक्त करते प्रो. एसएन जोशी।

उदयपुर. विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को विभिन्न आयोजन हुए। कॉलेज छात्रों ने नाटक का मंचन किया, वहीं आशुभाषण प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। गोष्ठी, बैठक आदि भी हुए।

अरावली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बुधवार को मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में आशुभाषण प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. कल्पना जैन ने अधिकार व कर्त्तव्य के मध्य संतुलन स्थापित करने पर जोर दिया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अल्पना सिंह ने की। संचालक हिमानी चुंडावत के अनुसार प्रथम सपना जैन, द्वितीय राघवेंद्र सेठ व मनीष कुमार एवं तृतीय भूपेंद्र महात्मा रहे। कार्यक्रम में प्राध्यापक राहुल सिंह चारण, प्रकाश तातेड़ ने सहभागिता की।

श्रमजीवी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की ओर से मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित मानवाधिकारों की सूची छात्रों में बांटी गई। पीओ प्रो. पीसी जैन ने बताया कि मानवाधिकारों का उद्देश्य मानव को गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद के सवीना स्थित कार्यालय में हुई बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रमेशचंद्र टांक व महामंत्री शक्तिसिंह चुंडावत ने मानवाधिकार संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर सवीना ग्रामीण से विजयसिंह पथिक नगर कच्ची बस्ती में निर्धन बालकों को फल बांटे गए।

बदलाव संस्थान की ओर से विचार गोष्ठी हुई। संस्थान अध्यक्ष डॉ. श्रीराम आर्य ने कहा कि सर्वाधिक मानव अधिकारों का हनन उन्ही का हुआ है, जिन्होंने शोषण या दमन का प्रतिकार नहीं किया। उन्होंने मानव अधिकारों के हनन को रोकने व इनके महत्व के प्रचार प्रसार को जरूरी बताया। अध्यक्षता शिक्षाविद् लक्ष्मीनारायण मिश्रा ने की। अनिल जीनगर, प्यारेलाल अठवाल, रूपशंकर पुरोहित, रोशनलाल मेनारिया, अरविंद मलवात आदि ने भी विचार रखे।

शांतिपीठ में विचार गोष्ठी

कर्तव्यों की प्रतिबद्धता और निष्ठा के अभाव में मानवाधिकार घोषणाओं के लक्ष्य हासिल करना कल्पना मात्र रह जाएगा। विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को शांतिपीठ में हुई 'मानवाधिकार एवं आतंकवाद' विषयक विचार गोष्ठी में अनेक वक्ताओं ने ये विचार व्यक्त किए। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो. एसएन जोशी ने कहा कि मानवाधिकार का मूल ध्येय मनुष्य द्वारा मनुष्य पर किए जा रहे शोषण को बंद करना है।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश ने कहा कि व्यक्तिगत एवं सामूहिक कर्तव्यों के समुचित निर्वहन में मानवाधिकार सुरक्षित है। गोष्ठी में वेटेनरी कॉलेज के डॉ. सत्यनारायण तिवारी, युवा प्रतिभागी कमलेश कुमावत, रामनिवास, कमलेश जाट, ओमप्रकाश आदि ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन नामीबिया विवि के प्रो. उदयलाल पालीवाल ने किया।

सभी ने कहा, बहुत बुरा हुआ

राजस्थान पत्रिका - 29-11-08

कार्यालय संवाददाता
उदयपुर, 28 नवम्बर

मुंबई में हुए आतंककारी हमलों की शुक्रवार को भी विभिन्न संगठनों ने निंदा की। शहरवासियों ने इस घटना पर कड़ा रोष जताया है।

शांतिपीठ संस्थान में शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने की। सभा में शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी, प्रो. अरुण चतुर्वेदी, स्वतंत्रता सैनानी हुकमराज मेहता, डी.एस.पालीवाल, नंदकिशोर शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए। अंत में दो मिनट का मौन रखकर मृतकों व शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उदयपुर मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम नागोरी, भाजपा अभियांत्रिकी प्रकोष्ठ शहर जिला इकाई के अध्यक्ष एस.बी. सहाय, राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद के जिला महामंत्री सी.पी. जोशी, लेकसिटी ऑटो रिक्शा चालक यूनियन के अध्यक्ष हनीफ़ इन्दौरी ने भी इस हमले की निंदा की है।

दाऊदी बोहरा समाज ने स्थानीय मोईयदपुरा मस्जिद में आमिल साहब शेख मुस्तफा भाई मोईयदी की इमामत में सामूहिक नमाज अदा की। बाद में मुंबई में किए गए आतंकी हमले की निंदा की गई।

मेवाड़ मुस्लिम महासभा के पदाधिकारियों की शुक्रवार को हुई बैठक में मुंबई में हुई दिल दहलाने वाली घटना की निंदा की है। बैठक में डॉ. इस्हाक, अजीज खान, अय्यूब भाई व जिलाध्यक्ष मोहम्मद बक्ष आदि ने इस दुःखद संकट में तन-मन-धन से सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया है।

बजरंग सेना मेवाड़ ने सूरजपोल तिराहे पर मुंबई में हुए हमले के विरोध में कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला फूंका। जिलाध्यक्ष ख्यालीलाल रजक ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रख कर मृतकों व शहीद हुए कर्मचारियों को पुष्पांजलि अर्पित की।

भाजपा के उदयपुर शहर प्रत्याशी गुलाबचंद कटारिया ने गुरुवार को सूरजपोल स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थल पर आयोजित शोक सभा में मुम्बई में आतंकियों के हमलों में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया है। शोक सभा में कार्यकर्ताओं ने मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ताराचंद जैन, रवींद्र श्रीमाली, लोकेश द्विवेदी व कुंतीलाल जैन सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, रविवार, 26 अक्टूबर, 2008



शांतिपीठ उदयपुर द्वारा संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए डॉ. बी.पी. शर्मा। फोटो- नवज्योति

संयुक्त राष्ट्र के मूल उद्देश्यों को सार्थक करेगा पुनर्गठन

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 25 अक्टूबर। विश्व के बदलते हुए परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र की संरचना का पुनर्गठन न केवल संयुक्त राष्ट्र के मूल उद्देश्यों को सार्थकता प्रदान करेगा, अपितु सम्पूर्ण विश्व एवं मानवता के भविष्य को आश्वस्त करते हुए मानव समुदाय के जनास्था का केन्द्र साबित होगा। उक्त विचार शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र दिवस पर शांतिपीठ संस्थान के सभागार में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किए। गोष्ठी में अध्यक्षता करते हुए चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि देशमें बढ़ते आक्रोश और विखण्डन पैदा करने जैसी समस्याओं का खात्मा कर विश्व एकता की दिशा में भारत को पहल करनी चाहिए और संयुक्त राष्ट्र जैसी विश्व संस्था को वर्तमान की मांग के अनुरूप ढालने में प्रखर भूमिका अदा करनी चाहिए। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव कॉफी अन्नान ने संयुक्त राष्ट्र के गठन में बदलाव को समय की मांग बताया था। सामाजिक, आर्थिक व पर्यावरण जैसी समस्याओं पर विश्व सरकारों के साथ बैठकर हल खोजना नितान्त आवश्यक हो गया है और इस जरूरत पर ही बल देता है कि आज विश्व को विश्व सरकार जैसी प्रामाणिक संस्था की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आतंक तथा धरती एवं अन्तरिक्ष के पर्यावरण जैसी समस्याओं के लिए संयुक्त राष्ट्र को एक नियामक की भूमिका अदा करनी चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र दिवस पर शांतिपीठ संस्थान में गोष्ठी

डॉ. बी.पी. शर्मा ने विश्व के आर्थिक संगठनों की विषमताओं पर कहा कि जब तक इन संगठनों में समता व समन्वय की स्थापना नहीं होगी तब तक विश्व शांति के उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो पाएगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आज भारत में युवाओं व किशोरों की संख्या अन्य देशों की तुलना में अधिक है। जिससे हम विषमताओं को समाप्त करने में अग्रणी भूमिका अदा कर सकते है। प्रो. ओ.पी. मेहता ने कहा कि मानव मूल्यों का तिरस्कार कर हम मानवीय उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर सकते। उन्होंने आध्यात्मिक भारत की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला। डा. आर.एम. लोढ़ा, एम.एस. राणावत, डॉ. जी.एल. मेनारिया ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन गोपाल नागदा ने किया। आभार डॉ. गोविन्द भारद्वाज ने व्यक्त किया।

संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया

दैनिक भास्कर
उदयपुर, शनिवार 25 अक्टूबर, 2008

जनास्था का केंद्र साबित होगा संयुक्त राष्ट्र संघ

संयुक्त राष्ट्र दिवस पर विचार-गोष्ठी

उदयपुर. विश्व के बदलते परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र संघ का पुनर्गठन न केवल संयुक्त राष्ट्र के मूल उदेश्यों को सार्थकता प्रदान करेगा अपितु संपूर्ण विश्व एवं मानवता के भविष्य को जनास्था का केंद्र साबित होगा।

उक्त विचार शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर शांतिपीठ संस्थान सभागार में आयोजित विचार-गोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किए। अध्यक्षता मोहनसिंह कोठारी ने की। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव कॉफी अन्नान ने संयुक्त राष्ट्र के गठन में बदलाव को समय की मांग बताया था। गोष्ठी में डॉ. बीपी शर्मा, प्रो. ओपी मेहता, डॉ. आरएम लोढ़ा, एमएस राणावत आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

संयुक्त राष्ट्र दिवस पर जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से भी संगोष्ठी रखी गई।

प्रातःकाल
कार्तिक कृष्णा 12, शनिवार, 25 अक्टूबर, 2008



उदयपुर । शांतिपीठ संस्थान के सभागार में आयोजित विचार गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए डॉ. बी.पी. शर्मा ।

विषमताओं को समाप्त करने में युवाओं की अहम भूमिका : शर्मा

उदयपुर, 24 अक्टू. (कासं)। विश्व के बदलते हुए परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र की संरचना का पुनर्गठन न केवल संयुक्त राष्ट्र के मूल उद्देश्यों को सार्थकता प्रदान करेगा, अपितु सम्पुर्ण विश्व एवं मानवता के भविष्य को आश्वस्त करते हुए मानव समुदाय के जनास्था का केन्द्र साबित होगा। यह विचार शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ संस्थान के सभागार में आयोजित विचार गोष्ठी में बोलते हुए कई वक्ताओं ने व्यक्त किये।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि देश में बढ़ते आक्रोश और विखण्डन पैदा करने जैसी समस्याओं का खात्मा कर विश्व एकता की दिशा में भारत को पहल करनी चाहिए। गोष्ठी में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सामाजिक आर्थिक व पर्यावरण जैसी अद्वितीय समस्याओं पर विश्व सरकारों का साथ बैठकर हल खोजना नितान्त आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि आतंक तथा धरती एवं अन्तरिक्ष के पर्यावरण जैसी समस्याओं के लिए संयुक्त राष्ट्र को एक नियामक की भूमिका अदा करनी चाहिए। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. बी.पी. शर्मा ने विश्व केआर्थिक संगठनों की विषमताओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जब तक इन संगठनों में समता व समन्वय की स्थापना नहीं होगी तब तक विश्व शान्ति के उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो पाएगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आज भारत में युवाओं व किशोरों की संख्या अन्य देशों की तुलना में अधिक है। जिससे हम विषमताओं को समाप्त करने में अग्रणी भूमिका अदा कर सकते है। गोष्ठी में प्रो. ओ.पी. मेहता, डॉ. आर.एम. लोढ़ा, एम.एस. राणावत, डॉ. जी.एल. मेनारिया ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन गोपाल नागदा ने तथा आभार डॉ. गोविन्द भारद्वाज ने व्यक्त किया।

दैनिक नवज्योति • अजमेर, रविवार, 10 अगस्त, 2008 2



नई दिल्ली के राजघाट पर पुष्पांजलि अर्पित करते उदयपुर से पहुंचा आतंक विमुक्ति चेतना यात्रा के अनंत गणेश त्रिवेदी व अन्य सदस्य। फोटो : नवज्योति

गांधी तेरा देश अपना धर्म न भूले

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 9 अगस्त। गांधी तेरा देश अपना स्वधर्म न भूले और अपनी स्वाभाविक गरिमा में खड़ा हो, देश और विश्व के हिंसक हालात के पार जाने की क्षमता प्राप्त करें। हिरोशिमा दुखान्तिका की 63वीं वार्षिकी पर उदयपुर से राजघाट पहुंची आतंक विमुक्ति चेतना यात्रा के दल ने अंतःकरण से ऐसी प्रार्थना राजघाट पर करते हुए महात्मा गांधी को भावभीनी श्रृद्धांजलि दी।

गत 5 अगत को शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी के साथ दस सदस्यीय दल ने उद्रयपुर के स्कूली छात्रों द्वारा दिए गए पुष्प गुच्छों को राजघाट पर अर्पित कर अहिंसा मूलक विश्व समाज की संस्थापना की प्रार्थना की। बाद में राजघाट परिसर में देश-विदेश से आए समूहों के बीच अनौपचारिक परिचर्चा की। आतंक मुक्त विश्व विषय पर गांधी स्मृति सभागार में गोष्ठी हुई, जिसे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. कर्ण सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में हिंसा और आतंक को नियंत्रित करना हम सबकी समग्र एकता से सम्भव होगा। देश के हालात सुधरेंगे तो हम विश्व में फैले आतंक को भी नियंत्रित कर पाएंगे। उन्होंने एक साथ जीने व एक साथ कार्य करने

आतंक विमुक्ति चेतना यात्रा दल ने की प्रार्थना

के वैदिक सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हुए देश के युवा वर्ग को सतर्क व जागरूक होने का आह्वान किया। पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने ऊर्जा प्राप्त करने हेतु आणविक करार का समर्थन किया, किंतु यह भी कहा कि यह गांधी व नेहरू की मान्यता के विपीरत है चूंकि जो रास्ता बम बनाने की तरफ ले भी कहा कि यह गांधी व नेहरू की मान्यता के विपरीत है चूंकि जो रास्ता बम बनाने की तरफ ले भी कहा कि यह गांधी व नेहरू की मान्यता के विपरीत है चूंकि जो रास्ता बम बनाने की तरफ ले जाए वह इस देश की आचार संहिता के कदापि अनुकूल नहीं हो सकता। गांधी शांति प्रतिष्ठान की अध्यक्ष राधा भट्ट ने आणविक करार पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि यह पर्यावरण में विष फैलाने का अवांछित प्रयास सिद्ध होगा।

शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि जब तक आणविक निशस्त्रीकरण के लक्ष्य प्राप्त न कर लिए जाएंगे हिरोशिमा कभी विस्मृत नहीं हो सकेगा। उन्होंने विज्ञान व तकनीकी को अहिंसा से जोड़कर शिक्षा के आयाम निर्धारित करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। उदयपुर से राजघाट की यात्रा तथा गांधी के पुण्य स्थल पर चिंतन हिरोशिमा की दुखांत स्मृति एवं सबक के संदर्भों में आयोजन की विशिष्ट सार्थकता रही।

राजस्थान पत्रिका

जयपुर >> शुक्रवार >> 8 अगस्त, 2008



हिरोशिमा स्मृति दिवस

भारतीय सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष व सांसद डा. कर्ण सिंह, गांधी स्मृति नई दिल्ली में हिरोशिमा स्मृति दिवस पर संगोष्ठी को संबोधित करते हुए। साथ में हैं पूर्व विदेश सचिव जगत एस. मेहता और गांधी शांति प्रतिष्ठान की अध्यक्ष राधा भट्ट और शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी। पत्रिका

उदयपुर से राजघाट पहुंची चेतना यात्रा

उदयपुर, 8 अग. (वि.)। गांधी तेरा देश अपना स्वधर्म न भूले और अपनी स्वाभाविक गरिमा में खड़ा हो, देश और विश्व के हिंसक हालात के पार जाने की क्षमता प्राप्त करे। हिरोशिमा दुखांतिका की 63 वीं वार्षिकी पर उदयपुर से राजघाट पहुंची आतंक विमुक्ति चेतना यात्रा के दल ने अंतःकरण से ऐसी प्रार्थना राजघाट पर करते हुए महात्मा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

आतंक मुक्त विश्व विषय पर गांधी स्मृति सभागार में गोष्ठी हुई जिसे पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद डा. कर्ण सिंह ने सम्बोधित करते हुये कहा कि देश में हिंसा और आतंक को नियंत्रित करना हम सबकी समग्र एकता से संभव होगा।

पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने ऊर्जा प्राप्त करने हेतु आणविक करार का समर्थन किया। गांधी शांति प्रतिष्ठान की अध्यक्ष राधा भट्ट ने आणविक करार पर चिंता प्रकट की।

शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि जब तक आणविक निःशस्त्रीकरण के लक्ष्य प्राप्त न कर लिये जायेंगे हिरोशिमा कभी विस्मृत नहीं हो सकेगा।



शांतिपीठ उदयपुर द्वारा दिल्ली में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते पूर्व केन्द्रीय मंत्री करणसिंह।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर शुक्रवार · 8 अगस्त, 2008

हिंसामुक्त विश्व के लिए गांधी के रास्ते को अपना जरूरी- डा. कर्ण सिंह

ब्यूरो ·
नई दिल्ली, 7 अगस्त

भारतीय सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष एवं सांसद डा. कर्ण सिंह ने हिंसा मुक्त विश्व के निर्माण के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए रास्ते को अपनाने की जरूरत पर बल दिया है।

डॉ. कर्ण सिंह हिरोशिमा स्मृति दिवस पर नई दिल्ली के गांधी स्मृति सभागार में शांतिपीठ भारत, उदयपुर द्वारा आतंकवाद मुक्त विश्व विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में हिंसा महामारी की तरह फैल रही है और हम इसे रोकने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। हम एक साथ जिए और एक साथ कार्य करें- 'सहनाववतु सहनौ भुनक्तु' समग्र एकता के सिद्धांत की वैज्ञानिक अवधारणा को आत्मसात करते हुए आतंकवाद जैसी समस्या पर काबू पा सकते हैं।

गोष्ठी के अध्यक्ष पूर्व विदेश सचिव जगत एस. मेहता ने कहा कि परमाणु अस्त्रों से किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। गांधी शांति प्रतिष्ठान की अध्यक्ष राधा भट्ट ने कहा कि जब तक कम से कम जरूरत आधारित जीवन शैली को नहीं अपनाएंगे तब तक हम हिंसा मुक्त विश्व की स्थापना नहीं कर पाएंगे।

शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि जब तक दुनिया में आणविक अस्त्र मौजूद रहेंगे, हिरोशिमा भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने विज्ञान की ऊंचाईयों व आध्यात्मिक गहराईयों के समन्वय से विश्वशांति का मार्ग प्रशस्त करने की अवधारणा पर जोर दिया।

राजस्थान पत्रिका

जयपुर » गुरुवार » 7 अगस्त, 2008



शांतिपीठ उदयपुर का आतंक विमुक्ति चेतना यात्रा दल नई दिल्ली में राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

आतंक मुक्त विश्व के लिए प्रार्थना

नई दिल्ली, 6 अगस्त (ब्यूरो)। शांतिपीठ उदयपुर के आतंक विमुक्ति चेतना यात्रा सदस्य दल ने बुधवार को दिल्ली में राजघाट पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की और विश्व शांति तथा आतंकमुक्त विश्व की संरचना के लिए प्रार्थना की।

शांति पीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी के नेतृत्व में हिरोशिमा दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को उदयपुर राजस्थान से रवाना होकर बारह सदस्यीय दल दिल्ली पहुंचा। विश्व शांति एवं आणविक निःशस्त्रीकरण के उद्देश्य से स्थापित शांतिपीठ संस्थान शांति शिक्षा पर्यावरण संरक्षण एवं विश्व समाज की रचना के कार्य में गत दो दशक से अधिक समय जुटा हुआ है।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, सोमवार 4 अगस्त, 2008

हिरोशिमा दिवस पर दिल्ली में होगी शांतिपीठ की गोष्ठी

आतंक मुक्त विश्व विषय पर विचार रखेंगे वक्ता

उदयपुर. शांतिपीठ, भारत की ओर हिरोशिमा स्मृति दिवस, 6 अगस्त को नई दिल्ली के गांधी स्मृति सभागार में 'आतंक मुक्त विश्व' विषय पर विचार गोष्ठी होगी।

यह आयोजन गांधी स्मृति समिति एवं जनादेश एकता परिषद के सहयोग से किया जाएगा। शांतिपीठ के राजीव लोढ़ा के अनुसार शांति शिक्षा के संदर्भ में आयोज्य गतिविधियों में से हिरोशिमा दुखांतिका का पुण्य स्मरण अंतरराष्ट्रीय शांतिवर्ष 1986 से लगातार किया जा रहा है। इस वर्ष दुखांतिका की 63वीं वार्षिकी है।

हिमाशिमा दिवस की पूर्व 5 अगस्त को उदयपुर से आतंक विमुक्ति चेतना यात्रा प्रस्थान करेगी। वहां राजघाट पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। गांधी स्मृति में विचार गोष्ठी को डॉ. कर्णसिंह संबोधित करेंगे और अध्यक्षता पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता करेंगे। संयोजक अनंत गणेश त्रिवेदी होंगे।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, रविवार, 03 अगस्त 2008

हिरोशिमा दिवस पर यात्रा की रवानगी 5 को

उदयपुर ■ हिरोशिमा दिवस की पूर्व संध्या पर पांच अगस्त को उदयपुर से दिल्ली के लिए चेतना यात्रा रवाना होगी। नगर के गणमान्य नागरिक यात्रा को हरी झण्डी दिखा कर यात्रा को रवाना करेंगे। राज्यसभा सदस्य डॉ.कर्णसिंह इसे सम्बोधित करेंगे। अध्यक्षता पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता करेंगे। शांति पीठ की ओर से व जनादेश एकता परिषद के सहयोग से हिरोशिमा दिवस पर छह अगस्त को गांधी स्मृति, नई दिल्ली सभागार में आतंकमुक्त विश्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। शांति शिक्षा के संदर्भ में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में से हिरोशिमा दुखांतिका का स्मरण किया जाएगा।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, बुधवार 6 अगस्त 2008
विक्रम संवत 2065, श्रावण शुक्ल एक्ष, पंचमी

जागरूकता, संवेदनशीलता मिटा सकती है आतंकवाद

आतंक विमुक्ति चेतना यात्रा की दिल्ली रवानगी के मौके पर अनंत गणेश ने कहा

उदयपुर. हमारी जागरूकता, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता आतंकवाद को समाज से मिटा सकती है। आवश्यकता है सुदृढ़ चरित्र की।

ये विचार मंगलवार को आतंक विमुक्ति चेतना यात्रा की रवानगी पर शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने व्यक्त किए। टाउनहाल प्रांगण से यात्रा की दिल्ली रवानगी के दौरान में उन्होंने कहा कि आतंकवाद आणविक दिशा में बढ़े इससे पहले ही इसे नेस्तनाबूत करना हमारा और विश्व सरकारों का प्राथमिक दायित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन समुदायों ने तो हिरोशिमा से सबक लिया लेकिन विश्व की सरकारें नहीं ले पाईं।

विद्यार्थी समुदाय से उन्होंने कहा कि भारत की प्रकृति आध्यात्मिक है। जरूरत है इसे अक्षुण्य बनाए रखने की। हिरोशिमा दिवस की पूर्व संध्या पर उपस्थित युवा छात्र समुदाय ने अपने विचार व्यक्त किए। छात्रों व अध्यापकों ने त्रिवेदी के नेतृत्व में जा रहे दस दिवसीय दल को पुष्प गुच्छ भेंट किए, जिन्हें बुधवार को राजघाट पर पुष्पांजलि में अर्पित किए जाएंगे। आभार की रस्म हाजी मोहम्मद बक्श ने अदा की। बुधवार को गांधी स्मृति सभागार में दोपहर 3 बजे आतंक मुक्त विश्व विषय पर गोष्ठी होगी, जिसे राज्यसभा सदस्य डॉ. करणसिंह संबोधित करेंगे।

जनसत्ता, दिल्ली, 7 अगस्त 2008

दुनिया में महामारी की तरह फैल रही है हिंसा : कर्ण सिंह

जनसत्ता संवाददाता

नई दिल्ली, 6 अगस्त। भारतीय सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष कर्ण सिंह ने कहा है कि दुनिया में हिंसा महामारी की तरह फैल रही है और हम उसे रोकने में विफल रहे हैं। कर्ण सिंह बुधवार को हिरोशिमा स्मृति दिवस पर गांधी स्मृति सभागार में 'आतंक मुक्त विश्व' विषय पर आयोजित एक विचार गोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने हिंसामुक्त विश्व के निर्माण के लिए गांधी के रास्ते को अपनाने की अपील की।

गोष्ठी का आयोजन राजस्थान के उदयपुर से चली आतंक विमुक्ति चेतना यात्रा के दिल्ली पहुंचने के बाद किया गया था। इस यात्रा का नेतृत्व शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी और संपतराज और एकता परिषद के सफी आरा और मनीष राजपूत कर रहे थे। यात्रा में शामिल बच्चों ने राजघाट में गांधीजी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

शांतिपीठ भारत, गांधी स्मृति और एकता परिषद की ओर से आयोजित इस गोष्ठी की अध्यक्षता कर रही गांधी शांति प्रतिष्ठान की अध्यक्ष राधा भट्ट ने कहा कि जब तक हम कम से कम जरूरत आधारित जीवन शैली को नहीं अपनाएंगे तब तक हम हिंसा मुक्त विश्व की स्थापना नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार परमाणु करार इस देश की आम जनता की सुविधा के लिए नहीं बल्कि बड़ी-बड़ी कंपनियों की संपन्नता के लिए करने जा रही है।

पूर्व विदेश सचिव जगत एस मेहता ने भारत में अनेक विसंगतियों और विडंबनाओं का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि क्या भारत को हिरोशिमा दिवस मनाने का नैतिक अधिकार है? उन्होंने कहा कि भारत चाहे तो केवल उसूलों को कायम कर ही दुनिया में शीर्षस्थ हो सकता है। गांधी शांति प्रतिष्ठान के बाबूलाल शर्मा ने कहा कि आतंकवाद की सबसे बड़ी वजह विषमता और असमानता है, जिसे खत्म किए बगैर आतंक मुक्त विश्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। आखिर में हिरोशिमा और नागासाकी में मारे गए लोगों को सभी ने दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, सोमवार, 18 फरवरी, 2008

कश्मीर अब आंतक की त्रासदी का क्षेत्र नहीं

सांस्कृतिक आदान-प्रदान के तहत कश्मीर से लौटे युवाओं ने दी जानकारी

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 17 फरवरी। जम्मू कश्मीर अब आतंक की त्रासदी का क्षेत्र नहीं रहा है बल्कि राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की मिसाल कायम करने की दिशा में अग्रसर है। मुरादपुरा दो साल पहले आतंकवादियों का गढ़ रहा हो, मगर आज वहां शांति व शिक्षा के रुझान ने नई रफ्तार पकड़ी है। दूर से देखने पर आतंक का भय लग सकता है, किन्तु कश्मीर पहुंचने पर महसूस होता है कि भारत का यह हिस्सा अब भय मुक्त, भाईचारे से भरपूर है। कश्मीर के हर मोड पर व केवल यह लिखा पाया गया कि भारत कश्मीर एक है, बल्कि हर शख्स के जहन में भारत है, देश प्रेम है।

यह विचार उदयपुर जिले के उन युवाओं ने व्यक्त किये जो सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत जम्मू-कश्मीर से लौट कर आज शांतिपीठ संस्थान, उदयपुर में पहुंचे। गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से नेहरु युवा केन्द्र की ओर से जिले के 33 युवाओं का दल, केन्द्र के समन्वयक पवन अमरावत के नेतृत्व में 3 फरवरी से 16 फरवरी तक जम्मू-कश्मीर गया था। जहां 12 राज्यों से भी ऐसे दल पहुंचे थे। सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत इन युवा दलों ने गांव व शहरों में कई स्थानों पर विविध क्षेत्रों के लोगों से संवाद कायम करने के साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिसमें उदयपुर से गया दल प्रथम रहा। दो सप्ताह के कार्यक्रम के बाद दल आज प्रातः उदयपुर में शांतिपीठ में पहुंचकर राष्ट्रीय एकता के परिपेक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार नंद चतुर्वेदी ने की।

युवा प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने उनकी हौसला अफजाई करते हुए कहा कि राष्ट्र हृदय का स्पंदन है और इसका विस्तार है। हम राष्ट्र के स्पंदन से जुड़े रह कर ही अपने व्यक्तित्व को विकसित व्यक्तित्व का स्वरूप दे सकते हैं।

उन्होंने कहा राष्ट्र शक्ति एवं इसकी गरिमा के पीछे कुर्बानियों की लम्बी श्रृंखला है, इसे नजर अंदाज करके जो राष्ट्र चरित्र का हनन करे उसका अपराध अक्षम्य है। उन्होंने राम, कृष्ण, विवेकानंद, बाजीराव पेशवा जैसे के आदर्श उदाहरणों के हवाले से कहा कि राष्ट्रोदभव की क्रांतियों के संवाहक युवा होते आये हैं। हमारा राष्ट्र धर्म विश्व कुटुम्ब की अवधारणा को सार्थक करता है। उन्होंने कहा मेवाड़ से गये युवा शिवाजी महाराज ने महाराष्ट्र पहुंचकर देश को चमत्कृत कर दिया तथा नई दिशा दी, इसलिए ऐसे युवा आज इतिहास में पूजनीय विभूतियां है।



सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत जम्मू कश्मीर से लौटे युवाओं को सम्बोधित करते हुए उदयपुर शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी एवं अतिथिगण। फोटो-नवज्योति

अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए नन्द चतुर्वेदी ने कहा कि अनेक भेद होते है, किन्तु राष्ट्र अभेद है, अखण्ड है। उन्होंने कहा हम अलग-अलग लगें किन्तु हृदय समान हों। सहमतियां व असहमतियों के साथ बहुलता में भी चित्त की एकाग्रता अभेद का दर्शन देती है। विभेदों में नहीं अभेद में आनन्द है। उन्होंने उपस्थित युवा समुदाय का आह्वान किया कि वे गांवों में पहुंचकर अपने अनुभवों को व्यक्त करें।

नेहरू युवा के न्द्र के समन्वयक पवन अमरावत ने वहां हुए अनुभवों को विस्तृत रूप से प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय एकता ते परिपेक्ष्य में ऐसे कार्यक्रमों की महत्ता प्रतिपादित की। पूर्व जनसम्पर्क अधिकारी गोपाल वैष्णव ने भी विचार व्यक्त किये। कश्मीर से लौटे युवाओं में से उमेश आमेटा, शिवलाल, जगदीश गायरी, मोहनलाल मीणा, ईसरार अहमद, जगदीश सेन, हरीश मीणा, मीनाक्षी, चित्रलेखा व ममता चौधरी ने भी विचार व्यक्त किए। शांतिपीठ के एम.एस. राणावत ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रारम्भ में प्रतिभागियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रगान के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन हुआ।

युवाओं का दल जम्मू-कश्मीर रवाना

उदयपुर, 1 फरवरी (कास)। युवा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में युवाओं का दल शनिवार को जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना हुआ।

दल को शांति समिति के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने रवाना किया। युवा समन्वयक पवन कुमार अमरावत ने बताया कि दल 5 फरवरी तक जम्मू व राजौरी होते हुए वैष्णोदेवी पहुंचेगा। दल के सदस्य 14 व 15 फरवरी को दिल्ली में उत्सव- ए-हिन्द में भाग लेगा। यहां देश के 14 जिलों के युवा दल अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता व भाईचारे का संदेश देंगे। 21-04-m 2-2-08

35 सदस्यीय दल जम्मू-कश्मीर रवाना

उदयपुर. नेहरू युवा केंद्र उदयपुर के 35 सदस्यीय दल को युवा सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत शांति समिति के संस्थापक अनंत त्रिवेदी ने जम्मू कश्मीर रवाना किया। युवा समन्वयक पवन कुमार अमरावत के अनुसार दल 5 फरवरी को जम्मू पहुंचेगा तथा 14-15 फरवरी को दिल्ली में हिन्द-ए-उत्सव कार्यक्रम में भाग लेगा।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, सोमवार 18 फरवरी, 2008

कश्मीर में अब अमन-भाईचारा



शांतिपीठ में जम्मू से आए छात्र रविवार को साहित्यकार नंद चतुर्वेदी, अनतगणेश त्रिवेदी, पवनकुमार अमरावत आदि के साथ।

उदयपुर. नेहरू युवा केंद्र के 33 युवाओं का दल सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत जम्मू कश्मीर का भ्रमण कर रविवार सुबह उदयपुर लौट आया।

दल ने केंद्र समन्वयक पवन अमरावत के नेतृत्व में 3 से 16 फरवरी तक गांव व शहरों में कई स्थानों पर लोगों से बातचीत कर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जिसमें उदयपुर का दल प्रथम रहा। दल के युवा लौटने पर शांतिपीठ संस्थान पहुंचे तथा राष्ट्रीय एकता के परिपेक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

दल के उमेश आमेटा, शिवलाल, जगदीश गायरी, मोहनलाल मीणा, इसरार अहमद, जगदीश सेन, हरीश मीणा, मीनाक्षी, चित्रलेखा व ममता चौधरी ने बताया कि जम्म कश्मीर अब आतंक की त्रासदी का क्षेत्र नहीं रहा, बल्कि राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की मिसाल कायम करने की दिशा में अग्रसर है। वहां पहुंचने पर महसूस होता है कि भारत का यह हिस्सा भयमुक्त, भाईचारे से भरपूर है।

कार्यक्रम अध्यक्ष साहित्यकार नंद चतुर्वेदी ने कहा कि अनेकों भेद होते हैं, किंतु राष्ट्र अभेद है, अखंड है। विभेदों में नहीं अभेद में आनंद है। शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि राष्ट्र हृदय का स्पंदन है व इसका विस्तार है। हम राष्ट्र के स्पंदन से जुड़े रहकर ही अपने व्यक्तित्व को विकसित स्वरूप दे सकते हैं। अमरावत ने भी यात्रा के अनुभव बताए। संचालन एमएस राणावत ने किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर ▸ 18 फरवरी 2008

सांस्कृतिक आदान-प्रदान के तहत यात्रा से लौटे जिले के युवा

अपनेपन से लबरेज कश्मीर

उदयपुर, 17 फरवरी (कास)

भाईचारे और अपनेपन से लबरेज जम्मू-कश्मीर का एहसास लिए लौटे दल के युवाओं ने रविवार को यहां शांतिपीठ पहुंच कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।



एकता

शांतिपीठ में साहित्यकार प्रो. नंद चतुर्वेदी, अनंत गणेश त्रिवेदी व पवन अमरावत के साथ युवा सदस्य।

सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत दो सप्ताह की यात्रा से लौटे युवाओं ने बताया कि देश प्रेम की भावना से परिपूर्ण कश्मीर के जन-जन में भारतीयता की झलक देखने को मिली।

शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि हम राष्ट्र के स्पंदन से व्यक्तित्व को विकसित स्वरूप दे सकते हैं। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार नंद चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्र अभेद्य है और अभेद्य में आनंद है। इसलिए युवा सदस्य अपने ग्रामीण क्षेत्रों में अपने अनुभव सुना कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दे।

नेहरू युवा केंद्र के समन्वयक पवन अमरावत ने यात्रा के अनुभव और कश्मीर के परिवेश की जानकारी दी। गोपाल वैष्णव, दल के उमेश आमेटा, शिवलाल, जगदीश गायरी, मोहनलाल मीणा, इसरार अहमद, जगदीश सैन, हरीश मीणा, मीनाक्षी, चित्रलेखा व ममता चौधरी ने राष्ट्रीय एकता पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर दल के युवाओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। संचालन एम.एस. राणावत ने किया।

समाचार जगत >> जयपुर >> 28 अक्टूबर, 2007



उदयपुर में संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ संस्थान में आयोजित विचार गोठी का दृश्य।

शान्ति पीठ संस्थान में विचार गोष्ठी

उदयपुर, (निसं.)। संयुक्त राष्ट्र जैसी विश्व संस्था की अनिवार्यता एवं उपादेयता को विश्व समुदाय ने स्वीकार तो किया है किन्तु वर्तमान के बदलते परिवेश में इसका रुपान्तरण नितान्त आवश्यक है जो आम सहमति, राष्ट्रों के पारस्परिक विश्वास एवं विश्व-शांति का बुनियादी स्वरूप लिए हो। यही स्वरूप अन्ततोगत्वा विश्व सरकार के स्वप्न को साकार कर सके।

उक्त विचार संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ संस्थान में आयोजित विचार गोष्ठी में कई वक्ताओं ने व्यक्त किए। गोष्ठी की अध्यक्षता चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने की। विचार व्यक्त करते हुए शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि धरती के विनाशकारी संघर्ष और पर्यावरण विघटन जैसी कार्यवाहियों से सबक लेकर अन्तरिक्ष को ऐसे किसी भी संघर्ष से मुक्त रखे जाने में संयुक्त राष्ट्र को प्रखर भूमिका अदा करनी चाहिए। उन्होंने अन्तरिक्ष को सुरक्षित रखे जाने हेतु अन्तरिक्ष कार्यक्रमों में सभी राष्ट्रों को एकमत व अनुशासन सुनिश्चित करना चाहिए तथा इस दिशा में संयुक्त राष्ट्र को अविलम्ब पहल करनी चाहिए। उन्होंने 2003 में इराक आक्रामण के समय संयुक्त राष्ट्र की स्थिति पर निराशा व्यक्त करते हुए इसे सबसे बड़ा आघात बताया। त्रिवेदी ने आशा व्यक्त की कि संयुक्त राष्ट्र ने गांधी के अहिंसा आन्दोलन को जैसा स्वीकार किया है वैसे ही वह गरीब के स्वराज्य की महत्ता को भी स्वीकार करेगा। कोठारी ने संयुक्त राष्ट्र की 62 वर्षीय महती भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि इस संस्था के पुनर्गठन की बात तो होनी चाहिए किन्तु जो मुद्दे ज्वलन्त है, उन्हें पूरा करने में सक्रिय भूमिका अदा करनी चाहिए यह आवश्यक है। डा. हरीसिंह चुण्डावत ने कहा कि कृषि संस्कार और संसार दोनों को विरासत के रूप में युवा पीढ़ी को सौंपते हैं, ऐसी व्यवस्था का दायित्व इस विश्व संस्था को निभाना चाहिए और पृथ्वी को सुरक्षित रखे जाने में क्षमतावान होना चाहिए। गोष्ठी में एकमत से संयुक्त राष्ट्र को सुरक्षित रखे जाने गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी बढ़ाने एवं उन्हें सशक्त संबल देने, अस्त्रों के जखीरे को खत्म करने, पर्यावरण संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित करने और युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने की मांग की गई। गोष्ठी में प्रदीप पुजारी, अमित भट्ट, हिन्दुस्तान स्कॉउट एण्ड गाइड के आयुक्त नरेन्द्र औदिच्य ने भी विचार व्यक्त किए। जीएल पाटीदार ने आभार व्यक्त किया।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, शुक्रवार, 26 अक्टूबर, 2007

दैनिक नवज्योति • अजमेर, शुक्रवार, 26 अक्टूबर, 2007

संघर्ष मुक्ति के लिए प्रखर भूमिका अदा करे संघ

संयुक्त राष्ट्र दिवस पर विचार गोष्ठी संपन्न

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 25 अक्टूबर। संयुक्त राष्ट्र जैसी विश्व संस्था की अनिवार्यता एवं उपादेयता को विश्व समुदाय ने स्वीकार तो किया है किन्तु वर्तमान बदलते परिवेश में इसका रूपान्तरण नितांत आवश्यक है जो आम सहमति, राष्ट्रों के पारस्परिक विश्वास एवं विश्व शांति का बुनियादी स्वरूप लिये हो। यही स्वरुप अन्ततोगत्वा विश्व सरकार के स्वप्न को साकार कर सके।

उक्त विचार संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर शांतिपीठ संस्थान में आयोजित विचार गोष्ठी में कई वक्ताओं ने व्यक्त किए। गोष्ठी की अध्यक्षता चिन्तक मोहनसिंह कोठारी ने की। विचार व्यक्त करते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि धरती के विनाशकारी संघर्ष और पर्यावरण विघटन जैसी कार्यवाहियों से सबक लेकर अन्तरिक्ष को ऐसे किसी भी संघर्ष से मुक्त रखे जाने में संयुक्त राष्ट्र को प्रखर भूमिका अदा करनी चाहिये।

उन्होंने अन्तरिक्ष को सुरक्षित रखे जाने हेतु अन्तरिक्ष कार्यक्रमों में सभी राष्ट्रों को एकमत व अनुशासन सुनिश्चित करना चाहिए तथा इस दिशा में संयुक्त राष्ट्र को अविलम्ब पहल करनी चाहिये। उन्होंने 2003 में इराक आक्रमण के समय संयुक्त राष्ट्र की स्थिति पर निराशा व्यक्त करते हुए इसे सबसे बड़ा आघात बताया। त्रिवेदी ने आशा व्यक्त की कि संयुक्त राष्ट्र ने गांधी के अहिंसा आन्दोलन को जैसा स्वीकार किया है वैसे ही वह गरीब के स्वराज्य की महत्ता को भी स्वीकारेगा। कोठारी ने संयुक्त राष्ट्र की 62 वर्षीय महती भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि इस संस्था के पुनर्गठन की बात तो होनी चाहिये, किन्तु जो मुद्दे ज्वलंत हैं, उन्हें पूरा करने में सक्रिय भूमिका अदा करनी चाहिये, यह आवश्यक है।

डॉ. हरिसिंह चूण्डावत ने कहा कि षि संस्कार और संसार दोनों को विरासत के रूप में युवा पीढ़ी को सौंपते हैं, ऐसी व्यवस्था का दायित्व इस विश्व संस्था को निभाना चाहिए और पृथ्वी को सुरक्षित रखे जाने में क्षमतावान होना चाहिए।

गोष्ठी में एकमत से संयुक्त राष्ट्र को सुरक्षित रखे जाने, गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी बढाने एवं उन्हें सशक्त संबल देने, अस्त्रों के जखीरे को खत्म करने, पर्यावरण संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित करने और युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने की मांग की गई। गोष्ठी में प्रदीप पुजारी, अमित भट्ट, हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाइड के आयुक्त नरेन्द्र औदिच्य ने भी विचार व्यक्त किये। जी.एल. पाटीदार ने आभार व्यक्त किया।



उदयपुर के शांतिपीठ संस्थान मे संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता। फोटो : नवज्योति

लायन्स क्लबों की बैठक -लायन्स क्लब उदयपुर द्वारा संयुक्त राष्ट्र दिवस पर नगर के समस्त नौ क्लबों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई जिसकी मुख्य अतिथि उदयपुर की सांसद श्रीमती किरण माहेश्वरी एवं विशिष्ट अतिथि संभागीय अध्यक्ष लायन पी.के. खिमेसरा थे। इस अवसर पर श्रीमती किरण ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व में मैत्री व भाईचारा बढ़ाने की सबसे बड़ी व सशक्त संस्था है। उन्होंने लायन सदस्यों से कन्या भ्रूण हत्या जैसे अपराध को रोकने के लिए कोई ठोस योजना हाथ में लेने की बात कही। सांसद ने उदयपुर में जनाना अस्पताल में छोड़े गये अनजान शिशुओं की देखभाल के लिए लायन सदस्यों एवं देवियों से आगे आकर कोई व्यवहारिक सेवा करने की बात कही। समारोह में संभागीय अध्यक्ष लायन पी.के. खिमेसरा ने उदयपुर लायन्स द्वारा किये जा रहे श्रेष्ठ कार्यों की सराहना की। क्लब अध्यक्ष डॉ. विनय जोशी ने क्लब द्वारा किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। फण्ड रेजिंग चेयरमैन गजेन्द्र सोमानी ने तीन नवम्बर को आयोजित कविता कृष्ण मूर्ति नाइट एवं अस्पताल में आउटडोर में खोले जा रहे आईसीयू के बारे में जानकारी दी। समारोह में महाराणा के अध्यक्ष लायन प्रेमसिंह शक्तावत एवं गौरव की अध्यक्षा अंजुला अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। समारोह में लेकसिटी, नीलांजना, विनायक, कुम्भा, हिरणमगरी, अरावली, लायनेस लेकसिटी के अध्यक्ष, सचिव व सदस्यों ने भाग लिया। क्लब सचिव सुमित लूनिया ने क्लब की रिपोर्ट रखी व कार्यक्रम संयोजक अनिल नाहर ने आभार व्यक्त किया।

4 दैनिक भास्कर
उदयपुर, गुरुवार 25 अक्टूबर, 2007

ग्लोबल वार्मिंग, हथियारों की होड़ चिंताजनक

उदयपुर. संयुक्त राष्ट्र दिवस पर शहर में विभिन्न संस्थाओं की ओर से गोष्ठियां हुई। इनमें आतंकवाद और मौजूदा राजनीतिक हालात में विश्व शांति पर चर्चा की गई।

शांतिपीठ संस्थान में आयोजित गोष्ठी में संयुक्त राष्ट्र संघ को सुरक्षित रखे जाने; गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी बढ़ाने एवं उन्हें संबल देने, अस्त्रों के जखीरे को खत्म करने, पर्यावरण संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित करने और युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने की जरूरत बताई गई। शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि धरती के विनाशकारी संघर्ष और पर्यावरण विघटन जैसी कार्यवाहियों से सबक लेकर अंतरिक्ष को ऐसे किसी भी संघर्ष से मुक्त रखे जाने में संयुक्त राष्ट्र को प्रखर भूमिका अदा करनी चाहिए। गोष्ठी की अध्यक्षता चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने की। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की 62 वर्षीय महती भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि इस संस्था का पुनर्गठन जरूरी है किंतु पहले ज्वलंत मुद्दों को पूरा करना चाहिए। जी एल पाटीदार ने आभार व्यक्त किया।





संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस पर शांतिपीठ की ओर से आयोजित संगोष्ठी में बाएं से डा. एचएस चुंडावत, मोहनसिंह कोठारी एवं अनंतगणेश त्रिवेदी तथा समारोह में बाएं से प्रो. अरुण चतुर्वेदी, जगत मेहता आदि।

विद्याभवन शिक्षक महाविद्यालय में 'शिक्षा एवं विश्वशांति' विषय पर विशेष वार्ता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए प्रो. जगत मेहता ने कहा कि 62 सालों में अपने स्वार्थों के कारण किसी देश ने संयुक्त राष्ट्र संघ की नीतियों के प्रति विरोध प्रदर्शित नहीं किया। वर्तमान में अमेरिका के वर्चस्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ में 190 देश हैं लेकिन केवल पांच देशों का वर्चस्व है। यदि ये पांच देश मिलकर रहें तो विश्व में शांति बनी रह सकती है। इस संघ में भी तीन ब्रिगेड होनी चाहिए जो एशिया, यूनाइटेड नेशन और अफ्रीका में कायम की जाएं ताकि शांति बनी रहे।

त्रिशिष्ठ अतिथि के रूप में सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक अरुण चतुर्वेदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ को वर्तमान संदर्भ में अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा शिक्षा की दृष्टि से शांति की स्थापना के लिए धर्म निरपेक्षता व पंथ निरपेक्षता को बहुलवादी संस्कृति में अत्यंत आवश्यक माना। डॉ. दया दवे एवं डॉ. कमलेश झा ने पूरे सदन को सामूहिक रूप से शांतिपाठ करवाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अरविंद आशिया ने किया।

श्रमजीवी महाविद्यालय में संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थापना दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. गिरीशनाथ माथुर मुख्य वक्ता थे। इस सेमिनार में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बी मूमिन, व्यवसायिक प्रशासन विभाग के डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. एकता हुसैन और डॉ. सुरभि नंदवाना ने विचार व्यक्त किए। लखारा चौक स्थित महावीर चेसमैन स्कूल में आशुभाषण प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि रंजना चित्तौड़ा थीं।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर > 7 अगस्त 2007

झीलों की नगरी



रैली

उदयपुर में सोमवार को शांतिपीठ संस्थान के तत्वावधान में निकाले गए शांतिमार्च में छात्राएं।
पत्रिका

'शांति हो प्राथमिकता'

मार्च निकाल कर दिया शांति का संदेश

उदयपुर, 6 अगस्त

हमें यह तय करना होगा कि अणुशक्ति चाहिए या शान्ति। हमें स्वास्थ्य, शिक्षा और शांति की कीमत पर अणुशक्ति नहीं चाहिए। हमें शान्ति और विकास चाहिए। यह विचार प्रो. अरुण चतुर्वेदी ने सोमवार को हिरोशिमा त्रासदी की 62वीं वर्षगांठ पर शान्तिपीठ संस्थान के तत्वावधान में हुई सभा में व्यक्त किए। सभा में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि दुनिया में आणविक अस्त्रों के भण्डारण को खत्म करने के लिए नई पहल करनी होगी। उन्होंने हिरोशिमा पर गिराए गए बम से उत्पन्न हालात की जानकारी भी दी। प्रो. एस.एन. जोशी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि युद्ध और विनाश से उबरने के लिए चिंतन धारा को बदलना होगा और इसके लिए परिवर्तन की आवश्यकता है।

सभा में सभी ने एक स्वर में सत्य, अहिंसा व न्याय के रास्ते पर चलकर आणण्विक शस्त्र मुक्त विश्व निर्माण की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में नगर के सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं के करीब 2500 विद्यार्थियों व प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सभा का संचालन इन्द्रप्रकाश श्रीमाली ने किया। आभार डॉ. आर.एम. लोढ़ा ने व्यक्त किया।

इससे पूर्व शान्ति मार्च सुबह साढ़े नौ बजे टाउन हॉल परिसर से सभापति रवीन्द्र श्रीमाली व जिला प्रमुख केवलचंद लबाना के नेतृत्व में प्रारम्भ हुआ। शान्तिमार्च बापू बाजार, देहलीगेट, हाथीपोल व चेतक सर्किल होते हुए सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर पहुंच कर सभा में परिवर्तित हुआ।

इसमें विद्यार्थियों ने हाथों में विश्व शांति के संदेश लिखे पोस्टर, तख्तियां व बैनर ले रखे थे।

दैनिक
नवज्योति
अजमेर, मंगलवार, 7 अगस्त, 2007

हिरोशिमा दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

शहर के करीब बीस स्कूलों के विद्यार्थी हुए शामिल

उदयपुर, 6 अगस्त। हिरोशिमा-नागासाकी दुःखान्तिका की सोमवार को 62वीं वर्षगांठ पर शांतिपीठ की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शहर के करीब 20 सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों के बच्चे शामिल हुए। विश्व में शांति की कामना लिये निकाली रैली सूचना केन्द्र सभागार में शांति सभा के रूप में संपन्न हुई। यहां बच्चों ने आत्म चिंतन से ही होग आत्म परिवर्तन- शांति गीत गुंजायमान कर 6 अगस्त 1945 सुबह 8.15 बजे हिरोशिमा नागासाकी पर परमाणु बम से मारे गए करीब सवा लाख दिवंगत लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर शांतिपीठ और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी और प्रबुद्धजन मौजूद थे। जिन्होंने बच्चों को विश्व शांति का पाठ पढ़ाया।

शांतिपीठ उदयपुर के तत्वावधान में सुबह 9.30 बजे टाउनहॉल से आयोजित रैली को नगर परिषद सभापति रवीन्द्र श्रीमाली एवं जिला प्रमुख केवलचंद लबाना के रवाना किया। विभिन्न सरकारी-अर्द्धसरकारी एवं निजी स्कूलों से आए बच्चों ने विश्व शांति एवं परमाणुविहीन विश्व परिकल्पना से नारे लगाए। बच्चों ने हाथों में तख्तियां थाम रखी थी। इन पर शस्त्र पर लगाया जाने वाला धन विकास पर खर्च हो आदि नारे लिखे थे। रैली टाउनहॉल से बैंक तिराहा, देहलीगेट, सूचना केन्द्र के पीछे सभागार में सम्पन्न हुई। इस मौके पर शांतिपीठ के डॉ. अनन्त गणेश त्रिवेदी ने शांति सभा में कहा कि हिरोशिमा नागासाकी दुखान्तिका दिवस पर संस्थान की ओर से आज 22वां आयोजन रखा गया। इससे पूर्व 1986 से शांतिपीठ ने विश्व में शांति की कामना को लेकर विभिन्न आयोजन करती आई है। डॉ. त्रिवेदी ने अपने उदबोधन में कहा कि आज विश्व में परमाणु शस्त्रों की होड मची हुई है। हिरोशिमा जैसी घटना विश्व में दुबारा न हो इसके लिये शांति के प्रयास जरूरी है। विश्व को इस घटना से सबक लेकर हथियारों के लिये होने वाले करोड़ों के धन को देश के विकास पर खर्च करना चाहिये। उन्होंने कहा कि अब शस्त्र संग्रहण नहीं करके आणविक हथियारों का खात्मा कर विकास पर ध्यान देना होगा। शांति सभा में डॉ. एस.एन. जोशी, डॉ. अरूण चतुर्वेदी, डॉ. आर.एम. लोढा आदि ने विचार रखे। संयोजन आकाशवाणी केन्द्र के उदघोषक इन्द्रप्रकाश श्रीमाली ने किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने विश्व शांति पर आधारित गीत, कविता एवं पर्यावरण जागरुकता विषयक प्रसंग सुनाए।



हिरोशिमा-नागासाकी दुःखान्तिका की सोमवार को 62वीं वर्षगांठ पर शांतिपीठ की ओर से जागरूकता रैली के विभिन्न दृश्य। फोटो : नवज्योति

कान 7-8-07 7



उदयपुर। हिरोशिमा दिवस पर शान्ति मार्च का शुभारंभ करते सभापति रविन्द्र श्रीमाली व जिला प्रमुख केवलचन्द लबाना, रैली में तख्तियों के साथ विद्यार्थी।

हिरोशिमा दिवस पर रैली व सभा का आयोजन

उदयपुर, 6 अग. (वि.)। शान्तिपीठ संस्थान के तत्वावधान में हिरोशिमा त्रासदी की 62वीं वर्षगांठ पर सोमवार को शान्ति मार्च व सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रो. एस.एन. जोशी ने की।

संस्थान के प्रसार अधिकारी राजीव लोढ़ा ने बताया कि आयोजित शान्ति मार्च टाउन हॉल से प्रारंभ होकर बापूबाजार, देहलीगेट, हाथीपोल व चेटक सर्कल होते हुए सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर सभा में तब्दील हो गया। शान्ति मार्च का प्रारंभ सभापति रविन्द्र श्रीमाली व जिला प्रमुख केवलचन्द लबाना ने बैनर पकड़कर बापूबाजार तक शान्ति मार्च का नेतृत्व कर किया।

उक्त शान्तिमार्च में कई सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं के करीब 2500 विद्यार्थियों के साथ सामाजिक संगठनों के कई प्रतिनिधि शामिल हुए।

शान्तिमार्च में विद्यार्थी हिरोशिमा दुःखान्तिका से संबंधित पोस्टर, चार्ट व पर्यावरण संरक्षण के नारे लिखी पट्टियां लेकर चल रहे थे। आयोजित सभा में प्रो. अरूण चतुर्वेदी ने अणुशक्ति व शान्ति पर, अनन्त गणेश त्रिवेदी ने आणविक अस्त्रों के भण्डारण को खत्म करने पर, अध्यक्ष प्रो. जोशी ने शान्ति व सृजनधर्मी नागरिक निर्माण की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किये।

सभा में दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेन्ट्रल एकेडमी सरदारपुरा के विद्यार्थियों ने शान्तिगीत प्रस्तुत किये। भावना डांगी ने शान्ति व समृद्धि पर एक कविता प्रस्तुत की। संचालन इन्द्र प्रकाश श्रीमाली ने व धन्यवाद डॉ. आर.एम. लोढ़ा ने किया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, मंगलवार 7 अगस्त 2007
विक्रम संवत 2064, श्रावण कृष्ण पक्ष, नवमी

अणु-अस्त्र मुक्त विश्व निर्माण का प्रण

हिरोशिमा त्रासदी की 62वीं वर्षगांठ पर शांतिमार्च, सभा

उदयपुर. हिरोशिमा त्रासदी की 62वीं वर्षगांठ पर सोमवार को शांतिपीठ संस्थान की ओर से शांतिमार्च निकाला गया। समापन पर सभा हुई। इसमें वक्ताओं ने अणु-अस्त्र मुक्त विश्व निर्माण का संकल्प लिया गया।

शांतिमार्च टाउनहाल से शुरू होकर बापूबाजार, देहलीगेट, हाथीपोल व चेटक सर्कल होते हुए सूचना केंद्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर पहुंच सभा में बदल गया। सभा में प्रो. डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि यह तय करना होगा कि हमें अणुशक्ति चाहिए या शांति। स्वास्थ्य, शिक्षा और पानी की कीमत पर अणुशक्ति नहीं चाहिए। हमें शांति और विकास चाहिए। देश इसी से आगे बढ़ेगा। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि दुनिया में आणविक अस्त्रों के भंडारण को खत्म करने के लिए नई पहल की जानी चाहिए और इसके लिए संयुक्त राष्ट्र को जीवंत और कारगर संस्था में बदला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व में अहिंसामय संतुलन शांति का वास्तविक आधार नहीं हो सकता। मैत्री, करुणा और अहिंसामय चरित्र निर्माण ही शांति स्थापित कर सकता है।

अध्यक्षता करते हुए प्रो. एसएन जोशी ने कहा कि युद्ध और विनाश से उबरने के लिए चिंतन को बदलना होगा और इसके लिए नए परिवर्तन की आवश्यकता है तथा यह नई पीढ़ी ही ला सकेगी। सभा में सत्य, अहिंसा व न्याय के रास्ते चलकर अणु-अस्त्र मुक्त विश्व निर्माण की प्रतिज्ञा कराई गई।

इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेंट्रल एकेडमी सरदारपुरा के विद्यार्थियों ने अध्यापक रफीक अहमद, कुसुम शाह व राम अटले के मार्गदर्शन में शांतिगीत प्रस्तुत किए। दिल्ली पब्लिक स्कूल के कक्षा चार केछात्रों ने युद्ध व शांति पर प्रस्तुति दी तथा जयदीप उमावि की छात्रा भावना डांगी ने देश की शांति व समृद्धि पर कविता प्रस्तुत की। संचालन इंद्रप्रकाश श्रीमाली ने किया। डॉ. आरएम लोढ़ा ने आभार जताया। कार्यक्रम में नगर की सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं के करीब 2500 विद्यार्थियों के साथ ही सामाजिक संगठनों के कई प्रतिनिधि भी शामिल हुए। सभा के अंत में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

सभा से पहले टाउनहाल से शांति मार्च शुरू हुआ। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति रवींद्र श्रीमाली ने कहा कि हमें राष्ट्र निर्माण के संकल्प को पूरा करते हुए विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करना है। जिला प्रमुख केवलचंद लबाना ने कहा कि नई पीढ़ी से नए निर्माण की हमें पूर्ण उम्मीद है, जिसमें विश्व का मंगल हो। दोनों ने बैनर पकड़कर बापूबाजार तक रैली का नेतृत्व किया।



हिरोशिमा स्मृति दिवस के मौके पर सोमवार को निकाली रैली में शामिल बच्चे।



बापू की याद में भर आई आंखें

शांतिपीठ में गांधी और सत्याग्रह विषयक विचार गोष्ठी में मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि आज आंदोलन अहिंसा मार्ग से आरंभ किए जाते हैं, लेकिन वे हिंसा और दुराग्रह में बदल जाते हैं। महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सत्य की साधना सामाजिक दुस्साहस बन चुकी हैं। गांधी का सत्य समाज को सावचेत करता है।

उन्होंने कहा कि विज्ञान का अमंगलकारी प्रयोग हिंसा और आतंक को बढ़ावा दे रहा है। इस अवसर पर इन्द्र जोशी, एम. एस. राणावत व ए. के. शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

शांतिपीठ में 'गांधी और सत्याग्रह' विषयक विचार गोष्ठी में मंगलवार को मोहनसिंह कोठारी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज जो आंदोलन अहिंसा के मार्ग से प्रारं किए जाते हैं वे हिंसा और दुराग्रह में क्यों बदल जाते हैं। शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आज सत्य को साधना सामाजिक दुस्साहस बन चुका है। गांधी का सत्य समाज को आज सावचेत करता है। विज्ञान का अमंगलकारी प्रयोग हिंसा और आतंक को बढ़ावा दे रहा है। इंद्र जोशी ने नैतिक आंदोलन की आवश्यकता प्रतिपादित की। एमएस राणावत, एके शर्मा ने भी विचार रखे। राजीव लोढा ने आभार जताया।

समाचार जगत

जयपुर, 28 अक्टूबर, 2006



संयुक्त राष्ट्र दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में जगत मेहता, मोहनसिंह कोठारी, अनन्त गणेश त्रिवेदी।

भारत अणुशक्ति से नहीं अहिंसा के कारण ताकतवर: मेहता

उदयपुर (निसं.)। पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगन एस. मेहता ने कहा कि भारत अणुशक्ति से नहीं अहिंसा के कारण ताकतवर है वे शांतिपीठ के तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व अहिंसा और सत्याग्रह की ताकत से आजादी की उपलब्धी के लिए गांधी को याद करता हैं। भारत की विश्व में प्रतिष्ठा उसके अणुशक्ति सम्पन्न होने के कारण से नहीं बल्कि मानवतावादी दृष्टिकोण के कारण है। आज नेतृत्व के मायने बदल गए हैं हमें अपनी गलतियों को स्वीकार करना होगा तभी हमारी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

निर्गुट आन्दोलन पर बोलते हुए मेहता ने कहा कि सोवियत संघ के पतन के बाद निर्गुट आन्दोलन मर चुका था किन्तु आज भी हम उसकी लाश को ढोये जा रहे हैं, उसे दफन करने की हिम्मत कोई नहीं कर पा रहा है। संयुक्त राष्ट्र का चार्टर मानव चेतना की अभिव्यक्ति है और इसी के अनुरूप हर देश के प्रयास होने चाहिए जिसमें भारत की विशेष भूमिका होनी चाहिए।

अध्यक्षता करते हुए मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का लोकतांत्रिक होना चाहिए। जहां तक संयुक्त राष्ट्र की खामियों का सवाल है यह प्रकारान्तर में लोकतांत्रिक सरकारों में पायी जाने वाली कमजोरियों का ही परिणाम है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के वर्चस्व को स्वीकारा किन्तु इसकी महत्ता प्रतिपादित करते हुये कहा कि इसके अभाव में तीसरा विश्व युद्ध कभी का हो चुका होता। प्रारम्भ शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कोफी अन्नान के एक दशक के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के लोकतांत्रिक स्वरूप से पुनर्गठन की दिशा में जो पहल की है इसे आगे बढ़ाने में विश्व को नये महासचिव से बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस विश्व संस्था के 60 वर्षीय यात्रा में कई विवाद अवश्य उभरे तथापि इसकी सार्थकता को कभी नकारा नहीं जा सका। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में जब भी लोकतांत्रिक विश्व सरकार की अवधारणा मूर्त रूप लेगी, संयुक्त राष्ट्र इसकी प्रखर भूमिका के रूप में याद किया जाता रहेगा।

इस अवसर पर प्रो. महेश शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र दिवस, 2006 की थीम मातृत्व स्वास्थ्य व खुशहाली: सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्य में नींव का पत्थर और विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न मानवीय दशाओं से सम्बंधित 8 लक्ष्य रखे गये हैं जो गरीबी, बीमारी, शिक्षा आदि से संबंधित है। उन्होंने कहा प्रतिवर्ष 210 मिलियन महिलाएं गर्भधारण करती है किन्तु उनमें से 5,00,000 महिलाएं नवजीवन के उदय के समय अंतिम सांस लेती हैं। विश्व समुदाय से 2015 तक इन मौतों में तीन चौथाई कमी लाने की बात कही है। उन्होंने कहा भारत में हर वर्ष 1,20,000 महिलाएं प्रसव के दौरान मर जाती है जिनमें से अधिकतम जाने बचाई जा सकती है।

संगोष्ठी में नंदकिशोर शर्मा, पी.एस.श्रीमाली ने भी विचार व्यक्त किये। शान्तिपीठ के जी.एल. पाटीदार ने आभार व्यक्त किया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, बुधवार 25 अक्टूबर 2006
विक्रम संवत 2063, कार्तिक शुक्ल पक्ष, तृतीया

भारत अणुशक्ति से नहीं, अहिंसा के कारण ताकतवर : मेहता

उदयपुर. आज पूरा विश्व अहिंसा और सत्याग्रह की ताकत से आजादी की उपलब्धि के लिए गांधी को याद करता है। भारत की विश्व में प्रतिष्ठा उसके अणुशक्ति संपन्न होने से नहीं बल्कि मानवतावादी दृष्टिकोण के कारण है।

यह बात पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत एस मेहता ने शांतिपीठ के तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर हुई संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि आज नेतृत्व के मायने बदल गए हैं। हमें अपनी गलतियों को स्वीकार करना होगा तभी हमारी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अध्यक्षता करते हुए मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का लोकतांत्रिकरण होना चाहिए। प्रारंभ में शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कोफी अन्नान के एक दशक के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के लोकतांत्रिक स्वरूप के पुनर्गठन की दिशा में जो पहल की है इसे आगे बढ़ाने में विश्व को नए महासचिव से बहुत अपेक्षाएं हैं। इस अवसर पर प्रो. महेश शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र दिवस 2006 की थीम 'मातृत्व स्वास्थ्य व खुशहाली : सहस्राब्दी विकास लक्ष्य में नींव का पत्थर' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विभिन्न मानवीय दशाओं से संबंधित आठ लक्ष्य रखे गए हैं, जो गरीबी, बीमारी, शिक्षा आदि से संबंधित हैं। नंदकिशोर शर्मा, पीएस श्रीमाली ने भी विचार रखे। शांतिपीठ के जीएल पाटीदार ने आभार जताया।



शांतिपीठ की ओर से आयोजित संगोष्ठी में बाएं से जगत मेहता, मोहनसिंह कोठारी व अनंतगणेश त्रिवेदी।

प्रातःकाल
भाद्रपद शुक्ला 1 गुरूवार, दिनांक 24 अगस्त, 2006

युवा वर्ग शांति भंग करने वालों का मुकाबला करें - डॉ. व्यास

उदयपुर, 23 अग. । राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. गिरिजा व्यास ने युवा वर्ग का आव्हान किया कि वे देश में शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों का डटकर मुकाबला करें।

डॉ. व्यास बुधवार को टी.आर.आई. सभागार में नेहरू युवा केन्द्र एवं शांतिपीठ द्वारा जम्मू कश्मीर सांस्कृतिक आदान- प्रदान कार्यक्रम के तहत 31 सदस्यीय दल के स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि पद से बोल रही थी। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी शांति के संदेश को प्रचारित करें, जिसकी आज महती आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की संस्कृति सदैव अतिथियों का सम्मान "आओ नी पधारो म्हारे देस" से करती रही है। यहां समरसता, सद्भाव, मिट्टी के लिए बलिदान, संवेदनाओं के पंख साफ दिखाई देते है। उन्होंने कहा कि 21वी सदी युवाओं की सदी है। इसमें सभी शांति के अग्रदूत बनें तथा मेवाड़ की धरा से राष्ट्रप्रेम का संदेश लेकर जाएं।

समारोह में जिला प्रमुख केवलचन्द लबाना ने कहा कि युवा वर्ग देश के कोने-कोने से आपसी सदभाव एवं सौहार्द का वातावरण बनाएँ तथा एकता एवं अखण्डता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने भी युवा वर्ग से आतंकवाद को समाप्त करने में अपना योगदान देने तथा सद्भावना बढ़ाने पर जोर दिया।



उदयपुर । जम्मू-कश्मीर से आये 31 सदस्यीय दल के स्वागत समारोह को संबोधित करती डा. गिरिजा व्यास ।

इस अवसर पर पूर्व उप जिला प्रमुख लक्ष्मीनारायण पण्ड्या एवं प्रो. एन.एन. जोशी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जम्मू कश्मीर के युवा दल प्रभारी साधूराम ने बताया कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान का कार्यक्रम गत चार वर्षों से चल रहा है। यह दल 16 अगस्त को जम्मू कश्मीर के डोडा जिले से रवाना हुआ है जो 30 अगस्त तक पुनः जम्मू पहुचेगा। दल के सदस्य अन्य प्रदेशों में जाकर वहां की सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेते है।

इस मौके पर शांतिपीठ के अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि कश्मीर में युवा वर्ग का लक्ष्य शांति का है, जो आज की जरूरत भी है।

प्रारंभ में युवा समन्वयक पवनकुमार अमरावत ने सभी का स्वागत किया तथा युवा दल के सदस्यों का परिचय कराया। समारोह में जिले भर के युवा मण्डलों के सदस्यगण उपस्थित थे।

यहां डॉ. गिरिजा व्यास ने सभी युवा मण्डल के सदस्यों को सद्भावना पखवाड़े के तहत सद्भावना की शपथ भी दिलाई।

दैनिक नवज्योति • अजमेर, गुरुवार, 24 अगस्त, 2006



नेहरू युवा केंद्र एवं शांतिपीठ उदयपुर द्वारा जम्मू-कश्मीर सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत नृत्य की प्रस्तुति देता दल।
फोटो : नवज्योति

युवा वर्ग देश में शांति भंग करने वालों का मुकाबला करें : डॉ. व्यास

उदयपुर, 23 अगस्त। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. गिरिजा व्यास ने युवा वर्ग का आह्वान किया कि वे देश में शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों का डटकर मुकाबला करें। डॉ. व्यास बुधवार को टीआरआई सभागार में नेहरू युवा केंद्र एवं शांतिपीठ द्वारा जम्मू-कश्मीर सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत 31 सदस्यीय दल के स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि पद से बोल रही थी। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी शांति के संदेश को प्रचारित करें, जिसकी आज महत्ती आवश्यकता है। समारोह में जिला प्रमुख केवलचंद लबाना ने कहा कि युवा वर्ग देश के कोने-कोने से आपसी सद्भाव एवं सौहार्द का वातावरण बनाएं तथा एकता एवं अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाए। समारोह की अध्यक्षता पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने की। इस मौके पर शांतिपीठ के अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि कश्मीर में युवा वर्ग का लक्ष्य शांति का हैं जो आज की जरूरत भी है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्यों की प्रस्तुतियां भी दी।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, गुरुवार 10 अगस्त 2006
विक्रम संवत 2063, भाद्रपद कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा

आतंक के खात्मे व पर्यावरण के संरक्षण पर सार्थक बहस

शांतिपीठ ने दी गुजरात की धरती पर प्रासंगिक चिंतन की प्रेरणा

उदयपुर, 9 अगस्त ◆ गांधी आश्रम, साबरमती का सभागार और हिरोशिमा दिवस। गांधी के सिद्धांतों पर सार्थक बहस के लिए गुजरात सहित उदयपुर से पहुंचे विद्वज्जन।

शांतिपीठ और गुजरात विद्यापीठ के साझे में जो सभा हुई उसमें विश्वशांति के कई मुद्दों पर चर्चा और इस बात पर आम राय कि आतंक मुक्ति के सतत प्रयासों के साथ ही धरती के पर्यावरण की सार-संभाल को प्राथमिकता की जरूरत है। आणविक अस्त्रों को नष्ट किए जाने के लिए विश्व के सभी राष्ट्रों की समान पहल का ढांचा निर्मित किए जाने की आवश्यकता है।

वक्ताओं का मत था कि आतंक की पहुंच यदि अणु तक पहुंची तो हिरोशिमा का सबक नाकाफ़ी होगा। आज अणुशक्ति मात्र अस्तित्व पर प्रश्न खड़े हुए है जबकि हम आणविक अस्त्रों को नष्ट करने का कोई बुनियादी आधार तैयार नहीं कर पाए हैं। एक देश अणुशक्ति सम्पन्न रहे और अन्य को अनाधिकारी माने तो यह असमानता निःशस्त्रीकरण की दिशा में निःसंदेह अवरोध बनी रहेगी। इसमें आम राय बनाने गांधी, अरविंद और रामकृष्ण परमहंस के देश भारत को पहल करनी होगी।



शांति मार्च से पूर्व उदयपुर में हुई सभा में मंचस्थ अतिथि।

इस अवसर पर निकाले शांतिमार्च में गुजरात विद्यापीठ विश्वविद्यालय के अहिंसा शोध संस्थान, शांति शोधन केंद्र के साथ ही अन्य प्रकल्पों के छात्रों के साथ प्रांतीज तालुका से आए कॉलेज और स्कूली विद्यार्थी शामिल हुए। उदयपुर से शांतिपीठ के तत्वावधान में विद्यापीठ पहुंची सद्भाव एवं आतंक मुक्ति यात्रा की अगुवाई में ग्रह मार्च हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने आतंक मुक्ति, आणविक अस्त्रों का खात्मा, पर्यावरण संवर्धन तथा मैत्री से संबंधित नारे लिखी पट्टियां और बेनर्स ले रखे थे।

रविवार का अवकाश होने से ट्राफिक का अवरोध भी कोई खास नहीं रहा। रोमांचकारी अनुभव प्रतिभागियों का था तो राहगिरों का भी। प्रकृति का भी पूरा साथ था। शांतिमार्च में संपूर्ण क्रांति विद्यालय के संचालक सुरेंद्र गड्कर, शांतिपीठ के संस्थापक अनंतगणेश त्रिवेदी, सामाजिक कार्यकर्ता संघमित्रा, गुजरात विद्यापीठ के रजिस्ट्रार डॉ. राजेंद्र खेमानी, विद्यापीठ शांति शोध केंद्र की निदेशक डॉ. साधना वोरा, प्रांतीज के कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जीएल मेनारिया, दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. नानुभाई जोशी आदि भी थे।

संचालन उदयपुर के पीएस श्रीमाली, हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के नरेंद्र औदिच्य व शिक्षक दीपक चौबीसा के साथ विद्यापीठ के शिक्षकों ने किया।

गुजरात विद्यापीठ में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थी एवं शोधार्थियों की सरलता व श्रम के प्रति निष्ठा देखने योग्य थी। उनकी सादगी शांति का ही एक संदेश था।

सद्भाव एवं आतंक मुक्तियात्रा का उदयपुर से शुभारंभ शनिवार अपराह्न महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री व बोहरा समुदाय के धर्मगुरु शेख मुस्तफाभाई के सर्वधर्म समभाव एवं मैत्री संदेश के साथ ही अनंतगणेश त्रिवेदी के शांतिपरक उदबोधन से हुआ।

युवाओं ने दिया विश्व शांति का संदेश

उदयपुर, 10 अगस्त। हममें से अधिकतर लोग भूल चुके हैं कि छह अगस्त का दिन इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाता है। इस दिन परमाणु बम हिरोशिमा स्मृति दिवस पर उदयपुर के युवाओं का दल सद्भाव एवं आनन्द मुक्ति यात्रा पर अहमदाबाद गया। दल में शामिल सदस्यों ने अहमदाबाद में नई चेतना जगाई व विश्वशांति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा प्रस्फुटित की। उन्होंने कहा कि विद्यापीठ के अहिंसा शोध संस्थान,



की शक्ति ने विश्व को थर्रा दिया था। जापान तबाह हो गया। यह दिन दोबारा कभी न आए और विश्व में सभी देश मैत्री भाव से रहें। इसी संदेश के साथ गुजरात विद्यापीठ से गांधी आश्रम (साबरमती) तक शांति मार्च किया।

युवाओं ने बताया कि इस यात्रा ने उनके अंतर्मन को प्रभावित किया। उनमें शांति संशोधन केन्द्र सहित अन्य प्रकल्पों के छात्रों व शिक्षक प्रतिभागियों से उन्हें एकता व भाईचारे की सीख मिली।

उदयपुर से यात्रा पर रवाना होने से पहले मन में कुछ प्रश्न थे। हम नहीं जानते थे कि अहमदाबाद में हमें कैसा रेस्पोंस मिलेगा। मगर ज्यों-ज्यों कारवां आगे बढ़ता गया, हमें पता चला कि लोग हमसे ज्यादा आत्मीय व मिलनसार हैं। हमने शांति संदेश लिखा बैनर थामे। घंटेभर के पदयात्रा में नारों ने उत्साह इतना बढ़ाया कि हमने किसी और को बैनर नहीं सौंपा।

- शरद श्रीमाली, करणसिंह राठौड़,
आलोक विद्यालय, हिरण मगरी

शांति मार्च के दौरान लोगों का जुड़ाव देखने लायक था। सब कुछ स्वचालित था, किसी ने किसी को गाइड नहीं किया। अहमदाबाद में साथियों ने हमें बताया कि वहां आज भी लोग भाईचारे को जाति, प्रांत से परे रखकर रिश्ते निभाते हैं। गांधी आश्रम में हुई सभा में अस्त्रों के खात्मे की असंतुलित नीतियों पर प्रश्न उठाया। होस्टल में रह रहे एम.ए., पीएचडी कर रहे छात्रों का स्वयं सफाई करना व खाना बनाना अच्छा लगा। छात्रों ने हमें भोजन कराया तथा झूठे बर्तन नहीं उठाने दिए। उनका यह निःस्वार्थ श्रम शांति संदेश ही था।

- कपिल साहनी, गजेन्द्रसिंह चौहान व नीरज जैन

प्रातःकाल
श्रावण शुक्ला 14, मंगलवार, दिनांक 8 अगस्त, 2006

उदयपुर, मंगलवार, दिनांक 8 अगस्त, 2006



उदयपुर। हिरोशिमा दिवस पर अहमदाबाद में शांति मार्च के तहत रैली निकाली गई।

हिरोशिमा दिवस पर शांतिमार्च

उदयपुर, 7 अग.(वि.)। शांतिपीठ भारत एवं गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में हिरोशिमा दिवस पर रविवार को सद्भाव एंव आतंक मुक्ति यात्रा का आयोजन किया गया।

शांतिपीठ के प्रसार अधिकारी राजीव लोढ़ा ने बताया कि उदयपुर से 5 अग. को यहां टाउनहाल परिसर से यात्रा दल के सदस्यों को महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने अहमदाबाद के लिए रवाना किया जहा रविवार को गुजरात पीठ पहुंचने पर विद्यापीठ के विभिन्न प्रकल्पों के छात्रों, एक्सपरिमेन्टल कॉलेज प्रान्तीज एवं आसपास के स्कूलों के छात्रों की शांति मार्च रैली साबरमती गांधी आश्रम पहुंची।

आश्रम में आयोजित सभा में विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि आतंक एवं अणुशस्त्रों से मुक्ति पाने सघन और सतत प्रयासों की आवश्यकता है। इसी दिशा में कामयाबी पाने हासिल करने युवा पीढ़ी को गीता व गांधी दर्शन आत्मसात करना होगा।

सम्पूर्ण क्रांति विद्यालय के संचालक सुरेन्द्र गड़कर ने कहा कि अणु ऊर्जा के केन्द्रों की स्थापना प्राणी मात्र के भविष्य से खिलवाड़ है। शांति पीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने युवाओं से शांति परेक नूतन क्रांति का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि आतंक विध्वंस का रूप ले इससे पहले ही इसे समाप्त करने के व्यापक प्रयास होने चाहिए। सभा में डॉ. साधना वोरा, डा. जी.एल.मेनारिया ने भी विचार रखे। अध्यक्षता हरिजन सेवा संघ के अध्यक्ष ईश्वर भाई पटेल ने की। संचालन शांतिपीठ के भूपेन्द्र शर्मा ने किया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, सोमवार 7 अगस्त 2006
विक्रम संवत 2063, श्रावण शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी



अहमदाबाद में शांतिपीठ की ओर से निकाली गई रैली।

हिरोशिमा-दुखांतिका की 61वीं वर्षगांठ

शांतिपीठ का गुजरात की सड़कों पर मार्च

उदयपुर का दल रात को उदयपुर लौटा

उदयपुर, 6 अगस्त • नसं। हिरोशिमा दुखांतिका की 61वीं वर्षगांठ पर उदयपुर की संस्था शांतिपीठ के कार्यकर्ताओं ने गुजरात में साबरमती आश्रम तक मार्च कर शांति, सद्भावना व आतंक मुक्ति के लिए प्रार्थना की। गुजरात विद्यापीठ ने भी इस कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।

शांतिपीठ के कार्यकर्ता रविवार रात उदयपुर लौटे। शांतिपीठ के संस्थापक अनंतगणेश त्रिवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ता शनिवार को रवाना हुए थे। रविवार सुबह गुजरात विद्यापीठ से साबरमती आश्रम तक रैली निकाली गई, जिसमें शांतिपीठ कार्यकर्ता, एक्सपेरीमेंटल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, प्रांतीज तथा विद्यालयों के छात्र शामिल हुए। आणविक अस्त्रों व आणविक उर्जा के विरोध तथा पर्यावरण संरक्षण, मैत्री, सद्भाव व आतंक मुक्ति के पोस्टर व बैनर उठाए विद्यार्थियों ने शांति का संदेश दिया। साबरमती में सभा में श्री त्रिवेदी ने कहा कि उच्च जीवन मूल्यों की स्थापना के लिए गांधी का मार्ग आज की जरूरत बन गया है। अणु मुक्ति क्रांति के संयोजक सुरेंद्र गड़कर ने अणु शक्ति का विरोध करने की अपील की। अणु आंदोलन से जुड़ी संघमित्रा ने कहा कि परमाणु संयत्र केंद्रों के आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य का सर्वे यह स्पष्टीकरण देता है कि वे विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त हैं। नानूभाई जोशी ने कहा कि मनुष्य गांधी का मार्ग अपना कर ही सुरक्षित रह सकता है।

अध्यक्षता हरिजन सेवक संघ व साबरमती आश्रम के प्रशासक ईश्वरभाई पटेल, गुजरात विद्यापीठ में शांति शोध संस्थान की निदेशक साधना वोरा, प्रांतीज महाविद्यालय के जी.एल. मेनारिया ने भी विचार रखे। भारतीय शिक्षा मंडल उदयपुर के अध्यक्ष देवेंद्र कुमावत, संपतराज, राजीव मिश्रा, नरेंद्र औदीच्य व लेफ्टिनेंट पी.एस. श्रीमाली ने सूत की मालाओं से अतिथियों का स्वागत किया। संचालन भूपेंद्र शर्मा ने किया।

राजस्थान पत्रिका उदयपुर सोमवार 7 अगस्त, 2006



शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश चतुर्वेदी सभा को सम्बोधित करते।

शांतिपरक नूतन क्रांति का आह्वान

उदयपुर, 6 अगस्त। हिरोशिमा दुःखान्तिका की 61वीं पुण्यतिथि पर रविवार को साबरमती में शांतिपीठ एवं गुजरात विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में विद्यापीठ से साबरमती आश्रम तक शांति मार्च किया गया।

इसमें विद्यापीठ विश्वविद्यालय, शांतिपीठ उदयपुर से गए प्रतिभागियों, एक्सपरीमेंटल कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन प्रांतीज आदि महाविद्यालयों के छात्रों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। शांतिपीठ संस्थापक अनन्त गणेश चतुर्वेदी ने बताया कि शांतिमार्च में कार्यकर्ता पर्यावरण, आणविक अस्त्रों के विरोध, सद्भाव व मैत्री आदि के बैनर लेकर चल रहे थे। शांतिमार्च साबरमती आश्रम में पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गया।

चतुर्वेदी ने गांधी मार्ग पर चलते हुए शांति एवं समाज में उच्च जीवन मूल्यों की शांतिपरक नूतन क्रांति का आह्वान किया। अणु मुक्ति आंदोलन के सुरेन्द्र गडकर ने अणु ऊर्जा का विरोध किया। सामाजिक कार्यकर्ता संघमित्रा ने परमाणु संयत्रों से स्वास्थ्य के दुःपरिणाम पर विस्तार से बताया। इस अवसर पर प्रोफेसर नानुभाई शाह, दशरथ भाई शाह, प्रांतीज प्राचार्य डॉ.गोविन्द मेनारिया, गुजरात विद्यापीठ शोध संस्थान निदेशक साधना बोहरा आदि ने सभा को सम्बोधित किया। अध्यक्षता ईश्वर भाई पटेल ने की। इस अवसर पर भारतीय शिक्षा मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र कुमावत,डॉ. सम्पतराज, डॉ. राजीव मिश्रा आदि उपस्थित थे।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर » 3 अगस्त 2006

सद्भावना एवं आतंक मुक्ति यात्रा पांच को

उदयपुर, 2 अगस्त। शांतिपीठ के तत्वावधान में सद्भावना एवं आतंक मुक्तियात्रा शनिवार को दोपहर 1.30 बजे उदयपुर से साबरमती के लिए प्रस्थान करेगी। आतंकवादमुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं विश्वशांति-आणविक निःशस्त्रीकरण के संदर्भ में जनचेतना जागृत करने के उद्देश्य से हीरोशिमा स्मृति दिवस की 61वीं वार्षिकी पर छह अगस्त को सुबह दस बजे साबरमती में शांतिपीठ एवं गुजरात विद्यापीठ विश्वविद्यालय की ओर से शांतिसभा आयोजित होगी। प्रसार अधिकारी राजीव लोढ़ा ने बताया कि नगर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के चुनिन्दा छात्र पांच अगस्त को टाऊनहॉल इकट्ठा होंगे। वहां स्मृति दिवस की पूर्वसंध्या पर सभा के साथ ही बस से अहमदाबाद रवाना होंगे। अगले दिन सुबह सवा नौ बजे गुजरात विद्यापीठ से सद्भावना जुलूस रवाना होगा जो साबरमती आश्रम पहुंचकर सभा में बदल जाएगा।

दैनिक नवज्योति

3 अगस्त, 2006

उदयपुर से साबरमती सद्भावना एवं आतंक मुक्ति यात्रा 5 से

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 2 अगस्त। शान्तिपीठ के तत्वावधान में सद्भावना एवं आतंक मुक्ति यात्रा 5 अगस्त को उदयपुर से साबरमती के लिए रवाना होगी। आतंक मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं विश्वशान्ति आणविक निशस्त्रीकरण के संदर्भ में जन चेतना जागृत करने के उद्धेश्य के तहत हिरोशिमा स्मृति दिवस की 61वीं वार्षिकी पर 6 अगस्त को शांतिपीठ एवं गुजरात विद्यापीठ विश्वविद्यालय द्वारा प्रातः दस बजे साबरमति आश्रम में शांति सभा होगी। कार्यक्रमानुसार 5 अगस्त को दिन में 1.30 बजे नगर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के चुनिंदा छात्र-छात्राएं, शिक्षक तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्धजन टाऊन हॉल प्रांगण पर इकट्ठा होंगे एवं स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर सभा करने के साथ ही बस द्वारा अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे। अगले दिन 6 अगस्त को प्रातः 9.15 पर गुजरात विद्यापीठ से सद्भावना जुलूस रवाना होगा और करीब 10.15 बजे साबरमति आश्रम में पहुंचकर शांतिसभा में बदल जाएगा। कार्यक्रम में जिला साबरकांठा के प्रांतीज तालुका के एक्सपरिमेंटल कॉलेज ऑफ एज्युकेशन, विजयनगर की आर्टस कॉलेज एवं विद्यालयी छात्रों के साथ ही गुजरात विद्यापीठ विश्वविद्यालय के छात्र भी सम्मिलित होंगे।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, शनिवार 5 अगस्त 2006, विक्रम संवत 2063, श्रावण शुक्ल पक्ष, एकादशी

हिरोशिमा स्मृति दिवस 6 को अहमदाबाद में

आज दोपहर को टाउनहाल से दो बसें अहमदाबाद जाएंगी

उदयपुर, 4 अगस्त ● शांतिपीठ संस्थान की ओर से हिरोशिमा दिवस पर विश्व शांति : आणविक निःशस्त्रीकरण, पर्यावरण संरक्षण, आतंकवाद मुक्ति एवं मानवीय मूल्यों के उन्नयन के संदर्भ में 6 अगस्त को साबरमती आश्रम अहमदाबाद में कार्यक्रम होगा। कार्यक्रमानुसार शनिवार को दोपहर 1.30 बजे टाउनहाल से दो बसें सद्भाव एवं आतंक मुक्ति यात्रा के लिए गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद के लिए रवाना होंगी। रात को यहां रुककर 6 अगस्त को सुबह 9.15 बजे यहां से शांति मार्च शुरू होगा तथा 10.15 बजे साबरमती आश्रम पहुंचकर सभा में बदल जाएगा।

संस्थान महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में साबरकांठा प्रांतीज आदि जिलों के स्कूल व कालेज छात्रों के साथ ही गुजरात विद्यापीठ विश्वविद्यालय के छात्र भाग लेंगे।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर » 5 अगस्त 2006

शांतियात्रा आज रवाना होगी

उदयपुर। शान्तिपीठ संस्थान की ओर से हिरोशिमा दिवस पर 5 अगस्त को दिन में 1.30 बजे टाउन हॉल उदयपुर से दो बसों द्वारा शांति यात्रा रवाना होकर गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद पहुंचेगी। अगले दिन 6 अगस्त को प्रातः 9.15 बजे वहां से शांति मार्च होगा और करीब 10.15 बजे साबरमति आश्रम पहुंचकर सभा में बदल जाएगा जिसे

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 25 अक्टूबर 2005

राजस्थान पत्रिका | उदयपुर | मंगलवार | 25 अक्टूबर, 2005

बाजारवाद की भेंट चढ़ी विश्व शांति - प्रो. देवनानी

उदयपुर, 24 अक्टूबर

बाल शांति सम्मेलन

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र ने हमें एक खुशहाल व शांत समृद्ध विश्व का विश्वास दिलाया था लेकिन पिछले छह दशकों का रक्तरंजित काल किसी भी युद्ध से कम नहीं आंका जा सकता है।

ये विचार उच्च शिक्षा राज्य मंत्री वासुदेव देवनानी ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र दिवस पर शांतिपीठ के तत्वावधान में क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित बाल शांति सम्मेलन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कुछ देश अपना प्रभुत्व स्थापित करने के लिए सहअस्तित्व के सिद्धान्तों को नकार रहे हैं। आज विश्व शांति बाजारवाद की भेंट चढ़ गई है।

हथियार निर्माण सबसे बड़ा एवं लाभप्रद व्यवसाय बन गया है, जहां मांग पैदा करने के लिए लड़ाई का होना पहली आवश्यकता है व शत्रु नहीं होने पर भी उसका निर्माण किया जा रहा है। इस प्रकार विश्व शांति को कुछ देशों को प्रभुता स्थापित करने के षड्यंत्र का शिकार बनाया जा रहा है।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि शांति के लिए भी एक क्रांति की आवश्यकता है, जैसी कभी गांधी ने की थी। सत्य, अहिंसा व त्याग जैसे शाश्वत मूल्यों को अपनाए बिना शांति का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता है। प्रारंभ में डॉ.एल.एल.शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता मीरा कन्या महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. महेश शर्मा ने की। रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के एम.एस.राणावत की अध्यक्षता में आयोजित द्वितीय सत्र में नगर के एक दर्जन विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भागीदारी की। इससे पूर्व डॉ. महेश शर्मा व एम.एस.राणावत ने विषय प्रवर्तन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत मेहता ने कहा कि देश की गरीबी मिटाने व सामाजिक न्याय की संस्थापना करने से देश में शांति आएगी। सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता से नहीं देश को भ्रष्टाचार से मुक्त कर इसे अन्दरुनी रूप से सशक्त बनाने से शांति आएगी। विशिष्ट अतिथि आलोक संस्थान के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमावत ने कहा कि ध्यान व योग के माध्यम से शांति स्थापित की जा सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रेलवे टेनिंग संस्थान के प्राचार्य जे.एस.मीणा ने संयुक्त राष्ट्र की उपलब्धियों को विस्तार से बताते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र के औचित्य को नकारा नहीं जा सकता है। कवि श्रेणीदान चारण ने शांति, त्याग व देश की संस्कृति पर ओजस्वी कविता पाठ किया। प्रारंभ में शांतिपीठ के इन्द्रदेव जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया। जी.एस.पाटीदार ने आभार व्यक्त किया। बाल शांति सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ अभिव्यक्ति के लिए प्रथम पुरस्कार संत टेरेसा स्कूल की चारूलता चौधरी, द्वितीय पुरस्कार आरएमवी के धर्मेष्ठा बारहठ को तथा तृतीय पुरस्कार सेन्ट्रल एकेडमी के अंकित अरोड़ा को प्रदान किया गया।



उदयपुर के रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को बाल शांति सम्मेलन को सम्बोधित करते उच्च शिक्षा राज्य मंत्री वासुदेव देवनानी।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, मंगलवार 25 अक्टूबर 2005
विक्रम संवत 2062 कार्तिक कृष्ण पक्ष अष्टमी

छह दशक का काल युद्ध से कम नहीं : देवनानी

संयुक्त राष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में बाल शांति सम्मेलन

उदयपुर, 24 अक्टूबर • नसं। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से हमें एक खुशहाल व शांत, समृद्ध विश्व का विश्वास दिलाया गया था, जहां युद्ध, हिंसा व आतंक मुक्त समाज का सपना संजोया गया था। हालांकि तृतीय विश्व युद्ध नहीं हुआ, किन्तु पिछले छह दशकों का रक्तरंजित काल किसी भी युद्ध से कम नहीं आंका जा सकता। सुयंक्त राष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में शांतिपीठ के तत्वावधान में जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित बाल शांति सम्मेलन को में शिक्षा राज्यमंत्री वासुदेव देवनानी ने ये विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज विश्व शांति बाजारवाद की भेंट चढ़ गई है। उन्होंने कहा कि भारत विश्वशांति का सदैव प्रहरी रहा है।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि शांति के लिए भी एक क्रांति की आवश्यकता है। सम्मेलन का दूसरा सत्र मीरा कन्या महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. महेश शर्मा एवं रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के एमएस राणावत के मार्ग दर्शन एवं सहयोग से शुरू हुआ, जिसमें नगर के एक दर्जन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

समापन समारोह में पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत मेहता ने कहा कि देश की गरीबी मिटाने व सामाजिक न्याय की स्थापना से देश में शांति आएगी। विशिष्ट अतिथि आलोक संस्थान के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमावत थे। अध्यक्षता रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जेएस मीणा ने की। बाल शांति सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ अभिव्यक्ति के लिए प्रथम पुरस्कार संत टेरेसा स्कूल की चारूलता चौधरी, द्वितीय पुरस्कार आरएमवी की धर्मेष्ठा बारहठ, तृतीय पुरस्कार सेंट्रल एकेडमी के अंकित अरोड़ा को प्रदान किया गया।



रेलवे ट्रेनिंग स्कूल सभागार में यूएनओ दिवस पर संबोधित करते अतिथि।

प्रातःकाल
कार्तिक कृष्णा 8 मंगलवार, दिनांक 25 अक्टूबर, 2005

रक्त रंजित काल युद्ध से कम नहीं : देवनानी

उदयपुर, 24 अक्टू. (वि)। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से हमें एक खुशहाल व शांत विश्व का विश्वास दिलाया गया था। जहां युद्ध, हिंसा व आतंक मुक्त समाज का सपना संजोया गया था। हालांकि तृतीय विश्व युद्ध नहीं हुआ किन्तु पिछले छह दशकों का रक्त रंजित काल किसी भी युद्ध से कम नहीं आंका जा सकता।

संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित बाल शान्ति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा राज्यमंत्री वासुदेव देवनानी ने उपरोक्त बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ देश अपना प्रभुत्व स्थापित करने के लिये सह अस्तित्व के सिद्धान्तों को नकार रहे है। आज विश्व शान्ति बाजारवाद की भेंट चढ़ गई है।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि शान्ति के लिये भी एक क्रान्ति की आवश्यकता है जिसे कभी गांधी ने की थी।

सत्य अहिंसा व त्याग जैसे शाश्वत मूल्यों को अपनाये बिना शान्ति का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता है। प्रथम सत्र की अध्यक्षता महेश शर्मा ने की।

सम्मेलन का द्वितीय सत्र मीरा कन्या महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डा. महेश शर्मा एवं रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के एम.एस. राणावत के मार्गदर्शन में शुरू हुआ जिसमें नगर के करीब 1 दर्जन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। सत्र पूर्व डा. शर्मा व राणावत ने विषय प्रवर्तन किया तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित दशाब्दी 'विश्वबाल समुदाय हेतु शान्ति व अहिंसा संस्कृति' के कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा करते हुये सम्मेलन की भूमिका प्रस्तुत की।



उदयपुर। शांतिपीठ संस्थान के तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्र दिवस पर आयोजित बाल शांति सम्मेलन में संबोधित करते उच्च शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी।

समापन समारोह में प्रमुख अतिथि पूर्व विदेश सचिव डा. जगत मेहता ने कहा कि देश की गरीबी मिटाने व सामाजिक न्याय की संस्थापना से देश में शान्ति आयेगी। इस अवसर पर कवि श्रेणीदान चारण ने शान्ति व त्याग व देश की संस्कृति पर ओजस्वी कविता पाठ कर सभागार के वातावरण को उल्लासमय बनाया।

प्रारम्भ में शान्तिपीठ के इन्द्रदेव जोशी ने स्वागत किया जबकि जी.एल. पाटीदार ने आभार व्यक्त किया। बाल शान्ति. सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ अभिव्यक्ति के लिये प्रथम पुरूस्कार संतटेरेसा स्कूल की चारूलता चौधरी, द्वितीय पुरूस्कार धर्मेष्ठा बारहठ आर.एम.वी. तथा तृतीय पुरूस्कार सेन्ट्रल एकेडमी के अंकित अरोड़ा को प्रदान किया गया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 24 अक्टूबर 2005

संयुक्त राष्ट्र दिवस समारोह

संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के ऑडिटोरियम में सोमवार अपरान्ह 3 बजे समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम में नगर के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध नागरिक सम्मिलित होंगे। इससे पूर्व कॉन्फ्रेंस हॉल में बाल शान्ति सम्मेलन होगा। प्रवक्ता जी.एल. पाटीदार ने बताया कि उद्घाटन सत्र के बाद दो सत्रों में युवा प्रतिभागी विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति में अपना मौलिक चिन्तन व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र की ओर से घोषित दशाब्दी 'विश्व बाल समुदाय निमित्त शान्ति एवं अहिंसा की संस्कृति' के तहत आयोजित किया जाएगा।

राजस्थान पत्रिका
metro 294
उदयपुर | सोमवार | अक्टूबर 31, 2005

खत्म हो मौत को जिन्दा रखने की साजिश

बच्चे कहते हैं जीत-हार तो हमें वीनस बहनों से सीखनी चाहिए। वे कहती हैं हममें से एक ही जीत सकती थी। वीनस कहती है मैं तुम्हें जीतते देखना चाहती हूं। सेरेना कहती है मैं बहुत खुश हूं, मेरी बहन जीती है। तब कोई भी हारा हुआ नहीं लगता। भारत-पाकिस्तान भी तो ऐसी ही बहनें हैं जब कश्मीर जलजले के बाद बड़ी बहन ने कहा मैं तुम्हें 'हारते' नहीं देख सकती और सबसे पहले मदद के हाथ बढ़ाकर बाहें फैला दी।

महेश शर्मा

छात्र शान्ति सम्मेलन: विश्व अशान्ति के लिए आतंकवाद नहीं गरीबी जिम्मेदार है

बच्चों ने कहा 60 वर्ष की उम्र में संयुक्त राष्ट्र की पुरानी सोच को रिटायर करना होगा व विश्व युद्ध के परिणामों के बन्धनों से अपने आपको मुक्त करना होगा। विश्व विध्वंसक युद्ध के बाद जहां अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों को स्थिर करने व शान्ति को और अधिक मजबूत आधार प्रदान करने के लिए संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की गई थी व एक शान्त व समृद्ध दुनिया का सपना दिखाया गया था वह सब सफेद झूठ था।

''60 वर्ष का संयुक्त राष्ट्र'' विषय पर आयोजित छात्र शान्ति सम्मेलन में छुट्टियों के उपरान्त के एक दर्जन विद्यालयों के 100 से अधिक छात्रों ने रेलवे ट्रेनिंग स्कूल के सम्मेलन कक्ष में तीन घण्टे तक गहन विचार-विमर्श कर उन बिन्दुओं को रेखांकित किया जिससे वे अपनी एकमात्र पृथ्वी मां के स्वास्थ्य को ठीक रखकर मानव प्रजाति को खुशहाली सुनिश्चित कर सकें।

छात्रों का तर्क था कि युद्ध नहीं होना शान्ति नहीं है। हालांकि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद लड़े गए 150 युद्धों में 20 लाख लोग मारे जा चुके हैं। किन्तु समाज में व्याप्त विपन्नता, गरीबी, भूख, बीमारी, कुपोषण, भय, अन्याय, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी वे आधारभूत कारण हैं जो हिंसा व आतंक को जन्म दे रहे हैं, शान्ति को भंग कर रहे हैं। अतः उपरोक्त कारण अधिक प्रलयंकारी हैं। छात्रों का मानना था कि मानवीय दरिद्रता, कष्ट, विपत्ति अपराध व बीमारियों के बीज गरीबी में पैदा होते हैं, गरीबी तनाव को जन्म देती है।

इस बात से सभी छात्र एक मत थे कि शान्ति के लिए सहनशीलता जरूरी है और यह आर्थिक सुरक्षा व समृद्धि के बिना असम्भव है अतः गरीबी उन्मूलन के बिना शान्त विश्व की कल्पना असम्भव है। सभी छात्रों ने एक मत से कहा कि आधी सदी पूर्व लड़े गए युद्ध के विजेताओं के अधिकारों पर रोक लगानी होगी। आज जहां मानव प्रजाति को विलुप्ति का खतरा पैदा हो गया है वह भी उसकी स्वयं की प्रजाति के अपवित्र इरादों के कारण ऐसे में संयुक्त राष्ट्र में आमूलचूल सुधारों की जरूरत है। हर देश को हथियार विहीन करना होगा व युद्ध शब्द पर रोक लगानी होगी। परमाणु हथियारों पर ही नहीं बल्कि पारम्परिक हथियारों के शोध एवं विकास व उनके व्यापार को अवैध करार देना होगा। हमें लोकतंत्र को केवल व्यक्तिगत राष्ट्रों की सीमा तक ही नहीं सीमित करना होगा बल्कि विश्व शासन [संयुक्त राष्ट्र] में भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनानी होगी। सुरक्षा परिषद को लोकतांत्रिक बनाना होगा।

शान्ति सम्मेलन में छात्रों से अधिक छात्राओं ने सक्रिय भागीदारिता निभाई। सभी इस मुद्दे पर एकमत थे कि आज का युद्ध पाषाण युग के युद्धों से भी अधिक आदिम है क्योंकि आज हमारा निशाना योद्धाओं पर नहीं होकर निरपराध सामान्य नागरिकों पर, बूढ़ों, महिलाओं व बच्चों पर होता है, वह भी उसके परिणामों को देख नहीं पाता है, क्षत-विक्षत शरीरों को देख नहीं पाता क्योंकि सैकड़ों हजारों मील दूर से बटन दबाया जाता है।

इस प्रकार आज का युद्ध वीर भूमि की जगह स्लोटर हाउस [वधगृह] में बदल चुका है। आज ज्यादा से ज्यादा लोगों के चिथड़े उड़ाना वीरता की निशानी बन गया है। छात्रों का मानना है कि जीतने के लिए सर्वाधिक लोगों के वध करने की प्रतियोगिता बहुत ही आदिम है, जो हमें सुसंस्कृत कहने के अधिकार पर रोक लगाती है। युद्ध हमें शान्ति नहीं दिला सकता, यह शान्ति का विकल्प भी नहीं है। न ही युद्ध विवादों का न्यायपूर्ण समाधान। आतंक का जवाब आतंक नहीं है। बुराई का विनाश बुराई से नहीं किया जा सकता। आंख के बदले आंख फोड़ने पर पूरा विश्व अंधा हो जावेगा।

एक छात्र ने भारतीय धीमी न्याय प्रणाली को भ्रष्टाचार को प्रोत्साहित करने के लिए जिम्मेदार ठहराया व सभी तरह की विपन्नताओं व कष्टों के लिए जिम्मेदार ठहराया तो सभी छात्र-छात्राओं ने एकमत से उसका समर्थन किया। छात्र इस बात से चिंतित थे कि आज पुनः कुछ लोग युद्ध की बात कर रहे हैं।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, रविवार 7 अगस्त, 2005



शांति सभा को सम्बोधित करतीं डॉ. गिरिजा व्यास।

शांति रैली में उठे हजारों हाथ

हिरोशिमा स्मृति दिवस

शांतिपीठ की रैली में शहर के कई स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया

उदयपुर, 6 अगस्त • नसं। हिरोशिमा त्रासदी की 60 वीं वर्षगांठ पर शहर में विविध कार्यक्रम हुए और शांति, सद्भावना का पैगाम दिया गया। शांतिपीठ संस्था की ओर से शांति रैली निकाली गई तथा रेलवे प्रशिक्षण केंद्र में सभा हुई।

इस सभा में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. गिरिजा व्यास ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने और इसके समूल नाश की आवश्यकता पर बल दिया। अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य जेएस मीणा ने आणविक हथियारों को संपूर्ण मानवता के लिए खतरा बताते हुए इनके विनाश की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यवक्ता के रूप में शांतिपीठ के राजीवलोचन मिश्रा ने इस विभीषिका के तकनीकी पहलुओं प्रकाश डाला और दुर्दांत, विभीषिका को मानवमात्र के लिए अकल्पनीय बताया। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी विजयमाला मेहता, इंद्रचंद्र जोशी, गोण्डर विश्वविद्यालय, इथोपिया के डॉ. उदयलाल पालीवाल एवं डॉ. जीएल पाटीदार ने भी विचार व्यक्त किए। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सभा से पूर्व शांतिमार्च का शुभारंभ सभापति रवींद्र श्रीमाली तथा उप सभापति वीरेंद्र बापना ने किया जिसमें विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों, विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा समाज के प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। रैली के दौरान बालक-बालिकाओं, विश्वशांति, परमाणु शस्त्रों के विनाश, पर्यावरण संरक्षण, जनसंख्या नियंत्रण आदि से संबंधित बैनर, पोस्टर लिए चल रहे थे। रैली टाउन हॉल से प्रारंभ होकर बापूबाजार, देहलीगेट, कोर्ट चौराहा, मीरा कन्या महाविद्यालय होते हुए क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण केंद्र पहुंचकर सभा में परिवर्तित हुई।

इधर, शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा हिरोशिमा-काण्ड के मृतकों को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहर जिलाध्यक्ष डॉ. मधुसूदन शर्मा, पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया, गोपाल शर्मा, सुरेश श्रीमाली, डीआई खान, गणेश राजोरा, दिलीप प्रभाकर, दिनेश दवे, राजीव सुहालका आदि ने उपस्थित थे। साहू पब्लिक स्कूल की ओर से हिरोशिमा-नागासाकी दिवस पर हुए कार्यक्रम में छात्र नीलेश उपाध्याय, निखिल खत्री तथा अनमोल डेम्बला ने विचार रखे। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में ऐसी दुखान्तिकाओं की पुनरावृत्ति नहीं होने की आवश्यता पर बल दिया। अंत में मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। संचालन भारती जोशी ने किया।

उदयपुर
Rashtradoot
उदयपुर, रविवार 7 अगस्त, 2005

हिरोशिमा त्रासदी की वर्षगांठ पर शांति मार्च व सभा

उदयपुर, 6 अगस्त (का.सं.)। हिरोशिमा त्रासदी की 60 वीं वर्षगांठ पर उदयपुर में विविध कार्यक्रम हुए और शांति एवं सदभावना का पैगाम दिया गया शांति पीठ की ओर से शांति मार्च निकाला गया और सभा का आयोजन हुआ। क्षेत्रीय रेल्वे प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित शांति सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा डा.गिरिजा व्यास ने आंतकवाद के खिलाफ एकजुट होकर इसके समूल नाश की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य जे.एस.मीणा ने आणविक हथियारों को सम्पूर्ण मानवता के लिए खतरा बताते हुए इनके विनाश की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि पद से बोलते हुए अति.जिला शिक्षा अधिकारी विजय बाला मेहता ने शांतिपीठ द्वारा विभिन्न प्रकार के आयोजनों द्वारा देश के नौनिहालों को विश्व शांति, साम्प्रदायिक सदभाव आदि विषयों पर जागरूक करने की सराहना की। समाज़ सेवी शब्बीर मुस्तफा ने भारत के पुनः जगदगुरू की प्रतिष्ठा पाने तथा विश्व शांति तथा सदभाव की स्थापना की कामना की। मुख्य वक्ता के रूप मे शांतिपीठ केन्द्र के राजीव लोचन मिश्रा ने इस विभिषिका के तकनीकी पहलुओं से श्रोताओं को अवगत कराया।

जय राजस्थान
रविवार, 7 अगस्त 2005

हिरोशिमा त्रासदी की वर्षगांठ पर शांति मार्च व सभा

आतंकवाद के खात्मे और वैश्विक शांति-सद्भाव के लिए सशक्त माहौल जरूरी - डॉ. गिरिजा व्यास

उदयपुर, 6 अगस्त। हिरोशिमा त्रासदी की 60वीं वर्षगांठ पर उदयपुर में विविध कार्यक्रम हुए और शांति एवं सद्भावना का पैगाम दिया गया। शांति पीठ की ओर से शांति मार्च निकाला गया और सभा का आयोजन हुआ।

यहां क्षेत्रीय रेल्वे प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित शांति सभा को संबोधित करते हुए, मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा डॉ. गिरिजा व्यास ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर इसके समूल नाश की आवश्यकता पर बल दिया।

भारत द्वारा परमाणु परीक्षण किये जाने को सही बताते हुये उन्होंने कहा कि तथाकथित शक्तिशाली राष्ट्रों की साम्राज्य लालसा तथा स्वार्थ पर अंकुश लगाने के लिये अन्य राष्ट्रों का सबल होना जरूरी हैं। आज के इस समय महाविनाश की ओर अग्रसर होते संसार को महाविनाश से बचाने के लिये आपने सांप्रदायिक सद्भाव तथा अणु शक्ति के शांतिपूर्ण प्रयोग की आवश्यकता पर बल दिया। आपने बताया कि हम किसी भी धर्म का पालन करें लेकिन राष्ट्र धर्म सर्वोपरि होना चाहिये।

सभा के दौरान सफेद कबूतर के कक्ष में प्रवेश पर टिप्पणी करते हुये आपने कहा कि शांतिपीठ द्वारा किये जा रहे विश्व शांति के इस प्रयास में शांतिदूत कबूतर का स्वैच्छिक प्रवेश, कार्यक्रम के सफल होने तथा अपने लक्ष्य तक पहुँचने का पूर्वाभास हैं।

शांतिपीठ के प्रयासों की सराहना करते हुये डॉ. व्यास ने इस बात की आवश्यकता पर बल दिया कि ऐसे कार्यक्रम केवल आयोजन तक सीमित नहीं रहने चाहिए। आपने शांतिपीठ के माध्यम से तथा सभी वर्गों के सहयोग से आतंकवाद के खिलाफ मुहिम छेड़ने तथा आंतकवाद के सफाये की बात कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य श्री जे.एस.मीणा ने आणविक हथियारों को सम्पूर्ण मानवता के लिये खतरा बताते हुए इनके विनाश की आवश्यकता पर बल दिया। आपने बताया कि मानव इतिहास के इस सबसे काले दिन की वर्षगांठ पर हमें विशेषकर देश के नौजवानों को इस बात की प्रेरणा लेनी चाहिये कि हम तन-मन-धन से सम्पूर्ण विश्व में शांति और सौहार्द की स्थापना हेतु योगदान दें।



विशिष्ट अतिथि पद से बोलते हुए अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती विजय बाला मेहता ने शांतिपीठ द्वारा विभिन्न प्रकार के आयोजनों द्वारा देश के नौनिहालों को विश्व शांति, साम्प्रदायिक सद्भाव आदि विषयों पर जागरुक करने की सराहना की। समाज सेवी श्री शब्बीर मुस्तफा ने भारत के पुनः जगद्गुरु की प्रतिष्ठा पाने तथा विश्व में शांति तथा सद्भाव की स्थापना की कामना की।

मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए शांतिपीठ केन्द्र के श्री राजीव लोचन मिश्रा ने इस विभीषिका के तकनीकि पहलुओं से श्रोताओं को अवगत कराते हुए बताया कि 6 अगस्त को हिरोशिमा पर 'लिटिल बॉय' तथा 9 अगस्त को नागासाकी पर 'फेट मेन' नामक बम गिराने वाले पायलट कर्नल पाल टिवेट्स को महाविनाश के तत्काल पश्चात् अपनी करनी पर महा पश्चाताप हुआ और उसके मुंह से निकल पड़ा 'हे भगवान, मैंने यह क्या कर डाला ?' श्री मिश्रा के अनुसार अमेरिका की जापान पर तीसरा बम गिराने की योजना थी लेकिन वह सफल नहीं हो सकी। इन दोनों घटनाओं से करीब दो लाख व्यक्ति तत्काल मारे गये तथा कई व्यक्ति रेडियो एक्टिव तत्वों के प्रभाव से वर्षों तक मरते रहे।

आपने बताया कि हिरोशिमा पर गिराया गया बम 15 किलो टन टी एन टी क्षमता का था जबकि आज अमेरिका के पास 9 हजार किलो टन टी एन टी के कम से कम 50 परमाणु बम हैं जिनकी क्षमता लिटिल बॉय से 600 गुणा अधिक है। इसके अलावा रूस, फ्रांस, इंग्लैण्ड तथा चीन के पास भी सम्पूर्ण पृथ्वी को कई बार समाप्त कर देने की क्षमता के परमाणु बम विद्यमान हैं।

आपने चिंता व्यक्त की कि लम्हों की खता की सजा सदियों तक भुगतनी पड़ती है और अगर इसकी पुनरावृत्ति हो गई तो सृष्टि में मानव जाति का नामो निशान भी नहीं रहेगा।

प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत करते हुए शांतिपीठ के इन्द्र चन्द्र जोशी ने बीस वर्ष से आयोजित किये जा रहे इस कार्यक्रम तथा संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सेन्ट्रल एकेडमी, सरदारपुरा के छात्रा-छात्राओं ने रफीक भाई तथा कुसुम शाह के कुशल निर्देशन में शांति गीत के माध्यम से विश्व शांति की स्थापना और सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण की कामना की राजकीय उ.प्रा.वि. प्रतापनगर के छात्रा विनोद जीनगर ने कविता के माध्यम से बढ़ती जनसंख्या को सभी समस्याओं की जड़ बताते हुए इसके नियन्त्राण की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम का संचालन गोण्डर विश्वविद्यालय इथोपिया के डॉ. उदयलाल पालीवाल एवं डॉ. जी.एल.पाटीदार ने किया।

शांति मार्च

सभा से पूर्व शांतिपीठ की ओर से शांति मार्च का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ नगर परिषद के सभापति श्री रवीन्द्र श्रीमाली तथा उप सभापति वीरेन्द्र बापना ने किया, जिसमें हजारों की संख्या में विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के छात्रा-छात्राओं, शिक्षकों, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा समाज के प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया।

रैली के दौरान नन्हें बालक-बालिकाएँ, विश्व शांति, परमाणु शस्त्रों के विनाश, पर्यावरण संरक्षण, जनसंख्या नियंत्राण आदि से संबंधित बैनर, पोस्टर लिये चल रहे थे।

शांति मार्च टाउन हॉल से प्रारम्भ होकर बापू बाजार, देहली गेट, कोर्ट चौराहा, मीरा कन्या महाविद्यालय, सुखाड़िया सर्कल होता हुआ क्षेत्रीय रेल्वे प्रशिक्षण केन्द्र पहुँचकर शांति सभा में परिवर्तित हुआ।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत 2061, कार्तिक शुक्ल पक्ष तृतीया, सोमवार 15 नवंबर 2004



शांतिपीठ की ओर से पंडित नेहरु की जयंती पर हुए समारोह में बच्चों को विश्व शांति की शपथ दिलाई गई।

बाल दिवस पर नेहरू को याद किया

उदयपुर, 14 नवम्बर। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस (बाल दिवस) पर रविवार को चेतक सर्कल स्थित कांग्रेस कार्यालय पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया अध्यक्ष डॉ. गिरिजा व्यास, कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. मधुसूदन शर्मा, पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया, केके शर्मा, सुरेश श्रीमाली, गणेश राजौरा, राजीव सुहालका, अर्जुन राजौरा आदि ने नेहरु को याद किया। इधर, सरदारपुरा में शांतिपीठ की ओर से आयोजित बाल दिवस कार्यक्रम में सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों के बच्चों ने प्रश्नोत्तरी, व अन्य स्पर्द्धाओं-प्रस्तुतियों में भाग लिया। यहां बच्चों को राष्ट्र के प्रति समर्पण और विश्व शांति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में शिक्षाविद् प्रो. एबी फाटक, शांतिपीठ के महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी, हरीश आचार्य आदि उपस्थित थे।

दैनिक नवज्योति
15 नवम्बर, 2004
अजमेर, सोमवार, 15 नवम्बर, 2004

बच्चे बच्चों की मदद करें-प्रो. पाठक

शांतिपीठ ने मनाया बाल दिवस

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 14 नवम्बर। शांतिपीठ के तत्वावधान में आज बाल वृन्द द्वारा समृद्ध राष्ट्र व खुशहाल विश्व निर्माण के संकल्प के साथ बाल दिवस मनाया गया, जिसमें नगर के कई सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में पढने वाले छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद प्रो. ए.बी.पाठक ने कहा बच्चे बच्चों का ख्याल रखें तो समाज खुशहाल होगा।

उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे भी किसी न किसी रुप में इन बच्चों की मदद कर सकते है, जिनके पास जरुरत की चीजों का अभाव है। उन्होंने अभावग्रस्त बच्चों व बाल मजदूरों के उदाहरण देते हुए कहा कि जिन बच्चों के पास जरुरत से ज्यादा चीजें तैयार है वे उनकी हिफाजत कर अन्य बच्चों की मदद के लिए तैयार रहे तथा उनके लिए बचत करने की भी आदत डालें।

शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि भविष्य की आसन्न चुनौतियों को सामना करने की क्षमता हासिल करने का व्रत लें। उन्होंने पर्यावरण विघटन एवं अलगाववाद से निपटने, प्रकृति के नियमों को समझने व उनका अनुसरण करते हुए विकास करने की जरुरत बताई।

उन्होंने कहा कि समृद्ध राष्ट्र का निर्माण वर्तमान में दिये जा रहे संस्कारों पर निर्भर करता है। पंडित नेहरु की संकल्पना बच्चों के व्यक्तित्व निर्माणपर टिकी थी। इस अवसर पर बाल सदन को दो भागों में विभक्त कर प्रश्नोतर प्रतियोगिता रखी गई। एक पक्ष को डॉ. राधाकृष्ण व दूसरे को डॉ. कलाम का सम्बोधन देते हुए नगर, प्रांत, देश व विश्व से जुड़े प्रश्नों पर अंक देते हुए बच्चों को प्रोत्साहन दिया गया। बच्चों की ओर से सक्रिय भागीदारी करते हुए प्रोत्साहन दिया गया। बच्चों की ओर से सक्रिय भागीदारी करते हुए राजकीय वि.उ.प्रा.विद्यालय की छात्रा अपूर्वा, गगन, शुभम व उषा शर्मा ने कविता पाठ किया तथा राजकीय रेलवे ट्रेनिंग स्कूल की इन्दु, मोनिका एवं टेलेन्ट अकेडमी के छात्र प्रशांत व पूर्वी ने भी कहानी व कविता सुनाई। अन्त में बच्चों ने राष्ट्र निर्माण, पर्यावरण संरक्षण एवं विश्व शांति का संकल्प लिया। हरीश आचार्य ने आभार व्यक्त किया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, विक्रम संवत 2061, आश्विन शुक्ल पक्ष द्वादशी, सोमवार 25 अक्टूबर 2004

'लोकतंत्र ही हमें दुनिया का नेता बनाएगा'

नसं, उदयपुर, 24 अक्टूबर।

पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने कहा कि भारत आर्थिक रूप से सम्पन्न हो जाता है तो लोकतांत्रिक शक्ति के बल पर वह विश्व को नेतृत्व देने का दम भर सकता है। इससे पहले भारत में बहुलता और सहिष्णुता मूल्यों जैसी विरासत को पुनः प्रतिष्ठित करना होगा। मेहता रविवार को यहां शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित 'विश्व शांति के बदलते समीकरण और भारत' विषयक विचार गोष्ठी में बोल रहे थे।

संयुक्त राष्ट्र संघ के 59 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इस चर्चा में विभिन्न वक्ताओं ने विश्व के बदलते परिदृश्य में भारत में प्रामाणिक जीवन मूल्यों को पुनर्जीवित करने पर जोर दिया। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में प्रो.एस.एन.जोशी ने कहा कि राजनीतिक व गैर राजनीतिक क्षेत्र में विश्व शांति के पोषक व शांति विरोधी तत्व सक्रिय हैं। अमरीका, इंग्लैंड, इजरायल की तिकड़ी शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इस्लामी आंतकवाद को रोकने के लिए चीन भी प्रयत्नशील है। राजनीति शास्त्र के प्रो.अरुण चतुर्वेदी ने शांति की चेतना विकसित करने की आवश्यकता जाहिर की। साहित्यकार ओंकारश्री ने कहा कि युद्ध अब छद्म हो गए हैं और शांति की शक्तियां आवरण व मुखौटों तक सिमट गई है। शक्तिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने युवाओं को संस्कारित करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि शांति का संघर्ष अनवरत चलने वाला अभियान है। प्रो.परमेश्वर दशोरा ने जनमत की शक्ति की आवश्यकता प्रतिपादित की। एडवोकेट प्रकाश पानेरी, एम.एस.राणावत, राजीव लोढ़ा ने भी विचार रखे।

प्रातःकाल
आश्विन शुक्ला 12 सोमवार, दिनांक 25 अक्टूबर, 2004



उदयपुर। संयुक्त राष्ट्र दिवस अवसर पर शांतिपीठ में आयोजित विचार गोष्ठी में विचार व्यक्त करते अनंत गणेश त्रिवेदी। मंचासीन प्रो. एल.एन. व्यास, पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत मेहता व प्रो. अरूण चतुर्वेदी।

संयुक्त राष्ट्र दिवस विचार गोष्ठी

शांति का संघर्ष अनवरत चलने वाला अभियान - त्रिवेदी

उदयपुर, 24 अक्टू. (कासं)। संयुक्त राष्ट्र दिवस अवसर पर रविवार को यहां गुमानिया वेला के समीपस्थ शांतिपीठ संस्थान के तत्वावधान में एक विचार गोष्ठी आयोजित हुई।

"विश्व शांति के बदलते समीकरण और भारत" विषयक गोष्ठी में पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत मेहता ने कहा कि हमें पुरानी घिसी-पिटी अवधारणाओं का परित्याग करना होगा। अमेरीका विरोधी और इस्लामिक फोबिया 21वीं शताब्दी का विरोध पक्ष हैं। डॉ. मेहता ने कहा कि यदि भारत बहुलता, सहिष्णुता मूल्यों जैसी विरासत को पुनः प्रतिष्ठित करे तथा बहु आयामी विश्व में विश्वास जगाए तो संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य पूरा करने में नेतृत्व कर सकता है। वे गोष्ठी में मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे।

गोष्ठी में अध्यक्षीय उद्‌बोधन में प्रो. एस.एन. जोशी ने कहा कि राजनैतिक व गैर राजनैतिक दोनों ही क्षेत्रों में विश्व शांति के पोषक तथा शांति विरोधी तत्व सक्रीय है।

राजनीति शास्त्र के प्रो. डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने शांति की चेतना विकसित करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। साहित्यकार ओंकारश्री ने कहा कि युद्ध अब छद्म हो गए है और शांति की शक्तियां भी आवरण और मुखौटों तक सिमट गई है।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विश्व के युवा वर्ग को संस्कारित करने की आवश्यकता जताते हुए कहा कि शांति का संघर्ष अनवरत चलने वाला अभियान है।

गोष्ठी में प्रो. डॉ. परमेन्द्र दशोरा ने जनमत शक्ति की आवश्यकता प्रतिपादित की। एडवोकेट प्रकाश पानेरी ने विचार रखे। शांतिपीठ के एम.एस. राणावत ने अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया।

राष्ट्रदूत
उदयपुर सोमवार, 25 अक्टूबर, 2004

विश्वशांति में अग्रणी भूमिका निभा सकता है भारत: मेहता

- भ्रष्टाचार देश के विकास में बाधक
- विश्वशांति के बदलते समीकरण और भारत विषयक गोष्ठी
- वैश्विक आतंकवाद अमेरिका की नीतियों का ही परिणाम

उदयपुर, 24 अक्टूबर। विश्व के बदलते परिदृश्य में भारत शताब्दियों पूर्व से प्रामाणिक जीवन मूल्यों को पुनर्जीवित करे और आर्थिक शक्ति सम्पन्न बनें तो अपनी लोकतांत्रित परम्परा के बूते विश्व शांति का दिशा में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। आज संयुक्त राष्ट्र के प्रजातांत्रित स्वरूप की नितान्त आवश्यकता है। जिससे वह नये अन्तर्राष्ट्रीय समीकरणों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर सके।

यह विचार रविवार को संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में ' विश्व शांति के बदलते समीकरण और भारत ' विषयक आयोजित विचार गोष्ठी में शिरकत करते हुए कई वक्ताओं ने व्यक्त किए। प्रमुख अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व विदेश सचिव डॉ.जगत मेहता ने कहा कि अब 21 वीं शताब्दी के संघर्ष को समझने की आवश्यकता है। पुरानी घीसी पीटी अवधारणों का परित्याग करना होगा। अमेरिका विरोधी और इस्लामिक फोबिया 21 वीं शताब्दी का 'कोनफ्लिक्ट' है। उन्होंने कहा आज आंतकवाद का कारण सामाजिक न्याय के प्रति अन्याय है शोषण है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि जो क्रियात्मक संबंध भारत पाकिस्तान में आज बन रहे है ऐसे पिछले 57 वर्षों में नहीं बने। हमें अपने उपमहाद्वीप में एकता कायम करनी चाहिए जिससे विश्व एकता को भी बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि विकास में अवरोधक देश में फैला भ्रष्टाचार है। विश्व में महाभ्रष्ट देशों मे भारत भी एक है। मेहता ने कहा कि यदि भारत बहुलता, सहिष्णुता मूल्यों जैसी विरासत को पुन: प्रतिष्ठित करें तथा बहुआयामी विश्व में विश्वास जगाये तो संयुक्त राष्ट्र का उदेश्य पुरा करने में नेतृत्व कर सकता है। अध्यक्षीय उदबोधन में प्रो.एस.एन.जोशी ने कहा कि राजनैतिक व गैर राजनैतिक दोनों क्षेत्रों में विश्व शांति के पोषक तथा शान्ति विरोधी तत्व सक्रिय है। अमेरिका, इंग्लैण्ड तथा ईजराइल की तिकडी शान्ति के लिए सबसे बडा खतरा है। वैश्विक आंतकवाद भी अमेरिका की नीतियों का ही परिणाम है। इकबाल ने भी पश्चिम को सावधान करते हुए कहा कि एक दिन तुम्हारी तहजीज अपने ही खंजर से खुदकुशी करेगी। चीन आज विश्व शांति के लिए खतरा नहीं है चीन तिब्बत को अब चीन का स्वायत्तशाषी प्रदेश कहता है। उन्होंने कहा कि इस्लामी आंतकवाद को रोकने के लिए चीन भी प्रयत्नशील है उसी उदेश्य से उसने रूस तथा मध्य एशिया के राष्ट्रों का संघाई में सम्मेलन किया था। प्रो.जोशी ने कहा कि गैर राजनैतिक क्षेत्र में आज विश्व भर में शांतिपीठ जैसे अनेकों गैर राजनैतिक संगठन सामूहिक रूप से प्रयत्नशील है। किन्तु विश्व स्तर पर भूख तथा कुपोषण आज शांति के लिए प्रच्छन्न खतरा है। इस परिप्रेक्ष्य में भारत राजनैतिक शक्ति के रूप में तो नहीं बल्कि एक सफल प्रजातंत्र तथा बढती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में अपना प्रभावी योगदान दे सकता है।

साहित्यकार औंकार ने कहा कि आज विश्व का मानस अशांत है समाजवाद विकेन्द्रीकरण, पूंजीवाद का विक्रेन्दीकरण व शांति की शक्तियों का विखण्डन की समस्याओं में शांति सैनिक की भूमिका चुनौतीपूर्ण है। शक्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विश्व के युवा वर्ग को संस्कारित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि शांति का संघर्ष अनवरत चलने वाला अभियान है।

SHANTIPEETH INDIA 225
DOWN THE MEMORY LANE

जय राजस्थान दैनिक
9 सितम्बर 2004 वार – गुरूवार

शान्तिपीठ में मौन श्रद्धांजली सभा



उदयपुर, 8 सितम्बर। अंतिम जीत शान्ति की शक्ति की ही होगकी और इसमें विश्व, विद्यार्थी समुदाय क आस्था फलेगी।

उक्त भावोभिव्यक्ति आज यहा शान्तिपीठ संस्थान के तत्वावधान में रूस के बेसलाना कस्बे में मारे गये निर्दोष लोगों व मासूम बच्चों की स्मृति में रखी गई। सभा की अध्यक्षता चिंतक व शान्तिपीठ सलाहकार मण्डल के सदस्य मोहन सिंह कोठारी ने की।

पूर्वान्ह 11 बजे नगर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों से प्रतिनिधि । छात्र छात्राएं शान्तिपीठ पहुंच कर सभा में सम्मिलित हुए। कुछ विद्यालयों ने पारित शोक प्रस्ताव भी भेजे जिनके आस्य को लेते हुए शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने प्रस्ताव रखा व पारित किया जिसे भारत तथा रूस के राष्ट्रपतियों एवं संयुक्त राष्ट्र के महासचिव को भेजा जायेगा। प्रस्ताव में त्रासदी पर गहरा क्षोभ व्यक्त करने के साथ ही रूसी नागरिकों के प्रति पूर्ण संवेदनशीलता के साथ रहने की बात कही गई है।

सभा में विचार व्यक्त करते हुए मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि कृष्ण ने आतंकवाद को कभी स्वीकार नही किया।

उन्होंने आव्हान किया कि आज का युवा आतंकवाद समाप्ति के लिये कृष्ण चरित्र को आत्मसात करे।

कार्यक्रम का संचालन जी.एल. पाटीदार ने एवं धन्यवाद दिलीप उपाध्याय ने दिया। आलोक पंचवटी की छात्राओं ने गीत प्रस्तुत किया।

उदयपुर
Rashtradoot
उदयपुर, गुरूवार 9 सितम्बर, 2004



रूस के बेसलाना कस्बे में गत दिनों आतंकी हिंसा के शिकार बच्चों को विद्यार्थियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

आतंकी हिंसा के शिकार बच्चों को श्रद्धांजलि दी

उदयपुर, 8 सितम्बर (कास)। शांतिपीठ संस्थान की ओर से बुधवार को आयोजित शोक सभा में विद्यालयी विद्यार्थियों ने गत दिनों रूस में आतंकी हिंसा के शिकार बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

पूर्वाहन 11 बजे नगर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों से प्रतिनिधि छात्र छात्राएं शांतिपीठ पहुंच कर सभा में सम्मिलित हुए। कुछ विद्यालयों ने पारित शोक प्रस्ताव भी भेजे, जिनके आशय को लेते हुए शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने प्रस्ताव रखा व पारित किया गया जिसे भारत तथा रूस के राष्ट्रपतियों एवं संयुक्त राष्ट्र के महासचिव को भेजा जायेगा। प्रस्ताव मे त्रासदी पर गहरा शोक व्यक्त करने के साथ ही रूसी नागरिकों के प्रति पूर्ण संवेदनशीलता के साथ रहने की बात कही गई है। अमानवीय कृत्य की घोर भर्त्सना करते हुए विश्व मे आंतकवाद को महामारी बनने से पूर्व ही जड से उखाड फैकने के कार्य को प्राथमिकता से किये जाने के लिए विश्व की सरकारों को आग्रह किया गया है।

- त्रासदी पर गहरा शोक व्यक्त किया
- आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का आव्हान

सभा में विचार व्यक्त करते हुए मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि कृष्ण ने आंतकवाद को कभी स्वीकार न किया। उन्होंने आव्हान किया कि आज का युवा आंतकवाद समाप्ति के कृष्ण चरित्र को आत्मसात करें। उन्होने कहा कि अन्याय के खिलाफ वाजिब तरिका अपनाये बिना संघर्ष अपराध बन जाता है। न्याय के लिए संघर्ष गांधी व मार्टिन लुथर किंग जैसों ने किया जिसे आतंकी में [illegible] की निष्पाप शक्ति को संगठित होकर विश्व निर्माण की पहल करनी चाहिए।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त त्रिवेदी ने हिंसा व अनाचार के बढ़ते विकृत रूप पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आंतकवाद के कारणों को नष्ट करने के उपाय करने होंगे। उन्होने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने विश्व बाल समुदाय के लिए अहिंसा व शांति संस्कृति के दशाब्दी काल में कई कार्यक्रम घोषित किये गये किन्तु विडम्बना है कि मासुम बच्चे अपराधियों के लक्ष्य बने है। उन्होंने कहाकि शांति व अहिंसा के संस्कार निर्माण के शाश्वत नियमों की अनुपालना की आवश्यकता बताई।

रेजीडेन्सी स्कूल की छात्रा लीला प्रजापत ने आंतकवाद से निर्भित होकर विद्यार्थियों को आत्मशक्ति जगाने की आवश्यकता बताई।

सेंट पाल के छात्र ने सरकारों की ओर से जनसुरक्षा के पुख्ता उपाय करने के नये मार्ग खोजने की जरूरत बताई।

राजकीय बालिका विद्यालय भूपालपुरा व सेफी स्कूल के छात्रों ने भी विचार व्यक्त किये। आरंभ में [illegible]

प्रादेशिक
भाद्रपद कृष्णा 10 गुरूवार, दिनांक 9 सितम्बर, 2004

रूस स्कूल हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि

उदयपुर, 8 सितं. (वि.)। गत दिनों रूस के बेसलान कस्बे में स्कूल हादसे में मारे गये निर्दोष बच्चों व लोगों की स्मृति में बुधवार को शान्तिपीठ संस्थान द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी।

सभा में दो मिनिट का मौन रखा गया तथा दिवंगत लोगों के लिये प्रार्थना की गई। इस अवसर पर एक शोक प्रस्ताव भी पारित किया गया जिसे भारत व रूस के राष्ट्रपतियों तथा संयुक्त राष्ट्र महासचिव को भेजा जाएगा। सभा में मोहनसिंह कोठारी, अनंत गणेश त्रिवेदी, एके. शर्मा सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित थे। सभा संचालन जी.एल. पाटीदार ने किया तथा धन्यवाद दिलीप उपाध्याय ने ज्ञापित किया।



उदयपुर। बेसलान के स्कूल हादसे में मारे गये बच्चों को श्रद्धांजलि देते बच्चे।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत 2061 भाद्रपद कृष्ण पक्ष नवमीं, गुरुवार 9 सितंबर 2004

विद्यार्थी कृष्ण का चरित्र आत्मसात करें

उदयपुर, 8 सितंबर (नसं)। रूस के बेसलाना कस्बे में मारे गए निर्दोष बच्चों एवं लोगों की स्मृति में बुधवार सुबह 11 बजे शांतिपीठ संस्थान की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

सभा की अध्यक्षता चिंतक एवं शांतिपीठ के सलाहकार मंडल के सदस्य मोहनसिंह कोठारी ने की। कार्यक्रम में नगर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुछ विद्यालयों की ओर से शोक संदेश भेजे गए जिसे भारत, रूस के राष्ट्रपतियों एवं संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव को भेजने का प्रस्ताव पारित हुआ। इस अवसर पर कोठारी ने कहा कि कृष्ण ने आतंकवाद को कभी स्वीकार नहीं किया। आज का युवा आतंकवाद को समाप्त करने के लिए कृष्ण के चरित्र को आत्मसात करे। अंतिम जीत शांति की शक्ति की होगी एवं विश्व विद्यार्थी समुदाय में इसके प्रति आस्था बढ़ेगी।

शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने हिंसा एवं अनाचार के बढ़ते विकृत रूप पर चिंता जाहिर करते हुए आतंकवाद के कारणों को नष्ट करने की बात कही। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व बाल समुदाय के लिए अहिंसा व शांति संस्कृति के कई कार्यक्रम घोषित किए लेकिन मासूम बच्चे ही अपराधियों के लक्ष्य बन गए हैं। रेजीडेंसी स्कूल की छात्रा लीला राजपूत, सेंट पाल्स , सेफी स्कूल एवं भूपालपुरा राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी विचार रखे। संचालन जी.एल.पाटीदार ने किया। आलोक विद्यालय, पंचवटी के छात्रों ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखा गया। शांतिपीठ के दिलीप उपाध्याय ने आभार जताया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 7 अगस्त, 2004

हिरोशिमा स्मृति दिवस पर शांतिसभा

उदयपुर, 6 अगस्त

हिरोशिमा दुखांतिका की 59 वीं वार्षिकी पर शांतिपीठ इण्डिया संस्था की ओर से शुक्रवार को जोनल रेलवे ट्रेनिंग संस्थान में शांतिसभा का आयोजन किया गया। शांतिसभा में हिरोशिमा-नागासाकी दुखांतिका में मारे गए हजारों लोगों व हाल ही तमिलनाडु के एक विद्यालय में मारे गए विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक वी.के.गोदिका ने छात्र-छात्राओं और उपस्थित लोगों को शांति, मैत्री, निरस्त्रीकरण, के साथ सार्वभौमिक एकता, स्वाधीनता व न्याय की प्रतिबद्धता की प्रतिज्ञा करवाई।

इससे पूर्व कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से छात्र-छात्राएं मौन जुलूस के रुप में सभा स्थल पर पहुंचे। पुलिस महानिरीक्षक वी.के.गोदिका ने कहा कि वर्तमान में शांति की प्रासंगिकता अधिक है। वर्तमान में युद्ध और आतंक की विभीषिका ज्यादा है जिसे नकारा नहीं जा सकता है। वर्तमान समय में युद्ध टोटल वार में बदल गया है। युद्ध के दौरान इससे दूर रहने वाले भी परोक्ष व अपरोक्ष रुप से जुड़े होते हैं इस कारण इसकी बहुत अधिक कीमत चुकानी पड़ती है।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि हिंसा के आगोश से समाज को मुक्त करने के लिए व्यक्ति में समाई अहिंसा शक्ति को जागृत करना होगा। उन्होंने विद्यार्थी समुदाय से आह्वान किया कि वे पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण, शांति व अहिंसा मूलक समाज के निर्माण के लिए आगे आएं। रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के अध्यक्ष उपप्राचार्य रजनीश अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि घनश्याम सिंह कृष्णावत ने भी विचार व्यक्त किए। विद्यार्थी वर्ग की ओर से जयदीप सीनियर सैकण्डरी स्कूल के छात्र श्रीपाल व अमित कुमार ने कविता पाठ किया। सेन्ट मेरीज, गुरुनानक पब्लिक स्कूल, सेन्ट्रल एकेडमी की छात्र-छात्राओं ने शांतिगीत, आलोक विद्यालय पंचवटी के विद्यार्थियों ने ईशवंदना तथा कवि श्रेणीदान चारण ने शांति एवं सृजन पर कविता सुनाई। संचालन भूपेन्द्र शर्मा ने किया।

इसी प्रकार गुलाब बाग रोड स्थित साहू पब्लिक स्कूल में प्राचार्य बी.एल.डूंगरवाल के निर्देशन में श्रद्धांजलि सभा में मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर अलख नयन मंदिर नैत्र संस्थान की ओर से छात्रों की आँखों की जांच की गई।

आलोक उच्च माध्यमिक विद्यालय फतहपुरा में प्राचार्य नारायण लाल शर्मा के निर्देशन में मृत्त आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। समन्वयक प्रवीण चौबीसा ने विभीषिका के बारे में जानकारी दी। संचालन प्रदीप पानेरी ने किया।

उदयपुर जिला कांग्रेस मीडिया महामंत्री राजेश नागोरी के नेतृत्व में हिरोशिमा-नागासाकी के मृत्तकों को श्रद्धांजलि देते हुए विश्वशांति के लिए अमन चैन की ज्योत जगाने का संकल्प लिया गया।



उदयपुर के रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को हिरोशिमा स्मृति दिवस पर आयोजित सभा में मंचासीन अतिथि [ऊपर] तथा उपस्थित लोग।

-पत्रिका फोटो

हिरोशिमा दिवस पर विद्यार्थियों ने निकाली मौन रैली

उदयपुर, 6 अगस्त। हिरोशिमा दुखांतिका की 59वीं बरसी के अवसर पर शुक्रवार को शांतिपीठ के तत्वावधान में स्थानीय जोनल रेल्वे प्रशिक्षण संस्था के सभागार में शांतिसभा आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि

- शांति सभा का आयोजन हुआ
- वर्तमान मे युद्ध और आतंक के संकट को नकारा नहीं जा सकता



हिरोशिमा स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में स्कूली बालकों ने रैली निकाली।

के रुप में बोलते हुए पुलिस महानिरीक्षक वी के गोदिका ने कहा कि शांति जितनी आज प्रासंगिक है उतनी पूर्व में कभी नहीं रही क्योंकि वर्तमान में युद्ध और आतंक के संकट को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि आज सारा विश्व अणु परमाणु बमों से आवेशित है। आतंकवाद के चलते किसी देश में अणुशक्ति किसी गलत तत्व के हाथों चली गई तो क्या परिणाम होंगे। उन्होंने कहा युद्ध की आशंकाओं व परमाणु खतरों को पूर्ण नियंत्रित करने की जरुरत है। जिस मस्तिष्क में युद्ध उपजते है, वहीं शांति के बीज भी जिन्हें विकसित करने की आवश्यकता है। अवसर की प्रासंगिकता पर वक्तव्य देते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि हिंसा के आगोश से समाज को मुक्त करने व्यक्ति के अंर्तगत में समाई अहिंसा शक्ति को जागृत करना होगा। किसी भी कोने में उपजी अशांति सारे विश्व को प्रभावित करती है तो किसी भी कोने में किये गए शांति प्रयास भी सारे विश्व में फैलते है। उन्होंने कहा कि अस्त्रो शस्त्रो का भण्डारण हमारी पाश्विकता व हीनता का परिचायक है।

विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए समाजसेवी उद्योगपति घनश्याम सिंह कृष्णावत ने कहा कि युद्ध की विजय कभी नहीं होती, अंतिम विजय शांति की ही होती है। उन्होंने कहा आज ही के दिन 1945 में मानव संस्कृति पर जो कलंग लगा था, उसकी पुनरावृति कभी न हो। इस अवसर पर कवि श्रेणीदान चारण ने कहा जहां अहंकार होगा, वहीं टकराहट होगी। उन्होंने शांति और सृजन पर कविता सुनाकर खचाखच भरे सभागार को प्रफुल्लित कर दिया। अध्यक्षीय भाषण में बोलते हुए जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के उपप्राचार्य रजनीश अग्रवाल ने विद्यार्थी वर्ग को आव्हान किया कि वे अहिंसा व शांति की रास्ता स्वयं से और अपने घर से प्रारंभ करें। विद्यार्थी वर्ग की ओर से प्रतिभागिता करते हुए जयदीप विद्यालय के छात्र श्रीपाल व अमित कुमार ने कविता पाठ किया जबकि सेन्ट मेरीज, गुरु नानक पब्लिक स्कूल व सेन्ट्रल एकेडमी के छात्र छात्राओं ने शांतिगीत प्रस्तुत किए जिसका निर्देशन हारमोनियम व तबले के साथ डा. कुसुम शाह व रफीक अहमद ने किया। सभा में कई विद्यालय अपने स्कूलों से मौन जुलूस के रुप में चलकर पहुंचे। शांति, मैत्री एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित तख्ती, बैनर आदि अपने हाथों में लिए हुए थे।

दैनिक भास्कर

'2004'

उदयपुर, विक्रम संवत 2061, श्रावण कृष्ण पक्ष सप्तमी, शनिवार 7 अगस्त 2004

'विद्यालय-महाविद्यालय संस्कृति का केन्द्र बनें'

नसं, उदयपुर, 6 अगस्त।

पुलिस महानिरीक्षक वी.के. गोदिका ने कहा कि भारत को विश्व शांति की दिशा में पहल करना चाहिए। शांति आज जितनी प्रासंगिक है, इससे पहले कभी नहीं रही क्योंकि वर्तमान में युद्ध और आतंक के संकट को नकारा नहीं जा सकता।

श्री गोदिका शुक्रवार को यहां रेलवे ट्रेनिंग स्कूल सभागार में हिरोशिमा दुखांतिका की 59वीं वार्षिकी पर शांतिपीठ की ओर से आयोजित शांतिसभा में बोल रहे थे। गोदिका ने कहा कि जब विश्व दो गुटों में बंटा हुआ था तब गुटनिरपेक्ष आंदोलन के जरिए हमने विश्व का ध्यान खींचा था। अगर मस्तिष्क में युद्ध उपजते हैं तो शांति के बीज भी हैं, जिन्हें विकसित करने की आवश्यकता है। शांतिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि किसी भी कोने में उपजी अशांति पूरे विश्व को प्रभावित करती है तो किसी कोने में किया गया शांति प्रयास भी सारे



हिरोशिमा दिवस के मौके पर रेलवे ट्रेनिंग स्कूल सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित करते आईजी वीके गोदिका।

[हिरोशिमा दिवस पर विविध आयोजन]

आज के दिन 1945 में मानव संस्कृति पर जो कलंक लगा था, उसकी पुनरावृत्ति कभी नहीं हो। अध्यक्षता जोनल रेलवे प्रशिक्षण स्कूल के उपाचार्य रजनीश अग्रवाल ने की। सेन्ट्रल अकादमी, आलोक स्कूल के विद्यार्थियों ने शांतिगीत प्रस्तुत किया।

साहू पब्लिक स्कूल में हिरोशिमा दुखांतिका की 59 वीं वार्षिकी के अवसर पर प्राचार्य छात्रों की आंखों की मुफ्त जांच का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। गीता सदन की ओर से शुक्रवार को आलोक उच्च माध्यमिक विद्यालय फतहपुरा में शांतिसभा हुई। सदन समन्वयक प्रवीण चौबीसा ने बताया कि विद्यार्थियों ने मौन रखकर परमाण

दैनिक नवज्योति
11 दिसम्बर, 2003

हिंसा के चलते मानवाधिकार लक्ष्य अर्जित करना दुष्कर

विश्व मानवाधिकार दिवस पर विचार गोष्ठी

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 10 दिसम्बर। अन्याय, हिंसा और विषमताओं के चलते मानवाधिकारों के लक्ष्य अर्जित करना एक दुष्कर कार्य है। सत्ताओं द्वारा मानवाधिकारों के हनन से भी अधिक गंभीर व चिन्ता की स्थिति है समाज में व्याप्त मानवाधिकारों का हनन। वैश्वीकरण, सूचना क्रांति और व्यापक स्वतंत्रता के बीच भौतिक प्रगति की संभावनाओं में मानव अस्मिता पर प्रश्न लगा है। आवश्यकता है समाज में मानवीय मूल्यों की प्रतिष्ठा और व्यक्ति में उत्तरदायी नागरिकता का बोध।

यह विचार आज विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी में अनेक वक्ताओं ने व्यक्त किये। गोष्ठी की अध्यक्षता राजवैद्य राधा गोविन्द आचार्य ने की। प्रमुख वक्ता के रुप में बोलते हुए चिन्तक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि पहले समझा जाता था कि सत्ता द्वारा मानवाधिकारों का शोषण होता है, लेकिन यह अधिक गंभीर बात है कि समाज स्वंय मानवाधिकारों का हनन करने लगा है। हम एक दूसरे के अधिकारों को नजरअन्दाज करते है। सडक पर चलने वाले को अधिकार हो अथवा किसी के उत्सव मनाने से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण से हो, जरुरत है नागरिक उत्तरदायित्व की समझ और शिक्षा की।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि कर्तव्य कर्म की निष्ठा से अनुप्राणित जीवन शैली मानवाधिकारों की रक्षक ही नहीं प्राणी मात्र के कल्याण की पोषक है। उन्होंने कहा औद्योगिक-आणविक युग से चलकर वैश्वीकरण व सूचना तकनीकी क्रांति के युग में पहुंच कर भी मानवाधिकारों के लक्ष्य उपलब्ध करना दुष्कर सा हो गया है। चूंकि हम विकास के साथ ही समाज में व्याप्त असमानीयकरण को नियंत्रित नही कर पाये जिसका अतिरेक आतंकवाद है। उन्होंने बुद्ध की युक्ति को चरितार्थ करने की आवश्यकता बताई कि व्यक्ति की उपस्थिति का औचित्य किसी अन्य के काम आना है। इतिहासविद जी.एल.मेनारिया ने महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की उपलब्धियों का विस्तृत विवेचन किया। अध्यक्षीय उदबोधन में राधागोविन्द आचार्य ने कहा कि सुशासन में सबके साथ जीना हमारा लक्ष्य होना चाहिये। उन्होंने कहा शिक्षा से ही आचरणबुद्धि संभव है तथा शिक्षा का मूलाधार पर्यावरण संरक्षण व आत्मरक्षा के व्यापक अर्थो में होना चाहिये। इस अवसर पर डॉ. उदय पालीवाल ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव का संदेश पढा।

जय राजस्थान दैनिक
11 दिसम्बर 2003 वार - गुरूवार

मानवाधिकार दिवस मनाया

मानवीय मूल्यों की आवश्यकता, अधिकारों का हनन बर्दाश्त नहीं

उदयपुर, 10 दिसम्बर। अन्याय, हिंसा ओर विषमताओं के चलते मानवाधिकारों के लक्ष्य अर्जित करना एक दुष्कर कार्य हैं सत्ताओं द्वारा मानवाधिकारों के हनन से भी अधिक गंभीर व चिन्ता की स्थिति है समाज में व्याप्त मानवाधिकारों का हनन। वेश्वीकरण, सूचना क्रांति और व्यापक स्वतंत्रता के बीच भौतिक प्रगति की संभावनाओं में मानव अस्मिता पर प्रश्न लगा हैं आवश्यकता है समाज में मानवीय मूल्यों की प्रतिष्ठा ओर व्यक्ति में उत्तरदायी नागरिकता का बोध।

उक्त विचार आज विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी में अनेक वक्ताओं ने व्यक्त किये। गोष्ठी की अध्यक्षता राजवैद्य राधागोविन्द आचार्य ने कीं

प्रमुख वक्ता के रूपमें बोलते हुए चिन्तक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि पहले समझा जाता था कि सत्ता द्वारा मानवाधिकारों का शोषण होता है लेकिन यह अधिक गंभीर बात है कि समाज स्वयं मानवाधिकारों का हनन करने लगा है।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि कर्तव्य कर्म की निष्ठा में अनुप्राणित जीवन

इतिहासविद् जी.एल.मेनारिया ने महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की उपलब्धियों का विस्तृत विवेचन किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में राधागोविन्द आचार्य ने कहा कि सुशासन में सबके साथ जीना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत रा.बा.उ.मा.वि. जगदीश चौक में प्रधानाचार्य श्रीमती विभा वाजपेयी के सानिध्य में मानव अधिकार दिवस एवं एड्स चेतना दिवस मनाया गया। श्रीमती स्नेहलता मोगरा के द्वारा छात्राओं को मानव अधिकारों की जानकारी दी गई। श्रीमती माधवी आमेटा ने एड्स रोग के कारणों एवं इससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी।

एड्स पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई। एन.एस.एस.प्रभारी श्रीमती विजय लक्ष्मी सिन्हा ने छात्राओं को एड्स के रोगियों के प्रति सहयोग एवं सहानुभूमि की भावना रखने को प्रेरित किया।

अखिल भारतीय मानवाधिकार समिति ने लोढ़ा काम्पलेक्स में मानवाधिकार दिवस मनाया। इस कार्यक्रम दिवस

थे व अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष भरत जोशी ने की।

कार्यक्रम में समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल बाबेल, उपाध्यक्ष वासुदेव राजानी, सचिव जहीरूद्दीन सक्का, विमल कालानी, शूरवीर सिंह आदि पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव राजेश चित्तौड़ा ने किया। अंत में समिति के अध्यक्ष भरत जोशी ने विधानसभा के चुनाव में पोस्टरों द्वारा जिले के लोगों में मतदान देने की अपील की थी उसमें मतदान का प्रतिशत बढ़ाने पर जनता का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व सचिव डॉ. लक्ष्मीनारायण नन्दवाना ने कहा कि मानव अधिकार के हनन को बर्दाश्त नहीं कर उसका शीघ्र ही प्रतिकार किया जाना चाहिए।

डॉ. नन्दवाना आज यहां जनपद विभाग के डॉ. जाकिर हुसैन सांस्कृतिक कक्ष में राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के पद से बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्द्धा के इस युग में मनुष्य

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जनपद विभाग की कार्यक्रम निदेशक श्रीमती इंदिरा राजपुरोहित ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुएचांसलर के विशेषाधिकारी पुरूशोत्तम शर्मा ने कहा कि हाईटेक युग में जब तक शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं दी जाती तब तक मानवाधिकारों के अधिकारों की रक्षा करना संभव नहीं है।

प्रारंभ में व्यवस्थापक दिनेश कुमार शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए मानव अधिकारों की उपयोगिता एवं आयोग के गठन पर विचार व्यक्त किए। गोष्ठी में द्वारकादास पारख, कृष्ण गोपाल व्यास, कृष्णकांत नाहर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। गोष्ठी का संयोजन मांगीलाल मेघवाल ने किया एवं धन्यवाद की रस्म मुकेश चन्द्र आचार्य ने अदा की।

स्थानीय विद्यालय के सभागार में विश्व मानवाधिकार दिवस संस्था प्रधान विष्णु प्रसाद पानेरी की अध्यक्षता में मनाया गया।

इस अवसर पर यादवेन्द्र द्विवेदी ने मानवाधिकार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। हरिसिंह राव ने इस

जैव व बौद्धिक सम्पदा हथियाने की होड़ पर चिंता

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 25 अक्टूबर, 2003

उदयपुर, 24 अक्टूबर

बदलते वैश्विक परिदृश्य में विश्व समुदाय के सुनिश्चित भविष्य के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता किन्तु समय की मांग के अनुरूप इसमें प्रजातांत्रिक तरीके से समग्र परिवर्तन होने चाहिए तथा भारत को भी इसकी रचनात्मक भूमिका में योगदान देना चाहिए।

ये विचार शुक्रवार को शांतिपीठ के तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्र के 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित 'शांति की दिशा एवं संयुक्त राष्ट्र' विषयक संगोष्ठी में विभिन्न विचारकों ने व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राम प्रताप सिंह ने की जबकि मुख्य अतिथि पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत मेहता थे।

संगोष्ठी में केनकून सम्मेलन में भाग लेने वाले भारतीय प्रतिनिधिमण्डल के

संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस संगोष्ठी

सदस्य डॉ. भगवती प्रकाश शर्मा ने बड़े देशों द्वारा विकासशील राष्ट्रों की जैव एवं बौद्धिक सम्पदा के पेटेन्ट हथियाने को लेकर चिन्ता जताई। उन्होंने भारत की ऑटो मोबाइल पोलिसी को विश्व व्यापार संगठन के विवाद निवारण तन्त्र द्वारा प्रतिबंधित करार दिए जाने की गम्भीरता पर भी प्रकाश डाला।

साहित्यकार ओंकर श्री ने संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में विश्व युद्ध से बचाव के लिए भारत की प्रभावी भूमिका को सकारात्मक बताया। अध्यक्ष प्रो. सिंह ने बढ़ती जनसंख्या पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि बीसवीं शताब्दी के पांचवे दशक में जहां भारत पांच करोड़ टन के अनाज का उत्पादन कर रहा था वहीं आज दो सौ करोड़ टन अनाज उपजा कर भी वह असहाय हैं। मुख्य अतिथि मेहता ने विश्व की कूटनीति स्थितियों का विशद् विश्लेषण करते हुए संयुक्त राष्ट्र के कामों में उत्पन्न होने वाली बाधाएं बताते हुए कहा कि भारत विश्व संगठन की रचनात्मक भूमिका में उत्तरोत्तर योगदान देने के साथ पड़ौसी राष्ट्रों में अपनी विश्वसनीयता दृढ़ करें। शान्ति पीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने संयुक्त राष्ट्र के पुनर्गठन पर बल देते हुए कहा कि इसका विकल्प वह संयुक्त राष्ट्र ही हो सकता है, जिसमें विश्व जनमत का सच्चा प्रतिनिधित्व एवं मानव चेतना का समग्र स्पंदन हो।

इस अवसर पर अगले माह शांतिपीठ के प्रतिनिधि के रूप में शान्ति संस्कृति अहिंसा कार्यक्रम के विस्तार के लिए इथोपिया जा रहे डॉ. उदय पालीवाल को मुख्य अतिथि मेहता ने श्रीफल देकर सम्मानित किया। धन्यवाद डॉ. सुरेन्द्र मोहन नैयर ने ज्ञापित किया। संचालन डॉ. उदय पालीवाल ने किया।



संयुक्त राष्ट्र संघ के 59वें स्थापना दिवस पर शान्तिपीठ द्वारा आयोजित 'शान्ति की दिशा एवं संयुक्त राष्ट्र' विषयक संगोष्ठी में विचार व्यक्त करते पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत मेहता। साथ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी एवं महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामप्रताप सिंह।

भारत पड़ोसी राष्ट्रों पर अपनी विश्वसनीयता दृढ़ करे : मेहता

नवभास्कर

उदयपुर, विक्रम संवत 2060 कार्तिक, कृष्ण पक्ष अमावस्या, शनिवार 25 अ



उदयपुर, 24 अक्टूबर। शांतिपीठ के तत्वावधान में शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र के 59 वें स्थापना दिवस पर शांति की दिशा व संयुक्त राष्ट्र विषयक संगोष्ठी हुई।

संगोष्ठी पूर्व विदेश सचिव डा. जगत मेहता ने विश्व की वर्तमान कूटनीतिक इस अवसर पर सिंह ने विश्व की कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान की खोजों के साथ होने वाले उत्पादों का प्रभावी चित्रण करते हुए बढ़ती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त की।

पड़ौसी राष्ट्रों में विश्वसनीयता दृढ़ करे। संगोष्ठी में डा. भगवतीप्रकाश शर्मा, पत्रकार ओंकार श्री, शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने भी विचार रखे। इस अवसर पर डा. उदय पालीवाल ने मुख्य अतिथि को श्रीफल देकर सम्मानित किया। धन्यवाद डा. सुरेंद्रमोहन नैय्यर ने ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 7 अगस्त, 2003

अहिंसा और सत्याग्रह के देश में आणविक अस्त्रों की अहमियत नहीं- मेहता

हिरोशिमा दिवस मनाया

उदयपुर, 6 अगस्त

हिरोशिमा दुखान्तिका की 58वीं वर्षगांठ पर बुधवार को शहर में विविध आयोजन हुए। स्कूलों में भी दुखान्तिका में मारे गए लोगों को दो मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

शांतिपीठ के तत्वावधान में रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नगर के कई सरकारी, गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं शिक्षकों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अध्यक्षता रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर के प्राचार्य आर.एस. मीणा ने की। मुख्य अतिथि पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने कहा कि जितना आणविक अस्त्रों का भण्डारण हुआ है उतना ही आतंकवाद बढ़ा हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व को अणु बम की नहीं इंसाफ की आवश्यकता हैं। अहिंसा और सत्याग्रह के देश में आणविक अस्त्रों की कोई अहमियत नहीं, आंतरिक साहस की जरूरत हैं। शांतिपीठ संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि शांति के प्रयास कभी अप्रासंगिक नहीं होते। उन्होंने कहा कि जो देश खुद अस्त्रों का भण्डारण करे व दूसरे को निःशस्त्र होने की बात करें तो समाज में विषमता ही पैदा होगी। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र सिंह शेखावत, रोटरी क्लब के निर्मल सिंघवी ने भी विचार रखे। इस मौके पर विश्व शांति के जन प्रयासों के परिप्रेक्ष्य में आयोजित बाल अभिव्यक्ति में प्रथम पुरस्कार संत ग्रिगोरियस की स्नेहा मेहता, द्वितीय सेफी स्कूल की हुसैना बाबेल ने प्राप्त किया। सभा सामाजिक कार्यकर्ता किशोर संत, के.एल. बापना नीलकंठ नागदा, एस.एस. भण्डारी, रोटरी क्लब के किशोर पाहुजा, अश्विनी सिंह आदि उपस्थित थे। दसवीं बटालियन एन.सी.सी. के लेफ्टिनेंट पी.एस. श्रीमाली व रघुवीर सिंह केडेट समूह के साथ थे। संचालन डॉ. उदय पालीवाल ने किया। इस अवसर पर दो मिनिट का मौन रखा गया।



उदयपुर में हिरोशिमा दिवस पर बुधवार को शांति पीठ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मंच पर बैठे अतिथि और श्रोता। -पत्रिका फोटो

प्रारंभ में सेन्ट्रल एकेडमी सरदारपुरा के संगीत अध्यापक रफीक अहमद व अध्यापिका डॉ. कुसुम शाह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने शांतिगीत प्रस्तुत किया।

साहू पब्लिक स्कूल में प्राचार्य बी.एल. डूंगरवाल की अध्यक्षता में 'हिरोशिमा' दिवस मनाया गया। शिक्षिका श्रीमती रिकूझा ने परमाणु बमों की विभीषिका पर विचार रखे।

आलोक स्कूल सेक्टर-11 में संस्थापक निदेशक श्यामलाल कुमावत ने हिरोशिमा-नागासाकी की दुखांतिका पर विचार व्यक्त किए। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों से इस दिन को शांतिपूर्ण ढंग से व्यतीत करने का संकल्प दिलाया।

महावीर चेसमेन पब्लिक स्कूल में नसरीन परवीन रिज़वी की अध्यक्षता में हिरोशिमा दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य वीरेन्द्र चौबीसा, सोनल पारीख आदि ने विचार रखे।

'आणविक हथियारों से फैले आतंकवाद के हाथ'

उदयपुर, 6 अगस्त। शोषणमुक्त समाज के निर्माण, संयुक्त राष्ट्र संघ को प्रभावी बनाने के संकल्प तथा विश्वशांति के आह्वान के साथ बुधवार को हिरोशिमा दुखांतिका की 58वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस दौरान विभिन्न संगठनों ने शांति सभाएं कर इस घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

शांतिपीठ की ओर से जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेंटर सभागार मे शांतिसभा के मुख्य अतिथि पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने कहा कि आणविक हथियारों के भंडारण के साथ ही विश्व में आतंकवाद बढ़ा है। आज विश्व को अणु बम की नहीं, न्याय की दरकार है। उन्होंने कहा कि अहिंसा और सत्याग्रह के देश में आंतरिक साहस की जरूरत है। हमारे प्रयास तभी सार्थक होंगे जबकि कमजोरियों मिटाने को नागरिकों जागरूकता आएगी। शांतिपीठ के संस्थापक अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि शांति के प्रयास कभी अप्रसांगिक नहीं होते। उन्होंने मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र को नए सिरे से प्रभावी बनाने की आवश्यकता प्रतिपादित की तथा कहा कि विरोधाभासों, दोहरे मापदंडों के कारण विश्व समाज विडंबना का शिकार है। सभा के विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्रसिंह शेखावत ने कहा कि आज निःशस्त्रीकरण के लिए विश्व जनमत जाग्रत करना जरूरी है। विध्वंस की मानसिकता शांति की ओर नहीं ले जाती। रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य निर्मल सिंघवी ने बाल समुदाय को इंगित किया तथा कहा कि शांति का अध्याय घर, विद्यालय की कक्षा से शुरू होता है। विश्व शांति के जन प्रयासों की दिशा में स्कूली विद्यार्थियों ने अभिव्यक्तियां दीं। इनमें प्रथम पुरस्कार सेंट ग्रिगोरियस की स्नेहा मेहता, द्वितीय सैफी स्कूल की हुसैन अत्तारी तथा तृतीय पुरस्कार सेंट तेरेसा स्कूल की प्रियंका बाबेल को दिया गया। सभा में सामाजिक कार्यकर्ता किशोर संत, के.एल. बापना, नीलकंठ नागदा, 10 राज एनसीसी के लेफ्टिनेंट पी.एस. श्रीमाली आदि ने भाग लिया। आरम्भ में सेट्रल एकेडमी स्कूल, सरदारपुरा के संगीत अध्यापक रफीक अहमद व डॉ. कुसुम शाह के निर्देशन मे विद्यार्थियों ने शांतिगीत की प्रस्तुति दी। हिरोशिमा-नागासाकी नरसंहार के मृतकों को श्रद्धांजलि के साथ सभा विसर्जित हुई। शीतला मार्ग स्थित साहू पब्लिक स्कूल में प्राचार्य बी.एल. डूंगरवाल की अध्यक्षता में हिरोशिमा दिवस मनाया गया। उन्होंने इस नरसंहार का घटनाक्रम विद्यार्थियों को सुनाया। अध्यापिका रिकू झा ने परमाणु बम की विभीषिका पर चर्चा की। शंभवनाथ मार्ग स्थित महावीर चेसमैन पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम की अध्यक्षता नसरीन परवीन ने की। सांस्कृतिक प्रभारी सोनल पारिख ने नागासाकी बम कांड की जानकारी विद्यार्थियों को दी। प्रधानाचार्य वीरेन्द्र चौबीसा ने विचार रखे।



हिरोशिमा दिवस पर शांतिपीठ की शांतिसभा में बोलते वक्ता। भास्कर

दैनिक भास्कर

विक्रम संवत 2060 श्रावण, शुक्ल पक्ष दशमी, गुरुवार 7

2003

विश्व शान्ति के लक्ष्य अर्जित करने का आह्वान

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 6 अगस्त। अन्याय के प्रतकार, गरीबी व शोषण से मुक्त समाज के निर्माण, संयुक्त राष्ट्र को प्रभावी बनाने के संकल्प तथा अहिंसा व सत्याग्रह का अदम्य साहस रखकर जन-जन के प्रयासों से विश्व शान्ति के लक्ष्य अर्जित करने के आह्वान के साथ ही आज हिरोशिमा दुखान्तिका की 58वीं वर्षगांठ पर शान्ति सभा सम्पन्न हुई।

शान्तिपीठ के तत्वावधान में बुधवार को जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में नगर के कई सरकारी, गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक समुदाय व विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता व प्रबुद्ध जन सम्मिलित हुए। सभा की अध्यक्षता रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर के प्राचार्य आर.एस. मीणा ने की।

प्रमुख अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत मेहता ने कहा कि जितना आणविक अस्त्रों का भण्डारण हुआ है उतना ही आतंकवाद बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज विश्व को अणु बम की नहीं इंसाफ की आवश्यकता है। अहिंसा और सत्याग्रह के देश में अणु अस्त्र की कोई अहमियत नहीं, हमें आन्तरिक साहस की जरूरत है। आयोजन की प्रासंगिकता बताते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि शान्ति के प्रयास कभी अप्रासंगिक नहीं होते। बुद्ध, महावीर और गांधी जैसे महात्माओं का संदेश सर्वकालिक है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि आज आणविक निशस्त्रीकरण के लिए विश्व जनमत जागृत करने की आवश्यकता है। उन्होंने जीयो और जीने दो के सिद्धान्त की व्यवहारिक उपादेयता प्रतिपादित की। शेखावत ने कहा कि विध्वंस की मानसिकता कभी शान्ति की ओर नहीं ले जाती। आज मानसिकता बदलने की जरूरत है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से भी आगे विश्व सरकार की ओर चलने की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य निर्मल सिंघवी ने बाल समुदाय को इंगित करते हुए कहा कि शान्ति का अध्याय घर से और विद्यालय की कक्षा से शुरू होता है। उन्होंने बाल्यकाल से ही शान्ति के संस्कार निर्माण किए जाने की आवश्यकता बताई।

शान्ति सभा में विश्व शान्ति के जन प्रयासों के परिप्रेक्ष्य में बाल अभिव्यक्ति भी सशक्ति रही। श्रेष्ठ अभिव्यक्ति वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। प्रथम पुरस्कार सेन्ट ग्रिगोरियस की दसवीं कक्षा की छात्रा स्नेहा मेहता ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय पुरस्कार सेफी स्कूल की नवीं कक्षा की छात्रा हुसैना अत्तारी ने अर्जित किया, तृतीय पुरस्कार सेंट तेरेसा की 11वीं कक्षा की छात्रा प्रियंका बाबेल ने प्राप्त किया। इसके साथ ही राजकीय बालिका उमावि भूपालपुरा की छात्रा मोनिका गहलोत, सेन्ट्रल अकादमी सरदारपुरा के छात्र प्रशान्त शर्मा, आलोक स्कूल की नेहा भटनागर, राउप्रावि गुंदिया भैरू के छात्र दिलखुश परिहार, विद्या भवन के धनराज मीणा ने भी श्रेष्ठ अभिव्यक्ति के पुरस्कार पाए। पुरस्कारों के निर्णय आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रो. डॉ. पी.एल. शर्मा तथा रोटरी क्लब लेकसिटी के अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने किए।

2003

दैनिक नवज्योति

अजमेर, गुरुवार, 7 अगस्त, 2003

उदयपुर
Rashtradoot
उदयपुर, गुरूवार 7 अगस्त, 2003
जयपुर . कोटा . बीकानेर . उदयपुर . अजमेर

हिरोशिमा दुखांतिका की वर्षगांठ मनाई

'शांति के प्रयास कभी अप्रासंगिक नहीं होते'

- कार्यालय संवाददाता -

उदयपुर, 6 अगस्त। अन्याय के प्रतिकार, गरीबी व शोषण से मुक्त समाज के निर्माण, संयुक्त राष्ट्र को प्रभावी बनाने के संकल्प तथा अहिंसा व सत्याग्रह का अदम्य साहस रखकर जन जन के प्रयासों से विश्व शांति के लक्ष्य अर्जित करने के आव्हान के साथ ही आज हिरोशिमा दुखांतिका की 58वीं वर्षगांठ पर शांति सभा सम्पन्न हुई।

शांतिपीठ के तत्वावधान में आज पूर्वान्ह जोनल रेल्वे ट्रेनिंग सेन्टर के आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में नगर के कई सरकारी, गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र छात्राऐं, शिक्षक समुदाय व विभिन्न क्षेत्रों से जुडे सामाजिक कार्यकर्ता व प्रबुद्ध जन सम्मिलित हुए। सभा की अध्यक्षता रेल्वे ट्रेनिंग सेन्टर के प्राचार्य आर एस मीणा ने की।



हिरोशिमा दुखांतिका की 58 वीं वर्ष गांठ पर आयोजित शांति सभा को संबोधित करते हुए अनन्त गणेश त्रिवेदी ।

प्रमुख अतिथि के रुप में बोलते हुए पूर्व विदेश सचिव डा जगत मेहता ने कहा जितना आणविक अस्त्रों का भण्डारण हुआ है उतना ही आतंकवाद बढा है। उन्होंने कहा आज विश्व को अणु बम की नहीं इंसाफ की आवश्यकता है। अहिंसा और सत्याग्रह के देश में अणु अस्त्र की कोई अहमियत नहीं, हमें आतंरिक साहस की जरुरत है। हमारे प्रयास सार्थक तभी होंगे जब यहां के नागरिक देश की कमजोरियों को मिटा पायेंगे।

आयोजन की प्रासंगिकता बताते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि शांति के प्रयास कभी अप्रासंगिक नहीं होते। बुद्ध, महावीर और गांधी जैसे महात्माओं का संदेश सर्वकालीक है। उन्होंने बदलते अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र को नये सिरे से प्रभावी बनाये जाने की आवश्यकता बताते हुए जन प्रयासों की सार्थक भूमिका प्रतिपादित की। उन्होंने कहा कि विरोधाभासों व दोहरे मापदण्डों के चलते विश्व समाज विडम्बना में है। जो देश खुद अस्त्रों का भण्डारण करें व दूसरे को निशस्त्र होने की बात करें तो समाज में विषमता ही पैदा होगी।

विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि आज आणविक निःशस्त्रीकरण के लिये विश्व जनमत जागृत करने की आवश्यकता है। उन्होंने जीयो और जीने दो के सिद्धांत की व्यवहारिक उपादेयता प्रतिपादित की।

शेखावत ने कहा कि विध्वंस की मानसिकता कभी शांति की ओर नहीं ले जाती। आज मानसिकता बदलने की जरुरत है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से भी आगे विश्व सरकार की ओर चलने की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य निर्मल सिंघवी ने बाल समुदाय को इंगित करते हुए कहा कि शांति का अध्याय घर से और विद्यालय की कक्षा से शुरु होता है। उन्होंने बाल्यकाल से ही शांति के संस्कार निर्माण किए जाने की आवश्यकता बताई।इस अवसर पर हिरोशिमा नागासाकी के विभत्स नरसंहार में मृतात्माओं की शांति के लिये दो मिनिट का मौन रखा गया तथा अंत में राष्ट्रगान के साथ सभा का विसर्जन हुआ। चेसमेन सोसायटी की ओर से लखारा चौक स्थित महावीर चेसमेन पब्लिक स्कूल में हिरोशिमा दिवस मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता सुश्री नसरीन परवीन रिजवी ने की। समारोह का संचालन कर रहे सांस्कृतिक प्रभारी सुश्री सोनल पारीख ने अमेरिका द्वारा नाकासाकी पर गिराये गये बम त्रासदी के बारे मे कटु आलोचना कर विश्व शांति का संदेश देने मे अपने विचार व्यक्त किए।

जय राजस्थान दैनिक

उदयपुर, गुरूवार 7 अगस्त 2003



शांति पीठ द्वारा आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए अनन्त गणेश त्रिवेदी

विश्व शांति के लक्ष्य को अर्जित करने का आव्हान

उदयपुर, 6 अगस्त (वि)। अन्याय के प्रतिकार, गरीबी एवं शोषण से मुक्त समाज के निर्माण, संयुक्त राष्ट्र को प्रभावी बनाने के संकल्प एवं अहिंसा एवं सत्याग्रह का अदम्य साहस रखकर जन जन के प्रयासों से विश्व शांति के लक्ष्य को अर्जित करने के आव्हान के साथ ही आज हिरोशिमा दुखातिका की 58वीं वर्षगांठ पर शांति सभा सम्पन्न हुई।

शांतिपीठ के तत्वावधान में आज पूर्वान्ह जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेंटर के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में नगर के कई सरकारी, गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र छात्रायें, शिक्षक समुदाय एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता व प्रबुद्ध जन सम्मिलित हुये। सभा की अध्यक्षता रेलवे ट्रेनिंग सेंटर के प्राचार्य आर.एस.मीणा ने की।

प्रमुख अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व विदेश सचिव डॉ. जगत मेहता ने कहा कि जितना आणविक अस्त्रों का भण्डारण हुआ है। उतना ही आतंकवाद बढ़ा है। उन्होंने कहा आज विश्व को अणु बम की नहीं ईसाफ की आवश्यकता है। अहिंसा और सत्याग्रह के देश में अणु अस्त्र की कोई अहमियत नहीं हमें आंतरिक साहस की जरूरत है।

आयोजन की प्रासंगिकता बताते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि शांति के प्रयास कभी अप्रासंगिक नहीं होते। बुद्ध, महावीर और गांधी जैसे महात्माओं का संदेश सर्वकालिक है। उन्होंने बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र को नये सिर से प्रभावी बनाये जाने की आवश्यकता बताते हुए जन प्रयासों की सार्थक भूमिका प्रतिपादित की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि आज आणविक नि:शस्त्रीकरण के लिये विश्व जनमत जागृत करने की आवश्यकता है। उन्होंने जीयो और जीने दो के सिद्धांत की व्यवहारिक उपादेयता प्रतिपादित की। शेखावत ने कहा कि विध्वंस की मानसिकता कभी शांति की ओर नहीं ले जाती।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य निर्मल सिंघवी ने बाल समुदाय को इंगित करते हुए कहा कि शांति का अध्याय घर से और विद्यालय की कक्षा से शुरू होता है। उन्होंने बाल्यकाल से ही शांति के संस्कार निर्माण किये जाने की आवश्यकता बताई।

शांतिसभा में विश्व शांति के जन प्रयासों के परिप्रेक्ष्य में बाल अभिव्यक्ति भी सशक्त रही। श्रेष्ठ अभिव्यक्ति वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। प्रथम पुरस्कार सेंट ग्रिगोरियस की दसवीं कक्षा की छात्रा स्नेहा मेहता ने प्राप्त किया। जबकि द्वितीय पुरस्कार सेफी स्कूल की नवीं कक्षा की छात्रा हुसैना अत्तारी ने अर्जित किया एवं तृतीय पुरस्कार सेंट तेरेसा की 11वीं कक्षा की छात्रा प्रियंका बाबेल ने प्राप्त किया। इसके साथ ही राजकीय बालिका उ.

(शेष पृष्ठ चार पर)

विश्व शांति के लक्ष्य को अर्जित

(पृष्ठ एक का शेष)

मा.वि. भूपालपुरा की छात्रा मोनिका गहलोत, सेंट्रल अकादमी सरदारपुरा के छात्र प्रशांत शर्मा, आलोक स्कूल की नेहा भटनागर, राउप्रावि गुंदिया भैरू के छात्र दिलखुश परिहार, विद्या भवन के धनराज मीणा ने भी श्रेष्ठ अभिव्यक्ति के पुरस्कार पाये।

पुरस्कारों के निर्णय आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. पी.एल.शर्मा तथा रोटरी क्लब लेकसिटी के अध्यक्ष अजयसिंह कुशवाहा ने किये। सभा में कई संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। जिनमें सामाजिक कार्यकर्ता किशोर संत, के.एल.बापना, नीलकंठ नामदा, एस.एस. भण्डारी, रोटरी क्लब के किशोर पाहुजा, अश्विनी सिंह आदि सम्मिलित थे। दसवीं बटालियन एनसीसी के लेफ्टिनेंट पी.एस.श्रीमाली व रघुवीर सिंह कैडेट समूह को लेकर सम्मिलित हुये।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. उदय पालीवाल ने किया जबकि शांतिपीठ के जी.एस. पाटीदार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। हिरोशिमा नागासाकी के विभत्स नरसंहार में मृतात्माओं की शांति के लिये दो मिनिट का मौन रखा गया एवं अंत में राष्ट्रगान के साथ सभा का विसर्जन हुआ।



सांसद डॉ. गिरिजा व्यास शांतिपीठ उदयपुर की ओर से आयोजित बाल संसद सेमिनार के समापन पर संबोधित करते हुए

'विकासशील और विकसित देशो में भेद रहेगा तो विकास का स्वप्न अधूरा'

उदयपुर(व्यूरो)।विकासशील व विकसित देशों का भेद रहेगा तथा व्यक्तियों और समुदायो में अलगाव रहेगा तब तक विश्व शांति का स्वप्न अधूरा रहेगा।यह विचार सयुक्त राष्ट्र के 58 वें दिवश के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वाधान में जोनल रेल्वे ट्रेनिंग सेन्टर के सभागार में आयोजित बाल संसद सेमीनार के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए सांसद डा. गिरिजा व्यास ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे यहां ऋषि मुनियों ने आपात धर्म की व्याख्या की है तथा सर्व धर्म सम्भाव का रास्ता दिया है जो आतंकवाद से मुक्त कर सके जिसको आज के विश्व को महती आवश्यकता है। आज जरूरत है आत्मवत् सर्व सर्वभूतेषु को अपनाने की। जहां समानता और एकता के दर्शन है। उन्होंने कहा संयुक्त राष्ट्र ने विकास और कल्याण के कार्य हाथ में ले रखे है किन्तु विश्व शान्ति की दिशा में बहुत कुछ किया जाना शेष है। उन्होंने आतंकवाद को जडमूल से नष्ट किये जाने को प्राथमिक आवश्यकता बताते हुए अलगाव को मिकर मनुष्य में पारम्परिक संवेदनशीलता की पुनर्स्थापना की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने वैश्वीकरण के दौरे में आर्थिक असमानता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अफ्रीका की स्वतंत्रता कअिर्थ सभी सार्थक होंगे जब साधनों पर भी वही के अश्वेत नागरिकों का अधिकार होगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के साये से मुक्त होने के लिये विश्व को गांधी के रास्ते को अपनाने की आवश्यकता है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए मोहनलालद सुखाडिया वि.वि. के पूर्व कुलपति प्रो. आर.के. राय ने कहा कि विश्व शांति की उपलब्धि के लिए विश्व समाज को समानता के सिद्धान्त से व्यवहार करना होगा। अधिग्रहण और भेदभाव का रास्ता शान्ति की दिशा का सबसे बडा अवरोध है। प्रो. राव ने शान्तिपीठ के आयोजन की सार्थकता व इसकी आवश्यकता पर बल देते हुए अलगांव को दरकिनार कर ते हुए विश्व बन्धुत्व की चेतना विकसित करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। प्रारंभ में शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि नई पीढ़ी में शान्ति व अहिंसा के संस्कार निर्मित करने पर मानव समुदाय का भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा उच्च जीवन मूल्यों को आत्मसात करने के लिए बालकों को आत्मिक बौद्धिक व शारीरिक शक्ति से समृद्ध बनाना होगा। विज्ञान की उपलब्धियां तब ही सार्थक सिद्ध होगी और संरक्षित रहेगी जब आध्यात्मिक मार्ग को गंभीरता से आत्मसात किया जाय तथा व्यापक आयाम दिया जाऐ। इससे पूर्व उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ जिला पुलिस अधीक्षक एम.एम. आत्रे ने किया। इस अवसर पर आत्रे ने कहा कि शान्ति का प्रथम संदेश ऋषि मुनियों की वाणी से निर्मित हुआ। संपूर्ण सृष्टि अंतःकरण से शान्तिग्त की पक्षधर है। उन्होने कहा हिंसा भी सृष्टि का हिस्सा है। सृष्टि का एक अनुशासन है किन्तु जब इ सका उल्लंघन होता है तब अशान्ति का उद्भव होता है संपूर्ण सृष्टि एक लय व ताल में आबद्ध है। इसी कारण हिंसा की अपेक्षा शांति का सामान्य अधिक सबल और शास्वत है। उन्होने कहा घर से मस्जिद का रास्ता तो अभी दूर है यारों, चलों किसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाए। उद्घाटनसत्र की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद प्रो. ए. बी. फाटक ने कहा कि शिक्षा से ही विश्व शान्ति के स्वप्न को साकार किया जा सकता है। बाल संसद के पूर्व विषय प्रवर्तन करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के विशेषज्ञों प्रो.रविन्द्र वर्मा ने संयुक्त राष्ट्र के उदभव से लगाकर वर्तमान तक के सफर को समीक्षात्मक रुप से प्रस्तुत किया।रत इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पी.एल. अग्रवाल ने बाल समुदाय को इंगित करते हुए कहा कि देश और विश्व में शांन्ति की स्थापना सिर्फ आपके साथ है। विरासत के आप ही संवाहक है। शिक्षान्तर संस्था के मनीष जैन प्रेम राही अनिल चतुर्वेदी ने शान्ति हेतु सार्थक प्रयासों को गति देने की आवश्यकता प्रकट की। संवाद सम्मेलन में सेन्ट्रल एकादमी आलोक स्कूल सेफी स्कूल, शिक्षान्तर पेसिफिक कालेज आदि शिक्षा संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने ज्वलन्त समस्याओं पर सटीक टिप्पणियां की।

बाल संसद में अच्छी प्रस्तुति पर आलोक स्कूल के दिनेश चौधरी पेसिफिक कालेज की वीना राठी शिक्षान्तर के गोपाल शर्मा सेफी स्कूल की समीना सेन्ट्रल अकेडमी की निधि बापना को मुख्य अतिथि द्वारा पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया। शिल्पा सिंह की प्रस्तुति भी श्रेष्ठ रही। इस अवसरपर शान्तिपीठ की सदस्या श्रीमती रेणु माहेश्वरी को जापान में शान्तिपीठ की प्रतिनिधि के रफप में मनोनीत करने पर डा. गिरिजा व्यास ने पुष्पमाला से सम्मानित किया।

दैनिक नवज्योति
26 अक्टूबर, 2002
अजमेर, जयपुर, कोटा से एक साथ प्रकाशित

जब तक अलगाव रहेगा विश्व शान्ति का स्वप्न अधूरा : गिरिजा

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 25 अक्टूबर। जब तक विकासशील व विकसित देशों का भेद रहेगा तथा व्यक्तियों और समुदायों में अलगाव रहेगा तब तक विश्व शान्ति का स्वप्न अधूरा ही रहेगा।

यह विचार संयुक्त राष्ट्र के 58वें स्थापना दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर के सभागार में आयोजित बाल संसद सेमीनार के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सांसद डॉ. गिरिजा व्यास ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि हमारे यहां ऋषि मुनियों ने आपात धर्म की व्याख्या की है तथा सर्वधर्म समभाव का रास्ता दिया है जो आतंकवाद से मुक्त कर सकता है, जिसकी आज के विश्व को महत्ती आवश्यकता है। आज जरूरत है आत्मवत सर्वभूतेषु को अपनाने की। जहां समानता और एकता के दर्शन है।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने विकास और कल्याण के अनेक कार्य हाथ में ले रखे है, किन्तु विश्व शान्ति की दिशा में बहुत कुछ किया जाना शेष है। उन्होंने आतंकवाद को जड़मूल से नष्ट किए जाने को प्राथमिक आवश्यकता बताते हुए अलगाव को मिटाकर मनुष्य समुदाय में पारस्परिक संवेदनशीलता की पुनर्स्थापना की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने वैश्वीकरण के दौर में आर्थिक असमानता पर चिन्ता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद के साये से मुक्त होने के लिए विश्व को गांधी के रास्ते को अपनाने की आवश्यकता है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. आर.के. राय ने कहा कि विश्व शान्ति की उपलब्धि के लिए विश्व समाज को समानता के सिद्धान्त से व्यवहार करना होगा। अधिग्रहण और भेदभाव का रास्ता शान्ति की दिशा का सबसे बड़ा अवरोध है। प्रो. राय ने शान्तिपीठ के आयोजन की सार्थकता व इसकी आवश्यकता पर बल देते हुए अलगाव को दरकिनार करते हुए विश्व बन्धुत्व की चेतना विकसित करने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने कहा कि नई पीढ़ी में शान्ति व अहिंसा के संस्कार निर्मित करने पर मानव समुदाय का भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है।



सांसद डॉ. गिरिजा व्यास शान्तिपीठ उदयपुर द्वारा आयोजित बाल संसद सेमीनार के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए। फोटो : गोयल

उन्होंने कहा कि उच्च जीवन मूल्यों को आत्मसात करने के लिए बालकों को आत्मिक, बौद्धिक व शारीरिक शक्ति से समृद्ध बनाना होगा। विज्ञान की उपलब्धियां तब ही सार्थक सिद्ध होगी और संरक्षित रहेगी जब आध्यात्मिक मार्क को गम्भीरता से आत्मसात किया जाए तथा व्यापक आयाम दिया जाए।

इससे पूर्व उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ जिला पुलिस अधीक्षक एम.एम. अत्रे ने किया। इस अवसर पर अत्रे ने कहा कि शान्ति का प्रथम संदेश ऋषि-मुनियों की वाणी से निर्मित हुआ। सम्पूर्ण सृष्टि अन्त:करण से शान्ति की पक्षधर है।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद् प्रो. ए.बी. फाटक ने कहा कि शिक्षा से ही विश्व शान्ति के स्वप्न को साकार किया जा सकता है। बाल संसद के पूर्व विषय प्रवर्तन करते हुए अन्तरराष्ट्रीय सम्बन्धों के विशेषज्ञ प्रो. रविन्द वर्मा ने संयुक्त राष्ट्र के उद्भव से लगाकर वर्तमान तक के सफर को समीक्षात्मक रूप से प्रस्तुत किया। भारत इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पी.एल. अग्रवाल ने बाल समुदाय को इंगित करते हुए कहा कि देश और विश्व में शान्ति की स्थापना सिर्फ आपके साथ है। विरासत के आप ही संवाहक है। शिक्षान्तरण संस्था के मनीष जैन, प्रेम राही, अनिल चतुर्वेदी ने शान्ति हेतु सार्थक प्रयासों को गति देने की आवश्यकता प्रकट की।

संवाद-सम्मेलन में सेन्ट्रल एकादमी, आलोक स्कूल, सेफी स्कूल, शिक्षान्तर, पेसिफिक कॉलेज आदि शिक्षा संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने ज्वलन्त समस्याओं पर सटीक टिप्पणियां की। बाल संसद में अच्छी प्रस्तुति पर आलोक स्कूल के दिनेश चौधरी, पेसेफिक कॉलेज की वीना राठी, शिक्षान्तर के गोपाल शर्मा, सेफी स्कूल की समीना, सेन्ट्रल एकेडमी की निधि बापना को मुख्य अतिथि द्वारा पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया। शिल्पा सिंह की प्रस्तुति भी श्रेष्ठ रही।

इस अवसर पर शान्तिपीठ की सदस्या श्रीमती रेणु माहेश्वरी को जापान में शान्तिपीठ की प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत करने पर डॉ. गिरिजा व्यास ने पुष्पमाला से सम्मानित किया। वे नवम्बर में टोकियो जाएंगी व शान्ति प्रयासों को गति देने में संस्था की भूमिका निभाएगी।

समापन समारोह में जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर के प्राचार्य आर.एस. मीणा ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन मंजूषा गोस्वामी ने किया, जबकि पी.सी. राठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

SHANTIPEETH INDIA ■ 237 ■
स्मृति पटल ■ DOWN THE MEMORY LANE ■

उदयपुर
Rashtradoot
उदयपुर शुक्रवार 25 अक्टूबर 2002



संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थापना दिवस पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेशकांग्रेस अध्यक्ष डॉ. गिरिजा व्यास।

सर्व धर्म समभाव का अनुसरण कर देश को आतंकवाद से मुक्त करें- गिरिजा

- कार्यालय संवाददाता -

उदयपुर, 24 अक्टू.। विकासशील व विकसित देशों का भेद रहेगा तथा व्यक्तियों और समुदायों में अलगाव रहेगा तब तक विश्व शांति का स्वप्न अधुरा ही रहेगा।

उक्त विचार आज संयुक्त राष्ट्र के 58वें स्थापना दिवस के अवसर पर शांतिपीठ-भारत के तत्वावधान में स्थानीय जोनल रेल्वे ट्रेनिंग सेन्टर के सभागार में आयोजित बाल संसद सेमीनार के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए सांसद डा गिरिजा व्यास ने व्यक्त किए उन्होंने कहा हमारे यहां ऋषि मुनियों ने आपात धर्म की व्याख्या की है तथा सर्व धर्म समभाव का रास्ता दिया है जो आतंकवाद से मुक्त कर सके जिसकी आज के विश्व को महत्ती आवश्यकता है। आज जरुरत है आत्मवत सर्वभूतेषु को अपनाने की। जहां समानता और एकता के दर्शन है। उन्होंने कहा संयुक्त राष्ट्र ने विकास और कल्याण के अनेक कार्य हाथ में ले रखे है किन्तु विश्व शांति की दिशा में बहुत कुछ किया जाना शेष है। उन्होंने आतंकवाद को जडमूल से नष्ट किये जाने को प्राथमिक आवश्यकता बताते हुए अलगाव को मिटाकर मनुष्य समुदाय में पारस्परिक संवेदनशीलता की पुर्नस्थापना की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने वैश्वीकरण के दौर में असमानता पर चिंता व्यक्त की।

अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए मोहनलाल सुखाडिया विवि. के पूर्व कुलपति प्रो आर के राय ने कहा कि विश्व शांति की उपलब्धि के लिये विश्व समाज को समानता के सिद्धान्त से व्यवहार करना होगा। अधिग्रहण और भेदभाव का रास्ता शांति की दिशा का सबसे बडा अवरोध है। प्रो राय ने शांतिपीठ के आयोजन की सार्थकता व इसकी आवश्यकता पर बल देते हुए अलगाव को दरकिनार करते हुए विश्व बंधुत्व की चेतना विकसित करने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

इस अवसर पर वक्तव्य देते हुए संस्थान के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि नई पीढी में शांति व अहिंसा के संस्कार निर्मित करने पर मानव समुदाय का भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा उच्च जीवन मूल्यों को आत्मसात करने के लिये बालकों को आत्मिक, बौद्धिक व शारीरिक शक्ति से समृद्ध बनान होगा।

इससे पूर्व उदघाटन सत्र का शुभारंभ जिला पुलिस अधीक्षक एम एम अत्रे ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर अत्रे ने कहा कि शांति का प्रथम संदेश ऋषि मुनियों की वाणी से निर्मित हुआ। संपूर्ण सृष्टि अंतःकरण से शांति की पक्षधर है। उन्होंने कहा हिंसा भी सृष्टि का हिस्सा है। सृष्टि का एक अनुशासन है, किन्तु जब इसका उल्लंघन होता है तब अशांति का उदभव होता है।

उदघाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद प्रो ए बी फाटक ने कहा कि शिक्षा से ही विश्व शांति के स्वप्न को साकार किया जा सकता है। शिक्षा यदि सही स्वरुप में होती तो आज देश की स्थिति कुछ दूसरी होती। हम शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन की केवल बात करते रहे और स्थितियां बेकाबू होती रही।

बाल संसद के पूर्व विषय प्रवर्तन करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञ प्रो रविन्द वर्मा ने संयुक्त राष्ट्र के उदभव से लगाकर वर्तमान तक के सफर को समीक्षात्मक रुप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बोलते हुए भारत ईस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डा पी एल अग्रवाल ने बाल समुदाय को इंगित करते हुए कहा कि देश और विश्व में शांति की स्थापना सिर्फ आपके साथ है। विरासत के आप ही संवाहक है। शिक्षांतर संस्था के मनीष जैन, प्रेम राही, अनिल चतुर्वेदी ने शांति हेतु सार्थक प्रयासों को गति देने की आवश्यकता प्रकट की।

संवाद सम्मेलन में सेन्ट्रल एकादमी आलोक स्कूल, सेफी स्कूल, शिक्षांतर, पेसिफिक कालेज आदि शिक्षा संस्थानों के छात्र छात्राओं ने ज्वलंत समस्याओं पर सटीक टिप्पणियां की। बाल समुदाय के अपने मौलिक विचार बहुत ही सटीक व दिशा सूचक थे।

बाल संसद में अच्छी प्रस्तुति पर आलोक स्कूल के दिनेश चौधरी, पेसिफिक कालेज की वीना राठी, शिक्षांतर के गोपाल शर्मा, सेफी स्कूल की समीना, सेन्ट्रल अकेडमी की निधि बापना को मुख्य अतिथि द्वारा पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर शांतिपीठ की सदस्या श्रीमती रेणी माहेश्वरी को जापान में शांतिपीठ

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 25 अक्टूबर 2002



उदयपुर के जोनल रेलवे ट्रेनिंग स्कूल सभागार में गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थापना दिवस पर आयोजित बाल संसद को सम्बोधित करती प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा. गिरिजा व्यास।

भेदभाव व अलगाव के बीच विश्वशांति का स्वप्न अधूरा ही रहेगा- डॉ. व्यास

उदयपुर

विकासशील व विकसीत देशों का भेद रहेगा, व्यक्तिओं और समुदायों में अलगाव रहेगा तब तक विश्व शांति का स्वप्न अधूरा ही रहेगा।

ये विचार गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र के 58वें स्थापना दिवस पर शान्तिपीठ-भारत के तत्वावधान में जोनल रेल्वे ट्रेनिंग सेन्टर के सभागार में आयोजित बाल संसद के समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. गिरिजा व्यास ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने विकास और कल्याण के अनेक कार्य हाथ में ले रखे हैं किन्तु विश्व शांति की दिशा में बहुत कुछ करना शेष है। उन्होंने आतंकवाद को जडमूल से नष्ट करने को प्राथमिक आवश्यकता बताते हुए अलगाव को मिटाकर मनुष्य समुदाय में परस्पर संवेदनशीलता की पुनर्स्थापना की आवश्यकता प्रतिपादित की।

अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए सुखाडिया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. आर.के. राय ने कहा कि विश्व शांति की उपलब्धि के लिए विश्व समाज को समानता के सिद्धान्त से व्यवहार करना होगा। प्रो. राय ने शांतिपीठ के आयोजन की सार्थकता व इसकी आवश्यकता पर बल देते हुए अलगाव को दरकिनार करते हुए विश्व बंधुत्व की चेतना विकसित करने की आवश्यकता प्रतिपादित की इस अवसर पर शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि नई पीढ़ी में शान्ति व अहिंसा के संस्कार विकसित करके ही मानव समुदाय का भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उच्च जीवन मूल्यों को आत्मसात करने के लिए बालको को आत्मिक, बौद्धिक व शारीरिक शक्ति से प्रबुद्ध बनाना होगा।

इससे पूर्व जिला पुलिस अधीक्षक एम.एम. अत्रे ने दीप प्रज्वलित करके बाल संसद को उद्घाटन किया। इस अवसर पर अत्रे ने कहा कि शांति का प्रथम संदेश ऋषि-मुनियों की वाणी से प्रस्फूटित हुआ। संपूर्ण सृष्टि अंतःकरण से शांति की पक्षधर है।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद् प्रो. ए.बी. फाटक ने कहा कि शिक्षा से ही विश्व शांति के स्वप्न को साकार किया जा सकता है। शिक्षा यदि सही स्वरूप में होती तो आज देश की स्थिति कुछ दूसरी होती। हम शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन की केवल बात करते रहे और स्थितियां बेकाबू होती रही।बाल संसद के प्रारंभ में विषय प्रवर्तन करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय संबधो के विशेषज्ञ प्रो.-रविन्द्र वर्मा ने संयुक्त राष्ट्र के उद्भव-से लगाकर वर्तमान तक के सफर को समीक्षात्मक रूप से प्रस्तुत किया।

भारत इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पी.एल. अग्रवाल ने कहा कि देश और विश्व में शांति की स्थापना सिर्फ बच्चों के हाथ में है। इस अवसर पर शिक्षान्तर संस्था के मनीष जैन, प्रेम राही, अनिल चतुर्वेदी ने शांति के लिए सार्थक प्रयासों को गति देने की आवश्यकता प्रकट की।

संवाद सम्मेलन में सेंट्रल अकादमी, आलोक स्कूल, सैफी स्कूल, शिक्षान्तर, पेसिफिक कॉलेज आदि शिक्षा संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने ज्वलन्त समस्याओं पर सटीक टिप्पणियां की।

बाल संसद में अच्छी प्रस्तुति पर आलोक स्कूल के दिनेश चौधरी, पेसिफिक कॉलेज की वीना राठी, शिक्षान्तर के गोपाल शर्मा, सैफी स्कूल की समीना, सेन्ट्रल अकादमी की निधि बापना को मुख्य अतिथि ने पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया। शिल्पा सिंह की प्रस्तुति भी सुन्दर रही। इस अवसर पर शांतिपीठ की सदस्य रेणु माहेश्वरी को जापान में संस्थान की प्रतिनिधि के रूप में मनोनित करने पर डॉ. व्यास ने पुष्पमाला से सम्मानित किया। वे नवम्बर में टोकियो जाएगी व शांति प्रयासों को गति देने में संस्था की भूमिका निभाएगी। समापन समारोह में अतिथियों का स्वागत जोनल रेल्वे ट्रेनिंग सेन्टर के प्राचार्य आर.एस. मीणा ने किया। कार्यक्रम का संचालनर मंजूषा गोस्वामी ने किया जबकि पी.सी. राठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

SHANTIPEETH INDIA ■ 239 ■
शांतिपीठ ■ DOWN THE MEMORY LANE ■

उदयपुर, 25 अक्टूबर वार: शुक्रवार

तुम उचित रूप से भलाई करो और संसार को डूबने दो : हर्बर्ट

25 अक्टूबर 2002 वार – शुक्रवार

जय राजस्थान दैनिक

जब तक समुदायों में अलगाव रहेगा तब तक विश्व शांति का स्वप्न अधूरा रहेगा : डॉ. व्यास

उदयपुर, 24 अक्टूबर। विकासशील एवं विकसित देशों का भेद रहेगा एवं व्यक्तियों और समुदायों में अलगाव रहेगा तब तक विश्व शांति का स्वप्न अधूरा ही रहेगा। ये विचार आज संयुक्त राष्ट्र के 58वें स्थापना दिवस के अवसर पर शांतिपीठ भारत के तत्वावधान में स्थानीय जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेंटर के सभागार में आयोजित बाल संसद सेमीनार के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सांसद डॉ. गिरिजा व्यास ने व्यक्त किये।



शांतिपीठ-भारत द्वारा आयोजित बाल संसद सेमीनार के समापन समारोह में बोलते हुए डॉ. गिरिजा व्यास।

उन्होनें कहा कि हमारे यहां ऋषि मुनियों ने आपात धर्म की व्याख्या की है। तथा सर्व धर्म समभाव का रास्ता दिया है जो आतंकवाद से मुक्त कर सके जिसकी आज के विश्व को महती आवश्यकता है। आज जरूरत है आत्मवत् सर्वभूतेषु को अपनाने की। जहां समानता और एकता के दर्शन है।

अध्यक्षीय उद्‌बोधन देते हुए मोहनलाल सुखाड़िया विवि के पूर्व कुलपति प्रो. आर.के.राय ने कहा कि विश्व शांति की उपलब्धि के लिये विश्व समाज को समानता के सिद्धांत से व्यवहार करना होगा। अधीग्रहण और भेदभाव का रास्ता शांति की दिशा का सबसे बड़ा अवरोध है। प्रो. राय ने शांतिपीठ के आयोजन की सार्थकता एवं इसकी आवश्यकता पर बल देते हुए अलगाव को दरकिनार करते हुए विश्व बंधुत्व की चेतना विकसित करने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

इस अवसर पर वक्तव्य देते हुए संस्थान के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि नई पीढ़ी में शांति एवं अहिंसा के संस्कार निर्मित करने पर मानव समुदाय का भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है।

इससे पूर्व उद्‌घाटन सत्र का शुभारंभ जिला पुलिस अधीक्षक एम.एम.अत्रे ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर अत्रे ने कहा कि शांति का प्रथम संदेश ऋषि मुनियों की वाणी से निर्मित हुआ। संपूर्ण सृष्टि अंतकरण से शांति की पक्षधर है।

उद्‌घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए शिक्षा विद् प्रो. ए.बी.फाटक ने कहा कि शिक्षा से ही विश्व शांति के स्वप्न को साकार किया जा सकता है। शिक्षा यदि सही स्वरूप में होती तो आज देश की स्थिति और कुछ दूसरी ही होती। हम शिक्षा म आमूलचूल पारवतन का केवल बात करते रहे और स्थितियां बेकाबू होती रही।

संवाद सम्मेलन में सेंट्रल एकादमी आलोक स्कूल, सेफी स्कूल, शिक्षांतर, पेसिफिक कॉलेज आदि शिक्षा संस्थाओं के छात्र छात्राओं ने ज्वलंत समस्याओं पर सटीक टिप्पणीयां की। बाल समुदाय के अपने मौलिक विचार बहुत ही सटीक व दिशा सूचक थे।

बाल संसद में अच्छी प्रस्तुति पर आलोक स्कूल के दिनेश चौधरी, पेसिफिक कॉलेज की वीना राठी, शिक्षांतर के गोपाल शर्मा, सेफी स्कूल की समीना, अकेडमी की निधि बापना को मुख्य अतिथि द्वारा पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया। शिल्पा सिंह की प्रस्तुति भी सुंदर रही। समापन समारोह में अतिथियों का स्वागत जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेंटर के आचार्य आर.एम.मीणा ने स्वागत भाषण में किया। कार्यक्रम का संचालन मंजूषा गोस्वामी ने किया जबकि पी.सी.राठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक नवज्योति
SINCE 1936
जयपुर, कोटा से एक साथ प्रकाशित ● वर्ष 66, अंक 216 ● उदयपुर-बीकानेर-बांसवाड़ा-डूंगरपुर संस्करण अजमेर, बुधवार 7 अगस्त 2002 ● संस्थापक: स्व. कमान दुर्गाप्रसाद चौधरी ● प्रभात ** ● मूल्य दो रुपए पच्चीस पैसे

आणविक नि:शस्त्रीकरण के आह्वान के साथ शान्ति सभा सम्पन्न

हिरोशिमा दुखान्तिका की 57वीं वर्षगांठ

उदयपुर, 6 अगस्त (न्यूज सर्विस)। हिरोशिमा दुखान्तिका की 57वीं वार्षिकी के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में आज पूर्वाह्न नगर परिषद सभागार में एकता, स्वाधीनता व लोकतान्त्रिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्धता के साथ विश्व शान्ति और आणविक नि:शस्त्रीकरण की दिशा में सतत प्रयास करते रहने के आह्वान के साथ शान्ति सभा सम्पन्न हुई, जिसमें नगर की करीब डेढ़ दर्जन सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों की छात्र-छात्राएं, अध्यापकगण, सामाजिक व गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि व नगर के प्रबुद्ध नागरिक सम्मिलित हुए।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जिला प्रमुख छगनलाल जैन ने कहा कि दुनिया में आणविक हथियारों की दौड़ के दौर में भारत की भूमिका और इसका संदेश और भी अधिक प्रासंगिक बने है। भारत ने युगों-युगों से विश्व बन्धुत्व और भाईचारे की मिसालें कायम की है। उन्होंने कहा कि शान्तिपीठ द्वारा बच्चों के माध्यम से की गई पहल को व्यापक रूप दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय दुनिया के लिए संकट का दौर है। ऐसे में जीवन को शान्तिमय बनाने के पुरजोर प्रयासों की आवश्यकता है।

सभा की अध्यक्षता करते हुए नगर परिषद के सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने कहा कि पाश्विक युद्ध नहीं होने चाहिए, किन्तु यदि विश्व शान्ति की सुरक्षा के लिए युद्ध आवश्यक हुआ तो वह भी लड़ा जाए। उन्होंने कहा कि आज भारत आतंकवाद की चपेट में है, इसका खात्मा करने के लिए शक्तिशाली बनने की आवश्यकता है। अत्याचार, अन्याय के खिलाफ जरूरी होने पर युद्ध भी लड़ा जाए। उन्होंने आह्वान किया कि भारत की गरिमा को समझने के नूतन प्रयास किए जाएं। हर व्यक्ति का प्रथम उत्तरदायित्व है कि वह भारत को समझें। भारत के प्रत्येक बच्चे को गर्व होना चाहिए कि हमने भारत जैसे देश में जन्म लिया है। उन्होंने इस अवसर पर बच्चों के लिए उत्साहवर्धक और दिशाबोधक कई ऐतिहासिक उदाहरण प्रस्तुत किए।



शान्तिपीठ उदयपुर द्वारा आयोजित शान्ति सभा को सम्बोधित करते हुए नगर परिषद सभापति युधिष्ठिर कुमावत (ऊपर) एवं शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी (नीचे)। फोटो : गोयल

सभा में 'दिवस' की प्रासंगिकता पर वक्तव्य देते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आणविक युद्ध विनाश की ओर ले जाता है और अगर कोई विजेता बता है तो उसकी मृत्यु से भी बदतर बन जाती है।

त्रिवेदी ने कहा कि आणविक आयुद्धों से पारस्परिक भय से युद्ध नहीं होना अस्थिर और सतही शान्ति है। यथार्थ में शान्ति के लिए विश्वास और विश्वास और अहिंसा के आचरण को आधार बनाना होगा। उन्होंने इस सिलसिले में पुगवास आन्दोलन की 25वीं वार्षिकी पर आईंसटाईन-बर्टन रसैल के घोषणा पत्र, राजीव गांधी गोर्बाच्योव घोषणा पत्र तथा हाल ही में पुगवास आन्दोलन की 55वीं वार्षिकी पर दिवंगत उपराष्ट्रपति कृष्णकान्त के सारगर्भित कथनों को रेखांकित करते हुए महात्मा गांधी के कथन को याद दिलाई कि 'हिंसा जीवन का हिस्सा है, किन्तु अहिंसा जीवन का सिद्धान्त है।' उन्होंने कहा कि त्याग और अहिंसा को अपनाकर मनुष्य स्वयं को पहचान सकता है और अन्तर्जगत के युद्ध को समझते ही बहिर्जगत में लड़े जाने वाले युद्ध की निरर्थकता समझ में आ जाती है। उन्होंने कहा कि जब युद्ध की अवधारणा मात्र सम्पूर्ण विनाश का कारण बनें तो उस विचार से मनुष्य को ऊपर उठकर समाज संरचना के नए आयाम स्थापित करने की पहल करनी चाहिए, यह समय की मांग है। उन्होंने छात्र समुदाय को आह्वान किया कि वे आवाम को जगाने का जरिया बनें और विश्व विद्यार्थी समुदाय को राष्ट्र की सीमाओं से ऊपर उठकर मानव मात्र में एकता और विश्वात्मा का भाव जागृत करते हुए विश्व शान्ति सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर उन्होंने हिरोशिमा-नागासाकी के नरसंहार के बारे में बताते हुए कहा कि यह परमाणु ऊर्जा के दुरूपयोग का विभत्स उदाहरण है। जब तक आणविक अस्त्र बने रहेंगे तब तक हिरोशिमा में मृत निर्दोषों की चित्कार गूंजती रहेगी। उन्होंने ऊर्जा मात्र के नियन्त्रण की आवश्यकता प्रतिपादित की, चाहे वह वैयक्तिक हो अथवा आणविक ऊर्जा और यह ज्ञान-विज्ञान की संयुक्त पहल से सम्भव है। प्रारम्भ में सेन्ट्रल एकेडमी के छात्रों द्वारा शान्ति गीत मोहम्मद रफीक एवं श्रीमती कुसुम शाह के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया, जबकि गुरूनानक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सत्य, अहिंसा, विश्व प्रेम ही हम बच्चों का नारा है, भारत वर्ष हमारा है। गीत पेश किया, जिसका निर्देशन मीनाक्षीलाल और अवनी तलवार ने किया। शान्ति सभा के पूर्व स्कूली छात्र-छात्राएं अपने-अपने विद्यालयों से शान्ति, निशस्त्रीकरण, पर्यावरण संरक्षण व सद्भावना की तख्ती, बैनर्स व पोस्टर लिए विद्यालय के झण्डे के साथ सभास्थल पहुंचे। सभा का संचालन श्रीमती मंजूषा गोस्वामी ने किया।

प्रातःकाल

श्रावण कृष्णा 14 बुधवार दिनांक 7 अगस्त 2002



शान्तिसभा में मंच पर आसीन अतिथिगण। *फोटो : कैलाश टांक*

हिरोशिमा दिवस पर शांतिसभा सम्पन्न

उदयपुर, 6 अग. (कासं.)। हिरोशिमा दुखान्तिका की 57वीं वार्षिकी के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में आज पूर्वान्ह नगर परिषद सभागार में एकता, स्वाधीनता व लोकतांत्रिक मूल्यों के लिये प्रतिबद्धता के साथ विश्व शान्ति और आणविक निःशस्त्रीकरण की दिशा में सतत् प्रयास करते रहने के आह्वान के साथ शांतिसभा सम्पन्न हुई,।

सभा में नगर की करीब डेढ़ दर्जन सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों की छात्र-छात्राएं, अध्यापकगण, सामाजिक व गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि व नगर के प्रबुद्ध नागरिक सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि जिला प्रमुख छगनलाल जैन थे।

अध्यक्षता नगर परिषद के सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने की। सभा में शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने विचार रखे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सेन्ट्रल एकेडमी के छात्रों द्वारा शांति गीत मोहम्मद रफीक व कुसुम शाह के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया जबकि गुरूनानक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने गीत पेश किया जिसका निर्देशन मिनाक्षी लाल और अवनी तलवार ने किया। शांतिसभा के पूर्व स्कूली छात्र-छात्राएं अपने-अपने विद्यालयों से शांति, निःशस्त्रीकरण, पर्यावरण संरक्षण व सद्भावना की तख्ति, बैनर्स व पोस्टर लिये विद्यालय के झण्डे के साथ सभास्थल पहुंचे। सभा का संचालन मंजुषा गोस्वामी ने किया।

उदयपुर, 7 अगस्त वारः बुधवार 2002

जय राजस्थान दैनिक



हिरोशिमा दुखान्तिका की वार्षिकी पर उदयपुर में आयोजित शांति सभा को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख छगनलाल जैन।

शांति पीठ ने किया शांतिसभा का आयोजन

जीवन को शांतिमय बनाने की पुरजोर प्रयासों की जरूरत : जैन

उदयपुर, 6 अगस्त (वि.)। हिरोशिमा दुखान्तिका की 57 वीं वार्षिकी के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में आज पूवाह्न नगर परिषद सभागार में एकता, स्वाधीनता व लोकतांत्रिक मूल्यों के लिये प्रतिबद्धता के साथ विश्व शांत और आणविक निःशस्त्रीकरण की दिशा ने सतत् प्रसाय करते रहने के आव्हान के साथ शांति सभा सम्पन्न हुई, जिसमें नगर की करीब डेढ दर्जन सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों की छात्र-छात्राऐं, अध्यापकगण, सामाजिक व गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि व नगर के प्रबुद्ध नागरिक सम्मिलित हुए।

मुख्य अतिथि के रूप मे बोलते हुए जिला प्रमुख छगनलाल जैन न कहा कि दुनिया में आणविक हथियारों की होड़ के दौर में भारत की भूमिका और इसका संदेश और भी अधिक प्रासंगिक बनें है। भारत ने युगों युगों वे विश्व बन्धुत्व और भाईचारें की मिसालें कायम की है। उन्होने कहा कि वर्तमान समय दुनिया के लिये संकट का दौर है ऐसे में जीवन के शांतिमय बनाने के पुरजोर प्रयासों की आवश्यकता है।

सभा की अध्यक्षता करते हुए नगर परिषद के सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने कहा कि पाश्विक युद्ध नहीं होने चाहिये किन्तु विश्व शांति की सुरक्षा के लिये युद्ध आवश्यक हुआ तो वह भी लड़ा जाए। उन्होने कहा आज भारत आतंकवाद की चपेट में है, इसका खात्मा करने के लिये शक्तिशाली बनने की आवश्यकता

(शेष पृष्ठ चार पर)

शांति पीठ ने किया

(पृष्ठ एक का शेष)

हैं अत्याचार और अन्याय के खिलाफ जरूरी होने पर युद्ध भी लड़ा जाये।

सभा में दिवस की प्रांसगिकता पर वक्तव्य देते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आणविक युद्ध विनाश की ओर ले जाता है और अगर कोई विजेता बनता है तो उसकी विजय मृत्यु से भी बदतर बन जाती है । त्रिवेदी ने कहा कि आणविक आयुधों से पारस्परिक भय से युद्ध नहीं होना अस्थिर और सतही शांति है। यथार्थ में शांति के लिये विश्वास और अहिंसा के आचरण को आधार बनाना होगा।

हिरोशिमा दिवस पर आज शांतिसभा

उदयपुर, 5 अगस्त। मानव और मानवता के भीषणतम संहार का आरंभ करते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा जापान के हिरोशिमा पर एटम बम गिराने से उपजी त्रासदी व काल के ग्रास हुए निर्दोष लोगों का स्मृति दिवस मंगलवार को यहां भी मनाया जाएगा। 'हिरोशिमा दिवस' पर शांतिपीठ की ओर से सुबह दस बजे यहां टाउन हॉल स्थित सुखाड़िया रंगमंच पर शांतिसभा होगी। छात्र-छात्राएं शांति के नारे लिखी तख्तियां उठाए अपने विद्यालयों से रैली के रूप में सभास्थल पहुंचेंगे। सभा में विभिन्न कार्यक्षेत्रों के लोग सम्मिलित होंगे।

दैनिक भास्कर
उदयपुर विक्रम संवत २०५९, श्रावण, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, बुधवार, ७ अगस्त, २००२

SHANTIPEETH INDIA ■ 244 ■

आज आणविक हथियारों की होड़, अहिंसा का संदेश प्रासंगिक

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 6 अगस्त। जिला प्रमुख छगनलाल जैन ने कहा कि दुनिया में आणविक हथियारों की होड़ के दौर में भारत की भूमिका व अहिंसा का हमारा संदेश और भी अधिक प्रासंगिक बने हैं।

श्री जैन मंगलवार को हिरोशिमा स्मृति दिवस के मौके पर शांतिपीठ द्वारा यहां सुखाड़िया रंगमंच पर आयोजित शांतिसभा में उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों व प्रबुद्ध लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने युगों-युगों से विश्व बधुत्व व भाईचारे की मिसाल कायम की है।

शांति के लिए बच्चों के माध्यम से शुरू की गई पहल को उन्होंने व्यापक रूप देने की आवश्यकता बताई। श्री जैन ने कहा कि वर्तमान समय दुनिया के संकट का दौर है। ऐसे में जीवन को शांतिमय बनाने के प्रयास तेज होने चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर परिषद सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने कहा कि शांति के लिए शक्तिशाली बनना जरूरी है। बिना शक्ति के एक ही व्यक्ति का अत्याचार चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि युद्ध आवश्यक नहीं हैं लेकिन, हर भारतवासी को आतंकवाद का खात्मा करने का संकल्प लेना होगा। हिरोशिमा नागासाकी घटना का जिक्र करते हुए श्री कुमावत ने कहा कि विध्वंस की इस घटना को कोई भी व्यक्ति नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि युद्ध नहीं हो लेकिन, शक्तिशाली बनना जरूरी है अन्यथा ताकतवर का राज रहेगा। भारत पिछले कई वर्षों से आतंकवाद की चपेट में है।



हिरोशिम दिवस पर प्रार्थना प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे। भास्कर

कुछ सिरफिरे आतंकवादी निर्दोष लोगों को गोलियों से भून रहे हैं। ऐसे में हम शांति का पाठ नहीं पढ सकते। देश के हर नागरिक को आतंकवाद का जवाब देने का संकल्प लेना होगा। देश के वैभव के गुणगान के लिए युद्ध अनुचित है परंतु अन्याय व अत्याचार के खिलाफ युद्ध उचित है। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आणविक युद्ध विनाश की ओर ले जाता है और अगर कोई विजेता बनता है तो उसकी विजय मृत्यु से भी बदतर होती है। आणविक हथियारों व पारस्परिक भय से युद्ध नहीं होना भी अस्थिर व सतही शांति है। यथार्थ में शांति के लिए विश्वास व अहिंसा के आचरण को आधार बनाना होगा। इस अवसर पर उन्होंने हिरोशिमा नागासाकी के नरसंहार के बारे में बताते हुए कहा कि परमाणु उर्जा के दुरुपयोग का विभत्स उदाहरण है। जब तक आणविक अस्त्र बनते रहेंगे तब तक हिरोशिमा में मृत निर्दोषों की चित्कार गुंजती रहेगी। कार्यक्रम के प्रारंभ में सेन्ट्रल एकेडमी के छात्रों ने मोहम्मद रफीक व कुसुम शाह के निर्देशन में शांति गीत प्रस्तुत किया।

गुरुनानक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सत्य अहिंसा पर गीत प्रस्तुत किया। सभा को संचालन मंजुषा गोस्वामी ने किया। शांतिसभा से पूर्व शहर की विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी अपने स्कूलों से रैली के रूप में सभा स्थल तक पहुंचे। जिला कांग्रेस मीडिया सेंटर प्रभारी कृष्णकुमार हरिव्यासी, महामंत्री राजेश नागौरी, प्रवीण मेहता, शाहिद हुसैन आदि ने हिरोशिमा दिवस पर शांतिसभा में विश्वशांति की प्रार्थना की।

उदयपुर 8 मार्च 2002 वार: शुक्रवार

क्या तुम्हें अपने जीवन से प्रेम है? तो समय को व्यर्थ मत गंवाओ क्योंकि जीवन इसी से बना है : फ्रैंकलिन

जय राजस्थान दैनिक

8 मार्च 2002 वार - शुक्रवार

धर्म के मूल तत्व की समझ में अभाव में हिंसक हादसे

शांतिपीठ द्वारा विचार-गोष्ठी का आयोजन

उदयपुर, 7 मार्च। धर्म के मूल तत्व की समझ का अभाव और घोर विद्वेष समाज में हिंसक हादसे पैदा करता है। गुजरात में गोधरा की विभत्स दुखान्तिका और इसके बाद में चला अत्याचार का सिलसिला सी का दुष्परिणाम है।

इस घटना ने सदियों से शांति और अहिंसा के मूल्यों से विश्व में अपनी पहचान बनाए हुए भारत की प्रतिष्ठा पर कुठाराघात किया है। आवश्यकता इस बात की है कि राष्ट्र में आध्यात्मिक व लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ पैदा करने के साथ ही कानून, सुरक्षा व चौकसी के ऐसे पुख्ता इन्तजाम किये जायें जिससे न केवल हिंसक व अमानवीय हरकतों पर रोक लगे बल्कि शांति और बन्धुत्व की दिशा में विश्व की जो अपेक्षाएं भारत से है उस पर ठोस कार्य हो पाए।

यह विचार आज शांतिपीठ की ओर से गोधरा दुखान्तिका और इसके बाद की प्रतिक्रिया में दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने से पूर्व रखे। विचार गोष्ठी में नगर के प्रबुद्धजनों ने व्यक्त किये और वक्ताओं ने गुजरात राज्य की गोधरा दुखान्तिका को नव्य आतंकवाद की संज्ञा दी।

साबरमति एकसप्रेस में लोगों को जिन्दा जलाने के कायरतापूर्ण एवं अमानवीय कृत्य की घोर भर्त्सना की गई। इस घटना के साथ खिलवाड़ को समाज व राष्ट्र पर एक कलंक बताया।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए चिन्तक मोहनसिंह कोठारी ने अमानवीय हिंसक कृत्यों पर दृष्टिपात करते हुए कहा कि इसके लिए दो प्रमुख कारण है सांप्रदायिकता और हुड़दंगबाजी। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिकता से बढ़कर हुड़दंगबाजी है जो अयोग्यता के आधार ही नेतृत्व की लालसा में अंधी है।

उन्होंने कहा कि देश ने दुनिया में सर्वश्रेष्ठ संविधान की रचना की, किन्तु लोकतांत्रिक मूल्यों की अपेक्षा शिक्षा के अभाव में आदर्श संविधान की सार्थकता सिद्ध नहीं हो पाई।

पूर्व के शासन एवं जातियों की गुणात्मकता का जो अंकुश समाज पर था उसके हटजाने के बाद लोकतांत्रिक मूल्यों का अंकुश वह स्थान नहीं ले पाया।

शांतिपीठ के संस्थापक महासिचव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि धर्म व अध्यात्म समाज को जोड़ता है तथा एकता को निरन्तर समृद्ध और व्यापक बनाता है जबकि साम्प्रदायिकता की मनोवृत्ति इसके विपरीत परिणाम देती है। उन्होंने कहा कि सम्प्रदाय का लक्ष्य जब तक आध्यात्मिक है तभी वह समाज के लिए हितकारक है।

दैनिक भास्कर

उदयपुर विक्रम संवत २०५८, फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, दशमी, शुक्रवार, ८ मार्च, २००२

'धर्म का मूल तत्व नहीं समझने से विद्वेष'

उदयपुर। गुजरात के दंगों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए शांतिपीठ संस्था की गुरुवार को यहां हुई बैठक में वक्ताओं ने धर्म का मूल तत्व नहीं समझने को विद्वेष और हिंसा का कारण बताया। गोधरा दुखांतिका को नव आतंकवाद की संज्ञा देने के साथ ही गुजरात, राजस्थान में सांप्रदायिक तनाव, नरसंहार, लूटपाट को समाज व राष्ट्र पर कलंक बताया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की अपेक्षित शिक्षा के अभाव में आदर्श संविधान की सार्थकता सिद्ध नहीं हो रही है। संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि धर्म व आध्यात्म समाज को जोड़ता है तथा एकता को निरंतर समृद्ध और व्यापक बनाता है। सांप्रदायिकता की मनोवृत्ति इसके विपरीत परिणाम देती है। राष्ट्र निर्माण का लक्ष्य रखकर सारे आयाम सुनिश्चित किए जाने चाहिएं। डा.जी.एल. मेनारिया ने कहा कि अनेकता में एकता भारत की पहचान रही है। मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारे हमारी राष्ट्रीय धरोहर हैं, जिन्हें अक्षुण्ण रखना हर भारतीय का उत्तरदायित्व है। डा.संपतराज सेन, राजेंद्रसिंह राठौड़ ने भी विचार रखे।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 8 मार्च , 2002

'धर्म के मूल तत्व की समझ का अभाव हिंसा का कारण'

उदयपुर, 7 मार्च [वि.]। शांतिपीठ की ओर से गुरुवार को आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि धर्म के मूल तत्व की समझ के अभाव और घोर विद्वेष समाज में हिंसक हादसे पैदा करता है। कहा गया कि गुजरात में गोधरा की दुखांतिका और इसके बाद हुए दंगे इसी के दुष्परिणाम है। वक्ताओं ने कहा कि इस घटना ने सदियों से शांति और अहिंसा के मूल्यों से विश्व में अपनी पहचान बनाए हुए भारत की प्रतिष्ठा पर कुठाराघात किया है। अध्यक्षता मोहन सिंह कोठारी ने की। इस अवसर पर गोधरा रेलकांड में मरे लोगों तथा इसके बाद हुए दंगों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। गोष्ठी में शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी, डा.जी.एल. मेनारिया, डा.सम्पतराज सेन व राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने भी विचार व्यक्त किए।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत २०५८, कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, बुधवार, १४ नवंबर, २००१



शांतिपीठ की ओर से आयोजित बालदिपोत्सव में शांति का संकल्प लेते बालक।

विश्व शांति के लिए बच्चों की दुनिया में एका हो

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 13 नवंबर। बच्चों से चाचा नेहरू की उम्मीदों को मंगलवार को यहां शांतिपीठ के बाल-दीपोत्सव में उभारा गया। वक्ताओं ने विश्व शांति के लिए बच्चों की दुनियां में एका का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि उप जिला प्रमुख लक्ष्मीनारायण पंड्या ने कहा कि विश्व के बदलते परिदृश्य में पंडित नेहरू की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है, जो बच्चों में भारत व विश्व का नया रूप देखते थे। संस्था महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व की हर समस्या से बच्चे सीधे प्रभावित होते हैं। बच्चों की दुनियां एक बने तो विश्व शांति अवश्य आश्वस्त होगी।

बच्चे शांति व अहिंसा की संस्कृति के लिए नई पहल करें। अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त कलेक्टर व नगर दंडनायक हीरालाल कुणावत ने बाल दिवस की परंपरा का उल्लेख किया। इससे पूर्व बालिका शिवानी लोढ़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। संयोजन राजीव लोढ़ा व धन्यवाद ज्ञापन डा.जी.एल. मेनारिया ने किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 14 नवम्बर 2001



उदयपुर में शांतिपीठ के तत्त्वावधान में मंगलवार को आयोजित समारोह में मोमबत्ती जलाकर दीपोत्सव का शुभारंभ करते बच्चे।

'शांति का संदेश देने में बालकों की अहम भूमिका'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 13 नवम्बर। अतिरिक्त जिला कलक्टर [शहर] हीरालाल कुणावत ने कहा है कि समाज में शांति एवं भाईचारे का संदेश देने में बालक की अहम् भूमिका है।

वे मंगलवार को शांतिपीठ के तत्त्वावधान में दीपोत्सव-बाल दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम को अध्यक्ष के रूप में संबोधित कर रहे थे। समारोह के विशिष्ट अतिथि उप जिला प्रमुख लक्ष्मीनारायण पंड्या ने कहा कि समता का अवसर देकर बालक का समुचित विकास करने की जरूरत है। शांतिपीठ के महासचिव अनंद गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व में बढ़ते आतंकवाद को मिटाने के लिए बालकों को पहल करनी होगी। आरंभ में शिवानी लोढ़ा ने दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव की शुरुआत की। बाद में अन्य बच्चों ने भी मोमबत्ती जलाकर प्रकाश पर्व का शुभारंभ कर शांति, भाईचारे व सद्भाव का संकल्प लिया।

दैनिक नवज्योति

25 अक्टूबर, 2001

संयुक्त राष्ट्र का पुनर्गठन कर पूर्ण शक्ति सम्पन्न बनाया जाए

'वर्तमान में विश्प परिदृश्य और संयुक्त राष्ट्र' पर विचार गोष्ठी

उदयपुर, 24 अक्टूबर (न्यूज सर्विस)। विश्व के बदलते परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र का पुनर्गठन किया जाकर इसे पूर्ण रूप से स्वावलम्बी तथा शक्ति सम्पन्न बनाए जाए, जिससे यह विश्व संस्था अपने निहित संस्था उद्देश्यों की परिपूर्ति करते हुए गैर इन्सानियती ताकतों का दृढ़तापूर्वक मुकाबला कर सकें तथा विश्व के राष्ट्रों व जनता की अवस्था को केन्द्र सिद्ध हो। उक्त विचार बुधवार को संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में संस्थान के सभागार में 'वर्तमान में विश्व परिदृश्य और संयुक्त राष्ट्र' विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में बोलते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किए। गोष्ठी में मुख्य अतिथि आरएसएमएम के प्रबन्ध निदेशक के.एस. मणि थे, जबकि अध्यक्षता मोहन सिंह कोठारी ने की।

वर्तमान परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर भी अधिक सक्रिय भूमिका की आवश्यकता पर बल देते हुए मणि ने कहा कि यह विश्व के सभी देशों व दुनिया की जनता का सच्चा प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था बने इसके लिए बौद्धिक वर्ग व नवयुवकों में चेतना पैदा की जानी चाहिए जो लोकतान्त्रिक मूल्यों का सुदृढ़ कर सकें। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के गठन के लोकतान्त्रिक किए जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। गोष्ठी में बोलते हुए वयोवृद्ध गांधीवादी दीनदयाल दशोत्तर ने शान्ति के लिए समर्पित संस्थाओं, संगठनों व नागरिकों को एकजुट होने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि युद्ध का उत्माद विनाश का कारण है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर ऐसे वातावरण निर्मित किए जाने की आवश्यकता बताई, जिससे आपसी टकराव की स्थितियां नहीं उभर पाएं। उन्होंने कहा कि यह देश मानवीय अनुशासन के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहा है। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए मोहन सिंह राठौड़ ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का चार्टर बना वह विजेता राष्ट्रों का चार्टर था जिसे बदलकर नया रूप दिया जाना चाहिए। कोठारी ने 'वीटो' के अधिकार को पूर्णतया समाप्त किए जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। वास्तव में यह संगठन व इसके महासचिव नोबल शान्ति पुरस्कार हेतु बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का आर्थिक व सैन्य शक्ति से सशक्त बनाया जाना चाहिए, जिससे यह छद्म युद्ध जैसे आपदाओं का मुकाबला कर सकें।

सभा में वक्तव्य देते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आज विश्व मानवीय और हिंसक प्रवृत्तियों के संक्रमण काल से गुजर रहा है। नए समाज की संस्थापना के पूर्व की वेदना ने स्थापित मान्यताओं को झकझोर कर रख दिया है। विश्व कुटुम्ब की अवधारणा व अहिंसा की आचार संहिता वाले देश भारत को राष्ट्र की गरिमा और शक्ति के साथ विश्वात्मा का पोषण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दशक भर से संयुक्त राष्ट्र के पुनर्गठन की आवाज बहुत जोर से उठी है इसे यथाशीघ्र मूर्त रूप दिए जाने की भारत पहल करें। उन्होंने इस अवसर पर एक प्रस्ताव पारित किए जाने एवं यूएनओ एवं इसके महासचिव कॉफी अन्नान की शान्तिप्रिय कार्यक्रमों के लिए की गई उपलब्धियों पर मिले नोबल शान्ति पुरस्कार हेतु बधाई भेजने का सुझाव दिया। सभा में राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर रूपा हिण, शिक्षाविद् डॉ. ए.बी. पाठक, साहित्यकार औंकारश्री, बी.एनं. कॉलेज के प्रोफेसर बी.पी. शर्मा ने विचार व्यक्त किए।

विद्याभवन शिक्षक महाविद्यालय के प्रो. जी.एल. मेनारिया ने कार्यक्रम का संयोजन करते हुए बताया कि यूएनओ को बदलते विश्व परिदृश्य में अपने सभी संगठनों के उद्देश्यों, नीतियों एवं कार्यक्रमों का पुनर्निरीक्षण करना चाहिए। दुनिया में सैन्यवाद, आतंकवाद व उग्र राष्ट्रवाद तथा धर्मान्धता का खात्मा करने के लिए विश्व के सभी लोकतान्त्रिक देशों को एकजुट होकर यूनएनओ को नई दिशा देने की पहल करनी चाहिए। इस अवसर पर श्रीमती लक्ष्मी रूपम ने नैतिक मूल्यों के उन्नयन की आवश्यकता बताई। गोष्ठी में एक चतुर्सदस्यीय समिति गठित कर संयुक्त राष्ट्र एवं अन्य एजेन्सियों को भेजने के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया गया, जिसे सदन में सर्वसम्मति से पारित किया गया। अन्त में शान्तिपीठ के मंजूर अहमद ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ की ओर से उदयपुर में बुधवार सुबह गुलाबबाग स्थित गांधी प्रतिमा के समीप आयोजित शांति सभा में प्रबुद्ध नागरिकों के साथ स्कूली बच्चों ने भी भाग लिया व खाड़ी युद्ध की आशंकाओं के चलते ईश्वर से प्रार्थना की।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 17 जनवरी, 1991

उदयपुर में शान्ति सभा आयोजित की गई

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 16 जनवरी। खाड़ी क्षेत्र में शान्ति तथा संपूर्ण विश्व को युद्ध की विभीषिका से मुक्त रखने की कामना के लिए यहां बुधवार को सुबह स्वैच्छिक संस्था शान्तिपीठ की ओर से शान्तिसभा का आयोजन किया गया।

गुलाब बाग प्रांगण में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप आयोजित इस सभा में नगर के अनेक प्रबुद्धजन एवं विचारकों के साथ ही कई स्कूलों के नन्हे-मुन्ने बालक-बालिकाओं ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह अमरीका व उसके सहयोगी राष्ट्रों तथा इराक के शासनाध्यक्षों को सद्प्रेरणा प्रदान करे और समस्त विश्व को युद्ध की विभीषिका से निजात सुनिश्चित करे।

दोपहर करीब बारह बजे आयोजित सभा से पूर्व उपस्थित लोगों को वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व सांसद मास्टर बलवंत सिंह मेहता, साहित्यकार एवं चिंतक मंगल सक्सेना ने संबोधित किया। मेहता ने युद्ध एवं विनाश रोकने के लिए प्रार्थना रूपी सशक्त संबल के साथ ही समितियां गठित कर समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए विश्व शान्ति के लिए वैचारिक आंदोलन छेड़ने की आवश्यकता बताई।

मंगल सक्सेना ने विश्व शक्तियों से आग्रह किया कि वे अपने आचरण में बच्चों के भविष्य को भी ध्यान में रखे। सक्सेना ने कहा कि प्रार्थना में बहुत बल होता है और वह दुर्दान्त, युद्ध प्रिय लोगों के मानस बदलने की क्षमता रखती है। शान्तिपीठ के संस्थापक सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने महात्मा गांधी की प्रासंगिकता की और ध्यान खींचा व यह संकल्प दोहराया कि हम तन,मन, कर्म से शान्ति तथा विश्व के आंतरिक एवं बाह्य पर्यावरण की रक्षा के लिए सतत् प्रयत्नरत रहेंगे।

इस बीच बुधवार दिनभर उदयपुर ही नहीं संभाग के अन्य जिलों में भी लोग आसन्न खाड़ी युद्ध के नवीनतम समाचार जानने को उत्सुक रहे। दिनभर बाजारों, घरों, कार्यालयों में हरेक की जुबान पर खाड़ी युद्ध की ही चर्चाएं थीं। यहां तक कि स्कूली बच्चे भी संभावित युद्ध की त्रासदी से ग्रसित दिखाई दिए और बुधवार शाम 'पत्रिका' कार्यालय में एक स्कूली बच्चे ने टेलीफोन करके पूछा कि "क्या खाड़ी संकट के मामले में कोई समझौता हुआ अंकल।"

उदयपुर संभाग के डूंगरपुर, बांसवाड़ा व चित्तौड़

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 12 जनवरी, 1991

मेनका गांधी को कई ज्ञापन

अरावली अभियान समिति, शांतिपीठ, उदयपुर, इन्वार्नमेंटल ग्रुप, सेवा मंदिर आश्रम, सजीव सेवा समिति, इन्वार्नमेंटल कम्युनिटी सेंटर, इन्वार्नमेंटल सेल, सुखाड़िया वि.वि. उदयपुर संस्थाओं ने एक अपने संयुक्त ज्ञापन में मंडराती प्रदूषण की समस्या के लिए पुनः पेड़ लगाने, अमरकंजी व चीरवा घाटी की पुरातनता बनाए रखने के लिए महत्ती योजना क्रियान्वित करने आदि मांग की है।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 13 जनवरी, 1991

विवेकानंद जयंती पर कई समारोह

युवा वर्ग से 'राष्ट्र मंदिर' के पुजारी बनने का आह्वान

[कार्यालय संवाददाता]

'शांतिपीठ' की ओर से आयोजित गोष्ठी में संस्था के संस्थापक सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद समस्त संसार को विश्वात्मा मानने के भारतीय आदर्श को विश्वभर में पहुंचाने के लिए सततरत रहे। इस मौके पर शांतिपीठ के विकास कार्यक्रमों के सह निदेशक राजीव लोढा ने बताया कि आगामी एक माह तक विभिन्न स्थानों पर गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों का समापन 18 फरवरी को स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर होगा।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 16 जनवरी, 1991

खाड़ी युद्ध को लेकर शांतिपीठ की ओर से आज शांति सभा

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 15 जनवरी। खाड़ी में युद्ध के हालात तथा विश्व युद्ध के बढ़ते खतरे के मद्देनजर यहां स्वैच्छिक संस्था 'शांतिपीठ' की ओर से बुधवार सुबह गुलाबबाग में गांधी प्रतिमा के समीप शांतिसभा का आयोजन किया गया है।

शांतिपीठ के संस्थापक सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया कि यह सभा सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी जिसमें नगर के हर वर्ग एवं समुदाय के लोगों से भाग लेने की वे अपील करते हैं।

शांतिपीठ की ओर से यह अपील भी की गई है कि स्कूलों में छात्र-छात्राएं तथा विभिन्न धार्मिक स्थलों में भी नागरिक वृन्द प्रार्थनाएं आयोजित करें तथा इराक व अमरीका के शासनाध्यक्षों से शांति एवं भाईचारे की राह अपनाने की अपील करें।

पत्रिका उदयपुर, 1 अगस्त, 1991

हिरोशिमा स्मृति दिवस पर रैली का आयोजन

उदयपुर, 31 जुलाई [वि.]। शान्तिपीठ की ओर से 6 अगस्त को हिरोशिमा स्मृति दिवस के सिलसिले में 6 अगस्त को नगर में शान्ति रैली व सभा का आयोजन करेगी।

प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार 6 अगस्त को प्रातः 10 बजे टाउन हाल से एक शान्ति जुलूस प्रारंभ होगा, जिसमें नगर के कई विद्यालयों के विद्यार्थी व शिक्षकों के साथ अन्य संगठनों के प्रतिनिधि भी सम्मिलित होंगे। जुलूस मुख्य मार्गों से होता हुआ भण्डारी दर्शक मण्डप में सभा में परिणत हो जाएगा।

राजस्थान पत्रिका उदयपुर, 6 अगस्त, 1991

हिरोशिमा दिवस पर आज शांति रैली

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 5 अगस्त। जापान के शहर हिरोशिमा पर किए गए अमरीकी आणविक हमले की 46वीं वर्षगांठ पर स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ की ओर से यहां मंगलवार को शांति रैली एवं सभा का आयोजन होगा।

शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी के अनुसार अहिंसात्मक विश्व समाज की रचना के अभियान के तहत यह आयोजन पूर्ण निरस्त्रीकरण व पर्यावरण संरक्षण की मांग के प्रति जन चेतना जगाने का एक कदम होगा।

इस मौके पर सुबह 10 बजे टाउनहाल से स्कूली विद्यार्थियों की एक रैली निकाली जाएगी जो सूरजपोल, बापू बाजार, अश्विनी बाजार, चेतक सर्कल होते हुए भंडारी दर्शक मंडप पहुंचेगी। वहां आयोजित सभा को जाने माने साहित्यकार मंगल सक्सेना, प्रहलाद नारायण वाजपेयी आदि सम्बोधित करेंगे।

जय राजस्थान
Jai Rajasthan Daily
उदयपुर, बुधवार 7 अगस्त 1991



हिरोशिमा त्रासदी : उदयपुर में विशाल शांति मार्च

उदयपुर 6 अगस्त [निसं]। हिरोशिमा दुखांतिका की ४६वीं वर्ष गांठ पर शांतिपीठ द्वारा विशाल शांति मार्च का आयोजन किया गया जिसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों के करीब ८०० विद्यार्थियों तथा संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

संभागीय आयुक्त निहालचंद जैन ने नारे लिखी तख्ती दिखाकर जुलूस प्रारंभ किया जो टाऊनहाल से सूरजपोल, बापूबाजार, अश्विनी बाजार, हाथीपोल, चेतक सर्कल होते हुए भंडारी दर्शक मंडप पहुंचा जहां शांति सभा में बदल गया।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व में निशस्त्रीकरण का स्वप्न तब ही साकार हो पायेगा जब इसका आधार मात्र कूटनैतिक न हो बल्कि अहिंसा व मानव मूल्य हों।

सभा में जनजाति विकास राज्यमंत्री चुन्नीलाल गरासिया ने कहा कि यदि हम निरंतर शांति व पर्यावरण चेतना के कार्य में जुड़े रहेंगे तब ही राष्ट्र निर्माण और विश्व शांति के आदर्श तक पहंच पायेंगे।

सभा की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख समाज सेवी पी०एस० मुर्डिया ने शांति व सद्भावना के वातावरण को बनाए रखे जाने की आवश्यकता बताई। प्रारंभ में सेंट टेरेसा, सेंट मेरिज की छात्राओं ने शांति गीत गाये। सेंट ग्रीगोरियस की नन्हीं बालिका दीप्ति ने हम शांति चाहते हैं लिखी पट्टिका अध्यक्ष को ले जाकर दी। संयोजन संजीव लोढ़ा ने किया।

राजस्थान पत्रिका

23,700, कुल योग- 2,49,880 उदयपुर, बुधवार 7 अगस्त, 1991



हिरोशिमा दिवस पर मंगलवार को उदयपुर में स्कूली बच्चों ने शांति रैली निकाली।

हिरोशिमा दिवस पर शांति रैली

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 6 अगस्त। जापान के शहर हिरोशिमा पर ढाए गए परमाणविक कहर की 46वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में मंगलवार को यहां स्कूली बालक-बालिकाओं की शांति रैली निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए महाराणा भूपाल स्टेडियम पहुंचकर शांतिसभा में परिवर्तित हुई।

स्वयंसेवी संस्था शान्ति पीठ के तत्वावधान में आयोजित रैली, सुबह टाउन हॉल से आरंभ हुई जिसे संभागीय आयुक्त निहालचंद जैन ने विश्व शान्ति का नारा लिखी एक तख्ती दिखाकर रवाना किया। रैली सूरजपोल, बापू बाजार, अश्विनी बाजार, चेतक सर्कल होते हुए भूपाल स्टेडियम पहुंची। रैली में शरीक बच्चों के हाथों में विश्व शान्ति तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित नारे लिखी तख्तियां थीं। बच्चे दो-दो की कतार में चल रहे थे।

भूपाल स्टेडियम पर आयोजित शान्तिसभा में जनजाति विकास राज्यमंत्री चुन्नीलाल गरासिया ने विद्यार्थियों को कहा कि शान्ति एवं पर्यावरण चेतना के कार्य में निरंतर जुड़े रहकर ही हम राष्ट्र निर्माण एवं विश्वशांति के आदर्श ध्येय को पा सकेंगे।

इस अवसर पर शांतिपीठ के संस्थापक- सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने इस संस्था के ध्येय- 'अहिंसात्मक विश्व समाज की रचना' पर प्रकाश

[शेष पृष्ठ अंतिम कालम छह पर]

शांति रैली.....

[पृष्ठ एक कालम पांच का शेष]

डाला तथा अमरीका व रूस के बीच हाल ही सपन्न निरस्त्रीकरण वार्ता का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि निरस्त्रीकरण का ध्येय तभी पूरा होगा जब इसका आधार कूटनीतिक नहीं होकर अहिंसा व भावनामूल्यों पर टिका हो। सभा की अध्यक्षता समाजसेवी पी.एस. मुर्डिया ने की तथा वर्ष 1945 में हिरोशिमा नगर पर गिराए गए परमाणु बम से उत्पन्न विभीषिका तथा दुष्परिणामों की जानकारी दी। आरंभ में स्कूली बालिकाओं ने शांति गीत पेश किए। इस मौके पर तीन वर्षीय एक बालिका ने सभाध्यक्ष को 'हम शांति चाहते हैं' नारा लिखी एक पट्टिका भेंट की।

दैनिक नवज्योति, अगस्त 7, 1991
अजमेर

हजारों छात्रों ने शांति मार्च कर हिरोशिमा दुखान्तिका को श्रद्धांजलि दी

उदयपुर, 6 अगस्त (नव. न्यूज)। हिरोशिमा दुखान्तिका की ४६ वीं वर्षगांठ पर आज स्वैच्छिक संस्था शान्ति पीठ द्वारा एक विशाल शान्ति मार्च का आयोजन किया गया जिसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों के करीब ८००० विद्यार्थियों तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

जुलूस में शान्ति व पर्यावरण संरक्षण के नारे लिखी तख्तियां लेकर छात्र मौन चल रहे थे हिरोशिमा एक अभिशाम, खाड़ी युद्ध एक और अभिशाप बुश गोर्बाच्योव स्वागत आगे बढ़ो, युद्ध नहीं शान्ति, हर आप का पैगाम पर्यावरण संरक्षण आदि हिन्दी व अंग्रेजी में लिखे नारे रैली का विशेष आकर्षण थे।

यह शान्ति जुलूस स्थानीय टाउन हाल से प्रारम्भ हुआ जिसे संभागीय आयुक्त निहाल चन्द जैन ने नारे लिखी तख्ती दिखाकर रवाना किया। यह जुलूस सूरजपोल, बापू बाजार, अश्वनी मार्ग, हाथी पोल, चेटक होते हुए भंडारी मंडप में पहुंचा जहां यह शान्ति सभा में बदल गया।

शन्ति सभा में बोलते हुए जन जाति विकास राज्यमंत्री चुन्नीलाल गरासिया ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे विश्व शान्ति और पर्यावरण संरक्षण के महान् अभियान में लगे। उन्होंने कहा कि यदि हम निरन्तर शान्ति व पर्यावरण चेतना के कर्य में जुड़े रहेंगे, तब ही राष्ट्र निर्माण और विश्व शान्ति के आदर्श तक पहुंच पायेंगे।

सभा के प्रारम्भ में शान्ति पीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने शान्ति पीठ के एक अहिंसात्मक विश्व समाज की रचना के अभियान पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति बुश व राष्ट्रपति गोर्बाच्योव के बीच हुई नि:शस्त्रीकरण संधि का स्वागत किया और कहा कि विश्व में नि:शस्त्रीकरण का स्वप्न तब ही साकार हो पायेगा जब इसका आधार मात्र कूटनीतिक तक न हो बल्कि अहिंसा व मानव मूल्य हो।

उन्होंने विश्वास प्रकट किया कि अहिंसा का आधार होने पर ही विश्व में खाड़ी युद्ध जैसी विनाश लीलाओं की पुनरावृति नहीं होगी उन्होंने वर्तमान में किये जा रहे सैनिक खर्च में कटौती किये जाने की आवश्यकता बताई।

सभा की अध्यक्षता करते हुए समाज सेवी पी.एस. मुर्डिया ने जापान के नगर हिरोशिमा पर १९४५ में गिराये गये परमाणु बम की दुखान्तिका का व उसके वर्तमान में हो रहे दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए शान्ति व सद्भावना के वातावरण को बनाये जाने की आवश्यकता बतायी। उन्होंने अहिंसा के प्रशिक्षण की आवश्यकता भी प्रतिपादित की।

सभा के प्रारम्भ में सेंट टेरेसा व सेंट मैरिज की छात्राओं शान्ति गीत गाये। सेंट ग्रीगोरियस की तीन वर्ष की नन्हीं बालिका दिप्ति ने हम शान्ति चाहते हैं लिखी पट्टिका सभा अध्यक्ष को सुपर्द की। सभा का संयोजन शान्तिपीठ के राजीव लोढ़ा ने किया।

अगस्त 21, 1991

उदयपुर में आज

■ 'एक विश्व समाज की परिकल्पना तथा सोवियत संघ के संदर्भ में बदलता राजनीतिक परिवेश' विषयक गोष्ठी शान्तिपीठ कार्यालय में अपरान्ह 3.30 बजे।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 23 अगस्त, 1991

गोर्बाच्योव के स्वप्न को झुठलाना असंभवः मेहता

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 22 अगस्त। एक विश्व समाज की परिकल्पना राजतंत्र की शक्ति पर नहीं अपितु अहिंसात्मक आधार पर सामाजिक संरचना में बदलाव से ही संभव है। उक्त विचार बुधवार शाम यहां स्वैच्छिक संस्था शान्तिपीठ द्वारा एक विश्व समाज की परिकल्पना और सोवियत संघ के सन्दर्भ में बदलता राजनैतिक परिवेश विषयक विचार गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किए। प्रमुख वक्ता, पूर्व विदेश सचिव जगतसिंह मेहता ने कहा कि फौजी सामान की अभिवृद्धि ने देशों को कंगाल बना दिया। है। उन्होंने रूस में उत्पन्न संकट पर कहा कि लोकतंत्र की इच्छा को कुचला नहीं जा सकेगा और अंततः रूसी जनमत की ही विजय होगी। उन्होंने कहा कि गोर्बाच्योव ने शीतयुद्ध समाप्त करने की पहल की, उनके स्वप्न को झुठलाया नहीं जा सकेगा।

गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार व चिन्तक मंगल सक्सेना ने कहा कि वर्तमान संकट का समाधान विश्व की प्रबुद्ध चेतना को जागृत करने से ही संभव होगा और जो लक्ष्य हमें संप्रदाय वाद, राष्ट्रीयता, जातिवाद आदि से ऊपर उठाकर पारस्परिक संवाद, मानवाधिकार, पर्यावरण चेतना, अध्यात्म्य आदि दिशा में समवैत रूप से आगे बढ़ा सकते हैं। इसके लिए जन चेतना जागृत की जानी चाहिए तथा सत्ता का विकेन्द्रीयकरण ही एक मात्र उपाय है।

प्रारंभ में शान्तिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने राजीव गांधी-गोर्बाच्योव के नई दिल्ली संयुक्त घोषणा पत्र के अहिंसा पर आधारित विश्व समाज की और ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि मिखाइल गोर्बाच्योव द्वारा नई सामाजिक संरचना का आधार अहिंसा को मानना एक विश्व समाज की ओर बढ़ने में अपराजित संबल प्रदान करने के समान है।

इस अवसर पर विशिष्ठ वक्ता प्रो. रविन्द्र वर्मा ने कहा कि पेरेस्त्रोइका के बावजूद गोर्बाच्योव रूस की आर्थिक स्थिति को सुधारने में सफल नहीं हो सके, लेकिन नवचेतना की तरंगे हमें एक विश्व समाज की ओर ले जाती है और गोर्बाच्योव ने इसके लिए ईमानदारी से कोशिश की है। समाज सेवी किशोर सन्त ने कहा राजशक्ति के हाथों में समाज परिवर्तन की बागडोर नहीं दी जा सकती। यह गांधी का रास्ता नहीं है। वास्तव में समाज परिवर्तन तो मानवीय मूल्यों पर आधारित जनशक्ति ही करेगी। स्वतंत्रता सेनानी मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने कहा कि महात्मा गांधी वर्तमान संसदीय पद्धति के पक्ष में नहीं थे। केन्द्र के हाथ में समस्त राजनैतिक व आर्थिक शक्ति के केन्द्रीयकरण के खिलाफ थे। साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने कहा कि निःशस्त्रीकरण की ओर गोर्बाच्योव द्वारा किए गए प्रयत्नों के लिए मानव समाज ऋण रहेगा। गोष्ठी में प्रो. विजय नारायण, दीनदयाल दशोत्तर व बी.एल. समदानी ने भी विचार व्यक्त किए।

8, * जनमंगल 22 अगस्त 1991

फौजी सामान की अभिवृद्धि ने देशों को कंगाल बना दिया है

–जगतसिंह मेहत

एक विश्व समाज की परिकल्पना राजतन्त्र की शक्ति पर नहीं अपितु अहिंसात्मक आधार पर सामाजिक संरचना में बदलाव से ही सम्भव है।

उक्त विचार बुधवार शाम यहां स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ द्वारा एक विश्व समाज की परिकल्पना और सोवियत संघ के संदर्भ में बदलता राजनैतिक परिवेश विषयक विचार गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किये।

प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए पूर्व विदेश सचिव जगतसिंह मेहता ने कहा कि फौजी सामान की अभिवृद्धि ने देशों को कंगाल बना दिया है यद्यपि निर्गुट सिद्धान्त की विजय हुई है लेकिन वास्तव में तो पिछले 45 वर्षों में दुनिया को दो हिस्सों में बांट कर सभी देशों ने विकास के लिये अपने संसाधनों को खर्च करने की बजाय वाम और दक्षिण में बंटी हुई दुनिया के पारस्परिक महायुद्ध की आशंका का भय फैलाया और इस प्रकार अपने आर्थिक विकास की बलि देकर अपने सैनिक विकास पर धन व्यय किया। जगत मेहता ने कहा कि शीत युद्ध वास्तव में एक काल्पनिक भय था जो सन् 1960 के बाद सम्भाव्य नहीं था क्योंकि दोनों महाशक्तियों के पास इतने अधिक विनाशकारी आयुद्ध एकत्रित हो गये थे कि वे युद्ध कर ही नहीं सकते थे चूंकि युद्ध का परिणाम किसी की जीत नहीं होना बल्कि पृथ्वी का विनाश होता। उन्होंने रूस में उत्पन्न संकट पर कहा कि लोकतन्त्र की इच्छा को कुचला नहीं जा सकेगा और अन्ततः रूसी जनमत की ही विजय होगी। उन्होंने कहा गोर्बाच्योव ने शीतयुद्ध समाप्त करने की पहल की। गोर्बाच्योव के स्वप्न को झुठलाया नहीं जा सकेगा। सूचना क्रांति ने राजनैतिक जागृति उत्पन्न कर दी और फलस्वरूप हर व्यक्ति को अपने अधिकारों का पता लग गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार व चिन्तक मंगल सक्सेना ने कहा कि वर्तमान संकट का समाधान विश्व की प्रबुद्ध चेतना को जागृत करने से ही सम्भव होगा और जो लक्ष्य हमे सम्प्रदायवाद, राष्ट्रीयता कते हैं उनके लिये जन चेतना जागृत की जानी चाहिये तथा सत्ता का विकेंद्रीकरण ही एक मात्र उपाय है जैसा कि महात्मा गांधी ने हमें रास्ता दिखाया था। यदि गोर्बाच्योव रूसी जनता की नैतिक अन्तः चेतना को जागृत करने में सफल हुए है तो येल्तसीन के नैतृत्व में गोर्बाच्योव को मुक्त करने का जन आन्दोलन निश्चय ही सफल होगा।

प्रारम्भ में शांतिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने राजीव गांधी गोर्बाच्योव के नई दिल्ली संयुक्त घोषणा–पत्र के अहिंसा पर आधारित विश्व समाज की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि मिखाइल गोर्बाच्योव द्वारा नई सामाजिक संरचना का आधार अहिंसा को मानना एक विश्व समाज की ओर बढ़ने में अपराजित सम्बल प्रदान करने के समान है। उन्होंने वैश्विक चेतना के नव जागरण के सन्दर्भ में आईन्सटाईन व अरविन्द घोष के स्वप्न को इस ओर चलने में दिशा सूचक बताया।

इस अवसर पर विशिष्ठ वक्ता के रुप में बोलते हुए राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर रविन्द्र वर्मा ने कहा कि पेरेस्त्रोईका के बावजूद गोर्बाच्योव रुस की आर्थिक स्थिति को सुधारने में सफल नहीं हो सके। वर्मा ने कहा, येल्तसीन का रुसी सैनिकों के नाम जो सदेश है कि संगीनों से सिहासन प्राप्त किया जा सकता है किन्तु अधिक समय तक इस पर टिका नहीं जा सकता निश्चय ही प्रभावी होगा। उन्हों ने कहा नवचेतना की तरंगे हमें एक विश्व समाज की ओर ले जाती है और गोर्बाच्योव ने इसके लिये ईमानदारी से कोशिश की है।

प्रमुख समाज सेवी किशोर सन्त ने कहा राजशक्ति के हाथों में समाज परिवर्तन की बागडोर नहीं दी जा सकती यह गांधी का रास्ता नहीं है। वास्तव में समाज परिवर्तन तो मानवीय मूल्यों पर आधारित जन शक्ति ही करेगी और विश्व की प्रबुद्ध नैतिकता को ही नैतृत्व करना होगा। उन्होने कहा भारत को अपनी मौलिक शक्ति को पहचानना चाहिये और आज संकट की घड़ियों में एक विश्व समाज की परिकल्पना को साकार करने की पहल करनी चाहिये। वयोवृद्ध स्वतन्त्रता सेनानी मास्टर बलवन्तसिंह मेहता ने कहा कि महात्मा गांधी वर्तमान संसदीय पद्धति के पक्ष में नहीं थे। केन्द्र के हाथ में समस्त राजनैतिक व आर्थिक शक्ति के केन्द्रीयकरण के खिलाफ थे। अपने मृत्यु के पूर्व रात्रि को विधान का जो प्रारुप उन्होंने लिखा था वह उनकी विरासत है जो हमें लक्ष्य की ओर बढ़ने में मार्गदर्शक है। साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने कहा कि निःशस्त्रीकरण की ओर गोर्बाच्योव द्वारा किये गये प्रयत्नों के लिये मानव समाज ऋणी रहेगा। दे
रात तक चली इस गोष्ठी में प्रो. वि
जय नारायण, गांधीवादी दीन दया
दशोत्तर, व बी एल. समदानी ने
विचार व्यक्त किया।

उदयपुर में आज

■ शान्तिपीठ की ओर से गांधी जयन्ती की पूर्व संध्या पर 'बदलता सामाजिक परिवेश और गांधी विचार' विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन शान्तिपीठ कार्यालय, भूपालपुरा में सायं 5.00 बजे।

1-10-91

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 3 अक्टूबर, 1991

गांधी दर्शन से समस्याओं का समाधान संभव

उदयपुर, 2 अक्टूबर [वि.]। स्वैच्छिक संस्थान शान्ति पीठ की ओर से गांधी जयन्ती की पूर्व संध्या पर मंगलवार को बदलता सामाजिक परिवेश और गांधी विचार विषयक गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बढ़ते आतंकवाद, पर्यावरणीय विघटन, बीमार अर्थव्यवस्था, जातिवाद व सांप्रदायिकता जैसी समस्याओं का समाधान, अहिंसा व सत्य पर आधारित गांधी दर्शन से ही संभव है। गोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डा. बी.आर. पुरोहित थे। अध्यक्षता दीनदयाल दशोत्तर ने की। गोष्ठी में वयोवृद्ध गांधी वादी विचारक बलवंत सिंह मेहता, शान्ति पीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी, साहित्य-कार राजेन्द्र सक्सेना, सेवा मंदिर के महासचिव अजय मेहता, कन्हैयालाल बापना, शान्तिलाल भंडारी, एन.के. चोरसिया व जसपाल सिंह ने भी अपने विचार रखे।

राजस्थान पत्रिका

कुल योग- 2,58,070 उदयपुर, शुक्रवार 25 अक्टूबर, 1991

आर्थिक कार्यक्रमों पर सहमति वाली राष्ट्रीय सरकार का गठन हो: साठे

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 24 अक्टूबर। पूर्व केन्द्रीय मंत्री बसंत साठे ने कहा है कि हमें जात-पांत से ऊपर उठकर भारत को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि देश के मौजूदा हालात में विवादास्पद मुद्दों को दरकिनार रख आर्थिक कार्यक्रमों पर आम सहमति के आधार वाली राष्ट्रीय सरकार का गठन अधिक हितकर होगा।

वह गुरुवार को यहां संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के उपलक्ष में कृषि विस्तार निदेशालय में स्वैच्छिक संस्था 'शांतिपीठ' की ओर से आयोजित विचारगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने 'बदलता परिवेश व संयुक्त राष्ट्र संघ' विषय पर दिए व्याख्यान में कहा कि भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की प्रक्रिया में ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने राष्ट्र संघ के सिद्धांतों की जानकारी के लिए गांव-गांव में क्लब गठित किए जाने की बात कही, साथ ही दुख जताया कि आज हम महात्मा गांधी के रास्तों से भटक गए हैं व जात-पांत के नाम पर सत्ता हथियाने की दौड़ में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जयचंद व मानसिंह की मनोवृत्ति से देश का विघटन हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि विश्व के मौजूदा हालात इस बात के साक्ष्य हैं कि कमजोर देश की आवाज कोई नहीं सुनता। हम अपने गौरवशाली अतीत का बखान तो करते हैं लेकिन इसका अनुसरण नहीं करते। उन्होंने कहा कि भारत को सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरना होगा ताकि 'विश्व समाज' की परिकल्पना को साकार करने में भागीदारी निभा सके। गोष्ठी की अध्यक्षता कृषि विस्तार निदेशालय के निदेशक औंकार सिंह राठौड़ ने की। आरंभ में इतिहासविद डा. गोपीनाथ शर्मा ने राष्ट्र संघ के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कूटनीतिक एवं राजनीतिक स्वार्थों के कारण इसके उद्देश्यों में बाधा उत्पन्न हुई है। साहित्यकार डा. रामगोपाल शर्मा 'दिनेश' ने भारत की अर्थव्यवस्था

[शेष पृष्ठ अंतिम कालम चार पर]

साठे .....

[पृष्ठ एक कालम आठ का शेष]

में सुधार के लिए कानूनों में संशोधन की बात कही। डा. आर.के. वर्मा ने आणविक अस्त्रों पर किए जा रहे खर्च को मानव कल्याण के कार्यों की ओर मोड़ने की जरूरत बताई। इस अवसर पर शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने आणविक अस्त्रों पर पूर्ण रोक की मांग की। इस गोष्ठी में साठे ने डा. आर.एम. लोढ़ा की पुस्तक 'एन्विरोनमेंटल एसेज' नामक पुस्तक का विमोचन किया।

दैनिक नवज्योति

अजमेर दिनांक 26 अक्टू. 1991

हमारा देश गांधी के रास्ते से भटक गया है- साठे

उदयपुर, 25 अक्टूबर (नव.न्यूज)। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री वसंत साठे ने देश की वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में विवादाग्रस्त मुद्दों को टालकर एक आर्थिक कार्यक्रम पर सहमति के आधार पर राष्ट्रीय सरकार की महत्ता प्रतिपादित की है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के माध्यम से एक विश्व सरकार परिकल्पना को मूर्त रूप देने पर भी बल दिया।

श्री साठे यहां शांतिपीठ के तत्वावधान में ४६वें संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के अवसर पर आयोजित बदलता परिवेश और संयुक्त राष्ट्र संघ विषयक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। श्री साठे ने अपनी उदयपुर यात्रा को रोमांचक बताते हुये चित्तौड़ एवं हल्दी घाटी जैसे स्मारकों को तीर्थ स्थान बताया जिसे भावी एवं वर्तमान पीढी प्रेरणा ले सकती है।

उन्होंने कहा कि हमारे मनीषियों एवं राष्ट्रीय आंदोलन के नेताओं ने सदैव विश्व कल्याण की बात सोची। साठे ने याद दिलाया आजादी से पूर्व ही भारत संयुक्त राष्ट्र संघ के गठन में सक्रिय रहा।

उन्होंने खेद व्यक्त किया कि हमारा देश गांधी के रास्ते से भटक गया है। तथा आजकल मूल्यों से समझौता किया जाने लगा है। जातपात के नाम पर सत्ता हथियाने की प्रवृति को उन्होंने देश के लिये घातक बताया। साठे ने बताया कि जयचंद और मानसिंह जैसी मनोवृति से देश के विघटन का खतरा है।

साठे ने घर घर एवं गांव गांव में संयुक्त राष्ट्र संघ के सिद्धांतों की जानकारी कराने के लिये क्लबों का गठन करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने भारत को वर्तमान परिस्थितियों में सशक्त बनाने की आवश्यकता बताते हुये कहा कि कमजोर की आवाज को दुनिया में महत्व नहीं मिलता है हमारा इतिहास गौरवमय रहा है परन्तु हम इसका बयान ही करते है अनुसरण नहीं। उन्होंने आपसी द्वेष, कटुता और जातपात से ऊपर उठकर सशक्त राष्ट्र के निर्माण में जुट जाने का आह्वान किया जिससे एक विश्व समाज की परिकल्पना को साकार करने में भारत पहलकर सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये विस्तार निदेशालय के निदेशक डा. ओंकारसिंह राठौड़ ने संयुक्त राष्ट्र संघ के सिद्धांतों की सफलता के लिये एक आंदोलन की आवश्यकता बताई तथा आशा व्यक्त की कि इस कार्य में भारतीय चिंतन एवं दर्शन सहायक सिद्ध होगा।

प्रारंभ में इतिहासविद डा. गोपीनाथ शर्मा ने विषय प्रवर्तन करते हुये संयुक्त राष्ट्र संघ के इतिहासी पर दृष्टिगत किया और कूटनीति एवं राजनैतिक स्वार्थों को इसके उद्देश्यों की पूर्ति में बाधक बताया। साहित्यकार डा. राम गोपाल शर्मा, दिनेश ने अपने देश की स्थिति को सुधारने पर बल देते हुये अर्थ व्यवस्था को दोषपूर्ण बताया और देश के कानूनों में आवश्यक परिवर्तन करने की सलाह दी। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञ डा.आर.के. वर्मा ने आणविक अस्त्रों पर किये जा रहे खर्च को निरर्थक बताते हुये सुझाव दिया कि यह धन मानव कल्याण पर खर्च किया जाय। शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने आणविक अस्त्रों के निमार्ण एवं परीक्षण पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा रोक लगाये जाने की मांग की।

सरदार जसपालसिह ने इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा छोटे देशों को संरक्षण देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा किसी भी शक्ति के दबाव में आये बगैर कार्य करने की आवश्यकता बताई। डा. मधु सूदन आचार्य ने संयुक्त राष्ट्र संघ के रचनात्मक कार्यक्रमों की सराहना की।

प्रारंभ में वसंत साठे का स्वागत किया गया। इस अवसर पर साठे ने डा. आर.एम. लोढ़ा द्वारा लिखित पर्यावरण पुस्तक का विमोचन भी किया।

नवभारत राजस्थान : 25 अक्टूबर, 1991

जात - पात के नाम पर सत्ता हथियाने की परिपाटी घातक

उदयपुर २४ अक्टूबर [दा]। पूर्व केंद्रीय मंत्री बसंत साठे ने आर्थिक कार्यक्रमों में सहमति के आधार पर राष्ट्रीय सरकार की महत्वों की फिर वकालात की है।

साठे आज यहां शांतिपीठ के तत्वावधान में ४६वां संयुक्त राष्ट्र दिवस पर आयोजित से बदलता परिवेश और संयुक्त राष्ट्र संघ विषयक गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देश की वर्तमान परिस्थितियों का हवाला देते जातपांत से ऊपर उठकर ही राष्ट्र का निर्माण संभव हो सकता है।

उन्होंने जातपांत के नाम पर सत्ता हथियाने की परिपाटी को देश के लिए घातक बताते हुए कहा कि आज विभिन्न राजनैतिक पार्टियों द्वारा मूल्यों के साथ समझौता करने की परिपाटी का विकास हो रही है। देश के विघटन का खतरा पैदा हो गया है। गोष्ठी की अध्यक्षता विस्तार निदेशालय में निदेशक ओंकारसिंह राठौड़ ने की

नवभारत टाइम्स

जयपुर, शनिवार, २६ अक्टूबर, १९९१

जातपात के नाम पर सत्ता हथियाना घातक : साठे

□ समाचार सेवा □

उदयपुर, २५ अक्टूबर। शांतिपीठ के तत्वावधान में विस्तार निदेशालय सभागार में ४६वाँ संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित 'बदलता परिवेश और संयुक्त राष्ट्र संघ' विषय की संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री बसंत साठे ने अपनी उदयपुर यात्रा को रोमांचक बताया। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ एवं हल्दीघाटी जैसे स्मारक तीर्थ स्थान हैं जिनसे भावी एवं वर्तमान पीढ़ी प्रेरणा ले सकती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान विश्वव्यापी समस्याओं के संदर्भ में कहा कि हमारे मनीषियों एवं राष्ट्रीय आंदोलन के नेताओं ने सदैव विश्व कल्याण की बात सोची। साठे ने याद दिलाया आजादी से पूर्व ही भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में सक्रिय रहा। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि हमारा देश गाँधी के रास्ते से भटक गया है तथा आजकल मूल्यों से समझौता किया जाने लगा है। जातपात के नाम पर सत्ता हथियाने की प्रवृत्ति को उन्होंने देश के लिए घातक बताया। साठे ने बताया कि जयचंद और मानसिंह जैसी मनोवृत्ति से देश के विघटन का खतरा है।

साठे ने घर-घर एवं गाँव-गाँव में संयुक्त राष्ट्र संघ के सिद्धांतों की जानकारी कराने के लिए क्लबों का गठन करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने भारत को वर्तमान परिस्थितियों में सशक्त बनाने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि कश्मीर की आवाज को दुनिया में महत्व नहीं मिलता है। हमारा इतिहास गौरवमय रहा है परन्तु हम इसका बखान ही करते हैं अनुसरण नहीं।

उन्होंने आपसी द्वेष, कटुता और जातपात से ऊपर उठकर सशक्त राष्ट्र के निर्माण में जुट जाने का आह्वान किया, जिससे एक विश्व समाज की परिकल्पना को साकार करने में भारत पहल कर सके। साठे ने संयुक्त राष्ट्र संघ के माध्यम से एक विश्व सरकार परिकल्पना को मूर्त रूप देने पर बल दिया। उन्होंने देश की वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में विवादग्रस्त मुद्दों को टाल कर एक आर्थिक कार्यक्रम पर सहमति के आधार पर राष्ट्रीय सरकार की महत्ता प्रतिपादित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विस्तार निदेशालय डॉ. ओंकार सिंह राठौड़ ने संयुक्त राष्ट्र संघ के सिद्धांतों की सफलता के लिए एक वैचारिक आंदोलन की आवश्यकता बताई तथा आशा व्यक्त की कि इस कार्य में भारतीय चिन्तन एवं दर्शन सहायक सिद्ध होगा।

प्रारम्भ में इतिहासविद् डॉ. गोपीनाथ शर्मा ने विषय प्रवर्तन करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के इतिहास पर दृष्टिपात किया और कूटनीति एवं राजनीतिक स्वार्थों को इसके उद्देश्यों की पूर्ति में बाधक बताया। उन्होंने इस अन्तरराष्ट्रीय संगठन की सफलता के लिए मानव को मानव के नजदीक लाने संबंधित कार्यक्रमों पर बल दिया और कहा कि इस कार्य के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ छोटे-छोटे राष्ट्रीय संगठनों के माध्यम से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

साहित्यकार डॉ. रामगोपाल शर्मा ने अपने देश की स्थिति को सुधारने पर बल देते हुए अर्थव्यवस्था को दोषपूर्ण बताया और देश के कानूनों में आवश्यक परिवर्तन करने की सलाह दी। अन्तरराष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञ डॉ. आर.के. वर्मा ने आणविक अस्त्रों पर किए जा रहे खर्च को निरर्थक बताते हुए सुझाव दिया कि यह धन मानव कल्याण पर खर्च किया जाए। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि विश्व के एक चौथाई वैज्ञानिक शस्त्रों पर शोध कर रहे हैं तथा विकास कार्यों से १७ गुणा राशि अस्त्रों पर खर्च की जा रही है।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 29 नवम्बर, 1991

राष्ट्रीय एकता के लिए समान नागरिक संहिता जरूरीः मेहता

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 28 नवम्बर। राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति दिनकरलाल मेहता ने कहा है कि राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने के लिए देश में समान नागरिक संहिता लागू किए जाने की जरूरत है।

वह गुरुवार को यहां स्वैच्छिक संस्था 'शांतिपीठ' की ओर से प्रताप शोध संस्थान सभागार में आयोजित 'हमारे राष्ट्रीय मूल्यों पर आसन्न संकट' विषयक गोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। संगोष्ठी में राजस्थान लघु उद्योग विकास निगम के अध्यक्ष भानुकुमार शास्त्री तथा साहित्यकार मंगल सक्सेना ने भी विचार रखे।

मेहता ने 'विधि की भूमिका' के परिप्रेक्ष्य में नागरिक बोध की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पूरे संविधान की आत्मा है जिसमें समानता, मातृभाव, सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय के आधार बिन्दुओं में उन सभी



उदयपुर में शांतिपीठ की ओर से गुरुवार को आयोजित गोष्ठी में बोलते न्यायमूर्ति दिनकर-लाल मेहता।

बातों का समावेश है जो दुनिया के सभी धर्मशास्त्रों में वर्णित है।

कश्मीर, पंजाब, असम आदि में उत्पन्न हालात पर चिन्ता प्रकट करते हुए उन्होंने इन समस्याओं का कारण जिम्मेदारी से टलने की प्रवृत्ति बताया और इस घातक प्रवृत्ति से छुटकारे के लिए आत्मशोध की आवश्यकता जताई। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1957 के मुबारक अली प्रकरण में दिए गए निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय दण्ड विधान, जो 100 वर्ष पूर्व बना है, को आज के परिप्रेक्ष्य में लागू किया जाए।

न्यायाधिपति ने कई धाराओं का उल्लेख किया और संविधान में वर्णित अधिकार एवं कर्तव्यों के व्यापक क्षेत्र का विश्लेषण करते हुए राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में जनहित याचिका के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि प्रजा और नागरिक में अंतर होता है। भारतीय संविधान के अनुसार नागरिक वही है जो संविधान में उल्लिखित कर्तव्यों का पालन करते हुए अधिकारों के लिए जागरुक रहे व संघर्ष करता रहे। जो ऐसा नहीं करे वह प्रजा है, नागरिक नहीं। उन्होंने [illegible] केट' और 'आर फोर रैट' के बजाय क्रमशः 'काइस्ट व राम' पढ़ाया जाए तो हम संविधान की मूल अवधारणा की रक्षा करेंगे।

गोष्ठी के विशिष्ट अतिथि भानुकुमार शास्त्री ने प्रस्तुत परिस्थितियों में एक नए दृष्टिकोण को अपनाए जाने की बात की व राष्ट्र के विभिन्न रोगग्रस्त अंगों का उपचार ठीक ढंग से करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने भारत के गौरवमय अतीत से शिक्षा लेकर राष्ट्र निर्माण के कार्य में पुरुषार्थ करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने संविधान के संदर्भ में कहा कि संविधान हमारा है लेकिन इसमें हमारापन नहीं है, इस कमी को पूरा करने की आवश्यकता है। शास्त्री ने वर्तमान शिक्षा पद्धति पर निराशा व्यक्त की और कहा कि राष्ट्र बोध के लिए शिक्षा में सुधार का अभियान शुरू किया जाना चाहिए।

गोष्ठी के अध्यक्ष मंगल सक्सेना ने नई विश्व व्यवस्था में भारतीय उपमहाद्वीप की स्थिति व भूमिका को समझने की आवश्यकता बताई। उन्होंने पाकिस्तान और चीन के प्रति अमरीका की बदली नीति तथा सोवियत रूस के अब विश्व शक्ति न रह जाने के सन्दर्भ में आशंका जताई कि भारत को एक युद्ध पाकिस्तान से व दूसरा युद्ध चीन से न झेलना पड़ जाए क्योंकि अमरीका के कूटनीतिक उद्देश्यों में साम्यवाद का अब एक और शिखर देश चीन ही रह जाता है और उसे भारत से ही लड़ाया जा सकता है।

इससे पूर्व शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सांस्कृतिक वैभव और प्राचीन गौरव के अनुकूल राष्ट्र निर्माण कैसे हो? क्या आतंकवादी और उग्रवादी पैदा किए जाने की मशीनरी समाज में नहीं है? विश्व युद्ध के हालात टल जाने के बाद भी भारतीय उपमहाद्वीप में एक अघोषित युद्ध की परिस्थितियां मौजूद नहीं हैं? उन्होंने राष्ट्रीय मूल्यों पर आसन्न संकट के प्रति सभी प्रबुद्धजनों से चिन्तन की अपेक्षा की। बी.एन. कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक मनोहर सिंह कृष्णावत ने सभी का स्वागत किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्या प्रचारिणी सभा के उपाध्यक्ष स्वरूप सिंह चुंडावत ने भी समान नागरिक संहिता के बनाए जाने की आवश्यकता बताई।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 12 दिसम्बर, 1991

लोकसत्ता की स्थापना से ही मानवाधिकारों की रक्षा

उदयपुर, 11 दिसम्बर [वि.]। सही अर्थों में जब लोकसत्ता स्थापित होगी तभी मानवाधिकारों की रक्षा हो सकेगी। वर्तमान परिस्थितियों में सत्ता एक सीमित हिंसा का नाम है और सर्वेक्षणों के अनुसार आज भी दुनिया के कम से कम 96 देश व्यवस्था के नाम पर दमन का भरपूर उपयोग करते हैं तथा इनमें से 60 देशों की तो नीति ही दमनात्मक है ऐसी परिस्थितियों में मानवाधिकार की लड़ाई सजगता और अनुशासन के साथ लगातार लड़ी जानी चाहिए जिसका आधार अहिंसा व आत्मशक्ति हो।

उक्त विचार मंगलवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ द्वारा आयोजित एक विचार गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किए। गोष्ठी में बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार व चिन्तक मंगल सक्सेना ने कहा कि भारतीय दार्शनिकों, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक प्रतिनिधियों ने पुरातन-काल से यही सिखाया है कि प्रकृति के साथ व्यक्ति का सम्बन्ध उपभोग का न होकर उपासना का होना सदैव ही हर प्रकार के सर्वाधिकार सम्पन्न सत्ता परस्त अहंकार को चुनौती देता रहा है।

राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर रवीन्द्र वर्मा ने मानवाधिकार के घोषणा-पत्र के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विशेषज्ञ स्मित की अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान शताब्दी में 1 करोड़ 43 लाख व्यक्ति अपनी ही सरकारों द्वारा मारे गए हैं।

शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने मानवाधिकारों की रक्षा के लिए मूल्यों पर आधारित व्यवस्था स्थापित करने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए समाज में आर्थिक व राजनैतिक विकेन्द्रीकरण के जरिए जनतांत्रिक मूल्यों के प्रति सच्चे समर्पण पर जोर दिया।

साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने कहा कि जो सरकार व्यक्ति की गरिमा और उसकी बुनियादी जरूरतों की उपेक्षा करे वह स्थिर नहीं रह सकती। आज राजनैतिक सत्ताओं की यह मजबूरी है कि वे मानवाधिकारों की अवहेलना न करें।

गोष्ठी में राजेन्द्र मोहन भटनागर, एडवोकेट मन्नाराम डांगी, प्रोफेसर विजय नारायण, सरदार जसपाल सिंह, डा. एल.एल. शर्मा और वेलराम धोगरा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता बलवंत सिंह मेहता ने की।

जय राजस्थान

उदयपुर, गुरूवार 12 दिसंबर 1991

मानवाधिकारों की रक्षार्थ सही अर्थों में लोकसत्ता स्थापना जरूरी

उदयपुर [नसं]। सही अर्थों में जब लोकसत्ता स्थापित होगी तभी मानवाधिकारों की रक्षा हो सकेगी। वर्तमान परिस्थितियों में सत्ता एक सीमित हिंसा का नाम है और सर्वेक्षणों के अनुसार आज भी दुनिया कम से कम ६६ देश व्यवस्था में दमन का भरपूर उपयोग करते हैं तथा इनमें से ६० देशों की तो नीति ही दमनात्मक है। ऐसी परिस्थितियों में मानवाधिकार की लड़ाई सजगता और अनुशासन के साथ लगातार लड़ी जानी चाहिये जिसका आधार अहिंसा व आत्मशक्ति हो।

उक्त विचार मंगलवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित एक विचार गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किये।

गोष्ठी में बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार व चिंतक मंगल सक्सेना ने कहा कि भारतीय दार्शनिकों, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक प्रतिनिधियों ने पुरातनकाल से यही सिखाया है कि अच्छाई और बुराई एक ही परम तत्व से उत्पन्न होकर उसी में विलय होती है तथा मानव मात्र में दिव्यता का वास होता है।

इस अवसर पर राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर रविंद्र वर्मा ने मानवाधिकार के घोषणा पत्र के इतिहास को बताते हुए मानवाधिकार की आज की परिस्थितियों का चित्रण किया और एक विशेषज्ञ स्मित की अध्ययन रिपोर्ट बताते हुए कहा कि वर्तमान शताब्दी में १ करोड़ ४३ लाख व्यक्ति तो अपनी ही सरकारों द्वारा मारे गये है।

शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने मानवाधिकारों की रक्षा के लिए मूल्यों पर आधारित व्यवस्था स्थापित करने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

साहित्यकार राजेंद्र सक्सेना ने कहा कि जो सरकार व्यक्ति की गरिमा और उसकी बुनियादी जरूरतों की उपेक्षा करे वह स्थिर नहीं रह सकती। साहित्यकार राजेंद्र मोहन भटनागर ने कहा कि गांधीजी के समान आचरण में दर्शन को उतारा जाये और मन के आवेगों और इच्छाओं के आधार पर नहीं आत्म सजगता के आधार पर जीवन जीया जाये तभी मानवमात्र के मूलभूत अधिकारों की रक्षा होगी। गोष्ठी में एडवोकेट मन्नाराम डांगी, प्रोफेसर विजय नारायण, सरदार जसपाल सिंह, डा० एल०एल० शर्मा और वेलाराम धोगरा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

मानव मात्र में दिव्यता का वास है: मंगल सक्सेना

सही अर्थों में जब लोकसत्ता स्थापित होगी तभी मानवाधिकारों की रक्षा हो सकेगी। वर्तमान परिस्थितियों में सत्ता एक सीमित हिंसा का नाम है और सर्वेक्षणों के अनुसार आज भी दुनिया के कम से कम 96 देश व्यवस्था में दमन का भरपूर उपयोग करते हैं तथा इनमें से 60 देशों की तो नीति ही दमनात्मक हैं। ऐसी परिस्थितियों में मानवाधिकार की लड़ाई सजगता और अनुशासन के साथ लगातार लड़ी जानी चाहिये जिसका आधार अहिंसा व आत्मशक्ति हो।

उक्त विचार विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित एक विचार गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किये।

गोष्ठी में बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार व चिन्तक मंगल सक्सेना ने कहा कि भारतीय दार्शनिकों, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक प्रतिनिधियों ने पुरातनकाल से यही सिखाया है कि अच्छाई और बुराई एक ही परम तत्व से उत्पन्न होकर उसी में विलय होती है तथा मानव मात्र में दिव्यता का वास होता है। मनुष्य में ईश्वर देखने की यह भावना तथा प्रकृति के साथ उनका सम्बन्ध उपभोग का न होकर उपासना का होना सदैव ही हर प्रकार के सर्वाधिकार सम्पन्न सत्ता परस्त अहंकार को चुनौती देता रहा है। हमें सिखाया गया है कि व्यक्ति मात्र की अस्मिता और गरिमा के साथ छेड़-छाड़ करने का अर्थ है दिव्यता और ईश्वरत्व से लड़ाई मोल लेना है और इसी पृष्ठ भूमि में गांधीजी के राजनैतिक दर्शन को समझा जाना चाहिये जहां किसी भी प्रकार की सत्ता और व्यवस्था को वे न्यूनतम अधिकारों की अवस्था में परिकल्पित करते हैं और मानव मात्र के कल्याण को केन्द्र में

इस अवसर पर राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर रविन्द्र वर्मा ने मानवाधिकार के घोषणा-पत्र के इतिहास को बताते हुए मानवाधिकार की आज की परिस्थितियों का चित्रण किया और एक विशेषज्ञ श्री स्मित की अध्ययन रिपोर्ट बताते हुए कहा कि वर्तमान शताब्दी में 1 करोड़ 43 लाख व्यक्ति तो अपनी ही सरकारों द्वारा मारे गए हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित मानवाधिकारों को यथार्थ में लागू करने की आवश्यकता बताई।

गोष्ठी में बोलते हुए शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने मानवाधिकारों की रक्षा के लिये मूल्यों पर आधारित व्यवस्था स्थापित करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। समाज में आर्थिक व राजनैतिक विकेन्द्रिकरण की जरुरत बताते हुए उन्होंने जनतान्त्रिक मूल्यों के प्रति सच्चे समर्पण की आवश्यकता बताई।

साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने कहा कि जो सरकार व्यक्ति की गरिमा और उसकी बुनियादी जरुरतों की उपेक्षा करे वह स्थिर नहीं रह सकती। दी जंगल और डा. जिवागो जैसी कृतियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि साहित्य ने नरसंहार के खिलाफ और नस्लों को नष्ट करने के खिलाफ आवाज उठाई है।

साहित्यकार राजेन्द्र मोहन भटनागर ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि गांधीजी के समान आचरण में दर्शन को उतारा जाए और मन के आवेगों और इच्छाओं के आधार पर नहीं आत्म सजगता के आधार पर जीवन जीया जाए तभी मानव मात्र के मूलभूत अधिकारों की रक्षा होगी। गोष्ठी में एडवोकेट मन्नाराम डांगी, प्रोफेसर विजय नारायण, सरदार जसपाल सिंह, डा. एल एल. शर्मा और वेलाराम घोगरा ने भी अपने

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 27 जुलाई, 1992

हिरोशिमा दिवस पर 6 को रैली

उदयपुर, 26 जुलाई [वि.]। यहां आगामी 6 अगस्त को शान्ति पीठ की ओर से हिरोशिमा दिवस के अवसर पर संगोष्ठी व शान्ति रैली का आयोजन होगा। विश्व शान्ति निःशस्त्रीकरण और पर्यावरण संवर्धन के प्रति जन जागृति पैदा करने के ध्येय से शान्ति पीठ प्रतिवर्ष हिरोशिमा स्मृति दिवस पर ये आयोजन करती है। शान्ति पीठ के संस्थापक सचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने बताया कि 6 अगस्त की पूर्वाहन शान्ति जुलूस का आयोजन होगा, जिसमें नगर के 50 विद्यालयों के छात्र छात्राओं के साथ विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। जुलूस सुबह 10.00 बजे टाऊन हाल से प्रारंभ होगा, जो नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ भण्डारी दर्शक मण्डप पर विशाल सभा में बदल जाएगा। जुलूस को हरी झंडी दिखाने को फिल्म अभिनेता, सांसद सुनील दत्त को बुलाया जा रहा है। इसी दिन अपरान्ह भारतीय उपमहाद्वीप में शान्ति विषयक विचार गोष्ठी का भी आयोजन होगा।

हिरोशिमा दिवस पर रैली

उदयपुर, 25 जुलाई (वि.) । हिरोशिमा दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ द्वारा 6 अगस्त को संगोष्ठी तथा शांति रैली आयोजित की जाएगी ।

हिरोशिमा दिवस पर प्रातः 10 बजे फिल्म अभिनेता व सांसद सुनील दत्त की अगुवाई में शांति जुलूस निकाला जाएगा । जिसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे ।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 9 मई, 1992



शुक्रवार को उदयपुर के सरदारपुरा क्षेत्र में शांतिपीठ के प्रस्तावित भवन के भूमिपूजन समारोह में बोलते अरविन्द सिंह 'मेवाड़'। उनके दाएं नगर विकास प्रन्यास अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह लिखारी व मेवाड़ महामंडलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री बैठे हैं।

शांतिपीठ के भवन का भूमि पूजन संपन्न

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 8 मई। विश्व शांति एवं बंधुत्व प्रसार के ध्येय को लेकर चल रही संस्था शांतिपीठ के प्रस्तावित भवन का शिलान्यास शुक्रवार सुबह यहां गुमानियावाला क्षेत्र में विधिविधान के साथ सम्पन्न हुआ।

भूमि पूजन की रस्म शांति पीठ के [illegible] अरविन्द सिंह 'मेवाड़' के हाथों सम्पन्न हुई। समारोह में नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह लिखारी व मेवाड़ महामंडलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अरविन्द सिंह 'मेवाड़' ने संस्था को नगर के मध्य उपयुक्त भूखण्ड प्रदान कराने के लिए प्रन्यास का आभार जताया व आशा व्यक्त की कि यहां शीघ्र ही सुन्दर भवन बनेगा जो विविध प्रवृत्तियों द्वारा जन चेतना से जुड़कर लोक कल्याण का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा शांति पीठ का ध्येय मेवाड़ के गौरव के अनुकूल है और प्रस्तुत परिस्थितियों में प्रासंगिक भी।

मेवाड़ महामण्डलेश्वर ने शांति पीठ के विगत 8 वर्ष के क्रियाकलाप की सराहना करते हुए कहा कि जो चेतना सत्य पर आधारित है, वह आनन्द को जन्म देती है। इस सच्चिदानन्द की अनवरत उपासना ही शान्ति पीठ का लक्ष्य है और वही हमें विश्व शान्ति एवं विश्व कल्याण की ओर अग्रसर करेगी।

समारोह के अध्यक्ष ने नरेन्द्र सिंह लिखारी ने गुरुबाणी के उद्धरण दिए व शांति पीठ की प्रवृत्तियों को लोक हितकारी बताया और कहा शान्ति पीठ ने अमरकंजी के प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार का जो कार्य प्रारम्भ किया है उसमें हम सब नगरवासियों को पूरा सहयोग देना चाहिए। आरम्भ में डॉ. प्रभुलाल अग्रवाल ने आगन्तुकों का स्वगत किया। शान्ति पीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संस्था की गतिविधियों की चर्चा करते हुए इसकी भावी योजना

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 6 अगस्त, 1992

हिरोशिमा दिवस पर आज शान्ति रैली

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 5 अगस्त। हिरोशिमा दिवस के उपलक्ष में गुरुवार को यहां स्वैच्छिक संस्था शान्तिपीठ के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति स्कूली बालक-बालिकाओं की रैली का आयोजन होगा।

शान्तिपीठ के संस्थापक सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी के अनुसार बच्चों की रैली को टाउनहाल पर 9.30 बजे जिला कलक्टर राकेश श्रीवास्तव हरीझंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भंडारी दर्शक मंडप पहुंचेगी जहां आयोजित सभा को पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता, भारतीय इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष पी.एल. अग्रवाल आदि संबोधित करेंगे।

जय राजस्थान
उदयपुर, शुक्रवार 7 अगस्त 1992



हिरोशिमा दिवस पर शांति रैली

उदयपुर, ६ अगस्त (कासं)। हिरोशिमा दुखांतिका की ४७वीं वर्षगांठ पर शांतिपीठ ने हर वर्ष की भांति शांति मार्च व सभा का आयोजन कर एक रैली निकाली।

शांति सभा में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने मनुष्य के नैतिक बल को शांति और विकास का आधार बताते हुए छात्र-छात्राओं से कहा कि आज की नई पीढ़ी संकल्प की धनी है और उसके इरादे पक्के हैं।

उन्होंने विद्यार्थी वर्ग से आह्वान किया कि इस शहर की सुरक्षा आपके हाथ में है, इसलिए हमेशा रक्षार्थ हेतु तैयार रहे।

सभा को संबोधित करते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने पर्यावरण संरक्षण के कार्य को विश्व शांति का पूरक बताया। उन्होंने जीवन मूल्यों को स्थापित किये जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। भारत इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डॉ० पी०एल० अग्रवाल ने सभा की अध्यक्षता की।

प्रारंभ में सेंट मेरीज स्कूल की बालिकाओं ने विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर फिडलिस के साथ शांति संगीत प्रस्तुत किया। जिला कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव ने टाउनहाल प्रांगण में शांति के प्रतीक सफेद कबूतर आसमान में छोड़कर शुरुआत की। संचालन विपिन गांधी ने किया।

राजस्थान पत्रिका

कुल योग- 2,71,140 उदयपुर, शुक्रवार 7 अगस्त, 1992



हिरोशिमा दिवस के अवसर पर गुरुवार को स्कूली बालक-बालिकाओं की शांति रैली निकली।

हिरोशिमा दिवस पर रैली व सभा आयोजित

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 6 अगस्त। जापान के नगर हिरोशिमा पर परमाणु हमले की 47वीं वर्षगांठ के अवसर पर गुरुवार को यहां स्कूली बालक-बालिकाओं की शांति मार्च का आयोजन हुआ तथा बाद में भंडारी दर्शक मंडप में सभा की गई।

स्वयंसेवी संस्था शांतिपीठ की ओर से आयोजित शांति मार्च सुबह टाउन हॉल से आरंभ हुआ। स्कूली बालक-बालिकाओं की रैली को जिला कलक्टर राकेश श्रीवास्तव ने आकाश में श्वेत कपोत उड़ाकर रवाना किया तथा टाउनहॉल से सूरजपोल तक स्वयं रैली में शरीक हुए। हल्की वर्षा के दौर में यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भंडारी दर्शक मंडप पहुंची। वहां आयोजित सभा को पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता, शांतिपीठ के संस्थापक सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संबोधित किया। अध्यक्षीय भाषण भारतीय इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष पी.एल. अग्रवाल ने दिया। सभी वक्ताओं ने निरस्त्रीकरण तथा विश्व शांति के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाते रहने की जरूरत बताई। सभा के आरंभ में स्कूली छात्राओं ने शांति गीत पेश किया।

हिरोशिमा दुखान्तिका पर शांति मार्च व सभा हुई

उदयपुर 6 अगस्त [एवन्यूज]। हिरोशिमा दुखान्तिका की 47 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज शान्तिपीठ द्वारा उदयपुर में प्रतिवर्ष की तरह शान्ति मार्च व सभा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में छात्र - छात्राओं, शिक्षकों एवं अनेक स्वैच्छिक संगठनों के लोगों ने हिस्सा लिया।

शान्तिसभा में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने मनुष्य के नैतिक बल को शान्ति और विकास का आधार बताया। उनहोंने छात्र - छात्राओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि बारिश के चलते भी विद्यार्थी वर्ग द्वारा परी तादाद में हिस्सा लेना इस बात का प्रमाण है कि नई पीढ़ी संकल्प की धनी है और इनके इरादे पक्के है। उन्होंने शान्ति जैसे उद्देश्य की प्राप्ति के लिए नियमित कार्यक्रम शुरू किए जाने पर बल दिया।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने पर्यावरण संरक्षक के कार्य को विश्व शान्ति का पूरक बताया। उन्होंने शान्ति और सद्भाव को मानव समाज के भावी विकास का आधार बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारत इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डा. पी.एल. अग्रवाल ने 1945 में हिरोशीमा पर डाले गए परमाणु बम की विभिषिका इसके दुष्परिणामों की जानकारी दी और कहा कि मानव समाज शान्त और प्रेम चाहता है।

प्रारंभ में संट मेरिज की बालिकाओं ने शान्ति संगीत प्रस्तुत किया। जिला कलक्टर राकेश श्रीवास्तव ने टाउन हाल में श्वेत कपोत आसमान में छोड़कर रैली का शुभारंभ किया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से गुजर कर भंडारी दर्शक मंडप में सभा में बदल गई।

प्रातःकाल

श्रावण शुक्ला 10 शुक्रवार दिनांक 7 अगस्त 1992



हिरोशिमा दिवस पर उदयपुर में निकाले गये शांतिमार्च का दृश्य। फोटो : कल्पना

हिरोशिमा दिवस पर शांति मार्च व सभा

उदयपुर, 6 अगस्त (वि.)। हिरोशिमा दुखांतिका की 47 वी वर्ष-गांठ के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा गुरूवार को शांतिमार्च व सभा का आयोजन किया गया। शांति मार्च में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्वैच्छिक संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया।

शांति मार्च प्रातः 10 बजे टाउन-हाल प्रांगण से प्रारंभ हुआ। जिला कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव ने श्वेत कपोत आसमान में छोड़ शांति मार्च को रवाना किया तथा सूरजपोल तक स्वयं नेतृत्व किया। बारिश की परवाह न करते हुए हजारों छात्रों ने इस मार्च में भाग लिया। छात्र अपने हाथों में शांति, निःशस्त्रीकरण, पर्यावरण संरक्षण व नैतिक उत्थान के संबंध में लिखित तख्तियां, बेनर्स, पोस्टर लिये चल रहे थे।

यह शांति जुलूस सूरजपोल, बापू बाजार, अश्वनी मार्केट, चेटक सर्कल होता हुआ भंडारी दर्शक मंडल में पहुंच शांति सभा में बदल गया।

शांति सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने मनुष्य के नैतिक बल को शांति व विकास का आधार बताया। सभा की अध्यक्षता भारत इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डा. पी.एल. अग्रवाल ने की।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने भी अपने विचार रखे तथा पर्यावरण संरक्षण के कार्य को विश्व शांति का पूरक बताया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 17 अगस्त, 1992

शाकाहार के महत्व पर संगोष्ठी आयोजित

उदयपुर, 16 अगस्त [वि.]। शांतिपीठ के तत्वावधान में शनिवार को नव निर्माण संघ में 'अहिंसा मूलक समाज निर्माण में शाकाहार का महत्व' विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्रमुख वक्ता शाकाहार आंदोलन के प्रचारक एवं लेखक डा. नेमीचंद जैन ने कहा कि यदि विश्व को तनाव और आतंक से बचाना है तो आहार-विहार का मूल्यांकन मानवीय और अहिंसक आधार पर करना होगा। डा. जैन ने कहा कि क्रूरता के स्थान पर पुनः करुणा को बिठाने के लिए शाकाहार का जन आंदोलन चलाने की आवश्यकता है। गोष्ठी की अध्यक्षता शिक्षाविद बी.पी. जोशी ने की। प्रारंभ में समाजसेवी आर.एम. कुम्भट ने डा. नेमीचंद का परिचय कराया और शाकाहार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी।

गांधी जयंती पर संभाग में सर्व-धर्म प्रार्थना सभाएं, प्रभातफेरी व गोष्ठियां

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 2 अक्टूबर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 124वीं जयंती के उपलक्ष में समूचे अंचल में समारोहपूर्वक, श्रद्धाभाव से याद किया गया। इस अवसर पर जगह-जगह सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं हुईं। प्रभातफेरियां निकलीं, गोष्ठियां आयोजित की गईं। इस मौके पर बेरोजगारों व महिलाओं के लिए दो नई योजनाएं शुरू की गईं, समाज कल्याण सप्ताह में विविध समारोहों की श्रृंखला भी आरंभ हुई। शनिवार को ही पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की 89वीं जयंती मनाई गई।

उदयपुर में गांधी जयंती पर सुबह शास्त्री सर्कल से प्रभातफेरी निकली जो अंबेडकर चौराहा, देहलीगेट, सूरजपोल होते हुए गुलाब बाग पहुंची। वहां सर्वोदय मंडल व शांतिपीठ के तत्वावधान में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सम्मुख सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया। प्रभातफेरी व सर्वधर्म सभा में नगर की स्कूलों के बालक-बालिकाएं मौजूद थे। इस अवसर पर बच्चों को अल्पाहार वितरित किया गया। समाज कल्याण उपनिदेशक एस.एल. पालीवाल ने समाज कल्याण सप्ताह के सात दिवसीय कार्यक्रमों की जानकारियां दीं।

[illegible] की शिक्षण संस्थाओं में

उदयपुर में आज

- गांधी जयंती के उपलक्ष में समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रभात फेरी शास्त्री सर्किल से सुबह 3.30 बजे, गांधी शांति प्रतिष्ठान, शांति पीठ के सहयोग से सर्व धर्म सभा गांधी प्रतिमा गुलाब बाग प्रांगण में सुबह 7 बजे।
- राजस्थान किसान संघ का चित्तौड़गढ़ प्रांत दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन विद्या निकेतन हिरण मगरी सेक्टर-4 में सुबह 10 बजे
- 39वें वन्य प्राणी सप्ताह के तहत विद्यार्थियों का जन्तुआलय भ्रमण सुबह 11 बजे।
- गांधी स्मृति मंडी समिति की ओर से 'गांधी जी के सपनों का भारत' विषयक गोष्ठी का उद्घाटन समिति प्रांगण में सुबह 11 बजे।
- युगधारा की ओर से भूकंप त्रासदी पर संवेदना गोष्ठी एवं प्रार्थना सभा राजस्थान साहित्य अकादमी सभागार में शाम 4 बजे।
- आलोक संस्थान पूर्व छात्र परिषद सम्मेलन आलोक की फतहपुरा व हिरणमगरी शाखाओं में शाम 4.00 बजे।
- लायंस क्लब लेकसिटी सेवा सप्ताह के तहत सार्वजनिक अस्पताल के लेप्रोसी वार्ड में फल व दवा वितरण शाम पांच बजे।
- जनता दल [दि.] की बैठक 5 अलकापुरी में शाम 5 बजे।
- सिद्धयोग ध्यान केंद्र में सत्संग शाम 5.30 बजे।
- विशानगर नवयुवक समिति की ओर से पंचम विनस सांस्कृतिक संध्या विशानगर वणिक समाज भवन [कोलपोल] रात 8 बजे।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 23 अक्टूबर, 1992

संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस कल

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 22 अक्टूबर। संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के उपलब्ध में शनिवार को यहां विचार गोष्ठी का आयोजन होगा।

स्वयं सेवी संस्था शांतिपीठ तथा जिला प्रशासन के तत्वावधान में दोपहर को विस्तार निदेशालय में आयोजित इस गोष्ठी की मुख्य अतिथि केन्द्रीय उपमंत्री डा. गिरिजा व्यास होंगी, अध्यक्षता सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के. रॉय करेंगे जबकि राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष भानुकुमार शास्त्री गोष्ठी के विशिष्ठ अतिथि होंगे।

उल्लेखनीय है इस बार संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस पर सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ ही संयुक्त राष्ट्रसंघ का ध्वज भी फहराया जाएगा।

राजस्थान पत्रिका

कुल योग- 2,80,420 उदयपुर, रविवार 25 अक्टूबर, 1992

राष्ट्रसंघ की प्रासंगिकता बदली, भारत प्रभावी भूमिका निभाए- गिरिजा

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 24 अक्टूबर। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण उपमंत्री डॉ. गिरिजा व्यास ने कहा है कि आज संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता में बदलाव आ चुका है और अब इसकी पुनर्संरचना आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत को स्वयं सशक्त बनने के साथ ही राष्ट्रसंघ में नई व प्रभावी भूमिका निभानी होगी।

वह संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के उपलक्ष में शनिवार को यहां कृषि विस्तार निदेशालय सभागार में सामाजिक संस्था शान्तिपीठ की ओर से आयोजित विचार गोष्ठी में बोल रही थीं। 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र संघ का पुनर्गठन कितना आवश्यक' विषयक इस गोष्ठी की प्रमुख अतिथि डॉ. गिरिजा व्यास ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ की जब स्थापना हुई तब विश्व में व्यवहारवाद हावी था लेकिन अब वह प्रासंगिक नहीं रहा। अब इसकी प्रासंगिकता के साथ ही इसके पुनर्गठन पर भी सोचना जरूरी है। इससे भी ज्यादा जरूरी है कि भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में अपनी भूमिका को और प्रभावी बनाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंहराव की मान्यता है कि भारत अपने आपको सशक्त राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करे साथ ही व्यवहारवाद एवं भारत की पुरातन संस्कृति के शान्ति एवं सहअस्तित्व के सिद्धान्तों का समन्वय करके नई भूमिका अदा करे।

डॉ. गिरिजा ने कहा कि आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है, भारत वर्ष शान्ति के अर्थ समझता है और यह देश पुरानी व नई सोच का सामंजस्य बिठा कर राष्ट्रसंघ को नई दिशा देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि युद्ध जरूरी हो तो लड़े ही जाएंगे और संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद या साधारण सभा पर निर्भरता से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि युद्ध की त्रासदी महिलाओं को सर्वाधिक झेलनी पड़ती है अतः महिलाओं को चाहिए कि वे शान्ति एवं सहअस्तित्व के सिद्धान्त को लेकर आवाज बुलन्द करें। इसी के साथ बुद्धिजीवी वर्ग को भी विश्व शान्ति के ध्येय के प्रति सदैव सचेष्ट रहना होगा।

गोष्ठी के विशिष्ट अतिथि राजस्थान लघु उद्योग

[शेष पृष्ठ 15 पर]

राष्ट्रसंघ की प्रासंगिकता .....

[पृष्ठ एक का शेष]

निगम के अध्यक्ष भानु कुमार शास्त्री ने कहा कि आज के सन्दर्भों में संयुक्त राष्ट्र संघ एक आडम्बर लगता है। उन्होंने कहा कि आज महती जरूरत है राष्ट्रसंघ के दर्शन में बदलाव लाने की क्योंकि अलग-अलग शिविरों में विभक्त राष्ट्रसंघ पंगु हो चला है। शक्तिशाली व धनी देश अपनी स्वार्थसिद्धी के लिए इसका उपयोग कर रहे हैं। गरीब देश पिस रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज अद्वैतवाद के सिद्धांत को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज सभी जगह भारत की संस्कृति के अनुरूप समन्वय की नीति अपनाई जानी चाहिए, संघर्ष की राह छोड़नी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक किसी देश में राष्ट्रवाद की भावना नहीं पनपेगी अंतर्राष्ट्रीयवाद की बात करना ही बेमानी सिद्ध होगा।

समारोह की अध्यक्षता सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के. रॉय ने की। उन्होंने कहा कि मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय हालात में जरूरी है कि भारत खुद शक्तिशाली बनें, तभी विश्व मंच पर उसकी बात का महत्व होगा। गोष्ठी में डा. आर.एम. वर्मा के साथ ही नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह लिखारी ने भी विचार व्यक्त किए। गोष्ठी का संचालन शांतिपीठ के संस्थापक सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने किया।

संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस पर शनिवार को यहां सभी सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र संघ का ध्वज भी फहराया गया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 9 दिसम्बर, 1992

शांति, सद्भाव बहाली की अपील

शान्ति पीठ में आयोजित बैठक में पीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी, सद्भावना समिति के संयोजक मंजुल अहमद, प्रहलाद नारायण वाजपेयी, डा. एल.एल. शर्मा ने साम्प्रदायिक सद्भावना और सौहार्द की मेवाड़ की ऐतिहासिक परम्परा को रेखांकित किया और इसे जीवन मूल्यों का आधार बताते हुए नागरिकों से अपील की कि उक्त परम्परा को तहेदिल से निभाएं और नगर की शांति बरकरार रखने में अपनी भूमिका अदा करें।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 11 दिसम्बर, 1992

इंसानियत की भावना मानवाधिकारों का मूलमंत्र- अगवानी

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 10 दिसम्बर। जाने माने शिक्षा शास्त्री, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. शफी अगवानी ने कहा है कि सदैव संपूर्ण इंसानियत की भावना को लेकर चलने से ही मानवाधिकारों की रक्षा संभव हो पाएगी।

वह गुरुवार की शाम यहां स्वैच्छिक संस्था शांति पीठ की ओर से शांति पीठ कार्यालय में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति सदा पूर्ण एवं नया इन्सान बनने की ख्वाहिश रखे तथा इन्सानियत की राह पर चलता रहे तो मानवाधिकार सहज सुरक्षित रह सकेंगे। मानवाधिकारों के घोषणा पत्र के संदर्भ में उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण को स्वयं में एक उपलब्धि माना जाना चाहिए क्योंकि यह एक मापदंड है जिसे आदर्श मानकर विकास की यात्रा तय की जा सकती है। डा. अगवानी ने जनतंत्र के संदर्भ में कहा कि धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत में मिलावट करना जनतंत्र पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि नफरत की भावना की परिणति केवल हादसों के रूप में सामने आती है।

राजनीति शास्त्री डॉ. रविन्द्र वर्मा ने गोष्ठी में कहा कि कर्तव्य चेतना का विकास आज की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य भाव के बिना मानवाधिकारों की कामना निरर्थक है।

शांति पीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने भी कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कर्तव्य-बोध के साथ ही मानव मूल्यों की प्रतिस्थापना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन में सार्वभौमिकता के सिद्धांत को स्वीकारा गया है।

एडवोकेट एस.एस. चूंडावत ने कहा कि मानवाधिकार एवं जनतंत्र की अवधारणा ऐतिहासिक है। उन्होंने वेदान्त के हवाले से कहा कि उनमें भी न्यायोचित अधिकारों का उल्लेख मिलता है। उन्होंने मानवाधिकारों का विषय स्कूली पाठ्यक्रमों में शरीक करने की राय दी तथा अदालतों में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने मानवाधिकारों के परिप्रेक्ष्य में लोक अदालतों के महत्व को स्वीकारा। गोष्ठी की अध्यक्षता भारतीय इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष पी.एल. अग्रवाल ने की।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 27 जुलाई, 1993

हिरोशिमा दिवस पर शांति रैली

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 26 जुलाई। विश्व शान्ति, निःशस्त्रीकरण और उच्च जीवन मूल्यों की स्थापना के कार्यों में संलग्न संस्था शान्तिपीठ के तत्वावधान में हिरोशिमा दिवस पर आगामी 6 अगस्त को यहां शान्ति रैली का आयोजन किया जाएगा।

संस्था की एक विज्ञप्ति के अनुसार रैली में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, स्वैच्छिक व सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि तथा जागरुक नागरिक सम्मिलित होंगे। रैली सुबह 10 बजे टाऊनहॉल से रवाना होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए भूपाल स्टेडियम पर शान्ति सभा में बदल जाएगी।

दैनिक नवजीवन

दिनांक २८-७-१९९३

शांति पीठ के तत्वावधान में 6 अग. को हिरोशिमा दिवस

उदयपुर, 27 जुलाई। विश्व शान्ति, निःशस्त्रीकरण और उच्च जीवन मूल्यों के उन्नयन में लगा संस्थान शान्तिपीठ के तत्वावधान में आगामी हिरोशिमा दिवस पर शान्ति रैली का आयोजन किया जायेगा।

रैली में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, स्वैच्छिक व सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि व जागरूक नागरिक सम्मिलित होंये। यह मौन जुलूस प्रात: 10 बजे टाऊन-हॉल स रवाना होकर नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ अन्त में मण्डारी दर्शक मण्डप ग्राउण्ड में जाकर एक शान्ति सभा में बदल जायेगा।

6 अगस्त, 1945 के दिन परमाणु बम की त्रासदी को भुगता जापान का नगर हिरोशिमा की याद दिलाते हुए इस आयोजन का उद्देश्य आणविक खतरों और पर्यावरण विघटन से जनमानस को सजग करना है और अन्तत: दुनिया को अणु अस्त्रों से पूरी तरह मुक्त करना है। साथ ही आण-विक उर्जा भी मानव समाज के सामने एक गंभीर प्रश्न बन चुका है।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, शनिवार, 7 अगस्त, 1993



'हिरोशिमा दिवस' पर शुक्रवार को उदयपुर में स्कूली बच्चों की शांति रैली निकली।

हिरोशिमा दिवस पर शान्ति रैली निकली

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 6 अगस्त। 'हिरोशिमा दिवस' की स्मृति में शुक्रवार को यहां स्कूली बालक-बालिकाओं की शांति रैली आयोजित की गई।

स्वयंसेवी संस्था शांति पीठ की ओर से आयोजित इस रैली में नगर की करीब 30 शिक्षण संस्थाओं के बच्चे शरीक हुए। शहर के मुख्य मार्गों से गुजरे मौन जुलूस में शामिल ये बच्चे अपने हाथों में विश्व शांति, अणु युद्ध की विभीषिका, पर्यावरण संरक्षण संबंधी नारे लिखे बैनर, तख्तियां लिए चल रहे थे। टाउन हॉल प्रांगण से यह रैली सुबह 10 बजे आरंभ हुई। जिला कलक्टर विपिन चंद्र शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया व कुछ दूरी तक स्वयं रैली के आगे-आगे चले। दिल्ली गेट, बापू बाजार, सूरजपोल, झीणी रेत, अमल का कांटा, आर.एम.वी. स्कूल होते हुए यह रैली गुलाब बाग पहुंची जहां सभा आयोजित हुई।

सभा में राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष मंगल सक्सेना ने स्कूली विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अभी से दृढ़ संकल्प शक्ति का विकास करें तभी जीवन में कुछ हासिल कर पाएंगे। सभा को शिक्षाविद नियाज बेग मिर्जा, शांतिपीठ के संस्थापक सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने भी संबोधित किया तथा हिरोशिमा व नागासाकी शहरों पर परमाणु हमलों से हुए विनाश की याद ताजा कराते हुए विश्व शांति के महत्व पर प्रकाश डाला। सभा में बच्चों को आचार्य राधा गोविन्द ने शांति मंत्र का उच्चारण कराया। शहर के

, 4 अगस्त, 1993 3

हिरोशिमा दिवस पर शांति रैली

उदयपुर, 3 अगस्त [वि.]। शान्तिपीठ द्वारा हिरोशिमा दिवस पर 6 अगस्त को प्रस्तावित शान्ति रैली सुबह 10 बजे टाउन हाल से आरंभ होगी जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई अन्त में गुलाबबाग में [हाथीवाला चौक] पहुंच कर शान्ति सभा में बदल जाएगी।

शांतिपीठ के प्रवक्ता राजीव लोढ़ा के अनुसार पूर्व में निर्धारित कार्यक्रमानुसार शान्ति सभा भण्डारी दर्शक मण्डप में होना तय था किन्तु किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उक्त स्थान की बजाय अब यह गुलाबबाग में रखी गई है।

उदयपुर में आज

■ शान्ति पीठ की ओर से हिरोशिमा दिवस पर शान्ति जुलूस का आयोजन टाउनहाल प्रांगण में प्रातः 9.30 बजे तथा शान्ति सभा का आयोजन गुलाब बाग [हाथी वाला चौक] में प्रातः 11 बजे।

■ श्रीराम सत्संग मण्डल के महिला विभाग की ओर से सत्संग विहार कार्यक्रम का आयोजन जंदेश्वर महादेव परिसर में प्रातः 11

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 12 अक्टूबर, 1993

संत मोरारी बापू ने अमरखजी व श्रीनाथजी के दर्शन किए

उदयपुर, 11 अक्टूबर [वि.]। मानस मर्मज्ञ संत मोरारी बापू ने रविवार को अमरखजी महादेव के दर्शन किए।

वे खड़गदा [डूंगरपुर] में रामायण के नव दिवसीय अनुष्ठान को सम्पन्न कर अमरखजी व नाथद्वारा में श्रीनाथजी के दर्शन कर शाम को वायुयान से मुंबई रवाना हो गए। पूर्व में शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने एक प्रतिनिधि मण्डल के साथ खड़गदा पहुंचकर मोरारी बापू को अमरखजी आने का निमंत्रण दिया था। अमरखजी संरक्षण मण्डल के सदस्यों ने माल्यार्पण कर मोरारी बापू का स्वागत किया। जिसमें पूर्व विधायक जोधसिंह चौहान, पुरुषोत्तम नागदा, कन्हैयालाल देवपुरा, फतहलाल डांगी, निर्मल नागर आदि शामिल थे। इस अवसर पर अमरखजी मंदिर के पुरातात्विक महत्व पर चर्चा करते हुए अनन्त गणेश त्रिवेदी ने अमरखजी के विकास और यहां वैदिक संस्कृति पर कार्य की योजनाओं से मोरारी बापू को परिचित कराया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 25 अक्टूबर, 1993

संयुक्त राष्ट्र संघ को अधिक प्रभावी व प्रजातांत्रिक बनाने की आवश्यकता- मेहता

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 24 अक्टूबर। 'वर्तमान संदर्भों में संयुक्त राष्ट्र संघ को अधिक प्रभावी व प्रजातांत्रिक बनाए जाने की आवश्यकता है। भारत को अपने गौरवमय अतीत और मौलिक पहचान के आधार पर विश्व शांति, भातृत्व भाव और मानव मूल्यों के संरक्षण के लिए इस विश्व मंच को अधिक व्यवहारिक व लोक ग्राह्य बनाने में पहल करनी चाहिए।'

उक्त विचार रविवार को संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस पर स्वैच्छि संस्था शांतिपीठ व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शीत युद्ध की समाप्ति के बाद संयुक्त राष्ट्र की भूमिका विषय पर यहां सूचना केन्द्र में आयोजित गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किए।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने कहा कि शीतयुद्ध एक हव्वा था। दुनिया में उस समय भी युद्ध हो रहे थे और आज भी हो रहे हैं। लेकिन शीत युद्ध की समाप्ति के बाद उपनिवेशीकरण का खात्मा अवश्य शुरू हुआ है। इसमें राष्ट्र संघ की भूमिका भी सिद्ध हुई है। उन्होंने कहा कि आज हथियार केवल धन के लालच से ही बनाए जा रहे हैं और भारत को इसी मनोवृत्ति से कभी आगे नहीं आना चाहिए। भारत को विश्व समुदाय के इस ख्वाब को पूरा करना चाहिए कि भारत ही विश्व शांति का भूमिका अदा करनी चाहिए। मेहता ने संयुक्त राष्ट्र को अधिक प्रभावी बनाने में सुझाव दिया कि इसमें 'प्रिवेन्टीव डिप्लोमेसी' का नया विभाग होना चाहिए।

राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर डा. रविन्द्र वर्मा ने संगठन की प्रणाली का चित्रांकन करते हुए इसमें वांछित परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी, वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना, पर्यावरणविद किशोर संत, प्रोफेसर राधागोविन्द आचार्य आदि ने भी विचार व्यक्त किए। अंत में मंजूर अहमद ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 11 दिसम्बर, 1993

विश्व मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी

'विषमता व हिंसा मूलक व्यवस्थाओं के खात्मे के लिए उच्च जीवन मूल्य जरूरी'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 10 दिसम्बर। मानवाधिकारों की रक्षा के लिए समाज में उच्च जीवन मूल्य प्रतिस्थापित करने की जरूरत है। हिंसामूलक और विषमता पैदा करने वाली व्यवस्थाओं का उन्मूलन तभी संभव है, जब लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध शक्तियां संगठित होकर सतत प्रयत्न करें।

ये विचार 'विश्व मानवाधिकार दिवस' पर शुक्रवार को स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ व बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किए। गोष्ठी की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार गर्ग ने की।

गोष्ठी में मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार नंद चतुर्वेदी ने लोकतांत्रिक मूल्य पद्धति की विस्तृत व्याख्या करते हुए इसे विकल्पवादी व आशावादी बताया। उन्होंने राजसत्ता की निरंकुश व हिंसक प्रवृत्ति को मानव समुदाय के लिए घातक बताया। उन्होंने कहा कि अपने हितों की रक्षा, युद्ध और शस्त्र बनाने व बेचने की प्रवृत्तियों के चलते इस शताब्दी को उल्लासपूर्ण शताब्दी नहीं कहा जा सकता। उन्होंने मौजूदा हालात के लिए क्रूरता करने व सहने वाले दोनों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि मैला करने वाले व मैला ढोने वाले दोनों लज्जित न हो तब तक क्रूरता के व्यवस्थावादी दृष्टिकोण में बदलाव नहीं आ सकता।

उन्होंने चिंता व्यक्त की कि जो सत्य है, वह खतरे में है। उन्होंने वकीलों से आग्रह किया कि वे न्याय के पक्ष में लड़ने की भावना पैदा करें। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक एस.एन. जैन ने कहा कि लोगों की अपेक्षाओं व कानून की सीमाओं में समरूपता का अभाव है। स्त्री रोग विशेष डा. विनया पेन्डसे ने मातृ मृत्यु की परिस्थितियों को मृत्यु से भी अधिक भयानक बताया। राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर डा. आर.के. वर्मा ने संयुक्त राष्ट्रसंघ के मानवाधिकार घोषणा पत्र की विस्तार से व्याख्या की और बताया कि मानवाधिकारों का सबसे ज्यादा हनन नई नीतियों के जरिए पश्चिमी देशों द्वारा किया जा रहा है।

शांतिपीठ के संस्थापक सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने मानवाधिकारों के संदर्भ में समग्र दृष्टिकोण अपनाए जाने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि कर्तव्यबोध अधिकारों के संरक्षण का पहला हिस्सा है। भारतीय पद्धति में प्रकृति के प्रति हमेशा उपासना का सम्बन्ध रहा है, उपभोग व अधिग्रहण का नहीं। उन्होंने कहा कि सच्चे अर्थों में लोक सत्ता की स्थापना से ही मानवाधिकारों का संरक्षण संभव है। इसके लिए जरूरी है कि समाज में शिक्षा व न्याय की समुचित व्यवस्था हो।

पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक एस.के. वर्मा ने पर्यावरण संरक्षण को मानवाधिकारों का पूरक बताया। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों के हनन का कारण विकसित व विकासशील देशों के बीच मान्यता की लड़ाई है। एडवोकेट स्वरूप सिंह चूंडावत ने न्याय व्यवस्था में सुधार की जरूरत पर जोर दिया। प्रारंभ में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट पी.एस. भंडारी ने सभी का स्वागत किया। गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना, एडवोकेट मन्नाराम डांगी ने भी विचार व्यक्त किए। एडवोकेट त्रिलोकीनाथ पुरोहित ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 6 अगस्त, 1994

'हिरोशिमा दिवसः विश्व के लिए एक सबक' विषय संगोष्ठी सम्पन्न

उदयपुर में आज मौन जुलूस व शांति सभा का आयोजन

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 5 अगस्त। हिरोशिमा स्मृति दिवस के उपलक्ष में शुक्रवार को यहां स्वतंत्र विचार मंच के तत्वावधान में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, वहीं शान्तिपीठ की ओर से शनिवार को मौन जुलूस व शान्ति सभा का आयोजन किया जाएगा।

यहां सुखाड़िया विश्वविद्यालय में आयोजित 'हिरोशिमा दिवसः विश्व के लिए एक सबक' विषयक गोष्ठी के प्रारम्भ में हिरोशिमा के शहीदों की याद में दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गोष्ठी में कला महाविद्यालय के अधिष्ठाता जी.एम. मेहता ने कहा कि विश्व को आज महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही विश्व में परमाणु खतरे को टाला जा सकता है। मनोविज्ञान विभाग के सहायक आचार्य किशोर गर्ग ने कहा कि विश्व में आज निरस्त्रीकरण की जरूरत है।

राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि विनाशक हथियारों के प्रयोग का अर्थ खुद का विनाश करना होगा। स्वतंत्र विचार मंच के महासचिव भूपेश सिंह ठाकुर ने कहा कि परमाणु हथियारों पर खर्च किए जाने वाले अपार धन का इस्तेमाल मानव की मूलभूत आवश्यकताओं पर खर्च किया जाना चाहिए। मंच के उपाध्यक्ष विजय डांगी, सुरेश पालीवाल, निखिल माथुर, रामकृपा शर्मा, चन्द्रकांता शर्मा ने भी विचार रखे। गोष्ठी के अंत में मंच के सहायक महासचिव भीमराज पटेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

शान्तिपीठ के तत्वावधान में शनिवार को सुबह 10 बजे भंडारी दर्शक मंडप से मौन जुलूस निकाला जाएगा। रैली में स्कूली छात्र-छात्राएं व स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि व जापान से आए क्योटो शिमीन गायको एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल होंगे। जुलूस गुलाब बाग पहुंचकर शान्तिसभा में बदल जाएगा।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 30 जुलाई, 1994

हिरोशिमा त्रासदी की वर्षगांठ पर मौन जुलूस

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 29 जुलाई। हिरोशिमा त्रासदी की 49वीं वर्षगांठ के अवसर पर शान्तिपीठ की ओर से यहां 6 अगस्त को मौन जुलूस निकाला जाएगा।

शान्तिपीठ के कार्यक्रम प्रसार अधिकारी सुरेन्द्र मोहन नैय्यर ने बताया कि मौन जुलूस सुबह 10 बजे भंडारी दर्शक मंडल से शुरू होगा और नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुलाब बाग पहुंचकर शान्ति सभा में बदल जाएगा। शान्ति रैली में स्कूली बालक-बालिकाएं भाग लेंगे।

3

हिरोशिमा दिवस पर रैली एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

उदयपुर, 6 अग. (कासं) । हिरोशिमा दिवस के अवसर पर शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए । शांतिपीठ की ओर से शहर में रैली निकाली गई ।

हिरोशिमा त्रासदी के 49 वर्ष पूरे होने पर शांतिपीठ संस्था की ओर से आयोजित जुलूस को शिक्षा मंत्री गुलाब चंद कटारिया ने रवाना किया । भण्डारी दर्शक मण्डप से रवाना होकर मौन जुलूस हाथीपोल, अश्विनी बाजार, बापूबाजार, सूरजपोल होकर गुलाबबाग पहुंचा । रैली में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी हाथों में पर्यावरण संरक्षण, शांति, अणु शक्ति खतरें आदि के बारे में नारे लिखी पट्टियां लेकर चल रहे थे ।

गुलाबबाग में आयोजित सभा में विद्यार्थियों को विश्व को परमाणु का संकल्प लिया । शांति सभा की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी (छात्रा) निर्मला चेलावत ने की । सभा में शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी, पूर्व शिक्षा उपनिदेशक नियाजबेग मिर्जा आदि ने विचार रखे। संचालन मंजूर अहमद ने किया व प्रो. बी.एल. समदानी ने धन्यवाद दिया ।

हिरोशिमा दिवस के मौके पर सेवा मंदिर एवं गांधी शांति प्रतिष्ठान केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । अध्यक्षता रवि भंडारी ने की । प्रमुख अतिथि के.के. जेकब व सौर वैद्यशाला के निदेशक डॉ. अरविंद भटनागर थे । संचालन रियाज तहसीन ने किया । दीनदयाल दशोत्तर ने भी विचार रखे । माकपा ने हिरोशिमा दिवस के मौके पर एक सभा में

राजस्थान पत्रिका

5,550, कुल योग- 3,59,780 उदयपुर, रविवार, 7 अगस्त, 1994

हिरोशिमा दिवस पर मौन जुलूस, शान्ति सभा व संगोष्ठी का आयोजन

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 6 अगस्त। हिरोशिमा स्मृति दिवस के उपलक्ष में शनिवार को शहर में मौन जुलूस, शान्ति सभा, संगोष्ठी, श्रद्धांजलि सभा आदि आयोजन सम्पन्न हुए।

हिरोशिमा त्रासदी के 49 वर्ष पूरे होने पर स्वैच्छिक संस्था शान्तिपीठ के तत्वावधान में एक मौन जुलूस व शान्ति सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सैंकड़ों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। महाराणा भूपाल स्टेडियम में प्रातः 10 बजे राज्य के शिक्षा मंत्री गुलाबचन्द कटारिया ने विश्व शान्ति का झण्डा थामे कुछ कदम चलते हुए शान्ति रैली का शुभारम्भ किया व बाद में रैली की अग्रिम पंक्ति में चल रही एक नन्हीं बालिका के हाथ में झण्डा थमाया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि शान्ति का पैगाम देना इस देश की परम्परा रही है और यह अनन्तकाल तक निरन्तर चलती रहेगी। रैली में नगर के सरकार व गैर सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राएं सम्मिलित थे, जो तीन-तीन की कतारों में चल रहे थे। ये छात्र-छात्राएं 'युद्ध नहीं शान्ति' पृथ्वी संरक्षण, हिरोशिमा नागसाकी से सबक, अणु शक्ति के खतरों, पर्यावरण संरक्षण और साम्प्रदायिक सद्भाव के संबंधी नारे लिखी पट्टिकाएं, बेनर, पोस्टर व झण्डे लिए चल रहे थे। रैली हाथीपोल, अश्विनी बाजार, बापू बाजार व सूरजपोल होते हुए गुलाब बाग पहुंची, जहां गांधी प्रतिमा के पास यह सभा में बदल गई। शान्ति सभा की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी [छात्रा] श्रीमती निर्मला चेलावत ने की। उन्होंने विद्यार्थी समुदाय से विश्व को अणु-परमाणु अस्त्रों से मुक्त रखने तथा एकता, न्याय व स्वतंत्रता का पक्ष लेते हुए एक अहिंसक, उच्च जीवन मूल्यों से परिपूर्ण विश्व समाज की रचना के लिए निरन्तर प्रयत्नशील बने रहने का संकल्प कराया।

इस अवसर पर शान्ति पीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विद्यार्थी वर्ग को आह्वान किया कि वे भारत के प्रधानमंत्री और संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव को पत्र लिखकर आग्रह करें कि आगामी वर्ष में हिरोशिमा त्रासदी व संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के 50 वर्ष होने के पूर्व ही एक ऐसी समग्र नीति बनाने की पहल करे, जिससे पूरे विश्व में आणविक अस्त्रों का खात्मा किया जा सके। उन्होंने निःशस्त्रीकरण के साथ ही विश्व बंधुत्व के लिए भारतीय जीवन पद्धति के परम्परागत मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता बताई।

सभा में पूर्व शिक्षा उपनिदेशक मियाज बेग मिर्जा ने हिरोशिमा में हुए सामूहिक नरसंहार व अणु आयुधों के भण्डारण के दुष्परिणामों को बताते हुए वर्तमान में इस हादसे की स्मृति में किए जा रहे कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए। शान्ति सभा में सेंट मेरीज, सेंट्रल अकादमी, सेंट ग्रिगोरियस तथा गुरू नानक पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शान्ति व प्रार्थना गीत प्रस्तुत किए। सभा में एक मिनट का मौन रखा गया। सभा का संचालन शान्ति पीठ के कार्यक्रम संयोजक मंजूर अहमद ने किया। प्रो. बी.एल. समदानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

राष्ट्रदूत 7 अगस्त 1994 ४



शनिवार को हिरोशिमा दिवस के उपलक्ष में निकाले गये मौन जुलूस के पश्चात गुलाबबाग में सम्पन्न हुई शान्ति सभा का दृश्य।

हिरोशिमा दिवस पर मौन जुलूस निकाला

उदयपुर ६ अगस्त(नसं)। स्थानीय स्वयंसेवी संस्था शान्तिपीठ के तत्वावधान में शनिवार को हिरोशिमा त्रासदी के ४६ वर्ष पूरे होने पर शहर में मौन जुलुस निकाला गया। बाद में गुलाबबाग में शान्ति सभा भी आयोजित की गई।

भण्डारी दर्शक मण्डप में आयोजित एक सादे समारोह में शिक्षा मंत्री गुलाबचन्द कटारिया ने रैली को झण्डी दिखा रवाना किया।

रैली भण्डारी दर्शक मण्डप से रवाना होकर हाथीपोल, अश्विनी बाजार बापूबाजार व सूरजपोल होते हुए गुलाब बाग में आम सभा में परिवर्तित हो गई।

रैली के दौरान छात्र छात्राओं ने हाथों में हमें युद्ध नहीं शान्ति चाहिये अणु शक्ति के खतरे और पर्यावरण संरक्षण और साम्प्रदायिक सदभावना के संबंध में नारे लिखी पट्टिकाएं बैनर झण्डे ले रखे थे।

गुलाब बाग में सम्पन्न हुई आमसभा की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी (छात्रा) निर्मला चेलावत ने की। इस अवसर पर शान्ति पीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने भी विचार व्यक्त किये।

शान्ति सभा में सेंट मैरीज सेन्ट्रल अकादमी सेंट ग्रिगोरियस तथा गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शान्ति व प्रार्थना गीत प्रस्तुत किये। सभा में एक मिनट का मौन रखा गया। सभा का संचालन शान्तिपीठ के कार्यक्रम संयोजक मंजूर अहमद ने किया जबकि प्रो. बी. एल. समदानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक नवज्योति
1936
अजमेर, मंगलवार 9 अगस्त 1994 पृष्ठ संख्या 9



उदयपुर की शांति पीठ द्वारा हिरोशिमा स्मृति दिवस पर आयोजित मौन जुलूस के पश्चात् 'अहिंसक विश्व' का संकल्प लेती हुए बालिकाएं। फोटो : मेवाड़ा स्टूडियो

हिरोशिमा त्रासदी की स्मृति में मौन जुलूस व शांति सभा

उदयपुर 8 अगस्त (न्यूजसर्विस)। हिरोशिमा त्रासदी के 49 वर्ष पूरे होने पर स्वैच्छिक संस्था शांति पीठ के तत्वावधान में उदयपुर नगर में एक मौन जुलूस व शांति सभा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

भण्डारी दर्शक मंडप में राजस्थान के शिक्षा मंत्री गुलाबचन्द कटारिया ने विश्व शांति का झण्डा थामे कुछ कदम चलते हुए शांति रैली का शुभारंभ किया व बाद में रैली की अग्रिम पंक्ति में चल रही एक नन्ही बालिका के हाथ में झण्डा थमाया। रैली का शुभारंभ करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि शांति का पैगाम देना इस देश की परम्परा रही है और यह अनंत काल तक निरंतर चलती रहेगी।

उन्होंने शांति के लिए भारत की पहल का स्वागत किया तथा विज्ञान और जीवन के मूल्यों में समन्वय स्थापित किये जाने की आवश्यकता बताई।

रैली में नगर के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राएं सम्मिलित थे। तीन-तीन की कतारों में निकली यह लम्बी रैली प्रतिभागियों में एक विशेष जीवटता का अहसास करा रही थी। हमें युद्ध नहीं शांति, पृथ्वी संरक्षण, हिरोशिमा नागासाकी से सबक, अणु शक्ति के खतरों, पर्यावरण संरक्षण और साम्प्रदायिक सद्भाव के संबंध में नारे लिखी पट्टिकाएं, बैनर, पोस्टर व झण्डे लिये यह विद्यार्थी समुदाय अपना निश्चित कल्प व्यक्त कर रहा था।

रैली को हाथीपोल, अश्विनी बाजार, बापू बाजार व सूरजपोल होते हुए गुलाब बाग पहुंचने में करीब एक घंटे का समय लगा, जहां गांधी प्रतिभा के पास यह एक विशाल सभा में बदल गई। शांति सभा की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी (छात्रा) श्रीमती निर्मला चेलावत ने की।

उन्होंने विद्यार्थी समुदाय के विश्व को अणु- परमाणु अस्त्रों से मुक्त रखने तथा एकता, न्याय व स्वतंत्रता का पक्ष लेते हुए अहिंसक, उच्च जीवन मूल्यों से परिपूर्ण विश्व- समाज की रचना के लिए निरंतर प्रयत्नशील बने रहने का संकल्प कराया।

इस अवसर पर शांति पीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने विद्यार्थी वर्ग को आह्वान किया कि वे भारत के प्रधानमंत्री और संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव को पत्र लिखकर आग्रह करें कि आगामी वर्ष हिरोशिमा त्रासदी व संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के 50 वर्ष होने के पूर्व ही एक ऐसी समग्र नीति बनाने की पहल करें जिससे पूरे विश्व में आणविक अस्त्रों का खात्मा किया जा सके। उन्होंने नि:शस्त्रीकरण के साथ ही विश्वबंधुत्व के लिए भारतीय जीवन पद्धति के परम्परागत मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता बताई।

पत्रिका उदयपुर, 24 अक्टूबर, 1994

संयुक्त राष्ट्र पर संगोष्ठी आज

उदयपुर, 23 अक्टूबर [वि.]। संयुक्त राष्ट्र संघ की 49वीं वर्षगांठ के अवसर पर शान्तिपीठ की ओर से सोमवार प्रातः 10 बजे स्थानीय ओ.टी.सी. सभागार में ''संयुक्त राष्ट्र का भावी स्वरूप'' विषयक एक संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। जिसमें मुख्य वक्ता पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता होंगे। इसके अलावा वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. नन्द चतुर्वेदी, प्रो. वी.आर. पुरोहित, प्रो. रविन्द्र वर्मा, प्रो. नरेश भार्गव आदि भी अपने विचार रखेंगे।

राजस्थान पत्रिका उदयपुर, 25 अक्टूबर, 1994

संयुक्त राष्ट्र जन चेतना का मंच बने- जगत मेहता

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 24 अक्टूबर। वर्तमान परिस्थितियों में संयुक्त राष्ट्र का पुनर्गठन जरूरी हो गया है। यह आम राय सोमवार को यहां संयुक्त राष्ट्र की 49वीं वर्षगांठ के अवसर पर शांतिपीठ की ओर से आयोजित गोष्ठी में उभर कर सामने आई।

गोष्ठी में पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में संयुक्त राष्ट्र को जन चेतना व जनभागीदारी का मंच बनाने की जरूरत है और इसके लिए इसका पुनर्गठन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर मानव अधिकारों की अवहेलना के दूरगामी दुष्परिणाम हो सकते हैं।

मेहता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रदत्त विशेषाधिकार का प्रयोग शक्ति के आधार पर नहीं होकर सैद्धांतिक विचारधारा के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जो भी निर्णय ले वो आम सहमति के आधार पर होना चाहिए और उसकी अनुपालना भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक व्यवहार अब केवल देशों के आंतरिक मामलों में उपयुक्त होगा, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में अब यह नहीं निभ पाएगा। उन्होंने उपनिवेशवाद के खात्मे को संयुक्त राष्ट्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की संरचना युद्धों के हार-जीत के फैसलों के इतिहास पर आधारित है, लेकिन अब इसका स्वरूप नागरिक चेतना, गैर सरकारी संगठनों की सक्रिय भूमिका व आदर्श नेतृत्व पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को नया रूप देने में भारत को पहल करनी चाहिए। क्योंकि भारत ही एक ऐसा देश है, जिसका अहिंसा आधारित स्वतंत्रता संग्राम का लंबा इतिहास है।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए नगर विकास प्रन्यास के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह लिखारी ने कहा कि बदले हालात में सैन्य शक्ति की नहीं नैतिक मूल्यों की शक्ति की आवश्यकता है। भारत में सदियों से नैतिक शक्ति पर ही विश्वास रखते हुए सामाजिक और राजनैतिक परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने कहा आज हमें नि:सन्देह नैतिक व भौतिक दोनों ही तरह से शक्तिशाली बनने की आवश्यकता है।

प्रोफेसर रविन्द्र वर्मा ने संयुक्त राष्ट्र की पुनर्गठन की जरूरत बताते हुए कहा कि दुनिया के लोकतांत्रिक देशों की जिम्मेदारी है कि वे इस विश्व संगठन को विस्तारवादी ताकतों का खिलौना न बनने दे। आज इस संगठन के प्रजातांत्रिकरण करने की आवश्यकता है।

संगोष्ठी में बोलते हुए सुखाड़िया वि.वि. में राजनीति विज्ञान के प्रो. अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि आज विश्व अराजकता के दौर से गुजर रहा है, जिसका मुकाबला लोकतांत्रिक शक्तियों को संगठित रूप से करना चाहिए। संगोष्ठी में बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने प्रजातांत्रिकरण व मानवीय मूल्यों की आवश्यकता प्रतिपादित की।

संगोष्ठी में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने भारतीय संस्कृति के मूल्यों के अनुरूप इस विश्व मंच के पुनर्गठन की पहल करने की आवश्यकता बताई। संगोष्ठी में सर्व सम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि संयुक्त राष्ट्र वर्तमान सत्र में ही भारत को सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता प्रदान करे तथा इसमें सभी उपसंस्थानों में प्रजातांत्रिकरण की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए। अन्त में शान्तिपीठ के प्रो. बी.एल. समदानी ने प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

olished from AJMER JAIPUR KOTA

NAVAJYOTI Established 1936

प्रभात ***

दैनिक नवज्योति

संस्थापक : स्व. कप्तान दुर्गाप्रसाद चौधरी

अजमेर, बुधवार 26 अक्टूबर 1994 | RJ/AJ 56 | The Oldest Hindi Daily With Largest Circulation In Rajasthan | Ph. 21636,21516, 21656 (9 लाइन)

दैनिक नवज्योति अजमेर, बुधवार 26 अक्टूबर 1994

संयुक्त राष्ट्र संघ के पुनर्गठन की महती आवश्यकता

उदयपुर, 25 अक्टूबर (न्यूज सर्विस)। वर्तमान परिस्थितियों में संयुक्त राष्ट्र को जन चेतना व स्वतंत्र नगरिक प्रतिभागिता का मंच बाने के लिए जनतांत्रिक मूल्यों पर आधारित विश्व संस्थान के पुनर्गठन की महती आवश्यकता है।

यह विचार संयुक्त राष्ट्र की 49वीं वर्षगांठ स्वैच्छिक संस्था शान्तिपीठ द्वारा आयोजित संगोष्ठी में बोलते हुए पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने व्यक्त किए।

उन्होंने सूचना क्रान्ति के हवाले से कहा कि आज संसार में द्रुत गति से बदलते घटनाक्रम को वस्तु परख दृष्टि से समझने की आवश्यकता है। किसी भी स्तर पर मानव अधिकारों की अवहेलना करने के दूरगामी दुष्परिणाम हो सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र का भावी स्वरुप विषयक उक्त संगोष्ठी में बोलते हुए मेहता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रदत्त निषेधाधिकार का प्रयोग शक्ति के आधार पर नहीं होकर सैद्धान्तिक विचार धारा के आधार पर होना चाहिए। शीत युद्ध की समाप्ति का हवाला देते हुए संयुक्त राष्ट्र जो भी समुचित निर्णय ले वह सामान्य सहमति के आधार पर लेना चाहिए तथा इसकी अनुपालना भी होनी चाहिए, अवहेलना नहीं।

उन्होंने उप निवेशवाद के खात्मे को संयुक्त राष्ट्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा संयुक्त राष्ट्र की संरचना युद्धों के हार जीत के फैसलों के इतिहास पर आधारित है। अब इसे स्वतंत्र नागरिक चेतना तथा गैर सरकारी संगठनों की सक्रिय भूमिका व आदर्श नेतृत्व पर आधारित होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र को नया रुप देने में भारत को पहल करनी चाहिए। चूंकि पूरे विश्व में यही राष्ट्र है जिसके पास अहिंसा आधारित स्वतंत्रता संग्राम का लम्बा इतिहास है तथा समग्र मानव चेतना की उत्कृष्ट परिणति की धरोहर हैं।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए न.वि.प्र. के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह लिखारी ने कहा कि बदले हालात में सैन्य शक्ति की नहीं नैतिक मूल्यों की शक्ति की आवश्यकता है। भारत ने सदियों से नैतिक शक्ति पर ही विश्वास रखते हुए सामाजिक और राजनैतिक परिवर्तन किए हैं। उन्होंने कहा कि आज हमें नि:संदेह नैतिक व भौतिक दोनों ही तरह से शक्तिशाली बनने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर प्रो. रविन्द्र वर्मा ने संयुक्त राष्ट्र के पुनर्गठन को समय की मांग बताया। उन्होंने आगाह किया कि दुनियां की लोकतांत्रिक शक्तियों को इस विश्व संगठन को विस्तारवादी ताकतों का खिलौना नहीं बनने देना चाहिए। आज इस संगठन के प्रजातांत्रिकरण की सख्त आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 1945 में साधारण सभा तथा सुरक्षा परिषद का अनुपात 1:10 था। जबकि आज यह 1:36 हो गया है। उन्होंने कहा कि पुराने इतिहास की समाप्ति के साथ ही नए सोच को व्यवहार में ढालने की आवश्यकता है।

सुखाड़िया वि.वि. में राजनीति विज्ञान के प्रो. चतुर्वेदी ने कहा कि सुरक्षा परिषद भारत को स्थाई सदस्य के रुप में स्वीकार करे। उन्होंने कहा आज विश्व अंतर्राष्ट्रीय अराजकता के दौर से गुजर रहा है। जिसका मुकाबला लोकतांत्रिक शक्तियों को संगठित रुप से करना चाहिए। संगोष्ठी में बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने प्रजातांत्रिकरण व मानवीय मूल्यों की आवश्यकता प्रतिपादित की।

संगोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने भारतीय संस्कृति के मूल्यों के अनुरुप इस विश्व मंच के पुनर्गठन की पहल करने की आवश्यकता बताई।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के बारे में महर्षि अरविंद की संकल्पना बहुत ही सकारात्मक और आशावादी थी और कालान्तर में आज उसे मूर्तरुप देने की परिस्थितियां उपस्थित हुई हैं।

त्रिवेदी ने शान्तिपीठ के भावी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए बताया कि 1995 का वर्ष विश्व बंधुत्व के संदर्भों में अपना विशेष महत्व रखेगा। आगामी वर्ष में संयुक्त राष्ट्र पचास वर्ष का होगा तथा हिरोशिमा के घटनाक्रम को भी पचास वर्ष होंगे। इस आधार पर एक निश्चित कार्यक्रम के तहत विश्व शान्ति के अभियान को नूतन आयाम दिए जाएंगे।

संगोष्ठी में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि संयुक्त राष्ट्र वर्तमान सत्र में ही भारत को सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता प्रदान करें तथा इसमें सभी उपसंस्थानों में प्रजातांत्रिकरण की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए। अंत में शान्तिपीठ के प्रो. बी.एल. समदानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

4, जनमंगल ● 16 अप्रेल 90

महावीर जयन्ती

महावीर जयन्ती के अवसर पर इस बार उदयपुर क्षेत्र में अनेक कार्य क्रम प्रस्तुत किये गये। शोभा यात्रा के भव्य आयोजन हुये। विचार गोष्ठियाँ आयोजित की गयी।

वर्तमान परिस्थितियों के सन्दर्भ में महावीर के सन्देशों की प्रासंगिकता विषय पर स्वेच्छिक संस्था शान्ति पीठ द्वारा एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। सर्व प्रथम अतिथियों का स्वागत करते हुए शान्ति पीठ के संस्थापक महासचिव श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी ने गोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महावीर के आदर्शों सिद्धान्तों एवं सन्देशो की चर्चा की

गोष्ठी के प्रमुख वक्ता सुप्रसिद्ध नाट्य कर्मी श्री मंगल सक्सेना ने भगवान महावीर के अनेकान्तवाद पर विस्तार से प्रकाश डाला। आपने कहा कि आज की परिस्थितियों में प्रतिद्वन्द्वता मूलक और द्वेषपूर्ण साम्प्रदायिक शक्तियों को अनेकान्तवाद के सिद्धान्त से समन्वय एवं सौम्यता का संदेश प्राप्त होता हैं।

अनेकान्त सिद्धान्त की व्याख्या करते हुए श्री सक्सेना ने कहा इस सिद्धान्त के आधार पर दूसरे को वैचारिक स्वतन्त्रता का समादरण सीखते है। सही और गलत का निर्धारण संदर्भित परिस्थितियों और दृष्टि कोण को सत्य कहना दुराग्रह हिंसा है।

इस अवसर पर पर्यावरण विद. प्रो. विजय नारायण ने कहा महावीर के संदेश का पक्ष यह भी है कि सृष्टि के साथ मनुष्य के सामंजस्पूर्ण सम्बन्ध होने से ही आनन्द और शांति बनी रह सकती है। इसके अभाव में मनुष्य विध्वसक बन जाता हैं।

प्रहलाद नारायण वाजपेयी ने कहा समन्वयवाद भारतीय संस्कृति का मूल स्वर हैं। जिसे मानव मंगल की भावना से तपस्या के अनवरत क्रम में ऋषि परम्परा ने विकसित किया है।

श्री वाजपेयी ने बताया मानव मंगल की साधना करने वाले ऋषियों ने शिक्षा के क्षेत्र में तप, त्याग और संयम का महत्व प्रतिष्ठित किया था और समाज के साथ शिक्षा को जोड़ कर भविष्य के निर्माण का तेज विकसित किया था।

श्री वाजपेयी के अनुसार महावीर के सिद्धान्त मानव मूल्यो के निर्धारण के लिए आधारभूत तत्व है उनकी प्रासंगिकता सर्वकालिक है। हमेशा रही है आज भी है और भविष्य में भी रहेगी।

श्री सुरेन्द्र मोहन नैयर ने कहा निर्भयता, पुरुषार्थ एवं अहिंसा से ही विश्व की वर्तमान परिस्थितियों में सही मार्ग प्राप्त किया जा सकता हैं।

डा. एल. एल. शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

साम्प्रदायिकता व आतंकवाद पर संगोष्ठी

हम लोग टुकड़ों में सोच रहे हैं, टुकड़ों में जी रहे हैं

उदयपुर (निस)। निरंकुश एकाधिकार की इच्छा, पारस्परिक सहिष्णुता का अभाव ही साम्प्रदायिकता, अशांति एवं आतंकवाद के मूल कारण हैं। ये विचार शांतिपीठ, उदयपुर द्वारा स्थानीय सूचना केन्द्र विचार गोष्ठी में बोलते हुए प्रख्यात नाट्य कर्मी मंगल सक्सेना ने व्यक्त किये।

इस अवसर पर नगर के कई प्रबुद्ध नागरिकों के बीच बोलते हुए प्रो. ओजस्वी शर्मा ने अज्ञान, वासना, क्रोध, आक्रमण एवं विभाजन के भावों का अन्त करते हुए अतिमानस शुद्धतम चेतना का अभाव ही इन समस्याओं का समाधान बताया। आर्थिक विषमता को समस्या का एक प्रमुख कारण बताते हुए विवेक सम्मत विचार चरित्रगत शिक्षा व सहिष्णुता का मार्ग बताते हुए जिस धरती पर अपना अस्तित्व विद्यमान हैं उससे सबसे पहले बिना किसी शर्त प्रेम के आभास करने को समाधान का मार्ग बताया।

नगर के पुलिस अधीक्षक मदन लाल शर्मा ने इन परिस्थितियों में जन-जन के सक्रिय हो जाने तथा इनसे लड़ते हुए प्रशासन को सहयोग देने के दायित्व के प्रति श्रोताओं को आगाह किया।

नवनीत पालीवाल ने व्यवस्था को दोषी नहीं मानते हुए आत्म निरीक्षण तथा स्व सुधार की बात पर बल दिया। अपने भाव व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा 'जो खेत में होगा वही खलियान में आयेगा' हम लोग टुकड़ों में सोच रहे हैं टुकड़ों में जी रहे हैं।

सरदार जसपालसिंह ने आतंकवादियों को समाज का दुश्मन बताया और आतंकवाद व उग्रवाद में भेद स्पष्ट करते हुए एक ऐसे प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया जिससे निर्दोषों पर जुल्म न हों।

जब तक समाज में धार्मिक ग्लानी एवं नैतिक पतन हो जाता है तब कोई विभूति अवश्य पैदा होती है। जिसका अभी अभाव लगता है। ये विचार यू. आई. टी. के सचिव के सी शर्मा ने व्यक्त किये। समाज सेवक कुम्भट ने शांति स्थापना के लिये जन-जागरण अभियान चलाने का आव्हान किया।

गोष्ठी में उपस्थित अलग-अलग धर्मों एवं विधाओं के व्यक्तियों ने भी अपने भाव प्रकट किये। कार्यक्रम के अन्त में गोष्ठी के अध्यक्ष समाज सेवी दयाल चन्द सोनी ने शिक्षा में सार्वभौमिकता एवं पवित्रता का प्रवेश कराने की आवश्यकता पर बल दिया जिससे साम्प्रदायिकता के भूत से छुटकारा मिले गांधी की वर्तमान महत्ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए इसे व्यवहार में उतारने की आवश्यकता बताया।

जनमंगल 30 जनवरी 1992

मानवता के भविष्य का मार्ग प्रशस्त करें

सुप्रसिद्ध साहित्यकार प्रहलाद नारायण वाजपेयी ने कहा राष्ट्र की एकता और अखण्डता का जीवन दर्शन अपनाना ही एक मात्र साधन शेष रह गया है। आज गणतन्त्र दिवस के समारोह के अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहियें कि हम राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से अपने अपने कर्त्तव्य का पालन करेंगे।

शान्ति पीठ द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह की श्री वाजपेयी अध्यक्षता कर रहे थे। आपने कहा आज स्वाधीनता संग्राम के वातावरण का निर्माण करने की आवश्यकता है जब हम देश के लिए ही सोचने मे और देश की बलिवेदी पर स्वयं के त्याग और समर्पण की ही कल्पना करते थे।

शान्ति पीठ के संथापक महासचिव श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि राष्ट्रीयता से ओत प्रोत वातावरण बनाने के लिये हम यथाशक्ति योगदान करें।

अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा विज्ञान और आध्यात्म्य के संयोग से मानवता के भाग्य और भविष्य का निर्माण करने का मार्ग प्रशस्त होगा। मानव मंगल के लिये उदात्त चैतन्य धारण करने से ही आध्यात्मिक आलोग जागेगा। हम सब को चाहिये अपने वसुधैव कुटुम्बकम् सिद्धान्त को सार्थकता प्रदान करें।

समारोह का संयोजन करने वा श्री मती सन्ध्या त्रिवेदी ने समारोह धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 13 जनवरी, 1992

विवेकानन्द जयंती पर विविध आयोजन हुए

[कार्यालय संवाददाता]

'शांतिपीठ' संस्था ने रविवार से जागृति माह का प्रारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने वैयक्तिक हित की अपेक्षा राष्ट्रहित को प्राथमिकता दिए जाने पर जोर दिया। अध्यक्षता प्रहलाद नारायण वाजपेयी ने की तथा इस अवधि में आयोजित किए जाने वाले

दैनिक भास्कर
उदयपुर विक्रम संवत २०५८, माघ, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, शनिवार, ९ फरवरी, २००२

बलवंतसिंह मेहता ने 103 वां जन्मदिन मनाया

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 8 फरवरी। भारतीय संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य बलवंतसिंह मेहता ने शुक्रवार को अपनी आयु के 102 वर्ष पूर्ण कर 103 वें वर्ष में प्रवेश किया। श्री मेहता का 103 जन्म दिवस वनवासी सेवा संघ के कार्यालय 'रेन बसेरा' में शुक्रवार को सादगी से मनाया गया।

इस अवसर पर शतायु पुरुष श्री मेहता ने विभिन्न संगठनों के उपस्थित प्रतिनिधियों को अपने जीवन के मुख्य स्मरण सुनाते हुए ग्राम सभाओं को मजबूत करके उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने की आवश्यकता पर जोर दिया। साधारण समारोह में वनवासी सेवा संघ के कार्यकर्ता व अन्य स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने मेहता को जन्म दिन की बधाई देते हुए दीर्घायु की कामना की। ग्रामदान लोक अभियान समिति के संयोजक प्रतापसिंह राठौड़ ने श्री मेहता को मेवाड़ के गांधी विशेषण से संबोधित किया। समारोह में ग्रामदान के प्रणेता रामेश्वर प्रसाद शर्मा, तेजसिंह मेहता, अमरसिंह मेहता, भगवतसिंह मेहता एवं जगत मेहता उपस्थित थे। शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने भी शुक्रवार दोपहर श्री मेहता का अभिनंदन किया व उनकी दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर श्री मेहता ने कहा कि गांधीजी की अहिंसा वीरों का आदर्श है और यही शांति की शक्ति भी है। शांति की स्थापना के लिए कभी-कभी शक्ति का प्रयोग आवश्यक हो जाता है जिसका समर्थन गांधीजी भी करते थे। आज विश्व के हालात ऐसे बने हैं कि धरती पर मानव समुदाय की एकता स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद व हिंसा के खात्मे के लिए विश्व नेतृत्व को आगे आना होगा।



स्वतंत्रता सेनानी, संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य मास्टर बलवंतसिंह मेहता को उनके निवास 'रेन बसेरा' में उनके 103 वें जन्मदिन पर अभिनंदन करते शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर 22 सितम्बर 2008

संगोष्ठी आयोजित

कार्यालय संवाददाता
उदयपुर, 21 सितम्बर

विश्व शांति दिवस पर शांति पीठ की ओर से शनिवार को संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि मतभेदों को दूर करने में शस्त्र की नहीं, शास्त्र व सहमति की जरूरत होती है। मुख्य वक्ता महेश शर्मा ने कहा कि आज पूरा विश्व नफरत की गिरफ्त में है और इसे दूर करने के लिए भूखमरी व गरीबी को समाप्त करना होगा।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, सोमवार 22 सितंबर, 2008

मतभेद खत्म करने शास्त्रों की सहमति हो

विश्व शांति दिवस पर रविवार को शांति पीठ की ओर से संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शांति पीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि मतभेदों को समाप्त करने के लिए शस्त्र नहीं शास्त्रों व सहमति की जरूरत है। मतभेदों को भूलाकर सहमति के साथ एकता स्थापित करनी होगी। मानव का जीवन पवित्र है। चाहे वह मित्र का हो या फिर शत्रु का इसलिए युद्ध कोई अंतिम उपाय नहीं है।

मुख्य वक्ता मीरा कन्या महाविद्यालय के महेश शर्मा ने कहा कि आज महानता का पैमाना अधिकाधिक लोगों के वध करने की क्षमता से आंका जा रहा है। आज पूरा विश्व नफरत की गिरफ्त में है। भुखमरी और गरीबी को दूर करना होगा। नफरत को खत्म किए बिना शांति की कल्पना नहीं की जा सकती है। सबसे बड़ी ताकत बदला लेने में नहीं बल्कि माफ करने में निहित है। संगोष्ठी में गोपाल नागदा और गिरीश उपाध्याय ने भी विचार व्यक्त किए।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, रविवार, 7 अगस्त, 2005

हिरोशिमा त्रासदी की वर्षगांठ पर शांति मार्च व सभाएं

उदयपुर, 6 अगस्त। हिरोशिमा त्रासदी की 60वीं वर्षगांठ पर उदयपुर में विविध कार्यक्रम हुए। शांति पीठ की ओर से शांति मार्च निकाला गया और सभा का आयोजन हुआ।

यहां क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित शांति सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा डॉ. गिरिजा व्यास ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर इसके समूल नाश की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम किसी भी धर्म का पालन करें लेकिन राष्ट्र धर्म सर्वोपरि होना चाहिए।

शांतिपीठ के प्रयासों की सराहना करते हुए डॉ. व्यास ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम केवल आयोजन तक सीमित नहीं रहने चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य जे.एस. मीणा ने की।विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती विजय बाला मेहता थी।

शांति मार्च

सभा से पूर्व शांतिपीठ की ओर से शांति मार्च का आयोजन किया गया। शुभारम्भ नगर परिषद के सभापति रवीन्द्र श्रीमाली तथा उप सभापति वीरेन्द्र ने किया। शान्ति मार्च टाउन हॉल से प्रारम्भ होकर क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण केन्द्र पहुंचकर शांति में परिवर्तित हुआ।

समाजसेवी शब्बीर मुस्तफा ने भारत के पुनः जगद्गुरु की प्रतिष्ठा पाने तथा विश्व में शांति तथा सद्भाव की कामना की।मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए शांतिपीठ केन्द्र के राजीव लोचन मिश्रा ने 6 अगस्त को हिरोशिमा पर 'लिटिल बॉय' तथा 9 अगस्त को नागासाकी पर 'फेट मेन' नामक बम गिराने वाले पायलट कर्नल पाल टिवेट्स को महाविनाश के तत्काल मारे गए तथा कई व्यक्ति रेडियो एक्टिव तत्वों के प्रभाव से वर्षों तक मरते रहे।

आपने बताया कि हिरोशिमा पर गिराया गया बम 15 किलो टन.टी.एन.टी. क्षमता का था जबकि आज अमरीका के पास 9 हजार किलो टन टी.एन.टी. के कम से कम 50 परमाणु बम है जिनके क्षमता लिटिल बॉय से 600 गुणा अधिक है। रूस, फ्रांस, इंग्लैण्ड तथा चीन के पास भी सम्पूर्ण पृथ्वी को कई बार समाप्त कर देने की क्षमता के परमाणु बम विद्यमान है। अतिथियों का स्वागत शांतिपीठ के इन्द्र चन्द्र जोशी ने किया। सेन्ट्र एकेडमी, सरदारपुर के छात्र-छात्राओं ने रफीक भाई तथा कुसुम शाह के निर्देशन में शांति गीत गाया। संचालन गोण्डर विश्वविद्यालय इथोपिया के डॉ. उदयलाल पालीवाल एवं डॉ. जी.एल. पाटीदार ने किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर चेटक सर्कल स्थित पार्टी कार्यालय पर हीरोशिमा दुखान्तिक दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में मृतकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। शहर जिलाध्यक्ष डॉ. मधुसूदन शर्मा पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रतिनिधि त्रिलोक पूर्बिया, गोपाल शर्मा (गोपजी), सुरेश श्रीमाली आदि उपस्थित थे।

श्रद्धांजलि सभा : हिरोशिमा व नागाशाकी [जापान] में अणुबमों के विध्वंस में मरे लाखों बेगुनाहों को श्रद्धांजलि दी गई। आकाश सेवा संस्थान की ओर से आयोजित चर्चा गोष्ठी में ओम प्रकाश लोहार इंजीनियर ने अमरीका के इस अमानवीय कृत्य की भर्त्सना की। सुश्री नीरज जैन न इसे अमरीकी साम्राज्यवाद की जीती जागती मिशाल बताया। श्याम निर्मोही ने इसे मानवता के इतिहास में काले पन्नों पर अंकित बताया। गोष्ठी में मोहन राव, मोतीलाल लोहार, डॉ. गुणवन्त सिंह देवड़ा, एस.के. पणिकर, एस.एन. बेलेकर, प्रीति जैन, लीना लोहार आदि ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता महेश चन्द्र खूतवाल ने की तथा मुख्य अतिथि मोडीलाल डांगी ने की।

साहू पब्लिक स्कूल में हिरोशिमा-नागासाकी दिवस आयोजित कर मृतको को श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्षता प्राचार्य बी.एल. डूंगरवाल ने की।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 3 अगस्त, 1995

हिरोशिमा त्रासदी दिवस पर 5 को उदयपुर में जुलूस

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 2 अगस्त। हिरोशिमा त्रासदी की 50वीं वर्षगांठ पर 5 अगस्त को यहां मौन जुलूस निकाला जाएगा और सभा होगी। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद सुनील दत्त होंगे।

शांतिपीठ की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे टाऊन हाल से मौन जुलूस रवाना होगा और शहर के प्रमुख मार्गों से होकर भारतीय लोक कला मंडल पहुंचेगा और सभा में बदल जाएगा।

सभा में मुख्य वक्ता सुनील दत्त होंगे। जुलूस में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के अलावा सरकारी व गैर सरकारी प्रतिनिधि शामिल होंगे।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 5 अगस्त, 1995

हिरोशिमा त्रासदी की वर्षगांठ पर आज मौन जुलूस

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 4 अगस्त। शान्तिपीठ के तत्वावधान में हिरोशिमा त्रासदी की 50वीं वर्षगांठ पर शनिवार को शहर में मौन जुलूस निकाला जाएगा और शान्तिसभा होगी, जिसे सांसद एवं फिल्म अभिनेता सुनील दत्त सम्बोधित करेंगे।

शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बताया कि मौन जुलूस सुबह साढ़े दस बजे टाउन हॉल से रवाना होगा और शहर के विभिन्न मार्गों से होकर भारतीय लोक कला मण्डल पहुंच कर शान्ति सभा में बदल जाएगा।

सभा में मुख्य वक्ता सुनील दत्त होंगे। अध्यक्षता नगर परिषद की सभापति किरण ाहेश्वरी करेंगी। विशिष्ट अतिथि जिला कलक्टर ा. अशोक सिंघवी होंगे।

दैनिक नवज्योति

6 अगस्त 1995



उदयपुर में शनिवार को शांतिपीठ द्वारा आयोजित शांति सभा को संबोधित करते हुए सिने अभिनेता सुनीलदत्त · फोटो: सुशील रामा

हिरोशिमा त्रासदी की पचासवीं वर्षगांठ

समूचे विश्व को आज शांति की जरूरत- सुनील दत्त

उदयपुर, 5 अगस्त (न्यूज सर्विस)। हिरोशिमा त्रासदी की 50 वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को शांतिपीठ द्वारा विशाल शांति जुलूस प्रसिद्ध सिने अभिनेता एवं सांसद सुनील दत्त के मुख्य आतिथ्य में निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व भी सुनील दत्त ने किया।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शांतिपीठ द्वारा हिरोशिमा स्मृति दिवस के अवसर पर मौन शांति जुलूस निकाला गया जो टाऊनहॉल से प्रारंभ होकर देहलीगेट, अश्विनी बाजार, हाथीपोल, चेतक सर्कल होते हुये भारतीय लोककला मंडल में जाकर शांति सभा में बदल गया। जुलूस में नगर की विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं के हजारों बच्चों ने भाग लिया। जुलूस में शामिल बच्चों के हाथ में विश्व शांति की अपील की तख्तियां थी जिन पर हमें शांति चाहिये, संपूर्ण विश्व में धर्म निरस्त्रीकरण हमारा ध्येय हैं, आओं परमाणु बम विहीन दुनियां बनायें जैसे नारे लिखे गये थे।

टाउन हॉल में शांति जुलूस प्रारंभ होने से पहले सिने अभिनेता सुनील दत्त ने शांति के प्रतीक सफेद गुब्बारे हवा में उड़ाये। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. अशोक सिंघवी तथा नगर परिषद की सभापति किरण माहेश्वरी तथा शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी मौजूद थे।

भारतीय लोककला मंडल में आयोजित शांति सभा को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि सारे हिन्दुस्तान में लोग इस दिन को याद तो करते हैं मगर उदयपुर में इस दिन को जिस गहराई के साथ याद किया जाता हैं, उस के पीछे लगता हैं यहां के लोगों की शांति मैत्री की भावना हैं।

सुनील दत्त ने कहा कि आज समूचे विश्व को शांति की जरूरत हैं दुनियां के कई मुल्कों में हाहाकार मचा हुआ हैं। ऐसे में भारत को एक बार फिर शांति की मशाल लेकर आगे आना होगा। दरअसल देखा जाएं तो दुनियां में शांति और अहिंसा की भावना एशिया महाद्वीप से ही उठी हैं। गांधी, गुरूनानक, ईसा मसीह, गौतम आदि सभी ने दुनियां को शांति का रास्ता दिखाया हैं, लेकिन शांति के लिये कुछ त्याग करना पड़ता हैं। शांति का मतलब हैं कुर्बानी। इस मौके पर सुनील दत्त ने मजाकिया लहजें में कहा कि शांति रैली के शुभारम्भ पर जब व गुब्बारे उड़ा रहे थे, तब वे पेड़ में अटक गये। उन्होंने कहा कि यह ईश्वरीय संकेत हैं कि हमारे देश की शांति भी कुछ इसी तरह से अटक गई हैं।

सभा में मौजूद हजारों बच्चे और शिक्षकों को देखते हुए सुनील दत्त ने अध्यापकों से आग्रह किया कि वे बच्चों के चेहरों पर मुस्कराहट लाये। बच्चों को हम पढ़ाते हैं मगर उनका भविष्य नहीं बनाते। आज जरूरत इस बात की हैं कि हम उनके लिये आगे का रास्ता तैयार करें। उन्होंने कहा कि अच्छे कामों में सदैव अड़चनें आती हैं, अच्छे लोग भी कम हैं मगर जीत हमेशा सच्चाई की होती हैं।

(शेष पृष्ठ

समूचे विश्व को आज

(शेष पृष्ठ एक का)

सुनील दत्त ने हिरोशिमा त्रासदी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि: मैं खुद दुख से गुजर रहा हूं, किंतु मेरा दुख तो कुछ नहीं हैं, मेरे सामने तो एक बच्चे का दुख हैं। मेरा बेटा तो दुनिया में एक टुकड़ा हैं किंतु हिरोशिमा में हजारों बच्चे एक बम से मर गये जिनके भी अपने सपने थे। उन्होंने अपनी जापान यात्रा के बारे में बताते हुये कहा कि हिरोशिमा में आज भी उस बम त्रासदी के कारण लोग मर रहे हैं। वर्ष 1988 में 6 हजार लोग मरें। इसलिये आज यह जरूरी हैं कि हम दुनियां के लोगों से कहें कि बम बहुत खराब चीज हैं। उन्होंने राय व्यक्त की कि या तो परमाणु बम सभी मुल्कों के पास होने चाहिये, वरना किसी के पास नहीं हो। किसी मुल्क को यह हक नहीं हैं कि वह निर्दोष लोगों की जान लें।

उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया हैं कि हम अपने मन में चीजें नहीं रखें, गलत लोगों

उन्होंने कहा कि आज सच्चाई पर चलने वाले जेल में सड़ रहे हैं और जो झूंठा हैं चालक हैं, वह जानता हैं कि जेल से कैसे बचना हैं। गुरू गोविन्द सिंह के बच्चों को भी जीवित चुनवा दिया गया था क्योंकि वे सच्चाई के रास्ते पर चले थे। उन्होंने कहा कि मेरे जीने का ध्येय भी यही हैं कि सच्चाई और शांति के रास्ते पर चलूं और किसी का दुख बांट सकता हूं तो जरूर बांटता हूं। अंत में उन्होंने अपनी बात यह कहकर समाप्त की, ''मुश्किलें इतनी पड़ी कि हर मुश्किल आसां हो गयी।''

इससे पूर्व समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक शिवकिशोर सनाढ्य, जिला कलक्टर डॉ. अशोक सिंघवी ने शांति, अहिंसा आदि पर प्रकाश डाला। प्रारंभ में शांतिपीठ के महामंत्री अनंत गणेश त्रिवेदी ने शांतिपीठ द्वारा पिछले दस वर्षो से किये जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला तथा कहा कि हमारा यह प्रयास अहिंसक दुनियां बनाने की दिशा में विनम्र दस साला प्रयास हैं। प्रारंभ में सेंट्रल एकेडमी स्कूल के निदेशक संगम मिश्रा ने स्वागत किया तथा

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 8 अगस्त, 1995

हिरोशिमा दिवस पर सर्वधर्म सभा

उदयपुर, 7 अगस्त [वि.]। हिरोशिमा त्रासदी स्मृति दिवस पर रविवार को शांतिपीठ की ओर से गुलाबबाग में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई।

सभा में अधिकांश वक्ताओं का मानना था कि विश्व को अणु शस्त्र मुक्त बनाने के लिए दुनिया के देशों पारस्परिक विश्वास स्थापित करने के लिए बुनियादी आधार स्थापित करने की आवश्यकता है। इस कार्य को सही अंजाम देने के लिए जन संगठनों की सामूहिक शक्तियों को आगे आना होगा। सभा में हिरोशिमा परमाणु नरसंहार के 5 दशक बीत जाने के बाद भी विश्व को आणविक हथियारों से मुक्त करने के लिए अब तक कोई सर्वमान्य हल नहीं निकालने पर चिंता व्यक्त की गई। सभा में निरंकुश एकाधिकार की इच्छा को त्याग कर शांति स्थापित करने पर जोर दिया गया।

सभा की अध्यक्षता गांधीवादी चिंतक दीनदयाल दशोत्तर ने की। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि भारत गतिशील और परम्परागत मूल्यों का समन्वय कर नई सोच देने की सामर्थ्य रखता है इसलिए इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

जय राजस्थान

उदयपुर, बुधवार 7 अगस्त 1996

हिरोशिमा दिवस पर रैली व शांति सभा

भारतीय दर्शन के अनुरूप शांति प्रयासों की आवश्यकता- गिरिजा

उदयपुर, 6 अगस्त (वि)। "विश्व में शांति स्थापना के लिए भारतीय दर्शन व सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप सतत् प्रयास किए जाने की महती आवश्यकता है।"

उक्त विचार सांसद डॉ. गिरिजा व्यास ने मंगलवार को सूचना केन्द्र के खुले रंगमंच पर "हिरोशिमा स्मृति दिवस" पर शान्ति पीठ द्वारा आयोजित शान्ति सभा में मुख्य अतिथि पद से व्यक्त किए।

उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए भारतीय दर्शन तथा महापुरुषों व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसा के सिद्धान्त को अपनाने पर बल देते हुए स्कूली बच्चों से आह्वान किया कि वे राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि मानकर आगामी सदी में शांति स्थापित करने के प्रयास करें तथा मिल-जुल कर प्रेम से रहने की भावना को अपने मन में विकसित करें।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत पूर्ण आणविक निरस्त्रीकरण हेतु अगुवाई करेगा।

शांति सभा की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) सुमति लाल बोहरा ने शांति और मातृत्व की स्थापना के प्रयास सर्वप्रथम अपने-अपने घरों से करने पर बल देते हुए बच्चों से सदाचार व अनुशासन से रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों में राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के तत्वों को संस्कारित करने का आह्वान भी किया।

शान्ति पीठ के संस्थापक एवं महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने हिरोशिमा दिवस के आयोजन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों में मानव कल्याण की भावना विकसित करने के लिए संस्था विगत दस वर्षों से प्रतिवर्ष उदयपुर में स्कूली बच्चों की रैली व शान्ति सभा का आयोजन कर रही है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों की ओर से अतिरिक्त जिला कलक्टर बोहरा को विश्व को 21वीं सदी में आणविक शस्त्रों से मुक्त करने संबंधित ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन को भारत सरकार के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र संघ को प्रेषित करने का अनुरोध किया गया। अन्त में जगदीश काबरा ने धन्यवाद प्रेषित किया। संचालन बी.एल. समदानी ने किया।

सभा में विश्व शांति हेतु दो मिनट का मौन रख कर हिरोशिमा कांड में मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रातः टाउनहॉल से सूचना केन्द्र तक लगभग एक हजार स्कूली बच्चों की रैली आयोजित की गई। यह रैली सूचना केन्द्र में शान्ति सभा के रूप में परिवर्तित हो गई।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 7 अगस्त, 1996



हिरोशिमा दिवस के अवसर पर मंगलवार को उदयपुर में शांतिपीठ की ओर से आयोजित 'शांति सभा' को संबोधित करती सांसद डा. गिरिजा व्यास।

हिरोशिमा दिवस पर विश्व को आतंक से मुक्ति का आग्रह

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 6 अगस्त। हिरोशिमा स्मृति दिवस के उपलक्ष में मंगलवार को यहां स्कूली छात्र-छात्राओं तथा विभिन्न स्वैच्छिक संस्थाओं की शान्ति रैली, शान्ति सभा एवं गोष्ठी के आयोजन हुए। शान्ति सभा में पूर्व केन्द्रीय मंत्री, सांसद डॉ. गिरिजा व्यास ने कहा कि विश्व में शान्ति स्थापना के लिए भारतीय दर्शन व सांस्कृतिक मूल्यों को अंगीकार करने की जरूरत है। इस अवसर पर छात्र-छात्रों की ओर से भारत सरकार व संयुक्त राष्ट्र संघ को ज्ञापन प्रेषित किया गया जिसमें आणविक आतंक से मुक्त विश्व की स्थापना की अपील की गई है।

शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित शान्ति रैली सुबह साढ़े नौ बजे मौन जुलूस के रूप में टाउन हॉल से शुरू हुई। रैली की शुरुआत परिषद आयुक्त निरंजन खींचा ने आकाश में गुब्बारा उड़ाकर की। रैली में करीब दो दर्जन सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के छात्र व छात्राएं शामिल थी। बच्चे हाथों में तख्तियां लिए चल रहे थे जिन पर आणविक शस्त्रों के विरोध, पर्यावरण संरक्षण, विश्व शान्ति, एकता, सद्भाव, मैत्री विषयक नारे लिखे थे। कुछ के हाथों में बैनर, पोस्टर थे। जुलूस बापू बाजार, अश्विनी बाजार, चेतक सर्कल होते हुए सूचना केन्द्र पहुंचा और वहां सभा हुई। सभा की मुख्य अतिथि सांसद डॉ. गिरिजा व्यास थीं। उन्होंने कहा, विश्व में शान्ति के लिए भारतीय दर्शन के अनुसरण से बेहतर कोई रास्ता नहीं हो सकता। भगवान महावीर ने कहा था कि हृदयों पर शासन करना भी हिंसा है। अहिंसा पर इतनी सूक्ष्म परिभाषा अन्यत्र कहीं देखने को नहीं मिली।

डॉ. गिरिजा ने कहा कि व्यापक आणविक परीक्षण प्रतिबंध संधि के बारे में देश के सभी सांसद एकमत हैं। संसद के दोनों सदनों में केवल आणविक परीक्षण पर रोक ही नहीं बल्कि आणविक परीक्षण करने वाले राष्ट्रों के बहिष्कार का भी फैसला किया गया।

सभा की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर सुमतिलाल बोहरा ने कहा, शान्ति की स्थापना के प्रयास सर्वप्रथम अपने घर से करने की जरूरत है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सलाह दी कि वे अपने जीवन में अनुशासन व सदाचार को अपनाएं। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों में चरित्र निर्माण में सहायक संस्कार डालने का आग्रह किया। शान्तिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने हिरोशिमा दिवस के आयोजन की प्रासंगिकता बताई और कहा कि बच्चों में मानव कल्याण की भावना विकसित करने के लिए यह संस्था 10 वर्षों से हर 6 अगस्त को शान्ति रैली व सभा आयोजित कर रही है।

सभा के प्रारम्भ में सेंट्रल एकेडमी के बालक-बालिकाओं ने शान्ति गीत प्रस्तुत किया वहीं नन्हे छात्र मनोज ने श्रद्धा शीर्षक गीत पेश किया। सभा में देश एवं विश्व के छात्र-छात्राओं की ओर से ज्ञापन प्रस्तुत किया गया जिसमें इक्कीसवीं सदी में आणविक आतंक से मुक्त विश्व बनाने की अपील की गई तथा भारत सरकार द्वारा जेनेवा में चल रहे व्यापक आणविक परीक्षण प्रतिबंध संधि के संबंध में अपनाए गए दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए पूर्ण समर्थन किया गया। ज्ञापन में आणविक परीक्षणों के फलस्वरूप पर्यावरण विनाश के दुष्परिणामों से सावधान किया गया। ज्ञापन में गांधी द्वारा बताए मार्ग पर चलने की अपील की गई है। ज्ञापन भारत सरकार एवं संयुक्त राष्ट्र संघ को प्रेषित करने के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर को सौंपा गया। सभा का संचालन बी.एल. समदानी ने किया।

इस मौके पर सेवा मंदिर में आयोजित गोष्ठी में सर्वोदयी विचारक नारायण देसाई ने कहा कि गांधीजी का स्वराज का स्वप्न तब तक साकार नहीं हो सकता जब तक कि आम आदमी अपने जीवन से जुड़े तमाम मुद्दों पर स्वयं निर्णय करने में सक्षम न हो जाएं। देसाई ने कहा, आज सामान्य नागरिक एक तरह की लाचारी का अनुभव करता है। उन्होंने कहा कि गांधीजी का मानना था कि जब तक साधारण जन बलवान न बने तब तक सही माने में स्वराज कायम नहीं हो सकता। देसाई ने सेवा मंदिर के अध्यक्ष मोहनसिंह कोठारी की पुस्तक 'अबाउट गॉड एण्ड ह्यूमन बीइंग्स' का विमोचन भी किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 23 अक्टूबर, 1995

संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर विचार गोष्ठी कल

उदयपुर, 22 अक्टूबर [वि.]। शान्ति पीठ के तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्र संघ की वर्षगांठ पर मंगलवार को यहां महाराणा कुम्भा भवन में 'भविष्य में संयुक्त राष्ट्र की प्रभावी भूमिका' विषयक विचार गोष्ठी आयोजित होगी।

संस्था की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस अवसर पर विश्व शान्ति एवं मानव मंगल के सन्दर्भ में एक काव्य संध्या भी आयोजित होगी, इसमें शहर के कई कवि भाग लेंगे।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 26 अक्टूबर, 1995

'संयुक्त राष्ट्र संघ को नया स्वरूप देने पर ही उद्देश्यों की पूर्ति संभव'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 25 अक्टूबर। संयुक्त राष्ट्र संघ का पुनर्गठन आज समय की मांग है। विश्व में बदलते राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक परिवेश में लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप इस विश्व संगठन को नया स्वरूप प्रदान करने पर ही इसके निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति की जा सकेगी तथा विश्व जन समुदाय की भी इसमें आस्था बरकरार रह पाएगी।

उक्त विचार मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र संघ की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर महाराणा कुम्भा भवन में 'शान्तिपीठ' के तत्वावधान में आयोजित 'भविष्य में संयुक्त राष्ट्र की प्रभावी भूमिका' विषयक संगोष्ठी में उभर कर आए प्रमुख वक्ता के रूप में राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र इतना नहीं बदला है जितना अंतर्राष्ट्रीय संबंध बदले हैं। उन्होंने कहा रूस के विघटन के बाद वे चुनौतियां तो नहीं हैं जो उस समय थी। आज तीसरी दुनिया के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को प्रभावी व्यवस्था देने की महती आवश्यकता है जिससे यह अपनी प्राथमिकताएं स्वयं निर्धारित कर पाए। संगोष्ठी में प्रोफेसर आर.के. वर्मा ने कहा कि शीतयुद्ध की समाप्ति का यह अर्थ नहीं कि विश्व में शान्ति हो गई। उन्होंने विश्व की अरक्षा की भावना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शान्ति के लिए पूरे वर्ष भर में जो खर्चा होता है उससे तीन गुना युद्ध के लिए एक दिन में खर्च होता है। प्रो. वर्मा ने भारत को सुरक्षा परिषद का सदस्य बनाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस अवसर पर केन्द्रीय कारागार अधीक्षक चेतन देव ने कहा कि भारत के पंचशील सिद्धान्तों पर आधारित व्यवस्था देने पर संयुक्त राष्ट्र कारगर सिद्ध होगा। उन्होंने वीटो पावर को असमानता का सूचक बताते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र को संदर्भ व मान्यताएं बदलनी होगी।

अध्यक्षीय भाषण देते हुए विधायक शिवकिशोर सनाढ्य ने कहा कि भारत का लक्ष्य सदैव ही विश्व शान्ति का रहा है। भारत का चिन्तन वसुधैव कुटुम्बकम रहा है और इसे चरितार्थ करने में ही संयुक्त राष्ट्र की भूमिका प्रभावी हो सकती है। उन्होंने कहा आज विश्व में शान्ति और सुरक्षा के लिए सभी चिंतित हैं और विश्व संस्था में बदलाव भी चाहते हैं, ऐसे में संयुक्त राष्ट्र का पुनर्गठन आवश्यक ही है। संगोष्ठी के प्रारम्भ में शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि संयुक्त राष्ट्र की क्रियाशीलता का आधार कूटनीतिक संबंधों की व्यवस्था न रहकर अहिंसा आधारित उच्च जीवन मूल्य बनने चाहिए तभी इसकी सार्थकता सिद्ध हो पाएगी। संगोष्ठी का दूसरा सत्र काव्य पाठ के साथ सम्पन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता प्रो. नन्द चतुर्वेदी ने की।

लायन्स क्लब: संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर उदयपुर लायन्स क्लब के तत्वावधान में इसके समस्त क्लबों की संयुक्त सभा आयोजित की गई। समारोह की प्रमुख वक्ता डा. शोभा देवपुरा ने संयुक्त राष्ट्र की विश्व शान्ति की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

समारोह के मुख्य अतिथि यू.एन.ओ. गतिविधियों के प्रांतीय अध्यक्ष शैलेन्द्र लोढ़ा ने यू.एन.ओ. के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। समारोह में उप प्रांतपाल श्याम एस. सिंघवी भी उपस्थित थे। प्रारम्भ में क्लब अध्यक्ष डा. आलोक व्यास ने अतिथियों का स्वागत किया एवं डा. के.एन. नाग ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक नवज्योति 28 Oct. 1995

दैनिक नवज्योति
1936

संयुक्तराष्ट्र का पुनर्गठन समय की मांग

उदयपुर 27 अक्टूबर (न्यूज सर्विस)। वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ का पुनर्गठन समय की मांग है। विश्व में बदलते राजनैतिक आर्थिक एवं सामाजिक परिवेश में लोकतांत्रिक मूल्यों के अनरूप इस विश्व संगठन को नया स्वरूप प्रदान करने पर ही इसके निर्धारित उद्देश्यों की परिपूर्ति की जा सकेगी तथा विश्व जन समुदाय की भी इसमें आस्था बरकरार रह पायेगी। संयुक्त राष्ट्र का इतिहास कई उतार-चढ़ावों से भरा पड़ा है किन्तु पिछले दशक से इसका अस्तित्व सिद्ध होने लगा है। युद्ध और लड़ाइयों को नियंत्रित रखे जाने तक इसे न देखा जाए और सामाजिक विकास के संदर्भों में इसे देखा जाये तो इसके योगदान को प्रशंसनीय ही माना जायेगा किन्तु शीतयुद्ध की समाप्ति, सोवियत रूस का विघटन और बदलते राजनैतिक माहौल में वीटो के अधिकारों एवं सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों का विस्तार नितान्त आवश्यक है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर महाराणा कुम्भा भवन में स्वैच्छिक संस्था शांति पीठ के तत्वावधान में आयोजित 'भविष्य में संयुक्त राष्ट्र की प्रभावी भूमिका' विषयक विचार गोष्ठी में उभर कर आए प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र इतना नहीं बदला है जितना अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध बदले हैं। उन्होंने कहा रूस के विघटन के बाद वे चुनौतियां तो नहीं हैं जो उस समय थीं। आज तीसरी दुनिया के अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों को प्रभावी व्यवस्था देने की महती आवश्यकता है जिससे यह अपनी प्राथमिकताएं स्वयं निर्धारित कर पाये। संगोष्ठी में बोलते हुए प्रोफेसर आर. के. वर्मा ने कहा कि शीत युद्ध की समाप्ति का यह अर्थ नहीं कि विश्व में शांति हो गई। उन्होंने विश्व में असुरक्षा की भावना पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि शांति के लिए पूरे वर्ष भर में जो खर्चा होता है उससे तीन गुना युद्ध के लिए एक दिन में खर्च होता है। प्रो. वर्मा ने सुरक्षा परिषद के संदर्भ में कहा कि सन् 1945 में स्थाई सदस्यों और साधारण सदस्यों का अनुपात 1:10 था जबकि आज यह 1:36 है। उन्होंने कहा भारत में जीवन्त लोकतंत्र है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र का सदैव साथ दिया है। यहां का क्षेत्रफल, जनशक्ति, विकासशील देशों का नेतृत्व की स्थिति इसे एशिया में अग्रणी बनाते हैं। स्वयं पेंटेगॉन ने भारत को विश्व की तीसरी बड़ी सैनिक शक्ति बताया है परन्तु इससे कहीं ऊपर है भारत के श्रेष्ठ जीवन मूल्य। अत: भारत को सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य तो होना ही चाहिए।

इस अवसर पर बोलते हुए केन्द्रीय कारागार अधीक्षक चेतन देव ने कहा कि भारत के [illegible] सिद्धान्तों पर आधारित [illegible] संयुक्त राष्ट्र कारगर सिद्ध होगा। उन्होंने वीटो पॉवर को असमानता का सूचक बताते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र को संदर्भ व मान्यताएं बदलनी होंगी। जिसमें इन्सानियत ही सर्वोपरि होगी। उन्होंने कहा सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बन जाने से भारत का महत्व तो बढ़ जायेगा किन्तु इससे संयुक्त राष्ट्र कैसे प्रभावी बन जायेगा?

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए नगर के विधायक शिव किशोर सनाढ्य ने कहा कि भारत का लक्ष्य सदैव ही विश्व शांति का रहा है। भारत का चिन्तन वसुधैव कुटुम्बकम रहा है और इसे चरितार्थ करने में ही संयुक्त राष्ट्र की भूमिका प्रभावी हो सकती है। उन्होंने कहा आज विश्व में शांति और सुरक्षा के लिए सभी चिन्तित हैं और विश्व संस्था में बदलाव भी चाहते हैं, ऐसे में संयुक्त राष्ट्र का पुनर्गठन आवश्यक ही है। स्वतंत्रता सेनानी हुकमराज मेहता ने फ्रांस एवं चीन द्वारा किये जा रहे आणविक परीक्षणों पर चिन्ता व्यक्त की तथा इस पर पाबन्दी लगाने के लिए सख्त उपायों की ओर ध्यान आकर्षित किया। संगोष्ठी के प्रारंभ में शांति पीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विषय प्रवर्तन करते हुए संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि संयुक्त राष्ट्र की क्रियाशीलता का आधार कूटनीतिक सम्बन्धों की व्यवस्था न रहकर अहिंसा आधारित उच्च जीवन मूल्य बनने चाहिए तभी इसकी सार्थकता सिद्ध हो पाएगी। संगोष्ठी में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एम. एस. गणावत ने संयुक्त राष्ट्र को एक सफल संगठन बताते हुए कहा कि विकास के संदर्भों में इसके द्वारा किए गए कार्य महत्ती उपलब्धि के माने जाने चाहिए। उन्होंने वीटो शक्ति की हामी भरते हुए कहा कि इसकी अनुपस्थिति में संगठन की ताकत नाकारा साबित हो सकती है। उन्होंने वीटो अधिकारों की संख्या बढ़ाये जाने की वकालत की। वरिष्ठ साहित्यकार नंद चतुर्वेदी ने राष्ट्रों की जनसंख्या के अनुपात में संयुक्त राष्ट्र में अधिकारों की व्याख्या किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा वीटो का विशेषाधिकार मदान्ता भी पैदा कर सकता है और ऐसे में लोकमत का सम्मान ख़तरे में पड़े बिना नहीं रह सकता। गोष्ठी में शिक्षक नेता भंवर सेठ, मंजूर अहमद ने भी विचार रखे।

SHANTIPEETH INDIA ■ 297 ■
शांतिपीठ ■ DOWN THE MEMORY LANE ■

राष्ट्रदूत
उदयपुर
Rashtradoot
7 अगस्त 1996

हिरोशिमा दिवस पर रैली निकली

इक्कीसवीं सदी को आणविक आतंक से मुक्त विश्व बनाने की अपील

उदयपुर ६ अगस्त (कासं)। क्षेत्रीय सांसद डॉ. गिरिजा व्यास ने कहा है कि आज सम्पूर्ण विश्व विनाश के कगार पर है जहां यदि चंद क्षण हम विचलित हो गए तो यह दुनिया नेस्तानाबूद हो सकती है। ये विचार आज हिरोशिमा स्मृति दिवस के अवसर पर यहां सूचना केन्द्र में आयोजित शान्तिसभा में बोलते हुए उदयपुर की सांसद डा. गिरिजा व्यास ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा भगवान महावीर ने एक बार कहा था कि हृदयों पर शासन करना भी हिंसा है। अहिंसा पर इतनी सूक्ष्म परिभाषा कही नहीं गई है। व्यास ने व्यापक आणविक परीक्षण प्रतिबंध संधी के बारे में कहा कि देश के सभी सांसद इस विषय में एकमत है। उन्होंने कहा संसद के दोनों सदनों में केवल आणविक परीक्षण पर ही रोक नहीं, आणविक प्रशिक्षण देने वाले राष्ट्रों के बहिष्कार का भी निश्चय किया गया है, जिससे इक्कीसवीं शताब्दी में मानव मूल्य सम्पन्न एक नई दुनिया जन्म ले सके और जिसकी पहल भारत को ही करनी होगी।

सभा की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त कलक्टर सुमतिलाल बोहरा ने कहा कि शान्ति की पहल घर से होनी है और इसके लिये अनुशासन और सदाचार अपनाने के लिये विद्यार्थी समुदाय को सलाह दी। शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने आयोजन की प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि शान्तिपीठ के पिछले ग्यारह वर्षों के प्रयासों के पीछे मानव कल्याण की भारतीय आध्यात्मिक चेतना कार्य कर रही है और इस भावना के तहत ही यह आयोजन किया जा रहा है।

प्रारम्भ में सेन्ट्रल अकेडमी के बालक बालिकाओं ने शान्ति गीत प्रस्तुत किया जबकि एक नन्हें छात्र मनोज ने श्रद्धा शीर्षक का गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। सभा की विशेषता उदयपुर ही नहीं सारे देश एवं विश्व के छात्र छात्राओं की ओर से छात्रों द्वारा "ज्ञापन" प्रस्तुत करना था जिसमें इक्कीसवीं सदी को आणविक आतंक से मुक्त विश्व बनाने की अपील की गई थी तथा भारत सरकार द्वारा जेनेवा में चल रहे व्यापक आणविक परीक्षण प्रतिबंध संधि के संबंध में अपनाए गये दृष्टिकोण की प्रशंसा एवं पूर्ण समर्थन किया गया था। ज्ञापन में गांधी की राह पर चलने की अपील की जाकर २१ वीं सदी में सुखद प्रवेश करने का अनुरोध किया गया था। ज्ञापन भारत सरकार एवं संयुक्त राष्ट्रसंघ को प्रेषित करने के लिये अतिरिक्त जिला कलक्टर को भेंट किया गया। सभा का संचालन प्रो. बी.एल. समदानी ने किया। सभा के पूर्व टाऊन हाल से छात्र छात्राएं, शिक्षण एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि मौन जुलूस के रुप में प्रातः रवाना हुए। रैली का शुभारम्भ नगर परिषद के आयुक्त निरंजन खींचा ने आकाश में गुब्बारे को छोड़कर किया तथा अश्वीनी मार्केट तक रैली का नेतृत्व किया। करीब दो दर्जन से अधिक सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के छात्र हाथों में आणविक अस्त्रों का विरोध, पर्यावरण संरक्षण, विश्व शान्ति, एकता, सदभाव, मैत्री एवं स्वतंत्रता के मूल्य विषयक पट्टिकाऐं, बेनर, पोस्टर आदि लेकर चल रहे थे। अग्रिम पंक्ति में सेंट ग्रिगोरियस स्कूल की नन्हीं दिप्ति एवं सेन्ट्रल अकेडमी के मनोज ने शान्तिपीठ का बैनर थाम रखा था। पूर्ण अनुशासन युक्त यह मौन जुलूस बापू बाजार, अश्वीनी मार्केट, चेटक सर्किल होता हुआ सूचना केन्द्र के खुले रंगमंच में जाकर सभा में बदल गया। करीब ३-४ हजार बालक बालिकाओं का दो की पंक्ति में चल रहा यह लम्बा जुलूस हिरोशिमा की स्मृति और सुन्दर भविष्य की आशा के लिये मौन रहकर भी अपना प्रभावपूर्ण अर्थ प्रस्तुत कर रहा था।



हिरोशिमा दिवस पर मंगलवार को उदयपुर में स्कूली छात्र-छात्राओं की रैली निकाली गई।

दैनिक नवज्योति
1936
अजमेर, गुरुवार 5 सितम्बर 1996

महापुरुषों के आदर्शों को व्यवहार में नहीं लाना विडम्बना

उदयपुर 4 सितम्बर (न्यूज सर्विस) हम शंकराचार्य, बुध्द व गांधी के सिद्वांतो एंव आदर्शो की चर्चा तो भारत में प्रचुरता से करते हैं, किन्तु उनको व्यवहार में लाना हम लोगों के लिए एक दुष्कर कार्य हो गया हैं। यह वास्तव में विडम्बना ही हैं।

उक्त विचार प्रसिध्द अन्तरिक्ष विज्ञानवेत्ता प्रो. यू.आर.राव ने रविन्द्रनाथ टैगोर मेडिकल कालेज के सभागार में शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित डा. डी.एस. कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला के तीसरे व्याख्यान विषय विज्ञान, संस्कृति और समाज पर व्यक्त किए । प्रो. राव ने कहा कि समाज का कल्याण इसी में हैं कि वह विज्ञान और संस्कृति के समन्वय की दिशा में कदम बढाता रहे। विज्ञान अपने आप में वस्तु परक है। नैतिक मूल्यों की स्थापना करने का दायित्व संस्कृति का हैं। विज्ञान गुण का कोई विकल्प नही हैं और नैतिकता के प्रति वह तटस्थ वृति वाला होता है। विज्ञान समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति के साधन प्रदान करता है और इसके माध्यम से समाज के अभावों की पूर्ति हेतु संकल्पबध्द मानवीय प्रयासों की महत्ती आवश्यकता हैं ।संस्कृति विज्ञान का प्राण है और संस्कृति की संरक्षक और आध्यात्म में रची बची विभूतियां ही समाज को दिशाबोध दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान ने शांतिपूर्ण प्रयोजनो के हेतु राकेट निमार्ण किए, किन्तु यदि मानव उनका एवं रसायनिक शस्त्रार्थों रता उपयोग विनाश के लिए करे, उसमें विज्ञान का कोई दोष नही हैं। विज्ञान और विवेक का सामंजस्य ही अन्ततोगत्वा मानव जाति को विनाश से बचा सकता हैं।

उन्होंने कहा कि जनसंख्या की विस्फोटक स्थिति इस सीमा तक पहुंच गई हैं कि पाइंट एक हैक्टर भूमि भी रहने के लिए नहीं बची हैं। ऐसी स्थिति में संस्कृति के उदात्त आध्यात्मिक, विचारक ही नैतिक मूल्यों की संस्थापना पर बल देकर नया दिशाबोध दे सकते हैं। उन्होंने यह कहा कि विज्ञान संस्कृति एवं समाज एक दूसरे के पूरक हैं। विज्ञान को उत्पादकता से जोड़नें पर ही मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता एवं नैतिक चिन्तन के ताने बाने से ही संस्कृति का वस्त्र बुना जा सकता हैं।

व्याख्यानमाला की अध्यक्षता करते हुए सुखाडिया विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. आर. के. राव ने डा. कोठारी को महान विचारक. शिक्षाविद एवं विज्ञानवेत्ता बतायाऔर कहा कि वे विज्ञान एवं संस्कृति के सुदृढ सेतु थे।

जवाहर लाल नेहरू विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एम.एस.अगवानी ने डा. कोठारी को प्रसिद्ध विज्ञानवेत्ता, संस्कृति का उन्नायक एवं समाज का प्रणेता बताया।

शांति पीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संस्था के कार्यो की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि डा. कोठारी द्वारा प्रस्थापित मानव मूल्यों को लेकर ही हम इक्कीसवीं सदी में प्रवेश करेगं।

सौरवैधशाला के निदेशक प्रो. अरविन्द भटनागर ने प्रो. यू. आर. राव का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रो. राव ने डा.कोठारी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 24 अक्टूबर, 1996

आज संयुक्त राष्ट्र दिवस पर गोष्ठी

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 23 अक्टूबर। संयुक्त राष्ट्र संघ की 51वीं वर्षगांठ के अवसर पर गुरुवार शाम को शांतिपीठ की ओर से एक गोष्ठी आयोजित की जाएगी।

शांति पीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बताया कि गोष्ठी का विषय 'विश्व शांति और संयुक्त राष्ट्र' होगा। गोष्ठी के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल सादिक अली होंगे।

आज के कार्यक्रम

- विद्या भवन पॉलीटेक्नीक महाविद्यालय इंजीनियरिंग विद्यार्थी सभा का शपथ ग्रहण समारोह महाविद्यालय सभागार में सुबह 11 बजे।
- प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय व उदयपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के तत्वावधान में सौर ऊर्जा के व्यावसायिक उपयोग विषयक संगोष्ठी पी.पी. सिंघल हॉल में अपराह्न 3 बजे।
- विश्व हिन्दू परिषद का हिन्दू हित चिन्तक सम्मेलन सुखाड़िया रंगमंच पर अपराह्न 4.30 बजे।
- संयुक्त राष्ट्र संघ की वर्ष गांठ पर संगोष्ठी सरदारपुरा स्थित शांतिपीठ पर शाम 5 बजे।
- मीरा कला मंदिर के 24वें मीरा जयंती समारोह का उद्घाटन हिरण मगरी सेक्टर 11 स्थित संस्था परिसर में शाम 7.30 बजे।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 25 अक्टूबर, 1996

विश्व शांति के बुनियादी स्वरूप का ढांचा ही तय नहीं- सादिक अली

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 24 अक्टूबर। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल सादिक अली ने कहा है कि अब तक विश्व शान्ति के बुनियादी स्वरूप का ढांचा ही तय नहीं हुआ है और कुछ सामर्थ्यवान राष्ट्र शान्ति के अपने दृष्टिकोण को सम्पूर्ण विश्व पर थोपना चाहते हैं।

वे गुरुवार को शान्तिपीठ की ओर से संयुक्त राष्ट्र संघ की 51वीं वर्षगांठ के मौके पर विश्व शान्ति के प्रयासों पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा शान्ति के बुनियादी स्वरूप में सम्पूर्ण विश्व की सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक समरसता का विश्लेषण होना चाहिए तथा अनेक राष्ट्रों की विभिन्न सामाजिक समस्याओं के अध्ययन के बाद ही शान्ति के स्वरूप का कोई अंतरराष्ट्रीय चार्टर बनाया जाना चाहिए, जो परस्पर सहमति और विश्वास की विश्व परम्परा पर आधारित हो तभी यह संस्था विश्व समुदाय का आस्था केन्द्र बन पाएगी। उन्होंने गांधी के सहिष्णुतावाद और आध्यात्म के मार्ग को अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने महात्मा गांधी के गरीब के स्वराज्य की अवधारणा को रेखांकित करते हुए कहा हर गांव अपनी किस्मत अपने हाथ में ले। अपनी बात को किसी पर थोपने से शान्ति की स्थापना नहीं हो सकती व अमरीका के जरिए शान्ति की उम्मीद रखना बेमानी है।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर मोहम्मद शफी अगवानी ने नैतिकता और स्वार्थ की टक्कर का दुष्परिणाम पतन और शोषण करार देते हुए कहा कि दुनिया में गरीब और अमीर आदमी के बीच 3 हजार गुना अन्तर है। संयुक्त राष्ट्र संघ का निर्माण संयुक्त सुरक्षा की भावना के अन्तर्गत हुआ था परन्तु शान्ति के लिए स्थापित संस्था कालान्तर में एक-दूसरे राष्ट्रों के परस्पर वैमनस्य के झगड़ों का मंच बन गया है। इससे इसके वृहत उद्देश्यों को झटका लगा है। प्रोफेसर अगवानी ने कहा संयुक्त राष्ट्र संघ को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य तथा शिक्षा के क्षेत्र में अपने प्रयास अधिक तेज करने चाहिए ताकि इसकी सुरक्षात्मक भूमिका के साथ-साथ सामाजिक कल्याण की भूमिका भी अधिक सार्थक सिद्ध हो सके।

शान्तिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने वसुधैव कुटुम्बकम् की भारतीय अवधारणा को आत्मसात करने की जरूरत बताई व कहा कि शान्तिपीठ विश्व शान्ति के ऐसे प्रयासों के लिए अपनी वैचारिक भूमिका का सदैव निर्वहन करता रहा है। इस अवसर पर साहित्यकार किशन दाधीच ने शान्ति के प्रयास में संतों और कवियों की भूमिका को बताया तथा संयुक्त राष्ट्र संघ की रीति-नीति में स्वैच्छिक भागीदारी के प्रयासों के जनसंचार के परम्परागत विचारों का उपयोग विश्व शान्ति के लिए करने पर बल दिया। मोहम्मद हैदरी व शान्तिलाल भण्डारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

विश्व शान्ति के प्रयासों पर संगोष्ठी आयोजित

उदयपुर, 24 अक्टू. (वि) । शान्तिपीठ की ओर से गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र संघ की 51 वीं वर्षगांठ पर विश्व शांति के प्रयासों पर एक संगोष्ठी आयोजित की गयी ।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यपाल सादिक अली ने कहा कि अभी तक विश्व शांति के बुनियादी स्वरूप का ढांचा ही तय नहीं हुआ है और कुछ सामर्थ्यवान राष्ट्र शांति के अपने दृष्टिकोण को सम्पूर्ण विश्व पर थौंपना चाहते है । उन्होंने कहा कि अमेरिका के जरिये शांति की उम्मीद नहीं की जा सकती । गोष्ठी की अध्यक्षता जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मो. शफी अगवानी ने की ।

शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने वसुदेव कुटुम्बकम की भारतीय अवधारणा को आत्मसात करने पर बल दिया । इस अवसर पर किशन हैदरी व शांतिलाल भंडारी ने भी अपने विचार रखे ।

उदयपुर शुक्रवार 25 अक्टूबर 1996

संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना वर्षगांठ पर विविध कार्यक्रम

राजसमंद वर्षगांठ को भूला

-कार्यालय संवाददाता-

उदयपुर, 24 अक्टूबर। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की 51 वीं वर्षगांठ पर गुरुवार को सम्पूर्ण संभाग में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये।

शांतिपीठ उदयपुर द्वारा इस अवसर पर 'विश्वशांति के प्रयास' विषय पर संगोष्ठी रखी गई। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं पूर्व राज्यपाल सादिक अली ने इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के 50 वर्ष बाद भी विश्वशांति का बुनियादी ढांचा तय नहीं हुआ है तथा कुछ सामर्थ्यवान राष्ट्र, शांति के अपने दृष्टिकोण को सम्पूर्ण विश्व पर थोपना चाहते हैं।

जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मो. शफी अगवानी ने गोष्ठी की अध्यक्षता की। शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश द्विवेदी, साहित्यकार किशन दाधीच, मोहम्मद हेदरी व शांतिलाल भंडारी ने इस अवसर पर विचार व्यक्त किये।

राजसमन्द

संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर एक भी कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ जबकि जिला प्रशासन द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की गई थी।

सूत्रों के अनुसार जिला कलेक्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर संयुक्त राष्ट्र संघ का झण्डा तक नहीं फहराया गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न विभागों को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाने के निर्देश जारी किये थे।

जिला मुख्यालय पर ग्राम सेवक की परीक्षाएं होने के कारण विद्यालयों में अवकाश रहा।

उदयपुर, शुक्रवार 25 अक्टूबर 1996

जय राजस्थान

विश्वशांति के बुनियादी स्वरूप का ढांचा ही तय नहीं हो पाया- अली

उदयपुर, 24 अक्टूबर। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के 50 वर्ष बाद भी विश्व शांति के लिए अन्तर्राष्ट्रीय संस्था के सार्थक प्रयासों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए पूर्व राज्यपाल सादिक अली ने कहा कि अभी तक विश्व शांति के बुनियादी स्वरूप का ढांचा ही तय नहीं हुआ है और कुछ सामर्थ्यवान राष्ट्र शांति के अपने दृष्टिकोण को संपूर्ण विश्व पर थोपना चाहते हैं।

उन्होंने अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए कहा कि शांति के बुनियादी स्वरूप में संपूर्ण विश्व की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक समरसता का विश्लेषण होना चाहिए तथा अनेक राष्ट्रों की विभिन्न सामाजिक समस्याओं के अध्ययन के उपरांत ही शांति के स्वरूप का कोई एक अन्तर्राष्ट्रीय चार्टर बनाया जाना चाहिए जो परस्पर सहमति और विश्वास की विश्व परम्परा पर आधारित हो तभी यह संस्था विश्व समुदाय का आस्था केंद्र बन पाएगी। उन्होंने गांधी के सहिष्णुतावाद और अध्यात्म के मार्ग को अपनाने पर बल दिया।

अली आज शांति पीठ द्वारा संयुक्त अवधारणा को रेखांकित करते हुए कहा कि हर गांव अपनी किस्मत अपने हाथ में ले। उन्होंने कहा कि अपनी बात को किसी पर थोपने से शांति की संस्थापना नहीं हो सकती। पूर्व राज्यपाल ने कहा कि अमरीका के जरिये शांति की उम्मीद नहीं की जा सकती।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर मो. शफी अगवानी ने नैतिकता और स्वार्थ की टक्कर का दुष्परिणाम पतन और शोषण को बताते हुए कहा कि दुनिया में गरीब और अमीर आदमी के बीच 3 हजार गुना का अंतर है।

शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विषय प्रवर्तन करते हुए विश्व शांति के अभियान को अध्यात्म के आश्रम में मानवीय संवेदनशीलता के साथ किए जाने की सार्थकता प्रतिपादित की तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भारतीय अवधारणा को आत्मसात करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शांतिपीठ विश्व

विश्व शांति का—
शेष पृष्ठ 1 का ·

दाधीच ने शांति के प्रयास में संतों और कवियों की भूमिका को रेखांकित करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की रीति-नीति में स्वैच्छिक भागीदारी के प्रयासों के लिए जन संचार के परम्परागत विचारों का उपयोग विश्व शांति के लिए करने पर बल दिया। इस अवसर पर मोहम्मद हैदरी व शांतिलाल भंडारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रारम्भ में प्रमुख अतिथि शांतिपीठ के डॉ. एस.एल. शर्मा, मंजूर अहमद तथा शांतिपीठ की सबसे छोटा सदस्य दीप्ति ने माल्यार्पण कर

दैनिक नवज्योति
7 अगस्त, 1997

राष्ट्र के नव निर्माण व विश्व शांति के लिए कार्य करें-मेहता

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 6 अगस्त।

पूर्ण आणविक नि:शस्त्रीकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं नैतिक आदर्शों के उन्नयन के आग्रह के साथ बुधवार को हिरोशिमा स्मृति की 52 वीं वर्षगांठ के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वयोवृद्ध स्वाधीनता सैनानी एवं संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य मास्टर बलवंत सिंह मेहता ने कहा कि गांधीजी के करो या मरो जैसे संकल्प के साथ राष्ट्र के नव निर्माण एवं विश्व शांति के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की आज महती आवश्यकता है।

मेहता ने देश के हालात पर चिंता व्यक्त क ीऔर कहा कि गांधीजी ने स्वाधीन भारत का सुन्दर सपना देखा था किन्तु हम उस ओर कुछ खास नहीं कर पाए। उन्होंने देश के बच्चों को गरीबी और निरक्षरता से ऊपर उठाने की जरूरत के साथ ही समाज के गिरते नैतिक मूल्यों की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई है। शांति के लिए उदयपुर से किए जा रहे प्रयासों को उन्होंने प्रशंसनीय बताया।

प्रमुख उदबोधन देते हुए मेवाड महामण्डलेश्वर मंहत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि प्रार्थना में शक्ति है। उन्होंने प्रार्थना को शान्ति का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि प्रार्थना से शांति और शांति से आनंद की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा शांतिपीठ के इस आयोजन में बच्चों की अहम भूमिका होती है। बच्चे निष्पाप होते है उनकी प्रार्थना भगवान अवश्य सुनते है। यह कार्य बडे लोगों के जरिये नही बल्कि विद्यार्थी वर्ग ही अपने संकल्प और प्रार्थना से विश्व में शांति की स्थापना कर सकता है।

मंहत ने कहा कि विश्व शांति के लिए शांतिपीठ का प्रयास एक शक्ति के रूप में सामने आ रहा है जो शांति का आलोक विश्व भर में फैलाएगा। आज मानव मात्र और प्रत्येक राष्ट्र का कर्तव्य है कि वे शांति के मार्ग पर चलने का संकल्प लें।

सभा को संबोधित करते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व बन्धुत्व और मानव समुदायों में एकता स्थापित करने की पहल भारत ने हमेशा की है व भविष्य में भी करता रहेगा।

उन्होंने व्यापक अणु अप्रसार संधी के हवाले से कहा कि भेदभाव व असमानता के जरिये नि:शस्त्रीकरण के लक्ष्य को प्राप्त नही किया जा सकता। अस्त्रों के जखीरे को रखकर नि:शस्त्रीकरण की बातें ईमानदार प्रयास नही कहा जा सकता। उन्होंने कहा व्यक्तिगत स्तर पर शुरू किये गये प्रयासों से समूह से साथ चल पडना भारतीय ऋषि परम्परा है और यह शांति का मार्ग है।

त्रिवेदी ने अमेरिका द्वारा जापान के सुन्दर नगरों हिरोशिमा-नागासाकी पर गिराये गए परमाणु बमों से उत्पन्न विभिषिका और उससे आज तक हो रहे विनाशकारी परिणामों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उदयपुर से विद्यार्थी समुदाय के माध्यम से किये जा रहे शांति प्रयास विश्व के कोने कोने में पहुंच रहे हैं।

प्रारम्भ में नगर की कई सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राएं कतारों में चलकर अपने विद्यालयी झण्डे के साथ टाउनहाल नगर परिषद परिसर में उपस्थित हुए. सवेरे 9.30 बजे जिला कलेक्टर श्रीमत पाण्डेय ने शांति के आग्रह की प्रतीक एक तख्ती अपने हाथ में लेकर कुछ कदम चलते हुए रैली का शुभारम्भ किया। विद्यार्थी समुदाय का यह मौन जुलूस हाथों में शांति, पर्यावरण, राष्ट्रीय आदर्शों एवं मानवीय मूल्यों के अर्थ लिये बैनर, तख्ती, पोस्टर आदि लेकर चल रहा था। रैली के अग्रिम भाग में दो नन्ही बालिकाएं शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित करने के प्रतीक स्वरूप हाथों में फूलों के गुलदस्ते लेकर चल रही थी। बापू बाजार, देहलीगेट, अश्विनी मार्केट, चेटक सर्कल होते हुए यह रैली सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर जाकर सभा में बदल गई। सभा में सेन्ट्रल एकेडमी की छात्राओं ने संगीत शिक्षक रफीक खान के निर्देशन मे आत्म चिंतन से ही होगा आत्म परिवर्तन शांति गीत प्रस्तुत किया। जबकि अन्य छात्रा कविता शुक्ला ने आतंकवाद से विनाश पर अपने विचार प्रकट किये।

इस अवसर पर राष्ट्रीय आदर्श, विश्व शांति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यार्थी वर्ग ने एक स्वर से प्रतिज्ञा ली। स्वाधीनता की स्वर्ण जयंती के संदर्भ में देश के शहीदों एवं हिरोशिमा नागासाकी की दुखान्तिका की मुक्तात्माओं को 2 मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। अन्त में शांतिपीठ के राजीव लोढा ने धन्यवाद ज्ञापित किया जबकि कार्यक्रम का संचालन विपिन गांधी ने किया। राष्ट्र गान केसाथ सभा विसर्जित हुई।

—

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 1 अगस्त, 1997

हिरोशिमा दिवस पर रैली

[सांस्कृतिक संवाददाता]

उदयपुर, 31 जुलाई। हिरोशिमा-नागासाकी दुखान्तिका की 52वीं वर्षगांठ पर शान्तिपीठ द्वारा नगर में 6 अगस्त की सुबह शान्ति जुलूस व सभा का आयोजन किया जाएगा।

6 व 9 अगस्त, 1945 को जापान के सुन्दरतम शहरों हिरोशिमा व नागासाकी पर अमरीका द्वारा गिराए गए परमाणु बम में लाखों लोग मौत के मुंह में समा गए थे और दूर-दूर तक प्रदूषण फैल गया। इस हादसे की स्मृति और आणविक अस्त्रों के प्रयोग के विरोध में यह आयोजन विश्वभर में किया जाता है।

इसी क्रम में पर्यावरण संरक्षण,, पूर्व आणविक नि:शस्त्रीकरण एवं विश्व बन्धुत्व प्रसार के उद्देश्य से शान्ति पीठ संस्थान द्वारा नगर में 12वीं बार यह आयोजन होगा, जिसमें नगर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं के साथ कई संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।

यह जुलूस टाउन हाल में सुबह 9.30 बजे रवाना होकर मुख्य मार्गों से होता हुआ सूचना केन्द्र सभा में बदल जाएगा। इस मौके पर

दैनिक नवज्योति

26 अक्टूबर 1996

कुछ राष्ट्र शांति के अपने दृष्टिकोण को विश्व पर थोपना चाहते हैं

उदयपुर, 25 अक्टूबर (न्यूज सर्विस)। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के 50 वर्ष बाद भी विश्व शांति के लिए अर्न्तराष्ट्रीय संस्था के सार्थक प्रयासों पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए पूर्व राज्यपाल सादिक अली ने कहा कि अभी तक विश्व शांति के बुनियादी स्वरूप का ढ़ांचा ही तय नहीं हुआ है और कुछ सामर्थ्यवान राष्ट्र शांति के अपने दृष्टिकोण को सम्पूर्ण विश्व पर थोपना चाहते है।

उन्होंने अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए कहा कि शांति के बुनियादी स्वरूप में सम्पूर्ण विश्व की सामाजिक आर्थिक एवं राजनैतिक समरसता का विश्लेषण होना चाहिये तथा अनेक राष्ट्रों की विभिन्न सामाजिक समस्याओं के अध्ययन के उपरांत ही शांति के स्वरूप का कोई एक अर्न्तराष्ट्रीय चार्टर बनाया जाना चाहिये, जो परस्पर सहमति और विश्वास की विश्व परम्परा पर आधारित हो। तभी यह संस्था विश्व समुदाय का आस्था केन्द्र बन पायेगी। उन्होंने गांधी के सहिष्णुतावाद और आध्यात्म के मार्ग को अपनाने पर बल दिया।

सादिक अली शांति पीठ द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ की 51 वीं वर्षगांठ पर विश्व शांति के प्रयासों पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

उन्होंने महात्मा गांधी के गरीब के स्वराज्य की अवधारणा को रेखांकित करते हुए कहा कि हर गांव अपनी किस्मत अपने हाथ में ले। उन्होंने कहा कि अपनी बात को किसी पर थोपने से शांति की संस्थापना नहीं हो सकती।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जवाहर लाल नेहरू विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर मो. शफी अगवानी ने नैतिकता और स्वार्थ की टक्कर का दुष्परिणाम पतन और शोषण को बताते हुए कहा कि दुनिया में गरीब और अमीर आदमी के बीच 3 हजार गुना का अन्तर है।

शांति पीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने वसुधैव कुटुम्बकम की भारतीय अवधारणा को आत्मसात करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शांति पीठ विश्व शांति के ऐसे प्रयासों के लिए अपनी वैचारिक भूमिका का सदैव निवर्हन करता रहा है।

दैनिक नवज्योति

रण RJ/AJ/56 • The Oldest Hindi Daily With Large Circulation i Rajasthan • वर्ष 61, अंक 295 • अजमेर, रविवार, 26 अक्टूबर, 1997 • मूल्य दो रुपये पच्चीस पैसे • प्र

संयुक्त राष्ट्र संघ ने ही तीसरे विश्व युद्ध को रोका है

न्यूज सर्विस
उदयपुर, 25 अक्टूबर।

संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस पर विचार गोष्ठी

संयुक्त राष्ट्र संघ की उपादेयता को कोई अस्वीकार नहीं कर सकता, किंतु पांच दशकों के बाद बदली परिस्थितियों में इस विश्व मंच को व्यापक रूप से एक जन भागीदारी केंद्र के रूप में बदलने की महती आवश्यकता हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा भेदभाव रहित, लोकतांत्रिक एवं समतापूर्ण क्रिया पद्धति अपनाने पर ही मानवीय आदर्शों से युक्त इसके उद्धेश्यों को उपलब्ध किया जा सकता हैं तथा विश्व समुदाय को एक विश्व समाज का स्वप्न साकार हो सकता हैं।

यह विचार आज संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा सूचना केंद्र के सभागार में आयोजित विचार गोष्ठी में बोलते हुए कई वक्ताओं ने व्यक्त किये।

संयुक्त राष्ट्र संघ की उपादेयता एवं भविष्य विषय पर प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मोहम्मद शफी आगवानी ने कहा कि संभावित विश्व युद्ध रोकने का श्रेय किसी को जाता हैं तो वह संयुक्त राष्ट्र संघ को जायेगा। किंतु साथ ही उन्होंने इस बात को भी जोर देते हुए कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भी कई युद्ध हुए हैं जिसमें बहुत ज्यादा जन-धन की क्षति हुई हैं। इसका कारण भी उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की कमियां बताया।

प्रो. अगवानी ने कहा भारत को मानवीय आदर्शों के इतिहास एवं दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या का देश होने के नाते सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनना चाहिए। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सेवा निवृत भारतीय प्रशासनिक अधिकारी मोहन सिंह कोठारी ने संयुक्त राष्ट्र के अस्तित्व को विकास प्रक्रिया व सभ्यता के इतिहास की एक कड़ी माना।

उन्होंने इसके प्रभावी होने में आ रहीं कठिनाईयों एवं निराकरण के संबंध में बोलते हुए कहा कि शक्ति संतुलन और पारस्परिक विश्वास व समन्वय के आचरण की आज इस संस्था को महती आवश्यकता हैं। अमेरिका का एक महाशक्ति के रूप में उभरना तथा छोटे राष्ट्रों को समतापूर्ण व्यवहार न करना संघ के लिए अहितकर हैं। धनाभाव, सौदेबाजी व अपना विचार थोपने जैसी आदतों से ऊपर उठने की उन्होंने जरूरत बताई। कोठारी ने संयुक्त राष्ट्र में जन प्रतिभागिता की प्रखर भूमिका के लिए एक लोक सदन की आवश्यकता प्रतिपादित की।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने गत दशकों में कई सफलता व असफलता के बावजूद संयुक्त राष्ट्र की अनिवार्यता रेखांकित की। उन्होंने इसकी भावी भूमिका के संबंध में कहा कि योगी अरविंद ने भी इसकी अनिवार्यता स्वीकार कर यह प्रमाणित किया हैं कि मानव चेतना के भविष्य को संवारने एक सर्वमान्य एवं सर्वग्राहय संस्था की आवश्यकता संयुक्त राष्ट्र ही पूरा करेगी।

गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए पूर्व भारतीय प्रशासनिक अधिकारी एस.एस.राणावत ने संघ को लोकतांत्रिक बनाने की आवश्यकता बताते हुए वीटो के अधिकार को भी आवश्यक माना। उन्होंने राष्ट्र संघ के लोक कल्याणकारी एवं विकास के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर सोलर ऊर्जा के वैज्ञानिक डॉ. अरविंद भटनागर ने भारत सुरक्षा परिषद का सदस्यों क्यों बने प्रश्न प्रस्तुत करते हुए विचार व्यक्त किए। डॉ. आर.एम. लोढा ने रियो में पर्यावरण सम्मेलन के प्रस्ताव को लागू करने की आवश्यकता बताते हुए विकासशील राष्ट्रों द्वारा एक जुट होकर असमानता का मुकाबला करने की आवश्यकता बताई।

गोष्ठी में देवीशंकर चौबीसा, श्याम निर्मोही, शोध छात्र दिलीप सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ से मांग की गई कि हर राष्ट्र अपने वार्षिक बजट का निश्चित अनुपात अनिवार्यतः संघ को योगदान में दे।

उदयपुर, 25 अक्टूबर, 1997 पत्रिका

संयुक्त राष्ट्र व्यापक जन भागीदारी का केन्द्र बने

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 24 अक्टूबर। संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के उपलक्ष में शुक्रवार को यहां गोष्ठी, समारोह आदि कार्यक्रम हुए, जिनमें संयुक्त राष्ट्र की उपादेयता, अब तक के सफर और भावी स्वरूप पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

इस अवसर पर शांतिपीठ की ओर से यहां सूचना केन्द्र में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ की उपादेयता को कोई अस्वीकार नहीं कर सकता, किन्तु पांच दशकों के बाद बदली परिस्थितियों में इस विश्व मंच को व्यापक रूप से एक जन भागीदारी के केन्द्र के रूप में बदलने की महती आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा भेदभाव रहित, लोकतांत्रिक एवं समतापूर्ण क्रिया पद्धति अपनाने पर ही मानवीय आदर्शों से युक्त इसके उद्देश्यों को उपलब्ध किया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की उपादेयता एवं भविष्य विषय पर प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मोहम्मद शफी अगवानी ने कहा कि संभावित विश्व युद्ध रोकने का श्रेय किसी को प्रशासनिक सेवा के सेवानिवत्त अधिकारी मोहन सिंह कोठारी ने संयुक्त राष्ट्र के प्रभावी होने में आ रही कठिनाइयों एवं निराकरण के संबंध में कहा कि शक्ति संतुलन और पारस्परिक विश्वास व समन्वय के आचरण की इस संस्था को महत्ती आवश्यकता है। कोठारी ने संयुक्त राष्ट्र में जन प्रतिभागिता की प्रखर भूमिका के लिए एक लोक सदन की आवश्यकता प्रतिपादित की। शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने प्रारंभ में विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि पिछले पांच दशकों में कई सफलता व विफलता के बावजूद संयुक्त राष्ट्र की अनिवार्यता रेखांकित की। उन्होंने इसकी भावी भूमिका के संबंध मे कहा कि यह अपने उद्देश्यों में तभी कामयाब होगी जब यह जन आस्था और क्रियाशीलता का केन्द्र बनेगा।

गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक अधिकारी एस.एस. राणावत ने संघ को लोकतांत्रित बनाने की आवश्यकता बताते हुए वीटो के अधिकार को भी आवश्यक माना। उन्होंने राष्ट्र संघ के लोक कल्याणकारी एवं विकास पर्यावरण सम्मेलन के प्रस्ताव को लागू करने की आवश्यकता बताते हुए विकासशील राष्ट्रों द्वारा एकजुट होकर असमानता का मुकाबला करने की आवश्यकता बताई। गोष्ठी में देवी शंकर चौबीसा, श्याम निर्मोही, शोध छात्र दिलीप सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ से मांग की गई कि हर राष्ट्र अपने वार्षिक बजट का निश्चित अनुपात अनिवार्यतः संघ को योगदान में दे। संघ में [पीपुल्स हाउस] 'लोकसदन' का गठन हो, जिसमें सक्रिय जन प्रतिभागिता सुनिश्चित की जा सके और जनता की आत्मा की आवाज वहां पहुंचे। प्रस्ताव में भारत को सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता दिए जाने की मांग की तथा पूर्ण आणविक निःशस्त्रीकरण के संबंध में भारत सरकार के निर्णय का समर्थन व्यक्त किया तथा साथ ही रियो पर्यावरण सम्मेलन के प्रस्ताव लागू करने एवं विकसित देशों के पर्यावरण संरक्षण पर प्रभावी भूमिका निभाने की मांग की गई। अंत में डा. आर.के. व्यास ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक नवज्योति
12 दिसम्बर, 1997

बदलते परिवेश में मानवाधिकारों के पुनर्निधारण की आवश्यकता

न्यूज सर्विस
उदयपुर, 11 दिसम्बर।

विश्व के बदलते परिवेश में आज मानवाधिकारों के पुनर्निधारण की महती आवश्यकता है, जो व्यक्ति की गरिमा की रक्षा को लक्ष्य रखकर न्याय व स्वाधीनता को सुनिश्चित कर पाए। गीता का संदेश मानव मात्र को इसी ओर समग्र दिशा देता है, जिसे गांधी ने आत्मसात कर मानवाधिकारों के लिए संघर्ष का आदर्श प्रस्तुत किया।

यह विचार विश्व मानवाधिकार एवं गीता जयंती केअवसर पर शान्तिपीठ द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में व्यक्त किये गए।

''मानवाधिकार एवं गीता दर्शन'' विषयक गोष्ठी में बोलते हुए पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मोहन सिंह कोठारी ने श्रीकृष्ण को विश्व में मानवाधिकारों का सबसे बड़ा संरक्षक बताया और मानव समुदाय को निम्न से उच्च चेतना की ओर प्रतिस्थापित करने में गीता के ज्ञान का संबल लेने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए गांधीवादी चिन्तक दयाल चन्द सोनी ने कहा कि व्यक्ति अगर मानव धर्म का पालन करे तो दूसरों के अधिकारों की रक्षा स्वत: हो जाती है। उन्होंने वर्तमान शिक्षा को मानव मूल्यों की स्थापना में बाधक बताते हुए कहा कि यह हमें परावलम्बी बना रही है। यह मानवाधिकारों की रक्षा के विपरीत है।

प्रारम्भ में गीता जयन्ती एवं मानवाधिकार दिवस की प्रासंगिकता बताते हुए शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने खेद व्यक्त किया कि पिछले 50 वर्षों में गीता जैसे सम्प्रदाय निरपेक्ष एवं विज्ञान सम्मत शास्त्र को आत्मसात करने के लिए विशेष प्रयत्न नही हुए जबकि समूचे विश्व द्वारा क्रिया एवं विज्ञान के शास्त्र के रूप में इसे स्वीकार किया जाने लगा है। धर्म निरपेक्षता के किसी पूर्वाग्रह से समाज को सत्य से वंचित नही रखा जा सकता, यह अपना रास्ता स्वयं खोज लेता है। उन्होंने कहा गीता एक ऐसा ही विधान है जो मानवाधिकारों की अवधारणा में समाधान कारक है।

राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर रूपा हिरण ने मानवाधिकारों की रक्षा में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सार्थकता पर बोलते हुए महिलाओं पर निरन्तर बढ रहे अत्याचारों पर चिन्ता व्यक्त की तथा इस ओर संयुक्त राष्ट्र संघ एवं सरकारों द्वारा अधिक कारगर कार्यक्रम लागू करने पर बल दिया। इस अवसर पर प्रो. पी.सी.मालू ने मानवाधिकारों के हनन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बताते हुए गांधी जैसे मानवाधिकारों की रक्षा के प्रबल समर्थक को विस्मृत करने पर खेद व्यक्त किया। प्रो. सुरेन्द्र दत्त बहुगुणा ने आम आदमी को मानवाधिकारों की पर्याप्त जानकारी दिये जाने की आवश्यकता बताई जबकि सरदार जसपाल सिंह ने संविधान में दिए सभी के लिए शिक्षा के मूल अधिकार से लोगों को वंचित रखना अधिकारों का हनन बताया।

गोष्ठी मे बोलते हुए प्रो. एल.एन.जोशी ने कहा कि मानवाधिकारों की वर्तमान अवधारणा पश्चिम जगत से प्रेरित है। उन्होंने गांधीजी द्वारा कमजोर की रक्षा एवं मानवधिकारों की रक्षा एवं मानव मूल्यों को बनाये रखने के लिए प्रयास करने की बात कही। गोष्ठी में साहित्यकार डॉ. राजेन्द्र सक्सेना ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकारों को लेकर हो रहे विरोधाभास पर चर्चा करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ को अधिक सबल एवं सक्षम बनाने की आवश्यकता बताई। बिहार की हिंसक घटनाओं पर चिन्ता व्यक्त करते हुए उन्होंने प्रश्न उठाया कि क्यों हम आदिम युग की ओर जा रहे है। डॉ. सक्सेना ने विद्यालयों में मानवाधिकार शिक्षा के पाठयक्रम लागू करने का सुझाव दिया। गोष्ठी में डॉ. एस.एल.शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

अन्त में द्वादशी गीता का पाठ किया गया तथा डॉ. एल.एल.शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 11 दिसम्बर, 1997

शांतिपीठ की ओर से संगोष्ठी

गीता जयन्ती पर शंखनाद के साथ धर्मजागरण अभियान प्रारंभ

[सांस्कृतिक संवाददाता]

उदयपुर, 10 दिसम्बर। किंकर्तव्यविमूढ़ गांडीवधारी अर्जुन को श्रीकृष्ण द्वारा सुनाई श्रीमद् भागवत गीता की जयन्ती यहां 'शांतिपीठ' संस्था और धर्म प्रचार समिति की ओर से समारोह पूर्वक मनाई गई। धर्म प्रचार समिति ने श्रीनाथजी के मंदिर में शंखवादन कर अपने धर्म जागरण अभियान का श्रीगणेश किया।

धर्मप्रचार समिति के इसी अभियान के क्रम में लोहारों के मंदिर, रामद्वारा और कुण्ड मंदिर पर भी शंखनाद किया गया। इन्द्रलाल ने इस अवसर पर भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण किया। महन्त राधावल्लभ शरण देवाचार्य ने इस अवसर पर अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि जीवन में धारण करने योग्य गुण एवं चरित्र का नाम ही धर्म है, जो प्रत्येक मानव पर लागू है।

महन्त दयाराम ने धर्मजागरण का लक्ष्य बताते हुए कहा कि इसी जागृति से संस्कृति एवं राष्ट्रीयता की जागृति होगी। समिति के संस्थापक मनोहर लाल मून्दड़ा ने बताया कि धर्म सभी मनुष्यों में व्याप्त है किन्तु वह मोह, एवं स्वार्थ रूपी छाया से ढक जाता है। इसी छाया का पर्दा हटाने के लिए ही इस प्रकार के जागरण की आवश्यकता होती है। समिति के सचिव आनन्दी लाल बालदी ने बताया कि इस अभियान के दौरान गुरुगोविन्द सिंह जयन्ती स्वामी नारायण शरण देवाचार्य महोत्सव, विद्यार्थियों के लिए जनवरी के द्वितीय सप्ताह में भारतीय महापुरुषों के नाम लेखन, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, देश भक्ति गान, प्रतियोगिता एवं रामचरित्र मानस गान प्रतियोगिता, स्वतंत्रता के स्वर्ण जयन्ती पर काव्य गोष्ठी भारत माता पूजन, सत्संग एवं परिचर्चाओं सहित विभिन्न आयोजन होंगे। गीता जयन्ती समारोह में महन्त राधावल्लभ सहित पार्षद गीता खण्डेलवाल, महन्त दयाराम, बद्रीनाथ चौधरी आदि ने विचार रखे।

शांतिपीठ की ओर से आयोजित गीता जयन्ती समारोह में मानवाधिकार एवं गीता दर्शन विषयक गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि विश्व के बदलते परिवेश में आज मानवाधिकारों के पुनर्निर्धारण की महती आवश्यकता है, जो व्यक्ति की गरीमा की रक्षा को लक्ष्य रखकर न्याया व स्वाधीनता को सुनिश्चित कर पाए। गीता का संदेश मानव मात्र को इसी ओर समग्र दिशा देता है, जिसे गांधी ने आत्मसात कर मानवाधिकारों को लिए संघर्ष का आदर्श प्रस्तुत किया।

पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मोहन सिंह कोठारी ने श्रीकृष्ण को विश्व में मानवाधिकारों का सबसे बड़ा संरक्षक बताया और मानव समुदाय को निम्न से उच्च चेतना की ओर से प्रतिस्थापित करने में गीता के ज्ञान का संबल लेने की आवश्यकता प्रतिपादित की। संगोष्ठी की अध्यक्षता गांधीवादी चिंतक दयालचन्द सोनी ने की। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अगर मानव धर्म का पालन करे, तो दूसरों के अधिकारों की रक्षा स्वत: हो जाती है। उन्होंने वर्तमान शिक्षा को मानव मूल्यों की स्थापना में बाधक बताते हुए कहा कि यह हमें परावलम्बी बना रही है। यह मानवाधिकारों की रक्षा के विपरीत है।

शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने खेद व्यक्ति किया पिछले 50 वर्षों में गीता जैसे सम्प्रदाय निरपेक्ष एवं विज्ञान सम्मत शास्त्र को आत्मसात करने के लिए विशेष प्रयत्न नही हुए, जबकि समूचे विश्व द्वारा क्रिया एवं विज्ञान के शास्त्र के रूप में इसे स्वीकार किया जाने लगा है। धर्म निरपेक्षता के किसी पूर्वाग्रह से समाज को सत्य से वंचित नही रखा जा सकता, यह अपना रास्ता स्वयं खोज लेता है। उन्होंने कहा कि गीता एक ऐसा ही विधान है, जो मानवाधिकारो की अवधारणा में समाधान कारक है।

राजनीतिक विज्ञान की प्रोफेसर रूपा हिरण ने मानवाधिकारों की रक्षा में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सार्थकता पर प्रकाश डाला। प्रो. पी.सी. मालू ने मानवाधिकारों के हनन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बताई। प्रो. सुरेन्द्र दत्त बहुगुणा ने आम आदमी को मानवाधिकारों की पर्याप्त जानकारी दिए जाने की आवश्यकता बताई। सरदार जसपाल सिंह ने संविधान में दिए सभी के लिए शिक्षा के मूल अधिकार से लोगों को वंचित रखना अधिकारों का हनन बताया। गोष्ठी में बोलते हुए प्रो. एस.एन. जोशी ने साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने व एल.एस. शर्मा ने भी विचार रखे। अंत मे द्वादशी गीता का पाठ किया गया।

दानिक नवज्योति अजमेर, रविवार, 8 फरवरी 1998

किसी राष्ट्र की सार्वभौमिकता को चुनौती देना न्याय संगत नहीं

उदयपुर, 7 फरवरी (न्यूज सर्विस)।

किसी राष्ट्र की सार्वभौमिकता को चुनौती देना लोकतांत्रिक युग में कभी न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। अमेरिका को अपनी हठधर्मिता छोडकर इराक के स्वत्व को स्वीकार करते हुए विश्व जनमत का आदर करना चाहिये और इसके लिये भारत को मुखर होकर पहल करते हुए विश्व जनमत बनाना चाहिये।

यह विचार शांतिपीठ के तत्वावधान में विश्व शांति के संदर्भ में इराक-अमरिका में बढ़ते तनाव से उत्पन्न समस्या विषयक आयोजित विचार गोष्ठी में बोलते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किये।

सभा की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि भारत को अमरिका के रवैये का न केवल सशक्त विरोध ही करना चाहिये अपितु अन्य विरोध करने वाले राष्ट्रों से मिलकर मुखर होकर विश्व जनमत बनाना चाहिये।

उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा मानवीय संवेदना से जुडी हुई हैं और यह हमारे स्वयं के हित में हैं। कोठारी ने कहा कि अस्त्र निरीक्षण टीम में उन लोगों को शामिल करना चाहिये जिन पर दोनों राष्ट्र सहमत हो तथा उनके नेतृत्व की बात पर अमरिका को अडे नहीं रहना चाहिये।

इस अवसर पर प्रो. एस.एन. जोशी ने इराक समस्या पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन का संघर्ष न्यायसंगत हैं। उन्होंने कहा कि प्रगतिवादी सद्दाम अपने देश के अस्मिता, सार्वभौमिकता और स्वत्व के लिए संघर्षशील हैं इसका इतिहास गवाह है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि अमरिका अपने निहित स्वार्थों से युद्ध आरोपित कर रहा हैं।

गोष्ठी में बोलते हुए शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि अमरिकी कार्यवाही शांति और प्रगति की ओर चल पडे विश्व समुदाय को पीछे की ओर धकेलने की हैं। उन्होंने कहा कि विश्व जनमत का सम्मान करते हुए अमरिका को अपनी हठधर्मिता को त्याग देना चाहिये।

गोष्ठी में बोलते हुए इतिहासविद डॉ. जी.एल. मेनारिया ने कहा कि यदि हालात तत्काल नियंत्रित नहीं किए गए तो तृतीय विश्व युद्ध की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा इतिहास अपने आपको निश्चित अंतराल से दोहराता आया है। यह सुखद स्थिति हैं कि 50 वर्ष तक विश्व युद्ध टला। उन्होंने भारत को संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बनाए जाने की आवश्यकता बताई।

गोष्ठी में सुरेंद्र दत्त बहुगुणा, प्रो. बी.एल. समदानी व शोध छात्र सम्पत सेन ने भी विचार व्यक्त किये। गोष्ठी में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए भारत सरकार से आग्रह किया कि वह प्रखर रूप से अमेरिकी रवैये का विरोध करें तथा संयुक्त राष्ट्र संघ उन पर्यवेक्षकों को इराक में स्थल निरीक्षण का अधिकार दे जो किसी पक्ष विशेष की बात न कर न्याय की बात कर सकें। अंत में शांतिपीठ के प्रसार अधिकार प्रो.एस.एन. नैय्यर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

जय राजस्थान
उदयपुर, रविवार, 8 फरवरी 98

इराक-अमरीका में बढ़ते तनाव पर गोष्ठी

उदयपुर, 7 फरवरी (वि.)। शांतिपीठ के तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व शांति के संदर्भ में इराक-अमरीका में बढ़ते तनाव से उत्पन्न समस्या विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम प्रसार अधिकारी प्रो. एस. एम. नैय्यर ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मोहनसिंह कोठारी ने भारत से अमरीका के रवैये का विरोध करने का आग्रह किया उन्होंने बताया कि भारत की आत्मा मानवीय संवेदना से जुड़ी हुई है।

गोष्ठी में प्रो. एस.एन. जोशी ने इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के संघर्ष को न्यायसंगत बताया। शांतिपीठ संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि अमरीका की कार्यवाही शांति एवं प्रगति की ओर अग्रसर विश्व समुदाय को पीछे धकेलने की है। उन्होंने बताया कि विश्व जनमत का सम्मान करते हुए अमरीका को अपनी हठधर्मिता त्यागना चाहिए।

इतिहासविद् डां. मेनारिया ने चिंता प्रकट की कि हालात पर तत्काल नियंत्रण नहीं किया गया तो तृतीय विश्वयुद्ध की संभावना से इन्कार नहीं किया नहीं जा सकता है। उन्होंने भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थाई सदस्य बनाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

गोष्ठी में सुरेन्द्र दत्त बहुगुणा, प्रो. बी.एल. समदानी एवं शोध छात्र सम्पत सेन ने भी अपने विचार प्रकट किए।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 7 फरवरी, 1998

इराक-अमरीका में बढ़ते तनाव से उत्पन्न समस्या पर गोष्ठी

उदयपुर, 6 फरवरी [वि.]। शान्तिपीठ के तत्वावधान में शुक्रवार को 'विश्व शान्ति के संदर्भ में इराक-अमरीका में बढ़ते तनाव से उत्पन्न समस्या' विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम प्रसार अधिकारी प्रो. एस.एम. नैय्यर ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मोहनसिंह कोठारी ने भारत से अमरीका के रवैये का विरोध करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि भारत की आत्मा मानवीय संवेदना से जुड़ी हुई है।

गोष्ठी में प्रो. एस.एन. जोशी ने इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के संघर्ष को न्यायसंगत बताया। शान्तिपीठ संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि अमरीका की कार्यवाही शान्ति एवं प्रगति की ओर अग्रसर विश्व समुदाय को पीछे धकेलने की है। उन्होंने बताया तो तृतीय विश्वयुद्ध की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थाई सदस्य बनाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

गोष्ठी में सुरेन्द्र दत्त बहुगुणा, प्रो. बी.एल. समदानी एवं शोध छात्र सम्पत सेन ने भी अपने विचार प्रकट किए।

अपराह्न टाइम्स

उदयपुर बुधवार 8 जुलाई, 1998

डॉ. कोठारी की 92 वीं जयन्ती मनाई

आणविक परीक्षण नहीं करने की घोषणा उचित

उदयपुर, 8 जुलाई (वि)। महान वैज्ञानिक शिक्षाविद डॉ. दौलत सिंह कोठारी की 92 वीं जन्मतिथि पर स्वैच्छिक संस्था शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित 'विश्वशान्ति की दिशा में अध्यात्मक और विज्ञान का समन्वय' विषयक संगोष्ठी मंगलवार को सम्पन्न हुई।

संगोष्ठी में ज्ञान विज्ञान के सम्यक मार्ग, आणविक निशस्त्रीकरण पर हुइ परिचर्चा में विश्व स्तर पर आणविक परीक्षणों और अस्त्र संग्रहण की बढ़ती प्रकृति की भर्त्सना की गई एवं बड़े राष्ट्रों द्वारा आणविक निशस्त्रीकरण के नाम पर थोपी जा रही नीतियों को पक्षपातपूर्ण बताया गया तथा भारत द्वारा भविष्य में आणविक परीक्षण नहीं किए जाने की घोषणा को उचित करार दिया गया।

संगोष्ठी में वयोवृद्ध स्वतन्त्रता सैनानी मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने गांधी मार्ग के अनुसरण की आवश्यकता बताई। शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने

आणविक निःशस्त्रीकरण का आधार आध्यात्मिक एवं मानवीय संवेदना बनाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। प्रशासनिक अधिकारी मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि विज्ञान प्रकृति के नियमों को खोजता है जबकि आध्यात्म मनुष्य का प्रकृति के साथ तादाम्य स्थापित कर जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करता है।

संगोष्ठी में प्रो. जे. वर्मा ने कहा कि विज्ञान का दुरूपयोग वैज्ञानिकों ने नहीं बल्कि सत्राधीशों ने किया है। वरिष्ठ साहित्यकार ओकार श्री ने कहा कि शस्त्र और अस्त्र दोनों के दुरूपयोग होने से वे घातक बन जाते है। इतिहासविद डॉ.पी. एल. मेनारिया ने गांधी विचारधारा विश्वव्यापी बनाने की आवश्यकता बताते हुए आत्मबल वृद्धि पर जोर दिया। एडवोकेट भंवरलाल व्यास ने अस्त्रों के निर्माण व प्रयोग के साथ-साथ उपसंहार की क्षमता विकसित करने की जरूरत बताई। विद्या भवन उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान के प्राचार्य विवेचन प्रस्तुत किया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने की। डॉ. जे.सी. दुबे, पर्यावरणविद एस.के. वर्मा, प्रो.बी. एल. समदानी तथा सरदार जसपाल सिंह भक्कड़ ने भी संगोष्ठी में विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने नगर परिषद में आग्रह किया कि वो डॉ. कोठारी की एक आदमकद प्रतिमा स्थापित करावें। अन्त में देवी शंकर चौबीसा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक नवज्योति

28 जुलाई, 1998

भारत की नीति परमाणु शून्यवादी होनी चाहिए-वैदिक

उदयपुर, 27 जुलाई (न्यूज सर्विस)। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वेद प्रताप वेदिक ने कहा है कि भारत की नीति न तो आणविक प्रसारवादी होनी चाहिए न ही अप्रसार वादी, बल्कि परमाणु शून्यवादी होनी चाहिए। हमें नेति-नेति के रास्ते चलकर दुनिया को पूर्ण आणविक नि:शस्त्रीकरण की ओर ले चलने में प्रखर भूमिका निभानी चाहिए।

डॉ. वैदिक ने शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा आणविक परीक्षण के पूर्व भारत को कूट नैतिक विश्लेषण गहराई से करना चाहिए था। परीक्षण के बाद किसी देश-विशेष से खतरा होने की बात नहीं करनी चाहिए थी। लेकिन यह बात निर्विवाद है कि भारत ने आणविक परीक्षण करके विश्व के आणविक देशों के एकाधिकार को भंग किया है। उन्होंने कहा विश्व शान्ति और पूर्ण आणविक नि:शस्त्रीकरण की ओर भारत को अधिक ताकत से पहल करनी चाहिए।

डॉ. वैदिक ने कहा आज जरूरत है शान्तिपीठ जैसी संस्थाओं की जो इस दिशा में प्रखर जनमत जागृत कर सके। डॉ. वैदिक ने कहा कि विश्व की पांचों आणविक महाशक्तियों के विरूद्ध भारत, पाकिस्तान, इराक, इण्डोनेशिया जैसी सभी देशों को मिलक र पहन करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परमाणु हथियारों और इसी तरह के अन्य शस्त्रों को पांचों महाशक्तियां नष्ट नहीं करते है और नहीं बनाने पर पाबन्द नहीं होते है तो किसी भी देश को सी.टी.बी.टी. जैसे समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करने चाहिए। डॉ. वैदिक ने भारत सरकार से आग्रह किया कि वह एक सर्वदलीय बैठक बुलाकर परमाणु विस्फोट के पीछे छिपी मौलिक बात तो स्पष्ट करे और देश में राष्ट्रीय सहमति का वातावरण बनाए। उन्होंने कश्मीर संदर्भ के मसले पर कहा दोनों देशों के पारस्परिक संबंध मधुर बनाने से कश्मीर समस्या अप्रासंगिक हो सकती है। उन्होंने कश्मीर के आम आदमी की दुखद पीड़ित स्थिति पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त की।

बदलते परिवेश में पूर्ण आणिविक नि: शस्त्रीकरण विषयक गोष्ठी में बोलते हुए पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने कहा कि हिरोशिमा की घटना दुनिया भर के देशों के लिए एक परिवर्तनकारी मोड़ था। उन्होंने कहा युद्धोन्माद इतना हावी हो गया कि राष्ट्र परमाणु शक्ति सम्पन्न बनने लगे और कलान्तर में युद्ध रोकेने के लिए परमाणु शक्ति सम्पन्न होना आवश्यक माना जाने लगा। मेहता ने प्रश्न किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा की क्या परिभाषा है। भारत-पाक युद्ध होता है तो कौन सा देश परमाणु विस्फोट करेगा और विस्फोट के समय हवा के रूख का इंतजार किया जाएगा या नहीं। उन्होंने सावचेत किया कि यदि अब कभी युद्ध हुआ तो उसके दुष्परिणाम अद्वितीय होंगे, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती। संगोष्ठी के प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि दुनिया के संवेदनशील नागरिकों को मिलकर पूर्ण आणविक नि:शस्त्रीकरण का वातावरण बनाना चाहिए। गोष्ठी में गांधीवादी दयालचन्द सोनी, जसपाल मक्कड़, डॉ. रविन्द्र व्यास, डॉ. एल.एल. शर्मा, राजीव लोढ़ा ने भी विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ साहित्यकार ओंकार श्री ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 27 जुलाई 1998

पोखरण विस्फोट के बाद केन्द्र नीतिविहीन- वैदिक

[नगर संवाददाता]

उदयपुर, 26 जुलाई। 'हम अधूरे निरस्त्रीकरण एवं अधूरे शस्त्रीकरण के मध्य डोल रहे हैं जबकि हम शून्यवाद के पक्षधर रहे हैं। पोखरण में परमाणु विस्फोट के बाद वर्तमान केन्द्रीय सरकार एक नीति विहीन होकर विश्व के समक्ष भारतीय दृष्टिकोण को सही ढंग से प्रस्तुत नहीं कर पा रही है।'

ये विचार प्रसिद्ध पत्रकार डा. वेद प्रताप वैदिक ने रविवार को यहां शान्तिपीठ संस्थान में आयोजित एक संगोष्ठी में रखे। परमाणु निरस्त्रीकरण के पक्ष-विपक्ष पर विचार रखते हुए डा. वैदिक ने कहा कि विश्व की पांचों परमाणु महाशक्तियों के विरुद्ध परमाणु निरस्त्रीकरण के पक्षधर भारत, पाकिस्तान, इराक, इंडोनेशिया जैसे सभी देशों को एक होकर बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परमाणु हथियारों व अन्य ऐसे ही शस्त्रों को यदि अमरीका, ब्रिटेन, रूस व चीन जैसे देश खत्म नही करते व आगे कभी ऐसे अस्त्र-शस्त्र नहीं बनाने को पाबंद नहीं होते हैं तो किसी भी देश को सी.टी.बी.टी. जैसे समझौते पर दस्तख्त नहीं करने चाहिए। भारतीय भाषा सम्मेलन के अध्यक्ष डा. वैदिक ने कहा कि भारत द्वारा किया गया परमाणु विस्फोट 'भारत की संप्रभुता का शंखनाद है'। किन्तु, विस्फोट के उपरान्त देश के नेताओं ने जो बयान जारी किए हैं वे कतई ठीक नहीं है।

उन्होंने कहा कि यदि परमाणु विस्फोट के बाद भारत के प्रधानमंत्री यह कहते है कि यह विस्फोट भारत की अन्दरुनी सुरक्षा एवं अखण्डता के मद्देनजर किया गया है और वे किसी पड़ौसी देश को डराने जैसे बयानों का विरोध करते हैं तो इस विस्फोट के बाद बनी परिस्थितियां, जो वर्तमान में है, नहीं होती। डा. वैदिक ने कहा कि परमाणु परीक्षण करने वाली सरकार स्वयं मरे हुए चूहे की भांति लटक रही है। पत्रकार वैदिक ने कहा कि हिरोशिमा पर परमाणु गाज गिरने के बाद जापान के 'माओ' ने आर्थिक कष्ट से पीडित जापानियों की हौसला अफजाई करते हुए स्पष्ट कहा था कि हम भी परमाणु बम बनाएंगे व इतने कि दुश्मन का नाम मिटा देंगे। 'माओ' ने उस समय उसके विरोधी देशों से तुरन्त राजनीतिक संबंध तोड़ लिए थे। किन्तु, भारत की वर्तमान विदेश नीति असमंजस की स्थिति में है। डा. वैदिक ने अफसोस जाहिर किया कि भारत के प्रधानमंत्री पद पर एक अनुभवी शख्शियत के आरूढ होते हुए देश की वर्तमान दशा इस मामले में ठीक नही है। डा. वैदिक ने कहा, भारत सरकार को चाहिए कि वह एक सर्वदलीय बैठक आमंत्रित कर परमाणु विस्फोट के पीछे छिपे मूल तथ्य को उजागर करते हुए राष्ट्रीय सहमति का वातावरण तैयार करे।

शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित इस संगोष्ठी के आरंभ में पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने उपस्थित विद्वानों के समक्ष कुछ ज्वलंत प्रश्न रखे। उन्होंने पूछा कि यदि भारत-पाक युद्ध होता है तो कौन सा देश किस शहर तक फौज के पहुंचने पर परमाणु विस्फोट करेगा? पूर्व विदेश सचिव ने पूछा कि क्या परमाणु विस्फोट के समय हवा के रुख का इंतजार किया जाएगा या नही। जगत मेहता ने पूछा कि क्या परमाणु बम इसलिए बनाए जा रहे है कि एक देश दूसरे पर आक्रमण करें, या इसलिए कि सामने वाला भी डर कर रहे कि दूसरे के पास भी परमाणु बम है।

अंत में उन्होंने कहा कि युद्ध तो पहले भी कई हुए है, किन्तु परमाणु बम से मरने वालों की संख्या व उसके बाद के प्रभाव आने वाली पीढ़ी में पूर्व में हुए सभी युद्धों के परिणामों से अधिक घातक होंगे।

संगोष्ठी में शान्तिपीठ संस्थान के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी के अलावा जसपाल मक्कड़, औकार श्री, डा. एल.एल. शर्मा, दयालचन्द्र सोनी, भूगोलवेत्ता डा. रवीन्द्रनाथ व्यास, देवीशंकर, शान्तिलाल भण्डारी, राजीव लोढा आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, श्रावण शुक्ला, चतुर्थी, विक्रम संवत 2055, सोमवार 27 जुलाई 1998

विश्व की महाशक्तियां रासायनिक हथियारों की होड़ रोकें : वैदिक

उदयपुर, 26 जुलाई (नप्र)। अधूरा निरस्त्रीकरण एवं अधूरा शस्त्रीकरण, दोनों का हम विरोध करते हैं। हमें चाहिए पूर्ण निरस्त्रीकरण व शून्यवाद।

'दक्षिण एशिया में बढ़ते न्यूक्लियर परीक्षणों के खिलाफ शांति का आग्रह' विषय पर भारतीय भाषा आंदोलन के प्रबल समर्थक डॉ. वेदप्रताप वैदिक ने रविवार को शांतिपीठ में आयोजित बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने परमाणु परीक्षण कर इंदिरा गांधी का अधूरा काम शुरू किया, लेकिन यह कार्य तब ही पूरा हो सकेगा जब वे नेहरू जी के अधूरे काम को पूरा करेंगे। एक ओर विश्व की पांच ताकतें अपनी शक्ति बढ़ाने में लगी हैं और दूसरी ओर वे ही अन्य देशों पर परमाणु अप्रसार संधि एवं सी.टी.बी.टी. के नाम पर दबाव डाल रहे हैं। विश्व की महाशक्तियों को निर्णय करना चाहिए कि न्यूक्लियर व अन्य रासायनिक हथियारों को बनाना बंद करने के साथ बने हुए हथियारों को धीरे-धीरे समाप्त कर दें।

डॉ. वैदिक ने कहा कि सभी देशों को 'आत्मरक्षा' के लिए आवश्यक हथियारों का ही निर्माण करना चाहिए। आवश्यक हथियारों से उनका तात्पर्य चोर-डाकू व अन्य लोगों से बचाव के लिए था, न कि एक देश का दूसरे देश से। जब देशों में हथियारों की प्रतिस्पर्धा समाप्त हो जाएगी तो स्वत: ही युद्ध जैसे अवसर नहीं आएंगे।

पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने युद्धोन्माद रोकने के लिए परमाणु बम का प्रयोग व उसके परिणामों पर कहा कि वर्तमान में जितनी अनिश्चितता फैली है, ऐसी 50 वर्ष पहले नहीं थी। इस गोष्ठी में राजीव लोढ़ा, डॉ. एल.एल. शर्मा, सरदार जसपाल सिंह मक्कड़, शांतिलाल भंडारी आदि ने भी विचार रखे।

राष्ट्रदूत
उदयपुर गुरुवार 7 अगस्त 1997



बुधवार को हिरोशिमा स्मृति दिवस पर शांतिपीठ के तत्वावधान में जुलूस निकालते हुए स्कूली बालक बालिकाएं। फोटो-हरीश

राष्ट्र के नव निर्माण के लिए समर्पित भावना से जुटना होगा–मेहता

उदयपुर, 6 अगस्त (वि.)। पूर्ण आणविक नि:शस्त्रीकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं नैतिक आदर्शों के उन्नयन के आग्रह के साथ आज हिरोशिमा स्मृति दिवस की 52 वीं वर्षगांठ के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वयोवृद्ध स्वाधीनता सैनानी एवं संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य मास्टर बलवन्तसिंह मेहता ने कहा कि गांधी जी की करो या मरो जैसे संकल्प के साथ राष्ट्र के नव निर्माण एवं विश्व शान्ति के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की आज महती आवश्यकता है।

अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए मेहता ने देश के हालात परचिंता व्यक्त की और कहा कि गांधीजी ने स्वाधीन भारत का सुन्दर सपना देखा था किन्तु हम उस ओर कुछ खास नहीं कर पाए। उन्होंने देश के बच्चों को गरीबी और निरक्षरता से ऊपर उठाने की जरुरत के साथ ही समाज के गिरते नैतिक मूल्यों की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई है। शान्ति के लिए उदयपुर से किए जा रहे प्रयासों को उन्होंने प्रशंसनीय बताया।

प्रमुख उदबोधन देते हुए मेवाड महामण्डलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि प्रार्थना में शक्ति है। उन्होंने प्रार्थना को शांन्ति का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि प्रार्थना से शान्ति और शान्ति से आनंद की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा शान्तिपीठ के इस आयोजन में बच्चों की अहम भूमिका होती है।

महन्त ने कहा विश्व शान्ति के लिए शान्तिपीठ का प्रयास एक शक्ति के रुप में सामने आ रहा है जो शान्ति का आलोक विश्व भर में फैलायेगा।

सभा को संबोधित करते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व बन्धुत्व और मानव समुदायों में एकता स्थापित करने की पहल भारत ने हमेशा की है व भविष्य में भी करता रहेगा। उन्होंने व्यापक अणु अप्रसार संधी के हवाले से कहा कि भेदभाव व असमानता के जरिये नि:शस्त्रीकरण के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता।

त्रिवेदी ने अमेरिका द्वारा जापान के सुन्दर नगरों हिरोशिमा–नागासाकी पर गिराये गए परमाणु बमों से उत्पन्न विभिषिका और उससे आज तक हो रहे विनाशकारी परिणामों के बारे में जानकारी दी।

प्रारम्भ में नगर की कई सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के छात्र–छात्राऐं कतारों में चल कर अपने विद्यालयी झण्डे के साथ टाऊनहॉल नगर परिषद परिसर में उपस्थित हुए तथा प्रात: 9.30 बजे जिला कलक्टर श्रीमत पाण्डे ने शान्ति के आग्रह की प्रतीक एक तख्ती अपने हाथ में लेकर कुछ कदम चलते हुए रैली का शुभारम्भ किया। विद्यार्थी समुदाय का यह मौन जुलूस हाथों में शान्ति, पर्यावरण, राष्ट्रीय आदर्शों एवं मानवीय मूल्यों के अर्थ लिये बेनर, तख्ती, पोस्टर आदि लेकर चल रहा था। रैली के अग्रिम भाग में दो नन्हीं बालिकाऐं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के प्रतीक स्वरुप हाथों में फूलों के गुलदस्ते लेकर चल रही थी। बापू बाजार, देहलीगेट, अश्विनी मार्केट, चेटक सर्कल होते हुए यह रैली सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर जाकर शान्तिसभा में बदल गई। सभा में सेन्ट्रल एकेडेम की छात्राओं ने संगीत शिक्षक रफीक खान के निर्देशन में आत्म चिंतन से ही होगा आत्म परिवर्तन शान्ति गीत प्रस्तुत किया। जबकि अन्य छात्रा कविता शुक्ला ने आतंकवाद से विनाश पर अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर राष्ट्रीय अदर्श, विश्व शान्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यार्थी वर्ग ने एक स्वर में प्रतिज्ञा ली। स्वाधीनता की स्वर्ण जयंती के संदर्भ में देश के शहिदों एवं हिरोशिमा नागासाकी की दुखान्तिका की मुक्तात्माओं को 2 मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 7 अगस्त 1998



हिरोशिमा स्मृति दिवस पर बुधवार को सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर शान्तिपीठ की सभा में बालकों को सम्बोधित करते मेवाड़ महामण्डलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री।

वैज्ञानिक देश को विश्व गुरु के रूप में पुनर्स्थापित करें-महंत

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 6 अगस्त। हिरोशिमा स्मृति दिवस पर गुरुवार को विविध कार्यक्रम हुए। अणु परमाणु हथियार और युद्धोन्माद विरोधी मंच द्वारा शहर में रैली निकाली गई जबकि शान्तिपीठ की ओर से सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर शान्ति सभा का आयोजन किया गया।

सभा में मुख्य वक्ता महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने विज्ञान वही है जो आनन्द प्रदान करें। विनाश का विज्ञान भारतीयों को स्वीकार्य नहीं।

भारतीय ऋषियों ने आनन्द के विज्ञान की खोज की और मानव जाति को जीवन के उद्देश्य का मार्ग दिया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा को वर्तमान परिवेश में सर्वोपरि बताते हुए कहा कि भारत ने कभी किसी पर आक्रमण करने की नियत नहीं रखी, न ही इसके लिए आणविक प्रयोग किए।

अमरीका द्वारा भारत के वैज्ञानिकों को अमरीका से बाहर निकाल देने की घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि भारत का वैज्ञानिक देश को हर दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने में जुट जाएं और इसे विश्व गुरु के रूप में पुनर्स्थापित करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रें की जनता शान्ति व सह अस्तित्व चाहती है किन्तु सरकारों के दिमाग में शान्ति की स्थापना आज की प्रमुख बात है। उन्होंने हिरोशिमा को दिवस नहीं काली रात्रि कहा। हिरोशिमा की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए उन्होंने अंधकार से प्रकाश में आने की आवश्यकता बताई।

सभा में शान्तिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने युवा वर्ग को आह्वान किया कि वे शान्ति के शास्वत मार्ग को समझें और अहिंसा व सत्य की राह पर चल कर दुनिया को आणविक युद्धोन्माद द्वारा संभावित विनाश से बचाने प्रखर जनमत जागृत करने की पहल करें। उन्होंने भारतीय उप महाद्वीप में किए गए आणविक परीक्षणों के बाद उभरी परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को अपनी मौलिक पहचान देकर पूर्ण आणविक निःशस्त्रीकरण के कथन को वर्तमान परिवेश में कहीं अधिक प्रासंगिक बताते हुए उन्होंने कहा कि अहिंसक सहजीवन या हिंसा द्वार सहमृत्यु में किसी एक का चुनाव किए जाने का मानव जाति के सामने आज ऐतिहासिक सवाल खड़ा है।

विद्या भवन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डा. एम.के. शर्मा ने हिरोशिमा व नागासाकी की ऐतिहासिक घटनाओं तथा इसमें प्रयुक्त परमाणु शक्ति पर विश्लेषण किया और कहा कि आणविक शक्ति के खतरों के साथ ही इसके शान्ति के लिए जो प्रयोग है उससे भी हमें अवगत होना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि माचिस की तीली जीवन में बड़ी उपयोगी है किन्तु दुरुपयोग किए जाने पर घर भी जला सकती है। उन्होंने विवेक पूर्वक विज्ञान का उपयोग करने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

हिरोशिमा दिवस पर रैली व सभा

करीब डेढ़ घंटे चली शान्ति सभा में संत टेरेसा व सेंट्रल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने गीत प्रस्तुत किए। सभा के अंत में डा. एल.एल. शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संयोजन राजीव लोढ़ा ने किया। शान्ति सभा के पूर्व नगर के कई विद्यालयों से विद्यार्थी मौन जुलूस के रूप में चलकर आए। विभिन्न विद्यालयों से आने वाली रैलियों में बच्चे अनुशासित रूप से कतारों में चल रहे थे।

अणु परमाणु हथियार और युद्धोन्माद विरोधी की ओर से आयोजित रैली की शुरुआत टाउन हाल से हुई जो बापू बाजार, मुखर्जी चौक, घंटाघर, हाथीपोल, अश्विनी बाजार से होते हुए बैंक तिराहे पर पहुंचकर आम सभा में बदल गई। रैली में शामिल लोग 'भारत हो या पाकिस्तान- शासकों से सावधान', प्रतिबंध-मुर्दाबाद, हथियारों के सौदागर मुर्दाबाद, भारत-पाक में नहीं बनेगा- हिरोशिमा नागासाकी आदि नारे लगा तख्तियां उठाए चल रहे थे जिन पर मानवता विश्व बंधुत्व, विश्व शान्ति, परमाणु हथियारों की होड़ बंद करो, हाथ में बम नहीं रोटी चाहिए, युद्ध नहीं शान्ति चाहिए आदि संदेश लिखे हुए थे। बैंक तिराहे पर हुई सभा में युद्ध विरोधी गीत व कविता सुनाई गई। सभा में मंच के संयोजक मन्नाराम डांगी ने प्रस्ताव पढ़ा जिसमें अमरीका, फ्रांस, ब्रिटेन, रूस, चीन सहित भारत और पाक को अपने समस्त परमाणु हथियार समाप्त करने तथा भविष्य में कोई भी देश परमाणु हथियारों का परीक्षण निर्माण नहीं करने का आग्रह किया। उन्होंने कश्मीर व अन्य विवाद बातचीत से हल करने के कदम उठाने तथा दक्षिणी एशिया में शान्ति का वातावरण बनाने की बात कहीं। प्रस्ताव में भारत व पाकिस्तान एक-दूसरे के विरुद्ध युद्धोन्मादी प्रचार-प्रसार बंद करने पर प्रभावी रोक लगाने तथा जनता की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने की मांग की। इस मौके पर हिरोशिमा नागासाकी के शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनिट का मौन रखा गया। रैली में एक दर्जन से अधिक जन संगठनों के कार्यकर्ता शामिल थे। सभास्थल पर हथियार विरोधी प्रदर्शनी भी लगाई गई।

उदयपुर शुक्रवार 7 अगस्त, 1998 जय राजस्थान



हिरोशिमा स्मृति दिवस पर शांतिपीठ द्वारा सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए महन्त मुरली मनोहर शरण।

हिरोशिमा स्मृति दिवस पर विविध आयोजन

हमें विनाश का विज्ञान स्वीकार नहीं : महन्त

उदयपुर, 6 अगस्त (निसं.)। विश्व में पूर्ण आणविक नि:शस्त्रीकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं विश्व-बंधुत्व का वातावरण बनाने की प्रबल आवश्यकता के आग्रह के साथ आज हिरोशिमा स्मृति दिवस पर शांतिपीठ के तत्वावधान में सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर विशाल शांति सभा शांति सभा का आयोजन किया गया।

सभा की अध्यक्षता करते हुए मेवाड महामण्डलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि जो विज्ञान आनंद प्रदान करे वहीं विज्ञान हैं, हमें विनाश का विज्ञान स्वीकार नहीं हैं। भारतीय कृषि ने आनंद के विज्ञान की खोज की और सारी मानव जाति को जीवन के उद्देश्य का मार्ग दिया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा को वर्तमान परिवेश में सर्वोपरि बताते हुए कहा कि भारत ने कभी किसी पर आकमण करने की नियत नहीं रखी ना ही इस हेतु से आणविक प्रयोग किये भारत का उद्देश्य शांति के कार्य का सुजन है। उन्होंने भारत को पूर्ण रूप से स्वावलंबी होने की आवश्यकता बताई। अमरीका द्वारा भारत के वैज्ञानिकों को अमरीका से बाहर निकाल देने की घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का वैज्ञानिक देश को हर दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने में जुट जाए और इसे विश्व गुरू के रूप में पुनर्स्थापित करें।

सभा में प्रमुख वक्तव्य देते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने युवा वर्ग को आह्वान किया कर दुनियां को आणवक युद्धोन्माद जनमत जागृत करने की पहल करें। द्वारा संभावित विनाश से बचाने प्रखर उन्होंने भारतीय उप महाद्विप में किये गये आणविक परीक्षणों के बाद उभरी परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करे हुये कहा कि भारत को अपनी मौलिक पहचान देते हुए पूर्ण आणविक नि:शस्त्रीकरण की नई पहल शुरू करनी चाहिए।



हिरोशिमा स्मृति दिवस पर उदयपुर में आयोजित रैली का एक दृश्य। छाया : राजेन्द्र हिलोरिया

परमाणु हथियार विरोधी रैली निकाली

उदयपुर 6 अगस्त (नंस)। अणु परमाणु हथियार और युद्धोन्माद विरोधी मंच न बिश्व शान्ति, मानवता तथा निशस्त्रीकरण के पक्ष में तथा हथियारों की हौड़, युद्धोन्माद तथा सेन्यकरण के विरोध में जोश-खरोश से नगर के मुख्य मार्गों से रेली निकाली। रेली के अन्त में युद्ध विरोधी जागरण गीत गाये गये तथा उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर प्रस्ताव को स्वीकार किया।

मंच द्वारा आयोजित रेली टाउन हाल, बापू बाजार, मुखर्जी चौक, घंटाघर हाथीपोल, अश्वनी बाजार से होकर बैंक तिराहे पर जाकर आम सभा में बदल गयी। रेली में युद्ध नहीं उन्माद मानवता विश्व बंधुत्व व विश्वशान्ति, परमाणु हथियारों की होड़ बंद करो, सैन्यकरण, युद्धोन्माद, एवं अन्धराष्ट्र वाद मुर्दाबाद आदि बेनरों के साथ ही कई महिला पुरुषों के हाथ में बम नहीं रोटी चाहिए, युद्ध नहीं शान्ति चाहिए, आणविक हथियारों का जखीरा खत्म करो, देश को खतरा बहाना है - बेकारी से ध्यान हटाना है- आदि तख्तिया थी। पूरी रेली में भारत हो या पाकिस्तान - शासकों से सावधान, प्रतिबंध - मुर्दाबाद, हथियारों के सौदागर - मुर्दाबाद, भारत-पाक में नहीं बनेगा - हिरोशिमा-नागासाकी आदि के साथ ही जो हिटलर की चाल चलेगा वो

विद्याभवन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.के. शर्मा ने हिरोशिमा व नागासाकी की ऐतिहासिक घटनाओं तथा इसमें प्रयुक्त परमाणु शक्ति पर विश्लेषण व समीक्षा करते हुए कहा कि आणविक शक्ति के खतरों के साथ ही इसके शांति के लिये जो प्रयोग है उससे भी हमें अवगत होना चाहिए।

करीब डेढ़ घंटे चली शांति सभा में सनत टेरेसा व सेन्टूल एकेडमी के छात्र छात्राओं ने शांति गीत प्रस्तुत किये जबकि सेन्टूल एकेडमी के छात्र कुमार मनोज ने एक गीत प्रस्तुत किया। सभा में प्रतिभागियों ने एक स्वर में प्रतिज्ञा की कि वे अहिंसा व सत्य के रास्ते चलकर पूरी दुनियां को आणविक अस्त्रों से मुक्त करेंगे तथा अहंकार व हिंसा से प्रेरित होकर युद्ध की भावना उत्पन्न करने वाली शक्तियों का प्रबल विरोध करेंगे। सभा के अंत में डॉ. एल.एल. शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संयोजन राजीव लोढ़ा ने किया। शांति सभा के पूर्व नगर के कई विद्यालयों से विद्यार्थी मौन जुलूस के रूप में चलकर आये। विभिन्न विद्यालयों से आने वाली रैलियों में बच्चे अनुशासित रूप से कतारों में चल रहे थे। हाथों में आणविक नि:शस्त्रीकरण, पर्यावरण संरक्षण, युद्ध नहीं शांति, हिरोशिमा

दैनिक नवज्योति

14 अगस्त, 1998



उदयपुर में शांतिपीठ द्वारा हिरोशिमा स्मृति दिवस पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी।

फोटो: ब्रिज गोयल

दैनिक नवज्योति अजमेर, रविवार, 9 अगस्त 1998

जो विज्ञान आनंद प्रदान करे वही सच्चा विज्ञान

उदयपुर, 8 अगस्त (न्यूज सर्विस)। विश्व में पूर्ण आणविक निःशस्त्रीकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं विश्व बंधुत्व का वातावरण बनाने की प्रबल आवश्यकता के आग्रह के साथ गुरूवार को हिरोशिमा दिवस पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में सूचना केन्द्र के मुक्ताकांशी रंगमंच पर विशाल सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए मेवाड़ महामण्डलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि जो विज्ञान आनन्द प्रदान करे वही सच्चा विज्ञान है, हमें निराशा का विज्ञान स्वीकार नहीं है।

उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा को वर्तमान परिवेश में सर्वोपरि बताते हुए कहा कि भारत ने कभी किसी पर आक्रमण करने की नीयत नहीं रखी। भारत का उद्धेश्य शान्ति के कार्य का सृजन है। उन्होंने भारत को पूर्ण रूप से स्वावलम्बी होने की आवश्यकता बताई। अमेरिका द्वारा भारत के वैज्ञानिकों को अमेरिका से बाहर निकाल देने की घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का वैज्ञानिक देश को हर दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने में जुट जाए और इसे विश्व गुरू के रूप में पुनर्स्थापित करें।

सभा में प्रमुख वक्तव्य देते हुए शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने युवा वर्ग का आह्वान किया कि वे शान्ति के शास्वत मार्ग को समझें और अहिंसा व सत्य की राह पर चलकर दुनियां को आणविक युद्धोन्माद द्वारा सम्भावित विनाश से बचाने के लिए प्रखर जनमत जागृत करने की पहल करें। उन्होंने भारतीय उप महाद्वीप में किए गए आणविक परीक्षणों के बाद उभरी परिस्थितियों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को अपनी मौलिक पहचान देते हुए पूर्ण आणविक निःशस्त्रीकरण की नई पहल शुरू करनी चाहिए।

विद्याभवन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. शर्मा ने हिरोशिमा व नागासाकी की ऐतिहासिक घटनाओं तथा इसमें प्रयुक्त परमाणु शक्ति पर विश्लेषण व समीक्षा करते हुए कहा कि आणविक शक्ति के खतरों के साथ ही इसके शान्ति के लिए जो प्रयोग है उससे भी हमें अवगत होना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि माचिस की तुली आम जीवन में बड़ी ही उपयोगी है किन्तु दुरूपयोग किए जाने पर घर भी जला सकती है। उन्होंने विवेकपूर्वक विज्ञान का उपयोग करने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

करीब डेढ़ घण्टे चली शान्ति सभा में सन्त तरेसा व सेन्ट्रल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने शान्ति गीत प्रस्तुत किए, जबकि सेन्ट्रल एकेडमी के छात्र कुमार मनोज ने एक गीत प्रस्तुत किया। सभा में प्रतिभागियों ने एक स्वर में प्रतिभा की कि वे अहिंसा व सत्य के रास्ते चलकर पूरी दुनिया को आणविक अस्त्रों से मुक्त करेंगे तथा अहंकार व हिंसा से प्रेरित होकर युद्ध की भावना उत्पन्न करने वाली शक्तियों का प्रबल विरोध करेंगे।

सभा के अन्त में डॉ. एल.एल. शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संयोजन राजीव लोढ़ा ने किया। शान्ति सभा के पूर्व नगर के कई विद्यालयों से विद्यार्थी मौन जुलूस के रूप में चलकर आए। विभिन्न विद्यालयों से आने वाली रैलियों में बच्चे अनुशासित रूप से कतारों में चल रहे थे। हाथों में आणविक निःशस्त्रीकरण, पर्यावरण संरक्षण, युद्ध नहीं शान्ति, हिरोशिमा व नागासाकी की पुनरावृत्ति न हो आदि सारे नारे लिखी तख्तियां व बैनर लेकर चल रहे थे। करीब दो दर्जन सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों ने शान्ति सभा में हिस्सा लिया।

'1998'

दैनिक नवज्योति
26 अक्टूबर, 1998

बुनियादी सिद्धान्तों पर चल कर ही संयुक्त राष्ट्र संघ जिन्दा रह सकता है

उदयपुर, 25 अक्टूबर (न्यूज सर्विस)। समता, न्याय, लोकतन्त्र, पारस्परिक विश्वास और आम सहमति के बुनियादी सिद्धान्तों पर चल कर ही संयुक्त राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। परोक्ष और अपरोक्ष रूप से नव उपनिवेशवाद का सृजन, नीतियां थोपने की प्रवृत्ति तथा आर्थिक और सामाजिक भेदभाव के रहते संयुक्त राष्ट्र की उपादेयता और औचित्य पर सवाल खड़ा किया जा रहा है, ऐसे में आज आवश्यकता है जनचेतना और आदर्श नेतृत्व आधारित संयुक्त राष्ट्र के पुनर्संरचना की।

उक्त विचावर संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में कुटनैतिक चुनौतियों के मध्य संयुक्त राष्ट्र संघ के सार्थक प्रयास विषयक आयोजित संगोष्ठी में उभर कर आए। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार ओंकार ने कहा कि अशान्ति का मूल अर्थ का अभाव नहीं है अपितु सांस्कृतिक विघटन है। ईस्ट इण्डिया कम्पनी के समय भी भारत नहीं टूटा चूंकि सांस्कृतिक रूप से सुगठित बना हुआ था। आज संस्कृति की बात दलालों के हाथों सौंपकर हम सुरक्षित नहीं रह सकते।

इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि पिछले 1 वर्ष के बीते काल पर दृष्टिपात करें तो लिबरलाइजेशन के नाम पर नव उपनिवेशवाद उत्पन्न किया जा रहा है जो सारी व्यवस्था को चौपट कर गरीब को अधिक गरीबी की ओर ले जाएगा। आज भारत ही नहीं जापान जैसे राष्ट्र की आर्थिक हालत विकट है। साऊथ कोरिया में कई लोग आत्महत्या कर चुके है और बेरोजगारी चरम पर है। राजनीति शास्त्र के प्रो. आर.के. वर्मा ने कहा कि विश्व व्यवस्था को लोकतन्त्र की दिशा देने की बात बताकर पंडित नेहरू ने गुटनिरपेक्षता का नारा दिया। उन्होंने छोटे राष्ट्रों की आवाज सुने जाने की वकालात की किन्तु असल में आज इसकी कहीं अधिक आवश्यकता है। डॉ. वर्मा ने अफसोस व्यक्त किया कि 6 प्रतिशत लोग दुनिया भर की दौलत की आधी दौलत अपने पास रखते है और सारी ऊर्जा का 35 प्रतिशत उपभोग करते है। 5 देशों के पास अणु परमाणु शक्ति का एकाधिकार है। सारी व्यवस्था अधूरी है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ को सही दिशा दिए जाने की आवश्यकता बताई। विषय प्रवर्तन करते हुए शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संयुक्त राष्ट्र को लोकतन्त्र आधारित नए स्वरूप दिए जाने की समय की मांग बताया। उन्होंने कहा कि विश्व शान्ति और सुरक्षा के लिए जनचेतना के बुनियादी सिद्धान्तों को अपनाने की आवश्यकता है और सह अस्तित्व के लिए गांधी का मार्ग सही दिशा दे सकता है। भारत को इसके लिए पहल करनी चाहिए। संगोष्ठी में शिक्षाविद सुरेन्द्र दत्त बहुगुणा ने भारत की कुटनैतिक पहल पर अफसोस व्यक्त किया उन्होंने कहा कि विश्व मंच पर भारत में कभी शक्तिपूर्वक हस्तक्षेप नहीं किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को अमेरिका जैसी साम्राज्यवादी शक्तियों के दबाव से मुक्त करने की जरूरत बताई। भूगोल वेदता डॉ. आर.एम. लोढ़ा ने भारत के पंचशील के सिद्धान्त को अपनाने पर बल दिया। गोष्ठी में सरकार जसपाल सिंह, एडवोकेट जमनालाल सुवालका, अनिल मेहता, संपतराज आदि ने भी विचार व्यक्त किए। डॉ. एल.एल. शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक नवज्योति
12 दिसम्बर, 1998
अजमेर, जयपुर, कोटा से एक साथ प्रकाशित

कर्तव्य के बिना अधिकार की बात बेमानी

मानवाधिकार दिवस पर गोष्ठी

उदयपुर, 11 दिसम्बर (न्यूज सर्विस)। कर्तव्य की भूमिका को समझे बिना मानवाधिकार की बात हमे मुकाम तक नहीं पहुंचाएगी। अस्तित्व संकट के दौर में आज मानवाधिकार की चेतना को व्यापकता और समग्रता दिये जाने की महती आवश्यकता है जिससे प्रकृति और प्राणी मात्र की गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे और यह वक्त के अधिकार की मांग है, जिसे कारगर करने हेतु भारतीय जीवन शैली अपनाना सार्थक सिद्ध होगा। उक्त विचार विश्व मानवाधिकार दिवस पर शान्तिपीठ द्वारा स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर के प्रशिक्षण केन्द्र के सभागार में आयोजित संगोष्ठी में उभरकर आए।

संगोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार ओंकार श्री ने कहा कि मानवाधिकारों के प्रथम उद्घोषक कृष्ण थे जिन्होंने शस्त्र छोडने का अर्जुन को कोई अधिकार नही दिया बल्कि कर्मण्ये वाधिकारस्ते का उपदेश किया। उन्होंने कहा आजादी के बाद भी भारत को तीन युद्ध झेलने पडे और युद्ध के बाद हम गीत पर केन्द्रित हो गये। पशु पक्षी आदि पर अत्याचार जैसे क्रूरतापूर्ण आचरण की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा "नही मिलेगे अधिकार चूंकि भूल गये है हम यह मंत्र जियो और जीने दो"। शान्ति पीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि मानवाधिकार की व्याख्या को भारतीय दृष्टिकोण से समझने और अपनाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कर्तव्य की भूमि में अधिकार जिम्मेदारियों के साथ जन्म लेते है। विकास के नाम पर हालात ऐसे निर्मित हो चुके है कि जन्म से पूर्व ही बालक अपने नैसर्गिक अधिकारों से वंचित परिस्थितियों में जन्म पाता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में अमानवीय करण और पर्यावरण विघटन के ऐतिहासिक दौर में मानवाधिकारों के लिए ईमानदारी पूर्वक प्रयास करने है तो इससे भी अधिक गहराई से कर्तव्य और निष्ठायुक्त नागरिक बोध पैदा करना है। गोष्ठी में प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशासक एस.एस.पोद्दार ने वैयक्ति स्वातंत्र्य की रक्षा हेतु आतंरिक प्रदूषण से मुक्त होने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर विद्या भवन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्रिंसिपल डॉ. एम.के.शर्मा ने मानवाधिकारों की रक्षा के लिए शिक्षा के जरिये निश्चित कार्यक्रम अपनाये जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। अध्यक्षता सहायक महाप्रबंधक आर.एन.शर्मा ने की। संचालन डॉ. जे.सी.दुबे ने किया जबकि धन्यवाद भाषण प्रो. एस.एम.नैयर ने दिया। वितरण में असमानता मे मानवाधिकारों का हनन होता है अतः अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों पर अमल कर लिया जाए तो श्रेष्ठ समाज की संरचना संभव है। यह विचार उदयपुर के विधायक त्रिलोक पूर्बिया ने एशियन इन्स्टीट्यूट ऑफ ह्यमन राईट्स एज्यूकेशन एवं राजस्थान कौन्सिल ऑफ एज्यूकेशन एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मेनेजमेन्ट के संयुक्त तत्वावधान में ज्योति माध्यमिक विद्यालय फतहपुरा के प्रांगण में आयोजित मानवाधिकार दिवस पर अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि किसान खेत में अनाज पैदा करता है, मजदूर मजदूरी करता है उसे भी टीवी चाहिए, आधुनिक सुविधा चाहिए, समाज को इस ओर सोचना है। प्रमुख अतिथि के रुप में उदयपुर के पूर्व विधायक शिव किशोर सनाढय ने कहा कि भारत की संस्कृति में पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा ताकत से नही हो सकती, हम अपनी संस्कृति व राष्ट्र की भावना के अनुसार कार्यक्रमों की रचना करें। प्रारम्भ में समारोह के स्वागताध्यक्ष जी.एल.कुमावत ने स्वागत करते हुए कहा कि मानवाधिकार के संरक्षण के लिए सभी शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा अभियान चलाया जाना चाहिए। मानवाधिकार शिक्षा के लिए बालक श्रेष्ठ संवाहक के रुप में आम लोगों को अपने अधिकारों से अवगत करा सकते है।

एशियन इन्स्टीट्यूट ऑफ ह्यमन राइटस एज्यूकेशन के प्रदेश अध्यक्ष भंवर सेठ ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए अत्यन्त गौरव का है क्योंकि मानवाधिकार के स्वर्ण जयन्ती वर्ष पर राजस्थान सरकार ने आयोग के गठन की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 1995 को संयुक्त राष्ट्र ने मानवाधिकार दशक की घोषणा की और जून 1995 मे पहली राष्ट्रीय सेमीनार राजस्थान, उदयपुर में आयोजित कर हमने सारे देश के 50 लाख शिक्षकों ने मानवाधिकार शिक्षा को भारतवर्ष के 90 करोड लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया था। आज वो संकल्प पूरा होता दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर इतिहासविद डॉ. के.एस.गुप्ता, शिक्षाविद चन्द्रकान्ता दवे, आर.सी.आ.ए.एम. की अध्यक्षा डॉ. हेमलता तलेसरा ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के संयोजक दिलीप दक ने बताया कि दिसम्बर 1999 में उदयपुर मे मानवाधिकार दिवस पर अन्तरराष्ट्रीय सेमीनार आयोजित की जायेगी।

राष्ट्रदूत

उदयपुर शनिवार 19 दिसम्बर 1998

इराक पर हमले की भर्त्सना

उदयपुर 18 दिस:। जनतांत्रिक अधिकार सुरक्षा संगठन ने ब्रिटेन के सहयोग से अमेरिकी साम्राज्यवाद द्वारा इराक पर अन्यायपूर्ण और एकतरफा हमले की कडी शब्दों मे भर्त्सना की है।

जास प्रवक्ता समीर बनर्जी ने बताया कि हमले से संयुक्त् राष्ट्र संघ का औचित्य ही समाप्त हो गया है तथा स्पष्ट हो गया है कि संयुक्त राष्ट्र संघ शक्तिशाली राष्ट्रों के हाथों का खिलौना है। बनर्जी ने आगे बताया कि लम्बे समय से प्रतिबंधों से परेशान इराकी जनता और सरकार पर हमला करके अमेरिका यह सिद्व करना चाहता है कि उसकी धोसपट्टी सभी कमजोर राष्ट्रों को मान लेनी चाहिए तथा न मानने पर वह समस्त अर्न्तराष्ट्रीय कानूनों को धत्ता बताकर विश्व में किसी देश पर भी अपने सैनिक अड्डों से हमला कर सकता है।

जास ने समाज के समस्त शान्ति पसन्द और साम्राज्यवाद विरोधी लोगों से अपील की कि वे साम्राज्यवाद और विशेषकर इसके सरगना अमेरिकन साम्राज्यवाद के विरुद्ध एकजुट संघर्ष केन्द्रित करें।

अमेरिका और ब्रिटेन की ओर से रमजान पर्व के ठीक एक दिन पूर्व से इराक पर की जारही बर्बर बमबारी से हो रही निरपराध इराकी जनता की तबाही से उत्पन्न स्थित को विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा मानते हुए शांतिपीठ की ओर से आज मध्याह्न मोहनसिंह कोठारी की अध्यक्षता में एक विचार सभा आहूत की गई।

सभा मे विचार प्रवर्तन करते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने गंभीर चिंता व्यक्त की कि विश्व शांति के मंच संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की बिना अनुमति के इराक देश पर किये जा रहे हमले की पुनरावृति से संसार की शांतिवादी जनशक्तियों के विरुद्ध एक आतंककारी युद्धोन्माद का खतरा खडा हो गया हैं। यह संयुक्त राष्ट्र व विश्व जनमत की अवमानना. हैं। विचार सभा में बोलते हुए वरिष्ठ प्रत्रकार व लेखक ओंकार श्री ने अमेरिका व ब्रिटेन की इस हमलावर कार्यवाही को क्षयग्रस्त पूंजीवादी ताकतों की परजयवादी हिंसक प्रतिक्रिया बताते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की वर्तमान निष्क्रियता से उसके विघटन कीआशंका व्यक्त की।

विचारव्यक्त करतें हुए डा.गोविन्द मेनारिया ने इराक पर हो रहे हमले का तीसरे विश्व युद्ध की विनाशकारी भूमिका की ओर युद्धलिप्सु राष्ट्रों कीबढ़त को रोकने की जरुरत पर बल दिया। इस आक्रामण कार्यवाही को साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने मानव जाति के विरुद्ध क्रूर आचरण माना वही डा.रविन्द्र वर्मा ने पूंजीवादी ताकतों द्वारा आर्थिक घेरेबंदी मे दम तोडती इराकी जनता पर की जा रही इस बमबारी को पाश्विक बताते हए संसार के स्वतंत्रचेता राष्ट्रों केशांतिवादी जनसमुदाय को एक जूट होने का आ ान किया। प्रो. भंवरलाल समदानी ने इस क्रूर बमबारी को उपनिवेशवादी विस्तार की संज्ञा देते हुए स्वतंत्र राष्ट्रों के लिए इसे खतरनाक संकेत माना। इन्ही विचारों को पुष्ट करते हुए डा.आर.एन. व्यास, घनश्याम सिंह कृष्णावत व भगवत सिंह ने इस बात पर ध्यान आकृष्ट किया कि साम्यवादी शक्तियों को विश्व मानचित्र पर अप्रभावी देख अमेरिका संसार को स्वाधीनचेता देशों की शक्ति तोड़ते हुए एक निरकुंश शक्ति का स्वरुप ग्रहण करता जा रहा हैं। विश्व इस नव उपनिवेशवाद से समय रहते हुए सचेत जाए तो मानवता का भला हैं।

दैनिक नवज्योति

7 अगस्त, 1999

विश्व में भेदभाव की नीति के चलते निरस्त्रीकरणरण की बात बेमानी-सिंह

उदयपुर, 6 अगस्त (न्यूज सर्विस)। मोहनलाल सुखाड़िया वि.वि. के कुलपति डॉ. आर्य कुमार सिंह ने कहा कि विश्व में भेदभाव की नीति से निशस्त्रीकरण सम्भव नहीं है, एक राष्ट्र आणविक हथियारों का जखीरा अपने पास रखे और अन्य राष्ट्रों को निशस्त्रीकरण की हिदायतें दें तो शान्ति की बात बैमानी मानी जाएगी। डॉ. सिंह शुक्रवार सुबह स्थानीय सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर शान्ति पीठ की ओर से हिरोशिमा स्मृति दिवस पर आयोजित शान्ति सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शान्ति ही एक ऐसा मंत्र है जिसे साधकर विश्व को मौजूदा स्वरूप में बनाए रखा जा सकता है, लेकिन इसके लिए इमानदारी से बिना शर्त निशस्त्रीकरण नितान्त जरूरी है। आणविक अस्त्रों के भण्डार पर चिन्ता प्रकट करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि कोई भी राष्ट्र भय ग्रस्त अथवा आतंकित होकर आणविक अस्त्रों का सहारा ले तो विश्व शान्ति खतरे में पड़ सकती है, युद्ध एवं विनाश से बचने के लिए सभी राष्ट्रों के बीच परस्पर विश्वास बढाते हुए उन्हें प्रतिबद्ध होकर निशस्त्रीकरण को व्यावहारिक रूप देना होगा। शान्तिपीठ के संस्थापक सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सभी राष्ट्र आत्मिक सम्बन्धों की पहल करें, अपने देश में उच्च जीवन मूल्यों के शैक्षिक प्रयत्न करें तो इक्कीसवीं शताब्दी शान्ति की सदी बन सकती है। उन्होंने कहा कि भारत आक्रामक देश नहीं रहा है, उसने न्याय एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए अवश्य हथियार उठाए, कारगिल संघर्ष इसका ताजा उदाहरण है। यह देश शान्ति एवं अहिंसा की अपनी शाश्वत सत्ता से कभी विचलित नहीं हुआ।

इस अवसर पर जापान से आई सुश्री ऐरिको नाकाशा और आया किमोटो ने जापान के खूबसूरत शहरों नागासाकी एवं हीरोशिमा के वीभत्स हादसे का स्मरण दिलाते हुए छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से दुखान्तिका के प्रभावों को स्पष्ट किया। उन्होंने विश्व के देशों में शान्ति सद्भाव एवं निशस्त्रीकरण की जन प्रतियोगिताओं की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। समाजसेवी मोतीलाल डांगी ने शान्ति के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन शान्ति पीठ के राजीव लोढ़ा ने किया।

कार्यक्रम के अन्त में हीरोशिमा एवं नागासाकी नर संहारों तथा कारगिल संघर्ष में खेत रहे राष्ट्र भक्तों को दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

एक किलोमीटर लम्बा मौन जुलूस:- इससे पूर्व शहर के तीस सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के बच्चों का मौन जुलूस टाऊन हॉल से रवाना किया। यह जुलूस टाऊन हाल से देहलीगेट कलेक्ट्रेट तथा चेतक सर्कल होता हुआ सूचना केन्द्र पहुंचा जहां एक सभा के रूप में परिवर्तित हो गया। जिला कलेक्टर मेहरा स्वयं शान्ति की तख्ती हाथ में लेकर जुलूस में बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट तक चले तथा जुलूस का नेतृत्व किया। जुलूस में जापान से आई युवतियों सहित विद्यालयी शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा प्रबुद्ध नागरिक भी थे। रैली में विद्यार्थीगण ''हमें शान्ति चाहिए : युद्ध नहीं'' तथा शान्ति, मैत्री, अहिंसा तथा पर्यावरण पर आधारित तकरीरों की तख्तियां लिए बिल्कुल मौन साधे चल रहे थे। सभी विद्यार्थी अपनी-अपनी स्कूलों के गणवेश में थे। उनके हाथों में शान्ति के ध्वज तथा बैनर भी थे।

दैनिक नवज्योति
22 अप्रैल, 1999

शांतिपीठ की अमरीका की गैर मानवीय हरकत पर रोक की मांग

उदयपुर, 21 अप्रैल (न्यूज सर्विस)। अमरीका के नेतृत्व में नाटो द्वारा मानवाधिकारों के नाम पर युगोस्लाविया पर किये जा रहे नृशंस अत्याचार से किसी भी क्षण विश्व शान्ति खतरे में पड़ सकती है और वैश्वीकरण व शान्ति की दिशा में किय जा रहे प्रयासों को अद्वितीय आघात पहुंच सकता है इसलिए संयुक्त राष्ट्र को चाहिए कि वह किसी दबाव में न आकर अविलम्ब पहल करते हुए अमरीका की गैर मानवीय हरकत पर रोक लगाए। विश्व संस्था संयुक्त राष्ट्र संघ से उक्त मांग शान्तिपीठ द्वारा एक बैठक आयोजित करते हुए की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी एवं चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने युगोस्लाविया पर अमेरिका द्वारा कियेजा रहे हमलों को विश्व के लिए और भारत के लिए गंभीर बताया। उन्होंने कहा अमरीका नवउपनिवेषवाद की नीति के तहत समय समय पर आंतकवादी कार्य करते हुए विश्व में अपनी दशहत पैदा कर रहा है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि कल वब कोसोवो जैसी समस्या में ढूंढेगा और मानवीय पीड़ा तथा शरणार्थी समस्या की कीमत कौन चुकायेगा?

अन्तरराष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञ प्रो. रविन्द्र वर्मा ने एकीकृत युगोस्लाविया गणराज्य से लगाकर अब तक के इतिहास पर विचार रखते हुए 1990 से 1999 तक के जातीय संघर्ष की विवेचना की। उन्होंने कोसोवो की समस्या को भारत के लिए खतरा बताया तथा संयुक्त राष्ट्र को नकारते हुए अमरीका की कार्यवाही पर अफसोस व्यक्त किया।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा तत्काल पहल करने की मांग करते हुए शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बैठक में एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव में उक्त हमले पर गंभीर चिन्ता व्यक्त की गई तथा हवाई हमले रोकते हुए शान्तिपूर्ण तरीके से समाधान खोजने की मांग की गई। विश्व की अन्य महाशक्तियों की चेतावनी को नजरअन्दाज न करते हुए मानव गरिमा व अस्मिता का सम्मान बचाने की त्वरित कार्यवाही करते हुए राष्ट्रों की संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने में योगदान हेतु संयुक्त राष्ट्र संघ से अपील की गई है। प्रस्ताव में अमरीका की नव उपनिवेशवाद की कठोर शब्दों में आलोचना करते हुए उसके द्वारा राष्ट्र की अवमानना मानते हुए अफसोस व्यक्त किया है। प्रस्ताव में रुस व चीन की चेतावनी की सराहना करते हुए अमरीकी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने देश में जनमत जागृत कर सरकार को नियंत्रित करें। प्रस्ताव में भारत सरकार से अपील की है कि समाधान की दिशा में वह अपने प्रयास अधिक सक्रिय करे। बैठक में पर्यावरणविद डॉ. एल.एल.शर्मा व प्रो. बी.एल.समदानी ने मानवीय प्रयासों से समाधान ढूंढने का प्रक्रिया को रेखांकित किया।

राष्ट्रदूत
उदयपुर गुरुवार 22 अप्रेल 1999

अमरीका की अमानवीय हरकतें रोकने की मांग

उदयपुर, 21 अप्रेल (कासं)। अमरीका के नेतृत्व में नाटो द्वारा मानवाधिकारों के नाम पर युगोस्लाविया पर किये जा रहे नृशंस अत्याचार से किसी भी क्षण विश्व शांति खतरे में पड़ सकती है और वैश्वीकरण व शांति की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को आघात पहुंच सकता है इसलिए संयुक्त राष्ट्र को चाहिए कि वह किसी दबाव में न आकर विलम्ब पहल करते हुए अमरीका की गैर मानवीय हरकत पर रोक लगाए।

विश्व संस्था संयक्त राष्ट्र संघ ने उक्त मांग शांतिपीठ द्वारा मंगलवार को एक बैठक आयोजित करते हुए की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी एवं चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने युगोस्लाविया पर अमेरिका द्वारा किये जा रहे हमलों को विश्व के लिये और भारत के लिय गंभीर बताया। उन्होंने कहा अमरीका नवउपनिवेशवाद की नीति के तहत समय-समय पर आतंकवादी कार्य करते हुए विश्व में अपनी दहशत पैदा कर रहा है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि कल वह कोसोवो जैसी समस्या विश्व में ढूंढेगा और मानवीय पीड़ा तथा शरणार्थी समस्या की कीमत कौन चुकायेगा।

अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञ प्रो. रविन्द्र वर्मा ने एकीकृत युगोस्लाविया गणराज्य से लगाकर अब तक के इतिहास

लिए खतरा बताया तथा संयुक्त राष्ट्र को नकारते हुए अमरीका की कार्यवाही पर अफसोस व्यक्त किया।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा तत्काल पहल करने की मांग करते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बैठक मे एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव में उक्त हमले पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई तथा हवाई हमले रोकते हुए शांतिपूर्ण तरीके से समाधान खोजने की मांग की गई। विश्व की अन्य महाशक्तियों की चेतावनी को नजरअंदाज न करते हुए मानव गरिमा व अस्मिता का सम्मान बचाने की त्वरित कार्यवाही करते हुए राष्ट्र की संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने में योगदान हेतु संयुक्त राष्ट्र संघ से अपील की गई है। प्रस्ताव में अमरीका की नव उपनिवेशवाद की कठोर शब्दो में अलोचना करते हुए उसके द्वारा संयुक्त राष्ट्र की अवमानना मानते हुए अफसोस व्यक्त किया है। प्रस्ताव में रुस व चीन की चेतावनी की सराहना करते हुए अमरीकी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने देश में जनमत जागृत कर सरकार को नियंत्रित करें। प्रस्ताव में भारत सरकार से अपील की है कि समाधान में दिशा में वह अपने प्रयास अधिक सक्रिय करे।

बैठक में पर्यावरणविद् डा. एल. एल. शर्मा व प्रो. बी. एल. समदानी ने मानवीय

दैनिक भास्कर
उदयपुर, वैशाख शुक्ला सप्तमी, विक्रम संवत 2056, गुरुवार 22 अप्रैल 1999

राष्ट्र संघ बिना दबाव अमरीकी हमलों पर रोक लगाए

शांति पीठ की बैठक में मांग

उदयपुर, 21 अप्रैल (भाससे)। अमरीका के नेतृत्व में 'नाटो' द्वारा मानवाधिकारों के नाम पर यूगोस्लाविया पर किए गए हमलों से किसी भी क्षण विश्व में शांति खतरे में पड़ सकती है और वैश्वीकरण व शांति की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को आघात पहुंच सकता है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र को चाहिए कि वह किसी दबाव में न आकर अविलंब पहल करते हुए अमरीका की ऐसी हरकतों पर रोक लगाए।

शांतिपीठ संस्था द्वारा मंगलवार को हुई बैठक में संयुक्त राष्ट्र संघ से उक्त मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी डॉ. मोहन सिंह कोठारी ने यूगोस्लाविया पर अमरीका द्वारा किए गए हमलों को भारत के लिए भी गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि अमरीका नवउपनिवेशवाद की नीति के तहत समय-समय पर आतंकवादी गतिविधियों से विश्व में दहशत पैदा कर रहा है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि कल वह कोसोवो जैसी समस्या विश्व में ढूंढेगा और मानवीय पीड़ा तथा शरणार्थी समस्या की कीमत कौन चुकाएगा?

अन्तरराष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञ प्रो. रवींद्र वर्मा ने एकीकृत यूगोस्लाविया गणराज्य से लगाकर अब तक के इतिहास पर विचार रखते हुए 1990 से 1999 तक के जातीय संघर्ष की विवेचना की। उन्होंने कोसोवो की समस्या को भारत के लिए खतरा बताया तथा संयुक्त राष्ट्र को नकारते हुए अमरीका की कार्यवाही पर अफसोस व्यक्त किया।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा तत्काल पहल करने की मांग करते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बैठक में एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव में उक्त हमले पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई तथा हवाई हमले रोकते हुए शांतिपूर्ण तरीके से समाधान खोजने की मांग की गई। विश्व की अन्य महाशक्तियों की चेतावनी को नजरअंदाज न करते हुए मानव गरिमा व अस्मिता का सम्मान बचाने की त्वरित कार्यवाही करते हुए राष्ट्रों की संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने में योगदान के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ से अपील भी प्रस्ताव में की गई है। प्रस्ताव में रूस व चीन की चेतावनी की सराहना करते हुए अमरीकी नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने देश में जनमत संग्रह से सरकार को नियंत्रित करें। बैठक में पर्यावरणविद् डॉ. एल.एल. शर्मा व प्रो. बी.एल. समदानी ने मानवीय प्रयासों से समाधान ढूंढने की प्रक्रिया को रेखांकित किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 22 अप्रेल 1999

हमलों की निंदा

उदयपुर, 21 अप्रेल [वि.]। सामाजिक संस्था शांतिपीठ ने एक प्रस्ताव पारित कर मानवाधिकार के नाम पर यूगोस्लाविया पर नाटो के सदस्य देशों द्वारा किए जा रहे नृशंस अत्याचारों की निंदा की। साथ ही संयुक्त राष्ट्र संघ से इस मसले में दखल करने का आग्रह किया।

संस्था की मंगलवार को हुई बैठक में अन्तरराष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञ प्रो. रवीन्द्र वर्मा, महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी, समाजसेवी मोहनसिंह कोठारी, पर्यावरणविद् डा. एल.एल. शर्मा, प्रो. बी.एल. समदानी आदि वक्ताओं ने कोसोवो समस्या पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने अमरीका की पहल पर नाटो के सदस्य देशों द्वारा यूगोस्लाविया पर हवाई हमलों को विश्व शांति के प्रति खतरे की संज्ञा दी। प्रस्ताव में अमरीका की नव उपनिवेशवाद नीति की भर्त्सना की गई तथा चीन एवं रूस की चेतावनी के बावजूद हमलों को जारी रखने को संयुक्त राष्ट्र संघ की अवमानना बताया। साथ ही अमरीकी नागरिकों से इस हमले के खिलाफ अपने देश में जनमत तैयार कर सरकार को नियंत्रित करने की अपील भी की गई।

जय राजस्थान
उदयपुर, गुरूवार 22 अप्रेल 1999

नाटो के हमलों से विश्व शांति को धक्का लगा

उदयपुर, 21 अप्रेल (नसं)। अमरीका के नेतृत्व में नाटो द्वारा मानवाधिकारों के नाम पर युगोस्लाविया पर किये जा रहे नृशंस अत्याचार से किसी भी क्षण विश्व शांति खतरे में पड़ सकती है और वैश्वीकरण व शांति की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को अद्वितीय आघात पहुंच सकता है। इसलिये संयुक्त राष्ट्र को चाहिये कि वह किसी दबाव में न आकर अविलम्ब पहल करते हुये अमरीका की गैर मानवीय हरकत पर रोक लगाये। विश्व संस्था संयुक्त राष्ट्र संघ से उक्त मांग शांतिपीठ द्वारा मंगलवार को एक बैठक आयोजित करते बैठक की अध्यक्षता करते हुये समाजसेवी एवं चिंतक मोहन सिंह कोठारी ने युगोस्लाविया पर अमेरिका द्वारा किये जा रहे हमलों को विश्व के लिये और भारत के लिये गंभीर बताया। उन्हों'ने कहा कि अमरीका नव उपनिवेशवाद की नीति के तहत समय पर आतंकवादी कार्य करते हुये विश्व में अपनी दहशत पैदा कर रहा है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि कल वह कोसोवो जैसी समस्या विश्व में ढूंढेगा और मानवीय पीड़ा तथा शरणार्थी समस्या की कीमत कौन चुकायेगा।

अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञ प्रो. गणराज्य से लगाकर अब तक के इतिहास पर विचार रखते हुये 1990 से 1999 तक के जातीय संघर्ष की विवेचना की। उन्होंने कोसोवो की समस्या को भारत के लिये खतरा बताया तथा संयुक्त राष्ट्र को नकारते हुये अमरीका की कार्यवाही पर अफसोस व्यक्त किया।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा तत्काल पहल करने की मांग करते हुये शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिदेवी ने बैठक में एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव में उक्त हमले पर गंभीर चिंता व्यक्त की गयी तथा हवाई हमले रोकते हुये मांग की गयी।

प्रस्ताव में अमरीका की नव उपनिवेशवाद की कठोर शब्दों में आलोचना करते हुये उसके द्वारा संयुक्त राष्ट्र की अवमानना मानते हुये अफसोस व्यक्त किया है। प्रस्ताव में रूप व चीन की चेतावनी की सराहना करते हुये अमरीकी नागरिकों से अपील की है कि समाधान की दिशा में वह अपने प्रयास अधिक सक्रिय करें। बैठक में पर्यावरणविद् डा. एलएल शर्मा व प्रो. बीएल समदानी ने मानवीय प्रयासों से समाधान ढूंढने की प्रक्रिया को रेखांकित किया।

जय राजस्थान

उदयपुर, शनिवार, 19 दिसंबर 1998

शांतिपीठ के तत्वावधान में विचार सभा का आयोजन

इराक पर हमला विश्व शांति के लिये गंभीर खतरा

उदयपुर, 18 दिसंबर (वि)। अमेरिका और ब्रिटेन की ओर से रमजान पर्व के ठीक एक दिन पूर्व से इराक पर की जा रही बर्बर बमबारी से हो रही निरपराध इराकी जनता की तबाही से उत्पन्न स्थिति को विश्व शांति के लिये गंभीर खतरा मानते हुए शांतिपीठ की ओर से आज मध्यान्ह मोहन सिंह कोठारी के अध्यक्षता में एक विचार सभा आहूत की गयी।

सभा में विचार प्रवर्तन करते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने गंभीर चिंता व्यक्त की कि विश्व शांति के मंच, संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की बिना अनुमति के इराक देश पर किये जा रहे हमले की पुनरावृत्ति से संसार की शांतिवादी जन शक्तियों के विरूद्ध एक आतंककारी युद्धोन्माद का खतरा खड़ा हो गया है। यह संयुक्त राष्ट्र व विश्व जनमत की अवमानना है। विचार सभा में बोलते हुए वरिष्ठ पत्रकार व लेखक ओंकार श्री ने अमेरिका व ब्रिटेन की इस हमलावर कार्यवाही को क्षयग्रस्त पूंजीवादी ताकतों की परायजवादी हिंसक प्रतिक्रिया बताते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की वर्तमान निष्क्रियता से उसके विघटन की आशंका व्यक्त की है। विचार व्यक्त करते हुए डा. गोविंद मेनारिया ने इराक पर हो रहे हमले को तीसरे विश्व युद्ध की विनाशकारी भूमिका की ओर युद्धलिप्सु राष्ट्रों की बढ़त को रोकने की जरूरत पर बल दिया।

इस आक्रामक कार्यवाही को साहित्यकार राजेंद्र सक्सेना ने मावन जाति के विरूद्ध क्रूर आचरण माना वहीं डा. रविंद्र वर्मा ने पूंजीवादी ताकतों द्वारा आर्थिक घेरेबंदी में दम तोड़ती इराकी जनता पर की जा रही इस बमबारी को पाशिवक बताते हुए संसार के स्वतंत्रचेता राष्ट्रों की शांतिवादी जन समुदाय को एकजुट होने का आव्हान किया।

प्रो. भंवर लाल समदानी ने इस क्रूर बमबारी को उपनिवेशवादी विस्तार की संज्ञा देते हुए स्वतंत्र राष्ट्रों के लिये इसे खतरनाक संकेत माना। इन्हीं विचारों को पुष्ट करते हुए डा. आएन व्यास, घनश्याम सिंह कृष्णावत व भगवत सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि यह हमला तुरंत रोका जाना चाहिये।

सभाध्यक्ष मोहन सिंह कोठारी ने इस बात पर ध्यान आकृष्ट किया कि साम्यवादी शक्तियों को विश्व मानचित्र पर अप्रभावी देख अमेरिका संसार को स्वाधीनचेता देशों की शक्ति तोड़ते हुए एक निरंकुश शक्ति का स्वरूप ग्रहण करता जा रहा है। विश्व इस नव उपनिवेशवाद से समय रहते सचेत हो जाये तो मानवता का भला है।

विचार सभा में उभरे मंतव्यों के प्रभाव में, शांतिपीठ की ओर से एक संकल्प-प्रस्ताव पारित कर संसार की शांतिवादी ताकतों को इस क्रूर हमलावरर हिमाकत के विरूद्ध लामबंद होने का आव्हान किया एवं इराक की निरपराध जनता पर हो रही बमवर्षा की भर्त्सना करते हुए उनके प्रति सहानुभूति प्रकट की।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 20 दिसम्बर, 1998

इराक पर किए जा रहे हमले का विरोध

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 19 दिसम्बर।अमरीका और ब्रिटेन द्वारा इराक पर की जा रही बमबारी का विभिन्न राजनीतिक एवं जन संगठनों का विरोध जारी है। संगठनों ने अमरीका व ब्रिटेन की इस कार्रवाई को अमानवीय, अनैतिक एवं किसी राष्ट्र की संप्रभुता का खुला उल्लंघन बताया है।

इस सम्बन्ध में शान्तिपीठ की ओर से शुक्रवार को मोहनसिंह कोठारी की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में शान्तिपीठ संस्थापक गणेश त्रिवेदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ, सुरक्षा परिषद की अनुमति के बिना इराक पर किए जा रहे हमलों पर गहरा अफसोस जताया है। पत्रकार औंकारश्री ने संयुक्त राष्ट्र संघ के विघटन की आशंका व्यक्त की। डॉ. गोविन्द मेनारिया ने इस हमले को तीसरे महायुद्ध की भूमिका बताया। साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने इसे मानव जाति के खिलाफ क्रूर आचरण बताया। डा. रवीन्द्र वर्मा ने इसे आर्थिक प्रतिबन्ध में दम तोड़ती इराकी जनता पर कायराना हमला बताया।

बैठक में प्रो. भंवरलाल समदानी, डा. आर.एन. व्यास, घनश्याम सिंह कृष्णावत, भगवतसिंह एवं मोहनसिंह कोठारी ने भी इस हमले को अमरीकी चौधराहट बताते हुए इसे शीघ्र बन्द करने की मांग की। बैठक में शान्तिपीठ की ओर से शान्तिपूर्ण विश्व की परिकल्पना का संकल्प प्रस्ताव पारित किया गया।

राष्ट्रीय संस्थान की ओर से शनिवार को 'अमरीका के बढ़ते प्रभाव' विषयक गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्था निदेशक अयूब खान ने अमरीका के

दैनिक भास्कर

भारत का सबसे तेज बढ़ता अखबार ■ उदयपुर, रविवार 6 अगस्त 2000

'विकसित देश परमाणु आयुध नष्ट करें'

नगर संवाददाता

उदयपुर, 5 अगस्त। विश्व शांति के लिए भारत द्वारा समय-समय पर की गई पहल महत्त्वपूर्ण है। भारत के पास पर्याप्त परमाणु आयुध होने के बावजूद उसने कभी अन्य देशों को नुकसान नहीं पहुंचाया।

यह बात सामाजिक संस्था शांतिपीठ द्वारा हिरोशिमा दिवस पर लोककला मंडल के मुक्ताकाशी सभागार में आयोजित सभा में महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री मुख्य उद्‌बोधन में ने कही। उन्होंने कहा कि दुनिया में चौधराहट करने वाले देश एक ओर शांति की बात करते हैं, दूसरी ओर एक मिनट में दो लाख गोले बरसाने वाली तोपें बनाते हैं, ऐसे दोहरे मापदंड विश्व शांति के लिए खतरा हैं।

महंत ने दुनिया में एटमी हथियार पूरी तरह समाप्त करना जरूरी बताते हुए शांति सभा की ओर से बड़े विकसित देशों से इस पर पहल करने की मांग रखी। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने पिछले 15 वर्षों से नगर में हिरोशिमा स्मृति दिवस पर किए जा रहे कार्यक्रमों की प्रासंगिकता पर बोलते हुए बताया कि 55 वर्ष पूर्व अमेरिका द्वारा जापान के सुंदर नगर हिरोशिमा पर 6 अगस्त को सुबह 8.15 बजे गिराए गए परमाणु बम से सवा लाख लोग तत्काल मौत के मुंह में समा गए। शीत युद्ध समाप्ति के बाद भी वांछित लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाने तथा आणविक अस्त्रों के जखीरे को समाप्त करने की सर्वमान्य नीति के अभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि आज शांति के देश भारत को पहल करनी चाहिए। सभा के विशिष्ट अतिथि विधायक त्रिलोक पूर्बिया ने कहा कि आणविक शक्ति का उपयोग मात्र शांति और विकास के लिए होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि युधिष्ठिर कुमावत ने हिरोशिमा त्रासदी का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति से ही विश्व शांति संभव है। सभा की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. बी.पी. भटनागर ने वर्तमान अर्थनीति को धनोपार्जन पर केन्द्रित करते हुए इससे उपजे असंतोष और अतृप्ति के कारण हो रही विषमताओं की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि विकसित देश प्रयोगशालाओं में परमाणु विस्फोट करने में जुटे हैं, जिससे विश्व के अन्य देशों को पता नहीं चल सके। शांति सभा में नगर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के करीब चार हजार बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में हिरोशिमा त्रासदी पर दिवंगत लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ज्ञान मार्ग, गुलाबबाग स्थित राजस्थान महिला गेलड़ा उच्च माध्यमिक विद्यालय में हिरोशिमा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में परमाणु विभीषिका से संबंधित पारदर्शियां डा. आर.के. अग्रवाल के सहयोग से दिखाई गई। कार्यक्रम की संयोजक डा. नलिनी जोशी ने विश्व शांति स्थापना एवं मानवीय मूल्यों पर आधारित व्याख्यान दिया। छात्राओं ने नृत्य-गीत पेश किए तथा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। एनएसयूआई की बैठक में दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शांतिपीठ की ओर से रविवार सुबह आठ बजे शांतिपीठ कार्यालय में प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी।



उदयपुर में हिरोशिमा दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को बच्चों ने रैली निकाली। *भास्कर*

उदयपुर
Rashtradoot
उदयपुर रविवार 6 अगस्त 2000

शांतिसभा में 4 हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

उदयपुर, 5 अगस्त, (का.सं.)। स्वैच्छिक संस्था शान्तिपीठ के तत्वावधान में आज लोक कला मण्डल के मुक्ताकाशी सभागार में एक विशाल शान्तिसभा का आयोजन किया गया जिसमें सरकारी, गैर सरकारी विद्यालयों के करीब 4 हजार छात्र - छात्राओं ने भाग लेकर हिरोशिमा त्रासदी में दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि दी।

शान्ति सभा में मुख्य उद्‌बोधन देते हुए मेवाड़ महामण्डलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने विश्व शान्ति के लिये भारत द्वारा की गई पहल को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भारत के पास सक्षम परमाणु आयुध होने के बावजूद उसने अन्य देशों को कभी नुकसान नहीं पहुंचाया। महन्त ने दुनिया में चोधराहट करने वाले देशों का हवाला देते हुए कहा कि एक ओर वे शान्ति की बात करते हैं और दूसरी ओर एक मिनिट में दो लाख गोले बरसाने वाली तोपें निर्माण करते हैं। ऐसे दोहरे मापदण्ड विश्व शान्ति के लिये खतरा हैं।

इससे पूर्व शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विगत 15 वर्षों से उदयपुर में हिरोशिमा स्मृति दिवस पर किये जा रहे कार्यक्रमों की प्रासंगिकता पर बोलते हुए बताया कि 55 वर्ष पूर्व अमेरिका द्वारा जापान के सुन्दर नगर हिरोशिमा पर 6 अगस्त को प्रात: 8.15 गिराये गये परमाणु बम से सवा लाख को तत्काल मौत के मुंह में समा गये तथा ऐसी ही घटना की पुनरावृत्ति 9 अगस्त को नागासाकी में हुई।

शीत युद्ध समाप्ति के बाद भी वांछित लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाने तथा आणविक अस्त्रों के जखिरे को समाप्त करने की सर्वमान्य नीति के अभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि आज शान्ति के देश भारत को पहल करनी चाहिये। उन्होंने विज्ञान को मानव कल्याण की ओर मोड़ने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

शान्ति सभा में विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए विधायक त्रिलोक पूर्बिया ने युवा पीढी को सही दिशा देकर सन्मार्ग के लिये प्रेरित करने की आवश्यकता बताते इसे सामाजिक दायित्व बताया।

नगर परिषद् सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए हिरोशिमा त्रासदी का मार्मिक वर्णन करते बताया कि भारतीय संस्कृति से ही विश्व शान्ति सम्भव होगी। उन्होंने शान्ति सभा में उपस्थित लोगों एवं बालकों को विश्वशान्ति के लिये प्रयासरत रहने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर नगर के करीब डेढ़ दर्जन छात्र - छात्राओं ने अपनी प्रतिभागिता की। सेन्ट्रल अकेडमी के छात्र - छात्राओं ने संगीत अध्यापक रफीम अहमद व कुसुम शाह के निर्देशन में शान्ति गीत प्रस्तुत किये जबकि गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्र आनंद शर्मा ने हम होंगे कामयाब की हारमोनियम पर अच्छी प्रस्तुती दी।

इससे पूर्व हिरोशिमा स्मृति दिवस के लिये आयोजित शान्तिसभा में भाग लेने के लिये छात्र - छात्राओं के समूह अपने - अपने विद्यालयों से रैलियों के रुप में लोक कला मण्डल पहुंचे थे।

राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. बी. पी. भटनागर ने शान्तिसभा की अध्यक्षता करते हुए वर्तमान अर्थनीति को धनोपार्जन पर केन्द्रित बताते इससे उपजी असंतोष और अतृप्ति के कारण पैदा हो रही विषमताओं को ओर ध्यान दिलाया।

कार्यक्रम के अंत में हिरोशिमा त्रासदी पर दिवंगत लोगों की स्मृति में 2 मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राजीव लोढा ने संयोजन किया।

हिरोशिमा त्रासदी में दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि

दैनिक नवज्योति आसपास, प्रदेश



प्रेस फोटो-बृजमोहन गोयल

उदयपुर में शांतिसभा को संबोधित करते हुए अनन्त गणेश त्रिवेदी।

विज्ञान का रुख मानव कल्याण की ओर करने की जरूरत: त्रिवेदी

उदयपुर, 8 अगस्त (न्यूज सर्विस)। स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ के तत्वावधान में लोक कला मण्डल के मुक्ताकाशी सभागार में एक विशाल शांतिसभा का आयोजन किया गया जिसमें सरकारी विद्यालयों के करीब 4 हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर हिरोशिमा त्रासदी में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

शांति सभा में मुख्य उद्‌बोधन देते हुए मेवाड़ महामण्डलेश्वर महन्त मुरलीमनोहर शरण शास्त्री ने विश्व शांति के लिए की गई पहल को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भारत के पास सक्षम परमाणु आयुध होने के बावजूद उसने अन्य देशों को कभी नुकसान नहीं पहुंचाया। महन्त ने दुनिया में चौधराहट करने वाले देशों का हवाला देते हुए कहा कि एक ओर वे शांति की बात करते हैं और दूसरी ओर एक मिनिट में दो लाख गोले बरसाने वाली तोपों निर्माण करते हैं, ऐसे दोहरे मापदण्ड विश्व शांति के लिए खतरा हैं। इस संदर्भ में उन्होंने भारत के दायित्व को अति महत्वपूर्ण बताया। महन्त ने दुनिया में एटमी हथियार पूरी तरह समाप्त करना जरूरी बताते हुए शांति सभा की ओर से बड़े विकसित देशों से इस पर पहल करने की मांग रखी।

इससे पूर्व शांतिपीठ के संस्थापक महा सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विगत 15 वर्षों से उदयपुर में हिरोशिमा स्मृति दिवस पर किए जा रहे कार्यक्रमों की प्रासंगिकता पर बोलते हुए बताया कि 55 वर्ष पूर्व अमेरिका द्वारा जापान के सुन्दर नगर हिरोशिमा पर 6 अगस्त को परमाणु बम से सवा लाख लोग तत्काल मौत के मुंह में समा गए तथा ऐसी ही घटना की पुनरावृत्ति 9 अगस्त को नागासाकी में हुई।

शीत युद्ध समाप्ति के बाद भी वांछित लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाने तथा आणविक अस्त्रों के जखीरे को समाप्त करने की सर्वमान्य नीति के अभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि आज शांति के देश भारत को पहल करनी चाहिए। उन्होंने विज्ञान को मानव कल्याण की ओर मोड़ने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

शांति सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक त्रिलोक पूर्बिया ने युवा पीढ़ी को सही दिशा देकर सन्मार्ग के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता बताते हुए इसे सामाजिक दायित्व बताया। उन्होंने आणविक शक्ति का उपयोग मात्र शांति और विकास के लिए करने की आवश्यकर्ता बताई। नगरपरिषद सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए हिरोशिमा त्रासदी का मार्मिक वर्णन करते बताया कि भारतीय संस्कृति से ही विश्व शांति सम्भव होगी। उन्होंने शांति सभा में उपस्थित लोगों एवं बालकों को विश्वशांति के लिए प्रयासरत रहने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर नगर के करीब डेढ़ दर्जन छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता की। सैन्ट्रल अकेडमी के छात्र-छात्राओं ने संगीत अध्यापक रफीक अहमद व कुसुम शाह के निर्देशन में शांति गीत प्रस्तुत किए जबकि गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्र आनन्द शर्मा ने 'हम होंगे कामयाब' की हारमोनियम पर अच्छी प्रस्तुति दी।

ज्ञान शिखर पब्लिक स्कूल की एक नन्ही बालिका विन्नी ने माइक पर आकर हमें शांति चाहिए का तीन बार उद्‌घोष किया। इससे पूर्व हिरोशिमा स्मृति दिवस के लिए आयोजित शांतिसभा में भाग लेने के लिए छात्र-छात्राओं के समूह अपने-अपने विद्यालयों से रैलियों के रूप में लोक कला मण्डल पहुंचे थे।

राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. बी.पी. भटनागर ने शांतिसभा की अध्यक्षता करते हुए वर्तमान अर्थनीति को धनोपार्जन पर केन्द्रित बताते इससे उपजी असंतोष और अतृप्ति के कारण पैदा हो रही विषमताओं की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि विकसित देश प्रयोगशालाओं में परमाणु विस्फोट करने में जुटे हैं जिससे विश्व में अन्य देशों को पता नहीं चले। उन्होंने मानव द्वारा पर्यावरण के साथ की जा रही क्रूरतापूर्ण कार्रवाई की ओर इंगित करते हुए बताया कि अब प्रकृति मानव से इसी क्रूरता का बदला कई रूपों में लेने लगी है। विश्व शांति के लिए उन्होंने राष्ट्रों के बीच आपसी सद्‌भाव को अति आवश्यक बताया।

कार्यक्रम के अंत में हिरोशिमा त्रासदी के दिवंगत लोगों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राजीव लोढ़ा ने संयोजन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को समाजसेवी जगतभाई इलैक्ट्रिक वालों की ओर से फल वितरित किए गए।

दैनिक नवज्योति
9 अगस्त, 2000 अजमेर

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत २०५८, वैशाख शुक्ल पक्ष, द्वादशी, शुक्रवार ४ मई २००१

विश्व शांति में भारतीय वाङ्मय के महत्त्व पर चर्चा

उदयपुर, 3 मई (नसं)। भारतीय वाङ्मय में ब्रह्मांडीय पदार्थ, खगोलीय चुंबकत्व और उसके जीव जगत पर प्रभाव के अध्ययन व निर्देशों पर गुरुवार को यहां शांतिपीठ की ओर से हुई संगोष्ठी में चर्चा हुई।

संस्था सभागार में 'विश्व शांति में प्राचीन भारतीय वाङ्मय की उपादेयता' विषयक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि रंगकर्मी एवं साहित्यकार मंगल सक्सेना ने कहा कि प्राचीन भारतीय वाङ्मय प्रमाणित वैज्ञानिकता का प्रचुर भंडार है। यह समग्र मानवता का पथ प्रदर्शक और विकास व प्रगति का आधार है। वेद, वेदांग व ज्योतिष सकल ब्रह्मांड के रहस्यों से जन-जन को परिचित कराते एवं सभ्यताओं का पोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मांड में उपस्थित सौर ग्रह, तारे, नक्षत्र, आकाशगंगाएं वैज्ञानिक सत्य हैं। हजारों वर्षों से ज्योतिष वाङ्मय एवं खगोलशास्त्र में इनकी गणना, फल एवं प्रतिफल वर्णित है, जो शाश्वत सत्य है। अत: खगोलीय चुंबकत्व व जीव जगत पर उसके प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। संगोष्ठी में मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि ज्योतिष की वैज्ञानिकता सिद्ध है। अनिल खत्री ने वेद, योग, भारतीय जीवन पद्धति, ज्योतिष, आयुर्वेद व परंपरागत चिकित्सा पद्धति पर पत्रवाचन किया और आवश्यक, समआवश्यक व अनावश्यक के संप्रत्यय पर चर्चा की। डा. मांगीलाल नागदा ने कालक्रम, घटना के होने व फल प्राप्ति का विवेचन किया। औंकारक्षी ने ज्योतिष को कला, विज्ञान एवं सांस्कृतिक थाती बताते हुए कर्मचोग व घटयोग में संबंध पर विचार रखे। उमा दशोरा ने कहा कि हृदय से उपजी मस्तिष्क की पूर्ण शांति ही कालचक्र की पदचाप सुन सकती है। संगोष्ठी के प्रारंभ में शांतिपीठ के महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने विषय प्रतिपादन किया। इस अवसर पर भारतीय प्राचीन वाङ्मय को विश्वविद्यालयों में पढ़ाए जाने संबंधी प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेजा गया।

दैनिक नवज्योति
5 मई, 2001

ग्रहों के जीव जगत पर प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता

उदयपुर, 4 मई (न्यूज सर्विस)। भारतीय प्राचीन वांङ्गमय प्रमाणित वैज्ञानिकता का प्रचुर भण्डार है तथा समग्र मानवता का पथ प्रदर्शक एवं विकास वं प्रगति का मूल आधार है। वेद, वेदांग तथा ज्योतिष सकल ब्रह्माण्ड के रहस्यों से जन-जन को परिचित कराते है एवं पीढ़ियों व सभ्यताओं का पोशज्ञरण करते हैं। यह विचार विख्यात रंगकर्मी एवं मूर्धन्य साहित्यकार मंगल सक्सेना ने शान्तिपीठ द्वारा आयोजित विश्व शान्ति में भारतीय प्राचीन वांङ्गमय की उपादेयता विषयक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में आमन्त्रित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

सक्सेना ने कहा कि ब्रह्माण्ड में उपस्थित सौर ग्रह, तारे, नक्षत्र एवं आकाश गंगाएं वैज्ञानिक सत्य है तथा हजारों वर्ष पूर्व ज्योतिष वांङ्गमय तथा खगोल शास्त्र में इनकी गणना, फल एवं प्रतिफल वर्णित है जो शाश्वत सत्य है। अत: खगोलीय चुम्बकत्व एवं जीव जगत पर इसके प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। संगोष्ठी के प्रतिभागी मोहन सिंह कोठारी ने भारतीय वांङ्गमय में ज्योतिष को पंचम वेद बताया तथा इसकी वैज्ञानिकता सिद्ध की। उन्होंने विश्व विद्यालयों में भारतीय ज्योतिष विषय खोले जाने पर सरकार को साधुवाद दिया तथा इसका विरोध करने वालों को आड़े हाथों लिया।

संगोष्ठी के संयोजक भीम के अनिल खत्री ने वेद योग, भारतीय जीवन पद्धति, संस्कृति, ज्योतिष, तन्त्र-मन्त्र, आयुर्वेद तथा परम्परागत भारतीय चिकित्सा पद्धतियों पर शोधपत्र पढ़ा तथा आवश्यक, सम आवश्यक तथा अनावश्यक के संप्रत्यय पर विस्तार से चर्चा की।

हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड में प्रबन्धक (जन सम्पर्क) तथा शैक्षिक चिन्तक डॉ. मांगीलाल नागदा ने कालक्रम, समयगति, घटना का होना व फल प्राप्ति के संप्रत्यय का दार्शनिक विवेचन किया तथा भारतीय वांङ्गमय की महत्ता प्रतिपादित की। साहित्यकार औंकारश्री ने ज्योतिष को कला, विज्ञान तथा सांस्कृतिक धाती सिद्ध करते हुए कर्म योग एवं घट योग में सम्बन्ध सिद्ध किया। उन्होंने होनी एवं अनहोनी व खगोलीय चुम्बकत्व के योग को सत्य सिद्ध किया।

संगोष्ठी में ज्योतिषीय सिद्धान्त एवं व्यवहार के मूलभूत तत्वों की व्याख्या करते हुए मुरलीधर जोशी ने इस पर गहन अध्ययन एवं अनुसन्धान किए जाने की आवश्यकता जताई। अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए ज्योतिर्विज्ञानी ऊमा दशोरा ने कहा कि हृदय से ऊपजी मस्तिष्क की पूर्ण शान्ति ही कालचक्र की पदचाप सुन सकती है। संगोष्ठी के आरम्भ में शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विषय प्रतिपादन किया तथा प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए भारतीय वांङ्गमय के बारे में लोगों के अधकचरे ज्ञान पर चिन्ता व्यक्त की। समारोह के अन्त में उन्होंने प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। संगोष्ठी में ज्योतिष, खगोलशास्त्र एवं भारतीय वांङ्गमय के जानकार 31 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर एक प्रस्ताव भारतीय प्राचीन वांङ्गमय के विश्वविद्यालयों में पढ़ाए जाने के सन्दर्भ में तैयार कर केन्द्रीय जनसंसाधन विकास मन्त्री मुरली मनोहर जोशी को भिजवाया गया। सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव भी पारित किया गया कि वैश्विक स्तर पर ज्योतिर्वैज्ञानिक विविध विधाओं का एक अन्तरराष्ट्रीय मंच बने तथा हर संस्कृति में निहित ज्योतिषीय विद्या पर गहन अनुसन्धान हो तथा सकल ज्योतिर्विज्ञान पर सतत शोध के लिए युनेस्को जैसी विश्व स्तरीय संस्थाएं पहल करें। यह प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र संघ को भिजवाया गया।

75 लाख के 23 राहत कार्य मंजूर

उदयपुर, 4 मई (न्यूज सर्विस)। जिले के चार पंचायत समिति क्षेत्रों में पचहत्तर लाख 50 हजार रूपए लागत के तेईस अकाल राहत कार्यों की मंजूरी दी गई है। जिला कलेक्टर (सहायता) प्रेम सिंह मेहरा के अनुसार इन सड़क व वानिकी कार्यों के माध्यम से एक हजार 220 श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराया जाएगा। इन कार्यों पर 59 लाख 50 हजार रूपए श्रम तथा 16 लाख रूपए सामग्री घटक के रूप में व्यय होंगे।

जय राजस्थान | उदयपुर-: वार शुक्रवार दिनांकः 4 मई 2001

भारतीय प्राचीन वांगमय प्रमाणित वैज्ञानिकता का प्रचूर भण्डार- सक्सेना

उदयपुर, 3 मई। भारतीय प्राचीन वांगमय प्रमाणित वैज्ञानिकता का प्रचूर भंडार है तथा समग्र मानवता का पथ प्रदर्शक एवं विकास व प्रगति का मूलभूत आधार है। वेद, वेदांग तथा ज्योतिष सकल ब्रह्माण्ड के रहस्यों से जन-जन को परिचित कराते हैं एवं पीढ़ियों व सभ्यताओं का पोषण करते हैं।

यह विचार विख्यात रंगकर्मी एवं मूर्धन्य साहित्यकार मंगल सक्सेना ने आज यहां शांतिपीठ द्वारा अपने सभागार में आयोजित विश्व शांति में भारतीय प्राचीन वांगमय की उपादेयता विषयक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

मंगल सक्सेना ने कहा कि ब्रह्मांड में उपस्थित सौर ग्रह तारे, नक्षत्र एवं आकाश गंगाएं वैज्ञानिक सत्य हैं तथा हजारों वर्ष पूर्व ज्योतिष वांगमय तथा खगोल शास्त्र मे इनकी गणना, फल एवं प्रतिफल वर्णित हैं। जो शास्वत सत्य हैं। अतः खगोलीय चुम्बक एवं जीव जगत पर इसके प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता।

इस संगोष्ठी के प्रतिभागी मोहनसिंह कोठारी ने भारतीय वांगमय विश्वविद्यालयों में भारतीय ज्योतिष विषय खोले जाने पर सरकार को साधुवाद दिया तथा इसका विरोध करने वालों को आड़े हाथों लिया।

संगोष्ठी के संयोजक भीम के अनिनल खत्री ने वेद योग, भारतीय जीवन पद्धति, संस्कृति, ज्योतिषह तंत्र-मंत्र, आयुर्वेद तथा परंपरागत भारतीय चिकित्सा पद्धतियों पर शोध पत्र पढ़ा तथा आवश्यक सम अनावश्यक के संप्रव्यय पर विस्तार से चर्चा की।

हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड में प्रबन्ध (जन सम्पर्क) तथा शैक्षिक चिन्तक डॉ. मांगीलाल नागदा ने कालक्रम, समयगति घटना का होगा व फल प्राप्ति के संप्रत्यय का दार्शनिक विवेचन किया तथा भारतीय वांगमय की महत्ता प्रतिपादित की।

साहित्यकार औंकारश्री ने ज्योतिष कला, विज्ञान तथा सांस्कृति थाती सिद्ध करते हुए कर्मयोग एवं पाट योग से सम्बन्ध सिद्ध किया। आपनी होनी एवं अनहोनी व खगोलीय चुम्बकत्व योग को सत्य सिद्ध किया।

संगोष्ठी में जयोतिषीकीय सिद्धांत एवं व्यवहार के मूलभूत तत्वों की व्याख्या करते हुए मुरलीधर जोशी ने इस पर गहन अध्ययन एवं अनुसंधान किये जाने की आवश्यकता जताई।

अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए ज्योतिविज्ञानी उमा दशोरा ने कहा कि हृदय में उपजी मस्तिष्क की पूर्ण शांति ही कालचक्र की पदचाप सुन सकती है तथा मानव मात्र को इस वि धा से बोध हो सकता है।

संगोष्ठी के आरंभ में शांतिपीठ के महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने विषय प्रतिवादन किया तथा प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए भारतीय वांगमय के बारे में लोगों के अधकचरे ज्ञान पर चिन्ता व्यक्त की। समारोह के अन्त में अपने प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रातःकाल

वैशाख शुक्ला 12 शुक्रवार दिनाक 4 मई 2001

भारतीय प्राचीन वाङ्मय पर संगोष्ठी सम्पन्न

उदयपुर, 3 मई (वि.)। शांतिपीठ के तत्वावधान में गुरुवार को यहां संस्था के सभागार में 'विश्व शांति में भारतीय प्राचीन वाङ्मय की उपादेयता' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए साहित्यकार मंगल सक्सेना ने कहा कि भारतीय प्राचीन वाङ्मय प्रमाणित वैज्ञानिकता का प्रचुर भण्डार है तथा समग्र मानवता का पथ प्रदर्शक एवं विकास व प्रगति का मूलभूत आधार है। उन्होंने कहा कि वेद, वेदांग और ज्योतिष सकल ब्रह्माण्ड के रहस्यों से जन-जन को परिचित कराते है एवं पीढ़ीयों व सभ्यता का पोषण करते है।

संगोष्ठी में ज्योतिषीय सिद्धान्त एवं व्यवहार के मूलभूत तत्वों की व्याख्या करते हुए मुरलीधर जोशी ने इस पर गहन अध्ययन और अनुसंधान किये जाने की आवश्यकता जताई। मोहन सिंह कोठारी ने भारतीय वाङ्मय में ज्योतिष को पंचम वेद बताया तथा इसकी वैज्ञानिकता सिद्ध की तथा विश्वविद्यालयों में भारतीय ज्योतिष विषय खोले जाने का स्वागत किया।

संगोष्ठी में अनिल खत्री, उमा दशोरा सहित 31 संभागियों ने विचार व्यक्त किये। स्वागत शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने किया।

उदयपुर
Rashtradoot
उदयपुर शुक्रवार 4 मई 2001

भारतीय प्राचीन वांण्गमय प्रमाणित वैज्ञानिकता का प्रचुर भण्डार – सक्सेना

उदयपुर, 3 मई (का.सं.)। भारतीय प्राचीन वांड्गमय प्रमाणित वैज्ञानिकता का प्रचुर भण्डार है तथा समग्र मानवता का पथ प्रदर्शक एवं विकास व प्रगति का मूर्लभूत आधार हैं। वेद वेदांग तथा ज्योतिष सकल ब्रह्माण्ड के रहस्यों से जन जन को परिचित कराते हैं एवं पीढ़ियों व सभ्यताओं का पोषण करते हैं।

यह विचार विख्यात रंगकर्मी एवं मूर्धन्य साहित्यकार मंगल सक्सैना ने आज यहां शान्तिपीठ द्वारा आयोजित विश्व शान्ति में भारतीय प्राचीन वांड्गमय की उपादेयता विषयक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित प्रति भागियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किय।

मंगल सक्सैना ने कहा कि ब्रह्माण्ड में उपस्थित सौर ग्रह, तारे, नक्षत्र एवं आकाश गंगाएं वैज्ञानिक सत्य हैं तथा हजारों वर्ष पूर्व ज्योतिष वांड्गमय तथा खगोल शास्त्र में इनकी गणना, फल एवं प्रतिफल वर्णित हैं जो शाश्वतसत्य हैं। अतः खगोलीय चुम्बकत्व एवं जीव जगत पर इसके प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता।

इस संगोष्ठी के प्रतिभागी मोहनसिंह कोठारी ने भारतीय वांड्गमय में ज्योतिष को पंचम वेद बताया तथा इसकी वैज्ञानिकता सिद्ध की। आपने विश्व विद्यालयों में भारतीय ज्योतिष विषय खोले जाने पर सरकार को साधुवाद दिया तथा इसका विरोध करने वालों को आडे हाथों लिया।

संगोष्ठी के संयोजक भीम के अनिल खत्री ने वेद योग, भारतीय जीवन पद्धति, संस्कृति, ज्योतिष, तंत्र-मंत्र, आयुर्वेद तथा परम्परागत भारतीय चिकित्सा पद्धतियों पर शोधपत्र पढा तथा आवश्यक, समआवश्यक तथा अनावश्यक के संप्रत्यय पर विस्तार से चर्चा की। हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के प्रबंधक (जन सम्पर्क) तथा शैक्षिक चिन्तक डा. मांगीलाल नागदा ने काल क्रम, समयगति, घटना का होना व फल प्राप्ति के संप्रत्यय का दार्शनिक विवेचना किया तथा भारतीय वांड्गमय की महत्ता प्रतिपादित की। साहित्यकार औंकार श्री ने ज्योतिष को कला, विज्ञान तथा सांस्कृति धाती सिद्ध करते हुए कर्मयोग एवं घट योग में सम्बन्ध सिद्ध किया। आपने होनी एवं अनहोनी व खगोलीय चुम्बकत्व के योग को सत्य सिद्ध किया।

संगोष्ठी में ज्योतिषीय सिद्धान्त एवं व्यवहार के मूल भूल तत्वों की व्याख्या करते हुए मुरलीधर जोशी ने इस पर गहन अध्ययन एवं अनुसंधान किये जाने की आवश्यकता जताई। अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए ज्योतिर्विज्ञानी ऊमा दशोरा ने कहा कि हृदय से उपजी मस्तिष्क की पूर्ण शान्ति ही काल चक्र की पदचाप सुन सकती हैं तथा मान मात्र को इस विद्या से दिशा बोध हो सकता हैं।

संगोष्ठी के आरंभ में शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विषय प्रतिपादन किया तथा प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए भारतीय वाण्गमय के बारे में लोगों के अधकचरे ज्ञान पर चिन्ता व्यक्त की।

संगोष्ठी में ज्योतिष, खगोलशास्त्र एवं भारतीय वाण्गमय के जानकार इकत्तीस प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एक प्रस्ताव भारतीय प्राचीन वांण्गमय के विश्व विद्यालयों में पढाये जाने के संदर्भ में तैयार कर केन्द्रीय जनसंसाधन विकासमंत्री मुरली मनोहर जोशी को भिजवाया गया। सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव भी पारित किया गया कि वैश्विक स्तर पर ज्योतिर्विज्ञानिक विविध विधाओं का एक अन्तरर्राष्ट्रीय मंच बने तथा हर संस्कृति ने निहित ज्योतिषीय विद्या पर गहन अनुसंधान हो तथा सकल ज्योतिर्विज्ञान पर सतत शोध के लिये युनेस्को जैसी विश्व स्तरीय संस्थाएं पहल करें। प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र संघ को भिजवाया गया।

राजस्थान
पत्रिका
उदयपुर, 4 मई, 2001

संगोष्ठी सम्पन्न

उदयपुर, 3 मई [न.सं.]। सरदारपुरा स्थित शान्तिपीठ सभागार में गुरुवार को 'विश्व शान्ति में भारतीय प्राचीन वाङ्मय की उपादेयता' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि रंगकर्मी मंगल सक्सेना ने कहा कि भारतीय प्राचीन वाङ्मय प्रमाणित वैज्ञानिकता का प्रचुर भण्डार है। यह समग्र मानवता का पथ प्रदर्शक तथा विकास व प्रगति का मूल आधार है। संगोष्ठी में मोहन सिनह कोठारी, मांगीलाल नागदा, मुरलीधर जोशी आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, विक्रम संवत २०५८, श्रावण, शुक्ल पक्ष, नवमी, शनिवार, २८ जुलाई, २००१

शांतिपीठ शांति-संस्कृति निर्माण में भूमिका निभाएगी

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 27 जुलाई। स्वैच्छिक संस्थान शांतिपीठ शांति संस्कृति व अहिंसा का वातावरण निर्माण करने में अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

संस्थान के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने बताया कि विश्व बंधुत्व और प्राणीमात्र के कल्याण का भाव भारतीय संस्कृति की विशेषता है। यहां के राष्ट्रीय मूल्य विश्वशांति की भावना संवाहक हैं। आध्यात्मिक आश्रय में चलने वाला शांतिपीठ का अनवरत चेतना आंदोलन संयुक्त राष्ट्र के दशाब्दी कालाना अभियान के सशक्तिकरण में अपनी भूमिका अदा करेगा। ज्ञान-विज्ञान में समन्वयीकरण, पारस्परिक संबंधों में संवेदनशीलता, विश्वास एवं सौहार्द्र, प्रकृति से सातत्य तथा नैतिक आदर्शों अनुशीलन के परिप्रेक्ष्य में संवाद, सम्मेलन एवं कार्यशालाएं करते हुए प्रशिक्षकों को तैयार कर विभिन्न स्तरों पर इसका क्रियान्वयन तय किया गया है। प्रायोजना में विशेष तौर से विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण संरक्षण तथा मूल्यपरक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थी वर्ग की पहल सुनिश्चित की गई है, जिसमें विद्यार्थी नए समाज के निर्माण की जिम्मेदारी महसूस कर सकें। संभागीय स्तर पर प्रायोजना का व्यावहारिक रूप सुनिश्चित करने के लिए एक समिति का गठन किया गया, जिसमें डा. एल.एल. शर्मा, डा. एम.एल. नागदा, प्रो. जी.एल. मेनारिया तथा साहित्यकार ओंकार श्री को सम्मिलित किया गया है। सलाहकार मंडल में प्रो. ओ.एस. देवल तथा मोहनसिंह कोठारी सम्मिलित हैं। संस्थान की मान्यता है कि संयुक्त राष्ट्र का घोषित कार्यक्रम पूरी संवेदनशीलता के साथ यथार्थ के धरातल पर लागू किया जाए, तो अमानवीयकरण के दौर पर नियंत्रण पाया जा सकता है तथा यह अभियान चेतना के रूपांतरण की दिशा में एक कारगर कदम हो सकता है।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 28 जुलाई 2001

शांति की संस्कृति का संदेश देने के लिए समर्पित होगा यह दशक

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 27 जुलाई। संयुक्त राष्ट्र की ओर से यह दशक बालकों के लिए शांति की संस्कृति और अहिंसा के रूप में मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र के इस घोषणा पत्र के अनुरूप कार्य करने के लिए उदयपुर की संस्था 'शांतिपीठ' ने कार्य योजना तैयार की है।

शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र की जानकारी देते हुए बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार 2001 से 2010 तक के दशक को विश्व भर के बालकों के लिए शांति की संस्कृति और अहिंसा के अन्तर्राष्ट्रीय दशक के रूप में आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत सहिष्णुता के सिद्धांत के आधार पर उच्च जीवन मूल्य एवं अहिंसा मूलक विश्व समाज की रचना के लिए स्थानीय, राष्ट्रीय, संभागीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की शांति की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयास करने की जरूरत बताई गई है तथा ऐसेस कार्यक्रमों में आम आदमी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चिम करने पर भी जोर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र के नजरिये में युद्ध का उन्माद मानव मस्तिष्क में पैदा होता है इसलिए ऐसे प्रयास जरूरी बताए गए हैं जिससे मानव मन से ही शंति की सुरक्षा का निर्माण हो सके। युद्ध और संघर्ष की अनुपस्थिति ही नहीं अपितु जीवन के प्रति पूरी तरह सकारात्मक सोच और शांति की क्रिया शक्ति के यप में देखा गया है। यह बात संयुक्त राष्ट्र द्वारा 53वें सत्र में शांति की संस्कृति के प्रस्ताव संख्या 31 में कही गई है। यूनेस्को की भूमिका को रेखांकित करते हुए शांति की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए किये जाने वाले प्रयासों में शिक्षा को सर्वाधिक महत्वपूर्ण बताय गया है। इसलिए शिक्षा के उद्देश्यो को निर्धारित कराते समय आर्थिक विकास के साथ-साथ शांति और अहिंसा की संस्कृति को भी उचित स्थान देने की बात कही गई है। इस संदर्भ में बालकों में शुरू से ही शांति के लिए श्रेष्ठ संस्कारों को विकसित करने पर बल दिया गया है तथा इसे क्रियान्वयन करने के लिए शिक्षा के पाठ्यक्रमों में बदलाव तथा पाठ्य सामग्री निर्माण करने के भी सुझाव दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रस्ताव में शांति की संस्कृति को परिभाषित करते हुए बताया गया है कि यह परम्पराओं, जीवन शैली, रूझानों और मानवीय मूल्यों का मिलाजुला स्वरूप है जिसके आधार स्तंभ है जीवन के प्रति सम्मान, हिंसा का त्याग और अहिंसा की शिक्षा, संवाद, पारस्परिक विमर्श एवं सहयोग से अपनाना। इसी के साथ एक दूसरे के सम्मान, भौगोलिक सीमाओं व स्वतंत्रता के प्रति निष्ठा एवं सम्मान रखना भी शामिल है। इसमें वर्तमान एवं भावी संतति के विकास एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रयास जरूरी बताए गए हैं।

त्रिवेदी ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव की भावना के अनुरूप स्वैच्छिक संस्थान शांतिपीठ शांति-संस्कृति व अहिंसा का वातावरण निर्माण करने के अभियान में सक्रिया भूमिका निभाएगा। ज्ञान-विज्ञान में समन्वयीकरण, पारस्परिक संबंधों में संवेदनशीलता, विश्वास एवं सौहार्द, प्रकृति से सातत्य तथा नैतिक आदर्शों के अनुशीलन के परिप्रेक्ष्य में संवाद, सम्मेलन एवं कार्यशालाएं आयोजित करते हुए प्रशिक्षकों को तैयार करने की प्रायोजना तैयार कर विभिन्न स्तरों पर इसका क्रियान्वयन तय किया गया है। प्रायोजना में विशेष तौर से विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावकों की सक्रिया भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण संरक्षण तथा मूल्यपरक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है। कार्यक्रम में विद्यार्थी वर्ग की पहल सुनिश्चित की गइ है जिसमें स्थानीय नये समाज के निर्माण की जिम्मेदारी महसूस कर सकें। वे अपनी पत्र व पत्रिका तथा संवादों से परिवर्तनशील विश्व को सकारात्मक आयाम देंगे। प्रारंभ में संभागीय स्तर पर प्रायोजना का व्यवहारिक रूप सुनिश्चित करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है जिसमें डॉ. एल.एल. शर्मा, डॉ. एम.एल. नागदा, प्रो. जी.एल. मेनारिया तथा साहित्यकार ओंकार श्री को सम्मिलित किया गया है जहां सलाहकार मण्डल में प्रो. ओ.एस. देवल तथा मोहनसिंह कोठारी सम्मिलित है।

पत्रिका

अहिंसा अंतर्राष्ट्रीय दशाब्दी घोषित

उदयपुर, 27 जुलाई (वि.)। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा चालू दशक को विश्व भर के बालकों के लिए शांति, संस्कृति एवं अहिंसा की अन्तर्राष्ट्रीय दशाब्दी के रूप में घोषित किया गया है।

शांतिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित इस प्रस्ताव पर शांतिपीठ श्रेष्ठ वातावरण निर्माण में सक्रिय भूमिका निभायेगा। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में सम्भागीय स्तर पर इस प्रायोजना का व्यवहारिक रूप निश्चित करने हेतु एक समिति गठित कर उसमें डा. एल. एल. शर्मा, डा. एम. एल. नागदा, प्रो. जी. एल. मेनारिया एवं साहित्यकार ओंकार श्री को शामिल किया गया है।

प्रातःकाल
श्रावण शुक्ला 9 शनिवार दिनांक 28 जुलाई 2001

विचार का दीपक बुझ जाने पर आचार अंधा हो जाता है। - विनोबा भावे

प्रातःकाल
भाद्रप्रद कृष्णा 9 सोमवार दिनांक 13 अगस्त 2001



अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर शान्तिपीठ द्वारा भण्डारी दर्शक मण्डप में आयोजित युवा महोत्सव को संबोधित करते विधायक त्रिलोक पूर्बिया तथा उपस्थित छात्र-छात्राएं।

अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न

उदयपुर, 12 अग. (वि.)। शान्तिपीठ के तत्वावधान में रविवार को अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस पर भण्डारी दर्शक मण्डप में समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए शहर विधायक त्रिलोक पूर्बिया ने युवा शक्ति से राष्ट्र के प्रति अपना उत्तरदायित्व बखूबी निभाने का आह्वान किया। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि युवा शक्ति परमाणु शक्ति से कहीं अधिक शक्तिशाली व मूल्यवान है। उन्होने कहा कि विश्वभर में युवा शक्ति को एकजुट हो मानव मूल्यों की रक्षा का बीड़ा उठाना होगा।

समारोह की अध्यक्षता जिला जनसम्पर्क अधिकारी हरीश व्यास ने की। समारोह को विद्या भवन इतिहास विभाग के प्रो. डॉ. जी.एल. मेनारिया ने भी संबोधित किया। स्वागत पी.एस. श्रीमाली व सेराराम ने किया। कार्यक्रम का संचालन विजयसिंह पंवार ने किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 13 अगस्त 2001

युवाओं में अपार नेतृत्व क्षमता विद्यमान-पूर्बिया

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 12 अगस्त। विधायक त्रिलोक पूर्बिया ने कहा कि युवा शक्ति के पास देश, समाज व मानव जाति के रचनात्मक कार्यों में नेतृत्व करने की अपार शक्ति है, बशर्ते उसे सही दिशा का ज्ञान हो। पूर्बिया शान्तिपीठ की ओर से अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

इस अवसर पर शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि कृष्ण चरित्र को अपनाकर आज का युवा वैयक्तिक और सामाजिक समस्याओं से निजात पा सकता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, मोहम्मद एवं गुरुनानक के बताए जीवन दर्शन से प्रेरणा ग्रहण करें। त्रिवेदी ने कहा कि युवा शक्ति परमाणु शक्ति से अधिक शक्तिशाली और मूल्यवान है।

समारोह में विद्याभवन के इतिहास विभाग के प्रो. जी.एल. मेनारिया ने कहा कि युवा वर्ग ही हमारा वर्तमान और भविष्य है। उन्होंने कहा कि विवेकसम्मत रास्ता अपनाते हुए विश्व एकता

पत्रिका उदयपुर, 12 अगस्त, 2001

अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस आज

उदयपुर, 11 अगस्त [नसं]। विश्व समाज के बदलते परिवेश में राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर बदलने वाली नीतियों व कार्यक्रमों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र संघ ने 12 अगस्त को अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किया है।

शान्तिपीठ के तत्वावधान में रविवार को इस अवसर पर भण्डारी दर्शक मण्डप में सुबह 9.30 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

दैनिक भास्कर
उदयपुर ■ रविवार, 12 अगस्त 2001

युवा दिवस पर आज समारोह

उदयपुर। शांतिपीठ के तत्त्वावधान में दूसरा 'अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस' रविवार सवेरे 9.30 बजे से यहां भंडारी दर्शक मंडप पर मनाया जाएगा।

दैनिक नवज्योति

13 अगस्त, 2001



शान्तिपीठ उदयपुर द्वारा आयोजित द्वितीय अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस को सम्बोधित करते हुए विधायक त्रिलोक पूर्बिया।

फोटो : गोयल

युवा राष्ट्र के प्रति अपना उत्तरदायित्व निभाएं

उदयपुर, 12 अगस्त (न्यूज सर्विस)। शान्तिपीठ के तत्वावधान में उदयपुर के भण्डारी दर्शक मण्डप में नगर की शिक्षण संस्थाओं के सैंकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच द्वितीय अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए नगर विधायक त्रिलोक पूर्बिया ने युवा शक्ति को राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्व बखूबी निभाने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित युवा दिवस मनाने की नई परम्परा का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि युवा शक्ति के पास देश, समाज व मानव जाति के रचनात्मक कार्यों में नेतृत्व करने की अपार शक्ति है बशर्ते उसे सही दिशा का बोध मिल जाए।

इस अवसर पर बोलते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने इतिहास के पन्नों में सिमटे अनेक युवा राष्ट्र नायकों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि विवेकानन्द, टैगोर, गांधी, बाजीराव पेशवा तथा बिस्मार्क जैसों ने अपनी युवावस्था में ही राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया था।

उन्होंने जन्माष्टमी के पर्व का हवाला देते हुए कहा कि कृष्ण चरित्र को अपना कर आज का युवा वैयक्तिक और सामाजिक समस्याओं से निजात पाते हुए जीवन के अन्तिम लक्ष्य को उपलब्ध कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज विश्व में आणविक खतरे, आतंकवाद, पर्यावरण असन्तुलन, अशिक्षा, गरीबी, बेरोजगारी जैसी परिस्थितियों में युवाओं को राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, मोहम्मद एवं गुरूनानक के बताए जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर अपने भीतर छीपी शक्ति को पहचानना होगा तथा नए विश्व निर्माण का रास्ता खोजना होगा।

इस अवसर पर बोलते हुए विद्या भवन के इतिहास विभाग के प्रो. डॉ. जी.एल. मेनारिया ने कहा कि युवा वर्ग ही वर्तमान है और वहीं हमारा भविष्य है। आवश्यकता है विवेक सम्मत रास्ता अपनाते हुए विश्व एकता और शान्ति की ओर जाने की। समारोह की अध्यक्षता जिला जनसम्पर्क अधिकारी हरिश व्यास ने की। प्रारम्भ में पी.एस. श्रीमाली व कला महाविद्यालय के छात्र सेराराम ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन विजय सिंह पंवार ने किया।

दैनिक नवज्योति

14 अगस्त, 2000

युवा विश्व शांति के लिए आगे आएं-मणि

विद्या भवन शिक्षा संस्थान में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

उदयपुर, 13 अगस्त (न्यूज सर्विस)। विद्या भवन उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान के सभागार में आर.एस.एम.एम.के प्रबंध निदेशक के.एस.मणि के मुख्य आतिथ्य एवं विद्या भवन शिक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम.पी.शर्मा की अध्यक्षता में शान्तिपीठ के तत्वावधान में "प्रथम अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस" मनाया गया। प्रारम्भ में शान्तिपीठ के महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा द्वारा उक्त दिवस के उद्देश्यों एवं कार्यक्रम की संक्षिप्त रुपरेखा पर विचार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के.एस.मणि ने युवा वर्ग को सुसंगठित हो भाषावाद, जातिवाद, क्षेत्रियता एवं अन्ध राष्ट्रवाद से उपर उठाकर वैश्वीकरण की दिशा में सोचने, समझने एवं विश्व शान्ति के प्रयास के लिए आगे आने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि युवा वर्ग अपने आसपास की वस्तुस्थिति के बारे में जागरूक रहते हुए बदलते परिवेश में समाज एवं राष्ट्र के लिए उपयोगी सिद्ध हो। उन्होंने युवाओं और समाज के वरिष्ठ जनों के बीच सुदृढ़ सामंजस्य की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इसी से युवाओं की अपेक्षाओं की पूर्ति होकर सामाजिक सन्तुलन कायम रह सकता है। प्राचार्य प्रो. एम.पी. शर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषा में युनेस्को की डेलोस रिपोर्ट का हवाला देते हुए युवा वर्ग को इस महाद्वीप में अमन-शान्ति के लिए रचनात्मक कार्यक्रम हाथ में लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पंचशील में एक मात्र मार्ग है जिस पर चलकर भारत का युवा वर्ग आज के इस बदलते परिवेश में दुनिया को नई दिशा दे सकता है। कार्यकम में प्राध्यापक भगवती प्रसाद शर्मा ने स्वरचित कविता पाठ कर युवकों को मानव जाति के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। डॉ. जी.एल. मेनारिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्र म का संचालन डॉ. एल.एल. शर्मा ने किया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, 13 अगस्त 2000 रविवार

बदले परिवेश में भ्रमित नहीं हो युवा वर्ग : मणि

नगर संवाददाता

उदयपुर, 12 अगस्त। आरएसएमएम के प्रबंध निदेशक के.एस. मणि ने युवा वर्ग को सुसंगठित हो भाषावाद, जातिवाद, क्षेत्रीयता एवं अंध राष्ट्रवाद से ऊपर उठकर वैश्वीकरण की दिशा में सोचने, समझने एवं विश्वशांति के प्रयासों के लिए आगें आने का आह्वान किया।

वे शनिवार को यहां शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित प्रथम अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग अपने बदलते परिवेश में भ्रमित न हो, परिस्थितियों का ठीक से विश्लेषण कर अपनी अंत:चेतना से स्वयं का विकास करे। उन्होंने युवाओं और समाज के वरिष्ठ जनों के बीच सुदृढ़ सामंजस्य की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इसी से युवाओं की अपेक्षाओं की पूर्ति तथा सामाजिक संतुलन कायम रह सकता है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए विद्याभवन शिक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम.पी. शर्मा ने युनेस्को की डेलास रिपोर्ट का हवाला देते हुए युवा वर्ग को इस महाद्वीप में अमन-शांति के लिए रचनात्मक कार्यक्रम हाथ में लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पंचशील ही एकमात्र मार्ग है, जिस पर चलकर भारत का युवा वर्ग आज के इस बदलते परिवेश में दुनिया को नई दिशा दे सकता है। प्रारंभ में शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोंषित उक्त दिवस के उद्देश्यों एवं कार्यक्रम पर विचार रखे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ को भेजे जाने वाले प्रस्ताव को पढ़कर सुनाया, जिसका सदन द्वारा अनुमोदन किया गया। इससे पूर्व महाविद्यालय की प्राध्यापिका डा. दया दवे ने वंदना प्रस्तुत की तथा छात्रसंघ अध्यक्ष हरदयालसिंह जेतावत ने स्वागत किया। इस अवसर पर प्राध्यापक भगवतीप्रसाद शर्मा ने कविता पाठ कर युवकों को मानवजाति के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। डा. जी.एल. मेनारिया ने अंत में आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डा. एल.एल. शर्मा ने किया।

पत्रिका

उदयपुर, 13 अगस्त 2000

शांति प्रयासों के वास्ते युवा आगे आएं- मणि

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 12 अगस्त। आर.एस.एम.एम. के प्रबन्ध निदेशक के.एस. मणि ने युवा वर्ग को संगठित होकर भाषावाद, जातिवाद, क्षेत्रीयता से ऊपर उठकर वैश्वीकरण की दिशा में सोचने व शांति प्रयासों के लिए आगे आने का आग्रह किया है।

मणि शनिवार को विद्याभवन उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान सभागार में शांतिपीठ की ओर से आयोजित प्रथम अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग अपने आसपास की वस्तुस्थिति के बारे में जागरुक रहे तथा बदलते परिवेश से भ्रमित न होकर परिस्थितियों का आकलन करे।

कार्यक्रम विद्याभवन शिक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम.पी. शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राध्यापिका डा. दया दवे ने वंदना प्रस्तुत की। छात्रसंघ अध्यक्ष हरदयाल सिंह जेतावत ने अतिथियों का स्वागत किया।

दैनिक नवज्योति

4 अगस्त, 2001

हिरोशिमा दिवस 6 अगस्त को भरत झुनझुनवाला सम्बोधित करेंगे

उदयपुर, 3 अगस्त (न्यूज सर्विस)। हिरोशिमा स्मृति दिवस पर आगामी 6 अगस्त को शान्ति पीठ द्वारा आयोजित शान्ति सभा में पत्रकार डॉ. भरत झुनझुनवाला मुख्य उदबोधन देंगे। वे हिरोशिमा दिवस के आयोजन हेतु रविवार को दिल्ली से उदयपुर पहुंचेंगे तथा ठण्डी राखी का मेला देखने अमरखजी भी जाएंगे।

शान्तिसभा में प्रमुख अतिथि राज्य के गृहमंत्री गुलाबसिंह शक्तावत होंगे, सभा की अध्यक्षता नगर परिषद के सभापति युधिष्ठिर कुमावत करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष रुपकुमार खुराना व उदयपुर के शेख सेफुद्दीन शेख ईस्माईल जमाली होंगे। कार्यक्रमानुसार नगर के कई स्कूलों के छात्र-छात्राएं अपने स्कूलों से विद्यालय के झण्डे के साथ मौन जुलूस के रूप में चलकर सभास्थल पर पहुंचेंगे। शान्ति सभा नगर परिषद के मोहनलाल सुखाड़िया रंगमंच पर 6 अगस्त को प्रातः दस बजे होगी। सभा में कई संस्थाओं के प्रतिनिधि व प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित होंगे।

जय राजस्थान

4 अगस्त 2001 वार- शनिवार

हिरोशिमा दिवस 6 को

उदयपुर, 3 अगस्त। हिरोशिमा स्मृति दिवस पर आगामी 6 अगस्त को शांति पीठ द्वारा आयोजित शांति सभा में पत्रकार डा. भरत झुनझुनवाला मुख्य उद्‌बोधन देंगे। वे हिरोशिमा दिवस के आयोजन हेतु रविवार को दिल्ली से उदयपुर पहुंचेंगे तथा ठण्डी राशि का मेला देखने के अमरखजी भी जायेंगे।

शांतिसभा में प्रमुख अतिथि राज्य के गृहमंत्री गुलाब सिंह शक्तावत होंगे, सभा की अध्यक्षता नगर परिषद के सभापति युधिष्ठिर कुमावत करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष रूप कुमार खुराना व उदयपुर के शेख सेफुद्दीन शेख ईस्माईल जमाली होंगे।

कार्यक्रमानुसार नगर के कई स्कूलों के छात्र छात्राएं अपने स्कूलों से विद्यालय के झण्डे के साथ मौन जुलूस के रूप में चलकर सभा स्थल पर पहुंचेंगे। शांतिसभा नगर परिषद के मोहनलाल सुखाड़िया रंगमंच पर 6 अगस्त को प्रात दस बजे होगी।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 4 अगस्त 2001

हिरोशिमा दिवस पर छह अगस्त को कई कार्यक्रम

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 3 अगस्त। हिरोशिमा स्मृति दिवस पर 6 अगस्त को शान्ति पीठ की ओर से आयोजित शान्ति सभा में पत्रकार डा. भरत झुनझुनवाला मुख्य उद्‌बोधन देंगे। वे हिरोशिमा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रविवार को दिल्ली से उदयपुर पहुंचेंगे तथा ठण्डी राखी का मेला देखने अमरखजी भी जाएंगे।

शान्ति सभा में प्रमुख अतिथि राज्य के गृहमंत्री गुलाब सिंह शक्तावत होंगे, अध्यक्षता नगर परिषद के सभापति युधिष्ठिर कुमावत करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष रूप कुमार खुराना व उदयपुर के शेख सैफुद्दीन शेख ईस्माईल जमाली होंगे। नगर के कई स्कूलों के छात्र-छात्राएं अपने विद्यालय के झण्डे के साथ मौन जुलूस के रूप में चलकर सभा स्थल पर पहुंचेंगे।

शान्तिसभा नगर परिषद के मोहन लाल सुखाड़िया रंगमंच पर 6 अगस्त को सुबह दस बजे होगी। सभा में कई संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित होंगे।

दैनिक भास्कर

उदयपुर • शनिवार, 4 अगस्त 2001 3

हिरोशिमा दिवस पर शांतिसभा, झुनझुनवाला आएंगे

उदयपुर, 3 अगस्त (नसं)। हिरोशिमा स्मृति दिवस पर 6 अगस्त को शांति पीठ द्वारा आयोजित शांतिसभा में पत्रकार डा. भरत झुनझुनवाला मुख्य उद्‌बोधन देंगे। वे हिरोशिमा दिवस के आयोजन के लिए रविवार को दिल्ली से यहां पहुंचेंगे। वे ठंडी राखी का मेला देखने अमरखजी भी जाएंगे। शांतिसभा में प्रमुख अतिथि राज्य के गृहमंत्री गुलाबसिंह शक्तावत होंगे, सभा की अध्यक्षता नगर परिषद के सभापति युधिष्ठिर कुमावत करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष रूपकुमार खुराना व उदयपुर के अमिल शेख सेफुद्दीन जमाली होंगे। कार्यक्रमानुसार नगर के स्कूली छात्र-छात्राएं अपने स्कूलों से विद्यालय के झंडे के साथ मौन जुलूस के रूप में चलकर सभा स्थल पर पहुंचेंगे। शांतिसभा नगर परिषद के मोहनलाल सुखाड़िया रंगमंच पर 6 अगस्त को प्रातः 10 बजे होगी।

उदयपुर एक्सप्रेस दैनिक

हिरोशिमा दिवस पर विभिन्न आयोजन

दुराचारी पर नियन्त्रण धर्मयुद्ध : डॉ॰ झुनझुनवाला

उदयपुर, 6 अगस्त (क सं)। दुष्ट को सजा देने और दुराचारी प नियंत्रण के लिए जो युद्ध होते हैं वे धर्म युद्ध होते है और इससे समाज में शान्ति की स्थापना होती है।

ये विचार शांतिपीठ के त्वावधान में हिरोशिमा स्मृति दिवस क अवसर पर आज नगर परिषद के माहनलाल सुखाड़िया रंगमंच पर आयोजित शांतिसभा में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए पत्रकार डा भरत झुनझुनवाला ने व्यक्त किए। उन्होंने युद्ध और धर्मयुद्ध में विभेद करते हुए राम और कृष्णकालीन घट नाओं का जिक्र किया और कहा कि राम और कृष्ण की आराधना हम शां ि के लिए करते हैं किन्तु उन्होंने युद्ध लड़े और ये युद्ध अत्याचार के पाप का नाश करने के लिए लड़े गए।

उन्होनें कहा क धर्म युद्ध की इसी कड़ी में द्वितीय महायुद्ध के काल में भारत की ओर से सेना भेजने में अहिंसा क पुजारी महात्मा गांधी की सहमति रही। डॉ॰ भरत ने हिरोशिमा दुखान्तिका का स्मरण दिलाते हुए कहा कि वहां निर्बोध और आम जनता को मारा गया चूंकि यह युद्ध,युद्ध के नियमों के विपरीत था। निर्बोध मारे गये इसलिए अमेरिका की गलती थी। वह हिटलर जैसी गलती थी। उन्होंने कहा कि विश्व शांति की बात करने समय आक्रांताओं को नियंत्रण में करने की जरूरत समझी जाय।

सभा के विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष रूप कुमार खुराना ने हिरोशिमा दुखान्तिका की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि शांति के लिए भारत द्वारा परम्परागत रूप से किये जाने वाले प्रयासों को और भी अधिक व्यापक रूप देने की आवश्यकता है।

सभा की अध्यक्षता करते हए नगर परिषद के सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने हिरोशिमा दिवस के औचित्य को बताते हुए बालकों के भावी जीवन के लिए नये विचारों की आवश्यकता बताई। उन्होंने अतीत के गलत कार्य को भुला कर नयी शुरूआत की जरूरत बताई। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देकर कहा कि जहां धर्म है वहीं विजय है। आयोजन की प्रासंगिकता पर व्यक्तव्य देते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त यगेश त्रिवेदी ने कहा कि युद्ध तो निणायक होता है किन्तु विनाश सामूहिक रूप से आत्मघाती है। उन्होंने कहा कि विश्वशांति की नई पहल मेवाड़ से शुरू हुई है। मेवाड़ कई धर्म युद्ध लड़कर शान्त है।

सभा में सेन्टपॉल के छात्र सौरभ कोठारी ने शान्ति और सद्भाव पर अपने विचार व्यक्त किये। प्रारम्भ में सेंट्रल अकेडमी के छात्रों ने संगीत अध्यापक रफीक भाई के निर्देशन में शान्ति संगीत प्रस्तुत किया। वहां एक दर्जन विद्यालयों के छात्र-छात्राएं सभा में उपस्थित हुए। अपने-अपने विद्यालयों से मौन जुलूस में छात्र शांति, निःशस्त्रीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में नारे लिखि पट्टियां, बेनर, पोस्टर लेकर चल रहे थे। कार्यक्रम के अन्त में शान्ति पीठ के प्रसार अधिकारी राजीव लोढा ने धन्यवाद ज्ञापित किया जबकि कार्यक्रम का संचालन श्याम पंवार ने किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का सृजन हुआ।

उदयपुर
Rashtradoot
उदयपुर मंगलवार 7 अगस्त 2001

गेज्य दूत



हिरोशिमा दिवस पर सोमवार को शान्ति पीठ मे आयोजित समारोह में पत्रकार भरत झुनझुनवाला एवं प्रन्यास अध्यक्ष रुप कुमार खुराणा भाग लेते हुए। फोटो-राष्ट्रदूत।

दुष्ट को सजा देने और दुराचारी पर नियंत्रण के लिए युद्ध होते है -झुनझुनवाला

- कार्यालय संवाददाता-

उदयपुर 6 अगस्त। दुष्ट को सजा देने और दुराचारी पर नियंत्रण के लिए जो युद्ध होते हैं वे धर्म युद्ध होते है और इससे समाज मे शान्ति की स्थापना होती है।

ये विचार शांतिपीठ के तत्वावधान में हिरोशिमा स्मृति दिवस के अवसर पर आज नगर परिषद के मोहन लाल सुखाडिया रगमंच पर आयोजित शांति सभा में मुख्य वक्ता के रुप मे बोलते हुए पत्रकार डा. भरत झुनझुनवाला ने व्यक्त किये। उन्होने युद्ध और धर्म युद्ध मे विभेद करते हुए राम और कृष्ण कालीन घटनाओं का जिक्र किया और कहा कि राम और कृष्ण की आराधना हम शांति के लिए करते है किन्तु उन्होने युद्ध लडे और ये युद्ध अत्याचार के पास का नाश करने के लिए लडे गये।

उन्होने कहा कि धर्म युद्ध की इसी कडी मे द्वितीय महायुद्ध के काल मे भारत की और से सेना भेजने मे अंहिसा के पुजारी महात्मा गांधी की सहमति रही। डा.भरत ने हिरोशिमा दुखान्तिका का स्मरण दिलाते हुए कहा कि वहां निर्बोध और आम जनता को मारा गया चूंकी यह युद्ध युद्ध के नियमों के विपरीत था। उन्होने कहा कि विश्व शांति की बात करने समय आक्राताओं को नियंत्रण मे करने की जरुरत समझी जाय।

सभा के विशिष्ट अतिथि के रुप मे बोलते हुए नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष रुप कुमार खुराना ने हिरोशिमा दुखान्तिका की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि शांति के लिए भारत द्वारा परम्परागत रुप से किये जाने वाले प्रयासों को और भी अधिक व्यापक रुप देने की आवश्यकता है।

सभा की अध्यक्षता करते हुए नगर परिषद के सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने हिरोशिमा दिवस के औचित्य को बताते हुए बालकों के भावी जीवन के लिए नये विचारों की आवश्यकता बताई। उन्होने अतीत के गलत कार्यों को भुला कर नयी शुरुआत की जरुरत बताई उन्होने महाभारत का उदाहरण देकर कहा कि जहां धर्म है वहीं विजय है।

आयोजन की प्रांसगिकता पर व्यक्तव्य देते हुए शांति पीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि युद्ध तो निर्णायक होता है किन्तु विनाश सामूहिक रुप से आत्मघाती है। उन्होने कहा कि विश्व शांति की नई पहल मेवाड से शुरु हुई है। मेवाड कई धर्म युद्ध लडकर शान्त है।

सभा मे सेन्टपाल के छात्र सौरभ कोठारी ने शान्ति और सदभाव पर अपने विचार व्यक्त किये। प्रारम्भ मे सेन्ट्रल एकेडमी के छात्रों ने संगीत अध्यापक रफीक भाई के निर्देशन मे शांति संगीत प्रस्तुत किया। वहां एक दर्जन विद्यालयों के छात्र छात्राएं सभा मे उपस्थित हुए। विद्यार्थी वर्ग अपने-अपने विद्यालयों से मौन जुलुस मे छात्र शांति, नि:शस्त्रीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ मे नारे लिखी पट्टियां बैनर, पोस्टर लेकर चल रहे थे। कार्यक्रम के अन्त में शान्ति पीठ के प्रसार अधिकारी राजीव लोढा ने धन्यवाद ज्ञापित किया जबकि कार्यक्रम का संचालन श्याम पंवार ने किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का सृजन हुआ।

विचार से अधिक ठोस वस्तु ब्रह्माण्ड में नहीं है। - इमर्सन

प्रातःकाल

भाद्रप्रद कृष्णा 3 मंगलवार दिनांक 7 अगस्त 2001

हिरोशिमा दिवस पर शान्ति रैली व शान्ति सभा

उदयपुर, 6 अग. (नसं)। दुष्ट को सेजा देने और दुराचारी पर नियंत्रण के लिये जो युद्ध होते हैं वे धर्म युद्ध होते हैं, ऐसे युद्ध से समाज में शान्ति की स्थापना होती है।

ये विचार शांतिपीठ के तत्वावधान में हिरोशिमा स्मृति दिवस पर सोमवार को नगर परिषद के सुखाड़िया रंगमंच पर आयोजित शांति सभा में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए पत्रकार डॉ. भरत झुनझुनवाला ने व्यक्त किये। उन्होंने युद्ध और धर्मयुद्ध में विभेद करते हुए कहा कि राम और कृष्ण की आराधना हम शांति के लिये करते हैं किन्तु उन्होंने युद्ध लड़े और ये युद्ध अत्याचार के पाप का नाश करने के लिये लड़े गए।

उन्होंने कहा कि धर्म युद्ध की इसी कड़ी में द्वितीय महायुद्ध के काल में भारत की ओर से सेना भेजने में अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी की सहमति रही। उन्होंने कहा कि बिना धर्मयुद्ध के विश्व शान्ति नहीं हो सकती। धर्मयुद्ध सच्चे लोगों को संरक्षण देने के लिये आवश्यक है।

सभा की अध्यक्षता करते हुए नगर परिषद सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने हिरोशिमा दिवस के औचित्य को बताया और बालकों के भावी जीवन के लिये नये विचारों की आवश्यकता बताई। सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रन्यास अध्यक्ष रूपकुमार खुराना ने शांति के लिए भारत द्वारा परंपरागत रूप से किये जाने वाले प्रयासों को और अधिक व्यापक रूप देने की आवश्यकता बताई।

सभा में शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि युद्ध तो निर्णायक होता है किन्तु विनाश सामूहिक रूप से आत्मघाती है। उन्होंने कहा कि विश्व शान्ति की नई पहल मेवाड़ से शुरू हुई है। मेवाड़ कई धर्मयुद्ध लड़कर शांत है। सभा में सेन्टपॉल के छात्र सौरभ कोठारी ने भी विचार व्यक्त किये। सभा में करीब एक दर्जन विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित थे।

सभा स्थल पर विद्यार्थी अपने-अपने विद्यालयों से मौन जुलूस के रूप में हाथों में निःशस्त्रीकरण एवं पर्यावरण

(शेष पृष्ठ 6 कालम 8 पर)

हिरोशिमा दिवस.....

(पृष्ठ 3 का शेष)

संरक्षण के नारे लिखी तख्तियां लेकर पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन श्याम पंवार ने किया। अंत में धन्यवाद शान्तिपीठ के प्रसार अधिकारी राजीव लोढ़ा ने ज्ञापित किया।

जयराजस्थान
7 अगस्त 2001 वार - मंगलवार



हिरोशिमा दुखान्तिका अमरीका की गलती : डा. भरत

उदयपुर, 6 अगस्त। दुष्ट को सजा देने और दुराचारी पर नियंत्रण के लिए जो युद्ध होते हैं, वे धर्म युद्ध होते हैं और इससे समाज में शान्ति की स्थापना होती है।

ये विचार शांतिपीठ के तत्वावधान में हिरोशिमा स्मृति दिवस के अवसर पर आज नगर परिषद के मोहनलाल सुखाड़िया रंगमंच पर आयोजित शांतिसभा में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुये पत्रकार डा. भरत झुनझुनवाला ने व्यक्त किये। उन्होंने युद्ध और धर्म युद्ध में विभेद करते हुये राम और कृष्णकालीन घटनाओं का जिक्र किया और कहा कि राम और कृष्ण की आराधना हम शांति के लिये करते हैं किंतु उन्होनें युद्ध लड़े और ये युद्ध अत्याचर के पाप का नाश करने के लिये लड़े गये।

उन्होनें कहा कि धर्म युद्ध की इसी कड़ी में द्वितीय महायुद्ध के काल में भारत की ओर से सेना भेजने में अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी की सहमति रही। डा. भरत ने हिरोशिमा दुखान्तिका का स्मरण दिलाते हुये कहा कि वहां निर्बोध और आम जनता को मारा गया चूंकि यह युद्ध, युद्ध के नियमों के विपरित था। निर्बोध मारे गये इसलिये अमेरिका की गलती थी। वह हिटलर जैसी गलती थी। उन्होंने कहा कि विश्व शांति की बात करते समय आकांताओं को नियंत्रण में करने की जरूरत समझी जाये।

सभा के विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुये नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष रूप कुमार खुराना ने हिरोशिमा दुखांतिका की ओर ध्यान दिलाते हुये कहा कि शांति के लिये भारत द्वारा परंपरागत रूप से किये जाने वाले प्रयासों को और भी अधिक व्यापक रूप देने की आवश्यकता है।

सभा की अध्यक्षता करते हुये नगर परिषद के सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने हिरोशिमा दिवस के औचित्य को बताते हुये बालकों के भावी जीवन के लिये नये विचारों की आवश्यकता बताई।

आयोजन की प्रांसगिकता पर व्यक्तव्य देते हुये शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि युद्ध तो निर्णायक होता है किंतु विनाश सामूहिक रूप से आत्मघाती है।

सभा में सेंटपॉल के छात्र सौरभ कोठारी ने शांति और सद्भाव पर अपने विचार व्यक्त किये। प्रारंभ में सेंट्रल एकेड्मी के छात्रों ने संगीत अध्यापक रफीक भाई के निर्देशन में शांति संगीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अंत में शांतिपीठ के प्रसार अधिकारी राजीव लोढ़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया जबकि कार्यक्रम का संचालन श्याम पंवार ने किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का सृजन हुआ।

दैनिक नवज्योति
7 अगस्त, 2001



शान्तिपीठ उदयपुर द्वारा सुखाड़िया रंगमंच पर हिरोशिमा स्मृति दिवस पर आयोजित शान्ति सभा को सम्बोधित करते हुए दिल्ली के पत्रकार डॉ. भरत झुनझुनवाला। फोटो : गोयल

समाज में शांति स्थापित करते हैं दुराचारी से युद्ध

उदयपुर, 6 अगस्त (न्यूज सर्विस)। प्रसिद्ध पत्रकार डॉ. भरत झुनझुनवाला ने कहा है कि दुष्ट को सजा देने और दुराचारी पर नियन्त्रण के लिए जो युद्ध होते हैं वे धर्मयुद्ध होते हैं और इससे समाज में शान्ति की स्थापना होती है। डॉ. भरत यहां शान्तिपीठ के तत्वावधान में हिरोशिमा स्मृति दिवस के अवसर पर सोमवार को मोहनलाल सुखाड़िया रंगमंच पर आयोजित शान्ति सभा को मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने युद्ध और धर्मयुद्ध में विभेद करते हुए राम और कृष्ण कालीन घटनाओं का जिक्र किया और कहा कि राम एवं कृष्ण की अराधना हम शान्ति के लिए करते है, किन्तु उन्होंने जो युद्ध लड़े, वे अत्याचार के पाप को नाश करने के लिए लड़े गए। उन्होंने कहा कि धर्मयुद्ध की इसी कड़ी में द्वितीय महायुद्ध के काल में भारत की ओर से सेना भेजने में अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी की सहमति रही।

डॉ. भरत ने कहा कि बिना धर्म युद्ध के विश्व शान्ति नहीं हो सकती। धर्मयुद्ध किया जाए और सच्चे लोगों को संरक्षण दिया जाए। बिना बात युद्ध नहीं होना चाहिए, किन्तु यदि आवश्यक हो तो किया जाए। डॉ. भरत ने शान्ति सभा में मौजूद विद्यार्थियों को लघु कहानियों व उदाहरणों से युद्ध और शान्ति की मौलिक अवधारणा से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि पहले युद्ध के भी नियम हुआ करते थे और युद्ध ही अपने निर्णय करते थे। डॉ. भरत ने हिरोशिमा दुखान्तिका का स्मरण दिलाते हुए कहा कि वहां निर्दोष और आम जनता को मारा गया। चूंकि यह युद्ध, युद्ध के नियमों के विपरीत था। निर्दोष मारे गए इसलिए कि अमेरिका की गलती थी। वह हिटलर जैसी गलती थी। उन्होंने कहा कि विश्व शान्ति की बात करते समय आक्रान्ताओं को नियन्त्रण में करने की जरूरत समझी जाए। सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष रूपकुमार खुराना ने हिरोशिमा दुखान्तिका की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि शान्ति के लिए भारत द्वारा परम्परागत रूप से किए जाने वाले प्रयासों को और भी अधिक व्यापक रूप देने की आवश्यकता है। शान्तिपीठ द्वारा वर्षों से इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों का उन्होंने वर्तमान की जरूरत बताया।

सभा के अध्यक्ष नगर परिषद सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने हिरोशिमा दिवस के औचित्य को बताते हुए बालकों के भावी जीवन के लिए नऐ चिन्ह की आवश्यकता बताई। उन्होंने अतीत के गलत कार्य को भूलाकर नई शुरूआत की जरूरत बताई। उन्होंने महाभारत के उदाहरण देकर कहा कि जहां धर्म वहीं विजय है। उन्होंने कहा कि धर्म की विजय के लिए युद्ध भी अनिवार्य हो जाता है। आयोजन की प्रासंगिकता पर वक्तव्य देते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने कहा कि युद्ध तो निर्णायक होता है, किन्तु विनाश सामूहिक रूप से आत्मघाती। ऐसे में विश्व समुदाय की चेतना में रूपान्तरण का रास्ता ही बचता है और यह रास्ता हमारे राष्ट्रीय मूल्यों में निहित है जिसे व्यवहार में अपनाए जाने पर यह निश्चित रूप से विश्व शान्ति की ओर ले जाता है।

उन्होंने कहा कि विश्व शान्ति की नई पहल मेवाड़ से शुरू हुई है। मेवाड़ कई धर्मयुद्ध लड़कर शान्त है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यहां इतिहास, संस्कृति और अनुकूल प्रकृति है। ए सारी परिस्थितियां शान्ति के संकल्प को अधिकृत और परिष्कृत करती है। यहां के बाल समुदाय की दृढ़ इच्छा शक्ति और प्रबुद्ध वर्ग के प्रयासों से यह मुहिम दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचेगी।

सभा में सेन्टपॉल के छात्र सौरभ कोठारी ने शान्ति और स दभाव पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रारम्भ में सेन्ट्रल एकेडमी के छात्रों ने संगीत अध्यापक रफीक भाई के निर्देशन में शान्ति संगीत प्रस्तुत किया। सभा में करीब एक दर्जन विद्यालयों के छात्र-छात्राएं सभा में उपस्थित हुई। विद्यार्थी वर्ग अपने-अपने विद्यालय से मौन जुलूस के रूप में चलकर सभास्थल पहुंचे, कुछ विद्यालय बसों द्वारा सीधे भी सभा स्थल पहुंचे।

मौन जुलूस में छात्र शान्ति, निशस्त्रीकरण एवं पर्यावरणसंरक्षण के सन्दर्भ में नारे लिखी पट्टियां, बैनर, पोस्टर लेकर चल रहे थे। शान्ति सभा करीब दो घंटे चली। पूरे सभाकाल में छात्र समुदाय ने पूरे मनोयोग से अपनी प्रतिभागिता दी। कार्यक्रम के अन्त में शान्तिपीठ के प्रसार अधिकारी राजीव लोढ़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन श्याम प्रवार ने किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का विसर्जन हुआ।

जय राजस्थान
दिनांक 14 अगस्त 2001 वारः मंगलवार

शांतिपीठ अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस आयोजित किया



उदयपुर, 13 अगस्त। शांतिपीठ के तत्वावधान में भंडारी दर्शक मंडप में नगर की शिक्षण संस्थाओं के सैंकड़ों छात्र- छात्राओं के बीच द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए नगर के विधायक त्रिलोक पूर्बिया ने युवा शक्ति को राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्व का बखूबी निभाने का आव्हान किया।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित युवा दिवस मनाने की नई परंपरा का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि युवा शक्ति के पास देश, समाज व मानवजाति के रचनात्मक कार्यों में नेतृत्व करने की अपार शक्ति हैं। बशर्ते उसे सही दिशा का बोध मिल जाए। उन्होंने नई पीढ़ी के प्रति आश्वस्त करते हुए कहा कि वर्तमान की युवा शक्ति आज युग की कृतियों के दौर से दुनिया को पार लगाने में कामयाब हो सकेगी।

इस अवसर पर बोलते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने इतिहास के पन्नों से सिमटे अनेक युवा राष्ट्र नायकों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि विवेकानन्द, टैगोर, गांधी, बाजीराव पेशवा तथा बिस्मार्क जैसों ने अपनी युवावस्था में ही राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया था।

उन्होंने जन्माष्टमी के पर्व का हवाला देते हुए कहा कि कृष्ण चरित्र को अपनाकर आज का युवा वैयक्तिक और सामाजिक समस्याओं से निजात पाते हुए जीवन के अंतिम लक्ष्य को उपलब्ध कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज विश्व में आणविक खतरे, आतंकवाद, पर्यावरण असंतुलन, अशिक्षा, गरीबी, बेराजगारी जैसी परिस्थितियों में युवाओं को राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, मुहम्मद एवं गुरुनानक के बताए जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर अपने भीतर छिपी शक्तियों को पहचानना होगा। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति परमाणु शक्ति से कहीं अधिक शक्तिशाली व मूल्यवान हैं। विश्व में युवा शक्ति को एकजुट होकर मानव मूल्यों की रक्षा का बीड़ा उठाना होगा।

समारोह की अध्यक्षता जिला जनसंम्पर्क अधिकारी हरीश व्यास ने की। सभा के प्रारंभ में पी.एस. श्रीमाली व कला महाविद्यालय के छात्र सरेराम ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन विजयसिंह पंवार ने किया।

Rashtradoot

उदयपुर रविवार 16 सितम्बर 2001

'विश्व समुदाय को आत्मघात से बचाने आतंकवाद को नष्ट करना जरुरी'

उदयपुर, 15 सित. (का.सं.)। मानवीय मूल्य प्रधान विश्व शक्तियां एक जूट होकर महामारी की तरह फैल रहे बर्बर आतंकवाद को यथाशीघ्र मष्ट कर दें अन्यथा यह समग्र विश्व समुदाय के आत्मघात का कारण बन सकता हैं। भारत व अमेरिका आतंकवाद के आक्रांत राष्ट्रों को साथ लेकर नई पहल करें तथा विश्व मान्य संस्था संयुक्त राष्ट्र संघ को इस तरह क्षमतावान बनाएं कि शान्ति के सकल प्रयास कूट नीतियों से मुक्त रह कर निष्ठा और न्याय के संवाहक बने और विश्व कल्याण की दिशा सुनिश्चित करें।

उक्त विचार शान्तिपीठ के तत्वावधान में अमरिका पर आतंकवाद के हमले से घटी त्रासदी के संदर्भ में रखी शान्ति सभा एवं विचार गोष्ठी में नगर के प्रबुद्ध लोगों ने व्यक्त किये। सभा में आतंकवादी गुटों द्वारा सुनियोजित एवं बर्बरतापूर्ण हमले की कठोर शब्दों में भर्त्सना की गई तथा दिवंगत आत्माओं की चिर शान्ति हेतु प्रार्थना व दो मिनट का मौन रखकर श्रृद्धाजंली अर्पित की गई। सभा की अध्यक्षता प्रो. राधा गोविन्द आचार्य ने की।

बढ़ते आतंकवाद की चपेट में विश्व समुदाय के परिप्रेक्ष्य में विचार व्यक्त करते हुए चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने अभिमन्यु, भष्मासुर तथा गांधी के प्रतिकात्मक सन्दर्भो में बताया कि कोई भी राष्ट्र भष्मासुर की तरह आतंकवाद को पनपने न दें तथा ऐसी तकनीक विकसित करें कि आतंकवाद का जन्म होते ही इसे नष्ट किया जा सके। हमें आणविक आयुधों के चक्र व्यूह में से समाज को निकाल पाने का रास्ता तो खोजना ही होगा। उन्होंने कहा गांधी, मार्टन लूथर किंग व नेल्सन मण्डेला जैसों का अहिंसात्मक मार्ग शान्ति व मानव कल्याण का सच्चा मार्ग सिद्ध होगा।

अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के विशेषज्ञ प्रो. आर. के. वर्मा ने शीत युद्ध की समाप्ति के बाद आतंकवाद का यह उग्ररुप महायुद्ध जैसा रुप न ले पडे. इसके लिये शान्तिप्रिय राष्ट्रों एवं प्रजातंत्र के पक्षधर लोगों को एमजूट होकर विश्व में आतंकवादी शक्तियों का मुकाबला करना चाहिये। उन्होंने कहा संकट का कारण धर्मान्धता है। मध्यपूर्व में इस्लामी अन्ध राष्ट्रवाद व सैन्यवाद एवं पश्चिमी ईसाई धर्मान्धता का यह द्वन्द्व इतिहास की पुरानी बिमारी हैं।

विचार व्यक्त करते हुए शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व में सामरिक, आर्थिक व राजनैतिक कूटनीति के दौर में शान्ति के प्रयास बेजुबान व चौने दिखने लगे हैं। आवश्यकता हैं शान्ति शक्ति की पूरक बने और यह तब होगा जब हमारे शान्ति प्रयास कूटनितियों से मुक्त रह कर जन समुदायों के विश्वास, निष्ठा और न्याय के संवाहक बने। उन्होंने चिन्ता व्यक्त करते हुए अपराधी को दण्ड देना आवश्यक होता हैं किन्तु साथ में निर्दोष मारे जाये तो दण्ड तकनीकी के नये आयाम खोजने होंगे।

इस अवसर पर त्रिवेदी ने सदन में एक प्रस्ताव रखा जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव में अमरिका पर हुए अंध आतंकवाद की भर्त्सना की गई तथा इसे जड़मूल से समाप्त करने हेतु विश्व के मानव मूल्य प्रधान समुदायों को एक जुट होने की आवश्यकता प्रकट करते हुए निष्ठा पूर्वक शान्ति के प्रयासों को सक्रिय करने की आवश्यकता व्यक्त की गई। प्रस्ताव में भारत व अमरिका की आतंकवाद के विरुद्ध नई पहल करने आग्रह किया गया। घटना पर भारत सरकार की प्रतिक्रिया की प्रशंसा की गई। प्रस्ताव में विश्व समुदाय से आग्रह किया गया कि संयुक्त राष्ट्र संघ को अधिक शक्ति सम्पन्न व पूर्ण रुपेण स्वतंत्र निकाय का स्वरुप दिया जाय जिससे यह समग्र मानवता एवं विश्व के राष्ट्रों की समप्रभुता व अस्मिता को रक्षा करने में कामयाब हो सके। प्रस्ताव में अमरिका से अपील की गई कि विषम परिस्थिति में वह साहस व धैर्य से स्थिति पर नियंत्रण प्राप्त करें।

सभा में बोलते हुए पोलोटेक्निक कालेज के प्राचार्य प्रो. वासुदेव देवनानी ने कहा कि अमरिका व भारत को मिलकर आतंकवाद से निपटने की रणनीति बनानी चाहिये तथा कश्मीर पर आतंकवाद के प्रहारों को समाप्त करने में भारत का पूरा साथ देना चाहिये।

राजनीति शास्त्र की प्रो. रुपा हिरण ने शीतयुद्धोत्तर काल में बढ़ते आतंकवाद के खतरों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि पहले प्रश्रय देना फिर उलझना गैर मानवीय कृत्य हैं। भारत आतंकवाद को वर्षो से भुगत रहा हैं। इसका शीघ्र हल खोजने से ही मानवता सुरक्षित रह सकती हैं।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 16 सितम्बर, 2001

आतंकवाद को समाप्त करने के एकजुट प्रयासों पर जोर

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 15 सितम्बर। मानव मूल्यों मे विश्वास रखने वाली शक्तियां एक जुट होकर महामारी की तरह फैल रहे आतंकवाद को नष्ट करें अन्यथा यह विश्व के आत्मघात का कारण बन सकता है। भारत व अमरीका आतंकवाद से आक्रांत राष्ट्रो को साथ लेकर नई पहल करें और सयुक्त राष्ट्रसंघ को इस तरह क्षमतावान बनाएं कि वह निष्ठा व न्याय का संवाहक बन सके।

यह विचार शनिवार को शांतिपीठ के तत्वावधान में अमरीका पर आतंकवाद के हमले के संदर्भ में हुई शांतिसभा में संभागियों ने व्यक्त किए। सभा में आंतकवादी गुटों द्वारा किए गए बर्बरतापूर्ण हमले की भर्त्सना की गई। सभा की अध्यक्षता प्रोफेसर राधा गोविन्द आचार्य ने की।

चिन्तक मोहनसिंह कोठारी, अन्तरराष्ट्रीय संबधों के विशेषज्ञ प्रो. आर.के. वर्मा, शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने भी विचार व्यक्त किए।। त्रिवेदी ने सदन में एक प्रस्ताव रखा जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव में अमरीका पर हुए अंध आतकवाद की भर्त्सना की गई तथा इसे जुडमूल से समाप्त करने के लिए विश्व के मानव मूल्य प्रधान समुदायों को एक जुट होने की आवश्यकता व्यक्त की। सभा में पॉलिटेक्निक कॉलोज के प्राचार्य प्रो. वासुदेव देवनानी ने कहा कि अमरीका व भारत को मिलकर आतंकवाद से निपटने की रणनीति बनानी चाहिए। अमरीका को राजनीति शास्त्र की प्रो. रुपा हिरण ने शीतयुद्धोत्तर काल में बढ़ते आतंकवाद के खतरों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि पहले प्रश्रय देना फिर उलझना गैर मानवीय कृत्य है। हिन्दुस्तान जिंक लि. के प्रबंधक [जनसम्पर्क] डॉ. एम.एल. नागदा ने अपराधी को दंडित करने की जरूरत बताते हुए कहा कि अमरीका तथा विश्व की बड़ी ताकतों को चाहिए कि वे भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ में स्थाई सदस्यता दें तथा

दैनिक नवज्योति अजमेर, रविवार 16 सितम्बर 2001 ❑ 8

अंचल

विश्व शक्तियां एकजुट होकर आतंकवाद महामारी का खात्मा करें

शांति सभा और विचार गोष्ठी में प्रबुद्ध लोगों का मत

उदयपुर, 15 सितम्बर (न्यूज सर्विस)। मानवीय मूल्य प्रधान विश्व शक्तियां एकजुट होकर महामारी की तरह फैल रहे बर्बर आतंकवाद को यथाशीघ्र नष्ट कर दें अन्यथा यह समग्र विश्व समुदाय के आत्मघात का कारण बन सकता है। भारत व अमरीका आतंकवाद के अक्रान्त राष्ट्रों के साथ लेकर नई पहल करें तथा विश्व मान्य संस्था संयुक्त राष्ट्र संघ को इस तरह क्षमतावान बनाएं कि शान्ति के सकल प्रयास कूट नीतियों से मुक्त रह कर निष्ठा और न्याय के संवाहक बने और विश्व कल्याण की दिशा सुनिश्चित करें।

उक्त विचार शान्तिपीठ के तत्वावधान में अमरीका पर आतंकवाद के हमले से घटी त्रासदी के संदर्भ में रखी शान्ति सभा एवं विचार गोष्ठी में नगर के प्रबुद्ध लोगों ने व्क्त किए। सभा में आतंकवादी गुटों द्वारा सुनियोजित एंव बर्बरतापूर्ण हमले की कठोर शब्दों में भर्त्सना की गई तथा दिवंगत आत्माओं की चिर शान्ति हेतु प्रार्थना व दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा की अध्यक्षता प्रो. राधागोविन्द आचार्य ने की।

बढ़ते आतंकवाद की चपेट में विश्व समुदाय की परिप्रेक्ष्य में विचार व्यक्त करते हुए चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने अभिमन्यु, भष्मासुर तथा गांधी के प्रतीकात्मक सन्दर्भों में बातया कि कोई भी राष्ट्र भष्मासुर की तरह आतंकवाद को पनपने न दें तथा ऐसी तकनीकी विकसित करें कि आतंकवाद का जन्म होते ही इसे नष्ट किया जा सकें। हमें आणविक आयुधों के चक्रव्यूह में से समाज को निकाल पाने का रास्ता तो खोजना ही होगा। उन्होंने कहा कि गांधी, माटेन लूथर किंग व नेल्सन मंडेला जैसों का अहिंसात्मक मार्ग शान्ति व मानव कल्याण का सच्चा मार्ग सिद्ध होगा।

अन्तरराष्ट्रीय सम्बन्धों के विशेषज्ञ प्रो. आर.के. वर्मा ने कहा कि शीत युद्ध की समाप्ति के बाद आतंकवाद का यह उग्ररूप महायुद्ध जैसा रूप न ले पड़े, इसके लिए शान्ति प्रिय राष्ट्रों एवं प्रजातन्त्र के पक्षधर लोगों को एकजुट होकर विश्व में आतंकवादी शक्तियों का मुकाबला करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संकट का कारण धर्मान्धता है। मध्य पूर्व में इस्लामी अंध राष्ट्रवाद व सैन्यवाद एवं पश्चिमी ईसाई धर्मान्धता का यह द्वंद्व इतिहास की पुरानी बीमारी है।

गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व में सामरिक, आर्थिक व राजनैतिक कूटनीति के दौर में शान्ति के प्रयास बेजुबान व बौने दिखने लगे है। आवश्यकता है शान्ति शक्ति की पूरक बने और यह तब होगा जब हमारे शान्ति प्रयास कूटनीतियों से मुक्त रहकर जन समुदायों के विश्वास, निष्ठा और न्याय के संवाहक बनें। उन्होंने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि अपराधी को दंड देना आवश्यक होता है, किन्तु साथ में निर्दोष मारा जाएं तो दंड तकनीकी के नए आयाम खोजने होंगे।

इस अवसर पर त्रिवेदी ने सदन में एक प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव में अमरीका पर हुए अंध आतंकवाद की भर्त्सना की गई तथा इसे जड़मूल से समाप्त करने हेतु विश्व के मानव मूल्य प्रधान समुदायों को एकुजट होने की आवश्यकता प्रकट करते हुए निष्ठापूर्वक शान्ति के प्रयासों को सक्रिय करने की आवश्यकता व्यक्त की गई। प्रस्ताव में भारत व अमरीका को आतंकवाद के विरूद्ध नई पहल करने का आग्रह किया गया। घटना पर भारत सरकार की प्रतिक्रिया की प्रशंसा की गई। प्रस्ताव में विश्व समुदाय से आग्रह किया गया कि संयुक्त राष्ट्र संघ को अधिक शक्ति सम्पन्न व पूर्ण रूपेण स्वतन्त्र निकाय का स्वरूप दिया जाए, जिससे यह समग्र मानवता एवं विश्व के राष्ट्रों की सम्प्रभुता व अस्मिता की रक्षा करने में कामयाब हो सकें। प्रस्ताव में अमरीका से अपील की गई कि विषम परिस्थिति में वह साहस व धैर्य से स्थिति पर नियन्त्रण प्राप्त करें।

सभा में बोलते हुए पोलोटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वासुदेव देवनानी ने कहा कि अरम्भ व भारत के मिलकर आतंकवाद से निपटने की रणनीति बनानी चाहिए तथा कश्मीर पर आतंकवाद के प्रहारों को समाप्त करने में भारत का पूरा साथ देना चाहिए।

राजनीति शास्त्र की प्रो. रूपा हिरण ने शीत युद्धोत्तर काल में बढ़ते आतंकवाद के खतरों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि पहेल प्रश्रय देना फिर उलझना गैर मानवीय कृत्य है। भारत आतंकवाद को वर्षों से भुगत रहा है। इसका शीघ्र हल खोजने से ही मानवता सुरक्षित रह सकती है। इस अवसर पर बोलते हुए हिन्दुस्तान जिंक लि. के जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. एम.एल. नागदा ने अपराधी को दण्डित करने की जरूरत बताते हुए कहा कि अमरीका तथा विश्व की सारी ताकतों को चाहिए कि वे भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ में स्थाई सदस्यता दें तथा विश्व जनमत का समादर करें। प्रो. डॉ. एल.एल. शर्मा ने भारत सरकार द्वारा नीतयों का कठोरतापूर्वक पालन कर आतंकवाद जैसी बीमारियों का खात्मा करने की आवश्यकता बताई। प्रो. परमेश्वर दशोरा ने कहा कि एशिया में बढ़ता आतंकवाद सम्पूर्ण विश्व के लिए गम्भीर संकट है। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्रो. राधा गोविन्द ने अधर्माचरण की वृत्ति को अशान्ति व आतंकवाद का कारण बताते हुए कहा कि धर्मान्धता से समाज को मुक्त करना होगा। उन्होंने कहा जो आत्मा के अनुकूल हो वहीं जगत के अनुकूल होगा। यह मनोभाव जनसमुदायों को व्यवहार में अपनाना होगा तभी शान्ति प्रयास सिद्ध होंगे। सभा में विद्याभवन शिक्षक महाविद्यालय के प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा, देवीशंकर चौबीसा ने भी विचार व्यक्त किए। सभा का संयोजन करते हुए प्रो. जी.एल. मेनारिया ने कहा कि आतंकवाद वैश्वीकरण एवं प्रजातान्त्रिक मूल्यों के विरूद्ध इस्लामिक धर्मान्धता की ओर ले जाने वाला मार्ग है। शान्तिपीठ के इन्द्र देव जोशी ने अहिंसा शक्ति की क्रियाशीलता और कामयाबी पर विचार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

SHANTIPEETH INDIA ■ 254 ■
शांतिपीठ इंडिया ■ DOWN THE MEMORY LANE ■

दैनिक भास्कर

उदयपुर ■ रविवार, 16 सितम्बर 2001

आतंकवाद की महामारी को नष्ट करना जरूरी

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 15 सितंबर। मानवीय मूल्य प्रधान विश्व शक्तियां एकजुट होकर महामारी की तरह फैल रहे आतंकवाद को नष्ट कर दें, अन्यथा यह समग्र विश्व समुदाय के आत्मघात का कारण बन सकता है।

अमेरिका में घटी त्रासदी के संदर्भ में शांतिपीठ द्वारा रखी गई शांतिसभा एवं विचार गोष्ठी में नगर के प्रबुद्ध लोगों ने उक्त विचार व्यक्त किए। सभा में आतंकवादी घटना की निंदा की गई तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। बढ़ते आतंकवाद की चपेट में विश्व समुदाय के परिप्रेक्ष्य में विचार व्यक्त करते हुए चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि कोई भी राष्ट्र भस्मासुर की तरह आतंकवाद को पनपने नहीं दे तथा ऐसी तकनीक विकसित करे कि आतंकवाद का जन्म होते ही इसे नष्ट किया जा सके। अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञ प्रो. आर.के. वर्मा ने कहा कि प्रजातंत्र के पक्षधर लोगों को एकजुट होकर विश्व में आतंकवादी शक्तियों का मुकाबला करना चाहिए। शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि अब आवश्यकता इस बात की है कि शांति शक्ति की पर्याय बने। उन्होंने चिंता व्यक्त करते कहा कि अपराधी को दंड देना आवश्यक होता है, लेकिन साथ में निर्दोष मारे जाएं तो दंड तकनीकी के नए आयाम खोजने होंगे। पालीटेक्निक कालेज के प्राचार्य वासुदेव देवनानी ने कहा कि अमेरिका व भारत को आतंकवाद के खिलाफ रणनीति बनानी चाहिए। हिंदुस्तान जिंक के जनसंपर्क अधिकारी एम.एल. नागदा ने कहा कि अमेरिका व विश्व की बड़ी ताकतों को चाहिए कि वह भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ में स्थाई सदस्यता दें तथा विश्व जनमत का आदर करें। प्रो. राधा गोविन्द ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा कि अधर्माचरण की वृत्ति अशांति व आतंकवाद का कारण है। सभा में प्रो. रूपा हिरण, प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा व देवी शंकर चौबीसा ने भी विचार रखे। संयोजन प्रो. जी.एल. मेनारिया ने किया।

जय राजस्थान दैनिक

दिनांक 18 सितम्बर, 2001

अमेरिका पर हमले पर शांति सभा का आयोजन

उदयपुर 17 सितम्बर। मानवीय मूल्य प्रधान विश्व शक्तियां एक जूट होकर महामारी की तरह फैल रही बर्बर आंतकवाद को यथाशीघ्र नष्ट कर दें अन्यथा यह समग्र विश्व समुदाय के आत्मघात का कारण बन सकता है। भारत व अमेरिका आंतकवाद के आक्रांत राष्ट्रों को साथ लेकर नई पहल करे तथा विश्व मान्य संस्था संयुक्त राष्ट्र संघ को इस तरह क्षमतावान बनाये कि शांति के सकल प्रयास कूट नीतियों से मुक्त रह कर निष्ठा एवं न्याय के संवाहक बने और विश्व कल्याण की दिशा में सुनिश्चित करें।

उक्त विचार शांतिपीठ के तत्वावधान में अमरिका पर आंतकवाद के हमले से घटी त्रासदी संदर्भ में रखी शांति सभा एवं विचार गोष्ठी मे नगर के प्रबुद्ध लोगों ने व्यक्त किये। सभा में आंतकवादी गुटो द्वारा सुनियोजित एवं बर्बरतापूर्ण हमले की कठोर शब्दों में भर्त्सना की गई तथा दिवंगत आत्माओ की चिर शांति हेतु प्रार्थना व दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा की अध्यक्षता प्रो. रघु गोविन्द आचार्य ने की। यह विचार गोष्ठी शुक्रवार को शांतिपीठ के सभागार में आयोजित की गई।

अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के विशेषज्ञ प्रो. आर के वर्मा ने शीत युद्ध की समाप्ति के बाद आंतकवाद का यह उग्ररूप महायुद्ध जैसा रूप न ले पड़े इसके लिये शांतिप्रिय राष्ट्रो एवं प्रजातंत्र के पक्षधर लोगों को एक जूट होकर विश्व में आंतकवादी शक्तियों का मुकाबला करना चाहिये। उन्होने कहा संकट का कारण धर्मान्धता है। मध्यपूर्व में इस्लामी अन्ध राष्ट्रवाद व सैन्यवाद एवं पश्चिमी ईसाई धर्मान्धता का यह द्वन्द इतिहास की पुरानी बिमारी है।

विचार व्यक्त करते हुये शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व में सामरिक, आर्थिक व राजनैतिक कूटनीति के दौर में शांति के प्रयास बेजुबान व बौन दिखने लगे है। आवश्यकता है शांति शक्ति की पूरक बने और यह तब होगा जब हमारे शांति प्रयास कूटनीतियों से मुक्त रह कर जन समुदायों के विश्वास, निष्ठा एवं न्याय के संवाहक बने। उन्होने चिन्ता करते हुये अपराधी को दण्ड देना आवश्यक होता है किन्तु साथ मे निर्दोष मारे जाये तो दण्ड तकनीकी के नये आयाम खोजने होगे।

इस अवसर पर त्रिवेदी ने सदन में एक प्रस्ताव रखा जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव में अमरिका पर हुये आंतकवाद की भर्त्सना की गई तथा इसे जड़मूल से समाप्त करने हेतु विश्व के मानव मूल्य प्रधान समुदायों को एक जूट होने की आवश्यकता प्रकट करते हुये निष्ठा पूर्वक शांति के प्रयासों को सक्रिय करने की आवश्यकता व्यक्त की गई। प्रस्ताव में भारत व अमेरिका को आंतकवाद के विरूद्व नई पहल करने आग्रह किया गया। घटना पर भारत सरकार की प्रतिक्रिया की प्रशंसा की गई। प्रस्ताव में विश्व समुदाय से आग्रह किया गया कि संयुक्त राष्ट्र संघ को अधिक शक्ति सम्पन्न व पूर्ण रूपेण स्वतंत्र निकाय का स्वरूप दिया जाये जिससे वह समग्र मानवता एवं विश्व के राष्ट्रों की सम्प्रभुता व अस्मिता की रक्षा करने में कामयाब हो सके। प्रस्ताव में अमेरिका से अपील की गई कि विषम परिस्थिति में वह साहस व धैर्य से स्थिति पर नियंत्रण प्राप्त करे।

सभा में बोलते हुये पोलोटेक्निक कालेज के प्राचार्य प्रो. वासुदेव देवनानी ने कहा कि अमेरिका व भारत को मिलकर आतंकवाद से निपटने की रणनीति बनानी चाहिये तथा कश्मीर पर आंतकवादी के प्रहारों को समाप्त करने में भारत का पूरा साथ देना चाहिये।

इस अवसर पर बोलते हुये हिन्दूस्तान जिंक लिं. के जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. एम एल नागदा ने अपराधी को दण्डित करने की जरूरत बताते हुये कहा कि अमेरिका तथा विश्व की बड़ी ताकतों को चाहिये कि वे भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ में स्थाई सदस्यता दे तथा विश्व जनमत का समादर करें।

विचार व्यक्त करते हुये फिशरिश व निम्नोलोजी के विभागाध्यक्ष डॉ. एल एन एल शर्मा ने भारत सरकार द्वारा नीतियों का कठोरता पूर्वक पालन कर आंतकवाद जैसी बीमारियों का खात्मा करने की आवश्यकता बताई। प्रो. परमेश्वर दशोरा ने कहा कि एशिया में बढ़ता आंतकवाद सम्पूर्ण विश्व के लिये गंभीर संकट है।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर,25 अक्टूबर, 2001

संयुक्त राष्ट्र को शक्ति संपन्न बनाने की जरूरत

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 24 अक्टूबर। विश्व के बदलते परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र का पुनर्गठन कर इसे स्वावलंबी और शक्ति सम्पन्न बनाने की जरूरत है, जिससे यह संस्था गैर इंसानी ताकतों का दृढतापूर्वक मुकाबला कर सके।

यह विचार बुधवार को संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के अवसर पर शांतिपीठ के तत्त्वावधान में संस्थान के सभागार में 'वर्तमान में विश्व परिदृश्य और संयुक्त राष्ट संघ' विषय पर आयोजित गोष्ठी में कई वक्ताओं ने व्यक्त किए। गोष्ठी में मुख्य अतिथि आर.एस.एम.एम. के प्रबन्ध निदेशक के.एस. मणि थे। अध्यक्षता मोहनसिंह कोठारी ने की। मणि ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र विश्व के सभी देशों व दुनिया की जनता का सच्चा प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था बने इसके लिए बौद्धिक वर्ग व नवयुवकों में चेतना पैदा की जानी चाहिए, जो लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ कर सके। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के गठन के लोकतांत्रिकरण किए जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

गोष्ठी में वयोवृद्ध गांधीवादी दीनदयाल दशोत्तर ने शांति के लिए समर्पित संस्थाओं, संगठनों व नागरिकों को एकजुट होने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि युद्ध का उन्माद विनाश का कारण है। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए सेवानिवृत्त आइएएस मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ चार्टर विजेता राष्ट्रों का चार्टर है जिसे बदलकर नया रूप दिया जाना चाहिए। कोठारी ने 'वीटो' के अधिकार को पूर्णतया समाप्त करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। वास्तव में यह संगठन व इसके महासचिव नोबल शांति पुरस्कार के लिए बधाई के पात्र है।

सभा में शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व मानवीय और हिंसक प्रवृत्तियों के संक्रमण काल से गुजर रहा है। नए समाज की संस्थापना के पूर्व की वेदना ने स्थापित मान्यताओं को झकझोर कर रख दिया है। विश्व कुटुम्ब की अवधारणा व अहिंसा की आचार संहिता वाले देश भारत को राष्ट्र की गरिमा और शक्ति के साथ विश्वात्मा का पोषण करना चाहिए उन्होंने कहा पिछले दशक भर से संयुक्त राष्ट्र के पुनर्गठन की आवाज बहुत जोर से उठी है इसे यथाशीघ्र मूर्त रूप दिए जाने की भारत पहल करें।

राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर रूपा हिरण ने बताया कि यू.एन.ओ. विजेता राष्ट्रों का संगठन बनकर रह गया है वह महाशक्तियों की ताकत पर टिका हुआ है उसे सशक्त व स्वालंबी संस्था बनाने की आवश्यकता है तभी वह विश्व के सभी राष्ट्रों व विश्व जनमत का सही प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था बन सकेगी।

शिक्षाविद् डा.ए.बी. पाठक ने कहा कि मध्य एशिया हो अथवा यूरोप अफ्रीका जहां कहीं भी उग्रवादी संगठन, व्यक्ति या देश क्यों न हो जो संपूर्ण मानव जाति को तृतीय विश्व युद्ध की ओर ले जाते हों और निरिह असहाय, शांतिप्रिय मानव समूहों पर बर्बरता से अत्याचार करते हो, और उनके मौलिक अधिकारों को कुठाराघात करते हों उन पर अंकुश रखने के लिए यू.एन.ओ को सशक्त एवं प्रभावी कदम उठाना चाहिए। साहित्यकार ओंकारश्री ने कहा कि यू.एन.ओ. को अफगानिस्तान के संकट को विवेकपूर्ण तरीके से सुलझाना चाहिए।

बी.एन. कॉलेज के प्रोफेसर बी.पी. शर्मा ने बताया कि महाशक्तियों की गलत आर्थिक नीतियो के कारण वैश्वीकरण के तहत बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपना जाल फैला रही है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों का प्रवेश नए आर्थिक युद्ध का कारण बनता जा रहा है। इसलिए यू.एन.ओ. को अपने चार्टर के मूल ढांचे में बदलाव लाना चाहिए।

विद्याभवन शिक्षक महाविद्यालय के प्रो.जी.एल. मेनारिया ने कार्यक्रम का संयोजन किया। गोष्ठी में एक समिति गठित कर संयुक्त राष्ट्र एवं अन्य एजेन्सियों को भेजने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया। अंत में शांतिपीठ के मन्जूर अहमद ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



संयुक्त राष्ट्र दिवस पर बुधवार को शांतिपीठ में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते आर.एस.एम.एम. के प्रबंध निदेशक के.एस. मणि।

जय राजस्थान दिनांक 25 अक्टूबर, 2001



शांतिपीठ द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी का एक दृश्य।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत २०५८, शुद्ध आश्विन, शुक्ल पक्ष, नवमी, गुरुवार, २५ अक्टूबर, २००१

'यू.एन.ओ. विश्व की जनता का सच्चा प्रतिनिधित्व करे'

■ नगर संवाददाता

उदयपुर,24 अक्टुबर। संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा बुधवार को संस्थान सभाकक्ष में वर्तमान में विश्व परिदृश्य और संयुक्त राष्ट्र विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संगोष्ठी के मुख्य अतिथि आरएसएमएम के प्रबंध निदेशक के.एस.मणि ने कहा कि विश्व के बदलते परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र का पुर्नगठन किया जाकर इसे पूर्ण रूप से स्वालंबी तथा शक्ति संपन्न बनाया जाए ताकि यह विश्व के राष्ट्रों व जनता की आस्था का केन्द्र सिद्व हो। उन्होनें वर्तमान समय में यू.एन.ओ .की अधिक सक्रिय भूमिका की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यह विश्व के सभी देशों व दुनिया की जनता का सच्चा प्रतिनिधित्व करनें वाली संस्था बने। गांधीवादी दीनदयाल दशोत्तर ने शांति के लिए समर्पित संस्थाओं ,संगठनों, व नागरिको को एक जुट होने की आवश्यकता पर बल दिया । संगोष्ठी के अध्यक्ष मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ का जो चार्टर बना है वह विजेता राष्ट्रों का चार्टर था जिसे बदल कर वया रूप दिया जाना चाहिए।

संस्थान के संस्थापक महासचिव अंनत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आज विश्व मानवीय और हिंसक प्रवृतियों के संक्रमण काल से गुजर रहा है। राजनीतिक विज्ञान की प्रोफेसर रूपा हिरण ने कहा कि यू.एन.ओ. विजेता राष्ट्रों का संगठन बन कर रह गया है । डा. ए.बी. पाठक ने कहा कि शांति विरोधी गतिविधियों के विरुद्व यू.एन.ओ. को सशक्त कदम उठाने चाहिए । साहित्यकार औंकार श्री ने कहा कि मेवाड़ शांति का केन्द्र रहा है । अफगानिस्तान के संकट के लिए यू.एन.ओ. को विवेक से काम लेना चाहिए । प्रो. बी. पी. शर्मा ने कहा कि महाशक्तियों की गलत आर्थिक नीतियों के कारण वैश्वीकरण के तहत बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपना जाल फैला रही हैं । कार्यक्रम का संयोजन करते हुए प्रो. जी.एल. मेनारिया ने कहा कि दुनिया में उग्रवाद को खत्म करने के लिए यू.एन.ओ. को पहल करनी चाहिए।



उदयपुर में बुधवार को शांतिपीठ की ओर से संयुक्त राष्ट्र दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में बोलते आरएसएमएम के प्रबंध निदेशक के.एस. मणि। *भास्कर*

राष्ट्रदूत
25 अक्टूबर 2001 उदयपुर



संयुक्त राष्ट्र दिवस पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए आर.एस.एम.एम.के प्रबंध निदेशक के.एस.मणि। फोटो-राष्ट्रदूत

'विश्व के बदलते परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र का पुनर्गठन जरुरी'

उदयपुर 24 अक्टूबर (कासं)। विश्व के बदलते परिदृश् में सयुक्त राष्ट्र का पुनर्गठन किया जाकर इसे पूर्ण रुप से स्वाललम्बी तथा शक्ति संपन्न बनाया जाए जिससे यह विश्व संस्था अपने निहित उदेश्यों की परिपूर्ति करते हुए गैर इंसानियती ताकतों का दृढतापूर्वक मुकाबला कर सके तथा विश्व के राष्ट्रों व जनता की आस्था का केन्द्र सिद्ध हो सके।

उक्त विचार बुधवार को संयुक्त राष्ट्र संघ के अवसर पर शान्ति पीठ के तत्वावधान में संस्थान के सभागार मे वर्तमान मे विश्व परिदृश्य और संयुक्त राष्ट्र विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में बोलते हुए कई वक्ताओं ने व्यक्त किये। गोष्ठी मे मुख्य अतिथि आर एस एम एम के प्रबंध निदेशक के एस मणी थे जबकि अध्यक्षता मोहन कोठारी ने की।

वर्तमान परिदृश्य मे संयुक्त राष्ट्र संघ को ओर भी सक्रिय भूमिका की आवश्यकता पर बल देते हुए मणी ने कहा कि यह विश्व के सभी देशों व दुनिया की जनता का सच्च प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था बने इसके लिए बौद्धिक वर्ग व नवयुवकों में चेतना पैदा की जानी चाहिए जो लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ कर सके। उन्होने संयुक्त राष्ट्र संघ के गठन के लोकतांत्रिकरण किये जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

गोष्ठी मे बोलते हुए वयोवृद्ध गांधीवादी दीनदयाल दशोत्तर ने शान्ति के लिए समर्पित संस्थाओं संगठनों व नागरिकों को एकजुट होने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि युद्ध का उत्पाद विनाश का कारण है। उन्होने स्थानीय स्तर पर ऐसे वातावरण निर्मित किये जाने की

अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का चार्टर बना वह विजेता राष्ट्रों का चार्टर था जिसे बदलकर नया रुप दिया जाना चाहिए। कोठारी ने वीटों के अधिकार को पूर्णतया समाप्त किये जाने की आवश्यकता बताई। उन्होने कहा कि संयुक्त राश्ट की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। वास्तव में यह संगठन व इसके महासचिव नोबल शान्ति पुरस्कार हेतु बधाई के पात्र है। उन्होने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का आर्थिक व सैन्य शक्ति से सशक्त बनाया जाना चाहिए जिसस वह छदम युद्ध जैसे आपदाओं का मुकाबला कर सके।

सभा मे वक्तव्य देते हुए शान्ति पीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आज विश्व मानवीय और हिंसक प्रवृत्तियों के संक्रमण काल से गुजर रहा है। नये समाज की संस्थापना के पूर्व की वेदना ने स्थापित मान्यताओं को झकझोर कर रख दिया है। विश्व कुटुम्ब की अवधारण व अहिंसा की आचार संहिता वाले देश के भारत को राष्ट्र की गरिमा और शक्ति के साथ विश्वात्मा का पोषण करना चाहिए। उन्होने कहा कि पिछले दशक भर से संयुक्त राष्ट्र के पुनर्गठन की आवाज बहुत जोर से उठी है। इसे यशाशीघ्र मूर्त रुप दिये जाने की भारत पहल करें। उन्होने इस अवसर पर एक प्रस्ताव पारित किये जाने एवं यू.एन.ओ. एवं इसके महासचिव काफी अन्नान की शान्तिप्रिय कार्यक्रमों के लिए की गई उपलब्धियों पर मिले नोबल शान्ति पुरस्कार हेतु बधाई भेजने का सुझाव दिया।

साहित्यकार औंकार श्री ने कहा कि मेवाड शान्ति संस्कृति एवं शिक्षा का केन्द्र रहा है। उदयपुर में स्थित शान्ति पीठ प्रारम्भ से विश्व शान्ति का संदेश देता रहा है।

बी.एन.कालेज के प्रोफेसर बी.पी.शर्मा ने बताया कि महाशक्तियों की गलत आर्थिक नीतियों के कारण वेश्वीकरण के तहत बहुराशिद्रय कंपनियों अपना जाल फैला रही है। डब्ल्यू टी ओर एवं सीमा के तहत होने वाले नये व्यापारिक वाणिज्यिक समझौते राष्ट्रों के संप्रभुता के विरुद्ध हो रहे है। आज आर्थिक संप्रभुता के बगैर राजनेतिक संप्रभुता महत्वविहीन है। यू एन ओ के चार्टस के विरुद्ध जितने भी आर्थिक समझौते एवं संधिया हुई है वे पूंजीवादी एवं नयी औपनिवेशिक शक्तियों के हितों में है इनसे नवा साम्राज्यवाद पनप रहा है। भारत जैसे संपन्न एवं धनी जनसंख्या वाले प्राकृतिक संसाधनों के देशों के शोषण का एक नया अध्याय खुल रहा है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों का प्रवेश नये आर्थिक युद्ध का कारण बनतें जा रहा है। अत: यू.एन.ओ. को अपने चार्टर के मूल ढांचे मे बदलाव लाना चाहिए।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 11 दिसम्बर, 1990

कट्टरपंथ के रहते मानवाधिकारों का अस्तित्व असुरक्षित

उदयपुर, 10 दिसम्बर [वि]। नैतिक एवं मानवीय मूल्यों को पुनर्प्रतिष्ठित किए जाने पर ही मानवाधिकारों का संरक्षण संभव है। अर्थ एवं अधिकार ग्रहण की लालसा, अलगाववाद व कट्टर पंथ के रहते मानवाधिकारों का अस्तित्व भी सुरक्षित नहीं रह सकता।

उक्त विचार सोमवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ संस्था द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किए।

गोष्ठी में बोलते हुए डा. राजेन्द्र मोहन भटनागर ने चिन्तन व आचरण में भेद मिटाने की आवश्यकता बताई व कहा कि समाज अपने आप में ही बहुत बड़ी संस्कृति है जो कर्तव्य व अधिकार के भेदाभेद से ऊपर है। उन्होंने सह अस्तित्व के बोध की आवश्यकता प्रतिपादित की।

शांतिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने मानवाधिकारों के भारतीय संस्कृति व दर्शन के संदर्भ में पुर्नव्याख्या की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा चालीस वर्षों के काल में आम आदमी अपने अधिकारों के प्रति सचेत अवश्य हुआ है किन्तु हमारे वृद्ध सामुदायिक जीवन में तो मानवाधिकारों के हनन की पराकाष्ठा हो गई है। उन्होंने वर्तमान में अच्छाई व बुराई की पराकाष्ठा को नवोदय के पूर्व का काल कहा।

इस अवसर पर सरदार जसपाल सिंह ने कर्तव्य के प्रति अधिक सजग होने के लिए राष्ट्रबोध की आवश्यकता बताई। उन्होंने मानवाधिकारों के संघर्ष को साक्षरता अभियान से जोड़ते हुए वर्ग व जाति भेद में व्याप्त शोषण को समाप्त करने की बात कही। साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने पूंजीवाद को समाज का शोषक कहा व समाज में अच्छाई व बुराई की स्पष्ट पहचान स्थापित करने की आवश्यकता बताई।

प्रो. बी.एल. समदानी ने सद्भाव व समानता के वातावरण को बनाए जाने के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम की आवश्यकता बताते हुए बच्चों में इसके संस्कार डालने की बात कही। गोष्ठी में 'संजीव सेवा समिति' के शान्तिलाल भण्डारी व 'आस्था' के नन्दलाल पाण्डे ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

15 दिसम्बर 1990 जनमंगल सा.

मानवाधिकार दिवस पर विचार गोष्ठी

मानवाधिकारों पर चर्चा चाहे जितनी की जाती रहें किन्तु तब तक इसका कोई अर्थ नहीं निकल सकता जब तक इस सम्बन्ध में जागरुकता नहीं आती। अधिकारों के सम्बन्ध में चर्चा करनें वालों को यह भी सोचना चाहिये कर्त्तव्य के बिना अधिकारों की बात करना व्यर्थ है।

मानवाधिकार दिवस पर शान्ति पीठ द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने जो विचार व्यक्त किये उनको सार रूप में इस प्रकार प्रस्तुत किया जा सकता हैं।

नैतिक एवं मानव मूल्यों को पुनर्प्रतिष्ठित किये जाने पर ही मानवाधिकारों का संरक्षण सम्भव हैं। अर्थ एवं अधिकार की लालसा, अलगाव व कट्टर पंथ के रहते मानवाधिकारों का अस्तित्व कभी सुरक्षित नहीं रह सकता।

आज बालक अपने जीने के मूल भूत अधिकारों से वंचित परिस्थितियों व्यवस्था में समग्र बदलाव शिक्षा से ही सम्भव हैं।

गोष्ठी में डाक्टर राजेन्द्र मोहन भटनागर, शांति पीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी, सरदार जसपाल सिंह, साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना, प्रो. बी.एल. समदानी, शांति लाल भण्डारी एवं नन्दलाल पाण्डे ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

5, जनमंगल * 30 अक्टूबर 1990

युद्ध के मनोविज्ञान को समाप्त करने की आवश्यकता है

शान्ति पीठ द्वारा संयुक्त राष्ट्र के स्थापना दिवस पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी की अध्यक्षता दीनदयाल दशोत्तर ने की।

गोष्ठी में विभिन्न विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किये : संयुक्त राष्ट्र संघ का अस्तित्व विश्व कुटुम्ब की अवधारणा को व्यावहारिक रूप दे सकता है। यदि इसकी संरचना का सशक्त आधार नैतिक एवं मानवीय मूल्य हो। पिछले कुछ वर्षों से इस विश्व संस्था का औचित्य सिद्ध होने लगा है। परिणाम स्वरूप मानव जाति को युद्ध के आसन्न संकट से एक सीमा तक निजात मिली है।

शस्त्रों की कटौति और महा-शक्तियों का विश्व समस्याओं पर सरलता से एकमत होना भी इसी की देन कही जा सकती है। आवश्यकता है अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शान्ति के लिए प्रबल इच्छा शक्ति और विकास के लिए प्रतिबद्धता अपनाए जाने की।

गोष्टी में प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रो. रविन्द्र वर्मा ने कहा विश्व में शस्त्रों पर होने वाला खर्च एवं शस्त्रों का व्यापार आज चिन्ता का कारण है। इस पर पूर्ण नियन्त्रण करने की आवश्यकता है। साथ ही युद्ध के मनोविज्ञान को भी समाप्त किया जाना चाहिये।

शान्ति पीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नैतिक पुनर्जागरण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा आज मानवीय मूल्यों को प्रतिष्ठापित किया जाना चाहिये। इसके लिए संयुक्त राष्ट्र संघ सर्वश्रेष्ठ मंच है।

वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने राष्ट्र संघ को विश्व बन्धुत्व की बौद्धिक चेतना की विकास यात्रा का प्रतीक बताया। गोष्ठी में कुवैत सम-

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 25 अक्टूबर, 1990

संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस पर समारोह

'उग्रराष्ट्रवादी विचार व धर्मान्धता मानव समाज के लिए खतरा'

'शांति पीठ' की ओर से आयोजित गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ का अस्तित्व अब 'विश्व कुटुम्बकम्' की अवधारणा को व्यवहारिक रूप दे सकता है। यदि बहस की संरचना का सशक्त आधार नैतिक व मानवीय मूल्य हो। पिछले कुछ वर्षों से इस संस्था का औचित्य सिद्ध होने लगा है और मानव जाति को युद्ध के आसन्न संकट से एक सीमा तक निजात मिली है। शस्त्रों की कटौती और महाशक्तियों का सरलता से अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं पर एक मत होना भी इसी की देन कही जा सकती है। आवश्यकता है अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति के लिए इच्छा शक्ति पैदा करने की एवं विकास के लिए प्रतिबद्धता अपनाए जाने की।

गोष्ठी के प्रमुख वक्ता राजनीति शास्त्र के प्रो. रवीन्द्र वर्मा ने वर्तमान परिस्थितियों में संयुक्त राष्ट्र संघ की आवश्यकता व महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस संस्था की अनुपस्थिति की कल्पना को एक घातक शून्य की संज्ञा दी।

विश्व में शस्त्रों पर होने वाले व्यय एवं इसके व्यापार पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने इस पर पूर्ण नियंत्रण की आवश्यकता प्रतिपादित की।

शांति पीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नैतिक पुनर्जागरण की आवश्यकता बताई। उन्होंने मानवीय मूल्यों को प्रतिष्ठित किए जाने की आवश्यकता जताते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ को इसका सर्वश्रेष्ठ मंच बताया।

इससे पूर्व वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने संयुक्त राष्ट्र संघ को विश्व बंधुत्व की बौद्धिक चेतना की विकास यात्रा का एक प्रतीक बताया। इस अवसर पर प्रो. बी.एल. समदानी ने संघ द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। कई वक्ताओं ने कुवैत समस्या को अविलम्ब हल किए जाने पर जोर दिया। गोष्ठी की अध्यक्षता सर्वोदयी नेता दीनयाल दशोत्तर ने की।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 29 सितम्बर, 1990

कुवैत पर इराकी हमले की निंदा

उदयपुर, 28 सितम्बर [वि.]। स्वतंत्र एवं लोकतांत्रिक विश्व की रचना के काल में किसी देश को आक्रमण के जरिये हथियाने का षडयंत्र जंगल के राज्य से भी बदतर का जाएगा, जिसे आधुनिक विश्व समुदाय किसी भी शर्त पर स्वीकार नहीं करेंगे।

यह विचार शांति पीठ द्वारा 'वर्तमान संकट के सन्दर्भ में पश्चिम एशिया और विश्व शान्ति' विषयक शुक्रवार को आयोजित विचार गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किए। गोष्ठी में प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए राजनीतिक शास्त्र के प्रो. रवींद्र वर्मा ने खाड़ी संकट एवं इसके अतीत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने इस संकट से उबरने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ की तरह गुट निरपेक्ष आन्दोलन द्वारा भी नैतिक दबाव डालने की आवश्यकता बताई। डा. वर्मा ने कहा कि आक्रमण द्वारा किसी देश का हस्तांतरण अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार गैर कानूनी है। गोठी की अध्यक्षता कर रहे साहित्यकार प्रो. नन्द चतुर्वेदी ने इराक द्वारा कुवैत पर आक्रमण को अमानवीय कृत्य बताते हुए इसे विश्व शांति के प्रयासों के लिए गंभीर चुनौती बताया। इस अवसर पर प्रो. विजयनारायण ने कहा कि क्षेत्रीय युद्ध भी कई देशों के विकास एवं पर्यावरण को क्षति पहुंचाएगा। उन्होंने इस संघर्ष को अविलम्ब हल किये जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

इस अवसर पर एक प्रस्ताव पारित कर इराक द्वारा कुवैत पर किये गये आक्रमण को पूर्णतया अनुचित बताते हुए इसकी कठोर शब्दों में निन्दा की गई एवं इसे विश्व की एक परम अवस्था 'स्वाधीनता' के विरुद्ध बताया। प्रस्ताव में इराक से आग्रह किया गया कि वह कुवैत को अपने अनाधिकृत कब्जे से मुक्त कर उसकी स्वाधीनता बहाल करें। इराक से अपनी जिद छोड़ने एवं विश्व समुदाय के मत का आदर करने की मांग की गई। साथ ही महाशक्तियों से आग्रह किया गया कि यह समस्या सेना की गलतियों व सैन्य जमाव से विश्व शान्ति के लिये खतरे का कारण बन सकती है।

प्रस्ताव में विश्व शान्ति के सन्दर्भ में एक न्यायपूर्ण व्यवस्था का समर्थन करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्वावधान में तुरन्त शांति वार्ता प्रारंभ करने की मांग की गई। गोष्ठी में राजेंद्र सक्सेना, डा. एल.एल. शर्मा, के.एल. बापना, प्रो. बी.एल. समदानी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संचालन अनन्त गणेश त्रिवेदी ने किया।

गांधी जयंती

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 3 अक्टूबर, 1990

शान्ति पीठ की ओर से 'वर्तमान सन्दर्भ में गांधीजी' विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष मा. बलवन्त सिंह मेहता थे। गोष्ठी को दयाल चन्द सोनी, अनन्त गणेश त्रिवेदी, रियाज तहसीन, राजेन्द्र सक्सेना, प्रो. बी.एल. समदानी एवं डा. लक्ष्मीलाल शर्मा ने सम्बोधित किया।

पात्रिका

20, कुल योग- 2,41,990 उदयपुर, बुधवार 8 अगस्त, 1990



हिरोशिमा दिवस समारोह के चतुर्दिवसीय आयोजनों के अंतिम दिन अमरकजी में आयोजित मेले का एक दृश्य। फोटो- ओम बिलोची।

हिरोशिमा स्मृति दिवस पर प्रार्थना सभा, वन महोत्सव एवं मेला आयोजित

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 7 अगस्त। 'हिरोशिमा स्मृति दिवस' के उपलक्ष में शहर की अनेक संस्थाओं की ओर से सोमवार को प्रार्थना सभाएं एवं अन्य आयोजन हुए। 'शांति पीठ' के तत्वावधान में इस मौके पर चार दिवसीय 'आयोजनों का समापन अमरकजी में वन महोत्सव एवं मेले के साथ हुआ।

मंगलवार को अमरकजी में आयोजित वन महोत्सव के मुख्य अतिथि जनजाति विकास मंत्री चुन्नीलाल गरासिया ने कहा कि वनों की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा वन विनाश के जिम्मेदार लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

गरासिया ने कहा कि हमें प्रकृति के पंचतत्वों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु एवं आकाश का अंधाधुंध दोहन कर पारिस्थितिक संतुलन बिगाड़ दिया है। उन्होंने वन संरक्षण के संदर्भ में अमरकजी में किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा वन संवर्द्धन कार्यों को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

समारोह के विशिष्ट अतिथि मेवाड़ मंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण ने कहा कि हमें 'धर्मो रक्षति रक्षितः' की तरह ही 'वृक्षों रक्षति रक्षितः' का नारा देना होगा क्योंकि हम वनों की रक्षा करेंगे तभी प्रकृति हमारा साथ देगी। समारोह की अध्यक्षता करते हुए स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद मास्टर बलवंत सिंह मेहता ने वनों एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जनता की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत बताई एवं सुझाव दिया कि वन क्षेत्रों पर होने वाले अतिक्रमणों को तत्काल हटा दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर उद्योगपति के.डी. मोटवानी, बड़गांव के उप प्रधान भंवरलाल शर्मा, ढीकली के सरपंच आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

प्रारंभ में शांति पीठ के संयोजक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने अमरकजी के प्राकृतिक सौन्दर्य में अभिवृद्धि के लिए हाथ में लिए गए कार्यों की जानकारी दी। राज्यमंत्री एवं मेवाड़ मण्डलेश्वर ने इस अवसर पर अमरकजी वन क्षेत्र में आम का पौधा भी लगाया।

इस अवसर पर अमकरजी में मेला लगा जिसमें उदयपुर व आसपास के क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

सोमवार को हिरोशिमा दिवस पर शांति पीठ की ओर से गुलाबबाग में गांधी प्रतिमा के समीप प्रार्थना सभा आयोजित की गई तथा नागासाकी व हिरोशिमा में परमाणु बम की विभीषिका के शिकार लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला कलक्टर रतन सिंह सिंघी, डॉ. पी. सुन्दरम, फादर वर्गीस, अनंत गणेश त्रिवेदी, के.डी. मोटवानी व डॉ. एल.एल. शर्मा ने अपने विचार रखे।

इसी मौके पर सेवा मंदिर में भी एक संगोष्ठी आयोजित की गई। सेवा मंदिर, गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र एवं शांति पीठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस संगोष्ठी में संपूर्ण क्रांति विद्यालय, वेडछी के इगानभाई विशेष अतिथि थे। इस अवसर पर दीनदयाल दशोत्तर, केसरी लाल बोर्दिया, हुकमराज मेहता, इगान भाई, पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता, डॉ. विनय पेंडसे, प्रो. नंद चतुर्वेदी आदि ने परमाणु बम की विभीषिका एवं विकीरण के प्रभावों की जानकारियां दी। संगोष्ठी में प्रस्ताव पारित

राजस्थान
पत्रिका

सेर- 23,120, कुल योग- 2,43,930 उदयपुर, रविवार 5 अगस्त, 1990



हिरोशिमा स्मृति दिवस के उपलक्ष में उदयपुर में प्रारम्भ हुए 4 दिवसीय आयोजनों के पहले दिन शनिवार को स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ की ओर से स्कूली बालक-बालिकाओं की विशाल रैली निकली। -फोटो: ओम बिलोची

हिरोशिमा स्मृति दिवस पर रैली निकली

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 4 अगस्त। हिरोशिमा स्मृति दिवस के उपलक्ष में यहां स्वैच्छिक संस्था शांति पीठ के तत्वावधान में चतुर्दिवसीय आयोजनों का आरंभ शनिवार सुबह स्कूली छात्र छात्राओं की विशाल रैली के साथ हुआ।

रैली को सुबह 10 बजे टाउन हॉल से पुलिस उप महानिरीक्षक शातनुकुमार ने रवाना किया। रैली में स्कूल ड्रैस में सजे सैकड़ों बच्चे थे, जिनके हाथों में विश्व शांति एवं पूर्ण निरस्त्रीकरण के बारे लिखी तख्तियां थी।

शहर के करीब 30 स्कूलों के बालक-बालिकाओं की यह अनुशासित एवं मौन रैली सूरजपोल, बापूबाजार, देहलीगेट, अश्विनी बाजार व चेटक सर्कल होते हुए महाराणा भूपाल स्टेडियम पहुंची, जहां सभा आयोजित की गई। सभा को भारतीय इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष पी.एल. अग्रवाल ने संबोधित किया व कहा कि शस्त्र होड़ बरकरार रहते विश्व शांति का ख्वाब अधूरा ही रहेगा। उन्होंने 45 वर्ष पूर्व जापान के हिरोशिमा व नागासाकी नगरों पर हुए परमाणु हमलों की विभीषिका का जिक्र किया। सभा के प्रारंभ में शांतिपीठ के संस्थापक ऊनत गणेश त्रिवेदी ने इस आयोजन की प्रांसगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सेंटपॉल स्कूल के छात्र मनीष नलवाया ने भी निस्त्रीकरण पर अपने विचार रखे।

शांति सभा में दो मिनट का मौन रखकर हिरोशिमा व नागासाकी में परमाणु हादसे से शिकार लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। सभा की अध्यक्षता पर्यावरण विद् प्रो. विजयनारायण ने की।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 6 अगस्त, 1990

आवश्यकताएं पूरी न होना युद्धोन्माद का कारण- सक्सेना

उदयपुर, 5 अगस्त [वि.]। हिरोशिमा दिवस की पूर्व संध्या पर स्थानीय सूचना केन्द्र में स्वैच्छिक संस्था 'शांति पीठ' की ओर से आयोजित 'राष्ट्र निर्माण एवं विश्व शांति' विषयक विचारगोष्ठी में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रसिद्ध नाट्यकर्मी मंगल सक्सेना ने कहा कि "राष्ट्र के प्रति निष्ठा बनी रहे, इसके लिए आवश्यक है कि मनुष्य के जीवन निर्वाह की आधारभूत आवश्यकताएं पूरी होती रहे। ऐसा नहीं होने पर वह युद्धोन्मादी हो जाता है। वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में ऐसी राष्ट्रीय भावना उत्पन्न करने की आवश्यकता है जिसमें सामुदायिक प्रतिबद्धता हो।"

उन्होंने व्यक्ति के अंतःकरण का परिष्कार करने की आवश्यकता बताते हुए इसके लिए भारतीय दर्शन के तत्वज्ञान की सहायता लेने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि जब धमर शासन का हथियार बन जाय तब समस्या और विकट हो जाती है। हमें मानव धर्म के मूल तत्वों को जोड़कर प्रकृति के साथ सौहार्द बरतने वाले नए राष्ट्र धर्म की रचना करनी चाहिए।

पूर्व राज्यमंत्री डॉ. गिरिजा व्यास ने जापान का उदाहरण देते हुए बताया कि परमाणु युद्ध का परिणाम यह हुआ है कि वहां के लोग मुस्कराहट ही भूल बैठे हैं। उन्होंने राष्ट्र धर्म की नई परिभाषा करने का सुझाव देते हुए विश्व शांति के लिए मानव के आंतरिक पर्यावरण में सुधार की आवश्यकता बताई।

राजस्थान कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. आर.सी. मेहता ने बताया कि विश्व शांति के लिए भारतीय आध्यात्मिक ज्ञान मार्गदर्शक बन सकता है परन्तु इसके लिए वैचारिक क्रांति की आवश्यकता है।

स्वतंत्रता सेनानी हुकुमराज मेहता ने बताया कि प्रथम विश्व युद्ध में एक करोड़ तथा द्वितीय विश्व युद्ध में पांच करोड़ लोग मारे गए और अब तो मानव की संहारक क्षमता कई गुनी बढ़ गई है।

शक्ति पीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने भी विचार व्यक्त किए। विचार गोष्ठी का संयोजन प्रो. बी.एल. समदानी ने किया।

पत्रिका अवलोकित 8.8.90

अब युद्ध हुआ तो हजारों हीरोशिमा बन सकते हैं

उदयपुर, 7 अगस्त [न्कयूज]। राष्ट्र के प्रति निष्ठा बनी रहे इसके लिये आवश्यक है कि मनुष्य के जीवन निर्वाह की आधारभूत आवश्यकताएं पूरी होती रहे। ऐसा नहीं होने पर वह युद्धोन्मादी हो जाता है। वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में ऐसी राष्ट्रीय भावना पैदा करने की आवश्यकता है जिसमें सामुदायिक प्रतिबद्धता हो।

यह विचार प्रसिद्ध नाट्यकर्मी मंगल सक्सेना ने हिरोशिमा दिवस पर सूचना केन्द्र में स्वेच्छिक संस्था शांतिपीठ की ओर से आयोजित राष्ट्र निर्माण एवं विश्वशांति विषयक विचार गोष्ठी में बोलते हुए व्यक्त किये।

उन्होंने बताया कि जब धर्मशासन का हथियार बन जाये तब समस्या और विकट हो जाती है हमें मानव धर्म के मूल तत्वों को जोड़कर प्रकृति के साथ सौहार्दता बरतने वाले नये राष्ट्र धर्म की रचना करनी चाहिये।

राजस्थान कृषि महाविद्यालय के डीन डा.आर.सी. मेहता ने बताया कि विश्व शांति के लिये भारतीय आध्यात्मिक ज्ञान मार्गदर्शन बन सकता है परन्तु इसके लिये वैचारिक क्रांति की आवश्यकता है।

स्वतंत्रता सेनानी हुकुमराज मेहता ने बताया कि प्रथम महायुद्ध में एक करोड तथा इतनी बढ गयी है कि अब अगर युद्ध हुआ तो हजारों हिरोशिमा बन सकते हैं। उन्होंने विश्व शान्ति के लिये आंतरिक शांति को आवश्यक बताया और युद्ध पर होने वाले खर्चे को राष्ट्र निर्माण में बाधक बताया।

इस अवसर पर एडवोकेट नूर मोहम्मद ने कहा कि कोई भी मजहब अलगाववाद और नाइंसाफी नहीं सिखाता हमें एक दूसरे के धर्म को समझने एवं इनका आदर करने की जरूरत है।

शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि हम जीवन का विज्ञान भूलकर अध्यात्मक का दुरूपयोग कर रहे हैं तथा अपनी मौलिकता खोते जा रहे हैं। आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। ऐसे में यह आवश्यक है कि नयी पीढी में नैतिक मूल्यों की स्थापना की जाये।

विचार गोष्ठी का संचालन प्रो. बी.एल. सदानी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शांतिपीठ के डा.पी.एल. अग्रवाल ने किया।

उदयपुर एक्सप्रेस
उदयपुर सोमवार 6 अगस्त 1990

हिरोशिमा दिवस की पूर्व संध्या पर विचार गोष्ठियां आयोजित

उदयपुर, 5 अगस्त । हिरोशिमा दिवस की पूर्व संध्या पर आज शांतिपीठ द्वारा राष्ट्र निर्माण एवं विश्व शांति विषयक पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।

गोष्ठी में अपने अध्यक्षीय भाषण में बोलते हुए नाट्यकर्मी मंगलसक्सेना ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भमें ऐ ीराष्ट्रीय भावना पैदा करने की आवश्यकता हैं जिसमें सामुदायिक प्रतिबद्धता हो ।

गोष्ठी में अनेक वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये ।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 3 अगस्त, 1990

हिरोशिमा दिवस पर शांतिपीठ की ओर से विविध आयोजन

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 2 अगस्त। हिरोशिमा स्मृति दिवस के उपलक्ष में नगर में आगामी 6 अगस्त को विविध आयोजन होंगे। स्वैच्छिक शांतिपीठ की ओर से इस अवसर पर 4 से 7 अगस्त तक गोष्ठियां प्रार्थना सभा, प्रभात फेरी आदि के आयोजन होंगे।

शांतिपीठ के महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी के अनुसार 4 अगस्त को सुबह 10 बजे टाउन हाल से जुलूस शुरू होगा, जिसे डी.आई.जी. शांतनुकुमार रवाना करेंगे। यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुई भूपाल स्टेडियम पहुंचकर शांति सभा में बदल जाएगा, जिसे महारणा मेवाड़ फाउन्डेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष अरविन्द सिंह मेवाड़ तथा विधि एवं न्याय राज्यमंत्री शांतिलाल चपलोत संबोधित करेंगे।

5 अगस्त रविवार को सुबह 10 बजे सूचना केन्द्र में राष्ट्र निर्माण एवं विश्व शांति विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन होगा, जिसकी अध्यक्षता रंगकर्मी मंगल सक्सेना करेंगे। गोष्ठी में नंद चतुर्वेदी, डॉ. गिरिजा व्यास, कृषि महाविद्यालय के डीन आर.सी. मेहता, हुकमाराम मेहता व नूर मोहम्मद आदि वक्ता अपने विचार रखेंगे।

छह अगस्त को हिरोशिमा दिवस पर प्रातः सवा आठ बजे गुलाब बाग में प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें जिला कलक्टर रतनसिंह सिंघी, गृह विज्ञान महाविद्यालय की प्राचार्य, डॉ. पी. सुन्दरम, इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष पी.एल. अग्रवाल व फादर वर्गीए आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

सात अगस्त को वन महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।। अमरहुजी में शिक्षण संस्थाओं के बालकों द्वारा वृक्षारोपण कार्य होगा। इस कार्यक्रम में सिंचाई मंत्री विजयसिंह झाला व जनजाति विकास राज्य मंत्री चुन्नीलाल गरासिया भी भाग लेंगे।

शान्तिपीठ, उदयपुर

आमंत्रण चतुर्दिवसीय

हिरोशिमा स्मृति दिवस-90 के कार्यक्रमों

की श्रंखला के तहत आज दिनांक 4.8.90 शनिवार को प्रातः 10 बजे आरम्भ होने वाली शान्ति रेली में और प्रातः 11 बजे स्टेडियम में आयोजित शान्ति सभा में आप सादर आमंत्रित हैं।

मुख्य अतिथि- श्री शान्तिलाल चपलोत [राज्यमंत्री]

सभाध्यक्ष- श्रीजी अरविन्द सिंह 'मेवाड़'

★ विनित ★

कार्यक्रम आयोजन समिति


जय राजस्थान

उदयपुर, शुक्रवार, 20 जुलाई 1990

हिरोशिमा दिवस पर शांति मार्च

उदयपुर। पर्यावरणीय संवर्धन मानव मूल्यों के उन्नयन एवं विश्व शांति के लिए समाज में जन चेतना जागृत करने के परिपेक्ष्य में स्वैच्छिक संस्थान शांतिपीठ आगामी हिरोशिमा स्मृति दिवस के अवसर पर एक चतु-दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करेगा।

प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत 4अगस्त को एक विशाल शांति मार्च का आयोजन होगा जिसमें प्रति वर्ष की भांति हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं, सरकारी एवं गैर सरकारी संगठन तथा विभिन्न क्षेत्रों के लोग सम्मिलित होंगे।

यह शांति जुलूस प्रातः दस बजे से टाउन हाल से प्रारम्भ होगा जो नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ अन्त में भण्डारी दर्शकमण्डप में एक शांति सभा का रूप लेगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन राष्ट्र का निर्माण एव विश्व शांति पर एक सभा का आयोजन होगा।

उल्लेखनीय है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा नगर पर 6अगस्त 1945 को प्रातः सवा आठ बजे ही अमरीका द्वारा परमाणु बम डाला गया था जिसमें सवा लाख लोग तत्काल मौत के मुंह में समा गये थे। कार्यक्रम के अन्तिम दिवस 7 अगस्त को ऐतिहासिक स्थल अमरकजी में वन महोत्सव एक समारोह पूर्वक मनाया जायेगा जिसमें नगर एवं आसपास के गांवों के हजारों की संख्या में स्त्री-पुरुष और बच्चे भाग लेंगे।


राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 19 जुलाई, 1990

हिरोशिमा स्मृति दिवस पर कई आयोजन होंगे

उदयपुर, 18 जुलाई [वि.]। शांतिपीठ संस्थान की ओर से हिरोशिमा स्मृति दिवस पर चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी के अनुसार 4 अगस्त को शान्ति मार्च का आयोजन होगा जिसमें छात्र-छात्राएं, सरकारी एवं गैरी सरकारी संगठन तथा विभिन्न क्षेत्रों के लोग सम्मिलित होंगे। शान्ति मार्च प्रातः 10 बजे टाउन हाल से प्रारंभ होगा जो नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ भण्डारी दर्शक मण्डप पर पहुंचकर 'शान्ति सभा' का रूप लेगा।

कार्यक्रम के अगले दिन 'राष्ट्र निर्माण एवं विश्व शान्ति' विषय पर सभा का आयोजन होगा एवं 6 अगस्त को हिरोशिमा दिवस पर प्रातः 8.15 बजे मौना सभा होगी, जिसमें 5-6 वर्ष के बच्चे एवं उनकी माताएं आमंत्रित होंगी। उल्लेखनीय है कि द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा नगर पर 6 अगस्त, 1945 को प्रातः सवा आठ बजे ही अमरिका द्वारा परमाणु बम डाला गया था, जिसमें सवा लाख लोग तत्काल मौत के मुंह में समा गए थे।

7 अगस्त को अमरकजी में वन महोत्सव मनाया जायेगा जिसमें नगर एवं आसवास के गांवों के हजारों पुरुष और बच्चे भाग लेंगे।

पत्रिका उदयपुर, 22 मार्च, 1990

नामीबिया की आजादी का स्वागत

उदयपुर, 21 मार्च [वि.]। स्थानीय शान्तिपीठ ने नामीबिया की आजादी का स्वागत किया है। पीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदे ने इसे न्याय के लम्बे संघर्ष का ऐतिहासिक प्रतिफल बताया है।

पत्रिका : उदयपुर, 8 अप्रेल, 1990

वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में महावीर के संदेशों की प्रासंगिकता पर स्वैच्छिक संस्था शांति पीठ द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। नाट्यकर्मी मंगल सक्सेना ने महावीर के अनेकांतवाद पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सही और गलत का निर्धारण संदर्भित परिस्थितियों और दृष्टिकोण पर निर्भर करता है इसलिए किसी भी दृष्टिकोण को सत्य कहना दुराग्रह है और हर प्रकार का दुराग्रह हिंसा है। गोष्ठी में पर्यावरणविद् प्रो. विजय नारायण प्रहलाद, नारायण वाजपेयी, सुरेंद्र मोहन नैय्यर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

4, जनमंगल 10 दिसम्बर, 89

मानवाधिकारों का हनन सत्ताधारी ही करते है ।

१० दिसम्बर १९८९ को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शान्ति पीठ द्वारा 'मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन शान्ति पीठ कार्यालय में किया गया ।

विभिन्न विद्वानों द्वारा यह विचार व्यक्त किये गये कि वर्तमान समाज में बदलते परिवेश में मानवाधिकारों की पुनर्व्याख्या की आवश्यकता है ।

यह वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य देशों की सरकारों द्वारा उदघोषित मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा के चालीसवें वार्षिकोत्सव का वर्ष है। आवश्यकता इस बात की है कि समाज में न कोई भेदभाव हो और न कोई क्रूरता ।

विश्व एक गांव की परिकल्पना में सिमटता जा रहा है और सम्पूर्ण सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक संरचना में द्रुत गति से बदलाव आ रहा है ऐसे में सामाजिक न्याय तथा नैतिक मूल्यों के संदर्भ में पुनः मानवाधिकारों को समग्र रुप से समझने की आवश्यकता है ।

हम सब एक ही परिवार मानव परिवार के सदस्य हैं । हम में से प्रत्येक को एक ही तरह के मूलभूत एवं समान अधिकार हैं । हम में से प्रत्येक को अधिकार है कि हमारे उन अधिकारों का सम्मान पाने का और हम में से प्रत्येक को यह जिम्मेदारी है कि हम दूसरे के अधिकारों का संरक्षण करें ।

गोष्ठी के प्रमुख वक्ता किशोर संत ने कहा संसार में आज जिनके पास सत्ता है, वही मानवाधिकारों का सबसे अधिक उपहास करते हैं । सत्ता का, अर्थ तन्त्र का अथवा धर्म सम्प्रदाय का जितना अधिक केन्द्रीयकरण होगा मानवाधिकारों का उतना ही कम संरक्षण होगा ।

जाति, योनि, भाषा और रंग में भिन्नता से मानवाधिकार नहीं बदलते- न ही सम्पत्ति, सामाजिक उत्पत्ति, राजनैतिकविचार का धार्मिक विश्वास में भिन्नता उन्हें बदलती है ।

शान्ति पीठ के संस्थापक श्री अनन्त गणेश ने कहा कि सामाजिक न्याय के बिना मानवाधिकारों की कल्पना करना सहज नहीं है । मानव मूल्यों के संरक्षण से ही मानवाधिकारों का महत्व संसार में प्रतिष्ठित होगा ।

कानून की निगाह में सभी बराबर है और बिना भेदभाव के समान कानूनी सुरक्षा के अधिकारी है । यदि इसका अतिक्रमण करके कोई भी भेदभाव किया जाय या उस प्रकार के भेदभाव को किसी प्रकार से उकसाया जाय, तो उसके विरुद्ध समान संरक्षण का अधिकार सभी को प्राप्त है ।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर रवीन्द्र वर्मा ने कहा जब तक निम्न स्तर पर जीने वाले करोड़ों लोगों के जीवन यापन का वर्तमान उन्नत नहीं बनाया जाता तब तक मानवता के सुखद भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती ।

गोष्ठी का संयोजन करते हुए पर्यावरण विद् डा. लक्ष्मीलाल शर्मा ने अभ्यागत विद्वानों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

We must adopt the way of Mahatma Gandhi

Saturday 09 Aug, 2008 05:32 PM New Delhi We must adopt the way of Mahatma Gandhi our Father of Nation and must work with unity and live in unity. Holistic principle of unity assures us of curbing problem like terrorism. It was said by President of Indian Council for Cultural Relations {ICCR } & Member of Rajya sabha Dr. Karan Singh at the seminar on the occasion of Hiroshima Day organized by Shantipeeth, India, Udaipur [Rajasthan] at Gandhi Smriti seminar hall in New Delhi.



He said if we are not able to control violence in our society how it will be possible to do it in the world which is now in its grip. He further said that we can achieve nothing accept destruction through violence. Dr. Singh said that we must adopt way of dialogue and cooperation. He gave a call to the youth to be alert and awake for never to see any more Hiroshima in the world.

Former foreign secretary Mr. Jagat S. Mehta said that Hiroshima was a perversion of science. Science must be channelized only towards human welfare. He emphasized that we must be upright and straight-forward in action and have courage to deny and condemn Hiroshima. Chairperson of Gandhi Peace Foundation Mrs. Radha Bhatt said that to talk of Gandh is so easy but living in action is a tough task.

Secretary General of Shantipeeth, India Mr. Anant Ganesh Trivedi explained the view of the seminar on "Terror Free World" and said that the advancement of science and technology must be linked to non-violence to create atmosphere of peace and humane society.

Gandhi and Mr. Babu Lal Sharma, Dr. Bajrang Tiwari from Delhi University also expressed their views. Dr. Sampatraj from Shantipeeth gave vote of thanks.

दैनिक नवज्योति अजमेर दिनांक 12 दिसंबर 89

मानवाधिकारों की व्याख्या पुनः हो

उदयपुर 11 दिसंबर (नव न्यूज)। वर्तमान समाज के बदलते परिवेश में मानवाधिकारों की पुर्नव्याख्या की आवश्यकता है।

विश्व एक भू गांव की परिकल्पना में सिमट गया है और संपूर्ण सामाजिक आर्थिक, राजनैतिक एवं परिस्थितिकी सरचंना में द्रुतगति से बदलाव आ रहा ह। ऐसे में सामाजिक न्याय तथा नैतिक मूल्यों के संदर्भो में मानवाधिकार को पुनः समग्र रूप से समझने की आवश्यकता है।

प्रारंभ में शान्ति पीठ के संस्थापक अन्नत गणेश त्रिवेदी ने गोष्ठी को संबोधित करते हुये कहा कि सामाजिक व्याख्या के बिना मानवाधिकारों की प्रतिष्ठा की कल्पना करना सहज नहीं है।

12 दि० 89 नया राजस्थान

मानवाधिकारों कोपुनः समझने की जरूरत

उदयपुर (काप्र)। उदयपुर में सामाजिक न्याय तथा नैतिक मूल्यों के सन्दर्भो में मानवाधिकारों को पुनः समग्र रूप से समझने की आवश्यकता है। उक्त विचार 'शांतिपीठ' द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय विषयक आयोजित विचारगोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किये। शान्तिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा सामाजिक न्याय के बिना मानवाधिकारी की प्रतिष्ठा की कल्पना करना सहज नहीं है।

सामाजिक कार्यकर्ता किशोर संत ने कहा संसार में आज जिनके पास सन्ता है वही मानवाधिकारों का सबसे अधिक उपहास करते है। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर रविन्द्र वर्मा ने शक्तिशाली जनतंत्र को मानवाधिकारों का एक शक्ति-स्त्रोत बताया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 11 दिसम्बर, 1989

'सत्ताधारी ही मानवाधिकारों का उपहास करते हैं'

उदयपुर, 10 दिसम्बर [वि.]। सामाजिक कार्यकर्ता किशोर सन्त ने कहा कि संसार में आज जिनके पास सत्ता है, वही मानवाधिकारों का सबसे ज्यादा उपहास करते हैं।

वे रविवार को यहां विश्व मानवाधिकार दिवस पर 'मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय' विषयक विचारगोष्ठी में प्रमुख वक्ता के रूप में बोल रहे थे। स्वैच्छिक संस्थान 'शान्ति पीठ' द्वारा आयोजित इस गोष्ठी में उन्होंने कहा कि जितना अधिक केन्द्रीयकरण सत्ता, अर्थतंत्र, धर्म या सम्प्रदाय का होगा उतना ही कम संरक्षण मानवाधिकारों को मिल पाएगा।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए राजनीति शास्त्री के प्रोफेसर रवीन्द्र वर्मा ने शक्तिशाली जनतंत्र को मानवाधिकारों का एक शक्ति स्त्रोत बताया। उन्होंने बदलते सामाजिक परिवेश को मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए उपयुक्त समय बताया।

प्रारंभ में शान्ति पीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सामाजिक न्याय के बिना मानवाधिकारों की प्रतिष्ठा की कल्पना करना सहज नहीं है। गोष्ठी का संयोजन पर्यावरण विशेषज्ञ डा. लक्ष्मीलाल शर्मा ने किया।

जय राजस्थान
उदयपुर बुधवार 25 अक्टूबर 1989

संयुक्त राष्ट्र दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

उदयपुर 24 अक्टूबर । संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व समुदाय को व्यावहारिक स्तर पर अपना अर्थ देने लगा है ।

उक्त विचार यहां स्वैच्छिक संस्था शांति पीठ की ओर से संयुक्तराष्ट्र संघ दिवस के अवसर पर अपराह्न विश्व शांति एवं संयुक्त राष्ट्र संघ विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में व्यक्त किये गये ।

गोष्ठी में प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के विशेषज्ञ प्रो आर. के. वर्मा ने इस विश्व संगठन को एक चौपाल की संज्ञा दी ।

शांति पीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की संरचना में मानवीय मूल्यों एवं सांस्कृतिक मेल जोल बढाने की विशेष व्यवस्था बनाये जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की ।

पत्रिका उदयपुर, 25 अक्टूबर, 1989

संयुक्त राष्ट्र दिवस पर विविध आयोजन हुए

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 24 अक्टूबर। संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के उपलक्ष में मंगलवार को यहां विभिन्न संस्थाओं की ओर से विचारगोष्ठियां आयोजित की गईं। जिला कलक्ट्री पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ ही संयुक्त राष्ट्र संघ का ध्वज फहराया गया।

स्वैच्छिक संस्था 'शांतिपीठ' की ओर से इस अवसर पर 'विश्व शांति एवं संयुक्त राष्ट्र संघ' विषयक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के प्रमुख वक्ता अंतर्राष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ प्रो. आर.के. वर्मा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ गांव की उस चौपाल के समान है जो अधिकार संपन्न नहीं होते हुए भी नैतिक बल से गांव की समस्याएं सुलझाने में सफल रहती है। उन्होंने नामीबिया समस्या, ईरान-इराक युद्ध व अफगान समस्या खत्म कराने की दिशा में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर प्रकाश डाला।

शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने मानवीय मूल्यों व सांस्कृतिक मेलजोल बढ़ाने की दिशा में संयुक्तराष्ट्र संघ की भूमिका पर बल दिया। गोष्ठी में पारित एक प्रस्ताव में भारत सरकार से आग्रह किया था कि पृथ्वी संरक्षण कोष को संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणा-पत्र में शामिल किया जाए। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. बी.एल. समदानी ने किया।

दैनिक नवज्योति
अजमेर- 9-8-1989

निशस्त्रीकरण का अंकुश ही एक विकल्प

उदयपुर (नव न्यूज)। शिव शांति के लिए न्यूक्लीयर शक्ति पर निशस्त्रीकरण का अंकुश ही एक मात्र विकल्प है। ये विचार भारत स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ सूचना केन्द्र के मुख्य अधिकारी एवं निदेशक श्रीभाई चन्द्र पटेल ने रविवार को शांति पीठ द्वारा विस्तार निदेशालय के सभागार में हिरोशिमा दिवस पर शांति एवं निशस्त्रीकरण विषय पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए व्यक्त किये।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्व में बढ़ रहा सैन्यीकरण मानवता के लिए घातक है और इस खतरे को रूस एवं अमेरिका जैसे सम्पन्न राष्ट्रों ने भी स्वीकारा है। इसी का परिणाम है कि आज रूस और अमेरिका ने अपने अस्त्र-शस्त्रों में कटौति की है। उन्होंने कहा कि अस्त्र-शस्त्रों के निर्माण पर किये जा रहे खर्चे को रचनात्मक कामों पर खर्च किया जाना चाहिए।

राजस्थान पत्रिका

हिरोशिमा दिवस पर संगोष्ठी और जुलूस

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 6 अगस्त। शांतिपीठ की ओर से रविवार को यहां विस्तार निदेशालय के सभागार में हिरोशिमा दिवस पर 'शांति एवं निःशस्त्रीकरण' विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई, जबकि इन्टरनेशनालिस्ट फ्रन्ट अगेन्स्ट रिवेक्शनरी वार [इकार] की ओर से टाउन हाल में जुलूस निकाला गया।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता भारत स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ सूचाना केंद्र के निदेशक भाईचंद पटेल ने हथियारों के निर्माण पर किए जा रहे खर्च को रचनात्मक कार्यों में लगाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि परमाणु शक्ति का उपयोग होने दिया गया तो मानवता का पूर्ण विनाश हो जाएगा।

संगोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने की। डा. रवीन्द्र वर्मा, बी.एम. समदानी व डा. राजेन्द्र सक्सेना ने भी शांति और अहिंसा की सार्थकता प्रतिपादित की। अंत में धन्यवाद प्रो. विजय नारायण ने दिया। संगोष्ठी का संचालन शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने की।

राजस्थान पत्रिका- 3.10.89

संभाग में बापू व शास्त्री की याद में कई आयोजन हुए .....

[कार्यालय संवाददाता]

[पृष्ठ एक का शेष]

स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ तथा राजस्थान महिला विद्यालय के तत्वावधान में महिला विद्यालय परिसर में आयोजित गोष्ठी में राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष मंगल सक्सेना ने कहा कि विश्व को यदि विनाश से बचाना है तो गांधी के आदर्शों का सार्वजनिक जीवन में अनुकरण करना होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष पी.एल. अग्रवाल थे। गोष्ठी की अध्यक्षता महिला विद्यालल संस्थान के सचिव भाई भगवान ने की। प्रारंभ में शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने अपने विचार व्यक्त किए।

शान्ति ही मानव सभ्यता के विकास का आधार : डा. गिरिजा व्यास

पर्यटन राज्य मन्त्री डा. गिरिजा व्यास ने कहा कि हम शांति और सद्भाव के वातावरण में इक्कीसवीं शताब्दी में प्रवेश करना चाहते हैं क्योंकि शांति ही मानवीय सभ्यता के भावी विकास का आधार है ।



(डा. गिरिज व्यास)

डा व्यास भण्डारी दर्शक मण्डप में नगर के विभिन्न विद्यालयों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से शांति पीठ द्वारा हिरोशिमा दिवस के अवसर पर आयोजित शांति सभा को सम्बोधित कर रही थी ।

उन्होंने कहा कि आज हमें इस बात पर नये सिरे से विचार करना होगा कि हिरोशिमा में घटित महा-विनाश की पुनरावृति न हो, क्योंकि आज भी विश्व के बड़े और सम्पन्न राष्ट्र परमाणु अस्त्रों की होड़ में लगे हुए है। शान्ति और सहअस्तित्व में विश्वास रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति समाज और राष्ट्र को इस अंधी होड़ का विरोध करना चाहिये ।

पर्यटन राज्य मंत्री ने इस अवसर पर देश में भी एकता और शान्ति की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आजादी के बाद हमने प्रत्येक क्षेत्र में निरन्तर प्रगति की है लेकिन हम अपने सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों की रक्षा नहीं कर पाए इसी के परिणाम स्वरुप आज भी हमारे देश में धर्म के नाम पर अलगाववादी तत्व सक्रिय है जिनसे हमें हर कीमत पर निपटना होगा ।

उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर धर्म हमारे लिए

मंत्री ने इस अवसर पर युद्ध की विभिषिका पर स्वरचित नज्म भी सुनाई

सभा की अध्यक्षता करते हुए श्री अरविन्द सिंह मेवाड़ ने कहा कि वैज्ञानिक उन्नति के साथ साथ विश्व इतना छोटा होता जा रहा है कि



(अरविन्दसिंह मेवाड़)

भौगोलिक और सामाजिक सीमाओं का अब कोई महत्व नहीं रह गया है, प्रत्येक विषय विश्व व्यापी हो गया है । इसमें से मुख्य विषय है- शान्ति और सह अस्तित्व का हैं उन्होंने कहा कि परमाणु अस्त्रों से भी शक्तिशाली स्वयं मानव पर यह निर्भर करता हैं कि वह इस शक्ति का इस्तेमाल किस रुप में करना चाहता है । परमाणु शक्ति का उपयोग शान्ति और विकास के लिए भी हो सकता हैं ऐसा भारत ने विश्व को कर दिखाया है ।

श्री सिंह ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भारत शांति का दूत रहा है तथा भविष्य में भी विश्व शांति कायम करने तथा आधुनिक लडाकू हथियारों के उचित प्रयोग भी दिशा में अपनी भूमिका को बरकरार रखेगा तो ही हमारे लिए यह दिवस मनाना उचित है । तथा यह दिवस मनाकर हमने सभी राष्ट्रों की सीमाओं को पार किया है ।

इस अवसर पर श्री लतीफ सेन्टपाल के विशप तथा देवस्थान आयुक्त श्री डी० सी० शर्मा ने भी विश्व बन्धुत्व सह अस्तित्व, साम्प्रदायिक और धार्मिक सद्भाव की भावना के प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया, राज० महिला विद्यालय की छात्रा कुमारी सदर्शना ने भी बड़े ही भाव

और परमाणु निरस्त्राकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला । श्री राजेन्द्र सक्सेना ने आभार व्यक्त किया ।

इससे पूर्व प्रात: टाउन हाल से एक शान्ति मार्च का आयोजन किया जिसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया । जिला कलक्टर श्री अतुल कुमार गर्ग ने यह मार्च प्रारम्भ किया नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ यह शान्ति मार्च भण्डारी दर्शक मण्डप पहुंच कर सभा में बदल गया ।

जय राजस्थान - 6 अगस्त 1989



हिरोशिमा दिवस पर रैली को सम्बोधित करती हुई पर्यटन राज्यमन्त्री डा. गिरिजा व्यास। छाया : रामा

उदयपुर में हिरोशिमा दिवस पर विद्यार्थियों का शांति मार्च

उदयपुर, 5अगस्त । पर्यटन राज्य मंत्री डा. गिरिजा व्यास ने कहा कि हम शांति और सद्भाव के वातावरण में इक्कीसवीं शताब्दी में प्रवेश करना चाहते है क्योंकि शांति ही मानवीय सभ्यता के भावी विकास का आधार है।

डा. व्यास आज शनिवार को यहां भण्डारी दर्शक मण्डप में नगर के विभिन्न विद्यालयों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से शांति पीठ द्वारा हिरोशिमा दिवस के अवसर पर आयोजित शांति सभा को सम्बोधित कर रही थी।

सभा की अध्यक्षता करते हुए परविन्द सिंह मेवाड ने कहा कि वैज्ञानिक उन्नति के साथ- साथ विश्व इतना छोटा होता जा रहा है कि भौगोलिक और सामाजिक सीमाओं का अब कोई महत्व नहीं रह गया है, प्रत्येक विषय विश्वव्यापी हो गया है।

इस अवसर पर लतीफ सेन्टपाल बिशप तथा देवस्थान आयुक्त डी सी. शर्मा, राज. महिला विद्यालय की छात्रा कुमारी सदशंना ने भी बड़े ही भावपूर्ण शब्दों में अपने विचार रखे।

प्रारम्भ में शांति पीठ के सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने हिरोशिमा दिवस और परमाणु निरस्त्रीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। राजेन्द्र सक्सेना ने आभार व्यक्त किया।

इससे पूर्व प्रात: टाउन हाल से एक शांति मार्च का आयोजन किया, जिसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जिला कलक्टर अतुल कुमार गर्ग ने यह मार्च प्रारम्भ किया जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ यह शांति मार्च भण्डारी दर्शक मण्डप पहुंच कर सभा में बदल गया।

हिरोशिमा स्मृति दिवस पर कल मौन जुलूस

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 3 अगस्त। हिरोशिमा स्मृति दिवस के अवसर पर 5 व 6 अगस्त को उदयपुर में शांतिपीठ द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उदयपुर में शांतिपीठ लगातार चौथे वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी के अनुसार पांच अगस्त को टाउनहाल से विद्यार्थियों व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों का एक मौन जुलूस प्रातः 10 बजे शुरू होगा। नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ यह जुलूस भंडारी दर्शक मंडप पहुंच कर शांति सभा में तब्दील हो जाएगा।

त्रिवेदी के अनुसार छह अगस्त को सुबह 11.30 बजे विस्तार निदेशालय के सभागार में 'शांति एवं निरस्त्रीकरण' विषय पर गोष्ठी होगी

हिरोशिमा स्मृति दिवस आज

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 4 अगस्त। स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ की ओर से 'हिरोशिमा स्मृति दिवस' पर शनिवार को आयोजित मौन जुलूस को टाउन हाल से जिला कलक्टर अतुल गर्ग रवाना करेंगे, जो भण्डारी दर्शक मंडप में जाकर सभा में बदल जाएगा। जुलूस सुबह 10 बजे रवाना होगा।

सभा की अध्यक्षता अरविंद सिंह मेवाड़ करेंगे और मुख्य अतिथि पर्यटन राज्यमंत्री गिरिजा व्यास होंगी। सभा में महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री, नईमउल्ला साहब एवं सेन्टपॉल के बिशप भी उद्बोधन देंगे।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 6 अगस्त, 1989



हिरोशिमा दिवस पर शांतिपीठ द्वारा उदयपुर में शनिवार को निकाली गई शांति मार्च का एक दृश्य। [समाचार पृष्ठ तीन पर]

हिरोशिमा दिवस की स्मृति में शान्ति मार्च व सभा हुई

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 5 अगस्त। हिरोशिमा त्रासदी 6 अगस्त 1945 की स्मृति में शनिवार को नगर में स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ ने स्कूली छात्र-छात्राओं का एक शांति मार्च और शांति सभा का आयोजन किया।

टाउन हॉल से शुरू हुए शांति मार्च को जिला कलक्टर अतुल गर्ग ने रवाना किया और जो नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए भंडारी दर्शक मंडप पहुंच कर शांति सभा में बदल गया।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पर्यटन राज्यमंत्री डा. गिरिजा व्यास ने कहा कि शांति ही मानव सभ्यता का आधार है इसलिए हम शांति और सद्भाव के माहौल में 21वीं सदी में प्रवेश करना चाहते हैं।

सभा की अध्यक्षता करते हुए अरविंद सिंह मेवाड़ ने कहा कि वैज्ञानिक तरक्की के साथ विश्व इतना सिकुड़ता जा रहा है कि आज भौगोलिक एवं सामाजिक सीमाओं का कोई महत्व नहीं रह गया है।

इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के अब्दुल लतीफ, सेंटपॉल के बीशप तथा देवस्थान आयुक्त डी.सी. शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। छात्र-छात्राओं की प्रतिनिधि के रूप में राजस्थान महिला विद्यालय की छात्रा कुमारी सुदर्शना ने राष्ट्रीय एकता एवं विश्व शांति पर विचार व्यक्त किए।

सभा के प्रारंभ में शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने हिरोशिमा दिवस की मौजूदा हालात में प्रासंगिकता एवं पूर्ण निरस्त्रीकरण के बारे में विचार रखे। राजेन्द्र सक्सेना ने शांतिपीठ की ओर से आभार ज्ञापित किया। रविवार को विस्तार निदेशालय के

जनमंगल 15 नवम्बर, 88

एकता, स्वतन्त्रता एवं न्याय विषय पर गोष्ठी

नामीबिया स्वतन्त्रता संघर्ष के परिप्रेक्ष्य में सुखाडिया विश्व विद्यालय के राजनीति शास्त्र में अन्तर्राष्ट्राय सम्बन्धों के विशेषज्ञ प्रो. आर. के. वर्मा ने कहा कि नामीबिया का आजादी संघर्ष वास्तव में तीसरी दुनिया द्वारा न्याय की मांग है ।

प्रो. आर. के. वर्मा विस्तार निदेशालय में शान्तिपीठ द्वारा 'एकता, स्वतन्त्रता एवं न्याय विषय पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे ।

नामीबिया की आबादी पांच लाख तीस हजार हैं वहां २७ विभिन्न बोलियां बोली जाती है । अनेक कबीले है । नामीबिया के आजादी के संघर्ष में इन सभी कबीलों की एकजुटता का अपना विशेष महत्व है। श्री वर्मा ने आजादी के संघर्ष के लिये चलने वाले आन्दोलन के इतिहास पर प्रकाश डाला ।

नामीबिया संघर्ष की चर्चा समय-समय पर संयुक्त राष्ट्र संघ में निरन्तर की जाती रही है । सुरक्षा परिषद में भारत सरकार ने नामीबिया के स्वतन्त्रता संघर्ष को समर्थन देते हुये सराहनीय भूमिका का निर्वाह किया है सुरक्षा परिषद द्वारा प्रस्ताव ४३५ पारित किया गया जिसके द्वारा दक्षिण अफ्रीका के बहिष्कार की बात कही गई है ।

नामीबिया संघर्ष को एक न्याय का संघर्ष बताते हुए शान्ति पीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने इसे स्वत्व की रक्षा के लिये स्वायत्तता की माँग बताया । नामीबिया संघर्ष के महत्व को स्पष्ट करते हुए श्री त्रिवेदी ने स्वतन्त्रता के लिए सम्पूर्ण मानव जाति की एकजुटता की आवश्यकता प्रतिपादित की ।

आज का यथार्थ यह है कि निमोनिया अपनी स्वतन्त्रता के बहुत निकट है ।

गोष्ठी की अध्यक्षता नगर के प्रमुख व्यवसायी एवं समाज सेवक श्री एम. एस. मुंडिया न की ।

5-11-1988

राजस्थान पत्रिका

नामीबिया के स्वतंत्रता संघर्ष पर गोष्ठी आज

उदयपुर, 3 नवम्बर [वि.]। नगर की स्वैच्छिक संस्थान शांति पीठ शुक्रवार को विस्तार निदेशालय सभागार में नामीबिया के स्वतंत्रता संघर्ष पर "एकता, स्वतंत्रता एवं न्याय" विषय पर संगोष्ठी आयोजित करेगा।

यह जानकारी शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने मंगलवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में दी। उन्होंने बताया कि 'स्वापो ऑफ नामीबिया' के राजदूत टी. कालोमो संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता होंगे।

राजस्थान पत्रिका

6-11-88

नामीबिया की आजादी के लिए विकासशील देश संघर्ष करें

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 5 नवम्बर। नामीबिया का आजादी के लिए संघर्ष तीसरी दुनिया की ओर से न्याय की मांग है। इसके लिए तीसरी दुनिया के देशों को एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए।

ये विचार सुखाड़िया विश्वविद्यालय के राजनीति-शास्त्र में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञ प्रो. आर.के. वर्मा ने शनिवार को यहां विस्तार निदेशालय सभागार में शांतिपीठ की ओर से आयोजित नामीबिया के स्वतंत्रता संघर्ष पर 'एकता, स्वतंत्रता एवं न्याय' विषयक गोष्ठी में बोलते हुए व्यक्त किए।

शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने नामीबिया संघर्ष को न्याय का संघर्ष बताया। गोष्ठी में कई अन्य प्रबुद्ध लोगों ने भी अपने विचार रखे। गोष्ठी की अध्यक्षता व्यवसायी एवं समाज सेवक एम.एस. मुर्डिया ने की।

Navajyoti

नामीबिया का संघर्ष न्याय की मांग

उदयपुर (नव न्यूज)। नामीबिया का आजादी संघर्ष वास्तव में तीसरी दुनियां द्वारा न्याय की मांग है।

नामीबिया स्वतंत्रता संघर्ष के परिपेक्ष्य में एकता स्वतंत्रता एवं न्याय विषय पर शांति पीठ द्वारा आयोजित संगोष्ठी में बोलते हुए यह बात सुखाड़िया विश्व विद्यालय के राजनीति शास्त्र में अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के विशेषज्ञ प्रो. आर. के. वर्मा ने कही। ५ लाख तीस हजार लोगों की आबादी वाले कबिलीआई समुदाय के एक जुटता संघर्ष के महत्व को बताते हुए उन्होंने इसके आंदोलन के इतिहास पर प्रकाश डाला और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव नम्बर ४३५ का हवाला देते हुए नामीबिया संघर्ष में भारत की सक्रिय भूमिका की सराहना की। उक्त प्रस्ताव साउथ अफ्रीका का व्यापारिक बहिष्कार करता है। साथ ही प्रो. वर्मा ने महाशक्तियां द्वारा आणविक अस्त्रों के भंडारण की हिंसक प्रवृति की कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हुए परमाणु बमको प्रगति सूचक माने जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

नामीबिया संघर्ष को एक न्याय का संघर्ष बताते हुए शांति पीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने इसे स्वत्व की रक्षा के लिए स्वायत्ता की मांग कहा।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 18 नवम्बर, 1988

फिलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने का स्वागत

उदयपुर, 17 नवम्बर [वि.]। नवघोषित फिलस्तीन राष्ट्र को भारत द्वारा मान्यता देने की घोषणा का शांति पीठ उदयपुर ने स्वागत किया है।

शांति पीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने भारत द्वारा फिलस्तीनी राष्ट्र के मान्यता देने के फैसले को न्याय संगत बताया और कहा कि शांतिपीठ ने गत 18 फरवरी को एक संगोष्ठी में प्रस्ताव पारित कर फिलस्तीनी राष्ट्र के उदय की आवश्यकता पर बल दिया था।

19 नवम्बर 1988

जय राजस्थान

फिलस्तीन को मान्यता देना न्यायसंगत

उदयपुर (वि)। भारत द्वारा फिलस्तीनी राष्ट्र के उदय और उसकी सरकार को मान्यता देना न्याय संगत है साथ ही यह घोषणा स्वागत योग्य भी है।

शान्तिपीठ ने इसघोषणा का स्वागत करते हुए बताया कि शान्ति पीठ में अब तक विश्व शान्ति की दिशा में उठाये जाने वाले हर कदम का स्वागत किया है। इस फिलस्तीनी राष्ट्र के प्रश्न पर शांति पीठ ने गत 18 फरवरी को एक संगोष्ठी आयोजित की थी।

इस संगोष्ठी में शांति पीठ द्वारा एक प्रस्ताव पारित किया गया था। इस प्रस्ताव में फिलस्तीनी राष्ट्र के उदय की

राजस्थान पत्रिका

,235, कुल योग- 2,15,995 उदयपुर, मंगलवार 25 अक्टूबर, 1988



संयुक्त राष्ट्रसंघ दिवस पर सोमवार को यहां शान्तिपीठ की ओर से आयोजित विचार गोष्ठी में बोलते हुए पूर्व मंत्री हीरालाल देवपुरा।

मानवता की सुरक्षा के लिए युद्धविरोधी शक्तियों का एकजुट होना जरूरी

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 24 अक्टूबर। अब संयुक्त राष्ट्र संघ का व्यावहारिक अस्तित्व सिद्ध होने लगा है। हाल ही ईरान-इराक संघर्ष की समाप्ति इसका ज्वलंत उदाहरण है। विश्व के विभिन्न संगठनों की सहभागिता से यू.एन.ओ. की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि इसकी हालत कभी भी लीग ऑफ नेशंस जैसी नहीं होगी।

ये विचार शांति पीठ की ओर से सोमवार सुबह यहां संयुक्त राष्ट्र संघ के 43वें स्थापना दिवस पर आयोजित गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किए। कृषि महाविद्यालय में हुई इस गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व मंत्री हीरालाल देवपुरा ने कहा कि मानव समाज की सुरक्षा के लिए सभी युद्ध विरोधी शक्तियों को एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप की हलचलों पर दृष्टिपात करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिक्रियावादी ताकतों को हतोत्साहित करना बहुत जरूरी है।

सामाजिक कार्यकर्ता किशोर संत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ की संरचना में मानवीय मूल्यों को प्रमुख आधार दिया जाए, तो भारतीय संस्कृति के अनुरूप 'वसुधैव कुटुम्बकम' धारणा को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस संगठन ने विभिन्न विधारधाराओं एवं मान्यताओं वाले देशों को परस्पर शांतिपूर्ण विचार-विमर्श का सशक्त मंच प्रदान किया है।

शांति पीठ के संस्थापक सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संस्था के उद्देश्यों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए युद्धों के खतरों से सतर्क रहने के लिए मानवतावादी प्रयासों की सक्रिय भागीदारी का उल्लेख किया।

आरंभ में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. रतन मेहता ने विश्व शांति एवं भारतीय परंपरा पर प्रकाश डाला। राजस्थान शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष केसरीलाल बोर्दिया ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की। उन्होंने वर्तमान परिवेश में नैतिक मूल्यों के ह्रास पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नैतिक पुनर्जागरण से ही मानव अधिकारों की सुरक्षा संभव है। डा. शिवरतन चौधरी ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

उदयपुर, बाँसवाड़ा व पाली से एक साथ प्रकाशित

जय राजस्थान

jai rajasthan daily

उदयपुर मंगलवार 25 अक्टूबर 1988 फोन 24917 2679



संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री हीरालाल देवपुरा

संयुक्त राष्ट्र संघ का अस्तित्व अब सिद्ध होने लगा है

उदयपुर 24 अक्टूबर। अब संयुक्त राष्ट्र संघ का व्यावहारिक अस्तित्व सिद्ध होने लगा है, हाल ही इरान ईराक संघर्ष की समाप्ति इसका ज्वलन्त उदाहरण है। विश्व के विभिन्न संगठनों की सहभागिता से यू. एन. ओ. की जड़े, इतनी गहरी हो चुकी है कि इसकी हालत कभी भी लीग ऑफ नेशन्स जैसी नहीं होगी।

यह मत शांति पीठ की ओर से सोमवार सुबह यहां संयुक्त राष्ट्र संघ के तैयालीसवें स्थापना दिवस पर आयोजित गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किये। कृषि महाविद्यालय में हुई इस गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए पूर्व मंत्री श्री हीरालाल देवपुरा ने कहा कि मानव समाज की सुरक्षा के लिए सभी युद्ध विरोधी शक्तियों को एक जुट होना पड़ेगा।

सामाजिक कार्यकर्ता किशोर संत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ की संरचना में मानवीय मूल्यों को प्रमुख आधार दिया जाए तो भारतीय संस्कृति के अनुरुप वसुधैव कुटुम्बकम धारणा को बल मिलेगा।

शांति पीठ के संस्थापक सचिव श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संस्था के उद्देश्यों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

आरम्भ में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. रतन मेहता ने विश्व शांति एवं भारतीय परम्परा पर प्रकाश डाला। शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष केसरीलाल बोर्दिया ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की।

राष्ट्रवाद विश्व समाज की पहली सीढ़ी : बी. आर. पुरोहित

गांधी दर्शन विद् एवं प्रबुद्ध विचारक प्रो. बी. आर. पुरोहित ने कहा युद्धोन्माद, आणविक होड एवं अधिकार ग्रहण की ललक विश्व शान्ति के लिये घातक हैं। आज के वातावरण में राष्ट्रपिता महात्मागांधी का अहिंसा सत्य एवं सत्याग्रह दर्शन तथा मानवीय राष्ट्रवाद ही सार्थक सिद्ध हो सकता है।

राजस्थान महिला विद्यालय में शान्ति पीठ द्वारा 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गांधी दर्शन की प्रासंगिकता' विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में श्री पुरोहित प्रमुख वक्ता के रुप में विचार व्यक्त कर रहे थे।

गांधी दर्शन मानवतावादी दर्शन है जिसमें मानव मात्र के मंगल का चिन्तन है अतः जहां वह सार्वभौमिक और सार्वजनीन है वहीं वह सार्वकालिक भी है। इसकी प्रांसगिकता हमेशा रहेगी।

उक्त धारणा के प्रतिपादक एवं शान्ति पीठ के संस्थापक श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संस्था के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुये महात्मा गांधी के सत्याग्रह सूत्र पर विशेष बल दिया।

श्री त्रिवेदी ने वर्तमान परिस्थितियों के सन्दर्भ में विश्व शान्ति के लिये महात्मा गांधी के सत्याग्रह सूत्र की आवश्यकता प्रतिपादित की। गांधी चरित्र को प्रासंगिक बताते हुये इसे सामाजिक व्यवहार में चरितार्थ करने के लिये उन्होंने व्यक्तिगत साधना को इसकी प्राथमिक आवश्यकता बताया।

इस अवसर पर वयोवृद्ध गांधीवादी श्री दयाल चन्द सोनी, किशोर सन्त, बोहरा यूथ के हकीम ताज गांधीवादी विचारक बद्रीलाल अग्रवाल एवं मांगी लाल नागदा आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

गोष्ठी के अन्त में लाल बहादुर शास्त्री के प्रति काव्यात्मक श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

गांधी जयंती आज,-

शांतिपीठ की ओर से रविवार अपरान्ह राजस्थान महिला विद्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गांधी की प्रासंगिकता' विषयक इस गोष्ठी के बारे में शांतिपीठ के सचिव



बापू! शत-शत नमन

अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया कि इसी दिन गांधी दर्शन की व्यवहारिक उपयोगिता पर शैक्षिक अभियान भी शुरू किया जाएगा।

राजस्थान पत्रिका, 2 अक्टूबर, 1988

विभिन्न आयोजनों के जरिये गांधीजी को याद किया गया

प्रातः काल 3 अक्टूबर मुख्य पृष्ठ

1988

उदयपुर, 2 अक्टू.। आज नगर में गांधी जयन्ती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद किया गया।

शांतिपीठ द्वारा यहां राजस्थान महिला विद्यालय सभागार में इस अवसर पर 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गांधी दर्शन की प्रांसगिकता' विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें प्रो. बी. आर. पुरोहित, दयालचंद सोनी, किशोर सन्त, हातीम ताज, अनंत गणेश त्रिवेदी आदि ने अपने विचार रखे।

अनवरत छात्र जीवन बिताने वाला सही शिक्षकः नागर

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 5 सितम्बर। शिक्षक दिवस के उपलक्ष में सोमवार को संभाग में अनेक स्थानों पर विभिन्न शिक्षण संस्थाओं तथा अन्य संगठनों की ओर से विभिन्न समारोह आयोजित किए गए।

पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन के जन्मदिन पर मनाए जाने वाले शिक्षक दिवस के अवसर पर राजस्थान महिला विद्यालय में आयोजित समारोह में राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के उपकुलपति पं. जनार्दन राय नागर ने कहा कि सही शिक्षक वही है जो अनवरत विद्यार्थी जीवनयापन करता है। उन्होंने कहा जो शिक्षक साधना, तपस्या एवं ज्ञानार्जन नहीं करता वह वस्तुतः अध्यापक ही नहीं है। पं. नागर ने इस अवसर पर डा. राधाकृष्णन के उदयपुर प्रवास के कुछ रोचक संस्मरण भी सुनाए। समारोह की अध्यक्षता भाई भगवान ने की।

इस अवसर पर 'शांतिपीठ' की ओर से 'विश्व शांति में शिक्षकों की भूमिका' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में संस्था के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व शांति के लिए शिक्षकगण अनवरत शैक्षिक प्रयास में जुटें। उन्होंने कहा वर्तमान भौतिक परिवेश में शिक्षक ही नवचेतना का संचार कर सकता है। संस्था की ओर से तय किया गया कि आगामी वर्ष से जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किए जाएं। इस कार्य के लिए सुरेन्द्र मोहन को संयोजक नियुक्त किया गया।

राजस्थान पत्रिका
5 अगस्त 88

हिरोशिमा दिवस पर कल रैली निकलेगी

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 4 अगस्त। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा एवं नागासाकी नगर पर हुए बम हादसों की स्मृति में शांति पीठ संस्था की ओर से शनिवार को नगर में रैली निकाली जाएगी।

पीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया कि रैली में स्कूली बच्चे व अन्य संगठनों के प्रतिनिधि परमाणु युद्ध की विभीषिका से आगाह करने के उद्देश्य से प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि जुलूस शनिवार सुबह आठ बजे टाउन हाल से शुरू होगा व नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ भंडारी दर्शक मंडप में सभा का रूप ले लेगा जिसे मेवाड़ मुंडलेश्वर मुरली मनोहर शरण शास्त्री समेत अनेक वक्ता संबोधित करेंगे। समारोह में पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता, मुख्य अतिथि व पर्यटन मंत्री डा. गिरिजा व्यास, अध्यक्ष होंगी।

प्रातः काल 7 अगस्त 1988



हिरोशिमा दिवस पर स्कूली बच्चों का शांति मार्च

फोटो–राजेंद्रयाम 'रामा'

हिरोशिमा दिवस पर विशाल शांति जुलूस

उदयपुर, 6 अग. । हिरोशिमा दिवस पर आज कई संस्थाओं द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर एक विशाल शांति जुलूस का आयोजन किया गया जिसमें नगर के 35 विद्यालयों के लगभग दस हजार छात्र–छात्राओं ने भाग लिया. शांतिमार्च का प्रारम्भ मा. बलवंतसिंह मेहता ने शान्ति के प्रतीक सफेद गुब्बारे छोड़कर किया मार्च का आयोजन शांति पीठ ने किया।

शांति मार्च टाउनहाल से प्रारंभ होकर भंडारी दर्शक पहुंचा जहां एक सभा हुई. सभा में पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता, महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री, पुलिस अधीक्षक मदन लाल शर्मा ने अपने विचार रखे। संस्था के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने शांतिपीठ के प्रयासों की चर्चा की. इस अवसर पर पादरी ए.

राजस्थान पत्रिका 7 अगस्त 1988



हिरोशिमा दिवस के उपलक्ष में शनिवार सुबह उदयपुर में आयोजित शान्ति मार्च में सैंकड़ों स्कूली बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया।

हिरोशिमा दिवस पर सैंकड़ों स्कूली बच्चों ने शांति मार्च किया

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 6 अगस्त। हिरोशिमा दिवस के उपलक्ष में शनिवार को यहां आयोजित शांति मार्च में नगर के सैकण्डरी स्कूली बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर गोष्ठियां भी आयोजित हुई।

स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ की ओर से आयोजित शांति मार्च सुबह टाउनहॉल से प्रारंभ हुआ। जुलूस में नगर के करीब 35 विद्यालयों के विद्यार्थी शरीक हुए। टाउनहॉल से जुलूस रवाना होने से पूर्व पूर्व सांसद बलवंत सिंह मेहता ने शांति के प्रतीक सफेद गुब्बारे आकाश में छोड़े।

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा एवं नागासाकी नगरों पर अमरीकी परमाणु बमवर्षा से हुए विनाश के विरोध तथा इन हादसों में मृत लोगों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से आयोजित इस शांति मार्च में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों के हाथों में परमाणु अस्त्र अप्रसार तथा विश्व शांति समर्थक बैनर व तख्तियां थीं। जुलूस में स्कूलों के अध्यापक, नगर के बुद्धिजीवी तथा अन्य स्वैच्छिक संगठनों के सदस्य भी थे। जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए भंडारी दर्शक मंडप पहुंचा जहां शांति प्रार्थना हुई और बाद में विभिन्न वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।

सभा में पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने विश्व भर में बढ़ रहे परमाणु प्रसार कार्यक्रमों के प्रति चिंता व्यक्त की और युवा पीढ़ी का आह्वान किया कि वे विश्व शांति के लिए जनजागरण में सहभागी बनें।

इस अवसर पर मेवाड़ महामंडलेश्वर महन्त मुरलीमनोहर शरण शास्त्री ने बच्चों से ओम शांति मंत्रोच्चार कराया। सभा की अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक मदनलाल शर्मा ने की। सभा के प्रारंभ में शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने विश्व बंधुत्व एवं सहअस्तित्व के सिद्धांतों के प्रति शांतिपीठ संस्था की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस मौके पर अरविंद सिंह मेवाड़ द्वारा प्रेषित शांति संदेश पढ़ा गया। पादरी ए.वी.एम. मैसी ने भी बच्चों को शांति संदेश दिया।

दैनिक नवज्योति - 7 अगस्त, 1988



उदयपुर में शांति पीठ द्वारा आयोजित शांति सभा को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक मदनलाल शर्मा
फोटो:- रमेश रेक्स

शांति प्रयासों की पहल

उदयपुर। डियर अंकल रीगन, 'हमें युद्ध नहीं चाहिए हम शांति के साथ रहना चाहते हैं। हम विश्व में भाई चारा चाहते हैं'।

यह भाषा भवन उदयपुर के लगभग दस हजार बच्चों की हैं जो यह नहीं जानते कि युद्ध क्या होता है ? युद्ध क्यों होते हैं ? फिर भी उन बच्चों ने विश्व की दो महान शक्तियों अमेरिका एवं सोवियत रूस के शासनाध्यक्षों को ऐसे ही पत्र भेजे हैं। वास्तव में देखा जाए तो युद्ध कौन चाहता है।

उदयपुर की स्वयं सेवी शांतिपीठ गत कुछ वर्षो से विश्व बंधुत्व एवं शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रयासों में सार्थक एवं अहम भूमिका निभा रही है। संस्था के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी सीमित साधनों के होते हुए भी उदयपुर में शांति प्रयासों की पहल कर रहे हैं और दिनों दिन उन्हें आम जनता का सहयोग व समर्थन मिल रहा है।

इस वर्ष हिरोशिमा स्मृति दिवस के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा 'विशाल शांति मार्च' का आयोजन किया गया। इस सार्थक मार्च में नगर के ३५ स्कूलों के लगभग दस हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर उदयपुर की जनता का ध्यान शांति एकता की ओर किया। इस एतिहासिक शांति मार्च का शुभारंभ वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य पूर्व सांसद मास्टर बलवंत सिंह मेहता ने आसमान में शांति के प्रतीक सफेद गुब्बारे छोड़कर किया।

शांति मार्च टाउन हाल से प्रारंभ होकर भण्डारी दर्शक मंडल पहुंचा। मार्च के दौरान छात्र-छात्राओं ने हिरोशिमा दिवस की स्मृति को ताजा करने तथा बढ़ते आणविक खतरों की ओर जन मानस की ध्यान आकर्षित करने हेतु, बेनर्स तख्तियां, झंडे, चार्टस अपने हाथों में लिये चल रहे थे। शांति पीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया कि यह संस्था गत तीन वर्ष से शांति मार्च आयोजित करती रही है।

भंडारी दर्शक मंडप पहुंचने पर यह मार्च विशाल शांति सभा में बदल गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्ण विदेश सचिव श्री जगत मेहता ने विश्व स्तर पर बढ़ रहे परमाणु प्रसार कार्यक्रमों पर अपनी चिंता प्रकट करते हुए विश्व शांति के लिए भावी पीढ़ी को आह्वान किया। उन्होंने परमाणु निः शस्त्रीकरण पर जोर देते हुए सुझाव दिया कि भारत को भी परमाणु बम नहीं बनाना चाहिए।

मेवाड़ मंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने अपने आशीर्वचन में छात्र छात्राओं को शांति एवं सौहर्दापूर्ण वातावरण निर्माण करने के लिए सर्वप्रथम अपने घर, मोहल्ले एवं नगर से शुभारंभ करने तथा इसे विश्व स्तर पर व्यापक बनाने की सलाह दी। उन्होंने उपस्थित श्रोताओं के 'ऊँ' शांति का उच्चारण कराया।

कार्यक्रम के अध्क्ष पुलिस अधीक्षक मदनलाल शर्मा ने बालक-बालिकाओं के इस प्रयास को सराहते हुये उन्हें शांति की अलख जगाने हेतु संकल्प लेने की सलाह दी। शर्मा ने बालकों को राष्ट्रीय संपत्ति एवं धरोहर की सुरक्षा करने का आह्वान किया।

हिरोशिमा दिवस के अवसर पर ४३ वर्ष पूर्व जापान में परमाणु बम विस्फोट में मरने वाले दिवंगत लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। पादरी ए.वी.एम. मेसी ने अपना शांति संदेश बालकों को दिया। संस्था महासचिव त्रिवेदी ने महाशक्तियों द्वारा परमाणु अप्रसार संधि में गतिशील रुचि दिखाने पर उसे सराहनीय कदम बताया।

बृजमोहन गोयल

8, जनमंगल ● 1983

हिरोशिमा स्मृति दिवस पर शान्ति पीठ का एक महत्वपूर्ण आयोजन

हिरोशिमा स्मृति दिवस पर शान्ति पीठ के द्वारा उदयपुर नगर में एक भव्य आयोजन किया गया। शान्ति पीठ के तत्वावधान में हजारों छात्र छात्राओं ने एक विशाल किन्तु अनुशासित शान्ति मार्च किया जिसमें ४५ विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

टाउन हाल में एकत्रित छात्र छात्राओं के विशाल समूह को सम्बोधित करते हुए वयोवृद्ध स्वतन्त्रता सेनानी एवं विधान निर्मात्री परिषद के सदस्य मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने कहा आज ही के दिन हिरोशिमा पर परमाणु बम डाल कर भीषण नर संहार किया गया था। वह प्रलयंकारी नर संहार के श्री गणेश था और मानवता के प्रति क्रूरतम अपराध था। उसी की स्मृति में हम सब यहां एकत्रित हुये हैं। बच्चों तुम सब मानवता के मंगलमय भविष्य के भावी निर्माता हो। आज परमाणु बमों के भण्डार से मानवता विनाश के कगार पर खड़ी है। आज मानवता को शान्ति के प्रयासों [illegible] जा सकता है। तुम सब शान्ति मार्च करो किन्तु ध्यान रहे यह शान्ति का सन्देश घर घर पहुंचाना है। तुम्हीं भविष्य की आशा हो तुम्हारे शान्तिमय संस्कारों से ही यह विश्व शान्ति का आलोक देखेगा।

मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने शान्ति के प्रतीक गुब्बारे आसमान में छोड़ कर मार्च प्रारम्भ किया। इससे पूर्व शान्ति पीठ के महामन्त्री श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी ने मास्टर बलवन्त सिंह मेहता का संक्षिप्त परिचय दिया। मार्च के दौरान छात्र छात्राओं के हाथों में हिरोशिमा की स्मृति ताजा करने एवं आणविक खतरों की और जन भावनाओं को आकर्षित करने हेतु प्रभावशाली नारे लिखी हुई तख्तियां थी, बेनर्स थे, झण्डे थे और चार्ट्स थे।

इस जुलूस में अनुशासित ढंग से छात्र छात्राओं का चुपचाप चलते जाना अपने आप में एक उदाहरण था। टाउन हाल से प्रारम्भ हुआ यह शान्ति मार्च देहली गेट, बापू बाजार, झीणी रेत, बड़ा बाजार, घन्टाघर, हाथीपोल होता हुआ भण्डारी दर्शक मण्डप में एक शान्ति सभा का आयोजन किया गया। सभा में छात्र छात्राओं ने अमेरिका एवं रूस के राष्ट्रपति को विश्व शान्ति की अपील हेतु पत्र लिखने के संकल्प को दोहराया।

इस सम्पूर्ण आयोजन के कर्त्ता धर्त्ता शान्ति पीठ के महामन्त्री श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी नगर के एक उत्साही कार्यकर्ता हैं। युवा होते हुये जो विश्व शान्ति के पक्षधर हैं। विश्व शान्ति के लिये उनका विश्वास है कि आध्यात्मिक चेतना और शान्ति के संस्कार ही उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। इसी के लिये उन्होंने शान्ति पीठ की स्थापना की। इसी के लिये वह प्रति वर्ष वह शान्ति मार्च हिरोशिमा नागासाकी स्मृति दिवस पर शान्ति मार्च का आयोजन करते हैं। विभिन्न अवसरों पर वह विश्व शान्ति के सन्दर्भ में विचार गोष्ठियों का आयोजन भी करते हैं।

हमारी भारतीय संस्कृति के महानतम वसुधैव कुटुम्बकम् के मूल्यों को अपना कर सारे विश्व में शान्ति का वातावरण एवं मानव जाति का कल्याण संभव हो सकता है।

पं. जनार्दन राय नागर

शान्ति सभा को सम्बोधित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विदेश सचिव जगत सिंह मेहता ने कहा कि हिरोशिमा पर बमबारी मानवता के लिये क्रूरतम कदम था। ऐसा पुनरावृत्ति विश्व में कभी कहीं न हो। इस हेतु हर भारतीय अपनी आवाज बुलन्द करे।

समारोह के विशिष्ट अतिथि महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने छात्र - छात्राओं से समवेत स्वर से शान्ति प्रार्थना करवाई और कहा कि हम हर कदम पर अपने मन में, घर में, गांव, नगर, राज्य एवं देश में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। हम लोग अमन और चैन कायम करेंगे तो शान्ति की सुवास दूर-दूर तक फैलेगी और लोगों के मन में नफरत एवं घृणा के स्थान पर प्रेम एवं सरसता की सरिता बहने लगेगी। अतएव प्रेम और शान्ति का मार्ग हमें अपने दिल में और अपने आंगन में खोजना होगा।

पुलिस अधीक्षक श्री मदन लाल शर्मा ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यहां एकत्रित सभी छात्र छात्राएं शान्ति का सन्देश घर-घर ले जावें एवं संकल्प ले कि वे अपने स्कूल कालेज एवं भावी जीवन में ऐसा कोई कदम नहीं उठायेंगे जिससे स्वयं की अथवा किसी अन्य की शान्ति भंग हो।

सभा का संयोजन अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विश्व बन्धुत्व एवं सह-अस्तित्व के प्रति शान्ति पीठ की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए किया।

जुलूस व सभा में नगर के बुद्धिजीवी नागरिक, स्कूल के अध्यापक तथा अन्य स्वैच्छिक संगठनों के सदस्य भी सम्मिलित हुये। इस सभा में अरविंद सिंह मेवाड़ द्वारा प्रेषित शान्ति सन्देश पढ़ा गया। पादरी ए. जी. एम. मेसी ने भी बच्चों को शान्ति सन्देश दिया।

नव भारत टाइम्स - 21 फरवरी 1988 जयपुर (13)

विश्व विनाश के कगार पर खड़ा है : सक्सेना

कार्यालय संवाददाता

उदयपुर, २० फरवरी। राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष सुप्रसिद्ध नाट्यकर्मी और साहित्यकार मंगल सक्सेना ने कहा है कि आज विश्व महाविनाश के कगार पर है। किसी एक व्यक्ति अथवा राष्ट्र की अहमन्यता विश्व युद्ध का कारण बन सकती है, अतः आज के जन मानस को सतर्क और सावधान रहना होगा। आज जनमत जागरूकता ही संसार को विश्व युद्ध के महाविनाश से बचा सकती है।

श्री सक्सेना शांतिपीठ द्वारा कृष्ण परमहंस की जयन्ती पर यहाँ आयोजित विचार गोष्ठी में बोल रहे थे। विश्व शांति को चुनौती देने वाली स्थितियों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में घटने वाली घटनाएँ, एशिया, श्रीलंका, दक्षिण अमेरिका आदि में उत्तेजना बढ़ाने वाली स्थितियाँ विश्व शांति के लिए युद्ध के खतरे का आभास देती है, किन्तु इनसे विश्वयुद्ध हो नहीं सकता, क्योंकि इनके संदर्भ में ऐसा कोई कारण नहीं है, जिस पर अन्य राष्ट्रों का व्यापक हित जुड़ा हुआ हो।

इस्राइल, फिलस्तीनी संघर्ष की चर्चा करते हुए सक्सेना ने कहा यह विश्वशांति के लिए चिंता का कारण है, क्योंकि यह दो प्रजातियों का संघर्ष है जो एक ही स्थान पर असुरक्षा भावना से ग्रसित होकर रहने को बचे हैं। दोनों ही के साथ महा शक्तियों के स्वार्थ टकराते हैं। अतः यह जरूरी हो गया है कि इस्राइल फलस्तीनियों के मानवाधिकारों का हनन बंद कर संवेदनशीलता का वातावरण बनाए और अरब राष्ट्र फलस्तीनियों के साथ-साथ इस्राइल को राष्ट्र के रूप में स्वीकार कर उससे वार्ता करें। अन्यथा परमाणु शक्ति सम्पन्न इस्राइल विश्व युद्ध का कारण बन सकता है।

पर्यावरणविद् प्रो. विजय नारायण ने कहा कि अरब इस्राइल संघर्ष ही क्यों हमें हर उस घटना का विरोध करना चाहिए, जो तनाव को बढ़ाती है। हमारा लक्ष्य पूर्ण शांति होना चाहिए। संसार में पूर्ण शांति स्थापित होने पर ही मानव निर्भय और तनाव मुक्त हो सकता है।

विद्यार्थी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इस्राइल व फलस्तीनी संघर्ष के ऐतिहासिक कारणों का विवेचन प्रस्तुत करते हुए इस संघर्ष के इतिहास की व्याख्या की। श्री शंकर कोठारी ने श्रीराम कृष्ण परमहंस एवं महर्षि अरविन्द का उदाहरण देते हुए कहा कि आज भारत की एकता के लिए महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा ग्रहण की जानी चाहिए।

शांतिपीठ द्वारा आयोजित इस गोष्ठी में सर्व सम्मति से पारित प्रस्ताव में कहा गया कि इस्राइल फलस्तीनियों पर अत्याचार बंद कर और उनके मानवाधिकारों को न कुचल कर उनके स्वत्वों को मान्यता दें। फलस्तीनियों से बातचीत कर समस्या का समाधान खोजा जाए।

प्रस्ताव में फलस्तीनी नागरिकों व नेताओं से भी आग्रह किया गया है कि इतिहास के सत्य को स्वीकारते हुए वे सह अस्तित्व के सिद्धांतों के आधार पर इस्राइल को एक देश के रूप में स्वीकार करें और अपने अस्तित्व का सार्थकता के लक्ष्य को उपलब्ध करने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से प्रयत्नशील हों। महाशक्तियों से भी आग्रह किया गया है कि इस्राइल व फलस्तीनी समस्या के समाधान में तत्परता पूर्वक सक्रिय होकर अणु विभिषिका व विश्व युद्ध के खतरे से विश्व मानवता को बचाएँ।

शांति पीठ के संस्थापक महासचिव श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी ने आज की स्थितियों में शांति की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए शांतिपीठ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

राजस्थान पत्रिका 20 फरवरी 1988

'जनमत जागरण ही महाविनाश से बचने का उपाय'

उदयपुर, 19 फरवरी [वि.]। राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष मंगल सक्सेना ने कहा कि जनमत जागरूकता ही संसार को विश्व युद्ध के महाविनाश से बचा सकती है।

वे गुरुवार को यहां शांतिपीठ की ओर से रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर राजस्थान महिला विद्यालय में आयोजित गोष्ठी में बोल रहे थे। गोष्ठी का विषय 'इजरायल, फिलस्तीन समस्या एवं समाधान था।

सक्सेना ने कहा कि यह दो प्रजातियों का संघर्ष है, जो एक ही स्थान पर असुरक्षा की भावना से ग्रसित है। दोनों ही के साथ महाशक्तियों के स्वार्थ टकराते हैं। उन्होंने मानवाधिकारों का हनन रोके जाने पर जोर दिया।

गोष्ठी में वासुदेव देवनानी, शंकर कोठारी व अनंत गणेश ने भी विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता प्रो. विजय नारायण ने की।

दैनिक नवज्योति 21-2-1988

आज विश्व महाविनाश के कगार पर है

उदयपुर, (नव-न्यूज)। राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष सुप्रसिद्ध नाट्य कर्मी एवं साहित्यकार श्रीमंगल सक्सेना ने कहा आज विश्व महाविनास के कगार पर हैं। किसी एक व्यक्ति अथवा राष्ट्र की अहमन्यता विश्व युद्ध का कारण बन सकती है अतः आज के जन मानस को सतर्क और सावधान रहना होगा। आज जन मत जागरुकता ही संसार को विश्वयुद्ध के महाविनाश से बचा सकती हैं।

श्री सक्सेना शांतिपीठ द्वारा राम कृष्ण परमहंस की जयंति के अवसर पर राजस्थान महिला विद्यालय में इजरायल फिलीस्तीन समस्या समाधान विषय आयोजित एक गोष्ठी को मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

श्री मंगल सक्सेना ने विश्व शांति को चुनौती देने वाली स्थितियों की चर्चा करते हुये कहा कि दक्षिण अफ्रीका में घटने वाली पटनायें, कूरिया, श्रीलंका, दक्षिण अमेरिका आदि में उत्तेजना बढ़ाने वाली स्थितियां विश्व शांति के लिये युद्ध के खतरे का आभास देती हैं किंतु इनसे विश्व युद्ध हो नहीं सकता क्योंकि इनके संदर्भ में ऐसा कोई कारण नहीं है जिस पर अन्य राष्ट्रों का व्यापक हित जुड़ा हुआ है।

इजरायल फिल्मस्तीनी संघर्ष की चर्चा करते हुये सक्सेना ने कहा यह विश्वशांति के लिये चिंता का कारण है क्योंकि यह दो प्रजातियों का संघर्ष हैं जो एक ही स्थान पर असुरक्षा भावना से ग्रसित होकर रखने को बेचैन हैं। दोनों ही के साथ महाशक्तियों के स्वार्थ टकराते हैं। अतः यह आवश्यक हो गया है कि इजरायल फिलस्तीनियों के मानवाधिकारों का हनन बंद कर संवेदनशीलता का वातावरण बनायें और अरब राष्ट्र फिलस्तीनियों के साथ– साथ इजरायल को राष्ट्र के रूप में स्वीकार कर उससे वार्ता करें। अन्यथा परमाणु शक्ति संपन्न इजरायल विश्व युद्ध का कारण बन सकता हैं।

विद्यार्थी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इस्राइल व फलस्तीनी संघर्ष के ऐतिहासिक कारणों का विवेचन प्रस्तुत करते हुये इस संघर्ष के इतिहास की व्याख्या की।

श्री शंकर कोठारी ने श्री राम कृष्ण परमहस एवं महर्षि अरविंद का उदाहरण देते हुये कहा आज भारत की एकता के लिये महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा ग्रहण की जानी चाहिये।

अंत में शांतिपीठ द्वारा आयोजित इस गोष्ठी में सर्व संमत्ति से यहप्रस्ताव पारित किया गया कि इजरायल फिलस्तीनियों पर जो अत्याचार कर रहा है उसे बंद करे और उनके मानवाधिकारों का हनन करना बंद कर उनके स्वत्वो को मान्यता दें। अपनी अहम्मन्यता व हठ त्याग कर फिस्तीनियों में वार्ता के द्वारा अपने अपने अस्तित्व से संबंधित समस्याओं का समाधान ढूंढे। प्रस्ताव में फिलस्तीनियों नागरिकों व नेताओं से भी आग्रह किया गया है कि इतिहास के वस्तुसत्य को स्वीकारते हुये सह अस्तित्व के सिद्धांतों के आधार पर इजरायल को एक देश के रूप में स्वीकार कर और अपने अस्तित्व की सार्थकता के लक्ष्य को उपलब्ध करने के लिये शांतिपूर्ण तरीके से प्रयत्नशील हों। महाशक्तियों से भी आग्रह किया गया है कि इजरायल व फिलस्तीनी समस्याओं के समाधान में तत्परता पूर्वक सक्रिय होकर अणु विभीषिका व विश्व युद्ध के खतरे से विश्व मानवता को बचाएं।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव श्री अनंत गणेश त्रिवेदी ने आज की स्थितियों में शांति की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुये शांतिपीठ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला एवं गोष्ठी का संचालन किया।

हिन्दुस्तान दैनिक 12.8.87.

हिरोशिमा स्मृति दिवस पर शांति मार्च

उदयपुर, ११ अगस्त (ह.स.)। हिरोशिमा स्मृति दिवस के संदर्भ में शांति पीठ द्वारा यहां आयोजित शांति मार्च में विभिन्न विद्यालयों ने बड़े ही उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें राजस्थान महिला विद्यालय व अन्य अनेक विद्यालय उपस्थित रहे।

टाउन हाल से शुरू हुआ यह मौन जलूस बापू बाजार, सूरजपोल, घंटाघर, हाथीपोल चेतक सर्कल से गुजरा। हाथों में विभिन्न बैनर लिए विद्यालयों के छात्र-छात्राएं हिरोशिमा के प्रति आगाह करने के संकल्प को सहज अभिव्यक्ति दे रहे थे। यह जलूस अंत में सूचना केन्द्र के खुले सभागार में एक सुंदर सभा में बदल गया जहां कुछ वक्ताओं ने विद्यार्थियों को उनके विश्व शांति में योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्य का संयोजन अनंत गणेश त्रिवेदी ने किया। साथ ही शांतिपीठ की ओर से अगले सप्ताह आयोजित की जाने वाली प्रदर्शनी के बारे में बताया गया जिसमें विश्व शांति के संदर्भ में अनेक चित्र रखे जावेंगे जो 'एक विश्व शांति पाठिका' के नाम से प्रदर्शित की जाएगी।

HIROSHIMA-DAY-1987

1987

राजस्थान पत्रिका

6 अगस्त 1987



हिरोशिमा स्मृति दिवस के उपलक्ष में बुधवार सुबह आयोजित शान्तिमार्च में सैकड़ों स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। -पत्रिका फोटो

सैकड़ों बच्चों ने शांति-मार्च किया

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 5 अगस्त। हिरोशिमा स्मृति दिवस के उपलक्ष में बुधवार सुबह नगर के डेढ़ दर्जन विद्यालयों के सैकड़ों बच्चों ने शांति-मार्च किया।

शांतिपीठ की ओर से आयोजित यह मार्च सुबह साढ़े आठ बजे टाउन हॉल से प्रारंभ हुआ तथा बापू बाजार, सूरजपोल, घंटाघर, हाथीपोल होता हुआ मोहता पार्क स्थित सूचना केन्द्र के खुले रंगमंच पहुंचकर एक सभा में परिवर्तित हुआ।

नगर के प्रमुख भागों से होकर दो-दो की कतार में गुजरे बालक-बालिकाओं के हाथों में विश्व शांति, अणुबम बनाने वालों को धिक्कारने तथा पर्यावरण संरक्षण संबंधी नारे लिखी तख्तियां थीं।

सभा में शांति मार्च के संयोजक शांतिपीठ, उदयपुर के अनंत गणेश त्रिवेदी ने बच्चों को संबोधित किया तथा समाजसेवी किशोर संत ने बच्चों को पर्यावरण का महत्व बतलाया। शांति मार्च में भाग लेने वाले बच्चे राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, धानमंडी, सूरजपोल व भूपालपुरा, रेजीडेंसी स्कूल, गुरू गोविंद सिंह स्कूल, तैय्यबिया स्कूल, सेंट पॉल व सेंट जेम्स स्कूल, कस्तूरबा शिशु निकेतन, राजस्थान महिला विद्यालय, कंवरपदा स्कूल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूपालपुरा, माध्यमिक विद्यालय खांजीपीर, सेन्ट्रल एकेडमी व आलोक स्कूल के थे।



हिरोशिमा व नागासाकी में हुए परमाणु विनाश के खिलाफ शुक्रवार को उदयपुर में

प्रगति (साप्ताहिक) दिनांक ८-८-१९८७ पृष्ठ ४

हमें युध्द नहीं चाहिए !

डीयर अंकल रीगन,

हम शांति के साथ विश्व के तमाम बच्चों के साथ जीना चाहते है। हमे युद्ध नहीं चाहिए। आप हमारी मदद करें।

यह पुकार उदयपुर के उन सैंकड़ों मासूम बच्चों की है जो यह नहीं जानते कि युद्ध क्या होता है? परमाणु बम के खतरे क्या है ? हां वे इतना जरुर जानते है कि उन्हें आपसी भाईचारे एवं मेल-मिलाप के साथ जीना है। इसलिए जब उन बच्चो से कहा जाता है कि वे अमरिका के राष्ट्रपति रीगन के नाम यह खत लिख डालते हैं। उनके खतों का कोई प्रभाव पडता हो अथवा नहीं किन्तु इतना अवश्य हैं कि यह बच्चे शांति—एकता और सद्भावों के प्रयासों से जुड़ जाते हैं !

आज विश्व में परमाणु युद्ध और शस्त्रों की बढती होड़ ने सम्पूर्ण मानवजाति को भयाक्रांत कर दिया है। सृष्टि के विनाश के लिए परमाणु प्रयोग का अंश ही काफी है।

लगभग ४२ वर्ष पूर्व जापान के सुन्दर शहर हिरोशिमा पर ६ अगस्त १९४५ को सवेरे सवा आठ बजे अमेरिका ने परमाणु बम डाला और इससे एक लाख से ज्यादा आबादी काल के ग्रास में समा गयी ! ऐसी ही क्रूरतम विनाश की पुनरावृति ९ अगस्त को नागासाकी पर की गयी।

इस महाविनाश के बाद पिछले चालीस वर्षों से किये जा रहे शांति प्रयास सार्थक सिद्ध नहीं हो रहे है और दिनोंदिन महाविनाश के प्रयोगों पर करोड़ों रूपयों के खर्च बढ रहे हैं। विश्व के तमाम देशों में अपने अपने तरीके से विश्व शांति के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्हीं प्रयासों के तहत पिछले दो वर्षो से उदयपुर में बच्चों एवं विद्यार्थियों में शांति-शिक्षा के प्रचार प्रसार के प्रति शांति पीठ संस्थान जागरूक हैं। शांति पीठ के महा सचिव श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी अपने सीमित साधनों के बावजूद उदयपुर की सड़कों पर शांति प्रयासों के पंख पसारने लगे है। उन्हें अपने उद्देश्यों में कसे और कब सफलता मिलेगी, वे नहीं जानते। फिर भी सहयोग और असहयोग के बीच वे सैंकडों बच्चों को लेकर हिरोशिमा दिवस पर दो वर्ष से उदयपुर की सड़कों पर शानदार शांति जुलूस का आयोजन कर रहे हैं। यह उनका एकाकी प्रयास है, जिसकी सर्वत्र सराहना की जा रही है।

शांति पीठ ने गत वर्ष को अन्तर्राष्ट्रीय शांति वर्ष के रूप में मनाया है और संस्था से जितना बन सका सार्थक प्रयास किया गया। श्री त्रिवेदी बताते हैं कि वे शांति जुलूस के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराने का प्रयास करते हैं और जन जागरण भी।

इस वर्ष शांति पीठ के आयोजन संयोजन में उदयपुर शहर के १८ स्कूलों के करीब पांच हजार बच्चों ने शांति जुलूस में भाग लिया। यूं तो शहर में आए दिन मांगों को लेकर जुलूस निकाले जाते रहे हैं मगर शांति जुलूस अपनी कुछ विशेषताएं लिए था। शांतिपूर्ण जुलूस पूरा अनुशासनबद्ध। कारण कि जो बच्चे जुलूस में शरीक थे उन्हें हिरोशिमा दिवस एवं शांति के महत्व पर प्रकाश डाला गया था। बच्चे जानते थे कि वे शांति, एकता, भाईचारे के जुलूस में शामिल हैं और यह सब अनुशासन से हासिल हो सकता हैं।

यहां यह उल्लेखनीय बात है कि पूरे शहर की तपती सडकों से गुजर कर जब यह बच्चों का जुलुस सूचना केन्द्र के खुले रंगमंच पर पहुंचा तो वहां भी कडाकेदार धूप था, लेकिन बच्चों का मनोबल इतना ऊंचा था कि उन्होंने बिना अनुशासन तोड़े तमाम तकरीरें शांति से सुनी। जगह और छाया की तंगी ने बच्चों को कहीं विचलित-विगलित नहीं किया जाहिर हैं यह बच्चे जो कल के नागरिक हैं, हिन्दू-मुस्लिम—सिक्ख—इसाई हैं, आज शांति चाहते हैं। एकता और भाईचारा चाहते हैं आनेवाले कल को भी यही चाहेंगे। शांतिपीठ के महा सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी बधाई के पात्र हैं और उन्हें आशावादी बने रहकर ऐसे प्रयासों को बढाना चाहिए।

आणविक शक्ति के बुरे नतीजों की जानकारी देने में जुटी एक संस्था - शांति पीठ

उदयपुर। करीब चालीस साल पहले जापान के दो शहरों में अमेरिकी परमाणु बमों ने अभूतपूर्व तबाही मचाई थी। वे लाख लोग मारे गए थे और लाखों को असाध्य रोगों ने जकड़ लिया था। वे आज भी इसकी यंत्रणा भुगत रहे है। इस वैज्ञानिक घटना के बाद भी हथियारों की होड़ थमी है। बारूद के ढेर पर बैठी दुनिया के बड़े मुल्कों की परमाणु शक्ति अब कई गुना बढ़ चुकी है। तनाव व शक्ति प्रदर्शन के चलते विश्व युद्ध की आशंकाएँ गहरा रही है।

ऐसे भय के माहौल में शांति स्थापना की कोशिशों में पूरे देश में सक्रिय होने के उद्देश्य से यहाँ के प्रबुद्ध लोगों ने 'शांति पीठ' नामक संस्था का गठन किया है। यह पिछले दो सालों से कार्यरत है। इस संस्था का उद्देश्य 'आधुनिक विज्ञान एवं भारतीय आध्यात्म की सार्वभौमिक पूरकता से एक नए समाज की रचना का माहौल बनाना है जिसमें मानव जीवन सुखी एवं समृद्ध बन सके।'

इसी क्रम उदयपुर में पीटू के तत्वावधान में एक विशाल शांति मार्च का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के दस स्कूलों के लगभग ढाई हजार छात्र छात्राओं ने भाग लिया। शांति मार्च प्रारम्भ होने से पूर्व विद्यार्थियों को पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने आणविक शक्ति के दुष्परिणामों से अवगत कराया। परमाणु युद्ध के विनाशकारी परिणाम तथा शांति की अपील दर्शाते हुए नारे लिखी तख्तियाँ हाथों में थामे विद्यार्थी शहर के मुख्य मार्गों पर घूमे। इसके बाद सूचना केन्द्र सभागार में आयोजित शांति सभा में विद्यार्थियों को परमाणु शक्ति के खौफनाक नतीजों से अवगत कराया गया। छात्र-छात्राओं के इस समूह ने विश्व शांति के लिए प्रयास करने की शपथ ली।

लगभग तीन लाख की आबादी वाली झीलों की यह प्रसिद्ध नगरी शिक्षा का प्रमुख केन्द्र है। यहाँ के प्रबुद्ध नागरिकों में एक अजीब किस्म की जीवटता है, जो कभी-कभार संगोष्ठियों व अन्य कार्यक्रमों में उजागर होती रहती है। हीरोशिमा, नागासाकी दिवस के अवसर पर शांति पीठ ने विश्व शांति एवं जन प्रतिभागिता विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया। प्रतिष्ठित साहित्यकार, शिक्षाविद व राजस्थान विद्यापीठ के संस्थापक उपकुलपति पंडित जनार्दन राय नागर की उपस्थिति में इस गोष्ठी में रवीन्द्रनाथ टैगोर जगदीशचन्द्र भौतिकविज्ञान महाविद्यालय की डॉ. विनया रैहसे ने परमाणु युद्ध के खतरों के प्रति सचेत करते हुए इससे जन स्वास्थ्य पर होने वाले असरों के तकनीकी पक्ष को उजागर किया और ब्लड कैंसर जैसे असाध्य रोग बढ़ने की संभावना बताई। परमाणु विकिरण से गर्भस्थ शिशुओं के स्वास्थ्य को होने वाली क्षति से भी उन्होंने अवगत कराया।

अणु शक्ति के परिक्षण बन्द करने की पुरजोर माँग करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता श्री किशोर सेत ने कहा कि परमाणु शक्ति के खतरों की पूरी जानकारी जनसाधारण को स्पष्ट रूप से कराई जानी चाहिए। यह जनता का मौलिक अधिकार है। गोष्ठी में अणु युद्ध को रोकने हेतु व्यापक जन आन्दोलन पर भी बल दिया गया।

लीक से हटकर विचार रखते हुए सुखाड़िया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ओजस्वी शर्मा ने कहा कि शांति स्थापित करने के वर्तमान प्रयास भारतीय दर्शन के चिर-चिन्तन धारा से जुड़े हुए नहीं है, क्योंकि इन प्रयासों का कार्यक्रम समाज में व्याप्त अशांति के खतरों के प्रति जनजागरण करने तक ही सीमित रह गया है। आज की विश्व व्यापी अशांति की समस्या का हल भारतीय महर्षियों ने हजारों वर्ष पूर्व ही बतला दिया था, परन्तु हम उसका ठीक से अनुसरण नहीं कर पा रहे है।

अध्यक्षीय लोगों ने शांति और समृद्धि के लिए अणु युद्ध और हथियारों की होड़ रोकने के कारगर उपाय ढूंढने की बात कही। डॉ. जनार्दन राय नागर ने शांति के लिए भय, आतंक और सुरक्षा की भावना को मन से विलग करने पर जोर देया। उन्होंने भी व्यक्तिगत शांति की तरफदारी की।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे शांति पीठ के महासचिव अनन्त त्रिवेदी ने पीठ के कार्यक्रमों पर रोशनी डाली। गोष्ठी में किसी भावी कार्यक्रम की रूपरेखा तो तैयार नहीं हो पाई पर विचारों के आदान-प्रदान के लिए आयोजित यह कार्यक्रम कुल मिलाकर अच्छा प्रयास रहा।

☐ कार्यालय संवाददाता

23 अगस्त 1986
नवभारत टाइम्स - जयपुर

जयराजस्थान - 24 अगस्त 1986



शांति दिवस पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित शांति यात्रा का एक दृश्य और जुलूस में एकत्रित छोटे बच्चों का समूह

एक रिपोर्ताज

विश्व शांति के लिए नई पौध के प्रयास

अब से लगभग 40 वर्ष पूर्व अमेरिका ने अपने परमाणु बमों का पहली बार अगस्त 45 में मानव पर प्रयोग किया। उसके द्वारा जापानके दो शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर बम गिराये गये। दो लाख लोग काल के गाल में समा गये और लाखों लोग अ-ाक्ष्य रोगों से पीड़ित हो आज ी इस की यन्त्रणा भुगत रहे हैं। विश्व की इस भीष ण पैशाचिक घटना के बावजूद भी हथियारों की अंधी दौड़ आज भी जारी है।

कुछ विशेषज्ञों की मान्यता है कि अगर सीमित दायरे में भी परमाणु बम डाला जाय तो इससे तत्काल दस से सो करोड़ लोगोंकी मृत्यु हो जायगी। इतना ही नहीं ऐसे विस्फोट से पैदा हुई रेडियो धर्मिता के कारण शनैः शनैः लगभग 300 करोड़ लोग और मर जायंगे। हथियारों की यह दौड़ मुख्यतः विश्वकी दो महाशक्तियों के बीच ही है।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार एक पनडुब्बी के खर्च में सभी विकास-शील देशोंके एक वर्षकी शिक्षा का व्यय निकल सकता है। इतना ही नहीं विश्व में प्रतिमिनट हथियारों पर तीन करोड़ रुपये खर्च किये जाते हैं जबकि इतने ही समय में 25 बच्चे टीके की कमी और कुपोषण से मरते है। तितीय विश्व युद्ध के बाद अब तक छोटी मोटी 200 लड़ाईयां लड़ी जा चुकी हैं।

ऐसे भय के वातावरण में सामान्य लोगों से असुरक्षा व्याप्त होना स्वाभाविक ही है। भारतीय दर्शन के परिपेक्ष्य में तो यह और भी उचित है कि विश्व स्तर पर शांति स्थापित करने हेतु किये जा रहे प्रयासोंमें सक्रिय योगदान किया जाए।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उदयपुरके प्रबुद्ध नागरिकोंने 'शांति पीठ नामक संस्थाका गठन किया।

इसी माह पीठ के तत्वावधान में एक विशाल शान्ति मार्च का आयोजन उदयपुर नगरमें किया गया जिसमें नगर के दस स्कूलों के लगभग 2,500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शान्ति मार्च प्रारम्भ होने के पूर्व विद्यार्थियों को पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने सम्बोधित किया। परमाणु युद्ध के विनाशकारी परिणाम तथा शान्ति की अपील दर्शाते हुए नारे लिखी हुई तख्तियां लिये ये विद्यार्थी शहर के मुख्य मार्गों पर लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तय कर सूचना केन्द्र के सभागार में एकत्र हुए जहां शान्ति सभा में विद्यार्थियों को कई वक्ताओं ने सम्बोधित किया एवं छात्र-छात्राओं के इस समूह ने विश्वशांति के लिए प्रयास हेतु शपथ भी ग्रहण की।

लगभग 3,00,000 की आबादी वाली भीलों की यह नगरी शिक्षा का एक सक्रिय केन्द्र है तथा यहां के प्रबुद्ध नागरिक एवं बुद्धि-जीवियों में एक अजीब जोबदता है जो कभी-कभार संगोष्ठियों में देखने को मिलती रहती है। हिरोशिमा नागासाकी दिवस के ही अवसर पर शांति पीठ ने सायंकाल 'विश्वशांति एवं जनप्रतिभागिता' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया, इसमें 60 लोगों ने भाग लिया। अध्यक्षता राजस्थान विद्यापीठ के उपकुलपति पंडित जनार्दन राय नागर ने की तथा मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री एम. एल. शर्मा थे।

दो घन्टे तक चली इस गोष्ठी में कोई भावी कार्यक्रम की रूपरेखा तो तैयार नहीं हो पाई पर विचारों के आदान-प्रदान हेतु शान्ति पीठ द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम कुल मिलाकर एक सफल प्रयास रहा। (निष्पा)

दैनिक नवज्योति - 10-8-1986

उदयपुर में शांति यात्रा का आयोजन ८ अगस्त को

11/8/86 नवज्योति

उदयपुर (नवन्यूज)। उदयपुर की स्वैच्छिक संस्था शांति पीठ द्वारा ८ अगस्त को प्रातः यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उदयपुर शहर के विद्यालयों विद्या भवन राजस्थान महिला विद्यालय, सेन्टमेरिज, सेन्टपोल, सेनट्री एकडमी, कस्तूरबा, शिशु निकेतन, सरस्वती शिशु निकेतन, रेजीडेन्सी एवं गुरूगोविन्द सिंह के विद्यार्थी भाग लेगें। यह शांति यात्रा टाऊन हाल से प्रारम्भ होकर, बड़ा बाज़ार, घन्टाघर, हाथीपोल होते हुये सूचना केन्द्र प्रांगण में समाप्त होगी।

शांति पीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया कि इस अवसर पर सांयकाल ६ बजे केन्द्र सभागार में विश्व शांति एवं जन प्रतिभागिता विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। गोष्ठी की अध्यक्षता राजस्थान विद्यापीठ के संस्थापक उप कुल पति जर्नादन राय नागर करेंगें।

त्रिवेदी ने बताया कि ४१ वर्ष पूर्व जापान के दो सुन्दर नगरों, हीरोशिमा एवं नागासाकी पर द्वितीय विश्व युद्ध में अमेरिका द्वारा बम गिराये जाने के परिणाम स्वरूप दो लाख के ऊपर निर्दोष लोग तत्काल काल के मुंह में समा गये थे। सम्भवतः इसके बाद अब तक इस संख्या से भी कहीं अधिक लोग उस बमबारी से उत्पन्न रेडियो धर्मिता से ग्रसित होकर मृत्यु को प्राप्त हुये।

इस घटना की पुनरावृति सम्पूर्ण विश्व को कुछ ही क्षणों में मटियामेट कर सकती है। इस दुखद अमानवीय घटना की पुनरावृति न हो दसके लिए जन जागृति के सन्दर्भ में कई देशों में हिरोशिमा व नागासा की घटना की स्मृति दिवस एवं शांति के रुप में याद किया जाता है।



हिरोशिमा व नागासाकी में हुए परमाणु विनाश के खिलाफ शुक्रवार को उदयपुर में हजारों स्कूली छात्र-छात्राओं की शांति रैली। फोटो: सूजसनि

स्कूली छात्र-छात्राओं ने शांति रैली निकाली

(कार्यालय संवाददाता)

उदयपुर, 8 अगस्त। शुक्रवार की सुबह यहां स्काउट, गाइड, शिक्षा विभाग एवं शांति पीठ के संयुक्त तत्वावधान में जापान में आणविक विनाश की स्मृति में आयोजित शांति रैली में हजारों स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

रैली टाउनहाल से प्रारंभ हुई जिसे संबोधित करते हुए पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने कहा कि विश्व शांति के लिए घातक परमाणु अस्त्रों एवं जहरीली गैसों के विरुद्ध सभी को समवेत आवाज उठानी है।

रैली में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं के हाथों में तख्तियां थी जिन पर विश्व शांति, राष्ट्रीय एकता एवं पर्यावरण सुधार विषयक नारे लिखे थे।

बापू बाजार से सूरजपोल, घंटाघर, मोती चौहट्टा व हाथीपोल होते हुए रैली सूचना केंद्र पर पहुंची। शाम को सूचना केंद्र पर विश्व शांति एवं जन प्रतिभागिता पर गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता पं. जनार्द्धनराय नागर ने की तथा मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक मदन शर्मा समेत करीब 60-70 बुद्धिजीवियों ने गोष्ठी में भाग लिया।

रा० पत्रिका 9-अगस्त, 1986

6 जनमंगल 15 अगस्त 1986

हंकार को त्यागे बिना शान्ति स्थापित नहीं हो सकती : पं. नागर

पं. नागर ने शान्ति के लिये सहन-लता और विचारों की उदात्तता आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए हा कि अशान्ति कार्यों में तो बाद में ाती है विचारों में पहले आती है। विचार मुझे पसन्द नहीं है यदि मैं को सुन नहीं सकता, सह नहीं सकता अशान्ति पैदा होने वाली है। शान्ति संस्कृति के लिये पहली शर्त यह है आपको अपने भीतर निर्णय यह ना होगा आप विरोधी से विरोधी र कटु से कटु बात को सुनने के ये तैयार हों या नहीं। फिर उदारता पेश आने को तैयार हो या नहीं।

पं. नागर ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व जनता शान्ति चाहती है शान्ति से ना चाहती है, शान्ति से रहना ाहती है। अनेक राष्ट्रों में पुरुषों ने हिलाओं ने और बच्चों ने अणु बमों, साइलों और संहारक अस्त्रों को सज्जित करने के प्रश्न पर मार खाई पकड़े भी गये है और जेल भी ये हैं।

पं. नागर ने बताया कि मानव का भाव शान्ति से रहना है शान्ति जीना है। शोषक, मुनाफा खोर र दुष्ट दस्यु लोग ही लड़ाते भय पैदा करते हैं, अशान्ति हते हैं। जनता भय पैदा नहीं करती। ता स्नेह से रहना चाहती है। जनता क्ति से नहीं, सहन शीलता से रहना हती है शक्ति से तो राज करने ले जाते हैं।

पं. नागर ने कहा कि आज से साढ़े च हजार वर्ष पूर्व महा भारत का युद्ध ा था सर्वनाश हो गया था, सब कुछ धेरे मे डूब गया था। यदि इस समय ो विश्व युद्ध हुआ तो मानव सभ्यता ष्ट हो जायेगी।

पं. नागर ने प्रश्न उठाया चिन्ता सी है ? इस जड़ जगत को मनुष्य ोहन को कोई चिन्ता नहीं है जैसा में करते हो, वैसा फल आपको देता । आप जिओ या मरो जगत को

चिन्ता है। परमात्मा ने मनुष्य को बुद्धि में शान्ति का उत्तरदायित्व उसको दिया है। आज मनुष्य की बुद्धि स्वार्थ, घृणा और हिंसा से भर गई है। उसको शुद्ध करना होगा।

शान्ति के लिये पं. नागर ने आम जनता के स्तर पर प्रयास करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि हर राष्ट्र अपने राजनेताओं से कह दे कि यदि तुमने अणु बम की बात की तो तुमको गद्दी से उतार कर नीचे कर देंगे। यह प्रस्ताव विश्व भर की जनता द्वारा पास किया जाना चाहिये। जिसने राज करने का दायित्व लिया है उसे अन्ततः जनता की बात को सुनना पड़ेगा। नहीं तो उसके दिन बुरे हैं। वह नहीं चलेगा सत्ता मे रह नहीं सकता।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जिला पुलिस अधीक्षक श्री मदन लाल शर्मा ने कहा कि विश्व शान्ति तभी स्थापित हो सकती है जब हम अपने स्तर पर शान्ति प्रयास शुरु कर दें। उन्होंने जिले में शान्ति व्यवस्था पर बल दिया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए हुकुम राज मेहता ने कहा कि केवल नारों व भाषण बाजी से शान्ति स्थापित नहीं हो सकती। इसके लिए हमें संघर्ष करना होना।

शान्ति फैलाई है।

संगोष्ठी में डा. श्रीमती पैण्डसे, ओजस्वी शर्मा, किशोर सन्त, मन्ना लाल डांगी, दयाल चन्द्र सोनी, केशवानी जी आदि प्रमुख वक्ताओं ने विचार व्यक्त किये। संगोष्ठी का संचालन शान्ति पीठ के महासचिव श्री अनन्त गणेश ने किया।

पं. जनार्दन राय नागर ने शान्ति से सम्बन्धित गद्य गीत का वाचन किया -

शान्त करुणा सिन्धु

● पृथ्वी भय से मानो स्तब्ध हो गई है और दिशाएं मूक मूढ़ हो गई हैं।

● पृथ्वी के आस - पास विकराल भय छा गया है तथा घनान्धकार मुंह बाये खड़ा है। सभी मूक, चुप, मूढ़, भयभीत तथा भयाक्रान्त हैं।

● कीट पतंग अपने बिलों से बाहर निकल कर सूर्य का प्रकाश तक देखना नहीं चाहते। सूर्य की किरणों से रक्त का स्राव हो रहा है। चन्द्रमा मानो अपना शील रखने के लिए ही स्वयं जगा जा रहा है।

● इन दिशाओं में कोई भीषण चीत्कार भरी पड़ी है और प्राणियों के कण्ठों पर यम का पाश मानों

लिए, क्षेम के लिए तनिक दया चाहते हैं। हिंसा से युक्त हमारी बुद्धि को शुद्ध कर दे।

★ आक्रोश तथा आक्रमण से कांपते हुए हमारे भुजों को स्थिरता दें। शान्ति दें। हे परमात्मन् ! हमें अभय दे। शक्ति दे। शान्ति दे। ज्ञान दे।

★ प्रभो। हम पृथ्वी का उद्धार कर सकें। अन्तरिक्ष को शान्त कर सकें। तथा सृष्टि के मंगल को प्रवाहित कर सकें, और जो समझे नहीं, प्रेम से, स्नेह से, हम से हम मानव समुदाय का संगठन कर सकें।

★ हम शौर्य तथा वीरता एवं शक्ति से राष्ट्र का समायोजन कर सकें तथा हम केवल अपना राज्य, स्नेह, शील, शौर्य और पुरुषार्थ के लिए स्थापित कर सकें।

★ हम प्रेम से ही चल सकें, उठ सकें, बैठ सकें। कर सकें, बोल सकें।

★ हम अभय और अहिंसा से ही जियें और जीते रहें हे प्रभो ! ऐसे दिव्य शान्त करुणा के सिन्धु में हमें डुबो दो।

पं. जनार्दन राय नागर

सूचना केन्द्र में हिरोशिमा व नागासाकी की घटना की स्मृति में शान्ति पीठ द्वारा आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान विद्यापीठ के संस्थापक उपकुलपति पं. जनार्दन राय नागर ने कहा अणु बम शस्त्रों को नष्ट करने का जो प्रयास तीन वर्ष से चल रहा है उससे लगता है कि रूस और अमरीका दोनों एक राष्ट्रीय अहंकार की स्थिति में खड़े हैं। दोनों के बीच आशंका है। अमरीका के रीगन अपनी जनता शक्ति का अनुभव कराने के लिये कृत संकल्प हैं। तो रूस के गोर्बाच्योव अपने परमाणु शस्त्रों का विसर्जन करने का प्रस्ताव रखते हुए भी शक्ति सन्तुलन को बिगाड़ने की स्थिति उत्पन्न होने देना नहीं चाहते। इसीलिये कोई निर्णय नहीं हो पा रहा।

राजस्थान पत्रिका
5 अगस्त 1987

हिरोशिमा दिवस पर शांतिमार्च आज

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 4 अगस्त। 'हिरोशिमा स्मृति दिवस' पर बुधवार सुबह नगर के स्कूली बालकों का एक शांतिमार्च आयोजित होगा जिसमें दो दर्जन से भी अधिक विद्यालयों के बालक हिस्सा लेंगे।

जापान के हिरोशिमा व नागासाकी शहरों में 6 अगस्त 1945 को हुए परमाणिक विनाश की पुनरावृति रोकने तथा विश्व शांति, अहिंसा, भावात्मक एकता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जन में जागृति लाने के उद्देश्य से स्थानीय स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ ने बुधवार को इस जुलूस का आयोजन किया है। जुलूस सुबह 8.30 बजे टाउन हॉल से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से गुजरता हुआ भंडारी दर्शक मंडप पहुंचेगा।

उदयपुर पर्यावरण बदल गुरुवार को विश्व शांति दिवस के उपलक्ष में 'परमाणु शक्ति एवं पर्यावरण' विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन करेगा। जिसमें पत्रकार धरेन्द्र राहुल प्रमुख वक्ता होंगे।

राजस्थान पत्रिका
1 अगस्त 1987

हिरोशिमा-दिवस पर 5 को उदयपुर में रैली

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 31 जुलाई। जापान के शहरों हिरोशिमा व नागासाकी में 42 वर्ष पूर्व परमाणु बमों से हुए विनाश की भविष्य में पुनरावृति रोकने तथा विश्वशांति बनाए रखने के उद्देश्य से शांतिपीठ संस्थान बुधवार को नगर में शांति मार्च का आयोजन करेगा। हिरोशिमा पर 6 अगस्त 1945 को परमाणु बम गिराया गया था।

इस अवसर पर निकलने वाले जुलूस में स्कूली बच्चे व नागरिक शरीक होंगे। जुलूस सुबह 8.30 बजे टाउन हाल से शुरू होकर नगर के मुख्यमार्गों से गुजरेगा तथा भंडारी दर्शक मंडप पहुंच कर एक सभा में बदल जाएगा। इस सभा को अनेक प्रबुद्ध वक्ता संबोधित करेंगे। जो परमाणु विभीषिका के साथ ही सामाजिक, सांप्रदायिक, भावात्मक एकता तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालेंगे।

1 अगस्त 1987 पृष्ठ 9

जय राजस्थान
6 अगस्त 1987



हिरोशिमा स्मृति दिवस पर उदयपुर में शांति मार्च

उदयपुर, 5 अगस्त। हिरोशिमा स्मृति दिवस के संदर्भ में शांतिपीठ द्वारा आयोजित शान्ति मार्च में विभिन्न विद्यालयों ने बड़े ही उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें राजस्थान महिला विद्यालय, रा.बा.उ.मा. विद्यालय भूपालपुरा रा.उ.मा.विद्यालय रेजीडेन्सी, रा. उ. मा. विद्यालय गुरु गोविन्दसिंह, रा. फतह उ.मा. विद्यालय, कस्तूरबा शिशु निकेतन में विद्यालय तेरापियार से विद्यालय सेंट मेरीज सेम्हपाल, सेंट जेम्स रा.उ.मा. विद्यालय फतहपुरा, राजकीय बा.मा.विद्यालय सूरजपोल, रा.उ.मा.विद्यालय धानमण्डी,रा.बा. उ.मा. विद्यालय, रा.उ.मा. विद्यालय भूपालपुरा,मा.विद्यालय खांनीपीरा, सेन्ट्रल अकेडमी एवं आलोक स्कूल उपस्थित रहे।

टाउनहाल से शुरु हुआ यह मौन जलूस बापूबाजार सरदारपोल चंदावर हाथीपोल चेतक सर्कल से गुजरा। हाथों में विभिन्न बेनर्स लिए विद्यालयों के छात्र छात्राएं हिरोशिमा के प्रति आगाह करने के संकल्प को सहज अभिव्यक्ति दे रहे थे यह जुलूस अन्त में सूचना केन्द्र के खुले सभागार में एक सुन्दर सभा में बदल गया जहां कुछ वक्ताओं ने विद्यार्थियों को उनके विश्व शांति में योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्य का संयोजक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने किया। साथ ही शांतिपीठ की ओर से अगले सप्ताह आयोजित की जाने वाली प्रदर्शनी के बारे में बताया गया जिसमें विश्व शांति के संदर्भ में अनेक चित्र रखे जावेंगे जो 'एक विश्व शांति पाठिका' के नाम से प्रदर्शित की जायेगी।

अन्त में सभी बच्चों ने एक साथ राष्ट्रगान के साथ विसर्जन किया।

जय राजस्थान रविवार 6 अगस्त 1995



शांतिपीठ द्वारा आयोजित शांति सभा के दौरान मंच को संबोधित करते हुए सांसद सुनील दत्त। फोटो- सुशील शर्मा, रामा स्टूडियो

उदयपुर में हिरोशिमा दिवस पर शांति रैली

राष्ट्र भावना से ओत-प्रोत व्यक्तियों का चयन हो- दत्त

(शैलेश व्यास)

उदयपुर, ५ अगस्त। "आज देश के नागरिकों को राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत व्यक्तियों को चुनकर आगे लाने की जरूरत है, ताकि देश का सही दिशा में विकास व निर्माण हो सके।"

उक्त विचार आज सांसद एवं प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता सुनील दत्त ने हिरोशिमा त्रासदी की पचासवीं वार्षिकी पर शान्तिपीठ, उदयपुर द्वारा आयोजित शान्ति जुलूस एवं सभा के दौरान भारतीय लोक कला मंडल में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

दत्त ने कहा कि आज दुनिया भर को शांति भंग होती जा रही है एवं चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है, वहां एशिया के लोगों ने ही शांति का संदेश प्रारंभ कर एक नए युग का अध्याय प्रारंभ किया है।

भारत ने शांति की दिशा में एक कदम आगे बढ़कर बम न बनाने का फैसला किया लेकिन अगर बम की ताकत हो, तो सभी देशों के पास होनी चाहिए, वरना किसी के पास नहीं होनी चाहिए।

दत्त ने कहा कि बौद्ध से बुद्ध, गुरु नानक, महात्मा गांधी ने शान्ति के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। आपने कहा कि शांति का मतलब कुर्बानी है एवं शांति को ढूंढने के लिए मनुष्य के सामने हजारों रास्ते सामने पड़े हुए हैं।

दत्त ने बच्चों का जिक्र करते हुए कहा कि आज बच्चों के चेहरे पर खुशहाली रहेगी तो आने वाले वक्त पर वे शांति का नया पैगाम लेकर आएंगे।

दत्त ने हिरोशिमा दिवस का जिक्र करते हुए बताया कि जापान में बम फटने से ढाई लाख लोग मारे गए थे एवं कई बच्चे अनाथ हो गए तथा कई महिलाएं व बूढ़े अपंग हो गए।

दत्त ने शांतिपीठ, उदयपुर जैसी संस्था द्वारा इस दुःख की भावनाओं की कद्र करते हुए शांति जुलूस व सभा का आयोजन कर झीलों की नगरी उदयपुर का नाम देश भर में रोशन कर दिया है।

नगर परिषद की अध्यक्षा श्रीमती किरण माहेश्वरी ने हिरोशिमा दिवस का जिक्र करते हुए कहा कि आज देश में शांति की अत्यन्त आवश्यकता है एवं शांतिपीठ ने इस तरह का आयोजन कर शांति की दिशा में सफल प्रयास किया है।

जिला कलक्टर डॉ. अशोक सिंघवी ने शांतिपीठ के आयोजन को काफी सराहनीय बताते हुए दो मिनट का मौन रखकर हिरोशिमा दिवस पर अमर हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में विधायक शिवकिशोर सनाढ्य ने दत्त का आभार व्यक्त किया।

समारोह के प्रारंभ में शांतिपीठ, उदयपुर के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने हिरोशिमा दिवस के बारे में जानकारी देकर अपनी संस्था का परिचय दिया।

समारोह में केन्द्रीय अकादमी के निदेशक संगम मिश्रा एवं राजेन्द्र सक्सेना भी उपस्थित थे।

इससे पूर्व शांतिपीठ द्वारा आयोजित शांति जुलूस टाउनहॉल से बापूबाजार, देहलीगेट, भेटक सर्कल होते हुए लोककला मंडल पहुंचा, जिसमें सांसद सुनील दत्त एवं अनन्त गणेश चतुर्वेदी ने हिरोशिमा स्मृति दिवस का बैनर पकड़ा हुआ था, वहीं उदयपुर की विभिन्न संस्थाओं के एक हजार बच्चे हाथों में 'शांति' से सम्बन्धित नारों की झंडिया व बैनर लिए थे, जो शांति सभा में भी साथ थे।



हिरोशिमा स्मृति दिवस पर शांति जुलूस में सांसद सुनील दत्त व डॉ. त्रिवेदी बैनर पकड़े जुलूस का नेतृत्व करते हुए। फोटो- सुशील.

भारतीय चिन्तन हमेशा से विश्व कल्याण का पक्षधर रहा है

दो विश्व युद्धों की विनाशकारी विभीषिका देखने के बाद विश्व के देशों ने युद्ध का उन्माद रोकने के लिये एक संगठन की आवश्यकता अनुभव की। उसी के परिणामस्वरुप संयुक्त राष्ट्र संघ अस्तित्व में आया।

हर वर्ष विश्व शान्ति की कामना करने वले लोग संयुक्त राष्ट्र दिवस के कार्यक्रम 24 अक्टूबर को आयोजित करते हैं। इस बार उदयपुर में शान्ति पीठ द्वारा कृषि विस्तार निदेशालय के सभागार मे 46वां संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर 'बदलता परिवेश और संयुक्त राष्ट्र संघ' विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गयी। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व केन्द्रीय मन्त्री वसन्त साठे ने अपनी उदयपुर यात्रा को रोमांचक बताते हुए चित्तौड़ एवं हल्दीघाटी जैसे स्मारकों को तीर्थ-स्थान बताया जिनसे भावी एवं वर्तमान पीढ़ी प्रेरणा ले सकती है।

श्री साठे ने वर्तमान विश्व व्यापी समस्याओं के सन्दर्भ में कहा कि हमारे मनीषियों एवं राष्ट्रीय आन्दोलन के नेताओं ने सदैव विश्व कल्याण की बात की है। साठे ने याद दिलाया कि आजादी से पूर्व ही भारत संयुक्त राष्ट्र संघ के गठन में सक्रिय रहा। कमजोर की आवाज को दुनिया में महत्व नहीं मिलता है। हमारा इतिहास गौरवमय रहा हैं परन्तु हम इसका बखान ही करते हैं अनुसरण नहीं।

श्री साठे ने देश की वर्तमान परिस्थितियों के सन्दर्भ में विवाद ग्रस्त मुद्दों को टाल कर एक आर्थिक कार्यक्रम पर सहमति के आधार पर राष्ट्रीय सरकार की महत्ता प्रतिपादित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विस्तार निदेशालय के निदेशक डा. ओंकारसिह राठौड़ ने संयुक्त राष्ट्र संघ के सिद्धांतों की सफलता के लिए एक वैचारिक आंदोलन की आवश्यकता बताई।

प्रारम्भ में इतिहासविद् डा. गोपीनाथ शर्मा ने विषय प्रवर्तन करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के इतिहास पर दृष्टिपात किया और कूटनीति एवं राजनैतिक स्वार्थों को इसके उद्देश्यों की पूर्ति में बांधक बताया।

साहित्यकार डा. रामगोपाल शर्मा दिनेश ने अपने देश की स्थिति को सुधारने पर बल देते हुए अर्थ व्यवस्था को दोषपूर्ण बताया और देश के कानूनों में आवश्यक परिवर्तन करने की सलाह दी।

शांति पीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने आणविक शस्त्रों के निर्माण एवं परीक्षण पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा रोक लगाये जाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ अपनी संरचना के अनुकूल शान्ति के शाश्वत नियमों को विस्तार देते हुए सांस्कृतिक समन्वय के कार्य में सहभागिता बढ़ायें। त्रिवेदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अब तक पारित प्रस्तावों को अमल में लाने की बात करते हुए इजरायल-फिलस्तीन समस्या का समाधान यथाशीघ्र निकालने की माँग की।

सरदार जसपाल सिंह ने इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा छोटे देशों को संरक्षण देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा किसी भी शांति के दबाव में आये बगैर कार्य करने की आवश्यकता बताई। सी. टी. ए. ई. के डा. मधुसूदन आचार्य ने संयुक्त राष्ट्र संघ के रचनात्मक कार्यक्रमों की सराहना की।

प्रारम्भ में वसन्त साठे का स्वागत किया गया। इस अवसर पर साठे ने डा. राजमल लोढा द्वारा लिखित पर्यावरण पुस्तक का विमोचन भी किया। डा. लोढ़ा ने उदयपुर की गहराती पर्यावरण समस्याओं से अवगत कराया।

उदयपुर में शांति पीठ विश्व शांति के सन्दर्भ में साधनारत एक जीवन्त संस्था है। इसके कार्यों का अपना महत्व है। विश्व की ज्वलंत समस्याओं पर हमेशा ही इसके द्वारा गोष्ठियां आयोजित की जाती हैं। विश्व शान्ति के सन्दर्भ में सेमीनार भी आयोजित किये जाते हैं। नागासाकी और हीरोशिमा दिवस पर हजारों बच्चों की टोलियों के साथ जुलूस भी निकाले जाते है।

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जो प्रयास किये जाते हैं उनका अपना महत्व होता है। राष्ट्रीय स्तर पर किये जाने

(शेष पृष्ठ अन्तिम पर)

> भारतीय संस्कृति का मूल स्वर समन्वयवाद है। यहां मिल-जुल कर आगे बढ़ने की तपस्या का अनवरत क्रम चला है। यहां प्राणी मात्र के कल्याण की कामना की गयी है। यहां के ऋषियों ने मानव मंगल के लिये असद् से सद् की ओर, अन्धकार से प्रकाश की ओर एवं मृत्यु से अमरत्व की ओर चलने का मार्ग प्रशस्त किया है। भारत के ऋषियों ने वसुधैव कुटुम्बकम् का सिद्धान्त दिया है जिसकी उदात्तता विश्व को एक परिवार के रूप में मानने के लिये प्रेरित करती है।

चित्त का आनन्द

अपनी ही वेदना में सीद कर मैं अपने ही मन के नयनों में देखने लगता हूँ।
मन के नयनों की शून्य आभा में मैं स्वयं के अन्तःकरण को ही जैसे देखता हूँ।
जागृति से स्वप्न में आकर मैं जैसे अपने ही नयनों में समा जाता हूं।
स्वप्न और स्मृतियों से भरी जागृति में मेरी तमन्नायें ही घनगनाती है और मैं रुप से, रस से, स्पर्श से, गंध से समस्त अखिल-निखिल को स्वयं में समा लेना चाहता हूं।
गंध होकर मैं जन्म में डूबता हूं और अपना ही रस बनकर मैं अपने अन्तःकरण को अग्नि में लीन हो जाता हूं।
अपने अन्त करण की अग्नि में भस्म हो मैं असीम स्पर्श हो जाता हूं और स्वप्नों की आंधियों में उड़ता रहता हूं।
स्वप्न की मेरी यह आंधियां स्मृतियों में उड़कर शब्द के अनाहत व्योम में डुल जाती हैं।
शब्द की सतत् ध्वनियों में बजकर मैं प्रति ध्वनियों में उड़कर आकृति के परे तथा सीमा के पार पहुंच जाता हूं।
मैं अनहद् नाद सा आकाश में गूंजकर अवकाश का निरीह मौन बन जाता हूं।
मैं सत् का चित्त और चित्त का आनन्द बन कर काल से मुक्त हो जाता हूं।

—जनार्दनराय नागर

सरस्वती देवयन्तो हवन्ते
जन-मङ्गल
[प्रथम पृष्ठ का शेष]
वाले प्रयासों का प्रचार-प्रसार धूम धाम से होता है किन्तु क्षेत्रीय स्तर पर किये जाने वाले प्रयास छोटे भले ही लगे लेकिन उनकी आकांक्षा का अपना महत्व है। उनके योगदान को भुलाया नही जाना चाहिये। सभी के समन्वय से शांति के निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किये जा सकेंगे।
फोन : 2400 एन. आई. 7263/62
वर्ष 30) शि (वार्षिक 20 रु.)
(अंक 10) (एक प्रति 40 पैसे)
30 अक्टूबर 1991

राष्ट्रीय सहारा, नयी दिल्ली, बुधवार 12 अगस्त 1992



उदयपुर में हिरोशिमा के दुखःद दिवस की 47वीं वर्षगांठ पर आयोजित शांतिमार्च में हिस्सा लेते बच्चे

छाया : राष्ट्रीय सहारा

हिरोशिमा दिवस की याद में शांति मार्च आयोजित

सहारा समाचार

उदयपुर 11 अगस्त । हिरोशिमा दुर्घटनिका की 47वीं वर्षगांठ के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा शांति मार्च व सभा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अनेक स्वैच्छिक संगठनों के लोगों ने हिस्सा लिया ।

शांति सभा में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने मनुष्य के नैतिक बल को शांति और विकास का आधार बताया । उन्होंने छात्र-छात्राओं के उत्साह की तहेदिल से सराहना करते हुए कहा कि बारिश के बवजूद भी विद्यार्थी वर्ग द्वारा पूरी तादाद में हिस्सा लेना इस बात का प्रमाण है कि नयी पीढ़ी संकल्प की धनी है और इनके इरादे पक्के हैं । जगत मेहता ने कहा कि वही अभियान सफल होता है जो अपने घर से शुरू होता है ।

सभा को सम्बोधित करते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने पर्यावरण संरक्षण के कार्य को विश्व शांति का पूरक बताया । उन्होंने जीवन में मूल्यों को स्थापित किये जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की । व्यक्तियों के पारस्परिक और प्रकृति के प्रति दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव की आवश्यकता बताते हुए उन्होंने शांति और सद्भाव को मानव समाज के भावी विकास का आधार बताया । उन्होंने वर्तमान में उपस्थित अनेक विसंगतियों से उभरने के लिए व्यापक स्तर पर नैतिक क्रांति की आवश्यकता बतायी ।

कार्यक्रम के अध्यक्ष भारत इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पी.एल. अग्रवाल ने आज ही के दिन 1945 में हिरोशिमा पर डाले गये परमाणु बम की विभिषिका और इसके दुष्परिणामों की जानकारी दी और कहा कि पूर्ण निःशस्त्रीकरण तब ही सम्भव है, जब दुनिया में एक भी अणु बम शेष न रहे । उन्होंने निःशस्त्रीकरण की ओर बढ़ते अभियान को अधिक गति देने की आवश्यकता बतायी । उन्होंने कहा मानव समाज शांति और प्रेम चाहता है, युद्ध नहीं । युद्ध तो मात्र कतिपय लोगों का क्षुद्र अहंकार और मानसिक विकृति है ।

सभा के प्रारम्भ में सेंट मेरिज स्कूल की बालिकाओं ने विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर फिडलिस के साथ शांति संगीत प्रस्तुत किया । सभा का संचालन विपिन गांधी ने किया । शांति सभा के पूर्व प्रातः 10 बजे जुलूस का प्रारम्भ टाउन हाल प्रांगण से जिला मजिस्ट्रेट राकेश श्रीवास्तव ने शांति के प्रतीक श्वेत कपोत आसमान में छोड़ कर किया और स्वयं ने सूरजपोल तक रैली का नेतृत्व किया । बारिश की परवाह न करते हुए तीन दर्जन सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के करीब सात हजार छात्र-छात्राओं ने जुलूस में हिस्सा लिया । प्रतिभागी अपने हाथों में शांति निःशस्त्रीकरण पर्यावरण संरक्षण व नैतिक उत्थान के संदर्भों में लिखित तख्तियां, बेनर्स, पोस्टर्स आदि लेकर चल रहे थे ।

उदयपुर बुधवार 7 अगस्त 1991

एक्सप्रेस

विश्व शांति व पर्यावरण संरक्षण के लिए शांति रेली

उदयपुर: 6 अगस्त (वि) हिरोशिमा दुखान्तिका की 46 वी वर्ष गांठ पर मंगलवार को शांति पीठ द्वारा शांति मार्च व शांति सभा का आयोजन किया गया।

शांति जुलूस आज सवेरे टाउन हाल से प्रारम्भ हुआ जिसे सभागीय आयुक्त निहाल चन्द जैन ने नारे लिखी तख्ती दिखाकर रवाना किया।

करीब 8 हजार के इस काफिले मे विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी व अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधि अपने हाथों में विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण की तख्तिया लिये चल रहे थे।

जुलूस सूरजपोल, बापूबाजार, अश्विनी मार्ग, हाथीपोल, चेटक सर्किल होता हुआ भण्डारी दर्शक मंडप पहुंच कर एक शांति सभा में परिवर्तित हो गया।

शांति सभा मे बोलते हुए जनजाति विकास राज्यमन्त्री चुन्नीलाल गरासिया ने विद्यार्थियों का आव्हान किया कि वे विश्व शांति और पर्यावरण के महान अभियान मे लगे।

शांतिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विश्व मे निःशस्त्रीकरण का स्वप्न तब ही साकार हो पायेगा जब इसका आधार मात्र कूटनीतिक न हो बल्कि अहिंसा व मानव मूल्य हो।

अपने अध्यक्षीय भाषण में समाजसेवी पी. एस. मूंदिय। ने विश्व में शांति व सदभावना के वातावरण को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

सभा के प्रारम्भ में सेंट टैरेसा व सैंट मैरी की छात्राओं ने शांतिगीत गाये।

हिरोशिमा विभीषिका की सालाना बरसी पर प्रदेश की राजधानी जयपुर समेत देश के अनेक हिस्सों मे शांति सभाए हुई व रैलिया निकाली।

प्रातःकाल

श्रावण कृष्णा 12 बुधवार दिनांक 7 अगस्त 1991

छात्रों ने शांति मार्च निकाला

उदयपुर, 6 अग. (कासं)। हिरोशिमा दुखान्तिका की 46 वीं वर्षगांठ पर नगर में स्कूली छात्रों ने मंगलवार को शांति मार्च का आयोजन किया गया। इस शांति मार्च में विभिन्न विद्यालयों से सैकड़ों की तादाद में छात्रों ने भाग लिया

शांतिपीठ तत्वावधान में आयोजित इस शांति मार्च में दो-दो की लम्बी कतार में शामिल छात्र हाथों में शांति व पर्यावरण संरक्षण संबंधी नारे लिखी तख्तियां लिए मौन चल रहे थे।

शांति जुलूस टाऊनहाल से प्रारंभ हुआ जिसे संभागीय आयुक्त एन. सी. जैन ने नारे लिखी तख्ती दिखाकर रवाना किया। रैली सूरजपोल, बापूबाजार, अश्विनिमार्ग, हाथीपोल, चेटकक होते हुए भंडारी दर्शक मंडप में पहुंच शांति सभा में बदल गई।

इस सभा को जनजाति विकास राज्यमंत्री चुन्नीलाल गरासिया ने संबोधित किया। अध्यक्षता पी. एस. मुर्डिया ने की। सभा के प्रारंभ में संत तरेसा व सेंट मेरीज की छात्राओं ने शांतिगीत गाये। सभा में शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने भी विचार रखे।

2, जनमंगल 8 फरवरी 1991

विश्व में युद्ध प्रणीत संस्कृति का ही बोलबाला है

—पं. जनार्दन राय नागर

राजस्थान विद्यापीठ के वाइस चांसलर पं. जनार्दन राय नागर के अनुसार मानव का इतिवृत्त युद्ध का इतिवृत्त हो गया है तथा जीवन के व्यवहार में हिंसा ही फैलती जा रही है। बीसवीं सदी के अन्तिम चरण में आज विश्व के उद्धार तथा प्राणी मात्र के योगक्षेम की चिन्ता प्रत्येक उत्तरदायी मानव को हो गई है। यह भी स्पष्ट हो गया है कि विश्व के राजनीतिकों पर विश्व जनता जनार्दन के मत सम्मत का न्यूनतम भी प्रभाव नहीं है। जब तक लोकमत का इन राजनीतिकों पर असर नहीं होता, युद्ध की भीषण सम्भावना बनी ही रहेगी।

खाड़ी युद्ध की विभीषिका ने आज विश्व के जन मन को विचलित कर दिया है। शान्ति के लिए किये जाने वाले प्रयासों की असफलता ने जन मन को व्यथित और बैचेन कर दिया है। फलतः लोगों ने युद्ध विरोधी प्रदर्शनों के रूप में अपना रोष व्यक्त करने का क्रम चला रखा है। निराशा हो जाने की स्थिति में लोग परम पिता परमात्मा से शान्ति के लिये प्रार्थनाएँ करने का रास्ता अपना रखा है।

इस दिशा में उदयपुर की सार्वजनिक संस्था शान्ति पीठ द्वारा भी महत्वपूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं। प्रार्थना सभाओं के आयोजन से शांति पीठ ने अपना शान्ति अभियान आरम्भ किया है। जगह-जगह विचार गोष्ठियों के आयोजन शान्ति पीठ द्वारा किये जा रहे है। एक प्रभावशाली विचार गोष्ठी का आयोजन करने के लिए शान्ति पीठ का प्रस्ताव है।

शान्ति प्रयासों की दृष्टि से शान्ति पीठ का यह महत्वपूर्ण विचार गोष्ठी का आयोजन एक संकल्पबद्ध किन्तु सशक्त प्रयास होगा। शान्ति पीठ के संरक्षक श्री जी श्री अरविन्द सिंह ने देश के प्रबुद्ध चिन्तकों से अपने विचार भेजने का आग्रह कर एक नये अध्याय का शुभारम्भ किया है जिससे शान्ति के सम्बन्ध में विचारकों के सुझावों से सार गर्भित प्रेरणा ग्रहण कर गोष्ठी द्वारा प्रस्ताव पारित कर सम्बद्ध पक्षों को भेजा जायेगा जिससे गोष्ठी की सार्थकता सिद्ध होगी।

देश के प्रबुद्ध विचारकों के नाम श्री जी श्री अरविन्द सिंह मेवाड़ का पत्र

THE PALACE
INDIA
UDAIPUR

29-1-1991

महोदय,

खाड़ी युद्ध की विभीषिका के बढ़ते जाने से समग्र विनाश का भय व्याप्त होता जा रहा है। विश्व शान्ति की साधना में लीन शान्ति पीठ मानवता के मंगलमय भविष्य के स्वप्नों को धूलि धूसरित करने वाले युद्ध के सम्भावित परिणामों से अत्यन्त चिन्तित है। विश्व में चलने वाले शान्ति प्रयासों में शान्तिपीठ भी एक विनम्र किन्तु सशक्त प्रयास करना चाहता हैं।

शान्ति पीठ के इस सहयोग की आकांक्षा को आप अपने विचारों के द्वारा सम्बल प्रदान करें ताकि युद्ध के विनाशकारी परिणामों से विश्व को बचाने की दिशा में सशक्त प्रयास सफलतापूर्वक सम्पन्न किया जा सके।

यह युद्ध हमारे आपके सबके लिए संकट का कारण है। सम्पूर्ण विश्व की शान्ति भंग करने वाला यह युद्ध मानवता का संहारक शत्रु हैं। इसको रोकने के लिए वैचारिक धरातल पर हम और आप मिल कर प्रयास करें।

युद्ध में संलग्न दोनों पक्षों को ईश्वर सदबुद्धि दें। इसी संकल्प के साथ आपका सहयोग अपेक्षित है।

(अरविन्द सिंह मेवाड़)
संरक्षक
शान्ति पीठ, उदयपुर

राजस्थान विद्यापीठ के वाइस चांसलर पं. जनार्दन राय नागर देश के सुप्रसिद्ध साहित्यकार हैं, यशस्वी शिक्षा शास्त्री हैं। इतिहासविद् हैं। राजनीति के कुशल खिलाड़ी हैं। मानव मंगल के चितेरे और जन जीवन के कल्याण साधक हैं। शक्तिशील और सौन्दर्य की अमृत साधना का शुभारम्भ करने वाले समाज सेवा के तेज की धारणा का चैतन्य विकसित करने वाले हैं। युग की अब धारणा को अपनी तेजस्विता से संजीवित करने वाले पं. नागर ने श्री जी श्री अरविन्द सिंह मेवाड़ का पत्र पढ़ कर जो पत्र लिखा।

पं. नागर का वह पत्र आज के युग को उद्बोधन देने वाला है। शांति के लिए वह संजीवनी के समान है और आज के जनजीवन को अहापोह की स्थिति में दिशा बोध देने वाला है। यह पत्र शान्ति प्रयास करने वालों को सम्बल प्रदान कर सकता है आवश्यकता है इससे प्रेरणा ग्रहण करने की। मानव मंगल की कामना से जगद कल्याण के लिये लिखा गया यह पत्र शान्ति प्रयासों के क्रम में हम सबके लिये प्रेरणादायक सिद्ध होगा। इसी कारण पत्र को आपके समक्ष यथावत प्रस्तुत किया जा रहा है।

पं. नागर का पत्र :

दूरभाष : 23703

"सरस्वती देवयन्तो हवन्ते"

राजस्थान विद्यापीठ उदयपुर

(प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय)

जनार्दन राय नागर
वाइस चांसलर

दिनांक 5-2-91

श्रीमान् श्री जी अरविन्द सिंह मेवाड़, महिम,

सादर वन्दे। खाड़ी युद्ध को लेकर उत्पन्न भयावह स्थिति तथा मानवता के परित्राण को लेकर विश्वभर में होने वाले शान्ति प्रयास की अनिवार्य आवश्यकता को लेकर आपका महत्वपूर्व पत्र मिला। सच तो यह है आज दिन तक विश्व में युद्ध प्रणीत संस्कृति का ही बोल-बाला है तथा हम अपने सभी ऐतिहासिक निर्णय युद्ध की विभीषिका पूर्ण हार जीत से ही करते आये हैं। मानव का इतिवृत युद्ध का इतिवृत हो गया है तथा जीवन के व्यवहार में हिंसा ही फैलती जा रही है। बीसवीं सदी के अन्तिम चरण में आज विश्व के उद्धार तथा प्राणी मात्र के योगक्षेम की चिन्ता प्रत्येक उत्तरदायी मानव को हो गई है। यह भी स्पष्ट हो गया है कि विश्व के राजनीतिकों पर विश्व-जनता-जनार्दन के मत सम्मत का न्यूनतम भी प्रभाव नहीं हैं। जब तक लोकमत का इन राजनीतिकों पर असर नहीं होता, युद्ध की भीषण सम्भावना बनी ही रहेगी। फिर भी मानव का कर्तव्य है कि वह मंगलमय एकलिंगनाथ से आर्त प्रार्थना करे कि युद्ध के सक्रामक अभिशाप से मानव जाति का उद्धार हो। भगवती पराम्बा महाशक्ति से प्रार्थना है कि वह शरणागत और दीन आर्त मानव को सब आर्ति हरे और वह मंगलमयी जगदम्बा अपने सन्तानों की रक्षा करे। सत्ता के उद्दाम आतम को मिटाने के लिये मानव के पास प्रभु के प्रति केवल आर्त प्रार्थना ही शेष है। मैं आपकी इस शान्ति-कामना से प्रेरित होकर जगम्बा से प्रार्थना करता हूँ कि वह आपकी पुकार सुने।

विनीत
(जनार्दन राय नागर)

उदयपुर एक्सप्रेस

उदयपुर रविवार 5 अगस्त 1990

हिरोशिमा दिवस पर छात्रों का विशाल जुलूस

अस्त्रों की होड़ बनी रही तो विश्वशान्ति खतरें में रहेगी

उदयपुर 4 अगस्त। परमाणु पूर्ण निःशस्त्रीकरण हमारा लक्ष्य है। जब तक अस्त्रों की होड़ बनी रहेगी तब तक विश्वशांति को खतरा बरकरार रहेगा। उक्तविचार आज शान्तिपीठ द्वारा हिरोशिमा स्मृति दिवस के कार्यक्रमों के तहत आयोजित शान्ति सभा में बोलते हुए भारत इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डाक्टर पी. एल. अग्रवाल ने व्यक्त किये।

शांतिसभा में मुख्य अतिथि के रूप में डा. अग्रवाल ने कहा कि जो हादसा 45 वर्ष पूर्व हिरोशिमा में घटा था उसका ज्वलन्त प्रमाण हिरोशिमा के अस्पतालों में आज भी मौजूद है। हजारों रोगी उस दुखान्तिका की याद दिलाते है। अपंग और विकृत बालकों का जन्म हि-

शेष पेज 4 कालम 5 पर

हिरोशिमा. . .

शेष पेज 1 कालम 5 का

रोशिमा हत्याकाण्ड की भारी भूल से सबक लेने के लिए अपने आप में पर्याप्त है।

सभा के प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने इस आयोजन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व के अणुशक्ति संपन्न राष्ट्र वर्षों के प्रयत्नों के बाद निःशस्त्रीकरण की ओर अपना कदम बढ़ा चुके हैं। जिससे विश्व समाज को भविष्य की ओर आशा की एक नई किरण मिली है।

विद्यार्थी वर्ग के प्रतिनिधि के रूप में सेन्टपाल के छात्र मनीष नलवाया ने शान्ति व निःशस्त्रीकरण पर अपने विचार व्यक्त किये.

शान्तिसभा में दो मिनट का मौन रखा गया और राष्ट्रगान के साथ विसर्जन हुआ। सभा की अध्यक्षता पर्यावरणविद प्रो. विजयनारायण ने की। सभा के पूर्व शांतिरैली का शुभारम्भ डी. आई. जी. शान्तनु कुमार ने प्रातः 10 बजे छात्र-छात्राओं के साथ हम कदम होकर टाऊन हाल से किया। हजारों छात्र-छात्राएं अपने स्कूली गणवेश में थे।

जुलूस में नगर की कई संस्थाओं के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए। नगर की करीब 30 स्कूलों का यह अनुशासनबद्ध मौन जुलूस सूरजपोल, बापूबाजार, देहलीगेट, अश्विनी बाजार, चेटक होता हुआ महाराणा भूपाल स्टेडियम में जाकर सभा में बदल गया।

दिनांक ५-८-१९९०

नवजीवन

अस्त्रों की होड़ रहते विश्व शांति को खतरा-पी. एल. अग्रवाल

उदयपुर,4 अगस्त। परमाणु पूर्ण निःशस्त्रीकरण हमारा लक्ष्य है। जब तक अस्त्रों की होड़ बनी रहेगी। तब तक विश्वशान्ति को खतरा बरकरार रहेगा।

उक्त विचार शनिवार यहां शान्तिपीठ द्वारा हिरोशिमा विकास के तहत मुख्य अथिति भारत इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डा. पी. एल. अग्रवाल ने व्यक्त किये।

सभा के प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व के अणुशक्ति सम्पन्न राष्ट्र वर्षों के प्रयत्नों के बाद निःशस्त्रीकरण की ओर अपना कदम बढ़ा चुके है, जिससे विश्व समाज को भविष्य की ओर आशा की एक नई किरण मिली है।

सेन्टपॉल के छात्र मनीष नलवाया ने भी शान्ति व निःशस्त्रीकरण पर अपने विचार रखे।

इस अवसर पर एक मौन जुलूस भी निकाला गया। शांति रैली का शुभारंभ डी. आई. जी शांतनुकुमार ने टाउनहाल से किया।

मानव समाज के मंगलमय भविष्य के लिये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रकाश स्तम्भ हैं

राजस्थान महिला विद्यालय के सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर शान्ति पीठ द्वारा 'मानव समाज का भविष्य एवं गांधीजी' विषय पर आयोजित एक विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सुप्रसिद्ध नाट्यकर्मी श्री मंगल सक्सेना ने गांधी जी के बताये आदर्शों को जीवन में परीक्षण कर अंगीकार करने का आव्हान किया। आज विश्व महाविनाश के कगार पर खड़ा है ऐसे समय में महात्मा गांधी द्वारा निर्दिष्ट मार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रेरित करते हुए श्री सक्सेना ने स्वतन्त्र चेता महिला समाज की रचना को देश एवं विश्व शान्ति के लिए आवश्यक बताया।

भौतिक समृद्धि और सुखों को ही सब कुछ मानने वाले लोग आज विश्व का कर्त्ता धर्ता अपने को मानने लगे है। मादक द्रव्यों की तस्करी में लिप्त लोग आज उन देशों के कर्णधारों को मार डालने की धमकी देने का साहस करने लगे हैं जो अपने देश में मादक द्रव्यों की तस्करी को रोकने के लिये कारगर कदम उठाने के सम्बन्ध में निर्णय लेते है। श्री मगल जी ने विश्व के बढ़ते आतंकवाद एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर चिन्ता व्यक्त करते हुए इसे भावी पीढ़ी के लिए खतरा बताया तथा इसके निदान हेतु गांधी जी के बताये आदर्शों को अपनाने की सलाह दी।

देश में साम्प्रदायिक दंगों की चर्चा करते हुए श्री मगल सक्सेना ने कहा कि अपने-अपने धर्म को मानने की आजादी सब को होनी चाहिये और अपने देश में सब को यह आजादी है भी किन्तु अपने धर्म को श्रेष्ठ मानने के दम्भ में दूसरे धर्म की निन्दा करना उचित नहीं हैं। साम्प्रदायिक सहिष्णुता का सद्भाव अपनाने का परामर्श देते हुए श्री सक्सेना ने अपने-अपने धर्म की शिक्षाओं को वास्तविक जीवन में अपनाने तथा परब्रह्म में आस्था रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा आज से ५०० वर्ष पूर्व गुरुनानक देव ने यह शिक्षा दी थी जिसे बाद में रामकृष्ण परमहस ने भी सुझाया। इसी परम चैतन्य में आस्था रखने का महात्मा गांधी ने व्यावहारिक शिक्षण दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए भारत इस्पात अधिकरण लिमिटेड (स्टील अथारिटी आफ इण्डिया) के पूर्व अध्यक्ष डा. पी एल. अग्रवाल ने अफसोस व्यक्त किया कि आजादी के बाद हम गांधी जी के बताये मार्ग से भटक गये है। उन्होंने कहा कि विश्व शान्ति एवं देश की समृद्धि गांधी जी के आदर्शों पर चलकर ही संभव हैं।



कार्यक्रम के प्रारम्भ में शान्ति पीठ के महासचिव श्री अनन्त गणेशत्रिवेदी ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए अहिंसा एवं विज्ञान पर आधारित तैयार कार्यक्रम को निकट भविष्य में शैक्षिक गतिविधि के रूप में विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के बीच चलाये जाने की बात कही, जिसमें आइस्टीन जैसे आधुनिक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक वेत्ताओं के दर्शन का समावेश होगा।

गोष्ठी के अध्यक्ष भाई भगवान ने आज की परिस्थितियों को विकृत समाज की ओर बढ़ने की प्रवृत्ति बताया तथा गांधी जी के बताये रास्ते से सुधार पर बल दिया।

(शेष पृष्ठ २ पर)

परमात्मा में जागना

- विघ्नों से आशंकित चौकन्ना ही प्रति पल जैसे जी रहा हूं।
- संकटों से घिरा भय त्रस्त मैं दिशाओं के शून्य में चलता ही रहता हूं।
- आपदाओं से झकझूर मैं मूढ़ ही सही अपने भव की यात्रा करता ही रहता हूं।
- अन्धेरा छाया रहता है, परन्तु भव यात्रा के घन घोर में मेरे मन में आशा का दीप जलता ही रहता हैं।
- मैं अपनी ही आशा की दीप शिखा द्वारा अपने अन्दर बाहर का अन्धेरा देखता रहता हूं।
- विघ्न सकट, आपदा-संघर्ष द्वन्द्व यह आंधियां आती ही रही हैं और मैं तेरी प्रार्थना में सिहरता हुआ भव पथ पर चलता ही रहता हूं।
- विघ्न नहीं चाहता, सकट, आपदा नहीं चाहता। शान्त और प्रसन्न मैं अपने अन्तःकरण में अभय चाहता हूं।
- भय से भीत मैं जैसे एक सांस भी ले नहीं सकता। अर्थात मैं इस रमणीय जगत में देख ही नहीं सकता।
- स्वप्न तथा स्मृति में भी जहां भय न हो और जहां शांत आलोक छाया हुआ हो, उस दिव्य आभा से भरे लोक में मैं जागना चाहता हूं।
- मैं अपने ही परमात्मा में जागना चाहता हूं।

-- जनार्दनराय नागर

सरस्वती देवयन्तो हवन्ते
जन-मङ्गल
साप्ताहिक
फोन : 24003 R. N. I. 7263/62
अध्यक्ष-- भवानीशंकर गर्ग
वर्ष 28) (अंक 7) शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, विकास एवं जनतन्त्रीय(वार्षिक 20रु.) पद्धति को चेतना का साप्ताहिक (एक प्रति 40 पैसे)
8 अक्टूबर, 1989

प्रगति साप्ताहिक दि० ८-८-१९८८ पेज २

शांतिपीठ द्वारा विशाल शांति मार्च

स्वस सेवा संस्था शान्तिपीठ की ओर से हिरोशिमा स्मृति दिवस के अवसर पर शांति मार्च का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के ३५ विद्यालयों के लगभग दस हजार छात्र-छात्राओं ने शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए मौन जुलूस निकाला। हिरोशिमा घटनाके एतिहासिक समय प्रातः सवा आठ बजे शांति मार्च का प्रारंभ वयोवृद्ध स्वतन्त्रता सेनानी एवं संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य-पूर्व सांसद मा० बलवन्त सिंह मेहता ने आसमान में शान्ति के प्रतीक सफेद गुब्बारे छोड़ कर किया।

शांति मार्च टाउन हाल से प्रारम्भ होकर भण्डारी दर्शक मंडप पहुंचा। मार्च के दौरान छात्र-छात्राओं ने हिरोशिमा दिवस की स्मृति को ताजा करने तथा बढ़ते आणविक खतरों की ओर जन-मानस का ध्यान आकृष्ट करने हेतु बेनर्स, तख्तियां, झण्डे, चार्टस अपने हाथों में लिये चल रहे थे। शान्तिपीठ के महा सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया कि यह संस्था पिछले तीन वर्षों से नगर में इस अवसर पर शांति मार्च आयोजित करती रही है। भण्डारी दर्शक मण्डप पर पहुंचने के बाद उक्त मार्च एक विशाल शान्ति-सभा में बदल गया जिसमें शहर के गण-मान्य नागरिकों, अध्यापकों के अतिरिक्त मार्च में भाग लेने वाले दस हजार बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। सभा के प्रारम्भ में रा०बा०मा विद्यालयकी छात्राओं ने शांति-प्रार्थना की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विदेश सचिव श्री जगतसिंह मेहता ने विश्व स्तर पर बढ़ रहे परमाणु प्रसार कार्यक्रमों पर अपनी चिन्ता प्रकट करते हुए विश्वशांति के लिये भावी पीढ़ी को आव्हान किया। उन्होंने परमाणु निःशस्त्रीकरण पर बल देतेहुए यह सुझाव दिया कि भारत भी परमाणु बम नहीं बनावे।

इस अवसर पर मेवाड महा-मण्डलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्रीने अपने आशीर्वचन में बालक-बालिकाओं को शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण निर्माण करने के लिये सर्व प्रथम अपने घर, मोहल्ले एवं नगर से शुभारंभ करने तथा इसे विश्व स्तर पर व्यापक बनाने की सलाह दी। आपने वहां उपस्थित श्रोताओं को ॐ शांति का उच्चारण कराया।

कार्य-क्रम के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक मदनलाल शर्मा ने बालक-बालिकाओं के इस प्रयास को सराहते हुए उन्हें शान्ति की अलख जगाने हेतु संकल्प लेने की सलाह दी।

(शेष पृष्ठ ४ पर)

(शेष पृष्ठ २ का)

शांतिपीठ द्वारा विशाल शांति मार्च

हिरोशिमा दिवस के इस अवसर पर ४३ वर्ष पूर्व जापान में परमाणु बम विस्फोट में मरने वाले दिवंगत लोगों की स्मृति में २ मिनट का मौन भी रखा गया।

कार्य—क्रम के प्रारम्भ में शान्तिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने शांति पीठ के प्रयासों की चर्चा करते हुए विश्व बंधुत्व एवं शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के प्रति शांतिपीठ की प्रतिबद्धता को दोहराया। त्रिवेदी ने महाशक्तियों के द्वारा परमाणु अप्रसार में गतिशील रुचि दिखाने पर इसे सराहनीय कदम बताया एवं उन्होंने बालक-बालिकाओं से इस अवसर पर रुस एवं अमेरिका के शासनाध्यक्षों को शांति की अपील हेतु पत्र लिखने का आग्रह किया। उन्होंने अरविन्दसिंह मेवाड द्वारा प्रेषित शान्ति संदेश पढ कर सुनाया।

इस अवसर पर पादरी ए०बी०एम० मेसी ने भी अपना शान्ति संदेश बालकों को दिया

प्रातःकाल
उदयपुर रविवार दिनांक 6 अगस्त 1995



फिल्म अभिनेता व सांसद सुनिल दत्त शांतिपीठ द्वारा आयोजित शांति मार्च का नेतृत्व करते हुए। फोटो : मनीष शर्मा

हिरोशिमा की 50 वीं सालगिरह पर शांति जुलूस

उदयपुर, 5 अग. (नसं)। हिरोशिमा त्रासदी की पचासवीं सालगिरह पर शनिवार को शहर में शांतिपीठ की ओर से शांति जुलूस एवं सभा का आयोजन किया। इस पूरे कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता एवं सांसद सुनील दत्त ने भाग लिया।

शनिवार प्रातः टाउनहाल से प्रारंभ हुए इस शांति जुलूस में सैंकड़ों स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जुलूस बाद में भारतीय लोक कला मण्डल में आकर सभा में परिवर्तित हो गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद सुनील दत्त ने स्कूली छात्र-छात्राओं व वहां उपस्थित शिक्षकों, विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए इस दुनिया को अणु शस्त्रों से मुक्त करने का आव्हान किया।

दत्त ने इस अवसर पर कहा कि यह देश शांति का देश है तथा दुनिया में इसी वजह से इसकी पहचान है। उन्होंने इस पहचान को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

दत्त ने अपनी हिरोशिमा यात्रा का संस्मरण सुनाते हुए कहा कि आज भी हिरोशिमा में गिराये गये बम के दुष्परिणाम वहां मौजूद है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में समान नीति की आवश्यकता है। दोहरी नीति अपनाने से शांति स्थापित नहीं की जा सकती।

दत्त ने कहा कि शांति के प्रयास जिस गहराई से उदयपुर में किये जा रहे है वह सराहनीय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह प्रयास निसंदेह कामयाब होंगे।

समारोह को सम्बोधित करते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने एक दशाब्दी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

झ ल कि यां

- देहली गेट पर स्कूली छात्रों ने सुनील दत्त के पैर छूने आरंभ किए तो छूते ही गए। सुनील दत्त ने उन्हें प्यार से ऐसा करने से रोका।
- सुनील दत्त अपने भाषण के दौरान एक दो बार भावुक हो उठे और उनकी आंखें छलछला आई। एक तो हिरोशिमा का वर्णन करते वक्त व दूसरा अपने पुत्र की बात करते वक्त।
- सुनिल दत्त ने कहा आज जब मैंने शांति के बेलून (गुब्बारे) छोड़े तो वे बीच राह में ही झाड़ में अटक गए, यही मुझे विचार सता रहा है कि शांति के संदेश व शांति की बातें राह में जब तक अटकती व अटकाई जाती रहेगी विश्व में शांति मुश्किल है।
- सुनील दत्त 12 बजकर 4 मिनिट पर भारतीय लोक कला मंडल में पहुंचे। उन्होंने मंच के निकट पहुंचने से पहले अपने हाथ में रखा एक गुलाब का फूल बच्चों की तरफ उछाला जिसे सेंट मेरीज की एक बालिका ने खुश होते हुए लपक लिया।

हिरोशिमा की....

(पृष्ठ 1 का शेष)

से चले आ रहे शान्ति प्रयासों से अवगत कराते हुए बताया कि विश्व शान्ति के लिए किये जा रहे संघर्ष को हमेशा आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़े रखना होगा। तभी प्रयास सार्थक सिद्ध होंगे।

समारोह में विशिष्ठ अतिथि नगर विधायक शिवकिशोर सनाढ्य व जिला कलेक्टर डॉ. अशोक सिंघवी थे। अध्यक्षता नगर परिषद की सभापति किरण माहेश्वरी ने की।

समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने शान्तिगीत प्रस्तुत किये तथा दो मिनट का मौन रख हिरोशिमा त्रासदी के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। संयोजन शान्तिपीठ के मंजूर अहमद ने किया।

इससे पूर्व टाउन हाल से शान्ति मार्च रवाना हुआ जो सूरजपोल, बापूबाजार, अश्विनि बाजार, हाथीपोल व चेटक होता हुआ भारतीय लोक कला मण्डल पहुंचा। शान्ति मार्च का सुनील दत्त नेतृत्व कर रहे थे तथा वे मार्च के साथ बैनर लिए आगे-आगे चल रहे थे।

शान्ति जुलूस में बालकों ने हाथों में शान्ति का संदेश देती तख्तियां ले रखी थी।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, रविवार, 6 अगस्त, 1995



फिल्म अभिनेता और कांग्रेस [इ] सांसद सुनील दत्त शनिवार को उदयपुर के भारतीय लोक कला मण्डल के मुक्ताकाशी मंच पर हिरोशिमा दिवस के उपलक्ष में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए।

अशांति मिटाने में भारत अग्रणी भूमिका निभाए: सुनील दत्त

1995

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 5 अगस्त। फिल्म अभिनेता और सांसद सुनील दत्त ने कहा है कि वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व में जो अशान्ति व्याप्त है उसे मिटाने के लिए भारत को अग्रणी भूमिका निभानी होगी।

सुनील दत्त शनिवार को यहां भारतीय लोक कला मण्डल के मुक्ताकाशी मंच पर शांतिपीठ की ओर से हिरोशिमा स्मृति दिवस पर आयोजित सभा में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। सभा से पूर्व टाउन हॉल से लोक कला मण्डल तक मौन जुलूस निकाला गया। इसमें शहर की विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

जुलूस का आयोजन जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान डाले गए परमाणु बम के 50 वर्ष पूरे होने पर किया गया था।

दत्त ने कहा कि मनुष्य का दर्द समझने के लिए किसी भाषा और निकटता की जरूरत नहीं है, वह भावनाओं से ही समझा जा सकता है। आज हम जापान से हजारों मील दूर होकर भी उस त्रासदी में मरे लोगों के प्रति मौन जुलूस निकाल कर अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने जापान में नागासाकी से हिरोशिमा की पदयात्रा के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि वहां हमारी भाषा कोई नहीं समझता था, लेकिन हमारी भावनाओं और उद्देश्य को देखते हुए वहां के लोग सड़कों पर अभिनन्दन करने निकल पड़े थे। इसी प्रकार आज इस शहर में जिस प्रकार विश्व शान्ति के लिए तथा हिरोशिमा त्रासदी से पीड़ित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए जुलूस निकाला गया है, वह सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि गांधी, पटेल और गुरुनानक जैसे शान्तिदूतों के देश में शान्तिपूर्ण माहौल में आज अवरोध पैदा हो गए हैं। इस अवरोध को दूर करने के लिए देश में धार्मिक, जातिगत और भाषाई भेदभाव मिटाने होंगे। उन्होंने सभा में उपस्थित अध्यापिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्हें बच्चों को पढ़ाते समय जातिगत भेदभाव मिटाने के साथ ही एकता की भावना का निर्माण करना होगा।

इससे पूर्व खचाखच भरे सभागार में सुनील दत्त के पहुंचने पर स्कूली बच्चों और लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। सुबह साढ़े दस बजे से टाउन हॉल से ही जुलूस निकाला गया। इसका नेतृत्व सुनील दत्त ने ही किया। जुलूस की शुरुआत एक दर्जा बालिका द्वारा सुनील दत्त के सहयोग से गुब्बारे छोड़कर की गई। गुब्बारे ऊपर जाकर एक पेड़ में [illegible] बच्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इन गुब्बारों की तरह ही देश की शान्ति भी कहीं अटक गई है। सुनील दत्त ने देहली गेट तक जुलूस का नेतृत्व किया। बाद में वे एक तरफ खड़े होकर जुलूस में शामिल बच्चों से हाथ मिलाते रहे। जुलूस में शहर की अनेक स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जुलूस भारतीय लोक कला मण्डल में आकर सभा में बदल गया।

सभा को सुनील दत्त के अलावा विधायक शिवकिशोर सनाढ्य, कार्यक्रम में देर से पहुंच जिला कलक्टर अशोक सिंघवी आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम के आयोजक शान्ति-पीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने जुलूस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका उद्देश्य विश्व का निरस्त्रीकरण की ओर जाने का आह्वान करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद सभापति किरण माहेश्वरी ने की। छात्राओं द्वारा गाए जन-गण-मन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

सभा में दो मिनिट का मौन रख कर हिरोशिमा त्रासदी में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई।

दैनिक नवज्योति
जयपुर कोटा अजमेर उदयपुर संस्करण अजमेर, बुधवार 7 अगस्त 1996

भारतीय दर्शन ही विश्व शांति का मूल मंत्र है- गिरिजा व्यास

उदयपुर, 6 अगस्त (न्यूज सर्विस)। उदयपुर की सांसद एवं अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ. गिरिजा व्यास ने कहा है कि विश्व शांति की उपलब्धि के लिए भारतीय दर्शन विश्वबंधुत्व और जाति, धर्म रहित मानव मात्र के कल्याण की भावना लेकर एक साथ चलते हुए आगे बढ़ने का आह्वान करता है और इसे अंगीकार करते हुए जीने से हिरोशिमा जैसी दु:खांतिका नहीं घट सकती। डॉ. व्यास हिरोशिमा स्मृति-दिवस के अवसर पर यहां सूचना केन्द्र में आयोजित शांतिसभा को संबोधित कर रही थीं।

डॉ. व्यास ने शांतिपीठ द्वारा गत एक दशाब्दी से किए जा रहे शांति प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि शांतिपीठ द्वारा गंभीरतापूर्वक किए जा रहे प्रयास निश्चित सफल होंगे। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने एक बार कहा था कि हृदयों पर शासन करना भी हिंसा है। अहिंसा पर इतनी सूक्ष्म परिभाषा कहीं नहीं की गई है।

डॉ. व्यास ने व्यापक आणविक परीक्षण प्रतिबंध संधि के बारे में कहा कि देश के सभी सांसद इस विषय में एकमत हैं। उन्होंने कहा कि संसद के दोनों सदनों में केवल आणविक परीक्षण पर ही रोक नहीं, आणविक प्रशिक्षण देने वाले राष्ट्रों के बहिष्कार का भी निश्चित किया गया है, जिससे इक्कीसवीं शताब्दी में मानव मूल्य संपन्न एक नई दुनियां जन्म ले सके और जिसकी पहल भारत को ही करनी होगी। डॉ. व्यास ने वर्तमान और शाश्वत संदर्भों में व्यक्तिगत धर्मों के ऊपर राष्ट्र धर्म को अपनाने की आवश्यकता बताई।

सभा की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर सुमतिलाल बोहरा ने कहा कि शांति की पहल घर से होनी है और इसके लिए उन्होंने अनुशासन और सदाचार अपनाने के लिए विद्यार्थी समुदाय को सलाह दी।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने आयोजन की प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि शांतिपीठ के पिछले ग्यारह वर्षों के प्रयासों के पीछे मानव कल्याण की भारतीय आध्यात्मिक चेतना कार्य कर रही है और इस भावना के तहत ही यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थी और शिक्षक समुदाय का आभार व्यक्त करते हुए आह्वान किया कि उनका संकल्प लक्ष्य प्राप्ति का बीज मंत्र होगा।

सभा के प्रारंभ में सैंट्रल एकेडेमी के बालक-बालिकाओं ने शांति गीत प्रस्तुत किया, जबकि एक नन्हें छात्र मनोज ने 'श्रद्धा' शीर्षक का गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। सभा की विशेषता उदयपुर ही नहीं सारे देश और विश्व के छात्र-छात्राओं की ओर से ज्ञापन प्रस्तुत करना था, जिसमें इक्कीसवीं सदी को आणविक आतंक से मुक्त विश्व बनाने की अपील की गई थी तथा भारत सरकार द्वारा जेनेवा में चल रहे व्यापक आणविक परीक्षण प्रतिबंध संधि के संबंध में अपनाए गए दृष्टिकोण की प्रशंसा एवं पूरा समर्थन किया गया था। ज्ञापन में आणविक परीक्षणों के फलस्वरूप पर्यावरण विनाश के दुष्परिणामों से सावधान किया गया। ज्ञापन में गांधी की राह पर चलने की अपील की जाकर 21वीं सदी में सुखद प्रवेश करने का अनुरोध किया गया। ज्ञापन भारत सरकार एवं संयुक्त राष्ट्र संघ को प्रेषित करने के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर को भेंट किया गया। संयोजन प्रो. बी. एल. समदानी ने किया।

सभा से पूर्व टाउन हॉल से छात्र-छात्राओं ने एक विशाल मौन रैली निकाली। रैली का शुभारंभ नगर परिषद् के आयुक्त निरंजन खींचा ने आकाश में गुब्बारे छोड़कर किया तथा अश्विनी मार्केट तक रैली का नेतृत्व किया।

रैली में करीब दो दर्जन से अधिक सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के छात्र हाथों में आणविक अस्त्रों का विरोध, पर्यावरण संरक्षण, विश्व शांति, एकता सद्भाव, मैत्री एवं स्वतंत्रता के मूल्य विषयक पट्टिकाएं, बैनर, पोस्टर आदि ले कर चल रहे थे। अग्रिम पंक्ति में सेंट ग्रिगोरियस स्कूल की नन्हीं दीप्ति एवं सैंट्रल एकेडेमी के मनोज ने शांतिपीठ का बैनर थाम रखा था। पूर्ण अनुशासन युक्त यह मौन रैली बापू बाजार, अश्विनी मार्केट, चेटक सर्कल होती हुई सूचना केन्द्र के खुले रंगमंच में जाकर सभा में बदल गई। करीब तीन चार हजार बालक-बालिकाओं का दो पंक्ति में चल रही यह लंबी रैली हिरोशिमा की स्मृति और सुंदर भविष्य की आशा के लिए मौन रहकर भी अपना प्रभावपूर्ण अर्थ प्रस्तुत कर रही थी।

युग की प्रतिदिन सेवा
सम्वत् 2053 शाके 1918 श्रावण कृष्णा 9 दिनांक 7-8-96



हिरोशिमा दिवस पर मंगलवार को उदयपुर में शांतिपीठ द्वारा निकाली गई रैली का दृश्य। फोटो : प्रतिदिन



हिरोशिमा स्मृति दिवस पर शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित शांति जुलूस के बाद सूचना केन्द्र के रंगमंच पर शांति सभा में उपस्थित छात्र-छात्राएं।

फोटो : मनीष शर्मा

उदयपुर में हिरोशिमा दिवस पर स्कूली बच्चों की रैली

उदयपुर, 6 अग. (नसं)। हिरोशिमा दुःखान्तिका की 51 वीं वार्षिकी पर मंगलवार को नगर में शांतिपीठ की ओर से स्कूली बालकों ने मौन जुलूस निकाला तथा विश्व में मैत्री व शांति की स्थापना के उद्देश्य को लेकर सभाएं आयोजित की गयी।

नगर के विभिन्न स्कूलों के सैकडों छात्र-छात्राएं पूर्ण गणवेश में व अनुशासित रुप से रैली में सम्मिलित हुए। टाउनहाल से प्रातः साढ़े 9 बजे शांति जुलूस रवाना होकर बापू बाजार, देहलीगेट, हाथीपोल व चेटक सर्कल होता हुआ सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर एक सभा के रुप में परिवर्तित हो गया।

शांति जुलूस में सेन्ट्रल अकादमी, गुरुनानक पब्लिक स्कूल, सेन्ट मेरिज कोन्वेंट हायर सैकण्डरी स्कूल, महाराणा भगत सिंह साकेत पब्लिक स्कूल, राजकीय बालिका विद्यालय जगदीश चौक, भूपालपुरा, रेजीडेंसी आदि विद्यालयों के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया।

शांति जुलूस में विद्यार्थी मौन धारण किये अपने हाथों में 'युद्ध नही हमें शांति चाहिए', 'हिरोशिमा की पुनरावृत्ति न हो' व पर्यावरण जागरुकता संबंधी नारे लिखी तख्तियां लिये चल रहे थे।

सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर आयोजित शांतिसभा में क्षेत्रीय सांसद डा. गिरिजा व्यास मुख्य अतिथि थी। अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमतिलाल बोहरा ने की। सभा में प्रतिनिधि छात्राओं ने भारत सरकार व संयुक्त राष्ट्रसंघ के नाम एक ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा।

सभा को संबोधित करते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने अंहिसात्मक मानवीय विश्व की संरचना व विश्व शांति के लक्ष्य को लेकर शांतिपीठ के इस अभियान की सफलता की कामना की तथा पर्यावरण जागरुकता के अपने संकल्प को दोहराया।

सभा में मौजूद बालक-बालिकाओं, अध्यापकों व अतिथियों ने अंत में खड़े होकर दो मिनट का मौन रखा।

राजस्थान
पत्रिका

हवाई शुल्क: मुम्बई, कलकत्ता, हैदराबाद, गुवाहाटी, पटना, काठमांडु- 25 पैसे

ो. बंगलौर 17,110, कुल योग- 5,76,280 उदयपुर, गुरुवार, 7 अगस्त, 1997 वर्ष 42 अंक 152 पृष्ठ सोलह



हिरोशिमा स्मृति दिवस के उपलक्ष में बुधवार को उदयपुर में शांतिपीठ के तत्वावधान में निकाली गई शांति रैली।

हिरोशिमा दिवस पर रैली निकाली

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 6 अगस्त। हिरोशिमा स्मृति दिवस की 52वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में बुधवार को शान्तिपीठ के तत्वावधान में यहां स्कूली छात्र-छात्राओं की रैली निकली और इसके बाद शान्ति सभा हुई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विश्व शान्ति व पर्यावरण संरक्षण की प्रतिज्ञा ली।

शहर के करीब तीस सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं की रैली को जिला कलक्टर श्रीमत पांडेय ने बुधवार सुबह नौ बजे टाउन हॉल से रवाना किया। जिला कलक्टर ने रैली के शुभारम्भ की रस्म के तहत शान्ति का संदेश लिखी एक तख्ती लेकर कुछ दूर तक छात्र-छात्राओं के साथ चले। रैली बापू बाजार, देहलीगेट, अधिनी बाजार, हाथीपोल, चेतक सर्कल होती हुई सूचना केन्द्र पहुंची और शान्ति सभा में बदल गई।

रैली में शामिल छात्र-छात्राएं शान्ति, पर्यावरण, राष्ट्रीय आदर्श एवं मानवीय मूल्यों के संदेश लिखी तख्तियां, बैनर, पोस्टर लिए चल रही थी।

[शेष पृष्ठ छह पर]

रैली

[पृष्ठ एक का शेष]

रैली में सबसे आगे दो नन्हीं बालिकाएं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के प्रतीक स्वरूप हाथों में फूलों के गुलदस्ते लिए थी।

सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए वयोवृद्ध स्वाधीनता सैनानी एवं संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य मास्टर बलवंत सिंह मेहता ने कहा कि महात्मा गांधी के करो या मरो जैसे संकल्प के साथ राष्ट्र के नवनिर्माण एवं विश्व शान्ति के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की आज आवश्यकता है। मेहता ने देश के मौजूदा हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने स्वाधीन भारत का सुन्दर सपना देखा था किन्तु हम उस ओर कुछ खास नहीं कर पाए। उन्होंने देश के बच्चों को गरीबी और निरक्षरता से ऊपर उठाने की जरूरत के साथ ही समाज में गिरते नैतिक मूल्यों की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

प्रमुख उद्बोधन देते हुए मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि प्रार्थना में शक्ति है। उन्होंने प्रार्थना को शान्ति का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि प्रार्थना से शान्ति और शान्ति से आनन्द की प्राप्ति होती है। उन्होंने इस आयोजन में बच्चों की भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चे निष्पाप होते हैं, उनकी प्रार्थना भगवान अवश्य सुनते हैं। विद्यार्थी वर्ग ही अपने संकल्प और प्रार्थना से विश्व में शान्ति की स्थापना कर सकता है। महन्त ने विश्व शान्ति के लिए शान्तिपीठ के प्रयासों की सराहना की। शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व बंधुत्व और मानव समुदायों में एकता स्थापित करने की पहल भारत ने हमेशा की है व भविष्य में भी करता रहेगा। उन्होंने व्यापक अणु अप्रसार संधि का हवाला देते हुए कहा कि भेदभाव व असमानता के जरिए नि:शस्त्रीकरण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। अस्त्रों के जखीरे को रखकर नि:शस्त्रीकरण की बातें ईमानदार प्रयास नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्तर पर शुरू किए गए प्रयासों से समूह के साथ चल पड़ना भारतीय ऋषि परम्परा है और यह शान्ति का मार्ग है। त्रिवेदी ने अमरीका द्वारा जापान के सुन्दर नगरों हिरोशिमा-नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बमों से उत्पन्न विभिषिका

सभा में सेंट्रल एकेडेमी की छात्राओं ने संगीत शिक्षक रफीक खान के निर्देशन में 'आत्म चिन्तन से ही होगा आत्म परिवर्तन' शान्ति गीत प्रस्तुत किया। छात्रा कविता शुक्ला ने आतंकवाद से विनाश पर अपने विचार प्रकट किए। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर राष्ट्रीय आदर्श, विश्व शान्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक स्वर में प्रतिज्ञा ली। स्वाधीनता की स्वर्ण जयन्ती के संदर्भ में देश के शहीदों एवं हिरोशिमा-नागासाकी की दुखान्तिका की मृतात्माओं को 2 मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। अंत में शान्तिपीठ के राजीव लोढ़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन विपिन गांधी ने किया।



द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम के हमले में मारे गये हजारों लोगों के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप बुधवार को उदयपुर में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई मौन रैली। फोटो : शारदा

हिरोशिमा-नागासाकी विभीषिका की 52वीं वर्षगांठ पर रैली निकली

उदयपुर, 6 अगस्त (कासं)। पूर्ण आणविक निःशस्त्रीकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं नैतिक आदर्शों के उन्नयन के आग्रह के साथ बुधवार को हिरोशिमा स्मृति दिवस की 52वीं वर्षगांठ के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में सूचना केन्द्र के मुक्ताकाशी रंगमंच पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वयोवृद्ध स्वाधीनता सेनानी एवं संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने विश्व शान्ति के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की महती आवश्यकता बताई।

सभा में मेवाड़ महामण्डलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने प्रार्थना को शान्ति का मूल मंत्र बताया। सभा को संबोधित करते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने हिरोशिमा-नागासाकी पर गिराये गए परमाणु बमों से उत्पन्न विभीषिका और उससे आज तक हो रहे विनाशकारी परिणामों की जानकारी दी। सभा से पूर्व नगर के कई सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राएं कतारों में चल कर अपने विद्यालयी झण्डे के साथ टाउनहॉल नगर परिषद परिसर में उपस्थित हुए। प्रातः 9.30 बजे जिला कलक्टर श्रीमत पाण्डेय ने शान्ति के आग्रह की प्रतीक एक तख्ती अपने हाथ में लेकर कुछ कदम चलते हुए रैली का शुभारम्भ किया। इस मौन रैली में छात्र-छात्राएं हाथों में शान्ति, पर्यावरण, राष्ट्रीय आदर्शों एवं मानवीय मूल्यों के अर्थ लिये बैनर, तख्ती, पोस्टर आदि लेकर चल रहे थे। रैली में आगे भाग में दो नन्ही बालिकाएं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के प्रतीक स्वरूप हाथों में फूलों के गुलदस्ते लेकर चल रही थी। बापू बाजार, देहलीगेट, अश्विनी बाजार, चेटक सर्कल होते हुए यह रैली सूचना केन्द्र पहुंची। सेन्ट्रल एकेडमी की छात्राओं ने संगीत शिक्षक रफीक खान के निर्देशन में 'आत्म चिंतन से ही होगा आत्म परिवर्तन' शान्ति गीत प्रस्तुत किया। एक छात्रा कविता शुक्ला ने 'आतंकवाद से विनाश' पर अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर राष्ट्रीय आदर्श, विश्व शान्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यार्थी वर्ग ने एक स्वर में प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम का संचालन विपिन गांधी ने किया। शांतिपीठ के राजीव लोढ़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में राष्ट्रगान हुआ।

नई दिल्ली से वार्ता के अनुसार संसद के दोनों सदनों के सदस्यों ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम के हमले से मारे गये हजारों लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी स्मृति में कुछ क्षण का मौन रखा। दोनों सदनों की बैठक बुधवार पूर्वान्ह 11 बजे शुरू होते ही पीठासीन अधिकारियों ने आज से 52 वर्ष पूर्व की इस भयावह घटना और लाखों लोगों पर इसके असर का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि विश्व में आज भी परमाणु अस्त्रों का भंडार बना हुआ है और उसे नष्ट नहीं किया गया है जिससे मानवता के विनाश का खतरा कायम है।

7/8/1997



Interfaith Dialogue and communal Harmony



Interfaith Dialogue and Communal Harmony

Unity in diversity is a unique feature of our society which is also a great cultural heritage. Shantipeeth was established on Shri Ramkrishna Paramhans Jayanti in 1984. Shri Ramkrishn adopted various ways to reach the ultimate reality - the Truth.



Shri RamKrishna Paramhamsh devoted his whole life of spiritual practice to discover and to reiterate the truth that the ultimate goal of self realization / God realization can be reached through spiritual practice as enunciated by any one of the religions known to human kind. Thus he established the fact that there can be no room for disharmony or conflict. The principles propounded by him demolished the very cause of interfaith conflicts and established the need for harmony and brotherhood among men and women of all faiths. Shantipeeth has been deeply inspired by the life and teachings of Shri Ramkrishna. In this regard Shantipeeth organized a number of conferences, dialogues, meetings, 'satsangs' in various towns and countryside areas to make people aware of the reality illumined by true knowledge. Thus Shantipeeth's endeavor for spiritual awakening specially in regard to the communal harmony is a significant contribution and undoubtedly strengthens culture of 'unity in diversity' in our country.

दैनिक नवज्योति

जयपुर, मंगलवार, 19 फरवरी, 2008

अजमेर, मंगलवार, 19 फरवरी, 2008 12



उदयपुर में शांतिपीठ द्वारा परमहंस की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में मंचासीन अतिथिगण। फोटो : नवज्योति

विशुद्ध अध्यात्म का ही मूर्त रूप थे परमहंस

शांतिपीठ ने मनाई परमहंस की जयंती

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 18 फरवरी। श्रीरामकृष्ण परमहंस विशुद्ध अध्यात्म का ही मूर्त रूप थे, जिनके संस्पर्श से तत्कालीन समाज में व्याप्त जड़ता का शमन हुआ तथा मुखरित शब्दाम्बर, वा 'जाल व नाना प्रकार की विभ्रांतियों का न केवल निर्मूलन हुआ, बल्कि धर्म के अनेक पंथों एवं विचारधाराओं में समन्वय होकर मनुष्य मात्र को नई दिशा मिली।

उक्त विचार सोमवार को श्रीराम कृष्ण परमहंस की 162वीं जयंती के अवसर पर शांतिपीठ संस्थान के सभागार में आयोजित सत्संग-संगोष्ठी में बोलते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किए। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो. सच्चिदानंद जोशी ने कहा कि परहमंस मूर्तमान अध्यात्म का स्वरूप है। उनके चरित्र ने बताया कि संसार में रहकर भी सांसारिकता से परे कैसे रहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शब्दाडम्बर से चित्ताकर्षण किया जा सकता है, किंतु समाज के चरित्र का गठन चरित्र से ही हो सकता है। उपनिषद कहता है कि न अयं आत्मा प्रवचनेन लक्ष्य।

इस अवसर पर मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि जितना समाज में संघर्ष और सांसारिकता के प्रलोभन बढ़ेंगे रामकृष्ण की उत्तरोत्तर प्रासंगिकता बढ़ती रहेगी।

संगोष्ठी में बोलते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि अध्यात्म का लक्ष्य है आत्म साक्षात्कार तथा आध्यात्मिक कर्म है चित्त शुद्धि। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण ने चित्त शुद्धि को प्राथमिक माना। प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा परमहंस की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया।

जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि के पुस्तकालय परिषद के कार्यकर्ताओं ने मानवीय मूल्यों के पाषक, साधक महानयोगी विचारक रामकृष्ण परमंस की 172वें जन्म दिवस पर नमन करते उनको याद किया। संगठन मंत्री मंजू चौधरी ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस मां काली के परम भक्त थे। उन्होंने बीस वर्ष तक मां की कठोर तपस्या की उसके उपरांत उन्हें दिव्य ज्ञान प्राप्त हुआ। याद करने वालों में अध्यक्ष घनश्याम सिंह भीण्डर, उपाध्यक्ष लीलाधर नागदा, यग्रेश नागर, मंत्री अश्वनी कुमार शक्तावत, सचिव बलवंत सिंह चौहान, पीरूमल, कार्यालय मंत्री भंवर सालवी ने नमन किया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, गुरुवार 19 फरवरी, 2009
विक्रम संवत 2065, फाल्गुन कृष्ण पक्ष, दशमी

परमहंस योग, भक्ति, वेदांत और सेवा के स्वरूप

रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर शांतिपीठ में गोष्ठी

नगर संवाददाता. उदयपुर

स्वामी रामकृष्ण परमहंस योग, भक्ति, वेदांत और सेवा के समन्वित स्वरूप हैं जो जाति, वर्ण, संप्रदाय अथवा राष्ट्रीयता से ऊपर उठकर मानव मात्र को अज्ञान के अंधकार से प्रकाश की ओर चलने की दिशा देते है।

यह उद्‌गार परमहंस की जयंती पर बुधवार को शांतिपीठ में परमहंस विषयक सत्संग गोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किए। अध्यक्षता कर रहे पं. भंवरलाल व्यास ने वेद के 'चतुष्टयं वा इदं सर्वम्' सिद्धांत का प्रतिपादन करते हुए कहा कि देह, मन, बुद्धि साधना मात्र है। केवल चैतन्य ही ऐसा तत्व है जो विकारों से मुक्त कर परम तत्व को जोड़ता है। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व के सारे धर्मों की मर्यादाएं एक ही है जिन्हें रामकृष्ण ने पहचाना और धार्मिक समन्वयक का कार्य किया, सर्वधर्म विहीन आचरण समाज में उच्छृंखलता पैदा करता है। पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि रामकृष्ण एक ही परम सत्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। परमहंस ने आधुनिक काल में भारत के पुनर्जागरण के सूत्रधार बनकर विश्व कल्याण का मार्ग दिया। कार्यक्रम को कैलाश विहारी वाजपेयी व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष त्रिभुवन पुरोहित ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पं. रामकृष्ण बोस ने गीत प्रस्तुत किए।



■ शांतिपीठ की ओर से स्वामी रामकृष्ण परमंस के विचार पर आयोजित संगोष्ठी।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, गुरुवार, 19 फरवरी 2009

'स्वधर्मविहीन आचरण से समाज में उच्छृंखलता'

रामकृष्ण परमहंस जयंती

कार्यालय संवाददाता
उदयपुर, 18 फरवरी

रामकृष्ण परमहंस योग भक्ति, वेदांत और सेवा का समन्वित स्वरूप है, जो जाति, वर्ण, संप्रदाय



व राष्ट्रीयता से ऊपर उठ कर मानव मात्र को अज्ञान के अंधकार से प्रकाश की ओर चलने की दिशा देते है। स्वधर्मविहीन आचरण समाज में उच्छृंखलता पैदा करता है। आज हमने धर्म के स्थूल रूप को पकड़ा और उसकी आत्मा को खो दिया, यही कारण है कि समाज आतंक, अविश्वास और अशांति के बीहड़ में पहुंच गया है। परमहंस जयंती पर बुधवार को शांतिपीठ सर्वधर्म समभाव के मार्गदृष्टा परमहंस विषयक सत्संग-संगोष्ठी में यह स्वर मुखर हुआ।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पंडित भंवरलाल व्यास ने वेद के चतुष्टयं वा इदं सर्वम् सिद्धांत का प्रतिपादन करते हुए कहा कि हम चेतन तत्व की परिष्कृति करते हुए एकता को आत्मसात कर सकते है। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व के सारे धर्मों की मर्यादाएं एक ही है जिन्हें रामकृष्ण ने पहचाना और धार्मिक समन्वयक का कार्य किया। कार्यक्रम में रामकृष्ण भावधारा से जुड़े मोहनसिंह कोठारी व कैलाश वाजपेयी ने उदगार प्रकट किए। दूसरे सत्र में भजन संध्या में रामकृष्ण-विवेकानंद भावधारा से जुड़े गीत प्रस्तुत करते हुए पं. रामकृष्ण बोस ने मातृस्रोत यह कैसी करुणाकाली समझ ने आए, चलो मन जाए घर अपने हरिनाम संकीर्तन प्रस्तुत किए। अंत में ध्यान के समय कृष्णतंत्री वीणा में राग भैरवी प्रस्तुत किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के गिरधारी गर्ग की समुपस्थिति में रजनी जोशी व नेहा जोशी ने ओम नमो भगवते वासुदेवाय के साथ कई भजन प्रस्तुत किए।

राजस्थान
पत्रिका

...- 39,720, कुल योग- 4,27,810 उदयपुर, सोमवार, 15 जनवरी, 1996



उदयपुर के फतह सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को प्रवचन देते हुए परमहंस योगी स्वामी महेश्वरानंद। उनके बाईं तरफ मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री व खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष भानु कुमार शास्त्री तथा दाईं और शिक्षा मंत्री गुलाबचंद कटारिया बैठे हैं। -पत्रिका फोटो

मानव जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति योग साधना से ही संभवः महेश्वरानंद

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 14 जनवरी। परमहंस योगी स्वामी महेश्वरानंद ने कहा है कि मानव जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति योग साधना से ही संभव है और आत्मा व परमात्मा का मिलन ही योग है।

स्वामी महेश्वरानंद रविवार को यहां फतह सीनियर उच्च माध्यमिक स्कूल में शांतिपीठ के तत्वावधान में विवेकानंद जयन्ती के उपलक्ष में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विवेकानंद ने विश्व में ज्ञानरूपी दीपक जलाया और भारत को विश्व गुरु की पदवी दिलाई। उन्होंने कामना की कि इस देश में विवेकानंदों का अवतार होता रहे, ताकि पवित्र वैदिक संस्कृति कायम रहे।

महेश्वरानंद ने कहा कि भारतीय संस्कृति ऐसी संस्कृति है, जो मानव को मानवता का पाठ पढ़ाती है और जिस लक्ष्य को लेकर मानव शरीर मिला उसकी प्राप्ति योग साधना से ही संभव है। पूरे ब्रह्माण्ड को संतुलित रखने वाली शक्ति योग है। आत्मा व परमात्मा के मिलन का अर्थ ही योग है। उन्होंने कहा कि योगी वही है जो आत्मा व परमात्मा के भेद को मिटाकर अभेद सिद्ध कर दे। यही मानव जीवन का लक्ष्य भी है।

महेश्वरानंद ने कहा कि योग साधना भगवान शिव की रची हुई है और समय-समय पर ऋषि-मुनियों ने इस साधना का आधार लेकर मानव जाति की सेवा की है। उन्होंने कहा कि योग साधना में अनुशासन अनिवार्य है, इसके बगैर साधना सफल नहीं हो सकती और जो व्यक्ति अनुशासन का पालन करता है, वही साधक है। उन्होंने कहा कि साधक व संत एक है। संत का अर्थ स अंत से है। सभी वासनाओं का जिसने अंत कर लिया हो, जो दूसरे के लिए जीता हो, जिसके भीतर क्षमा हो, शांति हो, संतुष्टता हो वहीं संत है। संत ही ईश्वर की प्राप्ति कर सकता है।

[शेष पृष्ठ चौदह पर]

महेश्वरानंद .....

[पृष्ठ एक का शेष]

उन्होंने कहा कि योग व विश्व में प्रचलित अन्य दर्शनों में सबसे बड़ा अंतर यह है कि योग व्यावहारिक धरातल पर टिका है। महेश्वरानंद ने कहा कि शास्त्रों-पुस्तकों से कोई कितना ही विद्या अध्ययन क्यों न कर ले, लेकिन उसे व्यावहारिक तौर पर जब तक जीवन में नहीं उतारेंगे, तब तक व्यक्ति जो कुछ वह कह रहा है, वैसा कर नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक रूप से ध्यान की क्रियाएं करके ही कुण्डली जागृत की जा सकती है।

महेश्वरानंद ने कहा कि आज योग विश्व के कोने-कोने में प्रसिद्ध हो चुका है। योग अनादिकाल से चला आ रहा है। योग ऋषि-मुनियों की देन नहीं है, बल्कि योग ने ऋषि-मुनियों को बनाया है। योगी माया के बल पर कृष्ण समय-समय पर प्रगट हुए।

महेश्वरानंद ने कहा कि संसार में जितनी विद्याएं आई वे सभी योग से आई हैं। वेदों की रचना करने वाले वेद व्यास भी योगी थे। राम के समय भी योग था, लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं जो यह समझते हैं कि योग हिन्दू धर्म का अंग है और इसीलिए इसे संप्रदाय के झगड़े में डाल देते हैं। उन्होंने कहा कि योग किसी धर्म का अंग नहीं है बल्कि संसार में जितने भी धर्म हैं वे योग के अंग हैं, क्योंकि दया, अच्छा ईसान बनने, अच्छा कार्य करने का जो पाठ धर्म पढ़ाता है, वे सभी बातें योग की हैं।

स्वामी ने कहा कि मानव के चित्त में जो वृत्तियां हैं, वे गड़बड़ी पैदा करती हैं। इन वृत्तियों पर योग के जरिए अंकुश लग सकता है। चित्त वृत्तियों पर निरोध के बाद ही योग साधना में सफलता मिल सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में व्यक्ति के भीतर की भावना में प्रतिशोध रूपी ज्वाला धधक रही है। व्यक्ति कहता क्या है और करता कुछ और है। जब तक व्यक्ति के भीतर प्रतिशोध विद्यमान है, वह योग साधना में आगे नहीं बढ़ सकता।

महेश्वरानंद ने कहा कि मानव अधिकारों में 70 प्रतिशत बिन्दु ऐसे हैं, जो देश के ऋषि-मुनियों द्वारा बताए हुए हैं। वेद, उपनिषद, गीता, भारतीय शिक्षा पद्धति व संस्कृति में वे ही शब्द हैं, जो अब मानव अधिकारों में लिखे गए हैं। लेकिन दुर्भाग्य से इस समय हम अपनी संस्कृति को भूल गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि हमें देश की संस्कृति की रक्षा करनी है तो उसके लिए हर व्यक्ति को दीपक का रूप धारण कर संस्कृति का प्रकाश चारों और बिखेरना होगा।

उन्होंने कहा कि आज दो प्रकार के प्रदूषण की समस्या है। एक मानसिक व दूसरा भौतिक। वाहनों, गंदे पानी आदि के प्रदूषण से हमारी चेतना, प्रकृति व शरीर पर बुरा असर पड़ रहा है, लेकिन मानसिक प्रदूषण को मिटाना उससे भी ज्यादा जरूरी है। इसके साथ ही सात्विक भोजन पद्धति को अपनाने का संकल्प लेना होगा।

महेश्वरानंद ने मन शब्द की व्याख्या करते हुए कहा कि मन वह है, जो अवचेतन में मौजूद वासनाओं को चेतन में लाकर बुद्धि से जोड़ देता है और पुनः अवचेतन में चला जाता है। उन्होंने कहा कि ममत्व बंधने के कारण मन कभी नहीं मरता। मन को रोकने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि ऐसा करने पर वह एक टूटे हुए बांध के पानी की तरह ज्यादा नुकसानदायी साबित [illegible]

में शुद्धि, अच्छे गुरु की प्राप्ति और अनुशासन की जरूरत होती है। कुण्डली शक्ति जागृत होने पर साधक को मूलाधार चक्र में जो पुराने कर्म व विचार पड़े हुए होते हैं, वे प्रगट होते हैं।

कार्यक्रम में मेवाड़ महामण्डलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि योग से चित्त की शुद्धि करने का पातंजलि का वैज्ञानिक विवेचन भारतीय वाङ्मय में भी उपलब्ध होता है। चित्त शुद्धि से व्यक्ति की वाक शुद्धि व देह शुद्धि होती है। इस प्रकार मन, बुद्धि व शरीर शुद्ध व स्वस्थ रखने का एकमात्र उपाय योग है। उन्होंने कहा कि यही योग प्रक्रिया नाथ संप्रदाय में [illegible] हुई। उन्होंने कहा कि विवेकानंद ने [illegible] को आधार बनाकर राज योग, भक्ति [illegible] योग, कर्म योग आदि शासकों का [illegible] हुए मानव कल्याण का मार्ग प्रश[illegible] भारतीय समाज इस पथ पर चल [illegible] स्वस्थ रखने में सफल हो सकता है।

समारोह में शिक्षामंत्री गुलाबचन्द कटारिया ने कहा कि आज विश्व भारतीय संस्कृति की ओर आशाभरी नजरों से देख रहा है। ऐसे में इस [illegible] की रक्षा करने का देशवासियों का दायित्व बढ़ जाता है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष भानुकुमार शास्त्री ने देश पर सांस्कृतिक हमलों के [illegible] का जिक्र करते हुए कहा कि आज धर्म [illegible] नजरिए से देखा जाने लगा है। उन्होंने [illegible] आज देश के लोगों पर अंग्रेजी की मानसिकता [illegible] होती जा रही है और भारत की [illegible] संस्कृति को भूला दिया गया है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद विकट परिस्थितियों में भारतीय संस्कृति के वाहक बने थे।

इस अवसर पर एक जर्मन साधक गजानंद ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मानव जीवन बहुत महत्वपूर्ण है, जिसमें व्यक्ति मोक्ष पाने की कोशिश कर सकता है। गजानंद ने अपने व्यक्तिगत जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि वह अपने देश में आठ-लाख रुपए प्रतिमाह कमाता था, लेकिन उसे वहां [illegible] नहीं हो पाई। वह इन्हें पाने के लिए ही संतों [illegible] भारत में आया है और स्वामी महेश्वरानंद [illegible] सानिध्य में योग सीखने के साथ ही उसकी [illegible] बदल गई। इस अवसर पर महेश्वरानंद के [illegible] पर चार जनों ने विदेशी वस्त्र त्याग कर [illegible] पहनावे के अनुरूप वस्त्र धारण [illegible] लिया।

शांतिपीठ के संस्थापक [illegible] गणेश त्रिवेदी ने इस आध्यात्मिक [illegible] प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और [illegible] महेश्वरानंद से उदयपुर में एक केन्द्र [illegible] आग्रह किया। कार्यक्रम में स्वामी [illegible] शांतिपीठ की ओर से स्वागत [illegible] के.जी. गट्टानी ने शॉल ओढ़ाकर [illegible] जबकि मेवाड़ महामण्डलेश्वर को [illegible] शॉल ओढ़ाया। महेश्वरानंद के [illegible] आश्रम के छात्र-छात्राओं ने वेद [illegible] सस्वर पाठ किया। नन्हें बालक [illegible] शांति पाठ कराया।

प्रात:काल

प्रात:काल रविवार दिनांक 14 जनवरी 96



स्वामी महेश्वरानंद शनिवार को फतह स्कूल के प्रार्थना स्थल में स्वामी विवेकानंद जयन्ती के अवसर पर आयोजित 'आध्यात्मिक भारत का नवोदय' कार्यक्रम में प्रवचन देते हुए । *फोटो : नरेश पालीवाल*

परमात्मा के पास पहुंचने का योग ही दरवाजा : स्वामी महेश्वरानंद

उदयपुर, 13 जन. (नसं) । स्वामी महेश्वरानंद ने कहा कि योग ही एक दरवाजा है, जिससे होकर परमात्मा के पास पहुंचा जा सकता है ।

स्वामी महेश्वरानंद शनिवार को यहां फतह स्कूल के प्रार्थना गृह में शांतिपीठ के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयन्ती के अवसर पर आयोजित 'आध्यात्मिक भारत का नवोदय' कार्यक्रम में योग पर अपना उद्‌बोधन दे रहे थे । उनके सारगर्भित प्रवचन को सुनने अच्छी संख्या में भक्तगण मौजूद थे ।

स्वामी ने कहा कि योग से बढ़कर कोई पुरानी नीति नहीं है । योग का अर्थ होता है संतुलन, जितनी दिखने वाली वस्तुएं है वह सभी संतुलित है। पूरे ब्रह्माण्ड को संतुलित करने वाला ही योग है ।

स्वामी महेश्वरानंद ने कहा कि सेवा धर्म ही सभी धर्मो में महान है जो हाथ सेवा में लगे है वे प्रार्थना वाले हत्थों से अधिक है । उन्होंने विवेकानंद को नवअवतार की संज्ञा देते हुए कहा कि इस धरती ने कई महापुरुषों को जन्म दिया है । यह देश पावन, पवित्र व वंदनीय है ।

स्वामी द्वारा निर्धारित समय से विलम्ब से पहुंचने के बाद योग पर दिये संक्षिप्त उद्‌बोधन को देशी-विदेशी भक्तगण ध्यान से सुन रहे थे । विदेशी भक्त भी अपने जूते उतार कर प्रवचन स्थल में बैठे ।

इससे पूर्व नगर के विधायक शिव किशोर सनाढ्य ने स्वामी व भक्तजनों का स्वागत करते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने स्वामी महेश्वरानंद को विवेकानंद का दूसरा अवतार बताया । कार्यक्रम का संचालन शांतिपीठ के अनन्त गणेश त्रिवेदी ने किया ।

स्वामी महेश्वरानंद रविवार प्रात: 10 बजे स्थानीय फतह स्कूल में 'योग साधना व कुण्डलिनी शक्ति' पर प्रवचन व प्रशिक्षण देंगे । समारोह की अध्यक्षता भानुकुमार शास्त्री करेंगे ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

परमात्मा के पास.....

(पृष्ठ 3 का शेष)

समारोह में शिक्षामंत्री गुलाबचंद कटारिया भी उपस्थित रहेंगे ।

उल्लेखनीय है कि स्वामी महेश्वरानंद के साथ 40 विदेशी पुरुष व महिला भक्त भी उदयपुर आये है। ये भक्तगण ध्यान तथा हिन्दी व मारवाड़ी में भजन कीर्तन में स्वामी के साथ ही लीन रहते है ।

राजस्थान पत्रिका

37,920, कुल योग- 3,94,340 उदयपुर, रविवार, 14 जनवरी, 1996



परमहंस योगी स्वामी महेश्वरानंद शनिवार को उदयपुर के फतह सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय में विवेकानंद जयंती के अवसर पर शांतिपीठ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रवचन देते हुए। पत्रिका फोटो

ब्रह्माण्ड को संतुलित रखने वाली शक्ति ही योगः महेश्वरानंद

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 13 जनवरी। परमहंस योगी स्वामी महेश्वरानन्द ने कहा है कि पूरे ब्रह्माण्ड को संतुलित रखने वाली शक्ति ही योग है और योग व्यक्ति के मन, शरीर एवं दिमाग को स्वस्थ रखता है।

स्वामी महेश्वरानन्द शनिवार को यहां शान्तिपीठ की ओर से विवेकानन्द जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 'आध्यात्मिक भारत का नवोदय' विषय पर प्रवचन दे रहे थे। देश-विदेश में योग पद्धति के प्रचार-प्रसार में जुटे महेश्वरानन्द ने कहा कि देश में महापुरुषों ने अपनी अनुभूति के आधार पर योग की अलग-अलग परिभाषाएं दी, लेकिन उनकी व्यक्तिगत रूप से योग का अर्थ संतुलन से है। ब्रह्माण्ड में जितनी भी शक्तियां तथा दृश्यमान व अदृश्यमान तत्व हैं, वे सभी संतुलित रूप से कार्य कर रहे हैं। सूर्य, चन्द्रमा, ग्रह, तारे, पृथ्वी सभी संतुलित हैं। इनमें यदि किसी तरह का असंतुलन आ जाए तो विपदा आ सकती है, विनाश हो सकता है। उन्होंने कहा कि पूरे ब्रह्माण्ड को संतुलित रखने वाली शक्ति का नाम ही योग है। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर ने मानव कल्याण के लिए योग विद्या, क्रियाओं व साधनाओं को मनुष्य के सामने रखा था।

महेश्वरानन्द ने कहा कि योग से बढ़कर पुरानी विद्या और कोई नहीं है। परमेश्वर तक पहुंचने का एकमात्र रास्ता योग है। योग से व्यक्ति योग्य बनता है, सुषुप्त शक्तियां जागृत होती हैं, शरीर स्वस्थ होता है, स्मरण शक्ति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि शाकाहारी व्यक्ति की स्मरण शक्ति कभी कम नहीं होती, लेकिन मांसाहारी व्यक्ति की स्मरण शक्ति 60-70 वर्ष की आयु के बाद कम होती चली जाती है।

महेश्वरानन्द ने अपने गुरु माधवानंद को उद्धृत करते हुए कहा कि सेवा धर्म ही सभी धर्मों में महान है। जो हाथ सेवा में लगे हुए हैं, उनका मूल्य जोड़े हुए हाथ [प्रार्थना करते] से कई गुना

[शेष पृष्ठ सात पर]

महेश्वरानंद..... [पृष्ठ एक का शेष]

ज्यादा है। उन्होंने विवेकानन्द के जन्मदिन को शुभ व पवित्र अवसर बताते हुए कहा कि महापुरुषों के जन्मदिन मनाना भारतीय संस्कृति के उज्जवल भविष्य का परिचायक है। उन्होंने कहा कि भारत की पावन भूमि पर विवेकानन्द, रामकृष्ण परमहंस, सूरदास, कबीर, मीरा, गुरु गोविन्द सिंह, गुरुनानक के रूप में कई अवतार हुए हैं।

इस देश की धरती पवित्र है, वंदनीय है। कई जन्मों की तपस्या के बाद इस देश में कोई जन्म ले पाता है। उन्होंने भारत के बारे में लोगों की इस धारणा को गलत बताया कि भारत में गरीबी है, लोग दुःखी हैं। उन्होंने कहा कि भारत में न कोई गरीब है न ही कोई दुःखी। सभी अमीर व सुखी हैं। स्वामी ने कहा कि अशान्ति, क्लेश व दुःख वहां मौजूद हैं, जहां भारतीय संस्कृति नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति मानवता का पाठ पढ़ाती है। ऋषि मुनियों के द्वारा यहीं से सभ्यता शुरू हुई। राजनीति भी ऋषि-मुनियों द्वारा रची गई नीति है। हालांकि यह बात अलग है कि कुछ नेता ऋषि मुनियों द्वारा बताई गई नीति पर नहीं चल रहे हैं। उन्होंने चाणक्य का हवाला देते हुए कहा कि उस महापुरुष जैसी देशभक्ति सभी में पैदा हो जाए तो फिर देश सोने की चिड़िया बना रहेगा। उन्होंने कहा कि चाणक्य ने सरकारी सुविधाओं का उपयोग अपने निजी कार्यों के लिए कभी नहीं किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व गुरु था, विश्व गुरु है और विश्व गुरु रहेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि भारतीय समाज से चमत्कारप्रियता व अंधविश्वास जितने जल्दी खत्म होंगे, उतनी ही जल्दी भारत जगत गुरु का गौरव पुनः हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा कि विवेकानन्द के संदेशों के स्मरण व उनके जीवन दर्शन का अनुसरण करके ही देश के भविष्य को संवारा जा सकता है। उन्होंने श्रीमद् भागवत गीता को भारतीय समाज के लिए परमात्मा द्वारा प्रसाद के रूप में दिया गया अमृत कलश बताया। उन्होंने कहा कि सृष्टि में हर श्रेष्ठता परमात्मा का स्वरूप है।

कार्यक्रम में नगर विधायक शिवकिशोर सनाढ्य ने विवेकानन्द के जीवन दर्शन को जीवन में उतारने पर बल दिया। शान्तिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने स्वामी महेश्वरानन्द का परिचय दिया और बताया कि महेश्वरानन्द 17 वर्ष की अल्पायु में ही आध्यात्मिक कार्य से जुड़ गए थे और आज उनके द्वारा शुरू की गई 700 से ज्यादा संस्थाएं योग का संदेश दे रही है। प्रारम्भ में स्वामी महेश्वरानन्द ने विवेकानन्द की तस्वीर के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर स्वामी महेश्वरानन्द के साथ आए उनके विदेशी शिष्यों ने दो भजन प्रस्तुत किए।

महेश्वरानंद रविवार को सुबह 10.30 बजे फतह स्कूल में ही योग साधना एवं कुण्डलीनी शक्ति पर प्रवचन तथा प्रशिक्षण देंगे। इस अवसर पर शिक्षामंत्री गुलाबचन्द कटारिया व राजस्थान खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष भानु कुमार शास्त्री विशिष्ट अतिथि होंगे।

प्रातःकाल

माघ कृष्णा 9 सोमवार दिनांक 15 जनवरी 1996



स्वामी महेश्वरानन्द शांतिपीठ द्वारा स्वामी विवेकानन्द जयंती के तहत आयोजित आध्यात्मिक प्रवचन के दौरान मंत्रोच्चारण करते हुए

फोटो- नरेश पालीवाल

योग साधना के सतत अभ्यास की आवश्यकता पर बल

उदयपुर, 14 जन. (नसं) । शांतिपीठ के तत्वावधान में स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर आयोजित 'आध्यात्मिक भारत का नवोदय कार्यक्रम के तहत 'योग एवं अध्यात्मिक साधना' विषय पर स्वामी महेश्वरानन्द ने आज प्रातः यहां फतह स्कूल के सभागार में प्रवचन देते हुए योग साधना के सतत अभ्यास की आवश्यकता जताई ।

स्वामी महेशानन्द ने अपने प्रवचन में शरीर के नाड़ी तंत्र का सूक्ष्म विवेचन करते हुए इडा, पिंगला व सुषुम्ना नाड़ियों के क्रिया कलापों का विश्लेषण किया । उन्होंने पिंगला नाड़ी को सूर्य का प्रतीक बताते हुए कहा कि शारीरिक व मानसिक क्रियाएं इसी से प्रभावित होती है जबकि सुषुम्ना नाड़ी चेतना की प्रतीक है ।

अपने प्रवचन में महेश्वरानन्द ने तंत्र विद्या का भी विषद विवेचन किया मगर उनका अशुद्ध उच्चारण बहुत खला ।

गुरु की महत्ता, पुरुषार्थ चतुष्टय (धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष) तथा फ्रायड के मनोविश्लेषण पर भी उन्होंने विचार व्यक्त किये । फ्रायड के सिद्धांत का समर्थन करते हुए उन्होंने बताया कि मन वासनाओं को लाकर बुद्धि के साथ जोड़ देता है । उन्होंने बताया कि मन को रोकने की कोशिश नहीं करनी चाहिये वरन मन को समुचित दिशा दिखाई जानी चाहिये और मन को ईश्वर भक्ति, सत्कर्म व सेवा कार्यों में लगाना चाहिये ।

उन्होंने भारतीय संस्कृतिक की रक्षा के लिए नागरिकों को संकल्प लेने को कहा । 'अहिंसा परमो धर्म' सिद्धांत का विवेचन करते हुए विश्व शान्ति के लिए इस मंत्र को राम बाण औषधि बताया ।

स्वामी महेश्वरानन्द के प्रवचन में अंग्रेजी शब्दों व उद्धरणों की बहुलता देखी गयी । दर्शनशास्त्र से सम्बन्धित पारिभाषिक शब्दावली जैसे- पिण्ड, जीवात्मा, परमात्मा तथा प्रालम्भ आदि, विशिष्ट शब्दों का उन्होंने बार-बार प्रयोग किया ।

4 व्यक्तियों को उन्होंने पेन्ट नहीं पहनने का संकल्प दिलाया । संकल्प लेने वाले व्यक्तियों को महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने माल्यार्पण किया । महन्त ने बताया कि अब ये युवक धोती धारण करेंगे तथा मस्तक पर हमेशा तिलक लगायेंगे । श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ संकल्प लेने वाले व्यक्तियों का स्वागत किया ।

स्वामी ने त्याग की महिमा को अपरम्पार बताते हुए श्रोताओं से प्रेम व सौहार्दपूर्ण हृदय रखते हुए दीन-दुखियों के कष्टों को दूर करने का आह्वान किया ।

महेश्वरानन्द ने अपने प्रवचन में कहा कि अगर मानव को मानसिक प्रदूषण से बचना है तो भारतीय संस्कृति को अपनाना पड़ेगा ।

उन्होंने अचेतन में चेतन के प्रदुर्भाव के लिए 'प्राणायाम' को आवश्यक बताया । उन्होंने बताया कि 'प्राणायाम' से 'ऋच' 'कुम्भ' व 'पूरक' की क्रियाएं अलग-अलग हो जाती है। उन्होंने योग-साधनाओं का भी विवेचन किया ।

स्वामी ने बताया कि परम शक्ति सुषुप्तावस्था में छिपी हुई है जिसे अनुभव करना कठिन कार्य है । उन्होंने अनाहत चक्र, मनीपूर चक्र, मूलाधार चक्र का विवेचन करते हुए ग्रन्थि का महत्व प्रतिपादित किया ।

स्वामी महेश्वारनन्द ने प्रवचन के दौरान बताया कि उन्होंने 'चक्रों' पर बहुत कुछ लिखा है । उन्होंने कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करने के लिए शरीर, आहार, विचार व विहार की शुद्धि कर मन विक्षेप व आवरण को हटाने तथा अच्छे गुरू का सानिध्य प्राप्त कर साधना व अनुशासनपूर्वक आसनो का अभ्यास करने की आवश्यकता जताई ।

उन्होंने बताया कि क्रिया योग से कर्म- निवृत्ति होती है- 'योगाग्नि कर्मदग्धानि' उन्होंने कहा कि चेतना, मंत्र, धारण व श्वास तथा आसन से क्रिया योग बनता है जिससे कुण्डलिनी जागृत होती है ।

प्रवचन के दौरान स्वामी ने बताया कि आत्मा ब्रह्म रन्ध्र का भेदन कर निकलती है । उन्होंने बताया कि वे ध्यान पद्धति सिखाते भी हैं ।

उन्होंने आत्म- ज्योति का विवेचन करते हुए बताया कि हृदय की धड़कन पर ध्यान एकाग्र करते हुए हृदय प्रकाश में जाकर समाधि की अवस्था में पहुंचाया जा सकता है ।

स्वामी ने बताया कि योग विषयक 8 चक्रों के बारे में जानकारी के लिये कम से कम 8 दिन चाहिये । उन्होंने 'शान्तिपीठ' के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रवचन समाप्त किया । अंत में उन्होंने 'सनातन धर्म की जय' का नारा लगाया ।

इस अवसर पर जर्मनी से आये हुए जर्मन नागरिक गजानन्द जो कि योग के अध्यापक हैं तथा जर्मनी में योग केन्द्र चलाते हैं ने भी उद्‌बोधन दिया ।

प्रवचन के दौरान स्वामीजी के विदेशी शिष्यों का ध्यान सभागार में लगे पंखों पर फड़फड़ाते कबूतरों की तरफ ज्यादा ही था ।

प्रवचन के पश्चात स्थल आश्रम के विद्यार्थियों ने वेद चर्चाओं के साथ स्वामी महेश्वरानन्द का स्वागत किया। के. जी. गट्टानी ने शाल ओढ़ा कर स्वामी का स्वागत किया ।

समारोह की अध्यक्षता राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष भानु कुमार शास्त्री ने की । संगम मिश्रा ने महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री का शाल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया ।

शास्त्री ने अपने उद्‌बोधन में भारतीय संस्कृति को बचाने का नागरिकों से आह्वान किया तथा स्वामी विवेकानन्द के जीवन से प्रेरणा की आवश्यकता जतायी । शिक्षा मंत्री गुलाब चन्द कटारिया भी इस अवसर पर उपस्थित थे ।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 12 जनवरी, 1996

विवेकानन्द की जयंती पर आज विविध आयोजन

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 11 जनवरी। स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर शुक्रवार को शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर शांतिपीठ उदयपुर के तत्वावधान में 'आध्यात्मिक भारत का नवोदय' विषयक तीन दिवसीय सत्संग समारोह का उद्घाटन प्रातः दस बजे मेवाड़ महा मंडलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री करेंगे। आलोक विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलक्टर डा. अशोक सिंघवी करेंगे।

संस्था की एक विज्ञप्ति के अनुसार शनिवार को सत्संग समारोह फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगा, जिसमें योरोप स्थित दीप माधवानन्द आश्रम के संस्थापक स्वामी महेश्वरानन्द प्रवचन देंगे। समारोह की अध्यक्षता महंत शास्त्री करेंगे तथा विधायक शिवकिशोर सनाढ्य विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम के समापन पर रविवार को स्वामी महेश्वरानन्द योग, सिद्धि योग एवं कुण्डलिनि शक्ति पर प्रवचन देंगे। समापन समारोह की अध्यक्षता राजस्थान राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष भानुकुमार शास्त्री करेंगे तथा शिक्षामंत्री गुलाबचंद कटारिया विशिष्ट अतिथि होंगे।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 13 जनवरी, 1996

स्वामी महेश्वरानंद आज उदयपुर में

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 12 जनवरी। परमहंस योगी स्वामी महेश्वरानंद उदयपुर के दो दिवसीय प्रवास पर शनिवार को यहां पहुंचेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वामी शनिवार दोपहर अपने देशी-विदेशी भक्तों की मंडली सहित उदयपुर पहुंचेंगे तथा अपराह्न चार बजे वह शांतिपीठ के तत्वावधान स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह के तहत यहां फतह स्कूल में 'आध्यात्मिक भारत का नवोदय' विषय पर प्रवचन देंगे। वह रविवार प्रातः 10.30 बजे भी फतह स्कूल में प्रवचन देंगे।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 19 फरवरी 2003



उदयपुर में शांतिपीठ की ओर से मंगलवार को स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 167वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी का दृश्य।

स्वामी रामकृष्ण ने दिखाया मुक्ति मार्ग

उदयपुर

स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 167वीं जयंती पर मंगलवार को शान्तिपीठ की ओर से संगोष्ठी व संकीर्तन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मोहनसिंह कोठारी ने की। प्रारम्भ में स्वामी जी के चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर माल्यार्पण किया गया।

प्रमुख वक्ता साहित्यकार ओंकारश्री ने कहा कि परमहंस देव ने मातृशक्ति की साधना से मनुष्य जाति को जीवन का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि नर को नारायण का स्वरूप तब ही प्राप्त होगा जब अंतिम की सेवा हो। समाज सेविका मंजु बोर्दिया ने कहा कि अमानवीकरण के दौर में जाति, वर्ग, सम्प्रदाय से ऊपर उठकर मानवता की सेवा ईश्वर समझ कर करने से परमहंस का चरित्र समझा जा सकता है। उन्होंने कहा रामकृष्ण ने जीवन के हर आयाम में नारायण का दर्शन कर सेवा का संदेश दिया। अध्यक्षीय भाषण में मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि रामकृष्ण ने तीन सूत्र सर्वधर्म समभाव, सब संस्कृतियों के मौलिक तत्वों में समानता तथा जीवन के दो लक्ष्य-स्वयं की मुक्ति और जगत का कल्याण दिए।

उन्होने कहा कि रामकृष्ण के अनुसार जो विवाद मानव एकता को नष्ट करें वह बचकाना है। शान्तिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि रामकृष्ण [illegible] की साधना ने भक्ति, ज्ञान व कर्मयोग का समन्वय कर मनुष्य को मुक्ति का मार्ग दिया। गोष्ठी में चन्द्रा भण्डारी ने भी विचार व्यक्त किये। इन्द्रदेव जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

जय राजस्थान दैनिक
20 फरवरी 2003 : वार – गुरूवार

जय राजस्थान

वहीं कर्म शुभ है, जिसमें जगत का हित हो

उदयपुर, 19 फरवरी। आत्मनों मोक्षधर्म जगदहिताय च- वहीं कर्म शुभ है। जिससे अपनी मुक्ति ओर जगत का हित है। 19 वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में रामकृष्ण परमहंस की साधना ने मानव मात्र की मुक्ति के लिये ऐसा स्वाधीन मार्ग दिया जो आने वाली शताब्दियों तक मनुष्य जाति का दिग्दर्शन करता रहेगा। उक्त विचार आज राजकृष्ण परमहंस की 167 वीं जयन्ती के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में संस्था के सभागार में आयोजित संगोष्ठी- संकीर्तन में व्यक्त हुए। संगोष्ठी की अध्यक्षता मोहनसिंह कोठारी ने की जबकि संकीर्तन पंडित रामकृष्ण बोस के दिग्दर्शन में सम्पन्न हुआ।

प्रमुख वक्ता के रूपमें बोलते हुए वरिष्ठ सलाहकार ओंकार ने कहा कि परमहंस देव ने मातृशक्ति की साधना से मनुष्य जाति को जीवन का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहाकि नर को नारायण का स्वरूप तब ही प्राप्त होगा जब अंतिम की सेवा हो।

गोष्ठी में बोलते हुए समाज सविका मंजु बोर्दिया ने कहा कि अमानवीकरण के दौर में जाति, वर्ग सम्प्रदाय से उपर उठकर मानवता की सेवा ईश्वर समझ कर करने से परमहंस का चरित्र समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण ने जीवन के हर आयाम में नारायण का दर्शन कर सेवा का संदेश दिया।

अध्यक्षीय भाषण में मोहनसिंह [illegible] लक्ष्य- स्वयं की मुक्ति ओर जगत का कल्याण। उन्होंने कहा कि 19वी से 21 वीं शताब्दी तक सर्वधर्म समभाव की आवश्यकता का प्रतिपादन रामकृष्ण ने किया और संदेश दिया कि जो विवाद मानव एकता को नष्ट करे वह बचकाना है। शांतिपीठ के संस्थापक संचालक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि रामकृष्ण की साधना ने भक्ति, ज्ञान व कर्मयोग का समन्वय कर मनुष्य को मुक्ति का मार्ग दिया।

उन्होंने कहा कि आज का शिक्षक यदि रामकृष्ण के आदर्शो को अपना ले तो समाज में विवेकानंद काअभाव मिट सकता हैं परमहंस ने अनेकों मार्गो से साधना कर ईश्वर को प्राप्त किया। ओर समाज के सामने प्रमाणित किया कि ईश्वर एक हैं गोष्ठी में चन्द्रा भण्डारी, हेमन्त ने भी विचार व्यक्त किये। तथा शांतिपीठ के इन्द्रदेव जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रारंभ में दीप प्रज्जवलन व तस्वीर पर माल्याप्रण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पंडित आर.के. बोस ने रामकृष्ण व विवेकानन्द के कई भजन बांग्ला व हिन्दी में गाकर सुनाये।

उदयपुर, 20 फरवरी 2000 रविवार

दैनिक भास्कर

रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर गोष्ठी एवं भक्ति संगीत

उदयपुर, 19 फरवरी। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 164वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार शाम शांतिपीठ की ओर से उनके दिव्य संदेशों पर विचार गोष्ठी एवं भक्ति संगीत जैसे कार्यक्रम रखे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रामकृष्ण की चिंतनधारा से जुड़े मोहनसिंह कोठारी ने रामकृष्ण को एक घनीभूत आध्यात्मिक शक्ति बताते हुए कहा कि उन्होंने परमेश्वर की प्राप्ति के सभी रास्तों का जीवन में वैज्ञानिक प्रयोग किया। आरंभ में श्री कोठारी ने चंद्रशेखर स्त्रोत का सस्वर पाठ भी किया। इस अवसर पर सूफी-संत गनी ने संत परंपरा का पालन करते हुए मीरा के भजन सुनाए। उन्होंने रामकृष्ण की आध्यात्मिक शक्ति को ईश्वर के रूप में स्पष्ट किया। 'दिल में तू बसा है...' सजदा किसे करूं। शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि संतों के चरित्र का अवगाहन चित्त की शुद्धि करते हुए जीवन को सकारात्मक बनाता है, इसी प्रकार संतों का आश्रम हिंसा और अवसाद से मुक्ति का मार्ग सुझाता है। श्री त्रिवेदी ने बताया कि रामकृष्ण ने विविध मार्गों की साधना करते हुए अद्वैत को सिद्ध किया। प्रो. बी.एल. समदानी ने रामकृष्ण पर स्वरचित मुक्त सुनाए। डा. के.डी. शर्मा ने भक्ति संगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावमग्न किया।

प्रातःकाल रविवार दिनांक 20 फरवरी 2000

परमहंस जयंती पर गोष्ठी एवं भक्ति संगीत

उदयपुर, 19 फर. । स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 164वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार शाम शांतिपीठ की ओर से उनके दिव्य संदेशों पर विचार गोष्ठी एवं भक्ति संगीत के कार्यक्रम रखे गये ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रामकृष्ण की चिंतन धारा से जुड़े मोहनसिंह कोठारी ने रामकृष्ण को एक घनीभूत आध्यात्मिक शक्ति बताया ।

इस अवसर पर सूफीसंत गनी ने संत परम्परा का जिक्र करते हुए मीरा के भजन सुनाये ।

शांति पीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि संतों के चरित्र का अवगाहन चित्त की शुद्धि करते हुए जीवन को सकारात्मक बनाता है । त्रिवेदी ने बताया कि रामकृष्ण ने विविध मार्गों की साधना करते हुए अद्वैत को सिद्ध किया ।

प्रो. बी. एल. समदानी ने रामकृष्ण पर स्वरचित मुक्तक सुनाये । डॉ. के. डी. शर्मा ने भक्ति संगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावमग्न किया । लक्ष्मणपुरी ने रामकृष्ण को मां शारदा का अवतार बताया । संगोष्ठी का संयोजन डॉ. एम. एल. नागदा ने किया।

उदयपुर

Rashtradoot

उदयपुर रविवार 20 फरवरी 2000

रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर गोष्ठी एवं भक्ति संगीत

उदयपुर, 19 फरवरी। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 164 वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार शाम शांतिपीठ की ओर से उनके दिव्य संदेशों पर विचार गोष्ठी एवं भक्ति संगीत जैसे कार्यक्रम रखे गये।

कार्यक्रम की अध्यक्षतात्य करते हुए रामकृष्ण की चिन्तन धारा से जुड़े मोहन सिंह कोठारी ने रामकृष्ण को एक घनीभूत आध्यात्मिक शक्ति बताते हुए कहा कि उन्होंने परमेश्वर की प्राप्ति के सभी रास्तो का जीवन में वैज्ञानिक प्रयोग किया। आरम्भ में कोठारी ने चन्द्रशेखर स्तोत का सस्वर पाठ भी किया।

इस अवसर पर सूफी संत गनी ने संत परम्परा का जिक्र करते हुए मीरा के भजन सुनाये।

उन्होंने रामकृष्ण की आध्यात्मिक शक्ति का एक शेर के रुप मे स्पष्ट किया दिल मे तू बसा है सजदा किसे करु आंखों मे तू बसा है दीदार क्या करु।

शान्ति पीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि संतो के चरित्र का अवगाहन चित की शुद्धि करते हुवे जीवन को सकारात्मक बनाता है, इसी प्रकार संतो का आश्रम हिंसा और अवसाद से मुक्ति का मार्ग सुझाया है। त्रिवेदी ने बताया कि रामकृष्ण ने विविध मार्गो की साधना करते हुए अद्वैत को सिद्ध किया।

प्रो.बी.एल.समदानी ने रामकृष्ण पर स्वरचित मुक्त सुनाये। डा.के.डी.शर्मा ने भक्ति संगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावमग्न किया। लक्ष्मणपुरी ने रामकृष्ण को मां शारदा का अवतार बताया। संगोष्ठी का संयोजन डा.एम.एल.नागदा ने किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर,20 फरवरी 2000

रामकृष्ण परमहंस जयंती पर गोष्ठी

उदयपुर, 19 फरवरी [का.सं.]। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 164वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार शाम शांतिपीठ की ओर से उनके दिव्य संदेशों पर विचार गोष्ठी एवं भक्ति संगीत कार्यक्रम रखे गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रामकृष्ण की चिंतन धारा से जुड़े मोहनसिंह कोठारी ने रामकृष्ण को एक घनीभूत आध्यात्मिक शक्ति बताते हुए कहा कि उन्होंने परमेश्वर की प्राप्ति के सभी रास्तों का जीवन में वैज्ञानिक प्रयोग किया। आरम्भ में श्री कोठारी ने चन्द्रशेखर स्त्रोत का सस्वर पाठ भी किया। इस अवसर पर सूफी-संत गनी ने संत परंपरा का पालन करते हुए मीरा के भजन सुनाए। उन्होंने रामकृष्ण की आध्यात्मिक शक्ति को ईश्वर के रूप में स्पष्ट किया। 'दिल में तू बसा है...' सजदा किसे करूं। शांतिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण ने विविध मार्गों की साधना करते हुए अद्वैत को सिद्ध किया। प्रो. बी.एल. समदानी ने समकृष्ण पर स्वरचित मुक्तक सुनाए। डा. के.डी. शर्मा ने भक्ति संगीत प्रस्तुत किया। संगोष्ठी का संयोजन डा. एम.एल. नागदा ने किया।

जय राजस्थान उदयपुर, रविवार 20 फरवरी, 2000

रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर गोष्ठी एवं भक्ति संगीत

उदयपुर, 19 फरवरी। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 164वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार शाम शांतिपीठ की ओर से उनके दिव्य संदेशों पर विचार गोष्ठी एवं भक्ति संगीत जैसे कार्यक्रम रखे गये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रामकृष्ण की चिन्तन धारा से जुड़े मोहनसिंह कोठारी ने रामकृष्ण को एक घनीभूत आध्यात्मिक शक्ति बताते हुए कहा कि उन्होंने परमेश्वर की प्राप्ति के सभी रास्तों का जीवन में वैज्ञानिक प्रयोग किया। आरंभ में कोठारी ने चन्द्रशेखर स्त्रोत का सस्वर पाठ भी किया।

इस अवसर पर सूफीसंत गनी ने संत परम्परा का जिक्र करते हुए मीरा के भजन सुनाये। उन्होंने परमहंस की रूप में स्पष्ट किया-'दिल में तू बसा है सजदा किसे करूं। आखों में तू बसा है दीदार क्या करूं।।'

शांति पीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि संतों के चरित्र का अवगाहन चित्त की शुद्धि करते हुए जीवन को सकारात्मक बनाता है, इसी प्रकार संतों का आश्रम हिंसा और अवसाद से मुक्ति का मार्ग सुझाता है। त्रिवेदी ने बताया कि रामकृष्ण ने विविध मार्गों की साधना करते हुए अद्वैत को सिद्ध किया।

प्रो. बीएल समदानी ने रामकृष्ण पर स्वरचित मुक्त सुनाये। डॉ. केडी शर्मा ने भक्ति संगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावमग्न किया। लक्ष्मणपुरी ने रामकृष्ण को मां शारदा का अवतार बताया। संगोष्ठी का

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 19 फरवरी 1999



उदयपुर में शांतिपीठ की ओर से स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर आयोजित सत्संग संगोष्ठी में बोलती डॉ. विनया पेण्डसे। -पत्रिका फोटो

'रामकृष्ण-विवेकानंद जैसी आदर्श गुरु-शिष्य परम्परा की आवश्यकता'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 18 फरवरी। 'आज रामकृष्ण-विवेकानंद जैसी आदर्श गुरु-शिष्य परम्परा की पुनर्स्थापना की आवश्यकता है ताकि अधः पतन की ओर जाते समाज को आध्यात्मिक तरीके से बचाया जा सके।'

यह बात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. विनया पेंडसे ने गुरुवार को स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 163वीं जयंती के अवसर पर यहां शांतिपीठ की ओर से आयोजित 'सर्वधर्म सानंद के मार्गदृष्ट रामकृष्ण परमहंस' विषयक संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि पद से व्यक्त किए। डॉ. पेण्डसे ने कहा कि नए समाज और राष्ट्र के निर्माण के लिए स्वामी विवेकानंद की तरह स्फटिक व ऊर्जावान युवा समाज की आवश्यकता है जो समाज की अच्छाइयों का वाहक बने। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने रामकृष्ण परमहंस के सर्वधर्म सानंद दर्शन पर कहा कि रामकृष्ण परमहंस ने आत्मस्वरूप का बोध होने पर कृष्ण, अल्लाह, हजरत मूसा तथा ईसा मसीह में अभेद का आभास किया।

संगोष्ठी के अध्यक्ष वैद्य राधागोविन्द आचार्य ने कहा कि जगदीश व जगत में भेद के अज्ञान को मिटाकर समाज में एकता व शांति स्थापित की जा सकती है। महाराणा संस्कृत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र मिश्र ने गुरु-शिष्य परम्परा से युवा पीढ़ी को जोड़ने की बात कही। साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने कहा कि सर्वधर्म समभाव ही अनेकता में एकता का सिद्धान्त है।

संगोष्ठी में डॉ. राजमल धाकड़ एवं बी.एन. कॉलेज के हिन्दी विभाग के प्रो. महिपाल सिंह राठौड़ ने भी विचार व्यक्त किए। इस उपलक्ष में लोक गायक चंद्रगंधर्व शशि ने बावजी चतुर सिंह का सर्वधर्म एकात्म भाव का भजन गाया। संगोष्ठी का संचालन शांतिपीठ के राजीव लोढ़ा ने किया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, फाल्गुन, शुक्ला चतुर्थी, विक्रम संवत 2055, शुक्रवार 19 फरवरी 1999

गुरु-शिष्य परंपरा पुनर्स्थापना की जरूरत

रामकृष्ण जयंती मनाई

सांस्कृतिक संवाददाता

उदयपुर, 18 फरवरी । स्वार्थ व दुष्कामनाओं से अभिप्रेरित होकर अधःपतन की ओर जाते समाज को आध्यात्मिक परंपरा ही बचा सकती है। इसके लिए वर्तमान में रामकृष्ण-विवेकानंद जैसी आदर्श गुरु-शिष्य परंपरा की समाज में पुनर्स्थापना करने की आवश्यकता है।

ये विचार स्वामी रामकृष्ण परमहंस जयंती के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में 'सर्वधर्म सानंद के मार्गदृष्टा श्री रामकृष्ण परमहंस' विषय पर गुरुवार को आयोजित सत्संग-संगोष्ठी में सामने आए। पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मोहनसिंह कोठारी ने गुरु वंदना से संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए कहा कि रामकृष्ण का अवतरण स्वयं योगेश्वर कृष्ण की घोषणा के अनुरूप धर्मग्लानि काल में ही हुआ और वह स्वार्थ और भोगवाद के अंधकार में डूबते समाज के लिए प्रकाश बना।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए राधागोविंद अज्ञान है। अज्ञान का नाश ज्ञान की यात्रा से ही संभव है और वही जाकर समाज में एकता व शांति की स्थापना करती है। विशिष्ट अतिथि डॉ. विनया पेंडसे ने कहा कि जीवन में मूल्यों की स्थापना करने की पहल बड़ों को ही करनी होती है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति का इतिहास इसका प्रमाण है।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बौद्धिक और आत्मिक दोनों ओर उन्नति करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। साहित्यकार राजेंद्र सक्सेना ने विवेकानंद के शिकागो व्याख्यान की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने सर्वप्रथम अनेकता में एकता के सिद्धांत को ही प्रतिपादित किया।

संगोष्ठी में डॉ. राजमल धाकड़ ने कहा कि शुद्ध चित्त हृदय में ही धर्म स्थापित होता है और तभी शांति की स्थापना होती है। डॉ. महिपालसिंह राठौड़ ने कहा कि धर्म से तात्पर्य धर्मांधता से नहीं होकर जीवन के उदात्त मूल्यों से है। इस अवसर पर लोकगायक चंद्र गंधर्व 'शशि' ने भजन धर्म रा गेला री गम नी है, जिस्वत री लड़ा लड़ी है, सुनाया। संगोष्ठी का

दैनिक भास्कर
अजमेर, फाल्गुन कृष्णा अष्टमी, विक्रम संवत 2054, शुक्रवार 20 फरवरी 1998

परमहंस की जयंती पर सर्वधर्म संवर्द्धन समारोह आयोजित

उदयपुर, 19 फरवरी (भाससे)। शांतिपीठ के तत्वावधान में रामकृष्ण परमहंस की 162वीं जयंती के अवसर पर सर्वधर्म संवर्द्धन समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर रूपमुनि ने सभी धर्मों की मंजिल एक बताते हुए कहा राम और कृष्ण दोनों मिलकर रामकृष्ण हुए। इस अद्‌भुत सामंजस्य से बढ़कर और महान घटना क्या हो सकती है जिसमें दोनों अवतार एक हो गए। आत्मोप्लब्धि को भारतीय संस्कृति का परम लक्ष्य बताते हुए मुनि ने कहा कि विद्या दूसरे के माध्यम से दी जाती है किन्तु आत्मज्ञान स्वयं की अनुभूति से किया जाता है। जो आत्मज्ञानी हो जाए उसे सभी विद्याएं प्राप्त हो जाती है और वह परमहंस बन जाता है। वर्तमान में समाज में हो रहे नैतिक अवमूल्यन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मानव समाज और राष्ट्र के चरित्र का नाम ही सीता है। इसकी रक्षा की आज आवश्यकता है। उन्होंने सारे भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र की सेवा करने की आवश्यकता बताई है।

मेवाड़ महामण्डलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने इस अवसर पर कहा कि सारी संत परंपरा में रामकृष्ण परमहंस ही ऐसे संत है जिन्होंने हर धर्म का साक्षात्कार कर बताया कि सभी मार्गो से समान रूप से परम तत्व तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने ईश्वर का साक्षात्कार प्रमाणिक तौर पर करा देने की बात विवेकानन्द से की। महंत ने कहा कि चींटी जिस तरह रेत में मिली मिश्री के कणों को ग्रहण कर लेती है और रेत छोड़ देती है इसी तरह संत हंस के समान सार तत्व को ग्रहण कर लेते हैं।

समारोह में विचार व्यक्त करते हुए डॉ. भुवनेश मुनि ने कहा कि इस देश की पहचान ऋषि मुनियों ने स्थापित की है। इस संत परंपरा के पुरोधा परमहंस राम और कृष्ण दोनों महाशक्तियों का योग है। उन्होंने कहा कि विवेकानंद रामकृष्ण की अभिव्यक्ति है। संत की व्याख्या करते हुए भुवनेश मुनि ने कहा कि जो स्वभाव में जीता है और प्रभाव से दूर रहता है वह संत है।

समारोह के प्रारंभ में शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने आयोजन के उद्‌देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सर्वधर्म संवर्द्धन का उद्‌देश्य आध्यात्मिक आश्रय में ही चलकर पूर्ण हो सकता है और इसी परिप्रेक्ष्य में शांतिपीठ का सारा अभियान गतिशील है। संतों के उद्‌बोधन के पूर्व मोहनसिंह कोठारी ने रामकृष्ण परमहंस पर भजन प्रस्तुत किया तथा विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि रामकृष्ण ने देश की तत्कालीन परिस्थितियों में मार्गदर्शन देकर आने वाली शताब्दियों के लिए दिशा दी है।

दैनिक नवज्योति
20 फरवरी, 1998

आत्मोपलब्धि भारतीय संस्कृति का परम लक्ष्य- रूप मुनि

न्यूज सर्विस
उदयपुर, 19 फरवरी।

शान्तिपीठ के तत्वावधान में रामकृष्ण परमहंस की 162 वीं जयन्ती के अवसर पर सर्वधर्म संवर्द्धन समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य उद्‌बोधन रूप मुनि महाराज ने दिया तथा अध्यक्षता मेवाड़ महामण्डलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने की।

सभी धर्मों की मंजिल एक बताते हुए रूप मुनि ने कहा कि राम और कृष्ण दोनों मिलकर रामकृष्ण हुए। इस अद्‌भुत सामंजस्य से बढकर और महान घटना क्या हो सकती है। जिसमें दोनों अवतार एक हो गए। आत्मोप्लब्धि को भारतीय संस्कृति का परम लक्ष्य बताते हुए उन्होंने कहा कि विद्या दूसरे के द्वारा ही दी जाती हैं किन्तु आत्म ज्ञान स्वयं की अनुभूति से किया जाता है। जो आत्मज्ञानी हो जाए उसे सभी विद्याएं प्राप्त हो जाती है और वह परमहंस बन जाता है। उन्होंने संसार से आसक्ति को बंधन का कारण बताया और कहा कि संसार से विरक्ति ही मुक्ति है।

वर्तमान में समाज में हो रहे नैतिक अवमूल्यन पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि मानव समाज और राष्ट्र के चरित्र का नाम ही सीता है। इसकी रक्षा की आज आवश्यकता है। उन्होंने सारे भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र की सेवा करने की आवश्यकता बताई।

अध्यक्षता करते हुए मेवाड़ महामण्डलेश्वर ने कहा कि सारी संत परम्परा में रामकृष्ण परमहंस ही ऐसे संत हैं, जिन्होंने हर धर्म का साक्षात्कार कर बताया कि सभी मार्गों से समान रूप से परम तत्व तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने ईश्वर का साक्षात्कार प्रमाणिक तौर पर करा देने की बात विवेकानन्द से की। महंत ने कहा कि चींटी जिस तरह रेत में मिले मिश्री के कणों को ग्रहण कर लेती हैं और रेत छोड़ देती हैं इसी तरह संत हंस के समान सार तत्व को ग्रहण कर लेते हैं। संत समाज के विकारों को दूर करते है। उनहोंने कहा कि संतों के वचनों को समाज तक पहुंचाने की आज आवश्यकता है।

समारोह में विचार व्यक्त करते हुए डॉ. भुवनेश मुनि ने कहा कि इस देश की पहचान ऋषि मुनियों के द्वारा स्थापित हैं और इस संत परम्परा के पुरोधा परमहंस राम और कृष्ण दोनों महाशक्तियों का योग है। उन्होंने कहा कि विवेकानन्द रामकृष्ण की अभिव्यक्ति है। संत की व्याख्या करते हुए भुवनेश मुनि ने कहा कि जो स्वभाव में जीता हैं और प्रभाव से दूर रहता है वह संत हैं।

परमहंस अपने स्वभाव को जीये और हर धर्म के उद्‌घाटक बनें। संत संसार की विश्व संपति हैं जो किसी पंत या जाति तक सीमित नहीं रहतीं। जाति धर्म की सोच नहीं हैं वस्तु का स्वभाव ही धर्म है। संत में विश्वास होना चाहिए पंत में नहीं। उनहोंने कहा जो समस्या का अंत करें वह संत है।

इस अवसर पर बोलते हुए मोहम्मद हैदरी ने कहा कि समाज में पंत अनेक हैं किन्तु धर्म एक है। सभी की इबादत एक मुकाम तक पहुंचाती हैं, इसी बात को रामकृष्ण ने प्रमाणित किया।

प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सर्वधर्म संवर्द्धन का उद्देश्य आध्यात्मिक आश्रय में ही चलकर पूर्ण हो सकता हैं और इसी परिप्रेक्ष्य में शान्तिपीठ का सारा अभियान गतिशील है। इस अवसर पर उन्होंने श्वेत वस्त्र भेंट कर रूप मुनि महाराज का स्वागत किया। समाजसेवी कैलाश और घनश्याम सिंह कृष्णावत ने महन्त को श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

संतों के उद्‌बोधन के पूर्व मोहन सिंह कोठारी ने रामकृष्ण परमहंस पर भजन प्रस्तुत किया तथा विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि रामकृष्ण ने देश की तत्कालीन परिस्थितियों में मार्गदर्शन देकर आने वाली शताब्दियों के लिए दिशा दी हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. यदु गोपाल ने किया।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, मंगलवार, 15 जुलाई, 2003

शाश्वत स्वर बिना अनुभव के कोरा शाब्दिक ज्ञान अंधा है।
-विवेकानंद



जोनल रेलवे ट्रेनिंग स्कूल परिसर में पौधारोपण करते गुरूनानक पब्लिक स्कूल के छात्र। फोटो : नवज्योति

शान्तिपीठ का दिव्य विरासत पुनरूत्थान के तहत वृक्षारोपण

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 14 जुलाई। दिव्य विरासत पुनरूत्थान पर्यावरण संवर्द्धन के तहत आज शान्तिपीठ और जोनल रेलवे ट्रेनिंग स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में सेंटर परिसर में स्कूली बालकों द्वारा पौधारोपण अभिक्रम का शुभारम्भ उदयपुर नगर परिषद के सभापति युधिष्ठिर कुमावत के मुख्य आतिथ्य में हुआ। पौधारोपण हेतु सवेरे गुरूनानक पब्लिक स्कूल के छात्र परिसर पहुंचे और प्रभारी शिक्षक मुबारक खान, पी.एस. श्रीमाली व ए.के. गुप्ता की देखरेख में गड्ढे खोदकर नीम, अमलताश, गुलमोहर आदि के पौधे लगाए। इस अवसर पर सभापति कुमावत ने छात्र समुदाय को आह्वान किया कि वे वृक्षावली की वृद्धि व इनकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता से आगे लगाए और उसके वृक्ष बनने तक उसकी जिम्मेदारी लें। जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर के प्राचार्य आर.एस. मीणा ने हरीतिमा बढाने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि वृक्षारोपण कर हम वर्षा को रिझा सकते है। उन्होंने पौधारोपण से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्था व जल संसाधनों के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि पर्यावरण संवर्द्धन को अपना स्वधर्म बनाएं। उन्होंने ट्रेनिंग सेन्टर परिसर जैसे स्थानों को घनी वृक्षावली से विकसित करने की आवश्यकता बताई तथा इसमें अन्य संस्थाओं से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर पायरोटेक इलेक्ट्रोनिक्स के प्रबन्ध निदेशक पी.एस. तलेसरा ने हरितिमा विकसित करने के लिए अन्य संस्थाओं को भी प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता बताई। शान्तिपीठ के आर.के. झंवर ने स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तावित पौधारोपण कार्यक्रम का उल्लेख किया।

उदयपुर 15 जुलाई 2003 मंगलवार
स्वदेश प्रेम दुरात्मा की अन्तिम शरण है : जॉनसन
जय राजस्थान दैनिक
15 जुलाई 2003 वार – मंगलवार



शांतिपीठ द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम का एक दृश्य।

पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

उदयपुर, 14 जुलाई। शांतिपीठ के दिव्य विरासत पुनरूत्थान पर्यावरण संवर्द्धन के तहत आज शांतिपीठ और जोनल रेलवे ट्रेनिंग स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में सेंटर परिसर में स्कूली बालकों द्वारा पौधारोपण अभिक्रम का शुभारंभ उदयपुर नगर परिषद के सभापति युधिष्ठिर कुमावत के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

प्रात: 10 बजे गुरू नानक पब्लिक स्कूल के छात्र परिसर पहुंचे और प्रभारी शिक्षक मुबारकखान, पी.एस. श्रीमाली एवं ए.के.गुप्ता की देखरेख में गड्ढे खोदकर नीम, अमलताश, गुलमोहर आदि के पौधे लगाये। जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेंटर के प्राचार्य आर.एस.मीणा ने पौधारोपण से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्था व जल संसाधनों के महत्व पर प्रकाश डाला।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि पर्यावरण संवर्धन को अपना स्वधर्म बनायें। उन्होंने ट्रेनिंग सेंटर परिसर जैसे स्थानों को घनी वृक्षावली से विकसित करने की आवश्यकता बताई तथा इसमें अन्य संस्थाओं से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर उद्योगपति पायरोटेक इलेक्ट्रॉनिक्स के पी.एस.तलेसरा ने हरितिमा विकसित करने के लिये अन्य संस्थाओं को भी प्रोत्साहित किये जाने की आवश्यकता बताई। शांतिपीठ के

जय राजस्थान दैनिक
12 जून 2003 वार – गुरूवार

गंगा दशहरा– एकादशी पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित संवाद गोष्ठी सम्पन्न

उदयपुर, 11 जून। जल संशुद्धि, धरती की पवित्रता ओर सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र में पारस्परिक निर्भरता व सह अस्तीत्व के बोध से जुड़ी परम्पराएं हमें विरासत में मिली किन्तु विकास की अंधी दौड़ में हमने इनके वजूद को झूठलाकर प्राणी मात्र के अस्तित्व को संकट में डाल दिया। ये विचार मंगलवार को गंगा दशहरा-एकादशी के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा समीपवर्ती गांव मनवाखेड़ा में आयोजित संवाद-संगोष्ठी में व्यक्त किये गये। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. एस.एन.जोशी ने की।

विरासत पुनरूथान– पर्यावरण संवर्द्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि प्राकृतिक व पुरावैभव संपदा जो शेष है उसकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाने चाहिये। गांव के संसाधन जिसमें जल, जमीन वन और स्वस्थ परम्पराओं के रखरखाव में युवा समुदाय को आगे आना चाहिये। उन्होंने पौधारोपण से पूर्व सुरक्षा के ठोस इंतजाम किये जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बगैर "फेंसिग' के पौधारोपण के आंकड़े झूठे सिद्ध हो रहे हैं उन्होंने चरणोत भूमि की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रो. एस.एन.जोशी ने गंगा दशहरा के महत्व को बताते हुए कहा कि अगज भी देश में जल स्त्रोतों को गंगा माना जाता है। निर्जला एकादशी पर बिना जल के रहकर प्राचीनकाल से ही जल के महत्व को समझा जाता हैं उन्होंने जल संरक्षण की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर राजवैद्य राधागोविन्द आचार्य ने कहा कि जमीन खोकर विकास की कल्पना विकास नहीं बल्कि विनाश की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि शांति, सद्भाव ओर विकास एक साथ चलें तो समाज खुशहाल बना रहता है। गांव की सर्वव्यापकता का विवेचन करते हुए इसके 18 नामों का उल्लेख किया ओर कहा कि गंगा सदैव बहते हुए व्यक्तियों के पापों का नाश करती हैं उसी तरह हमें भी मन की निर्मलता बनाये रखते हुए पर्यावरण को बिगाड़ने वाले कारकों को दूर रखने का प्रयत्न करना चाहिये।

उपस्थित ग्रामीणं ने चिंता व्यक्त करते हुए मनवाखेड़ा की सैंकड़ों बीघा जमीन पर शहर की हिरणमगरी कॉलोनीयां बनी लेकिन शहर ने इस गांव को प्रदूषित पानी के कुछ नहीं दिया। गांव के युवा मण्डल के अध्यक्ष विष्णु पटेल ने कहा कि आजादी के 50 साल बाद भी इस गांव के विकास में सरकार की ओर से कोई प्रयन्त नहीं हुए। वयोवृद्ध शिवराम व नारायणने भी विचार व्यक्त किये। ग्रामीणों ने मानसूनकाल में प्रत्येक परिवार की ओर से वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर टीका मगरी को देववन के रूप में विकसित करने का एक मत से निर्णय लिया गया। मनवाखेड़ा युवा मण्डल के सदस्य राजकुमार मेघवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उदय पालीवाल ने किया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत 2060
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, गुरुवार
12 जून 2003

विकास के लिए प्राकृतिक संसाधन नष्ट करना अनुचित

उदयपुर, 11 जून। शांतिपीठ के विरासत पुनरूत्थान-पर्यावरण संवर्द्धन अभियान के तहत बुधवार को निकटवर्ती मनवाखेड़ा में संगोष्ठी आयोजित हुई। इसमें विकास की अंधी दौड़ में शामिल होने के लिए प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट किए जाने पर चिंता प्रकट की गई। अध्यक्षता करते हुए प्रो. एसएन जोशी ने जल के महत्व को समझाते हुए जल संरक्षण की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर वैद्य राजागोविंद आचार्य ने कहा कि जमीन खोकर विकास की कल्पना विनाश की शुरुआत हैं। उपस्थित ग्रामीणों ने वर्षाकाल में पौधारोपण का संकल्प लिया। धन्यवाद राजकुमार मेघवाल ने ज्ञापित किया। संचालन डा. उदय पालीवाल ने किया।

Rashtradoot
उदयपुर, गुरूवार 12 जून, 2003

विकास की अंधी दौड ने मानव अस्तित्वों को संकट में डाला

उदयपुर, 11 जून (वि.)। जल संशुद्धि, धरती पवित्रता और संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र में पारस्परिक निर्भरता व सह अस्तित्व के बोध से जुडी परम्पराएं हमें विरासत में मिली किन्तु विकास की अंधी दौड में हमने इनके वजूद को झुठलाकर प्राणी मात्र के अस्तित्व को संकट में डाल दिया।

ये विचार मंगलवार को गंगा दशहरा एकादशी के अवसर पर शान्तिपीठ द्वारा समीपवर्ती गांव मनवाखेडा में आयोजित संवाद संगोष्ठी में व्यक्त किये गये। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. एस एन जोशी ने की।

विरासत पुनरुत्थान पर्यावरण संवर्द्धन अभियान के तहत आयोजित

कि प्राकृतिक व पुरावैभव संपदा जो शेष है उसकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाने चाहिये। गांव के संसाधन जिसमें जल, जमीन, वन और स्वस्थ परम्पराओं के रख रखाव में युवा समुदाय को आगे आना चाहिये। उन्होंने पौधारोपण से पूर्व सुरक्षा के ठोस इंतजाम किये जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बगैर फेसिंग के पौधारोपण के आंकडे झूठे सिद्ध हो रहे है। उन्होंने चरणोत भूमि की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रो. एस एन जोशी ने गंगा दशहरा के महत्व को बताते हुए कहा कि आज भी देश में जल स्त्रोतों को गंगा माना जाता है। निर्जला एकादशी पर बिना

जल संरक्षण की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर राजवैद्य राधागोविन्द आचार्य ने कहा कि जमीन खोकर विकास की कल्पना विकास नहीं अपितु विनाश की शुरुआत है। उन्होंने कहा शान्ति, सदभाव और विकास एक साथ चले तो समाज खुशहाल बना रहता है। गंगा की सर्वव्यापकता का विवेचन करत हुए इसके 18 नामों का उल्लेख किया और कहा कि गंगा सदैव बहते हुए व्यक्तियों के पापों का नाश करती है उसी तरह हमें भी मन की निर्मलता बनाये रखते हुए पर्यावरण का बिगाडने वाले कारकों को दूर रखने का प्रयत्न करना चाहिये।

पर्यावरण की चिंता, पौधरोपण के साथ सुरक्षा का संकल्प

शांतिपीठ का दिव्य विरासत पुनरुत्थान व पर्यावरण संवर्द्धन अभियान

नसं, उदयपुर, 5 जून।

पर्यावरण प्राणी मात्र के लिए प्राण स्वरूप है जिसकी रक्षा प्राथमिकता से करना चाहिए। यह रक्षाभाव सांस की



पर्यावरण एवं अकाल विषयक गोष्ठी में संचरस्थ संभागी।

तरह आवश्यक मानना होगा अन्यथा न जीवन बचेगा और न कोई उम्मीद ही।

यह विचार विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को यहां विभिन्न संस्थाओं की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में उभरे। **शांतिपीठ** की ओर से जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेंटर के सभागार में 'दिव्य विरासत पुनरोत्थान व पर्यावरण संवर्धन' के चातुर्मासिक अभियान का आरम्भ करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता व स्वाधीनता सेनानी डॉ. एस.एन. सुब्बराव ने कहा कि प्रकृति द्वारा विरासत में जो मिला उसमें से बहुत कुछ खो चुकने के बाद भी हम सही अर्थों में सावधान नहीं हो पाए और भविष्य को आश्वस्त करने के लिए अपेक्षित आदर्शों की बजाय आज हमारे बच्चे अश्लील चित्र, भाषा और माहौल में पल रहे हैं, यह गंभीर चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि हम वन संवर्धन के प्रयास करते हैं यह अच्छी बात है किन्तु जो कुछ विरासत में प्राप्त है यह कुदरती है, इसे सहेज रखना अति महत्वपूर्ण है। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विषय प्रवर्तन करते हुए स्पष्ट किया कि मेवाड़ का पूरा वैभव प्रकृति में पल्लवित हुआ था। आज भी लोगों में पुरास्थलों, देवस्थानों, देवलों, धुणियों व देवबनों के प्रति आस्था कायम है जिसके बूते पुनरोत्थान की सारी संभावनाएं विकसित की जा सकती हैं।

प्रस्तावित अभियान के तहत धरोहर के प्रमुख स्थानों के संवर्धन के साथ ही नई पीढ़ी को इसके लिए तैयार करने का माहौल बनाना है। नागदा व सुरखण्ड नगरी को भी योजना में सम्मिलित किया गया है। अध्यक्ष पद से सेंटर के प्रिन्सिपल आर.एन. मीणा ने वृक्षावली विकसित करने के लिए समयबद्ध योजना की आवश्यकता तथा वाटर हार्वेस्टिंग की जरूरत बताई।

रुरल डवलपमेंट एवं रिकन्स्ट्रक्शन एक्टिविटी (रुद्रा) की ओर से पर्यावरण संरक्षण एवं दिनचर्या विषयक संगोष्ठी में डॉ. पी.के. दशोरा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विकास का नया मॉडल अपनाना आवश्यक है।

अध्यक्ष पद से प्रो. वासुदेव देवनानी ने कहा कि पर्यावरण की चिंता प्रत्यक व्यक्ति को करनी होगी। पर्यावरणविद् डॉ. एल.एल. शर्मा ने ग्रामीण व शहरी जीवन के फर्क को बताया और कहा कि शहरों में संसाधनों का दुरुपयोग हो रहा है। जल विज्ञानी नरेन्द्र हिंगड़ ने जल संरक्षण के लिए जन शिक्षण आवश्यक होता है।

सुविवि के भूविज्ञान विभाग में संचालित **उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ** की ओर से 'पर्यावरण एवं अकाल' विषयक संगोष्ठी में स्वतंत्रता सेनानी हुकमराज मेहता ने कहा कि हम निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर अकाल और जल संकट के स्थाई निराकरण पर सोचें। डॉ. विनोद अग्रवाल ने आने वाले समय को और विकट बताया जबकि शांतिलाल भण्डारी ने पर्यावरण पेयजल संकट को सरकार के भरोसे छोड़ने को अनुचित बताया।

रजनीकांत वर्मा ने जल मितव्ययता अपनाने पर बल दिया। वासुदेव देवनानी, इन्दु शेखर व्यास, शांतिलाल गोदावत, सुनील दुबे, आर.के. गर्ग ने भी विचार रखें। अध्यक्षता भू-विज्ञान विभाग के आचार्य पी.एस. राणावत ने की।

ताज लेक पैलेस के कर्मचारियों को पर्यावरण चेतना साईकिल रैली पर कार्यवाहक महाप्रबंधक जयकांत ओझ ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली तख्तियों पर विभिन्न पर्यावरण संदेश देती हुई शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी मुख्य अभियंता देवेन्द्र सिंह पनसेर द्वारा तैयार 'अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण' मॉडल प्रदर्शित किया गया। इस यंत्र को बिना बिजली या ईंधन के केवल साइकल से चलाया जा सकता है। कर्मचारियों ने महाराणा प्रताप हवाई अड्डे पर पौधारोपण कर उनके रख-रखाव का जिम्मा लिया।

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इकोलोजी एण्ड इन्वायरमेंट की ओर से बी.एन. पीजी कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में क्षेत्रिय निदेशक ए.के. सिंह ने जल पुनर्भरण को जरूरी बताया। अध्यक्षता डॉ. जी.एस. राठौड़ ने की। विशिष्ट वक्ता डॉ. आर.के. गर्ग ने पर्यावरण चेतना को आवश्यक बताया। डॉ. बी.आर. बोहरा ने पर्यावरण प्रबंधन पर प्रकाश डाला। संचालन पी.के. जैन ने किया।

प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय में कार्यवाहक अधिष्ठाता वीरेन्द्र कुमार ने पर्यावरण के विनाश को सूखे का प्रमुख कारण बताया। प्रो. राजवीरसिंह ने जल प्रबंधन पर जोर दिया व प्रो. एस.एन. राठौड़ ने नवीकृत ऊर्जा



लेक पैलेस होटल में प्रदर्शित अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण मॉडल।

स्रोतों की जानकारी दी। यहां सूखा नियंत्रण पर दस दिवसीय प्रशिक्षण भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से शुरू हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में नीम, बंगाली बबूल तथा बोटल ब्रश के पचास पौधे लगाए गए।

यूरेका फोर्ब्स के मुख्य अधिकारी एन.डी. शर्मा ने बताया कि कंपनी की ओर से वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में डिवीजनल सेल्स मैनेजर राजस्थान आलोक पारीख एवं सीनियर टीम लीडर गोपेश माथुर एवं सौरभ जोशी एवं कंपनी के सभी प्रतिनिधियों ने भाग लिया एवं पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया। **अरावली अभियान समिति** की ओर से विचार गोष्ठी शुक्रवार को 7-ब, सहेली मार्ग पर जल संरक्षण-मितव्ययता एवं व्यक्ति विषय पर सुबह 8.30 बजे रखी गई है। मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् अनुपम मिश्र होंगे। **रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर लेकसिटी** व राजस्थान विद्यापीठ डबोक के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. एन.पी. शर्मा ने कहा कि पर्यावरण शिक्षा की आज अनिवार्य आवश्यकता है। मुख्य अतिथि निर्मल सिंघवी ने कहा कि यदि आपदाओं के नियंत्रण पर ध्यान नहीं दिया गया तो हालात जानलेवा हो जाएंगे। लोकमान्य तिलक शिक्षा मार्ग विद्यालय की प्रधानाचार्य दिव्यप्रभा नागर ने कहा कि यदि हालात विषम होते रहे एक दिन वह भी आएगा जब हमें ऑक्सीजन के लिए कतार में खड़ा रहना होगा। विशिष्ट अतिथि दौलत सिंह चौहान थे। क्लब सचिव दीपक सुखाड़िया ने पानी के व्यर्थ बहाव पर अंकुश का सुझाव दिया। जनता कॉलेज के प्राचार्य शंकरलाल शर्मा व मुख्तियार सिंह ने सभी का स्वागत किया

इस अवसर पर पर्यावरण निबंध, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। **नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत विभाग**, प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय में पर्यावरण दिवस पर हुए व्याख्यान में डॉ. एस.एन. राठौड़ ने विचार रखें। के.एल. पानेरी ने ऊर्जा के स्रोतों का प्रदर्शन किया। **विद्याभवन कृषि विज्ञान केन्द्र**, बड़गांव में डॉ. आर.एल. सोनी ने वर्क्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। वासुदेव देवनानी ने अशोक का पेड़ लगाया आयोजक श्रीमती सी.एल. भारती ने संभागी महिलाओं से पौधारोपण का आह्वान किया। **राजस्थान राज्य भारत स्काउट एण्ड गाइड** मण्डल की ओर से अभिनव उच्च माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण किया। स्काउट गाइड के मण्डल मुख्यालय की ओर संचालित अभिरूचो केन्द्र व कला कौशल शिविर का डॉ. एस.एन. सुब्बाराव ने अवलोकन किया तथा इस अवसर पर पर्यावरण के संबंधित प्रतियोगिताएं महिला मण्डल में रखी गई। वैष्णोदेवी सेवा संस्थान की ओर से यह दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। **विश्व प्रकृति निधि**, भारत की संभागीय इकाई के कार्यकर्ताओं ने सिटी पैलेस आने वाले पर्यटकों को वर्षा का जल बचाने और बारिश पूर्व पर्याप्त पौधा रोपण का परामर्श दिया। साथ ही पारिस्थितिकी संतुलन के लिए पर्यावरण को बचाने का संकल्प भी दिलाया।



रोटरी क्लब की ओर से आयोजित गोष्ठी का दृश्य।

यह जानकारी सचिव हरीश पालीवाल ने दी।

मोरवड़ स्थित आर.के. मार्बल्स के नवीन शॉपिंग सेंटर पर क्रियाशीलता एवं संकल्प दिवस के रूप में कर्मचारियों व अधिकारियों उत्पादन की गति बनाए रखते हुए पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संकल्प किया। सलाहकार भागीरथ चौधरी ने वृक्षारोपण किया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने घरों को भी वृक्षों से सज्जित कर पर्यावरण संरक्षण का सुझाव दिया। वरिष्ठ प्रबंधक रामनारायण चौधरी ने भी पौधारोपण किया।

SHANTIPEETH INDIA ■412■
■ शांतिपीठ ■ DOWN THE MEMORY LANE ■



राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 27 मार्च, 1991

नम भूमि संरक्षण चेतना शिविर

उदयपुर, 26 मार्च [वि.]। शांतिपीठ व वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय पीछोला-फतहसागर नम भूमि संरक्षण चेतना शिविर का समापन मंगलवार को हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर रतनसिंह सिंघी थे। उन्होंने कुशल प्रतिभागियों को पुरस्कार बांटे। इनमें तस्लीम अत्तारी-प्रथम तथा युसूफ व शब्बर द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। प्रारंभ में शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने शिविर की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता मानाभाई ने की तथा आगंतुकों का स्वागत तैयाबियाह स्कूल के प्राचार्य विष्णु शर्मा हितैषी ने किया।



राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 24 मार्च, 1991

पीछोला-फतहसागर नम भूमि संरक्षण चेतना शिविर शुरू

उदयपुर, 23 मार्च [वि.]। शान्तिपीठ और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय तैयबियाह स्कूल के सभागार में शनिवार को चार दिवसीय 'पीछोला फतहसागर नम भूमि संरक्षण चेतना शिविर' शुरू हुआ। प्रो. विजय नारायण उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। वन संरक्षक ने शिविर का उद्घाटन किया। आरंभ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वृद्धिशंकर शिल्पी, विष्णु शर्मा हितैशी और प्रकाश तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। राजीव लोढ़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



जय राजस्थान

उदयपुर, बुधवार 27 मार्च 1991

प्रत्येक स्कूल में पर्यावरण क्लब बनाये जांयः सिंघी

उदयपुर, २६ मार्च। पर्यावरण के प्रति नई पीढ़ी में पैदा हुई चेतना समग्र समाज में जन जागरण का आधार बन सकती है। आज प्रदूषण की गंभीर समस्या का हल हो पाना जन आंदोलन के बिना दुस्कर है।उक्त विचार आज शांतिपीठ और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तैय्याब्बियाह स्कूल के सभागार में आयोजित पिछोला - फतहसागर नम भूमि संरक्षण चेतना शिविर के चतुर्दिवसीय कार्यक्रम में समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जिला कलेक्टर रतन सिंह सिंघवी ने व्यक्त किये।

नगर की झीलों को संरक्षित करने के लिये युवा वर्ग को आह्वान करते हुए सिंघी ने कहा कि हर विद्यालय में पर्यावरण क्लब बनाने की आवश्यकता है जो संगठित प्रयास के लिये एक चैन का काम कर सकते हैं और इससे छात्रों के अभिभावक व आम नागरिक जुड़ कर वांछित लक्ष्यों को पाने का एक सफल अभिक्रम बन सकता है।

कार्यक्रम में प्रारंभ में शांति पीठ की संस्थापक महाविद्यालय अनन्त गणेश त्रिवेदी ने शिविर की उपलब्धियो को बताते हुए कहा कि यह शिविर झीलों के संरक्षण हेतु उठाये जाने वाले कदमों का श्रीगणेश है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अब नई पौध के प्रयास कारगर सिद्ध होंगे। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने मौके पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. राजमल लोढ़ा ने आगाह किया कि सज्जनगढ़ के आसपास अगर नई बस्ती बसने दी गई तो यह झीलों व यहां के पर्यावरण के लिये खतरा सिद्ध होगा।समापन समारोह के प्रारंभ में तैय्याब्बियांह स्कूल के प्राचार्य विष्णु शर्मा हितैषी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा अध्यक्षता सचिव नाना भाई ने की। शांति पीठ के विकास कार्यक्रमों के सह निदेशक राजीव लोढ़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

जय राजस्थान
उदयपुर, मंगलवार, 10 फरवरी 1998

लोक चेतना के केन्द्र रहे है देव वन

उदयपुर, 9 फरवरी (वि.)। देव-वन लोक चेतना के वे केन्द्र रहे हैं जिन्होंने भौतिक व सांस्कृतिक पर्यावरण की न केवल रक्षा की है अपितु परम्परागत चलने वाले नैतिक आदर्शों में प्राण संप्रेषित करने की अविरल भूमिका निभाई है व समाज को आध्यात्मिक दिशादी है, किन्तु वर्तमान में भोगवादी विकृति से उठी आंधी ने इन प्राण केन्द्रों की जड़े हिला दी है एवं इनकी घोर अवमानना की है।

उक्त विचार रविवार, शुक्ल प्रदोष के अवसर पर अमरखजी संरक्षण मण्डल के तत्वावधान में अमरखजी, अम्बेरी में पर्यावरण प्रतिष्ठा के केन्द्र देववन विषयक आयोजित गोष्ठी में उभर कर आए। वयोवृद्ध स्वाधीनता सैनानी मास्टर बलवन्त सिंह मेहता के सानिध्य में आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता समाजसेवी उद्योगपति घनश्याम सिंह कृष्णावत ने की जिसमें समाज के कई तबकों से जुड़े प्रबुद्ध व्यक्ति तथा नगर व ग्रामों के नागरिक व जनप्रतिनिधि सम्मिलित थे।

विषय प्रवर्तन करते हुए मण्डल के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि देववन सारे पर्यावरण अभियान का मूलाधार है। भारतीय वांड्गमय में पर्यावरण की समग्र अवधारणा इनमें छिपी है। इनकी उपेक्षा कर समाज दीर्घ आयु प्राप्त नही कर सकता। उन्होंने कहा कि सामाजिक ओर पारिवारिक मार्यादाओं के ये नियंत्रक रहे हैं और इनकी रक्षा कसे श्रद्धालुओं ने अपना नैसर्गिक दायित्व माना है। त्रिवेदी ने अमरखजी देववन सरंक्षण के एक दशाब्दि कालाना अभियान का परिचय दिया।

गोष्ठी में अधिवक्ता शांतिलाल पाण्डेवा, प्रकाश पानेरी, भंवरलाल गुप्ता, बड़गांव पंचायत समिति के उपप्रधान बंशीलाल कुम्हार, प्रो. यदुगोपाल, भगवतसिंह भण्डारी ने सम्बोधित किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुरेश गोयल ने कहा कि पर्यावरण की समस्या व्यक्ति विशेष की समस्या नहीं है। पर्यावरण विघटन एक गंभीर संकट है।

गोष्ठी में मा. बलवन्त सिंह मेहात ने कहा कि आजादी के 50 वर्ष बाद जो देश का चित्र उपस्थित हुआ है इससे निराशा होती है। घनश्याम सिंह कृष्णावत ने कहा कि निकट भविष्य में अमरवजी परिक्षेत्र की भूमिका विराट होगी।

प्रातःकाल मंगलवार दिनांक 10 फरवरी 98

देवालय व देववन हमारी पहचान-मेहता

उदयपुर, 9 फर. (वि.) । अमरखजी संरक्षण मण्डल के तत्वावधान में अमरखजी में पर्यावरण प्रतिष्ठा के केन्द्र हमारे देववन विषयक विचार गोष्ठी आयोजित की गई ।

स्वाधीनता सैनानी मास्टर बलवन्त सिंह मेहता के सानिध्य में आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता घनश्याम सिंह कृष्णावत ने की ।

गोष्ठी में अनन्त गणेश त्रिवेदी, प्रकाश पानेरी, भंवरलाल गुप्ता, बंशी लाल कुम्हार, प्रो. यदु गोपाल ने अपने विचार व्यक्त किये ।

इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ पत्रकार सुरेश गोयल ने कहा कि पर्यावरण की समस्या व्यक्ति विशेष की समस्या नही है । पर्यावरण विघटन एक गंभीर संकट है ।

उन्होंने अधिक से अधिक इस क्षेत्र में कार्य किए जाने की आवश्यकता बताते हुए अमरखजी के अभियान को अधिक शक्ति से आगे ले जाने का सुझाव दिया ।

गोष्ठी में बलवन्त सिंह ने कहा कि देवालय और देववन हमारी पहचान देते है ।

गोष्ठी के अध्यक्ष कृष्णावत ने वन विनाश पर आक्रोश व्यक्त किया । इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी में श्रेणीदान चारण, योगेन्द्र मोहन भट्ट एवं नलिनी पुरोहित ने काव्यपाठ किया ।

कार्यक्रम में मा. बलवन्त सिंह मेहता के 98 वर्ष पूर्ण कर 99वें वर्ष में प्रवेश करने पर मण्डल के सदस्यों ने

जो विरासत में मिला, बहुत कुछ खो बैठे हम

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 2 जून 2003

चातुर्मासिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ पर्यावरण दिवस पर

उदयपुर, 1 जून (वि.)। शान्तिपीठ द्वारा मेवाड की दिव्य विरासत संरक्षण के चातुर्मासिक कार्यक्रमों का शुभारंभ आगामी विश्व पर्यावरण दिवस पर किया जाएगा।

इसके लिए पर्यावरण संरक्षण व हमारी दिव्य धरोहर का पुनरोद्भव विषयान्तर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों को चार अनुभागों में विभाजित कर एक लघु प्रायोजना तैयार की गई है। जिसके तहत ऐतिहासिक एवं आस्था के स्थानों को चिन्हित कर पहचान स्थापित किया जाना व इनके आस पास के प्राकृतिक स्त्रोतों को संरक्षित करना, प्राकृतिक संसाधनों का आपदा कालीन विशेष प्रबंधन करने के साथ ही देव वन विकसित करने का वातावरण बनाना है। संस्थान ने गत वर्षों के अनुभवों को आधार बताते हुए यह मान्यता व्यक्त की है कि समाज में मूल्यों के भयानक ह्रास होने के बावजूद ग्राम्य संभाग में प्राकृतिक स्त्रोतों के पीछे पवित्र भाव विद्यमान है जिसके बलबूते आध्यात्मिक धरोहर का पुनरोद्भव संभव है।

उदयपुर, 5 जून

विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह कार्यक्रम

प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता, चिन्तक व स्वतंत्रता सैनानी डा. एस.एन. सब्बाराव ने कहा कि प्रकृति द्वारा विरासत में जो मिला उसमें से बहुत कुछ खोने के बाद भी हम सही अर्थों में सावधान नहीं हो पाए और भविष्य को आश्वस्त करने के लिए अपेक्षित आदर्शों की बजाए आज हमारे बच्चे अश्लील चित्र, भाषा और माहौल में पल रहे हैं। यह गंभीर चिन्ता का विषय है।

डा. सुब्बाराव गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर के सभागार में दिव्य विरासत पुनरोत्थान व पर्यावरण संवर्धन के चातुर्मासिक अभियान के शुभारम्भ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि हम वन संवर्धन के प्रयास करते है यह अच्छी बात है किन्तु जो कुछ विरासत में प्राप्त है यह कुदरती है तथा इसे सहेज रखना अति महत्वपूर्ण है। डा. सुब्बाराव ने इस बात पर चिन्ता जताई कि आजादी के 50 वर्ष बाद भी एक गरीब की जनसेवक तक पहुंच नहीं बन पाई। उन्होंने मानसिक शक्ति को मजबूत बनाने के लिए दीर्घ श्वास को आधार बताते हुए मात्र पांच मिनट के सरल आसन द्वारा स्वयं को स्वस्थ बनाने के साथ साथ चित्र की शक्ति से जहां को स्वस्थ बनाने की प्रक्रिया बताई।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासत्चिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने व्यक्ति और प्रकृति के अन्तर्सम्बन्धों एवं दोनों की पारस्परिक पूरकता की विवेचना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर के प्राचार्य आर.एन. मीणा ने वृक्षावली विकसित करने के लिए समयबद्ध योजना की आवश्यकता तथा 'वाटर हारवेसटिंग' की जरूरत बताई। कार्यक्रम का संचालन शांतिपीठ के उदयलाल पालीवाल ने किया।

रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर लेकसिटी एवं राजस्थान विद्यापीठ डबोक के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर लोकमान्य तिलक शिक्षा महाविद्यालय डबोक के नागर सभागार में एक संगोष्ठी व पर्यावरण सम्बन्धी कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रारम्भ में जनता कॉलेज के प्राचार्य शंकर लाल शर्मा लेकसिटी क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुख्तियार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। संगोष्ठी में विद्या भवन बी.एड. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एम.पी. शर्मा ने कहा कि पिछली कुछ दशाब्दी में विकास की गति तेज होने के साथ संग्रह स्वार्थ के वशीभूत प्रवृतियों ने पर्यावरण की समस्याओं को अंजाम दिया, जिससे पर्यावरण नकारात्मक वस्तु बनती जा रही है।

विशिष्ट अतिथि राजस्थान पत्रिका उदयपुर के संपादकीय प्रभारी दौलत सिंह चौहान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें बहुत कुछ करना है पर हर आदमी की सोच है कि अकेला मैं क्या करूंगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए हर आदमी को कुछ न कुछ संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गर्वनर के विशेष प्रतिनिधि निर्मल सिंघवी ने कहा कि असंतुलित होते पर्यावरण के जैविक व अजैविक तत्वों के संरक्षण के लिए हमें व्यक्तिगत प्रयासों की सामूहिक अभिव्यक्ति युद्ध स्तर पर करनी होगी।

लोक मान्य तिलक शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य दिव्य प्रभा नागर ने कहा कि हम प्रकृति से लेते ही जा रहे हैं। लेकिन उसके संरक्षण की बात नहीं कर रहे हैं, जिससे बुरे दिनों की आहट दस्तक दे रही हैं। कार्यक्रम में निबन्ध पर्यावरण प्रश्नोतरी प्रतियोगिताओं के विजेता सरिता माली, सोना शर्मा, निर्मला उपाध्याय, संतोष कोहली, शारदा देवी कोली, पूनी बाई, भूरी देवी, सोनी बाई, रतन पेनेट को निर्मल सिंघवी, डी.एस. चौहान व दीपक सुखाड़िया ने पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए। संचालन अरुण पानेरी व श्रीमती मधु नाहर ने किया। कार्यक्रम में कुलदीप माथुर, कुलदीप छाबड़ा, संजीव तिवारी, प्रताप दरड़ा ने भाग लिया। धन्यवाद प्रोफेसर आर.पी. सनाढ्य ने दिया। अतिथियों को स्मृति चिह्न निर्मल करण पुरिया, दीपक शर्मा, राजेन्द्र सिंह कोठारी, प्रताप दरड़ा ने दिए।राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड मंडल द्वारा अभिनव उच्च माध्यमिक विद्यालय गायरियावास में गुरुवार को पर्यावरण दिवस मनायागया। इसमें स्काउट गाइड मंडल जिला आयुक्त सुरेन्द्र रावल ने प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग न करने व उन्हें नष्ट करने पर बल दिया।

नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत विभाग, प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के उपलक्ष में गैर पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों के महत्व पर चर्चा हुई। डा. एन.एस. राठौड़ ने सौर ऊर्जा, बायोगैस, उन्नत चूल्हा आदि को प्रदूषण मुक्त ऊर्जा स्रोत बताया तथा के.एल. पानेरी ने इस स्रोतों का प्रदर्शन किया।वैष्णोदेवी सेवा संस्थान ने गुरुवार को मिलेनियम पब्लिक स्कूल सवीना में 'विश्व पर्यावरण दिवस पर निःशुल्क पौधे वितरित किए। विश्व पर्यावरण दिवस पर विद्याभवन आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मन



लेक पैलेस होटल के कर्मचारी गुरुवार को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में रैली निकालने की तैयारी में।

व समाज के पर्यावरण को स्वच्छ रखने पर प्रसिद्ध गांधीवादी चिन्तक, राष्ट्रीय युवा योजना के निदेशक डा. एस.एन. सुब्बराव ने नगर के गणमान्य नागरिकों का विस्तृत मार्गदर्शन किया।

झील संरक्षण समिति, राष्ट्रीय युवा योजना, गांधी शांति प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सुब्बराव ने कहा कि पहली जरूरत मन को हरा रखने की है व इसके लिए ठीक प्रकार से श्वासोच्छवास सीखने की है। आज देश को जोड़ना है व सारे विश्व में प्रेम, करुणा व बंधुत्व का संदेश पहुचाना है। सुब्बराव के निर्देशन में युवाओं के एक दल ने भारत की संतान कार्यक्रम प्रस्तुत किया- जो तोड़ेंगे को टूटेंगे, हम जन जन को जोड़ेंगे के उद्घोष के बीच सुब्बराव ने अटारक भाषाओं से गुथी एक गीतमाला प्रस्तुत की।

इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में पर्यावरणविद् अनुपम मिश्र ने कहा कि समाज जब तकनीक को संस्कृति व संस्कार के रूप में अंगीकार करता है तभी पानी व पर्यावरण का समग्र व स्थायी संरक्षण हो सकता है। वर्षा जल संरक्षण की सैकड़ों वर्षों पुरानी परंम्परा को जीवन शैली के रूप में विकसित कर पुनर्जीवित व सर्वव्यापी बनाने से जल संकट का स्थायी समाधान निकल सकता है।

मिश्र ने बाड़मेर, जैसलमेर, चुरू, टोंक से लेकर हिमाचल प्रदेश व भारत सहित पाकिस्तान के विभिन्न प्रांतों में वर्षाजल बचाने की परम्परागत विधियों को रंगीन पारदर्शियों के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए कहा कि समाज नव संजग होता है वह धूरी पर रहता है। तभी पर्यावरण का संरक्षण होता है। इस अवसर पर पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने कहा कि भविष्य के प्रति हमारी दूरदर्शी सोच से ही पर्यावरण बचेगा। प्रारम्भ में डा. तेज राजदान ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल मेहता ने किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र सिंह शेखावत एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी भाग लिया।

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इकॉलोजी एण्ड एनवायरमेंट के बी.एन.पी.जी. कॉलेज स्थित क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र में आयोजित पर्यावरण विषयक संगोष्ठी में क्षेत्रीय निदेशक ए.के.सिंह, बी.एन. कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. जी.एस. राठौड़, बी.बी.आर.आई. के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आर.के. गर्ग, डॉ. डी.आर. बोहरा आदि ने पर्यावरण की सुरक्षा, जल संरक्षण आदि पर बल दिया। संगोष्ठी का संचालन पी.के. जैन ने किया। आभार प्रदर्शन जितेन्द्र माथुर ने व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पी.सी. भटनागर ने किया।

सुखाड़िया विश्वविद्यालय के भू-विज्ञान विभाग के उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित पर्यावरण एवं अकाल विषयक गोष्ठी में स्वतंत्रता सेनानी हुकुमराज मेहता, संजीव मेहता, समिति के शांतिलाल भंडारी, भू विज्ञान विभाग के सह आचार्य डॉ. विनोद अग्रवाल, विद्याभवन पोलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य वासुदेव देवनानी, वनश्री विकास परिषद के इन्दुशेखर व्यास, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स के पूर्व सचिव शांतिलाल गोरावत व इंडियन एनवायरमेंट सोसायटी के डॉ. आर.के. गर्ग ने अकाल के लिए पर्यावरण विनाश को जिम्मेदार ठहराया। अध्यक्षता भू विज्ञान विभाग के आचार्य डॉ. पी.एस. राणावत ने की।

लेक पैलेस उदयपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रातः होटल के कर्मचारियों ने पर्यावरण चेतना साइकिल रैली निकाली, जिसे होटल के कार्यवाहक महाप्रबन्धक जयकान्त श्रोफ ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली तख्तियों पर विभिन्न पर्यावरण सन्देश लेकर शहर के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई पुनः होटल पहुंची, जहां मुख्य अभियन्ता देवेन्द्र सिंह पनसेर द्वारा तैयार किए गए 'अपशिष्ट जल को पुनः चक्रित कर काम में लेने' का मॉडल प्रदर्शित किया गया। होटल के कर्मचारियों एवं प्रबन्धकों ने महाराणा प्रताप हवाई अड्डे पर पौधारोपण किया।

विश्व प्रकृति निधि भारत की उदयपुर डिविजनल इकाई ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सिटी पैलेस भ्रमण पर आने वाले सैकड़ों पर्यटकों व शहरवासियों को पानी को समुचित उपयोग करने, बारिश पूर्व पर्याप्त वृक्षारोपण करने तथा पारिस्थितिक सन्तुलन के लिए पर्यावरण को बचाने के संकल्प दिलाए। कमेटी के सचिव हरीश पालीवाल ने सैकडों पर्यटकों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प दिलाया।

प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय में पर्यावरण दिवस का आयोजन मृदा एवं जल अभियांत्रिकी विभाग के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष एवं कार्यवाहक अधिष्ठाता डा. वीरेन्द्र कुमार ने पर्यावरण का विनाश रोकने के लिए वृक्षारोपण तथा उचित जल प्रबन्धन पर जोर दिया। कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. राजवीर सिंह ने भू जल के पुनर्भरण तथा जल प्रबन्धन पर जोर दिया। प्रो. एन.एस. राठौड़ ने नवीनीकरण ऊर्जा स्रोतों का पर्यावरणीय संतुलन में योगदान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर नीम, बंगाली बबूल तथा बोटल ब्रश के पचास पौधों का महाविद्यालय परिसर में रोपण किया गया।

विद्या भवन कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव में 'विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में केन्द्र की प्रशिक्षण आयोजिका श्रीमती सी.एल. भारती व समन्वयक डा. आर.एल. सोनी ने पर्यावरण का महत्व बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्या भवन पोलिटेक्निक कॉलेज ने प्राचार्य वासुदेव देवनानी ने लगातार अकाल व बढ़ते तापमान के लिए मनुष्य को स्वयं जिम्मेदार बताया।

यूरेका फोर्बस की ओर से महाराणा कुंभा संगीत भवन से स्वच्छ पर्यावरण संरक्षण रैली निकाली गई व वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर कम्पनी के मुख्य अधिकारी उदयपुर एन.डी. शर्मा ने आम नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की सलाह दी। वृक्षारोपण कार्यक्रम में डिवीजनल सेल्स मैनेजर, राजस्थान आलोक पारीख, सीनियर टीम लीडर गोपेश माथुर एवं सौरभ जोशी ने भाग लिया।

दैनिक नवज्योति

अजमेर, शुक्रवार, 20 फरवरी, 2009

संगोष्ठी

उदयपुर शांतिपीठ में सर्वधर्म समभाव के मार्गदृष्टा परमहंस विषयक सत्संग-संगोष्ठी में मंचासीन अतिथिगण। फोटो : नवज्योति



परमहंस योग भक्ति एवं वेदांत के समन्वित स्वरूप

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 19 फरवरी। रामकृष्ण परमहंस योग भक्ति, वेदांत और सेवा का समन्वित स्वरूप हैं जो जाति, वर्ण, सम्प्रदाय अथवा राष्ट्रीयता से ऊपर उठकर मानव मात्र को अज्ञान के अंधकार से प्रकाश की ओर चलने की दिशा देते है। यह विचार परमहंस की जयंती के अवसर पर शांतिपीठ में सर्वधर्म समभाव के मार्गदृष्टा परमहंस विषयक सत्संग-संगोष्ठी में बोलते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किए। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पं. भंवरलाल व्यास ने वेद के चतुष्टयं वा इदं सर्वम सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हुए कहा कि देह, मन, बुद्धि साधन मात्र है, केवल चेतन्य ही ऐसा तत्व है जो विकारों से प्रतिपादन करते हुए कहा कि देह, मन, बुद्धि साधन मात्र है, केवल चेतन्य ही ऐसा तत्व है जो विकारों से मुक्त कर परम तत्व से जोड़ता है। हम चेतन तत्व की परिष्कृति करते हुए एकता को आत्मसात कर सकते हैं। प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व के सारे धर्मों की मर्यादाएं एक ही है, जिन्हें रामकृष्ण ने पहचाना और धार्मिक समन्वयक का कार्य किया। उन्होंने कहा कि संत

शांतिपीठ में सत्संग संगोष्ठी

स्वधर्म की पहचान कराता है। स्वधर्म विहीन आचरण समाज में उच्छृंखलता पैदा करता है। त्रिवेदी ने कहा कि हमने धर्म के स्थूल रूप को पकड़ा और उसकी आत्मा को खो दिया, यही कारण है कि समाज, आतंक, अविश्वास और अशांति के बीहड़ में पहुंच गया। इस अवसर पर बोलते हुए रामकृष्ण भावधारा से जुड़े चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि रामकृष्ण एक ही परम सत्य का प्रतिनिधित्व करते है, जिसे आत्मसात कर मानव विकास के उस परम तत्व तक पहुंच सकता है जहां ईश्वर से एकात्मकता का अनुभव हो सके। उन्होंने कहा कि परमहंस ने आधुनिक काल में भारत के पुनर्जागरण के सूत्रधार बनकर विश्व कल्याण का मार्ग दिया। शिक्षाविद् कैलाश वाजपेयी ने कहा कि परमहंस सेवा, प्रेम और त्याग का निरापद मार्ग है। इस अवसर पर उदयपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट त्रिभुवन पुरोहित ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दूसरे लम्बे सत्र में भजन संध्या में रामकृष्ण-विवेकानन्द भाव धारा से जुड़े गीत प्रस्तुत करते हुए पं. रामकृष्ण बोस ने मातृस्रोत, यह कैसी करूणाकाली समझ न आये, चलो मन जाये घर अपने, हरिनाम संकीर्तन प्रस्तुत किए तथा अंत में ध्यान के समय कृष्णतंत्री वीणा में राग भैरवी प्रस्तुत किया। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के गिरधारी गर्ग की उपस्थिति में रजनी जोशी और नेहा जोशी ने गुरू कृपा, ओम नमो भगवते वासुदेवाय के साथ ही कई भजन प्रस्तुत कर सभागार में संगीतमय बना दिया।

हैलो डाक्टर कार्यक्रम में आज रू-ब-रू होंगे डॉ. शर्मा

उदयपुर, 19 फरवरी। आकाशवाणी उदयपुर के 'हैलो डॉक्टर' कार्यक्रम में शुक्रवार 20 फरवरी को प्रातः 9.20 से 10.20 बजे तक डॉ. डी.सी. शर्मा श्रोताओं से सीधा संवाद कर उनकी थायराइड व संबंधित बीमारियों, समस्याओं का निदान व उपचार प्रस्तुत करेंगे। आकाशवाणी केन्द्र निदेशक माणिक आर्य ने बताया कि श्रोता फोन नम्बर 2428684 व 2428685 पर बीमारियों के बारे में पूछ सकते हैं।

SHANTIPEETH INDIA 416 DOWN THE MEMORY LANE

समाचार जगत
samachar jagat
जयपुर 21 फरवरी 2009

समाचार जगत, जयपुर,21 फरवरी, 2009 (8)

रामकृष्ण परमहंस योग, भक्ति एवं वेदांत के समन्वित स्वरुप

उदयपुर, (निसं)। रामकृष्ण परमहंस योग भक्ति, वेदांत और सेवा का समन्वित स्वरुप है जो जाति, वर्ण, सम्प्रदाय अथवा राष्ट्रीयता से उपर उठकर मानव मात्र को अज्ञान के अंधकार से प्रकाश की ओर चलने की दिशा देते है।

यह विचार परमहंस की जयंती के अंवसर पर शांतिपीठ में सर्वधर्म समभाव के मार्गदृष्टा परमहंस विषयक सत्संग-संगोष्ठी में बोलते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किये।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पं. भंवरलाल व्यास ने वेद के चतुष्टयं वा इदं सर्वम सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हुए कहा कि देह, मन, बुद्धि साधन मात्र है, केवल चेतन्य ही ऐसा तत्व है जो विकारों से प्रतिपादन करते हुए कहा कि देह, मन, बुद्धि साधन मात्र है, केवल चेतन्य ही ऐसा तत्व है जो विकारों से मुक्त कर परम तत्व से जोड़ता है।

हम चेतन तत्व की परिष्कृति करते हुए एकता को आत्मसात कर सकते है। कार्यक्रम के दूसरे लम्बे सत्र में भजन संध्या में रामकृष्ण-विवेकानन्द भाव धारा से जुड़े गीत प्रस्तुत करते हुए पं. रामकृष्ण बोस ने मातृस्रोत, यह कैसी करूणाकाली समझ न आये, चलो मन जाये घर अपने, हरिनाम संकीर्तन प्रस्तुत किए तथा अंत में ध्यान के समय कृष्णतंत्री वीणा में राग भैरवी प्रस्तुत किया।

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के गिरधारी गर्ग की उपस्थिति में रजनी जोशी और नेहा जोशी ने गुरू कृपा, ओम नमो भगवते वासुदेवाय के साथ ही कई भजन प्रस्तुत कर सभागार में संगीतमय बना दिया।



शांतिपीठ में सर्वधर्म समभाव के मार्गदृष्टा परमहंस विषयक सत्संग-संगोष्ठी में मंचासीन अतिथिगण।

समाचार जगत
samachar jagat
जयपुर 21 फरवरी 2009

समाचार जगत, जयपुर,21 फरवरी, 2009 (8)

रामकृष्ण परमहंस योग, भक्ति एवं वेदांत के समन्वित स्वरुप

उदयपुर, (निसं)। रामकृष्ण परमहंस योग भक्ति, वेदांत और सेवा का समन्वित स्वरुप है जो जाति, वर्ण, सम्प्रदाय अथवा राष्ट्रीयता से उपर उठकर मानव मात्र को अज्ञान के अंधकार से प्रकाश की ओर चलने की दिशा देते है।

यह विचार परमहंस की जयंती के अवसर पर शांतिपीठ में सर्वधर्म समभाव के मार्गदृष्टा परमहंस विषयक सत्संग-संगोष्ठी में बोलते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किये।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पं. भंवरलाल व्यास ने वेद के चतुष्टय वा इदं सर्वम सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हुए कहा कि देह, मन, बुद्धि साधन मात्र है, केवल चेतन्य ही ऐसा तत्व है जो विकारों से प्रतिपादन करते हुए कहा कि देह, मन, बुद्धि साधन मात्र है, केवल चेतन्य ही ऐसा तत्व है जो विकारों से मुक्त कर परम तत्व से जोड़ता है।

हम चेतन तत्व की परिष्कृति करते हुए एकता को आत्मसात कर सकते है। कार्यक्रम के दूसरे लम्बे सत्र में भजन संध्या में रामकृष्ण-विवेकानन्द भाव धारा से जुड़े गीत प्रस्तुत करते हुए पं. रामकृष्ण बोस ने मातृस्त्रोत, यह कैसी करूणाकाली समझ न आये, चलो मन जाये घर अपने, हरिनाम संकीर्तन प्रस्तुत किए तथा अंत में ध्यान के समय कृष्णतंत्री वीणा में राग भैरवी प्रस्तुत किया।

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के गिरधारी गर्ग की उपस्थिति में रजनी जोशी और नेहा जोशी ने गुरू कृपा, ओम नमो भगवते वासुदेवाय के साथ ही कई भजन प्रस्तुत कर सभागार में संगीतमय बना दिया।



शांतिपीठ में सर्वधर्म समभाव के मार्गदृष्टा परमहंस विषयक सत्संग-संगोष्ठी में मंचासीन अतिथिगण।

प्रातःकाल
उदयपुर, गुरूवार, 19 फरवरी, 2009



उदयपुर । रामकृष्ण परमहंस जयंती के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में विचार व्यक्त करते अतिथि ।

रामकृष्ण परमहंस जयंती पर गोष्ठी

उदयपुर, 18 फर. (वि.) । रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर शान्तिपीठ में सर्वधर्म समभाव के मार्गदृष्टा परमहंस विषयक पर सत्संग संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पण्डित भंवरलाल व्यास ने कहा कि देहमन, बुद्धि साधन मात्र है केवल चैतन्य ही ऐसा तत्व है जो विकारों से मुक्त कर परमतत्व से जोड़तां है। शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि रामकृष्ण एक ही परम सत्य का प्रतिनिधत्व करते है जिसे आत्मसात कर मानव विकास के उस परम तत्व तक पहुंच सकता है जहां से ईश्वर से एकात्मकता का अनुभव हो सकें। गोष्ठी में चिन्तक मोहनसिंह कोठारी, कैलाश वाजपयी, त्रिभुवन पुरोहित ने भी विचार व्यक्त किए। गोष्ठी के दूसरे सत्र में प.रामकृष्ण बोस ने रामकृष्ण-विवेकानंद भाव धारा से जुड़े भजन प्रस्तुत किए।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, बुधवार 10 दिसंबर, 2008

2008

शाश्वत सिद्धांतों का सारांश है गीता

श्रीमद् भगवद्गीता जयंती पर पाठ, पूजन और गोष्ठियां

नगर संवाददाता, उदयपुर.

भगवान् श्रीकृष्ण की अमर वाणी श्रीमद् भगवद्गीता की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को विविध आयोजन हुए। गीता के पूजन-अर्चन के साथ ही पाठ हुआ और चर्चा, व्याख्यान हुए। मोक्षदा एकादशी होने से बड़ी संख्या में लोगों ने स्नान के साथ ही व्रतोपवास रखा।

अस्थल आश्रम में निंबार्क संस्थान की ओर से आयोजन में मुख्य अतिथि महंत सुरेश गिरि ने कहा कि गीता के उपदेशों पर चलकर व्यक्ति हर कठिनाई को दूर कर सकता है। मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि गीता के संदेशों का अनुसरण कर भारत पुनः विश्वगुरु बन सकता है। आश्रम के विद्यार्थियों की ओर से गीता के श्लोकों का सस्वर पाठ किया गया।

अशोकनगर स्थित गीता रामायण सेवा संघ में महात्मा शारदाजी के सान्निध्य में गीता के सभी अठारहों अध्यायों, सात सौ श्लोकों का श्रद्धालुओं ने पारायण किया और हर श्लोक पर घृताहुतियां दी गईं।

आतंक के खात्मे के लिए कृष्ण चरित्र

सरदारपुरा स्थित शांतिपीठ में सत्संग- संगोष्ठी में अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि श्रीमद् भगवद् गीता प्रकृति व पुरुष के रहस्यों का उद्घाटन ही नहीं, जीवन के शाश्वत सिद्धांतों का सारांश है। आतंक जैसी समस्याओं के खात्मे के लिए श्रीकृष्ण चरित की जरूरत है। गीता का दर्शन सार्वकालिक, सार्वभौमिक व सार्वजनिन है।



■ अस्थल आश्रम में गीता जयंती पर मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में बीएड के विद्यार्थी। (इनसेट) कृष्ण की पूजा-अर्चना करते महंत सुरेशगिरि। - भास्कर

शांतिपीठ के संस्थाक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि राष्ट्र निर्माता सारथी की भूमिका में जीते हैं। वे अहंकार प अधिकार लिप्सा से अजेय बने रहते हैं। श्रीकृष्ण ने सारथी के रूप में उपस्थित होकर मानव मंगल की दिशा दी। युग निर्माता श्रीकृष्ण का अवतरण अहंकार के अंधकार में प्रकाश है जो व्यक्ति को उन्नत करता है व अवनत होने से रोकता है। एके शर्मा, डॉ. इंद्रदेव जोशी ने भी विचार व्यक्त किए। आभार डॉ. उदय पालीवाल ने माना।

धोलीबावड़ी स्थित रामद्वारा में धर्म जागरण अभियान के तहत धर्म प्रचार समिति की ओर से गीता जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। मुख्य अतिथि नाथद्वारा के रामस्नेही महंत उत्तमरामजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत को सुदृढ़, चरित्रवान व विश्वगुरु बनाने के लिए सभी राजनीतिज्ञों को श्रीकृष्ण को अपना गुरु व उनकी नीति का अनुसरण करना चाहिए। श्रीकृष्ण ही सभी गुणों से संपन्न थे इसीलिए उन्हें जगद्गुरु माना गया है। रामद्वारा के महंत दयाराम ने कहा कि गीता में प्रतिपादित सारे योग सर्वथा प्रासंगिक है। संगठन मंत्री मनोहरलाल मूंदड़ा ने कहा कि कर्म ही भाग्य को बदलता है। भाग्य के भरोसे बैठना अकर्मण्यता है। जब तक भारत की राजनीति में शुद्धता, पवित्रता व राष्ट्रहित की भावना नहीं आएगी, सेवा भावना उत्पन्न नहीं हो सकती। प्रारंभ में महंत दयाराम ने पूजन-अर्चन किया।

दैनिक नवज्योति

अजमेर, बुधवार, 10 दिसम्बर, 2008

जीवन के शाश्वत सिद्धांतों का सारांश है गीता

श्रीमद् भागवत गीता जयंती मनाई

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 9 दिसम्बर। भगवद् गीता प्रकृति व पुरुष के रहस्यों का उदघाटन ही नहीं है अपितु जीवन के शाश्वत सिद्धान्तों का सारांश है, जिसे आत्मसार्त कर व्यक्ति और समाज उपस्थित चुनौतियों का मुकाबला कर जीवन का वांछित लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। यह विचार मंगलवार को भगवद गीता जयंती के अवसर पर शांतिपीठ में आयोजित सत्संग संगोष्ठी में व्यक्त किए गए।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि आतंक जैसी समस्याओं को निर्मूल करने हेतु कृष्ण चरित की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गीता का दर्शन सार्वकालिक, सार्वभौमिक एवं सार्वजनीन है। इस अवसर पर बोलते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव गणेश त्रिवेदी ने कहा कि राष्ट्र निर्माता सारथी की भूमिका में जीते है। वे अहंकार व अधिकारलिप्सा से अजेय बने रहते हैं। कृष्ण ने सारथी के रूप में उपस्थित होकर मानव मंगल की दिशा दी। उन्होंने कहा युग निर्माता कृष्ण का अवतरण अहंकार के अंधकार में प्रकाश है जो व्यक्ति को उन्नत करता है तथा अवनत होने से रोकता है। गोष्ठी में ए.के.शर्मा, डॉ. इन्द्रदेव जोशी ने भी विचार व्यक्त किए। डॉ. उदय पालीवाल ने आभार व्यक्त किया। धर्म प्रचार समिति द्वारा धर्म जागरण अभियान के तहत धोली बावड़ी स्थित रामद्वारा में श्रीमद् भागवत गीता जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नाथद्वारा के रामस्नेही महंत उत्तमराम ने कहा कि भारत को सुदृढ़, चरित्रवान एवं विश्व गुरू बनाने के लिए सभी राजनीतिज्ञों को श्री कृष्ण को अपना गुरू एवं उनकी राजनीति का ज्ञान का अनुसरण करना चाहिये क्योंकि श्रीकृष्ण ही सभी गुणों में सर्वगुण सम्पन्न होने के कारण ही उन्हें जगद्गुरू माना गया है। रामद्वारा के महंत दयाराम दास ने कहा कि ब्रह्मा रूपी कृष्ण एवं जीव रूपी अर्जुन के मध्य जो गीता रूपी संवाद जो माया से ऊपर उठाने वाला है। उसे जीवन में ग्रहण करना चाहिये और गीता में बताये मये सभी प्रकार के योग आज भी उतने ही प्रासंगिक है जितने उस समय थे। संस्था के संगठन मंत्री मनोहरलाल मून्दड़ा ने कहा कि कर्म ही भाग्य हो बदलता है। केवल भाग्य के भरोसे बैठना अकर्मण्यता है एवं जब तक भारत की राजनीति में शुद्धता, पवित्रता एवं राष्ट्रहित की भावना नहीं आयेगी तब तक सेवा भावना उत्पन्न नहीं हो सकती और यही गीता में दिये गये निष्काम कर्म का संदेश आतंकवाद को समाप्त कर भारत को विश्व गुरू के पद पर पहुंचाएगा और उसकी समाप्ति के लिए सेवा पूर्ण भाव से कार्य करते हुए अपने कर्म श्री कृष्ण को समर्पित किए जाएं।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, मंगलवार 19 फरवरी 2008
विक्रम संवत 2064, माघ शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी

परमहंस विशुद्ध अध्यात्म का मूर्त स्वरूप

उदयपुर.

श्रीराम कृष्ण परमहंस विशुद्ध अध्यात्म का ही मूर्त रूप थे, जिनके संस्पर्श से तत्कालीन समाज में व्याप्त जड़ता का शमन हुआ तथा मुखरित शब्दांबर, वाग्जाल व नाना प्रकार की विभ्रांतियों का न केवल निर्मूलन हुआ बल्कि धर्म के अनेक पंथों एवं विचारधारों में समन्वय होकर मनुष्य मात्र को नई दिशा मिली।

यह विचार श्रीराम कृष्ण परमहंस की जयंती पर शांतिपीठ संस्थान के सभागार में सोमवार को आयोजित सत्संग संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहे। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो. सच्चिदानंद जोशी ने कहा कि परमहंस मूर्तमान अध्यात्म का स्वरूप हैं। चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि जितना समाज में संघर्ष और सांसारिकता के प्रलोभन बढ़ेगे रामकृष्ण की उत्तरोत्तर प्रासंगिकता बढ़ती रहेगी। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि अध्यात्म का लक्ष्य है आत्म साक्षात्कार तथा अध्यात्मिक कर्म है चित्त शुद्धि। रामकृष्ण ने चित्त शुद्धि को प्राथमिक माना। स्वाति पोरवाल ने भजन गाए तथा नरेंद्र



■ जयंती समारोह में बाएं से शांतिपीठ के संस्थापक अनंतगणेश त्रिवेदी, मोहनसिंह कोठारी, प्रो. एनएन जोशी।

देव ने आभार जताया। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के पुस्तकालय परिषद के कार्यकर्ताओं ने परमहंस के जन्मदिवस पर उनको नमन किया। परिषद के अध्यक्ष घनश्यामसिंह भींडर, उपाध्यक्ष लीलाधर नागदा, यग्नेश नागद, अश्वनी कुमार शक्तावत, संगठन मंत्री मंजू चौधरी, बलवंत सिंह चौहान, पीरूमल व भंवर सालवी ने विचार रखे।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर » 19 फरवरी 2008

परमहंस जयन्ती मनाई

उदयपुर ■ स्वामी राम कृष्ण परमहंस की 162 वीं जयन्ती पर सोमवार को शांतिपीठ संस्थान सभागार में सत्संग-संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए प्रो. सच्चिदानन्द जोशी ने कहा कि परमहंस मूर्तमान अध्यात्म का स्वरूप थे। उनके संस्पर्श से तत्कालीन समाज में व्याप्त जड़ता का शमन व विभिन्न पंथों व विचारधाराओं में समन्वय हुआ । शांतिपीठ के संस्थापक-महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि राम कृष्ण ने चित्त शुद्धि को सर्वोपरि माना। वे परा व अपरा के अद्भुत संगम थे। मोहन सिंह कोठारी ने भी विचार व्यक्त किए। स्वाति पोरवाल ने भजन प्रस्तुति दी।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर » 21 दिसम्बर 2007

जीवन का शास्त्र है गीता : महंत

गीता जयन्ती महोत्सव

उदयपुर, 20 दिसम्बर

गीता जीवन का शास्त्र है । यह सभी बंधनों से परे सर्व जन सुखाय व सर्व जन हिताय है। यह विचार मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने गुरुवार को निम्बार्क शिक्षक महाविद्यालय में आयोजित गीता महोत्सव में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यह तत्व ज्ञान का अमूल्य व वैश्विक ग्रन्थ है, जो ज्ञान, भक्ति व कर्म का संदेश देता है। प्रो. सुरेन्द्र द्विवेदी, प्रो. अमृत बी. दवे, मधु शर्मा व विजयलक्ष्मी गुप्ता ने गीता के शास्त्रीय, सांस्कृतिक एवं मनोसामाजिक स्वरूप का विवेचन किया। संयोजन जयंत जोशी ने किया। शान्तिपीठ में आयोजित सत्संग-संगोष्ठी में संस्था के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि निर्गुण व

निराकार परब्रह्म जो अव्यक्त है, श्रीमद्भगवद्गीता में आत्मा व परमात्मा के बीच संवाद के रूप में व्यक्त हुआ है । गोष्ठी के अध्यक्ष मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि संसार के द्वन्द्व में घोर आसक्त मानव के लिए गीता के अनासक्त कर्मयोग से बड़ा संदेश और क्या हो सकता है । एन. एस. राणावत व इन्द्रदेव जोशी ने भी विचार व्यक्त किए।

जनजागरण सत्संग मण्डल, जय श्रीकृष्णपुर हिरणमगरी सेक्टर-14 में गुरुवार रात गीता जयंती कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आगाज दीप यज्ञ के साथ हुआ। इस दौरान गीता का पाठ किया गया। कार्यक्रम में मेवाड़ महामण्डलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने 'श्रीमद् भगवद् गीता में योग' विषयक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि भगवत गीता के श्रवण से ही मनुष्य को सिद्धि की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में शक्तिकुमार शर्मा, डॉ. देवीलाल पालीवाल, सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. आर.के. रॉय, डॉ. खेल शंकर व्यास, डॉ. रमेश जोशी, हेतनारायण त्रिवेदी, महेश्चन्द्र सक्सेना, हनुमान प्रसाद, सत्यवान कौशिक, श्रीमती प्रमोद सनाढ्य व श्रीमती शशि शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे। इस अवसर पर सत्संग मण्डल की ओर से विश्व हिन्दू परिषद, गौ संवर्द्धन केन्द्र, वनवासी कल्याण परिषद, जन सेवा प्रतिष्ठान को सहायता के रूप चेक प्रदान किए गए।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, शुक्रवार 21 दिसंबर 2007
विक्रम संवत 2064, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष, द्वादशी

गीता जयंती पर पारायण, विद्वज्जन संगोष्ठी, सत्संग

उदयपुर. श्रीमद् भगवद् गीता जयंती पर गुरुवार को यहां विविध आयोजन हुए। सभाओं में वक्ताओं ने गीता को जीवन के लिए सर्वथा प्रांसगिक ग्रंथ बताया।

अस्थल आश्रम में हुए समारोह में महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि समाज उसी व्यक्ति-वस्तु को स्वीकार करता है, जो सिद्ध है और सिद्ध संजीवनी है श्रीमद् भगवद् गीता। शिक्षाविद् रंगलाल धाकड़ ने गीता को वर्तमान विभीषिका पूर्ण वैश्विक स्थिति में कल्पवृक्ष और जीवन संजीवनी बताया। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता पीआर चांडक ने कर्मयोग की विवेचना की। मणिलाल, सुभाष, विनोद, जगमोहन, निधि जैन ने गीत, विचार व चयनित श्लोकों का पाठ किया। गीता वितरण भी हुआ। आभार डॉ. केसरसिंह ने ज्ञापित किया जबकि संयोजन प्रो. सुरेंद्र द्विवेदी ने किया।**गीता रामायण सेवा संघ,** अशोकनगर में महात्मा शारदाजी के सान्निध्य में हवन के साथ गीता के सभी अठारह अध्यायों के सात सौ श्लोकों का पारायण किया गया।

शांतिपीठ संस्था की ओर से सत्संग संगोष्ठी में विद्वानों का मत था कि निर्गुण, निराकार परब्रह्म जो अव्यक्त है, गीता में आत्मा व परमात्मा के बीच संवाद के रूप में व्यक्त हुआ और मानव मात्र के कल्याण का सार्वभौमिक व सार्वकालिक मार्ग प्रशस्त किया, यह मनुष्य जाति के लिए परम आनंद का विषय बना। अध्यक्षता चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने की व कहा कि जो किसी को पीड़ा न दें न ही किसी से पीड़ित हो, ऐसी मर्यादा में आचरण की आवश्यकता है। महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि मानव ने बौद्धिक उन्नयन की अद्वितीय ऊंचाइयां अर्जित कर ली हैं किंतु यही ऊर्जा आध्यात्मिक उन्नयन में रूपांतरित होने का संक्रांतिकाल चल रहा है। समाज में आचरण शुद्धि की जरूरत है। एसएस राणावत, इंद्रदेव जोशी ने भी विचार रखे। राजीव लोढ़ा ने आभार जताया। गुरु रामदास कॉलोनी में चल रही भागवत कथा में संत कृष्णानंद ने दान की महिमा बताई।

झीलों की नगरी

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर 19 फरवरी 2007



आध्यात्मिक साधना से ईश्वर प्राप्ति संभव

उदयपुर, 18 फरवरी। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने अनेक मार्गों पर चलकर आध्यात्मिक साधना की और मनुष्य के परम लक्ष्य ईश्वर की प्राप्ति की। साथ ही मनुष्य मात्र को यह दिशा दी कि अपने स्वधर्म व ईष्ट को साधकर जीवन के अंतिम लक्ष्य तक पहुंच सकता है।

रविवार को उनकी 171 वीं जयंती पर शांतिपीठ की ओर से आयोजित समारोह में वक्ताओं ने व्यक्त किए। कीर्तन सभा भी हुई। अध्यक्षता मोहनसिंह कोठारी ने की। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण शुद्ध आध्यात्मिक चेतना के प्रामाणिक आधार थे। सूफी संत गनी बाबा ने सर्वधर्म समभाव एवं मैत्री पर जानकारी देकर बिस्मिल के भजन व मीरा पर प्रस्तुति दी। सरदार नरेन्द्रसिंह लिखारी ने सद्भाव एवं सद्चरित्र की आवश्यकता प्रतिपादित की। संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आस्था का मार्ग सबको जोड़ता है। दुराभाव और वैमनस्य से मुक्त करता है। आस्था के आयाम को व्यापकता देने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में अनिल जोशी, एन. के. चौबीसा ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन डॉ. संपत राज ने किया। पं. रामकृष्ण बोस का कीर्तन-भजन के आगाज ने सभा में ध्यान का माहौल उत्पन्न कर दिया। उन्होंने हिन्दी, संस्कृत, बांग्ला में प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हारमोनियम पर रफीक अहमद एवं तबले पर प्रेमशंकर ने साथ दिया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, सोमवार 19 फरवरी 2007
विक्रम सवत 2063, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, द्वितीया

परमहंस आध्यात्मिक चेतना के आधार

उदयपुर. रामकृष्ण शुद्ध आध्यात्मिक चेतना के प्रामाणिक आधार थे। उनका संदेश था कि मनुष्य का लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति है।

उक्त विचार मोहनसिंह कोठारी ने रामकृष्ण परमहंस की 171वीं जयंती पर शांतिपीठ संस्थान के सभागार में आयोजित सत्संग-संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए रविवार को व्यक्त किए। सूफी संत गनी बाबा ने सर्वधर्म समभाव तथा मैत्री पर प्रकाश डालते हुए बिस्मिल के भजन तथा मीरा पर प्रस्तुती दी। सरदार नरेंद्रसिंह लिखारी ने सद्भाव एवं सद्चरित्र की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए शांतिपीठ द्वारा विभिन्न आयामों पर किए जा रहे कार्यों को सराहनीय बताया।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आस्था का मार्ग सब को जोड़ता है। दुराभाव और वैमनस्य से मुक्त कराता है। आज आवश्यकता है आस्था के आयाम को व्यापकता दिए जाने की। अनिल जोशी, एनके चौबीसा ने भी विचार रखे। पं. रामकृष्ण बोस का कीर्तन-भजन आगाज ने सभा को सहज ध्यानस्थ होने का माहौल दिया। उन्होंने हिंदी, संस्कृत व बांग्ला में प्रस्तुति देकर आध्यात्मिक वातावरण को संगीत की लहरों से मधुमय बना दिया। हारमोनियम पर शिक्षक रफीक अहमद तथा तबला पर प्रेमशंकर ने साथ दिया। प्रारंभ में अतिथियों ने रामकृष्ण की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।



■ रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर आयोजित व्याख्यान में दाएं से श्री लिखारी, गनी बाबा, मोहनसिंह कोठारी, आरके बोस व अनंतगणेश त्रिवेदी।

जय राजस्थान
दिनांक- 2 दिसंबर 2006 वार- शनिवार

गीता को आत्मसात् करने की आवश्यकता:त्रिवेदी

उदयपुर 1 दिसम्बर। श्रीमद्भगवद गीता जीवन संग्राम में विजय प्राप्त करने के रहस्य उद्घाटित करती हैं। गीता के सत्य को आत्मसात् करने की पात्रता भी गीता ही प्रदान करती हैं। उक्त विचार आज शान्तिपीठ के विस्तार केन्द्र के तत्वाधान में ग्राम चिकलवास के राजकीय उ.प्रा.विद्यालय परिसर में आयोजित गीता जयन्ती समारोह में व्यक्त किये गये। शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि गीता आत्मा व परमात्मा के अभेद का दर्शन हैं। इसमें सत्य के साक्षात्कार का मार्ग योग की वैज्ञानिक व्याख्या ने आधुनिक विज्ञान के उत्कर्ष को भी नई दिशा दी हैं। उन्होने कहा कि अर्जुन और श्रीकृष्ण के दिव्य संवाद में भारतीय आध्यात्मिक चिंतन का सार समाहित हैं। आवश्यकता है इसे व्यवहार में लाने के लिए उर्जा, श्रद्धा एवं चित्त शुद्धि की। आज का युवा समुदाय इसमें बताए मार्ग पर चलकर विश्व को सुनिश्चित भविष्य की दिशा दे सकता हैं। समारोह की अध्यक्षता मोहनसिंह कोठारी ने की और कहा कि गीता पूर्णता का लक्ष्य प्रदान करती है। समग्र मानव निर्माण का विश्व का यह अनुठाएवं अप्रितम ग्रंथ हैं।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 20 फरवरी 2006

झील

संत का सानिध्य सत्य तक पहुंचाए-त्रिवेदी

उदयपुर, 19 फरवरी

'जिस काल में धर्म की विविध विचारधाराएं एवं सम्प्रदाय स्वयं को प्रतिष्ठित व मान्य बताने की होड में थे। धार्मिक साम्राज्यवाद का मानो षड्यन्त्र चल रहा था। ऐसी परिस्थिति रामकृष्ण परमहंस

रामकृष्ण परमहंस जयंती

का आविर्भाव मनुष्य जाति के लिए एक वरदान बना। ये विचार शनिवार को श्री रामकृष्ण परमहंस की 170वीं जयन्ती के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में पीठ सभागार में आयोजित सत्संग संगोष्ठी में अध्यक्षीय उद्‌बोधन में वरिष्ठ साहित्यकार मंगल सक्सेना ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि परम सत्ता निराकार का ज्ञान पर लेना मनुष्य के लिए अति कठिन होता है। सद्‌गुरु समय-समय पर सच्चे धर्म को पहचानने का आधार दे जाते और उनकी शरण में जाने से अन्तःकरण धार्मिक हो जाता है। रामकृष्ण शाश्वत सत्ता के प्रतिनिधि होकर आये तथा आने वाली शताब्दियों के लिए मार्ग दिखा गए।

चिन्तक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि वे मनुष्य जाति के भाग्य के लिए एक वाटरशेड का काम कर गये। वे असल में युग प्रवर्तक थे। सूफी सन्त गनी बाबा ने कहा कि न हिन्दु है न मुसलमान ये तो भावनाएं मात्र अलग-अलग हैं।

उन्होंने मीरा के भजन सुनाएं तथा गज़ल व शेरों से समा बांधा। शान्तिपीठ के संस्थापक संचालक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सन्त शास्त्र को सरल बना देता है और सन्त का सानिध्य सत्य तक पहुंचा देता है।

प्रारम्भ में एम.एस. राणावत ने अतिथियों का स्वागत किया। रामकृष्ण परमहंस की तस्वीर पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्जवलित किया गया। संगोष्ठी का संचालन भूपेन्द्र शर्मा ने किया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, सोमवार 20 फरवरी 2006

विक्रम संवत 2062, फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी



जयंती

रामकृष्ण परमहंस की 170वीं जयंती के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में रविवार को पीठ सभागार में सत्संग संगोष्ठी हुई। अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार व रंगकर्मी मंगल सक्सेना ने कहा कि परम सत्ता निराकार का ज्ञान कर लेना मनुष्य के लिए बहुत कठिन होता है। सद्‌गुरु समय-समय पर सच्चे धर्म को पहचानने का आधार दे जाते हैं। संगोष्ठी में मोहनसिंह कोठारी, गनी बाबा, शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने भी विचार रखे।

प्रातःकाल

फाल्गुन कृष्णा 7, सोमवार, दिनांक 20 फरवरी, 2006



उदयपुर। रामकृष्ण परमहंस जयन्ती पर आयोजित सत्संग संगोष्ठी में मंचासीन वक्तागण।

रामकृष्ण परमहंस जयन्ती पर संगोष्ठी

उदयपुर, 19 फर. (वि)। जिस काल में धर्म की विविध विचारधाराएं एवं सम्प्रदाय स्वयं को प्रतिष्ठित व मान्य बताने की होड़ में थे, धार्मिक साम्राज्यवाद का मानो षड्यंत्र चल रहा था तथा विभिन्न भेदभाव से समाज जड़ता से ग्रसित हो रहा था, ऐसे में रामकृष्ण परमहंस का आविर्भाव मनुष्य जाति के लिए वरदान बना। ये विचार वरिष्ठ साहित्यकार मंगल सक्सेना ने रामकृष्ण परमहंस की 170 वीं जयंती के मौके पर आयोजित सत्संग संगोष्ठी में अध्यक्ष पद से व्यक्त किये। शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में बोलते हुए चिन्तक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि मत मतान्तरों एवं विवादों में जकड़े धर्म से मनुष्य जाति को मुक्त कर सर्वधर्म से परिचित कराने रामकृष्ण का जन्म हुआ। सूफी संत गनीं बाबा ने कहा कि हिन्दू मुसलमान तो मात्र अलग-अलग भावनाएं है। उन्होंने 'प्यार के दुश्मन है जो कर दे जुदा हमें'' शेर के माध्यम से धार्मिक एकता को व्यक्त किया। शान्तिपीठ के संस्थापक संचालक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि परमहंस ने सर्वधर्म की साधना कर समभाव के सन्देश के साथ मनुष्य मात्र की मुक्ति का समन्वयकारी मार्ग दिखाया। सन्त का सानिध्य सत्य तक पहुंचाता है।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में एम. एस. राणावत ने अतिथि स्वागत किया। संचालन भूपेन्द्र शर्मा ने किया। धन्यवाद इन्द्र देव जोशी ने ज्ञापित किया।

प्रातःकाल

गीता जीवन का शास्त्र है : महंत

उदयपुर, 20 दिस. (कास.)। ''गीता जीवन का शास्त्र है इसका ज्ञान जाति-पांति, उम्र, धन, वर्ग संप्रदाय, कार्य के बंधनों से परे सर्व जन सुखाय सर्वजन हिताय है। वह घर, परिवार, संस्कृति अनुयायी धन्य है- जहां सब शास्त्रों का नवनीत गीता शास्त्र विद्यमान है। ''उक्त विचार गुरूवार को यहां निम्बार्क शिक्षक महाविद्यालय में आयोजित गीता जयन्ती महोत्सव में महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने व्यक्त किये।

महन्त ने कहा कि गीता मानव को सुखी बनने की मानस शास्त्री जीवन कला सिखाती है, यह वैश्विक ग्रन्थ है तत्वज्ञान का अमूल्य ग्रन्थ है, जो ज्ञान, भक्ति और कर्म की अदभुत त्रिवेणी प्रस्तुत कर 'योगः कर्मसु कौशलम' का संदेश देता है। शास्त्री ने कहा कि विद्या यदि प्राप्त करनी है तो विद्यार्थी में नम्रता, जिज्ञासा और सेवा परायणता होनी चाहिए व इसी प्रकार गुरू विचार से विद्वान और आचार से सज्जन हों।

इस अवसर पर प्रो. सुरेन्द्र द्विवेदी, प्रो. अमृत बी. दवे, मधु शर्मा, विजयलक्ष्मी गुप्ता ने गीता के शास्त्रीय, सांस्कृतिक एवं मनोसामाजिक स्वरूप का विवेचन किया। कन्हैयालाल, रतन शास्त्री, महेन्द्र महावर आदि ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी। प्रो. भंवर शर्मा ने भजन प्रस्तुत किया।

श्रीमदभगवदगीता जयन्ती के अवसर पर शांतिपीठ में सत्संग-संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने की।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि मानव ने बौद्धिक उन्नयन की अद्वितीय ऊंचाईयां अर्जित कर ली है किन्तु यही उर्जा अध्यात्मिक उन्नयन में रूपान्तरित होने का यह संक्रान्तिकाल चल रहा है। अध्यक्ष कोठारी ने कहा कि जो न किसी को पीड़ा दें न ही किसी से पीड़ित हो ऐसी मर्यादा में आचरण की आज आवश्यकता है। गोष्ठी में एम.एस. राणावत, इंद्रदेव जोशी ने विचार व्यक्त किये। धन्यवाद राजीव लोढ़ा ने ज्ञापित किया।

यहां अस्थल आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि शरीर रथ-रथी-आत्मा सारथी है। समाज उसी व्यक्ति-वस्तु को स्वीकार करता है जो सिद्ध है और सिद्धि की संजीवनी है। शास्त्री ने कहा कि जीवन की कठिनतम परिस्थितियों में गीता का अमृत गीत जीवन में संगीत भरता है, निष्प्राण लोगों में प्राण भरता है और मृत जीवन की अपेक्षा सतत कर्मशीलता का संदेश प्रदान करता है।



उदयपुर। गीता जयन्ती पर अस्थल में मंचासीन महन्त मुरली मनोहरण शरण शास्त्री व अन्य।

शास्त्री ने कहा कि शिक्षार्थि, शिक्षक परायण हो और शिक्षक विद्यार्थि परायण और दोनों ज्ञानपरायण हों। ज्ञान सेवा परायण हो और सेवा प्रभु परायण हो। गीता स्वाध्यायी अपने श्रेष्ठ जीवन व्यवहार से समाज का प्रेरक मार्गदर्शक बनें। समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त संयुक्त निदेशक डॉ. रंगलाल धाकड़ ने गीता को वर्तमान विभीषिका पूर्ण वैश्विक स्थिति में कल्पवृक्ष और जीवन संजीवनी बताते हुए कहा कि मानव मात्र को श्रृद्धा, समर्पण, शरणागति और सदगुरू की कृपा से ही परमतत्व, आत्मानुभूति का आनंद सुलभ हो सकता है।

इस अवसर पर लोकनिर्माण विभाग सहायक अभियंता पी.आर. चाण्डक ने कर्मयोग को सतत कर्म को ही सफलता का सोपान बताया। मणिलाल, सुभाष, विनोद, जगमोहन, निधि जैन ने गीत, विचार एवं गीता के चयनित श्लोकों का पाठ किया तथा जिज्ञासु पाठक छात्र-छात्राओं को आश्रम द्वारा गीता पुस्तकें वितरित की गई। स्वागत एवं धन्यवाद डॉ. केसर सिंह ने ज्ञापित किया।

दैनिक नवज्योति
• अजमेर, रविवार, 20 फरवरी, 2005

परमहंस ने मानव कल्याण को दिशा दी

▶ परमहंस की 169 वीं जयंती पर संगोष्ठी-सत्संग आयोजित

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 19 फरवरी। रामकृष्ण परमहंस ने जगत की सभी विषमताओं व जडता से उपर उठकर मानव कल्याण को जो दिशा दी, वह आज भी प्रासंगिक है तथा सुन्दर भविष्य की ओर जाने को प्रेरित करती है। यह विचार आज रामकृष्ण परमहंस की 169 वीं जयंती एवं संस्थान के स्थापना दिवस के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी-सत्संग में बोलते हुए अनेक वक्ताओं ने व्यक्त किये। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि धर्म इस देश की विरासत है। रामकृष्ण ने धर्म की व्यापकता को आत्मसात कर धर्म के स्वत्व को समाज में सम्प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि संविधान उल्लेखित सम्प्रदाय निरपेक्षता का भाव उन्हीं से अनुप्रेरित है। रामकृष्ण के तत्कालीन परिस्थितियों में व्याप्त विषमताओं व धर्म-अध्यात्म के मतान्तरों में समन्वय स्थापित कर अन्तिम दिशा दी। इस अवसर पर बोलते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस का अवतरण तत्कालीन समय की मांग थी। वे आध्यात्मिक भारत के नवोदय के शिखर पुरुष थे।

रामकृष्ण के विराट व सरल स्वरुप ने धर्म के सभी मार्गो को साथा और अद्वैत सिद्ध किया। उन्होंने कहा आजादी का आन्दोलन आध्यात्मिक आश्रय में चला ,जिसकी वे प्रेरक शक्ति थे। त्रिवेदी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के स्वमूल्यांकन के लिए रामकृष्ण का यह कथन यथेष्ट पैमाना है। कि वह कंचन, कामिनी और कीर्ति से कितना असंग है। इस अवसर पर डॉ. हरिसिंह चूण्डावत ने कहा कि बुद्धि से परे जाकर ही परमहंस की चेतना को स्पर्श किया जा सकता है। साहित्यकार औंकारश्री ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में पंडित रामकृष्ण बोस ने बांगला व हिन्दी में कई भजन प्रस्तुत करते हुए रामकृष्ण की आरती गाई। जी.भट्टाचार्य ने तबले पर संगत की। इस अवसर पर रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के कौशलकिशोर पाण्डेय ने मीरा पर भजन गाया जबकि नन्हें बालक निरंजन मुखर्जी ने सुन्दर प्रस्तुति देकर सबको आकर्षित किया।

हरीसिंह पंवार ने निरगुण भक्ति का गीत सुनाया वहीं मोहनसिंह कोठारी ने स्वरचित भजन प्रस्तुत किया। प्रारम्भ में अतिथियों का शांतिपीठ के जी.एल.पाटीदार ने स्वागत किया। अन्त में एम.एस. रावत ने आभार व्यक्त किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 19 फरवरी 2005

धर्म इस देश की विरासत है : कोठारी

उदयपुर, 18 फरवरी

रामकृष्ण परमहंस ने जगत की सभी विषमताओं व जड़ता से ऊपर उठ कर मानव कल्याण की जो दिशा दी वह आज भी प्रासंगिक है।

यह विचार शुक्रवार को रामकृष्ण परमहंस की 169वीं जयन्ती एवं संस्थान के स्थापना दिवस के अवसर शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी-सत्संग में बोलते हुए अनेक वक्ताओं ने व्यक्त किए। अध्यक्षीय उद्बोधन में मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि धर्म इस देश की विरासत है। रामकृष्ण ने धर्म की व्यापकता को आत्मसात कर धर्म स्वत्व को समाज में सम्प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि संविधान में उल्लेखित सम्प्रदाय निरपेक्षता का भाव उन्हीं से अनुप्रेरित है। रामकृष्ण ने तत्कालीन परिस्थितियों में व्याप्त विषमताओं व धर्म-अध्यात्म के मतान्तरों में समन्वय स्थापित कर अन्तिम दिशा दी।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस का अवतरण तत्कालीन समय की मांग थी। रामकृष्ण के विराट व सरल स्वरूप ने धर्म के सभी मार्गों को साधा और अद्वैत सिद्ध किया। उन्होंने कहा कि आजादी का आन्दोलन आध्यात्मिक आश्रय में चला जिसके परमानंद प्रेरक शक्ति थे।

कार्यक्रम में पण्डित रामकृष्ण बोस ने बांग्ला व हिन्दी में भजन प्रस्तुत किए तथा रामकृष्ण की आरती गाई। इस अवसर पर रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के कौशल किशोर पाण्डेय ने मीरा पर भजन गाया जबकि नन्हें बालक निरंजन मुखर्जी ने सुन्दर प्रस्तुती देकर सबको आकर्षित किया। हरि सिंह पंवार ने निरगुण भक्ति का गीत सुनाया वहीं मोहन सिंह कोठारी ने स्वरचित भजन प्रस्तुत किया। प्रारम्भ में अतिथियों का शान्तिपीठ के जी.एल. पाटीदार ने स्वागत किया। अन्त में एम.एस. राणावत ने आभार व्यक्त किया। प्रसार अधिकारी राजीव लोढ़ा ने यह जानकारी दी।

आनंदकाल

माघ शुक्ला 11 शनिवार, दिनांक 19 फरवरी, 2005

रामकृष्ण परमहंस की जयन्ती पर संगोष्ठी

उदयपुर, 18 फर (वि.)। रामकृष्ण परमहंस ने जगत की सभी विषमताओं व जड़ता से ऊपर उठकर मानव कल्याण की जो दिशा दी वह आज भी प्रासंगित है। ये विचार आज रामकृष्ण परमहंस की 169वीं जयन्ती एवं संस्थान के स्थापना दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी-सत्संग में बोलते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किये।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि रामकृष्ण ने तत्कालीन परिस्थितियों में व्याप्त विषमताओं व धर्म-अध्यात्म के मतान्तरों में समन्वय स्थापित कर अन्तिम दिशा दी। इस अवसर पर शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस आध्यात्मिक भारत के नवोदय के शिखर पुरूष थे। त्रिवेदी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के स्वमूल्यांकन के लिए रामकृष्ण का यह कथन यथेष्ट पैमाना कि वह कंचन, कामिनी और कीर्ति से कितना असंग है डॉ. हरी सिंह चुण्डावत ने कहा कि बुद्धि से परे जाकर ही परमहंस की चेतना को स्पर्श किया जा सकता है। साहित्यकार ओंकार श्री ने भी विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम में पण्डित रामकृष्ण बोस ने बांग्ला व हिन्दी में कई भजन प्रस्तुत करते हुए रामकृष्ण की आरती गाई। जी भट्टाचार्य ने तबले पर संगत की। इस अवसर पर रेलवे प्राशिक्षण संस्थान के कौशलकिशोर पाण्डेय ने मीरा पर भजन गाया जबकि नन्हें बालक निरंजन मुखर्जी ने सुन्दर प्रस्तुति देकर सबको आकर्षित किया। हरी सिंह पंवार ने निरगुण भक्ति का गीत सुनाया वहीं मोहनसिंह कोठारी नें स्वरचित भजन प्रस्तुत किया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, शनिवार 19 फरवरी 2005

विक्रम संवत 2061 माघ शुक्ल पक्ष, एकादशी

रामकृष्ण ने धर्म के स्वत्व को समाज में संप्रेषित किया : कोठारी

उदयपुर, 18 फरवरी • धर्म इस देश की विरासत है। रामकृष्ण ने धर्म की व्यापकता को आत्मसात कर धर्म के स्वत्व को समाज में संप्रेषित किया।

ये विचार मोहनसिंह कोठारी ने शुक्रवार को रामकृष्ण परमहंस की 169वीं जयंती एवं संस्थान के स्थापना दिवस के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी-सत्संग में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संविधान में उल्लेखित संप्रदाय निरपेक्षता का भाव उन्हीं से अनुप्रेरित है। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि रामकृष्ण का अवतरण तत्कालीन समय की मांग थी। वे आध्यात्मिक भारत के नवोदय के शिखर पुरुष थे। डा. हरिसिंह चूंडावत ने कहा कि बुद्धि से परे जाकर ही परमहंस की चेतना को स्पर्श किया जा सकता है। साहित्यकार ओंकार श्री ने भी विचार व्यक्त किए। पं. रामकृष्ण बोस ने बांग्ला व हिंदी में भजन गाए व रामकृष्ण की आरती गाई। जी भट्टाचार्य ने तबले पर संगत की। रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के कौशलकिशोर पांडेय ने मीरा पर भजन, हरीसिंह पंवार ने निरगुण भक्ति गीत सुनाया। स्वागत जीएल पाटीदार ने किया। एमएस राणावतं ने धन्यवाद दिया।

संदर्भ - गीता जयन्ती

कर्मशीलता ही गीता का ज्ञान

गीता हमारी धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक प्रतिमान है। महाभारत को चाहे उसके कथानक के कारण घर-परिवारों में रखना शुभ न भी माना गया है, किंतु कर्म के दर्शन पर आधारित गीता महाभारत का ही सात्विक अंश है जिसमें कर्म के साथ धर्म, दर्शन, ज्ञान, संयम जैसे बिम्बों को ज्ञान के रूप में व्याख्यायित किया गया है और यह कर्मशीलता ही गीता का ज्ञान है। श्रीमद् भगवत गीता तो प्रमुख है ही, हमारे धार्मिक साहित्य में रामगीता, गणेशगीता, देवीगीता, कपिलगीता एवं अष्टवक्रगीता भी ग्रंथ रूप में रची गई है जिन्हें गीता संपतक कहा गया है। भागवत गीता इनमें सर्वोपरी मानी गई है। मार्ग शीर्ष शुक्ल एकादश के दिन ही भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। इसीलिए इस पावन दिवस पर गीता जयंती का आयोजन होता है। शास्त्रों में इसे मोह का क्षय करने वाली एकादशी के रूप में भी वर्णित किया गया है अतः यह मोक्षदा एकादशी के रूप में भी मनायी जाती है। मोक्ष को योग की सिद्धि माना गया है जिसमें साधक ब्रह्म में लीन हो जाता है। गीता का सार व ज्ञान भी यही है। वेद व्यास रचिव महाभारत के भीष्म पर्व के गीता महात्य मे ही अठारह अध्यायों का समायोजन है जिसका ज्ञान रणभूमि में भगवान श्रीकृष्ण ने रथारूढ़ होकर अर्जुन को दिया था। अठारह अध्यायों के विविध भावरूपों के साथ गीता का जो ज्ञान अर्जुन ने पाया, उसे ही ब्रह्म विद्या का स्वरूप माना गया है। कृष्ण-अर्जुन संवाद के रूप में जो विषय, भाव व दृष्टांत गीता में वर्णित है वे समय-काल के बदलाव के बाद आज भी प्रासंगिक है। गीता के प्रथम अध्याय में परिजनों से युद्ध करने को अर्जुन विशाद योग के रूप में व्याख्यायित किया गया है। दूसरे अध्याय में दर्शन व आध्यात्मिक ज्ञान के रूप में सांख्य योग का महत्व वर्णित है। कर्म योग को गीता के तीसरे अध्याय में विश्लेषित किया गया है, तो चौथा अध्याय ज्ञान कर्म सन्यास योग पर आधारित है। पंचम अध्याय में कृष्ण ने अर्जुन को कर्म सन्यास योग के महत्व को बतलाया तथा आत्मसंयम योग की व्याख्या छठे अध्याय का मूल तत्व है। श्रीमद् भागवत गीता के सप्तम अध्याय में ज्ञान विज्ञान योग के महत्व को रेखांकित किया गया है तो आठवें अध्याय में भगवान कृष्ण ने अक्षर ब्रह्म योग के मूलाधार को व्याख्यायित किया है। गीता के नवें अध्याय में शासक की विद्या को राज विद्या राज गुह्मायोग के रूप में उजागर किया गया है तो विभूति योग के आध्यात्मिक महत्व को दसवें अध्याय में दर्शाया गया है। गीता के ग्यारहवें अध्याय में विश्वरूप दर्शनयोग के माध्यम से हरजीव में भगवत निवास करने के सत्य को सत्यापित किया गया है। विश्व रूप दर्शन के उपरांत भगवान कृष्ण ने अर्जुन को भक्तियोग का सार बारहवें खण्ड में बताया तो तेरहवें खण्ड में क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ विभाग योग की व्याख्या की। सत, रज, तम, इन तीनों गुणों का गुणत्रय विभाग योग के महत्व को उन्होंने भावरूप को पन्द्रहवें अध्याय में वर्णित किया। देवताओं व असुरों के अधिकारों की महत्ता को सोलहवें अध्याय में देवासुर सम्पदा विभाग योग में व्याख्यायित किया गया है तो यज्ञ, तप एवं दान के महत्व को सत्रहवें अध्याय में रेखांकित किया गया है। गीता के अंतिम अध्याय में मानव जीवन के सार तत्व को मोक्ष सन्यास योग के रूप में महत्व दिया गया है।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 23 दिसम्बर 2004

गीता हर धर्म, हर विचारधारा के लिए प्रासंगिक

उदयपुर, 22 दिसम्बर। गीता में जीवन के उन सिद्धान्तों की व्याख्या है जो कभी अप्रासंगिक नहीं हो सकते। गीता एक सम्पूर्ण ग्रन्थ है। यह सार्वभौमिक व सार्वकालिक होने से पूर्ण रूप से समाधान कारक है। यह विचार बुधवार को गीता जयन्ती के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित सत्संग संगोष्ठी के अवसर पर वक्ताओं ने व्यक्त किये।

अध्यक्षता करते हुए प्रो. एस. एन. जोशी ने कहा कि गीता हर धर्म हर विचार धारा तथा हर बौद्धिक स्तर वाले व्यक्ति के लिये समान रूप से प्रासंगिक है। इसे केवल मुमुक्षु के लिये अध्यात्म ज्ञान तथा आत्म साक्षात्कार का ग्रन्थ कहना, गीता की व्यापकता को सीमित कर देता है। प्रत्येक व्यक्ति अपनी जीवन यात्रा का सम्बल उसे प्रकृतिस्थ होने में सहायक होता है।

शिक्षाविद् नन्दलाल दशोरा ने प्रश्नोत्तर के अभिक्रमों में जिज्ञासुओं का समाधान करते हुए अद्वैत की व्याख्या की। उन्होंने प्रकृति व पुरूष तथा सगुण व निर्गुण का विश्लेषण करते हुए कहा कि गीता व्यवहार का शास्त्र है, इसे जीवन में उतारने का पूरे मानस से प्रयत्न होना चाहिए। शान्ति पीठ के संस्थापक महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने गीता को अध्यात्म के विज्ञान का सम्पूर्ण शास्त्र बताते हुए कहा कि युवा वर्ग गीता का अध्ययन कर राष्ट्र का नव निर्माण कर सकता है और विश्व की किसी भी चुनौती का सामना करने की क्षमता हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान के उत्कर्ष ने गीता व उपनिषद के तत्व को स्पर्श किया है। उन्होंने कहा गीतामृत से व्यक्ति व्यामोह से मुक्त हो अपना परित्राण स्वयं कर सकता है। संगोष्ठी में मदन क्षितिज, एम एस राणावत, पन्नालाल नागदा आदि ने भी विचार व्यक्त किये। अन्त में शान्तिपीठ के जी एल पाटीदार ने आभार व्यक्त किया। प्रसार अधिकारी राजीव लोढ़ा ने यह जानकारी दी।

'गीता हर धर्म के लिए प्रासंगिक'

उदयपुर, 22 दिसम्बर। गीता में जीवन के उन सिद्धांतों को व्याख्या है जो कभी अप्रासंगिक नहीं हो सकते। गीता एक सम्पूर्ण ग्रंथ है। यह सार्वभौमिक व सार्वकालिक होने से पूर्ण रूप से समाधान कारक है।

ये विचार बुधवार को गीता जयंती के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित सत्संग संगोष्ठी के अवसर पर अनेक वक्ताओं ने व्यक्त किये।

- गीता सार्वभौमिक व सार्वकालीन होने से समाधान कारक
- गीता जयंती पर सत्संग आयोजित

अध्यक्षता करते हुए प्रो. एस एन जोशी ने कहा कि गीता हर धर्म हर विचारधारा तथा हर बौद्धि स्तर वाले व्यक्ति के लिये समान रूप से प्रासंगिक है। इसे केवल मुमुक्षु के लिये आध्यात्म ज्ञान तथा आत्म साक्षात्कार का ग्रंथ कहना, गीता की व्यापकता को सीमित कर देता है। प्रत्येक व्यक्ति अपनी जीवन यात्रा के दौरान कभी न कभी लड़खड़ता है-ऐसे क्षणों में गीता का सम्बल उसे प्रकृतिस्थल होने में सहायक होता है। यद्यपि ऐसे अन्य साधन व अन्य ग्रंथ भी है किन्तु गीता इन सबसे विलक्षण है और इसीलिये अर्जुन मानव मात्र का प्रतीक है तथा महाभारत का संग्राम जीवन संग्राम के विषय क्षणों का प्रतीक बन जाता है। शिक्षाविद नंदलाल दशोरा ने प्रश्नोत्तर के अभिक्रमों में जिज्ञासुओं का समाधान करते हुए अद्वैत की व्याख्या की। उन्होंने प्रकृति व पुरूष तथा सगुण व निर्गुण का विश्लेषण करते हुए कहा कि गीता व्यवहार का शास्त्र है, इसे जीवन में उतारने का पूरे मानस से प्रत्यन होना चाहिए।

शांतपीठ क संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने गीता को आध्यात्मक के विज्ञान का सम्पूर्ण शास्त्र बताते हुए कहा कि युवा वर्ग गीता का अध्ययन कर राष्ट्र का नव निर्माण कर सकता है और विश्व की किसी भी चुनौति का सामना करने की क्षमता हासिल कर सकता है।

प्रातःकाल
मार्गशीर्ष शुक्ला 12 गुरूवार, दिनांक 23 दिसम्बर, 2004

गीता प्रवचन का नहीं चिन्तन का विषय : दशोरा

उदयपुर, 22 दिस. (नसं)। गीता प्रवचन का विषय नहीं होकर चिन्तन का विषय है तथा ब्रह्म वह अव्यक्त शक्ति है जिसमें जड़ और चेतन दोनों मौजूद हैं, जिनके संयोग से सृष्टि का निर्माण हुआ है। यह विचार गीताविद् नन्दलाल दशोरा ने आध्यात्मिक संस्था 'शांतिपीठ' द्वारा गीता जयंती पर बुधवार को आयोजित एक विचार गोष्ठी में व्यक्त किये।

सरदारपुरा स्थित 'शांतिपीठ' संस्थान में आयोजित इस गोष्ठी में शहर के कई गीता प्रेमियों ने हिस्सा लिया।

श्रीमद्गीता के शुद्ध तथ्यों पर बोलते हुए दशोरा ने द्वैतवाद और अद्वैतवाद के रहस्यों पर भी प्रकाश डाला।

गोष्ठी में 'शांतिपीठ' के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आधुनिक विज्ञान का मार्ग बुद्धि से नहीं बल्कि हृदय से होकर गुजरता है, अतः आशावादी विश्व-निर्माण के लिए भगवद्गीता को आत्मसात् करना श्रेयस्कर होगा।

गोष्ठी में एस.एन. जोशी, एम.एस. राणावत, पन्नालाल नागदा, डा. लाल पेथ लेब. के संजीव झा भी उपस्थित थे। अन्त में जी.एल. पाटीदार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। धर्मप्रचार समिति द्वारा आज बाईजी राज के कुण्ड पर भगवद्गीता जयंति मनाई गई। इस अवसर पर कुण्ड मन्दिर के पीठाधीश महन्त मोहनवल्लभ आचार्य ने कहा कि 'ध' से प्रारम्भ होने वाली एवं 'म' पर पूर्ण होने वाली 'गीता' धर्म का बोध करवाती है।

संस्था के संगठन मंत्री मनोहर लाल मुन्दड़ा ने कहा कि गीता में कार्ययोग, ज्ञानयोग आदि का वर्णन आता है। इस अवसर पर संत महेन्द्रगिरी, चरणदास, ने भी अपने विचार रखें।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत 2061, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष द्वादशी, गुरुवार 23 दिसंबर 2004

गीता में जीवन के सिद्धांतों की सटीक व्याख्या

उदयपुर, 22 दिसंबर। गीता में जीवन के उन सिद्धांतों की सटीक व्याख्या है, जो कभी अप्रासंगिक नहीं हो सकते। गीता एक संपूर्ण ग्रंथ है। यह सार्वभौमिक व सर्वकालिक होने से पूर्ण रूप से समाधान ग्रंथ है।

उक्त बातें विचार गीता जयंती पर शांतिपीठ के तत्वावधान में हुई सत्संग गोष्ठी में वक्ताओं ने कहीं। अध्यक्षता करते हुए प्रो. एसएन जोशी ने कहा कि गीता हर धर्म, हर विचारधारा तथा हर बौद्धिक स्तर के व्यक्ति के लिए समान रूप से प्रासंगिक है। गीता को अध्यात्म, ज्ञान एवं आत्म साक्षात्कार का ग्रंथ [illegible] अनंतगणेश त्रिवेदी, मदन क्षितिज, एमएस राणावत, पन्नालाल नागदा आदि ने विचार व्यक्त किए। आभार जीएल पाटीदार ने जताया।

जय राजस्थान दैनिक
4 दिसम्बर 2003 वार – गुरुवार



शांतिपीठ की संगोष्ठी का एक दृश्य।

कर्म में कुशलता ही योग : महंत

उदयपुर, 3 दिसंबर। कर्म में कुशलता ही योग है। भगवद गीता के इस संदेश को आत्मसात करने की आज आवश्यकता है चाहे वह व्यक्ति हो, राष्ट्र हो या विश्व समाज हो। मनुष्य मात्र को अपने कर्म को परिष्कृत करने से ही शांति की स्थापना हो सकती है। यह विचार आज गीता जयंती की पूर्व संख्या के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मेवाड़ मण्डलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि जीवन की गीता विषाद से प्रारंभ होती है। विषाद का परिणाम है संदेह की समाप्ति। विषाद मोह के कारण उत्पन्न होता है। किंकर्तव्यविमूढ़ को नष्ट करने के लिये गीता है। मोह के नष्ट होने पर शाश्वत स्मृति का व्यक्ति को भान होता है। महंत ने कहा कि संशयों से विनाश होता है। संशय से मुक्ति के लिये गीता प्रकाश है।

उन्होने कहा कि जीव मन है इससे देहान्तर गति प्राप्त होती है। मन के उपर उठकर आत्मा की व्यापकता को स्वीकार करना होगी।

प्रमुख अतिथि के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. नंद चतुर्वेदी ने कहाकि भगवद गीता को भी लौकिक ग्रंथ मानकर उस पर विमर्श करना चाहिये। विमर्श निरन्तर है न स्थगित है न समाप्त है। श्रद्धा का ग्रंथ मानकर चिन्तन न करना एक तरह से उस महान ग्रंथ की परम्परा को विलीन कर देना हैं गीता प्रारंभ ही प्रश्न से होता हैं उन्होंने कहाि क प्रश्नानुकूलता को मरने दे। गीता प्रश्न के दरवाजे खोलती है। किसी की बात इसलिये मत मानो कि कोई महान ग्रंथ है या गुरू है बल्कि स्वयं की रोशनी ढूंढती होगी।

संगोष्ठी प्रवर्तन करते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत त्रिवेदी ने कहा कि भगवद गीता शास्त्र और ओर ले जाने वाले मार्ग को दिखाती है। उन्होने कहा कि समाज में समता की स्थापना करने गीता को आत्मसात करने की मनुष्य मात्र को आवश्यकता है।

इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए इतिहासविद प्रो. जी.एल.मेनारिया नें कहा कि जाति, भाषा, लिंग, क्षेत्र, धर्म और सम्प्रदायों के उपर उठकर मानव मात्र के कल्याण का मार्ग हमें गीता से मिलता है। वैद्य मुरलीगोविन्द आचार्य, डा.पी.एल.शर्मा ने भी विचार व्यक्त किये। गोष्ठी के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। संचालन डा. उदय पालीवाल ने किया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत 2060 मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष एकादशी, गुरुवार 4 दिसंबर 2003



'गीतोपदेश आत्मसात करना महती आवश्यकता'

उदयपुर, 3 दिसंबर। कर्मकौशल ही योग है। आज श्रीमद्भगवतगीता के इस संदेश, उपदेशों को वैयक्तिक, राष्ट्र तथा विश्वस्तर पर आत्मसात करने की महती आवश्यकता है।

उक्त विचार गीता जयंती की पूर्व संध्या पर बुधवार को यहां शांतिपीठ की ओर से हुई संगोष्ठी में महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जीवन की गीता का आरम्भ विषाद से होता है तथा विषाद का परिणाम संदेहशमन है। किंकर्तव्यविमूढ़ता, शाश्वत स्मृतिबोध तथा संशय से मुक्ति के लिए गीता ही एकमात्र पाथेय है। मुख्य अतिथि साहित्यकार प्रो. नंद चतुर्वेदी ने गीता की प्रश्नानुकूलता को अक्षुण्ण रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रश्न के द्वार खोलने वाली गीता गुरु है। संगोष्ठी प्रवर्तन कर शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेद्री ने गीता को शस्त्र-शास्त्र के अतिरेकों का समन्वय निरूपित किया। समाज में समता की स्थापना के लिए उन्होंने गीता को आत्मसात करने की आवश्यकता बताई। इस दौरान इतिहासकार प्रो. जी.एल. मेनारिया, वैद्य मुरलीगोविंद आचार्य, डॉ. पी.एल. शर्मा ने भी विचार रखे। संचालन डॉ. उदय पालीवाल ने किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 4 दिसम्बर 2003



उदयपुर में बुधवार को शांतिपीठ की ओर से आयोजित गीता जयंती समारोह में मंचासीन अतिथि।

प्रश्न के द्वार खोलती है गीता

उदयपुर, 3 दिसम्बर। कर्म को परिकृष्त करने पर ही शांति की कल्पना साकार हो सकती है। चाहे वह व्यक्ति हो, राष्ट्र अथवा विश्व हो। ये विचार बुधवार को महामण्डलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने शांतिपीठ की ओर से आयोजित गीता जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि भगवद गीता का भी यही संदेश है कि कर्म में ही कुशलता है, लेकिन वर्तमान में कर्म में परिष्कार की आवश्यकता है। जीवन की गीता विषाद से आरम्भ होकर संदेह पर समाप्त होती है। विषाद मोह के कारण उत्पन्न होता है, जिससे किंकर्तव्यविमूढता की स्थिति बनती है, जिसे गीता के संदेश को आत्मसात करके ही नष्ट किया जा सकता है।

मुख्य अतिथि प्रबुद्ध चिंतक प्रो. नंद चतुर्वेदी ने कहा कि गीता प्रश्न के द्वार खोलती है। प्रश्नानुकूलता को मरने न दें क्योंकि इससे ही आगे का मार्ग सहज बनता है। भगवद् गीता को लौकिक ग्रंथ मानकर उस पर विमर्श निरंतर होना चाहिए।

शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी, प्रो. जी.एल. मेनारिया, वैद्य मुरली गोविंद आचार्य, डॉ. पी.एल. शर्मा आदि ने भी विचार व्यक्त किए। संयोजन डॉ. उदय पालीवाल ने किया।

आज का आनन्द
मार्गशीर्ष शुक्ला 11 गुरूवार दिनांक 4 दिसम्बर 2003



संगोष्ठी में मंच पर आसीन महन्त मुरली मनोहर शास्त्री व अन्य अतिथि।

गीता जयन्ती पर संगोष्ठी आयोजित

उदयपुर, 3 दिस. (वि.)। गीता जयन्ती के उपलक्ष में बुधवार को शांति पीठ द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महन्त मुरली मनोहर शास्त्री ने कहा कि कर्म में कुशलता ही योग है, भगवदगीता के इस सन्देश को आत्मसात करने की आज की आवश्यकता है चाहे वह व्यक्ति, राष्ट्र या विश्व [illegible] करना होगा। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता साहित्यकार प्रो. नन्द चतुर्वेदी ने भगवत गीता को लौकिक ग्रंथ मानते हुए उस पर विचार करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। संगोष्ठी को शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी, प्रो. जी.एल. मेनारिया, वैद्य मुरली गोविन्द आचार्य, डॉ. पी.एल. शर्मा ने भी [illegible]

दैनिक नवज्योति
20 फरवरी, 2003

परमहंस ने मानव मुक्ति का स्वाधीन मार्ग दिग्दर्शित किया

रामकृष्ण परमहंस की 167 वीं जयंती पर संगोष्ठी

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 19 फरवरी। 19 वीं शताब्दी के उतरार्द्ध में रामकृष्ण परमहंस की साधना ने मानव मात्र की मुक्ति के लिए ऐसा स्वाधीन मार्ग दिया जो आने वाली शताब्दियों तक मनुष्य जाति का दिग्दर्शक करता रहेगा। यह विचार रामकृष्ण परमहंस की 167 वीं जयन्ती के अवसर पर शांतिपीठ के तत्वावधान में संस्था सभागार में आयोजित संगोष्ठी-संकीर्तन में उभरकर सामने आये। संगोष्ठी की अध्यक्षता मोहनसिंह कोठारी ने की, जबकि संकीर्तन पंडित रामकृष्ण बोस के दिग्दर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रमुख वक्ता के रुप में बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार ओंकारश्री ने कहा कि परमहंस देव ने मातृशक्ति की साधना से मनुष्य जाति को जीवन का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि नर को नारायण का स्वरुप तब ही प्राप्त होगा जब अन्तिम की सेवा हो। गोष्ठी में बोलते हुए समाज सेविका मंजू बोर्दिया ने कहा कि अमानवीयकरण के दौर में जाति, वर्ग, सम्प्रदाय से उपर उठकर मानवता की सेवा ईश्वर समझकर करने से परमहंस का चरित्र समझा जा सकता है। उन्होंने कहा रामकृष्ण ने जीवन के हर आयाम में नारायण का दर्शन कर सेवा का संदेश दिया।अध्यक्षीय भाषण में मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि रामकृष्ण ने तीन सूत्र दिये। सर्वधर्म समभाव, सब संस्कृतियों में मौलिक तत्व एक है तथा जीवन के दो लक्ष्य-स्वंय की मुक्ति और जगत का कल्याण। उन्होंने कहा 19 वीं से 21 वीं शताब्दी तक सर्वधर्म समभाव की आवश्यकता का प्रतिपादन रामकृष्ण ने किया और संदेश दिया कि जो विवाह मानव एकता को नष्ट करे वह बचकाना है। प्रारम्भ में शांतिपीठ के संस्थापक संचालक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि रामकृष्ण की साधना ने भक्ति, ज्ञान व कर्मयोग का समन्वय कर मनुष्य को मुक्ति का मार्ग दिया। उन्होंने कहा आज का शिक्षक यदि रामकृष्ण के आदर्शो को अपना लें तो समाज में विवेकानन्द का अभाव मिट सकता है। परमहंस ने अनेक मार्गो से साधना कर ईश्वर को प्राप्त किया और समाज के सामने प्रमाणित किया कि ईश्वर एक है। गोष्ठी में चन्द्रा भण्डारी, हेमन्त ने भी विचार व्यक्त किये तथा शांतिपीठ के इन्द्रदेव जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। पंडित आर.के.बोस ने रामकृष्ण व विवेकानन्द के कई भजन बांग्ला व हिन्दी में गाकर सुनाये। संगीतमय वातावरण से सबके मन की एकाग्रता ने परमहंस को नमन किया व शांति की कामना की।

रामकृष्ण परमहंस का स्मरण

उदयपुर, 18 फरवरी। रामकृष्ण की 167वीं जयंती के अवसर पर शांतिपीठ के तत्त्वावधान में यहां गुमानियावाला स्थित संस्था सभागार में संगोष्ठी-संकीर्तन आयोजित हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार ओंकारश्री ने कहा कि परमहंस देव ने मातृशक्ति की साधना से मनुष्य जाति को जीवन का लक्ष्य बताया है। मंजू बोर्दिया ने कहा कि मानवता की सेवा को ईश्वर की सेवा मानने से परमहंस का चरित्र समझा जा सकता है। अध्यक्ष पद से मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि रामकृष्ण ने सर्वधर्म सद्भावना की आवश्यकता को प्रतिपादित किया। संस्थापक अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि आज का शिक्षक यदि रामकृष्ण के आदर्शों को अपना ले तो समाज से विवेकानंद का अभाव मिट सकता है। युवा संगीतकार पं. आर.के. बोस ने रामकृष्ण भजन सुनाए।



रामकृष्ण परमहंस जयंती ▶ पेज 8

दैनिक भास्कर
उदयपुर, मंगलवार, 18 फरवरी 2003

नगर में आज

संगोष्ठी

■ **शाम पोने पांच बजे :** शांतिपीठ, गुमानियावेला, सरदारपुरा के सभागार में श्रीरामकृष्ण परमहंस की 107वीं जयंती पर संकीर्तन व संगोष्ठी।

रामकृष्ण जयंती पर आज संगोष्ठी

उदयपुर। योग और वेदांत के प्रवाचक, प्रमुख संत रामकृष्ण परमहंस की 167वीं जयंती पर यहां मंगलवार को संगोष्ठी होगी। शांतिपीठ संस्था के तत्त्वावधान में अपराह्न 4.45 बजे संस्थान के सभागार में यह संगोष्ठी सर्वधर्म समानत्व की मौलिक अवधारणा विषय पर होगी जिसमें प्रबुद्धजन अपने विचार रखेंगे। इस अवसर पर युवा संगीतकार आर.के. बोस, रामकृष्ण-विवेकानंद के भजन प्रस्तुत करेंगे।

दैनिक भास्कर
उदयपुर विक्रम संवत 2059
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, तृतीया, बुधवार
19 फरवरी 2003

राजस्थान पत्रिका उदयपुर, 18 फरवरी 2003

रामकृष्ण जयंती आज

उदयपुर। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 167वीं जयंती पर मंगलवार को शांतिपीठ सभागार सरदारपुरा में शाम 4.45 बजे संगोष्ठी व संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी में आर.के. बोस भजन प्रस्तुत करेंगे तथा अन्य विद्वतजन स्वामी परमहंस की सर्वधर्म समभाव की मौलिक अवधारणा पर विचार प्रस्तुत करेंगे।

राष्ट्रदूत
सोमवार 16 दिसम्बर 2002

'प्रज्ञा का असन्तुलन ही विसंगतियां पैदा करता है'

उदयपुर, 15 दिस.(वि.)। आज मनुष्य को उस धर्म की आवश्यकता है जो जाति, वर्ग, सम्प्रदाय, भाषा, लिंग, रंग आदि के भेद भाव से ऊपर उठकर एकता, मैत्री और शान्ति का मार्ग दिखा सके। श्रीमद भगवद गीता ऐसे ही मनुष्य धर्म की व्याख्या करती है जिसे वर्तमान में सर्वमान्य समाधान के रुप में देखा जा रहा है। ये विचार आज गीता जयंती के अवसर पर शान्तिपीठ द्वारा पीठ सभागार में आयोजित संगोष्ठी संकीर्तन कार्यक्रम में बोलते हुए कई वक्ताओं ने व्यक्त किये।

सर्वधर्म सम्भाव गीता का संदेश विषयक आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो. एस एन जोशी ने गीता के समभाव दर्शन की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि प्रज्ञा का असंतुलन ही विसंगतियां पैदा करता है। विषयक प्रवर्तन करते हुए अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सारे द्वंद्वों से मुक्त होने का रास्ता गीता देती है।

इस अवसर पर चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि गीता ब्रम्भ विद्या है, यह अध्यात्म का विज्ञान है। गोष्ठी में फादर देव प्रसाद, डॉ एल एल शर्मा, एस एस माथुर, प्रो. पी एल शर्मा, प्रो. बी एल समदानी व हेमन्त दहीया ने भी विचार व्यक्त किये। एडवोकेट मदन क्षितिज ने रच रही है योग धराएं, सहस्त्रों सतापियां स्वरचित रचना प्रस्तुत की जबकि नितिन शर्मा ने भजन सुनाया। प्रारंभ में संगीतकार आर के बोस ने संगीत की स्वर लहरियों से कई गीत व भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन से किया गया।

सुप्रभात उदयपुर 15.12.02 महानगर में आज



सुबह ग्यारह बजे : शांतिपीठ, गुमानिया मार्ग पर सर्वधर्म समभाव: गीता का सन्देश विषयक गोष्ठी। फोन-2413783

रात्रि आठ बजे : अस्थल आश्रम में महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री के सान्निध्य में गीता के प्रतिपाद्य पर संगोष्ठी। फोन-2420913

दैनिक नवज्योति
17 दिसम्बर, 2002

समाज में प्रज्ञावान समुदायों के रचना की आवश्यकता : जोशी

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 16 दिसम्बर। आज मनुष्य को उस धर्म की आवश्यकता है जो जाति, वर्ग, सम्प्रदाय, भाषा, लिंग, रंग आदि के भेदाभेद से ऊपर उठकर एकता, मैत्री और शान्ति का मार्ग दिखा सके। श्रीमद् भगवत गीता ऐसे ही मनुष्य धर्म की व्याख्या करती है जिसे वर्तमान में सर्वमान्य समाधान के रूप में देखा जा रहा है।

यह विचार गीता जयन्ती के अवसर पर शान्तिपीठ द्वारा पीठ सभागार में आयोजित संगोष्ठी-संकीर्तन कार्यक्रम में बोलते हुए कई वक्ताओं ने व्यक्त किए। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. एस.एन. जोशी ने की। उन्होंने कहा कि प्रज्ञा का असन्तुलन ही विसंगतियां पैदा करता है। गीता शस्त्र से भी और बिना शस्त्र से भी युद्ध लड़ना सिखाती है। जोशी ने समाज में प्रज्ञावान समुदायों के रचना की आवश्यकता प्रतिपादित की।

इस अवसर पर अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सारे द्वंद्वों से मुक्त होने का रास्ता गीता देती है। उन्होंने कहा कि आज समन्वयकारी मार्ग की आवश्यकता है। ज्ञान-विज्ञान, साकार-निराकार, सगुण-निर्गुण आदि के समन्वय की ऊर्जा द्वंद्वों से पार ले जाते है। उन्होंने कहा कि आज समाज को भौतिक व्याख्याओं की नहीं चरित्र और विवेक की आवश्यकता है जो युवा वर्ग को दिशा दे सकें। उन्होंने सभा में उपस्थित युवा प्रतिभागियों से कहा कि अन्तरजगत की ऊर्जा से स्वयं का मार्ग रोशन करो यह गीता का संदेश है, यह अस्तित्व की वैज्ञानिक व्याख्या है। इस अवसर पर मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि गीत ब्रह्म विद्या है, यह अध्यात्म का विज्ञान है। गोष्ठी में फादर देव प्रसाद, डॉ. एल.एल. शर्मा, एस.एस. माथुर, प्रो. पी.एल. शर्मा, समदानी व हेमन्त दहिया ने भी विचार व्यक्त किए।

अनमोल मोती

सक्रिय अज्ञान से भयावह कुछ नहीं होता। - गेटे

प्रातःकाल

माघ शुक्ला 7 मंगलवार दिनांक 19 फरवरी, 2002



संगोष्ठी में मंच पर उपस्थित अतिथि।

रामकृष्ण परमहंस की जयन्ती मनायी

उदयपुर, 18 फर. (वि.)। रामकृष्ण परमहंस की 166वीं जयन्ती पर शांतिपीठ के तत्वावधान में सोमवार को सत्संग संगोष्ठी एवं कीर्तन का आयोजन हुआ।

वर्तमान परिवेश में आध्यात्मिक जागरण की महत्ता एवं सर्वधर्म समभाव विषयक आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता सौर वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द भटनागर ने की। प्रमुख वक्ता रामकृष्ण-विवेकानंद परम्परा से जुड़े मोहनसिंह कोठारी थे। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में वैज्ञानिक अरविन्द भटनागर ने कहा कि आवश्यकता है शुद्र अहंकार का विसर्जन कर शिष्यत्व का भाव विकसित करने की, जिससे समाज में समता और सहिष्णुता का वातावरण बने।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस का आविर्भाव धर्म के प्रति भ्रामक परिस्थितियों में हुआ और उन्होंने तत्कालीन समय में क्रांति धर्माओं को आध्यात्मिक आश्रय प्रदान किया।

गोष्ठी में प्रो. बी.एल. समदानी ने स्वरचित पंक्तियां सुनाई। अंत में शांतिपीठ के इन्द्रदेव जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 19 फरवरी 2002

युगावतार थे रामकृष्ण परमहंस

उदयपुर, 18 फरवरी [वि.]। शान्तिपीठ की ओर से रामकृष्ण परमहंस की 166वीं जयन्ती पर सत्संग संगोष्ठी एवं कीर्तन का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता सौर वैज्ञानिक डा.अरविन्द भटनागर ने की। प्रमुख वक्ता मोहन सिंह कोठारी ने रामकृष्ण परमहंस को युगावतार बताया और कहा कि परिस्थितियां हमेशा बदलती है और युगावतार भी परिस्थितियों की आवश्यकता का प्रतिफल होते है। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में अरविन्द भटनागर ने कहा कि आज क्षुद्र अहंकार का विसर्जन कर शिष्यत्व का भाव विकसित करने की जरूरत है। इससे समाज में समता और सहिष्णुता का वातावरण बनता है। शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस का आविर्भाव धर्म के प्रति भ्रामक परिस्थितियों में हुआ तथा उन्होंने तत्कालीन समय में क्रान्ति धर्माओं को आध्यात्मिक आश्रय प्रदान किया। प्रारंभ में रामकृष्ण परमहंस की तस्वीर पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया। इसके बाद पंडित रामकृष्ण बोस ने भक्ति संगीत प्रस्तुत किया।

उदयपुर 19 फरवरी 2002 मंगलवार

निराशा का आत्मा पर वहीं प्रभाव होता है जो मेघ गर्जन का वायु पर - शिलर

जय राजस्थान



शांतिपीठ द्वारा आयोजित संगोष्ठी का एक दृश्य।

रामकृष्ण परमहंस जयंती मनाई

उदयपुर, 18 फरवरी (वि)। रामकृष्ण परमहंस की 166वीं जयंती पर शांतिपीठ के तत्वावधान में सत्संग संगोष्ठी एंवं कीर्तन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर वर्तमान परिवेश में अध्यात्मिक जागरण की महत्ता एवं सर्वधर्म समभाव विषयक आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता सौर वैज्ञानिक डा. अरविंद भटनागर ने की।

प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए रामकृष्ण विवेकानंद से जुड़े मोहनसिंह कोठारी ने रामकृष्ण परमहंस को युगावतार बताते हुये कहा कि परिस्थितियां हमेशा बदलती है और युगावतार भी परिस्थितियों की आवश्यकता का प्रतिफल होते हैं। अध्यात्मक को पुनर्जाग्रत करना समाज की सदैव ही आवयकता होती है और इसी परिपूर्ति में प्रकृति संतों को अवतरित करती है।

उन्होनें कहा कि सम्प्रदायवाद ने लांछित किया अध्यात्म को जबकि अध्यात्मिक साधना सम्प्रदायवाद की सीमित सोच को नष्ट कर सकती है। कोठारी ने कहा कि यह सर्वविदित है कि रामकृष्ण ने अलग अलग मार्गों से साधना के शिखर में पहुंचकर एक समग्र सोच को प्रस्तुत किया और आने वाली सदियों के लिये मानव मात्र को दिशा दी। उन्होंने वैश्विक स्वार्थ के सामने वैयक्तिक स्वार्थ को तिरोहित करने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने दिवस का महात्म्य एवं विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि 19वीं शताब्दी में युगांतकारी महापुरूषों का अविर्भाव हुआ जिन्होंने तत्काली समस्याओं का समाधान देकर आने वाली शताब्दियों का मार्गदर्शन किया।

गोष्ठी में प्रो. बी.एल. समदानी ने स्वरचित पंक्तियां सुनाई, गुरू की कृपा अगर मिल जाये तो पद पंद पर नंदनवन होगा।

उदयपुर
Rashtradoot

उदयपुर मंगलवार 19 फरवरी 2002

शान्तिपीठ में सत्संग संगोष्ठी एवं कीर्तन सम्पन्न

उदयपुर, 18 फर. (वि.)। रामकृष्ण परमहंस की 166 वीं जयन्ती पर शान्तिपीठ के तत्वावधान सोमवार को सत्संग - संगोष्ठी एवं कीर्तन का आयोर्जन सौर वैज्ञानिक डा. अरविन्द भटनागर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए रामकृष्ण - विवेकानंद परम्परा से जुड़े मोहनसिंह कोठारी ने रामकृष्ण परमहंस की युगावतार बताते हुए कहा कि परिस्थितियां हमेशा बदलती है और युगावतार भी परिस्थितियों की आवश्यकता का प्रतिफल होते है। अध्यात्म को पुनजाग्रत करना समाज की सदैव ही आवश्यकता होती है और इसी परिपूर्ति में प्रकृति संतों को अवतरित करती है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में वैज्ञानिक अरविन्द भटनागर ने कहा कि आवश्यकता है शुर्द अहंकार का विसर्जन कर शिष्यत्व का भाव विकसित करने की जिससे समाज में समता और सहिष्णुता का वातावरण बने। उन्होंने धर्म और आध्यात्म में फर्क बताते हुए कहा कि साम्प्रदायिकता उग्रता और आक्रमकता पैदा करती है किन्तु आध्यात्मिकता इन समस्याओं से पार ले जाती है। उन्होंने कहा जो परमसत्य की आराधना करें वहीं सच्चा वैज्ञानिक हो सकता है।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने दिवस का महात्म्य एवं विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि 19 वीं शताब्दी में युगान्तकारी महापुरुषों का अविर्भाव हुआ जिन्होंने तत्कालीन समस्याओं का समाधान देकर आने वाली शताब्दियों का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा रामकृष्ण परमहंस का आविर्भाव धर्म के प्रति भ्रामक परिस्थितियों में हुआ और उन्होंने तत्कालीन समय में क्रान्ति धर्माओं को आध्यात्मिक आश्रय प्रदान किया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर विक्रम संवत २०५८, माघ, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, मंगलवार, १९ फरवरी, २००२

आध्यात्मिकता उबारती है सांप्रदायिक समस्याओं से



परमहंस जयंती पर शांतिपीठ संस्था में दी गई भजन प्रस्तुतियां।

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 18 फरवरी। रामकृष्ण परमहंस की 166वीं जयंती पर सोमवार को यहां शांतिपीठ की ओर से 'आध्यात्मिक जागरण की महत्ता एवं सर्वधर्म समभाव' विषयक गोष्ठी हुई।

मुख्य वक्ता मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि आध्यात्मिक साधना संप्रदायवाद की सीमित सोच को नष्ट कर सकती है। रामकृष्ण ने अलग-अलग मार्गों से साधना के शिखर पर पहुंचने का समग्र एवं दिशाबोधक विचार प्रस्तुत किया। अध्यक्षता करते हुए सौर विज्ञानी डा.अरविंद भटनागर ने कहा कि सांप्रदायिकता उग्रता और आक्रामकता पैदा करती है, किंतु आध्यात्मिकता इन समस्याओं से पार ले जाती है। समाज में समता और सहिष्णुता के लिए अहंकार त्यागना आवश्यक है। संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने आध्यात्म की बौद्धिक व्याख्या के साथ ही चरित्र पर भी बल दिया। डा.बी.एल. समदानी ने स्वरचित पंक्तियां पेश कीं। रामकृष्ण बोस ने स्वामी विवेकानंद की रचनाएं प्रस्तुत कीं। तबला पर प्रेमशंकर वर्मा ने संगत की।

दैनिक नवज्योति
22 फरवरी, 2002



शांति पीठ उदयपुर द्वारा रामकृष्ण परमहंस की 166वीं जयंती पर आयोजित सत्संग कीर्तन संगोष्ठी। *फोटो: गोयल, उदयपुर।*

विवेकानंद से संस्कार व सृजन की प्रेरणा लें युवा

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 12 जनवरी। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शनिवार को विभिन्न संगठनों की ओर से शनिवार को यहां युवा दिवस एवं कैरियर डे आयोजन हुए। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद से सृजनात्मक व संस्कारित जीवन की प्रेरणा लेने का युवाओं का आह्वान किया।

शांतिपीठ संस्था की गोष्ठी में वक्ताओं ने विवेकानंद के विश्वयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विवेकानंद को सशक्त भारत की वह अभिव्यक्ति बताया, जिसमें प्राचीन भारत की गरिमा व सार्थक भविष्य के स्वप्न का समन्वय है। मोहनसिंह कोठारी, अनंतगणेश त्रिवेदी, ओंकारश्री, इंद्रदेव जोशी, दिलीप उपाध्याय ने विचार रखे। संस्था की ओर से 'जागृति माह' का आरंभ किया गया। **राजस्थान कृषि महाविद्यालय** के विवेकानंद स्नातकोत्तर छात्रावास पर अधिष्ठाता डा.जी.एस. शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारकर सृजनात्मक कार्य करने चाहिए। डा.एन.के. पंजाबी, डा.बी.आर. रणवा, डा.डी.के. भाटी केन्द्रीय छात्रसंघ अध्यक्ष गुरमनप्रीतसिंह धालीवाल ने भी विचार रखे। **भाजपा** की आयड़ इकाई की ओर से आयड़ पुलिया तिराहे पर विवेकानंद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष मदनलाल मुंदड़ा ने कहा कि युवाओं में सांप्रदायिक कट्टरता विश्व के विनाश का द्योतक है। नगर परिषद सभापति युधिष्ठिर कुमावत, उप सभापति वीरेंद्र बापना, पार्षद मनोहर चौधरी आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की। अभाविप के महानगर सहमंत्री कमलेश शर्मा व संस्कृत विभाग के संयुक्त महासचिव पुष्कर सोनी तथा एकता युवा मंच ने अध्यक्ष कैलाश पालीवाल के नेतृत्व में भी माल्यार्पण किया गया। **विज्ञान महाविद्यालय** में एनएसएस की ओर से निबंध प्रतियोगिता हुई। **मिरांडा स्कूल** में वाद-विवाद प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में प्रीति कुशवाहा व वरिष्ठ वर्ग में सपना यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। **जयदीप माध्यमिक विद्यालय** में कैरियर डे आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि लक्ष्मणपुरी गोस्वामी ने थे व अध्यक्षता पी.एल. कुमावत ने की। **आलोक** बालिका उप्रावि में सुमन दवे ने स्वामजी के जीवन की प्रेरक घटनाओं का उल्लेख किया। **महावीर चेसमेन सोसायटी** की प्रधान शाखा में संस्थापक निदेशक राजेंद्र तेली, लक्ष्मीनारायण चौबीसा ने स्वामीजी के जीवन पर प्रकाश डाला। **ज्योति शिशु निकेतन** में पूर्व विधायक जोधसिंह चौहान, आर.के. राजपूत ने स्वामीजी के आदर्शों को प्रासंगिक बताया। **बूझड़ा** के संजीव नवयुवक मंडल द्वारा विवेकानंद सप्ताह का आरंभ हुआ। अध्यक्ष के.डी. व्यास ने बताया कि इस दौरान गोष्ठी, खेल व श्रमदान किया जाएगा।



विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण।

दैनिक नवज्योति

अजमेर, रविवार, 13 जनवरी 2002

विवेकानंद जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

उदयपुर, 12 जनवरी (न्यूज सर्विस)। संसार को विवेकानन्द के विश्वयोग की आवश्यकता है जो संकुचित और क्षुद्र स्वार्थों से उपर उठकर विश्व कुटुम्ब और प्राणी मात्र के कल्याण का रास्ता दे सकें। विवेकानन्द सशक्त भारत की वह अभिव्यक्ति है जिससे प्राचीन भारत की गरिमा और सार्थक भविष्य के स्वप्न का समन्वय है। यह राष्ट्र के आत्मविश्वास और पुनर्जागरण की चेतना है जिसे आत्मसात कर राष्ट्र का स्वप्न साकार किया जा सकता है।

उक्त विचार शनिवार को स्वामी विवेकानन्द की 139 वीं जयन्ती के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में बोलते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किये। इसके साथ ही "जागृति माह" का शुभारम्भ हुआ जिसके तहत मास संभाग में कई जगह सत्संग-संगोष्ठी के कार्यक्रम आयोजित होंगे जो आगामी माह की 18 फरवरी रामकृष्ण परमहंस की जयन्ती तक चलेंगे।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एवं रामकृष्ण-विवेकानन्द चिन्तन धारा से जुडे मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विवेकानन्द का आत्म विश्वास राष्ट्र का आत्मविश्वास है और इसी के तहत आज जनमानस को पुनः आंदोलित करने की आवश्यकता है। सार्वजनिक स्तर पर जिम्मेदारी निभा रहे लोगों द्वारा छोटे और क्षुद्र स्वार्थो से हटकर ईमानदारी व संवेदनशीलता के साथ व्यवहार किये जाने की आज राष्ट्र की अपेक्षाएं है।

संगोष्ठी में बोलते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि संसार को विवेकानन्द के विश्वयोग की आवश्यकता है। मनुष्य की समस्याएं विश्वव्यापी हुई है, उनके समाधान के भी सार्वभौमिक रास्ते खोजने होंगे। उन्होंने कहा कि समय-समय पर समाज में सन्तों ने आकर राष्ट्र धर्म और स्वधर्म में अन्तर मिटा कर व्यक्ति की चेतना का सार्वभौमिकरण किया है। आज उसी चेतना की आवश्यकता है जिससे समाज को अलगाव और हिंसा से मुक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि विवेकानन्द के स्वप्न को साकार करने का यह ठीक समय है जिसमें उन्होंने आत्मिक और भौतिक दोनों ही तरह से शक्तिशाली है जिसमें उन्होंने आत्मिक और राष्ट्र के नवनिर्माण की भूमिका दी है।

इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार ओंकारश्री ने व्यक्ति के चरित्र निर्माण की आवश्यकता बताते हुए कहा कि विवेकपूर्ण स्थिति का नाम विवेकानन्द है। उन्होंने कहा व्यक्तिवाद हठधर्मी होकर निरंकुश हो जाता है तो समाज में विडम्बनाएं और विकृतियां पैदा होती है, इनसे निजात पाने के लिए सामाजिक व राष्ट्रीय चेतना को विकसित किया जाना आज नितान्त आवश्यक है। प्रारम्भ में इन्द्रदेव जोशी ने सभी का स्वागत किया तथा शान्तिपीठ के जागृति माह के आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। दिलीप उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक भास्कर
2001
उदयपुर, विक्रम संवत २०५८, मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, गुरुवार २७ दिसंबर, २००

गीता के संदेश सर्वथा प्रासंगिक

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 26 दिसम्बर। वर्तमान में मानव समाज को एक सर्वमान्य धर्म की आवश्यकता है। ऐसे धर्म की जो संकट की घड़ी में समाज को दिशा दे सके। मानव को सही मार्ग दिखा सके। मानवता के विरुद्ध उठी शक्तियों का विनाश और समाज के परित्राण के लिए भगवत गीता का संदेश युगों से प्रमाणिक है और आने वाले समय में भी प्रासंगिक रहेगा। ये विचार बुधवार को 'शांतिपीठ' की ओर से आयोजित गोष्ठी में उभरे। गोष्ठी को आयोजन गीता जयंती के उपलक्ष्य में किया गया था। इस अवसर पर शांतिपीठ के महसचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि जो रास्त मानव मात्र को अज्ञान से मुक्त करे वही सर्वव्यापी धर्म हो सकता है। काम, क्रोध और अज्ञान रूपी शत्रुओं का नाश करने के लिए धर्म की आवश्यकता होती है। भगवत् गीता को वैज्ञानिकों ने पारस्परिक पूरकता का शास्त्र माना है। जड़ और चैतन्य के संघर्ष में जड़ता परिवर्तनीय है किन्त चैतन्य शाश्वत है। देवीशंकर चौबीसा ने कहा कि गीता योद्धाओं के लिए भी आदर्श है। यह जीवन की नाव को पार लगाने वाला सार्वभौमिक और सार्वकालीक शास्त्र है। डा. कमलकांता भटनागर, श्रीनाथ खंडेलवाल ने भी विचार व्यक्त किए। ललिता शंकर दवे ने धन्यवाद ज्ञापित किया। गीता जयंती के उपलक्ष्य में स्थल आश्रम में भी समारोह हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि गीता शास्त्र, ज्ञान योग और कर्म की त्रिवेणी है। यह सम्पूर्ण मानव समस्याओं का ज्ञानात्मक समाधान है। अठारह अध्यायों में योगेश्वर कृष्ण के संदेशों को इसमें निबद्ध किया गया है। इसे भारतीय संस्कृति के उत्कर्ष का आधार बनाया जा सकता है। उन्होंने गीता को समस्त शास्त्रों का सार बताया। इस अवसर पर गीता के श्लोकों का पाठ किया गया।

दैनिक नवज्योति
28 दिसम्बर, 2001

मानव समाज को सर्वमान्य धर्म की जरुरत

उदयपुर, 27 दिसम्बर (न्यूज सर्विस)। आज मानव समाज को सर्वमान्य धर्म की आवश्यकता है जो सकंट की घडियों समाज को उबार सके और मनुष्य जाति को सही रास्ता दिखा सके। मानवता के विरूद्ध उठी शक्तियों का विनाश और समग्र समाज के परित्राण के लिए भगवद गीता का संदेश युगों-युगों से प्रमाणित होता आया संदेश है, जिसकी आज विश्व भर को नितान्त आवश्यकता है।

यह विचार गीता जयन्ती के अवसर पर शान्तिपीठ द्वारा आयोजित सत्संग संगोष्ठी में बोलते हुए अनेक वक्ताओं ने व्यक्त किये। इस अवसर पर शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि जो रास्ता मनुष्य मात्र को अज्ञान से मुक्त करे व सर्वव्यापी धर्म हो सकता है। गीता मनुष्य के चैतन्य की परिशुद्धी का रास्ता देती है।

उन्होंने कहा काम, क्रोध और अज्ञान रुपी शत्रुओं का नाश करने निरन्तर धर्म युद्ध की आवश्यकता होती है और ये ही शत्रु घनीभूत होकर जगत मे व्यापक रुप से उपस्थित होते है तो धर्म युद्ध प्रकृति प्रदत्त घटित होते है, मनुष्य की घोषणा से नही। त्रिवेदी ने कहा कि आज आतंकवाद से मुक्ति का रास्ता तलाशने में अध्यात्म ज्ञान के वैज्ञानिकों को पहल करनी चाहिए। हमारा सौर मण्डल कितना तीव्र रुप से गतिशील है फिर भी शान्त है क्योंकि पूर्ण मर्यादित है। मानव समाज की शान्ति के लिए तत्वदर्शी मर्यादा की स्थापना करें। त्रिवेदी ने कहा भगवद गीता को आधुनिक वैज्ञानिकों ने पारस्परिक पुरकता के सिद्धान्त का शास्त्र माना है। जड और चैतन्य के संघर्ष में जड़ता परिवर्तनीय है किन्तु चैतन्य शाश्वत है। गीता शाश्वत का संदेश है। समाजसेवी देवीशंकर चौबीसा ने कहा कि गीता योद्धाओं का भी आदर्श है और भक्त का भी आदर्श है।

यह जीवन की नाव को पार लगाने वाला सार्वभौमिक और सार्वकालिक शास्त्र है। अध्यक्षता करते हुए डॉ. कमलकान्ता भटनागर ने सत्संग की महिमा पर प्रकाश डाला। अन्त में ललिता शंकर दवे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 27 दिसम्बर, 2001

गीता को शिक्षा में शामिल किया जाए : शास्त्री

उदयपुर, 26 दिसम्बर [कासं]। 'गीता शास्त्र, ज्ञान योग एवं कर्म की त्रिवेणी है तथा संपूर्ण मानवीय समस्याओं का ज्ञानात्मक समाधान है।' ये विचार बुधवार को अस्थल आश्रम में मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने गीता जयंती के अवसर पर व्यक्त किए।

शास्त्री ने कहा कि गीता के नायक श्रीकृष्ण और प्रधान पात्र अर्जुन ब्रह्म एवं जीव के प्रतीक हैं। जिनके संवाद ज्ञान-विज्ञान समस्त व भौतिक तथा आध्यात्मिक प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत करने वाले हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति के उत्कर्ष के लिए गीता को शिक्षा में शामिल करने पर बल दिया। इस अवसर पर आश्रम में गीता के श्लोकों का संस्कृत में गायन किया गया।

सरदारपुरा स्थित शांतिपीठ में इस अवसर पर सत्संग संगोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि गीता मनुष्य के मन की शुद्धि का रास्ता बताती है। भगवद् गीता को आधुनिक वैज्ञानिक पारस्परिक पूरकता के सिद्धांत का शास्त्र मानते हैं। समाजसेवी देवीशंकर चौबीसा ने कहा कि गीता यौद्धाओं का भी आदर्श है और भक्तों का भी। यह जीवन की नैया पार लगाने वाला सार्वभौमिक व सार्वकालिक शास्त्र है। संगोष्ठी की अध्यक्ष डॉ. कमलकान्ता भटनागर ने सत्संग की महिमा पर प्रकाश डाला।

जय राजस्थान

दिनांक :- 20 फरवरी, 2001



रामकृष्ण परमहंस जयंती पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित समारोह का एक दृश्य।

रामकृष्ण परमहंस जयंती सम्पन्न

उदयपुर, 19 फरवरी। विज्ञान तकनीकी के खतरों और हिंसक एवं भोगवादी प्रवृत्ति से समाज की रक्षा श्रीकृष्ण परमहंस विचारों की अनुपालना से हो सकती है, तेजी से बदलती परिस्थितियों में आज आवश्यकता है वैश्विक समन्वय और जीवन को ध्येय देने की जिसकी पूर्ति आद्यात्म साधना एवं भक्ति ही समग्र मानवता का उत्थान कर सकती है।

ये विचार रविवार को श्रीराकृष्ण परमहंस की 165वीं जयंती के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा संस्थान के सभागार में आयोजित सत्संग संगोष्ठी एवं भक्ति संगीत सभा में व्यक्त किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलकता से आये विख्यात कलाकार एवं रामकृष्ण विवेकानंद के भजन गायक डा. श्यामल भट्टाचार्य थे। जबकि विशिष्ट अतिथि राजस्थान स्टेट माईंस एण्ड मिनरल्स के प्रबंध निदेशक के. एस. मणि थे। जबकि विशिष्ट अतिथि राजस्थान स्टेट माईंस एण्ड मिनरल्स के प्रबंध निदेशक के.एस.मणि थे।

संगीत प्रस्तुत करने से पूर्व डा. श्यामल भट्टाचार्य ने अपने उद्‌बोधन में मानवता के कष्टों के निवारण में संगीत एवं भजनों की महत्ता प्रतिपादित की।

गोष्ठी में इस बात को रेखांकित किया गया कि रामकृष्ण ने धर्म के सभी मुख्य मार्गों से साधना कर ईश्वर प्राप्ति का मार्ग सुझाया और समभाव का संदेश दिया। गोष्ठी में मोहन सिंह कोठारी वरिष्ठ पत्रकार ओंकारश्री ने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता शिक्षाविद् एवं समाजवादी चिंतक दयाचंद सोनी ने की।

संगीत सभा में ठाकुर परमहंस देव के भजन प्रस्तुत करते हुये श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इसके पूर्व तबले पर साथ दे रहे आर.के.बोस ने भी अहीर भैरवी में चलो मन जाय घर अपने तथा चलत लाल गोपाल अंगना आदि प्रस्तुत किये। इस अवसर पर प्रो. जीवन भट्टाचार्य ने भी भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में शांतिपीठ के आर. के. पोखरना ने अंगवस्त्र निमित राशि एवं श्रीफल से मुख्य अतिथि का सम्मान किया जबकि नारायण त्रिवेदी एवं एडवोकेट प्रकाशन पानेरी ने अन्य अतिथियों का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। पंडित ललिता शंकर दवे ने स्वस्ति वाचन किया।

दैनिक नवज्योति
20 फरवरी, 2001

रामकृष्ण परमहंस के विचार ही मानवता के रक्षक

उदयपुर, 19 फरवरी (न्यूज सर्विस)। विज्ञान एवं तकनीकी के खतरों और हिंसक व भोगवादी प्रवृत्ति से समाज की रक्षा श्रीरामकृष्ण परमहंस के विचारों की अनुपालना से हो सकती है। तेजी से बदलती परिस्थितियों में आज आवश्यकता है वैश्विक समन्वय और जीवन को ध्यय देने की, जिसकी पूर्ति अध्यात्म ही कर सकता है तथा साधना एवं भक्ति समग्र मानवता का उत्थान कर सकती है। यह विचार श्रीरामकृष्ण परमहंस की 165 वीं जयन्ती के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा संस्थान के सभागारन में आयोजित सत्संग संगोष्ठी एवं भक्ति संगीत सभा में व्यक्त किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोलकता से आए विख्यात कलाकार एवं रामकृष्ण-विवेकानन्द के भजन गायक डॉ. श्यामल भट्टाचार्य थे, जबकि विशिष्ट अतिथि आरएसएमएम के प्रबन्ध निदेशक के.एस. मणि थे। कार्यक्रम का प्रथम पक्ष विचार गोष्ठी का रखा गया तथा द्वितीय पक्ष में डॉ. भट्टाचार्य एवं उनके साथ आए कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई वो करीब दो घंटे तक चली।

संगीत प्रस्तुत करने से पूर्व डॉ. श्यामल भट्टाचार्य ने मानवता के कष्टों के निवारण में संगीत एवं भजनों की महत्ता प्रतिपादित की और कहा कि मन की निर्मलता ही प्रभु के निकट ले जाती है एवं श्रीरामकृष्ण का भक्तिभाव इस विधा का महत्वपूर्ण अभिकरण हो सकता है। गोष्ठी में इस बात को रेखांकित किया गया कि रामकृष्ण ने धर्म के सभी मुख्य मार्गों से साधना कर ईश्वर प्राप्ति का मार्ग सुझाया और समभाव का संदेश दिया। गोष्ठी में मोहन सिंह कोठारी, वरिष्ठ पत्रकार ओंकारश्री ने विचार व्यक्त किए, जबकि अध्यक्षता शिक्षाविद् एवं समाजवादी चिन्तक दयालचन्द सोनी ने की। प्रारभ में डॉ. भट्टाचार्य ने परमहंस के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित किया। मुख्य अतिथि का परिचय आर.के. बोस ने दिया। अतिथियों का माल्यार्पण अनन्त गणेश त्रिवेदी और इन्द्रदेव जोशी ने किया, जबकि कार्यक्रम का संयोजन डॉ. एल.एल. नागदा ने किया। संस्थान के महासचिव अनन्त त्रिवेदी ने कहा कि आध्यात्मिक आश्रम में रहकर शान्ति, निशस्त्रीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान में संस्थान संलग्न है तथा रामकृष्ण की विचारधारा से प्रेरित यह विज्ञान एवं अध्यात्म के आधारभूत तत्वों के समन्वय एवं जनकल्याण हेतु इसके कार्यान्वयन के लिए सतत तत्पर है। संगीत सभा में ठाकुर रामकृष्ण परमहंस के भजन प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत २०५७, फाल्गुन कृष्ण, त्रयोदशी, मंगलवार २० फरवरी २००१

'आध्यात्म, भक्ति से ही मानवता का उत्थान'

नगर संवाददाता

उदयपुर, 19 फरवरी। विज्ञान तकनीकी के खतरों और हिंसक व भोगवादी प्रवृति में समाज की रक्षा श्रीरामकृष्ण परमहंस विचारों की अनुपालना से हो सकती है, तेजी से बदलती परिस्थितियों में आज आवश्यकता है वैश्विक समन्वय और जीवन को ध्येय देने की, जिसकी पूर्ति आध्यात्म साधना एवं भक्ति ही समग्र मानवता का उत्थान कर सकती है।

ये विचार रविवार को श्रीरामकृष्ण परमहंस की 165वीं जयंती के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा संस्थान सभागार में आयोजित सत्संग संगोष्ठी एवं भक्ति संगीत सभा में व्यक्त किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोलकाता से आए विख्यात कलाकार डा. श्यामल भट्टाचार्य थे, जबकि विशिष्ट अतिथि राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स के प्रबंध निदेशक के.एस. मणि थे।

कार्यक्रम का प्रथम पक्ष विचार गोष्ठी का रखा गया तथा द्वितीय पक्ष में डा. भट्टाचार्य एवं उनके साथ आए कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई, जो करीब दो घंटे तक चली। संगीत प्रस्तुत करने से पूर्व डा.भट्टाचार्य ने अपने उद्बोधन में मानवता के कष्टों के निवारण में संगीत एवं भजनों की महत्ता प्रतिपादित की।

गोष्ठी में मोहनसिंह कोठारी, वरिष्ठ पत्रकार ओंकारश्री ने विचार व्यक्त किए, जबकि अध्यक्षता समाजवादी चिंतक दयालचंद सोनी ने की। कार्यक्रम का संयोजन डा. एल.एल. नागदा ने किया। आरंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि आध्यात्मिक आश्रय में रहकर शांति, नि:शस्त्रीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान में संस्थान संलग्न है।

संगीत सभा में ठाकुर परमहंस देव के भजन प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इसके पूर्व तबले पर साथ दे रहे आर.के. बोस ने भी अहीर भैरवी में चलो मन जाय घर अपने तथा चलत लाल गोपाल अंगना आदि प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रो. जीवन भट्टाचार्य ने भी भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में शांतिपीठ के आर.के. पोखरना ने अंगवस्त्र निमित राशि व श्रीफल से मुख्य अतिथि का सम्मान किया, जबकि नारायण त्रिवेदी व एडवोकेट प्रकाश पानेरी ने अन्य अतिथियों का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। पंडित ललिताशंकर दवे ने स्वस्तिवाचन किया।

उदयपुर
Rashtradoot
उदयपुर मंगलवार 20 फरवरी 2001

साधना एवं शक्ति समग्र मानवता का उत्थान कर सकती है

(कार्यालय संवाददाता)

उदयपुर, 19 फरवरी। विज्ञान तकनीकी के खतरों और हिंसक व भोगवादी प्रवृत्ति से समाज की रक्षा श्रीरामकृष्ण परमहंस विचारों की अनुपालना से हो सकती हैं, तेजी से बदलती परिस्थितियों में आज आवश्यकता है वैश्विक समन्वय और जीवन को ध्येय देने की जिसकी पूर्ति आध्यात्म साधना एवं भक्ति ही समग्र मानवता का उत्थान कर सकती हैं।

ये विचार रविवार को श्रीरामकृष्ण परमहंस की 165 वीं जयन्ती के अवसर पर शान्तिपीठ द्वारा संस्थान के सभागार में आयोजित सत्संग संगोष्ठी एवं भक्ति संगीत सभा में व्यक्त किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलकता से आये विख्यात कलाकार एवं रामकृष्ण विवेकानन्द के भजन गायक डा. श्यामल भट्टाचार्य थे। जबकि विशिष्ठ अतिथि राजस्थान स्टेट माइन्स एण्ड मिनरल्स के प्रबन्ध निदेशक के. एस. मणि थे। कार्यक्रम का प्रथम पक्ष विचार गोष्ठी का रखा गया तथा द्वितीय पक्ष में डा. भट्टाचार्य एवं उनके साथ आए कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई जो करीब दो घण्टे तक चली।

संगीत प्रस्तुत करने से पूर्व डा. श्यामल भट्टाचार्य ने अपने उद्बोधन में मानवता के कष्टों के निवारण में संगीत एवं भजनों की महत्ता प्रतिपादित की। आपने कहा कि मन की निर्मलता ही प्रभु के निकट ले जाती हैं एवं श्रीरामकृष्ण का भक्तिभाव इस विधा का महत्वपूर्ण अभिकरण हो सकता हैं।

गोष्ठी में इस बात को रेखांकित किया गया कि रामकृष्ण ने धर्म के सभी मुख्य मार्गो से साधना कर ईश्वर प्राप्ति का मार्ग सुझाया और समभाव का संदेश दिया। गोष्ठी में मोहनसिंह कोठारी वरिष्ठ पत्रकार ओकर श्री ने विचार व्यक्त किये जबकि अध्यक्षता शिक्षाविद एवं समाजवादी चिंतक दयाचंद सोनी ने की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में डा. भट्टाचार्य ने परमहंस के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया। मुख्य अतिथि का परिचय आर. के. बोस ने दिया। अतिथियों का माल्यार्पण अनंत गणेश त्रिवेदी और इन्द्रदेव जोशी ने किया जबकि कार्यक्रम का संयोजन डा. एल. एन. नागदा ने किया। आरम्भ में अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आध्यात्मिक आश्रय में रहकर शान्ति निःशस्त्रीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान में संस्थान संलग्न हैं।

संगीत सभा में ठाकुर परमहंसदेव के भजन प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। आपने न मैं रुप देखता हूं, न मैं नाम देखता हूं, मैं तो जहां देखता हूं वहीं श्याम देखता हूं, वहीं राम देखता हूं इस भजन से श्रोता तन्मय हो गये जबकि अन्य भजन का मुखडा था सीताराम सीताराम सीताराम कहिये, जाही विधि राखे राम, ताहि विधि रहिये। इसके पूर्व तबले पर साथ दे रहे आर. के. बोस ने भी अहीर भैरवी में चलो मन जाय घर अपने तथा चलत लाल गोपाल अंगना आदि प्रस्तुत किये। इस अवसर पर प्रो. जीवन भट्टाचार्य ने भी भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में शान्तिपीठ के आर. के. पोखरना ने अंगवस्त्र निमित राशि व श्रीफल से मुख्य अतिथि का सम्मान किया जबकि नारायण त्रिवेदी व एडवोकेट प्रकाशन पानेरी के अन्य अतिथियों का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। पंडित ललिता शंकर दवे ने स्वस्ति वाचन किया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ समारोह का समापन हुआ।

राजस्थान
पत्रिका
उदयपुर,20फरवरी 2001

रामकृष्ण परमहंस ने समभाव का संदेश दिया

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 19 फरवरी। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने धर्म के सभी मुख्य मार्गों से साधना कर ईश्वर प्राप्ति का मार्ग सुझाया और समभाव का संदेश दिया।

ये विचार रविवार को श्रीरामकृष्ण परमहंस की 165वीं जयन्ती पर शान्तिपीठ संस्थान द्वारा आयोजित एक सत्संग संगोष्ठी एवं भक्ति संगीत सभा में कलकत्ता से आए भजन गायक डॉ. श्यामल भट्टाचार्य ने सोमवार को व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. भट्टाचार्य एवं उनके साथी कलाकारों की संगीतमय प्रस्तुति से श्रोता रसविभोर हो गए। विशिष्ट अतिथि राजस्थान माईन्स एण्ड मिनरल्स के प्रबन्ध निदेशक के.एस. मणि थे। कार्यक्रम का प्रथम पक्ष विचार गोष्ठी का था तथा द्वितीय पक्ष में आयोजित संगीतमय प्रस्तुति करीब दो घंटे तक चली। अध्यक्षता शिक्षाविद् एवं समाजवादी चिंतक दयालचंद सोनी ने की।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में डॉ. भट्टाचार्य ने परमहंस के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित किया। मुख्य अतिथि का परिचय आर.के. बोस ने दिया।

अतिथियों का माल्यार्पण इन्द्रदेव जोशी ने किया जबकि कार्यक्रम का संयोजन डॉ. एल.एल. नागदा ने किया। संस्थान के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आध्यात्मिक आश्रय में रहकर शान्ति, निःशस्त्रीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान में संस्थान संलग्न है।

प्रातःकाल
फाल्गुन कृष्णा 13 मंगलवार दिनांक 20 फरवरी 2001



रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर भजन प्रस्तुत करते कलाकार।

रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर सत्संग संगोष्ठी

उदयपुर, 19 फर. (नसं.)। श्री रामकृष्ण परमहंस की 165वीं जयंती पर शांतिपीठ संस्थान के सभागार में सत्संग संगोष्ठी एवं भक्ति संगीत सभा आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए रामकृष्ण, विवेकानंद के भजन गायक डॉ. श्यामल भट्टाचार्य (कोलकाता) ने कहा कि विज्ञान तकनीकी के खतरों और हिंसक व भोगवादी प्रवृत्ति से समाज की रक्षा परमहंस के विचारों की अनुपालना से ही संभव है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद दयाचंद सोनी ने की एवं विशिष्ट अतिथि राजस्थान स्टेट माइंस एण्ड मिनरल्स के प्रबंधक निदेशक के. एस. मणि थे। गोष्ठी में इस बात को रेखांकित किया गया कि रामकृष्ण ने धर्म के सभी मुख्य मार्गों से साधना कर ईश्वर प्राप्ति का मार्ग सुझाया और समभाव का संदेश दिया। गोष्ठी में मोहन सिंह कोठारी एवं पत्रकार ओकर श्री ने भी विचार व्यक्त किये। अतिथियों का स्वागत संस्थान के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने किया।

संगीत सभा में आर. के. बोस व प्रो. जीवन भट्टाचार्य ने भजन प्रस्तुत किये। अंत में संस्था के आर. के. पोखरना ने मुख्य अतिथि का नारायण त्रिवेदी व प्रकाश पानेरी ने अन्य अतिथियों का स्वागत किया। पं. ललिता शंकर दवे ने स्वस्ति वाचन किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. एल. एल. नागदा ने किया।

रामकृष्ण जयंती कल

उदयपुर, 16 फरवरी। श्री रामकृष्ण परमहंस जयंती समारोह 18 फरवरी रविवार की दोपहर सवा तीन बजे डा. श्यामल भट्टाचार्य द्वारा रामकृष्ण एवं स्वामी विवेकानंद भजनों की संगीतमय प्रस्तुति के साथ मनाया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक दिलीप उपाध्याय के अनुसार शांतिपीठ सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में सत्संग, संगोष्ठी एवं संगीत आराधना के दौरान सर्वधर्म समभाव एवं मानव सेवा यज्ञ के आदर्श प्रेरक श्री रामकृष्ण पर चिंतन होगा।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, रविवार, 20 फरवरी 2000

स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 164वीं जयंती मनाई

उदयपुर, 19 फरवरी (न्यूज सर्विस)। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 164 वीं जयन्ती के अवसर पर शुक्रवार शाम शान्तिपीठ की ओर से उनके दिव्य संदेशों पर विचार गोष्ठी एवं भक्ति संगीत जैसे कार्यक्रम रखे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रामकृष्ण की चिन्तन धारा से जुड़े मोहन सिंह कोठारी ने रामकृष्ण को एक धनीभूत आध्यात्मिक शक्ति बताते हुए कहा कि उन्होंने परमेश्वर की प्राप्ति के सभी रास्तों का जीवन में वैज्ञानिक प्रयोग किया। आरम्भ में कोठारी ने चन्द्रशेखर स्तोत्र का सरस्वर पाठ भी किया। इस अवसर पर सूफी सन्त गनी ने सन्त परम्परा का जिक्र करते हुए मीरा के भजन सुनाए। उन्होंने रामकृष्ण की आध्यात्मिक शक्ति का एक शेर के रूप में स्पष्ट किया "दिल में तू बसा है, सजदा किसे करूं, आंखों में तू बसा है दीदार क्या करूं।"

शान्तिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सन्तों के चरित्र का अवगाहन चित्त की शुद्धि करते हुए जीवन को सकारात्मक बनाता है, इसी प्रकार सन्तों का आश्रम हिंसा ओर अवसाद से मुक्ति का मार्ग सुझाता है। त्रिवेदी ने बताया कि रामकृष्ण ने विविध मार्गों की साधना करते हुए अद्वैत को सिद्ध किया। प्रो. बी.एल. समदानी ने रामकृष्ण पर स्वरचित मुक्तक सुनाए। डॉ. के.डी. शर्मा भक्ति संगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावमग्न किया। लक्ष्मणपुरी ने रामकृष्ण को मां शारदा का अवतार बताया। संगोष्ठी का संयोजन डॉ. एम.एल. नागदा ने किया।

दैनिक नवज्योति ❑ अजमेर, रविवार, 30 जनवरी 2000

पथ साफ हो, सज्जनों का साथ हो तथा संतों का हाथ हो तो जीवन की हर यात्रा सफल

मुरारी बापू ने शांतिपीठ में शांति शोध प्रकल्प का उद्घाटन किया

उदयपुर, 29 जनवरी (न्यूज सर्विस)। मानस मर्मज्ञ मुरारी बापू ने कहा कि पथ साफ हो, सज्जनों का साथ हो और माथे पर सन्त का हाथ हो तो जीवन की हर यात्रा सफल हो जाती है। बापू यहां शान्तिपीठ में शान्ति शोध प्रकल्प का शिलान्यास कर रहे थे।

बापू ने कहा कि आदमी को तीन काम करने चाहिए। खुद के लिए, समाज के लिए, परमात्मा के लिए। खुद की खोज, समाज की सेवा और परमात्मा से प्रेम करने से बेड़ा पार लग जाता है। उन्होंने कहा शान्ति का मार्ग साफ है। जब पथ साफ हो और समाज का साथ हो तो गतिशीलता आ जाती है। उन्होंने कामना की, शान्तिपीठ को हनुमानजी महाराज का संरक्षण प्राप्त हो और यह अपने उद्धेश्यों में पूरी तरह सफल हो।

प्रारम्भ में शान्तिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति के विविध तापों को सहन करता हुआ यह संस्थान अपने उद्धेश्यों की परिप्रेक्ष्य में केवल भूमिका तक ही पहुंचा है। उन्होंने शान्तिपीठ के संरक्षक रहे वैज्ञानिक शिक्षाविद् डॉ. दौलत सिंह कोठारी का स्मरण करते हुए कहा कि डॉ. कोठारी ने विज्ञान को धर्म का अनुगामी बनने की निरन्तर प्रेरणा दी। अनन्त गणेश ने कहा कि यह शोध प्रकल्प विज्ञान और अध्यात्म के समन्वय आधारित अभिक्रम होगा जिससे समाज में आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों का उन्नयन हो। इस अवसर पर उन्होंने मुरारी बापू का शॉल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया और अपने उद्‌गार व्यक्त करते हुए कहा कि मुरारी बापू वांडमय के नूतन अवतरण है। ये अखण्ड ऋषि परम्परा के प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने रामचरित मानस के आधार पर बापू के द्वारा राष्ट्र के नव निर्माण में आध्यात्मिक आन्दोलन की अभिवन्दना की। इस अवसर पर श्रृद्धा स्वरूप राजस्थान माइन्स एण्ड मिनरल के प्रबन्ध निदेशक के.एस. मणि, समाजसेवी घनश्याम सिंह कृष्णावत, मोहन सिंह कोठारी, नारायण त्रिवेदी, एडवोकेट प्रकाश पानेरी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने बापू का माल्यार्पण किया। उद्‌बोधन के पूर्व शान्ति शोध प्रकल्प का शिलान्यास बापू के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। अनुष्ठान पं. बालकृष्ण शास्त्री, आचार्य राधा गोविन्द व पं. मुरलीधर जोशी के वेद मन्त्रों के सस्वर पाठ से पूर्ण हुआ।

राष्ट्रदूत उदयपुर 30 जनवरी 2000

शांति का मार्ग साफ है : मोरारी बापू

उदयपुर, 29 जनवरी (कासं)। पथ साफ हो सज्जनों का साथ हो और माथ पर संत का हाथ हो तो जीवन की कोई भी यात्रा सफल हो जाती है। उक्त बात राष्ट्र संत मानस मर्मरु मोरारी बापू न शुक्रवार को शांतिपीठ में 'शांति शोध प्रकल्प' के शिलान्यास के अवसर पर अपने उद्‌बोधन में कहीं। बापू ने कहा आदमी को तीन काम करने चाहिए खुद के लिये, समाज के लिए, परमात्मा के लिये, खुद की खोज, समाज की सेवा और परमात्मा से प्रेम करने से बड़ा पार लग जाता है, उन्होन कहा शांद्धि का मार्ग साफ है। जब पथ साफ हो और समाज का साथ हो तो गतिशीलता आ जाती है। उन्होंने कहा शांतिपीठ को हनुमानजी महाराज का संरक्षण प्राप्त हो और यह अपन उद्देश्यों में पूरी तरह सफल हो।

प्रारंभ में शांतिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति के विविध तापों का सहन करना हुआ यह संस्थान अपने उद्देश्यों के परिप्रेक्ष्य में केवल भूमिका तक ही पहुंचा है।

इस अवसर पर उन्होंने मुरारी बापू का शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्रद्धास्वरुप राजस्थान माइन्स एण्ड मिनरल्स के प्रबंध निदेशक के. एस. मणि, समाज सेवी घनश्याम सिंह कृष्णावत, मोहन सिंह कोठारी, नारायण त्रिवेदी,

प्रातःकाल रविवार दिनांक 30 जनवरी 2000

बापू ने शांतिपीठ में शोध प्रकल्प का शिलान्यास किया

उदयपुर, 29 जन. (वि)। राष्ट्रीय सन्त मुरारी बापू ने शुक्रवार को शान्ति पीठ में शान्ति शोध प्रकल्प का शिलान्यास किया।

समारोह में बापू ने कहा कि आदमी को तीन काम करने चाहिये खुद के लिए, समाज के लिए एवं परमात्मा के लिए। खुद की खोज, समाज की सेवा और परमात्मा से प्रेम करने से बेड़ा पार लग जाता है।

प्रारंभ में शांतिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश द्विवेदी ने संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुरारी बापू का शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में आर.एस.एम.एम. के प्रबंध निदेशक के. एस. मणि, घनश्यामसिंह कृष्णावत, मोहनसिंह कोठारी, नारायण त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।

पत्रिका
उदयपुर, 30 जनवरी 2000

पत्रिका



उदयपुर में शुक्रवार रात शांतिपीठ में शांति शोध प्रकल्प के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए मुरारी बापू

'शांति शोध प्रकल्प' का शिलान्यास

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 29 जनवरी। राष्ट्र संत मुरारी बापू ने कहा है कि पथ साथ हो, सज्जनों का साथ हो और माथे पर संत का हाथ हो तो जीवन की हर यात्रा सफल हो जाती है। मुरारी बापू शुक्रवार को यहां शांतिपीठ में 'शांति शोध प्रकल्प' के शिलान्यास के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। बापू ने कहा कि आदमी को तीन काम करने चाहिए- खुद के लिए, समाज के लिए, परमात्मा के लिए। खुद की खोज, समाज की सेवा और परमात्मा से प्रेम करने से बेड़ा पार लग जाता है। उन्होंने कहा कि शांति का मार्ग साफ है। जब पथ साथ हो और समाज का साथ हो तो गतिशीलता आ जाती है। शांतिपीठ को हनुमानजी महाराज का संरक्षण प्राप्त हो और यह अपने उद्देश्यों में पूरी तरह सफल हो। प्रारम्भ में शांतिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति के विविध तापों को सहन करता हुआ यह संस्थान अपने उद्देश्यों के परिप्रेक्ष में केवल भूमिका तक ही पहुंचा है। उन्होंने कहा कि शांतिपीठ के संरक्षक रहे वैज्ञानिक शिक्षाविद् डा. दौलत सिंह कोठारी ने विज्ञान को धर्म का अनुगामी बनने की निरन्तर प्रेरणा दी। अनन्त गणेश ने कहा कि यह शोध प्रकल्प विज्ञान और अध्यात्म के समन्वय आधारित अभिक्रम होगा जिससे समाज में आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों का उन्नयन हो। इस अवसर पर उन्होंने मुरारी बापू का शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया और उन्हें नूतन वांगमय के नूतन अवतरण बताया। इस अवसर पर आर.एस.एम.एम. के प्रबंध निदेशक के.एस. मणि, समाजसेवी घनश्याम सिंह कृष्णावत, मोहनसिंह कोठारी, नारायण त्रिवेदी, एडवोकेट प्रकाश पानेरी भी मौजूद थे।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, 30 जनवरी 2000 रविवार

मुरारी बापू ने किया शांति शोध प्रकल्प का शिलान्यास

उदयपुर, 29 जनवरी। संत मुरारी बापू ने शनिवार को शांतिपीठ में शांति शोध प्रकल्प का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में मुरारी बापू का शाल ओढाकर अभिनंदन किया गया। संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी आरएसएमएम

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 21 दिसम्बर 1999

'उत्पादन की सदी के बाद अब आएगी विवेक की सदी'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 20 दिसम्बर। बीसवीं शताब्दी को उत्पादन की सदी कहना चाहिए जबकि 21वीं सदी विवेक की सदी कही जाएगी।

यह विचार समाजसेवी एवं चिंतक मोहन सिंह कोठारी ने गीता जयंती के अवसर पर शांति पीठ में आयोजित संगोष्ठी के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भगवत गीता विवेक का तत्व प्रस्तुत करता है। सामाजिक ढांचे में विवेकपूर्ण परिवर्तन करने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए कहा कि विश्व की भौतिकवादी जीवन शैली परिवर्तन के लिए तैयार नहीं होगी तो युद्ध की परिस्थितियां उत्पन्न होगी।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि नई शताब्दी में शांति और सुरक्षा को तभी आश्वस्त किया जा सकता है जब ज्ञान और विज्ञान में पूर्ण समन्वय हो। अनियंत्रित कामनाओं ने विज्ञान को आत्मघाती बना दिया है जबकि गहराई में विज्ञान आत्म ज्ञान का ही पूरक है। उन्होंने कहा आधुनिक विज्ञान भगवद् गीता को पूरकता के सिद्धान्त का शास्त्र मानता है। आवश्यकता है पारस्परिक पूरकता और समन्वय के दृष्टिकोण को जीवन में अपनाए जाने की। डॉ. ओंकार सिंह राठौड़ ने कहा कि गीता भगवान का गीत है जिसका उद्भव श्रीकृष्ण और अर्जुन के संवाद से है। उन्होंने कहा कि निष्काम कर्म का आचरण मानव का आदर्श आचरण है जिसका पथ प्रदर्शन गीता ही करती है। गीता के श्लोक भारतीय सत्य है जो प्राणी मात्र का कल्याण करते हैं।

समाजसेवी घनश्याम सिंह कृष्णावत ने कहा कि गीता का उद्भव युद्ध भूमि में हुआ। समाज को बुराइयों की जड़ता से मुक्त करने के लिए ही श्रीकृष्ण का अवतरण हुआ। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आणविक अस्त्रों का संग्रहण युद्ध की संभावना को बढ़ाता जा रहा है जिसकी सार्वभौमिक समाधान की आवश्यकता है। गोष्ठी में शिक्षाविद् के.डी. शर्मा, देवी शंकर चौबीसा ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन पंडित मुरलीधर जोशी ने किया।

दैनिक नवज्योति
21 दिसम्बर, 1999

शांति व सुरक्षा ज्ञान-विज्ञान के समन्वय से संभव: त्रिवेदी

उदयपुर, 20 दिसम्बर (न्यूज सर्विस)। शान्ति और सुरक्षा की अनिश्चितता के दौर में आज मानव जाति को ऐसे सिद्धान्त की नितान्त आवश्यकता है, जो भावी जीवन को मंगलमय बनाने की दिशा में पूरी तरह आश्वस्त कर सके यह संदेश निसंदेह श्रीमद गीता ही हो सकता है। विज्ञान के चरम विकास की ओर अग्रसर होने के साथ-साथ विवेक का विकास न होने से समूचे विश्व के सामने अस्तित्व की आशंका खडी हो चुकी है।

यह विचार गीता जयन्ती के अवसर पर शान्ति-पीठ द्वारा आयोजित संगोष्ठी में बोलते हुए कई वक्ताओं ने व्यक्त किये।

समाजसेवी एवं चिन्तक मोहनसिंह कोठारी ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि बीसवीं शताब्दी को उत्पादन की सदी कहना चाहिए, जबकि 21 वीं शताब्दी विवेक की सदी कही जायेगी। उन्होंने कहा 20 वीं शताब्दी के प्रारम्भ में विश्व के सामने हर क्षेत्र में उत्पादन बढाना एक आवश्यकता थी, किन्तु वर्तमान में अस्तित्व को बरकरार रखने में हर स्तर पर विवेक की आवश्यकता है। आने वाली शताब्दी में विवेक की चुनौती होगी।

सामाजिक ढांचे में विवेकपूर्ण परिवर्तन करने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए कहा कि विश्व की भौतिकवादी जीवन शैली परिवर्तन के लिए तैयार नहीं होगी तो परिणामत: युद्ध की परिस्थितियां उत्पन्न होगी।

संगोष्ठी में बोलते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव गणेश त्रिवेदी ने कहा कि नई शताब्दी में शान्ति और सुरक्षा को तभी आश्वस्त किया जा सकता है जब ज्ञान और

गीता जयंती पर संगोष्ठी

विज्ञान में पूर्ण समन्वय हो। अनियंत्रित कामनाओं ने विज्ञान को आत्मघाती बना दिया है जबकि गहराई में विज्ञान आत्मज्ञान का ही पूरक है।

उन्होंने कहा आधुनिक विज्ञान भगवदगीता को पूरकता के सिद्धान्त का शस्त्र मानता है। आश्यकता है पारस्परिक पूरकता और समन्वय के दृष्टिकोण को जीवन में अपनाएं जाने की। त्रिवेदी ने कहा कि गीता आदर्श मार्ग दर्शिका है जिसके अनुसार व्यक्तिगत अभ्यास से चलकर सामूहिक व सामाजिक रुपान्तरण साधन है और कायम हो सकती है।

संगोष्ठी में बोलते हुए डॉ. ओंकारसिंह राठौड ने कहा गीता भगवान का गीत है जिसका उद्भव श्रीकृष्ण और अर्जुन के संवाद से हुआ है। इसका स्मरण अहंकार का नाश करता है। उन्होंने कहा निष्काम कर्म का आचरण मानव का आदर्श आचरण है जिसका पथ प्रदर्शन गीता ही करती है। गीता के श्लोक भारतीय सत्य है जो प्राणी मात्र का कल्याण करते है और ये सिद्धान्त और क्रियाशीलता का सुन्दर समन्वय है।

इस अवसर पर समाजसेवी घनश्याम सिंह कृष्णावत ने कहा कि गीता का उद्भव युद्ध भूमि में हुआ और वे परिस्थितियां जो युद्ध का कारण थी उनके समाधान का लिए हुआ। समाज की बुराइयों की जड़ता से मुक्त करने के लिएही श्रीकृष्ण का अवतरण हुआ। उन्होंने कहा कि विज्ञान की चरम अवस्था युद्ध का कारण बन जाती है। वर्तमान में आणविक अस्त्रों का संग्रहण युद्ध की सम्भावना को बढ़ाता जा रहा है जिसकी सार्वभौमिक समाधान की आवश्यकता है। गोष्ठी में शिक्षाविद के.डी. [illegible]

दैनिक भास्कर

दयपुर, मार्गशीर्ष, शुक्ला चतुर्दशी, विक्रम संवत 2056, मंगलवार 21 दिसंबर 1999

'विश्व के समक्ष अस्तित्व का संकट, गीता ही मोचक'

उदयपुर, 20 दिसंबर। विज्ञान के चरम विकास की ओर अग्रसर होने के साथ विवेक का विकास न होनें से समूचे विश्व के सामने अस्तित्व का संकट हो गया है। शांति और सुरक्षा की अनिश्चितता के दौर में आज मानव जाति को ऐसे सिद्धांत की आवश्यकता है जो जीवन को मंगलमय बनाने की दिशा में पूर्णत: आश्वस्त कर सके, यह पूर्णतया श्रीमद भागवत ही प्रदान कर सकती है।

यह विचार रविवार को गीता जयंती के अवसर पर शांतिपीठ में आयोजित संगोष्ठी में उभरकर आया। समाजसेवी एवं चिंतक मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि 20वीं शताब्दी के प्रारंभ में विश्व के सामने हर क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाना एक आवश्यकता थी, किंतु वर्तमान में अस्तित्व को बरकरार रखे जाने में हर स्तर पर विवेक की आवश्यकता है। आने वाली सदी में विवेक की चुनौती होगी। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत गीता विवेक का तत्त्व प्रस्तुत करती है। संगोष्ठी में बोलते हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि नई शताब्दी में शांति और सुरक्षा को तभी आश्वस्त किया जा सकता है, जब ज्ञान और विज्ञान में पूर्ण समन्वय हो। अनियंत्रित कामनाओं ने विज्ञान को आत्मघाती बना दिया है जबकि गहराई में विज्ञान आत्मज्ञान का ही पूरक है। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान भागवत गीता को पूरकता के सिद्धांत का शास्त्र मानता है।

इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए डा. ओंकारसिंह राठौड़ ने कहा कि गीता भगवान का गीत है, जिसका उद्‌भव श्रीकृष्ण और अर्जुन संवाद से है। उन्होंने कहा कि गीता के श्लोक सत्य हैं जो प्राणीमात्र का कल्याण करते हैं और ये सिद्धांत और क्रियाशीलता का सुंदर समन्वय है। इस अवसर पर समाजसेवी घनश्यामसिंह कृष्णावत ने कहा कि गीता का उद्‌भव युद्धभूमि में हुआ और वे परिस्थितियां जो युद्ध का कारण थीं, उनके समाधान के लिए हुआ। गोष्ठी में शिक्षाविद के.डी. शर्मा एवं देवीशंकर चौबीसा ने भी विचार व्यक्त किए। गोष्ठी का संचालन पंडित मुरलीधर जोशी ने किया।

दैनिक नवज्योति

20 फरवरी, 1999

आध्यात्मिक परम्परा बचा सकती है समाज को

उदयपुर, 19 फरवरी (न्यूज सर्विस)। स्वार्थ व दुष्कामनाओं से अभिप्रेरित अध: पतन की ओर जाते समाज को विशुद्ध आध्यात्मिक परम्परा ही बचा सकती है। आवश्यकता है आज रामकृष्ण-विवेकानन्द जैसी आदर्श गुरू-शिष्य परम्परा की समाज में पुर्नस्थापना की जाए। आत्म स्वरूप की खोज सारे धर्मो का मूल ध्यये है जिसे रामकृष्ण ने चरितार्थ किया, और वे वर्तमान समाज का संदेश बन गए। उक्त विचार स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयन्ती के अवसर पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित सत्संग-संगोष्ठी में अनेक वक्ताओं ने व्यक्त किए।

सर्वधर्म सानन्द के मार्गदृष्टा "श्री रामकृष्ण परमहंस" विषयक आयोजित समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉ. विनया पैण्डसे ने कहा कि जीवन में मूल्यों की स्थापना करने की पहल बड़ों को ही करनी होती है, भारतीय संस्कृति का इतिहास इसका प्रमाण है। उन्होंने रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानन्द के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि रामकृष्ण ने शिष्य के निर्माण में स्वयं पहल की। डॉ. पैण्डसे ने कहा कि नए समाज और राष्ट्र के निमार्ण के लिए विवेकानन्द की तरह स्फटिक व पारदर्शी युवा समाज की आवश्यकता है सो समाज की अच्छाईयों का वाहक बन सकें। प्रारम्भ में चिंतक व पूर्व प्रशासनकि अधिकारी मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि रामकृष्ण का अवतरण स्वयं योगेश्वर कृष्ण की घोषणा के अनुरूप धर्मग्लानी के काल में ही हुआ और वह स्वार्थ और भोगवाद के अंधकार में डूबते समाज के लिए प्रकाश बना।

इस अवसर पर शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आत्म स्वरूप का ज्ञान सारे धर्मों को एकात्मता की ओर ले जाता है, इसका अभाव ही अलगाव पैदा करता है। उन्होंने बौद्धिक और आत्मिक दोनों ओर उन्नति करने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए कहा कि आत्मिक उन्नति के अभाव में बौद्धिक उन्नति समाज में कलह का कारण बनता है। अध्यक्षता करते हुए राज वैद्य राधागोविन्द आचार्य ने कई संस्कृत श्लोकों के उद्धरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि जगदीश और जगत का भेद अज्ञान है। अज्ञान का नाश ज्ञान की यात्रा से ही सम्भव है और वहीं जाकर समाज में एकता व शान्ति की स्थापना करती है।

संगोष्ठी में महाराणा संस्कृत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र मिश्र ने गुरू शिष्य की परम्परा से नई पीढ़ी को जोड़ने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि आस्तिक समाज में नास्तिकता को बढ़ोत्तरी आध्यात्मिक परम्परा को अपनाने से ही रोकी जा सकती है। वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने विवेकानन्द के शिकागो व्याख्यान की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने सर्वप्रथम अनेकता में एकता के सिद्धान्त को ही प्रतिपादित किया। सक्सेना ने मानवोचित जीवन के लिए सर्वधर्म समभाव को रेखांकित किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 15 दिसम्बर 1998

महेश्वरानन्द का एकाग्रता संगोष्ठी में संबोधन, अमरखजी में शिवाभिषेक

[सांस्कृतिक संवाददाता]

उदयपुर, 14 दिसम्बर। वेदांत योग वेत्ता परमहंस स्वामी महेश्वरानन्द पुरी ने सोमवार को यहां निम्बार्क महाविद्यालय में एकाग्रता संगोष्ठी को संबोधित किया और अमरख महादेव में शिवाभिषेक किया।

निम्बार्क महाविद्यालय के द्वारिकाधीश सभागार में अपने अध्यात्मिक संबोधन में उन्होंने कहा कि मानसिक एकाग्रता सफलताओं का सोपान है। बाह्य प्रभावों से आक्रांत व्यक्ति भय तथा विकृत चिन्तन से ग्रसित होकर अपने में विधमान महाशक्तियों को ध्वस्त कर लेता है। इसी से समष्टि और व्यष्टि को संतुष्टि कर उसके पथ को प्रशस्त कर सकता है।

प्रारंभ में मेवाड़ महामंडलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने अन्तःकरण की शुद्धता के लिए योग प्रक्रिया का विवेचन करते हुए कहा कि देह शुद्धि, मनोशुद्धि, बुद्धि एवं इंद्रियों की शुद्धि के पश्चात किया गया योग ही फलश्रुतियों को प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि योग को सहज योग के संदर्भ में मानकर सद्गुरु के आज्ञानुवरत से अभ्यास निरत होना चाहिए। उन्होंने बताया कि निम्बार्क महाविद्यालय में सैद्धान्तिक योग शिक्षा के साथ आचरण एवं अनुपालन की दीक्षा भी देने की योजना तैयार की जा रही है। एकाग्रता संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए स्वामी माधवानन्द पुरी ने कहा कि साधु संगत, सेवावृत्ति एवं दयाभावों से व्यक्ति को स्वतः ही सहज योग प्राप्त हो जाता है। स्वामी ने कहा कि प्रबल इच्छा शक्ति से किया गया प्रत्येक कार्य योग ही है। संचालन प्रो. खेमराज पालीवाल ने किया। आभार रमेश राजपुरोहित ने जताया तथा स्वागत हनुमान सहाय शर्मा एवं ए.के. दवे ने किया।स्वामी महेश्वरानन्द अपने गुरुस्वामी माधवानन्द महाराज तथा भारतीय एवं योरोपीय शिष्य समुदाय के साथ अपरान्ह अमरखजी पहुंचे और वहां शिवाभिषेक किया। वे देववन स्थली अमरखजी एवं पुरातन शिव मंदिर का अवलोकन कर कहा योग साधना का यह सर्वोत्तम केन्द्र के रूप में विकसित हो सकता है और इसमें हमारा पूर्ण सहयोग प्रस्तुत है। उन्होंने अमरखजी [शिवप्रतिमा] की महिमा बताते हुए कहा कि चारों मुख सूर्य, ब्रह्मा, विष्णु और महेश हैं तथा उपर उठा लिंग, लिंग नहीं स्वयंभू शिव है जो अजन्मा अमर है, यह ब्रह्माण्ड का द्योतक है। योनि पृथ्वी है। उन्होंने शिवलिंग और पृथ्वी तत्व को गहराई से समझने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

हठ योग के संबंध में स्वामी ने बताया कि 'ह' चन्द्रमा को इंगित करता है तथा 'ठ' सूर्य को। यही इड़ा और पिंगला नाड़ियों को मिलाकर हठयोग में सिद्धि प्राप्त करने का मार्ग है। उन्होंने पातंजलि के अष्टांग योग पर प्रकाश डाला और कहा कि बुद्धि व भक्ति को जोड़ने से ही सिद्धि व शान्ति प्राप्त की जा सकती है। भक्ति के अभाव में यह संभव नहीं है।इससे पूर्व अमरखजी संरक्षण मंडल, शान्तिपीठ के महासचिव गणेश त्रिवेदी ने योग विद्या को शिक्षा का हिस्सा बनाए जाने में स्वामी की पहल के लिए आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षा का अंतिम लक्ष्य योग में पूर्ण होता है। व्यक्ति की क्रिया में नैतिकता का संचरण योग से ही संभव है। त्रिवेदी ने अमरखजी के ऐतिहासिक महत्व को बताते हुए यहां की भावी योजना पर प्रकाश डाला।

प्रारंभ में पूर्व प्रधान किशन त्रिवेदी, उपप्रधान बंशीलाल कुम्हार, गमेरलाल व्यास, संतोष चित्तौड़ा, श्रीकृष्ण धायभाई, फतेहलाल डांगी, मोहन मेनारिया आदि के साथ ही कई ग्रामों के व नगर के विशिष्ठ लोगों ने माल्यार्पण कर स्वामी का स्वागत किया। धन्यवाद कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम सिंह कृष्णावत ने किया। संचालन वरिष्ठ एडवोकेट प्रकाश पानेरी ने किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 1 दिसम्बर 1998

गीता जयंती मनाई, श्रद्धालुओं ने एकादशी उद्यापन किया

[सांस्कृतिक संवाददाता]

उदयपुर, 30 नवम्बर। धनुर्धारी अर्जुन को किंकर्त्तव्यमिमूढ़ देख ईश्वरीय माध्यम बनने के लिएं प्रेरणादायी भगवान श्रीकृष्ण की तार्किक उक्तियों के संग्रह 'श्रीमद् भागवत गीता' की जयंती यहां विभिन्न संस्थाओं की ओर से सोमवार को समारोहपूर्वक मनाई गई। इसी दिन मोक्षदा एकांदशी होने से श्रद्धालुओं ने व्रतोपवास रखा, उद्यापन करने वालों ने रात्रि जागरण दिए और मंगलवार सुबह प्रसादी की जाएगी।

मेवाड़ महामण्डलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने निम्बार्क संस्थान स्थल में आयोजित गीता जयंती समारोह में कहा कि गीता मानसिक द्वंद्व का उत्कृष्ट समाधान है। गीता के विचारों ने ही महापुरुषों को सम्बल प्रदान किया। इन्हीं महापुरुषों ने राष्ट्रीय स्वातंत्र को शंखनाद प्रदान किया। तिलक, गांधी, गोखले, विनोबा, महामना मालवीय आदि गीता से ही प्रेरित हुए। शास्त्री ने कहा कि कर्मयोग पर तो सभी जगह, सभी शास्त्रों, सभी दर्शनों, विचारधाराओं में दिशा बोध दिया गया है, किन्तु निष्काम कर्मयोग विश्व मानवता को गीता की अनूठी देन है। भक्ति ज्ञान और कर्मयोग के समन्विय स्वरूप से ही मानव विजय श्रीवरण करता है और अपने जीवन को धन्य बनाता है। इस अर्थ में व्यापक स्तर पर गीता के सत्संग तथा गीता का संदेश घर-घर पहुंचाया जाना चाहिए।

इस अवसर पर आरम्भ में आश्रम स्थल में योगेश्वर श्रीकृष्ण तथा गीता सुग्रन्थ की अर्चना की गई। प्रो. सुरेन्द्र द्विवेदी ने कहा गीता मानव समस्याओं का पवित्र समाधान है। प्रो. जगदीश ठाकुर ने विवेकानन्द, राधाकृष्णन आदि को गीता की देन बताया है। इस अवसर पर रमेश राजपुरोहित, चंचल शर्मा, अविनाश, वनिता शर्मा सहित अनेक छात्राध्यापकों ने भी विचार व्यक्त किए।

गीता जयंती पर शांतिपीठ में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि गीता का विज्ञान समस्या ग्रस्त विश्व के लिए न केवल समाधान कारक है अपितु मानव मात्र के लिए, मानव मात्र के कल्याण और विश्व के मंगलमय भविष्य निर्माण का महामंत्र है। बशर्ते इसे आत्मसात करने की खुले मन से चेष्ठा की जाए। पूर्व प्रशासनिक अधिकारी व चिंतक मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि गीता हमारे राष्ट्र की पहचान है तथा सांस्कृतिक विरासत है। इसे सम्प्रदाय तक सीमित करना अपने आपके प्रति अन्याय करना होगा। कोठारी ने आरम्भ में स्तुति गान किया। काजी अशरफ महमूद का बालकृष्ण के प्रति वात्सल्य भाव मय भजन गाकर सुनाया। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. एस.एन. जोशी ने की व कहा कि गीता अपने आप के प्रति पूर्ण समन्वय स्थापित करने का ग्रंथ है।

गीता संदेश पर शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि जाति वर्ग, सम्प्रदाय और क्षेत्रीयता से ऊपर उठकर आत्मखोज की चेतना है।

गीता, जो वर्तमान परिवेश में विश्व समाज को नई राह दे सकती है। उन्होंने कहा कि गीता के आधुनिक वैज्ञानिकों ने पूरकता के सिद्धांतों के प्रतिपादित करने वाला विज्ञान कहा, जो दो अतिरेकें का समन्वय करता है। डा. जे.सी. दुबे, डा. बी.एल समदानी, जे.एस. सुवालका ने भी विचार व्यक्त किए।

धर्म प्रचार समिति द्वारा बाईजीराज के कुण्ड पर महत्व राधावल्लभ शरण देवाचार्य की अध्यक्षत में आयोजित गीता जयंती समारोह में संस्थापक मनोहरलाल मूंदड़ा ने कहा कि भक्ति एवं ज्ञानयुक्त कर्म ही मनुष्य को देवत्व की ओर ले जाता है। संकल्पयुक्त कर्म निश्चित रूप से उसके अनुरूप फल प्रदान करता है।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, मार्गशीर्ष शुक्ला द्वादशी विक्रम संवत 2055, मंगलवार 1 दिसंबर 1998

जयंती पर कई आयोजन

गीता हमारे राष्ट्र की पहचान

उदयपुर, 30 नवंबर (भाससे-)। गीता जयंती के अवसर पर सोमवार को विभिन्न स्थानों पर गोष्ठियां आयोजित हुईं।

इस अवसर पर गुमानिया वेला स्थित शांतिपीठ में एक गोष्ठी में बोलते हुए सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि गीता हमारे राष्ट्र की पहचान को किसी एक संप्रदाय तक सीमित करना अपने आप के प्रति अन्याय करना होगा। गोष्ठी में संस्था के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि जाति, वर्ग संप्रदाय से ऊपर उठकर आत्मा की खोज की चेतना ही गीता है, जो वर्तमान परिवेश में विश्व को नई राह दे सकती है। गोष्ठी में प्रोफेसर एस.एन. जोशी ने भी विचार रखे।

निम्बार्क संस्थान में आयोजित गीता ग्रंथ की पूजा के बाद प्रवचन देते हुए महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि गीता के विचारों ने ही महापुरुषों को संबल प्रदान किया। तिलक, गांधी, गोखले, विनोबा आदि गीता से ही प्रेरित हुए। गोष्ठी को प्रो. सुरेंद्र द्विवेदी ने भी संबोधित किया। धर्म प्रचार समिति की ओर से बाईजी राज के कुंड पर गीता जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समिति के मनोहरलाल मूंदड़ा ने कहा कि श्रीकृष्ण द्वारा दिया गया गीता ज्ञान आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना वह महाभारत काल में था। महंत राधावल्लभ शरण ने कौरवों, पांडवों एवं भीष्म पितामह के विचारों पर प्रकाश डाला।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 18 फरवरी, 1998

रामकृष्ण परमहंस जयंती आज

[सांस्कृतिक संवाददाता]

उदयपुर, 17 फरवरी। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 162वीं जयंती बुधवार को समारोहपूर्वक मनाई जाएगी। शांतिपीठ की ओर से अपरान्ह में सर्वधर्म संवर्द्धन समारोह मनाया जाएगा जबकि धर्म प्रचार समिति शाम को संगोष्ठी आयोजित करेगी। विभिन्न विद्यालयों में भी यह समारोह होगा। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी के अनुसार संस्था के गुमानिया नाला स्थित कार्यालय पर युगहाष्टा की जयंती पर मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री की अध्यक्षता में समारोह होगा।

इसमें संत प्रवर्तक रूपमुनि महाराज, भुवनेश मुनि, सूफी संत अब्दुल गनी, जांगीर, थियोसोफिकल सोसायटी के मोहम्मद हैदरी व अन्य प्रबुद्ध वक्ता विषय पर अपने विचार रखेंगे।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, सोमवार, 14 जुलाई 1997

भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन विश्व भर में अद्वितीय रहा-त्रिवेदी

भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन विश्व भर में ऐतिहासिक व अद्वितीय है। स्वाधीनता का समग्र अभियान आध्यात्मिक आश्रय में चला और विश्व समुदाय के लिये मानव मुक्ति की चेतना का शाश्वत संदेश बना। यही कारण है कि भारत की आजादी के संग्राम का इतिहास सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणास्पद हैं।

न्यूज सर्विस
उदयपुर, 13 जुलाई।

गत पचास वर्षों में हुई देश की उन्नति और इस काल यात्रा के विविध आयाम हमारे सम्मुख हैं, जिनकी समीक्षा और भविष्य का बोध हम एकाकी होकर नहीं अपितु विश्व के बदलते परिप्रेक्ष्य में ही कर सकते है। और हमारी चिन्तन परम्परा का विधान भी यही रहा है।

उक्त विचारों की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय आदर्श एवं आध्यात्मिक चैतन्य जाग्रत करने के उद्देश्य से शांति पीठ स्वाधीनता की स्वर्ण जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम ''आध्यात्मिक भारत का नवोदय'' शीर्षक के अन्तर्गत आयोजित करेगा।

यह जानकारी देते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बताया कि विश्व शांति के संदर्भों में भारत का पुनरोदभव विषयान्तर्गत शांतिपीठ ने देश भर में गंभीर चिंतन और बहस की दरूरत महसूस की और देश के प्रमुख चिन्तकों, दार्शनिकों, कलाविदों, इतिहासवेत्ताओं, वैज्ञानिकों तथा समाज सरिता से जुडे अन्य विशिष्ट व्यक्तियों से विचार आमंत्रित किए है। वैचारिक मंथन की उपलब्धि एवं परिस्कृत चिन्तन को वर्ष के अन्त में ''नवजागरण का राज मार्ग'' शीर्षक से प्रकाशित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि फरवरी 98 में उदयपुर में एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। आजादी की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में चलने वाले कार्यक्रम, संगोष्ठी, परिसंवाद, सम्मेलन, शिविर, प्रवचन तथा आशुभाषण, विबंधलेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। इन कार्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय एवं स्थानीय समितियों का गठन किया जायेगा। सशक्त राष्ट्र निर्माण की अभिमंशा पूर्ण होने एवं विश्व शांति के उद्देश्य से प्रारम्भ में आदिदेव शिव के प्रसन्नार्थ महारूद्राभिषेक का अनुष्ठान किया जायगा। कार्यक्रमानुसार 8 अगस्त से 14 अगस्त, 1997 तक अमरखजी में महारूद्र अनुष्ठान आयोजित होगा। स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर पूर्णाहूति की जायेगी।

समाचार जगत
जयपुर, मंगलवार 22 जुलाई, 1997

अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक सम्मेलन फरवरी में

समाचार जगत सेवा
उदयपुर, 21 जुलाई

शांतिपीठ संस्था द्वारा फरवरी, 98 में अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बताया कि विश्व शांति के संदर्भों में भारत का पुनरोद्भव विषयान्तर्गत शांतिपीठ ने देश भर में गंभीर चिन्तन और बहस की जरूरत महसूस की है और देश के प्रमुख चिन्तकों, दार्शनिकों, कलाविदों, इतिहासवेत्ताओं, वैज्ञानिकों तथा समाज से जुड़े अन्य विशिष्ठ व्यक्तियों से विचार आमंत्रित किए हैं। वैचारिक मंथन की उपलब्धि एवं परिष्कृत चिन्तन को वर्ष के अन्त में 'नव जागरण का राज मार्ग' शीर्षक से प्रकाशित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आजादी स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में चलने वाले कार्यक्रम, संगोष्ठी, परिसंवाद, सम्मेलन, शिविर, प्रवचन तथा आशु भाषण, निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इन कार्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय राज्य स्तरीय तथा स्थानीय समितियों का गठन चकिया जाएगा। सशक्त राष्ट्र निर्माण की अभिमंशा पूर्ण होने तथा विश्व शांति के उद्देश्य से प्रारम्भ में आदिदेव शिव के प्रसन्नार्थ महारूद्राभिषेक का अनुष्ठान होगा। कार्यक्रमानुसार 8 अगस्त से 14 अगस्त, 97 तक अमरखजी में महारुद्र यज्ञ अनुष्ठान और स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर पूर्णाहूति होगी। अनुष्ठान का आयोजन अमरखजी संरक्षण मंडल द्वारा आयोजित किया जाएगा।

श्री त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन विश्व भर में ऐतिहासिक व अद्वितीय है। स्वाधीनता का समग्र अभियान आध्यात्मिक आश्रय में चला और विश्व समुदाय के लिए मानव मुक्ति की चेतना का शाश्वत संदेश बना। यही कारण है कि भारत की आजादी के संग्राम का इतिहास सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणास्पद है।

गत पचास वर्षों में हुई देश की उन्नति और इस काल यात्रा के विविध आयाम हमारे सम्मुख हैं, जिनकी समीक्षा और भविष्य का बोध हम एकाकी होकर नहीं, अपितु विश्व के बदलते परिवेश के परिप्रेक्ष्य में ही कर सकते हैं और हमारी चिन्तन परम्परा का विधान भी यही रहा है।

श्री त्रिवेदी ने कहा कि उक्त विचारों की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय आदर्श तथा आध्यात्मिक चैतन्य जागृत करने के उद्देश्य से शांतिपीठ स्वाधीनता की स्वर्ण जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम 'आध्यात्मिक भारत का नवोदय' शीर्षक के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित करेगा।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 12 जुलाई, 1997

'आध्यात्मिक भारत का नवोदय' विषयक विभिन्न कार्यक्रम होंगे

[सांस्कृतिक संवाददाता]

उदयपुर, 11 जुलाई। राष्ट्रीय आदर्श एवं आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के उद्देश्य से शांतिपीठ संस्था की ओर से स्वाधीनता की स्वर्ण जयंती पर 'आध्यात्मिक भारत का नवोदय' शीर्षक से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

यह जानकारी शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम आध्यात्मिक आश्रम में चला और निखिल विश्व के समुदाय के लिए मानव मुक्ति चेतना का शाश्वत संदेशकारी सिद्ध हुआ। इस अतीत की विरासत हमारे पास है जिसकी दो विशेषताएं वर्तमान है- जनतंत्र और विज्ञान। चूंकि वर्तमान हमेशा अतीत की परिणिति है और भविष्य इसकी चरितार्थता किंतु क्या वे मौजूदा परिप्रेक्ष्य में विकास के साथ आदर्शों पर कायम है? इस दृष्टि से भारत के पुनरोद्भव विषय पर चिंतन के उद्देश्य से शांतिपीठ ने देश के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध जनों के विचार मांगे हैं। इनको 'नवजागरण का राजमार्ग' शीर्षक से प्रकाशित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रख्यात वैज्ञानिक शिक्षाविद डॉ. दौलतसिंह कोठारी स्मृति व्याख्यानमाला अगले माह आयोजित की जाएगी। 'विश्वशांति के लिए उपमहाद्वीपीय एकता आवश्यक है' विषय पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आगामी फरवरी माह में आयोजित किया जाएगा।

इससे पूर्व अमरख महादेव में विश्व शांति और सशक्त राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से 8 से 14 अगस्त तक महारुद्राभिषेक अनुष्ठान किया जाएगा। यह अनुष्ठान अमरखजी संरक्षण मण्डल की ओर से आयोजित होगा। इसमें विभिन्न वर्गों की भागीदारी रहेगी।

प्रातःकाल

आषाढ़ शुक्ला 7 शनिवार दिनांक 12 जुलाई 1997

अमरखजी में 8 अगस्त से महारूद्र यज्ञ अनुष्ठान

उदयपुर, 11 जुलाई (वि.) । शान्तिपीठ संस्था द्वारा स्वाधीनता की स्वर्ण जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय आदर्श एवं आध्यात्मिक चैतन्य जागृत करने के उद्देश्य से 'आध्यात्मिक भारत का नवोदय' के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे ।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बताया कि आगामी 8 से 14 अगस्त तक समीपवर्ती अमरखजी में महारुद्र यज्ञ अनुष्ठान होगा, जिसकी पूर्णाहुति स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर दी जायेगी । त्रिवेदी ने बताया कि सशक्त राष्ट्र निर्माण, वैश्विक चेतना के उन्नयन और विश्व शांति के संदर्भ में आमंत्रित वैचारिक मंथन एवं चिंतन को वर्ष के अंत में 'नव-जागरण का राज मार्ग' शीर्षक से प्रकाशित किया जायेगा ।

दैनिक नवज्योति

20 फरवरी 1997

अजमेर, जयपुर, कोटा, उदयपुर संस्करण

मानव मात्र की मुक्ति का एक मात्र उपाय भारतीय मनीषियों ने दिया

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 19 फरवरी।

भारतीय मनीषियों ने मानव मात्र की मुक्ति के लिये ऐसा रास्ता खोज कर दिया है जिससे धर्म की विविध अवधारणाओं से चलकर भी एक सनातन तत्व तक पहुंचा जा सकता है जो न केवल आत्म कल्याण की ओर ले जाता है, अपितु सारे समाज को एकता और शांति की शाश्वत दिशा देता है।

यह विचार रामकृष्ण परमहंस की 161 वीं जयन्ति के अवसर पर शांति पीठ द्वारा आयोजित संगोष्ठी -संकीर्तन कार्यक्रम में बोलते हुए कई वक्ताओं ने व्यक्त किये।

समारोह में जोधपुर से आए प्रख्यात संकीर्तनकर्ता पण्डित कृष्ण चन्द्र जोशी ने कीर्तन से सारा वातावरण आनन्द से भर दिया और इससे पूर्व उन्होंने कहा कि सारे अन्तरद्वन्द को मिटा देने से ही एकता की स्थापना संभव है। आज मानव सुख की लिप्सा से भटक रहा है और अर्न्तजगत से रिक्त होता चला जा रहा है। उन्होंने गुरू भक्ति पर भजन प्रस्तुत किया-" सदगुरू से जोत से जोत जगा " जबकि अन्य के बोल थे " बाहर भटके काही थारे सब कुछ है घट माही ।"

दिव्य एकता के प्रेरक राम कृष्ण परमहंस विषयक संगोष्ठी में बोलते हुए सेवा मंदिर के अध्यक्ष मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि परमहंस पिछले तीन हजार वर्षो की आध्यात्मिक साधना के प्रतिपल हैं। पत्रकार एवं पार्षद शशि कांत बनोरिया ने राम कृष्ण के जीवन से जुड़े कई संस्मरण सुनाये और उन्होंने परमहंस देव की मातृ-शक्ति की साधना पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्वाधिकारी एस.एस.राणावत ने कहा कि सदभाव व एकता के आदर्श रामकृष्ण ही हो सकते हैं जिन्होंने कई पंथो से तत्व को आत्मसात कर समाज को दिशा दी।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व में भारत के स्वाधीनता आन्दोलन को संतो ने दिशा दी और सारा अभियान आध्यात्मिक आश्रय से चला और इसीलिये यह विषय दुनिया भर में सर्वाधिक रूचि और शोध का है। उन्होंने कहा रामकृष्ण नई शताब्दी के प्रकाश हैं। उन्होंने विवेकानन्द को सारे जगत में वेदान्त का संदेश देने के लिए प्रस्तुत किया जो एक दिव्य एकता का ही संदेश है। उन्होंने वर्तमान दौर में ऋषि परम्परा को आत्मसात करने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

प्रारम्भ में उबेश्वर महादेव के मोनी दाता ने परमहंस देव के चित्र पर माल्यार्पण किया व दीप प्रज्वलित किया। सेन्ट्रल अकादमी के विद्यार्थियों ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया जबकि इसी विद्यालय के संगीत अध्यापक रफीक भाई ने " आत्म चिन्तन से होगा आत्म परिवर्तन और तब होगा विश्व परिवर्तन" गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। समारोह में पण्डित राम नारायण शर्मा, डाक्टर विनय पेण्डसे, डा. कंचन जैन, पार्षद प्रभूदास पाहुजा आदि कई रामकृष्ण भक्त उपस्थित थे। अध्यक्षता आलोक संस्थान के आचार्य श्याम लाल कुमावत ने की।

जय राजस्थान

उदयपुर, बुधवार 19 फरवरी 1997

भारतीय मनीषियों ने एकता का मार्ग दिखाया

उदयपुर, 18फरवरी। भारतीय मनिषि ने मानव मात्र की मुक्ति के लिए ऐसा रास्ता खोज कर दिया है जिससे धर्म की विविध अवधारणाओं से चल कर भी एक सनातन तत्व तक पहुंचाजा सकता है जो न केवल आत्म कल्याण की ओर से जाता है अपितु सारे समाज की एकता और शान्ति की शाश्वत दिशा देता है।

यह विचार आज राम कृष्ण परमहंस की 161 वीं जयन्ति के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित संगोष्ठी संकीर्तन कार्यक्रम में बोलते हुए कई वक्ताओं ने व्यक्त किए।

समारोह के प्रमुख आकर्षण जोधपुर से आए प्रख्यात संकीर्तनकर्ता पंडित कृष्ण चन्द जोशी थे। पंडित जोशी ने कीर्तन से सारा वातावरण आनन्द से भर दिया और इससे पूर्व उन्होंने कहा कि सारे अन्तराद्वंद्व को मिटा देने से ही एकता ही स्थापना संभव है। आज मानवं सुख की लिप्सा में भटक रहा है और अन्तरजगत से रिक्त होता चला जा रहा है। उन्होंने गुरू भक्ति पर भजन प्रस्तुत किया "सद्गुरू से जोत जगा" जबकि अन्य के बोल थे "बाहर भटके काहीं थारे सब कुछ हे घट माही"

संगोष्ठी में बोलते हुए सेवा मंदिर के अध्यक्ष मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस पिछले3000 वर्षो की आध्यात्मिक साधना के प्रतिफल है। उन्होंने अलग- अलग मार्गो से साधना करके ईश्वर के साक्षात्कार लिए। "उन्होंने ईश्वर की खोज" हेतु से की गई साधना को रेखांकित किया। पत्रकार एवं पार्षद शाशिकांत बनोरिया ने रामकृष्ण के जीवन से जुड़े कई संस्करण सुनाएं और उन्होंने परमहंस देव की मातृ शक्ति की साधना पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्वाधिकारी एस.एस. राणावत ने कहा कि सद्भाव व एकता के आदर्श रामकृष्ण ही हो सकते है जिन्होंने कई पंथों से तत्व को आत्मसात कर समाज को दिशा दी। उन्होंने रामकृष्ण विवेकानन्द के स्मरण सुनाएं।

शान्तीपीठ के संस्थापक सहसचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व में भारत की स्वाधीनता आन्दोलन को संतों ने दिशा दी और सारा अभियान आध्यात्मिक आश्रय से चला और इसलिए यह विषय दुनिया भर में सर्वाधिक रूचि और शोध का है। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण नई शताब्दी के प्रकाश है। उन्होंने विवेकानन्द को सारे जगत में वेदान्त का संदेश देने के लिए प्रस्तुत किया जो एक दिव्य एकता का ही संदेश है। उन्होंने वर्तमान दौर में ऋषि परम्परा को आत्मसात करने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

प्रारम्भ में उबेश्वर महादेव के मोन दाता ने परमहंस के चित्र पर माल्यार्पण किया व दीप प्रज्वलित किया। सेन्ट्रल अकादमी के विद्यार्थियों ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 19 फरवरी , 1997-

रामकृष्ण परमहंस की जयंती मनाई

'भारतीय दार्शनिकों ने मुक्ति का राजमार्ग तलाशा'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 18 फरवरी। भारतीय दार्शनिकों ने मानव मात्र की मुक्ति के लिए ऐसा राजमार्ग खोज कर दिया है जिससे धर्म की विविध अवधारणाओं से चलकर भी एक सनातन तत्व तक पहुंचा जा सकता है, जो न केवल आत्म कल्याण की ओर ले जाता है अपितु सारे समाज की एकता और शान्ति की शाश्वत दिशा देता है।

ये विचार मंगलवार को रामकृष्ण परमहंस की 161वीं जयंती के अवसर पर शान्तिपीठ की ओर से आयोजित संगोष्ठी-संकीर्तन कार्यक्रम में बोलते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किए। जोधपुर से आए संकीर्तनकर्ता पण्डित कृष्णचन्द्र जोशी ने कहा कि सारे अंतर्द्वंद्व को मिटा देने से ही एकता की स्थापना संभव है। आज मानव सुख की लिप्सा में भटक रहा है और अन्तर्जगत से रिक्त होता चला जा रहा है। उन्होंने गुरु भक्ति पर 'सद्गुरु से जोत से जोत जगा' व 'बाहरी भटके काहीं थारे सब कुछ हे घट मांही' भजन प्रस्तुत किए।

'दिव्य एकता के प्रेरक रामकृष्ण परमहंस' विषयक संगोष्ठी में सेवा मंदिर के अध्यक्ष मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस पिछले 3000 वर्षों की आध्यात्मिक साधना के प्रतिफल हैं। उन्होंने अलग-अलग मार्गों से साधना करके ईश्वर के साक्षात्कार लिए। उन्होंने 'ईश्वर की खोज' के लिए की गई साधना को रेखांकित किया। संगोष्ठी में पार्षद शशिकांत बनोरिया ने रामकृष्ण के जीवन से जुड़े कई संस्मरण सुनाए और परमहंस देव की मातृ शक्ति की साधना पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारी एस.एस. राणावत ने कहा कि सद्भाव व एकता के आदर्श रामकृष्ण ही हो सकते हैं, जिन्होंने कई पंथों से तत्व को आत्मसात कर समाज को दिशा दी।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व में भारत के स्वाधीनता आन्दोलन को संतों ने दिशा दी और सारा अभियान आध्यात्मिक आश्रय से चला इसीलिए यह विषय दुनिया भर में सर्वाधिक रुचि और शोध का है। उन्होंने कहा रामकृष्ण नई शताब्दी के प्रकाश हैं। उन्होंने विवेकानन्द को सारे जगत में वेदान्त का संदेश देने के लिए प्रस्तुत किया, जो एक दिव्य एकता का ही संदेश है। उन्होंने वर्तमान दौर में ऋषि परम्परा को आत्मसात करने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

प्रारम्भ में उबेश्वर महादेव के मोनीदाता ने परमहंस देव के चित्र पर माल्यार्पण किया व दीप प्रज्ज्वलित किया। सेंट्रल अकादमी के विद्यार्थियों ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया। जबकि इसी विद्यालय के संगीत अध्यापक रफीक भाई ने 'आत्म चिंतन से होगा आत्म परिवर्तन और तब होगा विश्व परिवर्तन' गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोक संस्थान के संस्थापक श्यामलाल कुमावत ने की।

पत्रिका उदयपुर, 16 फरवरी, 1997

रामकृष्ण परमहंस की जयंती 18 को

उदयपुर, 15 फरवरी [वि.]। शांतिपीठ की ओर से स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 161वीं जयंती 18 फरवरी को समारोहपूर्वक मनाई जाएगी।

भारतीय मनीषियों ने सुझाया मुक्ति का धर्मनिरपेक्ष मार्ग

उदयपुर, 19 फरवरी (वि)। भारतीय मनिषियों ने मानव मात्र की मुक्ति के लिए ऐसा रास्ता खोज कर दिया है जिससे धर्म की विविध अवधारणाओं से चल कर भी एक सनातन तत्व तक पहुंचा जा सकता है जो न केवल आत्म कल्याण की ओर ले जाता है अपितु सारे समाज की एकता और शांति की शाश्वत दिशा देता है।

यह विचार मंगलवार को रामकृष्ण परमहंस की 161वीं जयन्ती के अवसर पर शांति पीठ द्वारा आयोजित संगोष्ठी-संकीर्तन कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने व्यक्त किये।

समारोह के प्रमुख आकर्षण जोधपुर से आए प्रख्यात संकीर्तनकर्ता पण्डित कृष्णचन्द्र जोशी थे। पण्डित जोशी ने कीर्तन से सारा वातावरण आनंद से भर दिया। उन्होंने गुरू भक्ति पर भजन प्रस्तुत किया-''सद्गुरू से जोत से जोत जगा'' जबकि अन्य के बोल थे ''बाहर भटके काहीं थारे सब कुछ है घट माही।''

'दिव्य एकता के प्रेरक रामकृष्ण परमहंस' विषयक संगोष्ठी में सेवा मंदिर के अध्यक्ष मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस पिछले 3000 वर्षों की आध्यात्मिक साधना के प्रतिफल है। पार्षद शशिकांत बनोरिया ने रामकृष्ण के जीवन से जुड़े कई संस्करण सुनायें और उन्होंने परमहंस देव की मातृ-शक्ति की साधना पर प्रकाश डाला। एस.एस. राणावत ने कहा कि सद्भाव व एकता के आदर्श रामकृष्ण ही हो सकते है जिन्होंने कई पंथों से तत्व को आत्मसात कर समाज को दिशा दी।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व में भारत के स्वाधीनता आन्दोलन को संतों ने दिशा दी और सारा अभियान आध्यात्मिक आश्रय से चला और इसीलिये यह विषय दुनिया भर में सर्वाधिक रूचि और शोध का है। प्रारम्भ में उदेश्वर महादेव के मोनीदाता ने परमहंस देव के चित्र पर माल्यार्पण किया व दीप प्रज्जवलित किया। सेन्ट्रल अकादमी के विद्यार्थियों ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया।

प्रातःकाल

माघ शुक्ला 12 मंगलवार दिनांक 18 फरवरी 1997

आज रामकृष्ण परमहंस जयंती

उदयपुर, 17 फर. (वि.) । रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर मंगलवार को शांतिपीठ द्वारा संगोष्ठी एवं संकीर्तन आयोजित किये जाएंगे ।

जोधपुर के पं. कृष्णचन्द्र जोशी यहां सरदारपुरा स्थित शांतिपीठ परिसर में शाम 4 बजे संकीर्तन प्रस्तुत करेंगे व बाद में 'दिव्य एकता के प्रेरक- स्वामी रामकृष्ण' विषयक संगोष्ठी आयोजित होगी । कार्यक्रम उभ्येश्वर के महाराज मोनिदाता के सानिध्य में सम्पन्न होगा ।

पत्रिका उदयपुर, 18 फरवरी , 1997

उदयपुर में आज

■ तकनीकी व कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में अल्ताफ हुसैन व बी.एल. बागोरिया स्मृति स्पर्द्धाएं सुबह 10 बजे।

■ रामकृष्ण परमहंस जयंती पर संगोष्ठी एवं संकीर्तन गुमानियावाला सरदारपुरा स्थित शांतिपीठ कार्यालय पर अपराह्न 4 बजे।

Established 1936

दैनिक नवज्योति

• The Oldest Hindi Daily With Large Circulation in Rajasthan • वर्ष 60, अंक 350 • अजमेर, रविवार 22 दिसम्बर, 1996 • मूल्य दो रुपये पच्चीस पैसे • प्रभात

आचार्यत्व का लोप ही समाज को दिशा-विहीन बना रहा है

उदयपुर, 21 दिसम्बर (न्यूज सर्विस)। असत्य पर विजय और सत्य की संस्थापना के लिये युद्ध भूमि में भगवान कृष्ण के मुख से निकले अमर शब्द हर युग में मानव कल्याण के लिये शास्वत प्रकाश है और इस दर्शन को व्यवहार में लाये जाने पर ही वर्तमान की बहुआयामी समस्याओं से निजात मिल सकती है और वैश्वीकरण तथा शान्ति के यथांत तक पहुंचा जा सकता है।

यह विचार शांतिपीठ द्वारा गीता जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सत्संग-संगोष्ठी कार्यक्रम में वक्ताओं ने व्यक्त किये।

अध्यक्षीय भाषण देते हुए गांधीवादी चिन्तक दयाल चन्दसोनी ने कहा कि सच्चा लोकतंत्र वही है जिसमें जनता शिक्षकों को चुन सकें,मात्र शासकों को नही।वर्तमान में आचार्यत्व का लोप ही समाज को दिशाविहीन बना रहा है। वर्तमान में 'शिक्षा, सामाजिक दशा और गीता संदेश' विषयक संगोष्ठी में बोलते हुए सोनी ने कहा कि गुरू शिष्य की परम्परा का आदर्श निर्वाह ही एक स्वस्थ समाज की रचना कर सकता है।इस अवसर पर उन्होंने गीता के प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय अध्याय के राजस्थानी में उनके द्वारा किये गये अनुवाद का पाठ किया और कहा 'जनतंत्र तो यो हे जो प्रजा शिक्षका ने चुन सके,यो नी है कि जनता शासका ने चुन सकें'।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए राजकीय महाराणा संस्कत महाविद्यालय प्राचार्य डा. राजेन्द्र मिश्र ने असत्य के उदय को ही समाज के दिगभ्रमित होने का कारण बताया। उन्होंने आचारहीन शिक्षा को समाजघाती बताते हुए गीता के शिक्षा दर्शन के अनुरूप शिक्षण देने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

प्रारंभ में शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में विश्वास ,सौहार्द और न्याय का वातावरण बनाने से ही सुखद भविष्य की ओर आश्वस्त हुआ जा सकता है और इसके लिए तथाकथित मान्यताओं को साहसपूर्वक ध्वस्त करके ही सच्चे अर्थों में सम्प्रदाय निरपेक्ष चेतना की संस्थापना की जा सकती है। उन्होंने गीता को मानव मात्र के लिये विज्ञान सम्मत परिपूर्ण संदेश को शिक्षा का अंग बनाने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह अर्जुन -कृष्ण का जीवंत संवाद राष्ट्र के नवनिर्माण और विश्व शांति का मूल आधार है। संगोष्ठी का संयोजन डा. एम.एल.नागदा ने किया तथा शांतिपीठ के प्रो. बी.एल.समदानी ने आभार व्यक्त किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 21 दिसम्बर , 1996

'गीता में विश्व के तमाम समस्याओं का हल'

[सांस्कृतिक संवाददाता]

उदयपुर, 20 दिसम्बर। भगवद् गीता जयंती के उपलक्ष में शुक्रवार को यहां आयोजित विभिन्न कार्यक्रों में वक्ताओं ने गीता के उपदेशों की प्रासंगिकता सार्वकालिक बताया तथा कहा कि इस लघुतम ग्रंथ के अठारह अध्यायों में विश्व की तमाम समस्याओं का हल छुपा है।

यहां सूरजपोल अंदर अस्थल आश्रम पर आयोजित गीता जयंती समारोह में मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि गीता आज भी राष्ट्रीय सन्दर्भ में सामयिक है। महाभारत जैसे रण को सकुशल निपटाने में गीता का योगदान जिस प्रकार विश्व विदित है, उसी प्रकार वर्तमान में समस्याग्रस्त भारत के लिए गीता का सन्देश निष्काम कर्मयोग के रूप में धारण करके ही कठिनाइयों पर विजय पाई जा सकती है।

शास्त्री ने कहा कि गीता का अन्तिम सन्देश मोह रहित कर्तव्य पालन पर केन्द्रित है। गीताकार श्रीकृष्ण सम्पूर्ण गीता के सारभूत सन्देश में समस्त कष्ट का कारण मोह को स्वीकार करते हैं। गीता दर्शन की चर्चा करते हुए शास्त्री ने कहा कि कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग के समन्वित जीवन पद्धति से ही व्यक्ति मुक्त हो सकता है, वह जीवन यात्रा को सफलतापूर्वक विराम भी दे सकता है।

धर्म प्रचार समिति द्वारा बाईजीराज के कुण्ड पर आयोजित गीता जयन्ती समारोह में महन्त राधावल्लभ शरण ने कहा कि जीवन में कर्मशील बनना ही सफलता की कुंजी है क्योंकि धर्म भी उसी की रक्षा करता है, जो धर्म की रक्षा करता है, अतः निष्क्रिय नहीं बने। संस्थापक मनोहर लाल मून्दड़ा ने कहा कि हमारे पास गीता के ज्ञान के साथ ही परमाणु शक्ति होना आवश्यक है।

शांतिपीठ की ओर से 'वर्तमान शिक्षा; सामाजिक दशा व गीता का संदेश' विषयक संगोष्ठी में अध्यक्ष पद से गांधीवादी चिन्तक दयालचन्द सोनी ने कहा कि सच्चा लोकतंत्र वही है जिसमें जनता शिक्षकों को चुन सके, मात्र शासकों को नहीं। वर्तमान में आचार्यत्व का लोप ही समाज को दिशाविहीन बना रहा है। उन्होंने गीता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय अध्याय के राजस्थानी में उनके द्वारा किए गए अनुवाद का पाठ किया।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता राजकीय महाराणा संस्कृत महाविद्यालय प्राचार्य डा. राजेन्द्र मिश्र ने असत्य के उदय को ही समाज के दिग्भ्रमित होने का कारण बताया। गीता के शिक्षा दर्शन के अनुरूप शिक्षण की आवश्यकता प्रतिपादित की। इस अवसर पर शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में विश्वास, सौहार्द और न्याय का वातावरण बनाने से ही सुखद भविष्य के प्रति आश्वस्त हुआ जा सकता है। उन्होंने गीता के मानव मात्र के लिए विज्ञान सम्मत संदेश को शिक्षा का अंग बनाने की

राष्ट्रदूत
उदयपुर शनिवार 13 जनवरी 1996



उदयपुर की संस्था शांतिपीठ के तत्वावधान में विवेकानन्द जयंती के अवसर पर त्रिदिवसीय कार्यक्रमों का उद्घाटन करते हुए महंत मुरली मनोहरण शरण शास्त्री। फोटो-मनोहर स्टूडियो।

विवेकानंद के चरित्र को आत्मसात करने का आह्वान

उदयपुर, १२ जनवरी (कासं.)। नये और शक्तिशाली भारत के निर्माण के लिये विवेकानंद के चरित्र को आत्मसात करने के आह्वान के साथ आज विवेकानंद जयन्ती पर शान्तिपीठ, उदयपुर के तत्वावधान में त्रिदिवसीय आयोजनों की शुरुआत हुई। आलोक विद्यालय हिरण मगरी के सभागार में सत्संग, समारोह का उद्घाटन मेवाड़ महा मण्डलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने किया। महंत ने अच्छे संस्कार निर्माण करने वाली शिक्षा की आवश्यकता बताते हुए कहा कि बालक अपने व्यक्तित्व में विवेकानंद के चरित्र को विकसित करते हुए विश्व में अपनी मौलिक पहचान स्थापित करें तथा बालिकाएं भगिनि निवेदिता की तरह साथ दें। इससे पूर्व महंत ने दीप प्रज्वलित करते हुए शान्तिपीठ द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय सत्संग-प्रवचन कार्यक्रमों का उद्घाटन किया प्रारंभ में आलोक विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वन्दना की। आलोक संस्था के संस्थापक एवं प्राचार्य श्यामलाल कुमावत ने महामण्डलेश्वर तथा आगन्तुकों का स्वागत किया।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने आध्यात्मिक भारत का नवोदय विषयान्तर्गत किए जा रहे त्रिदिवसीय कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि आध्यात्मिकता पुर्नजागरण से ही समस्याओं का निदान सम्भव है।



Shri Anant G Trivedi discussing the activities of Shantipeeth with Shri Shri Ravishankar ji



Shri Trivedi discussing with H.H. Dr. Syedana Burhanuddin Sb. TUS







Swami Maheshwaranand
at Shantipeeth







Sant Morari Bapu delivering spiritual message at Shantipeeth





Swami Maheshwaranand delivering spiritual message on the occasion of Swami Vivekanand Jayanti (1995)



Mahantji is addressing the audience





Shri Karpurchand Kulish delivering lecture on the occasion of Shri Ramkrishna Paramhans jayanti (1993) at Shantipeeth







Shri Anant Ganesh welcoming
Paramhans "Prabhu Baa"
at Shantipeeth (2009)



Shri KS. Mani welcoming
Sant Morari Bapu
at shantipeeth (2000)



Advocate Prakash Paneri
welcoming Sant Morari Bapu



Pt. Janardan Rai Nagar (addressing), Shri D.C. Sharma, Commissioner, Devsthan, Mahant Murli Manohar ji and Shri Anant G Trivedi on the occasion of Ramkrishna Paramhams jayanti (18th feb 1991)



Shri Mangal Saxena, 2nd from left on the occasion of Paramhans jayanti



Swami Maheshwaran and Mahant ji entering the venue on the occasion of Vivekanand jayanti (1995)



Swami Maheshwaranand
delivering lecture on the YOGA





Mahantji and Sant Rupmuni ji
on the occasion of
Shri Ramkrishna Paramhams Jayanti

राष्ट्रदूत

उदयपुर, शनिवार १६ फरवरी १९९४

राष्ट्र बोध से राष्ट्र निर्माण संभवः सक्सेना

उदयपुर, १८फरवरी(काप्र)। राष्ट्र निर्माण और विश्व धर्म के समुदभव के लिये मानव संसाधन का बुनियादी कार्य राम कृष्ण परमहंस ने किया जिसका विस्तार कालान्तर में स्वामी विवेकानंद स्वामी शीवानंद महर्षि अरविन्द और महात्मा गांधी ने किया।

शान्तिपीठ द्वारा राम कृष्ण परमहंस की १५८ वीं जयन्ती के अवसर पर ओ.टी.सी. के सभागार में आयोजित अध्यात्म और राष्ट्र निर्माण विषयक संगोष्ठी में वोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार व चिन्तक मंगल सक्सेना ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा राष्ट्र निर्माण भी व्यक्ति में राष्ट्र वोध से ही संभव है। और आध्यात्म मनुष्य को वोर्धे प्राप्त करने की दीक्षा देता है।

संगोष्ठी में वोलते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि संतों के जीवन चरित्र से राष्ट्र तत्व को आसानी से समझा और व्यवहार में अपनाया जा सकता है। आधुनिक काल में सन्तों ने राष्ट्रीय मूल्यों को निरन्तर गति दी है। यदि वर्तमान में राष्ट्रीय समस्याओं से मुक्ति पाना है तो संतो की शिक्षा को समाज में प्राथमिकता देनी होगी।

संगोष्ठी में इस अवसर पर वोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता किशोर सन्त ने कहा कि मनुष्य को अपने भीतर बार-बार अपनी राष्ट्रीय अस्मिता को खोजना होता है। अंग्रेजी में जिसे "नेशन विल्डिंग" कहते है उसी का अनुवाद करके हमारे यहां राष्ट्र निर्माण जैसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है। वस्तुतः राष्ट्र का निर्माण नहीं किया जाता, हर व्यक्ति की राष्ट्रीयता उसकी अन्तरात्मका में छूपी होती है उसे खोजना ही आध्यात्मिक प्रक्रिया भी है और एक राष्ट्र होने की प्रक्रिया भी है और इसीलिये नेहरु जी ने भी भारत की खोज नाम से पुस्तक लिखी। प्रारम्भ में हरीशचन्द्र माथुर लोक प्रशासन के सौजन्य से आयोजित इस संगोष्ठी में वोलते हुए पाठयक्रम निदेशक प्रो. आर. के चोविसा ने सभी का स्वागत किया। संगौष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संस्कृत महाविद्यालय के सहायक प्राचार्य डा. राजेन्द्र मिश्र ने पूर्णता की कल्पना को स्वयं में और राष्ट्र में किये जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने कहा रामकृष्ण परमहंस ने सभी धर्मो के माध्यम से परमेश्वर को प्राप्त किया। और सभी धर्मो का समन्वय कर मानव जाति को राह दिखा दी। जो निश्चित रुप से जन कल्याण की ओर ले जाती है। गोष्ठी में प्रो. वी.एल. समदानी ने भी विचार व्यक्त किए और के.एल. वापना ने आभार व्यक्त किया।

20 फरवरी 1995

दैनिक नवज्योति

1·9·3·6

राष्ट्र को चरित्रवान लोगों की आवश्यकता-शास्त्री

उदयपुर, 19 फरवरी (न्यूज सर्विस)। ।वाड मंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा हैं कि राष्ट्र को आज चरित्रवान लोगों की आवश्यकता हैं। इसके बिना स्थापित उच्च जीवन मूल्यों के संरक्षण के सारे प्रयास व्यर्थ हो जायेंगे। शास्त्री यहां शांतिपीठ द्वारा रामकृष्ण परमहंस की 159 वीं जयंती के अवसर पर निम्बार्क महाविद्यालय सभागार में आयोजित सामाजिक समरसत्ता के प्रेरक रामकृष्ण परमहंस विषयक संगोष्ठी में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि जो वक्तत्व नहीं चरित्र दे सके, जो कथनी और करनी का अंतर मिट सके वहीं राष्ट्र का निर्माण कर सकता हैं। जो सत्य जीवन की यात्रा जी सके, जो सत्य का साक्षात्कार कर प्रकाश दे सके और जो विवेकानंद का निर्माण कर सके वहीं परमहंस हें।

मंहत ने कहा कि रामकृष्ण दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। वे जीवंत चिंरजीवी हैं। वे नित्य भक्ति और वेदांत के समन्वय से समाज में समरसता और आनंद की अनुभूति का सृजन करते रहेंगे। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुये शिक्षाविद् बी.पी.जोशी ने कहा कि समाज में जो आदर्श हैं उनसे निरंतर प्रेरणा बनी रहे, ऐसे वातावरण का हमें निरंतर निर्माण करते रहना चाहिए। संगोष्ठी में पूर्व प्रधान वन संरक्षक एस.के. वर्मा ने अरण्य संस्कृति के विज्ञान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समस्त पर्यावरण दो समग्र दृष्टि से देखने की प्रेरणा अरण्य संस्कृति की देन हैं।

शिक्षा उपनिदेशक कुसुम चतुर्वेदी ने कहा कि समाज में विघटन से बचने और एकता स्थापित करके हमें हमेशा आस्था और प्रतिभाओं की आवश्यकता होती हैं। समाज में समरसता बनी रहे, इसके लिए निरंतर अंत के प्रकाश को उद्घाटित करने की आवश्यक्ता रहती हैं।

संगोष्ठी में शांति पीठ के महासचिव अंनत गणेश त्रिवेदी ने कहा समाज में सद्भाव और सहिष्णुता कायम रखने के लिए हमारी चेतना को सदैव संत की चेतना से जोड़े रखना होगा। संतों की प्रेरणा से टूट कर जीने से आदर्श मूल्यों की रक्षा नहीं हो पायेगी। इस अवसर पर सेवा मंदिर के अध्यक्ष मोहनसिंह कोठारी ने रामकृष्ण परमहंस पर स्तुति वाचन किया। पंडित राधा गोविंद आचार्य ने ज्ञान भक्ति और तप और विश्लेषण किया। निम्बाई महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रोशनलाल गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किये, संगोष्ठी का संयोजन डॉ. मांगीलाल नागदा ने किया।

आज के आयोजन

★ स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 159 वी जयंती के उपलक्ष्य में शांतिपीठ द्वारा निम्बार्क संस्कृत महाविद्यालय में संगोष्ठी, सुबह 10.30 बजे।

राजस्थान पत्रिका

रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर आज संगोष्ठी

उदयपुर, 17 फरवरी [वि.]। शांतिपीठ की ओर से रामकृष्ण परमहंस की 159वीं जयन्ती पर शनिवार को यहां निम्बार्क संस्कृत महाविद्यालय में 'सामाजिक समरसता के प्रेरक रामकृष्ण परमहंस' विषयक संगोष्ठी आयोजित होगी।

संस्था के प्रसार अधिकारी सुरेन्द्र मोहन नय्यर के अनुसार प्रातः 10.30 बजे होने वाली इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री होंगे।

युग की प्रतिदिन सेवा 19 फरवरी,1995

रामकृष्ण परमहंस की जयन्ती मनाई

उदयपुर, 18 फरवरी (वि)। आज रामकृष्ण परमहंस की 159वीं जयन्ती शान्तिपीठ द्वारा निम्बार्क महाविद्यालय सभागार में आयोजित की गई।

मुख्य उद्‌बोधन मेवाड़ महामण्डलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने दिया तथा बी.पी.जोशी ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की। शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी, एस.के.वर्मा, कुसुम चतुर्वेदी, मोहन सिंह कोठारी एवं राधागोविन्द आचार्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संगोष्ठी का संचालन डॉ. मांगीलाल नागदा ने किया।

राजस्थान पत्रिका

19 फरवरी 1995

रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर संगोष्ठी

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 18 फरवरी। रामकृष्ण परमहंस की 159वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को यहां निम्बार्क महाविद्यालय सभागार में 'सामाजिक समरसता के प्रेरक रामकृष्ण परमहंस' विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई।

संगोष्ठी में मुख्य भाषण देते हुए महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि राष्ट्र को आज चरित्र की आवश्यकता है, इसके बिना उच्च जीवन मूल्यों के संरक्षण के सारे प्रयास व्यर्थ हो जाएंगे। उन्होंने कहा जो वक्तव्य नहीं चरित्र दे सकें, जो कथनी और करनी का अन्तर मिटा सकें वही राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।

प्रारम्भ में केन्द्रीय कारागार के अधीक्षक चैतन्य देव ने कहा रामकृष्ण परमहंस ने अघोर पंथ, इस्लाम, ईसाई मत आदि विभिन्न मार्गों से ईश्वर का साक्षात्कार करके ईश्वर की मात्र एक सत्ता का दिग्दर्शन किया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता शिक्षाविद् बी.पी. जोशी ने की। पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक एस.के. वर्मा ने अरण्य संस्कृति के विज्ञान पर प्रकाश डाला। शिक्षा उपनिदेशक कुसुम चतुर्वेदी ने महाविद्यालय के प्राचार्य रोशनलाल गुप्ता व शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने भी इस अवसर पर विचार व्यक्त किए।

सेवा मन्दिर के अध्यक्ष मोहन सिंह कोठारी ने रामकृष्ण परमहंस पर स्तुति वाचन किया। पण्डित राधागोविन्द आचार्य ने ज्ञान, भक्ति और तप का विश्लेषण किया। प्रारम्भ में महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। संयोजन डा. मांगीलाल नागदा ने किया। संगोष्ठी का आयोजन शांतिपीठ ने किया।

राष्ट्रदूत

19-2-95

राष्ट्र को आज चरित्र की आवश्यकता है - मंहत

उदयपुर, १८ फरवरी (वि)। महत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि राष्ट्र को आज चरित्र की आवश्यकता है। इसके बिना स्थापित उच्च जीवन मूल्यों के संरक्षण के सारे प्रयास व्यर्थ हो जाएंगें।

वे शनिवार को शांतिपीठ द्वारा निम्बार्क महाविद्यालय के सभागार में रामकृष्ण परमहंस की १५९वीं जयंती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद् बी.पी.जोशी ने आत्मविश्वास जागृत करने की आवश्यकता बताई। शिक्षा उपनिदेशक कुसुम चतुर्वेदी ने कहा कि समाज में विघटन से बचने और एकता स्थापित करके हमें सदैव आस्था और प्रतिभाओं की आवश्यकता होती है।

संगोष्ठी में शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने समाज में सद्‌भाव और सहिष्णुता कायम रखने चेतना को सदैव संत की चेतना से जोड़ने पर बल दिया। सेवा मंदिर के अध्यक्ष मोहनसिंह कोठारी ने रामकृष्ण परमहंस पर स्तुति वाचन किया। संयोजन डा.मांगीलाल नागदा ने किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 13 जनवरी, 1995 3

स्वामी विवेकानन्द की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 12 जनवरी। शहर के विभिन्न संगठनों एवं विद्यालयों ने गुरुवार को स्वामी विवेकानन्द की 132वीं जयंती समारोहपूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाई।

इस अवसर पर स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित 'आध्यात्मिक भारत और बदलता परिवेश' विषयक संगोष्ठी में वक्ताओं की आमराय थी कि विश्व के बदलते परिवेश में सशक्त भारत का उद्‌भव चरित्र निर्माण व राष्ट्र बोध से ही संभव है। आर्थिक स्वावलंबन तथा संस्कारित व विचारशील जीवन ही राष्ट्र को अपने गौरवमय अतीत व विकास के शिखर पर पहुंचा सकता है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए केन्द्रीय कारागार के अधीक्षक चेतन्य देव ने वैचारिक क्रांति को सर्वोपरि बताते हुए समाज में विचार शून्यता के स्थान पर विचारशीलता की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने कहा कि आज देश में व्याप्त समस्याओं का निराकरण विचारशील जीवन से संभव है और तब ही सच्चाई से साक्षात्कार हो सकता है। वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने स्वामी विवेकानन्द के स्मरण को अध्यात्म का मूर्तिमान स्मरण बताते हुए उनके जीवन से जुड़े कई प्रसंगों का उल्लेख किया।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व में शान्ति एवं स्वस्थ समाज का निर्माण आध्यात्मिक दृष्टिकोण को अपनाने से ही होगा।

प्रारंभ में प्रो. बी.एल. समदानी ने आगन्तुकों का स्वागत करते हुए विवेकानन्द जयन्ती से आगामी 18 फरवरी रामकृष्ण परमहंस जयन्ती तक आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि उदयपुर संभाग में कई स्थानों पर आध्यात्मिक संगोष्ठियां व सत्संग आयोजित करते हुए परमहंस जयन्ती पर जागृति माह का समापन समारोह होगा।

संगोष्ठी में सर्वसम्मति से यह राय बनी कि नई पीढ़ी में वैचारिक क्रान्ति के लिए स्कूल व कालेजों में विशेष तौर से संगोष्ठियां व परिचर्चाएं आयोजित की जाए तथा इसके लिए एक समिति भी गठित की गई। अंत में के.एल. बापना ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

18 फरवरी, 1994

उदयपुर में आज

- फिलिप्स के अधिकृत सर्विस सेंटर प्रिया इलेक्ट्रानिक्स का उद्घाटन 254 भूपालपुरा में प्रातः 10.30 बजे।
- रेलवे गार्डों की 26वीं वार्षिक सभा का उद्घाटन सुखाड़िया रंगमंच पर सुबह साढ़े दस बजे।
- स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ द्वारा रामकृष्ण परमहंस की 158वीं जयन्ती पर 'अध्यात्म और राष्ट्र निर्माण' विषयक संगोष्ठी का आयोजन ओ.टी.सी. सभागार में प्रातः 11 बजे से।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 19 फरवरी, 1994

रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर संगोष्ठी

राष्ट्र निर्माण व्यक्ति में राष्ट्र बोध से ही संभवः सक्सेना

उदयपुर, 18 फरवरी [वि.]। साहित्यकार व चिंतक मंगल सक्सेना ने कहा कि राष्ट्र निर्माण व्यक्ति में राष्ट्र बोध से ही संभव है तथा अध्यात्म व्यक्ति को बोध प्राप्त करने की दीक्षा देता है। प्रमाद और दम्भ से मुक्त भारतीय ही अपने अध्यात्म बोध के द्वारा हर तरह की दरिद्रता मिटाकर एक अहिंसक लोकतांत्रिक समाज की रचना कर सकता है।

सक्सेना शुक्रवार को यहां ओ.टी.सी. के सभागार में रामकृष्ण परमहंस की 158वीं जयंती के उपलक्ष में आयोजित 'अध्यात्म और राष्ट्र निर्माण' विषयक संगोष्ठी में बोल रहे थे। संगोष्ठी का आयोजन स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ की ओर से किया गया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण और विश्व धर्म के समुद्भव के लिए मानव संसाधन का बुनियादी कार्य रामकृष्ण परमहंस ने किया। जिसका विस्तार कालान्तर में स्वामी विवेकानन्द, शीवानंद, महर्षि अरविन्द और महात्मा गांधी ने किया। मनीषियों की दृष्टि में राष्ट्र का बोध केवल भौगोलिक और राजनीतिक नहीं है, बल्कि मनुष्य मात्र की मुक्ति के लिए संघर्षशील ऐसे व्यक्ति चरित्र का निर्माण है जो विभिन्न पंथों और संस्कृति की विविधताओं से मोह मुक्त होकर धर्म के सनातन स्वरूप को पहचाने और अपने जैविक कर्मों को आत्मोप्लब्धि के लिए शिक्षित करे। अपनी कामनाओं पर संयम के बिना न तो राष्ट्रीयता का निर्माण होगा न ही राष्ट्र का। पंथ का अपनाना मात्र अध्यात्म नहीं, किन्तु मनुष्यता के साथ निष्ठापूर्वक अपनाया जाना अनुचित नहीं। कट्टर धार्मिक हो जाना भी बुरा नहीं, किन्तु अपने पंथ के मोह में दूसरे को उसके पंथ से हटाने का भाव रखना अधर्म है।

इस अवसर पर शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि संतों के जीवन चरित्र से राष्ट्र तत्व को आसानी से समझा और व्यवहार में अपनाया जा सकता है।

संगोष्ठी में सामाजिक कार्यकर्ता किशोर सन्त ने कहा कि मनुष्य को अपने भीतर बार- बार अपनी राष्ट्रीय अस्मिता को खोजना होता है। अंग्रेजी में जिसे 'नेशन बिल्डिंग' कहते हैं, उसी का अनुवाद करके हमारे यहां राष्ट्र निर्माण जैसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है। वस्तुतः राष्ट्र का निर्माण नहीं किया जाता, हर व्यक्ति की राष्ट्रीयता उसकी अंतरात्मा में छूपी होती है उसे खोजना ही आध्यात्मिक प्रक्रिया है और एक राष्ट्र होने की प्रक्रिया भी।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संस्कृत महाविद्यालय के सहायक प्राचार्य डा. राजेन्द्र मिश्र ने पूर्णता की कल्पना को स्वयं में और राष्ट्र में किए जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने कहा, रामकृष्ण परमहंस ने सभी धर्मों के माध्यम से परमेश्वर को प्राप्त किया और सभी धर्मों का समन्वय कर मानव जाति को राह दिखाई, जो निश्चित रूप से जन कल्याण की ओर ले जाती है।

गोष्ठी में प्रो. बी.एल. समदानी ने भी विचार व्यक्त किए। हरीश्चन्द्र माथुर लोक प्रशासन के सौजन्य से आयोजित इस संगोष्ठी में पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. आर.के. चौबीसा ने प्रारम्भ में सभी का स्वागत किया। अंत में के.एल. बापना ने आभार व्यक्त किया।

विवेकानंद जयंती पर गोष्ठी

उदयपुर, 11 जनवरी [वि.]। विवेकानंद की जयंती पर 'शान्तिपीठ' और विस्तार निदेशालय की ओर से बुधवार को गोष्ठी आयोजित होगी। विस्तार निदेशालय सभागार में अपरान्ह 3 बजे आयोजित होने वाली इस गोष्ठी का विषय 'युग दृष्टा- स्वामी विवेकानंद' होगा तथा मुख्य वक्ता मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री होंगे।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 13 जनवरी, 1994

देश में विवेकानंद के राष्ट्रयोग को स्वीकारने की जरूरतः महंत

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 12 जनवरी। स्वामी विवेकानंद की 131वीं जयंती पर यहां बुधवार को विविध समारोह हुए। स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ की ओर से गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मेवाड़ महामंडलेश्वर महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि आज देश में स्वामी विवेकानंद के 'राष्ट्रयोग' को स्वीकारने की महती जरूरत है।

महन्त यहां विस्तार निदेशालय सभागार में आयोजित 'युगदृष्टा स्वामी विवेकानंद' विषयक गोष्ठी के मुख्य वक्ता थे। उन्होंने कहा कि इस देश में कृष्ण से कर्मयोग, याज्ञवल्क्य से ज्ञान योग और मीरा से भक्ति योग सीखा है और आज विवेकानंद के राष्ट्र योग को स्वीकार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राग द्वेष, लोभ, अहंकार, स्वार्थों और मूर्खताओं से आज भारत माता का हृदय विदीर्ण होता जा रहा है। यदि समय रहते विवेकानंद की राष्ट्रयुग की संकल्पना को जीवन में चरितार्थ नहीं किया गया तो वन्देमातरम् का गीत केवल शब्द बनकर रह जाएगा। महंत ने कहा कि विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति को जितना निकटता से देखा और जिया उस चरित्र को हमने स्पर्श ही नहीं किया और केवल उनके साहित्य के अध्ययन तक ही सीमित रहे।

संगोष्ठी में शान्तिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विवेकानंद को नए मानवीय विश्व निर्माण का सूत्रधार बताया और कहा कि पूर्व और पाश्चात्य संस्कृतियों के बीच सेतु बनकर उन्होंने एक महान समन्वयक का कार्य किया।

संगोष्ठी में विस्तार निदेशालय के निदेशक डा. एस.एल. इंटोदिया ने सभी का स्वागत किया जबकि धन्यवाद सहायक निदेशक डा. पालीवाल ने ज्ञापित किया। प्रारम्भ में सेंट्रल अकादमी की बालिकाओं ने वन्देमातरम का गीत प्रस्तुत किया। गीतकार प्रकाश नागौरी ने गीत पेश किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर महंत द्वारा माल्यार्पण से हुई। संगोष्ठी का संचालन शान्तिपीठ के डा. बी.एल. समदानी ने किया।

दैनिक नवज्योति

अजमेर, शुक्रवार 14 जनवरी 1994 पृष्ठ संख्या 12

विवेकानंद के राष्ट्रयोग को स्वीकार करने की जरूरत

उदयपुर, १३ जनवरी (नवन्यूज)। कृष्ण से कर्मयोग, याज्ञवल्क्य से ज्ञान योग और मीरा से हमने भक्तियोग सीखा है तो आज विवेकानंद के राष्ट्रयोग को स्वीकार करने की आवश्यकता है।

यह विचार स्वामी विवेकानंद की १३१ वीं जयन्ती के अवसर पर स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ और विस्तार निदेशालय की ओर से निदेशालय के सभागार में आयोजित संगोष्ठी में बोलते हुए मेवाड़ महामंडेश्वर महंत मुरली मनोहर शरद शास्त्री ने व्यक्त किए।

युगदृष्टा स्वामी विवेकानंद विषयक गोष्ठी में मुख्य उद्बोधन देने हुए महन्त ने कहा कि राग, द्वेष, लोभ, अहंकार और छोटे-छोटे स्वार्थों और मूर्खताओं सेआज भारत माता का हृदय विदीर्ण होता चला जा रहा है। उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते विवेकानंद की राष्ट्रयुग की संकल्पना को जीवन में चरितार्थ नहीं किया तो वन्देमातरम का गीत केवल शब्द बनकर रह जाएगा। और व्यवहार में कुछ नहीं आ पाएगा। महंत ने कहा जो राष्ट्र की चिन्ता करता है उसकी स्वयं की चिन्ता स्वतः समाप्त हो जाती है। किन्तु इसके विपरीत आज में की चिन्ता किए जाने से उत्पन्न वातारण के दुष्परिणाम राष्ट्र भुगत रहा है।

संगोष्ठी में बोलते हुए शांतिपीठ केसंस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी नेविवेकानंद को नए मानवीय विश्व निर्माण का सूत्रधार बताया और कहा कि पूर्वी और पाश्चात्य संस्कृतियों में सेतु बनकर उन्होंने एक महान समन्वयक का कार्य किया।

त्रिवेदी ने कहा भौतिक जगत की विकास यात्रा के साथ मानव में अन्तर्निहित शक्तियों के प्राप्त कर लेने से विज्ञान का जब तक शिक्षा में समावेश नहीं होगा तब तक हम अतीत को वर्तमान के अनुरूप नहीं ढाल पाएगे। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर युवा मनाए जाने की सार्थकता बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास किए जाने चाहिए जिनसे संयुक्त राष्ट्र संघ भी विश्व स्तर पर विवेकानंद के चरित्र से युवा जगत के चैतन्य को आन्दोलित कर सकें।

संगोष्ठ में विस्तार निदेशालय के

राजस्थान पत्रिका

28,790, कुल योग- 2,97,380 उदयपुर, शुक्रवार, 19 फरवरी, 1993

रामकृष्ण परमहंस जयंती पर गोष्ठी

'पर्यावरण संरक्षण के नाम पर व्यवसायवृत्ति का दौर बढ़ा'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 18 फरवरी। "आज विश्वभर में पर्यावरण संरक्षण के नाम पर व्यवसाय वृत्ति का दौर चल रहा है। पर्यावरण को नष्ट करने वालों के ही कोष से पर्यावरण संरक्षण के आंदोलन चलाए जा रहे हैं। सर्वत्र वैचारिक शून्यता व्याप्त है। इन हालात में भारतीय आत्मा का स्पंदन बढ़ाने वाली नीति ही इस देश में कारगर सिद्ध हो सकती है।"

यह बात राजस्थान पत्रिका के संस्थापक कर्पूरचंद कुलिश ने गुरुवार को स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ की ओर से स्वामी रामकृष्ण परमहंस जयंती के उपलक्ष में आयोजित गोष्ठी में कहीं। कुलिश ने पर्यावरण एवं शिक्षा के संदर्भ में मौजूदा हालात को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और पर्यावरण संरक्षण के नाम पर स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को उद्यम की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण को सर्वाधिक प्रदूषित करने वाले विकसित राष्ट्रों एवं वहां की कंपनियों की धनराशि से पर्यावरण संरक्षण के 'उद्यम' चल रहे हैं। उन्होंने रियो में हुए पृथ्वी सम्मेलन के जिक्र में कहा कि वहां भी कारोबार हो रहा था, हर व्यक्ति, आत्म प्रशंसा के भाव में डूबा था। उन्होंने कहा कि विकास के दौर व विकास रोकने के दौर की परिणति धनसंग्रह में ही हो रही है। कुलिश ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करना बेमानी है। इसकी बजाय हम प्रदूषण फैलाने से ही बाज आए, अपने जीवन को संयमित करें। इसके लिए हमें भारतीय आचार, विचार, खानपान की पद्धतियों को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि आज विकास के नाम पर जो दिखाई दे रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारा पहनावा, खानपान सभी में कृत्रिम पदार्थों का आधिक्य होता जा रहा है। विज्ञान, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि हर क्षेत्र आज उद्योग बन गया है। सर्वत्र व्यावसायीकरण का बोलबाला है, इसका कहीं अंत नजर ही नहीं आ रहा।

शिक्षा के संबंध में उन्होंने कहा कि शिक्षा तन को पुष्ट, मन को तुष्ट, बुद्धि को प्रबुद्ध तथा आत्मा को शांति देने वाली होनी चाहिए। इसके विपरीत हम आज शिक्षा को 'पेट' से जोड़कर चल रहे है। रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। हालात ये है कि बच्चे जगह-जगह मजदूरी कर रहे है तो डिग्रीधारी रोजगार के लिए भटक रहे हैं। हम भेड़ चाल चल रहे हैं। कृत्रिम उर्वरकों, कीटनाशकों का प्रयोग बढ़ता जा रहा है। जो औषधियां पश्चिमी देशों में प्रतिबंधित है उन्हीं को हम यहां आज भी बेचे जा रहे हैं। इस तरह हम शरीर का ही क्षय करते जा रहे हैं। इन पर आज तक कोई रोक नहीं लग सकी है क्योंकि औद्योगिक संस्कृति बढ़ती जा रही है, हर क्षेत्र में केवल मुनाफे के लिए काम हो रहे हैं। जो इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए उठता है उसी के सामने टुकड़े फेंक कर उसे तोड़ दिया जाता है। कुलिश ने कहा कि इस देश में वही नीति कारगर होगी जो इस देश की आत्मा के स्पंदन को बढ़ाने वाली हो। आज जरूरत है हम वेद, पुराण, गीता, भागवत, महाभारत, रामायण को शिक्षा पाठ्यक्रमों में शामिल करें। ऐसा करने पर सांप्रदायिकता का लेबल लगाने वालों को यह जानना जरूरी है कि जब ये शास्त्र रचे गए तब कोई संप्रदाय था ही नहीं और न किसी संप्रदाय के खिलाफ इनमें कोई बात है। उन्होंने कहा कि देश में केवल नारे दिए जा रहे हैं, विचार के नाम पर विकास पैदा किए जा रहे हैं।

कुलिश ने आरंभ में स्वामी रामकृष्ण परमहंस के चित्र पर माल्यार्पण किया। शांतिपीठ के संस्थापक सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कुलिश का स्वागत किया तथा उन्हें भारतीय वाड्मय का श्रेष्ठ प्रवक्ता बताया। कार्यक्रम के अंत में कवि किशन दाधीच ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके बाद सत्संग का कार्यक्रम हुआ।

प्रातःकाल
19 जनवरी, 1993

शांतिपीठ ने रामकृष्ण जयन्ती मनाई

उदयपुर, 18 फर. । गुरुवार को शांतिपीठ संस्था के तत्त्वावधान में रामकृष्ण जयंती मनाई गई ।

संस्था के गुमानियावाला स्थित परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकार कपूरचंद कुलिश मुख्य वक्ता थे । इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन के स्वामी किशन दाधीच तथा शांतिपीठ के संस्थापक अनंतगणेश त्रिवेदी ने रामकृष्ण के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम मे पूर्व देवस्थान आयुक्त डी.सी. शर्मा ने भी परमहंस की जीवनी व दर्शन पर प्रकाश डाला । संयोजन संस्था के

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 17 फरवरी, 1993

रामकृष्ण जयंती पर 'सत्संग समारोह'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 16 फरवरी। आध्यात्मिक मूल्यों के उन्नयन के कार्यों में रत संस्था 'शान्तिपीठ' रामकृष्ण परमहंस की 157वीं जयंती सत्संग समारोह के रूप में मनाएगी।

आगामी गुरुवार को संस्था के गुमानिया वाला स्थित परिसर में आयोजित होने वाले समारोह 'मानव मंगल के युगदृष्टा- रामकृष्ण परमहंस' विषय पर मुख्य उद्बोधन वेद-विज्ञान के अन्तर्राष्ट्रीय प्रवक्ता कर्पूरचन्द कुलिश देंगे। समारोह की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय उपमंत्री डा. गिरिजा व्यास करेंगी, जिला कलक्टर राकेश श्रीवास्तव समारोह के विशिष्ठ अतिथि होंगे। समारोह में भजन कीर्तन भी आयोजित किए जाएंगे।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 18 फरवरी, 1993

'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आध्यात्मिक भारत' पर कुलिश का व्याख्यान

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 17 फरवरी। यहां देवस्थान विभाग की ओर से आयोजित देवस्थान महोत्सव 1993 के तृतीय व अंतिम दिन गुरुवार को शाम 6 बजे वेद विज्ञान के प्रचार-प्रसार में रत, राजस्थान पत्रिका के संस्थापक कर्पूरचंद कुलिश 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आध्यात्मिक भारत' विषय पर व्याख्यान देंगे तथा वृंदावन की ब्रज अकादमी के संस्थापक श्रीपाद बाबा का प्रवचन होगा। इसी समारोह में रासलीला के समापन पर फाल्गुन रास का प्रदर्शन होगा। यह जानकारी देवस्थान आयुक्त डा. राजबहादुर सिंह ने दी।

परमहंस जयंती: कुलिश शाम सात बजे रामकृष्ण परमहंस जयंती पर 'शांतिपीठ' संस्था की ओर से गुमानियांवाला स्थित संस्था परिसर में आयोजित महोत्सव में 'मानव मंगल के युग दृष्टा- रामकृष्ण परमहंस' विषय पर व्याख्यान देंगे। शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया कि महोत्सव की अध्यक्षता पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. गिरिजा व्यास करेंगी, विशिष्ठ अतिथि जिला कलक्टर राकेश श्रीवास्तव होंगे।

उदयपुर में आज

■ रामकृष्ण परमहंस जयंती पर महोत्सव शांतिपीठ संस्था कार्यालय भवन में शाम 7 बजे।

शांतिपीठ की गोष्ठी आज

उदयपुर, 23 जन. । शांतिपीठ संस्था के जागृति माह के तहत रविवार को सुबह 11 बजे संस्था के गुमानियावाला परिसर में 'आध्यात्मिक भारत और समाज की चुनौतियां' विषय पर गोष्ठी आयोजित की जाएगी ।

उदयपुर में आज

- उदयपुर सेवा समिति के सार्वजनिक स्थलों के दौरे के क्रम में बड़ी स्थित टी.बी. अस्पताल का दौरा सुबह 9 बजे से।
- विद्या भवन सी.ह.मा. विद्यालय में वसन्तोत्सव सुबह 9 बजे से। 25/1/93
- कंप्यूटर सोसायटी ऑफ उदयपुर की ओर से कार्यशाला आर.एस.एम.एम. सभागार में सुबह 10.30 बजे।
- 'आध्यात्मिक भारत व समय की चुनौतियां' विषयक गोष्ठी शांति पीठ परिसर [गुमानियावाला] में सुबह 11 बजे।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 26 जनवरी, 1993

'बाह्य मदद से देश की दरिद्रता दूर नहीं होगी'

उदयपुर, 25 जनवरी [वि.]। बाहरी शक्तियों की मदद से हमारे देश की दरिद्रता दूर नहीं की जा सकती। अब तक का अनुभव बताता है कि इस उद्देश्य के लिए हमें अपने ही मानव संसाधन विकसित करने होंगे। उक्त विचार रविवार को शान्तिपीठ द्वारा पीठ परिसर गुमानियावाला-सरदारपुरा में आयोजित विचार गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार एवं चिन्तक मंगल सक्सेना ने व्यक्त किए।

शान्तिपीठ द्वारा स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर जागृति माह का प्रारंभ किया गया है और इसी के तहत 'आध्यात्मिक भारत और समय की चुनौतियां' विषयक आयोजित गोष्ठी के अध्यक्षीय उद्‌बोधन में मंगल सक्सेना ने कहा कि आज राष्ट्र को पुनः जागृत करना होगा। उप निषदों की शिक्षा आस्था और सद्‌भाव को चरित्र में उतारने पर ही वर्तमान भारत की समस्याओं का हल ढूंढा जा सकेगा। इस अवसर पर शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि भारत की अस्मिता और इसकी पहचान की इसका आस्थावान होना है और यही कारण है कि यहां समग्र जीवन को सकारात्मक दृष्टि से देखा गया है।

गोष्ठी में साहित्यकार किशन दाधीच ने कहा कि भारत के आस्था केन्द्र सांस्कृतिक लोक शिक्षण के केन्द्र रहे हैं। गोष्ठी में वैद्य राधागोविन्द आचार्य ने कहा कि आज गण का नहीं समूह का तंत्र है। इस अवसर पर शान्तिपीठ के प्रसार अधिकार राजीव लोढ़ा ने 'जागृति माह' के अन्तर्गत किए जाने वाले कार्यक्रमों का विवरण दिया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 5 जनवरी, 1993

विवेकानन्द जयन्ती पर विविध समारोह

उदयपुर, 4 जनवरी [वि.]। शांतिपीठ की ओर से आध्यात्मिक और उच्च जीवन मूल्यों की स्थापना के उद्देश्य को लेकर आगामी 12 जनवरी से 18 फरवरी तक 'जागृति माह' का आयोजन किया जाएगा। प्रस्तावित कार्यक्रम विवेकानन्द जयन्ती से आरंभ होगा तथा नगर एवं आसपास के गांवों में सत्संग व संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। माह पर्यन्त रामकृष्ण परमहंस की जयन्ती पर उदयपुर में समारोह आयोजित किया जाएगा।

राजस्थान पत्रिका 31.1.93

अंचल में शहीद दिवस पर विविध आयोजन

[कार्यालय संवाददाता]

शांति पीठः स्वैच्छिक संस्था शान्तिपीठ की ओर से शनिवार को संस्था प्रांगण में गोष्ठी का आयोजित की गई। इसमें संस्था के सचिव अनन्त की गणेश त्रिवेदी, डा. एल.एल. शर्मा, प्रहलाद नारायण वाजपेयी आदि ने गांधी दर्शन के महत्व पर प्रकाश डाला।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 19 फरवरी, 1992

परमहंस की जयंती पर संगोष्ठी

'अहिंसा व विज्ञान के समन्वय से विकास का निर्धारण हो'

उदयपुर, 18 फरवरी [वि.]। ब्रह्मलीन संत रामकृष्ण परमहंस की 156वीं जयंती पर शांतिपीठ की ओर से आयोजित संगोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने परमहंस के वचनों को मौजूदा विषम परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक बताया तथा कहा कि अहिंसा व विज्ञान के समन्वय से ही विकास की यात्रा निर्धारित की जानी चाहिए।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने उन्हें शताब्दी के सबसे बड़े मार्गदर्शक व युग दृष्टा बताया तथा कहा कि तत्कालीन सामाजिक परिवर्तनों के दौर में परमहंस ने समन्वयकारी प्रतिभा का काम किया। साहित्यकार राजेन्द्र सक्सेना ने उनके कई प्रेरक प्रसंग सुनाए तथा स्पष्ट किया कि परमहंस की ऊर्जा का रूपांतरण विवेकानंद के रूप में हुआ। प्रो. बी.एल. समदानी ने भी विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में लोकगायक चंद्र गंधर्व ने ईश वंदना प्रस्तुत की तथा नन्दमूर्ति व घनश्याम जोशी ने गीत व भजन प्रस्तुत किए। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. विजय नारायण ने की।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 19 फरवरी, 1991



शांतिपीठ की ओर से सोमवार को उदयपुर में रामकृष्ण परमहंस जयंती पर आयोजित गोष्ठी में बोलते राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति पं. जनार्दन राय नागर तथा मंच पर बैठे हैं साहित्यकार दिनेशचन्द्र शर्मा, महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री और अनंत गणेश त्रिवेदी।

स्वामी रामकृष्ण ने आध्यात्मिक समन्वयक का कार्य किया

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 18 फरवरी। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 155वीं जयंती पर यहां कृषि विस्तार निदेशालय सभागार में स्वैच्छिक संस्था 'शांति पीठ' की ओर से गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें वक्ताओं ने स्वामी रामकृष्ण परमहंस के उपदेशों का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया।

गोष्ठी की अध्यक्षता राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति पं. जनार्दनराय नागर ने की। उन्होंने क्षणातीत जीवन जीने वाले योगीभक्त परमहंस देव को इस उथल-पुथल की शताब्दी का सबसे बड़ा मार्गदर्शक बताया व कहा कि उन्होंने परमात्मा तक जाने वाले सभी रास्तों की जानकारी विश्व को दी।

गोष्ठी के मुख्य अतिथि मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि श्रुतित्व से ब्रह्म निष्ठा जगती है, सद्विचार से शरीर पावन होता है व स्मरण करने से मन निर्मल होता है। उन्होंने कहा कि परमहंस ने परमात्मा तक जाने वाले मार्ग को सहज व सरल बना दिया तथा उन्हें द्वैत-अद्वैत, सगुण-निर्गुण आदि के समन्वयक की संज्ञा दी।

गोष्ठी के आरंभ में शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आज विश्व में जारी शांति प्रयासों का राजनीतिक आधार है जबकि यह आधार आध्यात्मिक होना चाहिए।

साहित्यकार दिनेशचंद्र शर्मा ने गोष्ठी में महर्षि रमण व रामकृष्ण परमहंस के रोचक संस्मरण सुनाए तथा वेदान्त की पुनः स्थापना में परमहंस द्वारा किए गए प्रयत्नों पर प्रकाश डालते हुए आध्यात्मिक ऊर्जा को अंतर्मन में धारण करने की जरूरत पर बल दिया। साहित्यकार डा. राजेन्द्र सक्सेना ने कहा कि ब्रह्म समाज, आर्य समाज, प्रार्थना समाज आदि सामाजिक परिवर्तन के आंदोलनों को परमहंस देव ने आध्यात्मिक समन्वयकारी आधार प्रदान किया। पी.एन. वाजपेयी ने अंत में सभी का आभार जताया।

पात्रिका

उदयपुर, 18 फरवरी, 1991

रामकृष्ण परमहंस जयंती पर गोष्ठी आज

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 17 फरवरी। रामकृष्ण परमहंस की 155वीं जयंती पर शान्तिपीठ की ओर से सोमवार को विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। यह गोष्ठी गत 12 जनवरी [विवेकानंद जयंती] से शान्तिपीठ द्वारा शुरू की गई आध्यात्मिक परिचर्चाओं की समापन कड़ी होगी।

इस गोष्ठी का विषय 'वर्तमान सन्दर्भ में परमहंस के व्यक्तित्व से प्रेरणा' होगी। गोष्ठी का आयोजन सुबह 11.30 बजे कृषि विस्तार निदेशालय में होगा। जिसके मुख्य अतिथि राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति पं. जनार्दन राय नागर होंगे तथा आशीर्वचन मेवाड़ महामण्डलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री प्रस्तुत करेंगे।

जय राजस्थान

उदयपुर, मंगलवार 19 फरवरी 1991

रामकृष्ण शताब्दी का सबसे बड़ा मार्गदर्शक

उदयपुर, १८ फर . । स्वामी रामकृष्ण परमहंस की १५५वीं जयंती के उपलक्ष में शांतिपीठ द्वारा कृषि विस्तार निदेशालय में आयोजित विचार की गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति जनार्दन नागर ने रामकृष्ण को इस शताब्दी का सबसे बड़ा मार्गदर्शक बताया। विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए महंतमुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि द्वैताद्वैत, सगुण-निर्गुण आदि का समन्वय करने वाले रामकृष्ण ने भिन्नताओं में एकता का जीवन जीते हुए चरितार्थ कर दिखाया।

गोष्ठी के प्रारंभ में शांति पीठ के संस्थापक महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने कहा कि विश्व में आज शांति प्रयास किये जा रहे हैं उनका आधार राजनैतिक है जबकि इसे आध्यात्मिक होना चाहिये। गोष्ठीमें डी . सी शर्मा ने रामकृण व महर्षि रमण के कई रोचक संस्मरण सुनाये। साहित्यकार राजेंद्र सस्केना ने इस अवसर पर कहा कि ब्रह्म समाज, प्रार्थना समाज आदि सामाजिक परिवर्तन के आंदोलनों को रामकृष्ण ने आध्यात्मिक समन्वयकारी आधार प्रदान किया।

उदयपुर एक्सप्रेस

उदयपुर मंगलवार 19 फरवरी 1991

परमहंस जयन्ती पर विचार गोष्ठी आयोजित

उदयपुर 18 फर (वि)। रामकृष्ण परमहंस की 155वीं जयन्ती के अवसर पर शांतिपीठ द्वारा एक विचार गोष्ठी राजस्थान विद्यापीठ के उपकुलपति पं. जनार्दनराय नागर की अध्यक्षता में आयोजित हुई.

इस मौके पर पं. नागरने कहा कि दिव्य भविष्य के लिए विभिन्न स्तरों पर आध्यात्मिक चेतना का उदय होने से बीसवीं शताब्दी अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए महत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहाकि परमात्मा तक पहुंचने वाले मार्ग को परमहंसने सहज व सरल बना दिया.

गोष्ठी में डी.सी. शर्मा राजेन्द्र सक्सेना अनन्त गणेश त्रिवेदी

पत्रिका उदयपुर, 13 जनवरी, 1990

'भारत के आध्यात्मिक चैतन्य से विश्व शांति संभव'

उदयपुर, 12 जनवरी [वि.]। स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ की ओर से आयोजित 37 दिवसीय जागृति कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में शुक्रवार को स्वामी अच्युतानंद ने कहा कि भारत अपने आध्यात्मिक चैतन्य से विश्व शांति के मार्ग को प्रशस्त कर सकता है।

इन दिनों भ्रमण पर आए स्वामी अच्युतानंद ने शांतिपीठ कार्यालय में आयोजित इस समारोह में कहा कि युवकों को राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य करना होगा।

इस अवसर पर शान्तिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने वर्तमान परिस्थितियों में स्वामीजी के जीवन की प्रासंगिकता प्रतिपादित की। वेदान्त और विज्ञान के अनूठे समन्वय की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान शताब्दी की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि विज्ञान का चरमोत्कर्ष वेदान्ती हो गया है जिससे समाज एक मानवतावादी विश्व के आदर्श की ओर चल पड़ा है।

जागृति माह के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम की घोषणा करते हुए शान्तिपीठ के प्रहलाद नारायण वाजपेयी ने बताया कि विवेकानन्द जयन्ती से आगामी 18 फरवरी- [रामकृष्ण परमहंस जयन्ती] तक शान्तिपीठ, उदयपुर संभाग के विभिन्न कस्बों-गांवों में युवा नागरिकों के बीच विचार गोष्ठियों, परिचर्चाओं एवं नुक्कड़ सभाओं का आयोजन करेगी जिसमें भीम, राजनगर-कांकरोली, सलूम्बर, बांसवाड़ा व डूंगरपुर स्थान विशेष होंगे।

उक्त कार्यक्रम का समापन समारोह आगामी परमहंसदेव की जयन्ती पर उदयपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शिवनारायण ने किया एवं डॉ. जेकब वर्गीस ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

जनमगल 22 फरवरी 89

विश्व समाज हिंसा, तनाव एवं संदेह के वातावरण में है

शान्ति पीठ के संस्थापक महा· सचिव श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि अधिकार ग्रहण एवं मान्यता प्राप्त करने की लालसा ने आज विश्व समाज को हिंसा, तनाव एवं सन्देह के वातावरण में ला खड़ा किया है आज सम्पूर्ण मानव जाति अपने अस्तित्व के निर्णय बिन्दु पर आ पहुंची हैं।

श्री त्रिवेदी अम्रक जी में युवा कार्यकर्त्ताओं को रामकृष्ण परम हंस की १५३वीं जयन्ती के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे।

'आध्यात्मिक जागरण से विश्व शान्ति' विषय पर बोलते हुये श्री गणेश त्रिवेदी ने मानव की जीवन शैली में समग्र रुप से नये दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

शान्ति के लिये मानवता का वातावरण आज व्यग्र लगता है। चारों ओर की आपा धापी में मानवता का इतिहास जैसे आज शान्ति के लिए तड़प रहा है।

सम्पूर्ण समाज की दुर्दशा को श्री गणेश त्रिवेदी ने नये जन्म के पूर्व प्रसव पीड़ा के समान स्थिति की सज्ञा दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विश्व के कोने कोने में पीड़ित मानव समुदाय एक नये दृष्टिकोण को अपनायेगा।

रामकृष्ण परमहंस के आविर्भाव को श्री गणेश त्रिवेदी ने मानवता के मंगलमय अभियान में लोक जीवन का निर्देशक तत्व बताया। धर्म और जाति से उपर उठी हुई मानव की सर्वोच्च चेतना उन्हे बताते हुए आपने बताया कि इस प्रकार का चैतन्य मानव समाज समय-२ पर अवतरित होकर मानव कल्याण के वातावरण का निर्माण करता है साथ ही सम्पूर्ण मानव समाज को दिशा बोध देता है।

शान्ति चेतना स्थल के रूप में अम्रक जी के स्थान का विकास करने की आवश्यकता पर बल देते हुये श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि वेदान्त एवं विज्ञान के पारस्परिक अन्योन्याश्रित पूर्णता के सिद्धान्त पर व्यावहारिक स्तर से शान्ति प्रयास करने हेतु अम्रक जी उपयुक्त एवं उपयोगी स्थान है। इसकी योजना पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने सरकार तथा अन्य सगठनों से सहयोग की अपील की तथा प्रारम्भिक तौर पर इस स्थल के लिए श्री शिव नारायण को इसका प्रभारी नियुक्त किया गया।

जनमंगल 22 जुलाई 1987

आतंकवाद अशांति व सांप्रदायिकता विषय पर गोष्ठि सम्पन्न

निरंकुश एकाधिकार की इच्छा, पारस्परिक सहिष्णुता का अभाव ही साम्प्रदायिकता, अशान्ति एवं आतंकवाद के मूल कारण हैं। ये विचार शान्तिपीठ, उदयपुर द्वारा स्थानीय सूचना केन्द्र के सभागार में, साम्प्रदायिकता अशान्ति एवं आतंकवाद विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में बोलते हुए प्रख्यात नाट्य कर्मी मंगल सक्सेना ने व्यक्त किये, भ्रष्ट राजनीतिज्ञों एवं व्यवसाईयों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सारी प्रचार व्यवस्था को अपनी उर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने की बात कही है। इस अवसर पर नगर के कई प्रबुद्ध नागरिकों के बीच बोलते हुए प्रो. ओजस्वी शर्मा ने अज्ञान, वासना, क्रोध आक्रमण एवं विभाजन के भावों का अन्त करते हुए अतिमानस शुद्ध चेतना का अभाव ही इन समस्याओं का समाधान बताया। आर्थिक विषमता को समस्या का एक प्रमुख कारण बताते हुए विवेक सम्मत विचार चरित्रगत शिक्षा एवं सहिष्णुता का मार्ग अपनाते हुए जिस धरती पर अपना अस्तित्व विद्यमान है।

नगर के पुलिस अधीक्षक श्री मदनलाल शर्मा ने इन परिस्थितियों में जन-जन के सक्रिय हो जाने तथा इनसे लड़ते हुए प्रशासन को सहयोग देने के दायित्व के प्रति श्रोताओं को आगाह किया। दोगुनी जिन्दगी को छोड़ते हुए मन-वचन से ईमानदारी के साथ व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे।

श्री नवनीत पालीवाल ने व्यवस्था को दोषी नहीं मानते हुए आत्म निरीक्षण तथा स्व-सुधार की बात पर बल दिया। अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा "जो खेत में होगा वही खलियान में आयेगा" हम लोग टुकड़ों में सोच रहे हैं टुकड़ों में जो रहे हैं। हालात पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चुप्पी साध बैठे न रह कर जन-मन को जागरुक करना होगा। तथा उच्च मनो बल के साथ मुकाबला करना होगा।

सरदार जसपाल सिंह ने आतंकवादियों को समाज का दुश्मन बताया और आतंकवाद व उग्रवाद में भेद स्पष्ट करते हुए एक ऐसे प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया जिससे निर्दोषों पर जुल्म न हो। साथ ही इसके लिये न्यायपालिका को शक्तिशाली बनाये जाने की आवश्यकता को महत्व दिया।

जब तक समाज में धार्मिक ग्लानि एवं नैतिक पतन हो जाता है तब कोई विभूति अवश्य पैदा होती है। जिसकी कभी अभाव लगता है। ये विचार यू आई.टी. के सचिव के. सी. शर्मा ने व्यक्त किये। शिक्षा में सुधार को आपने सबसे महत्वपूर्ण साधन बताया प्रबुद्ध समाज सेवक कुम्भट ने शांति स्थापना के लिये जन-जागरण अभियान चलाने का आह्वान किया।

गोष्ठी में उपस्थित अलग-अलग धर्मों एवं विधाओं के व्यक्तियों ने भी अपने भाव प्रकट किये। कार्यक्रम के अन्त में गोष्ठी के अध्यक्ष समाज सेवी दयाल चन्द सोनी ने शिक्षा में सार्वभौमिकता एवं पवित्रता की आवश्यकता पर बल दिया।

जिससे साम्प्रदायिकता के भूत से छुटकारा मिले। गांधीकी वर्तमान महती प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए इसे [illegible] हार में उतारने की आवश्यकता बताया।

कार्यक्रम का संचालन शांति पीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने किया तथा आगन्तुकों को धन्यवाद श्री मांगीलाल नागदा ने दिया।

निरंकुश एकाधिकार की इच्छा ही अशांति का कारण है

उदयपुर (नवन्यूज)। निरंकुश एकाधिकार की इच्छा पारस्परिक सहिष्णुता का अभाव ही सांप्रदायिकता , अशांति एवं आतंकवाद के मूल कारण है।

यह विचार शांति पीठ उदयपुर द्वारा स्थानीय केंद्र के सभागार में सांप्रदायिकता, अशांति एवं आंतकवाद विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में बोलते हुये प्रख्यात नाट्य कर्मी मंगल सक्सेना ने व्यक्त किये।

उन्होंने भ्रष्ट राजनीतिज्ञों एवं व्यवसाइयों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये सारी प्रचार व्यवस्था को सकारात्मक दिशा में लगाने की बात कही है।

इस अवसर पर नगर के प्रसिद्ध नागरिकों के बीच बोलते हुये प्रो. ओजस्वी शर्मा ने अज्ञान , वासना, क्रोध, आक्रमण एवं विभाजन के भावों का अन्त करते हुये अतिमानस शुद्धता चेतना का अभाव ही इन समस्याओं का कारण बताया।

नगर के पुलिस अधीक्षक मदनलाल शर्मा ने इन परिस्थितियों में जन जन के सक्रिय हो जाने तथा इनसे लड़ते हुये प्रशासन को सहयोग देने के दायित्व के प्रति श्रोताओं को आगाह किया।

नवनीत पालीवाल ने व्यवस्था को दोषी नहीं मानते हुये आत्म नियंत्रण तथा स्व सुधार की बात पर बल दिया। अपने भाव व्यक्त करते हुये उन्होंने कहा कि जो खेत में होगा वही खलिहान में आयेगा। हम लोग टुकड़ों में सोच रहे है, टुकड़ों में जी रहे हैं हालात पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये चुप्पी साध बैठे न रह कर जन मन को जागरूक करना होगा।

सरदार जसपाल सिंह ने आंतकवादियों को समाज का दुश्मन बताया और आंतकवाद व उग्रवाद में भेद स्पष्ट करते हुये एक ऐसे प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया जिससे निर्दोषी पर जुलुम न हो। साथ ही इसके लिये न्यायपालिका को शक्तिशाली बनाये जाने की आवश्यकता को महत्व दिया।

जब समाज में धार्मिक गुलामी एवं नैतिक पतन हो जाता है तब कइ विभूति अवश्य पैदा होती है जिसका कभी अभाव लगता है। यह विचार यू.आई.टी.के. सचिव के.सी. शर्मा ने व्यक्त किये। शिक्षा में सुधार को आपने सबसे महत्वपूर्ण साधना बताया। समाज सेवक कुम्भट ने शांति स्थापना के लिये जन जागरण अभियान चलाने का आह्वान किया।

गोष्ठी में उपस्थित अलग अलग धर्मों एवं विधाओं के व्यक्तियों ने भी अपने भाव प्रकट किये। कार्यक्रम के अंत में गोष्ठी के अध्यक्ष समाज सेवी दयाल चंद सोनी ने शिक्षा में सार्वभौमिकता एवं पवित्रता का प्रवेश कराने की आवश्यकता पर बल दिया जिससे सांप्रदायिकता के भूत से छुटकारा मिले। गांधी की वर्तमान महती प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुये व्यवहार में लाने की आवश्यकता बनाया। कार्यक्रम का संचालन शांति पीठ के महासचिव गणेश त्रिवेदी ने किया तथा आगन्तुकों को धन्यवाद मांगीलाल नागदा ने दिया।

19/7/87

राजस्थान पत्रिका

निरंकुश एकाधिकार की इच्छा ही अशान्ति का मूल कारण

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 18 जुलाई। प्रख्यात रंगकर्मी मंगल सक्सेना ने कहा कि निरंकुश एकाधिकार की इच्छा, पारस्परिक सहिष्णुता का अभाव ही साम्प्रदायिकता, अशांति एवं आतंकवाद का मूल कारण है। वे शुक्रवार को यहां सूचना केन्द्र में शांति पीठ की ओर से आयोजित विचार गोष्ठी में बोल रहे थे।

साम्प्रदायिकता अशांति एवं आतंकवाद पर आयोजित इस गोष्ठी में प्रो. ओजस्वी शर्मा ने अज्ञान, वासना, क्रोध, आक्रमण एवं विभाजन के भावों का अन्त करते हुए अति मानस शुद्रतम चेतना का अभाव ही इन समस्याओं का समाधान बताया।

नवनीत पालीवाल ने व्यवस्था को दोषी नहीं मानते हुए आत्म निरीक्षण तथा स्व सुधार की बात पर बल दिया। सरदार जसपाल सिंह ने आतंककारियों को समाज का दुश्मन बताया और आतंकवाद व उग्रवाद में भेद स्पष्ट करते हुए एक ऐसे प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया जिससे निर्दोषों पर जुल्म न हों। साथ ही इसके लिए न्याय पालिका को शक्तिशाली बनाए जाने की आवश्यकता को महत्व दिया।

गोष्ठी में उपस्थित अलग-अलग धर्मों एवं विधाओं के व्यक्तियों ने भी अपने भाव प्रकट किये। कार्यक्रम के अन्त में गोष्ठी के अध्यक्ष समाज सेवी दयाल चन्द सोनी ने शिक्षा में सार्वभौमिकता एवं पवित्रता का प्रवेश कराने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन शांति पीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने किया।

राजस्थान पत्रिका - 30-6-1996

पत्रिका
30/6/96

कबीर जयंती पर गोष्ठी संपन्न

उदयपुर, 29 जून (वि.)। कबीर जयंती के अवसर पर रविवार को यहां शांति पीठ में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में कबीर के दर्शन की आधुनिक युग में उपयोगिता पर अनंत गणेश त्रिवेदी व डा. लक्ष्मी नारायण शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए।

Conservation of Lake system



Conservation of the Udaipur Lake System

Udaipur is known as the city of lakes on the world map. It has three lakes in the upper catchment area, six lakes within its municipal limits and one lake in the down stream and the river Ahar. The Udaipur lake system is so designed that water from one water body enters into the other through channels, link canals and river Ahar. The citizens of Udaipur got such a lake system as heritage from the Maharanas of Mewar centuries ago. Undoubtedly the lakes surrounded by hills create a beautiful scene and skyline and attract tourists round the year. The lakes are the source of drinking water and the backbone of the economy of the town.

But unfortunately the lakes had been much neglected over a long period of time which brought into question of their existence itself. The lakes were victims of the negligence of the Govt. departments concerned, contamination by hazardous pollutants, silt, encroachments, leakage of sewerage and garbage into the lakes and so on.

Deeply felt concerned by the plight of the lakes Shantipeeth initiated the way of their conservation by mobilizing public movement and participation and established 'Jheel Sanrakshan Samiti' in 1992 and the same immediately started action by cleansing water hyacinth and solid waste from the lake Pichhola in a mass participation in a first step. The Samiti started working as a pressure group. It had to take court actions by filing public interest litigations. The samiti suggested a number of proposals and prepared lake conservation reports including the proposal for the 'Lake Development Authority'. Due to continuous efforts of the samiti, National Lake Conservation Plan (NLCP) sanctioned the project for the Lakes- Pichola and Fatehsagar. The samiti took initiative for scientific desilting of the lakes time after time.



प्रातःकाल
उदयपुर, बुधवार 10 जून, 2009



उदयपुर । पिछोला में मिट्टी निकालने की कार्यवाही से गहराई बढ़ने लगी है। कमल कुमावत

प्रशासन-उद्यमी सहयोग करें तो पिछोला और हो सकता है गहरा

उदयपुर, 9 जून (कासं)। पुलिस व प्रशासन पिछोला झील को गहरा करने के लिए मिट्टी निकाल रहे लोगों को परेशान करने के बजाए सहायता करें तो शायद पिछोला झील अभी तक एक मीटर से ज्यादा गहरी हो चुकी होती।

मंगलवार को पिछोला झील में मिट्टी निकाल रहे लोगों की परेशानी सुनने के लिए अलग-अलग संगठनों के पदाधिकारी पत्रकारों के साथ पिछोला झील पहुंचे।

स्थानीय लोगों ने पत्रकारों को बताया कि प्रशासन ट्रेफिक के नाम पर मिट्टी भरकर ले जा रहे ट्रेक्टर चालकों को परेशान कर रहा है। पुलिसकर्मी ट्रेक्टर चालक को चालान बनाने के नाम पर दो-दो घण्टे तक बिठाए रखते है तथा ट्रेक्टर को शहर के बाहरी रास्तों से ले जाने के लिए बाध्य करते है जिससे मिट्टी खुदाई का काम काफी धीरे हो रहा है।

मेवाड़ा प्रजापत सेवा संस्थान के अध्यक्ष बंशीलाल कुम्हार ने बताया कि ज्यादातर मिट्टी ईंट-भट्टे वाले ले जा रहे है। बारिश आने के पूर्व यदि प्रशासन ट्रेक्टर चालकों को परेशान न करें तो यह काम युद्ध स्तर पर हो सकता है जिससे वर्षों से पिछोला में पानी के बहाव के साथ आई मिट्टी को पिछोला से बाहर निकालकर खाली पड़े क्षेत्रों में भेजा जा सकता है। जिससे पिछोला की भराव क्षमता और भी बढ़ सकती है।

झील संरक्षण समिति के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि बड़े-बड़े उद्योगपति यदि अखबारों में फोटो छपवाने के लिए एक तगारी मिट्टी उठाने के बजाए एक खुदाई मशीन का खर्चा वहन करें तो पिछोला में हो रही खुदाई के काम में तेजी आ सकती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ट्रेक्टर चालकों को परेशान करने के बजाए पिछोला के रूण में ट्रेक्टर चालकों के लिए छांव तथा पेयजल की व्यवस्था कर दें तो मिट्टी खुदाई कर ले जा रहे ठेकेदारों को प्रोत्साहन मिलेगा।

वहीं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व पार्षद त्रिभुवननाथ पुरोहित ने बताया कि पिछोला झील के पेटे में बनी बड़ी-बड़ी होटलें इस काम में मदद नहीं कर रही है। जबकि पिछोला झील का फायदा ये होटल संचालक ही उठाते है। उन्होंने कहा कि इस काम के लिए केवल हिन्दुस्तान जिंक ही अकेला मदद कर रहा है। जिंक की ओर से रूण में 1 जेसीबी तथा 3 डम्पर निशुल्क सेवाएं दे रहे है।

पिछोला के रूण में गए सरोवर विज्ञानी प्रो. एल.एल. शर्मा ने बताया कि पिछोला से प्रतिदिन एक हजार ट्रेक्टर-डम्पर मिट्टी भरकर ले जा रहे है। यह काम थोड़ा देरी से शुरू हुआ था। इसी कारण खुदाई कम ही हो पाई है। इस काम के लिए करीब 10 खुदाई मशीनें तथा 500 व्यक्ति लगे हुए है। यदि प्रशासन पर्याप्त सहयोग करें तो शायद इस काम में तेजी आ सकती है। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने मिट्टी ले जा रहे ट्रेक्टर चालकों तथा ठेकेदारों की समस्याएं भी सुनी।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर,, शनिवार, 16 मई, 2009



अमृतम्-जलम् अभियान के तहत शुक्रवार को उदयपुर की पिछोला की सफाई में जुटे शहरवासी।

एक जेसीबी और तीन डम्पर जिंक के

कार्यालय संवाददाता

उदयपुर, 15 मई। पिछोला झील में खुदाई का काम आगे बढ़ाते हुए अब हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने भी एक एक्सक्वेटर और तीन डम्पर भेजने का फैसला किया है। झील संरक्षण समिति के संस्थापक सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया कि यह मशीन शनिवार से पिछोला में काम करना शुरू कर देगी।

खुदाई जारी

लेक पैलेस की ओर से खुदाई की जा रही है। अभी यह कार्य होटल के पास वाले भाग में हो रहा है।

और चाहिए संसाधन

यूआईटी ने पिछोला में तीन एक्सक्वेटर मशीनों पर सात ट्रैक्टर लगा रखे हैं, जबकि नियमानुसार एक एक्सक्वेटर पर दस ट्रैक्टर होना चाहिए, ताकि काम को गति मिल सके। यूआईटी सचिव फुरकान खान ने बताया कि ट्रैक्टर बढ़ाए जाएंगे।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, बुधवार 13 मई, 2009

फतहसागर-पीछोला में डिसिल्टिंग शुरू

यूआईटी करेगी साढ़े नौ लाख रुपए खर्च, अभी दूर की कौड़ी है एनएलसीपी प्रोजेक्ट का रुपया



फतहसागर पेटे की खुदाई कर मिट्टी निकालता जेसीबी।

नगर संवाददाता. उदयपुर

यूआईटी ने मंगलवार सुबह फतहसागर और पीछोला झील से गाद निकालने का कार्य शुरू कर दिया। यूआईटी इस कार्य पर साढ़े नौ लाख रुपए खर्च करने जा रही है। दोनों झीलों में डिसिल्टिंग के नाम पर एनएलसीपी प्रोजेक्ट में करोड़ों रुपए का मद है, लेकिन आचार संहिता के कारण इस प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में देरी हो रही है।

एनएलसीपी प्रोजेक्ट दूर की कौड़ी

एनएलसीपी प्रोजेक्ट के तहत फतहसागर व पीछोला के लिए करीब डेढ़ करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत हुई है, लेकिन अब तक स्थानीय निकायों को एक भी रुपया नहीं मिला है। जिला प्रशासन कई दफा राज्य सरकार से उक्त राशि को रिलीज करने की मांग कर चुका है, राज्य सरकार ने रुपया प्रशासन को नहीं दिया है जबकि केंद्र सरकार ने एनएलसीपी प्रोजेक्ट की पहली किश्त रिलीज कर दी है। सूत्रों के अनुसार अब तक हुए टेंडर भी दुबारा कराने की कवायद जयपुर स्तर पर शुरू की जा रही है।

कलेक्टर आनंद कुमार, यूआईटी सचिव फुरकान खान, एसी आरके संभानी, एक्सईएन केडी सांदू सहित यूआईटी स्टाफ और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में सुबह 10 बजे फतहसागर झील से गाद निकालने का कार्य आरंभ हुआ। राजीव गांधी पार्क के सामने वाले फतहसागर झील के छोर से गाद निकालने का कार्य शुरू किया गया। यूआईटी की तरफ से फतहसागर में गाद निकालने के लिए तीन जेसीबी और नौ ट्रैक्टर लगाए गए हैं। इसी तरह पीछोला में गणगौरघाट के पास से गाद निकालने का कार्य शुरू किया गया। वहां पर भी तीन जेसीबी और नौ ट्रैक्टर लगाए गए हैं। यहां झील संरक्षण समिति के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने स्वस्ति वाचन करवाया। इस अवसर पर भंवरसिंह राजावत, पार्षद गीता पालीवाल यूआईटी के अधिकारी मौजूद थे।

इसके साथ ही प्रशासन ने आम नागरिकों को भी गाद निकालने के लिए आमंत्रित किया है, जो भी व्यक्ति चाहे झील से मिट्टी निकालकर ले जा सकता है। यहां पहले से ही लोग इस कार्य में लगे थे। यूआईटी आगामी एक माह तक दोनों झीलों में डिसिल्टिंग का कार्य करेगी।

"मानसून पूर्व झीलों से गाद निकालने का कार्य जरूरी था। इसलिए यूआईटी के जरिये यह कार्य करवाया जा रहा है। एनएलसीपी प्रोजेक्ट के तहत स्वीकृत हुई राशि कब मिलेगी, इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। इस संबंध में प्रोजेक्ट डायरेक्टर से बात चल रही है।

-आनंद कुमार, कलेक्टर

दैनिक नवज्योति ■ अजमेर, गुरुवार, 16 अप्रैल, 2009

झीलों की गाद निकालने का काम शुरू हो : त्रिवेदी

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 15 अप्रैल। पिछोला झील अब लगभग सूखने आ चुकी है। दस दिन पूर्व की स्थिति में ब्रह्मपोल से पिछोला रूण में जाने के लिए मार्ग में पानी था जो अब पूरी तरह सूख चुका है। यह बात गत दिनों सूखी पिछोला का जायजा लेते हुए झील हितैषी एवं पर्यावरण से जुड़े लोगों ने बताई। उन्होंने चिंता जताई कि गाद निकालने के काम में अब भी विलम्ब हुआ तो झील में समाहित विषैले अपशिष्ट मानसून आने की स्थिति में बाहर नहीं निकल पाने से जल को प्रदूषित कर देंगे।

झील के विषैले अपशिष्ट वर्षा जल को कर देंगे प्रदूषित

उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि वह अपने स्तर पर किसी तरह डिसिल्टिंग का काम शुरू करें तथा प्रस्तावित परियोजना का कार्य बड़े पैमाने पर शुरू होने तक निरंतर रखें, जिससे मानसून पूर्व गाद निकालने का कार्य कामयाब हो सके। उन्होंने प्रशासन से यह भी आग्रह किया कि जो लोग अपने स्तर पर मशीनें लगाकर मिट्टी खोद रहे है तथा ट्रेक्टरों व डम्परों से मिट्टी ले जा रहे है उन्हें आवश्यक सुविधा मुहैया करावें। यह लोग एक महीने से अधिक समय से कार्य कर रहे हैं। उल्लेख है कि पिछले कई वर्षों से इन्हीं लोगों ने झील से हजार ट्रक गाद निकालने का कार्य कर चुके है। परन्तु इसी कार्य को सुव्यवस्थित किए जाने की आवश्यकता है। रास्ते में कई बार कुछ लोगों द्वारा रास्ता अवरूद्ध कर दिया जाता है, जिससे ट्रकें ले जाने में बाधा पैदा होती है। प्रशासन इसके लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देकर इनकी आवाजाही सुनिश्चित करें। मौका मुआयना के दौरान झील संरक्षण समिति के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी, विधि विशेषज्ञ एम.एस. राणावत, समाजसेवी बंशीलाल कुम्हार, एडवोकेट सुरेन्द्र मेनारिया, इन्द्र जोशी आदि सम्मिलित थे। आज अनन्त गणेश त्रिवेदी ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को फैक्स भेजकर आग्रह किया कि वे डिसिल्टिंग के लिए राज्य सरकार को अविलम्ब अनुमति प्रदान करे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पूर्व में ऐसी अनुमति के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त से प्रार्थना कर रखी है। त्रिवेदी ने अपने पत्र में झीलों की वस्तुस्थिति एवं परियोजना की महत्ता का स्पष्ट उल्लेख करते हुए इस कार्य को तत्काल प्रारम्भ करने की आवश्यकता प्रतिपादित की है।



सूनी पीछोला झील से गाद निकालने में लगी जेसीबी मशीन। फोटो : नवज्योति

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, शुक्रवार, 17 अप्रैल, 2009

डिसिल्टिंग की अनुमति को चुनाव आयोग से आग्रह

उदयपुर। झील संरक्षण समिति की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त को ज्ञापन भेज कर पिछोला व फतहसागर झील से गाद निकालने (डिसिल्टिंग) कार्य के लिए राज्य सरकार को अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया है। ज्ञापन में बताया गया है कि गाद निकालने के कार्य में अब विलंब हुआ तो झील में समाहित विषैले अपशिष्ट मानसून की स्थिति में बाहर नहीं निकल पाने से जल को प्रदूषित कर देंगे। पिछोला व फतहसागर झील संरक्षण की प्रस्तावित परियोजना का कार्य बड़े पैमाने पर शुरू किए जाने के साथ ही निरंतर रखें जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अनुमति के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त को प्रार्थना भी कर रखी है। समिति के अनंत गणेश त्रिवेदी ने प्रशासन से झील से गाद ले जा रहे ट्रकों के मार्ग में कुछ लोगों की ओर से खड़ी की गई बाधा को दूर करने की मांग की है।

मार्बल स्लरी ने बिगाड़ा जमीनी पानी

30-10-2006

चित्रकूट नगर के पास मार्बल स्लरी डंपिंग से क्षेत्र का भूजल दूषित हो चुका है। रूपसागर में आवक के रास्ते भी स्लरी जमा हो जाने से अवरुद्ध हो गए हैं।

नगर संवाददाता. उदयपुर

शहर के चित्रकूट नगर के पास मार्बल स्लरी डंपिंग से त्रस्त नागरिकों ने मार्बल व्यापारियों को रविवार को खूब खरी-खोटी सुनाई। स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी उनकी वेदना को समझा और सराहा जबकि मार्बल व्यवसायियों का कहना था कि जिस जगह स्लरी डाली जा रही है उससे किसी को नुकसान नहीं है।

शहर के स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों व नागरिकों की ओर से आयोजित जन सुनवाई के दौरान कुछ देर हंगामा भी हुआ। स्लरी डंपिंग यार्ड के पास ही जनसुनवाई रखी गई। चित्रकूट नगर, राम नगर, भुवाणा, रूपसागर तथा आसपास के नागरिकों का गुस्सा तब फूट पड़ा जब मार्बल व्यापारी एसोसिएशन के नेताओं ने कहा कि स्लरी डंपिंग से किसी भी व्यक्ति को नुकसान नहीं है। व्यापारियों का नेतृत्व कर रहे उदयपुर मार्बल प्रोसेसर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय गोधा ने जनप्रतिनिधियों को समझाने का प्रयास किया कि मार्बल स्लरी डंपिंग से आसपास के क्षेत्र का भूजल दूषित नहीं हो रहा है। व्यापारी इस बात पर भी अड़े रहे कि स्लरी से रूपसागर में न तो पानी आवक का मार्ग अवरुद्ध



■ रूपसागर के किनारे पर जन सुनवाई करते झील संरक्षण समिति के सदस्य व पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता। -भास्कर

हुआ है न ही भराव क्षमता प्रभावित हुई है।

मार्बल व्यापारियों के इन तर्कों पर नागरिक एवं जनप्रतिनिधि भड़क उठे। जन सुनवाई में शामिल कुछ नागरिकों ने मार्बल एसोसिएशसन के प्रतिनिधियों को चुनौती दी कि वे उन्हें स्लरी से दूषित नलकूपों व इनका पानी पीने से बीमार लोगों से मिलवा सकते हैं व अस्वस्थता का प्रमाण दे सकते हैं। मार्बल एसोसिएशन की ओर से दिलीप तलेसरा, रमेश जैन, प्रभूलाल शर्मा, बन्ना राम चौधरी भी उपस्थित थे। पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता के नेतृत्व में आयोजित जन सुनवाई के दौरान झील संरक्षण समिति, मेवाड़ जन समिति, झील हितैषी नागरिक मंच, डा. मोहनसिंह मेहता मेमोरियल ट्रस्ट के प्रतिनिधि उपस्थित थे। स्लरी डंपिंग यार्ड के पास स्थित रघुनाथपुरा, चित्रकूट नगर, रामनगर, भुवाणा व रूपसागर संघर्ष समिति के प्रतिनिधि पार्षद शिप्रा उपाध्याय व सूर्यप्रकाश उपाध्याय, भुवाणा के सरपंच अनिल चित्तौड़ा ने भाग लिया।

झील संरक्षण समिति के अनिल मेहता के साथ भोपाल झील संरक्षण प्राधिकरण के वरिष्ठ शोधाधिकारी एस.एम. मिश्रा तथा केंद्रीय भूजल आयोग के पूर्व निदेशक ओ.पी. माथुर ने भी स्लरी डंपिंग यार्ड का जायजा लिया। श्री माथुर ने जन सुनवाई के दौरान दावा किया कि चित्रकूट नगर क्षेत्र में स्लरी डालने से निश्चित तौर पर भूजल प्रदूषित होगा। श्री मिश्रा ने वैज्ञानिक एवं कानूनी दृष्टिकोण से डंपिंग स्थल गलत बताया।

किसने क्या कहा

पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने कहा कि मार्बल खनन एवं प्रोसेसिंग का विकास जनता के स्वास्थ्य की कीमत पर नहीं होना चाहिए। श्री मेहता ने स्पष्ट रूप से कहा कि स्लरी से ग्रस्त होकर लोग बीमार होंगे व जल स्रोत बर्बाद होंगे तो मार्बल उद्योग भी नहीं पनप पाएगा। जन सुनवाई कार्यक्रम के संयोजक अनिल मेहता ने स्लरी की डंपिंग उचित स्थान पर करने तथा सड़क निर्माण व ईंट बनाने में उपयोग करने की जरूरत बताई। भुवाणा के सरपंच अनिल चित्तौड़ा ने कहा कि जिस स्थान पर स्लरी डाली जा रही है उसके विरोध में हैं। उन्होंने यह स्थान आबंटित न करने के लिए नगर विकास प्रन्यास को लिखा था।

मेवाड़ जन के जय किशन चौबे, जमनालाल दशोरा व सपना वर्मा ने डंपिंग यार्ड न हटाने पर आन्दोलन की चेतावनी दी। झील हितैषी समिति के हाजी सरदार मोहम्मद, जमना शंकर दशोरा का कहना था कि जिस प्रकार अतिक्रमण से सिसारमा नदी का बहाव क्षेत्र प्रभावित हुआ वैसी हालत रूपसागर के जल ग्रहण क्षेत्र की हो गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सभी मार्बल इकाइयों में फिल्टर प्रेस लगी हैं तब गीली स्लरी क्यों डंप की जा रही है। झील संरक्षण समिति के डा. तेज राजदान व अनंत गणेश त्रिवेदी का कहना था कि यूआईटी ने प्रदूषण नियंत्रण मंडल की अनुमति लिए बिना तथा पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन कराए बगैर स्लरी डंप करने का स्थान आबंटित कर दिया जो गैर कानूनी है।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर » 6 जून 2006

पर्यावरण दिवस पर लिए संकल्प

रैलियों एवं गोष्ठियों के माध्यम से दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

उदयपुर, 5 जून।

पर्यावरण चेतना संगोष्ठी: शांतिपीठ और जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण चेतना संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता पर्यावरणविद् मत्स्यकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एल.एल.शर्मा ने कहा कि 21 वीं सदी में मनुष्य ज्ञान के सहारे ही पर्यावरण की विभिन्न चुनौतियों का सामना कर उनसे निजात पा सकता है। इसके लिए वैज्ञानिक सोच विकसित करने की आवश्यकता है।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी, प्रशिक्षण संस्थान के उपाचार्य आर.पी.मीणा व प्रोफेसर पमेन्द्र दशोरा ने भी विचार रखे। संचालन महेश शर्मा ने किया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, मंगलवार 6 जून 2006
विक्रम संवत 2063, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, दशमी

पर्यावरणीय चुनौतियों से निजात दिलाएगा विज्ञान

शांतिपीठ की संगोष्ठी

उदयपुर, 5 जून • नसं। पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को शांतिपीठ और जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान की ओर से संगोष्ठी हुई।

मुख्य वक्ता के रूप में पर्यावरणविद् एवं फिशरीज कॉलेज के डीन डॉ. एलएल शर्मा ने कहा कि 21वीं सदी में मनुष्य पर्यावरण की चुनौतियों से विज्ञान की मदद से निजात पा सकते हैं। पीठ के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का प्रयास संवेदना अनुप्राणित होना चाहिए संवेदना निरपेक्ष नहीं। अध्यक्ष पद से रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के उपाचार्य आरपी मीणा ने पर्यावरण संरक्षण को राष्ट्र निर्माण के संदर्भों में समझने की जरूरत बतायी। इस मौके पर पोस्टर का विमोचन किया गया। संचालन मीरा गर्ल्स कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक महेश शर्मा ने तथा एमएस राणावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



शांतिपीठ व जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान की ओर से पर्यावरण दिवस संगोष्ठी में बोलते अनंतगणेश।

विश्व पर्यावरण दिवस के समाचार पेज 4 पर भी



सूखे को रेगिस्तान मत बनाओ

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून, 2006 : मरुस्थल और मरुस्थलीकरण। अगर उदयपुर का भविष्य झीलों में है तो बच्चों का भविष्य खतरे में है। जल जीवन का आधार है, इसे बचाइए। प्रकृति की शक्ति अद्भुत है, रेगिस्तान फिर, संवर सकता है, देर हो चुकी है- आइए! बहुत देर नहीं करें

मीरा कंजूमर
वेलफेयर कौंसिल

दैनिक नवज्योति ■ अजमेर, गुरुवार, 11 जून 2009 Postal Reg. No. RJ/AJ/01/2009-11

पिछोला झील में खुदाई ने गति पकड़ी

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 10 जून। उदयपुर की विख्यात पिछोला झील में मलबा हटाने का कार्य जन सहयोग से अभियान का रूप लेता जा रहा है। इस कार्य में ईंट भट्टे से जुड़े व्यवसायी प्रमुख रूप से अपनी भागीदारी निभा रहे है तथा प्रतिदिन झील से एक हजार से भी ज्यादा ट्रेक्टर व ट्रकों के माध्यम से झीलों की मिट्टी को दस जेसीबी मशीनों द्वारा दिनरात खोदकर बाहर निकाला जा रहा है। वर्तमान में इस झील का लगभग 90 प्रतिशत पैंदा उघड़ चुका है तथा बचा-खुचा पानी झील की पाल के समीप ही सिमट कर रह गया है। ऐसे में झील से मलबा का निकालने का कार्य अति सुगम हो गया। सरोवर विज्ञानी डॉ. एल.एल. शर्मा ने बताया कि 600 हैक्टर से भी अधिक क्षेत्रफल में फैली इस झील में पिछले 50-60 वर्षों में प्रदूषण के कारण मिट्टी में कई प्रकार के जैविक एवं रसायनिक प्रदूषक तत्व समा गए है। इसलिए प्रारम्भिक दौर में पूरी झील की सतह से कम से कम एक मीटर मलबा खुरचने की जरूरत है। इससे वर्षा के उपरान्त आने वाले जल की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार के साथ-साथ जैव विविधता बढ़ने की सम्भावना है। इससे झील की जल भराव क्षमता भी बढ़ेगी। एक मोटे अनुमान के अनुसार झल से एक ट्रेक्टर मिट्टी निकालने पर एक व्यक्ति के लिए दो महीने के लिए आवश्यक जल इसमें अतिरिक्त संग्रहण हो सकेगा। इस प्रकार अगर पूरी झील के पचास प्रतिशत क्षेत्र को ही मात्र एक मीटर गहरा किया जाए तो इससे 30 लाख घन मीटर जल की अतिरिक्त क्षमता पैदा हो जाएगी। झील में मिट्टी खुदाई कार्य को और व्यापक बनाने के लिए झील संरक्षण समिति तथा

जन सहभागिता से मलबा निकालने का काम हुआ सुगम

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने व्यवसायियों एवं खासकर झील के आसपास स्थित प्रतिष्ठानों को इस कार्य से जुड़ने की आवश्यकता बताई। झील में हो रही खुदाई का अवलोकन करने के बाद झील प्रेमियों ने नागरिक स्तर पर हो रहे इस कार्य की प्रशंसा करते हुए इन्हें प्रशासन की ओर से समुचित उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई, जिससे यह कार्य और गति पकड़ सके। ताकि वर्षा से पूर्व झील के अधिकांश हिस्से में खुदाई कर मलबा हटाना सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में प्रशासनिक सहयोग के अतिरिक्त उचित तालमेल की भी आवश्यकता बताई गई। झील प्रेमियों के दल ने बताया कि ईंट भट्टा व्यवसायियों के अतिरिक्त हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड तथा स्थानीय प्रशासन की ओर से भी मलबा हटान के प्रयास किए जा रहे है। परन्तु आगामी वर्षा काल को देखते हुए इन प्रयासों को ओर व्यापक बनाने की जरूरत है। झील में मिट्टी खुदाई का अवलोकन करने वालों में पार्षद एवं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष त्रिभुवननाथ पुरोहित, झील संरक्षण समिति व शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी तथा ईंट व्यवसायी प्रतिनिधि बंशीलाल प्रजापति भी शामिल थे।



उदयपुर की विश्व प्रसिद्ध पिछोला झील से निकाली जा रही गाद का निरीक्षण करते दायें से सरोवर विज्ञानी डॉ. एल.एल. शर्मा, झील संरक्षण समिति के महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी, बार अध्यक्ष त्रिभुवननाथ पुरोहित एवं बंशीलाल प्रजापत। फोटो : नवज्योति

दैनिक भास्कर
उदयपुर · बुधवार · 10 जून 2009



पीछोला से हजारों टन मिट्टी निकाली जा चुकी है। यह जनसहभागिता से ही संभव हुआ। फोटो भास्कर

उनकी जरूरत ने बदली पीछोला की तस्वीर

झील संरक्षण ईंट-भट्टा व्यवसायियों के द्वारा निकाली जा रही गाद

उदयपुर | ईंट-भट्टा व्यवसायियों व किसानों की जरूरतों ने पीछोला की जलभराव क्षमता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। इनके द्वारा अब तक करीब 35 हैक्टेयर से मिट्टी उठाए जाने के बाद झील का नजारा ही नया दीख रहा है। मिट्टी उठाए जाने का अभियान अनवरत है। ईंट भट्टा व्यवसायी व किसानों का दावा है कि यदि प्रशासन सहयोग करें तो बारिश पूर्व झील के 50 फीसदी खाली पेटे से मिट्टी निकाली जा सकती है। शहर के आसपास के गांव कविता, डांगियों का गुड़ा, लखावली, एकलिंगपुरा, नाई, बूझड़ा, कोड़ियात समेत 15 से अधिक गांवों के ईंट भट्टा व्यवसायी व किसान मिट्टी उठा रहे हैं।

झील पेटे से रोजाना तकरीबन 1200 ट्रैक्टर ट्राली व डंपर मिट्टी उठाई जा रही है। ईंट भट्टा व्यवसायी व मेवाड़ प्रजापति समाज के अध्यक्ष बंशीलाल प्रजापत ने बताया कि यदि प्रशासनिक सहयोग मिले तो इस कार्य में तेजी आ सकती है। मिट्टी से भरे ट्रैक्टर के लिए यातायात पुलिस द्वारा शहर के बीच व आसपास की सड़कों का उपयोग नहीं करने दिया जा रहा है। इधर, बार एसोसिएशन अध्यक्ष त्रिभुवननाथ पुरोहित, आरसीए के जल कृषि विभागाध्यक्ष प्रो. एलएल शर्मा, झील संरक्षण समिति के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी व ईंट व्यवसायी बंशीलाल मेवाड़ा ने क्षेत्र का दौरा किया तथा मजदूरों से बात की।

झील के उद्धार से निर्माण तुल्य पुण्य : जलाशय को जीवंत प्राणदाता माना गया है। न जाने कितनी जीव योनियां इससे पोषित, पुष्ट होती है। इसलिए शास्त्रों में कहा है कि झीलों के निर्माण से जो पुण्य मिलता है, वही झीलों के पुनरूद्धार से मिलता है। यदि कोई धेला न लगाए किंतु पेटे में पड़ा ढेला भी हटाकर किनारे करता है तो वह बड़ा कार्य करता है- तडागं निर्माणतुल्यं फलं प्राप्नोति उद्धारकात्। न व्ययश्चापि पणं उपलं च निष्कासने।।

दैनिक नवज्योति ■ अजमेर, सोमवार, 8 जून 2009



पिछोला झील में जनभागिता से चल रहे डी सिल्टींग कार्य का हिन्द जिंक के मुख्य प्रचालन अधिकारी अखिलेश जोशी को अवलोकन कराते झील संरक्षण समिति एवं अन्य संगठनों के नागरिकगण। फोटो-नवज्योति, उदयपुर

झीलें एवं हिन्द जिंक है दिल उदयपुर का-अखिलेश जोशी

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 7 जून। हिन्दुस्तान जिंक एवं झील संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे पिछोला झील पर डी-सिल्टींग और जन सहभागिता अभियान का हिन्दुस्तान जिंक के मुख्य प्रचालन अधिकारी अखिलेश जोशी ने अवलोकन किया।

जोशी ने इस अवसर पर झील संरक्षण समिति से जुडे विभिन्न लोगों को जन जागरुकता लाने के लिए धन्यवाद दिया तथा हिन्दुस्तान जिंक द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। झील संरक्षण समिति के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी के अनुग्रह पर जोशी ने तुरन्त एक अतिरिक्त जेसीबी और तीन डम्पर और प्रदान करने की स्वीकृति दी। जोशी के सुझाव पर पिछोला झील से निकल रही उपजाऊ मिट्टी आस पास के गरीब किसानों में वितरित की जायेगी जिससे उनकी खेती में और अधिक लाभ होगा। यह कार्य हिन्द जिंक के सीएसआर विभाग के प्रमुख अहमर सुल्तान की देखरेख में पूरा किया जायेगा। अखिलेश जोशी ने उदयपुर के जागरुक लोगों के इस अभियान

हिन्द जिंक ने जेसीबी और डम्पर की संख्या बढ़ाई

तथा कर्मनिष्ठा को बहुत सराहा और हिन्द जिंक द्वारा दी गई सहायता व सदुपयोग एवं कार्य प्रगति देखकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की ।

झील संरक्षण समिति के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने इस अवसर पर व्यवसायिक संगठनों खास कर झील एवं पर्यटन से जुडी हुई एजेन्सियों से अपील की कि वे झील के रखरखाव के लिए चल रहे इस अभियान में आये आए। इस अवसर पर चांद पोल नागरिक समिति के तेजशंकर पालीवाल, झील हितैशी नागरिक संघ के हाजी सरदार मोहम्मद, महाकालेश्वर अन्न क्षेत्र यज्ञ सेवा समिति के दयाशंकर कुमावत, धर्मोत्सव समिति मेवाड के दिनेश मकवाना उपस्थित थे। समाजसेवी घनश्यामसिंह कृष्णावत, सरोवर वैज्ञानिक डा. एल.एल.शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट प्रकाश पानेरी, भवंरसिंह, त्रिभुवननाथ पुरोहित, ईंट व्यवसायी बंशीलाल कुम्हार, घनश्याम चावला आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। ज्ञातव्य है कि हिन्दुस्तान जिंक की एक जेसीबी और तीन डम्पर पिछले एक माह से पिछोला झील में हो रहे डी-सिल्टींग के कार्य में सहयोग दे रही है।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, मंगलवार, 21 अप्रैल, 2009

झीलों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से हो

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 20 अप्रैल। बहुआयामी समस्याओं से ग्रसित उदयपुर की झीलों का पुनरुत्थान तभी सम्भव है जब प्राथमिकताओं के आधार पर इनका निराकरण व्यावहारिक धरातल पर हो तथा इसकी अकाउंटेबिलिटी व पारदर्शिता सार्वजनीन हो। वर्तमान में सूखी झीलों की पीड़ा स्वतः मुखरित है। शासन, प्रशासन व आमजन ने इसे सुना है, जाना है फिर भी संगठित जन शक्ति एवं समयबद्ध प्रतिबद्धता के अभाव में अस्तित्व मात्र पर संकट बरकरार है। आवश्यकता है शासन, प्रशासन व आमजन की ताकत के समन्वित प्रयासों को अमलीजामा पहनाने की।

यह विचार पिछोला झील की रूण में पर्यावरण एवं झील हितैषी नागरिकों की बैठक में व्यक्त किए। विषाक्त अपशिष्ट और गाद भली सूखी झीलों की सफाई का अवसर प्रकृति ने प्रदान किया है। दो माह बीत चुके है किन्तु डिसिल्टिंग का अपेक्षित अभियान की शुरूआत नहीं होने की गम्भीर चिन्ता व्यक्त करते हुए यह राय बनी कि स्वैच्छिक स्तर पर सीमित रूप से किए जा रहे डिसिल्टिंग के कार्य में जन भागीदारी बढ़ाते हुए इसे व्यापक रूप दिया जाए। यह उल्लेख है कि पूर्व में कई वर्षों से ईंट व्यवसायियों द्वारा झील से मिट्टी निकाली गई है, जिससे उनका स्वार्थ और परमार्थ दोनों सिद्ध हुए तथा वर्तमान में भी इनकी मुहिम बनी हुई है और इस तरह स्वैच्छिक पहल से ही झील का अस्तित्व बरकरार है।

समिति के अध्यक्ष जगत मेहता ने कहा कि हमारी सोच पांच साल की नहीं होकर आने वाली पीढ़ियों के सुखद भविष्य को अंदाज में दरखकर होनी चाहिए। उन्होंने लोकशक्ति बढ़ाने की

झीलों से निकाली जाए गाद

आवश्यकता बताई और कहा कि तब ही जाकर हम अपने मकसद में कामयाब होंगे। महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि झीलें हमारी विरासत है जिससे हमारा भूत, वर्तमान और भविष्य जुड़ा हुआ है तथा हमारा अस्तित्व इस पर निर्भर करता है। उदयपुर के समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का केंद्र है। उन्होंने कहा कि झीलों के प्रति निष्क्रिय अवेयरनेस से काम नहीं चलेगा, इसे प्राणवान बनाना होगा और आमजन की ताकत से ही झीलों का पुनरूत्थान सम्भव होगा। उन्होंने जल व झील जैसे सर्वाधिक महत्व के कार्य के लिए आचार संहिता का कारण बनने तथा चुनाव आयुक्त द्वारा प्रशासन को डिसिल्टिंग की अनुमति अब तक नहीं दिए जाने पर अफसोस व्यक्त किया। इस अवसर पर पर्यावरणविद् डॉ. एल.एल. शर्मा ने कहा कि प्रशासन द्वारा झीलों के लिए बनी डीपीआर को सार्वजनिक किया जाए। समाजसेवी घनश्याम सिंह कृष्णावत ने कहा कि समय अल्प है, झील से मिट्टी निकालने के लिए अथक प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज झील की स्थिति परात (थाली) के समान हो चुक है यही कारण है कि झील जल्दी भरी दिखती है और इतनी ही जल्दी सूख भी जाती है। उन्होंने जनता और प्रशासन की मिलीजुली भागीदारी को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि प्रशासन डम्पिंग के लिए निकटस्थ करीब 50 बीघा की जगह सुनिश्चित करें। उन्होंने सीवरोज की उपयुक्त व्यवस्था की आवश्यकता बताई। बैठक में चंद्रगुप्त सिंह चौहान, धर्मोत्सव समिति के दिनेश मकवाना, रमेशचंद्र ललवानी, हाजी सरदार मोहम्मद, हाजी मोहम्मद बक्ष, विक्रमादित्य सिंह चौहान, शान्तिलाल भण्डारी, प्रकाश तिवरी, दिनेशचन्द्र शर्मा, भूपेन्द्र सिंह भाटी, रोशनलाल सिंघल, इन्दुशेखर व्यास, हाजी नूर मोहम्मद, सी.पी. शर्मा, के.जी. पालीवाल, कमलेश पुरोहित, कुलदीपक पालीवाल, अजीत सिंह राव आदि ने भी विचार व्यक्त किए। बैठक का संचालन विधि विशेषज्ञ एम.एस. राणावत ने किया।



उदयपुर में सोमवार को पिछोला झील की रूण में पर्यावरण एवं झील हितैषी नागरिकों की बैठक में विचार रखते वक्ता। फोटो : नवज्योति

दैनिक नवज्योति ■ अजमेर, मंगलवार, 7 अप्रैल 2009 Postal R



उदयपुर की रूपसागर झील की बदहाल तस्वीर। फोटो : लोकेश दशोरा

झीलों की डिसिल्टिंग बने प्रथम प्राथमिकता

जिला प्रशासन को अनुमति दिलाने की मांग

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 6 अप्रैल। झील संरक्षण समिति के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वे उदयपुर की झीलों के डिसिल्टिंग के लिए तत्काल जिला प्रशासन को अनुमति दिलाते हुए कार्य शुरू कराएं।

उन्होंने झीलों की वर्तमान हालात को बयां करते हुए कहा कि पिछोला झील में बमुश्किल दस प्रतिशत पानी शेष है। रंग सागर, स्वरूप सागर और कुम्हारिया तालाब में गिर रहा सीवरेज पिछोला में समा रहा है, जिससे पिछोला का जल भी विषाक्त हो रहा है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 27 फरवरी को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा 23 मार्च को सम्भागीय आयुक्त को पत्र प्रेषित करते हुए कार्य प्रारम्भ किए जाने हेतु आग्रह किया था। इस तरह करीब डेढ़ माह कार्य का विलम्ब हो चुका है। उन्होंने निर्वाचन अधिकारी को स्मरण दिलाया कि उन्होंने स्वयं उदयपुर की बैठक में विश्वास दिलाया था कि अगर विशेष अनुमति लेनी पड़े तो भी लेकर कार्य शुरू कराया जाएगा तथा आचार संहिता बाधक नहीं बनेगी। त्रिवेदी ने आग्रह किया कि वे इस पत्र को पीड़ित झीलों की पुकार और यहां के नागरिकों का आर्तनाद मानते हुए इस विषय को अत्यन्त गम्भीरता से लें और अविलम्ब झील में से विषाक्त अपशिष्ट और गाद निकालने का कार्य शुरू कराएं, जिससे झील की भराव क्षमता बहाल हो पाएगी तथा नागरिकों को निर्मल जल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि झील का डिसिल्टिंग वर्तमान में उदयपुर की प्रथम प्राथमिकता है।



उदयपुर शहर के रुपसागर की जमीन पर सड़क निर्माण के लिए डाली गई मिट्टी। पत्रिका फोटो

झील तो मिटेगी लोग भी मिट जाएंगे

रुपसागर पर सड़क निर्माण और कोलोनी कटने से भयभीत हैं नागरिक

उदयपुर, 20 अप्रेल। शहर के रूपसागर तालाब को भू-माफियाओं ने बेचना शुरू कर दिया है और लगता है प्रशासन का मंसूबा सड़कें बनाकर उन्हे फायदा पहुंचाने का है। इन दोनों कार्रवाइयों से झील का अस्तित्व तो खतरे में पड़ ही गया है साथ ही आस पास रहने वाले लोगों की तबाही का आधार भी तैयार कर दिया गया है। लोग इस आशंका से भयभीत है कि जब कभी भारी वर्षा हुई तो ये अवरोध उन्हे अकाल लील जाएंगे।

रुप सागर को बचाने के लिए गठित संघर्ष समिति के लोगों को कुछ ऐसी ही आशंकाएं सताए जा रही है। समिति ने यहां जारी बयान में कहा है कि शहर में सड़क निर्माण की कार्रवाई से इस झील का अस्तित्व खत्म होने का खतरा पैदा हो जाने के साथ झील के बहाव क्षेत्र की भूमि पर कॉलोनी कट जाने और सड़कें बनाने की कार्यवाही शुरू हो जाने से इस मामले में प्रशासनिक अधिकारियो की मिली भगत की भी बू आ रही है। सागर के सीने पर कटार चलने से आसपास रहने वाले बाशिन्दों का दिल जार-जार रो रहा है। सबसे बड़ा खतरा तो उन लोगों के लिए होगा जो बहाव क्षेत्र के नीचे पड़ने वाले इलाके में बसे हुए है। समिति की अध्यक्ष डा हेमलता बोलिया और संयोजक सुब्हान अली के अनुसार ग्राम पंचायत शौभागपुरा में स्थित रूपसागर झील नगर विकास प्रन्यास और भू-माफियाओं की मिली भगत से अवैध निर्माण व अतिक्रमण का शिकार हो रही है। हाल ही में प्रन्यास द्वारा झील के पेटे में तीन सड़कों का निर्माण करवाया जा रहा है। इससे पूर्व भी रूपसागर का जल निकास एवं जल भराव क्षेत्र अवरुद्ध हो चुके हैं। रूपसागर एक ऐतिहासिक झील है, जिससे पूरे क्षेत्र के भू-जल का पुनर्भरण होता है। इस झील से जल आयड़ नदी में प्रवाहित होता है। आयड़ नदी व उदयसागर के जलग्रहण क्षेत्र में स्थित रूपसागर का जलग्रहण क्षेत्र समीपवर्ती पहाड़ियों से निर्मित है। इस सम्बंध में राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा अब्दुल रहमान बनाम राज्य सरकार याचिका संख्या 1536/203 वाद के सम्बंध में दिए गए निर्देशों के अनुसार जल के प्राकृतिक प्रवाह मार्ग व झील पेटे में किसी प्रकार की रुकावट एवं निर्माण अवैध है। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता ने भी झीलों के जलग्रहण एवं डूब क्षेत्र को स्पष्ट रूप से चिह्नित करने और जल प्रवाह मार्गों की रुकावटों से मुक्त करने के निर्देश दिए हुए हैं। रूपसागर झील में विगत वर्षों में अकाल राहत के तहत सुधार कार्य जिला प्रशासन द्वारा किया गया था।

73वें तथा 74वें संविधान संशोधन के पश्चात स्थानीय निकायों की अनुमति व सहमत के बिना कोई योजना क्रियान्वित नहीं की जा सकती है। रूपसागर झील में सड़क निर्माण कार्य में न तो ग्राम पंचायत शौभागपुरा और न ही वार्ड 15 के पार्षद की राय ली गई। भूगोलविदों की राय में रूपसागर झील एक ऐसा क्षेत्र है जो पूरे क्षेत्र में भूजल का स्तर बनाए रखती है। रूपसागर बाढ़ नियंत्रक संरचना है। इसका समाप्त हो जाना कभी भी बाढ़ के हालात बनाकर जानमाल का भारी नुकसान हो सकता है। सिंचाई विभाग द्वारा प्रतिवर्ष बरसात पूर्व जलप्रवाह मार्गों का अवरोध मुक्त करने की कार्यवाही होती है लेकिन रूपसागर झील में जल निकास चैनल को ही मिट्टी से पाटकर निर्माणों की अनुमति दे दी गई है। दोनों पूर्व राजस्व रेकॉर्ड के अनुसार इसकी सीमा का निर्धारण करने की मांग की है। इस बीच झील संरक्षण समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर परिषद सभापति से भेंटकर झील रुप सागर और गोवर्धन सागर तालाबों को मूल स्वरुप में लाने उनकी राजस्व सीमाओं को सार्वजनिक करने और जल आवक व जल निकास मार्गो को इस बरसात से पूर्व खुलवाने का सुझाव दिया। समिति के सदस्य डा तेजराजदान ने वर्षा जल संरक्षण की व्यवस्थाएं व्यापक स्तर पर स्थापित करने का सुझाव दिया।अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि झीलों में जमा गाद हटाने के साथ सीसारमा नदी व झील जलग्रहण क्षेत्रों को अतिक्रमणों और अवरोधों से मुक्त कराने का अभियान चलाया जाए।डा आर एम लोढ़ा व अनिल मेहता ने शहर की समस्त तलाइयों को चिन्हित कर उनके संरक्षण का सुझाव दिया।

SHANTIPEETH INDIA 495
शांतिपीठ DOWN THE MEMORY LANE

राजस्थान पत्रिका उदयपुर, रविवार 17 अप्रेल, 2005

सिवरेज लाइन पर करोड़ों का खर्च बर्बाद होने की आशंका

उदयपुर, 16 अप्रेल

सिवरेज लाइन के चैम्बर टूटे तो कहीं ढक्कन गायब, कई स्थानों पर झील में जा रहा है गंदा पानी

पिछोला झील के इर्द गिर्द बिछाई गई सिवरेज लाइन से कई स्थानों पर अभी तक मकानों को जोड़ा नहीं गया है। सिवरेज चैम्बर टूटे हैं,मैनहोल व चैम्बरों के ढक्कन गायब हैं। झील संरक्षण समिति के सदस्यों को शनिवार को नीरी सीवरेज परियोजना के तहत बिछाई गई सिवरेज लाइनों की वस्तुस्थिति का जायजा लेने के दौरान कुछ ऐसे ही हालात देखने को मिले।

समिति के नौ सदस्यों ने यह भी पाया किसिवरेज की मुख्य लाइन से जुड़े मकानों का मलमूत्र एकत्र होकर आगे प्रवाहित नहीं हो पा रहा है,क्योंकि मुख्य लाइन को आगे बिछी मुख्य लाइन से नहीं जोड़ा गया है। मुख्य लाइन में निरंतरता का अभाव होने के साथ ही एक पूरी आवासीय बस्ती को सिवरेज प्रणाली से वंचित रखा गया है।इन त्रुटियों के कारण भारी मात्रा में गंदा पानी पूर्ववत झील में जा रहा है और सिवरेज परियोजना पर करोड़ों का खर्च व्यर्थ होने की आशंका खड़ी नजर आ रही है। समिति के अनंत गणेश त्रिवेदी के संयोजकत्व में डा तेज राजदान, अनिल मेहता, डा आर एम लोढ़ा, एच आर मेहता, मनोज मेहता, बसंतस्वर्णकार, घनश्याम चावला ने निरीक्षण के दौरान पाया कि गड़िया देवरा से चांदपोल तक मुख्य सिवरेज लाइन गृह मंत्री तथा सांसद के निर्देश के बाद भी नहीं बिछाई जा सकी है जिसके कारण लाला घाट, गणगौर घाट, नाव घाट सत्तापोल आदि आबादी क्षेत्र से बहकर आने वाला मलमूत्र आगे कनेक्शन मिलने से ओवरफ्लो होकर सीधे झील में जा रहा हैवहीं कुछ घरों में भी घुस रहा है। जेठियों की गवाड़ी में सिवरेज चैम्बर टूटा होना से सिवरेज खुली नालियों में प्रवाहित हो रहा है। सुरेशा नागर के मकान के पीछे गली में आ रहे गंदे पानी व शौचालय को सिवरेज लाइन से जोड़ा नहीं गया है। चांदपोल पुलिय के दक्षिण छोर पर संस्कृत कॉलेज की ओर बने मकान को सिवरेज लाइन से नहीं जोड़ा गया है। वहां से मलमूत्र सीधा पिछोला में जा रहा है। लेकव्यू गार्डन के सामने बना पुराना मैनहोल खुला पड़ा है। पुलिया के उत्तरी क्षेत्र में बने मकानों व रेस्टोरेंटों को भी सिवरेज प्रणाली से नहीं जोड़ा गया। ब्रह्मपोल पुलिया के पास बने मैनहोल का ढक्कन ही गायब है। पांच सौ की आबादी वाली नगर परिषद कॉलोनी का समस्त मलमूत्र झील में समा रहा है। पूरी कॉलोनी में सिवरेज लाइन का नामोनिशान नहीं है। ब्रह्मपोल आहर, राड़ा जी कीगली में बिछाई गई लाइन अवरुद्ध पड़ी है। सिवरेज चैम्बरों के ढक्कन गायब है। मांझी का मंदिर,नागानगरी क्षेत्र में नावघाट के पास बना मैनहोल नीचे से टूटा है और गंदा पानी झील में समा रहा है। इसी क्षेत्र में सोनी जी की बाड़ी क्षेत्र में सड़क के अंतिम छोर से भी गंदा पानी झील में समा रहा है। अंबापोल पंप हाउस क्रियान्वयन की स्थिति में नहीं आ पाया है। समिति ने पाया कि नई पुलिया तथा माझी का मंदिर क्षेत्रों में झील के भीतर भारी मात्रा में निर्माण का मलबा व अन्य कचरा विसर्जित कर योजनापूर्वक झील क्षेत्र में समतल भूमि का निर्माण कर लिया गया है और भविष्य में किसी व्यावसायिक निर्माण की आशंका है।



उदयपुर के स्वरूप सागर में नई पुलिया के पास झील में डाला गया कचरा।

SHANTIPEETH INDIA 496
DOWN THE MEMORY LANE

दिन ब दिन उघड़ता पैंदा, बढ़ती चिंता



न साल से मानसून की बेरुखी के कारण उदयपुर की पीछोला झील में पानी अब पैंदे में पहुंच चुका है। कभी दूर-दूर तक जलराशि पर हिलोरे उठती दिखती थीं उसकी जगह अब केवल कीचड़ दिखता है और पानी तो थोड़ी सी जगह खड्ड में सिमट गया है।

SHANTIPEETH INDIA 497

DOWN THE MEMORY LANE

उदयपुर-16-4-09- राजस्थान पत्रिका



दैनिक नवज्योति • अजमेर, बुधवार, 7 जून, 2006



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार शाम को शान्तिपीठ उदयपुर द्वारा जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अनंत गणेश त्रिवेदी। फोटो : नवज्योति

शुष्क भूमि को मौत की वादियों में तब्दील होने से रोकें

विश्व पर्यावरण दिवस पर संगोष्ठी

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 6 जून। आज पृथ्वी का 40 प्रतिशत व भारत में लगभग 70 प्रतिशत भू भाग शुष्क प्रदेश है। गरीबी, गैर सतत् भू उपयोग के परिणाम स्वरूप मौसम में बदलाव इन शुष्क प्रदेशों को रेगिस्तान में तब्दील कर रहा है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों केलिए जीवन कठोर, भविष्य अनिश्चित व संकटपूर्ण होता जा रहा है। ये लोग धीरे-धीरे पर्यावरणीय, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से हाशिये पर खिसकते जा रहे है। इस तरह रेगिस्तान गरीबी को बढ़ावा दे रहा है व घटते संसाधन समाजों में संघर्ष का कारण बनकर शान्त व सुरक्षित विश्व को पलीता लगा रहे है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर शान्तिपीठ व जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित संगोष्ठी में उक्त विचार उभर कर आए।

प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए पर्यावरणविद्, फिशरिज कॉलेज के डीन डॉ. एल.एल. शर्माने कहा कि वैज्ञानिक विकास के क्रम में हम इस बात को कह सक्ते है कि 21वीं सदी में मनुष्य ज्ञान के सहारे ही पर्यावरण की विभिन्न चुनौतियों का सामना कर उनसे निजात पा सकता है। शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रयास संवेदना अनुप्राणित होने चाहिए संवेदना निरपेक्ष नहीं। पर्यावरण संरक्षण के बिना शान्ति के लक्ष्य को हांसिल नहीं किए जा सकते और ना ही शान्ति के बिना कोई भी अभियान सार्थक सिद्ध हो सकता हैं। दोनों ही एक-दूसरे के पूरक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षित रखते हुए विकास की दिशा तय किए जाने से मनुष्य समाज का भविष्य सुनिश्चित रह सकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के उपाचार्य आर.पी. मीणा ने पर्यावरण संरक्षण को राष्ट्र निर्माण के संदर्भों में समझने की आवश्यकता प्रतिपादित की। संगोष्ठी का संचालन मीरा गर्ल्स कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक महेश शर्मा ने किया। अंत में एम.एस. राणावत ने आभार व्यक्त किया।



Classical example of voluntarism : Manual removal of water hyacinth by the citizens of Udaipur.





Besides “Shramdan” by about 500 persons each day for about a month (1980 and 1993), heavy machines (cranes and conveyor belts) were used to remove water hyacinth.





Thousands of school kids actively participated in the voluntary removal of water hyacinth from pichhola and adjoining lakes.





100 per cent coverage of water hyacinth in swaroop sagar (above) and Kumharia talab (below) during June-August, 1993.





Shri Anant G. Trivedi discussing for desilting of the Lake Pichhola among the members - March, 2009



Shri Anant G. Trivedi inaugurating desilting at Pichhola Lake-May 09



The diried up the Pichhola - 2009 and the desilting in the progress



On the start of desilting the Pichola lake



Crop in the dry lake Pichhola March 2009



Dry lake, pichhola





Former foreign secretory and Chairman of Jheel Sanrakhan Samiti Dr. Jagat S. Mehta and founder- Secy. General of J.S.S. and Shantipeeth, Shri Anant G. Trivedi amidst the lake activist group at the Lake Pichhola





Group of activists viewing the dry lake



The desilting work in progress



शिवकिशोर सनाढ्य
सदस्य
राजस्थान विधान सभा

क्रमांक 1928

☎ 27947
श्रीनाथजी की हवेली
उदयपुर-313 001 (राज.)

दिनांक 27.9.92

श्रीयुत त्रिवेदी जी!

नमस्कार।

आपके पत्र दिनांक 19.9.92 के लिए धन्यवाद। उदयपुर की झीलें हमारे प्राकृतिक सौन्दर्य का केन्द्र है ही, उससे अधिक पेयजल का स्त्रोत भी है। इसमें बढ रही जलकुम्भी और गन्दगी को देखने पर पीडा होती है। मै जब छोटा था उस समय इन झीलों की स्थिति जो थी आज ठीक उसके विपरीत है। मछलिया, कछुऐ, जल जीव-जन्तु के कारण इनकी स्वाभाविक सफाई इनकी स्वत: ही हो जाती थी । अब जलकुम्भी भी बढ गई है और आस्पास होटलों की संख्या । शहर की गन्दगी और मलबा और भराव बढता जा रहा है। हम सभी खिन्न है और दु:खी । अत: अबहम साम्हूहिक प्रयत्न करें तो झीलों के संरक्षण में मदद कर सकते है। मै आपके प्रयत्नों में पूरा भागीदार होऊ और अपने स्तर पर जहॉ तक होगा, पूरा प्रयत्न इनकी सुरक्षा और संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए लगातार रहूँगा। इन दिनों विधानसभा की व्यस्तता तो है और भागादौडी भी। कभी इस संबंध में विस्तार से बात करेंगे।

सधन्यवाद,

भवदीय

27.9.92

शिव किशोर सनाढय

श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी,
323-एल-1 रोड, भूपालपुरा,
उदयपुर

14, विधायकपुरो, जयपुर-302001 दूरभाष : 78618

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 14 मई 2005

झीलों की खिदमत का सही समय

दो माह पूर्व झीलों के हालात का जायजा लेने आई कमेटी की बैठक में एक झील विशेषज्ञ ने कहा कि ''पिछोला इज ऑलमोस्ट अ डेड लेक'' तो प्रतिक्रिया में लम्बी बहस चल पड़ी। पिछोला में गन्दगी और सिल्ट की मात्रा इतनी बढ़ चुकी है कि इससे कोई इन्कार नहीं कर सका। कृतज्ञता की जीवंत अभिव्यक्ति होनी चाहिए थी झील निर्माताओं के प्रति, जिनका दूरदृष्टिकोण इतना मेधावी व व्यापक था कि शताब्दियों के बाद भी वे ही झीलें कई गुणा बढ़ी हुई जल की मांग की आपूर्ति करती रही हैं। तालाबों से सिंचाई तथा भूमिगत जल से भरी कुएं-बावड़ियों से पेयजल आपूर्ति का विज्ञान एक मिसाल है। उदयपुर की झील श्रृंखला की अनुपम देन है जो धर्म, संस्कृति व इतिहास की सुन्दर अभिव्यक्ति के साथ ही दैनंदिन जीवन की कामधेनु है तथा वर्तमान में उदयपुर के पर्यटन उद्योग का आश्रय भी। इन्हीं विशेषताओं से दुनियाभर में नगर की पहचान भी झीलों से है किन्तु दुर्भाग्य से हम स्वयं अपना हित नहीं साध सके। नए जल स्रोत निर्माण की बजाय विरासत में मिली जीवन धारा को ही हमने विषाक्त बना डाला। गत कुछ वर्षों में झीलों से गाद निकालने का लम्बा समय मिला था किन्तु इस ओर किसी भी सम्बन्धित विभाग की गंभीरता दिखाई नहीं दी। जो बीत गया उसका शोक नहीं समीक्षा तो हो ही सकती है। अब भी वक्त है, झीलों तथा जल आवक व निकासी के ठौर-ठिकानों की सफाई एक अभियान के रूप में तत्काल शुरू किया जाए। यही तो झीलों की खिदमत है। खिदमत और इबादत दोनों साथ चले तो वरुण देवता को जमीन पर उतरना ही होगा। जिला प्रशासन अगुवाई करे। सम्बन्धित विभागों में समन्वय स्थापित हो, मुहिम छेड़ी जाए। मानव शक्ति व यांत्रिकी में समीकरण बैठा कर योजनाबद्ध तरीके से गाद निकाली जाय और खेतों व उद्यानों में डाली जाय। यह इनके लिए नवजीवन का वरदान ही सिद्ध होगा।

-अनन्त गणेश त्रिवेदी



Witness to the destruction of these lakes, citizens of Udaipur from diverse walks of life took it upon themselves to save the lakes and its environment by constituting JSS. JSS was formed with a commitment to arrest and reverse the fast deterioration of the Udaipur lake system. The idea for JSS was put forward by Anant Ganesh Trivedi, a social activist, in 1992, at a meeting for World Envronment Day on June 5, and mooted by everyone present at the meeting, including the district commissioner, heads of the departments of irrigation, public health and engineering department (PHED) and Urban Improvement Trust (UIT). The JSS comprises concerned citizens from all walks of life, some active in their professional field and many retirees, including noted freedom fighter Balwant Singh Mehta.

The people of Udaipur have always been actively participating in programmes to clean up the lakes since 1969. In 1980, for instance, citizens working like a conveyor belt removed water hyacinth which had totally covered two lakes. Ever since the JSS was formed, this participation was given a formal platform and participation increased. Unfortunately, no permanent solution was reached in spite of all efforts. Siltation of the lakes continued, the water capacity of the lakes reduced, and pollution was as high as before.

For the JSS, involved in cleaning up these lakes since 1992, the court order is a shot in the arm. "The situation is alarming in Udaipur, if we don't capture the rains, there could be drought in Udaipur," fears Tej Razdan, a surgeon by profession and an activist by choice. Razdan is secretary of the JSS.

Though petitions have been doing the rounds in the courts for several years now the courts had been hoodwinked by the government into believing that remedial action had been taken. It took a fresh petition in 1997 that finally informed the courts that the situation had only deteriorated. The Double Bench of Justice NN Mathur and Justice DN Joshi are taking the case seriously and have heard it on a fortnightly, even weekly basis. For expediting the execution of the action plan, the court has directed that task forces that include citizens and NGOs be constituted.

The court was explicit in its directions, leaving nothing to chance. The chief secretary was held responsible for implementation. Any department or ministry showing inaction should be reported to the court so that appropriate action could be taken. The court directed the divisional commissioner to be present in person to before the court for the next hearing, along with a time bound plan of action as well as all the relevant information.

Taking note that the lakes of Udaipur had been identified for conservation under the National Lake Conservation Plan of the government of India, the court directed that the secretary, ministry of environment and forests, be impleaded as respondent.

All stakeholders in Udaipur: the government, citizens, the industry are chipping in to ensure that the rains are captured this monsoon. Desilting is now proceeding full steam ahead.

CATCHWATER
THE CSE CAMPAIGN FOR PEOPLE'S WATER MANAGEMENT
Vol. 2 No. 3 June 2000

initiative.jpg (2165 bytes)

Udaipur lakes: action at last

The year: 1982. Balwant Singh Mehta a citizen of Udaipur, approached the Rajasthan High Court to control pollution in the lakes of Udaipur, for the simple reason that he was not getting clean water to drink. Mehta turns 101 this year.

The polluted lakes of Udaipur, may get a fresh lease of life. Relief came in the form of a judgement from the courts, thanks to the interest shown by the two judges of the Rajasthan High Court, Jodhpur, Justice DN Joshi and Justice N N Mathur.

At the end of their tether and looking for action by which all the 600 mm-odd rainfall that falls over Udaipur can be captured, the Jheel Sanrakshan Samiti (JSS), a Udaipur-based non government organisation petitioned the courts. The courts have acted. In no uncertain terms, the courts have hauled up the concerned government officials, warning them with dire consequences if they continue to fail in their duties. A time-bound action plan to clean up the lakes has been prepared at the court's behest.

The court has directed that these lakes be desilted before the onset of the monsoon this year. Thanks to their decision, the rainfall may just be captured this monsoon itself, rejuvenating lakes and recharging depleting groundwater levels.

Udaipur lakes, to which the city owes its identity, are in a pitiable condition. In existence for the last 600-700 years, the beautiful lakes are now turning into cesspools of filth because of the heaps of wastes and garbage dumped into them, uncontrolled growth of water hyacinth and heavy siltation. 60 per cent of the lakes have dried up. With the lakes having dried up, groundwater levels have declined. Used for drinking purposes, so bad is the pollution in the water from Swaroop sagar, that the filtration plant just cannot deal with the load. The filters get clogged.

Beauty and the beast: The pollution lakes of Udaipur

प्रातःकाल
उदयपुर, सोमवार, 8 जून, 2009

मिट्टी निकालने जिंक ने जेसीबी- डम्पर बढ़ाये

उदयपुर, 7 जून (कासं)। हिन्दुस्तान जिंक एवं झील संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे पिछोला झील पर डी-सिल्टींग और जन सहभागिता अभियान का अवलोकन हिन्दुस्तान जिंक के मुख्य प्रचालन अधिकारी अखिलेश जोशी ने किया।

अखिलेश जोशी ने इस अवसर पर झील संरक्षण समिति से जुड़े विभिन्न लोगों को जन जागरूकता लाने के लिए धन्यवाद देते हुए हिन्दुस्तान जिंक द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

झील संरक्षण समिति के सेकेट्री जनरल अनंत गणेश त्रिवेदी के अनुग्रह पर जोशी ने पिछोला झील पर डी सिल्टींग कार्य के लिए एक अतिरिक्त जेसीबी और तीन डम्पर और प्रदान करने की स्वीकृति दी। अखिलश जोशी के सुझाव पर पिछोला झील से निकल रही उपजाउ मिट्टी आसपास के गरीब किसानो में वितरित की जाएंगी जिससे उनकी खेती में और अधिक लाभ होगा।

झील संरक्षण समिति के स्थापक महासचिव अंनत त्रिवेदी ने व्यावसायिक संगठनों सहित झील एवं पर्यटन से जुड़ी हुई एजेंसीयों से अपील की वो झील के रखरखाव क लिए चल रहे इस अभियान में आगे आये ।

इस अवसर पर चांदपोल नागरिक समिति के तेजशंकर पालीवाल, झील हितेषी नागरिक संघ के हाजी सरदार मोहम्मद, महाकालेश्वर अन्न क्षेत्र यज्ञ सेवा समिति के दयाशंकर कुमावत धर्मोत्सव समिति मेवाड़ के दिनेश मकवाना सहित अन्य उपस्थित थे। समाजसेवी घनश्याम सिंह कृष्णावत, सरोवर विज्ञानिक डा. एल एल शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकट प्रकाश पानेरी ने भी विचार रखे।

दैनिक भास्कर
उदयपुर · सोमवार · 8 जून, 2009



हिंदुस्तान जिंक की ओर से पीछोला में डिसिल्टिंग के लिए और मशीनें लगाई गईं। रविवार को इस अवसर पर कई अधिकारी, कर्मचारी भी श्रमदान के लिए पहुंचे।

हिंद जिंक और जेसीबी, डंपर देगा

पीछोला झील में डीसिल्टींग कार्य के लिए हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने एक जेसीबी तथा तीन डंपर और देने की स्वीकृति दी है। यह मंजूरी रविवार को मुख्य प्रचालन अधिकारी अखिलेश जोशी ने जिंक तथा झील संरक्षण समिति के साझे में चल रहे डीसिल्टींग कार्य के अवलोकन के बाद की। उन्होंने कहा कि यह कार्य सीएसआर विभाग के प्रमुख अहमद सुल्तान की देखरेख में होगा। झील संरक्षण समिति के महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी, चांदपोल नागरिक समिति के तेजशंकर पालीवाल, झील हितैषी नागरिक संघ के हाजी सरदार मोहम्मद, धर्मोत्सव समिति के दिनेश मकवाना, एडवोकेट प्रकाश पानेरी आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि एक माह से जिंक की एक जेसीबी तथा तीन डंपर पीछोला से गाद निकालने में सहयोग कर रहे है।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, सोमवार, 8 जून, 2009

जिंक आज से बढ़ाएगा एक्सक्वेटर और डंपर

पिछोला झील में खुदाई की गति बढ़ेगी

उदयपुर, 7 जून (कास)। हिन्दुस्तान जिंक सोमवार से पिछोला झील में गाद निकालने के कार्य में एक एक्सक्वेटर और तीन डम्पर और बढ़ा देगा। अब जिंक की ओर से पिछोला में दो एक्सक्वेटर और छह डम्पर हो जाएंगे।

ये निर्णय रविवार को झील संरक्षण समिति व हिन्दुस्तान जिंक के तत्वावधान में हुई विचार गोष्ठी में जिंक के मुख्य प्रचालन अधिकारी अखिलेश जोशी ने किया। झील संरक्षण समिति के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया कि इस मौके पर झील हितैषी नागरिक मंच के हाजी सरदार मोहम्मद, महाकालेश्वर अन्नक्षेत्र यज्ञ सेवा समिति के दयाशंकर कुमावत, धर्मोत्सव समिति मेवाड़ के दिनेश मकवाना, मार्बल व्यवसायी घनश्यामसिंह कुण्णावत, सरोवर विज्ञानी डॉ. एल.एल. शर्मा आदि उपस्थित थे।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, रविवार, 26 अप्रेल, 2009

'जनता की निगरानी जरूरी'

उदयपुर, 25 अप्रेल। झील संरक्षण समिति की शनिवार को उदयपुर में हुई बैठक में झील संरक्षण के लिए मिले करोड़ों रुपए के सही उपयोग पर जनता की निगरानी रखने की आवश्यकता जताई गई।

बैठक में झीलों से जुड़े विभिन्न नागरिक समूहों ने गाद जमाव व अतिक्रमण पर भी गहरी चिन्ता जताई। अध्यक्षता अनंत गणेश तिवारी ने की। बैठक में अनिल मेहता, नंदकिशोर शर्मा, तेजशंकर पालीवाल, प्रो. रघुनाथ शर्मा, प्रकाश तिवारी, कन्हैयालाल बाफना आदि ने विचार रखे।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, रविवार 26 अप्रैल, 2009

जनता की निगरानी में हो झील संरक्षण के कार्य

झील संरक्षण समिति की बैठक

नगर संवाददाता. उदयपुर

झीलों के लिए मंजूर करोड़ों की राशि का सही इस्तेमाल हो। इसके लिए जनता की निगरानी निहायत जरूरी है। यह चिंता झील संरक्षण समिति की शनिवार शाम को हुई बैठक में उभरी।

झीलों से जुड़े विभिन्न नागरिक समूहों ने बैठक में झीलों में गाद जमाव तथा अतिक्रमणों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक के प्रारंभ में अनिल मेहता ने कहा कि झील संरक्षण योजना के कार्यों की आमजन तक जानकारी पहुंचाना अति आवश्यक है।

नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि वर्तमान में जनसहयोग से जो डिसिल्टिंग हो रही है, उस कार्य को कहीं प्रशासन अपने कार्यों में शामिल नहीं कर ले, इस पर भी नजर रखी जाए।

तेजशंकर पालीवाल, हाजी सरदार मोहम्मद, प्रकाश तिवारी, कन्हैयालाल बापना, सोहनलाल तंबोली, सुशील दशोरा, अब्दुल अजीज खान एवं निर्मल नागर ने विचार व्यक्त किए। रघुनाथ शर्मा ने कहा कि चित्रकूटनगर स्थित मार्बल स्लरी डंपिंग यार्ड को हटाना अति आवश्यक है।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, सोमवार 20 अप्रैल 2009
विक्रम संवत 2066, वैशाख कृष्ण पक्ष दशमी

झीलों को प्राणवान बनाएं

पीछोला रूण में झील संरक्षण समिति की बैठक

उदयपुर. कई समस्याओं से ग्रस्त शहर की झीलों का पुनरुत्थान तभी संभव है जब उन्हें शीर्ष प्राथमिकता मिले और समस्याओं का निराकरण व्यवहारिक धरातल पर हो। साथ ही इसकी अकाउंटेबिलिटी एवं पारदर्शिता सर्वजनिन हो।

उक्त विचार रविवार को पीछोला झील की रूण में पर्यावरण एवं झील हितैषी नागरिकों की बैठक में वक्ताओं ने व्यक्त किए। इस अवसर पर चिंता व्यक्त की गई कि दो माह बीच चुके है किंतु डिसिल्टिंग का अपेक्षित अभियान अभी शुरू नहीं हुआ है जबकि विषाक्त अपशिष्ट और गाद से भरी सूखी झीलों की सफाई का अवसर प्रकृति ने प्रदान किया है।

आखिर बैठक में सर्वसम्मति से यह राय बनी कि स्वैच्छिक स्तर पर सीमित रूप से किए जा रहे डिसिल्टिंग के कार्य में जन भागीदारी बढ़ाते हुए इसे व्यापक रूप दिया जाए।

इस अवसर पर पूर्व विदेश सचिव एवं झील संरक्षण समिति के अध्यक्ष जगत मेहता ने कहा कि हमारी सोच पांच साल तक की नहीं होकर आने वाली पीढ़ियों के सुखद भविष्य को ध्यान में रखकर होनी चाहिए। संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि झीलें हमारी विरासत हैं जिससे हमारा भूत, वर्तमान और भविष्य जुड़ा हुआ है। इनके प्रति निष्क्रिय अवेयरनेस से काम नहीं चलेगा, इसे प्राणवान बनाना होगा। बैठक में पर्यावरणविद् डॉ. एलएल शर्मा, बार एसोसिएशन अध्यक्ष त्रिभुवननाथ पुरोहित, शिवदल मेवाड अध्यक्ष मनोज मेहता आदि ने भी विचार रखे। अध्यक्षता समाजसेवी घनश्यामसिंह कृष्णावत ने की।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, सोमवार 20 अप्रेल, 2009

'कब निकलेगी झीलों से मिट्टी'

पर्यावरण व झील हितैषी समिति की बैठक, झीलों के हालात पर जताई चिंता

कार्यालय संवाददाता

उदयपुर, 19 अप्रेल। समय रहते झील से मिट्टी निकाली दी जाए। बारिश के बाद फिर यह मौका नहीं मिलेगा। समय बीतता जा रहा है और प्रशासन इस दिशा में कोई पहल क्यों नहीं कर रहा है? जब राष्ट्रीय झील संरक्षण परियोजना के तहत संरक्षण परियोजना का उद्घाटन हो चुका है तब भी यहां काम क्यों नहीं करवाया जा रहा है।

ये बातें रविवार को पर्यावरण एवं झील हितैषी समिति की बैठक में उभर कर आईं। पिछोला झील के सूखे पेटे में हुई बैठक में शहर के प्रबुद्धजनों ने झील की हालत पर चिंता जताई। वक्ताओं ने कहा कि ईंट व्यवसायी पेटे से मिट्टी निकालकर झील में कुछ सहयोग ही कर रहे हैं। इसे डिसिल्टिंग में सहयोग ही माना जा सकता है। बैठक में पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता, सामाजिक कार्यकर्ता अनंतगणेश त्रिवेदी, मत्स्य महाविद्यालय के डॉ. एल.एल. शर्मा, मार्बल व्यवसायी घनश्यामसिंह कृष्णावत, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष त्रिभुवननाथ पुरोहित, शिवदल मेवाड़ के मनोज मेहता, ईंट व्यवसायी बंशीलाल कुम्हार आदि ने विचार व्यक्त किए।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, मंगलवार 24 मार्च, 2009

झील सफाई कार्य में आचार संहिता बाधक नहीं हो

झील संरक्षण समिति के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने संभागीय आयुक्त को पत्र लिखा

नगर संवाददाता. उदयपुर

सूखी पड़ी झीलों की सफाई एवं डिसिल्टिंग के कार्य को प्राथमिकता से किए जाने की आवश्यक्रता बताते हुए झील संरक्षण समिति के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने सभागीय आयुक्त को पत्र दिया।

त्रिवेदी ने पत्र में कहा कि झीलों के सफाई अभियान के कार्य में चुनाव आचार संहिता बाधक नहीं बननी चाहिए। यदि ऐसा है भी तो चुनाव आयोग से विशेष अनुमति लेकर कार्य को तत्काल शुरू किया जाना चाहिए। अभी झीले सूखी हैं ऐसे में झीलों की सफाई अच्छी तरह से हो सकती है। मानसून में झीलों में पानी आने के बाद सफाई नहीं हो पाएगी।

उन्होंने कहा कि झीलों की सफाई का काम अभी तक बड़े पैमाने पर नहीं किया जा रहा है। यह जलकुंभी हटाओ अभियान तक ही सीमित रहा। त्रिवेदी ने मांग की कि यांत्रिकी एवं मानव श्रम के सम्मिलित रूप से व्यापक पैमाने पर अभियान चलाकर झीलों में समाहित विषाक्त अपशिष्ट एवं गाद को निकाला जाए। डॉ. एलएल शर्मा, हाजी मोहम्मद बख्श, त्रिभुवन पुरोहित, प्रकाश पानेरी, सुरेंद्र मेनारिया, गोपाल नागदा आदि मौजूद थे।

दैनिक नवज्योति ■ अजमेर, मंगलवार, 24 मार्च 2009

झीलों की सफाई एवं डिसिल्टिग हो

झील संवर्धन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं सम्भागीय आयुक्त को अनुरोध पत्र

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 23 मार्च। *सूखी पड़ी झीलों की सफाई एवं डिसिल्टिंग के कार्य को प्राथमिकता से तत्काल शुरू किए जाने की आवश्यकता बताते हुए झील संरक्षण समिति के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने झील संवर्धन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं सम्भागीय आयुक्त को सोमवार को अनुरोध पत्र प्रेषित किया है।*

उन्होंने कहा कि झील सफाई अभियान के कार्य में चुनाव आचार संहिता बाधक नहीं बननी चाहिए और यदि ऐसा भह है तो चुनाव आयोग से अनुमति लेकर यह कार्य अविलम्ब शुरू किया जाए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी मानसून एवं जल योजनाओं के यथा समय पूर्ण होने पर झीलें भरी-रहेगी ऐसी स्थिति में झीलों से गाद निकालना सम्भव नहीं बन पाएगा।

त्रिवेदी ने यह भी बताया कि उदयपुर में झीलों की सफाई का कार्य भी बड़े पैमाने पर नहीं किया गया। यह जलकुंभी हटाओ अभियान तक ही सीमित रहा। केवल ईंट निर्माताओं ने अवश्य ही निकालने का बड़े पैमाने पर कार्य किया जिसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। उन्होंने पुरजोर मांग की कि यांत्रिकी एवं मानव श्रम के सम्मिलित रूप से व्यापक पैमाने पर अभियान चलाकर झीलों में समाहित विषाक्त अपशिष्ट एवं गाद निकाली जाए। यह कार्य सक्षम तकनीकी विशेषज्ञों के दिशा-निर्देशन में हो। उन्होंने कहा कि लम्बे संघर्ष के बाद झील संरक्षण परियोजना का शुभारम्भ हाल ही में हुआ है तथा डिसिल्टिंग का कार्य भी इसी का हिस्सा है। अगर उक्त परियोजना में से व्यय किए जाने में प्रशासकीय औपचारिकताएं पूर्ण क्रने में समय लगता है तो आपात योजना का रास्ता अपना कर कार्य तत्काल शुरू किया जाए। अनुरोध पत्र प्रेषित करने में समिति के सदस्य एवं पर्यावरणविद् डॉ. एल.एल. शर्मा, मेवाड़ मुस्लिम महासभा के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद बख्श, उदयपुर बार एसेसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट त्रिभुवन पुरोहित, पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट प्रकाश पानेरी, एडवोकेट सुरेन्द्र मेनारिया, गोपाल नगादा सम्मिलित थे।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, मंगलवार 31 मार्च, 2009

मानसून से पहले डिसिल्टिंग के प्रयास

नगर संवाददाता. उदयपुर

झील संरक्षण योजना के तहत पीछोला व फतहसागर झील में डिसिल्टिंग कराने के लिए प्रशासन ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। कलेक्टर आनंद कुमार ने सोमवार को निर्वाचन विभाग से स्वीकृति मांगी है, वहीं नगरीय विकास विभाग को पत्र लिखकर झीलों के लिए स्वीकृत राशि भेजने का आग्रह किया है। झील हितैषियों, पर्यावरणविद और समाजसेवियों ने रविवार को पीछोला का दौरा करके मानसून से पहले डिसिल्टिंग करने की मांग की थी। आशंका जताई थी कि अगर समय पर डिसिल्टिंग नहीं की गई, तो झील से गाद निकालने में परेशानी आ सकती है। आचार संहिता के कारण यदि काम अटक गया तो फिर मुश्किल हो सकती है।

निविदाएं आमंत्रित

पीछोला की डिसिल्टिंग के लिए निविदाएं आमंत्रित कर ली गई हैं। इसके लिए 11 करोड़ का टेंडर होना है। फतहसागर झील का टेंडर हो चुका है, लेकिन आचार संहिता के कारण काम शुरू नहीं हो पाया। उल्लेखनीय है कि झील संरक्षण के कार्यों को शुरू करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद जुत्शी ने संभागीय आयुक्त कार्यालय में हुई बैठक में स्वीकृति लेकर कार्य शुरू करने निर्देश दिए थे।

स्वीकृति का इंतजार

कलेक्टर आनंद कुमार ने कहा कि बरसात से पहले झीलों में डिसिल्टिंग के लिए प्रयास जारी है। काम शुरू करने के लिए निर्वाचन विभाग से स्वीकृति मांगी गई है। स्वीकृति मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

केंद्र सरकार से राशि नहीं पहुंची

फतहसागर झील के लिए राष्ट्रीय झील संरक्षण प्रियोजना के तहत स्वीकृत राशि की पहली किश्त नगरीय विकास विभाग को मिल चुकी है, लेकिन अभी स्थानीय प्रशासन को नहीं मिल पाई है। यह राशि भेजने के लिए भी कलेक्टर आनंद कुमार ने नगरीय विकास विभाग को पत्र लिखा है।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, सोमवार 30 मार्च, 2009

बारिश से पहले निकले पीछोला से गाद

झील हितैषियों ने किया पीछोला का दौरा

उदयपुर. पीछोला झील में बरसों से जमा गाद निकालने के लिए बरसात से पहले ही कोशिश की जानी जरूरी है। अगर अभी डिसिल्टिंग नहीं हो पाई, तो बाद में यह काम हो पाना नामुमकिन हो जाएगा। रविवार को झील हितैषियों, पर्यावरणविदों और समाजसेवियों ने पीछोला रुण का दौरा किया। उन्होंने चिंता जताई कि अगर अभी डिसिल्टिंग का काम शुरू नहीं हुआ, तो जून से बरसात शुरू हो जाएगी और यह काम अटक जाएगा। कार्य के लिए अप्रैल और मई के कुल 61 दिन ही सामने हैं। इन लोगों का कहना है कि एनएलसीपी प्रोजेक्ट के तहत डिसिल्टिंग के लिए जो बजट पास हुआ है, उसका सही उपयोग अभी हो सकता है।

रासायनिक उपयोग घातक

सरोवर वैज्ञानिक एलएल शर्मा ने कहा कि पेटाकाश्त की जमीन पर कृषि हो रही है उसमें कैमिकल युक्त खाद का इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि पेटाकाश्त पर खेती से एतराज नहीं है, लेकिन फसलों पर छिड़कने वाले केमिकल पर रोक लगनी चाहिए।



■ पीछोला झील में संरक्षण एवं संवर्द्धन कार्य देखने रविवार को पहुंचे झील प्रेमी।

गाद निकली तो भराव क्षमता बढ़ेगी

झील संरक्षण समिति के संस्थापक सचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि पीछोला के पेटे से 10 फीट तक गाद निकाली जा सकती है। अगर यह गाद निकाली जाए, तो पीछोला की भराव क्षमता तीन गुना तक बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि आचार संहिता की आड़ में झील संरक्षण के कार्यों को नहीं हरगिज रोका जाना चाहिए। इस दौरे में समाजसेवी बंशीलाल कुम्हार, भूगोलविद डॉ. आरएम लोढ़ा, उदयपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश पानेरी, विधि विशेषज्ञ एमएस राणावत आदि शामिल थे।

SHANTIPEETH INDIA ■ 510 ■
DOWN THE MEMORY LANE

दैनिक नवज्योति

● अजमेर, रविवार, 1 मार्च, 2009

मानसून पूर्व झीलों का डिसिल्टिंग अभियान शुरू हो

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 28 फरवरी। मानसून के पूर्व डिसिल्टिंग अभियान द्वारा उदयपुर की झीलों का पुनरोद्धार किया जाए तथा कई गम्भीर समस्याओं से ग्रस्त झीलों के संरक्षण हेतु स्थाई निदान के लिए झील प्राधिकरण का गठन किया गया। उक्त मांग करते हुए झील संरक्षण समिति के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को अनुरोध पत्र प्रेषित किया।

उन्होंने पत्र में लिखा कि वर्तमान में झीलें सूखी हुई हैं ऐसे में यांत्रिकी एवं मानव श्रम का बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर गाद निकाली जाए तथा यह कार्य झील विशेषज्ञों के दिशा-निर्देशन में सम्पन्न हो। त्रिवेदी ने कहा कि फतहसागर में जल की आवक पिछोला के साथ ही मदार बड़ा, मदार छोटा व बड़ी तालाब से है अतः इनमें से भी सिल्ट निकाली जानी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पिछोला की सहायक झीलें कुम्हारिया तालाब, रंग सागर, स्वरूपसागर, ठोस कचरा व सेप्टिक टेंकों का मलबा जमा होने से ये मरणासन है साथ ही उदयसागर झील की सफाई किया जाना नितान्त आवश्यक है। वर्तमान में राष्ट्रीय झील संरक्षण योजना के तहत फतहसागर व पिछोला झीलों के लिए आबंटित राशि का सदुपयोग के लिए जन प्रतिभागिता एवं पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित किए जाने की मांग भी की।

झील प्राधिकरण का गठन

त्रिवेदी के साथ प्रतिनिधि मण्डल में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व पार्षद एडवोकेट त्रिभुवन पुरोति, पर्यावरण विस एवं समिति के सदस्य डॉ. आर.एम. लोढ़ा, झील संवर्द्धन एवं विकास समिति के सदस्य प्रो. महेश शर्मा, मेवाड़ मुस्लिम महासभा के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद बक्श एवं एडवोकेट सुरेन्द्र मेनारिया सम्मिलित थे।

SHANTIPEETH INDIA ■ 511 ■

DOWN THE MEMORY LANE

31-12-07- राजस्थान पत्रिका

झील संरक्षण समिति की बैठक

'शहर के जल तंत्र पर संकट'

कार्यालय संवाददाता
उदयपुर, 30 दिसम्बर

आयड़ नदी एक गंदे नाले में तब्दील हो कर रह गई है। इससे उदयसागर पर भी प्रदूषण का खतरा बढ़ गया है। यह प्रदूषित जल भूमि में समा कर उदयपुर के जल तंत्र के लिए संकट पैदा कर रहा है। स्लरी डंपिंग यार्ड को हटाना जरूरी है। इसके साथ ही आयड़ व उदयसागर को प्रदूषण से बचाने के लिए सीवरेज परिशोधन तंत्र की शीघ्र स्थापना की जानी चाहिए।

ऐसे ही कई मुद्दे और सुझाव सोमवार को यहां लोक कला मंडल परिसर में झील संरक्षण समिति व प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक में छाए रहे। बैठक में झील संरक्षण समिति के सचिव डॉ. तेज राजदान ने कहा कि स्लरी डंपिंग यार्ड, आयड़ नदी पेटे में अवैध ट्यूब वेल, छोटे तालाबों की उपेक्षा सहित पिछोला-फतहसागर में गंदगी विसर्जन आदि कारणों से उदयपुर घाटी केजल तंत्र पर खतरा बढ़ गया है। सरकारी व प्रशासनिक स्तर पर न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्देशों की अवहेलना हो रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा मार्बल स्लरी डंपिंग यार्ड को यथा शीघ्र हटा दिया जाना चाहिए।

केन्द्रीय भूजल बोर्ड के पूर्व निदेशक ओ.पी. माथुर व पूर्व मुख्य वास्तुविद मनोहरसिंह मेहता ने नदी व तालाब के पेटों में गहरे ट्यूबवेलों व व्यावसायिक जल दोहन को भूजल के लिए गंभीर खतरा बताया। संस्थापक सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी व वरिष्ठ सदस्य डॉ. अरुण जकारिया ने कहा कि षड्यंत्र के तहत नदी-नालों को पाटा जा रहा है। आम नागरिकों व जागरूक संस्थाओं के सम्मिलित प्रयासों से ही इस षड्यंत्र को नाकाम किया जा सकता है। सी.टी.ए.ई के विभागाध्यक्ष प्रो.आर.सी. पुरोहित व एम.एस. मेहता मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव नन्दकिशोर शर्मा ने कहा कि जलग्रहण क्षेत्रों को बचाने से ही झीलों व तालाबों का अस्तित्व बचेगा। प्रो. रघुनाथ शर्मा व पूर्व पार्षद अब्दुल अजीज खान ने कहा कि मार्बल स्लरी से जल प्रदूषण व वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ रहा है। चांदपोल नागरिक समिति के तेजशंकर पालीवाल व झील हितैषी मंच के हाजी सरदार मोहम्मद ने कहा कि अपूर्ण व दोषयुक्त सीवरेज प्रणाली से शहर के भीतरी स्थलों में भूजल प्रदूषित हो चुका है। स्वतंत्रता सैनानी हुकमराज मेहता व मेवाड़ जन के जयकिशन चौबे ने उदयपुर के संरक्षण पर बल दिया। बैठक में रोशन सिंहल, जमनाशंकर दशोरा, रूपलाल डांगी, प्रकाश तिवारी व मोहम्मद इनायत सहित अन्य ने जल आंदोलन की आवश्यकता बताई। अंत में कन्हैयालाल बापना ने आभार ज्ञापित किया। संचालन झील संरक्षण समिति के सह-सचिव अनिल मेहता ने किया।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, मंगलवार, 25 दिसम्बर, 2007

मार्बल स्लरी डंपिंग यार्ड पर तुरंत कार्यवाही की मांग

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 24 दिसम्बर। रूपसागर झील व आयड़ नदी सहित उदयसागर की जल प्रवाह व्यवस्था को नष्ट कर दूरगामी दुष्प्रभाव पैदा कर रहे मार्बल स्लरी डंपिंग यार्ड का प्रबुद्ध नागरिकों तथा जन प्रतिनिधियों ने क्षेत्र का दौरा कर राज्य सरकार से तुरंत कार्यवाही की मांग की है।

झील संरक्षण समिति के तत्वावधान में भूगोलविद् डॉ. आरम.एम. लोढ़ा, विधि परामर्शक मोती सिंह राणावत, मेवाड़ जन के प्रताप सिंह झाला व जयकिशन चौबे तथा झील संरक्षण समिति के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी व समिति के सहसचिव अनिल मेहता ने मार्बल स्लरी डंपिंग यार्ड का अवलोकन किया। रूपसागर तालाब विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश उपाध्याय तथा ग्राम पंचायत भुवाणा के उप सरपंच अशोक कुावत ने स्लरी डंपिंग यार्ड का निरीक्षण करवाया।

उपाध्याय व कुमावत ने दल को बताया कि जन स्वास्थ्य व कानून का उल्लंघन करते हुए यूआईटी ने स्लरी डंपिंग यार्ड का आवंटन कर दिया है। निरीक्षण के पश्चात हालात विश्लेषण में भूगोलविद् आर.एम. लोढ़ा ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से चित्रकूट नगर की इस घाटी में स्लरी डंपिंग यार्ड उदयपुर के लिए विनाशकारी साबित होगा।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर ◆ सोमवार ◆ 24 दिसम्बर, 2007

प्रबुद्धजनों व जनप्रतिनिधियों ने किया दौरा

रूपसागर बचाने जाएंगे अदालत

कार्यालय संवाददाता
उदयपुर, 23 दिसम्बर

भुवाणा क्षेत्र में श्यामनगर की पहाड़ियों के मुख्य प्राकृतिक नाले को मार्बल स्लरी और तेजाब डंपिंग यार्ड के रूप मे तब्दील कर देने के बाद अब शहर के प्रबुद्धजन व जनप्रतिनिधि मिलकर एक बार फिर उच्च न्यायालय का द्वार खटखटाएंगे। जन आंदोलन का रूप देकर इसे बचाने के लिए प्रयासरत संगठन व संस्थान जिला प्रशासन को 'जगाने' के लिए संभागीय आयुक्त कार्यालय के सामने शीघ्र ही प्रदर्शन करेंगे।

शहर के प्रबुद्धजनों व जनप्रतिनिधियों ने रविवार को रूपसागर नाला क्षेत्र का दौरा किया। झील संरक्षण समिति के अनिल मेहता व रूपसागर तालाब विकास समिति के सूर्यप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि डंपिंग यार्ड की हर स्थिति न्यायालय के आदेशों की सीधी-सीधी अवमानना कर रही है।

झील संरक्षण समिति के अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से इस घाटी में मार्बल स्लरी डंपिंग यार्ड का आवंटन क्षेत्र के भूजल व पर्यावरण के लिए घातक है। यह खूबसूरत घाटी क्षेत्र विरासत थी जिसका संरक्षण करने के बजाय बर्बाद किया जा रहा है। भुवाणा उप सरपंच अशोक कुमावत ने कहा कि शीघ्र ही संभागीय आयुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रूपसागर के प्राकृतिक नाले को बचाने के लिए हस्ताक्षण अभियान चलाया जाएगा।

दौरे में भूगोलविद डॉ. आर.एम. लोढ़ा, क्षत्रिय महासभा के उपाध्यक्ष एम.एस. राणावत, मेवाड़ जन के प्रतापसिंह तलावदा व जयकिशन चौबे आदि भी शामिल थे।

मार्बल स्लरी डंपिंग यार्ड का दौरा

उदयपुर. झील संरक्षण समिति के सदस्यों, प्रबुद्ध जनों व जन प्रतिनिधियों ने रविवार को रूपसागर, आयड़ नदी व उदयसागर को प्रदूषित कर रहे मार्बल स्लरी डंपिंग यार्ड का दौरा किया। समिति के तत्वावधान में भूगोलविद् डा.आर.एम. लोढ़ा, विधि परामर्शक मोतीसिंह राणावत, मेवाड़ जन के प्रताप सिंह झाला व जयकिशन चौबे तथा अनंत गणेश त्रिवेदी व अनिल मेहता ने मार्बल स्लरी डंपिंग यार्ड का अवलोकन किया। रूपसागर तालाब विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश उपाध्याय व ग्राम पंचायत, भुवाणा के उपसरपंच अशोक कुमावत भी इस अवसर पर मौजूद थे। श्री लोढ़ा ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से डंपिंग यार्ड उदयपुर के लिए विनाशकारी साबित होगा। प्रबुद्धजनों ने इस बात पर सहमति जाहिर की व कहा कि आंदोलन से ही इस समस्या का समाधान खोजा जा सकता है।

दैनिक नवज्योति
10 जून, 2006
• अजमेर, शनिवार, 10 जून, 2006

झील संरक्षण के लिए सशक्त जन आंदोलन की आवश्यकता

झील संरक्षण समिति का स्थापना दिवस

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 9 जून। एक सशक्त जन आंदोलन से ही झील पार्यवरण की स्थाई सुरक्षा व संरक्षण सम्भव हो सकेगा। राज्य विधानसभा झील विकास प्राधिकरण के स्थापना की यथाशीघ्र स्वीकृतियां, प्रशासन अवैध निर्माणों, अतिक्रमणों गंदे नालों के विसर्जन को रूकवाए। झीलों में धार्मिक प्रतीकों, ताबूतों व पूजन सामग्री के विसर्जन को रोकने के लिए सभी समुदायों व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि सर्वसम्मति बनाए। उक्त विचार झील संरक्षण समिति के स्थापना दिवस पर आयोजित खुले संवाद में उभरे।

गड़िया देवरा चांदपोल स्थित छड़ीदारों के नाहरे में आयोजित संवाद में झील संरक्षण समिति के संथापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि झील पर्यावरण की स्थाई सुरक्षा व संरक्षण के लिए एक सशक्त जन आंदोलन की आवश्यकता है और इसमें युवा समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष पूर्व इसकी स्थापना झीलों केलिए जन आंदोलन की भूमिका में एक खुले संस्थान के रूप में हुई। समिति के सचिव डॉ. तेज राजदान ने कहा कि त्रुटिपूर्ण नीतियों व गलत प्रबंधन के कारण झीलों में प्रदूषण बढ़ा है। मदार व गोगुंदा जल ग्रहण क्षेत्र में आने वाले पानी को फतहसागर में पहुंचाने के लिए अतिरिक्त नहर का निर्माण भी किया जाना चाहिए।

समिति के सरदार मोहम्मद ने गंदे नालों में झीलों में गिरने को प्रदूषण का प्रमुख कारण बताते हुए नागरिकों के प्रयासों की भूमिका पर प्रकाश डाला। पूर्व पार्षद दिनेश गुप्ता तथा ासमाजिक कार्यकर्ता जीवन खत्री ने सभी समाजों से झील संरक्षण आंदोलन से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर जयकिशन चौबे, डॉ. रमेशचंद्र पुरोहित, लाल सिंह, जमनाशंकर दशोरा, अनिल मेहता, आर.के. पांवर, के.पी. पालीवाल, मोहन सिंह आदि ने भी विचार रखे।

प्रातःकाल

ज्येष्ठ शुक्ला 12 गुरूवार, दिनांक 8 जून, 2006

धार्मिक प्रतीकों का विसर्जन रोकने सर्व सम्मति पर जोर

आम सहमति के लिए बैठक 18 को

उदयपुर, 7 जून (कासं)। प्रशासन झील पेटे में अवैध निर्माण, अतिक्रमणों व गंदे नालों के विसर्जन को रूकवाये तथा झीलों में धार्मिक प्रतीकों, मूर्तियों, ताबूतों, पूजन सामग्री के विसर्जन को रोकने सर्व सम्मति बनाई जाए तभी झीलों की सुरक्षा व संरक्षण संभव हो सकेगा।

यह विचार झील संरक्षण समिति के स्थापना दिवस पर आयोजित खुले संवाद में उभरे।

संवाद कार्यक्रम में सचिव डा. तेज राजदान ने कहा कि मदान व गोगुंदा जलग्रहण क्षेत्रों से आने वाले पानी को फतहसागर में पहुंचाने के लिए अतिरिक्त नहर का निर्माण किया जाना चाहिए।

संस्थापक सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि झील संरक्षण आंदोलन को व्यापक बनाने की जरूरत हैं। इसके लिए मौहल्ला स्तर तक जन जागरण अभियान चलाना चाहिए। त्रिवेदी ने कहा कि नागरिक अतिक्रमण व अवैध निर्माण पर नजर रखे। प्रशासन बरसात पूर्व गुमानिया नाला तथा आयड़ नदी की सफाई करवाए।

झील हितैषी नागरिक समिति के हाजी सरदार मोहम्मद ने गंदे नालों के झीलों में गिरने को प्रदूषण का प्रमुख कारण बताते हुए नागरिक प्रयासों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

पूर्व पार्षद दिनेश गुप्ता तथा सामाजिक कार्यकर्ता जीवन खत्री ने झील विकास प्राधिकरण की यथाशीघ्र स्थापना की मांग रखी। पूर्व पार्षद गुप्ता ने सभी समाजों से झील संरक्षण आंदोलन से जुड़ने की अपील की। चांदपोल नागरिक समिति के तेज शंकर पालीवाल तथा मेवाड़ जन संस्था के जयकिशन चौबे ने झीलों से मलबा खुदाई को नियमित प्रक्रिया बनाने के लिए नागरिकों व औद्योगिक इकाईयों से सहयोग लेने का सुझाव दिया।

सीटीई कॉलेज में जल व मृदा विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा. रमेश चंद्र पुरोहित ने कहा कि जलग्रहण क्षेत्र उपचार से ही झीले बचेगी।

गड़िया देवरा नवयुवक मण्डल के लालसिंह ने सिवरेज पानी से मंदिर को बचाने के लिए प्रशासन से कार्यवाही की मांग रखी। बैठक में ए.आर. खान, आर.के. पंवार, के.जी. पालीवाल, मोहनसिंह ने भी विचार रखे।

समिति के सहसचिव अनिल मेहता ने बताया झीलों में धार्मिक प्रतीकों के विसर्जन को रोकने की दिशा में आगामी 18 जून को सभी सम्प्रदायों, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाकर सर्वसम्मति बनाने के प्रयास किये जाएंगे।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर » 8 जून 2006

स्थापना दिवस पर खुला संवाद

झील विकास प्राधिकरण बने, धार्मिक प्रतीकों का विसर्जन रुके

उदयपुर, 7 जून। एक सशक्त जन आन्दोलन से ही झील पर्यावरण की स्थाई सुरक्षा व संरक्षण संभव हो सकेगा। राज्य विधानसभा झील विकास प्राधिकरण की यथाशीघ्र स्थापना की स्वीकृति दे। प्रशासन अवैध निर्माणों, अतिक्रमणों, गन्दे नालों के विसर्जन को रुकवाए। झीलों में धार्मिक प्रतीकों, मूर्तियों, ताबूतों व पूजन सामग्री के विसर्जन को रोकने के लिए सभी समुदायों व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि सर्वसम्मति बनाए। यह विचार झील संरक्षण समिति के स्थापना दिवस पर आयोजित खुले संवाद में उभरे। गड़िया देवरा चांदपोल स्थित छड़ीदारों के नोहरे में आयोजित संवाद कार्यक्रम में सचिव डॉ. तेज राजदान ने कहा कि त्रुटिपूर्ण नीतियों व गलत प्रबन्धन के कारण झीलों में प्रदूषण बढ़ा है। यद्यपि जनता जागरुक है लेकिन यह जागरुकता जन आन्दोलन में परिणित नहीं हुई है। डॉ. राजदान ने कहा कि मदार व गोगुन्दा जलग्रहण क्षेत्र से आने वाले पानी को फतहसागर में पहुंचाने के लिए अतिरिक्त नहर का निर्माण भी किया जाना चाहिए। संस्थापक सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने झील संरक्षण आन्दोलन को व्यापक बनाने की जरूरत है पर बल दिया। इसके लिए मोहल्ला स्तर तक जनजागरण अभियान चलाना चाहिए। त्रिवेदी ने कहा कि नागरिक अतिक्रमण व अवैध निर्माणों पर नजर रखें। प्रशासन बरसात पूर्व गुमानिया नाला तथा आयड़ नदी की सफाई करवाए। झील हितैषी नागरिक समिति के हाजी सरदार मोहम्मद ने गन्दे नालों के झीलों में गिरने को प्रदूषण का प्रमुख कारण बताते हुए नागरिक प्रयासों की भूमिका पर प्रकाश डाला।पूर्व पार्षद दिनेश गुप्ता तथा सामाजिक कार्यकर्ता जीवन खत्री ने झील विकास प्राधिकरण की स्थापना की मांग रखी। पूर्व पार्षद गुप्ता ने सभी समाजों से झील संरक्षण आन्दोलन से जुड़ने की अपील की। चांदपोल नागरिक समिति के तेजशंकर पालीवाल तथा मेवाड़ जन संस्था के जयकिशन चौबे ने झीलों से मलबा खुदाई को नियमित प्रक्रिया बनाने के लिए नागरिकों व औद्योगिक इकाइयों से सहयोग लेने का सुझाव दिया। पालीवाल ने बताया कि झीलों के पुनः पूरा भरते ही सीवरेज लीकेज पर नजर रखनी होगी व मरम्मत के प्रयास करने होंगे। सी.टी.ई. कॉलेज में जल व मृदा विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेशचन्द्र पुरोहित ने कहा कि जलग्रहण क्षेत्र उपचार से ही झीलें बचेंगी। पुरोहित ने बताया कि उनका विभाग एनीकटों पर शोध कर रहा है। गड़िया देवरा नवयुवक मण्डल के लालसिंह ने सीवरेज पानी से मन्दिर को बचाने के लिए प्रशासन से कार्यवाही की मांग रखी। जमना शंकर दशोरा ने जनसहभागिता बढ़ाने के विविध प्रकल्प सुझाए। समिति के सहसचिव अनिल मेहता ने बताया कि खुला संवाद कार्यक्रम के लिए निर्णयानुसार झीलों में धार्मिक प्रतीकों व सामग्रियों के विसर्जन को रोकने के लिए आगामी 18 जून को सभी सम्प्रदायों व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक बुलवाकर सर्वसम्मति बनाने के प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में ए.आर. खान, आर.के. पंवार, के.जी. पालीवाल, मोहनसिंह आदि ने भी विचार रखे।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, गुरुवार 8 जून 2006
विक्रम संवत 2063, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, द्वादशी

झील विकास प्राधिकरण की स्थापना शीघ्र करें

झील संरक्षण के लिए 'खुला संवाद' कार्यक्रम में बोले लोग

उदयपुर, 7 जून • नसं। राज्य विधानसभा झील विकास प्राधिकरण की स्थापना को जल्दी मंजूरी दे। अवैध निर्माणों व अतिक्रमणों को प्रशासन सख्ती के साथ रोके तथा झीलों में धार्मिक मूर्तियों, ताबूतों व पूजन सामग्री विसर्जन पर सख्ती से रोक लगाई जाए।

झील संरक्षण समिति के स्थापना दिवस पर बुधवार को आयोजित 'खुला संवाद' कार्यक्रम में नागरिकों की ओर से ये सुझाव सामने आए। गड़िया देवरा चांदपोल स्थित छड़ीदारों के नोहरे में आयोजित इस कार्यक्रम में सचिव तेज राजदान ने कहा कि त्रुटिपूर्ण नीतियों व गलत प्रबंधन के कारण झीलों में प्रदूषण बढ़ा है। जनता जागरूक है, लेकिन उनकी यह जागरूकता जनआंदोलन में नहीं बदल सकी। उन्होंने मदार व गोगुंदा जलग्रहण क्षेत्रों से आने वाले पानी को फतहसागर पहुंचाने के लिए अतिरिक्त नहर का निर्माण करने का सुझाव दिया।

संस्थापक सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने झील संरक्षण आंदोलन को व्यापक बनाने के लिए मोहल्ला स्तर पर जनजागरण का सुझाव दिया। झील हितैषी नागरिक समिति के सरदार मोहम्मद ने गंदे नालों के झीलों में गिरने को प्रदूषण का प्रमुख बताया। पूर्व पार्षद दिनेश गुप्ता ने झील विकास प्राधिकरण की स्थापना की मांग की। चांदपोल नागरिक समिति के तेजशंकर पालीवाल व मेवाड़ जन संस्था के जयकिशन चौबे ने झीलों से मलबा खुदाई को नियमित प्रक्रिया बनाने के लिए नागरिकों व औद्योगिक इकाइयों से सहयोग लेने का सुझाव दिया। सीटीएई कॉलेज में जल व मृदा विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा. रमेशचंद्र पुरोहित ने जलग्रहण क्षेत्र का बचाने का सुझाव दिया। गड़िया देवरा नवयुवक मंडल के लालसिंह सीवरेज पानी से मंदिर को बचाने का सुझाव दिया। समिति के सहसचिव अनिल मेहता ने बताया कि झीलों में धार्मिक प्रतीकों व सामग्रियों के के विसर्जन को रोकने के लिए 18 जून को सभी संप्रदायों की बैठक रखी गई है। बैठक में ए.आर. खान, आर.के. पंवार, के.जी. पालीवाल व मोहनसिंह ने भी विचार रखे।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, रविवार 1 अक्टूबर, 2006

झरिया से निकलता पानी अस्पताल को दिया जाए

झील संरक्षण समिति की बैठक में झरिया की पाल से रिसने वाले पानी का उचित उपयोग करने की आवाज उठी। झीलों के भरने के बाद से यह पानी फिजुल बह रहा है।

नगर संवाददाता . उदयपुर

झील संरक्षण समिति के सदस्यों ने इस पानी का उपयोग करने के साथ ही झीलों में गिरने वाले गंदे पानी को रोकने, जलग्रहण क्षेत्रों से अवैध अतिक्रमण हटाने और झील विकास प्राधिकरण की स्थापना के मुद्दे को उठाया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने कहा कि झीलों व तालाबों के संरक्षण के लिए झील विकास प्राधिकरण की स्थापना जरूरी है। संस्थापक सचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय झील संरक्षण योजना की डीपीआर शीघ्रताशीघ्र बनाई जानी चाहिए। भूजल बोर्ड के पूर्व निदेशक ओ. पी. माथुर ने फतहसागर झील में खुदे बोरवेलों की ग्राउटिंग कराने का सुझाव दिया। झील हितैषी मंच के हाजी सरदार मोहम्मद एवं जमनाशंकर दशोरा ने कुमारिया तालाब में गिरने वाले नालों को रोकने व क्षेत्र की नियमित सफाई कखवाने का आग्रह किया। मेवाड़ जन के जयकिशन चौबे व जमनाशंकर दशोरा ने कहा कि कई स्थानों से पीछोला में गंदगी गिर रही है। चांदपोल नागरिक समिति के तेजशंकर पालीवाल ने कहा कि पुरानी सीवरेज लाइन खराब है, जिसको नई डालने की जरूरत है। एडवोकेट प्रवीण खंडेलवाल व पूर्व पार्षद दिनेश गुप्ता ने कहा कि रूपसागर के जलग्रहण क्षेत्र में अवैध निर्माण को नहीं हटाया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

समिति सचिव अनिल मेहता ने बताया कि इन सभी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री वसुंधराराजे को फैक्स किया गया। बैठक में वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैयालाल बापना, श्यामसुंदर कालानी, मोहम्मद इनायत, नूर मोहम्मद आदि मौजूद थे।

राजस्थान पत्रिका उदयपुर > रविवार > 1 अक्टूबर, 2006

मार्बल स्लरी नाले में डालने पर कड़ा एतराज

झील संरक्षण समिति की बैठक में उठे कई मुद्दे

झरिया के व्यर्थ बहते पानी का उपयोग करने की मांग

प्रवाह मार्गों को मुक्त किया जाए

उदयपुर, 30 सितम्बर। झील संरक्षण समिति की शनिवार को हुई बैठक में उदयपुर के रूपसागर जल ग्रहण क्षेत्र में डाली गई स्लरी हटाने और उदयपुर के जल प्रवाह मार्गों को अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग की है। बैठक में स्वरूपसागर झील के झरिया मार्ग पर व्यर्थ बहते पानी का उपयोग महाराणा भूपाल सार्वजनिक चिकित्सालय में करने और झील की स्वच्छता पर ध्यान देने का अनुरोध किया गया। पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस बात पर चिंता जताई गई कि रूपसागर तालाब को बर्बाद किया जा रहा है। स्लरी डालने के प्रयासों की निंदा करते कहा कि इस तालाब को बचाने के लिए आवश्यक है वहा तत्काल प्रभाव से स्लरी डालने पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा जलग्रहण क्षेत्र में अब तक जितनी भी स्लरी डाली गई उसे हटाया जाए। मेहता ने कहा कि झीलों और तालाबों के संरक्षण के लिए झील बिकास प्राधिकरण की स्थापना जरूरी है। समिति के संस्थापक सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि उदयपुर की झीलों के विकास के लिए राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम के तहत केन्द्र से राशि जुटाने के लिए जल्दी ही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनवाई जाए।

बैठक में भूजल बोर्ड के पूर्व निदेशक ओ.पी.माथुर ने फतहसागर झील में खुदे ट्यूबवेल की ग्राउटिंग करने का सुझाव दिया ताकि झील को कोई खतरा न हो। झील हितैषी मंच के हाजी सरदार मोहम्मद एवं जमनाशंकर दशोरा ने कुम्हारिया तालाब में गिर रहे गदें नालों को रोकने की मांग की और वहां नियमित रूप से सफाई कर्मचारी लगाने का अनुरोध किया। मेवाड़ जन के जयकिशन चौबे एवं जमना शंकर दशोरा ने कहा कि कई स्थानों से पिछोला में गंदगी जा रही है, उसे रोकना चाहिए। चांदपोल नागरिक समिति के तेज शंकर पालीवाल ने कहा कि पुरानी सीवरेज लाइन खराब है और इसमें किए हुए कनेक्शन नई लाइन से जोड़े जाएं। बैठक में एडवोकेट प्रवीण खण्डेलवाल व दिनेश गुप्ता ने कहा कि यदि रूपसागर क्षेत्र से स्लरी व जल मार्गों से अवैध कब्जे नहीं हटवाए गए तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

समिति के सचिव अनिल मेहता ने बताया कि विभिन्न नागरिक संगठनों की ओर से झीलों के मुद्दे की लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है। इसमें झील विकास प्राधिकरण, राष्ट्रीय झील संरक्षण योजना, देवास व मानसी वाकल के शेष चरणों के क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। बैठक में वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैया लाल बापना, श्याम सुंदर कालानी, मोहम्मद इनायत, नूर मोहम्मद आदि ने भी झील संरक्षण के सुझाव रखे।

राजस्थान पत्रिका

रुपसागर में सड़क और अन्य निर्माण अनुचित

उदयपुर, 16 अप्रेल

झील संरक्षण समिति ने शहर के रुप सागर तालाब सड़क और मकानों का जंगल बनाने का कड़ा विरोध किया है और प्रशासन से आग्रह किया है कि वह इसके स्वरुप का बहाल रखने के उपाय करे।

झील संरक्षण समिति के सदस्यों ने महादेव मंडल गणेश नगर की पहल पर शनिवार को रुपसागर का दौरा किया और सड़क निर्माण के प्रयासों को अनुचित माना। महादेव मंडल के बैनर तले शुक्रवार को तालाब की जमीन पर सड़क बनाने का विरोध हुआ था। मंडल की पहल पर समिति के सदस्यों अनिल मेहता,अनंत गणेश त्रिवेदी,डा आर एम लोढ़ा, डा तेजराजदान, डा एल एल शर्मा ने ,पार्षद शिप्रा उपाध्याय,महादेव मंडल के संयोजक नरेश वैष्णव के साथ कार्यकर्ताओं और वार्ड 15 के नागरिकों सुधीर माहेश्वरी, राकेश पालीवाल, राजेन्द्र जैन प्रेम प्रकाश चित्तौड़ा, पूर्व पार्षद राम लाल वैष्णव, डा हेम बोलिया आदि के साथ रुपनगर के भराव क्षेत्र का अवलोकन किया। इस दौरान जल आवक को रोककर उस पर सड़क आदि का निर्माण को अनुचित बताया गया। इस अवसर पर सभा भी आयोजित की गई जिसमें पूर्व पार्षद राम लाल वैष्णव ने तालाब को अवैध निर्माण और अतिक्रमण से बचाने के लिए संघर्ष का आह्वान किया। डा. तेज राजदान ने

झील संरक्षण समिति का दौरा

पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए संगठित रहने का आग्रह किया। अनिल मेहता ने झील को नष्ट करने के षड़यंत्र की निंदा की। पार्षद शिप्रा उपाध्याय ने कहा कि रुप सागर पर लगातार तीन साल से भू माफिया और नगर विकास प्रन्यास की मिली भगत से अवैध निर्माण और अतिक्रमण हो रहे है। तालाब में साठ फीट की तीन सड़के निकाली जा रही है जो गैर कानूनी है। इस झील में चीरवा घाटे ओर प्रतापनगर का पानी आता है और आयड़ नदी में जाता है। इस अवसर पर महिला मोर्चा की लीला मेनारिया, अंजना जोशी, कंकू बाई आदि ने प्रशासन की कार्रवाई की कड़ी आलोचना की।

रुप सागर के बारे में झील संरक्षण समिति के संयुक्त सचिव अनिल मेहता का कहना है कि रुपसागर की प्राचीन काल से बाढ़ नियंत्रण और भूजल पुनर्भरण की संरचना रही है। इसका पानी स्लूस गेट के जरिए बेकनी पुलिया होते हुए आयड़ नदी में मिलता है। झील में उच्च गुणवत्ता वाली मत्स्य प्रजातियां भी मौजूद रही हैं। झील का जलग्रहण क्षेत्र समीपवर्ती पहाड़ियां हैं। जहां झील की पूरी परिधि आवासीय निर्माण से घिर चुकी है वहीं अब पेटे में तीन सड़के बनाई जा रही है।भविष्य में सड़कों के आस पास प्लाट कटेंगे और एक ऐतिहासिक जल संरचना नष्ट हो जाएगी। लेकिन प्रशासन इस तथ्य को नजरंदाज कर रहा है। जब कभी अतिवृष्टि हुई तो इस क्षेत्र के घरों को जल तबाह कर देगा। राजस्थान उच्च न्यायालय के राज्य सरकार को साफ निर्देश है कि झीलों, तालाबों के प्राकृतिक जल प्रवाह,आवक और निकासी को अवरोधों से मुक्त किया जाए लेकिन रुपसागर के मामले में प्रन्यास अदालत के आदेशों की अवमानना कर रहा है। रुप सागर के जलआवक नालों को पाट दिया गया है। सौभागपुरा पंचायत के वार्ड 15 व 18 के लोग झील में निर्माण के खिलाफ है तब किसके फायदे के लिए सड़कें बन रही है।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, सोमवार 9 मई 2005

निर्माण के मलबे के ढेर जमा

पीछोला के प्रवाह क्षेत्र में 185 स्थानों पर अतिक्रमण

उदयपुर, 8 मई ◆पीछोला झीलों को भरने वाली प्रमुख सीसारमा नदी पेटे में 185 स्थानों पर अतिक्रमण हैं और इस के प्रवाह मार्ग में सैकड़ों टन कचरा पड़ा हुआ है। लोगों ने निर्माण का मलबा भी इसमें डाल रखा है। इसमें पानी लाने के लिए खोदी गई नहर का समस्त मलबा भी किनारों पर ही पड़ा है।

झील संरक्षण समिति के प्रतिनिधि मण्डल ने रविवार को पीछोला रूण के दौरे में यह सब कुछ देखा और प्रशासन से वर्षा पूर्व इस दिशा में कार्रवाई का अनुरोध किया। प्रतिनिधि मण्डल में अनंतगणेश त्रिवेदी, डॉ. तेज राजदान, अनिल मेहता, डॉ. एलएल शर्मा एवं कुमार रवि शामिल थे। प्रतिनिधियों ने पाया कि प्रशासन ने सीसारमा नदी में 185 स्थानों पर अतिक्रमणों को चिह्नित किया था किंतु उन्हें हटाया नहीं गया। सदस्यों ने पेटे में विसर्जित कचरा, मलबा हटाने और पीछोला सहित फतहसागर पेटे में डीसिल्टिंग कार्य तुरंत प्रारंभ करवाने की कार्ययोजना कलेक्टर और संभागीय आयुक्त को पेश की। सदस्यों ने पाया कि जलबुर्ज-सीसारमा मार्ग पर पीछोला झील परिधि और पेटे में सैकड़ों टन ठोस कचरा, निर्माण मलबा विसर्जित किया जा चुका है। पेटे में बाहर से लाई गई मिट्टी को भरकर कच्ची सड़क का निर्माण कर लिया गया है। पीछोला के पश्चिम से पूर्व की ओर पानी लाने के लिए खोदी गई नहर का समस्त मलबा किनारों पर जमा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वे नहर का मलबा ले जाना चाहते हैं, लेकिन सिंचाई विभाग उन्हें अनुमति नहीं दे रहा है। समिति ने कहा कि यदि नगर खोदने के लिए निकाली गई मिट्टी को नहीं हटाया गया तो बरसात में यह पुनः झील में समा जाएगी।

डीसिल्टिंग कार्ययोजना क्यों?

झील संरक्षण समिति के सदस्यों ने पीछोला के दौरे में पाया कि इसमें पानी लाने के लिए खोदी गई नहर की गहराई 12-13 फीट है। इससे जाहिर होता है कि कम से कम इतनी गहराई तक तो सिल्ट जमा है। प्रशासन को वैज्ञानिक और तकनीकी आधार पर, झील संरक्षण समिति द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजना के अनुसार शीघ्रातिशीघ्र झीलों से डीसिल्टिंग का कार्य आरंभ करवाना चाहिए। सदस्यों ने दूधतलाई से मलबा निकालने के कार्य को अनुकरणीय बताते हुए प्रशासन से पीछोला व फतहसागर के लिए ऐसे कदम उठाने का अनुरोध किया है।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 9 मई 2005



उदयपुर की पिछोला झील में जमा मलबा एवं झील पेटे में बनाई गई कच्ची सड़क।

सीसारमा नदी को अतिक्रमण मुक्त कर डीसिल्टिंग कार्य प्रारंभ करवाने की मांग

उदयपुर, 8 मई। सीसारमा नदी में प्रशासन की ओर से चिन्हित 185 अतिक्रमणों को मानसून से पूर्व हटाने एवं पिछोला झील पेटे में विसर्जित ठोस कचरे को उठाने की मांग को लेकर झील संरक्षण समिति की ओर से रविवार को जिला कलक्टर एवं संभागीय आयुक्त को रविवार को ज्ञापन दिया गया। समिति ने पिछोला व फतहसागर झीलों में डीसिल्टिंग कार्य प्रारंभ करवाने सम्बन्धी कार्य योजना भी प्रस्तुत की। समिति के सदस्यों ने रविवार को पिछोला झील का दौरा किया। झील के निरीक्षण के दौरान पेटे में सैकड़ों टन ठोस कचरा, भवन निर्माण मलबा, बाहर से लाई गई मिट्टी से तैयार कच्ची सड़क दिखाई दी। पिछोला झील के पश्चिम से पूर्व की दिशा में पानी लाने के लिए खोदी गई नहर का समस्त मलबा किनारों से अभी तक नहीं उठाया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वे नहर का मलबा ले जाना चाहते है लेकिन सिंचाई विभाग उन्हें अनुमति नहीं दे रहा है। समिति के सदस्यों ने पाया कि नहर की गहराई करीब तेरह फीट है अतः कम से कम झील में इतनी गहराई तक सिल्ट जमा है। उन्होंने प्रशासन से वैज्ञानिक तकनीक के आधार पर डीसिल्टिंग कार्य प्रारंभ करवाने की मांग की। समिति के सदस्यों ने नगर परिषद सभापति के नेतृत्व व समन्वय से दूध तलाई के विकास के लिए यहां जमा मिट्टी एवं मलबा निकाले की प्रक्रिया का अनुकरण करते हुए फतहसागर एवं पिछोला झील से भी मलबा एवं मिट्टी निकाले का कार्य मानसून से पूर्व करवाने का आग्रह किया। झील का दौरा करने वाले दल में समिति के डॉ.तेज राजदान, अनन्त गणेश त्रिवेद्वी, अनिल मेहता, डॉ.एल.एल. शर्मा तथा रवि कुमार शामिल थे।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, मंगलवार 26 अप्रैल 2005

'झीलों-तालाबों की भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन की जांच की जाए'

झील संरक्षण समिति का मुख्यमंत्री को पत्र

उदयपुर, 25 अप्रैल • नसं। झील संरक्षण समिति ने मुख्यमंत्री तथा मुख्यसचिव को पत्र भेजकर उदयपुर के विभिन्न जल स्रोतों की भूमि के अवैध बेचान व भू-उपयोग में परिवर्तन को नियम विरूद्ध बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। समिति की ओर से सोमवार को राज्यपाल को भी ज्ञापन दिया गया।

समिति के अध्यक्ष पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता की अध्यक्षता में हुई बैठक में तालाब, तलाइयों, बावड़ियों व जलप्रवाह मार्गों की जमीन का भू-उपयोग बदलने में सहयोगी रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। श्री मेहता ने कहा कि पिछले सालों में झीलों-तालाबों के सूखा रहने से भूमाफिया सक्रिय हो गए। यदि प्रशासन जागरूक रहता तो ऐसी स्थिति नहीं बनती। समिति के सचिव डॉ. तेज राजदान ने तालाबों के 50 मीटर की परिधि में पौधरोपण करने तथा अधिकतम भराव तल को अंकित करने का सुझाव दिया। अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि जलप्रवाह व निकास मार्गों का स्पष्ट अंकन किया जाना चाहिए। बैठक में भारतीय इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पी.एल. अग्रवाल, भूगोलविद डॉ. आर.एम. लोढ़ा, सरोवरविद डॉ. एल.एल. शर्मा तथा भूजल वैज्ञानिक डॉ. जे.सी. दुबे ने कहा कि भूजल पुनर्भरण की जल संरचनाओं के नष्ट होने से उदयपुर मरूस्थल की ओर बढ़ रहा है। दिल्ली नगर निगम के पूर्व मुख्य वास्तुविद मनोहरसिंह मेहता व सिविल इंजीनियर अनिल मेहता ने कहा कि तालाबों में सड़क निर्माण व स्टेडियम का प्रस्ताव मास्टर प्लान का उल्लंघन है। डॉ. अरूण जकारिया व डॉ. एस.के. हिरण ने भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

उदयपुर, मंगलवार, 26 अप्रेल, 2005 राजस्थान पत्रिका

तालाबों की जमीन बेचान की उच्च स्तरीय जांच की मांग

उदयपुर, 25 अप्रेल। झील संरक्षण समिति ने मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव को पत्र भेजकर उदयपुर के विभिन्न जल स्रोतों की भूमि के अवैध खरीद-बेचान, भू उपयोग में परिवर्तन को नियम विरुद्ध बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। समिति के अध्यक्ष पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता की अध्यक्षता में हुई बैठक में तालाबों, तलाइयों, बावड़ियों, जल प्रवाह नालों की जमीन के भू उपयोग बदलने में सहयोगी रहे लोगों को नामजद कर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई। जगत मेहता ने कहा कि जल स्रोतों के विगत कुछ वर्षों से सूखा पड़े रहने का भू-माफिया द्वारा फायदा उठा लिया गया। यदि प्रशासन जागरूक रहता तो ऐसी स्थिति नहीं बनती। सचिव डा. तेज राजदान ने कहा कि तालाबों की पचास मीटर की परिधि में वृक्षारोपण किया जाए तथा अधिकतम भराव तल को अंकित किया जाए। अनन्त राजेश त्रिवेदी ने कहा कि जल प्रवाह व जल निकास मार्गों का क्षेत्र में स्पष्ट-दृष्ट अंकन करवाया जाए तथा उन्हें अवरोधों से मुक्त किया जाए। भारतीय-इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पी.एल. अग्रवाल, भूगोलविद डॉ. आर.एम. लोढ़ा, सरोवरविद डॉ. एल.एल. शर्मा तथा भू-जल वैज्ञानिक डॉ. जे.सी. दुबे ने कहा कि भू-जल पुनर्भरण की जल संरचनाओं के नष्ट होने से उदयपुर मरुस्थलीकरण की तरफ बढ़ रहा है। दिल्ली नगर निगम के पूर्व मुख्य वास्तुविद् मनोहर सिंह मेहता तथा विद्याभवन सिविल इंजी संकाय के अनिल मेहता ने कहा कि तालाबों में सड़क निर्माण, स्टेडियम के प्रस्ताव मास्टर प्लान का उल्लंघन है। जो कुछ मास्टर प्लान में लिखा गया है वैसा मानचित्र में नहीं दर्शा कर फेरबदल किए गए हैं। डॉ. अरुण जकारिया तथा डॉ. के.एस. हिरण ने मास्टर प्लान में फेरबदल को भू-माफिया की मिलीभगत बताते हुए इसकी जांच की मांग की।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, गुरुवार 21 अप्रैल 2005
विक्रम संवत 2062 चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी

झील संरक्षण समिति का प्रतिनिधिमण्डल नगर परिषद सभापति से मिला

झीलों में जमा मलबा व मिट्टी हटाने की मांग उठाई

उदयपुर, 20 अप्रैल ◆ नसं। झील संरक्षण समिति ने बरसात से पूर्व झीलों में जमा मलबे व मिट्टी को व्यवस्थित व वैज्ञानिक तरीके से हटवाकर रूपसागर व गोवर्धनविलास तालाबों के संरक्षण की मांग की है।

इस संबंध में समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर परिषद सभापति से मिलकर झील की सफाई व स्वच्छता का साझा कार्यक्रम चलाने का आग्रह किया। डॉ. तेज राजदान ने वर्षा जल संरक्षण की व्यवस्थाएं व्यापक स्तर पर स्थापित करने का सुझाव दिया। अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि झीलों में जमी गाद हटाने के साथ-साथ सीसारमा नदी व झील जलग्रहण क्षेत्र को अतिक्रमण व अवरोधों से मुक्त करने का अभियान चलाया जाना चाहिए। डॉ. आर.एम. लोढ़ा ने शहर की समस्त तलाइयों को चिह्नित कर उनके संरक्षण का सुझाव दिया। अनिल मेहता ने रूपसागर व गोवर्धनविलास तालाबों को मूल स्वरूप में लाने के लिए उनकी राजस्व सीमाओं को सार्वजनिक करने के साथ ही जलआवक व जलनिकास मार्गों को वर्षा से पूर्व खुलवाने का सुझाव दिया। सभापति ने इन पर शीघ्र रूपरेखा बनाने का आश्वासन दिया।

जल प्रवाह मार्ग नहीं रोका जाए : नागरिक संघर्ष समिति के संयोजक सुब्हान अली व अध्यक्ष डॉ. हेमलता बोर्दिया ने रूपसागर के प्राकृतिक प्रवाह मार्ग को रोकने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा अब्दुल रहमान बनाम राज्य सरकार प्रकरण के फैसले का जिक्र करते हुए बताया कि न्यायालय के निर्णय के अनुसार जल के प्राकृतिक प्रवाह मार्ग व झील पेटे में किसी प्रकार की रुकावट व जो निर्माण अवैध है उन्हें हटवाना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। 73वें तथा 74वें संविधान संशोधन के पश्चात स्थानीय निकायों की अनुमति व सहमति के बिना कोई योजना क्रियान्वित नहीं की जा सकती। रूपसागर में सड़क निर्माण के लिए न तो ग्राम पंचायत शोभागपुरा व और न ही वार्ड पंद्रह के निर्वाचित जनप्रतिनिधि से राय ली गई।

प्रातःकाल
उदयपुर, गुरुवार, दिनांक 21 अप्रेल, 200

वर्षा पूर्व झीलों से मलबा हटाने की मांग

उदयपुर, 20 अप्रेल (वि)। झील संरक्षण समिति ने बरसात से पूर्व झीलों में जमा गाद-मलबे व मिट्टी को व्यवस्थित वैज्ञानिक तरीके से हटवाने की आवश्यकता बताते हुए रूपसागर व गोवर्धन सागर तालाबों के संरक्षण की मांग की है।

इस सम्बन्ध में समिति के एक प्रतिनिधि मण्डल ने नगर परिषद सभापति से भेंट कर झील सफाई स्वच्छता के साझा संरक्षण कार्यक्रम का आग्रह किया। प्रतिनिधि मण्डल में डॉ. तेज राजदान, अनन्त गणेश त्रिवेदी, अनिल मेहता तथा डॉ. आर.एम. लोढ़ा सम्मिलित थे।

दैनिक भास्कर
उदयपुर रविवार, 17 अप्रैल 2005

झील संरक्षण समिति का दौरा, गंदा पानी झील व सड़क पर

सीवरेज कई जगह लीकेज

उदयपुर, 16 अप्रैल • नसं। झील संरक्षण समिति के सदस्यों ने सीवरेज प्रणाली को अष्तक प्रभावी तरीके से लागू नहीं करने पर चिन्ता व्यक्त की है।

समिति के सदस्यों ने शनिवार को अनन्त गणेश त्रिवेदी के नेतृत्व में नीरी सीवरेज परियोजना के तहत बिछाई गई सीवरेज लाइनों, मैन होल व सीवरेज चैंबर आदि का दौरा कर वस्तुस्थिति को देखा। दल ने पाया कि अनेक स्थानों पर मकानों को सीवरेज प्रणाली से नहीं जोड़ा गया। सीवरेज के चैंबर टूटे हैं, मैन होल व चैंबरों के ढक्कन गायब हैं। एक सीवरेज लाइन से जुड़े मकानों का गंदा पानी आगे नहीं बह पा रहा है क्योंकि मुख्य लाइन को आगे की लाइन से नहीं जोड़ा गया है।

दल ने पाया कि गड़िया देवरा से चांदपोल तक मुख्य सीवरेज लाइन गृहमंत्री व सांसद के निर्देशों के बावजूद एक साल बीत जाने पर भी नहीं बिछाई गई है। इससे लालघाट, नावघाट, गणगौर घाट, सतापोल व अन्य आबादी क्षेत्रों से बहकर आने वाला मलमूत्र आगे कनेक्शन नहीं मिलने से ओवरफ्लो होकर झील में गिर रहा है। क्षेत्रीय पार्षद बंशीलाल सोनी व नागरिक विमल नागर ने बताया कि सीवरेज प्रणाली की साफ-सफाई नहीं होने तथा टूट-फूट होने से गंदगी बाहर फैल रही है। सुरेश नागर ने उसके घर के पीछे गली में आ रहे गंदे पानी व शौचालय की स्थिति बताई, जिसको सीवरेज से जोड़ा नहीं गया है। विशेषज्ञ दल को नागरिकों ने झील पेटे में बने मैन होलों की वर्षा से पूर्व जांच करवाने, चांदपोल पुलिया के दक्षिणी छोर पर संस्कृत कॉलेज की ओर बने मकानों को सीवरेज लाइन से जोड़ने, ब्रह्मपोल पुलिया के पास बने मैन होल पर ढक्कन लगाने व मांजी का मंदिर नागानगरी क्षेत्र में नावघाट के पास मैनहोल बदलने का सुझाव दिया।

रूपसागर में सड़क निर्माण की वीडियोग्राफी करवाई

उदयपुर, 16 अप्रैल • नसं। रूपसागर तालाब की जमीन पर भूखंड काटने और वहां सड़क निर्माण के खिलाफ शुरू हुए विरोध के दूसरे दिन झील संरक्षण समिति के पदाधिकारियों ने दौरा किया और इसकी वीडियोग्राफी करवाई।

झील संरक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ. तेज राजदान, अनिल मेहता, अनन्त गणेश त्रिवेदी, डॉ. आर. एम. लोढ़ा व अन्य ने शाम को रूपसागर के उस स्थान का दौरा किया, जहां पूरे तालाब को समाप्त करने का षडयंत्र किया जा रहा है। वार्ड पंद्रह के कार्यकर्ता सुधीर माहेश्वरी, राकेश पालीवाल, राजेन्द्र जैन, प्रेमप्रकाश चित्तौड़ा, पूर्व पार्षद रामलाल वैष्णव व पहाड़ा संघर्ष समिति की अध्यक्ष डॉ. हेम बोलिया ने झील संरक्षण समिति के सदस्यों को तालाब की पुरानी व वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झील क्षेत्र में से सड़क निकालने की योजना में प्रभावी लोग व अफसर शामिल हैं। पार्षद शिप्रा उपाध्याय ने बताया कि पिछले तीन साल से भूमाफिया यूआईटी की मिलीभगत से अवैध निर्माण कर रहे हैं। इस तालाब में से तीन सड़कें निकाली जा रही हैं। शिप्रा ने कहा कि सरकार झीलों के विकास की बात कर रही है, जबकि झीलों-तालाबों का स्वरूप खत्म किया जा रहा है। वार्ड अध्यक्ष सुभान अली, शैय्यद हुसैन, सूर्यप्रकाश उपाध्याय, नसीर मोहम्मद व अन्य ने भी इसका विरोध किया। समिति के सदस्यों को महिला मोर्चा की अंजना जोशी, लीला मेनारिया, कंकूबाई टांक, बसंतीदेवी, नानी बाई कुमावत व अन्य ने भी जानकारी दी। इधर, शुक्रवार शाम क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक हुई, जिसमें तालाब पेटे में अतिक्रमण होने पर जोरदार आंदोलन शुरू करने का निर्णय किया गया। दौर के बाद समिति के तेज राजदान व अनिल मेहता ने बताया कि रूपसागर को बचाने के लिए नागरिकों का आंदोलन वाजिब है। वहां भविष्य की चिन्ता किए गए बगैर अतिक्रमण किए जा रहे हैं।

राजस्थान पत्रिका, उदयपुर, 5 जून, 1994 5

झीलों के निकट अवैध कब्जे हटाए जाएं- सनाढ्य

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 4 जून। नगर विधायक शिव किशोर सनाढ्य ने शहर की प्रसिद्ध झीलों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए प्रस्तावित योजना की शीघ्र क्रियान्विति करने तथा झीलों के निकट नाजायज कब्जे हटाने पर जोर दिया है।

सनाढ्य ने ये विचार शनिवार को यहां झील संरक्षण समिति की बैठक में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि झीलों के किनारे स्थित मकानों की कच्ची तहारतों को अभियान चालकर पक्की तहारतों में बदलने का भी सुझाव दिया।

स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष डा. पी.एल. अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न इस बैठक में उदयपुर नगर के लिए वरिष्ठ नगर नियोजक द्वारा प्रस्तावित करीब 4.50 करोड़ रु. की महत्वकांक्षी योजना को अतिशीघ्र लागू करने का सुझाव दिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर समिति की दूसरी वर्ष गांठ के अवसर पर आयोजित इस बैठक में यह राय दी गई कि राज्य सरकार द्वारा सीवरेज के लिए स्वीकृत 40 लाख रु. से योजना के प्रथम चरण का कार्य कुम्हारिया तालाब से शुरू किया जाए तथा उसे तत्कालिक तौर पर हाथीपोले व मनवा खेड़ा सीवरेज लाइनं से जोड़ा जाए तथा उपचार संयंत्र लगाकर पानी को आयड़ नदी में छोड़ने की योजना को क्रियान्वित करवाया जाए।

नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह लिखारी ने बताया कि प्रस्तावित सीवरेज योजना को लागू करने के लिए हुडको से ऋण लेने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि झील संरक्षण के लिए यू.आई.टी. पर्याप्त धन व्यय करने के लिए तैयार है।

झीलों के किनारे शौच की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने संबंधी चर्चा के दौरान नगर परिषद के प्रशासक एस.एल. बोहरा ने कहा कि परिषद इस संदर्भ में समुचित कदम उठाएगी तथा सुलभ काम्पलैक्स की सेवाओं को बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

बैठक में झीलों के ग्रामीण छोर वाले हिस्सों में वाटर शेड निर्माण , अतिक्रमणों की रोकथाम तथा अन्य उपायों के लिए एक उप समिति का गठन किया गया। साथ ही झीलों में आने वाली मिट्टी [सिल्टेशन] को रोकने की योजना बनाने की राय भी दी गई। होमगार्ड के कमाण्डेंट सुभाष गोयल ने बताया कि मानसून से पूर्व फतहसागर से जुड़ी चिकलवास नहर की सफाई का कार्य पूरा करवा दिया जाएगा। जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियन्ता आर.पी. भटनागर ने बताया कि अलसीगढ़ टर्नर की सफाई का कार्य भी शीघ्र पूरा होने की आशा है। उससे झीलों में पानी की आवक बढ़ेगी।

बैठक में समिति के सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी, किशोर संत, प्रो. आर.एम. लोढ़ा, हुकमचन्द मेहता, शान्ति लाल भण्डारी, जसपाल सिंह मक्कड़, डा. एल.एल. शर्मा, जौध सिंह चौहान एवं अनिल मेहता के अलावा वरिष्ठ नगर नियोजक आर.के. शर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियन्ता महेश चन्द्र पण्ड्या, अधिशाषी अभियन्ता एन.पी. कोटडिया आदि ने भी अपने सुझाव दिए।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 15 फरवरी, 1994

लेक ऑथोरिटी के पंजीयन, मलबे के लिए स्थान तय करने का फैसला

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 14 फरवरी। उदयपुर की जगप्रसिद्ध झीलों की सुरक्षा, स्वच्छता एवं संरक्षण के उद्देश्य से जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित की गई 'लेक ऑथोरिटी' का शीघ्र ही पंजीयन करवा कर झीलों के संरक्षण संबंधी प्राथमिकताएं तय की जाएंगी।

यह निर्णय सोमवार को यहां कलक्ट्री में उदयपुर शहर के सौन्दर्यकरण व झील संरक्षण संबंधी बैठक में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कलक्टर विपिन चन्द्र शर्मा ने की।

बैठक में जिला कलक्टर ने बताया कि झीलों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए नगर परिषद द्वारा बनाई गई 40 लाख रुपए की सीवरेज योजना को राज्य सरकार से शीघ्र मंजूरी की आशा है।

बैठक में तय किया गया कि जब तक उदयपुर नगर के मास्टर प्लान को अंतिम रूप नहीं मिल जाए तब तक झील के आसपास के क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र बनाने के संबंध में योजना बनाकर उनका अनुमोदन राज्य सरकार से करवाया जाए, ताकि नगर परिषद एवं प्रन्यास को ग्रीन बैल्ट क्षेत्र में भवन निर्माण संबंधी कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। इसी प्रकार झीलों में निरन्तर सफाई, विशेषकर जलकुम्भी से बचाव के लिए गृहरक्षकों [होमगार्ड] को पाबन्द किया जा रहा है।

बैठक में कहा गया कि नई पुलिया क्षेत्र में डाले जाने वाले मलबे को अन्यत्र एकत्रित करने के लिए वैकल्पिक स्थान सुनिश्चित किए जाएं। इसी प्रकार झीलों में प्रवासी पक्षियों के कथित शिकार की शिकायतों पर तुरन्त कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक कपिल गर्ग, अतिरिक्त जिला कलक्टर [नगर] स्नेहलता पंवार, अतिरिक्त जिला कलक्टर [प्रशासन] रामरख, पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता, झील संरक्षण समिति के सदस्य, सम्बद्ध अधिकारी एवं लेक ऑथोरिटी के मनोनीत सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी उपस्थित थे।

निर्माण पर रोक: बैठक में झील संरक्षण समिति के सदस्य सुरेश गोयल का यह सुझाव मान लिया गया कि झील के इर्द-गिर्द किसी नए निर्माण की अनुमति नहीं दी जाए। निर्माण के लिए लेक ऑथोरिटी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना जरुरी किया जाए। यह भी कहा गया कि फतह सागर झील के चारों और बन्सी निर्माण कार्य पूरा कराया जाए।

हरी काई: पीछोला में हरी काई की रोकथाम के लिए मत्स्याखेट के ठेके नहीं देने का सुझाव दिया गया।

प्रातःकाल

प्रथम भाद्रपद शुक्ला 15 मंगलवार दिनांक 31 अगस्त 1993

जनता जागेगी तो उदयपुर की झीलें बचेंगी ।

सिकुडती और उथली झीलों में निरन्तर प्रवाहित होती गंदगी के अंबार से फैलती जलकुंभी और प्रतिवर्ष जन समुदाय के श्रमदान से इससे मुक्ति के निरस चक्र को अब आम ज[illegible] समझ चुका है । लगभग डेढ़ द[illegible]ब्दि से अधिक समय से जागरुक नागरिकों द्वारा जलकुंभी हटाओ अभियान चलाये जा रहे है और इससे भी अधिक समय से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने की मांग की जाती रही है । लेकिन वास्तविकता यह है कि मल- मूत्र निकासी के गन्दे नाले झीलों में यथावत प्रवाहित होते रहे, झीलों में भराव बढ़ता रहा, मछलियां निकाल दी गई और झीलों के अधिकार क्षेत्र की जमीन सिकुड़ती चली गई ।

गत वर्ष गणगौर घाट पर जलकुंभी व मलबा सफाई अभियान के अवसर पर ही झील संरक्षण समिति ने प्रशासन को स्पष्ट रूप से यह व्यवस्था सुझाई थी कि वर्ष पर्यन्त दो नावें जलकुंभी हटाती रहे और अन्य गन्दगी पैदा करने वाले कारकों पर भी नजर रखें तो समस्या पर एक बड़ी सीमा तक काबू पाया जा सकेगा । किन्तु स्थिति में बदलाव लाने का यत्न नहीं किया गया और इस वर्ष पुनः मानसून के पूर्व ही समिति द्वारा प्रशासन को आगाह किया गया कि वे अपनी पहल पर सीमित क्षेत्र व अल्प मात्रा में फैली जलकुंभी निकाल बाहर करें । झील संरक्षण समिति की माह मई की बैठक में कुछ उत्साही सदस्यों ने सफाई अभियान का जिम्मा लिया, उप समिति गठित की गई और अभियान शुरू किया गया लेकिन प्रशासन उदासीन रहा, सिर्फ नगर परिषद द्वारा वजन के आधार पर ठेके द्वारा जलकुंभी हटाई जाती रही । समिति ने आश्चर्य प्रकट किया कि एक ओर स्वैच्छिक मानव श्रम व दूसरी ओर ठेका । अन्ततोगत्वा स्पष्ट नीति और निश्चित कार्यक्रम के अभाव में अभियान को वहीं स्थिर कर दिया गया । जुलाई माह में अच्छी बारिश के बाद समिति ने जिला प्रशासन को चेताया कि स्वरूपसागर का पानी काले किवाड़ खोल कर आयड़ नदी की ओर न बहाया जाय किन्तु सिंचाई विभाग ने अपनी मजबूरी बताई कि अचानक बाढ़ की स्थिति में नियंत्रण पाना कठिन हो जायेगा, अतः एक दिन पानी बहाया गया । नये जिला कलक्टर ने पदभार ग्रहण करते ही झीलों की ओर ध्यान दिया । दिनांक 5 अगस्त, 1993 को ही झील संरक्षण समिति का प्रतिनिधि मंडल कलक्टर से मिला, तत्पश्चात इसी क्रम में 11 अगस्त को उनके निवास पर मिलकर पूरी स्थिति से अवगत कराया । साथ में चलकर मौका मुआयना करने के बाद प्रशासन ने जलकुंभी हटाने के कार्य को प्राथमिकता देते हुए कमर कस ली । समिति ने नगर के लगभग 100 संगठनों को प्रस्तावित करते हुए प्रशासन द्वारा सफाई अभियान हेतु आमंत्रित कराया । आज यह अभियान जन आंदोलन का रूप ले चुका है, किन्तु अभी भी इसे अधिक उपयोगी और व्यवस्थित किया जाने की आवश्यकता है । हाल ही समिति ने एक अध्ययन कराकर अभियान के मापदण्ड का आधार प्रस्तुत कर रखा है । जिसमें मानव श्रम व तकनीकी संसाधनों का अनुपात दर्शाया गया है।

जलकुंभी हटाना आवश्यक है । क्रियान्विति का यह परिदृश्य बड़ा भव्य दिखता है, हर जागरुक नागरिक के सामने स्वतः उपजा गंभीर प्रश्न खड़ा होता है कि "इतनी बड़ी तादाद में लगा मानव श्रम और समय । सिर्फ इसलिए कि सर्वाधिक महत्व की प्राथमिक आवश्यकता (पेयजल) के प्रति पूर्व में बरती गई लापरवाही अथवा नितान्त अज्ञान ।"

इसी मौके पर हर प्रतिभागी यह अनुभव करे कि ऐसी स्थितियां क्यों बनती है । अभियान के दौरान यह संकल्प लें कि झीलों का भली प्रकार संरक्षण हो, शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। जलकुंभी तो गंदगी का परिणाम है । यह गंदगी को खाती है और फिल्टर का कार्य करती है, लेकिन मानव का दुर्भाग्य कि यह पानी इतना अधिक मात्रा में पीती है और अपना विस्तार करती है कि इससे निजात पाना अति आवश्यक है ।

गत वर्ष समिति की प्रशासन के साथ बैठकों में झीलों में गन्दे नालों का गिरना रोकने के लिये अल्पकालीन और दीर्घकालीन योजनाएं बनी । प्रशासन द्वारा दीर्घकालीन को तो राज्य सरकार को भेजा गया और अल्पकालीन कार्यक्रम को अपने स्तर पर करना स्वीकार किया । झीलों के चारों ओर एफ. टी. एल. (फुल टेंक लेवल) डिमारकेशन के लिये समयबद्ध कार्यक्रम घोषित किया गया। मलबा डलवाने के लिये समिति द्वारा प्रस्तावित चयनित स्थानों को अमल में लाने की भी घोषणाएं की गई, खुले में शौच करने वाले लोगों के लिये वैकल्पिक व्यवस्था तथा कच्ची तहारतों को पक्की में बदलवाने का अभियान, ग्रीन बेल्ट सीमा निर्धारण आदि कई बातें पर आश्वासन घोषित हुए किन्तु यह सब व्यवहार में नही उतर पाया । एक छोटी सीमा तक कुछ कार्य हुए भी तो स्थाई रूप नहीं ले पाये । नई पुलिया पर सफाई की गई लेकिन आज पुनः सड़क मलबे से अटी पड़ी है । ब्रह्मपोल पर फिर गन्दगी पनप रही है आदि । मानसून के पूर्व गणगौर घाट, हनुमान घाट, नावघाट आदि की सफाई के बाद पिछोला में एकत्रित पानी की गुणवत्ता की प्रशंसा करने से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी के अभियन्ता अपने आप को रोक नही पाये और सहज ही तय हो गया था कि प्रतिवर्ष मानसून के पूर्व ऐसी ही सफाई हाथ में ली जाय किन्तु वही चाल वर्षो पुरानी ।

स्वैच्छिक संगठनों, जागरुक नागरिकों और जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों का यह खुला मंच झील संरक्षण समिति नागरिकों को आह्वान करता है कि वे तय करें कि झीलें कैसे सुरक्षित रहें । हमारी झीलें इतिहास, आस्था और सामयिक उद्योग- पर्यटन का आधार है और सर्वाधिक महत्वपूर्ण पेयजल का मुख्य स्त्रोत है । पांच विभागों की पंचायत का ढीला-ढाला प्रशासनिक ढांचा झीलों के रख-रखाव और संरक्षण में असमर्थ सिद्ध हो रहा है इसलिए आवश्यक है कि इसका कोई एक धणी- धोरी हो- वह है झील संरक्षण समिति द्वारा प्रस्तावित "झील प्राधिकरण" ।

उदयपुर नगरवासी यदि झीलों के संरक्षण का संकल्प लेंगे तो उदयपुर को झीलों की नगरी कहे जाने का औचित्य अवश्य मिल पाएगा ।

अनन्त गणेश त्रिवेदी
महासचिव, झील संरक्षण समिति

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 15 मई, 1993

झीलों से जलकुंभी हटाओ अभियान कल से

ग्रीन बैल्ट सीमा निर्धारण के लिए बोर्ड लगेंगे, मदार नहर की सफाई होगी

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 14 मई। झील संरक्षण समिति की शुक्रवार को यहां हुई बैठक में घोषणा की गई कि झीलों से जलकुंभी निकालने का अभियान जन सयहोग से रविवार को पुनः शुरू किया जाएगा, झीलों के इर्द-गिर्द ग्रीन बैल्ट की सीमा निर्धारण का काम शीघ्र हाथ में लिया जाएगा, जबकि फतह-गर में गिरने वाली मदार नहर की सफाई करवाई जाएगी।

नगर विकास प्रन्यास सभागार में शुक्रवार को आयोजित इस बैठक में प्रन्यास अध्यक्ष नरेंद्र सिंह लिखारी ने कहा कि ग्रीन बैल्ट की सीमा निर्धारित करते हुए प्रति एक किलोमीटर की दूरी पर बोर्ड लगाए जाने की कार्रवाई एक माह के भीतर पूरी कर ली जाएगी। इसके लिए बोर्ड बनकर तैयार हो चुके हैं। इसके साथ ही जनता में जल व झीलों की रक्षा के प्रति जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से फतहसागर व पीछोला के किनारे भी कुल आठ जगह बोर्ड लगाए जाएंगे। लिखारी ने बताया कि मदार नहर की सफाई के लिए टेन्डर आमंत्रित कर दिए गए हैं।

बैठक में नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष के साथ ही सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता वी.पी. भण्डारी, जलदाय विभाग के अधिशासी अभियन्ता आर.पी. भटनागर, नगर परिषद के प्रशासक एच.के. डामोर, उपनगर निदेशक एम.एस. संचेती व नगर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष डा. पी.एल. अग्रवाल ने की। बैठक में निर्णय किया गया कि एक बार फिर समिति का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व विदेश सचिव डा. जगत मेहता की अगुवाई में राज्यपाल से भेंट कर स्वतंत्र झील प्राधिकरण के गठन का आग्रह करेगा। यह भी निर्णय किया गया कि झील प्राधिकरण के अस्तित्व में आने तक झील संरक्षण समिति एक नोडल एजेन्सी का काम करेगी जिसके तहत संबंधित विभागों से तालमेल बैठाने को समिति के प्रतिनिधियों का मनोनयन किया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिंचाई विभाग नगर परिषद, नगर विकास प्रन्यास व राजस्व विभागों से सम्पर्क के पर्यावरणविद् डा. एल.एन. व्यास, निर्मल नागर, प्रकाश तिवारी, सुरेश गोयल, शान्तिलाल भंडारी, डा. आर.के, गर्ग व जसपाल सिंह को मनोनीत किया गया। झीलों के सीमांकन के संबंध में पुनः दोहराया गया कि सीमांकन राजस्व नक्शों के आधार पर ही कराया जाएगा।

बैठक में नगर परिषद के प्रशासक ने बताया कि पीछोला से जलकुंभी हटाने का कार्य प्रगति पर है, लेकिन झीलों के रखरखाव और इन्हें प्रदूषण मुक्त रखने के लिए जनसहभागिता पहली आवश्यकता है। सदस्यों ने प्रशासन से आग्रह किया कि झीलों में पानी का स्तर कम होने पर सीवरेज लाइनों को दुरुस्त कराया जाए एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही हाथ में ली जाए। यह सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि आगामी रविवार से जलकुंभी हटाओ अभियान आरंभ किया जाए। बताया गया कि रविवार सुबह 7 बजे स्वरूप सागर से जलकुंभी हटाओ अभियान का श्रीगणेशन होना जो नित्य 2 घंटे चलेगा। सफाई अभियान का संयोजक प्रकाश तिवारी को बनाया गया है। बैठक में किशोर सन्त, हुकम राज मेहता, जोधसिंह चौहान, रियाज तहसीन, गणेशलाल डागलिया, मदन मोदी, बी.एल. मंत्री, शकीलुद्दीन सिद्दीकी, एडवोकेट प्यारेलाल पारख व जीवन खत्री ने भी अपने सुझाव दिए। बैठक का संयोजन समिति के सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 9 जनवरी, 1993

झीलों का सीमांकन एक पखवाड़े में

उदयपुर में झील प्राधिकरण के गठन का सुझाव

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 8 जनवरी। झील संरक्षण समिति की बैठक शुक्रवार को यहां नगर विकास प्रन्यास सभागार में हुई बैठक में प्रस्तावित 'झील प्राधिकरण उदयपुर' तथा 'झील संरक्षण के मास्टर प्लान' के प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

समिति के अध्यक्ष डा. पी.एल. अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पत्रकार सुरेश गोयल झील प्राधिकरण के प्रस्ताव प्रस्तुत किए जिनमें झील प्राधिकरण के कार्य क्षेत्र, अधिकार, प्रबंधन, आय स्रोत इत्यादि पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। झीलों के संरक्षण व रखरखाव के लिए प्राधिकरण के गठन पर जोर दिया गया।

बैठक में जसपाल सिंह मकड़ ने झीलों के संरक्षण के लिए प्रस्तावित मास्टर प्लान की रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में मास्टर प्लान की आवश्यकता, परिक्षेत्र, प्रदूषण, झीलों की वस्तु स्थिति, समस्याओं, कार्य योजना, योजना क्रियान्विति के लाभ आदि का उल्लेख किया। इसके बाद उक्त दोनों प्रस्ताव जिला कलक्टर राकेश श्रीवास्तव को पेश किए गए। कलक्टर ने बताया कि दोनों प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजे जाएंगे।

झीलों के मास्टर प्लान के मुद्दे पर चर्चा में वरिष्ठ नगर नियोजक आर.के. शर्मा ने कहा कि इसे अंतिम रूप देते समय उदयपुर के प्रस्तावित मास्टर प्लान को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। जिला कलक्टर ने बताया कि झीलों का सीमांकन उनकी पूर्ण भराव क्षमता के आधार पर 15 दिन में करवा दिया जाएगा। जिला कलक्टर ने इस अवसर पर उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को पीछोला के किनारे स्थित सीवरेज लाइन ठीक करने के निर्देश दिए।

बैठक में पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने कहा कि उदयपुर का मास्टर प्लान स्वीकृत होने से पूर्व इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि इस बहाने झीलों के किनारे अवांछित निर्माण की स्वीकृति नहीं दी जा सके। नगर परिषद प्रशासक सी.एस. बेनीवाल ने बताया कि पीछोला व स्वरूपसागर से जलकुंभी निकालने को इस समय 45 कर्मचारी तैनात हैं। यह कार्य आई.एस.ए-म.एम. द्वारा प्रदान राशि से करवाया जा रहा है। बैठक में मनोहर सिंह मेहता, निर्मला नागर, प्रकाश तिवारी, किशोर संत, गोपाल नागर, डा. एल.एन. व्यास, अधिशासी अभियंता आर.पी. भटनागर, प्रन्यास सचिव एच. विधानी, कन्हैयालाल बापना आदि ने भी कई सुझाव दिए। सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता वी.पी. भंडारी ने राय दी कि झीलों के संरक्षण के लिए स्थानीय नागरिकों द्वारा राशि एकत्रित करके उसके बाद राज्य सरकार से भी सहयोग किया जा सकता है। बैठक में डा. आर.एम. लोढ़ा, अधीक्षण अभियंता जयकिशन मीरचंदानी, शांतिलाल भंडारी, नारायण शर्मा भी उपस्थित थे। बैठक का संचालन अनंत गणेश त्रिवेदी ने किए।

पत्रिका, 7-2-93

झीलों के इर्द-गिर्द ग्रीन बैल्ट के लिए खाली भूमि अवाप्त होगी

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 6 फरवरी। नगर की झीलों की तथा इर्द-गिर्द की खाली पड़ी भूमि को अवाप्त किया जाएगा तथा झीलों के परिधि क्षेत्र में ग्रीन बैल्ट विकसित किया जाएगा।

यहां शनिवार को झील संरक्षण समिति की बैठक में जिला कलक्टर एवं नगर विकास प्रन्यास के प्रशासक राकेश श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी। पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता के सुझाव पर श्रीवास्तव ने कहा कि नगर के सभी ग्रीन बैल्ट क्षेत्रों का सीमांकन इसी माह कराया जाएगा। झीलों के किनारे खाली पड़ी भूमि प्रन्यास अवाप्त करेगा एवं वृक्षारोपण कराया जाएगा ताकि निर्माण कार्य नहीं हो। बैठक में गिर्वा के तहसीलदार आर.पी. सारस्वत ने बताया कि झीलों के सीमांकन का काम सोमवार से शुरू होगा व एक माह में पूरा हो जाएगा।

जिला कलक्टर ने बताया कि बड़ी रोड पर प्रस्तावित राष्ट्रीय रेशम बोर्ड के कार्यालय भवन के निर्माण की मंजूरी भी रद्द कर दी गई है। सवा तीन करोड़ की लागत के इस भवन के लिए अब भुवाणा में भूमि दी गई है।

बैठक में समिति के सदस्यों ने बड़ी किनारे वृहद आवासीय बस्ती बसाने की अनधिकृत योजना पर रोक की मांग की। बैठक में बताया गया कि सीवरेज योजना के लिए हुडको को पत्र लिखा गया है तथा झीलों की सफाई के लिए हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड से सहायता ली जाएगी। जिला कलक्टर ने बैठक में कहा कि झील संरक्षण के लिए जनता भी कुछ करे, केवल प्रशासन कुछ नहीं कर सकता। झीलों में भराव डालने पर रोक के लिए एक उपसमिति गठित की गई जो इसी कार्य के लिए मोहल्लावार कमेटियों का गठन करेगी। नगर परिषद प्रशासक ने कहा कि नई पुलिया के निकट एकत्र भराव इसी माह हटा दिया जाएगा।

राजस्थान पत्रिका उदयपुर, 8 नवम्बर, 1992

गंदे जल की निकासी की व्यवस्था का सर्वे कराया जाएगा- लिखारी

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 7 नवम्बर। नगर की झीलों के संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने को गठित झील संरक्षण समिति की बैठक यहां शनिवार को यू.आई.टी. कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता डा. पी.एल. अग्रवाल ने की।

समिति के सदस्यों ने झीलों में अनवरत गिर रहे मलबे व नालों के गंदे जल पर चिन्ता व्यक्त करते हुए नावघाट-गणगौर घाट स्थित सीवेज लाइन को त्रुटिपूर्ण बताया। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने गत महीनों गणगौर घाट पर नए चैम्बर बनाकर लाइन को शुरू तो कर दिया किन्तु तकनीकी त्रुटियों के कारण वर्तमान में यह कामयाब नहीं हो पाई। समिति ने इस लाइन को बदलकर नई लाइन बिछाने का सुझाव दिया।

उदयपुर की झीलों में पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित हाउस बोट योजना का समिति के सदस्यों ने विरोध करते हुए इसे पेयजल स्रोत के लिए अभिशाप बताया और इस योजना को निरस्त करने की मांग की। समिति के सदस्यों ने झीलों के परिसीमांकन कार्य को प्रशासन द्वारा प्राथमिकता से हाथ में लेने का सुझाव दिया और झीलों के किनारे किसी भी निर्माण कार्य की अनुमति नहीं दिए जाने की बात कही। बैठक में जसपाल सिंह ने पूर्व में गठित उप समिति की ओर से मास्टर प्लान तैयार करने सम्बन्धी जानकारी दी, पत्रकार सुरेश गोयल ने झीलों के लिए स्वतंत्र प्राधिकरण बनाने के प्रस्ताव का मसौदा तैयार करने के कार्य की प्रगति का विवरण दिया। दोनों ही रिपोर्ट दिसम्बर तक तैयार कर देने का तय हुआ।

बैठक में नगर विकास प्रन्यास अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह लिखारी ने प्रन्यास द्वारा उदयपुर शहर के गन्दे पानी की निकासी की व्यवस्था को पूरे सिवरेज सिस्टम का सर्वे किसी स्वयंत्र संस्थान द्वारा कराकर कार्य मार्च माह तक रिपोर्ट तैयार कराने का आश्वासन दिया। बैठक में झीलों के संरक्षण के तकनीकी पक्ष को उजागर करने के लिए दो दिवसीय सेमीनार आयोजित करने की आवश्यकता बताई गई। बैठक के प्रारम्भ में समिति की ओर से अनन्त गणेश त्रिवेदी ने उन सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने झील संरक्षण कार्यों को सही अंजाम देने के लिए अपने सुझाव भेजे।

अनेक संगठनों द्वारा राज्यपाल को ज्ञापन

उदयपुर की झीलों की सीमा चिन्हित करने की मांग

उदयपुर, 1 दिस. (कासं) । राजस्थान के राज्यपाल डा. एम. चेन्नारेड्डी के मंगलवार को उदयपुर आगमन पर अनेक संगठनों व छात्र नेताओं ने अपनी समस्याओं व मांगों को लेकर ज्ञापन दिये।

झील संरक्षण समिति द्वारा उदयपुर की झीलों की सुरक्षा एवं संरक्षण के सम्बन्ध में राज्यपाल को ज्ञापन दिया । इस ज्ञापन में झील पेटा भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा झीलों की सीमा चिन्हित करने, झीलों के किनारे निर्माण को मंजूरी न देने, झील पीटा तथा झील किनारे हाल में दी गई होटल निर्माण की स्वकृति, झीलों में हाउस बोट को मंजूरी न देने, मल-मूत्र, कूड़ा करकट आदि झीलों में गिरने से रोकने की मांग की गई है । ज्ञापन देने गये प्रतिनिधि मंडल में

प्रात:काल - 5 जुलाई, 1992

प्रात:काल



(1) पीछोला से लोडर की सहायता से मलबा डंपर में भरते हुए। (2) रेवणिया घाट के पास पीछोला के पेटे से मलबा हटाने के बाद। "प्रात:काल फोटो"

पीछोला में मलबा हटाओ अभियान जारी

उदयपुर, 4 जुलाई (नसं)। शनिवार को पीछोला से मलबा हटाने का कार्य जारी रहा। आज भी श्रमदान एवं लोडर व डंपर से मलबा निकाला गया।

शनिवार को मलबे के 26 डंपर निकाले गए। जबकि शुक्रवार को प्रारंभ हुआ अभियान शनिवार तड़के पौने चार बजे तक चलता रहा। इस दौरान करीब 70 डंपर मलबा निकाला गया। शनिवार को मलबा हटाओ अभियान में संदीप नागर, विनोद सिंधी, शशि, गणपत, पंकज दत्त, जाकिर, संजय जेठी, ललित जेठी तथा पांडूवाडी क्षेत्र के इकबाल, शब्बीर, ताहिर हुसैन तथा मुबारिक हुसैन इत्यादि ने श्रमदान में भाग लिया। अभियान के दौरान घनश्याम चावला

पत्रिका

उदयपुर, 5 जुलाई, 1992

पीछोला झील से 70 ट्रक मलबा निकाला गया

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 4 जुलाई। झील संरक्षण समिति के तत्वावधान में पीछोला झील से मलबा हटाने के अभियान के तहत शुक्रवार से शनिवार तक 70 ट्रक मलबा निकाला गया।

समिति के अनंत गणेश त्रिवेदी व गोपाल नागर ने बताया कि मलबा हटाने का कार्य शनिवार को देर रात तक चलाया गया।

झीलों की सफाई में प्रशासन का रवैया निराशाजनक रहा

उदयपुर, 3 जुलाई (नसं.) । शुक्रवार को यहां नगर विकास प्रन्यास के सभा कक्ष में आयोजित झील संरक्षण समिति की बैठक में पीछोला से मलबा एवं जलकुंभी हटाओ अभियान में जिला प्रशासन एवं विभिन्न संबंधित विभागों के निराशाजनक तथा असहयोगपूर्ण रवैये की निंदा की गई। बैठक में प्रशासन का वांछित सहयोग नहीं मिलने पर खेद प्रकट किया गया।

पीछोला से जलकुंभी तथा मलबा हटाओ अभियान की अब तक की कार्यवाही की समीक्षा के लिये आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्यों ने प्रशासन से इस हेतु आवश्यक सहयोग देने की मांग की है। बैठक में संभागीय आयुक्त धर्मसिंह सागर ने इस हेतु आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया। सागर ने झीलों के लिये एक प्रोजेक्ट तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा की यह प्रोजेक्ट किसी विभाग को दिया जाय जो अपने वित्तीय साधनों से इसे पूरा करे। उन्होंने झीलों के संरक्षण हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से भी राशि उपलब्ध करवाए जाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर बैठक में प्रन्यास अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह लिखारी ने समिति को पीछोला की सफाई हेतु 20 हजार रुपये प्रन्यास की ओर से उपलब्ध करवाने की घोषणा की

बैठक में समिति के सदस्यों ने इस बात पर रोष प्रकट किया कि प्रन्यास द्वारा पूर्व में नगर परिषद को जलकुंभी हटाने के लिये दी गई 25 हजार रुपये की राशि का उपयोग नहीं हुआ है।

बैठक में अभियान को सुचारु रुप से चलाने के लिए आवश्यक फंड इकट्ठा करने का निर्णय लिया। हाल ही समिति की ओर से झील में गिरने वाली गंदगी की सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर मनोहर सिंह मेहता ने इसे रोकने की मांग की।

बैठक की अध्यक्षता जगत मेहता ने की तथा संचालन अनंत गणेश त्रिवेदी ने किया। बैठक में किशोर संत, सिंचाई विभाग के एस. ई. बी. पी. अग्रवाल, घनश्याम चावला, गोपाल नागर, जोधसिंह, शांतिलाल भंडारी इत्यादि उपस्थित थे।

बैठक में पत्रकार सुरेश गोयल ने झीलों के संरक्षण हेतु विधेयक के जरिये झील संरक्षण अधिनियम बनाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने झीलों के आसपास किए गए अवैध कब्जों को कानूनी रुप से नियंत्रण में लेने की बात कही।

अभियान जारी-इस दौरान शुक्रवार को पीछोला से मलबा हटाओ अभियान

(शेष पृष्ठ 6 पर)

झीलों की सफाई.....

(पृष्ठ 1 का शेष)

युद्ध स्तर पर जारी रहा। मलबा हटाने के लिये 7 डम्पर व एक लोडर लगा हुआ है। अभियान को अच्छा जन समर्थन मिल रहा है। अभियान देर रात तक भी उत्साहपूर्वक जारी रहा।

शुक्रवार को पीछोला से मलबा निकालने के लिये घनश्याम चावला, निर्मल नागर, गोपाल नागर, रामू जेठी, गिरीश नागर, ज्योति नगर के नेतृत्व में अभियान चलाया गया । मलबा निकालने के कार्य में भारत टैंकर वाले भी पूरा सहयोग दे रहे हैं । गणगोर वेलफेयर सोसायटी के कार्यकर्ताओं के प्रयास से पीछोला से कई टन मलबा निकाला गया है जिससे झील के किनारे बने घाटों की सीढ़ियां नजर आने लगी है ।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 4 जुलाई, 1992

झील संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

पीछोला झील से 27 ट्रक मलबा निकाला

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 3 जुलाई। झील संरक्षण समिति के तत्वावधान में पीछोला झील से मलबा हटाने के अभियान के तहत गुरुवार को 27 ट्रक मलबा निकाला गया।

इस बीच शुक्रवार को नगर विकास प्रन्यास के सभा कक्ष में झील संरक्षण समिति की बैठक हुई, जिसमें पीछोला झील में से जलकुम्भी व मलबा हटाने के अभियान की अब तक की कार्यवाही की समीक्षा की गई और साथ ही कार्य को अधिक प्रभावी बनाए जाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने की। बैठक में संभागीय आयुक्त धर्म सिंह सागर, नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह लिखारी, किशोर सन्त, अनन्त गणेश त्रिवेदी, सुरेश गोयल, सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियन्ता बी.पी. अग्रवाल सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। समिति के सदस्य घनश्याम चावला और गोपाल नागर ने नागा नगरी से ब्रह्मपोल तक झील की हो रही दुर्दशा की जानकारी दी और कार्य में आ रही कठिनाइयों से अवगत कराया।

बैठक में सभी का एक मत था कि झीलों के

उदयपुर, 29 जून, 1992



उदयपुर में रविवार को पीछोला झील के तट से जलकुंभी हटाते जलदाय विभाग के कर्मचारी।

जलदायकर्मियों ने पीछोला से जलकुंभी हटाई

उदयपुर, 28 जून [वि.]। झील संरक्षण समिति, उदयपुर के तत्वावधान में पीछोला झील से जलकुंभी हटाओ कार्यक्रम के तहत रविवार को जलदाय विभाग के कर्मचारियों ने श्रमदान किया।

एक विज्ञप्ति में झील संरक्षण समिति की सदस्य ज्योति नागर ने बताया कि जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता कुंज बिहारी माथुर व अधीक्षण अभियंता जयकिशन मिरचंदानी के नेतृत्व में करीब दो सौ कर्मचारियों ने जलकुंभी हटाने के लिए श्रमदान किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 30 जून, 1992

पीछोला से निकाला तीन सौ ट्रक मलबा हटाने की समस्या

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 29 जून। यहां पीछोला झील से मलबा निकालने का काम बदस्तूर जारी है लेकिन वहां से मलबे के अन्यत्र परिवहन की व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण झील के किनारे तथा आसपास की सड़कों पर मलबा एकत्र हो गया है। यह मलबा करीब 300 ट्रक होगा।

झील संरक्षण समिति के तत्वावधान में चलाए जा रहे जलकुंभी एवं मलबा हटाओ अभियान के तहत गत कुछ दिनों से बुलडोजर के जरिए मलबा निकाला जा रहा है लेकिन डंपर व डोजर के अभाव में मलबा झील किनारे ही पड़ा है। कई जगह सड़क पर मलबे के ढेर लगे है जो दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं।

सोमवार को पर्यटन सचिव एवं समस्या समाधान शिविरों के प्रभारी अमरसिंह राठौड़ पीछोला पर गए जहां समिति के सदस्यों ने उन्हें उक्त समस्या के साथ ही नावघाट व अन्य घाटों पर फैली गंदगी हटवाने, घाटों के जीर्णोद्धार तथा कुछ घाटों का रखरखाव पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र को सौंपने की बात कही ताकि इस झील को, जो यहां पर्यटन विकास का मूल आधार है, सुरक्षित रखा जा सके, सुन्दर बनाया जा सके।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 3 जुलाई, 1992

पीछोला झील से 15 ट्रक मलबा निकाला

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 2 जुलाई। झील संरक्षण समिति के तत्वावधान में पीछोला झील से जलकुम्भी व मलबा हटाने के अभियान के तहत गुरुवार को करीब 15 ट्रक मलबा निकाला गया।

झील संरक्षण समिति के संयोजक अनंत गणेश त्रिवेदी के अनुसार इस अभियान के लिए हिन्दुस्तान के तीन डम्पर व एक लोडर एक डम्पर भारत टैकर ने उपलब्ध कराया है लेकिन सरकारी महकमों से वांछित सहयोग नहीं मिल [illegible]

पत्रिका-30 जून, 1992

पिछोला झील की दुर्दशा पर चिंता जताई

उदयपुर, 29 जून (कासं)। झील संरक्षण समिति के अनुरोध पर पर्यटन सचिव अमरसिंह राठौड़ ने नगर परिषद प्रशासक सी. एस. बेनीवाल के साथ पिछोला झील से जलकुंभी निकालने के लिए चलाये जा रहे अभियान की प्रगति को देखा।

राठौड़ को पिछोला के विभिन्न घाटों का मुआयना करवाया गया। लालघाट व अन्य घाटों की दुर्दशा पर उन्होंने चिंता जाहिर की।

इस अवसर पर समिति के अनंत-गणेश त्रिवेदी ने झीलों में वाटर स्पोर्ट्स' की योजना बनाने से पहले झील संरक्षण पर जोर दिया। त्रिवेदी ने सुझाव दिया कि पिछोला के घाटों की सार संभाल का कार्य पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के सिपुर्द किया जाना चाहिये।

त्रिवेदी ने बताया कि झील से निकाला जा रहा मलबा हटाने का कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है जिससे मलबे का अम्बार लग गया है। इससे अभियान में जुटे कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है।

पात्रिका
उदयपुर, 17 जून, 1992

जलकुंभी हटाओ मुहिम के लिए वांछित श्रमिक अनुपलब्ध

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 16 जून। झील संरक्षण समिति के तत्वावधान में पीछोला को जलकुंभी मुक्त बनाने के लिए छिड़ी मुहिम मंगलवार को भी धीमी रही क्योंकि श्रमिक उपलब्ध नहीं हो पाए।

वहां दिनभर में नगर परिषद के 28 तथा पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के दस श्रमिकों के अलावा विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने गणगौर घाट क्षेत्र से करीब 15 ट्रक जलकुंभी निकाली। कई नवयुवक वहां रात को भी श्रमदान करते हैं। इस कार्य के लिए रहत कार्यों के तहत 100 श्रमिकों की मंजूरी के अनुरूप सूखा प्रभावित गांवों के श्रमिकों की तलाश में भेजे गए दलों को मंगलवार को भी सफलता हाथ नहीं लगी।

रोवणिया घाट: इस बीच प्रशासन ने तय किया है कि रोवणिया घाट को शीघ्र ही पक्का बनाया जाएगा ताकि गणगौर घाट पर महिलाओं के नहाने व कपड़े धोने पर रोक लगाई जा सके।

इस बीच नशाबंदी एवं विकास समिति ने पीछोला के विभिन्न घाटों पर जमा मल व मैले को वर्षा पूर्व ही हटवाए जाने की मांग की है।

पात्रिका
उदयपुर, 18 जून, 1992

पीछोला से मलबा भी निकाला जाएगा

झील संरक्षण कार्यों को गति, नई सीवेज लाइन की 20 लाख की योजना

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 17 जून। झील संरक्षण समिति की बुधवार को यहां हुई बैठक में झीलों के संरक्षण के कार्यक्रम को नई गति देने के लिए कई निर्णय किए गए तथा तय किया गया कि जलकुंभी के साथ ही मलबा भी निकाला जाएगा।

गत एक सप्ताह से पीछोला के गणगौर घाट क्षेत्र से जलकुंभी निकालने के कार्यों के तहत करीब 14 ट्रक जलकुंभी निकाली गई। दिन में झील संरक्षण समिति की एक बैठक नगर विकास प्रन्यास कार्यालय में हुई, जिसमें अब तक के कार्यकलाप की समीक्षा की गई। इस बैठक में जलदाय विभाग, सिंचाई, निर्माण विभाग, आर.एस.एम.एम., हिन्दुस्तान जिंक, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के विभागाध्यक्षों को झील संरक्षण समिति का सदस्य बनाने का निर्णय किया गया तथा इस अभियान को जन अभियान बनाने का संकल्प दोहराया गया। झील संरक्षण समिति के प्रवक्ता अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बताया कि बैठक में दो उपसमितियां गठित की गईं, जिनमें से एक उपसमिति उन स्थानों की पहचान करेगी, जहां से झीलों में गंदा जल गिरता है। यह समिति 7 दिन में रपट पेश करेगी। दूसरी उप समिति 15 दिन में सुझाएगी कि अब तक झीलों के इर्द-गिर्द डाला जा रहा मलबा अन्यत्र कहां डाला जाए। बैठक में कहा गया कि फतहसागर, पीछोला के उन स्थानों पर नगर परिषद कचरा स्टेण्ड बनाए जहां पर्यटक या जनता कचरा डालती है तथा वहां नियमित रूप से सफाई की व्यवस्था भी की जाए। झीलों में नए अतिक्रमण रोकने की बात पर भी जोर दिया गया।

जलदाय विभाग के अधिशासी अभियन्ता [नगर] आर.पी. भटनागर ने बताया कि पीछोला झील से गुजरती सीवेज लाइन को बदलने के लिए 20 लाख रुपए की योजना नगर परिषद के माध्यम से राज्य सरकार को भेजी गई है व आशा है कि यह कार्य अगले वर्ष तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

बाद में समिति के सदस्य संभागीय आयुक्त धर्मसिंह सागर से मिले जिन्होंने आश्वासन दिया कि अकाल सहायता मद से वह करीब पन्द्रह दिन तक बुलडोजर उपलब्ध कराने को सवा लाख रुपए की मंजूरी दिलाएंगे। बुलडोजर के द्वारा पीछोला से मलबा हटाया जाएगा।

प्रात:काल
19 जून, 1992

झीलों से मलबा व जलकुंभी हटाने जन अभियान चलाने का निर्णय

उदयपुर, 17 जून (नसं) । बुधवार को यहां प्रन्यास कार्यालय में आयोजित झील संरक्षण समिति की बैठक में झीलों से जलकुंभी व मलबा हटाने के अभियान को जन अभियान में तब्दील करने का निर्णय लिया गया । बैठक में झीलों के संरक्षण के विभिन्न कार्यों के लिये कमेटियां भी गठित की गई। इस बीच आज पीछोला से जलकुंभी हटाने का कार्यक्रम जारी रहा ।

बैठक में झीलों से मलबा व जलकुंभी हटाने के कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिये सानिवि, जलदाय विभाग, आर. एस. एम. एम., हिंदुस्तान जिंक लि., पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र इत्यादि को समिति का सदस्य बनाया गया तथा सरकारी व गैर सरकारी संगठनों को जोड़ने का निर्णय लिया गया।

बैठक में अभियान की समीक्षा की गई। बैठक में झीलों में गंदे पानी के नाले गिरने के स्थान के सर्वेक्षण के लिये तथा मलबा डालने के लिये समुचित स्थान तय करने के लिये कमेटियां गठित की गई जिनसे 15 दिन में रिपोर्ट पेश करने की अपेक्षा की गई । रोवणिया घाट को विकसित कर यहां महिलाओं के नहाने की व्यवस्था करने, झीलों के किनारे कचरा नियत स्थान पर डालने एवं सफाई नियमित रुप से करने का प्रशासन से आग्रह किया गया । बैठक में झीलों के संरक्षण व रखरखाव के लिये एक स्वायत्तशासी विभाग के गठन पर भी चर्चा की गई । बैठक में सदस्यों ने किसी बैठक में जलदाय विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सिवरेज योजना को सुचारु रुप से चलाने के लिये नगर परिषद के मार्फत राज्य सरकार को 25 लाख रु. के प्रस्ताव भेजे गए हैं ।

बैठक की अध्यक्षता डॉ. पी. एल. अग्रवाल ने की । बैठक में जगत मेहता, सुरेश गोयल, अनंत गणेश त्रिवेदी, डॉ. आर. एम. लोढा, शांतिलाल भंडारी, हीरालाल अग्रवाल, नारायण शर्मा एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे ।

बैठक के बाद समिति के सदस्य संभागीय आयुक्त धर्म सिंह सागर से मिले सागर ने अभियान के लिये शीघ्र ही सरकारी खर्चे पर एक बुलडोजर की व्यवस्था करने की घोषणा की ।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 8 जून, 1992

21 सदस्यीय झील संरक्षण समिति गठित

'झीलों के संरक्षण के लिए जनजागरण व समन्वित प्रयासों की जरूरत'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 7 जून। 'इस पर्यटन नगरी में पेयजल की मुख्य स्त्रोत झीलों में बढ़ते प्रदूषण से मुक्ति के लिए जनसाधारण की जागरुकता के साथ प्रशासनिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के मिलेजुले प्रयास आवश्यक हैं।' यह बात रविवार को शान्ति पीठ की ओर से बागोर की हवेली में आयोजित बैठक में व्यक्त की गई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डा. पी.एल. अग्रवाल ने की।

बैठक में इस बात पर रोष प्रकट किया गया कि गत कई वर्षों से झीलों में प्रदूषण की ओर बार-बार प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण के कारगर उपाय नहीं किए गए। अब इस समस्या ने और विकराल रूप धारण कर लिया है जिससे लोगों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ने की नौबत आ गई है व सम्पूर्ण पर्यटन व्यवसाय प्रभावित हो सकता है।

संभागीय आयुक्त धर्मवीर सिंह सागर ने नैतिक मूल्यों में आ रही गिरावट को ही प्रदूषण की समस्या का मुख्य कारण बताया तथा आग्रह किया कि झीलों के संरक्षण के लिए ठोस कार्यक्रम बनाया जाए। जिला कलक्टर राकेश श्रीवास्तव ने बार-बार संगोष्ठियां आयोजित करने की बजाय समस्याओं के निदान के लिए व्यापक एवं जनभागीदारी पर आधारित हल ढूंढने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह लिखारी ने प्रशासनिक विभागों में उचित तालमेल की आवश्यकता बताते हुए समयबद्ध कार्यक्रम हाथ में लेने की बात कही तथा बताया कि अगले एक महीने में देवाली गांव के पास मदार फीडर में हो रहे प्रदूषण की रोकथाम के उपाय किए जाएंगे।

बैठक में पूर्व विदेश सचिव जगत मेहता ने झीलों के पास बढ़ती आवासीय बस्तियों पर चिन्ता प्रकट की। सिंचाई विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता पी.एल. रूंगटा ने फतहसागर की फीडर में बढ़ते प्रदूषण की ओर ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने मांसी वाकल तथा जयसमंद से पानी लाने की योजनाओं पर शीघ्र अमल कर शहर की पेयजल समस्या हल करने का सुझाव दिया। किशोर संत ने उदयपुर शहर के विकास के कारण आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की बर्बादी की चर्चा की व उदयपुर के विकास की दिशा तय करने की मांग के साथ प्रशासनिक, नागरिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के स्तर पर इन समस्याओं के हल ढूंढने पर बल दिया।

भूगोल वेता डा. आर.एम. लोढ़ा ने बताया कि प्रतिदिन 3 से 5 हजार लोग झीलों में शौच आदि करते हैं तथा तीन दर्जन स्थानों पर पिछोला में गन्दे नाले गिरते हैं। सरोवर विज्ञानी डा. एल.एल. शर्मा ने झील में बढ़ते जैविक प्रदूषण की जन स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने झील में फैलती काई के नियंत्रण को विशेष प्रकार की मछलियां छोड़ने की आवश्यकता बताई। गणगौर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष निर्मल नागर ने प्रशासन से वर्तमान में किये जा रहे मछली के शिकार पर रोक लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने झील के किनारे पड़े मलबे एवं जलकुंभी को बरसात के पहले ही हटवाने पर बल दिया। पूर्व विधायक जोधसिंह चौहान ने पेयजल के लिए बड़ी तथा फतहसागर से जलापूर्ति करने का सुझाव दिया। उन्होंने ब्रह्म पोल के पास की पूलिया के अवरुद्ध जलमार्ग को फिर खोलने की आवश्यकता बताई। बैठक में डा. रंज शेखर व्यास, राधा गोविन्द आचार्य, चंद्र गंधर्व शशि, जीवनलाल खत्री, डा. रविंद्र व्यास, जसपाल सिंह, शान्तिलाल भंडारी, घनश्याम चावला ने भी विचार व्यक्त किए। आज की बैठक के मुख्य उद्देश्य कार्य योजना तय किए जाने के तहत झीलों के संरक्षण के लिए कारगर कदम उठाने डा. पी.एल. अग्रवाल की अध्यक्षता में 21 सदस्यीय 'झील संरक्षण समिति' का गठन किया गया जिसमें जगत मेहता, किशोर संत, अनन्त गणेश त्रिवेदी, जोध सिंह चौहान, हंसा हिंगड़, रमेश लालवानी एवं दो प्रशासनिक अधिकारी सम्मिलित किए गए। कार्यक्रम का संयोजन अनन्त गणेश त्रिवेदी ने किया।

प्रातःकाल! 8 जून, 1992

झील संरक्षण समिति का गठन

उदयपुर, 7 जून (वि)। उदयपुर की झीलों में बढ़ते प्रदूषण से मुक्ति के लिए जन साधारण की जागरूकता व मिले-जुले प्रयास की दिशा में रविवार को शांतिपीठ के तत्वावधान में एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में संभागीय आयुक्त धर्मसिंह सागर, जिला कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव, नगरविकास प्रन्यास के अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह लिखारी समेत स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता भारत इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पी.एल. अग्रवाल ने की।

बैठक में झीलों के पास की बस्तियों में स्थित कच्ची तहारतों को बंद करने, झीलों में मछलियों के शिकार पर रोक लगाने, बारिश से पहले झीलों के किनारे पड़े मलबे व झीलों से जलकुंभी को हटाने, बड़ी तथा फतहसागर से जलापूर्ति करने, ब्रह्मपोल के पास पुलिया के अवरूद्ध जलमार्ग को फिर खोलने के सुझाव दिये गये।

बैठक में डॉ. पी. अग्रवाल की अध्यक्षता में 21 सदस्यीय 'झील संरक्षण समिति' गठित की गई जिसमें जगत मेहता, किशोर संत, अनंत गणेश त्रिवेदी, पूर्व विधायक जोधसिंह चौ...

Waste water choking Udaipur lakes

by George Joseph

UDAIPUR – Let noted historian Arnold Toyanbee's observation about Udaipur as "one of the most beautiful places in the world," be not watered down. Efforts are on for cleansing and preserving the blue waters in this city of lakes.

A Rs 4.5 crore, multi-pronged project, to keep the famous lakes of the city pollution-free and to protect them from further encroachment, has been prepared by the district administration. At present, the project is being studied by the Housing and Urban Development Corporation (HUDCO).

"Encroachments,unauthorised structures and waste water disposal had deteriorated the lakes for the past two decades," said, V.C.Sharma, Udaipur's collector. Steep rise in population and haphazard expansion of residential localities were witnessed in areas around the picturesque lakes like Pichola, Swaroop Sagar, Fateh Sagar, Rang Sagar and Kumharia Talab. Besides being a major attraction for lakhs of tourists every year, the lakes are the main source of drinking water for the 3.5 lakh residents in the city.

The drainage and sewerage has been found inadequate to check the flow of the polluted water. "Jal khumbi," (hyacinth) had mushroomed in the lakes, and Swaroop Sagar and Pichola were almost covered by it till recently.

Under the pilot project, entitled "Clean lakes in Udaipur," construction of additional trunks, sewerage drainage lines in the periphery of lakes had been planned. Polluted water would be collected at five locations in the sumps (lowest points in the periphery of lakes) from where, it would be pumped to the main sump, near the Hathipole sewer line.

To check a major cause of pollution, the project proposes construction of modern public toilets on the periphery of lakes. "Dhobi ghats" would be developed in alternate sites to reduce the pollution to Pichola and Fateh Sagar. A park would be built in the eastern part of Swaroop Sagar.

The implementation of the project may preserve the lakes in Udaipur, but might pollute the Udai Sagar lake, due to flow of polluted water through Ayar river, the planners fear. To check this, the project suggests the construction of a sewage treatment plant in Kanpur locality, from where the effluent could be discharged to Ayar river.

The project plan suggests the notification of the areas around the Udaipur lakes so that people are discouraged from unauthorised works and encroachment. The project has emphasised the completion of Mansiwakal project, so that the drinking water requirements are met from there and the water level in the lakes maintained.

Because of continuous flow of silt from catchment area, the holding capacity of the lakes has decreased considerably, the project noted. It suggested steps for desilting the lakes during summers. Thick plantation in the catchment area of the lakes should be undertaken, preferably under the supervision of public institutions.

The project said a detailed development plan for the areas around the lakes should be prepared immediately so that unauthorised construction could be checked. Construction of hotels and other important buildings in the area around Pichola should match with the traditional architecture of Udaipur. It said there were about 400 hotels and guest houses functioning without permission in Udaipur. R K Sharma, Udaipur's senior town planner said, "If the project is implemented, it could go a big way to preserve the heritage of the city of lakes".

Snehlata Panwar, assistant district magsitrate, said the recent 60-day "shramdan" (voluntary work) to clean the Pichola and Swaroop Sagar lakes of hyacinth

7/6/94



'Operation Cleansing': School students join the work in removing water hyacinth from Swaroop Sagar lake in Udaipur city recently. *Express photo*

SHANTIPEETH INDIA ■ 535 ■

■ DOWN THE MEMORY LANE ■

शान्ति पीठ के वार्षिक कार्य-कलाप - प्रेस क्लेरेज - 1986-88



विश्व शांति के लिए नई पौध के प्रयास

विश्व विनाश के कगार पर खड़ा है : सक्सेना

हमें युद्ध नहीं चाहिए?

शांति प्रयासों की पहल

हिरोशिमा दिवस पर सैंकड़ों स्कूली बच्चों ने शांति मार्च किया

हिरोशिमा स्मृति दिवस पर उदयपुर में शांति मार्च

Panoramic perspective of the modus-operandi of SHANTI-PEETH ISSUED on 19th Feb. 1989

झील प्राधिकरण व झीलों के मास्टर प्लान के बारे में जनता से सुझाव आमंत्रित

जनता जागेगी तो उदयपुर की झीलें बचेंगी

त्रिका

उदयपुर, 8 नवम्बर, 1992

दे जल की निकासी की व्यवस्था

सर्वे कराया जा

लिखारी

झीलों के आसपास से अतिक्रमण हटाने की मांग

उदयपुर, 2 नव. (नम) । झील संरक्षण समिति की मोमवार अपराह्न

पत्रिका

जलकुंभी हटाओ मुहिम: राहत से 100 श्रमिकों की मंजूरी

सिंचाई विभाग की भूमिका गौण

पीछोला से जलकुंभी हटाओ अभियान प्रारंभ

पत्रिका

उदयपुर, 9 सितम्बर, 1992

झील संरक्षण का मास्टर प्लान बनाने को उपसमिति गठित

झील संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

शहर में पेयजल वितरण में सुधार लिये 60 लाख रु. की

झील संरक्षण कार्यों को गति, नई सा

लाइन की 20 लाख की योजना

झील संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

झीलों की सफाई में प्रशासन का रवैया निराशाजनक रहा

उदयपुर में झ के गठन का सुझाव

झीलों के अस्तित्व को खतरा

नई होटलों के निर्माण से

झील प्राधिकरण को व्यापक अधिकार देने के प्रस्ताव

पीछोला झील की दुर्दशा पर चिंता जताई

झील संरक्षण समिति के मसविदे सरकार को प्रेषित

उदयपुर, 5 जुलाई, 1992

पीछोला झील से 70 ट्रक मलबा निकाला गया

झीलों में प्रदूषण, अतिक्रमण व होटल निर्माण रोकने की मांग

झील संरक्षण समिति का मुख्यमंत्री का पत्र

झीलों का खातेदारी अधिकार

सिंचाई विभाग को देने की मां

जलकुंभी हटाओ मुहिम के लिए वांछित श्रमिक अनुपलब्ध

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 16 जून। झील संरक्षण समिति के तत्वावधान में पीछोला को जलकुंभी मुक्त बनाने के लिए छिड़ी मुहिम मंगलवार को भी पीछोला की क्योंकि श्रमिक उपलब्ध नहीं हो पाए।

यहां दिनभर में नगर परिषद के 28 तथा प्रतिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के दस श्रमिकों के अलावा विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने गलगौर घाट क्षेत्र से करीब 15 ट्रक जलकुंभी निकाली। कई नवयुवक यहां रात को भी श्रमदान करते हैं। इस कार्य के लिए सहस्र कार्यों को तहत 100 श्रमिकों की मंजूरी के अनुरूप सूचना प्रभावित गांवों के श्रमिकों की तलाश में भेजे गए दलों को मंगलवार को भी सफलता नहीं लगी।



पीछोला में मलबा हटाओ अभियान जारी

Protection and Conservation of Chirva Valley



Protection and Conservation of the Udaipur Valleys

Chirva 'Ghati'. The valley is linked to Nagda, the first Hills and Mountains surround Udaipur. To protect Udaipur and its Haritage the Hills and the Valleys are essentially required to be protected. Chirva is one of the important Valleys of the region. It is located 12 kms. north-east of Udaipur on the National High Way No. 8. It used to be a thick forest - more than 10 kms. in depth. This valley, in fact, has its origin in an ancient pilgrimage heritage called 'Amarakhji' which is a part of

capital of 'Mewar' before it was moved to Chittorgarh. (Udaipur was established after Chittor was sacked). This pristine valley came under serious threat in 1987-88 when the Govt. started allotting land for marble cutting activities in the region, land mafia also clandestinely started moving in and the valley along with forest, flora and fauna was on the verge of devastation.

Shantipeeth organized a public movement and got support of the people including those of neighbouring villages to save the valley. When the matter was raised in the courts of law, interestingly, more than a hundred advocates of Udaipur Bar came forward to co-operate. The struggle lasted for a decade till the sustained pressure of mass movement ultimately bore fruit and the Govt. cancelled the dubious land allocations in 1998. 'Amrakhji Sanrakshan Mandal' was formed to thwart any such attempt in future. And this organization is now working as an informal Environment Education Centre. The archaeologically significant ancient temple of Amrakhji has also been saved from depletion and renovated by mobilizing public participation.



दैनिक नवज्योति
14 सितम्बर, 2004



लकुलिश परम्परा के शिव मन्दिर अमरखजी का इन दिनों अमरखजी संरक्षण मण्डल द्वारा जीर्णोद्धार करवाया जा रहा है।
फोटो : नवज्योति

शिव मन्दिर अमरखजी का जीर्णोद्धार मूलस्वरूप के अनुसार

न्यूज़ सर्विस

उदयपुर, 13 सितम्बर। विरासत व प्रकृति स्थल का विकास उसके मूल स्वरूप को बरकरार रखते हुए किया जाना आवश्यक है। लकुलिश परम्परा के शिव मन्दिर अमरखजी का जीर्णोद्धार एवं वनस्थली का विकास इसी बात को ध्यान में रखकर किया जा रहा है।

यह जानकारी अमरखजी संरक्षण मण्डल कार्यकारिणी एवं साधारण सभा की बैठक में मण्डल के महासचिव एवं प्रबन्धक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने दी। शिवधाम अमरखजी में मण्डल के एक दिवसीय कार्यक्रमों के तहत रूद्राभिषेक के साथ ही दो सत्रों में कार्यकारिणी की बैठक व संगोष्ठी सम्पन्न हुई। त्रिवेदी ने बताया कि शताब्दियों पूर्व अमरखजी की स्थापना एक शक्ति केन्द्र के रूप में हुई है, यह बात सम्पूर्ण वनस्थली में मन्दिर की स्थिति मात्र से प्रमाणित होती है। वनस्थली के पार्श्व में वनस्थली का आकार मानो

रूद्राभिषेक के साथ ही दो सत्रों में कार्यकारिणी की बैठक व संगोष्ठी सम्पन्न

अंग्रेजी के अक्षर को उलट कर रख दिया गया हो ऐसा है। उन्होंने कहा कि एक दशाब्दी से अधिक समय से मन्दिर जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। वह बहुत धीमी गति से अवश्य है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अगले वर्ष 2005 में मंदिर जीर्णोद्धार का संकल्प अवश्य ही पूर्ण होगा तथा कलश चढ़ाया जाएगा। सभा की अध्यक्षता कर रहे मण्डल अध्यक्ष घनश्याम सिंह कृष्णावत ने कहा कि मेवाड़ अधिपति शिवस्थली का संरक्षण करना हमारा प्राथमिक दायित्व है। सभा में कुछ सदस्यों ने आशंका व्यक्त की कि वनस्थली में कतिपय लोगों द्वारा भूमि की खरीद फरोख्त की जा रही है। कृष्णावत ने कहा कि कोई भी वाकया जब सामने खुले रूप में आएगा तब निपट लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिवधाम के मूल स्वरूप को बदलने नहीं दिया जाएगा तथा सारे ही अमरखजी अतिशय क्षेत्र का संरक्षण एवं विकास यहां के वन वैभव एवं प्रतिष्ठा के अनुकूल ही किया जाएगा। इस अवसर पर अमरखजी मण्डल के कोषाध्यक्ष बंशीलाल कुम्हार ने बताया कि मन्दिर के कार्यों में अब तक करीब 30 लाख रूपया व्यय हो चुका है तथा प्रथम फेज के पूरा होने में करीब 10 लाख और व्यय किए जाने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही तोरण द्वार का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। द्वार का स्वरूप मेवाड़ के शिवालयों की कृतियों के अनुकूल ही रखा जाएगा।

SHANTIPEETH INDIA 540
DOWN THE MEMORY LANE

उदयपुर, 6 अगस्त 2001

पत्रिका



हरियाली हरख-हरख जाए, जब घटा यूं आकर सहलाए! उदयपुर के निकट अमरख महादेव स्थल पर रविवार को लगे ठण्डी राखी के मेले में लगे झूलों पर इठलाते मेलार्थी और पार्श्व में हरी-भरी पहाड़ियों से अठखेलियां करती घटाएं। पत्रिका फोटो: प्रमोद सोनी

उदयपुर • रविवार 5 अगस्त, 2001

दैनिक भास्कर

अमरखजी पर आज ठंडी राखी का मेला

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 4 अगस्त। हरियाली अमावस्या और सुखिया सोमवार के मेलों के बाद रविवार को अमरखजी में लगने वाले ठंडी राखी के मेले में ग्रामीण एवं शहरवासी झूले झूलने व मेले का लुत्फ एक बार फिर उठाएंगे।

शहर से लगभग 10 किलोमीटर दूर अरावली की पहाड़ियों के बीच अमरखजी महादेव पर प्रतिवर्ष लगने वाला ठंडी राखी का मेला रक्षाबंधन के दूसरे दिन लगता है। मेवाड़ में रक्षाबंधन के दूसरे दिन लगने वाले इस मेले में आदिवासी ग्रामीणों की संख्या खासी रहती है, तो शहरवासी भी इस मेले का लुत्फ उठाने से पीछे नहीं रहते।

उदयपुर से कैलाशपुरी जाने वाले मार्ग पर अंबेरी गांव के बाहर स्थित अमरखजी महादेव पर यह मेला लगता है। लगभग 700 वर्ष पुराने अमरखजी महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार हो चुका है, लेकिन सभामंडप अपने पुराने स्वरूप में है। सभामंडप द्वादशकोणीय है तथा प्रत्येक कोण पर स्तंभ हैं। ये स्तंभ भी द्वादशकोणीय है, जिस पर तीन वृत्त और वृत्तों पर कीचक प्रतिष्ठित हैं।

मेले वाले दिन विभिन्न गांवों से आने वाले मेलार्थी भगवान अमरख महादेव के सम्मुख तल्लीनता से नाचते हैं। नृत्य के पश्चात पवित्र कुंड के जल का पान करते हैं। मंदिर परिसर में चुरैल का वृक्ष है। बताया जाता है कि यह अपनी प्रजाती का अकेला वृहद वृक्ष है। मेले के कारण इस स्थल का नाम दूर-दूर तक चर्चित है, जिसके कारण विभिन्न शहरों से विक्रेता अपने सामान की बिक्री के लिए यहां चले आते हैं। मेला स्थल पर लगे हाट बाजार व डोलर में झूलने का आनंद लेने वालों की संख्या साल दर साल बढ़ी हैं।

मेले में भुवाणा, सुखेर, अंबेरी, चीरवा, थूर, कविता, मदार आदि गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष व बच्चे आते हैं, जिनमे समुदाय की संख्या अधिक रहती है।

ठंडी राखी पर लगने वाले मेले का उत्साह अब शहरी लोगों में भी बढ़ने लगा है। शहर के नजदीक होने से पिकनिक के बहाने वे चले आते हैं। मेले का आयोजन अमरखजी संरक्षा मंडल और अंबेरी ग्राम पंचायत की ओर से इस मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, सोमवार,
10 अगस्त, 1998 वर्ष: 43, अंक: 155 पृष्ठ सोलह मूल्य: दो रुपए



उदयपुर में प्रकृति की गोद में अमरखजी महादेव परिसर पर रविवार को मेला लगा। -फोटो: कन्हैया शर्मा

ठंडी राखी के मेले में भीड़ उमड़ी

[सांस्कृतिक संवाददाता]

उदयपुर, 9 अगस्त। निकटस्थ अंबेरी गांव के पास स्थित 'अमरख महादेव' पर रविवार को ठंडी राखी के उपलक्ष में मेला आयोजित हुआ। शहर ही नहीं, आसपास के गांवों से भी खूब भीड़ उमड़ी।

राष्ट्रीय राज्यमार्ग संख्या आठ पर एक पहाड़ी कंदरा में अवस्थित इस प्राचीन शिव स्थल पर सड़क मार्ग से लेकर मंदिर तक विभिन्न दुकानें लगी हुई थी। डोलर चकरी-झूले वाले शनिवार से ही जम गए थे। सुबह से ही अमरख महादेव के इस मेले में क्षेत्र के निवासियों का आना प्रारंभ हो गया था।

यूं रविवार का अवकाश तथा बादल से आच्छादित आसमान और भादौ प्रतिपदा की फुहारों के बीच उदयपुर से कई लोग निजी वाहनों तथा टैक्सी, सिटी बसों से मेले का लुत्फ लेने पहुंचे।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

राखी.....

(पृष्ठ एक कालम 8 का शेष)

आसपास के अंबेरी, सरे, बड़गांव, चीरवा, कैलाशपुरी, भुवाणा, सापेटिया, बेदला, सुखेर आदि स्थानों से भी लोग बच्चों के साथ इस मेले में पहुंचे।

मेला स्थल पर सड़क के पूर्वी छोर पर मनिहारी सामग्री, गृहोपयोगी, शृंगार प्रसाधन, खिलौना, आदि की दुकानें लगी थी। दुकानदारों ने प्लास्टिक, मेणिया आदि से दुकानों को ढका था परन्तु दिन में दो-तीन बार हुई हल्की वर्षा से उन्हें सामान समेटने और दोबारा खोलने की दिक्कतें पेश आई। शीतल पेय, शरबत, शिकंजी जैसी लारियां भी लगी परन्तु उनका कारोबार ठंडा ही रहा।

श्रद्धालुओं ने मेला देखने, झूलों का लुत्फ लेने के बाद मुख्य मंदिर में पहुंचकर दर्शन किए। वे दर्शन के लिए प्रसाद भेंट सड़क के पास ही लगी दुकानों से ले गए थे अथवा घर से ही अपने साथ लाए थे।

ऊंची कुर्सी पर स्थित अमरख [अंबरिष] भगवान, चुरैल के पेड़ तले स्थित शिवालय के दर्शनों सहित कुण्ड आदि स्थलों का भी मेलार्थियों ने अवलोकन किया, निकटस्थ पहाड़ियों पर जाकर प्रकृति की खूबसूरती को निहारा। मेले में भीड़ दोपहर से अपरान्ह तक विशेष रही। मेले में अमरखजी संरक्षण मंडल की ओर से उचित प्रबंध किए गए थे।

उदयपुर, 6 अगस्त 2001

पत्रिका



हरियाली हरख-हरख जाए, जब घटा यूं आकर सहलाए! उदयपुर के निकट अमरख महादेव स्थल पर रविवार को लगे ठण्डी राखी के मेले में लगे झूलों पर इठलाते मेलार्थी और पार्श्व में हरी-भरी पहाड़ियों से अठखेलियां करती घटाएं। पत्रिका फोटो: प्रमोद सोनी

दैनिक भास्कर

उदयपुर - रविवार 5 अगस्त, 2001

अमरखजी पर आज ठंडी राखी का मेला

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 4 अगस्त। हरियाली अमावस्या और सुखिया सोमवार के मेलों के बाद रविवार को अमरखजो में लगने वाले ठंडी राखी के मेले में ग्रामीण एवं शहरवासी झूले झूलने व मेले का लुत्फ एक बार फीर उठाएंगे।

शहर से लगभग 10 किलोमीटर दूर अरावली की पहाड़ियों के बीच अमरखजी महादेव पर प्रतिवर्ष लगने वाला ठंडी राखी का मेला रक्षाबंधन के दूसरे दिन लगता हैं। मेवाड़ में रक्षाबंधन के दूसरे दिन लगने वाले इस मेले में आदिवासी ग्रामीणों की संख्या खासी रहती है, तो शहरवासी भी इस मेले का लुत्फ उठाने से पीछे नहीं रहते।

उदयपुर से कैलाशपुरी जाने वाले मार्ग पर अंबेरी गांव के बाहर स्थित अमरखजी महादेव पर यह मेला लगता है। लगभग 700 वर्ष पुराने अमरखजी महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार हो चुका है, लेकिन सभामंडप अपने पुराने स्वरूप में है। सभामंडप द्वादशकोणीय है तथा प्रत्येक कोण पर स्तंभ हैं। ये स्तंभ भी द्वादशकोणीय है, जिस पर तीन वृत्त और वृत्तों पर कीचक प्रतिष्ठित हैं।

मेले वाले दिन विभिन्न गांवों से आने वाले मेलार्थी भगवान अमरख महादेव के सम्मुख तल्लीनता से नाचते हैं। नृत्य के पश्चात पवित्र कुंड के जल का पान करते हैं। मंदिर परिसर में चुरैल का वृक्ष है। बताया जाता है कि यह अपनी प्रजाती का अकेला वृहद वृक्ष है। मेले के कारण इस स्थल का नाम दूर-दूर तक चर्चित है, जिसके कारण विभिन्न शहरों से विक्रेता अपने सामान की बिक्री के लिए यहां चले आते हैं। मेला स्थल पर लगे हाट बाजार व डोलर में झूलने का आनंद लेने वालों की संख्या साल दर साल बढ़ी हैं।

मेले में भुवाणा, सुखेर, अंबेरी, चीरवा, थूर, कविता, मदार आदि गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष व बच्चे आते हैं, जिनमे समुदाय की संख्या अधिक रहती है।

ठंडी राखी पर लगने वाले मेले का उत्साह अब शहरी लोगों में भी बढने लगा है। शहर के नजदीक होने से पिकनिक के बहाने वे चले आते हैं। मेले का आयोजन अमरखजी संरक्षा मंडल और अंबेरी ग्राम पंचायत की ओर से इस मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

राजस्थान पत्रिका

जनवरी 18, 1998

अमरखजी भूमि प्रकरण में 108 वकील पैरवी करेंगे 18.1.98

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 17 जनवरी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश [क्रम-एक] मुरलीधर वैष्णव की अदालत में अमरखजी क्षेत्र के सम्बन्ध में विचाराधीन मामले में शनिवार को 108 अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से पैरवी करने का निर्णय किया है।

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष भगवत सिंह भण्डारी के नेतृत्व में जिन अधिवक्ताओं ने अपना वकालात नामा पेश किया। उनमें वर्तमान अध्यक्ष जे.के. दवे, पूर्व अध्यक्ष रतन सिंह राव, शंभव लाल पामेचा, मोहन लाल दशोरा, राजेन्द्र सिंह हिरण, विमला त्रिवेदी, उत्तर चन्द सोमानी, रमेश पोरवाल व शंभू सिंह राठौड़ प्रमुख हैं।

उल्लेखनीय है, अमरखजी क्षेत्र में दस वर्ष पूर्व जिला प्रशासन ने उद्योगों को भूमि आवंटित की थी। वहां उद्योग स्थापना पर अमरखजी संरक्षण मण्डल ने विरोध जताया था, जिस पर वर्ष 96 तक अस्थाई निषेधाज्ञा रही। वर्ष 96 में सिविल न्यायाधीश [शहर-दक्षिण] ने सनसाइन मार्बल के मालिक के पक्ष में फैसला दिया था। इस फैसले के खिलाफ अमरखजी संरक्षण मण्डल ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अपील की थी। जहां से उक्त मामला स्थानान्तरित होकर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश [क्रम-एक] में आजा, जहां अगली सुनवाई सोमवार को होगी।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, सोमवार,
10 अगस्त, 1998 वर्ष: 43, अंक: 155 पृष्ठ सोलह मूल्य: दो रुपए



उदयपुर में प्रकृति की गोद में अमरखजी महादेव परिसर पर रविवार को मेला लगा। -फोटो: कन्हैया शर्मा

ठंडी राखी के मेले में भीड़ उमड़ी

[सांस्कृतिक संवाददाता]

उदयपुर, 9 अगस्त। निकटस्थ अंबेरी गांव के पास स्थित 'अमरख महादेव' पर रविवार को ठंडी राखी के उपलक्ष में मेला आयोजित हुआ। शहर ही नहीं, आसपास के गांवों से भी खूब भीड़ उमड़ी।

राष्ट्रीय राज्यमार्ग संख्या आठ पर एक पहाड़ी कंदरा में अवस्थित इस प्राचीन शिव स्थल पर सड़क मार्ग से लेकर मंदिर तक विभिन्न दुकानें लगी हुई थी। डोलर चकरी-झूले वाले शनिवार से ही जम गए थे। सुबह से ही अमरख महादेव के इस मेले में क्षेत्र के निवासियों का आना प्रारंभ हो गया था।

यूं रविवार का अवकाश तथा बादल से आच्छादित आसमान और भादौ प्रतिपदा की फुंहारों के बीच उदयपुर से कई लोग निजी वाहनों तथा टैक्सी, सिटी बसों से मेले का लुत्फ लेने पहुंचे।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

राखी.....

(पृष्ठ एक कालम 8 का शेष)

आसपास के अंबेरी, सरे, बड़गांव, चीरवा, कैलाशपुरी, भुवाणा, सापेटिया, बेदला, सुखेर आदि स्थानों से भी लोग बच्चों के साथ इस मेले में पहुंचे।

मेला स्थल पर सड़क के पूर्वी छोर पर मनिहारी सामग्री, गृहोपयोगी, शृंगार प्रसाधन, खिलौना, आदि की दुकानें लगी थी। दुकानदारों ने प्लास्टिक, मेणिया आदि से दुकानों को ढका था परन्तु दिन में दो-तीन बार हुई हल्की वर्षा से उन्हें सामान समेटने और दोबारा खोलने की दिक्कतें पेश आई। शीतल पेय, शरबत, शिकंजी जैसी लारियां भी लगी परन्तु उनका कारोबार ठंडा ही रहा।

श्रद्धालुओं ने मेला देखने, झूलों का लुत्फ लेने के बाद मुख्य मंदिर में पहुंचकर दर्शन किए। वे दर्शन के लिए प्रसाद भेंट सड़क के पास ही लगी दुकानों से ले गए थे अथवा घर से ही अपने साथ लाए थे।

ऊंची कुर्सी पर स्थित अमरख [अंबरिष] भगवान, चुरैल के पेड़ तले स्थित शिवालय के दर्शनों सहित कुण्ड आदि स्थलों का भी मेलार्थियों ने अवलोकन किया, निकटस्थ पहाड़ियों पर जाकर प्रकृति की खूबसूरती को निहारा। मेले में भीड़ दोपहर से अपरान्ह तक विशेष रही। मेले में अमरखजी संरक्षण मंडल की ओर से उचित प्रबंध किए गए थे।

पत्रिका
उदयपुर, 6 अगस्त, 1998





अमरख महादेव में मेला ठंडी राखी का

झीलों की नगरी के निकटवर्ती नगरसम्य नैसर्गिक स्थलों में अमरख महादेव मुख्य है। गिरि कंदरा के कौतुकों-वैभव के लिए तो यह स्थान प्रसिद्ध है ही, राखी के दूसरे दिन लगने वाले मेले के लिए भी अपनी पहचान बनाए हुए है। यह मेला 'ठंडी राखी का मेला' कहलाता है। इसमें न केवल आसपास के वरन् दूर-दूर के स्त्री-पुरुष और बच्चे-बूढ़े भी खिंचे चले आते हैं। इनमें सर्वाधिक संख्या आदिवासियों की होती है।

उदयपुर में कैलाशपुरी जाने वाले रास्ते पर अंबेरी गांव के बाहर जो नालचा नजर आता है, अमरख महादेव उसी पर है। कहते हैं, पहले इसी नालचे से होकर लोग कैलाशपुरी अथवा नगदा तथा की पुष्टि भी होती है।

अमरख महादेव का मंदिर करीब 700 साल पुराना बताया जाता है। यह दक्षिणाभिमुख है तथा सभा मंडप सहित गर्भगृह के चारों ओर द्वार होने से इसे सर्वतोभद्र की कोटि में रखा जा सकता है। बजती थीं। इतने मंदिर थे। इनका विनाश 13वीं शती के प्रारंभ में इल्तुतमिश के नागदा- आक्रमण के साथ प्रारंभ हुआ, जो मुगल- सल्तनत के पतन के साथ तक चलता रहा।

कहा जाता है कि मेवाड़ में जब लकुलीश-रौद्र संप्रदाय प्रचलन में आया, तब एकलिंगजी के साथ यहां भी मंदिरों का निर्माण प्रारंभ हुआ। वर्तमान में गौमुट अमरख महादेव के प्रवेश द्वार की विग्रह-पट्टिका पर उत्कीर्ण लकुलीश की मूर्तियों से इस जीर्णोद्धार हो चुका है किंतु सभा मंडप अपने पुराने स्वरूप में विद्यमान है।

सभा मंडप द्वादश कोणीय है तथा प्रत्येक कोण पर स्तंभ है। ये स्तंभ भी द्वादश कोणीय हैं जिन पर तीन वृत्त और वृत्तों पर कीचक प्रतिष्ठित हैं। ये कीचक यहां जितने नए अभिप्राय लिए हैं वे अनुपम हैं। वराहमुखी कीचक, वानरमुखी कीचक जैसे अभिप्रायों के साथ ही कीचक के रूप में स्त्री का मूर्त्यांकन निश्चय ही अपूर्व कहा जाएगा। ये सभी कीचक केश, कुंडल तथा वस्त्राभूषणों के अलंकरण की दृष्टि से अद्भुत हैं।

गूढ़ मंडप में कमलाकृति का पत्थर पर अंकन अद्भुत है जिसके चारों ओर युगल प्रतिमाएं प्रभविष्णु युक्त है। यही आकृति सभा मंडप की में देवी के विभिन्न स्वरूपों की आयुध तथा वाहन सहित प्रतिष्ठा है। इनके ऊपर गजों की प्रतिष्ठापन है। निज मंदिर के भीतर शिव की चतुर्मुखी श्वेत पाषाण निर्मित प्रतिमा है। श्रावण में इस विग्रह का विजया, दुग्धादि से श्रद्धालु अभिषेक करवाते हैं। मंदार तथा अन्य विभिन्न पुष्पों की आंगी करते हैं। यह आंगी कोई-कोई श्रद्धालु रजत और स्वर्ण निर्मित वर्क से भी करते हैं।

पुजारी शिवलिंग को नागेश्वर धारण करवाता है तथा ऊपर छिद्रयुक्त जलपूरित कलश बांधकर 'छहों ऋतु नित् रहत सुशोभित सेवत सदा प्रकतिदासी' का वातावरण उपस्थित करते हैं। मेले के अवसर पर यहां भारी भीड़ उमड़ती है तथा दर्शन कर सभा मंडप अथवा नंदीकेश्वर के सामने नृत्यातुर हो उठती है। गीतों के गमके-ठमके लगते हैं:

''संकर जटाधारी
भोला भंडारी
थें लाज राखो म्हांरी
संकर जटाधारी...।''

श्रद्धालु अमरख महादेव के दर्शनोपरान्त प्राकृतिक पवित्र कुंड के जल का पान करते हैं। यहां जल राशि स्वतः उद्भुत होकर प्रवाहित हुई है। इसी कुंड के निकट एक भवनुमा मंदिर में शिवलिंग प्रतिष्ठित है। यह शिवलिंग पूर्व में चंद्रशेखर युक्त मुख मुद्रा लिए है। इसी मंदिर परिसर में चुरैल का वह वृक्ष विद्यमान है जो देश में अपनी प्रजाति का अकेला वृहद पेड़ है। यह 33 मीटर से ज्यादा ऊंचा तथा 6.91 मीटर की गोलाई लिए है। वृक्षवेत्ताओं के लिए इसका बड़ा महत्व है। यहीं कई प्राचीन साधुओं की समाधियां है।

आसपास पड़े तक्षित प्रस्तर खंड तथा भग्न मंदिर यहां के विस्मृत वैभव को मुखरित करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में यहां कई धर्मशालाओं और विश्राति गृहों का निर्माण हो जाने से अवकाश और अन्य विभिन्न अवसरों पर यहां श्रद्धालुओं की चहलकदमी होने लगी है। शांतिपीठ और अमरखजी संरक्षण मण्डल के प्रयासों से इस थाती का संरक्षण संवर्द्धन हुआ है। ठंडी राखी के मेले में तो भुवाणा, सम, सुखेर, उदयपुर, अंबेरी, चीरवा, बेदला, बड़गांव, कड़िया, लोसिंग, घसियार, धूर, मदार, बड़ी, हवला, गोरेला, धार, वड़गा, नांदेश्वर, नाई, रामा, देलवाड़ा आदि पचासों गांवों के ग्रामीण व नागरिक उमड़ते हैं। मेलार्थियों के अनुरंजन तथा खरीद के लिए बाजार सजता है।

अमरखजी के इस मेले के साथ आसपास के बोरा का गुड़ा, नाल का गुड़ा [भीलवाड़ा], बेदला, छोटा बेदला, भैंसडा का भीलवाड़ा, लखावली, परतापुरा, मेरों का गुड़ा, हई [रामा], भुवाणा आदि के भील-गमेतियों की श्रद्धा जुड़ी है। चूंकि ठंडी राखी से मेवाड़ के भील गवरी नृत्यानुष्ठान प्रारंभ करते हैं अतः उक्त गांवों के आदिवासी, यदि मुहूर्त हो, तो अमरखजी के मेले में ही गवरी लेते हैं। गांव के मुखिया तथा लंबरदार गवरी के मांडी कुलावरां [पात्रों]- राईबूढ़िया, दोनों राइयां व भोपा की यहीं पर कपड़े पहनाते हैं तथा पहला प्रदर्शन करते हैं। पहले प्रदर्शन के तौर पर प्रायः पोंट प्रतिष्ठा, खेतूड़ी, दाणी, कालू कीर अथवा सूर नृत्यांश का मंचन किया जाता है। इसके बाद में कलाकार आसपास के गांवों में अगले सवा महीने तक नृत्य करते हैं और लोकानुरंजन करते हुए खुशहाली को निमंत्रित करते हैं।

समाचार जगत

जयपुर, शनिवार 31 मई, 1997

शंकराचार्य स्वामी कृष्णानंद तीर्थ अमरखजी पहुँचे

समाचार जगत सेवा
उदयपुर, 30 मई।

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी कृष्णानंद तीर्थ महाराज प्राचीन शिवधाम अमरखजी पहुंचे और उन्होंने शिवाभिषेक किया। शिवाराधना आरती करने के बाद स्वामीजी ने प्राचीन मंदिर का वास्तुशिल्प, वनस्थली तथा अजस्त्र जल कुण्ड प्रवाह का अवलोकन किया। उन्होंने चारों ओर पहाड़ियों के मध्य स्थित शिवालय और पास में बहती जलधारा को उन्होंने अतिसुन्दर बताया।

उन्होंने प्राचीन शिवालय एवं वनस्थली संरक्षण के कार्य को प्रशंसनीय बताया कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान की महती आवश्यकता है और इस कार्य में बिना हिचक सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा आज सरकार भी पर्यावरण रक्षा की बात कर रही है फिर अमरखजी के क्षेत्र को सुरक्षित करने में देरी हो रही है। उन्होंने उद्योगों के लिए आवंटित जमीन को निरस्त करने की आवश्यकता बताई।

जगद्गुरु शंकराचार्य की वंदना के बाद अमरखजी संरक्षण मण्डल की बैठक उपाध्यक्ष पूर्व विधायक जोधसिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बोलते हुए प्रमुख मार्बल व्यवसायी घनश्याम सिंह कृष्णावत ने कहा आदिकाल से ही सत्य की विजय होती आई है और यह परम्परा कभी खंडित नहीं हो सकती। उन्होंने आह्वान किया कि सभी को अमरखजी के संरक्षण का संकल्प लेकर जनशक्ति के आधार पर मुकाबला काना चाहिए।

इस अवसर पर लक्ष्मणपुरी ने कहा कि जिस तरह अयोध्या और वाराणसी आस्था के केन्द्र हैं उसी तरह अमरखजी हमारा आस्था केन्द्र है। धरती माता से हमारे शाश्वत संबंधों का कोई विकल्प नहीं है यह हमारी संस्कृति है। संतोष चित्तौड़ा ने कहा वन संरक्षण और धर्म जागरण के कार्य में किसी बाधा की हम परवाह नहीं करेंगे।

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए जोधसिंह चौहान ने सघन पौधारोपण का आह्वान किया। उन्होंने अमरखजी जैसे देव वन में सघन वृक्षावली की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर अनन्त गणेश त्रिवेदी के साथ ही सापेटिया के सरपंच मोहनलाल जोशी, अम्बेरी के मस्तरा माली, भुवाणा के सरपंच, कवि मदन क्षितिज, प्रभुदास आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कन्हैयालाल बापना ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

जय राजस्थान
उदयपुर, बुधवार 28 मई 1997



स्वामी कृष्णानन्द प्राचीन शिवधाम पहुंचे

उदयपुर, 27 मई (वि.)। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी कृष्णानंद आज प्राचीन शिवधाम पहुंचे और मध्य दिवस काल में शिवाभिषेक किया।

शिवाराधना एवं आरती करने के बाद स्वामी ने प्राचीन मंदिर का वास्तुशिल्प, वनस्थली एवं अजस्त्र जल कुण्ड प्रवाह का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान की आवश्यकता है और इस कार्य के लिए सभी को आगे आना चाहिए।

इधर अमरख जी संरक्षण मण्डल की बैठक उपाध्यक्ष पूर्व विधायक जोधसिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समाजसेवी मार्बल व्यवसायी घनश्याम सिंह कृष्णावत ने कहा कि अमरख जी के संरक्षण का संकल्प लेकर जनशक्ति के आधार पर मुकाबला करना चाहिए। इस अवसर पर लक्ष्मण पुरी ने कहा कि जिस तरह अयोध्या और वाराणसी आस्था के केंद्र हैं, उसी प्रकार अमरख जी भी आस्था का केंद्र है।

इस अवसर पर अनन्त गणेश त्रिवेदी के साथ सापेटिया के सरपंच मोहनलाल जोशी, अम्बेरी के मस्तराम माली, भुवाणा के सरपंच कवि मदन क्षितिज व प्रभुदास आदि ने विचार व्यक्त किए।

राष्ट्रदूत
उदयपुर बुधवार 28 मई 1997

शंकराचार्य ने शिवधाम का अवलोकन किया

उदयपुर, 27 मई। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी कृष्णानन्द तीर्थ महाराज ने मंगलवार को अमरख जी स्थित शिवधाम का अवलोकन किया।

शिवाराधना एवं आरती करने के बाद स्वामीजी ने प्राचीन मंदिर का वास्तुशिल्प, वनस्थली एवं अजस्त्र जल कुण्ड प्रवाह का अवलोकन कर अभिभूत हुए। चारों ओर पहाड़ियों के मध्य स्थित शिवालय एवं पास में बहती जलधारा को उन्होंने अतिसुन्दर बताया। उन्होंने प्राचीन शिवालय एवं वनस्थली संरक्षण के कार्य को प्रशंसनीय बताया और कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान की महती आवश्यकता है और इस कार्य में बिना झिझक सभी को आगे आना चाहिए।

जगद्गुरु शंकराचार्य की वंदना के बाद अमरखजी संरक्षण मण्डल की बैठक उपाध्यक्ष पूर्व विधायक जोधसिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बोलते हुए समाजसेवी एवं प्रमुख मार्बल व्यवसायी घनश्यामसिंह कृष्णावत ने कहा आदिकाल से ही सत्य की विजय होती आई है और यह परम्परा कभी खंडित नहीं हो सकती। उन्होंने आह्वान किया कि सभी को अमरखजी के संरक्षण का संकल्प लेकर जनशक्ति के आधार पर मुकाबला करना चाहिए। इस अवसर पर लक्ष्मणपुरी ने कहा जिस तरह अयोध्या और वाराणसी आस्था के केन्द्र है उसी तरह अमरखजी हमारा आस्था केन्द्र है। इस अवसर पर संतोष चित्तौड़ा ने कहा वन संरक्षण और धर्म जागरण के कार्य में किसी बाधा की हम परवाह नहीं करेंगे। हम

समाचार जगत

जयपुर, सोमवार, 26 मई, 1997

अमरखजी परिक्षेत्र को पूर्ण संरक्षण दिया जाए

समाचार जगत सेवा
उदयपुर, 25 मई।

प्रसिद्ध पुरातत्वविद् डॉ. बृजमोहन गावलिया ने कहा है कि अमरखजी उपयोगी औषधियों का वनक्षेत्र और तपस्वियों की साधना स्थली के साथ ही यह तीर्थयात्रियों का केन्द्र रहा है। यह बात यहां मौजूद शिलालेखों से स्पष्ट होती है।

यह सोम प्रदोष के अवसर पर अमरखजी संरक्षण मंडल की ओर से आयोजित संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता के रूप में बोल रहे थे। 'अम्बरीष तपोवन अमरखजी - संरक्षण के आयाम' विषय पर बोलते हुए उन्होंने शिलालेखों का हवाला देते हुए कहा 'जात्र साफल्यम' लिखे हुए का अर्थ 'यात्रा सफल हो' हो। संवत् 1699, 17 06 आदि में बग्गा, कल्ला, जोगीदास, पुरुषोत्तम आदि के परिवारों ने यहां यात्रा की। उन्होंने कहा अधिक पुराने शिलालेख तो पठनीय नहीं है। उन्होंने संभावना व्यक्त की कि ।।वीं शताब्दी के नागदा शासकों के शिलालेख यहां अवश्य होने चाहिए। उन्होंने यहां खुदाई की आवश्यकता बताई।

डॉ. जावलिया ने अमरखजी की बहुआयामी महत्ता बताते हुए इस सम्पूर्ण परिक्षेत्र के संरक्षण की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने इस क्षेत्र में भूखण्ड आवंटन किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

इस अवसर पर लोक कथाविद् गोस्वामी समाज के लक्ष्मणपुरी ने अमरखजी परिक्षेत्र में उद्योगों के लिए आवंटित भूखण्ड अभी तक निरस्त न किए जाने पर गंभीर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी विरासत और परम्पराओं की सुरक्षा का दायित्व हमारे स्वयं का है। न तो किसी की याचना करनी है ना ही दैव भरोसे बैठना है। महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा वनस्थलियों का देव शिव है। प्रकृति संरक्षण का आदि देव शिव है इसलिए वह पशुपतिनाथ हैं। उन्होंने कहा पशुपतिनाथ की आराधना में समग्र पर्यावरण संरक्षण का रास्ता है। यह पर्यावरण के लिए खण्ड-खण्ड में किया जाने वाला विचार नहीं। उन्होंने कहा वर्तमान के हालात ने प्रमाणित कर दिया है कि पर्यावरण का प्रश्न अस्तित्व और अस्मिता का है। अमरखजी संरक्षण के हवाले से उन्होंने विडम्बना व्यक्त की कि एक ओर हम आजादी की स्वर्ण जयन्ती मना रहे हैं और दूसरी ओर अस्तित्व और धर्म से जुड़े मसले के लिए न्याय की याचना करनी पड़ रही है। इस अवसर पर युगधारा के जयप्रकाश ज्योतिपूंज ने पर्यावरण पर कविता पाठ किया।

गोष्ठी के प्रारम्भ में अमरखजी मण्डल के संतोष चित्तौड़ा ने स्वागत किया तथा इस क्षेत्र में आवंटित भूखण्ड निरस्त कराने के संघर्ष का हवाला देते हुए जन आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करने की अपील की। सापेटिया के सरपंच मोहनलाल जोशी ने संरक्षण के लिए आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। एक दर्जन से अधिक गांवों के प्रतिनिधियों ने अमरखजी संरक्षण के लिए महादेव की साक्षी में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। बैठक का संयोजन मदन क्षितिज ने किया तथा अम्बेरी के सरपंच पुराजी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। गोष्ठी के पूर्व रूद्राभिषेक में मण्डल की ओर से यजमान फतहलाल डांगी और पुराजी ने रूद्र की आरती की।

समाचार जगत

जयपुर, सोमवार, 26 मई, 1997

अमरखजी परिक्षेत्र को पूर्ण संरक्षण दिया जाए

समाचार जगत सेवा

उदयपुर, 25 मई।

प्रसिद्ध पुरातत्वविद् डॉ. बृजमोहन जावलिया ने कहा है कि अमरखजी उपयोगी औषधियों का वनक्षेत्र और तपस्वियों की साधना स्थली के साथ ही यह तीर्थयात्रियों का केन्द्र रहा है। यह बात यहां मौजूद शिलालेखों से स्पष्ट होती है।

यह सोम प्रदोष के अवसर पर अमरखजी संरक्षण मंडल की ओर से आयोजित संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता के रूप में बोल रहे थे। 'अम्बरीष तपोवन अमरखजी। संरक्षण के आयाम' विषय पर बोलते हुए उन्होंने शिलालेखों का हवाला देते हुए कहा 'जात्र साफल्यम' लिखे हुए का अर्थ 'यात्रा सफल हो' होता। संवत् 1699, 17 06 आदि में बग्गा, कटारा, जोगीदास, पुरुषोत्तम आदि के परिवारों ने यहां यात्रा की। उन्होंने कहा अधिक पुराने शिलालेख तो पठनीय नहीं है। उन्होंने संभावना व्यक्त की कि 11 वीं शताब्दी के नागवा शासकों के शिलालेख यहां अवश्य होने चाहिएं। उन्होंने यहां खुदाई की आवश्यकता बताई।

डॉ. जावलिया ने अमरखजी की बहुआयामी महत्ता बताते हुए इस सम्पूर्ण परिक्षेत्र के संरक्षण की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने इस क्षेत्र में भूखण्ड आवंटन किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

इस अवसर पर लोक कथाविद् गोस्वामी समाज के लक्ष्मणपुरी ने अमरखजी परिक्षेत्र में उद्योगों के लिए आवंटित भूखण्ड अभी तक निरस्त न किए जाने पर गंभीर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी विरासत और परम्पराओं की सुरक्षा का दायित्व हमारे स्वयं का है। न तो किसी की याचना करनी है ना ही देव भरोसे बैठना है। महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा वनस्थलियों का देव शिव है। प्रकृति संरक्षण का आदि देव शिव है इसलिए वह पशुपतिनाथ हैं। उन्होंने कहा पशुपतिनाथ की आराधना में समग्र पर्यावरण संरक्षण का रास्ता है। यह पर्यावरण के लिए खण्ड-खण्ड में किया जाने वाला विचार नहीं। उन्होंने कहा वर्तमान के हालात ने प्रमाणित कर दिया है कि पर्यावरण का प्रश्न अस्तित्व और अस्मिता का है। अमरखजी संरक्षण के हवाले से उन्होंने विडम्बना व्यक्त की कि एक ओर हम आजादी की स्वर्ण जयन्ती मना रहे हैं और दूसरी ओर अस्तित्व और धर्म से जुड़े मसले के लिए न्याय की याचना करनी पड़ रही है। इस अवसर पर युगधारा के जयप्रकाश ज्योतिपुंज ने पर्यावरण पर कविता पाठ किया।

गोष्ठी के प्रारम्भ में अमरखजी मण्डल के संतोष चित्तौड़ा ने स्वागत किया तथा इस क्षेत्र में आवंटित भूखण्ड निरस्त कराने के संघर्ष का हवाला देते हुए जन आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करने की अपील की। सापेटिया के सरपंच मोहनलाल जोशी ने संरक्षण के लिए आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। एक दर्जन से अधिक गांवों के प्रतिनिधियों ने अमरखजी संरक्षण के लिए महादेव की साक्षी में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। बैठक का संयोजन मदन क्षितिज ने किया तथा अम्बेरी के सरपंच पुराजी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। गोष्ठी के पूर्व रूद्राभिषेक में मण्डल की ओर से यजमान फतहलाल डांगी और पुराजी ने रूद्र की आरती की।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 3 मई, 1997



उदयपुर के समीपस्थ अमरखजी क्षेत्र में हाल ही अनेक हरे पेड़ काट दिए गए।

अमरखजी क्षेत्र में हरे पेड़ काटे

उदयपुर, 2 मई [वि.]। अमरखजी संरक्षित क्षेत्र से हरे पेड़ काटे जाने के विरोध में अमरखजी संरक्षण मंडल के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि धार्मिक एवं पुरातात्विक महत्व वाले क्षेत्र में 6 वर्ष पूर्व में कुछ लोगों ने भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया था। इस संबंध में तब क्षेत्रीय लोगों ने संभागीय आयुक्त से सम्पर्क किया जिस पर तत्कालीन जिला कलक्टर ने रोक लगा दी थी।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि फरवरी 97 में कुछ लोगों ने अपनी राजनीतिक पहुंच का इस्तेमाल कर भूमि अपने नाम आवंटित करवा ली और हरे पेड़ कटवाने शुरू कर दिए। उक्त भूमि पर सिविल न्यायाधीश [शहर दक्षिण] ने यथास्थिति बहाली का 21 अप्रेल 97 को आदेश दिया था।

कलक्टर को ज्ञापन सौंपने गए प्रतिनिधिमंडल में अमरखजी संरक्षण मंडल के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी, सदस्य संतोष चित्तौड़ा, अशोक कुमावत, बड़गांव पंचायत समिति के उप प्रधान बंसीलाल कुमार, भंवरसिंह आदि लोग शामिल थे।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 19 मार्च , 1997

अमरखजी में रुद्र अनुष्ठान का निर्णय

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 18 मार्च। अमरखजी संरक्षण मंडल की सोमवार को सम्पन्न बैठक में मंदिर परिक्षेत्र में औद्योगिक प्रयोजनार्थ पूर्व में आवंटित भूखण्डों को अब तक निरस्त नहीं किए जाने पर रोष जताया गया तथा वैशाख मास में रुद्र प्रसन्नार्थ अनुष्ठान का निर्णय हुआ।

स्वाधीनता सेनानी मास्टर बलवंत सिंह मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में इस बात पर रोष जताया गया कि इस देव वन स्थली पर आवंटन निरस्तगी के लिए अक्टूबर में प्रशासन को ज्ञापन देकर आग्रह किया गया परन्तु कार्रवाई शून्य रही। बैठक में अमरखजी मंदिर परिक्षेत्र के संरक्षण-संवर्धन के लिए 'मास्टर प्लान' में अन्य आयोजनों की सुविधाएं यथावत रखने, भोजनशाला, गौशाला व सत्संग भवन के बीच दूरी रखने, सुरक्षा दीवार बनाने, शिवाराधना से जुड़ी गतिविधियों के नैरंतर्य, योग केन्द्र संचालन, राजस्व भूमि पर वन विकास आदि पर चर्चा हुई।

चर्चा में महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी, बड़गांव के उपप्रधान बंशीलाल कुम्हार, पूर्व विधायक जोधसिंह चौहान, पं. राधागोविन्द आचार्य, मोहनलाल जोशी ने भाग लिया।

दैनिक नवज्योति

विशेष • नगर विशेष • आस

अजमेर, गुरुवार 20 मार्च 1997

र्च 1997 पृष्ठ संख्या (12)

विशेष • आसपास • नगर विशेष

अमरखजी संरक्षक मंडल ने रोष जताया

महादेव परिक्षेत्र की भूमि अभी भी औद्योगिक प्रयोजनार्थ क्षेत्र में

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 19 मार्च।

अमरखजी '' महादेव परिक्षेत्र '' में औद्योगिक प्रयोजनार्थ पूर्व में आवंटित किए जा चुके भूखण्ड के अभी तक निरस्त न किये जाने पर अमरखजी संरक्षण मण्डल ने रोष प्रकट किया है।

अमरखजी संरक्षण मण्डल की एक बैठक स्वतंत्रता सैनानी मास्टर बलवंत सिंह मेहता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में बताया गया है कि उक्त आवंटन को निरस्त करने के लिये जिला कलक्टर ने पिछले अक्टूबर माह में राज्य सरकार को पत्र भेजकर आग्रह किया, किन्तु अभी तक कार्यवाही न होने पर मण्डल द्वारा गंभीर चिन्ता और रोष जाए अन्यथा जन- आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करना पडेगा।

बैठक में अमरखजी विकास के ''मास्टर प्लान'' में कुछ एक संशोधन कर यथाशीघ्र अंतिम रूप देने का निर्णय किया गया। परिसर में आवश्यक होने पर ही न्यूनतम निर्माण कार्य प्रस्तावित योजना के अर्न्तगत ही किया जायेगा जिससे '' देव-वन-स्थली'' की मौलिकता यथावत बनी रहे।

मंडल के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बताया कि योजना में उन सभी गतिविधियों का ध्यान रखा गया है जो परम्परागत यहां होती आई है इनमें प्रतिवर्ष लगने वाला ग्रामीण मेला प्रमुख है। मेले के लिए उचित स्थान तय किया गया है जिससे न तो मार्ग अवरूद्ध हो ना ही

उन्होंने बताया कि योजना में शिविर स्थल को आरक्षित किया गया है जहां वर्ष पर्यन्त एन.सी.सी., स्काउट एण्ड गाईड, संस्कार उन्नयन बाल शिविर आदि चारित्रिक निर्माण शिविर आयोजित हो सके तथा वर्ष में लगने वाला मेला और भी अच्छे ढंग से लगे।

योजना पर विचार करते हुए यह तय किया गया कि वर्तमान में स्थित गौशाला एवं भोजनशाला के लिये अन्य स्थान निश्चित किया जाए जिससे मुख्य मंदिर एवं सत्संग भवन से आवश्यक दूरी बनी रहे ताकि भक्त एवं श्रद्धालु अपनी पूजा-आराधना निर्विघ्न एवं शांति पूर्वक सम्पन्न कर सके।

बैठक में बडगांव पंचायत समिति के उप प्रधान बंशी लाल कुम्हार ने परिसर की परिधि

चौहान ने वेद एवं शिवाराधना से जुड़ी नियमित गतिविधि यहां प्रारम्भ की जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने बैठक में उपस्थित पंडित राधागोविन्द आचार्य से आग्रह किया कि वे वेद विद्यालय एवं योग केन्द्र जैसी गतिविधि के संचालन की पहल करें।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अमरखजी की जमीन की मुआवजा राशि का उपयोग अमरखजी के विकास कार्य में खर्च किये जाने के लिये प्रशासन एवं देवस्थान विभाग को योजना प्रस्तुत की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि उक्त राशि धरोहर के रूप में अमरखजी के लिये सुरक्षित रहे। साथ ही एक अन्य प्रस्ताव में तय किया गया कि आसपास की राजस्व भूमि को वन विकसित करने के लिए मंडल को सिपुर्द कराई जाए अथवा वन विभाग को आवंटित

दैनिक नवज्योति
22 मई 1997

अमरखजी, औषधि वन क्षेत्र तो है ही साथ ही साधना स्थली भी है

न्यूज सर्विस
उदयपुर, 21 मई।

प्रसिद्ध पुरातत्वविद् डॉ. बृज मोहन जावलिया ने कहा कि अमरखजी उपयोगी औषधियों का वन क्षेत्र और तपस्वियों की साधना स्थली के साथ ही यह तीर्थयात्रियों का केन्द्र कहा है। यह बात यहां मौजूज शिलालेखों से स्पष्ट होती है।

वे सोम प्रदोष के अवसर पर अमरखजी संरक्षण मंडल की ओर से आयोजित संगोष्ठी में प्रमुख वक्ताके रूप में बोल रहे थे। ''अम्बरीष तपोवन अमरखजी संरक्षण के आयाम ''विषय पर बोलते हुए उन्होंने शिलालेखों का हवाला देते हुए कहा'' जात्र साफल्यम ''लिखे हुए का अर्थ यात्रा सफल हो है। संवत 1699, 1706 आदि में बग्गा, कक्ष, जोगीदास, पुरूषोत्तम आदि के परिवारों ने यहां यात्रा की।

उन्होंने कहा अधिक पुराने शिलालेख तो पठनीय नहीं है। उन्होंने संभावना व्यक्त की कि 11 वीं शताब्दी के नागदा शासकों के शिलालेख यहां अवश्य होने चाहिए। उन्होंने यहां खुदाई की आवश्यकता बताई।

डॉ. जावलिया ने अमरखजी की बहुआयामी महत्ता बताते हुए इस सम्पूर्ण परिक्षेत्र करे संरक्षण की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने इस क्षेत्र में भूखण्ड आवंटन किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

इस अवसर पर लोक कथाविद् गोस्वामी समाज के लक्ष्मणपुरी ने अमरखजी परिक्षेत्र में उद्योगों के लिए आवंटित भूखण्ड भी तक निरस्त न किए जाने पर गंभीर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी विरासत और परम्पराओं की सुरक्षा का दायित्व हमारे स्वयं का है। न तो किसी की याचना करनी है ना ही दैव भरोसे बैठना है।

महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा वनस्थलियों का देव शिव है। प्रकृति संरक्षण का आदि देव शिव है इसीलिए वह पशुपतिनाथ है। उन्होंने कहा पशुपतिनाथ की आराधना मे समग्र पर्यावरण संरक्षण का रास्ता है। यह पर्यावरण के लिए खण्ड खण्ड में किया जाने वाला विचार नहीं।

उन्होंने कहा वर्तमान के हालात ने प्रमाणित कर दिया है कि पर्यावरण का प्रश्न अस्तित्व और अस्मिता का है। अमरखजी संरक्षण के हवाले से उन्होंने विडम्बना व्यक्त की कि एक ओर हम आजादी की स्वर्ण जयंती मना रहे है और दूसरी ओर अस्तित्व और धर्म से जुड़े मसले के लिए न्याय की याचना करनी पड़ रही है। इस अवसर पर युगधारा के जय प्रकाश ज्योतिपुंज ने पर्यावरण पर कविता पाठ किया। एडवोकेट खूबी लाल सिंघवी ने इस क्षेत्र की सुरक्षा को ईश्वरीय कार्य मानते हुए करने की आवश्यकता बताई।

गोष्ठी के प्रारम्भ में अमरखजी मंडल के संतोष चित्तोडा ने स्वागत किया तथा इस क्षेत्र में आवंटित भूखण्ड निरस्त कराने के संघर्ष का हवाला देते हुए जन आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करने की अपील की। सापेटिया के सरपंच मोहन लाल जोशी ने संरक्षण के लिए आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। एक दर्जन से अधिक गांवों के प्रतिनिधियों ने अमरखजी संरक्षण के लिए महादेव की साक्षी में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। बैठक का संयोजन मदन क्षितिज ने किया तथा अम्बेरी के सरपंच पुराजी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। गोष्ठी के पूर्व रूद्राभिषेक में मंडल की ओर से यजमान फतह लाल डांगी और पुराजी ने रूद्र की आरती की।

राष्ट्रदूत
उदयपुर बुधवार 21 मई 1997

वनौषधियों का खजाना रहा है अमरखजी

उदयपुर, 20 मई (वि)। अमरखजी उपयोगी औषधियों का वन क्षेत्र और तपस्वियों की साधना स्थली के साथ ही तीर्थयात्रियों का केन्द्र रहा है।

उक्त विचार सोम प्रदोष के अवसर पर अमरखजी संरक्षण समिति मण्डेल द्वारा आयोजित संगोष्ठी में पुरातत्वविद् डा. बृजमोहन जावलिया ने व्यक्त किये।

इस अवसर पर लोक कथाविद् गोस्वामी समाज के लक्ष्मणपुरी ने अमरखजी परिक्षेत्र में उद्योगों के लिये आवंटित भूखण्ड अभी तक निरस्त न किये जाने पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी विरासत और परम्पराओं की सुरक्षा का दायित्व हमारे स्वयं का है।

महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि हम आजादी की स्वर्ण जयन्ती मना रहे हैं और दूसरी ओर अस्तित्व और धर्म से जुड़े मसले के लिय न्याय की याचना करनी पड़ रही है। इस अवसर पर युगधारा के जयप्रकाश ज्योतिपुंज ने पर्यावरण पर कविता पाठ किया।

गोष्ठी के प्रारम्भ में अमरख जी मंडल के संतोष चित्तौड़ा ने स्वागत किया तथा इस क्षेत्र में आवंटित भूखण्ड निरस्त कराने के संघर्ष का हवाला देते हुए जन आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करने की अपील की। सापेटिया के सरपंच मोहनलाल जोशी ने संरक्षण के लिए आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। बैठक का संयोजन मदन क्षितिज ने किया तथा अम्बेरी के सरपंच पुराजी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। गोष्ठी के पूर्व रुद्राभिषेक में मण्डल की ओर से यजमान फतहलाल डाँगी और पुराजी ने रुद्र की आरती की।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 16 अक्टूबर, 1996

अमरखजी के समीप उद्योगों को भू आवंटन का विरोध

उदयपुर, 15 अक्टूबर (वि.)। अमरखजी संरक्षण मंडल के प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष शांतिलाल चपलोत से मिला व प्राचीन अमरख महादेव मंदिर के सौन्दर्य व वन वैभव की रक्षा के लिए क्षेत्र में उद्योगों को भूमि आवंटित करने का विरोध किया।

ज्ञापन में बताया गया की करीब आठ वर्ष पूर्व अमरख जी क्षेत्र में उद्योग प्रयोजनार्थ भूखण्ड आवंटित किए गए थे। शुरू में लोगों ने प्रशासन से आग्रह कर आवंटनों निरस्त करने का आग्रह किया था, बाद में दो सितम्बर को स्वतंत्रता सेनानी बलवन्त सिंह, पूर्व विधायक जोधसिंह चौहान, भुवाणा, सापेटिया, ढीकली, अम्बेरी, बेदला, चीरवा, रामा गांव के सरपंचों, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना व यातायत जांच के बाद 4 सितम्बर 1990 को जिला कलक्टर ने सभी आवंटन निरस्त कर दिए व हाईटेंशन लाइन के आगे कोई भूखण्ड आवंटित नहीं करने का आश्वासन दिया।

इधर एक उद्यमी ने न्यायालय भू प्रबंध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी के समक्ष याचिका दायर की। अदालत ने आवंटन निरस्त करने पर रोक को गलत माना तथा जिला कलक्टर को इस आशय के निर्देश जारी किए। दूसरी ओर गत 30 मई को एक ओर मार्बल उद्योग को यहां लीज डीड जारी कर दी गई।

गत सोमवार को संगठन की बैठक हुई जिसमें महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी, संतोष चित्तौड़ा, बड़गांव पंचायत समिति के उपप्रधान बंशीलाल, सापेटिया के सरपंच मोहन जोशी व अन्य कई गांवों से आए लोगों ने अमरखजी मंदिर के पुरातत्व व वन वैभव को उद्योग धंधों के प्रदूषण से बचाने के संबंध में आगामी योजना पर विचार किया।

युग की प्रतिदिन सेवा

सम्वत् 2053 शाके 1918 अश्विन शुक्ला 4 बुधवार दिनांक 16-10-96

अमरखजी क्षेत्र में मार्बल उद्योग पर लगा स्थगन हटाने की निंदा

उदयपुर, 15 अक्टूबर (वि)। समीपवर्ती अमरख जी परिक्षेत्र में विगत छह वर्षों से किए गए विकास व सौन्दर्यीकरण के प्रयासों को कुचलते हुए जिला कलक्टर डा. अशोक सिंघवी ने मार्बल उद्योग के लिए आवंटित भूखण्ड को निरस्त न कर निर्माण कार्य पर लगा स्टे आदेश हटा लिया है।

अमरखजी संरक्षण मण्डल कार्यकारिणी की सोमवार को पूर्व विधायक जोधसिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित आपात बैठक में इस बात पर गंभीर चिंता एवं आश्चर्य व्यक्त किया गया कि ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय से संरक्षण मण्डल को अनभिज्ञ रखते हुए लंबे कालखण्ड के पश्चात भी आवंटन को निरस्त नहीं किया गया।

उल्लेखनीय है कि आठ वर्षों पूर्व अमरख जी परिक्षेत्र में उद्योग प्रयोजनार्थ भूखण्ड आवंटित किए गए, जिस पर क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रबल विरोध करते हुए चक्काजाम कर आंदोलन छेड़ दिया था तत्पश्चात उक्त आवंटन निरस्त कर दिए गए किंतु वांछित कार्यवाही नहीं किए जाने पर उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्वतंत्रता सेनानी मास्टर बलवंत सिंह मेहता के नेतृत्व में धरना देते हुए सत्याग्रह किया गया।

अमरख जी संरक्षण मण्डल ने स्टे आदेश हटाने की कार्यवाही पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रशासन व सरकार से उक्त आवंटनों को अविलम्ब निरस्त करने की मांग की है तथा चेतावनी दी है कि महादेव के इस क्षेत्र में किसी भी तरह के अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 27 फरवरी, 1992

अमरकजी मन्दिर का जीर्णोद्धार 2 से

उदयपुर, 26 फरवरी [वि.]। अतिप्राचीन अमरकजी मन्दिर के जीर्णोद्धार का कार्य महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रारम्भ किया जाएगा।

इसी क्रम में अमरकजी संरक्षण मण्डल शान्तिपीठ द्वारा गत सोमवार को जीर्णोद्धार के लिए मन्दिर परिसर में एक अनुष्ठान पं. राधा गोविन्द आचार्य और डा. राजशेखर व्यास के सानिध्य में हुआ। अनुष्ठान में नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह लिखारी, शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी, कन्हैयालाल बाफना, चन्द्रगंधर्व 'शशि', भुवाणा के पूर्व सरपंच संतोष चित्तौड़ा, सापेटिया के पूर्व सरपंच मोहन जोशी आदि ने जीर्णाद्धार का संकल्प ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि यह शिव मन्दिर गुप्तकाल का है और इतिहासविद् एवं पुरातत्व वेत्ताओं के मतानुसार यह छठी शताब्दी का माना जाता है।

राजस्थान पत्रिका

28,840, कुल योग- 2,96,900 उदयपुर, बुधवार, 17 फरवरी, 1993

अमरखजी महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार पर अब तक सात लाख रु. खर्च

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 16 फरवरी। नगर की उत्तर दिशा में चीरवा घाटे से पूर्व ही पहाड़ियों के बीच अवस्थित अतिप्राचीन अमरखजी महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार कार्यों को अब करीब एक वर्ष पूरा होने आया है और अब तक सात लाख रुपए से भी अधिक राशि व्यय हो चुकी है। अनुमान है कि सम्पूर्ण जीर्णोद्धार के लिए कम से कम 20 लाख रुपए और व्यय होंगे।

अत्यंत जर्जर एवं खंड-खंड अवस्था में पहुंच चुके अमरखजी महादेव मंदिर के निर्माण काल को लेकर यद्यपि इतिहासकार एक मत नहीं है लेकिन ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर का निर्माण 8वीं या दसवीं शताब्दी के दौरान हुआ। इस ऐतिहासिक मंदिर के, जो वास्तुकला का उत्कृष्ट नमूना है, जीर्णोद्धार का बीड़ा करीब चार वर्ष पूर्व स्वैच्छिक, सामाजिक संस्था 'शांतिपीठ' ने उठाया और नाना प्रयासों के बाद विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को एक मंच पर लाकर वर्ष 1990 में अमरखजी संरक्षण मंडल का गठन किया गया जिसका अध्यक्ष मास्टर चन्दवंत सिंह मेहता को तथा कोषाध्यक्ष, समाजसेवी कन्हैयालाल देवपुरा को बनाया गया। इसके बाद शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी की अगुवाई में इस मंदिर के जीर्णोद्धार का श्रीगणेश 2 मार्च 1992 को नगर विकास प्रन्यास के तत्कालीन अध्यक्ष सरदार नरेन्द्र सिंह लिखारी के हाथों हुआ। जीर्णोद्धार कार्यों के लिए जहां कन्हैयालाल देवपुरा व अनंत गणेश त्रिवेदी का अधिकांश समय मंदिर परिसर में ही बीतता है। उन्हें इतिहासकार डा. गोपीनाथ शर्मा तथा डा. राजशेखर व्यास का मार्गदर्शन प्राप्त है। अमरखजी संरक्षण मंडल को, जिसे भविष्य में पृथक न्यास का रूप दिया जाएगा, नरेन्द्र सिंह लिखारी, पूर्व विधायक जोधसिंह चौहान, कन्हैयालाल बाफना, मोहम्मद हुसैन बोहरा, सत्यनारायण चौधरी तथा आसपास की कई ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंचों संतोष चौहान, बंशीलाल कुम्हार, गमेरीलाल व्यास, भंवरलाल शर्मा व छगनलाल जैन के अलावा भुवाणा, अंबेरी, सापेटिया, ढीकली, चीरवा, बेदला, लखावली आदि गांवों की जनता व जिला प्रशासन के साथ ही अनेक दानदाताओं का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

मूल मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ ही मंदिर प्रांगण में स्थित दो जलकुंडों की सफाई एवं मरम्मत का कार्य भी हाथ में लिया गया। इसके लिए जिला प्रशासन ने एक लाख 40 हजार रुपए की राशि मंजूर की और बड़गांव पंचायत समिति के माध्यम से कार्य शुरू किया गया। ये दोनों जलकुंड भी मंदिर की ही भांति अति प्राचीन माने जाते है जो कीचड़ से भरे थे। इनकी सफाई का काफी काम पूरा हो गया है और अब तो एक कुंड जमाने में इस एक कुंड पर रहट भी लगा हुआ था।

इसके अलावा राज्य सरकार ने एक लाख 90 हजार रुपए सड़क निर्माण के लिए स्वीकृत किए और राष्ट्रीय राजमार्ग से मंदिर तक सड़क बनवाई गई है। अमरखजी संरक्षण मंडल ने जन सहयोग से करीब तीन लाख रुपए भी एकत्र किए।

इन दिनों मंदिर के शिखर की मरम्मत की जा रही है। चूना घुटाई से इस शिखर को इसका पुराना स्वरूप देने के कार्य में प्रतिदिन करीब 12 श्रमिक कार्यरत है। इस कार्य पर करीब 70 हजार रुपए खर्च आएगा। इसके अलावा मंदिर के गर्भगृह के प्रवेश द्वारों की मरम्मत करके संगमरमर की चौकियां लगाई जा रही है। अनंत गणेश त्रिवेदी व कन्हैयालाल देवपुरा का मानना है कि मंदिर के पूर्ण जीर्णोद्धार के लिए अभी कम से कम 20 लाख रुपए की जरूरत है और धनराशि संग्रह के लिए दानदाताओं का निरंतर सहयोग भी मिल रहा है।

इतिहासकार डा. राजशेखर व्यास की राय है कि उक्त मंदिर का सत्रहवीं सदी में भी जीर्णोद्धार हुआ था लेकिन आज यह मंदिर पुनः जर्जरहाल हो चुका है। मंदिर के गर्भगृह में प्रतिष्ठापित पंचमुखी श्वेत पाषण की शिव प्रतिमा भी मूल प्रतिमा नहीं है, यह जीर्णोद्धार के समय प्रतिष्ठापित की गई मानी जाती है। मंदिर के दक्षिण में सभामंडप है जो स्थापत्य कला का उत्कृष्ट नमूना है। इसका गुंबद गज पृष्ठाकार है लेकिन सभामंडप भी जर्जरावस्था में है। कई प्रतिमाएं खंडित हो चुकी है या चुराई जा चुकी है।

शहर के बाहरी छोर पर आम, सीताफल, जामुन के पेड़ों तथा चहुं ओर हरियाली से अच्छादित अमरखजी मंदिर शहरवासियों के लिए गोठ आयोजन व पिकनिक स्थल के रूप में भी ख्याति पाता जा रहा है तो शहर के धूम-धड़ाके व प्रदूषण से त्रस्त लोगों के लिए यह एकाकी स्थल मानसिक शांति प्रदान करने वाला साबित हो रहा है।

अमरखजी मंदिर को देवस्थान विभाग ने सुपुर्दगी श्रेणी का मंदिर माना है और इस मंदिर की भूमि संपदा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 के दोनों ओर अवस्थित है। त्रिवेदी के अनुसार मंदिर की कुल भूमि करीब 139 बीघा है और इसके संरक्षण के लिए भी समुचित उपाय किए जाने है। मंदिर की कुछ भूमि को लेकर विवाद भी चल रहा है और मंदिर परिसर के प्रवेश द्वार के बाहर ही तीन मार्बल इकाइयों ने अपने कब्जे कर रखे है। इनमें से दो इकाइयों की चार दिवारियां भी बन गई है। एक मार्बल इकाई लगाने वाले ने तो पहाड़ों को ही काट डाला था लेकिन उक्त इकाई को आवंटित भूमि की लीज डीड जिला कलक्टर ने निरस्त कर दी है।

त्रिवेदी के अनुसार मंदिर परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर जो राजमार्ग पर है, चौकीदार की तैनातगी, चौकीदार के लिए एक कमरे तथा प्याऊ निर्माण की योजना है। इसके अलावा मंदिर व जलकुंड के समीप 1300 वर्गफुट क्षेत्र में 'संत विश्रामगृह' का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा यहां गोठ आदि के लिए आने वाले लोगों की सुविधा की खातिर एक बरामदा भी बनवाया जा रहा है।



अमरखजी महादेव मंदिर, जिसके जीर्णोद्धार का कार्य इन दिनों प्रगति पर है। पत्रिका

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 31 दिसम्बर, 1991

मार्बल स्लरी निश्चित स्थान पर डलवाने की मांग

उदयपुर, 30 दिसम्बर [वि.]। अमरकजी संरक्षण मण्डल ने प्रशासन से चिरवा घाटे पर सड़क के आसपास मार्बल स्लरी डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

मण्डल के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने एक बयान में बताया कि जिला कलक्टर ने पूर्व में आदेश जारी कर मार्बल इकाइयों को मार्बल स्लरी एक निश्चित स्थान पर डालने के लिए पाबंध किया था पर इस आदेश का पालन नहीं हो रहा है।

जयराजस्थान-31.12.91

चिरवा घाटे में मार्बल स्लरी

उदयपुर ३० दिसम्बर। राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या ८ पर अम्बेरी के आगे चिरवा घाटे के एक ओर डाली जा रही "मार्बल स्लेरी" पर " अमरकजी संरक्षण मण्डल" ने अपना खेद व्यक्त किया है। आज पूर्विंहन मण्डल के सदस्यों ने मौके पर उपस्थित होकर टेंकरों द्वारा मार्बल द्रव्य को सड़क के इर्द-गिर्द डालने से रोका। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जिलाधीश ने एक आदेश जारी कर सभी मार्बल इकाइयों को अपना मार्बल वेस्ट डालने के लिये एक नियत स्थान पर पाबन्द किया था।

नाथद्वारा से आते समय चिरवा घाटे के अंतिम उतार पर जहां एक ओर अमर मार्बल स्थित है इसके आगे बांई ओर डाली जा रही "स्लरी" के सुखने पर मार्बल की झुरी के ढेर लगना शुरू हो गये है जो कभी भी किसी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

राजस्थान पत्रिका

टा- 25,220, बीकानेर- 23,480, कुल योग- 2,48,600 उदयपुर, रविवार 25 अगस्त, 1991 वर्ष 36 अंक 171

आज रक्षाबन्धन

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 24 अगस्त। रक्षाबन्धन का पारम्परिक पर्व रविवार को समूचे अंचल में हर्षोल्लास से मनाए जाने की तैयारियां हैं। राखी के उपलक्ष में शनिवार को सभी जगह बाजारों में राखियों एवं मिष्ठान आदि की बिक्री का जोर रहा। रविवार को श्रावणी पूर्णिमा के अवसर पर विविध धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे जबकि उदयपुर में अमरखजी महादेव पर सोमवार को ठण्डी राखी का मेला लगेगा।

रक्षाबंधन.....

[पृष्ठ एक कालम तीन का शेष]

अमरखजी में सोमवार को ठण्डी राखी के उपलक्ष में पारम्परिक मेला लगेगा, जिसमें अमरखजी संरक्षण मण्डल, शान्तिपीठ की ओर से [illegible] उत्सव भी आयोजित किया जाएगा।



'आज बंधेंगे भाई की कलाई पर प्रेम के धागे'

प्रति: काल 25 अगस्त 1991

अमरकजी में कल मेला

उदयपुर, 24 अग. (नसं.)। समीपवर्ती अमरकजी में राखी के दूसरे दिन आस्था एवं संस्कृति से जुड़ा मेला भरा जायेगा।

परम्परागत लगने वाले इस मेले के साथ ही अमरकजी संरक्षण मंडल द्वारा उस दिन वन महोत्सव का आयोजन भी किया जायेगा।

राजस्थान पत्रिका 25 अगस्त, 1991

अमरकजी संरक्षक मंडल

[शान्तिपीठ] अम्बेरी, उदयपुर

आमन्त्रण

दिनांक 26 अगस्त, 91 को प्रातः 11 बजे से संध्या तक अमरकजी आस्था स्थली में लगने वाले मेले और वन महोत्सव में आप सादर आमन्त्रित हैं।

विनीत

कार्यक्रम आयोजन, समिति

सौजन्य से:-

K & R TAILORS

46, बापू बाजार, उदयपुर फोन- 23060/29512

2. अनुपम वस्त्रालय, बापू बाजार, उदयपुर

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 18 अप्रेल, 1991

'वैज्ञानिक अनुसंधान में वरदान अमरकजी के प्राचीन वृक्षों को बचाना जरूरी'

उदयपुर, 17 अप्रेल [वि.]। अमरकजी संरक्षण मण्डल की शोध परिषद का मानना है कि इस धर्मस्थल के इर्द-गिर्द खड़े हजारों वर्ष पुराने वृक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में वैज्ञानिकों के लिए वरदान हैं, जिन्हें बचाने की महत्ती आवश्यकता है।

उक्त बात सोमवार को अमरकजी संरक्षण मंडल की बैठक में शोध परिषद द्वारा जारी प्राथमिक रिपोर्ट की जानकारी देते हुए महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कही। रिपोर्ट में शिव मंदिर के आसपास विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों की आयु हजारों वर्ष बताई गई है। आम, जामुन के साथ-साथ अन्य विरल प्रजातियों के वृक्ष भी मानव जनसंख्या के दबाव के कारण विनाश के कगार पर खड़े हैं। सर्वाधिक महत्वपूर्ण वृक्ष केजिरिया टोमेंटोसा है, जिसका घेराव लगभग 260 इंच से भी अधिक है। संवतः यह अपनी प्रजाति का देश में सर्वाधिक बड़ा वृक्ष है। इस वृक्ष से वन वर्धन की नई तकनीकों तथा टिशूकल्चर आदि से वनीकरण के लिए विपुल मात्रा में पौधे प्राप्त किए जा सकते हैं। ऐसे पौधों की बनावट मातृ वृक्ष की तरह होने से उच्च घेरे तथा आकार वाले वृक्ष प्राप्त होने की संभावना को बल मिलता है। ऐसे वृक्षों में निहित जर्मप्लाज्म का संरक्षण मानव सभ्यता के सतत आर्थिक विकास के लिए अति आवश्यक है। अमरकजी के अन्य वृक्षों में निहित जैव विविधता का संरक्षण भी भविष्य में रोगरोधी पौधों के विकास के लिए आवश्यक है।

बैठक में अमरकजी पारिस्थितिकी तंत्र की संरक्षा के लिए एक एकीकृत प्रबंध एवं संरक्षण योजना को अंतिम रूप दिया गया, जिसमें वृक्षों की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध एवं स्थानीय प्रजातियों का क्षेत्र में रोपण करना तय किया गया। बैठक में पुनः इस बात पर गंभीर चिन्ता व्यक्त की गई कि उद्योगों के लिए पूर्व में आवंटित भूखंडों को निरस्त नहीं किए गए हैं।

बैठक में बताया गया कि पिछले वृहस्पतिवार को डा. बलवन्त सिंह मेहता व अनन्त गणेश त्रिवेदी ने जयपुर में मुख्यमंत्री को पत्र देकर उक्त आवंटन को अविलम्ब निरस्त करने की मांग की। उन्होंने बताया कि यदि कुछ दिनों में यह निरस्त नहीं हुए तो अंतिम निर्णय जनता का होगा। बैठक में नगर एवं गांवों के कई प्रतिनिधियों के अलावा भुवाणा के सरपंच भंवरलाल शर्मा, ढीकली के सरपंच छगनलाल जैन, विद्या भवन रूरल इंस्टीट्यूट के डा. आर.के. गर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम सिंह चौहान व शिवराज सिंह धाबाई ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संयोजन बेदला सरपंच बंसीलाल कुम्हार ने किया।

हिन्दुस्तान 26/4/91

देश का सबसे बड़ा वृक्ष !

उदयपुर, २५ अप्रेल (ह. सं.)। अमरकजी नामक धर्मस्थल के इर्द-गिर्द प्राचीन वृक्षों की बड़ी संख्या में प्रजातियां हैं जिनका संरक्षण बहुत जरूरी है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण वृक्ष केजिरिया टोमेंटोसा यहीं है जिसका घेराव ही २६० इंच से अधिक है। इस वृक्ष से वनवर्धन की नई तकनीकों तथा टिशूकल्चर आदि से वनीकरण के लिए विपुल मात्रा में पौधे प्राप्त किए जा सकते हैं। यह बात अमरकजी संरक्षण मंडल की एक बैठक में शोध परिषद द्वारा जारी रिपोर्ट में महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कही।

बैठक में अमरकजी पारिस्थितिकी तंत्र की संरक्षा के लिए एक एकीकृत प्रबंध एवं संरक्षण योजना को अंतिम रूप दिया गया जिसमें वृक्षों की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध एवं स्थानीय प्रजातियों का रोपण करना तय किया गया।

30/3/11

एक ग्रीन बेल्ट जो अब व्हाइट बेल्ट बन चुका है

□ रमेश व्यास

झीलों की इस नगरी में व आसपास के इलाके में हरीतिमा बरकरार रखने के प्रयासों के तहत हरित पट्टिका [ग्रीन बेल्ट] घोषित क्षेत्रों में खनन एवं उद्योग पनपते जा रहे हैं। सबसे बुरा हाल मुछेर, अंबेरी व चीरवा घाटे का जहां पिछले 3-4 वर्षों में ग्रीन बेल्ट का अस्तित्व ही खत्म हो गया है और आश्चर्यजनक रूप से व्हाइट बेल्ट विकसित होता जा रहा है।

यह व्हाइट बेल्ट [श्वेत पट्टिका] इस इलाके में उगते की तरह उग रही संगमरमर कटाई और फिनिशिंग इकाइयों से निकले पाउडर व गारे की देन है।

उदयपुर से नाथद्वारा की ओर जाते समय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-8 पर भुवाणा गांव की आवासीय बस्ती खत्म होते ही सड़क के दोनों ओर संगमरमर इकाइयों का साम्राज्य फैला हुआ दिख जाता है। यूं इस इलाके में कुछ अन्य उद्योग भी हैं जिनमें राजस्थान पेट्रो सिंथेटिक्स, इलेक्ट्रोनिकी उद्योग आदि हैं लेकिन संगमरमर उद्योग सर्वाधिक है। संगमरमर उद्योग का रेखाकार [लंबाई में] फैलाव इसी राजमार्ग पर स्थित सुखेर व अंबेरी गांवों से भी आगे चीरवा के घाटे तक जा पहुंचा है।

उद्योग विभाग के अनुसार कुल मिलाकर वहां करीब एक सौ औद्योगिक इकाइयां है जिनमें से संगमरमर कटाई की करीब 40 इकाइयां हैं और करीब 30-40 औद्योगिक इकाइयां, जिनमें संगमरमर इकाइयां भी हैं, प्रशासन की नजर में अनधिकृत है।

खनिज संपदा के समुचित दोहन का नारा देने वाली हर सरकार तथा व्यवसाइयों की लालच की वृत्ति के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर स्थापित संगमरमर औद्योगिक इकाइयों का जिस तेजी से विकास हुआ है उसी तेजी से इस क्षेत्र में हरीतिमा का नाश हुआ है। किसी समय राजमार्ग के दोनों ओर वृक्ष, खेत-खलिहान हुआ करते थे लेकिन आज यह सारी भूमि औद्योगिक उपयोग में आ रही है। यहां औद्योगिक क्षेत्र बसाने का श्रेय भी सरकारी उपक्रम 'रीको' को जाता है। ऐसे में अन्य व्यवसायी भी कहां चूकते और उन्होंने भी अपनी सामर्थ्य एवं सुविधानुसार खेत खरीद लिए और प्रशासन की अनुमति मिली या नहीं मिली लेकिन संगमरमर कटाई के लिए गैंग-सॉ लगा दिए।

गैंग-सॉ इकाइयों में संगमरमर की कटाई डायमंड कटर से की जाती है और इस कटाई की प्रक्रिया में पानी के साथ संगमरमर के पाउडर के मिलने से गारा निकलता रहता है जिसे इन औद्योगिक इकाइयों के मालिक सड़क किनारे ही डाल देते हैं और सूखने के बाद सफेद पाउडर तेज हवाओं के साथ उड़ता रहता है।

सड़क किनारे व कई बार तो सड़क पर ही डाल दिए गए इस गारे के कारण भुवाणा से चीरवा घाटे तक की कोलतार सड़क सफेद हो चुकी है और भारी वाहनों के आवागमन के कारण वहां चौबीसों घंटे सफेद धूल के गुब्बार उड़ते रहते हैं।

सड़क के दोनों ओर जहां पहले कभी खड्डे थे, उस जगह को समतल बनाने के लिए भी कई लोगों ने खड्डों में भरवाना शुरू कर दिया और इस प्रक्रिया में चारों ओर खेत पट्टिकाएं विकसित होती गई जहां कालान्तर में मार्बल इकाइयां ही स्थापित होगी। नगर के मास्टर प्लान में उक्त भूमि ग्रीन बैल्ट के रूप में दर्ज है लेकिन उद्यमियों ने कानूनी दांवपेच लगाकर या एक निश्चित क्षेत्र में वृक्षारोपण करने का वायदा करके उद्योग शुरू करने में सफलता पा ली।

इस क्षेत्र की मार्बल इकाइयों पर जिला प्रशासन का भी ज्यादा असर नहीं है। प्रशासन ने कई बार

कड़वा-मीठा सच

निर्देश जारी किए लेकिन कटाई के दौरान निकला गारा सड़क किनारे ही डाला जाता रहा है। 'रीको' ने गारा डालने के लिए चीरवा घाटे में एक स्थान भी नियत किया लेकिन बहुत कम इकाइयों ने गारा वहां तक ले जाने की जहमत उठाई।

दिक्कत इस बात को लेकर भी है कि संगमरमर कटाई के दौरान निकला गारा, जो 'पेस्ट' की शक्ल में होता है, किसी काम नहीं आता। कई लोगों ने इसे सुखाकर सीमेंट या चूने के साथ मिलाकर भवन निर्माण कार्यों में उपयोग की संभावनाएं भी ढूंढी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी।

जानकार लोगों का मानना है कि यह गारा या पाउडर केवल धरती के ही काम का है। उदयपुर में बढ़ते मार्बल उद्योग को देखकर मार्बल चिप्स व टुकड़ों को जोड़कर पुनः मोजेक टाइल्स बनाने की दिशा में अवश्य ही एक व्यवसायी ने प्रयास किए हैं और पोलर मार्मो एग्लोमरेट्स नाम से भारी भरकम कारखाना भी लगाने जा रहा है। कुछ लोग मार्बल स्लरी से इटली में मूर्तियां बनाए जाने की भी बात बताते हैं, लेकिन पुख्ता जानकारी व तकनीकी के अभाव में अभी तक हमारे यहां मार्बल स्लरी [गारे] का सदुपयोग अभी भी सुनिश्चित नहीं हो पाया है। नतीजतन उदयपुर शहर की परिधि पर स्थित भुवाणा, सुखेर, अंबेरी आदि गांवों में जहां कभी 'ग्रीन बेल्ट' था आज 'व्हाइट बैल्ट' बन गया है और शहर में प्रवेश करने वाले व यहां से जाने वाले पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य की अनुपम छटा के लिए मशहूर रहे उदयपुर के बारे में भी यही राय कायम करते हैं कि यहां भी औद्योगीकरण का जहर फैल रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में एकलिंगजी व राजसमंद के बाद प्रमुख मंडी बनकर उभरा है और यहां औद्योगिक हलचल बढ़ी है। औद्योगीकरण के नाम पर उद्योगों का विकास हो इस राय से तो सभी इत्तफाक रखते हैं लेकिन यदि पेड़, यहां तक कि पहाड़ भी काट डाले जाएं तो यह विकास किस काम का जबकि हकीकत है कि इस पर्वतीय इलाके में दुर्लभ जमीन की खातिर लोग चीरवा घाटे में पहाड़ियों को ही सफाचट करने पर तुले हैं। आज चीरवा घाटे में लोगों ने भूखण्ड खरीद लिए हैं और जो चीरवा घाटा किसी जमाने में अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए मशहूर था आज वहां चारदिवारियां खड़ी हो चुकी है और कई पहाड़ियों पर तो मार्बल इकाइयां भी स्थापित हो गई है। जिला प्रशासन ने यद्यपि यह तय किया था कि अंबेरी के आगे जहां विद्युत मंडल की हाईटेंशन लाइन राजमार्ग के ऊपर से गुजरती है, उससे आगे किसी भी औद्योगिक इकाई की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी लेकिन आज उस बिन्दु से आगे भी कई उद्योग लग चुके हैं। आज भी वहां पहाड़ों को काटा जा रहा है, जिससे अमरख जी जैसे ऐतिहासिक मंदिर तथा उस क्षेत्र की पारिस्थितिकी एवं वन्य जीवन के लिए संकट पैदा हो गया है।

भुवाणा से अंबेरी तक राजमार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण की समस्या भी गहराती जा रही है। व्यवसाइयों ने सड़क किनारे तक की जमीन पर कब्जे कर लिए हैं जहां संगमरमर की पट्टियां पड़ी रहती है। कई व्यवसाइयों ने तो वहां चारदिवारियां भी खड़ी कर दी है।

उदयपुर में जिस तरह से यह व्हाइट बैल्ट विकसित हुआ है वहीं हालात इस राजमार्ग पर नाथद्वारा से लेकर राजसमंद तक है। वहां भी सैकड़ों मार्बल उद्योग लगे हैं और ये ही सारी समस्याएं वहां भी पनपती जा रही है।



राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या आठ पर अंबेरी में संगमरमर के गारे [स्लरी] से भरा एक भूखण्ड। ——— पत्रिका फोटो- जयकांत शर्मा।

उदयपुर एक्सप्रेस
27 मार्च, 1991

झील क्षेत्र नेशनल पार्क घोषित हो : लोढ़ा

पर्यावरण चेतना के लिए क्लब गठित हो : सिंघी

उदयपुर, 26 मार्च (वि)। स्वयं सेवी संस्था 'शांतिपीठ' द्वारा स्थानीय तंबाकियाह सी.उ.मा. विद्यालय में आयोजित चार दिवसीय पर्यावरण चेतना शिविर का आज समापन हो गया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह पर मुख्य अतिथि जिला कलक्टर रत्नसिंह सिंघी ने झीलों में बढ़ता प्रदूषण की समस्या पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त करते हुए शिविरार्थी विद्यार्थियों से अपील की कि वे झीलों को प्रदूषण मुक्त कराने लिये जनता में जागृति लानेके लिये काम करे।

आपने विद्यालयों में पर्यावरण क्लबों का गठन करने का भी सुझाव दिया।

इससे पूर्व विद्यालय आचार्य श्री विष्णु शर्मा हितेषी ने जिला कलक्टर का स्वागत करते हुए प्रशासन का आभार व्यक्त कियाकि शहर की जलवायु को प्रदूषण मुक्त करने के लिये उसने इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से जन चेतना को प्रोत्साहित किया हैं।

समारोह की अध्यक्षता मंत्री सचिव इब्राहीमअली कुराबड वाला ने की व शांतिपीठ के पर्यावरण क्षेत्रमें कार्य की सराहना की।

शांतिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने शिविर की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने के लिए जन आंदोलन की जरुरत पर बल दिया। कार्यक्रम का संयोजन राजीव लोढ़ा ने किया पर सुश्री तस्नीम. इस अवसर युसुफ अली व शब्बीर को शिविर में उल्लेखनीय भूमिक के लिए पुरस्कृत किया गया।

समारोह के पूर्व अंतिम सत्र में सुखाड़िया विश्व विद्यालय में भूगोल विभाग के एसोसियेट प्रोफेसर राजमल लोढा ने बताया कि नगर में अधिसंख्य लोग जलजनित बीमारियों से पीड़ित है। अपने झीलों में फैलाए जा रहे प्रदूषण पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इस समस्या से मुक्ति पाने के लिए झील क्षेत्र को नेशनल पार्क घोषित किए जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने मौके पर जाकर झीलों में हो रहे प्रदूषण का अवलोकन व अध्ययन किया। शिविर में पर्यावरण की विभिन्न शाखाओं के विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारियां दी।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 21 नवम्बर, 1990

अमरकजी पर्यावरण की योजना पर विचार

उदयपुर, 20 नवम्बर [वि.]। अमरकजी संरक्षण मंडल की रविवार को हुई बैठक में अमरकजी परिसर को पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक स्थल के रूप में विकसित करने की प्रस्तावित योजना के प्रथम चरण पर विचार किया गया। बैठक में मुख्य मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र शुरू करने का निर्णय किया गया। संरक्षण मंडल के प्रतिनिधियों ने पुरातत्व अधिकारियों से मिलकर संयुक्त प्रयासों से यह कार्य करने का तय किया था।



Master Balvant Singh Mehta,
Member Indian Constituent Assembly
Shri Anant G. Trivedi,
Shri Bheru Lal Sarnot, Jila Pramukh,
Udaipur and others discussing the
degraded condition of the
Valley-Amrakhji



People's active participation
in regard to safe-guadring
the Valley



Shri Anant Ganesh addressing
the villagers



Shri A.G. Trivedi addressing the public meeting assembled from various villages and the town Udaipur at Amarakhji to save the Chirva Valley.





Mahant
Murli Manohar Sharan Shashtri
addressing the villagers





Amrakhji and the Valley





Dr. Karan Singh discussing
with members of Amrakhji Mandal
(5th jan. 1991)



Commitment to save the Valley





Shri A.G. Trivedi viewing damaged part of the ancient shiv temple 1991





The ancient temple of Amrakhji



The temple after the renovation

६ ● दिल्ली, २५ सितंबर, १९९०

जनसत्ता

उद्योगों के लिए पहाड़ काटे जा रहे हैं उदयपुर में

उदयपुर, २४ सितंबर (जनसत्ता)। शहर के बाहरी इलाके अंबेरी व चीरवा घाटे में इन दिनों राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-आठ के दोनों ओर पहाड़ियों को आधुनिकतम उपकरणों व भारी मशीनरी से समतल किया जा रहा है। यह काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। समझा जाता है कि पहाड़ियों को काटकर यहां मार्बल उद्योग लगाए जाएंगे। पहाड़ों के सीने पर कुछ उद्योग तो लग भी रहे हैं।

प्रशासन की अनुमति के बगैर पहाड़ काटे जाने का काम जिस रफ्तार से चल रहा है उसे देखते हुए पर्यावरण प्रेमियों का यह कहना अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं माना जा सकता कि आने वाले सालों में चीरवा घाटी नहीं रहेगी। वहां चारों ओर औद्योगिक इकाइयां ही दिखाई देंगी। पहाड़ काटने का काम राज्य में हाल ही हुए सत्ता परिवर्तन के बाद अचानक तेजी से होने लगा है।

इस बारे में उदयपुर शहर के सौंदर्य एवं पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि सत्ताधारी राजनेताओं, प्रशासकों और उद्योगपतियों की मिलीभगत के बिना यह असंभव है।

इस इलाके में अधिकृत तौर पर घोषित ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में भी मार्बल इकाइयों के लिए भूमि आवंटन हुआ है। वह इस शर्त के साथ कि उद्योगपति वहां तय तादाद में वृक्ष लगाएगा। पर अब इससे भी एक कदम आगे बढ़कर लोग पहाड़ों को ही काटने पर आमादा हैं और यह बात सभी की समक्ष के परे है कि पहाड़ों को काटकर नए पहाड़ कैसे बनेंगे, पेड़ कहां लगेंगे?

उदयपुर-नाथद्वारा मार्ग पर चीरवा घाटी शुरू होने से पूर्व ही उद्योगों का वर्चस्व नजर आने लगता है और घाटे में व दोनों और पहाड़ियों पर विशाल भूखंडों की चारदिवारियां बनी हुई हैं और प्रस्तावित उद्योगों के बोर्ड लगे हुए हैं। जिन उद्योगों के बोर्ड पहाड़ियों पर लगे हैं वहां पहाड़ काटने का काम रात-दिन चल रहा है। इस बारे में सरकारी सूत्रों ने बताया कि पहाड़ काटने की किसी को भी अनुमति नहीं दी गई है और पहाड़ों पर भूमि आवंटन पर भी रोक है, पर कुछ मामलों में उद्योगों के लिए पूर्व में भूमि आवंटन या लीज जारी हो चुकी है।

SHANTIPEETH INDIA ■ 563 ■ DOWN THE MEMORY LANE

अमरक जी महादेव की भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग

28-9-90

उदयपुर, 27 सितम्बर [वि.]। शिव दल मेवाड़ ने मुख्यमंत्री से अमरक जी महादेव भूमि घोटाले तथा भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटा सारे मामले की तत्काल जांच कराने की मांग की।

शिव दल के जिलाध्यक्ष मनोज मेहता ने एक बयान जारी कर कहा कि चीरवा घाटे का प्राकृतिक सौंदर्य नष्ट करने तथा अमरक जी महादेव की 150 बीघा भूमि पर अवैध कब्जे को बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

मेहता ने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थानों को न तो बिकने दिया जाएगा और न ही वहां अनाधिकृत कब्जे होने दिए जाएंगे।

अवैध कब्जे ध्वस्त किए

2-10-90

उदयपुर, 1 अक्टूबर [वि.]। शिवदल मेवाड़ ने अमृक जी महादेव की भूमि पर हुए अवैध निर्माण कार्यों को ध्वस्त कर दिया। यह जानकारी शिवदल की एक विज्ञप्ति में दी गई।

शिवदल के जिलाध्यक्ष मनोज मेहता ने एक बयान जारी कर बताया कि उक्त कब्जों को हटाने के लिए जिला प्रशासन से निरंतर मांग की जाती रही लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने पर शिवदल ने यह कदम उठाया। मेहता ने बताया कि कुल 150 बीघा भूमि पर किए निर्माण को ध्वस्त किया गया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 6 सितम्बर, 1990

प्रसंगवश

और अब पहाड़ियों का सफाया

अब तक यह सुना जाता था कि पेड़ काट कर पहाड़ियों को नंगा किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हुआ है। इसके साथ ही अनावृष्टि और भूगर्भीय जल स्तर के नीचे चले जाने की समस्याएं पैदा हुई हैं। अब इससे भी एक कदम आगे बढ़कर कुछ लोग अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति के उद्देश्य से पहाड़ों को ही साफ किए दे रहे हैं। उदयपुर शहर के बाहरी हिस्से अंबेरी और चीरवा घाटे में इन दिनों राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर पहाड़ियों को आधुनिक मशीनों से साफ किया जा रहा है। ऐसा करके धीरे-धीरे पहाड़ियों को ही यदि साफ कर दिया गया तो उन्हें पुनः हरा भरा करने की संभावनाएं ही समाप्त हो जायेगी, क्योंकि कहा यह जा रहा है कि यह पहाड़ियां जिन्हें उद्योगपतियों को उद्योग स्थापित करने के लिए आवंटित कर दी गई है।

इस बात की जांच की जानी चाहिए कि यह काम प्रशासन की अनुमति से हो रहा है या बिना अनुमति के? यदि बिना प्रशासन की अनुमति के पहाड़ों का सफाया करने का अभियान चलाया जा रहा है तो यह और भी चिन्ताजनक बात है। इतने बड़े पैमाने पर पहाड़ों को साफ करने के लिए बुलडोजर चलाए जा रहे हों और प्रशासन को पता भी न चले यह संभव ही नहीं है। इससे साफ जाहिर है कि जो कुछ हो रहा है प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा है। यदि प्रशासन को जानकारी नहीं है तो यह बात और भी चिन्ताजनक है। दोनों ही हालात में प्रशासनिक अधिकारियों से जवाब तलब किया जाना चाहिए। यदि किसी ने उद्यमियों को पहाड़ काटने की अनुमति दी है तो किस आधार पर और क्यों दी है? यदि बिना अनुमति के ही यह काम हो रहा है तो ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है? प्रशासन या तो भ्रष्ट है या वह अत्यन्त निष्क्रिय है।

यदि यह हालत रही तो उदयपुर और नाथद्वारा के बीच जहां पर्यावरण को क्षति पहुंचेगी वहीं चीरवा घाटा इतिहास की बात बनकर रह जायेगा। इस स्थान की रमणिकता नष्ट हो जायेगी और उद्योगों के कारण प्रदूषण बढ़ जायेगा। इस सारे मामले की विस्तार से जांच होनी चाहिए। और पर्यावरण के मूल्य पर किसी को भी पहाड़ी भूमि का आवंटन नहीं होना चाहिए।

राजस्थान पत्रिका

,400, कुल योग- 2,48,590 उदयपुर, मंगलवार 4 सितम्बर, 1990

उद्योगों के लिए चीरवा घाटे के पहाड़ों की व्यापक कटाई

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 3 सितम्बर। शहर के बाहरी इलाके अंबेरी व चीरवा घाटे में इन दिनों राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 8 के दोनों ओर पहाड़ियों को आधुनिकतम उपकरणों व भारी मशीनरी से समतल किया जा रहा

यह काम युद्धस्तर पर चल रहा है। समझा जाता है कि पहाड़ियों को काटकर यहां मार्बल उद्योग लगाए जाएंगे। पहाड़ों के सीने पर कुछ उद्योग तो लग भी रहे हैं।

प्रशासन की अनुमति के बगैर पहाड़ काटे जाने का काम जिस रफ्तार से चल रहा है उसे देखते हुए पर्यावरण प्रेमियों का यह कहना अतिश्योक्तिपूर्ण कदापि नहीं माना जा सकता कि आने वाले वर्षों में चीरवा घाटा इतिहास की बात होकर रह जाएगा, वहां चारों ओर औद्योगिक इकाइयां ही दिखाई देंगी। पहाड़ काटने का काम राज्य में हाल ही हुए सत्ता परिवर्तन के बाद अचानक तेजी से होने लगा है।

इस संबंध में उदयपुर शहर के सौंदर्य एवं पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि सत्ताधारी राजनेता, प्रशासकों तथा उद्योगपतियों की मिलीभगत के बिना यह असंभव है।

सबसे दिलचस्प तथ्य तो यह है कि इस क्षेत्र में अधिकृत तौर पर घोषित ग्रीन बैल्ट [हरित पट्टिका] क्षेत्र में भी मार्बल इकाइयों के लिए भूमि आवंटन हुआ है। वह इस शर्त के साथ कि उद्योगपति वहां निर्धारित तादाद में वृक्ष लगाएगा। लेकिन अब इससे भी एक कदम आगे बढ़कर लोग पहाड़ों को ही काटने पर आमादा है और यह बात सभी की समझ के परे है कि पहाड़ों को काटकर नये पहाड़ कैसे बनेंगे?

उदयपुर-नाथद्वारा मार्ग पर चीरवा घाटा शुरू होने से पूर्व ही उद्योगों की वर्चस्व नजर आने लगता है तथा घाटे में व दोनों और पहाड़ियों पर विशाल भूखण्डों की चारदिवारियां बनी हुई है और प्रस्तावित उद्योगों के बोर्ड लगे हुए हैं। जिन उद्योगों के बोर्ड पहाड़ियों पर लगे हैं वहां पहाड़ काटने का काम रात दिन चल रहा है।

इस संबंध में प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि पहाड़ काटने की किसी को भी अनुमति नहीं दी गई है और पहाड़ों पर भूमि आवंटन पर भी रोक है लेकिन कुछ मामलों में उद्योगों के लिए पूर्व में भूमि आवंटन या लीज जारी हो चुकी है।

SHANTIPEETH INDIA ■ 566 ■ शांतिपीठ भारत ■ DOWN THE MEMORY LANE ■

प्रातःकाल
उदयपुर सोमवार दिनांक 3 सितम्बर, 1990

प्रातःकाल

अमरकजी बचाओ अभियान के तहत 3 घंटे रास्ता रोका गया

उदयपुर, 2 सित. (वि.) । अमरकजी बचाओ अभियान के तहत अमरकजी संरक्षण मंडल के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों ने रविवार को अमरकजी के निकट कोई 3 घंटे राष्ट्रीय राज मार्ग रोका तथा अमरकजी क्षेत्र में हुए आवंटन पर निषेधाज्ञा जारी किये जाने पर ही धरना उठाया गया।

अमरकजी संरक्षण की विज्ञप्ति के अनुसार, पूर्व में प्रशासन को एक सप्ताह के भीतर वहां उद्योगों के लिये किये गये आवंटन को निरस्त न किये जाने पर जनांदोलन के लिये आगाह किया गया था। इसी क्रम में नगर व आसपास के गांवों के लोगों ने राष्ट्रीय राज मार्ग पर रास्ता रोका जिससे दोनों तरफ सैंकड़ों वाहनों की कतारें लग गई।

इस पर ए. डी. एम. हरीश शर्मा अन्य अधिकारियों व पुलिस जाब्ते के साथ वहां पहुंचे तथा प्रशासन के उक्त फैसले की जानकारी दी जिस पर धरना उठा लिया गया।

ए. डी. एम. ने बताया कि इस क्षेत्र में अब कोई आवंटन नहीं किये जायेंगे तथा पूर्व में हुए आवंटन को निरस्त करने की कार्यवाई लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अमरकजी प्रवेश द्वार पर बनी फाटक व चारदीवारी तोड़ने के मामले में अपराधिक प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

3 घंटे रास्ता जाम के दौरान धरना स्थल पर पूर्व विधायक जोधसिंह चौहान, बलवंतसिंह मेहता, भाजपा जिलाध्यक्ष हीरालाल कटारिया ने लोगों को संबोधित किया तथा अब तक कोई कार्यवाई न किये जाने पर प्रशासन को कोसा। कार्यक्रम का संयोजन अनंत गणेश त्रिवेदी ने किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 10 जुलाई, 1990

अमरकजी के संरक्षण, संवर्द्धन के लिए सरकार को मास्टर प्लान भेजा जाएगा

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 9 जुलाई। उदयपुर नाथद्वारा मार्ग स्थित अमरकजी के प्राचीन मंदिर तथा इसके इर्द-गिर्द के प्राकृतिक सौंदर्य के संरक्षण एवं संवर्द्धन के उद्देश्य से स्थानीय समाज सेवी संस्था शांतिपीठ के तत्वावधान में शीघ्र ही एक मास्टर प्लान तैयार करने राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

उक्त निर्णय सोमवार को अमरकजी मंदिर पर शांतिपीठ की ओर से आयोजित एक बैठक में किया गया। बैठक में नगर की स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ ही भुवाणा, ढीकंली, सोभागपुरा ग्राम पंचायतों के सरपंच विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय मंत्री के.एल. गोधा तथा स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद बलवंत सिंह मेहता भी उपस्थित थे।

अमरकजी के संरक्षण संवर्द्धन के लिए गठित समिति की बैठक में प्रस्तावित मास्टर प्लान की रूपरेखा बताते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया कि इस क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य को बरकरार रखने के लिए वहां उद्यान लगाने तथा विभिन्न वनस्पतियां एवं औषधियों के पेड़ लगाने के साथ ही छायादार वृक्ष उगाने की योजना है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने गुप्तकाल के इस प्राचीन मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर भी बल दिया।

त्रिवेदी ने बताया कि अमरकजी मंदिर के विकास के प्रथम चरण की कार्य योजना के तहत अमरकजी मंदिर के चारों और परकोटा निर्माण कराया जाएगा तथा वहां सुरक्षाकर्मी तैनात किया जाएगा। द्वितीय चरण में सरकार को उपरोक्त प्रस्तावित मास्टर प्लान भेजा जाएगा, जिसमें पर्यटन, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से भी सहयोग की मांग की जाएगी। मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए विख्यात इतिहासकार डॉ. गोपीनाथ शर्मा तथा डॉ. राजशेखर व्यास के दिशा निर्देशन में गठित मंदिर जीर्णोद्धार समिति पुरातत्व विभाग के सहयोग से कार्य हाथ में लेगी।

बैठक में रोष व्यक्त किया गया कि अमरकजी मंदिर व आसपास का इलाका घोषित ग्रीन बेल्ट होने के बावजूद वहां निर्माण कार्य जारी है, तथा पेड़ों की कटाई हो रही है।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 17 जुलाई, 1990

अमरकजी में परकोटे का निर्माण कार्य शुरू

उदयपुर, 16 जुलाई [वि.]। शांतिपीठ के तत्वावधान में गठित 'अमरकजी संरक्षण मण्डल' की गत दिनों हुई बैठक में लिए गए निर्णयानुसार अमरकजी में परकोटे का निर्माण कार्य सोमवार को शुरू हो गया।

यह कार्य अमरकजी के प्राकृतिक सौंदर्य को बरकरार रखने एवं वहां की वन सम्पदा की क्षतिपूर्ति एवं संवर्द्धन के उद्देश्य से निर्धारित कार्यक्रम के प्रथम चरण के तहत शुरू हुआ।

अमरकजी संरक्षण मण्डल के संयोजक संतोष चित्तौड़ा ने बताया कि द्वार बनने से इस क्षेत्र में से मिट्टी व पत्थर ले जाने पर नियंत्रण हो सकेगा तथा बड़े वाहनों की अनावश्यक आवाजाही रुक सकेगी। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा ताकि आगामी 7 अगस्त को मनाए जाने वाले वन महोत्सव के पूर्व कुछ निर्धारित क्षेत्र में वृक्षारोपण की समुचित व्यवस्था हो सके।

चित्तौड़ा ने बताया कि समूचे अमरकजी परिसर की सुरक्षा के संदर्भ में अब तक किए गए प्रयासों के परिणाम की जानकारी प्राप्त करने एवं अविलम्ब अग्रिम कार्यवाही करने के संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को जिला कलक्टर से भेंट करेगा।

बैठक में महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी, के.एल. बाफना, भुवाणा के सरपंच भंवर शर्मा एवं हेमंत चोरड़िया ने भी भाग लिया। बैठक की

प्रातःकाल
भाद्रपद कृष्ण 2 बुधवार दिनांक 8 अगस्त 1990



अमरकजी में मंगलवार को भरे गये मेले का दृश्य

अमरकजी में वन महोत्सव सम्पन्न

उदयपुर, 7 अगस्त । राज्य के जनजाति क्षेत्रीय विकास राज्यमंत्री चुन्नीलाल गरासिया ने मंगलवार को उदयपुर से लगभग बारह किलोमीटर दूर अमरकजी महादेव स्थल पर शांतिपीठ द्वारा आयोजित वन महोत्सव में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया ।

समारोह के विशिष्ट अतिथि मेवाड़ मण्डलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण थे। समारोह की अध्यक्षता मा. बलवंत सिंह मेहता ने की ।

हिरोशिमा दिवस :हिरोशिमा दिवस पर सोमवार को गुलाबबाग गांधीमूर्ति के सामने शांतिपीठ द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया । सभा में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर रतनसिंह सिंधी थे।

इसी उपलक्ष में सेवामंदिर में गांधी शांति प्रतिष्ठान व शांतिपीठ के तत्वावधान में केसरी लाल बोर्दिया की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी सम्पन्न हुई ।

उदयपुर एक्सप्रेस
उदयपुर बुधवार 8 अगस्त 1990

हिरोशिमा दिवस पर प्रार्थनासभा

उदयपुर 7 अगस्त । हिरोशिमा दिवस पर कल गांधी प्रतिमा पर शांतिपीठ द्वारा एक प्रार्थनासभाका आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथिके रुप में बोलते हुए जिला कलेक्टर रतनसिंह सिंधी ने विश्व स्तर पर बढ़ती हथियारों की होड़ पर चिंता प्रकट करते हुए मानवता को नष्ट करने वाली शक्तियों को नियंत्रित करने की आवश्यकता बताई ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता होमसा इन्स कालेज की डीन डा. पी सुन्दरम ने की ।

प्रार्थना सभा में गणमान्य नागरिकों व स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।

पत्रिका उदयपुर, 24 जून, 1990

'पर्यावरण संकट व सांस्कृतिक स्थल' पर विचारगोष्ठी 25 को

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 23 जून। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-8 पर अंबेरी के निकट स्थित प्राचीन मंदिर अमरकजी महादेव के संरक्षण तथा उस क्षेत्र में पर्यावरणीय संतुलन को बरकरार रखने के प्रयासों के तहत स्वैच्छिक संस्था शांतिपीठ' की ओर से आगामी सोमवार को अमरकजी महादेव मंदिर पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन होगा।

'पर्यावरणीय संकट व हमारे सांस्कृतिक स्थल' विषयक इस गोष्ठी के बारे में दी जानकारी में शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बताया कि इसमें इतिहासकार डा. गोपीनाथ शर्मा, डा. राजशेखर व्यास, डा. पुरुषोत्तम लाल मेनारिया तथा मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरलीमनोहर शरण शास्त्री आदि अपने विचार रखेंगे।

जय राजस्थान
उदयपुर मंगलवार, 26 जून 1990

वनस्पति की रक्षा से ही हमारी संस्कृति सुरक्षित

उदयपुर, 25 जून। वन एवं वनस्पति की रक्षा से ही हमारी संस्कृति सुरक्षित रह सकती है चूंकि हमारा देवत्व सदैव वनस्पति से जुड़ा रहा हैं।

उक्त विचार सुप्रसिद्ध इतिहास विद्वान गोपीनाथ शर्मा ने व्यक्त किये आज प्रातः अमरकजी स्थल में स्वैच्छिक संस्था शान्तिपीठ द्वारा पर्यावरणीय संकट एवं हमारे सांस्कृतिक स्थल विषयक गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डा. शर्मा ने कहा अमरकजी का मन्दिर हमारी संस्कृति का उज्जवल रत्न है ईटों की चुनाई से सिद्ध होता है कि यह गुप्तकाल का बना हैं। यह आघ्रपल्ली का कस्बा था, यहां आम बहुत अधिक होते थे इनके रक्षकके रुपमें इस स्थान का नाम अमरकजी हो गया। डा. शर्मा ने सांस्कृतिक स्थलों की प्राचीनता के स्वरुप की रक्षा करने की आवश्यकता बताई और आगाह किया कि यदि हमने प्राचीन स्मारकों और वनों की रक्षा पर ध्यान न दिया तो हमारी संस्कृति नष्ट हो जायेगी। गोष्ठी में प्रमुख वक्ता के रुप में बोलते हुए डा. राजशेखर व्यास ने कहा मौर्यकालसे आठरहवीं शत.ब्दी.तक निर्माण और संरक्षण का क्रम चला था इसके पश्चात का समय इस दृष्टि से शिथिलता का रहा। स्वाधीनता के पश्चात सांस्कृतीक धरोहर के रुप में जो हमारे प्रतिक रहें है उन्हे देश से बाहर ले जाने का क्रम निरन्तर बढा हैं। आज देश की 85 प्रतिशत सांस्कृतिक संपदा देश से बाहर जा चुकी है।

प्रातःकाल 26 जून 1990

अमरकजी में पर्यावरणीय संकट पर गोष्ठी

उदयपुर, 25 जून (वि)। शांति पीठ द्वारा सोमवार को अमरकजी महादेव स्थल पर 'पर्यावरणीय संकट एवं हमारे सांस्कृतिक स्थल' विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस गोष्ठी में इतिहासविद् डा. गोपीनाथ शर्मा, डा. राजशेखर व्यास, प्रो. विजय नारायण, शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी, सापेटिया, ढीकली, भुवाणा, लखावली के सरपंचों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। शिवदल के मनोज मेहता ने क्षेत्र की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बलवंतसिंह मेहता ने की। गोष्ठी में अमरकजी परिसर को सुरक्षित रखने की मांग की गई।



प्रातःकाल

भाद्रपद शुक्ला 1 मंगलवार दिनांक 21 अगस्त 1990

अमरकजी क्षेत्र में निर्माण कार्य रोकने की मांग

उदयपुर, 20 अग. (वि.) । अमरकजी संरक्षण मंडल ने अमरकजी क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से न रोके जाने पर जनांदोलन व शांति भंग होने की चेतावनी दी है ।

रविवार को इस संबंध में आयोजित बैठक में बताया गया कि गत 7 अग. को आयोजित वन महोत्सव में जनजाति राज्यमंत्री चुन्नीलाल गरासिया की उपस्थिति में गांव वालों ने आगाह किया था कि एक सप्ताह में इस निर्माण कार्य को नहीं रोका गया तो आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया जायेगा ।

बैठक के बाद मा. बलवंतसिंह मेहता के नेतृत्व में सभी लोग सनशाइन मार्बल उद्योग के चल रहे निर्माण कार्य स्थल पर गये तथा व्यवस्थापक के निर्माण कार्य रोके जाने का अनुरोध किया गया । बैठक में निर्माण कार्य रोकने जनांदोलन का तय किया गया।



राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 21 अगस्त, 1990

अमरकजी क्षेत्र के पर्यावरण के संरक्षण का आग्रह

उदयपुर, 20 अगस्त [वि.]। अमरकजी संरक्षण मण्डल की गत रविवार को यहां एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रशासन से अमरकजी परिक्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाने की मांग की है।

बैठक में मौजूद जन समुदाय ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने उक्त निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से नहीं रुकवाया तो क्षेत्र की जनता आंदोलन को मजबूर होगी। बैठक में आसपास के गांवों और उदयपुर नगर के लोगों ने भाग लिया।

बैठक में मौजूद लोगों ने इस सांस्कृतिक स्थल के पर्यावरण को सुरक्षित रखने तथा यहां कोई उद्योग नहीं लगने देने की शपथ ली।

बैठक से पूर्व मण्डल का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलक्टर से मिला और उनसे मौके पर आकर यथास्थिति का अवलोकन करने का अनुरोध किया। जिला कलक्टर ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। बैठक में वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी मास्टर बलवंत सिंह मेहता, 'शांतिपीठ' के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी, एडवोकेट गणेश नागदा व खूबीलाल सिंघवी तथा मण्डल के संयोजक संतोष चित्तौड़ा ने विचार रखे।

बैठक में भुवाणा गांव के युवा कार्यकर्ता, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एवं गांवों के सरपंचों ने भाग लिया। बैठक के बाद बलवंत सिंह मेहता के नेतृत्व में एक समूह एक मार्बल उद्योग के निर्माण कार्यस्थल पर गया तथा वहां के व्यवस्थापक से मिलकर निर्माण कार्य रोकने का आग्रह किया।



जय राजस्थान

उदयपुर, मंगलवार, 21 अगस्त 1990

अमरकजी में शांति भंग का अन्देशा

उदयपुर, 20 अगस्त। अमरकजी परिक्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य को अगर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से न रुकवाया तो किसी भी क्षण क्षेत्र की शान्ति भंग हो सकती है। रविवार को अमरकजी महादेव में इस क्षेत्र के संरक्षण हेतु रखी बैठक में उपस्थित जनसमुदाय के विचारों से यह बात सामने आई। बैठक में आसपास के गांवों और नगर के लोगों को मिलाकर सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 26 जून, 1990

अमरकजी में पर्यावरण पर गोष्ठी

हमारा देवत्व वन एवं वनस्पति से जुड़ा रहा है: डा. शर्मा

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 25 जून। 'वन एवं वनस्पति की रक्षा से ही हमारी संस्कृति सुरक्षित रह सकती है क्योंकि हमारा देवत्व सदैव वनस्पति से जुड़ा रहा है।'

उक्त विचार सोमवार को स्वैच्छिक संस्था 'शांतिपीठ' की ओर से प्रसिद्ध अमरकजी मंदिर पर 'पर्यावरणीय संकट एवं हमारे सांस्कृतिक स्थल' विषयक गोष्ठी में इतिहासकार डा. गोपीनाथ शर्मा ने व्यक्त किए। डा. शर्मा ने कहा कि अमरकजी का मंदिर हमारी संस्कृति का उज्ज्वलरत्न है। उन्होंने कहा कि इस मंदिर की ईंटों की चिनाई के अनुसार यह मंदिर गुप्तकाल का बना हुआ है।

उन्होंने अमरकजी को किसी जमाने में आम बहुल इलाका बताया। डा. शर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक स्थलों की प्राचीनता के स्वरूप की रक्षा जरूरी है।

गोष्ठी के मुख्यवक्ता डा. राजशेखर व्यास ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर विलुप्त होती जा रही है। आज देश की 85 प्रतिशत सांस्कृतिक संपदा देश से बाहर जा चुकी है। उन्होंने कहा हम आज लालच के वशीभूत होकर वनों का नाश करने पर तुले हैं। उन्होंने कहा कि देश में मौर्यकाल से अठारहवीं सदी तक धार्मिक स्थलों के निर्माण व संरक्षण का काम चला लेकिन आजादी के बाद प्राचीन धरोहरें बर्बाद होने लगी।

उन्होंने अमरकजी मंदिर के आसपास की वन संपदा के नष्ट होने पर चिंता जताई व कहा कि ब्रह्मांड की अनुकृति देह है और देह की अनुकृति मंदिर। उन्होंने कहा कि मंदिर हमारी प्रेरणा के स्थल रहे हैं जहां से हमें ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने अरावली के पारिस्थितिक ह्रास पर चिंता प्रकट की। पर्यावरणविद् प्रो. विजय नारायण ने धार्मिक आस्था वालों को पर्यावरण सुधार में सहयोगी बताया तथा महिलाओं में विशेष जाग्रति की जरूरत बताई।

प्रारंभ में शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि हमारे मंदिर सृष्टि के सभी अवयवों में सह अस्तित्व बोध के केन्द्र रहे हैं।

इस अवसर पर सापेटिया के सरपंच गमेरलाल, ढीकली के छगनलाल, भुवाणा के भंवर शर्मा व पूर्व सरपंच संतोष, लखावली के केसूलाल व गणेशलाल तथा शिवदल के मनोज मेहता ने विचार रखे। समारोह की अध्यक्षता मास्टर बलवंत सिंह मेहता ने की।

पत्रिका उदयपुर, 17 अप्रेल, 1990

अमरखजी में अतिक्रमण बढ़े

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 16 अप्रेल। उदयपुर नाथद्वारा जाने वाली सड़क पर चीरवा के घाटे में स्थित अमरख महादेव स्थल धीरे-धीरे अतिक्रमण का शिकार होता जा रहा है।

ऐतिहासिक, पुरातात्विक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस स्थल के आसपास अतिक्रमण बढ़ रहा है तथा वातावरण प्रदूषित होता जा रहा है। गत 18 फरवरी 1989 को शान्तिपीठ ने अमरख जी में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया था जिसमें इस समूचे परिसर को पर्यावरण एवं शान्ति के चेतना स्थल के रूप में विकसित किये जाने के लिए नागरिकों से सहयोग का आग्रह किया था।

इसी संस्था की ओर से 7 जून 1989 को नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व आसपास के गांवों के प्रतिनिधियों की एक बैठक बुलाई गई। स्वतंत्रता सेनानी बलवंत सिंह मेहता व जिला प्रमुख की उपस्थिति में संपन्न इस बैठक में वहां हो रहे अतिक्रमण व पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रशासन व नागरिकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसके बावजूद प्रशासन की अनदेखी से वहां अनाधिकृत कब्जे होते जा रहे हैं। निर्माण कार्य भी चल रहे हैं।

शांति पीठ के महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने जिला प्रशासन से इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

जय राजस्थान

21.2.89

विश्व तनाव व हिंसा में खड़ा है

उदयपुर (वि)। अधिकार ग्रहण एवं मान्यता प्राप्त करने की लालसा ने आज विश्व समाज को हिंसा, तनाव और संदेह के दायरे में ला खड़ा किया है।

ये विचार शांतिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने अमरक जी में राम कृष्ण परमहंस की 153 वीं जयंती के अवसर पर पीठ के कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।

उन्होंने मानव की जीवन शैली में समग्ररुप से नये दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

पत्रिका उदयपुर, 19 फरवरी, 1989

अमरखजी में 'शांति चेतना स्थल' बनाने का निर्णय

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 18 फरवरी। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 153वीं जयन्ती के उपलक्ष में समीपवर्ती अमरखजी मंदिर पर एक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें निर्णय किया गया कि अमरखजी को 'शांति चेतना स्थल' के रूप में विकसित किया जाए।

स्वैच्छिक संस्था 'शांतिपीठ' की ओर से आयोजित इस गोष्ठी में 'आध्यात्मिक जागरण से विश्व शांति' विषय पर बोलते हुए शांतिपीठ की संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि अधिकार एवं मान्यता प्राप्ति की लालसा में आज विश्वभर में हिंसा, तनाव और संदेह का वातावरण बनता जा रहा है और मानव जाति का अस्तित्व अंतिम बिंदु पर पहुंच चुका है।

त्रिवेदी ने रामकृष्ण परमहंस के जीवन को लोक निर्देशक बताते हुए कहा कि उन्होंने समाज को जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर कार्य करने की दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस के सिद्धांतों के अनुरूप अमरावजी को शांति चेतना स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा तथा इसके लिए विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं व प्रशासन से सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल इस कार्य के लिए शिवनारायण को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

8 जून 1989
राजस्थान पत्रिका

पर्यावरण प्रदूषण रोकने के उपाय तेज करने पर जोर

उदयपुर, 7 जून [वि.]। वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी मास्टर बलवंत सिंह मेहता ने अमरकजी क्षेत्र में पर्यावरण प्रदूषण रोकने के समुचित उपाय किए जाने पर जोर दिया है।

वे बुधवार को शांतिपीठ की ओर से वहां आयोजित ग्रामीणों की एक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रमुख भेरूलाल सरणोत ने क्षेत्र में पर्यावरण प्रदूषण रोकने के उपायों में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। बैठक में सेवामंदिर, उदयपुर पर्यावरण दल, आस्था, उबेश्वर विकास मंडल, सजीव सेवा समिति व किसान मजदूर संघ के प्रतिनिधियों सहित शोभागपुरा, पूला, सापेटिया, अम्बेरी आदि गांवों के किसानों ने भी भाग लिया। बैठक में शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी, दलीचंद, कन्हैयालाल बापना, डा. लक्ष्मीलाल शर्मा, सुरेन्द्र मोहन, फतहलाल डांगी, शांतिलाल भंडारी ने भी विचार व्यक्त किए।

इस बीच इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स [इंडिया], माइनिंग जियोलोजिकल एण्ड मेटेलरजिकल इंस्टीट्यूट तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स की ओर से एक तकनीकी वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें बोलते हुए प्रमुख वक्ता डा. एस.एम. भण्डारी ने बताया कि उदयपुर शहर की हवा में धूल के कण तथा कार्बन मोनोक्साइड की मात्रा अन्य शहरों की तुलना में अधिक है, जिसको नियंत्रित करने पर ध्यान देना चाहिए। संचालन रमेश कुमावत ने किया।

उदयपुर एक्सप्रेस : 8 जून 1989

पर्यावरण पर बठक मे दिन ब दिन बढ़ते प्रदूषण को रोकने की मांग

उदयपुर, 7 जून । पर्यावरण प्रदूषण की आंधी की चपेट में अमरकजी का क्षेत्र पूरी तरह ध्वस्त हो जाय, इससे पूर्व ही आवश्यकता है कि इस क्षेत्र को पूरी तरह सुरक्षित किया जाये ।

उक्त विचार वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी मास्टर बलवन्तसिंह मेहता ने बढ़ते वन विनाश एवं औद्योगिक मलबे से बीमार हो रहे ग्रामीण पर्यावरण की समस्याओं पर आज स्वैच्छिक संस्थान शांतिपीठ के पर्यावरण चेतना केन्द्र की ओर से अमरकजी मे ग्रामीणों के साथ आयोजित बैठक में व्यक्त किये ।

उन्होने इस ओर बढते प्रदूषण एवं अतिक्रमण पर पाबन्दी लगाने के लिये सुगठित जन आन्दोलन की आवश्यकता प्रतिपादित की ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रमुख भेरुलाल सरणोत ने अमरक महादेव जैसे एतिहासिक स्थल की महता बताते हुए शान्ति सुरक्षा के लिये कारगर उपायों की आवश्यकता बताई ।

शान्ति पीठ के 'पर्यावरण चेतना केन्द्र' की ओर से आयोजित इस बैठक में शहर की स्वयं सेवी सस्थाओं सेवा मन्दिर, उदयपुर पर्यावरण दल, आस्था, उबेश्वर, विकास मण्डल, सजीव सेवा समिति, गांधी किसान मजदूर संघ के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त शोभागपुरा, पूला सायेटिया, अम्बेरी ग्रामों के लोग भी उपस्थित थे ।

—

शिवकिशोर सनाढ्य
सदस्य
राजस्थान विधान सभा

सत्यमेव जयते

क 27947
श्रीनाथ जी की हवेली
उदयपुर-313001 (राज.)

दिनांक 7-8-1990

जिला कलेक्टर,
उदयपुर ।

महोदय,

जनरक्षी संस्थान मण्डल, अम्बेरी, उदयपुर का 18 जुलाई, 90 को एक ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए यह अनुरोध किया है कि अम्बेरी के आसपास की जमीन के आवंटन को तुरन्त निरस्त किया जाय। क्योंकि यह स्थान ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। इसके साथ ही पुरातत्व और पर्यावरण की दृष्टि से भी इन पहाड़ियों की रक्षा करनी आवश्यक है। ज्ञात हुआ है कि अम्बेरजी महादेव से लगी भूमि को मार्बल उद्योग के लिए आवंटित कर दी गई थी और अब उनके निरस्त करने हेतु प्रशासन द्वारा मानस बना लिया है। अतः इसमें विलम्ब से जनता में अनावश्यक भ्रान्तियाँ उत्पन्न हो रही है। अतः शीघ्र कार्यवाही करने का कष्ट करें।

सधन्यवाद,

भवदीय,
7/8/90
(शिव किशोर सनाढ्य)

प्रतिलिपि-श्री अनन्त जी त्रिवेदी, मठाधिपति,
पो० बो० नं०-40, 323, एल० रोड, भूपालपुरा, उदयपुर
7/8/90
(शिव किशोर सनाढ्य)

14, विधायकपुरी, जयपुर-302 001 दूरभाष (घर) 77799

शिवकिशोर सनाढ्य
सदस्य
राजस्थान विधान सभा

फ 27947
श्रीनाथ जी की हवेली
उदयपुर-313001 (राज.)

क्रमांक- 912

दिनांक 21-9-90

आदरणीय श्री

सादर वन्दे।

अरावली संरक्षण मण्डल, उदयपुर ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरण की दृष्टि से धीरवा के घाटे के पूर्व स्थित अरावली की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए संकल्पित है। इस ऐतिहासिक महत्वपूर्ण स्थान के आसपास धीरे धीरे हरियाली समाप्त होती जा रही है और कई तरह के पत्थर व्यवसायियों ने कब्जा कर पहाड़ को खोदना एवं वनों को काटना प्रारम्भ कर दिया है। इससे इस क्षेत्र की महत्ता कम हो होगी ही एक पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ेगा है। स्थानीय नागरिकों का एक प्रतिनिधि मण्डल उपयोगों के लिए किये गये आवंटन को निरस्त करने हेतु जिला कलेक्टर, उदयपुर से भी मिला और मुझे भी इस संबंध में बार-बार कहा गया। जनता में आक्रोश है और यदि इन पत्थर व्यवसायियों को यहाँ पर स्थान दिया गया तो परिणाम यह होगा कि जन आन्दोलन प्रारम्भ हो जायेगा। आपको प्रेषित पत्र दिनांक 28 अगस्त, 90 जिसकी प्रति मुझे मिली है, मैं आपकी सेवामें भिजवा रहा हूँ। और मेरा आग्रह है कि इस विषय को प्राथमिकता के आधार पर सरकार द्वारा किये गये उक्त आवंटन को निरस्त कराने का कष्ट करावें।

आभार,

भवदीय,

(शिव किशोर सनाढ्य)

माननीय श्री भैरोंसिंह जी शेखावत,
मुख्य मन्त्री,
राजस्थान-सरकार, जयपुर

प्रतिलिपि-श्री जिला कलेक्टर, उदयपुर 2. श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी,
323 एल-1-रोड भूपालपुरा, उदयपुर

14, विधायकपुरी, जयपुर-302 001 दूरभाष (घर) 77799/78 (शिव किशोर सनाढ्य)

THE PEOPLE'S COMMISSION ON ENVIRONMENT AND DEVELOPMENT INDIA

CHAIRMAN: DR KARAN SINGH
SECRETARY-GENERAL: DR ASHOK KHOSLA
EXECUTIVE-DIRECTOR: AJOY BAGCHI

25 November 1991

My dear Anant,

I was glad to get your letter and to know that your activities continue. However it is disappointing that the situation in Amarakhji has not improved. I will remind Shri Bhairon Singh Shekhawat about this, and will be glad to see you when you are next in Delhi.

With kind regards,

Yours sincerely,

Karan Singh

Shri Anant G. Trivedi
Shantipeeth, India
Post Box No. 40
323, L-1 Road
Bhupalpura
Udaipur-313 001

15 INSTITUTIONAL AREA, LODHI ROAD, NEW DELHI 110003, INDIA
TEL (91 11) 462 7102, FAX · (91 11) 4620102

राजस्थान सरकार
कार्यालय मंत्री, ऊर्जा, वन, पर्यावरण तथा संसदीय मामलात ।

श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी, महासचिव, अमरखजी संरक्षण मण्डल, अम्बेरी, उदयपुर द्वारा माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री महोदय को दिया गया अभ्यावेदन दिनांक: 26.4.97 इसके साथ संलग्न कर भिजवाया जा रहा है जिसमें उन्होंने यह उल्लेख किया है कि सनशाईन मार्बल्स एवं स्वाति मार्बल्स को उद्योग प्रयोजनार्थ आवंटित भूखण्ड अमरखजी महादेव वनस्थली के अतिशय क्षेत्र हैं तथा इस आवंटन से वहाँ के पर्यावरण एवं आस-पास की वन सम्पदा को भारी क्षति पहुँचेगी । इस आवंटन को लेकर स्थानीय जनता में घोर असंतोष है । उन्होंने अनुरोध किया है कि इस भूमि आवंटन को निरस्त किया जावे । उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि इस आवंटन को निरस्त करने के लिए कलेक्टर एवं आयुक्त ने भी कागज़ात आपको भिजवाए हुए हैं ।

निर्देशानुसार निवेदन है कि कृपया इस मामले की गम्भीरता को देखते हुए इसका परीक्षण करवाकर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करवाने का कष्ट करें तथा की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को भी सूचित करावें ताकि माननीय मंत्री महोदय को अवगत कराया जा सके ।

संलग्न:-उपरोक्तानुसार ।

— Sd —

(एस. के. विजय)
विशिष्ठ सहायक.

प्रमुख शासन सचिव,
राजस्व विभाग.

अशा. टीप क्र. विस/ऊमं/97/873

जयपुर, दिनांक: 13 MAY 1997

प्रतिलिपि श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी, महासचिव, अमरखजी संरक्षण मण्डल, अम्बेरी, शान्तिपीठ-पो. बॉ. नं. 40, गुमानियावाला, सरदारपुरा, उदयपुर-313001 को सूचनार्थ प्रेषित है ।

विशिष्ठ सहायक.

राजस्थान - सरकार
पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग, जयपुर

क्रमांक एफ-26/विकास/उदयपुर/प0क0सं0/87/ दि0

निदेशक,
पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग,
राजस्थान, जयपुर ।

महोदय,

अमरकजी संरक्षण मण्डल, अम्बेरी , उदयपुर ने अपने पत्र द्वारा सूचित किया है कि अमरकजी एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक पुरातत्व की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण स्थल है । उदयपुर से 10 किलोमीटर नाथद्वारा की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 8 पर झिटवा घाटे की तलहटी में बसी यह स्थली अपने में एक स्थान रखती है, वहां एक शिव मन्दिर है ।

यह स्थान आपके विभाग से सम्बन्धित होने के कारण इसका विकास कर इस पर की गई कार्यवाही से अवगत करावें तथा वहां एक चौकीदार की भी व्यवस्था करें ।

भवदीय,

ह0

अतिरिक्त निदेशक(प्रशासन)

क्रमांक-एफ-26/विकास/उदयपुर/पकस/87/ 14809 दि0 12-11-91

प्रतिलिपि- अमरकजी संरक्षण मण्डल अम्बेरी, पोस्ट बॉक्स नं0 40, 323 एल-1 रोड, भूपालपुरा उदयपुर राज0 को उनके पत्र क्रमांक - एस0पी0/0193 दिनांक 3-10-91 के सन्दर्भ में सूचनार्थ ।

अतिरिक्त निदेशक(प्रशासन)

प्रेषक: अतिरिक्त रजिस्ट्रार,
राजस्थान उच्च न्यायालय, पीठ,
जयपुर.

प्रेषिती: अतिरिक्त रजिस्ट्रार (न्यायिक)
राजस्थान उच्च न्यायालय,
जोधपुर.

क्रमांक..... 350 दिनांक 21.3.91

महोदय,

श्री त्रिवेदी के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थनापत्र को जनहित याचिका मानने का निर्देश हुआ है एवं श्री मखतूरमल जी सिंघवी को इसमें अधिवक्ता नियुक्त करने का भी निर्देश हुआ है। सम्बन्धित पत्रावली आपको भेजी जा रही है। श्री सिंघवी जी से सम्पर्क करें एवं आवश्यक व्यय दिलावें एवं उनके सहयोगी अधिवक्ता को, जिनका नाम वे प्रस्तावित करें उन्हें 400/-रुपये व्यय के दिलावें। पत्रावली प्रार्थी के साथ में भेजी जा रही है।

21/3/91

अतिरिक्त रजिस्ट्रार

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 5 जनवरी, 1991

डा. कर्णसिंह उदयपुर में

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 4 जनवरी। पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. कर्णसिंह उदयपुर की एक दिवसीय यात्रा के तहत शुक्रवार शाम विमान से यहां पहुंचे।

डा. कर्णसिंह का रोटरी क्लब के अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। डा. कर्णसिंह यहां शनिवार को रोटरी इंटरनेशनल जिला 305 के वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। वे शनिवार शाम विमान से पुनः दिल्ली लौटेंगे।

डा. कर्णसिंह सुबह अमरकजी मंदिर देखने जाएंगे। यह जानकारी शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने डबोक हवाई अड्डे पर उनसे भेंट के बाद दी।

रोटरी इंटरनेशनल में बोलते हुए

डॉ. कर्णसिंह ने रोटरी इंटरनेशनल द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की व कहा कि 'पोलियो प्लस' कार्यक्रम विश्वभर में मानव सेवा का बेमिसाल कार्य है। उन्होंने उदयपुर की इस यात्रा के दौरान प्रातः समीपवर्ती ऐतिहासिक धार्मिक स्थल अमरकजी के दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें एक धार्मिक स्थल के आसपास हो रहे पर्यावरण ह्रास को देखकर अत्यन्त दुःख हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसी ही हालत कश्मीर में भी हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे ग्रंथों में तो पर्वत, नदी, वन, जल सभी के प्रति पूजा एवं श्रद्धा भाव रखने की बात कही गई है।

उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि आज उदयपुर में लोग आलीशान इमारतों के निर्माण पर लाखों रुपए व्यय कर रहे हैं लेकिन क्या लोग अमरकजी मंदिर का जीर्णोद्धार नहीं करवा सकते, उस क्षेत्र को हराभरा नहीं बना सकते।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 6 जनवरी, 1991

डॉ. कर्णसिंह अमरकजी के हालात से व्यथित

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 5 जनवरी। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. कर्णसिंह इस शहर की एक दिवसीय यात्रा के बाद शनिवार शाम विमान से पुनः दिल्ली लौट गए।

डॉ. कर्णसिंह, जो यहां रोटरी इंटरनेशनल जिला-305 के वार्षिक सम्मेलन में शरीक होने के लिए शुक्रवार रात दिल्ली से पहुंचे थे, शनिवार सुबह नाथद्वारा मार्ग स्थित अमरकजी गए और वहां स्वैच्छिक संस्था 'शांतिपीठ' के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी तथा अन्य लोगों से मिले। डॉ. कर्णसिंह अमरकजी संरक्षण मंडल के संरक्षक भी हैं। बताया गया कि उन्होंने मंदिर की जीर्ण-शीर्ण अवस्था पर चिंता व्यक्त की तथा चीरवा घाटे की नष्ट होती वन संपदा एवं पहाड़ियां तक काट दिए जाने का दृश्य स्वयं देखा। युवा जद के अध्यक्ष हेमंत चोर्डिया व अमरकजी संरक्षण मंडल के संयोजक संतोष चित्तौड़ा आदि ने डॉ. कर्णसिंह का वहां स्वागत किया।

डॉ. कर्णसिंह, जो अरविन्द सिंह 'मेवाड़' के अतिथि के रूप में लेक पैलेस होटल में रुके थे, शनिवार शाम विमान से दिल्ली लौट गए।



Environment Devine Haritage

Conservation of Environment as a Divine Heritage

That the planet earth which we inhabit is not merely a combination of material elements - land, water and atmosphere - but represents a powerful spiritual presence has been known to all the great religions of humankind. We look upon the earth as Bhawani Vasundhara that has nurtured humanity down the long and tortuous corridors of time. While mother earth has nurtured us, how have we repaid this nurturing in the last few centuries and particularly during the last few decades during which man has inflicted untold damage upon the natural environment in the name of development and progress ? Humanity is facing now unprecedented threats to our environment. We can perceive that environmental degradation and degradation of human values go together. In fact we are living in the age of environmental crises - environment within and environment outwards and it is so grave that existence of life itself is at stake. To avoid conflict in future and to reverse the present trend towards an ecological disaster, what is needed is an alternative concept of progress and welfare. No longer can these be measured in material terms alone. The intangible parameters of inner harmony and happiness need to be given due importance. We must move from conflict to convergence, from competition to complementarity, from hedonism to holism.

Therefore Shantipeeth initiated a move to revive eco-friendly culture and living faith towards nature. Mewar (Udaipur Region) is known for its history, culture and traditions; valour, wisdom and faiths; hills, rivers and lakes. These elements reveal the facts of its rich heritage and abundance of natural resources it had once upon a time. For over a period of two decades Shantipeeth has strived to create an atmosphere conducive to the conservation of ecological balance specially in the country side areas. We made incessant attempts in various blocks to impart nature and environment education. We made special endeavours to promote Dev Van (sacred groves) tradition along with sapling plantation drives.





Care for Environmental Heritage





Group Photo with Shri Sunil Dutt at Pratap Smarak (Moti Magri)



Welcoming to Dr. Ramgopal
(Director, DRDO Jodhpur)





Conference on
Water Resource Management



Sant Murari Bapu at Amrakhji



Balua Mataji, Sarada,
before the renovation



Tikam Bavji, Sarada,
before the renovation



Bhumi Pujan for
Shantipeeth premises by
Shriji Arvind Singh Mewar





Pichhola Environment Camp


शान्तिपीठ
उदयपुर
शान्तिपीठ
भारत
(उदयपुर)







Young Congress on Environmental Conservation

b





Interfaith Satsang



Former Foreign Secretary Dr. Jagat S. Mehta and Shri Anant G. Trivedi at an informal discussion





Shri K.S. Money addressing the first international youth day observance



Justice D.L. Mehta addressing conference on "Human Rights and Responsible Citizenship"



Shri Anant Ganesh Trivedi addressing the youth (International peace year 1986)

दैनिक भास्कर
उदयपुर विक्रम संवत 2059
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, सोमवार
16 दिसंबर 2002

अंतरजगत के युद्ध में विजय का संदेश देती है गीता

श्रीमद्भगवतगीता जयंती मनाई

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 15 दिसंबर। श्रीमद्भगवद्गीता की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को यहां अस्थल आश्रम, शांतिपीठ और धर्मप्रचार समिति की ओर से गोष्ठियों का आयोजन किया गया।

गुमानिया नाला स्थित शांतिपीठ कार्यालय पर आयोजित 'सर्वधर्म समभाव : गीता का संदेश' विषय संगोष्ठी में प्रो. एसएन जोशी ने कहा कि गीता शस्त्र से भी और बिना शस्त्र से भी लड़ना सिखाती है। युद्ध भूमि से निकला संदेश मनुष्य के अंतर्जगत में चल रहे युद्ध में विजय होने का रास्ता देखा है। जोशी ने समाज में प्रज्ञावान समुदायों की रचना की आवश्यकता प्रतिपादित की। विषय प्रवर्तन में शांतिपीठ के संस्थापक अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि सारे द्वंद्वों से मुक्त होने का रास्ता गीता सुझाती है। अंतरजगत की ऊर्जा से स्वयं का मार्ग आलोकित करना गीता का संदेश है और यह अस्तित्व ही वैज्ञानिक व्याख्या है। मोहन सिंह कोठारी ने गीता को ब्रह्मविद्या बताया और कहा कि यह आध्यात्म का विज्ञान है। उन्होंने गीता के तीसरे अध्याय में प्रतिपाद्य निष्काम कर्मयोग की व्याख्या की। गोष्ठी में फादर देव प्रसाद, डॉ. एलएल शर्मा, एसएस माथुर, प्रो. पीएल शर्मा, प्रो. बीएल समदानी व हेमंत दव्या, मदन क्षितिज ने रचना पाठ किया व नितिन शर्मा ने भजन सुनाया। प्रारंभ में संगीतकार आरके बोस ने भजन प्रस्तुत किए।



शांतिपीठ कार्यालय में गीता जयंती पर बोलते अनंत गणेश। भास्कर

निम्बार्क संस्थान, अस्थल आश्रम में आयोजित गीता महोत्सव में मुख्य अतिथि मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि गीता पथ, पथिक, पाथेय है। साधक, सन्यासी, गृहस्थ, विरक्त सबके लिए आचरणीय साधना है। अध्यक्षता करते हुए स्वामी ब्रह्मानंद ने कहा कि कर्मयोग सर्वत्र विद्यमान है लेकिन, जगत ने इसे विस्मृत कर दिया है। कर्म की पुनः स्थापना के लिए श्रीकृष्ण ने गीतोपदेश दिया। प्रो. सुरेंद्र द्विवेदी, अमृत बी. दवे ने गीता के वैज्ञानिक स्वरूप की विवेचना की। निम्बार्क शिक्षक महाविद्यालय के धर्मेंद्र राघव ने पुरुषोत्तम योग, मुक्ता, गीता, वर्षा ने गीता श्लोक का सम्वेदगान, लालचंद शर्मा ने जीवन पाथेय अमृत, ईश्वर शर्मा ने गीता महात्म्य प्रस्तुत किया। संचालन अरविंद शर्मा ने किया। **गार्डन गजबण** में आयोजित भागवत पारायण में आचार्य डॉ. रामजीलाल शास्त्री ने भगवद्भक्ति की श्रेष्ठता प्रतिपादित करते हुए उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति भगवद्भक्ति नहीं करते, वे मृतक समान है। उन्होंने नारी के महत्व की चर्चा की तथा सेवा के महत्व को भी प्रतिपादित किया। **धर्म प्रचार समिति** की ओर से बाईजी राज के कुंड पर श्रीमद्भगवद्गीता जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संत कानपुरी बाबा ने कहा कि गीता के उपदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक है जितने तत्कालीन समय में थे। वैद्य ओम प्रकाश पालीवाल ने कहा कि गीता ज्ञान ने हमें योग एवं सशक्त बनने का मार्ग दिखाया। भवानी शंकर गौड़ ने श्रीकृष्ण एवं अर्जुन के संवाद को एक विश्व संवाद के स्वरूप की संज्ञा दी। **मेवाड़ ज्योतिष परिषद** की ओर से गीता जयंती पर आयोजित गोष्ठी में पुष्कर गुप्तेश्वर, श्याम निर्मोही, फूलचंद मासूम, चावंडसिंह विद्रोही, संतोष दशोरा, आशीष बंटी, ओम पारदर्शी, कुलदीप प्रियदर्शी, प्रो. राज आमेटा आदि ने कवितापाठ किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 16 दिसम्बर 2002

'गीता केवल ग्रंथ नहीं कल्पलता'

उदयपुर

गीता पथ, पथिक एवं पाथेय है। साधक, सिद्ध, सन्यासी गृहस्थ एवं विरक्त सबके लिए आचरणीय साधना है। वस्तुतः यह वह कल्पलता है, जिससे मन चाहा सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। रविवार को यहां स्थल आश्रम में निम्बार्क संस्थानम द्वारा आयोजित गीता जयंती महोत्सव के मुख्य अतिथि मेवाड़ मण्डलेश्वर महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने युवा पीढ़ी का आह्वान करते हुए कहा कि वे मन, वचन, कर्म में गीता को व्यवहृत करें।

समारोह के अध्यक्ष स्वामी ब्रह्मानंद महाराज [सागवाड़ा] ने गीता के वैज्ञानिक स्वरूप की विवेचना करते हुए कहा कि कर्मयोग तो सदा सर्वदा विद्यमान रहा है, पर जब-जब जगत ने इसे विस्मृत कर दिया तो भगवान ने कर्म की स्थापना कर्म के महत्त्व को उजागर करने के लिए गीता जैसे ग्रंथों की रचना की। धर्म समूढ मोह ग्रस्त जीव कैसा बर्ताव करें, कैसे वह अपनी उन्नति करें यह सब कुछ गीता हमें सिखाती है। इस अवसर पर स्वामी परमेश्वरानन्द विशिष्ट अतिथि थे। प्रो. अमृत बी. दवे और निम्बार्क महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेन्द्र द्विवेदी ने ज्ञान, भक्ति कर्म और शरणागति का तात्विक विवेचन प्रस्तुत किया। धर्मेन्द्र राघव, रीता, वर्षा, लालचंद, किशोर आदि ने पुरुषोत्तम योग, गीता महात्म्य और गीता चयनित श्लोकों का समवेत गान किया। समारोह के प्रारंभ में श्रीमद्भागवत गीता महाग्रंथ पूजन हुआ। संयोजन अरविंद शर्मा ने किया।

शक्ति पीठ की ओर से सर्वधर्म समभाव गीता का संदेश विषयक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के अध्या प्रो. एस.एन. जोशी ने कहा कि प्रज्ञा का असंतुलन ही विसंगतियां पैदा करता है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने गीता से ही प्रेरित होकर अहिंसा के मार्ग से राष्ट्र को स्वतंत्रता दिलाई। अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सारे द्वंद्वों से मुक्ति का मार्ग ही गीता का संदेश है। आज समाज को चरित्र और विवेक की आवश्यकता है, जो युवाओं को दिशा दे सके। इसमें गीता की सार्थक भूमिका हो सकती है।

मोहनसिंह कोठारी, फादर देव प्रसाद, डॉ. एल.एल. शर्मा, एस.एस. माथुर, प्रो.पी.एल. शर्मा, प्रो. बी.एल. समदानी, हेमंत दहिया आदि ने भी विचार व्यक्त किए। सेक्टर नंबर तीन स्थित गजबण गार्डन में श्रीमद्भागवत के कथा के दूसरे दिन आचार्य डॉ. रामजीलाल शास्त्री ने कहा कि मनुष्य को कर्म का फल भोगना पड़ता है। सत्कर्म का फल सदैव श्रेष्ठ होता है। उन्होंने कहा कि बिना त्याग के भगवान की प्राप्ति नहीं हो सकती, जो व्यक्ति भागवत भक्ति नहीं करते वे मृत समान है। भगवान की शरण में जाने के बाद कोई कष्ट नहीं होता। सेवा के महत्व की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सेवा क्रिया नहीं कसौटी का नाम है।



शांतिपीठ संस्था की ओर से रविवार को गीता जयंती पर आयोजित गोष्ठी- संकीर्तन का दृश्य।

गीता जयंती व मौन ग्यारस पर बाईजीराज कुण्ड पर संत कानपुरी बाबा ने गीता की प्रासंगिकता पर व्याख्यान दिया। वैद्य ओम प्रकाश पालीवाल ने गीता-ज्ञान को जीवन का आदर्श बनाने का आह्वान किया। भवानी शंकर गौड़ ने श्रीकृष्ण-अर्जुन के मध्य कुरूक्षेत्र में संवाद को विश्व संवाद बताया। गीता खण्डेलवाल व ख्यालीलाल वरेण्डिया ने भी विचार व्यक्त किए।सुन्दरवास स्थित ओस्तवाल नगर में भी गीता जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गीता आश्रम के चुनाव एल.बी. बक्षी की अध्यक्षता में केसरसिंह खमेसरा अध्यक्ष, के. एस. माथुर सचिव, द्रोणाचार्य गुप्ता कोषाध्यक्ष व आर.के. मोदी सहसचिव चुने गए। शशि सिंघल ने गीता के सार तत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे मानव कल्याण का महान ग्रंथ बताया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रभुलाल अग्रवाल ने किया।

मालदास स्ट्रीट स्थित आराधना भवन में मौन ग्यारस पर 150 कल्याणक का आयोजन किया गया। श्रावक-श्राविकाओं ने मौनव्रत रखा और पचास पोषक हुए।मुनिराज तिलक सागर, धर्मकीर्तिसागर साध्वी सुदर्शना व मृगनयना श्री की निश्रा में आयोजित इस कार्यक्रम में मुनिवृंद ने कहा कि मौन से जहां जीवात्मा कर्म से दूर होती है, वहीं आत्म शक्ति बढ़ती हैं। [सासं]

राजस्थान की पत्रिका

दैनिक नवज्योति ■ अजमेर, मंगलवार, 9 जून 2009

कभी आज तो कभी आने वाले कल के हालात पे रोना

प्रथम अन्तरराष्ट्रीय ओशन दिवस पर विचार गोष्ठी
भयावह होता जलसंकट चिन्ता का विषय
समय रहते जल प्रबंधन के उपायों की जरूरत

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 8 जून। पृथ्वी की संरचना में तीन चौथाई भाग जल का होने के उपरान्त भी आज पृथ्वीवासी जल संकट से ग्रसित हैं तथा भविष्य में हालात भयावह होने से आशंकित भी हैं। आवश्यकता भी समय रहते जल प्रबंधन की है। पारम्परिक एवं वैज्ञानिक नीतियां अपनाकर समाधान खोजा गया। महासागरों पर विश्व समुदाय को गम्भीर व संवेदनशील होने की नितान्त आवश्यकता है तथा आणविक परीक्षणों जैसे कार्यों पर सख्त रोक लगाने की जरूरत है तब ही जाकर पारस्परिक हित एवं मंगलमय भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है।

यह विचार सोमवार को प्रथम अन्तरराष्ट्रीय ओशन दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ संस्थान में आयोजित विचार गोष्ठी में व्यक्त किए गए। अध्यक्षता चिन्तक मोहन सिंह कोठारी ने की। गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरणविद एवं सरोवर वैज्ञानिक डॉ. एल.एल. शर्मा ने कहा कि पृथ्वी के अन्तः एवं सतही जल के अभाव की स्थिति में समुद्री जल विकल्प होगा और इसके लिए समुचित तैयारियां अपेक्षित हैं। शान्तिपीठ के महासचिव अन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि पृथ्वी, जल, जीवन, अन्तरिक्ष और सर्वत्र शान्ति एवं निर्मलता निर्मित किए जाने के लिए वेद में घोषित शान्ति मंत्र के निहितार्थ अब आधुनिक विज्ञान अंगीकार करने लगा है और इसी रास्ते चलकर समुद्ररोदन से निजात पाई जा सकती है। उन्होंने चिन्ता व्यक्त की वर्तमान में आणविक घातक कचरे से भरे जहाज समुद्र में खड़े हैं। इसे नष्ट करना मनुष्य के सामने चुनौती बन गया है तथा मानवीय दखल से समुद्री जीव तक नष्ट होने के कगार पर हैं। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व के महासागरों के हालात पर सचेत होना समुद्री शान्ति की खोज में है, जो स्वागत योग्य है। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए मोहन सिंह कोठारी ने कहा कि भूमि को तो त्रस्त कर दिया अब समुद्र को अन्तरराष्ट्रीय कानूनों एवं सहमतियों पर सुरक्षित किया जाना चाहिए तथा समुद्रों में उपलब्ध भोजन, खनिज, वनस्पति आदि अपार सम्पदा के सुरक्षित एवं सदुपयोग के उपाय सुनिश्चित किए जाने चाहिए। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग से समुद्रों की वृद्धि एवं आणविक परीक्षणों पर चिन्ता व्यक्त की। ए.के. शर्मा, एम.एस. राणावत ने भी विचार व्यक्त किए। शान्तिपीठ के डॉ. इन्द्रदेव जोशी ने गोष्ठी का संचालन किया।

दैनिक नवज्योति
8 जून, 2006

दैनिक नवज्योति • अजमेर, गुरुवार, 8 जून, 2006



आयड़ नदी वर्तमान एवं भविष्य विषयक संगोष्ठी में मंचासीन अतिथिगण। फोटो : नवज्योति

आयड़ नदी के संरक्षण के प्रस्ताव विचाराधीन : सनाढ्य

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 7 जून। आयड़ नदी निश्चय ही अपने मूल स्वरूप में लौटेगी। आयड़ नदी संरक्षण के प्रस्ताव विचाराधीन हैं, इसे यथाशीघ्र मूर्तरूप देने के प्रयास किया जा रहा है। नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही आयड़ नदी पुन: सदानीरा बन सकती है।

यह विचार विकास प्रन्यास के अध्यक्ष शिवकिशोर सनाढ्य ने शान्तिपीठ की ओर से गंगा दशहरा के अवसर पर आयड़ नदी वर्तमान एवं भविष्य विषयक आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए। इस अवसर पर नगर परिषद के सभापति रविन्द्र श्रीमाली ने कहा कि परिषद बोर्ड ने आयड़ नदी संरक्षण के लिए एक करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है।

प्रस्तावित पांच सौ करोड़ की अधोसंरचनात्मक विकास कार्य में भी आयड़ नदी संरक्षण से जुड़े खर्च सम्मिलित किए जाएंगे। सनाढ्य व श्रीमाली ने कहा कि प्रन्यास व परिषद आयड़ नदी पुनरोद्धार के लिए प्रयासरत है। आगामी 9 तारीख को परिषद व प्रन्यास की बैठक में स्थानीय जलस्त्रोतों व संरचनात्मक कार्यों के संरक्षण के लिए सामूहिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। आयड़ नदी किनारे स्थित पंचवटी उच्च प्राथमिक विद्यालय में चल रहे सर्व शिक्षा संस्कृत शिक्षण प्रशिक्षण शिविर में शिक्षकगण एवं प्रबुद्ध नागरिकों की प्रतिभागिता लिए सदन में बोलते हुए भूगोलविद् डॉ. आर.एम. लोढ़ा ने बताया कि नदी क्षेत्र में पूरे क्षेत्र का गंदा पानी जा रहा है, जिसमें समीपवर्ती क्षेत्र के75 कुएं प्रदूषित हो चुके है।

नदी में तेजाबी पानी भी प्रवेश कर रहा है, जिसके स्पर्श से पक्षी पंखविहीन होकर मर रहे है। लगभग 25 इकाईयों में औद्योगिक प्रदूषित पानी झील को गंदा कर रहा है। डॉ. लोढ़ा ने हालात व नदी की दुर्दशा को विस्तार से व्यक्त किया तथा समाधान कारक सुझाव प्रस्तुत किए। प्रो. एस.एन. जोशी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि आयड़ नदी गंगा का जल ग्रहण क्षेत्र है, आयड़ नदी को सुरक्षित करना गंगा को बचाना है। नदी के दोनों किनारे 50 मीटर की हरित पट्टी विकसित करने की आवश्यकता बताई तथा कहा कि अतिक्रमण हटाए जाने चाहिए।

उन्होंने गंगा, दशहरा की महत्ता बताई तथा रामचरित मानस में अयोध्या व सरयू के उद्धरण देते हुए आयड़ नदी को सरस्वती की संज्ञा दी। संगोष्ठी का संचालन झील संरक्षण समिति के अनिल मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार उदयपुर से बनास नदी के संरक्षण पर पैसा दे सकती है तो इस योजना में आयड़ नदी का प्रस्ताव कराकर भिजवाया जाना चाहिए। शान्तिपीठ के इंद्रदेव जोशी ने आभार व्यक्त किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर ➤ 7 जून 2006

आयड़ मूल स्वरूप में लौटेगी-सनाढ्य

उदयपुर, 6 जून। आयड़ नदी निश्चय ही अपने मूल स्वरूप में लौटेगी। आयड़ नदी संरक्षण के प्रस्ताव विचाराधीन है, इसे यथाशीघ्र मूर्त रूप दिया जाएगा। नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से आयड़ नदी पुनः सदानीरा बन सकती है। ये विचार नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष शिवकिशोर सनाढ्य ने शान्तिपीठ की ओर से गंगा दशहरा के अवसर पर 'आयड़ नदी वर्तमान एवं भविष्य' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए। इस अवसर पर नगर परिषद् के सभापति रवीन्द्र श्रीमाली ने कहा कि परिषद् बोर्ड ने आयड़ नदी संरक्षण के लिए एक करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। प्रस्तावित पांच सौ करोड़ के अधोसरचनात्मक विकास कार्य में भी आयड़ नदी संरक्षण से जुड़े कार्य सम्मिलित किए जाएंगे। आगामी 9 तारीख को परिषद् व प्रन्यास की बैठक में स्थानीय जल स्रोतों व संरचनात्मक कार्यों के संरक्षण के लिए सामूहिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी।

पंचवटी उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित इस संगोष्ठी में भूगोलविद् डॉ. आर.एम. लोढ़ा ने बताया कि नदी में गन्दा पानी जा रहा है। जिससे आसपास के 75 कुएं प्रदूषित हो चुके हैं। नदी में तेजाबी पानी भी प्रवेश कर रहा है। जिसके स्पर्श से पक्षी पंखविहीन होकर गर रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. एस.एन. जोशी ने कहा कि आयड़ नदी गंगा का जलग्रहण क्षेत्र है, आयड़ नदी को सुरक्षित करना गंगा को बचाना है। नदी में दोनों किनारे पर 50 मीटर की हरित पट्टी विकसित करने की आवश्यकता बताई। शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आयड़ नदी विरासत है जो हमारी सभ्यता व संस्कृति की पहचान देती है। आयड़ नदी सुरक्षित व संरक्षित होगी तो उदयसागर का भी संरक्षण होगा। संगोष्ठी का संचालन करते हुए झील संरक्षण समिति के अनिल मेहता ने कहा कि केन्द्र सरकार उदयपुर से बनास नदी के संरक्षण पर पैसा दे सकती है तो इस योजना में आयड़ नदी का प्रस्ताव कराकर भिजवाया जाना चाहिए।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, बुधवार 7 जून 2006
विक्रम संवत 2063, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, एकादशी



शांतिपीठ की ओर से गंगादशमी के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में नगर विकास प्रन्यास अध्यक्ष शिवकिशोर सनाढ्य व अन्य।

आयड़ नदी बनेगी सदानीरा

उदयपुर, 6 जून ♦ नसं। आयड़ नदी निश्चय ही अपने मूल स्वरूप में लौटेगी। इस नदी के संरक्षण का प्रस्ताव विचाराधीन है। नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से यह नदी पुनः सदानीरा बन सकती है। ये विचार नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष शिवकिशोर सनाढ्य ने मंगलवार को शांतिपीठ की ओर से 'आयड़ नदी वर्तमान एवं भविष्य' विषय पर आयोजित वार्ता में व्यक्त किए।

नगर परिषद सभापति रवींद्र श्रीमाली ने कहा कि परिषद बोर्ड ने आयड़ नदी के संरक्षण के लिए एक करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी 9 जून को परिषद एवं प्रन्यास की संयुक्त बैठक में स्थानीय जल स्रोतों एवं संरचनात्मक कार्यों के संरक्षण के लिए सामूहिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। भूगोलविद् डॉ. आरएम लोढ़ा ने बताया कि आयड़ नदी में पूरे क्षेत्र का गंदा पानी जाता है जिससे समीपवर्ती क्षेत्र के 75 कुएं प्रदुषित हो गए हैं। अध्यक्ष पद से प्रो. एसएन जोशी ने कहा कि आयड़ को बचाना गंगा को बचाने के समान है। संचालन झील संरक्षण समिति के अनिल मेहता ने तथा शांतिपीठ के इन्द्रदेव जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर » 6 जून 2006

पर्यावरण दिवस पर लिए संकल्प

रैलियों एवं गोष्ठियों के माध्यम से दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

उदयपुर, 5 जून।

पर्यावरण चेतना संगोष्ठी: शांतिपीठ और जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण चेतना संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता पर्यावरणविद् मत्स्यकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एल.एल.शर्मा ने कहा कि 21 वीं सदी में मनुष्य ज्ञान के सहारे ही पर्यावरण की विभिन्न चुनौतियों का सामना कर उनसे निजात पा सकता है। इसके लिए वैज्ञानिक सोच विकसित करने की आवश्यकता है।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी, प्रशिक्षण संस्थान के उपाचार्य आर.पी.मीणा व प्रोफेसर पमेन्द्र दशोरा ने भी विचार रखे। संचालन महेश शर्मा ने किया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, मंगलवार 6 जून 2006
विक्रम संवत 2063, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, दशमी

पर्यावरणीय चुनौतियों से निजात दिलाएगा विज्ञान

उदयपुर, 5 जून • नसं। पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को शांतिपीठ और जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान की ओर से संगोष्ठी हुई।

शांतिपीठ की संगोष्ठी

मुख्य वक्ता के रूप में पर्यावरणविद् एवं फिशरीज कॉलेज के डीन डॉ. एलएल शर्मा ने कहा कि 21वीं सदी में मनुष्य पर्यावरण की चुनौतियों से विज्ञान की मदद से निजात पा सकते हैं। पीठ के संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का प्रयास संवेदना अनुप्राणित होना चाहिए संवेदना निरपेक्ष नहीं। अध्यक्ष पद से रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के उपाचार्य आरपी मीणा ने पर्यावरण संरक्षण को राष्ट्र निर्माण के संदर्भों में समझने की जरूरत बतायी। इस मौके पर पोस्टर का विमोचन किया गया। संचालन मीरा गर्ल्स कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक महेश शर्मा ने तथा एमएस राणावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



शांतिपीठ व जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान की ओर से पर्यावरण दिवस संगोष्ठी में बोलते अनंतगणेश।

विश्व पर्यावरण दिवस के समाचार पेज 4 पर भी



सूखे को रेगिस्तान मत बनाओ

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून, 2006 : मरुस्थल और मरुस्थलीकरण अगर उदयपुर का भविष्य झीलों में है तो बच्चों का भविष्य खतरे में है। जल जीवन का आधार है, इसे बचाइए। प्रकृति की शक्ति अद्भुत है, रेगिस्तान फिर, संवर सकता है, देर हो चुकी है- आइए! बहुत देर नहीं करें

मीरा कंजूमर
वेलफेयर कौंसिल

दैनिक भास्कर

उदयपुर, शुक्रवार 24 फरवरी 2006
विक्रम संवत 2062, फाल्गुन कृष्ण पक्ष, एकादशी

इंस्टेंट एक्शन लें, गोष्ठियों से काम नहीं चलेगा

शांतिपीठ की युवा पर्यावरण कांग्रेस में स्कूली बच्चों ने कहा : बड़े फैलाते हैं प्रदूषण, हम नहीं

उदयपुर, 23 फरवरी ◆ नसं। शहर के स्कूली बच्चों की झीलों की प्रति संवेदनशीलता, बढ़ते प्रदूषण को लेकर चिंता आज यहां जाहिर हुई। शांतिपीठ की ओर से गुरुवार को हुई युवा पर्यावरण कांग्रेस में सरकारी व निजी स्कूलों के विद्यार्थियों ने झीलों में प्रदूषण फैलाने वालों को आड़े हाथ लिया। उनकी शिकायत थी कि बच्चों को आम तौर पर अल्पज्ञानी कहा जाता है जबकि सबकुछ जानने वाले कथित बड़े ही अपने आसपास प्रदूषण फैलाते हैं। विद्यार्थियों ने बड़ों को चुनौती देते हुए कहा कि सिर्फ गोष्ठियों, सेमिनार व चर्चाओं से काम नहीं चलने वाला। पर्यावरण को बचाना है तो इंस्टेंट एक्शन लेना होगा।

सुखाड़िया सर्कल स्थित रेलवे ट्रेनिंग स्कूल में सुबह साढ़े दस बजे युवा कांग्रेस प्रारंभ हुई। कार्यक्रम में शहर के कई निजी व सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राएं भाग लेने आए। विद्यार्थियों ने झीलों में कूड़ा कचरा डालने, नहाने-कपड़े धोने, प्रतिमा विसर्जन, पॉलीथिन थैलियों के प्रयोग, पेड़ों की अंधाधुंध कटाई आदि गतिविधियों पर चिंता जाहिर की। एक बच्ची ने यह सलाह देकर सबको चकित कर दिया कि जिस तरह यातायात पुलिस को मास्क दिया जाता है, आमजन को भी मास्क पहनकर ही बाहर निकलना चाहिए। एक अन्य छात्रा ने दैनिक भास्कर द्वारा दूधतलाई में छोड़ी गई मछलियों पर प्रकाशित एक समाचार का हवाला देते हुए कहा कि बिना सोचे समझे किए जाने वाले कार्यों के गलत परिणाम होते हैं। कार्यक्रम में संत तरेसा, राजस्थान महिला विद्यालय, गुरुनानक सीनियर सैकंडरी स्कूल, सेंट्रल एकेडमी, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, भूपालपुरा, रेजीडेंसी स्कूल, सैफी स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों सहित स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, पर्यावरणविद् व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पर्यावरणविद महेश शर्मा ने बच्चों को पर्यावरण प्रदूषण व संरक्षण पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि विश्व में सालाना 1 लाख 20 हजार माताएं प्रसव के दौरान सेनिटेशन व हाइजीन के अभाव में मरती हैं। हर साल 22 लाख लोग अशुद्ध पानी की वजह से मौत के शिकार होते हैं। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग, मिलेनियम डेवलपमेंट प्रोग्राम जैसे कई ज्वलंत बिन्दुओं के बारे में बच्चों को बताया।

इंसान बचेगा तभी राष्ट्र बचेगा : महंत

समापन समारोह में मुख्य अतिथि मेवाड़ मंडलेश्वर महंत मुरलीमनोहर शरण शास्त्री ने कहा कि इंसान बचेगा तभी राष्ट्र बचेगा। भौतिक व प्राकृतिक पर्यावरण ही नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक व मानसिक वातावरण को उच्च दिशाएं प्रदान किए बिना पर्यावरण अधूरा है। शांतिपीठ के संचालक अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि पर्यावरण वाद विवाद का विषय नहीं रहकर त्वरित कार्रवाही द्वारा सुधार की दिशा में प्रयत्नशील होना होगा। उन्होंने पर्यावरण विघटन से बचने के लिए पर्यावरण सुरक्षा के लिए शास्त्रोक्त पंच तत्वों की वैज्ञानिक अवधारणा के अनुरूप जीवन शैली को ढालने की जरूरत बताई। रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जे.एस.मीणा ने ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीन हाउस इफेक्ट, ओजान परत का क्षरण आदि बिन्दुओं पर मनन किया। खुले सत्र में वयोवृद्ध स्वाधीनता सेनानी जयकिशन चौबे ने अपने जीवन काल में पर्यावरण में पिछले छह-सात दशक के बदलावों को रेखांकित किया। इससे पहले सेंट्रल एकेडमी की छात्रा भव्या आमेटा ने शास्त्रीय नृत्य व राहुल गोस्वामी ने विश्व शांति पर गीत प्रस्तुत किया। श्रेष्ठ अभिव्यक्ति के लिए अर्चना यादव, आकांक्षा देवड़ा, चेतना माली, अनिल कुमार मीणा को पुरस्कृत किया गया।

बच्चों के मुख से

आकांक्षा देवड़ा, सेंट्रल अकादमी : बच्चों में जागरूकता लाना तो ठीक है, बड़ों को भी पर्यावरण ज्ञान दें। बड़ों की अवेयरनेस ज्यादा जरूरी है। लोग सोचते हैं पर्यावरण की चिंता करना सिर्फ प्रबुद्ध वर्ग का काम है बल्कि ऐसा नहीं है।

सकीना, सैफी सेकंडरी स्कूल : हमें अपने बर्थडे पर एक-एक पौधा लगाना चाहिए। यदि एक लाख लोग भी हर साल एक एक पौधा लगाते हैं तो आने वाले वर्षों में काफी हरियाली हो सकती है।

चेतना माली, राबाउमावि, भूपालपुरा : पर्यावरण के खतरों की खूब बात हो गई लेकिन हम लोग इसे रोक इसलिए नहीं पा रहे हैं क्योंकि आलस करके बैठे हैं। गोष्ठियों व सेमिनार में चर्चा करने के बाद हमें अपने जीवन में इसे उतारने का प्रयास करना चाहिए जो हम नहीं करते। आलस छोड़कर हम यदि अपने झीलों व शहर की तरफ ध्यान नहीं देंगे तो समस्या गंभीर होती जाएगी।**फातिमा, रेजीडेंसी स्कूल :** हमें पॉलीथिन की थैलियों का उपयोग बिल्कुल छोड़ देना चाहिए। इसकी बजाय कागज या कपड़े की थैलियां काम में लें। अपने परिवार वालों को भी पॉलीथीन उपयोग में नहीं लाने पर जोर दें।

हितेष भाटी, गुरुनानक स्कूल : मेट्रो सिटीज में पर्यावरण की समस्या बहुत गंभीर है। धुएं के रुप में निकलने वाली घातक गैसें स्वास्थ्य व पर्यावरण दोनों के लिए बड़ी चुनौती है।

चारु माथुर, संत तरेसा : हम बच्चे घर के डिसीजन नहीं ले सकते। हमारी बात कोई गंभीरता से नहीं ली जाती। ऐसे में कुछ बातों पर अमल करके हम अपनी ओर से पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनें तो बेहतर होगा। हम पिकनिक जाते हैं तो पानी वाले जगहों को गंदा नहीं करें।

SHANTIPEETH INDIA ■ 591 ■
DOWN THE MEMORY LANE

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 24 फरवरी 2006

'सिर्फ अग्नि बची है अशुद्ध होने से'



उदयपुर के रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में गुरुवार को युवा पर्यावरण कांग्रेस को संबोधित करते मेवाड़ महामण्डलेश्वर महंत मुरली शरण शास्त्री।

उदयपुर, 23 फरवरी। पंचतत्वों में से सिर्फ अग्नि ही बची है, जिसे हम अशुद्ध नहीं कर पाए हैं। पृथ्वी, जल, आकाश और वायु को हम प्रदूषित कर चुके हैं। यह बात महंत मुरलीमनोहर शरण शास्त्री ने गुरुवार को यहां रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में 'युवा पर्यावरण कांग्रेस' के समापन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सिर्फ भौतिक, जैविक एवं प्राकृतिक ही नहीं है, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मानसिक वातावरण भी पर्यावरण के घटक हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को समन्वित प्रयास करने होंगे। शांतिपीठ संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जे.एस.मीणा ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या उत्पन्न हो गई है। शांतिपीठ के संस्थापक संचालक अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि पर्यावरण विषय पर चर्चा की बजाय अब क्रियान्विति पर जोर देना होगा। समारोह का संचालन प्रो. महेश शर्मा ने किया। इससे पूर्व, सेंट्रल एकेडमी की छात्रा भव्या आमेटा ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। युवा पर्यावरण कांग्रेस में भाग लने वाले संत तरेसा की अर्चना यादव, सेंट्रल एकेडमी की आकांक्षा देवड़ा, विद्या भवन के अनिल कुमार मीणा तथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भूपालपुरा की चेतना माली को श्रेष्ठ अभिव्यक्ति के लिए पुरस्कृत किया गया।

युवा पर्यावरण कांग्रेस

बच्चों ने किया पॉलीथिन का विरोध

युवा पर्यावरण कांग्रेस में बच्चों ने पॉलीथिन का जबर्दस्त विरोध किया। झीलों में गंदगी डालने पर उन्होंने रोष जताया। बच्चों ने कहा कि प्रदूषण बढ़ता रहा तो कभी हेलमेट की बजाय शहर की दुकानों पर मास्क सजे होंगे।

प्रातःकाल
उदयपुर, शुक्रवार, दिनांक 24 फरवरी, 2006

इन्सान बचेगा तो राष्ट्र बचेगा : शास्त्री

उदयपुर, 23 फर. (वि.)। "इंसान बचेगा तो राष्ट्र बचेगा। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए व्यक्ति का अस्तित्व सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इंसान के अस्तित्व एवं उसकी खुशहाली को सुरक्षित किये बिना पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य पूर्ण होना संभव नहीं है।

शान्तिपीठ के तत्वावधान में नगर के माध्यमिक विद्यालयों के लिए स्थानीय जोनल रेल्वे प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में आयोजित "युवा पर्यावरण कांग्रेस" के एक दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि महन्त मुरली मनोहर शरण शास्त्री ने उक्त उद्गार व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि भौतिक जैविक एवं प्राकृतिक वातावरण ही पर्यावरण नहीं है बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मानसिक वातावरण को उच्च दशाएं प्रदान किये बिना पर्यावरण अधूरा है।

अध्यक्षता रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जे. एस. मीणा ने की।

इससे पूर्व शान्तिपीठ के संस्थापक संचालक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि आज पर्यावरण की दशा बदतर स्थिति में पहुंच गई है। अब पर्यावरण वाद विवाद का विषय न रहकर त्वरित कार्यवाही द्वारा सुधारने की दिशा में प्रयत्नशील होना होगा।

अध्यक्ष प्राचार्य जे. एस. मीणा ने कहा कि वर्तमान समय का सर्वाधिक अहम मुद्दा अत्यधिक उपभोग वादी संस्कृति, संसाधनों का अत्यधिक दोहन, ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीन हाऊस प्रभाव, ओजोन परत का क्षरण व रेगीस्तानीकरण आज के विश्व के सामने बड़ी चुनौति बनकर उभरा है।

प्रो. महेश शर्मा ने समारोह का संचालन करते हुए युवा पर्यावरण कांग्रेस की रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें शहर के अनेक स्कूलों के छात्र छात्राओं ने भाग लेकर पर्यावरण के प्रति अपने विचार संवेदनाएं एवं सुधार के उपाय सुझाए।

इससे पूर्व सेन्ट्रल एकेडमी की छात्रा भव्या आमेटा ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया तथा राहुल गोस्वामी ने विश्वशांति के लिए गीत प्रस्तुत किया। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा युवा पर्यावरण कांग्रेस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में से संत तरेसा की अर्चना यादव व सेन्ट्रल एकेडमी की आकांक्षा देवड़ा, विद्याभवन के छात्र अनिल कुमार मीणा तथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भूपालपुरा की चेतना माली को श्रेष्ठ अभिव्यक्ति के लिए पुरस्कृत किया गया। प्रारंभ में सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित किया गया।



उदयपुर। जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में युवा पर्यावरण कांग्रेस के समापन समारोह में संबोधित करते महंत मुरली मनोहर शरण शास्त्री।

दैनिक भास्कर

उदयपुर रविवार, 5 फरवरी 2006

सूक्ष्मातिसूक्ष्म का चिंतन कर रहस्यों को जाना

डॉ. कोठारी की जन्म शताब्दी पर चिंतन सभा



शांतिपीठ की ओर से निम्बार्क शिक्षक महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को आयोजित चिंतन सभा में ध्यानमग्न प्रतिभागी और इनसेट शांतिपीठ के महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी।

उदयपुर, 4 फरवरी • विज्ञान का उद्देश्य प्राणी मात्र के आनंद की प्राप्ति है। ज्ञान-विज्ञान में कोई भेद नहीं है और इसी विचार को महामना वैज्ञानिक डॉ. दौलतसिंह कोठारी ने पृष्ठ पोषित किया। सूक्ष्माती सूक्ष्म का चिंतन देकर उन्होंने जीवन के रहस्यों को उद्घाटित किया। ये विंचार डॉ. दौलतसिंह कोठारी की पुण्य स्मृति में शांतिपीठ की ओर से निम्बार्क शिक्षक महाविद्यालय के सभागार में आयोजित चिंतन सभा में महामंडलेश्वर मुरली मनोहरशरण शास्त्री ने शनिवार को व्यक्त किए। सभा की अध्यक्षता करते हुए सुखाड़िया विवि के पूर्व कुलपति डॉ. आरके राय ने कहा कि डॉ. कोठारी ने शोध कार्य पर कभी पूर्ण विराम नहीं लगाया। विशिष्ट अतिथि महाराणा कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. वीर बहादुर सिंह ने कहा कि मेवाड़ में अध्यात्म और विज्ञान का दृष्टिकोण सदियों से रहा है और डॉ. कोठारी राजस्थान व उदयपुर के रहे है, यह गौरव की बात है। शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि डॉ. कोठारी की मान्यता थी कि विज्ञान को आत्मज्ञान से जोड़कर विकास की ओर बढ़ने से विज्ञान की समुन्नति तथा मानवता का कल्याण दोनों ही आश्वस्त रहेंगे। डॉ. चंद्रा भंडारी, डॉ. केडी शर्मा ने उनके जीवन संस्मरण सुनाए। सभा का संचालन शांतिपीठ के एमएस राणावत ने किया।

SHANTIPEETH INDIA ■ 594 ■ शांतिपीठ चौराहा ■ DOWN THE MEMORY LANE ■

दैनिक नवज्योति

7 जून, 2005

दैनिक नवज्योति

प्रदूषण की आंधी में कैसे सुरक्षित रखें सभ्यताएं

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 6 जून। व्यवस्था के व्यवसायिकीकरण व प्रदूषण की उठी आंधी में सभ्यताओं को सुरक्षित रख पाना आज की अद्वितीय चुनौती है। देश में विख्यात रही मेवाड़ की राजधानी नागदा व आहाड़ सभ्यताएं काल के गाल में समा गई। पर्यावरणीय संकट के इस दौर में विरासत नगरी उदयपुर को बचा पाने के लिए क्रान्तिकारी प्रयासों व दूरदृष्टि लिए पुख्ता योजनाओं की आवश्यकता है। यह विचार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ द्वारा आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए।

गोष्ठी में उदयपुर के संकट समाधान की खोज विषय पर गम्भीर चिन्तन हुआ। भूगोलविद् डॉ. आर.एम. लोढ़ा ने बताया कि उदयपुर घाटी की यह विशेषता थी कि एक बार मानसून प्रवेश करने पर बरस के ही रहता था। क्योंकि यहां की पहाड़ियां हरियाली से आच्छादित थी, परन्तु अब स्थितियां विपरीत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि गिर्वा में 31 पहाड़ियों में से 26 बिलानाम, 4 निजी व एक सहकारी समिति की है इनमें बमुश्किल 10 पहाड़ियों पर नाम मात्र का वनक्षेत्र है। अन्य 10 पर वन का नामोनिशान नहीं है। हालात यह है कि भूक्षरण के अतिरेक से वर्षाकाल में भी पौधारोपण मुश्किल है। इसके लिए विशेष योजना की आवश्यकता है, जिससे जल की उपलब्धि बन पाए।

उन्होंने झील संरक्षण के लिए अब हिल (पर्वत) संरक्षण को जरूरी बताया। मास्टर प्लान के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें 62 गांव दर्शाए गए है। शेष 43 को भी शामिल कर एक दूरगामी समन्वित योजना बनानी चाहिए। शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने कहा कि विकास की अवधारणाओं पर पुनर्विचार की आवश्यकता है तथा इसमें व्याप्त विकृतियों का उन्मूलन पृथ्वी व प्राणी जगत के सुरक्षित अस्तित्व के लिए आवश्यक है। उन्होंने जल जमीन व वायु की कीमत पर विकास की बात को बेबुनी बताया। उन्होंने कहा कि उदयपुर सम्भाग के पर्यावरण व विरासत के पुनरोत्थान हेतु ठोस प्रयासों की आवश्यकता है, जिसमें युवा पीढ़ी को योजनाबद्ध तरीके से संलग्न किया जाए तथा हमारे पर्यावरण संरक्षण के प्रयास निश्चित परिणामगामी एवं समयबद्ध होने चाहिए।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, मंगलवार 7 जून 2005

विक्रम संवत 2062 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा

शांतिपीठ की ओर से उदयपुर के संकट समाधान की खोज विषय पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि देश में कभी विख्यात रही मेवाड़ की

राजधानी नागदा एवं आहाड़ सभ्यताएं काल के गाल में समा गई। पर्यावरणीय संकट के इस दौर में विरासत नगरी को बचाने के लिए पुख्ता योजनाओं की आवश्यकता है। भूगोलविद् डॉ. आरएम लोढ़ा ने बताया कि गिर्वा की 31 पहाड़ियों में से 26 बिलानाम, 4 निजी एवं एक सहकारी समिति की है जिनमें 10 पहाड़ियों पर नाममात्र का वन क्षेत्र है। हालात ये हैं कि भूक्षरण के अतिरेक से वर्षाकाल में भी पौधरोपण मुश्किल हो गया है। उन्होंने झील संरक्षण के साथ हिल (पर्वत) संरक्षण को जरूरी बताया। संस्था के अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि विकास की अवधारणाओं पर पुनर्विचार की आवश्यकता है तथा इसमें व्याप्त विकृतियों का उन्मूलन पृथ्वी एवं प्राणी जगत के सुरक्षित अस्तित्व के लिए आवश्यक है। सरोवर विज्ञानी डॉ. एलएल शर्मा ने भूजल सहित अन्य जल स्त्रोतों में जल की आवक बढ़ाने के लिए व्यापक प्रयास जरूरी बताए। रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के एमएस राणावत ने कहा कि व्यवस्था के व्यवसायीकरण की मानसिकता से पर्यावरणीय मसले हल नहीं हो सकते।

पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर सम्मेलन आज

उदयपुर, 3 जून। शांतिपीठ की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को दिव्य विरासत पुनरुत्थान-पर्यावरण संवर्द्धन अभियान के लिए सराड़ा ब्लाक के पाल सराड़ा गांव में टीकम बावजी [त्रिविक्रम देव] पर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में आसपास के दर्जनभर गांवों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। [कासं] 4/6

शांतिपीठ का सम्मेलन 4 जून को

पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर 4 जून को शांतिपीठ की ओर से सराड़ा ब्लॉक के पाल गांव के निकट टीकम बावजी (त्रिविक्रम देव) पर एक सम्मेलन होगा।

संस्थापक अनंतगणेश त्रिवेदी के अनुसार इसमें 'दिव्य विरासत पुनरोत्थान-पर्यावरण संवर्द्धन' अभियान को व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा। सम्मेलन में आसपास के दर्जनभर गांवों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। 2-6-04 नवज्योति

ऐसा विकास हो जिससे प्रदूषण न फैले, बल्कि विकास हो

उदयपुर, 5 जून। हमें विकास का वह रास्ता तय करना है जो जीवन को खुशहाल बनाए रखे न कि शुद्ध हवा पानी और भेजन जैसी मौलिक जरुरतों से वंचित कर जीवन को विषमय बनाये। प्राणी मात्र के कल्याण का भाव हमें विरासत में मिला है।सह प्रकृति का पूरक है और सबको एक साथ जोड़ते हुए विखंडनों की विकृति से बचाता है।

ऐसे मनुष्यत्व के भाव को निरन्तर जागृत बनाये रखने के लिए हमारी संस्कृति में दिव्य आस्था स्थलों के निर्माण कराये गये हैं। जहां से मनुष्य अपने प्राणों को अनुप्राणित कर प्रकृति से तादम्य बनाये रख सके।

यह विचार विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर शाति पीठ के तत्वावधान में कुम्भाकालीन ऐतिहासिक धरोहर गांव पाल सराड़ा के टीकम बावजी (त्रिविक्रम देव) में आयोजित सम्मेलन में वयक्त किये। सम्मेलन में आसपास के 17 गांवों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सलूंबर के विधायक अर्जुन लाल मीणा ने कहा कि चारों धामों की यात्रा से जो पुण्य फल प्राप्त होता है वह पांच पौधे लगाकर बड़ा करने से सहज मिल जाता है। उन्होंने सवाचेत किया कि अब भी अगर हम चेत गये तो प्रकृति के रोर्द और प्रचण्ड रूप से हम निजात पा सकते हैं क्योंकि हमने प्रकृति के साथ बहुत ही खिलवाड़ किया है। दोहन का अतिरेक यिका, वन सम्पदा को नष्ट किया और जल के महत्व और उसकी प्राथमिकताओं को नहीं समझा गया। जब जागे तभी सवेरा। उन्होंने कहा कि हमें दिल व दिमाग से पर्यावरण के प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध होना चाहिये।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने दिव्य विरासत पुनरोत्थान पर्यावरण संवर्द्धन अभियान के आयामों की व्याख्या करते हुए कहा कि हर गांव में कम से कम एक देव वन का निर्माण किय जाए तथा हर व्यक्ति पांच पौधे विकसित करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि प्रकृति का उपासना खुशहाली का निरापद मार्ग हैं।

उन्होंने कहा कि आचरण की शुद्धि में जल की महत्ता प्रतिपादित की। इस अवसर पर वेल्स फोर इंडिया के ओमप्रकाश शर्मा ने वर्षा के जल के संचयन की महत्ता बताते हुए जल प्रबन्धन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अकाल राहत कार्य में ऐसे कार्यों को किये जाने की आवश्यकता बताई तो लम्बे समय तक के लिए लाभदायक हों।

कार्यक्रम के संयोजक नाथूलाल चौबीसा ने त्रिविक्रमदेव, रणछोड़ एवं हरिहर के पुरातन विग्रहों की ऐतिहासिक को रेखांकित करते हुए बताया कि श्याम पाषाण का यह विग्रह 9वीं शताब्दी में काबुल के कारीगरों ने बनाया।

उन्होंने टीकम बावजी के विकासएवं जीर्णोद्धार की योजना पर विस्तृत प्रकाश डाला। आषाढ़ कृष्ण प्रतिपदा पर ही महाकवि कालीदास ने मेघदूत की रचना कर मनुष्य मात्र को उपहार दिया उसकी पर्यावरण व्याख्या प्रस्तुत की।

स्थानीय कार्यकर्ता जोरावर सिंह, कुरीलाल, सुरखंड खेड़ा की सरपंच कमलादेवी मीणा के विचार व्यक्त करने के साथ ही गांव पांडेर, रायणिया, सराड़ा, बागथला, कुरड़िया, नवाड़ा, बाणां, मालर, कोलर व कालीघाटी के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी दी।

प्रारंभ में सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे गांव पाल सराड़ा के सरपंच थावरचन्द मीणा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। जबकि शांतिपीठ के जी.एल. पाटीदार ने आभार व्यक्त किया।

उदयपुर, 5 जून। बजरंग दल ने राज्य सरकार में शिक्षामंत्री बनने के बाद पहली बार उदयपुर पहुंचने पर रेलवे स्टेशन पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर- ५ जून, २००४

'प्रकृति की उपासना खुशहाली का निरापद उपाय'

नसं, उदयपुर, 4 जून।

विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर शांतिपीठ के तत्वावधान में कुंभाकालीन ऐतिहासिक गांव पाल सराड़ा के टीकमबावजी क्षेत्र में सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने जल, ध्वनि और हवा के प्रदूषण से मुक्ति के लिए पर्यावरण से तादम्य स्थापित करने पर सहमति जताई। आसपास के 17 गांवों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सलूंबर विधायक अर्जुनलाल मीणा ने कहा कि वृक्षारोपण से चारों धाम की यात्रा करने जितना पुण्य मिलता है। उन्होंने सावचेत किया कि वनों और जल स्रोतों के अंधाधुंध दोहन से पर्यावरण को नुकसान पहुंचा है।



शांतिपीठ की संगोष्ठी में सलूम्बर विधायक श्री मीणा व अन्य।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने विरासतों के पुनरूत्थान तथा पर्यावरण संवर्द्धन की व्याख्या करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पांच पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए।

संयोजक नाथूलाल चौबीसा ने त्रिविक्रमदेव, रणछोड़ एवं हरिहर के पुरातन विग्रहों की ऐतिहासिकता को रेखांकित किया। प्रारंभ में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पाल सराड़ा के सरपंच थवचंद मीणा ने अतिथियों का स्वागत किया। जोरावरसिंह, कुरीलाल, सुरखण्ड खेड़ा की सरपंच कमलादेवी मीणा आदि ने विचार व्यक्त किए। आभार शांतिपीठ के बी.एल.पाटीदार ने जताया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 5 जून 2004

'पांच फोटो को बड़ा करने से चार धाम यात्रा सी पुण्य प्राप्ति'

उदयपुर, 4 जून।हमें विकास का वह रास्ता अपनाना है जो जीवन को खुशहाल बनाए रखे न कि शुद्ध हवा, पानी और भोजन जैसी मौलिक जरूरतों से वंचित कर जीवन को विषमय बनाएं। प्राणी मात्र के कल्याण का भाव हमें विरासत में मिला है, जो प्रकृति का पूरक है। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को शान्तिपीठ के तत्वावधान में कुम्भाकालीन ऐतिहासिक धरोहर गांव पाल सराड़ा के टीकमबावजी [त्रिविक्रम देव] में आयोजित सम्मेलन में वक्ताओं ने यह विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि सलूम्बर विधायक अर्जुनलाल ने कहा कि चारों धामों की यात्रा से जो पुण्य प्राप्त होता है वह पांच पौधों को लगाकर बड़ा करने से सहज उपलब्ध होता है। उन्होंने सावचेत किया कि अब भी अगर हम चेत गए तो प्रकृति के रौद्र और प्रचण्ड रूप से निजात पा सकते है हालांकि विलम्ब बहुत हो चुका है। वन सम्पदा को नष्ट किया और जल के महत्व और उसकी प्राथमिकताओं को नहीं समझ पाए। उन्होंने कहा हमें दिल व दिमाग से पर्यावरण के प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध होना चाहिए।शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने दिव्य विरासत पुनरोत्थान-पर्यावरण संवर्द्धन के अभियान के आयामों की व्याख्या करते हुए कहा कि हर गांव में कम से कम एक देव वन का निर्माण किया जाए तथा हर व्यक्ति पांच पौधे विकसित करने का संकल्प करे। प्रकृति की उपासना का मार्ग खुशहाली का निरापद मार्ग है। उन्होंने आचरण की शुद्धि में जल की महत्ता प्रतिपादित की। इस अवसर पर वेल्स फोर इण्डिया के ओमप्रकाश शर्मा ने वर्षा जल के संचयन की महत्ता बताते हुए जल प्रबन्धन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजक नाथूलाल चौबीसा ने किया। जोरावरसिंह, कुरीलाल, सुरखण्ड खेड़ा की सरपंच कमलादेवी मीणा ने भी विचार व्यक्त किए। गांव पाल सराड़ा के सरपंच थावचंद मीणा ने अतिथियों का स्वागत किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 18 मार्च 2004

हरे वृक्ष यानी हरा-भरा जीवन

उदयपुर, 17 मार्च। हरे वृक्षों में देवता का वास होता है इसीलिए इनकी सुरक्षा व वृद्धि की बात शास्त्रों में भी उल्लेखित हैं। ऐसा करने पर ही संताप मिट सकते हैं व जीवन हरा-भरा हो सकता हैं। शान्तिपीठ उदयपुर के संचालक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने मंगलवार को गोगुन्दा तहसील के गांव रावछ में 'विरासत पुनरूत्थान पर्यावरण संवर्द्धन' विषयक संवाद संगोष्ठी में यह विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में ग्रामवासियों, जनजाति आश्रम छात्रावास के छात्रों एवं शिक्षकों से मुक्त संवाद स्थापित किया गया और वन-सुरक्षा संवर्द्धन के साथ रोजमर्रा का जीवन, स्वास्थ्य, बच्चों की परवरिश व शिक्षा पर खुली चर्चा की गई। उपस्थित वनवासियों ने नशामुक्ति अभियान का संकल्प लिया। एम.एस. राणावत, वीरचन्द गमेती, उदयलाल गरासिया, हरिलाल गरासिया आदि ने भी विचार व्यक्त किए।



उदयपुर जिले की गोगुन्दा तहसील के गांव रावछ में मंगलवार को ग्रामीणों को सम्बोधित करते अनन्त गणेश त्रिवेदी।

दैनिक नवज्योति

18 मार्च, 2004

रोजमर्रा का जीवन, स्वास्थ्य, बच्चों की परवरिश व शिक्षा पर खुली चर्चा

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 17 मार्च। शान्तिपीठ के विरासत पुनरूत्थान-पर्यावरण संवर्द्धन कार्यक्रम के तहत गोगुन्दा तहसील के गांव रावछ के ग्रामवासियों, जनजाति आश्रम, छात्रावास के छात्रों एवं शिक्षकों से मुक्त संवाद स्थापित किया गया, जिसमें वन सुरक्षा संवर्द्धन के साथ ही रोजमर्रा का जीवन, स्वास्थ्य, बच्चों की परवरिश व शिक्षा पर खुली चर्चा की गई।

उबरी खूणा में माताजी के देवरे पर आयोजित संवाद-गोष्ठी में बोलते हुए कहा कि हरे वृक्षों में देवता का वास है इसलिए इनकी सुरक्षा व इनकी बढ़ोत्तरी की बात शास्त्रों में कही गई है और ऐसा करने पर ही हमारे संताप मिट सकते हैं और जीवन हरा-भरा हो सकता है। उन्होंने देव-वनों के विकास की आवश्यकता बताते हुए कहा कि मनुष्य, पशु-पक्षी, जीव-जन्तु, वन एवं वनस्पति सभी का मेलजोल प्रकृति द्वारा दिया गया परिवार है। यह पूरा परिवार जल तत्व से जीवित है। जहां जल नहीं वहां जीवन नहीं इसलिए हमें जीव परिवार और जल का रिश्ता पवित्र बनाए रखना चाहिए। जल को भी देवता माना गया है। जल से ही जीवन के सारे संकल्प पूर्ण होते हैं।

बैठक के प्रारम्भ में शान्तिपीठ के एम.एस. राणावत ने वन संवर्द्धन के उद्धेश्यों व कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा ग्रामीणों की रोजमर्रा जीवन की कठिनाईयों को कलमबद्ध किया। ग्रामीणों ने विशेष तौर से रोजगार की तकलीफ तथा चिकित्सा की समुचित व्यवस्था के संबंध में समस्याएं रखी। उन्होंने हर छात्र से समग्र पर्यावरण चेतना से जुड़ने का आह्वान किया। एम.एस. राणावत ने राष्ट्र निर्माताओं व जननायकों के कई ऐतिहासिक उदाहरणों द्वारा भविष्य निर्माण में उनकी प्रखर भूमिका का प्रतिपादन किया। इस अवसर पर शिक्षक वीरचन्द गमेती, उदयलाल गरासिया व हरिलाल गरासिया ने भी विचार व्यक्त किए। शिक्षक व छात्र वर्ग ने आगामी मानसून काल में पौधारोपण में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा आसपास ग्राम, ढाणियों के 16 स्कूलों के छात्रों व शिक्षकों को जोड़कर इस अभियान को मूर्त रूप देने का संकल्प साधा।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, विक्रम संवत 2060 श्रावण, कृष्ण पक्ष द्वितीया, मंगलवार 15 जुलाई 2003



पौधरोपण शांतिपीठ संस्थान और जोलन रेलवे ट्रेनिंग स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पर्यावरण संवर्द्धन कार्यक्रम के तहत सेंटर परिस में स्कूली बालकों द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह जानकारी संस्थान के प्रसार अधिकारी राजीव लोढ़ा ने दी।

पौधरोपण

- सुबह 10 बजे : शांतिपीठ के दिव्य नियंत्रण पुनरोत्थान पर्यावरण संवर्द्धन कार्यक्रम के तहत जोलन रेल्वे ट्रेनिंग सेंटर में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के सहयोग से।

पौधारोपण आज : शांतिपीठ के तत्वावधान में शहर के दस विद्यालयों के विद्यार्थी सोमवार को रेलवे ट्रेनिंग सेंटर परिसर में पौधारोपण करेंगे। यह जानकारी संस्था के राजीव लोढा ने दी। 14-7-03

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, गुरुवार, 17 जुलाई, 2003



वृक्षारोपण

उदयपुर, 16 जुलाई। शांतिपीठ के दिव्य विरासत पुनरूत्थान-पर्यावरण संवर्धन अभियान के तहत बुधवार को जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर परिसर में सेफी स्कूल के छात्रों ने पौधारोपण किया।

शांतिपीठ के प्रो. पी.एन. शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता नीलकंठ नागदा व रेलवे ट्रेनिंग सेंटर के हरीश के मार्गदर्शन में छात्रों ने गड्ढे खोदकर नीम के पौधे लगाए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी गोपालदास ने उन्हें जीवन और प्रकृति के अन्तर्सम्बन्धों पर प्रकाश डाला। शांतिपीठ महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने भी विचार रखे।

प्रातःकाल

श्रावण कृष्णा 4 गुरूवार दिनांक 17 जुलाई 2003

छात्रों ने पौधे रोपे

उदयपुर, 16 जुलाई (वि.)। शान्तिपीठ के पर्यावरण संवर्धन अभियान के तहत बुधवार को जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर के सहयोग से सेंटर परिसर में सैफी स्कूल के छात्रों ने पौधारोपण किया।

शान्तिपीठ के प्रो. पी. एन. शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता नीलकंठ नागदा व रेलवे ट्रेनिंग सेंटर के छात्रों ने गड्ढे खोदकर नीम के पौधे लगाए।

इस अवसर पर स्वामी गोपालदास जी ने जीवन और प्रकृति के अंतर्सम्बन्धों को बताते हुए कहा कि पेड़ से प्रसन्नता मिलती है और प्रसन्नता जीवन की कामयाबी का द्वार है। शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि प्रकृति से हमें सद्भाव की प्रेरणा मिलती है।

दैनिक नवज्योति

अजमेर, गुरुवार, 17 जुलाई, 2003

रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर परिसर में सैफी स्कूली छात्रों द्वारा वृक्षारोपण

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 16 जुलाई। शान्तिपीठ के दिव्य विरासत पुनरूत्थान पर्यावरण संवर्द्धन अभियान के तहत जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर के सहयोग से सेन्टर परिसर में सैफी स्कूल के छात्रों ने पौधारोपण किया।

छात्र प्रभारी अध्यापक सिद्धार्थ सिंह राठौड़ के साथ दस बजे परिसर में उपस्थित हुए। शान्तिपीठ के प्रो. पी.एन. शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता नीलकण्ठ नागदा व रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर के हरीश के मार्गदर्शन में छात्रों ने गड्ढे खोदकर नीम के पौधे लगाए। 20 छात्रों के समूह में मात्र एक छात्र ने ही पूर्व में पौधारोपण किया था। कोमल हाथों ने कभी रोंती-फावड़े, कुदाली को स्पर्श नहीं किया था परन्तु पर्यावरण के प्रति उनके रूझान से न केवल पौधारोपण ही किया परन्तु आगे इस दिशा में कार्य करने का उन्होंने संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में स्वामी गोपालदास ने उन्हें जीवन और प्रकृति के अन्तर्सम्बन्धों को बताते हुए कहा कि पेड़ से प्रसन्नता मिलती है और प्रसन्नता जीवन की कामयाबी का द्वार हैं। शान्तिपीठ के महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने कहा कि प्रकृति से हमें सद्भाव की प्रेरणा मिलती है। यदि समाज को जोड़ना है तो हमें प्रकृति की ओर निरन्तर चलते रहना चाहिए, यह अलगाव और अवसाद से मुक्त करती है। विद्यार्थी वर्ग द्वारा आज ट्रेनिंग परिसर में एक विशेष क्षेत्र में नीमकुंज का निर्माण पूर्ण हुआ।

111

जय राजस्थान दैनिक
18 जून 2003 वार – बुधवार

जीवन के उच्च आदर्शों को नहीं मानने का नतीजा प्राकृतिक व मानव निर्मित आपदाओं से ग्रस्त होना

उदयपुर, 17 जून। आजादी के बाद के दौर में हम जीवन के उच्च आदर्शों की अपेक्षित रक्षा के अभाव में विरासत में मिली महान संस्कृति को न तो शिक्षा से जोड़ पाये न ही विकास की गती को मानव मंगल की दिशा दे पाये। परिणामस्वरूप हम प्राकृतिक व मानव निर्मित आपदाओं के अभिशाप से ग्रसित हो गये तथा इससे मुक्त हो पाना अद्वितीय चुनौति बन गया।

ये विचार रविवार को शांतिपीठ के दिव्य विरासत पुनरूत्थान - पर्यावरण संवर्द्धन अभियान के तहत उदयसागर पर आयोजित संवाद संगोष्ठी में उभर कर आए। नांदवेल, मीठा नीम, बिछड़ी, चंदेसरा कैलाशपुरी आदि ग्रामों व नगर के प्रतिनिधि संगोष्ठी में सम्मिलित हुए । अध्यक्षता वयोवृद्ध गांधीवादी दलीचन्द जोशी ने की। भीषण दुष्काल, चारे पानी का अभाव, वृक्षविहिन पहाड़ियों व सूखे उदयसागर और इस पर भी हालात से सबक लेने जैसे संभावनाओं के अभाव जैसी चिंताएं संवाद का मर्म रही।

प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए सरोवर विज्ञानी, डॉ एल एन. शर्मा ने निरन्तर गहराते पर्यावरण संकट की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए पर्यावरण संरक्षण को एक प्रबल जनचेतना आंदोलन बनाने की आवश्यकता बताई। डॉ. शर्मा ने झीलों में वर्षो से एकत्र प्रदूषक तत्वों एवं नत्रजन-फास्फोरस युक्त साद की उपरी पतर को साफ करने के सरोवर विज्ञानीय पक्ष को बताते हुए कहा कि अकाल के इस दौर में यह कार्य आसानी से किया जा सकता है।

तथा इसके बाद जलाशय के भरने के इस दौर में यह कार्य आसानी से किया जा सकता हैं तथा इसके बाद जलाशय के भरने पर झील में जल की गुणवत्ता एवं जैव विविधता में भी सुधार होगा।

परन्तु इसके लिए सम्पूर्ण झील में नियंत्रित तरीकें से सफाई की जरूरत होती हैं डॉ. शर्मा ने बताया कि अगर झील में अतिरिक्त पानी की आवक हो तब फ्लरिंग द्वारा भी प्रदूषण के स्तर को कम किया जा सकता है।

उन्होंने उदयपुर की झीलों को वर्षा जल संचय करने की अनुपम सांसकृतिक धरोहर बताते हुए उदयपुर शहर के व्यापक हित में हर कीमत पर इनका संरक्षण एवं सर्वद्धन करने की जरूरत बतायी तथा इसके लिए तकनीकी आधार पर व्यापक प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने जलाशय में संतुलित पर्यावरण कायम रखने तथा जल की गुणवत्ता के सुधार में मछलियों की महती भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि प्रकृति के बीच आस्था स्थलों के निर्माण के पीछे महान चिन्तन हैं यह शास्वत की अभिव्यक्ति हैं जो प्रकृति व संस्कृति की एकात्मता का बोध देते हुए जीवन को पूर्ण बनाती है। और अधूरेपन से मुक्त रखती है ।

हमारा पूरा वैभव विराट संस्कृति का साकार संदेश हैं जिसकी प्रासंगिकता बहुआयामी है। किन्तु जनचेतना के अभाव में हम इसके महत्व को आत्मसात् नहीं कर पा रहे है।

त्रिवेदी ने कहा कि मेवाड़ का पूरा वैभव, प्राकृतिक सौन्दर्य और जीवन के उच्च आदर्शो का समन्वय जगत के लिए शामिल है। उन्होंने जन जागृति एवं सरकार के पुख्ता संरक्षण की आवश्यकता प्रतिपादित की।

संवाद-संगोष्ठी में स्वरचित गीतों के माध्यम से वर्षो से सामाजिक चेतना पैदा करते आ रहे स्वाधीनता सेनानी दलीचन्द जोशी ने कई गीतों के माध्यम से सद्भाव व पर्यावरण की प्रतिष्ठा व्यक्त की। उन्होंने आशा व्यक्त की ज्ञान की गहरी खोज करालां, पाणी रा समन्दर फेर भरागा।

इस अवसर पर वयोवृद्ध शिक्षक केशुलाल नागदा के उदयसागर के पुरावैभव की ओरसे ध्यान आकर्पित करते हुए बताया कि किसी समय प्रातः संध्यायहां मंदिरों की तीन सौ घंटियों की मधुर ध्वनि सुनी जाती थी। किन्तु आज मनोहारी वैभव से विरान नजारा भय और आशंकाएं पैदा करता हैं।

उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे अवमूल्यन पर खेदप्रकट करते हुए कहा कि हम अपने परिवेश से भटक गये हैं हम विश्व भूगोल की बात करते है किन्तु हमारे नौ निहालों को आस-पास के क्षेत्र का ज्ञान तक नही करा पा रहे है। मत्स्य वैज्ञानिक डॉ. अरूण पुरोति ने परम्परागत जल संसाधन व इनके प्रबंधन कि विधियों पर प्रकाश डाला। प्रारंभ में डॉ. उदय पालीवाल ने विरासत पुनरूत्थान पर्यावरण संवर्द्धन अभियान के माध्यम से शांतिपीठ के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। पुरूषोत्तम नागदा ने स्वागत किया। अंत में उदयसागर भरने के लिए इन्द्रदेव से प्रार्थना की गयी। एडवोकेट मोहन लाल मोड ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत 2060
आषाढ़, कृष्ण पक्ष चतुर्थी, बुधवार
18 जून 2003

'न शिक्षा को संस्कृति से जोड़ा न विकास को दिशा दी'

उदयपुर, 17 जून। आजादी के बाद हम न तो संस्कृति को शिक्षा से जोड़ पाए और न ही विकास की गति को दिशा दे पाए हैं। यह विचार शांतिपीठ की रविवार को दिव्य विरासत पुनरुत्थान-पर्यावरण संवर्द्धन अभियान के तहत उदयसागर पर हुई गोष्ठी में सामने आए। अध्यक्षता करते हुए स्वाधीनता सेनानी दयालचंद सोनी ने गीतों के माध्यम से सद्भाव व पर्यावरण की प्रतिष्ठा व्यक्त की। मुख्य वक्ता के रूप में सरोवर विज्ञानी डा. एलएन शर्मा ने पर्यावरण संकट की ओर से ध्यान आकर्षित करते हुए उसके संरक्षण की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि यदि पानी की अतिरिक्त आवक हो तो फ्लशिंग द्वारा झीलों के प्रदूषण स्तर को कम किया जा सकता है।

शांतिपीठ के संस्थापक अनंतगणेश त्रिवेदी ने कहा कि मेवाड़ का पूरा वैभव, प्राकृतिक सौंदर्य एवं संस्कार जीवन के उच्च आदर्शों का समन्वय विश्व के लिए उदाहरण है। हमारा पूरा वैभव विराट संस्कृति साकार संदेश है, जिसकी प्रासंगिकता बहुआयामी है किंतु जन चेतना के अभाव में हम इसके महत्व को आत्मसात नहीं कर पा रहे हैं। शिक्षक केशुलाल नागदा , मत्स्य वैज्ञानिक अरुण पुरोहित, डा. उदय पालीवाल ने भी विचार प्रकट किए। स्वागत पुरुषोत्तम नंदवाना ने किया व धन्यवाद मोहनलाल मोड ने ज्ञापित किया। इस गोष्ठी में नांदवेल, मीठानीम, बिछड़ी, चंदेसरा और कैलाशपुरी के ग्रामीण उपस्थित थे।

उदयपुर
Rashtradoot
उदयपुर, शुक्रवार 6 जून, 2003

भीतर के पर्यावरण को शुद्ध किये बिना बाहर के पर्यावरण को बचा पाना मुश्किल

-कार्यालय संवाददाता-

उदयपुर 5 जून। अंचल में गुरुवार को पर्यावरण दिवस पर संगोष्ठी सहित विविध आयोजन हुए।

भीतर के पर्यावरण को शुद्ध किये बिना बाहर के पर्यावरण को बचा पाना मुश्किल है। प्रकृति द्वारा विरासत में जो मिला उसमें से बहुत कुछ खो चुकने के बाद भी हम सभी अर्थों में सचेतन नहीं हो पाये और भविष्य को आश्वस्त करने हेतु अपेक्षित आदर्शों की बजाय आज हमारे बच्चे अश्लील चित्र, भाषा और माहौल में पल रहे है, यह गंभीर चिंता का विषय है।

ये विचार देश के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता समाज चिन्तक व स्वाधीनता सैनानी डा. एस एन सुब्बराव ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शान्तिपीठ द्वारा जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर के सभागार में दिव्य विरासत पुनरोत्थान व पर्यावरण संवर्धन के चातुर्मासिक अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए व्यक्त किये। सुब्बाराव ने कहा हम वन संवर्धन के प्रयास करते है यह अच्छी बात है किन्तु जो कुछ विरासत में प्राप्त है यह कुदरती है इसे सहेज रखना अति महत्वपूर्ण है। डा. सुब्बाराव ने चिंता व्यक्त की कि आजादी के 50 वर्ष बाद भी एक गरीब की जनसेवक तक पहुंच नहीं बन पाई। आज दृढ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। इच्छा शक्ति से नकारात्मकता का शमन किया जा सकता है। लढाई किसी कुरुक्षेत्र अथवा लंका में शुरु नहीं होती बल्कि मनुष्य के दिमाग की उपज है और दिमाग को बदलने के लिये जीवन को सकारात्मकता देनी होगी, दृढ इच्छा शक्ति से आम सहमति बनानी होगी।

विषय प्रवर्तन करते हुए शान्तिपीठ के संस्थाप महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने व्यक्ति और प्रकृति के अन्तर्सम्बन्धों एवं दोनो की पारस्परिक पूरकता पर विवेचना करते हुए विरासत संरक्षण की आवश्यकता प्रतिपादित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर के प्रिंसिपल आर एन मीणा ने अब तक के बने वन अधिनियमों को बताया और चिंता व्यक्त की कि सारे नियमों के बावजूद हालात बदतर होते गये। उन्होंने वृक्षावली विकसित करने हेतु समयबद्ध योजना की आवश्यकता तथा वाटर हारवेसटिंग की जरुरत बताई।

विश्व प्रकृति निधि भारत की उदयपुर डिविजनल इकाई ने गुरु को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सिटी पैलेस, भ्रमण पर आने वाले सैकडों पर्यटकों व शहरवासियों को अकाल के इस भीषण दौर में पानी का समुचित उपयोग करने, बारिश पूर्व पर्याप्त वृक्षारोपण करने तथा पारिस्थिति संतुलन के लिए पर्यावरण को बचाने के संकल्प दिलाए।

विश्व प्रकृति निधि भारत की उदयपुर संभागीय कमेटी के सचिव हरीश पालीवाल ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पैलेस भ्रमण पर आने वाले सैकडों पर्यटकों को वन व पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प दिलाया गया। पर्यटकों को नेचर शाप पर पानी एवं वन संरक्षित करने और उनकी महत्ता पर विस्तृत से समझाया। पर्यटकों ने निधि के सुझाव को सहर्ष स्वीकार किया।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल उदयपुर के तत्वावधान में संचालित अभिरुचि केन्द्र एवं कला कौशल शिविर महिला मण्डल में एस एन सुब्बाराव ने शिविरार्थियों को संबोधित कर भारत देश की युवा पीढी को संस्कारवान, श्रमवान बनने का आव्हान किया। इस असर पर राधेश्याम मेहता मण्डल मुख्यायुक्त, स्काउट/गाइड उदयपुर मण्डल ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पर्यावरण से संबंधित कविता, पोस्टर प्रतियोगिता, फैन्सी डेस प्रतियोगिताओं का आयोजन महिला मण्डल एवं अभिनव उमावि उदयपुर में किया गया।

विद्याभवन कृषि विज्ञान केन्द्र बडगांव में आज विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। केन्द्र की प्रशिक्षण आयोजिका श्रीमती सी एल भारती ने बताया कि इस कार्यक्रम में मानपुरा नौरा एवं सोनारिया फला गांवो की 24 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक डा. आर एल सोनी ने पर्यावरण का महत्व बताते हुए वृक्षों के विराट रुप के बारे में बताया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वासुदेव देवनानी, आचार्य, विद्या भवन पोलीटैक्नीक कालेज ने अपने व्याख्यान में कहा कि वर्तमान में लगातार अकाल व बढते तापमान, वनों की अंधाधुंध कटाई के परिणाम है जिसके लिये मनुष्य स्वयं जिम्मेदार है।

भारतीय परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन सुनिश्चित करने के लिए विकास का ग्राम एवं कृषि विकास आधार माडल अपनाना आवश्यक है। यह बात रुद्रा (रुरल डवलपमेन्ट एवं रिकन्सट्रक्सन एक्टिविटी) द्वारा आयोजित पर्यावरण संरक्षण एवं दिनचर्या विषयक संगोष्ठी में सांख्यिकी विद डा. पी के दशोरा ने कही। उन्होंने कहा कि बढता हुआ शहरीकरण तथा विकास के वर्तमान मार्ग पर्यावरण में गिरावट ही लायेंगे। जन चेतना जन भागीदारी तथा जन सहयोग के बिना पर्यावरण संरक्षण की बात केवल कल्पना होगी। शहरी जीवन दिनचर्या पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण में बाधक बतलाया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो. वासुदेव देवनानी ने कहा कि जंगल, जानवर, जल, जमीन, इनका जब तक सीधा जन के साथ जुडाव नहीं होगा तो पर्यावरण संरक्षण संभव नहीं होगा। उन्होंने दैनिक जीवन में डिटरजेंट के कम प्रयोग, पोलीथिन की जगह कपडे अथवा कागज की थैलियों के प्रयोग, ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण तथा पेट्रोल व डीजल द्वारा होने वाले प्रदूषण का दिनचर्या में मामूली से परिवर्तन से कम करने पर बल दिया।

प्रसिद्ध पर्यावरण विद डा. एल एल शर्मा ने ग्रामीण व शहरी जीवन का फर्क बताते हुए कहा कि शहरों में संसाधनों का दुरुपयोग हो रहा है। सारे ग्रामीण संसाधन शहरों की ओर प्रवाहमान है, इससे प्रदूषण इत्यादि की समस्या बढ रही है।

रोटरी क्लब आफ उदयपुर, लेकसिटी एवं राजस्थान विद्यापीठ डबोक के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण पर लोकमान्य तिलक शिक्षा महाविद्यालय नागर सभागार में में एक संगोष्ठी व पर्यावरण संबंधी कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों की आंगनवाडी प्रशिक्षणार्थी, डबोक बी एड कालेज के शिक्षक, होम्योपेथी मेडिकल कालेज के डाक्टर्स, जनता कालेज डबोक के शिक्षकों व रोटरी लेकसिटी क्लब के सदस्यों ने भाग लिया। प्रारंभ में जनता कालेज प्राचार्य शंकरलाल शर्मा व क्लब वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुख्तियार सिंह ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दौलत सिंह चौहान संपादक राजस्थान पत्रिका ने कहा झीलों की नगरी होते हुए भी हम पानी के लिए तरस रहे है।

कार्यक्रम में निबंध पर्यावरण प्रश्न उत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेताओं सरिता माली, वीना शर्मा, निर्मला उपाध्याय, संतोष कोहली, शारदा देवी, पुनी बाई, भूरी देवी, सोनी बाई, रतन पेनेट को निर्मल सिंघवी, डी एस चौहान दीपक सुखाडिया ने पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किये। संचालन अरुण पानेरी जन सम्पर्क अधिकारी व मुख्य अनुदेशिका श्रीमती मधु नाहर ने किया। कार्यक्रम में कुलदीप माथुर, राजेन्द्र सिंह कोठारी, निर्मल करण पुरिया, कुलदीप छाबडा, दीपक शर्मा, संजीव तिवारी, प्रताप दरडा ने भाग लिया।

पर्यावरण दिवस पर आज प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय में पर्यावरण दिवस का आयोजन मृदा एवं जल अभियांत्रिकी विभाग के सभागार में किया गया। इस अवसर पर विभागध्यक्ष एवं कार्यवाहक अधिष्ठाता डा. वीरेन्द्र कुमार ने लगातार पांच वर्षो से प्रदेश में सूखे की स्थिति की मीमांशा करते हुए पर्यावरण के विनाश को ही प्रमुख कारण बताया। पूर्व कुलपति प्रो. राजवीर सिंह ने इस अवसर पर भू जल के पुनर्भरण तथा जल प्रबंधन पर जोर देते हुए पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखने को आवश्यक बताया। प्रो. एन एस राठौड द्वारा नवीकरण उर्जा के स्त्रोतों का पर्यावरणीय संतुलन में महत्वपूर्ण योगदान के बारे में जानकारी दी।

राजसमंद

जिला कलक्टर रोहित कुमार ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए आम लोगों में जन जागरण की महत्ती आवश्यकता है। वहीं पर्यावरण संरक्षण में हम सब कर पूर्ण भागीदारी बनती है।

जिला कलक्टर गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उप वन संरक्षक विभाग के तत्वावधान में आयोजित रैली कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने केनवास स्कीम पर पर्यावरण संरक्षण के संदेश लिखवाए। जिन्हें नागरिकों के लिए जागरुकता की दृष्टि से प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में बढते प्रदूषण से पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता और भी बढ गई है। इसके लिए हमें पर्यावरण संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देना होगा। जिला मुख्यालय पर कांकरोली के राजकीय सीनियर हायर सेकेण्ड्री स्कूल प्रांगण में स्कूली छात्रों की पर्यावरण संरक्षण जागरुकता रैली निकाली गई जिसे जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में लगभग 300 छात्र छात्राएं स्काउट गाईडस उप वन संरक्षक के कर्मियों ने भाग लिया। रैली में छात्रों ने बेनर एवं तख्तियां ले रखी थी जिस पर पर्यावरण से संबंधित नारे लिख रखे थे। रैली नगरपालिका के समीप पहुंची जहां पालिका के अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने समापन की रस्म अदा की।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, रविवार 23 जून 2002

पाकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन से जन-जीवन पर प्रश्नचिह्न

उदयपुर, 22 जून (न्यूज सर्विस)। पृथ्वी और पर्यावरण हमें धरोहर के रूप में मिला है, इसकी रक्षा हम सबका प्राथमिक उत्तरदायित्व है। प्राकृतिक संसाधनों के अनियन्त्रित दोहन ने आज प्राणी मात्र के अस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है। इसलिए यह नितान्त आवश्यक है कि हम विकास की अवधारणा को संस्कृति से जोड़े रखते हुए हमारी धरोहर को यथावत आगे बढ़ाएं।

उक्त विचार शान्तिपीठ के तत्वावधान में उदयपुर के समीप गांव पालड़ी-कटारा में पर्यावरण एवं विरासत संरक्षण के सन्दर्भ में गंगा दशहरा निर्जला एकादशी महात्म्य विषयक कार्य गोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. एस.एन. जोशी ने की। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में जोशी ने कहा कि गंगा-शहर भागीरथी तपस्या का स्मरण कराता है। कठोर तपस्या से गंगा उपलब्ध हुई। शिव की जटाओं अर्थात जंगलयुक्त हिमालय ने इसे धारण किया। वृक्षविहीन हिमालय इसे धारण नहीं कर सकता था। उन्होंने चिन्ता व्यक्त की कि वर्तमान में वृक्षविहिन पर्वतों का भूक्षरण हो रहा है, वे जल धारण करने की क्षमता खो रहे है। गंग हर शहर हर गांव में है। हर एक जल स्रोत की पवित्र भाव से रक्षा करें इसे प्रदूषित न होने दें।

उन्होंने निर्जला एकादशी पर दिनभर बिना जल रहकर जल रूपी अमूल्य धरोहरण को समझने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा मुसलमान भी रोजा रखकर पेयजल के महत्व को समझते है। जोशी ने कहा कि पृथ्वी मानव के लिए वरदान है। शास्त्र कहते है कि इसे धरोहर मानो। यह देवऋण है, इसे चुकाने का तरीका प्राकृतिक सम्पदा को सुरक्षित रखना व बांट कर खाना है। वैज्ञानिकों ने ज्ञान दिया, सुविधाएं दी, यह ऋषि ऋण के रूप में है, इसके लिए ज्ञान आगे बढ़ाएं तथा शरीर पितृ ऋण है, शरीर की रक्षा करें ओर जैसी थी धर दीनी चदारिया को अपनाएं। इस अवसर पर बोलते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि नदियां सभ्यताओं के विकास की जीवन रेखाएं है, ए हमारी संस्कृति की पहचान और समृद्धि की सूचक है। उन्होंने जल प्रबन्धन की ऐसी प्रणाली अपनाई जाने की आवश्यकता बताई, जिससे हमारे परम्परागत जल स्रोतों को नया जीवन मिले। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में हरेक पर्व एवं त्यौहार वन और वनस्पति से जुड़ा हुआ है। ए पर्यावरण के संरक्षण और उसके विज्ञान को प्रकट करते है। उन्होंने सभा में उपस्थित युवा प्रतिभागियों को विरासत संरक्षण के लिए आवश्यक वातावरण निर्माण करने का आह्वान किया।

पर्यावरणविद् एवं सरोवर विज्ञानी डॉ. एल.एल. शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण की परम्परागत प्रणालियों के विज्ञान को पुनः खोजने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि द्रवों में विलक्षण द्रव जल है। इसके संरक्षण तथा प्रबन्धन के तरीकों से नई पीढ़ी को प्रशिक्षित करने की महत्ती आवश्यकता है। उन्होंने कहा जहां जल है वहीं जीव है। पृथ्वी गृह पर जल है इसलिए यह अमूल्य धरोहर है।

उन्होंने भविष्य सुनिश्चित करने हेतु जल संरक्षण की आवश्यकता प्रतिपादित की। प्रारम्भ में शान्तिपीठ के इन्द्रदेव जोशी ने सभी का स्वागत किया तथा तथा संस्थान द्वारा माह पर्यन्त पर्यावरण एवं संस्कृति विरासत संरक्षण के पाठ्यक्रमों से परिचित कराया। गोष्ठी में लोकेश भट्ट ने पानी की किफ़ायत से उपयोग तथा प्रबन्धन के प्रति प्रतिभागियों की ओर से संकल्प व प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर पालड़ी कटारा के समाजसेवी जयशंकर, तरूण सनाढ्य, फतेहलाल चौबीसा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यगोष्ठी का संचालन डॉ. एम.आर. परिहार ने किया, जबकि देवेन्द्र जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

SHANTIPEETH INDIA 603
शान्तिपीठ DOWN THE MEMORY LANE

जय राजस्थान
दिनांक 22 जून 2002 वार- शनिवार

पर्यावरण की रक्षा हमारा प्राथमिक उत्तरदायित्व

उदयपुर, 21 जून (वि)। पृथ्वी और पर्यावरण हमें धरोहर के रूप में मिला है इसकी रक्षा हम सबका प्राथमिक उत्तरदायित्व है। प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन ने आज प्राणी मात्र के अस्तीत्व पर प्रश्न चिंह खड़ा किया है। इसलिये यह नितांत आवश्यक है कि हम विकास की अवधारणा को संस्कृति से जोड़े रखते हुए हमारी धरोहर को यथावत आगे बढ़ाये।

उक्त विचार शांतिपीठ के तत्वावधान में उदयपुर के समीप गांव पालड़ी कटारा में पर्यावरण एवं विरासत संरक्षण के संदर्भों में गंगा दशहरा निर्जला एकादशी महात्म्य विषयक कार्य गोष्ठी में अनेक वक्ताओं ने व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. एस.एन.जोशी ने की।

इस अवसर पर बोलतें हुए शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि नदियां सभ्याताओं के विकास की जीवन रेखायें है। ये हमारी संस्कृति की पहचान और समृद्धि की सूचक है। उन्होने जल प्रबंधन की ऐसी प्रणाली अपनाई जाने की आवश्यकता बताई जिससे हमारे परंपरागत जल स्त्रोतों को नया जीवन मिले।

उन्होने कहा कि भारतीय संस्कृति में हरेक पर्व एवं त्यौहार वन और वनस्पति से जुड़ा हुआ है। ये पर्यावरण के संरक्षण और उसके विज्ञान को प्रकट करते है। उन्होनें सभा में उपस्थित युवा प्रतिभागियों को विरासत संरक्षण के लिये आवश्यक वातावरण निर्माण करने का आव्हान किया।

पर्यावरण विद् एवं सरोवर विज्ञानी डा. एल.एल.शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण की परंपरागत प्रणालियों के विज्ञान को पुनः खोजने की आवश्यकता बताई। उन्होनें कहा द्रव्यों में विलक्षण द्रव जल है। इसके संरक्षण तथा प्रबंधन के तरीकों से नई पीढ़ी को प्रशिक्षित करने की महत्ती आवश्यकता है।

उन्होनें कहा कि जहां जल है वही जीव है। पृथ्वी गृह पर जल है। इसलिये यह अमूल्य धरोहर है। उन्होने भविष्य सुनिश्चित करने हेतु जल संरक्षण की आवश्यकता प्रतिपादित की।

प्रारंभ में शांतिपीठ के इंद्रदेव जोशी ने सभी का स्वागत किया एवं संस्थान द्वारा माह पर्यन्त पर्यावरण एवं संस्कृति विरासत संरक्षण के कार्यक्रमों से परिचित कराया। गोष्ठी में लोकेश भट्ट ने पानी की किफायत से उपयोग एवं प्रबंधन के प्रति प्रतिभागियों की ओर से संकल्प एवं प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर पालड़ी कटारा के समाजसेवी जयशंकर, तरूण सनाढ्य, फतेहलाल चौबीसा ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यगोष्ठी का संचालन डा. एम.आर.परिहार ने किया एवं देवेंद्र जोशी ने धन्यवाद

Rashtradoot
उदयपुर शनिवार 22 जून 2002

इस अवसर पर बोलते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि नदियां सभ्यताओं के विकास की जीवन रेखाएं है, ये हमारी संस्कृति की पहचान और समृद्धि की सूचक है। उन्होंने जल प्रबन्धन की ऐसी प्रणाली अपनाई जाने की आवश्यकता बताई जिसमें हमारे परम्परागत जल स्त्रोतों को नया जीवन मिले।

निर्जला एकादशी पर्व पर शान्तिपीठ के तत्वावधान में उदयपुर के समीप गांव पालडी कटारा में पर्यावरण एवं विरासत संरक्षण के सदर्भो में गंगा दशहरा निर्जला एकादशी महात्म्य विषयक कार्य गोष्ठी में अनेक वक्ताओं ने व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.एस.एन.जोशी ने की।

अध्यक्षीय उदबोधन में जोशी ने कहा कि गंगा दशहरा भागीरथी तपस्या का स्मरण कराता है। कठोर तपस्या से गंगा उपलब्ध हुई। शिव की जटाओं अर्थात जंगलयुक्त हिमालय ने इसे धारण किया। वृक्षविहीन हिमालय इसे धारण नहीं कर सकता था। उन्होंने चिन्ता व्यक्त की कि वर्तमान में वृक्षविहीन पर्वतों का भूक्षरण हो रहा है, वे जल धारण करने की क्षमता खो रहे है। गांगा हर शहर गांव में है। हर एक जल स्त्रोत की पवित्र भाव से रक्षा करें इसे प्रदूषित न होने दे। उन्होंने निर्जला एकादशी पर दिन भर बिना जल रहकर जल रुपी अमूल्य धरोहर को समझने की आवश्यकता बताई। उन्होंने मुसलमान भी रोजा रखकर पेयजल के महत्व को समझते है। जोशी ने कहा कि पृथ्वी मानव के लिये वरदान है। शास्त्र कहते है इसे धरोहर मानो। यह देवऋण है, इसे चुकाने का तरीका प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित रखना व बांट कर खाना है। वैज्ञानिकों ने ज्ञान दिया, सुविधायें दी, यह ऋषि ऋण के रुप में है, इसके लिये ज्ञान को आगे बढाए तथा शरीर पितृ ऋण है, शरीर की रक्षा करें और जैसी थी धर दीनी चदारिया को अपनाए।



शांतिपीठ की गोष्ठी में (दाएं से) डॉ. एल.एल. शर्मा, प्रो. एस.एन. जोशी और अनंत गणेश त्रिवेदी।

दैनिक भास्कर

उदयपुर विक्रम संवत २०५९, ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, शनिवार, २२ जून, २००२

दैनिक भास्कर

संस्कृति से जुड़ी हो विकास की अवधारणा

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 21 जून। पृथ्वी और पर्यावरण हमें धरोहर के रूप में मिला है, इसकी रक्षा हमारा प्राथमिक उत्तरदायित्व है। प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन ने आज प्राणीमात्र के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है, इसलिए यह नितांत आवश्यक है कि हम विकास की अवधारणा को संस्कृति से जोड़े रखते हुए अपनी धरोहर को आगे बढ़ाएं।

ये विचार शांतिपीठ के तत्त्वावधान में निकटवर्ती पालड़ी-कटारा गांव में पर्यावरण एवं विरासत संरक्षण के संदर्भ में गंगा दशहरा निर्जला एकादशी महात्म्य विषयक गोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किए। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में प्रो.एस.एन. जोशी ने कहा कि गंगा-दशहरा भागीरथी तपस्या का स्मरण कराता है। कठोर तपस्या से गंगा उपलब्ध हुई, शिव की जटाओं अर्थात् जंगलयुक्त हिमालय ने इसे धारण किया। वृक्षविहीन हिमालय इसे धारण नहीं कर सकता था, जबकि वर्तमान में वृक्षविहीन पर्वतों से भूक्षरण हो रहा है, वे जलधारण क्षमता खो रहे हैं। गंगा हर शहर, हर गांव में है। हर एक जलस्रोत की पवित्र भाव से रक्षा करें, उसे प्रदूषित नहीं होने दें। उन्होंने निर्जला एकादशी पर दिनभर बिना जल रहकर जल रूपी अमूल्य धरोहर को समझने की आवश्यकता जताई। प्रो.जोशी ने कहा कि मुसलमान भी रोजा रखकर पेयजल के महत्व को समझते हैं। पृथ्वी मानव के लिए वरदान है। शास्त्र कहते हैं, इसे धरोहर मानो। यह देवऋण है, इसे चुकाने का तरीका प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित रखना व बांट कर खाना है। वैज्ञानिकों ने ज्ञान दिया, सुविधाएं दीं, यह ऋषि ऋण के रूप में है, इसके लिए ज्ञान को आगे बढ़ाएं तथा शरीर पितृ ऋण है, शरीर की रक्षा करें।

शांतिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि नदियां सभ्यताओं के विकास की जीवन रेखाएं हैं, ये हमारी संस्कृति की पहचान और समृद्धि की सूचक हैं। जल प्रबंधन की ऐसी प्रणाली अपनाने की आवश्यकता है जिससे परंपरागत जल स्रोतों को नया जीवन मिल सके। श्री त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हर पर्व वन और वनस्पति से जुड़ा है। ये पर्यावरण संरक्षण और उसके विज्ञान को प्रकट करते हैं। उन्होंने विरासत के संरक्षण का वातावरण निर्माण करने के लिए सभा में उपस्थित युवाओं का आह्वान किया। सरोवर विज्ञानी डॉ.एल.एल. शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण की परंपरागत प्रणालियों के विज्ञान को खोजने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि द्रवों में विलक्षण द्रव जल है। इसके संरक्षण तथा प्रबंधन के तरीकों से नई पीढ़ी को प्रशिक्षिण करने की महती आवश्यकता है। जहां जल है, वहीं जीव है। पृथ्वी ग्रह पर जल है, इसलिए यह अमूल्य धरोहर है। भविष्य सुरक्षित करने के लिए जल संरक्षण की आवश्यकता है।

प्रारंभ में, शांतिपीठ के इंद्रदेव जोशी ने स्वागत किया तथा संस्थान की ओर से माह पर्यंत पर्यावरण एवं संस्कृति, विरासत संरक्षण के कार्यक्रमों से अवगत कराया। प्रतिभागियों की ओर से लोकेश भट्ट ने पानी का किफायती उपयोग व प्रबंधन के लिए प्रतिभागियों की ओर से संकल्प व प्रतिबद्धता व्यक्त की। पालड़ी-कटारा के समाजसेवी जयशंकर, तरुण सनाढ्य, फतहलाल चौबीसा ने विचार रखे। संचालन डॉ.एम.आर. परिहार ने किया, धन्यवाद देवेंद्र जोशी ने ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 22 जून, 2002



उदयपुर जिले के पालड़ी-कटारा गांव में शुक्रवार को आयोजित गंगा-दशहरा निर्जला एकादशी महात्म्य विषयक कार्यगोष्ठी मंच पर बैठे अतिथि।

भगीरथी तपस्या का स्मरण करता है गंगा दशहरा

उदयपुर, 21 जून [नसं]। शांतिपीठ की ओर से पालड़ी-कटारा गांव में गंगा-दशहरा निर्जला एकादशी महात्म्य विषयक कार्यगोष्ठी आयोजित की गई। पर्यावरण एवं विरासत संरक्षण के संदर्भों में आयोजित इस गोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. एस.एन. जोशी ने की।

इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. जोशी ने कहा कि गंगा-दशहरा भागीरथी तपस्या का स्मरण करता है। उन्होंने कहा कि कठोर तपस्या से गंगा उपलब्ध हुई। शिव की जटाओं ने इसे धारण किया। वृक्षविहीन हिमालय इसे धारण नहीं कर सकता था। जोशी ने कहा कि वर्तमान में वृक्षविहीन पर्वतों का भूक्षरण हो रहा है, वे जल धारण करने की क्षमता खो रहे हैं। उन्होंने निर्जला एकादशी पर दिनभर बिना जल रहकर जलरूपी अमूल्य धरोहर को समझने की आवश्यकता बताई।

गोष्ठी में शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि नदियां सभ्यताओं के विकास की जीवन रेखाएं हैं, ये हमारी संस्कृति की पहचान और समृद्धि की सूचक हैं। उन्होंने जल प्रबन्धन की ऐसी प्रणाली अपनाने की आवश्यकता बताई जिससे परम्परागत जलस्रोतों को नया जीवन मिले।

पर्यावरणविद् डॉ. एल.एल. शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण की परम्परागत प्रणालियों के विज्ञान को पुनः खोजने की आवश्यकता बताई। प्रारंभ में शांतिपीठ के इन्द्रदेव जोशी ने सभी का स्वागत किया। गोष्ठी में लोकेश भट्ट, पालड़ी-कटारा के जयशंकर, तरुण सनाढ्य, फतहलाल चौबीसा ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन डॉ. एम.आर. परिहार ने किया। धन्यवाद देवेन्द्र जोशी ने ज्ञापित किया।

दैनिक भास्कर
जयपुर, विक्रम संवत २०५८, आषाढ़, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, मंगलवार १९ जून, २००१



शांतिपीठ संस्था की ओर से देव वन संरक्षण गोष्ठी को सम्बोधित करते अनंत गणेश त्रिवेदी।

मेवाड़ के रक्षक वन देवों का विज्ञान समझना जरूरी

उदयपुर, 18 जून (नसं)। टीकम बावजी नाम से प्रसिद्ध त्रिविक्रमदेव पर रविवार को शांतिपीठ की ओर से देव वन संरक्षण विषयक कार्य गोष्ठी हुई। पुरातात्विक स्थलों के अवलोकन के साथ ही संभागी वन संरक्षण के सांस्कृतिक पक्ष से रू-ब-रू हुए।

गोष्ठी में संस्था के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि शताब्दियों से मेवाड़ की रक्षा वन देवों ने की है, किंतु ये भी अब प्रदूषण की चपेट में है। संस्कृति और विरासत से जोड़े रखने वाले शांति और आत्म जाग्रति के केन्द्र देव वनों का विज्ञान फिर समझना होगा। डा. जी.एल. मेनारिया ने बताया कि विक्रम संवत 1493 के शिलालेख से यहां राठौड़वंशीय कीर्तिपाल का सुरजननगर होने की जानकारी मिलती है। पुरावशेषों से यहां महाराणा कुंभा द्वारा दुर्ग बनाने की योजना की संभावना का पता चलता है। सुरखंड खेड़ा के ताम्रपत्र लेखों से महाराणा प्रताप द्वारा आपातकाल में गुप्त केन्द्र बनाने की पुष्टि होती है। कार्यक्रम संयोजक पंडित नाथूलाल ने प्रतापकालीन दुर्ग व शिलालेख का अवलोकन कराया। उन्होंने कुंभाकालीन जीर्ण-शीर्ण मंदिर के बारे में बताया कि भगवान कृष्ण के मथुरा से द्वारका जाते समय की दास्तान से जुड़े होने के कारण रणछोड़जी के रूप त्रिविक्रम को स्थानीय बोली में टीकम बांवजी कहते हैं। गोष्ठी में प्रकाश पानेरी, प्रो. एल.एल. शर्मा, सरपंच कमलाबाई मीणा, पुजारी शंकर, कुरीलाल मीणा ने भी विचार रखे। अध्यक्षता सरपंच थावरचंद मीणा ने की। कार्य गोष्ठी के बाद बलुआ गांव में जनभागीदारी कार्यों का अवलोकन किया गया।

दैनिक भास्कर
उदयपुर ■ गुरुवार 6 जून, 2002 4
विक्रम संवत २०५९, ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, एकादशी, गुरुवार, ६ जून, २००२

पर्यावरण दिवस पर गोष्ठियां, पौधरोपण सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 5 जून। विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को यहां गोष्ठियां, पौधरोपण तथा पोस्टर निर्माण, नारा लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। **शांतिपीठ** की गोष्ठी में वक्ताओं ने पर्यावरण एवं समग्र पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन बनाए रखते हुए अरण्य संस्कृति के मौलिक तत्वों को फिर से आत्मसात करने पर जोर दिया।

संस्थापक महासचिव अनंतगणेश त्रिवेदी ने मेवाड़ के मूल्यों और विरासत के लिए वन एवं वनांचल की रक्षा हर नागरिक का नैतिक दायित्व बताया। प्रो.जी.एल. मेनारिया ने कुंडलेश्वर महादेव क्षेत्र का उल्लेख करते हुए भूमि के अनियंत्रित दोहन से विपरीत प्रभावों पर चिंता जताई। प्रो.पी.एल. शर्मा ने चरक, सुश्रुत संहिताओं के हवाले से वन, वनस्पति के प्रति मनुष्य के उत्तरदायित्वों पर प्रकाश डाला। डॉ.बी.पी. शर्मा, महंत ऊंकारपुरी, आचार्य राधा गोविंद ने भी विचार रखे। **वन विभाग** एवं नीड़ संस्था की ओर से यहां सुखाड़िया सर्किल पर सुबह नौ से शाम सात बजे तक विविध कार्यक्रम हुए ।

मुख्य आकर्षण साठ फिट लंबा कैनवास था, जिसपर हर आयुवर्ग के लोगों ने कविता, नारे, चित्रकारी, के जरिए प्रकृति प्रेम व पर्यावरण संबंधी चिंताओं को अभिव्यक्त किया। इस दौरान प्रतियोगिताओं में स्पॉट पेंटिंग में राजेश सोनी, कंपरा गुप्ता व पल्लवी जोशी, नारा लेखन में सलीम मंसूरी, हिमशिखा दवे व पूनिया गुप्ता तथा पर्यावरण प्रश्नोत्तरी में कंपरा, हसनैन तहसीन व पूनिया क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। खुला मंच में वन संरक्षक एम.एल. मौणा, मानद वन्य जीव प्रतिपालक रजा एच. तहसीन, उप मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक राहुल भटनागर ने प्रकृति प्रेमियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। संयोजन क्षेत्रीय वन अधिकारी मगनीराम कुमावत व जगमोहन बागोरिया ने किया।

इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के समारोह में मुख्य वक्ता राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी महेश शर्मा ने बताया कि विश्व के औसत तापमान में 0.7 डिग्री से. की बढ़ोतरी के साथ ही समुद्र जलस्तर में वृद्धि भी दर्ज की गई है। 'पर्यावरण प्रबंधन' के स्थानीय उदाहरणस्वरूप बताया कि मावली के पास हानिकारक अपशिष्टों के निस्तारण का परीक्षण किया जा रहा है। शहरी अपशिष्ट के निस्तारण को सवीना में प्रयत्न जारी हैं। के.के. छाबड़ा ने कहा कि उदयपुर में प्रतिदिन करीब 125 टन शहरी अपशिष्ट होता है। डॉ.सुनीता अग्रवाल ने जैव अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए वर्मीकल्चर पर वार्ता दी। **हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड** के यशद भवन समागार में हुए समारोह में राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी एवं अनुसंधान संस्थान (नीरी) के उप निदेशक डॉ.तपन चक्रवर्ती ने संपोषणीय विकास एवं निगमित श्रेष्ठता विषय पर उद्बोधन में संधारणीय क्षमता, भावी पीढ़ियों के चिंतन, आर्थिक विकास एवं पारिस्थितिकी, एकीकृत प्रबंधन, हरित प्रौद्योगिकी, स्वच्छता की ओर ध्यानाकर्षण की आवश्यकता जताई।

इससे पूर्व, कार्यालय परिसर में श्री चक्रवर्ती, कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी सोमनाथ पाटिल, अधिशासी निदेशक वकील सिंह, अपर अधिकाशी निदेशक जे.के. महमवाल व अन्य अधिकारियों ने पौधरोपण किया। सुरक्षा एवं पर्यावरण महाप्रबंधक ए.के. वाजपेयी ने पर्यावरण महेशचंद्र शर्मा, केन्द्रीय कार्यालय कर्मचारी श्रमिक संघ के वरिष्ठ सचिव मदनेश लोढ़ा ने विचार रखे। बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी, पोस्टर व निबंध प्रतियोगिताओं हुईं। संचालन जनसंपर्क प्रबंधक डॉ.एम.एल. नागदा ने किया।

विश्व प्रकृति निधि की गोष्ठी में महाराणा ऑफ मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन के सचिव त्रिलोकचंद्र शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण पर आम आदमी की उदासीनता से पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ता जा रहा है। संस्था के संभागीय संयुक्त सचिव हरीश पालीवाल ने भी विचार रखे। नेचर शॉप पर पर्यावरण संरक्षण के चित्र, पोस्टर, बैनर लगाए गए।

राजस्थान विद्यापीठ के लोक शिक्षण प्रतिष्ठान तथा राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के संयुक्त तत्त्वावावधान में छगनलाल मोहता स्मृति संगोष्ठी में शिक्षाविद् दयालचंद सोनी ने स्वार्थ त्याग कर पर्यावरण सुधार में योगदान का आह्वान किया। मुख्य वक्ता शंभु पटवा ने पर्यावरण व विकास पर विश्व आयोग की रिपोर्ट के आधार पर बताया कि सन् 2050 तक वातावरण में कार्बनडाई ऑक्साइड की मात्रा दुगनी हो जाएगी। पिछले दस वर्षों में ही प्रदूषित वातावरण से बीमारों की संख्या 14 करोड़ 70 लाख से बढ़कर 21 करोड़ 10 लाख हो गई है। तीस वर्ष बाद पचास प्रतिशत आबादी को पेयजल सुलभ नहीं होगा, एशिया के 90 प्रतिशत लोग इससे प्रभावित होंगे। संसाधनों के अनियोजन पर उन्होंने कहा कि देश में छह करोड़ 10 लाख टन अनाज का भंडार होने के बावजूद 30 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन नहीं मिलता, वहीं बांधों के कारण एक करोड़ 70 लाख लोग उजड़े हैं जिनमें 80 लाख आदिवासी हैं। डॉ.आर.के. गर्ग, सज्जनसिंह राणावत आदि ने भी विचार रखे। श्री सोनी को टैगोर लिटरेसी अवार्ड मिलने पर अभिनंदन किया गया। डबोक स्थित जनता कॉलेज व रोटरी क्लब की गोष्ठी के मुख्य वक्ता यशवंत कोठारी ने कहा कि वाहनों की विपुलता, औद्योगिक अपशिष्ठ व जल के दुरुपयोग से परेशानियां बढ़ी हैं। क्लब अध्यक्ष विरेंद्र सिरोया, महाविद्यालय आचार्य डॉ.शंकरलाल शर्मा ने भी विचार रखे। क्लब सदस्यों ने पौधरोपण किया। पोस्टर एवं वर्ण वृक्षावली प्रतियोगिता हुई।

क्षेत्रीय प्रचार कार्यालय व राजस्थान विद्यपीठ कम्युनिटी सेंटर्स विभाग की ओर से भोपालीफला स्थित उप सामुदायिक केन्द्र पर गोष्ठी को जनता कॉलेज के पूर्व प्राचार्य सालेह मोहम्मद नायब, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी शंभूलाल सालवी, श्यामसुंदर नंदवाना ने संबोधित किया। प्रश्नोत्तरी में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया।

दलित जन सामाजिक न्याय समिति की बैठक में शहर की स्वच्छता के लिए प्रस्ताव पारित किए गए। संभागीय अध्यक्ष जी.एस. बुंदेला की अध्यक्षता में हुई बैठक में मैला प्रथा पर रोक, झीलों के किनारे निवास करने वालों को झील संरक्षण समिति में शामिल करने, होटलों से व विभिन्न अवसरों पर होने वाली आतिशबाजी पर रोक, पर्यावरण संबंधी कानूनों की सख्ती से अनुपालना, मोहल्लेवार पर्यावरण समितियों के गठन आदि के प्रस्ताव शामिल थे।

सुखाड़िया विश्वविद्यालय के **जनसंख्या अनुसंधान केन्द्र** की परिचर्चा में डॉ.बी.एल. नागदा ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या पर्यावरण के साथ ही संतती के जीवन की गुणात्मकता पर विपरीत प्रभाव डाल रही है। डॉ.धर्मराज जोशी, मुनीष गोयल, डॉ.आर.एल. सोनी ने संबोधित किया। ग्रामवासियों ने पौधरोपण का संकल्प लिया। **विनायक सेवा संस्थान** के पदाधिकारियों की ओर से रोशन नगर में पौधरोपण का आरंभ पार्षद लक्ष्मीनारायण मेघवाल ने किया।

मठ मादड़ी में संचालित **विशेष बाल श्रमिक विद्यालय** के विद्यार्थियों ने प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर चौबीसा के नेतृत्व में रैली निकाली।

अणुव्रत समिति के अध्यक्ष गणेश डागलिया ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में ध्यान, योग, प्रेक्षाध्यान से स्वच्छ समाज एवं पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। **सेवा मंदिर** के प्रन्यासी अजय मेहता ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा व विकास के लिए ग्राम समूह, संस्थाएं और सरकारी विभाग मिलकर काम करें। झाड़ोल तहसील के श्यामपुरा गांव में विश्व पर्यावरण दिवस के समापन अवसर पर बुधवार को आयोजित समारोह के मुख्य मुख्य अतिथि मेहता ने कहा वन सुरक्षा समितियों को राष्ट्रस्तरीय मान्यता देने से ये और ज्यादा सक्रिय हो सकेगी। उन्होंने ग्रामीणों ने कब्जा की गई वन्य भूमि छोड़ने तथा छुड़वाने की अपील की। समारोह श्यामपुरा की वन सुरक्षा एवं प्रबंध समिति के तत्वावधान में सेवा मंदिर के सहयोग से हुआ। इसमें संभागभर से 90 समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अध्यक्षता वन संरक्षक पश्चिम वृत्त एचएल मौणा ने की उन्होंने। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे जंगल, जमीन और जल को धरोहर मानते हुए इनकी सुरक्षा के लिए सजग रहें। विशिष्ट अतिथि उप वन संरक्षक पीके मेरकप ने प्रत्येक गांव में वन सुरक्षा समिति के गठन और इसमें महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। उपप्रधान रामलाल गायरी, सेवा मंदिर के महासचिव हेमराज भाटी, डा. मनोज भटनागर, लालसिंह देवड़ा, कृपाशंकर जोशी ने भी विचार व्यक्त किए। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान खेरवाड़ा, गिर्वा, कोटड़ा, बड़गांव, झाड़ोल तहसील के दूर-दराज के गांवों की वन सुरक्षा समितियों के प्रतिनिधियों के ग्यारह समूह गठित कर 'सामूहिक भूमि का विकास में महत्व, संभावनाएं व चुनौतियां' विषय चर्चा आयोजित की गई। माधव टेलर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन सुरेश शर्मा ने किया। इससे पहले गांव में पर्यावरण रैली निकाली गई।

पर्यावरण असंतुलन के लिए हम सभी जिम्मेदार

जावर माइंस, 5 जून (भाससे)। यहां जस्ता दोहन मिल के तत्वावधान में बुधवार को पुराने टेलिंग डेम पर विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर गोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि अयस्क सज्जीकरण विभाग के मुख्य प्रबंधक वीके जैन थे। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के लिए हम सभी बराबर के जिम्मेदार है। मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पेड़ काट दिए गए। भूमि का अंधाधुंध दोहन किया गया और पहाड़ों को काटकर सड़कें, सुरंगे बना दी। जावर माइंस मजदूर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसवंतसिंह शक्तावत ने कहा कि हरे पड़े धरती के आभूषण हैं। सचिव लक्ष्मीशंकर पानेरी, संयुक्त मंत्री दिलीप मजूमदार ने भी विचार व्यक्त किए। समारोह में 26 मई को मिल कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए आयोजित निबंध, पोस्टर, नारा लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इससे पूर्व यूएम राजशेखर ने बतया कि टेलिंग डेम पर लगाए पौधों ने वक्षों का रूप ले लिया है और कई पेड़ों

दैनिक भास्कर
उदयपुर, विक्रम संवत २०५८, भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, शनिवार, २५ अगस्त, २००१

पुरातन मेवाड़ का शिक्षा केन्द्र था नागदा

■ नगर संवाददाता

उदयपुर, 24 अगस्त। प्राचीन मेवाड़ की राजधानी रहा 'नागदा' पुरातन भारत के विश्वविद्यालयों की तरह शिक्षा और ज्ञान-विज्ञान का केन्द्र था। बप्पा रावल से लेकर खुमाण रावल के कार्यकाल तक यहां उत्तर भारत के शिक्षा, ज्योतिष, चिकित्सा धर्म शास्त्र के साथ ही रसायन जैसे विषय विशेषज्ञ शास्त्रार्थ करते थे।

यह बात इतिहासकार डा. जी.एल. मेनारिया ने नागदा के खंडहरों में 'शांतिपीठ संस्था' की ओर से आयोजित संगोष्ठी में कही। सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और देववन अवधारण के विकास विषयक इस संगोष्ठी की अध्यक्षता समाजसेवी घनश्यामसिंह कृष्णावत ने की। संगोष्ठी में डा. मेनारिया ने खुमाण रावल के देवरे की उपेक्षा, बदहाली पर चिंता जताई है और कहा कि इसका केन्द्र या राज्य पुरातत्त्व विभाग ने अभी तक संरक्षित नहीं किया है।

शांतिपीठ के संस्थापक सचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि मेवाड़ के ऐतिहासिक आध्यात्मिक स्थलों की सुरक्षा के समुचित उपाय कर उन्हें शिक्षा, सद्भाव व सामाजिक समरसता के स्रोत के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने खुमाण रावल के देवरे पर लकुलीश-परंपरा की छाप होने का उल्लेख किया।

आयुर्वेद कालेज में द्रव्यगुण विज्ञान के प्रोफेसर पी.एल. शर्मा ने हारित राशि को रसायनज्ञ, धातुविद व महान चिकित्सा शास्त्री बताया तथा मेवाड़ के प्राचीन धार्मिक स्थलों पर देववन विकास की जरूरत बताई। घनश्यामसिंह कृष्णावत ने सांस्कृतिक विरासत की अक्षुण्णता को मास्टर प्लान की जरूरत बताई। संगोष्ठी का संयोजन प्रो. भगवतीप्रसाद शर्मा ने किया। धन्यवाद पुरुषोत्तम नागदा ने ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 25 अगस्त 2001

'अतीत को वर्तमान से जोड़ने में सांस्कृतिक विरासतों की प्रखर भूमिका'

उदयपुर, 24 अगस्त [नसं.]। मेवाड़ अंचल में प्रकृति की सुरम्य घाटियों में स्थित पुरावैभव के संरक्षण के पुख्ता इंतजाम कर इसे विश्व मानचित्र पर लाया जाना चाहिए तथा शिक्षा, शोध व सामाजिक समरसता के स्रोत के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।

ये विचार गुरुवार को शान्तिपीठ के तत्वावधान में नागदा स्थित खुमाण रावल के देवरे पर सांस्कृतिक विरासत व देववन संरक्षण विषयक विचार गोष्ठी में व्यक्त किए गए। गोष्ठी की अध्यक्षता समाजसेवी ठाकुर घनश्यामसिंह कृष्णावत ने की।

मुख्य वक्ता इतिहासविद् डॉ. जी.एल. मेनारिया ने बताया कि नागदा अतीत में नालन्दा, तक्षशीला, विक्रमशिल विश्वविद्यालयों की तरह का शिक्षा केन्द्र था।

इस अवसर पर बोलते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत की रक्षा अतीत को वर्तमान से जोड़े रखने में प्रखर भूमिका निभाती है तथा इनकी अवहेलना हमारे सामाजिक आदर्शों की अवमानना है।

गोष्ठी में बोलते हुए आयुर्वेद कॉलेज में द्रव्यगुण विज्ञान के प्रोफेसर पी.एल. शर्मा ने कहा कि एकलिंगजी-नागदा कुषाणकाल याने ईस्वी सन की प्रथम सदी में ही महान चिकित्सक चरक एवं उसके समकालीन ऋषि हारित की तपोभूमि थी। उसी परम्परा में बप्पारावल का गुरु हारित द्वितीय हुआ जो रसायनज्ञ, धातुविज्ञ एवं महान चिकित्सा शास्त्री था। यहां पाई जाने वाली जड़ी-बूटियां वनस्पति तथा खनिज सम्पदा के महत्व के कारण ही नागदा, देलवाड़ा, चीरवा, शृंगीऋषि, बप्पारावल, एकलिंग जी, रामाकुण्डा स्थान आज भी महत्वपूर्ण हैं जिनका योजनाबद्ध विकास आवश्यक है। उन्होंने ऐसे स्थानों पर देववन विकसित करने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

कृष्णावत ने भगवान एकलिंग जी व हारित ऋषि से सम्बन्धी पौराणिक घटनाओं पर प्रकाश डाला। गोष्ठी का संयोजन करते हुए विद्याभवन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में हिन्दी विभाग के प्रोफेसर भगवतीप्रसाद शर्मा ने कहा कि नागदा तथा मेवाड़ अंचल के समस्त सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े स्थानों की एक योजना केन्द्र व राज्य सरकार के दिशा-निर्देश पर बनाई जानी चाहिए।

दिनांक - 6 जुलाई, 2001



झाड़ोल मार्ग पर उंदरी गांव के केदारेश्वर महादेव पर देववन का विस्तार देन हेतु मौका निरीक्षण करने शांतिपीठ के सदस्य, साथ में देवस्थान के महंत।

वन संरक्षण व विकास पर चर्चा

उदयपुर, 5 जुलाई (वि)। शांतिपीठ द्वारा जारी देव वन संरक्षण अभियान के तहत गांव नाई के नांदेश्वर तथा ऊन्दरी गांव के कोदरेश्वर पर गत दिनों स्थानीय संभागियों से परिसंवाद आयोजित करते हुए वन संरक्षण एंव विकास कार्य योजना तय की गई। नांदेश्वर मंदिर के सम्मुख स्थित पहाड़ी को देव वन के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया।

मंदिर विकास हेतु बनी समिति के सदस्यों ने श्रमदान एवं जन सहयोग जुटा कर शीघ्र ही पौधारोपण का कार्य करने का संकल्प प्रकट किया। नाई के उप सरपंच हरिवल्लभ आमेटा, रमेश आमेटा, भगवतीलाल जैन तथा अन्य सदस्यों ने विचार प्रकट किये। मौका निरीक्षण के पश्चात मंदिर परिसर स्थित महंत राजगिरी की धुणी पर हुए परिसंवाद में वर्तमान में महंत अमर गिरी ने अपने विचार व्यक्त किये तथा मंदिर विकास योजना को प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर शांतिपीठ के महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने वन संरक्षण के विभिन्न आयामों एवं इसकी उपादेयता पर विस्तार से चर्चा की तथा देव वनों का पौराणिक एवं आध्यात्मिक महत्व प्रतिपादित किया।

इससे पूर्व ग्राम ऊन्दरी के केदारेश्वर मंदिर परिसर पर महंत शिवगिरी एवं भक्त मंडली ने संरक्षित वन उद्यान का अवलोकन कराया गया तथा बाद में हुए परिसंवाद में इसके विस्तार में पूर्ण आस्था प्रकट करते हुए अपने संकल्प व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉ. जी.एल. मेनारिया ने पुरातन आस्था स्थलों का ऐतिहासिक महत्व बताया। मांगीलाल तथा अन्य ग्रामीण प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रकट किये। पूनमचन्द मेघवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

उदयपुर
Rashtradoot
उदयपुर शुक्रवार 6 जुलाई 2001

वनसंरक्षण एवं विकास के लिए परिसंवाद आयोजित

उदयपुर, 5 जुलाई (वि.)। शान्तिपीठ द्वारा जारी देव वन संरक्षण अभियान के तहत गत दिनों वन संरक्षण एवं विकास कार्यों की योजना के लिए नादेश्वर व केदारेश्वर में स्थानीय संभागियों की परिसंवाद आयोजित की गई। शान्तिपीठ कार्यक्रम प्रसार अधिकारी राजीव लोढा ने बताया कि नांदेश्वर मन्दिर के सम्मुख स्थित पहाडी को देव वन के रुप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर ऊंदरी ग्राम के केदारेश्वर मन्दिर परिसर पर महंत शिवगिरी एवं भक्त मण्डली ने संरक्षित

प्रातःकाल
श्रावण कृष्णा 1 शुक्रवार दिनांक 6 जुलाई 2001

शान्तिपीठ ने वन संरक्षण पर कार्य योजना बनाई

उदयपुर, 5 जुलाई (वि.)। शान्तिपीठ के देव वन संरक्षण अभियान के तहत नाई के नान्देश्वर तथा ऊंदरी गांव के केदारश्वर पर स्थानीय संभागियों से परिसंवाद आयोजित कर वन संरक्षण एवं विकास पर कार्य योजना तय की गई।

शान्तिपीठ के राजीव लोढ़ा ने बताया कि परिसंवाद में मंदिर विकास हेतु बनी समिति के सदस्यों ने श्रमदान एवं जन सहयोग जुटा कर शीघ्र ही पौधारोपण का संकल्प किया। इस अवसर पर महन्त अमर गिरी, शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी, नाई के उपसरपंच हरिवल्लभ आमेटा, रमेश आमेटा, भगवतीलाल जैन आदि ने विचार व्यक्त किए।

दैनिक नवज्योति
अजमेर, शुक्रवार 6 जुलाई 2001

वन संरक्षक एवं विकास पर कार्य योजना तैयार

उदयपुर, 5 जुलाई (न्यूज सर्विस)। शान्तिपीठ द्वारा जारी देव वन संरक्षण अभियान के तहत गांव नाई के नान्देश्वर तथा ऊंदरी गांव के केदारेश्वर पर गत दिनों स्थानीय सम्भागियों से परिसंवाद आयोजित करते हुए वन संरक्षण एवं विकास पर कार्य योजना तय की गई। जिसमें नान्देश्वर मन्दिर के सम्मुख स्थित पहाड़ी को देव वन के रूप में विकसित करने निर्णय लिया गया।

मन्दिर विकास हेतु बनी समिति के सदस्यों ने श्रमदान एवं जन सहयोग जुटा कर शीघ्र ही पौधारोपण का कार्य करने का संकल्प प्रकट किया। नाई के उपसरपंच हरिवल्लभ आमेटा, रमेश आमेटा, भगवती लाल जैन तथा अन्य सदस्यों ने विचार प्रकट किए। मौका निरीक्षण के पश्चात मन्दिर परिसर पर स्थित महन्त राजगिरी की धूणी पर हुए परिसंवाद में वर्तमान महन्त अमर गिरी ने अपने विचार व्यक्त किए तथा मन्दिर विकास योजना को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने वन संरक्षण के विभिन्न आयामों एवं इसकी उपादेयता पर विस्तार से चर्चा की तथा देव वनों का पौराणिक एवं आध्यात्मिक महत्व प्रतिपादित किया। इससे पूर्व ग्राम ऊंदरी के केदारेश्वर मन्दिर परिसर पर महन्त शिवगिरी एवं भक्त मण्डली ने संरक्षित वन उद्यान का अवलोकन कराया तथा बाद में हुए परिसंवाद में इसके विस्तार से पूर्ण आस्था प्रकट करते हुए अपने संकल्प व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. जी.एल. मेनारिया ने पुरातन आस्था स्थलों का ऐतिहासिक महत्व बताया। मांगीलाल तथा अन्य ग्रामीण प्रतिभागियों ने अपने विचार व्यक्त किए। पूनमचन्द मेघवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर, विक्रम संवत २०५८, आषाढ़, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, मंगलवार ३ जुलाई, २००१

वन संपदा का धार्मिक महत्व समझना जरुरी

■ भास्कर समाचार सेवा

उदयपुर, 2 जुलाई। जिले में वन एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिए शांतिपीठ द्वारा चलाए जा रहे चेतना जाग्रति अभियान के तहत रविवार को उदयपुर से 35 किमी दूर ग्राम पंचायत पई के पाबा गांव में पाबाजी देव स्थली पर 'देव वन संरक्षण' पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यगोष्ठी में बोलते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि बदलते परिवेश में भी जीवन मूल्यों की रक्षा हमारे लोक संतों ने की है। वनस्थलियों में संतों की धुणियां आज भी सामाजिक समरसता और आत्मचिंतन के केन्द्रों का कार्य कर रही हैं। नाई, ऊंदरी, पई आदि ग्रामों से आए ग्रामीण समुदाय को त्रिवेदी ने कहा कि हमारी वन संपदा का धार्मिक-सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं पर्यावरणीय महत्व समझना होगा। प्रारंभ में इतिहासकार डा. जी.एल. मेनारिया ने मेवाड़ के लोक तीर्थों की जानकारी देते हुए बताया पाबा बावजी स्थल मेवाड़ के संत गुरु गुमानसिंह एवं बावजी चतुरसिंह के अनुयायी, भक्तों की देन है। उल्लेखनीय है कि लौहार बावजी की उत्तराधिकारी पीठ, फतहनगर धुणी तक पहुंचने में लोगों की कठिनाइयों को देखते हुए काशीराम जी ने गुरु पूर्णिमा संवत 2027 में पाबा गांव में उक्त पीठ की स्थापना की, यहां सैकड़ों श्रद्धालु शनिवार-रविवार को अपनी मन्नतें पूरी करते हैं। वैद्य शिवनारायण व्यास ने ग्रामीणों को वहां उत्पन्न होने वाली वनौषधियों के महत्व को बताते हुए पीपल, नीम, आंवला, तुलसी, बिल्व आदि पेड़-पौधों के संरक्षण व वानिकी उपादेयता बताई। पाबा बावजी पीठ के संत धर्मदास ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में स्थान से जुड़े कई रोचक तथ्यों से अवगत कराया। गोष्ठी में ग्रामीण संभागियों में कालूलाल मीणा, नानालाल, लालूराम मीणा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्य गोष्ठी का संयोजन मांगीलाल कमलवास ने किया।

दैनिक नवज्योति

3 जुलाई, 2001

• उदयपुर-बीकानेर संस्करण • अजमेर

बदलते परिवेश में जीवन मूल्यों की रक्षा की है लोक संतों ने-त्रिवेदी

उदयपुर, 2 जुलाई (न्यूज सर्विस)। शान्तिपीठ के तत्वावधान में पर्यावरण चेतना जागृति माह के तहत उदयपुर से 35 किमी दूर ग्राम पंचायत पई के पाबा गांव में मेवाड़ के प्राचीन लोक तीर्थ बावजी देवस्थली पर 'देव वन संरक्षण' कार्य गोष्ठी का आयोजन रखा गया, जिसकी अध्यक्षता स्थानीय संत धर्मदासजी ने की।

प्रारम्भ में कार्य गोष्ठी में बोलते हुए शान्तिपीठ के महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने कहा कि बदलते परिवेश में जीवन मूल्यों की रक्षा हमारे लोक सन्तों ने की है और निरक्षर रहकर भी उन्होंने समाज को शिक्षित करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि वनस्थलियों में सन्तों की धूणियां आज भी सामाजिक समरसता और आत्म चिन्तन के केन्द्रों का कार्य कर रही हैं।बीमारी की रोकथाम व स्वास्थ्य परामर्श से लगाकर घरेलू, पारिवारिक व सामाजिक समस्याओं के समाधान देने में ये अपना नैतिक उत्तरदायित्व निभा रही है।

नाई, ऊंदरी, पई आदि ग्रामों से आए ग्रामीण समुदाय को त्रिवेदी ने आगाह किया कि अब समय आ गया है कि हमें हमारी वन सम्पदा का धार्मिक-सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं पर्यावरणीय महत्व समझना होगा। उन्होंने सन्तों के बताए रास्ते पर चलने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि देव वनों की संरक्षा में लोक सन्तों की भूमिका अखंड रूप से परम्परागत वैदिक काल से चली आ रही है। प्रारम्भ में इतिहासकार डॉ. जी.एल. मेनारिया ने मेवाड़ के लोक तीर्थों की जानकारी देते हुए बताया कि पाबा बावजी स्थल मेवाड़ के सन्त गुरु गुमान सिंह एवं बावजी चतुर सिंहजी के अनुयायी भक्तों की देन है। उल्लेखनीय है कि लोहार बावजी की उत्तराधिकारी पीठ फतेहनगर धुणी तक पहुंचने में लोगों की कठिनाईयों को देखते हुए सन्त काशीरामजी ने गुरु पूर्णिमा संवत् 2027 में पाबा गांव में उक्तपीठ की स्थापना की, जहां सैंकड़ों श्रद्धालु शनिवार-रविवार को अपनी मन्नतें पूरी करते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए वैद्य शिवनारायण व्यास ने ग्रामीणों की वहां उत्पन्न होने वाली वनौषधियों के महत्व को बताते हुए वट, पीपल, नीम, आंवला, तुलसी, बिल्व आदि पेड़-पौधों के संरक्षण व वानिकी उपादेयता पर विचार प्रकट किए। उन्होंने देव चिकित्सा पर प्रकाश डाला। पाबा बावजी पीठ के सन्त धर्मदासजी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में स्थान से जुड़े कई रोचक तत्वों से अवगत कराया। कार्यशाला में ग्रामीण सम्भागियों में कालूलाल मीणा, नानालाल व लालूराम मीणा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्य गोष्ठी का संयोजन करते हुए मांगीलाल कमलवास ने वनों की सुरक्षा में जनभागीदारी की आवश्यकता बताई। अन्त में देव परिसर के सम्मुख नंगी पहाड़ी को पाबा देव वन के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया।

देव वन संरक्षण कार्य गोष्ठी

उदयपुर-: वार मंगलवार दिनांक: 3 जुलाई 2001



अनंत गणेश त्रिवेदी, पाबा महाराज धर्मदास जी डा. जी.एल. मेनारिया एवं वैद्य शिवनारायण व्यास।

लोक संतों ने की हमारे जीवन मूल्यों की रक्षा

उदयपुर, 2 जुलाई। जिले में वन एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिये शांतिपीठ द्वारा चलाये जा रहे चेतना जागृति अभियान के तहत रविवार को उदयपुर से 35 किमी दूर गाम पंचायत पई के पाबा गांव में पाबाजी देव स्थली पर देव वन संरक्षण पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यगोष्ठी में बोलते हुये शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेद्वी ने कहा कि बदलते परिवेश में भी जीवन मूल्यों की रक्षा हमारे लोक संतों ने की है और निरक्षर रहकर भी उन्होंने समाज को शिक्षित करने में अहम् भूमिका निभाई है। उन्होनें कहा कि वन स्थलियों में संतों की धुणियां आज भी सामाजिक समरसता ओर आत्म चिंतन के केंद्रों का कार्य कर रही है। बीमारी की रोकथाम एवं स्वास्थ्य परामर्श से लगाकर घरेलू परिवारिक एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान में ये अपना नैतिक उतरदायित्व निभा रही है।

प्रारंभ में इतिहासकार डा. जी.एल. मेनारिया ने मेवाड़ के लोक तीर्थों की जानकारी देते हुये बताया कि पाबा बावजी स्थल मेवाड़ के संत गुरू गुमान सिंह एवं बावजी चतुर सिंह के अनुयायी भक्तों की देन है।

वैद्य शिवनारायण व्यास ने ग्रामीणों को वहां उत्पन्न होने वाली वनौषधियों के महत्व को बताते हुये पीपल, नीम, आंवला, बिलव आदि पेड़ पौधों के संरक्षण एवं वानिकी उपादेयता बताई।

पाबा बावजी पीठ के संत धर्मदास जी ने अपने उद्बोधन में स्थान से जुड़े कई रोचक तथ्यों से अवगत कराया। गोष्ठी में ग्रामीण संभागियों में कालूलाल मीणा, नानालाल, लालूराम मीणा ने भी विचार व्यक्त किये। कार्य गोष्ठी का संयोजन करते हुये मांगीलाल कमलवास ने वनों की सुरक्षा में जन भागीदारी की आवश्यकता बताई। अंत में देव परिसर के सम्मुख नंगी पहाड़ी को पाब देव वन के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया।

उदयपुर
Rashtradoot
उदयपुर मंगलवार 3 जुलाई 200

वनस्थलियों में संतों की धुणियां आत्म चिन्तन का केन्द्र बनी

उदयपुर, 2 जुलाई (का.सं.)। जिले में वन एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिए शान्तिपीठ द्वारा चलाये जा रहे चेतना जागृति अभियान के तहत रविवार को उदयपुर से 35 कि. मी. दूर ग्राम पंचायत पई के पाबा गांव में पाबाजी देव स्थली पर देव वन संरक्षण पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यगोष्ठी में बोलते हुए शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि बदलते परिवेश में भी जीवन मूल्यों की रक्षा हमारे लोक संतो ने की हैं और निरक्षर रहकर भी उन्होंने समाज को शिक्षित करने में अहम् भूमिका निभाई हैं। उन्होंने कहा वन स्थलियों में संतो की धुणियां आज भी सामाजिक समरसता और आत्मचिन्तन के केन्द्रों का कार्य कर रही हैं। बीमारी की रोकथाम व स्वास्थ्य [illegible] से लगाकर घरेलू परिवारिक व

मेनारिया ने मेवाड़ के लोग तीर्थों की जानकारी देते हुए बताया पाबा बावजी स्थल मेवाड़ के संत गुरु गुमानसिंह एवं बावजी चतुरसिंह के अनुयायी भक्तों की देन हैं। उल्लेखनीय हैं कि लोहार बावजी की उतराधिकारी पोठ, फतहनगर धुणी तक पहुंचने में लोगों की कठिनाईयों को देखते हुए काशीरामजी ने गुरु पूर्णिमा संवत 2027 में पाबा गांव में उक्त पीठ की स्थापना की, यहां सैकडों श्रद्धालु शनिवार-रविवार को अपनी मन्नतें पूरी करते हैं।

वैद्य शिवनारायण व्यास ने ग्रामीणें को वहां उत्पन्न होने वाले वनौषधियों के महत्व को बताते हुए पीपल, नीम, आंवला, तुलसी, बिल्व आदि पेड़ पौधों के संरक्षण व वानिकी [illegible]

जयराजस्थान
20 जून 2001 वार बुधवार



शांतिपीठ के तत्वावधान में आयोजित देव वन संरक्षण कार्य गोष्ठी पर उपस्थित ग्रामीण प्रतिनिधि

देव संरक्षण गोष्ठी सम्पन्न

पर्यावरण संकट के दौर में देव वनों का महत्व समझें: त्रिवेदी

उदयपुर, 19 जून। गुप्तकालीन परातात्विक धरोहर (टिकमबावजी) परिसर का संरक्षण व विकास मेवाड कॉम्पलेक्स योजना से जोड़कर सम्भव हो सकता है और इस दिशा में स्थानीय ग्राम्य जनता द्वारा गत पांच दशक से किये जा रहे प्रयत्न सार्थक हो सकते हैं।

रविवार को शांतिपीठ के तत्वावधानमें आयोजित देव वन संरक्षण कार्य गोष्ठी में बोलते हुए नगर एवं ग्राम्य प्रतिनिधियों ने व्यक्त किये। शांतिपीठ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ मास पर्यन्त चल रहे पर्यावरण चेजना अभियान के तहत आयोजित गोष्ठी का आयोज रखा गया।

अध्यक्षता सराड़ा पंचायत समिति के गांव पण्डेर (पंढपुर) के सरपंच शंकरचन्द मीणा ने की। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट प्रकाश पानेरी, प्रो. जी.एल. मेनारिया तथा प्रो. एल.एल. शर्मा थे, जबकि स्वागताध्यक्ष स्थानीय समिति के नवलराम मीणा थे।

गोष्ठी में बोलते हुए शांतिपीठ के संस्थापक अनन्त गणेश त्रिवेदी ने पर्यावरणीय संकट के दौर में देव वनों की महत्ता तथा इससे जैन समुदायों के सरोकारों पव विस्तृत व्याख्या करते हुए उपस्थित जनसमुदाय से अपनी प्रतिबद्धता एवं श्रमदान का आव्हान किया।

कार्यक्रम के संयोजक पंडित नाथूलाल ने त्रिविक्रम रणछोणनाथ के मंदिर के इतिहास से परिचित कराते हुए रहां के शिलालेख एवं प्रतापकालीत दुर्ग जो अब पूरी तरह से ध्वस्त हो चुके हैं का अबलोकर कराया। उन्होंने उनके संयोजकत्व में गत पांच दशकों से किये जा रहेसतत प्रयत्नों से उपस्थित समुदाय को अवगत कराया।

कुम्भाकालीन जीर्णशीर्ण मंदिर की जानकारी देते हुए बताया कि भगवान कृष्ण मथुरा से द्वारका जाते समय की दास्तान जुड़ी होने से रणछोड़ जी के एकरूप त्रिविक्रम को स्थानीय बोली में टिकमबावजी कहते हैं।



दैनिक नवज्योति
20 जून, 2001
5 ☐ अजमेर, बुधवार 20 जून 2001



शान्तिपीठ के संस्थापक अनन्तगणेश त्रिवेदी उदयपुर में देववन संरक्षण कार्य गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए।

मेवाड़ योजना से जोड़कर ही त्रिविक्रमदेव का विकास संभव

देव वन संरक्षण कार्यगोष्ठी संपन्न

उदयपुर, 19 जून (न्यूज सर्विस)। उत्तर गुप्तकालीन पुरातात्विक धरोहर पुण्यस्थली त्रिविक्रमदेव (टिकमबावजी) परिसर का संरक्षण व विकास मेवाड़ कॉम्पलेक्स योजना से जोड़कर सम्भव हो सकता है और इस दिशा में स्थानीय ग्राम्य जनता द्वारा गत पांच दशक से किए जा रहे प्रयत्न सार्थक हो सकते है।

यह विचार शान्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित देव वन संरक्षण कार्य गोष्ठी में नगर एवं ग्राम्य प्रतिनिधियों ने व्यक्त किए। शान्तिपीठ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारम्भ मास पर्यन्त चल रहे पर्यावरण चेतना अभियान के तहत यहां देव वन संरक्षण पर कार्य गोष्ठी का अयोजन रखा गया, जिसकी अध्यक्षता सराड़ा पंचायत समिति के गांव पण्डैर पंढरपुर के सरपंच थावरचंद मीणा ने की तथा विशिष्ठ अतिथि एडवोकेट प्रकाश पानेरी, प्रो. जी.एल. मेनारिया तथा प्रो. एल.एल. शर्मा थे, जबकि स्वागताध्यक्ष समिति के नवलराम मीणा थे।

गोष्ठी में बोलते हुए शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने पर्यावरण संकट के दौर में 'देव वनों की महत्ता तथा इनसे जन समुदायों को सरोकार' पर विस्तृत व्याख्या करते हुए उपस्थित जन समुदाय से अपनी प्रतिबद्धता एवं श्रमदान का आह्वान किया। उन्होंने कार्यक्रम में आए करीब आठ गांवों के प्रतिनिधियों से पांच पौधे लगाने व उनकी सुरक्षा करने का संकल्प कराया। त्रिवेदी ने कहा कि मेवाड़ की रक्षा शताब्दियों से वन देवों ने की हैं, किन्तु आज ये भी प्रदूषण की चपेट में हैं। शान्ति और आत्मजागृति के केन्द्र देव वन हमें संस्कृति और विरासत में किस तरह जोड़े रखते है। इसके विज्ञान को हमें फिर से समझना होगा और तभी हमारा अस्तित्व खुशहाल रह पाएगा।

प्रारम्भ में कार्यक्रम संयोजक पण्डित नाथूलाल ने त्रिविक्रम राणछोणनाथ के मन्दिर के इतिहास से परिचित कराते हुए यहां के शिलालेख एवं प्रतापकालीन दुर्ग जो अब पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं, का अवलोकन कराया।

इतिहासविद् डॉ. जी.एल. मेनारिया ने बताया कि वि.सं. 1493 ई. सन् 1436 के शिलालेख से सिद्ध होता है कि कुम्भा के शासनकाल में यहां सुरजन नगर था जहां राठौड़ वंशीय कीर्तिपाल का राज्य था। यहां के दुर्गम पहाड़ों पर बने प्राचीन परकोटे, आसपास के कुण्डों, बावड़ियों, मन्दिरों, मूर्तियों से लगता है कि कभी कुम्भो ने यहां दुर्ग बनाने की योजना हाथ में ली होगी। इस स्थान पर प्रताप आपातकाल में गुप्त केन्द्र बना कर रहे इसकी पुष्टि सुरखण्ड का खेड़ा के ताम्रपत्रों के लेखों से होती है।

एडवोकेट प्रकाश पानेरी एवं पर्यावरणविद प्रो. एल.एल. शर्मा ने भी इस अवसर पर अपने विचार प्रकट किए। अन्त में मांगीलाल कमलवास ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

उदयपुर
Rashtradoot
उदयपुर मंगलवार 19 जून 2001

त्रिविक्रमदेव परिसर का विकास मेवाड़ काम्पलेक्स योजना से जोड़कर सम्भव

उदयपुर 18 जून (वि)। पुण्यस्थली त्रिविक्रमदेव परिसर का संरक्षण व विकास काम्पलेक्स योजना से जोडकर सम्भव हो सकता है और इस दिशा में स्थानीय ग्राम्य जनता द्वारा गत पांच दशक से किये जा रहे प्रयत्न सार्थक हो सकते है।

उक्त् विचार रविवार को शान्ति पीठ के तत्वावधान में आयोजित देव वन संरक्षण कार्य गोष्ठी मे नगर एवं ग्राम्य के प्रतिनिधियों ने व्यक्त किये। शान्ति पीठ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारम्भ मास पर्यन्त चल रहे पर्यावरण चेतना अभियान के तहत यहां रविवार को देव वन संरक्षण पर कार्य गोष्ठी का आयोजन रखा गया।

गोष्ठी मे बोलते हुए शान्ति पीठ के संस्थापक महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने पर्यावरणीय संकट के दौर मे देव वनों की महत्ता तथा इनसे जन समुदायों को सरोकार पर विस्तृत व्याख्या करते हुए उपस्थित जनसमुदाय से अपनी प्रतिबद्धता एवं श्रमदान का आव्हान किया।

प्रारम्भ में कार्यक्रम के संयोजक पंडित नाथु लाल ने त्रिविक्रम रणछोणनाथ के मंदिर के इतिहास से परिचित कराते हुए यहां के शिलालेख एवं प्रतापकालीन दुर्ग जो अब पूरी तरह ध्वस्त हो चुके है का अवलोकन कराया। उन्होने उनके संयोजकत्व मे गत पांच दशकों मे किये जा रहे सतत प्रयत्नों से उपस्थत समुदाय को अवगत कराया।

गोष्ठी मे बोलते हुए इतिहासविद डा.जी.एल.मेनारिया ने बताया कि कुम्भा के शासन काल मे यांह सुरजन नगर था जहां राठौड वंशीय कीर्तिपाल का राज्य था। यहां के दुर्गम पहाडों पर बने प्राचीन परकोटे , आस पास के कुण्डों, बावडियों, मंदिरों, मूर्तियों से लगता है कि कभी कुम्भा ने यहां दुर्ग बनाने की योजना हाथ में ली होगी। इस स्थान पर प्रताप आपातकाल मे गुप्त केन्द्र बना कर रहे इसकी पुष्टि सुरखण्ड का खेडा के ताम्रपत्रों के लेखों से होती है।

एडवोकेट प्रकाश पानेरी ने यहां के विकास कार्यो के लिए जनशक्ति का आव्हान किया तथा पुरास्थली के संरक्षण हेतु जन प्रतिनिधियों को साथ लेकर अभियान को नया आयाम देने की आवश्यकता बताई।

पर्यावरणविद प्रो.एल.एल.शर्मा ने वनाचंलों से पर्यावरण संरक्षण की मुहिम चलाने की आवश्यकता बताते हुए समस्त परिस्थिति के लिए वैज्ञानिक सोच अपनाए जाने पर बल दिया। ऐतिहासिक स्थली से अभिभूत होकर ऐसे पर्यावरण संरक्षण के क्रियाशील कार्यक्रम को निरन्तर चलाए जाने की आवश्यकता बताई।

कार्य गोष्ठी उपरान्त सराडा, चावण्ड आदि ग्रामों के प्रतिनिधियों के साथ ग्राम बलुआ पहुंचकर पूर्व मे जन भागीदारी से किये कार्यो का अवलोकन किया।

प्रातःकाल
आषाढ़ कृष्णा 13 मंगलवार दिनांक 19 जून 2001

देववन संरक्षण कार्य गोष्ठी सम्पन्न

उदयपुर, 18 जून (वि.)। शान्तिपीठ के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस से एक माह तक आयोजित पर्यावरण चेतना अभियान के तहत सोमवार को देववन संरक्षण कार्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में शांतिपीठ के संस्थापक अनंत गणेश त्रिवेदी ने प्रत्येक ग्रामीण प्रतिनिधियों से पांच पौधे लगा उनकी देखभाल करने का संकल्प कराया। गोष्ठी में अध्यक्षीय भाषण पण्डेर के सरपंच थावरचंद मीणा ने दिया।

इस अवसर पर इतिहासकार डॉ. जी.एल. ने बताया कि संवत् 1493 के शिलालेख से सिद्ध होता है कि कुम्भा के शासनकाल में सुरजन नगर था, जहां राठौड़ वंशीय कीर्तिपाल का राज्य था। यहां के प्राचीन परकोटे, कुण्डों, बावड़ियों मूर्तियों से पता चलता है कि कुम्भा ने यहां दुर्ग बनाने की योजना बनाई होगी। सुरखण्ड का खेड़ा के ताम्र पत्रों के लेखों से यहां प्रताप के गुप्त केन्द्र होने की पुष्टि होती है।

गोष्ठी में एडवोकेट प्रकाश पानेरी, पर्यावरणविद् प्रो. एल.एल. शर्मा, सुरखण्ड खेड़ा की सरपंच कमलाबाई मीणा, पुजारी शंकर, अध्यापक कुरीलाल मीणा आदि ने अपने विचार रखे। गोष्ठी का संयोजन पं. नाथुलाल ने तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन मांगीलाल कमलवास ने किया।

Jai rajasthan "Daily"
उदयपुर, बुधवार 6 जून, 2001

अरावली की उपत्यकाओं में देववन विकसित करने का आव्हान

उदयपुर, 5 जून (वि)। सराड़ा-सलूंबर के मध्य स्थित अरावली की उपत्यकाओं में मूलेश्वर महादेव पर शांतिपीठ के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सांसद भैरूलाल मीणा के मुख्य आतिथ्य एवं उदयपुर वन विभाग के सहायक वन अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में अरावली उपत्यकाओं में देव वन विकसित करने का संकल्प लिया गया।

मूलेश्वर मंदिर प्रांगण में आयोजित समारोह में बोलते हुये सांसद भैरूलाल मीणा ने कहा कि वन विकसित करने के व्यवहारिक कार्यक्रम की आज मूल आवश्यकता है। देव वनों में औषधीय पौधों-पेड़ों को महत्व देने से लोगों की वन संरक्षण के प्रति न केवल आस्था बढ़ेगी वरन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन प्रतिभागिता को बल मिलेगा। उन्होंने राजस्थान में अकाल और पानी कै अभाव पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि निरंतर वनां को कटाइ का राकने और सघन वृक्षावली विकसित करने की आज प्रमुख आवश्यकता है।

मीणा ने खुद के लिये नहीं देश के लिये जीने का आव्हान किया। शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने अरावली की उपत्यकाओं में देव वनों की संरक्षण एवं विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर बोलते हुये एडवोकेट प्रकाश पानेरी ने कहा कि दुनियां के पूंजीपति वर्ग का ध्यान भी पर्यावरण संरक्षण की ओर जा रहा है।

इस अवसर पर प्रो. जी.एस. मेनारिया ने कहा कि वृक्षारोपण हमारी सनातन काल से चली आ रही परंपरा है। हमारे ऋषि-मुनियों ने वन में रह कर ही समाज को शिक्षा दिशा दी है।

अध्यक्षता करते हुये वन अधिकारी ओम प्रकाश शर्मा ने खतरों में पड़े सम्पूर्ण परिस्थितिकी तंत्र से अवगत कराते हुये प्रकृति के विभिन्न घटकों में संतुलन बनाये रखने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर वन अधिकारी मणिशंकर चौबीसा, गोतम सेवक ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन पं. नाथुलाल ने किया। जबकि धन्यवाद की रस्म मंदिर समिति के सदस्य ईश्वर कोठारी ने ज्ञापित की।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 6 जून 2000

भोगवादी संस्कृति ने प्रकृति को प्रदूषित किया

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 5 जून। प्राणी मात्र के अस्तित्व की रक्षा और शांतिमय जीवन के लिए देव संस्कृति को अपनाना आवश्यक है। वर्तमान दौर में व्यक्ति की भोगवादी प्रवृत्ति ने प्रकृति के पांचों तत्वों को प्रदूषित करने की कुचेष्टा कर अस्तित्व के भविष्य का सवाल खड़ा कर दिया है। ऐसे में आवश्यकता है समग्र जीवनशैली को उस दिशा में मोड़ने की, जो पूरी तरह विज्ञान सम्मत हो और आधि भौतिक, आधि दैविक व आध्यात्मिक लक्ष्यों को पूर्ण करा सके।

ये विचार विश्व पर्यावरण दिवस एवं महाराणा प्रताप जयन्ती की पूर्व संध्या पर शिवधाम अमरखजी संरक्षण मंडल द्वारा आयोजित एक विचारगोष्ठी में उभर कर सामने आए। 'समग्र पर्यावण एवं देव संस्कृति' विषयक गोष्ठी में प्रमुख वक्ता के रूप में आयुर्वेदाचार्य प्रो. राधा गोविन्द आचार्य ने कहा कि प्रकृति के पांचों तत्वों से मिलकर चैतन्य का स्वरूप बनता है। चैतन्य का स्वभाव है कि वह शुद्ध पर्यावरण चाहता है, यही कारण है कि हमारी संस्कृति में जीवन के पहले वन एवं वनस्पति की महत्ता स्वीकार की गई है। उन्होंने वर्तमान में प्रज्ञा अपराध पर चिन्ता व्यक्त की और विद्या और शिक्षा को सही दिशा देने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

अध्यक्ष पद से मोहनसिंह कोठारी ने कहा कि प्रकृति के तत्व मूल्यवान है। इनकी सुरक्षा के लिए मनुष्य की इनके प्रति श्रद्धा आवश्यक है और यह भारतीय संस्कृति की देन है। उन्होंने किंवदंतियों व लोकगीतों की व्याख्या करते हुए मेवाड़ दर्शन को चारों धामों का पुण्य फल बताया।

अमरखजी संरक्षण मण्डल व शांतिपीठ के महासचिव अनन्तगणेश त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय जीवनशैली पूर्ण वैज्ञानिक व पर्यावरण का पोषण करने वाली है। विश्व के प्रबुद्ध व्यक्तियों द्वारा इसे अंगीकार किया जाने लगा है। संस्कृति में निहित पर्यावरणीय अवधारणा नित्य प्रासंगिक है और यह जीवनशैली की पूरक है। पर्यावरण विघटन को सांस्कृतिक विघटन के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके उद्धार के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। गोष्ठी में भूगर्भ शास्त्र के प्रो. बी.टी. भट्ट मेवाड़ा ने कहा कि वेदों में पर्यावरण को सूक्त रूप में परिभाषित किया है। पंडित मुरलीधर जोशी ने दृश्य व श्रृव्य प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इन माध्यमों ने नई पीढ़ी की ऊर्जा का निरन्तर अपव्यय किया है और इससे बच पाना गंभीर समस्या है। इस अवसर पर श्रीमती नंतिनी पुरोहित ने 'प्रताप पाछा पधारो नी, माटी हेलो पाड़े' रचना पढ़ी। बड़गांव पंचायत समिति के पूर्व उप प्रधान बंशीलाल कुम्हार ने आभार व्यक्त किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 5 जून 2001

पर्यावरण दिवस पर आज कई कार्यक्रम

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 4 जून। विश्व पर्यावरण दिवस मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। गोष्ठियां होंगी तथा जागृति अभियान शुरू किए जाएंगे।

इस अवसर पर शांतिपीठ द्वारा देववन संरक्षण अभियान के तहत माह पर्यन्त चलने वाले पर्यावरण जागृति अभियान की शुरुआत पंचायत समिति सराड़ा के मूलेश्वर महादेव से होगी।

शांतिपीठ में सोमवार को हुई बैठक में प्रस्तावित कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया तथा तीन सदस्यीय संयोजक मण्डल नियुक्त किया गया। प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार सराड़ा, सलूम्बर, गिर्वा, बड़गांव व झाड़ोल पंचायत समितियों के चुनिंदा एक दर्जन से अधिक गांवों में कार्यक्रम तय किए गए हैं।शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि देववन संरक्षण अभियान आध्यात्मिक- सांस्कृतिक चेतना अभियान का ही एक पूरक अभियान है।स अभियान के तहत अमरखजी, कमलनाथ, उबेश्वर, टीकम बावजी एवं बापा बावजी जैसे ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्थलों में देववनों का संरक्षण की प्राथमिकता व उपादेयता पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें मेवाड़ क्षेत्र के देववनों की सुरक्षा व विकास के लिए आगामी दिशा सुनिश्चित की जाएगी।विश्व पर्यावरण दिवस पर गंगलवार को राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति, राज्य संदर्भ केन्द्र जयपुर की ओर से टी.आर आई. सभागार अशोकनगर उदयपुर में संगोष्ठी सुबह 9 बजे आयोजित की जाएगी। इसमें वरिष्ठ चिन्तक एवं आलोचक डॉ. नन्दकिशोर आचार्य व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर डॉ. छगन मोहता की पुस्तक सक्रांति और सनातनता का एक आलेख बुनियादी मूल्य, परिवेश और बाजार पर प्रकाशित पुस्तिका का लोकार्पण भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बी.पी. भटनागर करेंगे तथा मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य सचिव मिड्ढालाल गोहता होंगे।भारतीय पर्यावरण शिक्षा एवं अनुसंधान परिषद [सीरी] एवं सेवा इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उदयपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. के सहयोग से 'पशुपालकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण में योगदान' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन होगा। सीरी के अध्यक्ष डॉ. यशवन्त कोठारी ने बताया कि गोवर्धन विलास स्थित डेयरी परिसर में बुधवार को 12.30 बजे आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त के.एस. मणि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. के अध्यक्ष जगाराम पटेल करेंगे। संगोष्ठी के प्रमुख वक्ता राजस्थान कृषि महाविद्यालय के पशु उत्पादक विभाग के आचार्य डॉ. ए.एल. तापड़िया हैं। इसके अलावा विश्व पर्यावरण दिवस के दिन ओ.टी.सी. स्कीम में वृक्षारोपण एवं सिंचाई परियोजना की शुरुआत उदयपुर के डी.आई.जी. पुलिस एस.एन. जैन करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयपुर नगर परिषद के सभापति युधिष्ठिर कुमावत करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि कृषि विश्वविद्यालय, विस्तार निदेशालय के पूर्व निदेशक डॉ. ओ.एस. सेठिड होंगे।

भारत विकास परिषद का आह्वान: भारत विकास परिषद के प्रांतीय पर्यावरण संयोजक डॉ. एम.जी. वार्ष्णेय ने विश्व पर्यावरण दिवस पर उदयपुर के लोगों का आह्वान किया है कि वे वर्षाकाल में कम से कम एक नीम का पेड़ अवश्य लगावें। यह पेड़ नागरिक अपने घर के बाहर और घर के बाहर स्थान रिक्त नहीं होने पर निकट के मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे, गिरजाघर, अस्पताल, अनाथालय, विद्यालय, श्मशान स्थल या किसी भी ऐसे स्थान पर लगा सकते हैं जहां वे स्वयं इसकी देखभाल कर सकते हैं। डॉ. वार्ष्णेय ने जनता से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को इस वर्ष अपने जन्म दिवस पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें।

परिषद ने उदयपुर शहर में पर्यावरण संरक्षण की अनूठी योजना का शुभारम्भ 4 वर्ष पूर्व यहां की सुभाष शाखा की 'नीम परियोजना' के नाम से किया था। इसके अन्तर्गत अब तक 1500 नीम के पौधे लगाए जा चुके हैं। इसके अन्तर्गत वृक्षारोपण हेतु ट्री गार्ड एवं नीम के पेड़ उपलब्ध कराए जाते हैं।

उन्होंने विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, समाजसेवियों, पर्यावरण प्रेमियों, संस्थाओं, दानदाताओं एवं जनता से भी अपील की कि वे ट्री गार्ड दान कर पुण्य लाभ लें। ट्री गार्ड पर दानदाताओं के नाम लिखे जाते हैं।

दैनिक नवज्योति
5 जून, 2001

एक माह का पर्यावरण जागृति अभियान आज से

उदयपुर, 4 जून (न्यूज सर्विस)। विश्व पर्यावरण दिवस 2001 के अवसर पर शान्तिपीठ द्वारा देव वन संरक्षण अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर माह पर्यन्त चलने वाले पर्यावरण जागृति अभियान का शुभारम्भ पंचायत समिति सराड़ा के मूलेश्वर महादेव से होगा।

शान्तिपीठ में सोमवार को हुई बैठक में प्रस्तावित कार्यक्रमों को अन्तिम रूप दिया गया तथा तीन सदस्यीय संयोजक मण्डल नियुक्त किया गया जिसमें दिलीप उपाध्याय, कुमार रविन्द्र ओर मांगीलाल कमलवास को सम्मिलित किया गया। प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार सराड़ा, सलूम्बर, गिर्वा, बड़गांव व झाड़ोल पंचायत समितियों के चुनिन्दा एक दर्जन से अधिक गांवों में कार्यक्रम तय किए गए हैं। कार्यक्रमों को अन्तिम रूप देते हुए शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि देववन संरक्षण अभियान आध्यात्मिक-सांस्कृतिक चेतना अभियान का ही एक पूरक अभियान है। बैठक की अध्यक्षता औंकार श्री ने की।

इस अभियान के तहत अमरखजी, कमलनाथ, उबेश्वर, टीकम बावजी एवं पाबा बावजी जैसे ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्थलों में देववनों का संरक्षण की प्राथमिकता व उपादेयता पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन भी तय किया गया। जिसमें मेवाड़ क्षेत्र के देववनों की सुरक्षा व विकास हेतु आगामी दिशा सुनिश्चित की जाएगी। पर्यावरण जागृति माह का समापन समारोह सराड़ा तहसील के चौराईगढ़ में सम्पन्न होगा। अभियान का शुभारम्भ मूलेश्वर ऋषभदेव में पूर्वाह्न आयोजित होगा। जिसमें क्षेत्रीय सांसद भैरूलाल मीणा मुख्य अतिथि होंगे।

दैनिक नवज्योति

14 सितम्बर, 1998

फ्लोराइड टूथ पेस्ट पर रोक लगाई जानी चाहिए

उदयपुर, 13 सितम्बर (न्यूज सर्विस)। ''जल तत्व की प्रतिष्ठा हमारी संस्कृति और शास्त्रों में शीर्ष स्थान रखती है। मनुष्य के व्यक्तित्व के प्रमुख गुणों सरलता, दिव्यता, सहजता, शुद्धता तथा मृदुता की तुलना शुद्ध जल से की गई है। वैज्ञानिकों ने जल के जो 8 प्रकार निर्धारित किए है उसमें ब्रह्माण्ड अथवा स्पेस में जो जल है, उसे दिव्य जल की संज्ञा दी गई है। यह भी एक विचित्र संयोग है कि ब्रह्माण्ड में 70 प्रतिशत जल की उपस्थिति है। वही प्रतिशत जल मनुष्य के शरीर में भी उपस्थित है। हमारे कच्छप, वराह आदि अवतारों की उत्पत्ति जल से ही स्वीकार की गई है।''

यह विचार राष्ट्रीय रक्षा प्रयोगशाला जोधपुर के निदेशक तथा अन्तरराष्ट्रीय ख्याति के वैज्ञानिक डॉ. राम गोपाल ने सुखाड़िया विश्व विद्यालय के वाणिज्य संकाय के सभागार में शान्ति पीठ द्वारा आयोजित ''पर्यावरण चेतना में जल तत्व की प्रतिष्ठा एवं विज्ञान'' विषय पर मुख्य वक्ता के रुप में व्यक्त किए।

डॉ. राम गोपाल ने कहा कि जल प्रबंधन की इसलिए आवश्यकता है कि हमारे देश में 70 प्रतिशत जल प्रदूषित हो चुका है। उन्होंने जल के मनुष्य के स्वास्थ्य से सम्बन्धित अनेक पक्षों को पारदर्शियों के माध्यम से स्पष्ट किया और कहा कि जल में फ्लोराइड तत्व की मात्रा अधिक होने से फ्लोराइड टूथ पेस्ट हानिकारक है और उस पर रोक लगाई जानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि पूरे देश में शुद्ध जल की जांच के लिए पांच प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है, जिनमें एक जोधपुर में है। अपने भाषण में डॉ. राम गोपाल ने डॉ. दौलत सिंह कोठारी को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि जोधपुर स्थित प्रयोगशाला उन्हीं की देन है।

डॉ. राम गोपाल ने जल चिकित्सा का उल्लेख करते हुए इस तथ्य को रेखांकित किया कि अनेक बीमारियों का निदान जल से ही संभवहै और आधी बीमारियां जैसे डायरिया, जांडिस, हेपिटाइटिस, मलेरिया और टायफायड प्रदूषित जल की ही देन है।

प्रारम्भ में शान्तिपीठ के महा सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ. राम गोपाल के बहुआयामी व्यक्तित्व की चर्चा की एवं दैनन्दिन जीवन में जल की महत्ता प्रतिपादित की। अध्यक्षता करते हुए सुखाड़िया विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ. आर्य कुमार सिंह ने इस बात पर चिन्ता व्यक्त की कि हमारी नदियां सबसे अधिक प्रदूषित है । यह एक त्रासदी है कि जिस गंगा को हम भवतारिणी कहते थे, वहीं सबसे अधिक प्रदूषित है।

आरम्भ में मोहन सिंह कोठारी ने जल में देवत्व की कल्पना को सही ठहराया। इस अवसर पर डॉ. पी.के.जैन व समाज सेवी छगन सिंह चौहान ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। चर्चा में डॉ. राजमल लोढा, डॉ. दूबे व घनश्याम कृष्णावत ने भाग लिया। इस अवसर पर रक्षा विभाग के कर्नल राजावत का सम्मान किया गया। शान्तिपीठ की ओर से डॉ. राम गोपाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

डॉ. राजेन्द्र सक्सेना ने धन्यवाद अर्पित करते हुए इस बात की सराहना की कि डॉ. राम गोपाल ने अपने भाषण में जीवन विज्ञान, लोक जीवन और दर्शन की स्थापना की। संगोष्ठी का संचालन प्रोफेसर बी.एल.समदानी ने किया और यह आशा प्रकट की कि डॉ. राम गोपाल के इस व्याख्यान से नागरिक पर्यावरण की रक्षा में पहचानेंगे।

18 सितम्बर, 1998



उदयपुर में शांति पीठ द्वारा आयोजित 'पर्यावरण चेतना में जल तत्व की प्रतिष्ठा एवं विज्ञान विषयक गोष्ठी को संबोधित करते रक्षा प्रयोगशाला जोधपुर के निदेशक डा. रामगोपाल। फोटो: कौशल शर्मा

प्रातःकाल

उदयपुर रविवार दिनांक 13 सितम्बर 1998



संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते डा. राम गोपाल ।

संगोष्ठी सम्पन्न

देश में 70 प्रतिशत जल प्रदूषित

उदयपुर, 12 सित. (वि) । शांतिपीठ की ओर से शनिवार को वाणिज्य महाविद्यालय सभागार में 'पर्यावरण चेतना में जल तत्व की प्रतिष्ठा एवं किसान' विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई ।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय रक्षा प्रयोगशाला जोधपुर के निदेशक एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डा. राम गोपाल ने कहा कि हमारे देश में 70 प्रतिशत जल प्रदूषित हो चुका है । उन्होंने मनुष्य के स्वास्थ्य से संबंधित अनेक पक्षों को पारदर्शिता के माध्यम से स्पष्ट करते हुए कहा कि फ्लोराइड तत्व की मात्रा अधिक होने से फ्लोराइडयुक्त टूथ पेस्ट हानिकारक है, उस पर रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि देश में शुद्ध जल की जांच के लिए पांच प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है, जिनमें से एक जोधपुर में है । उन्होंने बताया कि मनुष्य में डायरिया, जांडिस, हेपिटाइटिस, मलेरिया और टायफाइड जैसी बीमारियां प्रदूषित जल की ही देन है ।

संगोष्ठी की अध्यक्षता सुविवि के कुलपति डा. ए. के. सिंह ने की । उन्होंने देश की नदियां सबसे अधिक प्रदूषित होने पर चिंता व्यक्त की । संगोष्ठी में मोहनसिंह कोठारी, डा. राजमल लोढ़ा, डा. दुबे, घनश्याम कृष्णावत ने भी विचार रखे । अंत में

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 13 सितम्बर 1998



उदयपुर में शांतिपीठ की ओर से शनिवार को आयोजित संगोष्ठी में मंच पर [बाएं से दाएं] सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ए.के. सिंह, रक्षा प्रयोगशाला जोधपुर के निदेशक डा. राम गोपाल व अन्य अतिथिगण। -पत्रिका फोटो

प्रदूषण से मुक्ति के लिए जल प्रबन्धन जरूरी- डा. रामगोपाल

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 12 सितम्बर। जोधपुर स्थित राष्ट्रीय रक्षा प्रयोगशाला के निदेशक डा. रामगोपाल ने कहा है कि देश में सत्तर प्रतिशत जल प्रदूषित हो चुका है। ऐसी स्थिति में जल प्रबन्धन की सर्वाधिक आवश्यकता है ताकि उसे प्रदूषण से मुक्त कर जल संसाधनों का अधिकाधिक उपयोग किया जा सके।

डा. रामगोपाल शनिवार को यहां वाणिज्य महाविद्यालय सभागार में शांतिपीठ की ओर से आयोजित पर्यावरण चेतना में जलतत्व की प्रतिष्ठा और विज्ञान विषयक संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल तत्व की प्रतिष्ठा हमारी संस्कृति और शास्त्रों में शीष स्थान रखती है। मनुष्य के व्यक्तित्व के प्रमुख गुणों की तुलना शुद्ध जल से की गई है। वैज्ञानिकों ने जल के जो 8 प्रकार निर्धारित किए हैं उसमें ब्रह्मांड में व्याप्त जल को दिव्य जल की संज्ञा दी गई है। डा. रामगोपाल ने कहा कि यह भी एक विचित्र संयोग है कि ब्रह्मांण्ड में 70 प्रतिशत जल की उपस्थिति है। उतनी ही मात्रा में जल मनुष्य के शरीर में भी

देश का सत्तर फीसदी जल प्रदूषित

अवस्थित है। डा. रामगोपाल ने कहा कि जल प्रबन्धन की आवश्यकता इसलिए भी है कि हमारे देश में 70 प्रतिशत जल प्रदूषित हो चुका है। उन्होंने जल के मनुष्य के स्वास्थ्य से सम्बन्धित अनेक पक्षों को स्लाइडों के माध्यम से स्पष्ट किया और कहा कि जल में फ्लोराइड तत्व की मात्रा अधिक होने से फ्लोराइड युक्त टूथ पेस्ट हानिकारक है और उस पर रोक लगाई जानी चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि पूरे देश में शुद्ध जल की जांच के लिए पांच प्रयोगशालाएं स्थापित है, जिनमें एक जोधपुर में है। अपने उद्‌बोधन में डा. रामगोपाल ने डा. दौलत सिंह कोठारी को स्मरण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जोधपुर स्थित प्रयोगशाला उन्हीं की देन है। डा. रामगोपाल ने जल चिकित्सा का उल्लेख करते हुए इस तथ्य को रेखांकित किया कि अनेक बीमारियों का निदान जल से ही संभव है और आधी बीमारियां जैसे डायरिया, पीलिया, हेपिटाइटिस, मलेरिया और टायफायड प्रदूषित जल की ही देन है। सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति डा. आर्य कुमार सिंह ने इस बात पर चिन्ता व्यक्त की कि हमारी नदियां सबसे अधिक प्रदूषित है।आरंभ में मोहन सिंह कोठारी डा. पी.के. जैन व समाज सेवी छगन सिंह चौहान, डा. राजमल लोढ़ा, डा. दुबे व घनश्याम कृष्णावत ने भी विचार व्यक्त किए। संस्था के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने विषय प्रवर्तन किया। डा. राजेन्द्र सक्सेना ने धन्यवाद अर्पित किया। संगोष्ठी का संचालन प्रोफेसर बी.एल. समदानी ने किया।

SHANTIPEETH INDIA ■ 622 ■
DOWN THE MEMORY LANE

दैनिक भास्कर
उदयपुर, 13 सितंबर 1998 रविवार



शांतिपीठ की ओर से आयोजित 'पर्यावरण चेतना' विषयक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. रामगोपाल ।

देश में 70 प्रतिशत जल प्रदूषित : डॉ. रामगोपाल

भास्कर समाचार सेवा

उदयपुर, 12 सितंबर। राष्ट्रीय रक्षा प्रयोगशाला, जोधपुर के निदेशक डॉ. रामगोपाल ने देश में 70 प्रतिशत जल प्रदूषित होने का दावा करते हुए जल प्रबंधन की आवश्यकता प्रतिपादित की है।

शांतिपीठ की ओर से शनिवार को वाणिज्य महाविद्यालय सभागार में आयोजित 'पर्यावरण चेतना में जल तत्त्व की प्रतिष्ठा एवं विज्ञान' विषयक संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. रामगोपाल ने कहा कि जल में अत्यधिक मात्रा में मौजूद 'फ्लोराइड' युक्त टूथपेस्ट स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और उस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनेक रोगों का निदान जल से ही संभव हो जाता है, तो डायरिया, टाइफाइड, मलेरिया और हेपेटाइटिस जैसे रोग प्रदूषित जल से ही उत्पन्न होते हैं। सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर्यकुमार सिंह ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में इसे बड़ी त्रासदी बताया कि भवतारिणी कहलाने वाली गंगा आज देश की सबसे अधिक प्रदूषित नदियों में शामिल है। शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने विषय प्रवर्तन के साथ दैनंदिन जीवन में जल की महत्ता प्रतिपादित की। संगोष्ठी में रक्षा विभाग के कर्नल राजावत का भी सम्मान किया गया।

दैनिक नवज्योति
10 फरवरी, 1998

देव वनों ने पर्यावरण रक्षा के साथ देश व समाज को आध्यात्मिक दिशा भी दी है

न्यूज सर्विस
उदयपुर, 9 फरवरी।

देव-वन लोक चेतना के वे केंद्र रहे हैं जिन्होंने भौतिक व सांस्कृतिक पर्यावरण की न केवल रक्षा की हैं अपितु परंपरागत चलने वाले नैतिक आदर्शों में प्राण संप्रेषित करने की अविरल भूमिका निभाई हैं व समाज को आध्यात्मिक दिशा दी हैं, किंतु वर्तमान में भोगवादी विकृति से उठी आंधी ने इन प्राण केंद्रों की जड़ें हिल दी हैं एवं घोर अवमानना की हैं।

उक्त विचार रविवार शुक्ल प्रदोष के अवसर पर अमरख जी संरक्षण मंडल के तत्वावधान में अमरख जी, अम्बेरी में पर्यावरण प्रतिष्ठा के केंद्र हमारे देववन विषयक आयोजित गोष्ठी में उभर कर आए।

वयोवृद्ध स्वाधीनता सेनानी मास्टर बलवंत सिंह मेहता के सानिध्य में आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता समाजसेवी उद्योगपति घनश्याम सिंह कृष्णावत ने की जिसमें समाज के कई तबको से जुड़े प्रबुद्ध व्यक्ति तथा नगर व ग्रामों के नागरिक व जन प्रतिनिधि सम्मिलित थे।

विषयक प्रवर्तन करते हुए मंडल के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि देववन सारे पर्यावरण अभियान का मूलाधार हैं। भारतीय वांङ्गमय में पर्यावरण की समग्र अवधारणा इनमें छिपी हैं। इनको उपेक्षा कर समाज दीर्घ आयु प्राप्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि सामाजिक और पारिवारिक मर्यादाओं के ये नियंत्रक रहें हैं और इनकी रक्षा को श्रद्धालुओं ने अपना नैसर्गिक दायित्व माना हैं। त्रिवेदी ने अमरख जी देववन संरक्षण के एक दशाब्दि कालीन अभियान का परिचय दिया।

इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता शांतिलाल पामेचा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का मसला वर्तमान में अपने यौवन पर हैं। सारा विश्व चिंतित हैं और भारत इसमें पूर्ण रूप से सहभागी हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को अति प्रशंसनीय बताते हुए कहा कि अधिवक्ताओं को इसके लिए तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित करना चाहिए।

उन्होंने प्राचीन देववनों को बचाने का आह्वान किया और इन्हें संवर्द्धित कर संघन बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने अमरख जी के पर्यावरण को बचाने के लिए किए जा रहे आंदोलन की गति बढ़ाए जाने में अधिवक्ताओं के पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि हमें इस जनशक्ति को बढ़ाते हुए उदयपुर के पर्यावरण को बचाने में सभी तबको के लोगों को जोड़ना चाहिए। अधिवक्ता प्रकाश पानेरी ने प्रक्रिया के हवाले से बताया कि ऐसा यह हिंदुस्तान में पहला प्रसंग हैं जिसमें 108 वकीलों ने पैरवी करना तय किया हैं। उन्होंने कहा कि यह महादेव से मिली प्रेरणा हैं कि सारे अधिवक्ताओं ने सत्य के लिए अंतिम लड़ाई तक निःशुल्क सेवाएं देने की प्रतिबद्धता की हैं। उन्होंने वन के महत्व की व्याख्या करते हुए कहा कि राम को वन गमन के दौरान जो प्राप्त हुआ उसी से वे भगवान के रूप में जाने गए।

एडवोकेट भंवरलाल गुप्ता ने कहा कि हमें उदयपुर को कश्मीर से भी सुंदर बनाना हैं किंतु यदि स्वार्थी तत्वों और प्रशासन मात्र के भरोसे यह कार्य छोड़ा गया तो कालांतर में उजड़ कर यह रेगिस्तान बन जाएगा। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले वर्षों में कई अधिकारी आए और गए किंतु उदयपुर की मूल समस्याओं को किसी ने गंभीरता से नहीं लिया फलस्वरूप यहां की झीलें प्रदूषित हो गयी और वनों का विनाश हुआ।

गोष्ठी में विचार प्रकट करते हुए नाथद्वारा महाविद्यालय में संस्कृत के प्रोफेसर यदुगोपाल ने पर्यटक और तीर्थयात्री में भेद बताते हुए कहा कि अन्याय के खिलाफ संघर्षरत यह मेवाड़ की भूमि तपोभूमि हैं जहां तीर्थयात्रियों का सदैव स्वागत हुआ हैं किंतु पर्यटन के नाम पर भोग भूमि बनाना मेवाड़ वासियों के प्रति अन्याय होगा और यह नए संघर्ष को आमंत्रित करेगा।

गोष्ठी में वरिष्ठ अधिवक्ता भगवत सिंह भंडारी ने कहा कि अमरख जी मुंडल ने यह पवित्र कार्य हाथ में लिया हैं जो बढ़ती आबाद और फैलते उदयपुर के लिए अति आवश्यक हैं। अगर सार संभाल न की तो ऐसे धार्मिक व तीर्थ स्थान कम पड़ जाएंगे। उन्होंने अमरख जी जैसे शांतिस्थल को विकसित कर सघन वृक्षारोपण द्वारा अपने मूल रूप में पुनः लाए जाने की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ पत्रकार सुरेश गोयल ने कहा कि पर्यावरण की समस्या व्यक्ति विशेष की समस्या नहीं हैं। पर्यावरण विघटन एक गंभीर संकट हैं। उन्होंने अधिक से अधिक इस क्षेत्र में कार्य किए जाने की आवश्यकता बताते हुए अमरख जी के अभियान का अधिक शक्ति से आगे ले जाने का सुझाव दिया।

गोष्ठी में कथाकार लक्ष्मण पुरी ने देवालयों के आसपास विकसित वन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने तीव्रता से बदल रहे जीवन मूल्यों पर पाश्चात्यकरण पर चिंता प्रकट करते हुए सनातन संस्कृति में विद्यमान पर्यावरण की वैज्ञानिक अवधारणा को उजागर करने की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर संविधान निर्मात्री के सदस्य मा. बलवंत सिंह मेहता ने कहा कि आजादी के 50 वर्ष बाद जो देश का चित्र उपस्थित हुआ हैं इससे निराशा होती हैं। उन्होंने कहा कि देवालय और देववन हमारी पहचान देते हैं। इनका संरक्षण हमारी विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए नितांत आवश्यक हैं।

अध्यक्षीय भाषण में घनश्याम सिंह कृष्णावत ने आशा व्यक्त कि हैं कि निकट भविष्य में अमरख जी परिक्षेत्र की भूमिका विराट होगी उन्होंने आक्रोश व्यक्त किया कि आजादी के बाद जो वन विनाश हुआ उतना पूर्व में नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि सारे विश्व में कई जगह देवभूमियां और देववन हैं और सभी लोग उनके रक्षण में लगे हैं। यह स्थल हमारी संस्कृति को उजागर करते हैं और हमारी रक्षा करते हैं, इनकी रक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

गोष्ठी में पं. राजागोविंद आचार्य, कन्हैयालाल बापना व प्रमोद झंवर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में मंडल के सदस्य व ग्राम ढिंकली के पूर्व सरपंच छगनलाल जैन ने सभी का स्वागत किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, मंगलवार, 10 फरवरी, 1998

'देववनों ने पर्यावरण ही नहीं बचाया, आध्यात्मिक दिशा-निर्देश भी किया'

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 9 फरवरी। देव-वन लोक चेतना के वे केन्द्र रहे हैं, जिन्होंने भौतिक व सांस्कृतिक पर्यावरण को न केवल रक्षा की अपितु पारम्परिक नैतिक आदर्शों मे प्राण फूंकने की अविरल भूमिका निभाई, समाज को आध्यात्मिक दिशा भी दी।

उक्त विचार रविवार को शुक्ल प्रदोष के अवसर पर अमरखजी संरक्षण मण्डल के तत्वावधान में अमरखजी, अम्बेरी में "पर्यावरण प्रतिष्ठा के केन्द्र हमारे देव-वन" विषयक आयोजित गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने रखे। वयोवृद्ध स्वाधीनता सैनानी मास्टर बलवन्त सिंह मेहता के सान्निध्य में आयोजित इस गोष्ठी की अध्यक्षता समाजसेवी, उद्योगपति घनश्याम सिंह कृष्णावत ने की।

विषय प्रवर्तन करते हुए मण्डल के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि देव-वन सारे पर्यावरण अभियान का मूलाधार हैं। भारतीय वांङ्गमय के पर्यावरण की समग्र अवधारणा इनमें छिपी है। इनकी उपेक्षा कर समाज दीर्घ आयु प्राप्त नहीं कर सकता। त्रिवेदी ने अमरखजी देव-वन संरक्षण के एक दशाब्दि कालीन अभियान का परिचय दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता शान्तिलाल पामेचा ने अमरखजी के पर्यावरण को बचाने के लिए किए जा रहे आंदोलन की गति बढ़ाए जाने में अधिवक्ताओं के पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि हमें इस जनशक्ति को बढ़ाते हुए उदयपुर के पर्यावरण को बचाने में सभी तबकों के लोगों को जोड़ना चाहिए। अधिवक्ता प्रकाश पानेरी ने चल रही प्रक्रिया के हवाले से बताया कि ऐसा यह हिन्दुस्तान में पहला प्रसंग है जिसमें 108 वकीलों ने पैरवी करना तय किया है।

गोष्ठी में अधिवक्ता भंवरलाल गुप्ता, बड़गांव के उपप्रधान बंशीलाल कुम्हार, प्रो. यदुगोपाल शर्मा ने पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे में सदा-सर्वदा जागरूकता की जरूरत बताई। वरिष्ठ अधिवक्ता भगवत सिंह भंडारी ने कहा कि अमरखजी मण्डल ने जो कार्य हाथ में लिया है बढ़ती आबादी और फैलते उदयपुर के लिए अति आवश्यक है। अगर सार संभाल न की तो ऐसे धार्मिक व तीर्थ स्थान कम पड़ जाएंगे। उन्होंने अमरखजी जैसे शान्तिस्थल को विकसित कर सघन वृक्षारोपण द्वारा अपने मूल रूप में पुनः लाए जाने की आवश्यकता बताई। पत्रकार सुरेश गोयल ने कहा कि पर्यावरण की समस्या व्यक्ति विशेष की समस्या नहीं है, पर्यावरण विघटन एक गंभीर संकट है। कथाकार लक्ष्मण पुरी ने देवालयों के आसपास विकसित वन के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य मास्टर बलवन्त सिंह मेहता ने कहा कि आजादी के 50 वर्ष बाद जो देश का चित्र उपस्थित हुआ है इससे निराशा होती है। उन्होंने कहा कि देवालय और देव-वन हमारी पहचान देते हैं। इनका संरक्षण हमारी विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए नितान्त आवश्यक है।

जनसंगम: 22 अक्टूबर, 1991

उदयपुर नहर का एक मास्टर प्लान बनाया जाय

पर्यावरण के सन्दर्भ में उदयपुर का बदलता स्वरूप और समाधान की दिशा विषय पर शान्ति पीठ की ओर से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह लिखारी ने की।

संगोष्ठी में उदयपुर और इसके आस-पास के संभाग के सांस्कृतिक परिवेश एवं ऐतिहासिक स्थलों को ध्यान में रखते हुए नगर का एक मास्टर प्लान बनाये जाने की सिफारिश की गई जिससे इसके अनुरूप नगर के भावी विकास की दिशा निर्धारित की जा सके।

एक तरफ उदयपुर को पर्यटन नगर के रुप में विकसित करने की योजना बनाई जाती है, दूसरी ओर बढ़ते औद्योगीकरण को नियंत्रित नहीं किया जाता है। यह स्थिति अस्पष्ट नीति की द्योतक है। संगोष्ठी में पर्यटन की नीति को स्पष्ट करने की आवश्यकता प्रतिपादित की गई।

नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह लिखारी ने उदयपुर की ज्वलंत समस्याओं के प्रति अपने विचार रखते हुए बताया कि उदयपुर के मास्टर प्लान को प्राथमिकता से तैयार कराया जायेगा। उन्होने उदयपुर की झीलों में जलीय घास के नियत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही पर बल दिया। संगोष्ठी मे मेवाड़ की सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

प्रारम्भ में शान्ति पीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संगोष्ठी के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए खेद व्यक्त किया कि कई अध्ययनों एवं रिपोर्टों के प्रकाशित होने तथा समय-समय पर प्रशासन का ध्यान समस्याओ के प्रति आकर्षित करने के बाद भी उदयपुर के मौलिक स्वरुप को बरकरार रखने हेतु पुख्ता इन्तजाम नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि यदि उदयपुर और उसके आस-पास के परिवेश का संरक्षण किया जाय तो यहां के सांस्कृतिक स्थल विश्व शान्ति और नई मानवीय चेतना के केन्द्र सिद्ध होंगे।

संगोष्ठी में अधिकांश प्रतिभागियों ने झीलों में जल प्रदूषण को जन स्वास्थ्य के लिये गंभीर चुनौती बताते हुए इसके निराकरण हेतु ठोस कार्यवाही की आवश्यकता प्रतिपादित की। इस अवसर पर वर्तमान समस्याओं के एक समग्र संकलन को आवश्यक बताते हुए जन जागरण पर बल दिया गया। संगोष्ठी में पर्यटन के नाम पर ऐतिहासिक स्थलों को होटलों के रुप में विकसित करने की प्रवृत्ति का कठोर शब्दों में विरोध किया गया।

संगोष्ठी मे मास्टर बलवन्त सिंह

उदयपुर के लिये...

(शेष पृष्ठ 4 का)

राजशेखर व्यास, हुकमराज मेहता, सुखदेव मेनारिया ने अपने विचार रखे। संगोष्ठी के दूसरे दौर में हुई चर्चा के दौरान उदयपुर शहर की बढ़ती यातायात समस्या और जल एवं वायु प्रदूषण के प्रति चिन्ता व्यक्त की नई तथा प्रशासन का इस ओर ध्यान आकर्षित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर भावी कार्यक्रमों की रूप रेखा तय करने के लिये एक नागरिक समिति का गठन किया गया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 22 अक्टूबर, 1991

पेस्टीसाइड्स से हो रहे प्रदूषण को रोकने का आग्रह

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 21 अक्टूबर। शहर को प्रदूषण से मुक्त कराने के संकल्प के साथ हाल ही गठित नागरिक समिति की ओर से सोमवार को यहां जिला प्रशासन को ज्ञापन पेश किया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि पेस्टीसाइड्स इंडिया लिमिटेड से निकलने वाली जहरीली गैसों से इस शहर की 50 हजार से भी अधिक आबादी को निजात दिलाई जाए। ज्ञापन में कहा गया कि प्रशासन इस सम्बन्ध में प्रभावी कार्रवाई करे।

यहां 'शांतिपीठ' के तत्वावधान में रविवार को आयोजित 'पर्यावरण संरक्षण' विषयक गोष्ठी में ही नागरिक समिति का गठन किया गया था जिसमें अनेक स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, पर्यावरण प्रेमी एवं जागरुक नागरिक शामिल है।

नागरिक समिति के सदस्य एल.एल. शर्मा की एक विज्ञप्ति के अनुसार ज्ञापन प्रस्तुत करने वालों में मास्टर बलवन्त सिंह मेहता, हुकमराज मेहता, चंद्र गंधर्व 'शशि', अनंत गणेश त्रिवेदी, विक्रमादित्य सिंह चौहान, शांतिलाल भंडारी, बालकृष्ण गुप्ता, हेमन्त मेहता, एडवोकेट दूल्हा सिंह चूंडावत, जसपाल सिंह, सुखदेव मेनारिया, उग्रसेव राव, आर.डी. माथुर व जमनालाल दशोरा आदि अनेक जागरुक नागरिक शामिल थे। ज्ञापन की प्रतियां जिलाधीश, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट [नगर], अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट [प्रशासन] के कार्यालयों में प्रस्तुत की गई।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिनों से हमेशा रात को तथा गत रविवार को पूरी शाम व सोमवार दिन में ठोकर क्षेत्र, सुन्दरवास, प्रतापनगर आदि इलाकों में बदबूदार रासायनिक गैस से वातावरण दूषित रहा व लोगों का श्वास लेना दूभर रहा।

21 अक्टूबर 1991 जय राजस्थान

उदयपुर का मास्टर प्लान प्राथमिकता से तैयार होगा : लिखारी

उदयपुर, (नसं)। "पर्यावरण के सन्दर्भ में उदयपुर का बदलता स्वरूप और समाधान की दिशा" विषय पर आज शांतिपीठ की ओर से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह लिखारी ने की।

संगोष्ठी में उदयपुर और इसके आसपास के सम्भाग के सांस्कृतिक परिवेश और ऐतिहासिक स्थलों को ध्यान में रखते हुए नगर का एक 'मास्टर प्लान' बनाये जाने की सिफारिश की गई जिससे इसके अनुरूप नगर के भावी विकास की दिशा तय की जा सके। एक तरफ उदयपुर को पर्यटन नगर के रूप में विकसित करने की योजना बनाना और दूसरी और बढ़ते औद्योगिकीकरण को नियंत्रित नहीं करने की स्थिति को एक अस्पष्ट नीति का द्योतक बताया। संगोष्ठी में पर्यटन की नीति को स्पष्ट करने की आवश्कता बताई गई।

नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह लिखारी ने उदयपुर की ज्वतन्त समस्याओं के प्रति अपने विचार रखते हुए बताया कि उदयपुर के मास्टर प्लान को प्राथमिकता से तैयार कराया जाएगा। उन्होंने की झीलों में जलीय घास के नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही पर बल दिया।

प्रारम्भ में शांतिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संगोष्ठी के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए मलाल व्यक्त किया कि कई अध्ययनों एवं रिपोर्टें प्रकाशित होने तथा समय-समय पर प्रशासन का ध्यान समस्याओं के प्रति आकर्षित करने के बाद भी उदयपुर के मौलिक स्वरूप को बरकरार रखने हेतु पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया।

संगोष्ठी में अधिकांश प्रतिभागियों ने झीलों में जल प्रदूषण को जन स्वास्थ्य के लिये गम्भीर चुनौती बताते हुए इसके निराकरण हेतु ठोस कार्यवाही की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर वर्तमान समस्याओं के एक समग्र संकलन को आवश्यक बताते हुए जन जागरण पर बल दिया गया। संगोष्ठी में पर्यटन के नाम पर ऐतिहासिक स्थलों को होटलों के रूप में विकसित करने की प्रवृति का कठोर शब्दों में विरोध किया गया। संगोष्ठी में मास्टर बलवन्तसिंह मेहता, पी.एस. मुर्डिया, प्रो० एल.एन. व्यास, डा० आर.एम. लोढ़ा, डा० राजशेखर व्यास, हुक्मराज मेहता, सुखदेव मेनारिया ने अपने विचार रखे। संगोष्ठी के एक दूसरे दौर में हुई चर्चा के दौरान उदयपुर शहर की बढ़ती हुई यातायात की समस्या और जल एवं वायु प्रदूषण के प्रति चिन्ता व्यक्त की गई तथा प्रशासन का इस ओर ध्यान आकृर्षित करने का निर्णय किया गया। इस अवसर पर भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु एक नागरिक समिति का गठन किया गया।

राजस्थान पत्रिका

कुल योग- 2,87,170 उदयपुर, सोमवार 21 अक्टूबर, 1991

जल प्रदूषण की रोकथाम व उदयपुर का मास्टर प्लान बनाने का आग्रह

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 20 अक्टूबर। नगर के बुद्धिजीवियों व पर्यावरण प्रेमियों ने उदयपुर नगर के नियोजित विकास एवं जनसुविधाओं की दृष्टि से नया मास्टर प्लान बनाए जाने तथा जल प्रदूषण को रोकने के पुख्ता उपाय किए जाने पर जोर दिया।

उक्त विचार रविवार को 'शांतिपीठ' की ओर से 'पर्यावरण के संदर्भ में उदयपुर का बदलता स्वरूप और समाधान की दिशा' विषय पर यहां संगीत नाट्य विकेतन कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में उभर कर आए। गोष्ठी की अध्यक्षता नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह लिखारी ने की।

संगोष्ठी में अधिकांश प्रतिभागियों ने झीलों में जल प्रदूषण को जन-स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए इसके निराकरण हेतु ठोस कार्यवाही की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर वर्तमान समस्याओं के एक समग्र संकलन को आवश्यक बताते हुए जन जागरण पर बल दिया गया। संगोष्ठी में पर्यटन के नाम पर ऐतिहासिक स्थलों को होटलों के रूप में विकसित करने की प्रवृति का कठोर शब्दों में विरोध किया गया। संगोष्ठी में मास्टर बलवन्त सिंह मेहता, पी.एस. मुर्डिया, प्रो. एल.एन. व्यास, डॉ. आर.एम. लोढ़ा, डॉ. राजशेखर व्यास, हुकमराज मेहता, सुखदेव मेनारिया ने अपने विचार रखे। संगोष्ठी में उदयपुर शहर की यातायात समस्या और जल एवं वायु प्रदूषण के प्रति चिन्ता व्यक्त की गई तथा प्रशासन का इस ओर ध्यान आकर्षित करने का निर्णय किया गया। भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने को एक नागरिक समिति का भी गठन किया गया।

संगोष्ठी में उदयपुर और इसके आसपास के संभाग के सांस्कृतिक परिवेश और ऐतिहासिक स्थलों को ध्यान में रखते हुए नगर का एक 'मास्टर प्लान' बनाए जाने की सिफारिश की गई, जिससे इसके अनुरूप नगर के भावी विकास की दिशा तय की जा सके। एक तरफ उदयपुर को पर्यटन नगर के रूप में विकसित करने की योजना बनाना और दूसरी ओर बढ़ते औद्योगिकरण को नियंत्रित नहीं करने की स्थिति को एक अस्पष्ट नीति का द्योतक बताया गया। संगोष्ठी में पर्यटन की नीति को स्पष्ट करने की आवश्यकता बताई गई।

नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह लिखारी ने उदयपुर की ज्वलन्त समस्याओं के प्रति अपने विचार रखते हुए बताया कि उदयपुर के मास्टर प्लान को प्राथमिकता से तैयार कराया जाएगा। उन्होंने उदयपुर की झीलों में जलीय घास के नियंत्रण की प्रभावी कार्रवाई पर बल दिया। संगोष्ठी में मेवाड़ की सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करने की बात कही गई।

प्रारंभ में शान्तिपीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने संगोष्ठी के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कई अध्ययन एवं रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद भी उदयपुर के मौलिक स्वरूप को बरकरार रखने को पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि उदयपुर और आसपास के परिवेश का संरक्षण किया गया तो यहां के सांस्कृतिक स्थल विश्व शान्ति और नई मानवीय चेतना के केन्द्र सिद्ध होंगे।

गोष्ठी में फैसला किया गया कि पेस्टिसाइड्स के प्रदूषण को रोकने के लिए प्रशासन पर दबाव डाला जाए तथा प्रथम चरण में नागरिक समिति की ओर से सोमवार सुबह अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट [नगर] सी.एस. बेनीवाल को एक ज्ञापन दिया जाए।

पत्रिका

उदयपुर, 6 जून, 1991

पर्यावरण दिवस पर संभागभर में कई कार्यक्रम

[कार्यालय संवाददाता]

अरावली अभियान समिति, भारतीय पर्यावरण के समिति, उदयपुर पर्यावरण दल, सजीव सेवा समिति, शांति पीठ सेवा मंदिर, भारतीय कृषि अभियंता परिषद राजस्थान चेप्टर, एफ.पी.ए.आई. के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर का संतुलित विकास विषयक संगोष्ठी का आयोजन सूचना केन्द्र पर किया गया।

इस अवसर पर शहर की बिगड़ती सुन्दरता, झीलों में प्रदूषण, परिवहन व्यवस्था, वायु प्रदूषण, ग्रीन बेल्ट क्षेत्रों में आवासीय कॉलोनियों का विस्तार जैसी समस्याओं पर व्यापक चर्चा की गई तथा इसे उदयपुर की पर्यटन व सांस्कृतिक महत्ता के लिए बड़ा खतरा बताया।

इस अवसर पर एक प्रस्ताव पारित कर जनसाधारण की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा स्वैच्छिक संस्थाओं व प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक आयोजित करने की मांग की गई तथा शहर के संतुलित विकास पर विस्तृत अध्ययन एवं उपयुक्त सुझावों पर प्रतिवेदन तैयार करने के लिए अस्थाई समिति का गठन किया गया। संगोष्ठी में आर.के. गर्ग, हुक्मराज मेहता, शांतिलाल भण्डारी, बी.एल. समदानी, अभय कुमार जैन, किशोर संत, बी.पी. जोशी, कन्हैयालाल बाफना, चन्द्र गंधर्व, के.एस. हिरण, विक्रम सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि वन संरक्षक एच.एस. भाटिया थे व अध्यक्षता डा. के.एन. नाग ने की। संचालन अनन्त गणेश त्रिवेदी ने किया तथा धन्यवाद की रस्म डॉ. एल.एल. शर्मा ने ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका

उदयपुर, 7 जून, 1991

प्रदूषण की रोकथाम के लिए समयबद्ध कार्यक्रम बनाने की आवश्यकता

उदयपुर, 6 जून [वि.]। झीलों की नगरी उदयपुर के प्रमुख जलस्रोतों में लगातार बढ़ते प्रदूषण एवं यातायात द्वारा वायु व ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए जन चेतना एवं समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर उसे क्रियान्वित करने की आवश्यकता है।

उक्त विचार भारतीय इस्पात प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष डा. पी.एल. अग्रवाल ने बुधवार को प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के सभागार में भारतीय कृषि अभियंता संगठन के राजस्थान चेप्टर की ओर से आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि पद से व्यक्त किए। मौसम परिवर्तन एवं पर्यावरण विषयक इस संगोष्ठी का आयोजन नगर की विभिन्न स्वैच्छिक संस्थाओं की ओर से किया गया था। गोष्ठी के संयोजक आर.के. अग्रवाल ने लगातार बढ़ते तापक्रम को बिगड़ते पर्यावरण व प्रदूषण के कारण होने से संबंधित आंकड़े दिए। सी.टी.ए.ई. के प्रो. ए.एन. माथुर, डॉ. आर.के. गर्ग, डॉ. जी.एन. पाण्डेय, एम.एस. आचार्य, डॉ. राजवीर सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि डेयरी विज्ञान महाविद्यालय के डॉ. वी.बी. सिंह थे व अध्यक्षता उदबोधन डी. प्रो. के.एस. हिरण ने दिया।

इधर, अमरकजी संरक्षण मण्डल की गुरुवार को हुई बैठक में राज्य सरकार से आग्रह किया है कि अमरकजी क्षेत्र के पर्यावरणीय महत्व को देखते हुए वहां पूर्व में किए जा चुके व्यावसायिक इकाइयों के आवंटन को शीघ्र निरस्त किया जाए। बैठक में आसपास के क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने अमरकजी स्थल को विकसित किए जाने, चीरवा घाटे के 'ग्रीन बेल्ट' को सुरक्षित व संरक्षित रखे जाने के लिए जनसहयोग का आह्वान किया। मण्डल ने भुवाणा, सुखेर व आयरी में औद्योगिक इकाइयों द्वारा मार्बल अपशिष्ट को यत्र-तत्र फैलाने पर क्षोभ व्यक्त करते हुए इसे एक स्थान पर डालने का सुझाव दिया।

प्रारंभ में शांति पीठ के महासचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने पर्यावरण संवर्धन की चेतना को अपनी आस्था, विश्वास व अस्तित्व से जोड़ने की

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 30 अगस्त, 1991

स्कूलों में शांति एवं पर्यावरण क्लब गठित किए जाएंगे

[कार्यालय संवाददाता]

उदयपुर, 29 अगस्त। समाजसेवी संस्था 'शान्ति-पीठ' विद्यार्थी समुदाय में शान्ति एवम् पर्यावरण की शिक्षा के प्रसार के उद्देश्य से नगर की स्कूलों में 'शान्ति एवम् पर्यावरण क्लब' गठित करेगी।

उक्त निर्णय शान्तिपीठ की सलाहकार समिति की बैठक में किया गया। शांतिपीठ के महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने बताया कि विज्ञान एवम् अध्यात्म के समन्वय से पर्यावरण तथा विश्व शान्ति के प्रति सजगता पैदा करने के लिए ये क्लब सतत् प्रयत्नशील रहेंगे। उन्होंने बताया कि ये क्लब विज्ञान को अहिंसा की ओर उन्मुख करने का प्रयत्न करते हुए 'एक शान्तिप्रिय, अहिंसा मूलक, समन्वयवादी तथा मानवतावादी समाज की संरचना' का प्रशिक्षण देंगे। पारम्परिक गतिशील मूल्यों की रक्षा करते हुए पृथ्वी की पर्यावरणीय सुरक्षा की ओर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा और हर प्रकार की प्रबंध व्यवस्था में इस पर्यावरणीय चेतना को समाविष्ट करने के लिए व्यवहारिक ज्ञान दिया जाएगा। इन क्लबों के गठन में अध्यापक तथा अभिभावक वर्ग के साथ ही जिला प्रशासन की भूमिका भी तय की जाएगी जिससे ये क्लब स्थानीय पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक क्रियाशील केन्द्र के रूप में काम कर सकें।

जन मेल, 28 अप्रेल, 1991

पर्यावरण प्रदूषण का हल होना जरूरी है

आज सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण प्रदूषण की समस्या गंभीर हैं। यह समस्या इसी प्रकार गंभीर होती गई तो एक दिन वायु का प्रदूषण इतना व्यापक हो जायेगा कि सांस लेना भी कठिन हो जायेगा। जल का प्रषदूण पानी को इतना विषाक्त बना देगा कि कण्ठ प्यास से सूखते होगे और बहते हुए पानी को देख कर भी पानी पीने का साहस कठिन हो जायेगा। धरती इतनी प्रदूषित होगी की इसकी उर्वरा शक्ति को खोजना भी एक समस्या होगी।

उदयपुर में पर्यावरण चेतना जागृत है। भीलों में फैलती जलकुम्भी को निकालने के लिये कई बार अभियान चलाये जा चुके हैं जिनमें स्वयं सेवी संस्थाओं, सरकारी अभिकरणों से एवं समाज सेवियों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान किया गया।

पिछोला- फतह सागर नम भूमि संरक्षण चेतना शिविर कुछ दिनों पूर्व वन विभाग एवं शांतिपीठ के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था। यह शिविर तैय्यबिया हाई स्कूल के सभागार में आयोजित किया गया।

इस शिविर में इस प्रकार की संभावना व्यक्त की गयी कि पर्यावरण के प्रति नई पीढ़ी में पैदा हुइ चेतना समग्र समाज में जन जागरण का आधार बन सकती है। साथ ही यह यथार्थ भी व्यक्त किया गया आज प्रदूषण की गंभीर समस्या का हल जन आन्दोलन के बिना हो पाना दुष्कर है।

शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने मौके पर जाकर झीलों में हो रहे प्रदुषण का अवलोकन व अध्ययन भी किया। शिविर में पर्यावरण की विभिन्न शाखाओं के बिशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारियाँ दी। पर्यावरण विशेषज्ञों ने झीलों के लिये अपनी गंभीर चिन्ता व्यक्त करते हुए मांग की कि समूचे झील क्षेत्र को राष्ट्रीय पार्क घोषित किया जाय।

इसी प्रकार अमरक जी में, 17-4-91 को अमरकजी संरक्षक मण्डल द्वारा एक बैठक आयोजित की गयी जिसमें मण्डल की शोध परिषद द्वारा जारी प्राथमिक रिपोर्ट की जानकारी दी गई। शान्ति पीठ के महा सचिव अनन्त गणेश त्रिवेदी ने बताया कि सेग्रेंड ग्राव की अत्यन्त महत्वपूर्ण वृक्ष प्रगतियों का संरक्षण जैव विविधता तथा जर्मप्लाजम की दृष्टि से वैज्ञानिकों के लिये वरदान सिद्ध हो सकता है।

श्री त्रिवेदी के अनुसार रिपोर्ट में शिव मन्दिर के आस पास विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों की आयु हजारों वर्ष बताई है। आम जामुन के साथ साथ अन्य विरल प्रजातियों के वृक्ष भी यहां हैं जो मानव जन संख्या के दबाव के कारण विनाश के कगार पर खड़े है। त्रिवेदी ने बताया यहां का सर्वाधिक महत्वपूर्ण वृक्ष केजारिया टोमेंटोसा है जिसका घेराव 260 इंच से भी अधिक है। ऐसा विश्वास किया जाता है कि यह अपनी प्रजाति का देश में सर्वाधिक बड़ा वृक्ष है। इस वृक्ष से वन वर्धन की नई तकनीकों द्वारा तथा टिशूकलचर आदि से वनीकरण हेतु विपुल मात्रा में पौधे प्राप्त किये जा सकते हैं। ऐसे पौधों की बनावट मातृ वृक्ष की तरह होने से उच्च घेरे तथा आकार वाले वृक्ष प्राप्त होने की संभावना को बल मिलता है। अमरक जी के अन्य वृक्षों में निहित जैव विविधता का संरक्षण भी भविष्य में रोग रोधी पौधों के विकास लिये आवश्यक है।

मेवाड़ में इस तरह की वनस्पति बहुलता है जो विलक्षण है, उपयोगी हैं और दुर्लभ भी। गुलाब बाग के बारे में यह कहा जाता है कि दुनिया में जितने प्रकार की वनस्पति पाई जाती है, वह सभी प्रकार की वनस्पतियां गुलाब बाग में सुलभ हैं। अतः पर्यावरण की चेतना का विकास किया जाना चाहिये ताकि मेवाड़ की वन सम्पदा को संरक्षित किया जा सके और वन विकास की दृष्टि से वृक्षारोपण कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर जन आन्दोलन के रूप में संचालित किया जाय जिससे पर्यावरण प्रदुषण की समस्या का हल खोजा जा सके।

सामुदायिक तनाव से मुक्ति हेतु सामान्य व्यक्ति की भूमिका जरूरी

उदयपुर, दो जून (नव न्यूज)। विद्वान प्रोफेसर विजय नारायणने कहा कि सामुदायिक तनाव से मुक्ति के लिये सामान्य व्यक्ति की भूमिका की सख्त आवश्यकता है।

प्रो. नारायण यहां शांति पीठ द्वारा आयोजित सामुदायिक तनाव में सामान्य व्यक्ति की भूमिका विषय पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पंजाब की समस्या हो या किसी अन्य राज्य अथवा समुदाय की इसके लिये विभिन्न राज्य के लोगों का सक्रिय सहयोग आवश्यक है समय आ चुका हैं कि व्यक्ति राष्ट्र हित को सर्वोपरि मान कर भाषा वर्ग एवं सम्प्रदायगत [illegible] उत्पन्न विकृति से ऊपर उठे।

संस्था के महासचिव श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी ने कहा कि व्यक्ति अपनी सहज अवस्था में स्थित होने पर ही वह अपने चारों तरफ उत्पन्न परिस्थितियों का सही मूल्यांकन कर समाधान की दिशा में अग्रसर हो सकता है।

व्यक्ति की अपनी आत्म दृष्टि को मुख्य इकाई बतलाते हुये उन्होंने कहा कि सर्वोनर्मित मान्यताओं को आत्म दर्शन की प्रक्रियासे उत्पन्न ऊर्जा से ध्वस्त कर नवोदित दृष्टिकोण से देखने पर ही उपस्थित सामाजिक व्यवस्था का सही आभास होगा। इस अनुभव को विभिन्न समुदाय के लोगों में बैठकर जन मानस बनाना होगा। जो अंतोतगत्वा समाधान का ही एक स्वरूप होगा।

गोष्ठी के संयोजक पंडित गोविन्द प्रकाश मिश्रा ने अपने धन्यवाद भाषण में कहा कि समस्या के भावी कार्यक्रम में यह एक आवश्यक कार्य होगा कि सामान्य आदमी से एक क्रियाशील सम्पर्क स्थापित कर उसके अपने योगदान को प्रभावी बनाया जाय।

[illegible]

-शांति पीठ के तत्वावधान में रविवार को यहां सारंग मार्ग स्थित सुशील वाटिका में 'सामुदायिक तनाव में सामान्य व्यक्ति की भूमिका' विषय पर विचार गोष्ठी संपन्न हुई। गोष्ठी के अध्यक्ष प्रोफेसर विजय नारायण ने अपने उद्बोधन में देश की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए जनता के सक्रिय सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

शांति पीठ की विचार गोष्ठी

उदयपुर (काप्र) स्थानीय शांति पीठ के तत्वावधान में सामुदायिक तनाव में सामान्य व्यक्ति की भूमिका विषय पर गोष्ठी सम्पन्न हुई।

गोष्ठी की अध्यक्षता करतेहुये प्रो विजयनारायण ने व्यक्ति से राष्ट्रीय-हीत को सर्वोपरि मानने की अपेक्षाकी गोष्ठी में संस्था के महासचिव अनन्त गणशत्रिवेदी ने आत्म दृष्टि को मुख्य इकाई मानते हुए नये दृष्टिकोण को अपनाने पर जोर दिया।

गोष्ठी का संयोजन पंडित गोविंद प्रकाश मिश्रा ने किया।

प्रकृति संतुलन बिगड़ना मानव धर्म विरोधी है

उदयपुर 6 जून। प्रकृति संतुलन की सहज सुन्दरता का नाम पर्यावरण है– इसें बिगाड़ाने का प्रयास मानव धर्म विरोधी है।

आज विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित एक अनौपचारिक गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए उक्त विचार श्री अनन्त गणेश त्रिवेदी ने व्यक्त किये। गोष्ठी का आयोजन गांव फुला में शांति पीठ के तत्वावधान में पर्यावरण चेतना केन्द्र द्वारा आयोजित किया गया। पर्यावरण की शुद्धता एवं संतुलन बनाये रखने में प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागी[illegible]दारी के महत्व को बतलाते हुए श्री त्रिवेदी ने जलवायु एवं औद्योगिक प्रदूषण से अवगत कराया। पर्यावरण पर भारतीय संस्कृति में पेड़ एवं प्रकृति की महत्ता के समझदार लोग पुनः इस सत्य पर आने की कोशिश में है– उन्हें स्वागत है।

Rashtradoot
उदयपुर, मंगलवार 17 जून, 2003

उदयपुर संभाग

पर्यावरण संरक्षण को जन चेतना आन्दोलन बनाने का आव्हान

उदयपुर, 16 जून (वि.)। आज़ादी के बाद के दौर में हम जीवन के उच्च आदर्शों की अपेक्षित रक्षा के अभाव में विरासत में मिली महान संस्कृति को न तो शिक्षा से जोड पाये न ही विकास की गति को मानव मंगल की दिशा दे पाये। परिणाम स्वरुप हम प्राकृतिक व मानव निर्मित आपदाओं के अभिशाप से ग्रसित हो गये तथा इससे मुक्त हो पाना अद्वितीय चुनौती बन गया।

ये विचार रविवार को शान्तिपीठ के दिव्य विरासत पुनरुत्थान पर्यावरण संवर्द्धन अभियान के तहत उदयसागर पर आयोजित संवाद संगोष्ठी में उभर कर आए। नांदवेल मीठा नीम, बिछडी चंदेसरा कैलाशपुरी आदि ग्रामों व नगर के प्रतिनिधि संगोष्ठी में सम्मिलित हुए। अध्यक्षता वयोवृद्ध गांधीवादी दलीचन्द जोशी ने की। भीषण दुष्काल, चारे पानी का अभाव, वृक्षविहीन पहाडियां व सूखे उदयसागर आर इस पर भी हालत से सबक लेने जैसे संभावनाओं के अभाव जैसी चिन्ताएं संवाद का मर्म रही।

प्रमुख वक्ता के रुप में बोलते हुए सरोवर विज्ञानी डा. एल एन शर्मा ने निरन्तर गहराते पर्यावरण संकट की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए पर्यावरण संरक्षण को एक प्रबल जन चेतना आन्दोलन बनाने की आवश्यकता बताई। डा. शर्मा ने झीलों में वर्षो से एकत्र प्रदूषक तत्वों एवं नत्रजन फास्फोरस युक्त साद की उपरी परत को साफ करने के सरोवर विज्ञानीय पक्ष को बताते हुए कहा कि अकाल के इस दौर में यह कार्य आसानी से किया जा सकता है तथा इसके बाद जलाशय के भरने पर झील में जल की गुणवत्ता एवं जैव विविधता में भी सुधार होगा। परन्तु इसके लिए सम्पूर्ण झील में नियंत्रित तरीके से सफाई की जरुरत होती है।

शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि प्रकृति के बीच आस्था स्थलों के निर्माण के पीछे महान चिन्तन है। यह शास्वत की अभिव्यक्ति है जो प्रकृति व संस्कृति की एकात्मता का बांध देते हुए जीवन को पूर्ण बनाती है और अधूरेपन से मुक्त रखती है। हमारा पूरा वैभव विराट संस्कृति का साकार संदेश है। जिसकी प्रासंगिकता बहुआयामी है किन्तु जनचेतना के अभाव में हम इसके महत्व को आत्मसात नहीं कर पा रहे है। त्रिवेदी ने कहा मेवाड का पूरा वैभव, प्राकृतिक सौन्दर्य और जीवन के आदर्शो का समन्वय जगत के लिए मिसाल है। उन्होंने जन जागृति एवं सरकार को पुश्ता संरक्षण की आवश्यकता प्रतिपादित की।

संवाद संगोष्ठी में स्वरचित गीतों के माध्यम से वर्षो से सामाजिक चेतना पैदा करते आ रहे स्वाधीनता सेनानी दलीचन्द जोशी ने कई गीतों के माध्यम से सदभाव व पर्यावरण की प्रतिष्ठा व्यक्त की। उन्होंने आशा व्यक्त की ज्ञान की गहरी खान करालां, पाणी रा समन्दर फेर भरागा।

इस अवसर पर वयोवृद्ध शिक्षक केशुलाल नागदा ने उदयसागर के पुरावैभव की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि किसी समय प्रातः संध्या यहां मंदिरों की तीन सौ घंटियों की मधुर ध्वनि सुनी जाती थी किन्तु आज मनोहारी वैभव से विरानी नजारा भय और आशंकाएं पैदा करता है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे अवमूल्यन पर खेद प्रकट करते हुए कहा कि हम अपने परिवेश से भटक गये है। इस विश्व भूगोल की बात करते है किन्तु हमारे नौनिहालों को आस पास के क्षेत्र का ज्ञान तक नहीं करा पा रहे है। मत्स्य वैज्ञानिक डा. अरुण पुरोहित ने परम्परागत जल संसाधन व इनके प्रबंधन की विधियों पर प्रकाश डाला। प्रारंभ में डा. उदय पालीवाल ने विरासत पुनरुत्थान पर्यावरण संवर्द्धन अभियान के माध्यम से शान्तिपीठ के कार्यक्रम की रुप रेखा प्रस्तुत की। पुरुषोत्तम नागदा ने स्वागत किया। अंत में उदयसागर भरने के लिए इन्द्रदेव से प्रार्थना की गयी। एडवोकेट मोहनलाल मोड ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान पत्रिका
उदयपुर, 17 जून 2003

पर्यावरण संवर्द्धन पर संगोष्ठी

उदयपुर, 16 जून

शान्तिपीठ के 'दिव्य विरासत पुनरूत्थान-पर्यावरण संवर्द्धन' अभियान के तहत रविवार को उदयसागर पर संवाद-संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें नांदवेल, मीठा नीम, बिछड़ी, चंदेसरा, कैलाशपुरी आदि गांवों व नगर के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। अध्यक्षता वयोवृद्ध गांधीवादी दलीचंद जोशी ने की।

गोष्ठी में भीषण अकाल, चारे पानी का अभाव, वृक्षविहीन पहाड़ियां व सूखे उदयसागर को देखकर भी हालात से सबक न लेने जैसी चिन्ताएं संवाद का मर्म रही। मुख्य वक्ता डॉ. एल.एन. शर्मा ने निरंतर गहराते पर्यावरण संकट की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए पर्यावरण संरक्षण को एक प्रबल जन चेतना आंदोलन बनाने की आवश्यकता जताई। शान्तिपीठ के संस्थापक महासचिव अनंत गणेश त्रिवेदी ने कहा कि हमारा पूरा वैभव विराट संस्कृति का साकार संदेश है, जिसकी प्रासंगिकता बहुआयामी जोशी ने गीतों के माध्यम से सद्भाव व पर्यावरण, वयोवृद्ध शिक्षक केशुलाल नागदा ने उदयसागर के पुरावैभव मत्स्य वैज्ञानिक डॉ. अरूण पुरोहित ने परम्परागत जल संसाधन व इनके प्रबंधन कि विधियों, डॉ. उदय पालीवाल ने 'विरासत पुनरूत्थान-पर्यावरण संवर्द्धन' अभियान के माध्यम से शान्तिपीठ के कार्यक्रम की जानकारी दी। पुरुषोत्तम नागदा ने स्वागत किया। मोहनलाल मोड ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


सर्व धर्म समभाव स्वर
वेदों की ऋचायें। आयतें कुरान की।
गिरिजाघरों की प्रार्थनाऐं। आराधनॉ अग्नि पूजा स्थलों की।
शाश्वत रहें .....
हमारे ध्यान केन्द्र। प्रतिक्रमण उपाश्रय। गुरू ग्रंथ पाठ।
गुंजरति हों वसुधैव कुटुम्बकम् के प्रशांत स्वर।
देशान्तर में सार्व भौम -ॐ शान्ति ॐ

Thakur
Shri Rabindranath Tagore



Where the mind is without fear
and the head is held high;
Where knowledge is free;
Where the world has not been
broken up into fragments
by narrow domestic walls;
Where words come out from the
depth of truth;
Where tireless striving
stretches its arms towards
perfection;
Where the clear stream of reason
has not lost its way
In to the dreary desert sand
of dead habit;
Where the mind is led forward by
thee into
ever widening thought and
action –
Into that heaven of freedom, my
Father, let my country awake

Reverence to
Thakur Shri Rabindranath Tagore
on his 150th Birth Anniversary



"There lies before us, if we choose, continual progress in happiness, knowledge and wisdom. Sha[illegible]ead choose death, because we cannot forget our quarrels ? We [illegible] human beings to human beings. Remember your humanity ar[illegible]est".

Russel-Einstein Manifesto

"The most important human endeavour is the striving for morality in our actions. Our inner balance and even our very existence depends on it. Only morality in our action can give beauty and dignity to life.

To make this a living force and bring it to clear consciouness is perhaps the foremost task of education".

Eienstein(20 November, 1950)

Shantipeeth Sansthan (Voluntary Organisation)
registered under Rajasthan society registration Act 1958.

Acknowledgement

Socio spiritual endeavour of shantipeeth has received continuous strength from the press media which has inspired enormous public participation in all its activities.

In preparation of this publication excerpt and clippings published in esteemed news papers have been used. Shantipeeth gratefully acknowledges the important role played by media in spreading public awareness about its mission.

Research, compilation and design
Shri PS Talesara, Shri AK Sharma,
Shri Gopal Nagda, Shri Vinod Kapoor
and Smt. Sandhya

Photographs
Publication Office
Shantipeeth , India
Gumaniya Wala, Sardarpura, Udaipur - 313001





Shantipeeth-India
Sardarpura-Gumaniawala
Udaipur (Raj.) 313001
E-mail : shantipeeth@yahoo.com
0294-2413783